॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थम

१८२

श्रीमद्वैद्यसोढलविरचितः

गदनिग्रह

'विद्योतिनी' हिन्दीव्याख्योपेतः

(द्वितीयः कायचिकित्साखण्डात्मको भागः)

व्याख्याकारः

आयुर्वेद-मीमांसा-साहित्याचार्य-काव्यतीर्थ-

श्री इन्द्रदेव त्रिपाठी, बी. आई. एम. एस.

असिस्टेण्ट एपिडेमिक आफिसर ; स्वास्थ्य सेवा, उत्तर-प्रदेश

सम्पादकः

श्री गंगासहाय पाण्डेय, ए. एम. एस.

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

१९६९

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी
मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० संवत् २०२६
मूल्य : २५-००

© The Chowkhamba Sanskrit Series Office
Gopal Mandir Lane,
P. O. Chowkhamba, Post Box 8,
Varanasi-1 (India)
1969
Phone : 3145

प्रधान शाखा
चौखम्बा विद्याभवन
चौक, पो० बा० ६६, वाराणसी-१
फोन : ३०७६

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
182

GADANIGRAHA

OF

ŚRĪ VAIDYA SOḌHALA

With

The 'Vidyotinī' Hindī Commentary

By

ŚRĪ INDRADEVA TRIPĀṬHĪ, B. I. M. S.

Edited by

ŚRĪ GAṆGĀ SAHĀYA PĀṆḌEYA, A. M. S.

PART-II

(KĀYACIKITSĀ KHAṆḌA)

THE
CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
VARANASI-1
1969

First Edition

1969

Price Rs. 25-00

Also can be had of

THE CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

Publishers & Oriental Book-Sellers

Chowk, Post Box 69, Varanasi-1 (India)

Phone : 3076

आत्मनिवेदन

वैद्य प्रवर श्री शोढ़ल विरचित एवं आचार्य यादव जी त्रिविक्रम जी द्वारा सम्पादित 'गदनिग्रह' नामक मूलग्रन्थ के द्वितीय भाग का 'विद्योतिनी' हिन्दी अनुवाद आयुर्वेद के विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। मूलग्रन्थ को आचार्य जी ने दो खण्डों ('प्रयोग' और अष्टाङ्ग आयुर्वेद का निदान एवं चिकित्सा खण्डों) में विभक्त किया है, किन्तु विषय के वृहत्कलेवर को देखते हुए मुझे तीन भागों ('प्रयोग खण्ड' कायचिकित्सा एवं 'शालाक्य तन्त्र, शल्यतन्त्र, भूततंत्र, वालतंत्र, विषतंत्र, रसायनतंत्र, वाजीकरण तन्त्र पञ्चकर्म') में विभक्त करना पड़ा है। प्रथम भाग 'प्रयोग खण्ड' पाठकों के सामने प्रस्तुत हो चुका है, अब द्वितीय भाग 'कायचिकित्सा खण्ड' भी पाठक के सामने अनेक विघ्न-बाधाओं को झेलते हुए भी उपस्थित कर रहा हूँ जो भगवान् विश्वनाथ के अनुग्रह का फल है। यद्यपि द्वितीय खंड में त्रुटियो पर विशेष सावधानी बरती गई है फिर भी शीघ्रता में त्रुटियों का रह जाना अस्वाभाविक नहीं है।

'कायचिकित्सा' में ज्वर, अतिसार, ग्रहणी, अर्शरोग, अजीर्ण, विसूचिका, (हैजा)। अलसकरोग, विलम्बिकारोग, कृमिरोग, पाण्डु, कामला, हलीमक, रक्त पित्त, राजयक्ष्मा, उरःक्षत, कास, हिक्का, श्वास, स्वरभेद, अरुचि, छर्दि, तृष्णा, मूर्च्छा, पानमदात्यय, दाह, वातविकार, वातरक्त, उरुरोग, आमवात, शूल, परिणामशूल, जरत्पित्त, आनाह, उदावर्त, गुल्मरोग, हृद्रोग, मूत्रकृच्छ्र, मूत्राघात, पथरीरोग, प्रमेह, मधुमेह, प्रमेहपिण्डका, मेदोदोष, उदररोग, शोथ, विद्रधि, वृद्धि, श्वित्र, कुष्ठ, शीतपित्त, उदर्द, कोठ, अम्लपित्त, विसर्प, विस्फोट, मसूरिका आदि रोगों का निदान सहित चिकित्सा एकतालिस अधिकारों में किया गया है।

इस ग्रन्थ के प्रयोग खण्ड में उल्लिखित गुरुजनों, विद्वानों, मित्रों एवं सुहृदों के अतिरिक्त श्री विश्वनाथ द्विवेदी अध्यक्ष, आयुर्वेद विभाग, संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, श्री यदुनन्दन उपाध्याय, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान, का० हि० वि० वि०, श्री सहजानन्द त्रिपाठी, अध्यापक सं० वि० वि०, श्री गोमती प्रसाद मिश्र, अ० सं० वि० वि० एवं आयुर्वेदाचार्य पं० विनोदशंकर वाजपेयी, ए० बी० एम० एस० का० हि० वि० वि० का सहयोग एवं मार्गदर्शन बराबर मिलता रहा है जिससे प्रस्तुत खण्ड परिपूर्ण हो सका है, अनुवादक इन मनीषियो का कृतज्ञ है।

अतिकृतलङ्घनलक्षणम् ५५
तन्द्रालक्षणम् ५६
जृम्भालक्षणम् ,,
क्लमलक्षणम् ,,
क्षवथुलक्षणम् ,,
आलस्यलक्षणम् ,,
उत्क्लेदलक्षणम् ५७
ग्लानिलक्षणम् ,,
गौरवलक्षणम् ,,
ज्वरे वमनावस्था ,,
अनुक्तव्याधिज्ञानोपायः ,,
चिकित्साया आवश्यकता ५८
तरुणादिज्वरलक्षणम् ,,
तरुणज्वरे वर्ज्यानि ,,
तरुणज्वरे परिषेकादिसेवनादुपद्रवाः ५९
ज्वरे पक्वदोषलक्षणम् ,,
,, विरेचनयोग्यावस्था ,,
आमज्वरे संशोधननिषेधः ,,
तरुणज्वरे कषायनिषेधः ,,
ज्वरे भेषजं कदा देयम् ६०
,, औषधमात्रा ,,
श्रृतकरणपरिभाषा ,,
यवाग्वाद्यर्थं ज्वरे हितान्यन्नानि ,,
ज्वरे पेयाप्रशंसा ६१
ज्वरविशेषेऽन्नव्यवस्था ,,
ज्वरे यवाग्वादिकरणपरिभाषा ,,
,, जलव्यवस्था ६२
तरुणज्वरे गौणभैषज्यस्याप्रतिषिद्धत्वम् ६३
ज्वरे भोजनव्यवस्था ,,
,, पथ्यसेवनावश्यकता ,,
पूर्वोक्तक्रियाभिरप्रशाम्यति ज्वरे पाचनव्यवस्था ,,

आमज्वरे पाचनकषायाः—

शुण्ठ्यादिपाचनकषायः ६४
द्वितीयः शुण्ठ्यादिपाचनकषायः ,,
गुडूच्यादिपाचनकषायः ,,
चन्दनादिपाचनकषायः ,,
दुरालभादिपाचनकषायः ६५
द्राक्षादिपाचनकषायः ,,
कटुरोहिण्यादिपाचनकषायः ,,
मुस्तादिपाचनकषायः ६५
नागरादिपाचनकषायः ,,
किराततिक्तादिपाचनकषायः ,,
वातज्वरे दशमूलपाचनकषायः ,,
पित्तज्वरे मुस्तादिपाचनकषायः ६६
कफज्वरे पिप्पल्यादिपाचनकषायः ,,
संसृष्टदोषेषुज्वरेषु पाचनकषायव्यवस्था ,,
वातज्वरे गुडूच्यादिपाचनकषायः ,,
पित्तज्वरे इन्द्रयवादिपाचनकषायः ,,
,, किरातादिपाचनकषायः ६७
कफज्वरे मातुलुङ्गीमूलादिपाचनकषायः ,,
पूर्वोक्तकषायाणां गुणाः ,,

अथ वातज्वरचिकित्सा

संशमनलक्षणम् ,,
वातज्वरे गुडूच्यादिकषायः ,,
,, पिप्पल्यादिकषायः ६८
,, बलादिकषायः ,,
,, शतपुष्पादिकषायः ,,
,, आरग्वधादिकषायः ,,
,, द्वितीयो गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, शतावर्यादिस्वरसः ६९
,, बिल्वादिक्काथः ,,
,, मुस्तादिक्काथः ,,
,, शुण्ठ्यादिक्काथः ,,
,, द्वितीयः शतावर्यादिक्काथः ,,
,, तृतीयो गुडूच्यादिक्काथः ७०
,, दुरालभादिकषायः ,,
,, चतुर्थो गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, सुरसादिक्काथः ,,
,, रास्नादिक्काथः ,,
,, पञ्चमो गुडूच्यादिकषायः ,,
,, द्वितीय आरग्वधादिक्काथः ७१
,, कतिपययोगाः ,,
,, काकोल्यादिक्काथः ,,
,, षष्ठो गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, सप्तमो गुडूच्यादिक्काथः ७२

अथ पित्तज्वरचिकित्सा

पित्तज्वरलक्षणम् ,,
पित्तज्वरे किरातादिक्काथः ,,
,, दुरालभादिक्काथः ,,

पित्तज्वरे पटोलादिक्काथः ७२
,, पर्पटादिक्काथः ७३
,, कटुरोहिणीकल्कः ,,
,, मधुकादिकषायः ,,
,, वासादिक्काथः ,,
,, द्राक्षादिशीतकषायः ७४
,, द्वितीयः पर्पटादिक्काथः ,,
,, वासास्वरसः ,,
,, शुण्ठ्यादिक्काथः ,,
,, श्रीपर्ण्यादिक्काथः ७५
,, द्राक्षादिक्काथः ,,
अन्तर्दाहे धान्यकहिमः ,,
पित्तज्वरे द्वितीयः श्रीपर्ण्यादिक्काथः ,,
,, परूषकादिहिमः ,,
,, मृद्वीकादिहिमः ७६
,, द्वितीयः किरातादिक्काथः ,,
,, मुद्गादिक्काथः ,,
,, शिरीषादिहिमः ,,
,, -ऽरुचिप्रतीकारः ७७
,, नलदादिक्काथः ,,
,, वालकादिक्काथः ,,
,, निदिग्धिकादिक्काथः ,,
,, गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, मृणालादिक्काथः ७८
,, द्राक्षादिक्काथः ,,
,, ह्रीवेरादिकषायः ,,
,, चन्दनादिकषायः ,,
,, पद्मकादिक्काथः ७९
,, गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, दाहतृषाशान्त्यर्थमनुलेपनादि ,,
,, यवादिशीतकषायः ८०
,, दाहशान्त्यर्थं शीतजलसेकः ,,
,, दाहशान्त्यर्थं विहाराः ,,

अथातः श्लेष्मज्वरचिकित्सितम्

कफज्वरे कटुत्रिकादिक्काथः ८१
,, शट्यादिक्काथः ,,
,, हरिद्रादिक्काथः ,,
,, सारिवादिक्काथः ,,
,, कण्टकार्यादिकषायः ८२
,, निम्बादिकषायः ,,
श्लेष्मज्वरे त्रिफलादिकषायः ,,
श्लेष्मज्वरे वासकादिक्काथः ८२
,, वालचातुर्भद्रकावलेहः ,,
कफज्वरे क्काथत्रयम् ८३
,, शुण्ठ्यादिकषायः ,,
,, विश्वादिकषायः ,,
,, ,, ,,
,, निदिग्धिकादिकषायः ८४
,, पिप्पलीमूलादिक्काथः ,,
,, वासादिक्काथः ,,
,, निम्बादिकषायः ,,
,, कटुरोहिण्यादिकषायः ,,
,, कुष्ठादिकषायः ८५
,, द्वितीयो वासादिक्काथः ,,
,, सप्तच्छदादिक्काथः ,,
,, मुस्तादिकषायः ,,
,, त्रिफलादिकषायः ,,
,, करञ्जादिक्काथः ८६
,, द्वितीयत्रिफलादिकषायः ,,

अथातो वातपित्तज्वरचिकित्सितम्

वातपित्तज्वरलक्षणम् ,,
वातपित्तज्वरे त्रिफलादिकषायः ८७
,, द्राक्षादिक्काथः ,,
,, यष्ट्यादिकषायः ,,
,, भूनिम्बादिकषायः ,,
,, रास्नादिकषायः ,,
,, किराततिक्तादिकषायः ८८
,, मुस्तादिकषायः ,,
,, नीलोत्पलादिकषायः ,,
,, निदिग्धिकादिकषायः ,,
,, त्रिफलादिकषायः ,,
,, गुडूच्यादिक्काथः ८९
,, उशीरादिकषायः ,,
,, रास्नादिक्काथः ,,
,, मसूरादिक्काथः ,,
,, खर्जूरादिक्काथः ,,
,, दाहशान्त्यर्थं
,, मुद्गादिप्रलेपः ९०
वातपित्तज्वरे तृष्णादाहनिवारणार्थं
दधित्थादिशिरोलेपः ,,
वातपित्तज्वरे पद्मकादिक्काथः ,,

अथातो वातश्लेष्मज्वरचिकित्सितम्

वातश्लेष्मज्वरे वालुकास्वेदः ९१
,, पञ्चकोलकषायः ,,
गिरिमालापञ्चककषायः ,,
वातकफज्वरे पिप्पलीकषायः ९२
,, मुस्तादिकषायः ,,
वातश्लेष्मज्वरे क्षुद्रादिक्काथः ,,
,, दशमूलीकषायः ,,
,, त्रिफलादिकषायः ,,
,, दार्वादिकषायः ९३
,, स्वेदार्थं योगाः ,,
,, कट्फलादिक्काथः ,,
,, निदिग्धिकादिक्काथः ,,
वातकफज्वरे आरग्वधादिकषायः ९४

अथातः श्लेष्मपित्तज्वरचिकित्सितम्

श्लेष्मपित्तज्वरलक्षणम् ,,
श्लेष्मपित्तज्वरे आरग्वधादिक्काथः ,,
,, वलादिक्काथः ,,
कफपित्तज्वरे कटुकादिक्काथः ९५
,, पटोलादिक्काथः ,,
,, द्वितीय आरग्वधादिक्काथः ,,
,, ,, पटोलादिकषायः ,,
,, त्रायन्त्यादिकषायः ९६
,, तृतीयः पटोलादिक्काथः ,,
,, चतुर्थः ,, ,,
,, वासास्वरसः ,,
,, कटुकायोगः ,,
कफपित्तज्वरे धान्यकादिक्काथः ९७
,, द्वितीयो भार्ग्यादिकषायः ,,
,, तृतीय आरग्वधादिकषायः ,,
,, त्रिफलादिकषायः ,,
,, रोहिण्यादिकषायः ,,
कफपित्तज्वरे तृतीयो भार्ग्यादिक्काथः ९८
,, काश्मर्यादिशीतकषायः ,,

अथातः सन्निपातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

सन्निपातज्वरलक्षणम् ,,
सन्निपातचिकित्साक्रमः ९९
सन्निपातोपक्रमाः ,,
सन्निपातज्वरे लङ्घनम् ,,
सन्निपातज्वरे नस्यप्रयोगः १००
,, वमनम् ,,
,, मधूकसारादिनस्यम् ,,
,, कवलधारणम् १०१
सन्निपातेऽष्टाङ्गावलेहिका ,,
सन्निपातज्वरे क्षौद्रोपयोगनिषेधः १०२
,, संज्ञाप्रबोधनार्थं शिरीषाद्यञ्जनम् ,,
,, शिग्रुमूलाद्यं नस्यम् ,,
,, बृहत्याद्यं प्रध्मापनं नस्यम् ,,
,, संज्ञाप्रबोधनार्थं दाहः १०३
सन्निपातज्वरेऽन्नव्यवस्था ,,
सन्निपातज्वरे पञ्चमुष्टिकयूषः ,,
सन्निपातज्वरे चातुर्भद्रपञ्चमूलम् १०४
,, निर्गुण्ड्यादिधूपः ,,
सन्निपाते रास्नादिद्वाविंशतिकः क्काथः ,,
सन्निपातज्वरे द्वितीयो निर्गुण्ड्यादिधूपः १०५
,, दशमूलीकषायः ,,
,, मुस्ताद्योऽष्टादशाङ्गक्काथः १०६
,, दशमूलाद्यो द्वितीयोऽष्टादशाङ्गक्काथः ,,
,, बृहत्यादिक्काथः ,,
,, भूनिम्बाद्यस्तृतीयोऽष्टादशाङ्गक्काथः १०७
,, शट्यादिक्काथः ,,
,, द्वितीयः शट्यादिक्काथः ,,
,, कुलत्थादिचूर्णम् १०८
,, अजगन्धादिपानकम् ,,
,, परूषकादिक्काथः १०९
,, आमलकादिलेहः ,,
,, पटोलादिक्काथः ,,
अभिन्यासज्वरे कारव्यादिक्काथः ११०
सन्निपातज्वरे आरग्वधादिक्काथः ,,
वृद्धवाग्भटात्साध्यसन्निपाते भार्ग्यादिक्काथः १११
सन्निपातज्वरे त्रिकर्षादिकषायचतुष्टयम् ,,
,, हरिद्रादिकषायः ११२
सुश्रुतात्कषायद्वयम् ११३

सन्निपातज्वरे द्वितीयो बृहत्यादि-
कषायः ११३
अभिन्यासज्वरे बीजपूरकादिकषायः ,,
,, पुनर्नवादिकषायः ,,
अभिन्यासे संज्ञाप्रबोधनं नस्यम् ११४
,, संज्ञाप्रबोधनार्थं शिरीषाद्य-
ञ्जनम् ,,
सन्निपातज्वरे देवदार्वादिकषायः ,,
,, दशमूलादिकषायः ,,
,, कट्तृणादिकषायः ११५
,, किरातादिक्काथः ,,
,, त्रिवृतादिमोदकः ,,
,, भार्ग्याद्यो द्वात्रिंशक-
क्काथः ११६
,, मञ्जिष्ठादिक्काथः ११७
धारा धाराद्यस्त्रयस्त्रिंशः क्काथः ,,
सन्निपातज्वरे तन्द्राचिकित्साया
अवश्यकरणीयता ११८
सन्निपातज्वरे जिह्वाचिकित्सा ११८
,, वाष्पप्रयोगः ,,
,, स्वेदातिप्रवृत्तिचिकित्सा ,,
,, रिष्टलक्षणम ११९
दोषविशेषेण सन्निपातज्वरमर्यादा ,,
सन्निपातज्वरे कर्णग्रन्थिचिकित्सा ,,
कर्णमूलशोथे बीजपूरकमूलादिलेपः १२०
,, कुलत्थाद्यो लेपः ,,
,, इङ्गुद्यादिलेपः ,,
कर्णग्रन्थावर्कदुग्धादिलेपः ,,
कर्णशोथे नस्यप्रयोगः १२१
सन्निपातज्वरे द्राक्षादिक्काथः ,,
,, वचादिकषायः ,,
,, किरातादिचूर्णम् ,,
हरीतक्यादिचूर्णम् ,,
सन्निपातज्वरे दार्व्यादिकषायः १२२
,, निम्बादिकषायः ,,
,, पुष्करमूलादिक्काथः ,,
,, कर्चूरादिक्काथः ,,
,, शीतलजलसेचननिषेधः १२३
सन्निपातचिकित्सितुर्वैद्यस्य प्रशंसा ,,

अथातो विषमज्वरचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

विषमज्वराणां त्रिदोषजत्वम् १२४
जीर्णज्वरे निदिग्धिकादिक्काथः १२४
,, गुडपिप्पलीयोगः ,,
,, शिरोविरेचनप्रयोगः ,,
विषमज्वरे विभीतकादिक्काथः १२५
सततज्वरे पटोलादिक्काथः ,,
विषमज्वरे हरिद्राद्यञ्जनम् ,,
,, वचादिधूपः ,,
,, हितानि शाकानि ,,
,, ,, मांसानि १२६
ज्वरक्षीणे वमनादिनिषेधः ,,
अरोचाकादौ निवृत्तज्वरेऽपि संशो-
धनावश्यकता ,,
विषमज्वरे त्रिफलादिविरेचनम् ,,
विषमज्वरसंप्राप्तिः ,,
सततकज्वरे तिक्तादिक्काथः १२७
तृतीयकज्वरे भूनिम्बादिक्काथः ,,
चातुर्थकज्वरे मुस्तादिक्काथः १२८
,, त्रिफलाप्रयोगः ,,
पञ्चाहज्वरे चन्दनादिक्काथः ,,
षडहज्वरे यवासादिक्काथः ,,
विषमज्वरे शिरीषादिचूर्णम् ,,
विषमज्वरादौ शिरीषादिनस्यम् ,,
ज्वरे शिरीषादिधूपः १२९
,, लशुनाद्यञ्जनम् ,,
अन्येद्युष्कचातुर्थकयोर्योगौ ,,
सन्ततादिविषमज्वरेषु पञ्चकषायाः ,,
वाग्भटात् सन्ततादिज्वरेषु
पञ्चकषायाः १३०
चतुर्थकज्वरे वासादिक्काथः ,,
चतुर्थकेऽगस्त्यपुष्परसनस्यम् ,,
तृतीयकज्वरे महौषधादिकषायः ,,
,, नागरादिकषायः १३१
चतुर्थकज्वरे पथ्यादिकषायः ,,
विषमज्वरे दैवव्यपाश्रयचिकित्सा ,,
ज्वरनाशार्थं मूर्ध्नि मूलबन्धनम् १३२
विषमज्वरेऽभयाप्रयोगः ,,
विषमज्वरे पटोलादिक्काथः ,,
चातुर्थकज्वरे विदारिकादियोगः ,,
तृतीयकचतुर्थकयोः शिराव्यधः ,,
विषमज्वरे पञ्चसारम् १३३
,, जीरकगुडप्रयोगः ,,

विषमज्वरे गुडत्रिफलाप्रयोगः १३३
,, मुस्तादिकषायः ,,
,, रसोनयोगः ,,
,, पिप्पलीवर्धमानप्रयोगः १३४
,, पटोलादिक्काथः १३५
,, कतिपययोगः ,,
,, द्वितीयो रसोनयोगः ,,
,, नलमूलादिकषायः ,,
विषमज्वरेऽनन्तादिकल्कः १३६
सर्वज्वरे आमलकादियोगः ,,
,, गुडूच्यादिगणः ,,
पित्तश्लेष्मज्वरे पटोलादिगणः ,,
सर्वज्वरे त्रिवृतादिभेदनक्काथः ,,
जीर्णज्वरे क्षीरोपयोगः १३७
,, क्षीरयोगाः ,,
क्षीरपाकपरिभाषा १३८
ज्वरे घृतयोग्यावस्था ,,
,, कतिपयाः सर्पियोगाः ,,
जीर्णज्वरे विडङ्गाद्यं घृतम् १३९
स्नेहसिद्धिलक्षणम् ,,
जीर्णज्वरे तैलम् ,,
,, प्रह्लादनतैलम् १४०
ज्वरे स्नेहाभ्यङ्गावस्था ,,
त्वक्स्थे ज्वरे चिकित्सा ,,
ज्वरे शिराव्यधः ,,
विषमज्वरे दैवव्यपाश्रयचिकित्सा ,,
ज्वरे धूपः १४१
,, अष्टाङ्गधूपः ,,
,, विष्णुसहस्रनामपाठः ,,
कम्पज्वरे धूपः ,,
ज्वरे अपराजितधूपः ,,
विषमज्वरे सैन्धवाद्यञ्जनम् ,,
एकाहिकज्वरे मूलिकावन्धनम् १४२
आगन्तुज्वरचिकित्सा ,,
विषमज्वरे क्षीरयोगाः १४२
ज्वरेऽतिनिद्राप्रतीकारः ,,
विषमज्वरे सर्पत्वचादिधूपः ,,
,, मनःशिलाद्यञ्जन ,,
भूतज्वरे पिप्पल्याद्यञ्जनम् १४४
सर्वज्वरे कण्टकारिकादिक्काकः ,,

अथातः सर्वज्वरोपद्रवचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

ज्वरोपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम् १४४
शिरोभितापादौ मधुकादिलेपः ,,
वम्युपद्रवशान्त्यर्थं मधूकादिचूर्णम् १४५
कासश्वासोपद्रवशान्त्यर्थं त्रिफलादिचूर्णम् ,,
जिह्वादिशोथे विदार्यादिशिरोलेपः ,,
मुखवैरस्यनाशार्थं कलकगण्डूषौ १४६
मूर्च्छाद्युपद्रवेषु कतिपययोगाः ,,
तृष्णोपद्रवशान्त्यर्थं करवीरपुष्पादि-शिरोलेपः १४७
तालुशोषे मूर्ध्नि मातुलुङ्गरसप्रलेपः ,,
जीर्णज्वरे श्वासाद्युपद्रवनाशाय निदिग्धिकादिक्काथः ,,
विषमज्वरेऽपामार्गमूलबन्धनम् ,,
सर्वज्वरे पिप्पल्यादिकषायः ,,
,, दुरालभादिकषायः १४८
,, पटोलादिक्काथः ,,
ज्वरे घृतयोग्यावस्था ,,
विषमज्वरे चित्राङ्गयादिचूर्णम् ,,
सर्वज्वरहरगणः ,,
ज्वरे मुखधावनयोगः १४९
अरुचिनाशार्थं कवलप्रयोगौ ,,
ज्वरमुक्तस्यापथ्यानि ,,

अथातो ज्वरातिसारचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

ज्वरातिसारनिदानम् १५०
,, ,,
ज्वरातिसारे पृष्टिपर्ण्यादिपेया ,,
,, नागरादिक्काथः ,,
,, बृहन्नागरादिक्काथः १५१
,, पाठादिक्काथः ,,
,, ह्रीवेरादिक्काथः ,,
,, गुडूच्यादिक्काथः ,,
,, कलिङ्गादिक्काथः १५२
,, वत्सकश्वदंष्ट्राद्यौ क्काथौ ,,
,, पञ्चमूलादिक्काथः ,,
,, उत्पलादिक्काथः ,,
,, उशीरादिक्काथः १५३

ज्वरातिसारे दशमूल्यादिक्काथः १५३
,, किरातादिक्काथः ,,
,, द्वितीय उशीरादिक्काथः ,,
,, गुडूच्यादिक्काथः १५४
,, गोक्षुरादिक्काथः ,,
ज्वरादावपथ्यानि ,,
ज्वरे पथ्यानि ,,

अथातिसाराधिकारो द्वितीयः

अतिसारनिदानम् १५६
अतिसारसंप्राप्तिः १५८
अतिसारपूर्वरूपाणि १५९
वातातिसारलक्षणानि ,,
पित्तातिसारलक्षणानि ,,
कफातिसारलक्षणानि ,,
सन्निपातातिसारलक्षणम् ,,
शोकातिसारलक्षणम् १६०
आमातिसारलक्षणम् ,,
आमपुरीषलक्षणम् ,,
पक्वपुरीषलक्षम् १६१
अतिसारासाध्यलक्षणानि ,,
रक्तातिसारलक्षणम् १६२
प्रवाहिकालक्षणम ,,
अतिसारनिवृत्तिलक्षणम् ,,,
वाताद्यतिसाराणां प्रकारान्तरेण लक्षणानि १३३
अतिसारासाध्यलक्षणानि ,,
अतिसारनिदानोपसंहारः १६४

अथातिसारचिकित्सितम्

अतिसारे लङ्घनम् ,,
,, पिपासाचिकित्सा ,,
,, आहारकल्पना १६५
,, पक्वाममललक्षणम् १६६
आमेऽतिसारे संग्रहणौषधनिषेधः ,,
आमातिसारेऽपि स्तस्भनयोग्यावस्था १६७
अतिसारे विरेचनम् ,,
आमातिसारे कुटजादिक्काथः ,,
,, हरिद्रादिवचादिगणौ-षधयोगः ,,
आमातिसारे यवाग्वादिषु पिप्पलीप्रयोगः १६८
आमातिसारे धान्यपञ्चकम् १६८
पित्तातिसारे धान्यचतुष्कम् ,,
पक्वातिसारे संग्रहणौषधदानम् ,,
वातातिसारे पञ्चमूल्यादियोगः ,,
पक्वातिसारे गङ्गाधरो योगः ,,
,, द्वितीयो गङ्गाधरः १६९
,, तृतीयो गङ्गाधरः ,,
सर्वातिसारे गङ्गाधरचूर्णम् ,,
पित्तातिसारे इन्द्रयवक्काथः १७०
पित्तश्लेष्मातिसारे कुटजादिक्काथः ,,
अतिसारे कुटजादिकषायः ,,
छर्दियुक्तातिसारे विल्वादिक्काथः ,,
अतिसारे प्रियङ्ग्वादिचूर्णम् ,,
,, पटोलादिक्काथः १७१
श्लेष्मातिसारचिकित्सा ,,
आमातिसारे त्र्यूषणादिचूर्णम् ,,
,, हिज्जलपत्रस्वरसः ,,
सर्वातिसारे कुटजादिलेहः ,,
रक्तातिसारे दाडिमत्वचादिकल्कः १७२
,, विल्वयोगः ,,
,, दाडिमीत्वचादिकल्कः ,,
,, शल्लकीत्वचादियोगः ,,
,, शतावरीकल्कः १७३
आमातिसारे वत्सकादिक्काथः ,,
अतिसारे कलिङ्गषट्कः ,,
रक्तातिसारे ,, ,,
आमातिसारे सौवर्चलादिचूर्णम् १७४
सामपित्तातिसारे विल्वादिकषायः ,,
भयादिसमुत्थातिसारचिकित्सा ,,
अतिसारावस्थायां पुटपाकयोगः ,,
सर्वातिसारे कुटजत्वक्पुटपाकः ,,
,, अरलुत्वक्पुटपाकः १७५
,, वटादिपुटपाकः ,,
पुटपाकसिद्धिलक्षणम् ,,
आमातिसारे मधुपक्वहरीतकी १७६
,, नाभावार्द्रकस्वरसपूरणम् ,,
अतिसारेऽङ्कोलमूलयोगः ,,
वत्सकाद्या गुटिका ,,
आमातिसारे शुण्ठ्यादिक्काथः १७७
,, द्वितीयः शुण्ठ्यादिकषायः ,,
,, चित्रकादिचूर्णम् ,,

पित्तातिसारे रसाञ्जनादिचूर्णम् १७७
रक्तातिसारे जम्ब्वादिस्वरसः १७८
आमातिसारे पथ्यादिचूर्णम् ,,
श्लेष्मातिसारे वत्सकादिचूर्णम् ,,
,, पाठादिचूर्णम् ,,
वातपित्तातिसारे कलिङ्गादिचूर्णम् ,,
पित्तश्लेष्मातिसारे मुस्तादिकषायः १७९
वातश्लेष्मातिसारे बिल्वादिक्काथः ,,
,, देवदार्वादिकषायः ,,
सर्वातिसारे कुटजादिघृतम् ,,
अतिसारे क्षीरयोगः १८०
प्रवाहिकालक्षणम् ,,
प्रवाहिकायां बिल्वादिलेहः ,,
,, पिप्पल्यादिकल्कयोगः ,,
,, द्वितीयो बिल्वादिलेहः १८१
प्रवाहिकायामाहारकल्पना ,,
नवातिसारे वटजटायोगः ,,
अतिसारे बब्बूलपल्लवयोगः ,,
सर्वातिसारे मुस्तादिचूर्णम् ,,
सर्वातिसारेऽजमोदादिचूर्णम् १८२
सर्वातिसारे मुस्तकक्काथः ,,
पक्वातिसारे कुटजादिलेहः ,,
श्लेष्मातिसारे वचाद्यं चूर्णम् ,,
अतिसारे दाडिमादिकल्कः ,,
गुददाहप्रपाकयोः परिषेकः १८३
गुदनिःसरणप्रतिकारः ,,
अतिसारोपद्रवचिकित्सा ,,
अतिसारे वर्ज्यानि ,,

अथ ग्रहणीरोगाधिकारस्तृतीयः

ग्रहणीसंग्राहिः १८४
ग्रहणीपूर्वरूपम् १८५
वातिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम् ,,
पैत्तिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम् १८७
श्लैष्मिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम् ,,
त्रिदोषजग्रहण्या लिङ्गम् १८८
ग्रहण्या असाध्यलक्षणानि १८९
संग्रहग्रहणीलक्षणम् ,,
घटीयन्त्रग्रहणीलिङ्गम् १९०

अथातो ग्रहणीरोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

ग्रहण्याः सामान्यलक्षणम् १९०
वातिकग्रहणीलक्षणम् १९१
वातिकग्रहण्यां रिङ्गिण्यादिचूर्णम् ,,
पैत्तिकग्रहणीलक्षणम् ,,
पैत्तिकग्रहण्यां कटुकादिकल्कः ,,
,, कुटजादिचूर्णम् १९२
श्लैष्मिक-सान्निपातिकग्रहणीलिङ्गम् ,,
श्लैष्मिकग्रहण्यामभयादिचूर्णम् ,,
ग्रहण्यां सामान्यचिकित्सा ,,
ग्रहण्यामाहारकल्पना १९३
सामग्रहण्यां शुण्ठ्यादिक्काथः ,,
ग्रहण्यां धान्यकाद्यो दीपनपाचनः क्काथः १९४
,, हरीतकीयोगः ,,
,, बिल्वशलाटुयोगौ ,,
,, नागरादिकषायः ,,
तण्डुलोदकपरिभाषा १९५
श्लैष्मिकग्रहण्याः सामान्यचिकित्सा ,,
ग्रहण्यां मसूराद्यं घृतम् ,,
वातग्रहण्यां काकजङ्घाद्यं चूर्णम् १९६
ग्रहण्यां विश्वाद्यं चूर्णम् ,,
,, पाठाद्यं चूर्णम् ,,
,, भूनिम्बाद्यं चूर्णम् ,,
,, ग्रन्थिकाद्यं चूर्णम् १९७
,, व्यूषणाद्यं घृतम् ,,
,, वालचाङ्गेरीघृतम् १९८
विश्वौषधाद्यं घृतम् ,,
ग्रहण्यां तक्रशुण्ठीयोगः ,,
,, विश्वादिक्काथः १९९
वातग्रहण्यां धान्यकादिकषायः ,,
,, पिप्पल्याद्यं चूर्णम् ,,
ग्रहण्यां कलिङ्गाद्यं चूर्णम् ,,
श्लेष्मग्रहण्यां हिङ्ग्वादिचूर्णम् २००
,, यवान्यादिचूर्णम् ,,
ग्रहण्यां तक्रयोगः ,,
,, चित्रकाद्योऽरिष्टः ,,
,, भल्लातकाद्यः क्षारः २०१
,, त्रिफलाद्यः ,, ,,
ग्रहण्या असाध्यलक्षणम् २०२

अथार्शोधिकारश्चतुर्थः

संप्राप्तिपूर्वकमर्शःस्वरूपम् २०३
वातजाद्यर्शसां हेतुः २०५
अर्शसां पूर्वरूपम् २०६
वातार्शोलक्षणम् ,,
पित्तार्शोलक्षणम् २०७
श्लेष्मार्शोलक्षणम् २०८
संसर्गसन्निपातजार्शोलक्षणम् २१०
रक्तार्शोलक्षणम् ,,
अर्शसां दुःसाध्यत्वे हेतुः २१२
,, सुखसाध्यत्वादिलक्षणम् २१३
मेढ्रादिजानामर्शसां स्वरूपम् २१४
चर्मकीललक्षणम् ,,

अथातोऽर्शसां चिकित्सितं व्याख्यास्यामः

अर्शश्चिकित्सायामन्तरग्नेर्बलरक्षणावश्यकता २१५
अर्शसां चतुर्धा साधनविधानम् ,,
वातार्शःस्वर्कपत्रादिलवणम् ,,
अर्शोरोगिभिः सेव्यमन्नपानौषधम् २१६
भिन्नवर्चसां गाढवर्चसां च अर्शसां चिकित्सा ,,
अर्शःसु तक्रोपयोगः ,,
,, हरीतकीयोगः २१७
,, भल्लातकयोगौ ,,
,, सूरणयोगः ,,
,, कृष्णतिलयोगः ,,
,, वार्ताकफलयोगः २१८
,, गुडाभययोगः ,,
,, चित्रकतक्रम् ,,
,, कल्याणकं लवणम् ,,
,, पीलुरसायनम् २१९
पित्तार्शःसु शिरीषमूलादिकल्कः ,,
,, हरिद्रादिकषायः ,,
पित्तार्शसि वालकादिकल्कः २२०
,, त्रपुपादियोगः ,,
श्लैष्मिकार्शश्चिकित्सा ,,
श्लेष्मार्शसि हरीतकीयोगः ,,
,, पारिभद्रादिक्षारः २२१
रक्तार्शसि लाक्षादियोगः ,,
रक्तार्शसि चन्दनादिक्काथः १२१
,, कतिपययोगाः ,,
,, कुटजाद्यघृतम् २२२
अर्शःसु पिप्पल्यादिपेया ,,
अर्शसि त्र्यूषणाद्यं चूर्णम् ,,
,, पाठायोगः २२३
शुष्कार्शःसु स्वेदः ,,
अर्शसि रास्नाद्यपनाहः ,,
,, वृषादिक्काथस्वेदः ,,
अर्शसां प्रक्षालनार्थं करवीरादिकषायः २२४
अर्शसि अनुपानयोगः ,,
,, गुडार्द्रकयोगः ,,
अर्शःसु संशोधनार्थमेरण्डतैलयोगः ,,
अर्शोनाशार्थं नाभिप्रलेपौ ,,
अर्शःपातनार्थं कुलीरशृङ्ग्यादिलेपः २२५
अर्शोविनाशार्थं शिरीषबीजादिलेपः ,,
अर्शसां पातनार्थं सुवर्चिकाद्यो लेपः ,,
,, पातनार्थमर्कक्षीरादिलेपः २२६
,, पातनार्थं कटुतुम्ब्याद्या वर्तिः ,,
अर्शोनाशार्थं शिरीषबीजादिलेपः २२७
अर्शःशातनार्थं देवदाल्याद्या गुटिका ,,
श्रवणादिजानामर्शसां पातनार्थं सैन्धवादिप्रतिसारणम् ,,
अर्शसि हिङ्ग्वाद्यं चूर्णम् ,,
अर्शसां काकोदुम्बरिकायोगः २२८
अर्शसि करञ्जमूलयोगः ,,
,, मुशल्यादियोगः ,,
,, चिरविल्वाद्यं चूर्णम् ,,
,, कृष्णसर्पादिवसाभ्यञ्जनं धूपनं च ,,
अर्शसि नृकेशादिधूपः ,,
,, अजशृङ्गीजटायोगः २२९
,, सैन्धवाद्यं चूर्णम् ,,
,, चित्रकाद्यं तैलम् ,,
,, सुमुखाद्यं ,, २३०
,, प्रधानान्यौषधानि ,,
,, अरलुकाद्यं तैलम् ,,
अर्शःसु क्षारपातनविधिः ,,
सम्यग्दग्धार्शोलक्षणम् २३२
दुर्दग्धार्शोलक्षणम् ,,

अनिदग्धार्शोलक्षणम् २३३
क्षारविभ्रमचिकित्सा ,,
अतिदग्धमन्ददग्धयोः प्रतीकारः २३४
कृतक्षारविधेरपथ्यानि ,,
नासार्शःसु क्षारपातनविधिः ,,
क्षारकरणयोग्यमयः २३५
क्षारपाकविधिः ,,
अर्शोविनाशार्थं वर्तिद्वयम् २३६
अर्शसि कटुतुम्बीयोगः ,,
अर्शःसु शिरीषबीजाद्यं लेपत्रयम् ,,

अथाजीर्णविपूचिकालसकविलम्बिकाधिकारः पञ्चमः

जठरानलभेदाः २३८
समाग्न्यादीनां लक्षणम ,,
अजीर्णभेदाः २३९
अजीर्णनिदानम २४०
अमाजीर्णलक्षणम् २४२
विष्टब्धाजीर्णलक्षणम् ,,
विदग्धाजीर्णलक्षणम् ,,
अजीर्णोपद्रवाः २४३
केषामजीर्णं भवति ,,
अजीर्णाद्विपूच्यादिसम्भवः ,,
विपूचिकालक्षणम् ,,
अलसकलक्षणम् २४५
विलम्बिकालक्षणम् ,,
आमकार्यम् ,,
अजीर्णिनोऽसाध्यलक्षणम् २४६
विपूचिकोपद्रवाः ,,
जीर्णाहारलक्षणम् ,,
भस्मकलक्षणम् ,,

अथातोऽजीर्णविपूचिकालसकविलम्बिकाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

अग्निमान्द्ये मण्डयोगः २४८
,, हरीतकीयोगः २४९
,, सैन्धवादिचूर्णं ,,
,, आर्द्रकयोगः ,,
मन्दाग्नौ विश्वादियोगः २५०
,, सैन्धवाद्या वटकाः ,,
आमाजीर्णे गुडशुण्ठ्यादियोगः ,,
अग्निमान्द्ये विडद्राक्षावलेहः २५०
विपूचिकालसकयोः काञ्जिकयोगः २५१
अजीर्णे हरीतकीयोगः ,,
आमाजीर्णे वचादिवमनम् ,,
विदग्धाजीर्णे शीताम्बुयोगः ,,
विष्टब्धाजीर्णप्रतिकारः ,,
रसाजीर्णचिकित्सा २५२
दिवास्वापयोग्या नराः ,,
अजीर्णे पथ्याद्यं चूर्णम ,,
,, बृहत्पथ्याद्यं चूर्णम् २५३
,, रुचकाद्यं चूर्णम् ,,
अजीर्णशङ्कायां शुण्ठ्यभयायोगः ,,
विदग्धाजीर्णे अभयादियोगः ,,
विपूचीप्रतिकारः २५४
विपूचिजामामसृतादिकषायः ,,
विपूच्यां शूले मिश्र्याद्यं तैलम् ,,
,, कुष्ठादिमर्दनम् ,,
,, चित्रकाद्यं तैलम् २५५
अतिवृद्धविपूचीनिवृत्त्यर्थं पार्ष्णिदेशे दाहयोगः ,,
विपूच्यां करञ्जाद्या वमनकषायाः ,,
,, रास्नाद्यङ्गमर्दनम् ,,
,, त्वगाद्यमुद्वर्तनम् २५६
विपूच्यामञ्जनार्थं व्योषाद्या गुटिका ,,
विपूच्यामुत्सादनार्थं बृहत्याद्यो योगः ,,
विपूच्यामञ्जनार्थं शिवावटि ,,
विपूच्यां पिपासाप्रतिकारः २५७
विपूच्यामाध्मानचिकित्सा ,,

अथ क्रिमिरोगाधिकारः षष्ठः

क्रिमिभेदाः २५८
बाह्यक्रिमिलक्षणम् ,,
क्रिमिनिदानम् २५९
क्रिमीणां सामान्यलक्षणम् २६०
कफजक्रिमीणां लक्षणम् ,,
रक्तजक्रिमीणां लक्षणम् २६१
पुरीषजक्रिमीणां लक्षणम् ,,

अथातः क्रिमिचिकित्सितम्

क्रिमिपातनार्थं पारसीयवानीयोगः २६२
क्रिमिरोगे निम्बपत्राद्यं योगपञ्चकम् ,,

क्रिमिनाशार्थं विडङ्गाद्या यवागूः २६४
क्रिमिरोगे मुस्तादिकषायः ,,
,, शोभाञ्जनाद्यं चूर्णम् ,,
,, मुस्ताद्यं चूर्णम् २६५
,, भूनिम्बादिक्काथः ,,
,, विष्णुप्रियादिक्काथः ,,
,, सुवर्चिकाद्यं चूर्णम् ,,
,, फञ्ज्यादिकषायः २६६
कृमिरोगे शत्र्यादिक्काथः ,,
,, खदिराद्यं चूर्णम् ,,
,, पूपक्रयोगः २६७
,, छोहाराद्यं चूर्णम् ,,
,, पलाशबीजयोगः ,,
क्रिमिरोगे निर्गुण्ड्यादिकषायः ,,
,, शिग्रुत्वगादिकषायः २६८
बालानां क्रिमिपातनार्थं सक्तुयोगः ,,
क्रिमिरोगे भल्लातकादियोगः ,,
,, कम्पिल्लकाद्यो योगः ,,
,, विम्बीघृतम् ,,
,, त्रिफलाद्यं घृतम् २६९
,, पूतिकरञ्जाद्योऽव्रपीडः ,,
शिरःक्रिमिषु अपमार्गबीजादिचूर्णम् ,,
कृमिरोगेऽपथ्यानि २७०

अथ पाण्डुरोगकामलाकुम्भकामलाहलीमकाधिकारः सप्तमः

पाण्डुरोगनिदानभेदाः २७१
पाण्डुरोगनिदानम् ,,
पाण्डुरोगपूर्वरूपाणि २७२
वातजादिभेदेन पाण्डुरोगलक्षणानि २७३
मृज्जपाण्डुरोगस्य संप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् २७४
पाण्डुरोगस्यासाध्यलक्षणम् २७५
कामलाया निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् २७६
हारिद्रकलक्षणम् ,,
कुम्भकामलालक्षणम् २७७
कामलाया असाध्यलक्षणानि ,,
हलीमकलक्षणम् ,,

अथातः पाण्डुरोगहारिद्रककामलाकुम्भकामलाहलीमकचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

पाण्डुरोगे सामान्यचिकित्सा २७८
दोषविशेषेण पाण्डुरोगचिकित्साविधिः ,,
कफाधिके पाण्डुरोगे दशमूलीकषायः २७९
पाण्डुरोगे फलत्रिक्काद्यः क्काथः ,,
,, सूर्वाद्यं चूर्णम् ,,
,, मधुयष्टीयोगः ,,
,, गोमयरसादियोगः ,,
,, मण्डूरयोगः २८०
,, लोहाद्यो मोदकः ,,
,, मण्डूरयोगः ,,
मृज्जपाण्डुरोगे व्योषाद्यं घृतम् २८१
सोपद्रवे पाण्डुरोगे पुनर्नवादिकषायः ,,
पाण्डुरोगे विभीतकाद्यो वटकः ,,
हारिद्रके द्राक्षादिपाचनम् ,,
,, त्रायन्तिकादिक्काथः २८२
कामलायां योगचतुष्टयम् ,,
,, हरिद्राद्यं घृतम् ,,
,, दार्व्याद्यं चूर्णम् ,,
,, धात्र्याद्योऽवलेहः २८३
,, त्रिफलाद्यो लेहः ,,
कामलायामञ्जनयोगाः ,,
कामलायां नस्ययोगः ,,
कुम्भकामलायां शिलाजत्वादियोगत्रयम् ,,
कुम्भकामलायां मण्डूरयोगः २८४
पाण्डुरोगादौ विशालाद्यं चूर्णम् ,,
पाण्डुरोगे मण्डूराद्यवलेहः ,,
,, लवणमण्डूरम् २८५
,, क्षीरयोगः ,,
,, कतिपययोगः ,,
,, गुडाद्या गुटिकाः ,,
,, हरिद्राद्यवलेहः २८६
मृज्जपाण्डुरोगे बलादिघृतम् ,,
हलीमके गुडूचीघृतम् ,,
,, विरेचनम् ,,
,, बलादिरसायनोपयोगः २८७
पाण्डुरोगादौ भोजनव्यवस्था ,,

अथ रक्तपित्ताधिकारोऽष्टमः

रक्तपित्तनिदानम् २८८
रक्तपित्तपूर्वरूपम् २८९
श्लैष्मिकादिभेदेन रक्तपित्तलक्षणानि ,,
रक्तपित्तस्य संसर्गविशेषेण मार्गभेदः २९०
,, साध्यासाध्यत्वलक्षणम् ,,
रक्तपित्तोपद्रवाः २९१
रक्तपित्तस्यासाध्यलक्षणानि ,,

अथातस्तच्चिकित्सितं व्याख्यास्यामः

रक्तपित्तेऽपतर्पणम् २९२
रक्तपित्ते भोजनव्यवस्था ,,
,, संशोधनम् २९३
,, मुस्तादिवमनम् ,,
,, स्तम्भनयोग्यावस्था ,,
रक्तपित्तेऽटरूषयोगाः ,,
रक्तपित्ते वासादिक्वाथः २९४
,, कतिपययोगाः ,,
,, खदिरादिगुप्पयोगः ,,
,, हरीतकीपिप्पल्योर्योगौ ,,
भावनाविधिः २९५
रक्तपित्तेऽभयायोगः ,,
रक्तपित्तावस्थायां पृथ्वीकायोगः ,,
रक्तपित्ते उशीरादियोगः ,,
,, मुद्गादिशीतकषायः ,,
,, द्वितीय उशीरादियोगः २९६
,, प्रियङ्ग्वादियोगः ,,
मूत्रमार्गप्रवृत्ते रक्तपित्ते शतावर्यादियोगः ,,
गुदप्रवृत्तरक्तप्रतीकारः ,,
रक्तपित्ते नीलोत्पलादियोगः २९७
,, वासायोगः ,,
,, पलाशवृन्तयोगः ,,
,, इक्षुकाण्डादिकषायः ,,
,, प्रियङ्ग्वादिचूर्णम् २९८
अधितरक्तचिकित्सा ,,
रक्तपित्ते मुस्ताद्यो लेहः २९९
नासातो रक्तप्रवृत्तौ शृङ्गादिनावनयोगः ,,
नासारक्ते मातुलुङ्गमूलादियोगः ,,
नासारक्ते उदुम्बरफलयोगः २९९
,, दाडिमपुष्परसादिनस्यम् ,,
रक्तपित्ते नस्यार्थमनन्तादिवृतम् ३००
नासारक्ते हरीतक्यादिनस्यम् ,,
रक्तपित्ते द्राक्षाहरीतकीयोगः ,,
,, मदयन्तिकामूलकषायः ,,
,, वासावृतम् ,,
ऊर्ध्वगे रक्तपित्ते विष्णुक्रान्तायोगः ३०१
,, ,, कुङ्कुमयोगः ,,
,, ,, कुटजादियोगः ,,
रक्तपित्ते यष्ट्यादिक्षीरम ,,
,, मधुकादियोगः ३०२
,, वासादियोगः ,,
,, भोजनव्यवस्था ,,

अथ राजयक्ष्मक्षतक्षीणशोषाधिकारो नवमः

राजयक्ष्मणो निदानपूर्विका संप्राप्तिः ३०२
शोषपूर्वरूपाणि ३०७
राजयक्ष्मलक्षणम् ३०८
राजयक्ष्मणः साध्यासाध्यविचार ३१०
व्यवायशोषादीनां लक्षणानि ३१२
उरःक्षतलक्षणम् ३१५
राजयक्ष्मण आयुष्यमर्यादा ३१६
राजयक्ष्मणोऽपरमसाध्यलक्षणम् ३१७
प्रकारान्तरेण राजयक्ष्मलक्षणानि ,,

अथातस्तच्चिकित्सितम्

राजयक्ष्मणि संशोधनम् ३१८
,, भोजनव्यवस्था ,,
क्षयेऽपथ्यानि ३१९
क्षये गलमलविशुद्ध्यर्थं समुद्रादियोगः ,,
,, कासविष्टम्भशान्त्यर्थं मार्कण्डीपत्रगुटिका ,,
क्षतक्षये बलादियोगः ,,
क्षये पार्श्वशूलादिषु धान्यकादियोगः ३२०
,, पार्श्वरुजि दशमूलादिक्वाथः ,,
,, कृष्णाद्यो लेहः ,,
,, शतावर्यादिलेहः ,,
क्षये शिलाजत्वादिलेहः ३२१
,, मध्वादिलेहः ,,
,, नवनीतादियोगः ,,
,, त्वगादिलेहः ,,

उरःक्षते लाक्षायोगः ३२१
क्षतक्षीणे निर्गुण्डीघृतम् ३२२
क्षये व्योषादिचूर्णम् ,,
क्षयेऽश्वगन्धादियोगः ,,
क्षये शिलाजत्वादियोगः ,,
रक्तक्षये लाक्षायोगः ३२३
क्षये कपिमांसयोगः ,,
,, हरिणादिमांसयोगः ,,
,, खर्जूरादिघृतम् ,,
,, नागबलायोगः ,,
,, तिलादिचूर्णम् ३२४
,, रास्नादिघृतम् ,,
,, स्वरभङ्गनिवारणार्थं कतिपययोगः ,,
शोषे मांसरसाद्यं घृतम् ३२५
,, पुनर्नवाद्यं ,, ,,
राजयक्ष्मणः शिरःशूलादौ शत-
पुष्पाद्यालेपनम् ,,
क्षये श्वासादिनिवृत्त्यर्थं कतिपय-
लेहयोगाः ,,
क्षयेऽश्वगन्धाद्यमुद्वर्तनम् ३२६
क्षये मद्यमांसोपयोगः ,,
,, कतिपययोगाः ,,
,, रास्नाद्यं चूर्णम् ३२७
,, शिलाजतुयोगः ,,
क्षयेऽभ्यङ्गादिबाह्योपचाराः ३२८
क्षये उत्सादनार्थं जीवन्त्याद्यं चूर्णम् ,,
,, विहारव्यवस्था ३२९
क्षये पिप्पलीमूलाद्योऽरिष्टः ३३०

अथ कासाधिकारो दशमः

कासस्य निदानपूर्विका संप्राप्तिः ३३२
कासपूर्वरूपम् ३३४
वातजादिभेदेन कासलक्षणानि ३३५
क्षतजकासलक्षणम् ३३६
क्षयजकासलक्षणम् ३३७
कासानां साध्यासाध्यविचारः ३३८
प्रकारान्तरेण कासलक्षणानि ३४०

अथातः कासचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

वातकासे पञ्चमूलीकषायः ,,
,, भार्ग्यादिलेहः ३४१
वातकासे शुण्ठ्यादिलेहः ३४१
,, दुरालभादिलेहौ ,,
,, कण्टकार्यादिघृतम् ,,
कासे शृङ्ग्यादिचूर्णम् ३४२
वातजे कफजे च कासे कट्फलादि-
क्वाथः ,,
पित्तकासे वलादिक्वाथः ,,
,, पञ्चमूल्यादिक्षीरम् ,,
,, द्राक्षादिलेहः ३४३
,, खर्जूरादिलेहः ,,
,, पद्मबीजयोगः ,,
,, वासाघृतम् ,,
,, द्विमेदादिलेहः ,,
,, पिप्पल्यादिलेहः ३४४
क्षतकासे लाक्षाद्योऽवलेहः ,,
कफकासे नवाङ्गयूषः ,,
कफजकासे पुष्करादिकषायः ,,
कासे शृङ्गवेरयोगः ,,
कफकासे दशमूलीकषायः ३४५
,, विडङ्गादिचूर्णम् ,,
,, देवदार्वादिलेहः ,,
,, पिप्पल्यादियोगः ,,
श्लेष्मकासे कुष्ठादिचूर्णम् ,,
सर्वकासे पद्मकादिलेहः ३४६
कासे धूमयोग्यावस्था ,,
,, विविधो धूमपानयोगः ,,
सर्वकासे मरिचाद्या वर्तिः ३४८
क्षयकासे पिप्पल्यादिलेहः ,,
क्षतकासे मधुकादिचूर्णम् ३४९
कासे पिप्पल्याद्यं चूर्णम् ,,
,, पिप्पल्यादिलेहः ,,
श्वासकासे मधुपञ्चाननगुटिका ,,
कासादौ व्योषान्तिका गुटिका ,,
कासे आटरूषकादिकषायः ३५०
सर्वकासे मुस्ताद्यं चूर्णम् ,,
कासे विभीतकयोगः ,,
,, एरण्डमूलाद्यं चूर्णम् ३५१
सर्वकासे मूर्वाद्यं चूर्णम् ,,
क्षयकासे रसाञ्जनादिचूर्णम् ,,
,, श्रीखण्डादिकषायः ,,
सर्वकासे भूधात्रिकादिकषायः ३५२

कासे विभीतकयोगः ३५२
कासे दाडिमादिचूर्णम् ,,
क्षतकासे लाक्षादिक्षीरम् ३५३
,, इक्ष्वालिकादिक्षीरम् ,,
कासे यवादियोगः ,,
,, मधुकादिचूर्णम् ,,
सरक्ते कासे पुनर्नवादियोगः ,,
उरःक्षते न्यग्रोधादिघृतम् ३५४
क्षतकासे यष्ट्यादिघृतम् ,,
कासे वदरीफलादिघृतम् ,,
क्षतकासे सिकतादियोगः ,,
कासे कतिपययोगाः ३५५
,, धूमयोगाः ,,
,, यूषयोगः ३५६

अथ हिक्काश्वासाधिकार एकादशः

हिक्काया निदानं संप्राप्तिश्च ३५७
हिक्कापूर्वरूपम् ३५८
अन्नजाहिक्कालक्षणम् ३५९
यमलाहिक्कालक्षणम् ,,
क्षुद्रिकाहिक्कालक्षणम् ,,
गम्भीरहिक्कालक्षणम् ,,
महाहिक्कालक्षणम् ,,
हिक्कानां साध्यासाध्यविचारः ३६०
श्वासभेदाः ,,
श्वासपूर्वरूपम् ३६१
श्वाससंप्राप्तिः ,,
महाश्वासलक्षणम् ३६२
ऊर्ध्वश्वासलक्षणम् ,,
छिन्नश्वासलक्षणम् ३६३
तमकश्वासलक्षणम् ,,
क्षुद्रश्वासलक्षणम् ३६५
श्वासानां साध्यासाध्यविचारः ,,

अथातो हिक्काश्वासचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

हिक्काश्वासयोः सामान्यचिकित्सा ३६६
हिक्काघ्नाः षड्लेहाः ,,
हिक्कायां नस्ययोगाः ३६७
,, लेहयोगाः ,,
श्वासादिष्वभयादिघृतम् ३६८
श्वासे सौवर्चलादिघृतम् ,,
श्वासे हरिद्रादिलेहः ३६८
,, गुडसर्षपतैलयोगः ,,
,, मर्कटीबीजयोगाः ३६९
हिक्कायां धूमयोगः ,,
हिक्काश्वासयोस्तृषोपद्रवचिकित्सा ,,
श्वासादौ शृङ्ग्यादिचूर्णम् ,,
हिक्काश्वासयोर्यवागूयोगाः ,,
हिक्काश्वासयोर्यूषयोगाः ३७०
हिक्कादौ मागध्याद्यं चूर्णम् ,,
श्वासे शृङ्ग्यादिचूर्णम् ३७१
श्वासादौ शुण्ठ्याद्यं चूर्णम् ,,
श्वासे मागधिकादिलेहः ,,
,, निदिग्धिकादियोगः ,,
हिक्काश्वासयोर्मनःशिलाद्या धूमवर्तिः ३७२
हिक्काघ्नास्त्रयो नस्ययोगाः ,,
हिक्कायां सुवर्णगैरिकादिलेहः ,,
हिक्काश्वासयोर्द्विचारादिचूर्णम् ,,
श्वासादौ भार्ग्यभयावलेहः ३७३
हिक्कायां मातुलुङ्गरसादियोगः ,,
,, कतिपययोगाः ३७४

अथ स्वरभङ्गाधिकारो द्वादशः

स्वरभङ्गसंप्राप्तिः ३७५
स्वरभङ्गस्य वातजादिभेदेन लक्षणानि ३७८
स्वरभेदस्यासाध्यलक्षणम् ३७९

अथातः स्वरभङ्गचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

स्वरभङ्गे यवक्षारादिघृतम् ,,
स्वरभेदे घृतयोगः ५८०
पैत्तिकस्वरभङ्गे कासमर्दादिघृतम् ,,
कफजस्वरभेदे पिप्पल्यादियोगः ,,
मेदोजक्षयजसर्वज्वरभेदप्रतीकारः ,,
उच्चभाषणजन्यस्वरभेदचिकित्सा ,,
स्वरभेदे व्याघ्र्यादिघृतम् ३८१
स्वरभङ्गे कतिपययोगाः ,,
पैत्तिकस्वरभेदे जीवनीयघृतम् ,,
कफजस्वरभेदे कतिपययोगाः ३८२
स्वरभेदे व्योषाद्यं नावनं घृतम् ,,
स्वरभेदे दशमूलादिघृतम् ,,
स्वरभङ्गे व्योषादिचूर्णम् ३८३

अथारोचकाधिकारस्त्रयोदशः

अरोचकनिदानम् ३८४
वातजादिभेदेनारोचकलक्षणानि ३८५

अथातोऽरोचकचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

अरोचके सामान्यचिकित्सितम् ३८६
वातजारोचके कृष्णादिचूर्णम् ,,
पैत्तिकारोचकचिकित्सा ३८७
श्लैष्मिकारोचकचिकित्सा ,,
विविधारोचकप्रतीकारः ,,
पित्तजायामरुचौ अजाज्यादिचूर्णम् ३८८
,, पिप्पल्यादिचूर्णम् ,,
श्लेष्मजायामरुचौ पिप्पल्याद्यं चूर्णम् ,,
सर्वारोचके जम्बुपल्लवादिकषायः ,,
अरोचकेषु कपित्थादिपाडवः ३८९
सर्वारोचकेषु द्राक्षापाडवः ,,
अरुचौ दाडिमरसादिकवलग्रहः ३९०
सर्वारोचके कारव्यादियोगः ,,
अरुचावम्लिकादिकवलग्रहः ,,
वातजादिष्वरोचकेषु चत्वारः कवलयोगाः ,,
अरुचौ मुखधावनार्थं त्र्यूषणादिचूर्णम् ३९१
अरुचौ करञ्जयोगाः ,,
,, तालीसादिवटिका ,,
,, विडलवणयोगः ,,

अथ छर्द्यधिकारश्चतुर्दशः

छर्दिभेदाः ३९२
छर्दिनिदानं सम्प्राप्तिश्च ,,
छर्दिपूर्वरूपम् ३९५
वातजादिभेदेन छर्दीनां लक्षणानि ३९६
छर्दीनामसाध्यलक्षणानि ३९९
प्रकारान्तरेण वातजादिच्छर्दिलक्षणानि ,,

अथातश्छर्दिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

छर्द्या लङ्घनविधानम् ४००
वातच्छर्द्यां कतिपययोगाः ,,
वातच्छर्द्यां धान्यकादिलेहः ४०१
,, बीजपूरकादिलेहः ,,
पैत्तिकच्छर्द्यां विरेचनम् ४०१
,, वमनम् ,,
पैत्तिकच्छर्द्यामन्नव्यवस्था ,,
छर्द्यां जातीपत्ररसादियोगः ४०२
पैत्तिकच्छर्द्यां लाजादियोगः ,,
,, दूर्वादियोगः ,,
,, द्राक्षादियोगः ,,
,, चन्दनादियोगः ,,
छर्द्यां भृष्टमुद्गादिकषायः ४०३
रक्तच्छर्द्यां वमनयोगः ,,
श्लेष्मजायां वम्यां विडङ्गादिचूर्णम् ,,
श्लैष्मिकछर्द्यां व्योषादिचूर्णम् ,,
,, कतिपययोगाः ,,
छर्द्यां जम्ब्वाम्रपल्लवादियोगः ४०४
,, धात्रीरसादियोगः ,,
छर्दिनाशनाः षड् लेहाः ,,
छर्द्यां कोलमज्जादिलेहः ४०५
वम्यां त्रयो लेहाः ,,
वातच्छर्द्यां सैन्धवादियोगः ,,
सर्वच्छर्द्यामेलादिचूर्णम् ४०६
त्रिदोषजच्छर्द्यां धान्यादियोगः ,,
छर्द्यां सारिवादिक्काथः ,,
,, हरीतकीयोगः ,,
,, वातहरक्रियाया आवश्यकता ४०७
चिरोत्थछर्दिप्रतीकारः ,,
विविधच्छर्दिचिकित्सा ,,
छर्द्यां कतिपययोगाः ,,
कफच्छर्द्यामन्नव्यवस्था ४०८
उत्कारिकाचिकित्सा ,,
प्रवृद्धच्छर्द्यां मनःशिलादिचूर्णम् ,,
छर्द्यां जम्ब्वाम्रपल्लवादिकाः कतिपययोगाः ,,
वातच्छर्द्यां सौवर्चलादिचूर्णम् ४०९
पित्तच्छर्द्यां विडङ्गादिचूर्णम् ,,
छर्द्यां परूषकादियोगः ४१०

अथ तृष्णाधिकारः पञ्चदशः

पिपासासंप्राप्तिः ४११
तृष्णायाः सामान्यलक्षणम् ४१२
वातजादिक्रमेण तृष्णालक्षणानि ,,
तृष्णाया असाध्यलक्षणानि ४१८

अथातस्तृष्णाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

तृष्णायां जलदानविधानम् ४१९
,, वमनयोगः ,,
वातजतृष्णाचिकित्सा ४२०
पित्तजतृष्णाचिकित्सा ,,
कफजतृष्णाचिकित्सा ४२१
विविधतृष्णाचिकित्सा ,,
तृष्णायां लाजोदकयोगः ४२२
तृष्णायामाम्रादिकषायः ,,
तृष्णायां द्राक्षादियोगः ,,
,, गण्डूषयोगः ,,
तृष्णायामपरो वमनयोगः ४२३
तृष्णायामावस्थिकी चिकित्सा ,,
तृष्णायां वटशुङ्गादियोगः ,,
तालुशोषप्रतीकारः ,,
तृष्णायां पञ्चाम्लको मुखालेपः ४२४
,, वटप्ररोहाद्या वटिका ,,
तृष्णायामन्नपानव्यवस्था ,,
तृष्णायां चन्दनाद्यः शिरोलेपः ४२५
,, नीलाब्जाद्या गुटिका ,,
,, सुवर्णादिनिर्वापित-जलोपयोगः ,,
तृष्णायां क्षीरादिगण्डूषयोगः ४२६

अथ मूर्च्छाधिकारः षोडशः

मूर्च्छासंप्राप्तिः ४२७
मूर्च्छायाः पूर्वरूपाणि ४२९
वातजादिभेदेन मूर्च्छालक्षणानि ४३०
मूर्च्छादौ प्रधानदोषाः ४३४
तन्द्रालक्षणम् ,,
सन्यासलक्षणम् ४३५
मूर्च्छानिदानोपसंहारः ४३६

अथातो मूर्च्छाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

मूर्च्छायाः सामान्यचिकित्सा ,,
पित्तजमूर्च्छायां कोलमज्जादियोगः ४३७
भ्रमे कृष्णाद्या वटिका ,,
मूर्च्छायां महौषधादिकषायः ,,
भ्रमे दुरालभाकषायः ,,
संन्यासचिकित्सा ,,
मूर्च्छादौ त्रिफलादियोगः ४३८
मूर्च्छार्याः सामान्यचिकित्सा ,,
मूर्च्छायां पञ्चकर्मविधानम् ४३९
,, त्रिफलादीनां योगः ,,

अथ मदात्ययाद्यधिकारः सप्तदशः

मद्यगुणाः ४४०
प्रथमादिमदलक्षणानि ४४७
मदात्ययादीनां निदानं संप्राप्तिश्च ४४८
वातजादिभेदेन मदात्ययलक्षणानि ४५०
परमदलक्षणम् ४५१
पानाजीर्णलक्षणम् ,,
पानविभ्रमलक्षणम् ,,
पानहतस्यासाध्यलक्षणम् ४५२
पानहतोपद्रवाः ,,

अथातो मदात्ययादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

पानात्यये मद्ययोगः ४५३
मद्यविकारे खर्जूरादिमन्थः ,,
मदात्यये तर्पणादिकल्पना ,,
मूर्च्छायां घृतयोगाः ,,
पूगीफलमदप्रतिकारः ४५४
कोद्रवधत्तूरमदप्रतीकारः ,,
वातपानात्ययचिकित्सा ,,
पित्तपानात्ययचिकित्सा ४५५
कफपानात्ययचिकित्सा ,,
सर्वजपानात्ययचिकित्सा ,,
मदात्यये क्षीरयोगः ४५६
मदात्यये पुनर्नवादिघृतम् ,,
कफमदात्ययेऽष्टाङ्गलवणम् ,,
मदात्यये चव्याद्यं चूर्णम् ४५७
वातमदात्यये मद्ययोगः ,,
,, तर्पणयोगः ,,
कफमदात्ययचिकित्सा ,,
मदात्यये कर्कन्ध्वादिपानकम् ,,
सुरासेवनविधि ४५८
पूगमदप्रतीकारः ४५९
कोद्रवधत्तूरमदप्रतीकारः ,,

अथ दाहाधिकारोऽष्टादशः

दाहसंप्राप्तिः ४६०
रक्तजादिभेदेन दाहलक्षणानि ४६१

अथातो दाहचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

दाहे कतिपययोगाः ४६२
,, कुशाद्यं तैलं घृतं च ४६३
,, लेपयोगाः ,,
,, अवगाहकल्पना ४६३

अथ वातरोगाधिकार एकोनविंशतितमः

वातरोगाणां निदानं संप्राप्तिश्च ४६५
कुपितवातलक्षणम् ४७०
स्थानभेदेन कुपितवातलक्षणानि ४७१
दोषावृतवातानां लक्षणादि ४७२
आक्षेपकलक्षणम् ४७६
अपतन्त्रकलक्षणम् ४७७
अपतानकभेदानां लक्षणानि ४७८
पक्षाघातलक्षणम् ४८१
अर्दितलक्षणम् ४८३
हनुग्रहलक्षणम् ४८४
मन्यास्तम्भलक्षणम् ४८५
जिह्वास्तम्भलक्षणम् ४८६
शिरोग्रहलक्षणम् ,,
गृध्रसीलक्षणम् ,,
विश्वाचीलक्षणम् ४८७
क्रोष्टुकशीर्षलक्षणम् ४८८
खञ्जपङ्गुलक्षणम् ,,
कलायखञ्जलक्षण ,,
वातकण्टकलक्षणम् ४८९
पाददाहलक्षणम् ४९०
पादहर्षलक्षणम् ,,
अवबाहुकलक्षणम् ४९१
मूकादिलक्षणम् ,,
तूनीप्रतितूनीलक्षणम् ४९२
आध्मानप्रत्याध्मानलक्षणम् ,,
वाताष्ठीलाप्रत्यष्ठीलालक्षणम् ४९३
वेपथुलक्षणम् ४९४
खल्लीवातलक्षणम् ४९५
अनुक्तवातरोगसंग्रहः ,,
वातरोगाणां साध्यासाध्यविचारः ,,
प्रकृतिस्थवातकार्यम् ४९६

अथातो वातव्याधिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

वातरोगे सामान्यचिकित्सा ,,
,, उपनाहस्वेदविधानम् ४९७
षड्धरणयोगः ४९८
सर्ववातरोगे रास्नादिक्वाथः ,,
धातुगतवातचिकित्सा ४९९
पक्षवधादौ माषबलादिक्वाथः ५०१
पक्षाघाते लघुमाषादिक्वाथः ,,
अर्दितादिवातरोगे लघुलशुनपिण्डः ,,
अवबाहुकप्रतीकारः ५०२
मन्यास्तम्भप्रतीकारः ,,
बाहुशोषचिकित्सा ,,
कुब्जवातलक्षणं चिकित्सा च ,,
तूनीप्रतितूनीचिकित्सा ५०३
आध्मानप्रत्याध्मानचिकित्सा ,,
अष्ठीलिकाप्रत्यष्ठीलिकाचिकित्सा ,,
विविधवातरोगप्रतीकारः ,,
मूकादिवातरोगे कल्याणको लेहः ५०४
क्रोष्टुकशीर्षचिकित्सा ,,
गृध्रस्यादौ दशमूलाद्यो योगः ५०५
कटिशूलगृध्रस्योरेरण्डबीजपायसः ,,
गृध्रस्यादौ पञ्चमूलीयोगः ,,
गृध्रस्यां राज्ञागुग्गुलुः ५०६
कटीशूलगृध्रस्योः शुण्ठ्याद्यः पायसः ,,
गृध्रसीचिकित्सा ,,
वातकण्टकचिकित्सा ५०७
कटिशूले एरण्डतैलयोगः ,,
सन्ध्यादिगतवाते गुग्गुलुवटकः ,,
कटिग्रहलक्षणम् ५०८
कटिग्रहादौ त्रयोदशाङ्गो गुग्गुलु ,,
वातरोगे अश्वगन्धाघृतम् ५०९
सर्ववातरोगे बलाशैरेययोस्तैलम् ,,
सर्ववातरोगे नारायणं तैलम् ,,
वातरोगे वाजिगन्धाद्यं तैलम् ५११
,, माषतैलम् ,,
पक्षाघाते द्वितीयं माषतैलम् ,,
अस्थिगतवाते केतकीमूलाद्यं तैलम् ५१२
वातरोगे रसोनतैलम् ,,
,, सामान्यचिकित्सा ,,

वातरोगे कोलादिग्रहः ५१३
अपतन्त्रके सौवर्चलादियोगः ,,
,, हिङ्ग्वादियोगः ,,
,, पिप्पल्यादिनस्यम् ५१४
,, वल्लभकं घृतम् ,,
ऊरुस्तम्भे भल्लातकादियोगः ,,
गृध्रस्यां महानिम्बयोगः ५१५
वातरोगे वृद्धदारुकयोगः ,,
,, तैलयोगः ,,
,, तिलयोगः ,,
सर्वाङ्गवाते वल्लीतर्वादिगुटिका ५१६
वातरोगे शतावर्यादिद्वादशाङ्गः कषायः ,,
सर्वाङ्गवाते रक्तचन्दनादिचूर्णम् ,,
,, शिग्रुत्वचादिवटिका ,,
वातरोगे मरिचादिकषायः ५१७
,, विश्वादिद्वादशाङ्गक्काथः ,,
सर्ववातरोगे शृङ्ग्यादिचतुःषष्टिकः कषायः ,,
त्वगादिगतवाते रास्नाद्यं चूर्णम् ५१८
कुपितवाते शृङ्गवेरादियोगः ५१९
वातरोगिणामवगाहार्थं तैलम् ,,
वातरोगे वरुणादिस्वेदः ,,
,, वृद्धदार्वादिलेपः ५२०
अर्दिते माषेण्डरीयोगः ,,
गृध्रसीप्रतीकारः ,,

अथ वातरक्ताधिकारो विंशतितमः

वातरक्तस्य निदानपूर्वकं लक्षणम् ५२२
वातरक्तपूर्वरूपम् ५२४
वातजादिभेदेन वातरक्तलक्षणम् ,,
वातरक्तस्य साध्यासाध्यविचारः ५२५

अथ वातरक्तचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

वातरक्ते शोणितमोक्षणम् ५२७
वाताधिकवातरक्तप्रतीकारः ,,
वातरक्तभेदाः ,,
वातरक्ते सामान्यचिकित्सा ,,
,, अमृतादिपाचनम् ५२८
,, गुडूचीक्काथः ,,
,, वासादिक्काथः ,,
वातरक्तेऽभयायोगः ,,
वातरक्ते गुडूचीयोगाः ५२९
,, लाङ्गल्यादिवटिका ,,
,, त्रिफलादिकषायः ५३०
,, गुडूच्याद्यं घृतम् ,,
,, शतावरीघृतम् ,,
,, पिण्डतैलम् ५३१
द्वितीयं पिण्डतैलम् ,,
वातरक्ते बलादिघृतम् ,,
,, दशपाकाद्य बलातैलम् ,,
,, नागबलाद्यं तैलम् ५३२
,, अमृतागुग्गुलुः ,,
योगसारामृतः ५३३

अथोरुस्तम्भाधिकार एकविंशतितमः

ऊरुस्तम्भस्यनिदानसम्प्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् ५३५
ऊरुस्तम्भपूर्वरूपम् ५३६
ऊरुस्तम्भस्यासाध्यलक्षणम् ५३७

अथोरुस्तम्भचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

ऊरुस्तम्भे सामान्यचिकित्सा ,,
,, भल्लातकादियोगः ५३८
,, पिप्पल्यादिकषायः ५३९
,, कतिपययोगाः ,,
,, अष्टकट्वरं तैलम् ५४०
,, भल्लातकादिक्काथः ,,
,, प्रलेपनोद्वर्तनयोगः ,,
ऊरुस्तम्भेऽस्थिसंघाटिकायोगः ५४१
ऊरुस्तम्भे वृद्धदार्वादिचूर्णम् ,,
,, खर्जूराद्यो लेपः ,,
,, कण्टकारिकादिकषायः ,,
,, हरीतक्यादिकल्कः ,,
,, वचादिकषायः ५४२
,, कुष्ठाद्यं तैलम् ,,
,, तर्कार्याद्यं निषेचनम् ५४३
,, पिचुमन्दाद्यमुद्वर्तनम् ,,
,, करञ्जाद्यः परिषेचालेपनयोगः ,,

अथामवाताधिकारो द्वाविंशतितमः

आमवातस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् ५४४

आमवातस्य साध्यासाध्यविचारः ५४७
अथामवातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः
आमवाते सामान्यचिकित्सा ,,
,, रास्नादिक्काथः ,,
,, शटयादिक्काथः ५४८
,, दशमूलादि क्काथः ,,
,, (कुब्जादि शूले) एरण्ड तैल योगः ,,
,, रास्नापञ्चक्रम ५४९
,, शुण्ठयादि क्काथः ,,
,, दशमूली योगः ,,
,, हरीतकीयोगः ,,
,, शुण्ठीयोगः ५५०
,, पञ्चकोलचूर्णम ,,
,, अमृतादिचूर्णम् ,,
,, अलम्बुषादिकं चूर्णम् ५५१
,, शतपुष्पादिकं ,, ,,
,, हिङ्ग्वाद्यं चूर्णम् ५५२
,, शुण्ठीघृतम् ,,
,, अपथ्यानि ,,
अथ शूलाधिकारस्त्रयोविंशतितमः
शूलभेदाः ५५३
वातशूलस्य निदानसम्प्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् ५५४
पित्तशूलस्य निदानसम्प्राप्तिपूर्वकं लक्षणम ५५६
कफशूलस्य निदानसम्प्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् ५५७
त्रिदोषजशूललक्षणम् ५५८
आमशूललक्षणम् ,,
द्वन्द्वजशूललक्षणम् ,,
शूलानां साध्यासाध्यविचारः ,,
शूलोपद्रवाः ,,
परिणामशूललक्षणम् ५५९
अन्नद्रवशूललक्षणम ५६०
शूलस्यासाध्यलक्षणम् ,,
प्रकारान्तरेण शूललक्षणानि ,,
अथ शूलादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः
शूलानां सामान्यचिकित्सा ५६१
वातशूले कुलत्थादियूषः ५६१
,, हिङ्ग्वादिचूर्णम् ५६२
,, वलादियोगः ,,
,, तुम्बुर्यादियोगः ,,
,, विश्वादिकषायः ,,
,, यवान्यादियोगः ,,
शूले सौवर्चलादिवटिका ५६३
,, लेपयोगौ ,,
पित्तशूले सामान्यचिकित्सा ,,
,, कतिपययोगाः ५६४
,, शतावर्यादिकषायः ,,
,, त्रिफलादिकषायः ,,
,, बृहत्यादियोगः ५६५
,, धात्रीचूर्णम् ,,
कफजशूले सामान्यचिकित्सा ,,
कफशूले लवणत्रयादियोगः ,,
,, पिप्पलीमूलादियोगः ,,
पार्श्वादिशूले शिग्रुक्काथः ,,
कफशूले पेयायोगः ५६६
सान्निपातिकशूले विदार्यादियोगः ,,
त्रिदोषजशूले मण्डूरयोगः ,,
,, शङ्खचूर्णादियोगः ,,
आमशूलचिकित्सा ,,
आमशूले एरण्डादिकषायः ,,
,, हिङ्ग्वादिचूर्णम ५६७
,, चित्रकादिकषायः ,,
,, दीप्यकादिचूर्णम् ,,
शूले पटोलादिकषायः ,,
द्वन्द्वजशूलचिकित्सा ५६८
कफवातशूले रुचकादिचूर्णम् ,,
शूले हिङ्ग्वादियोगः ,,
,, अपथ्यानि ५६९
हृच्छूले बीजपूररसयोगः ,,
शूले सुवर्चलादियोगः ,,
,, एरण्डमूलादिघृतम् ,,
,, वमनयोगाः ५७०
,, विरेचनयोगाः ,,
,, क्षुद्रादिकषायः ५७१
,, अजमोदादिक्काथः ,,
सर्वशूले वचादिचूर्णणम् ,,
,, अजमोदाद्यं चूर्णम् ५७२

शूले वचादिचूर्णम् ५७२
परिणामशूलचिकित्सा ,,
शूले लघुशङ्खभस्मयोगः ५७३
,, विडङ्गादिमोदकः ,,
परिणामशूले नागरादिकल्कः ,,
शूले एरण्डादियोगः ,,
परिणामशूले शम्बूकादिवटिका ५७४
पक्तिशूले लोहयोगाः ,,
परिणामशूले कोलादिमण्डूरम् ५७५
,, भीमवटकमण्डूरम् ,,
,, चपलामण्डूरम् ,,
,, शतावरीमण्डूरम् ५७६
,, तारामण्डूरवटकः ,,
,, त्रिफलालोहम् ५७७
शूले धात्रीलोहम् ,,
,, खण्डामलकीयं रसायनम् ५७८
,, नालिकेरखण्डः ५७९
,, कतिपययोगाः ५८०
अन्नद्रवशूलचिकित्सा ,,
परिमाणशूले त्रिफलालोहम् ५८१
शूले हरिणशृङ्गयोगः ,,
,, रुचकादियोगः ,,
,, निदिग्धिकारिष्टाथः ५८२
,, कतिपययोगाः ,,

अथोदावर्तानाहाधिकार-
श्चतुर्विंशतितमः

उदावर्तनिदानम् ५८४
त्रयोदशविधवेगनिरोधजोदावर्त-
लक्षणम् ५८५
दोषजोदावर्तलक्षणम् ५८७
आनाहलक्षणम् ,,
आनाहोदावर्तयोरसाध्यलक्षणम् ५८८

अथ त्रयोदशविधवेगनिरोध-
जोदावर्तानाहचिकित्सा

उदावर्ते सामान्यचिकित्सा ,,
,, श्यामादिगणः ५८९
विड्भिदवन्धे त्रिवृदादिवटिका ,,
उदावर्ते हरीतक्यादिचूर्णम् ,,
,, हिङ्ग्वाद्यं द्विरुत्तरं चूर्णम् ५९०
,, नाराचचूर्णम् ,,
उदावर्ते कतिपयवर्तियोगाः ५९०
मूत्रनिरोधजोदावर्तप्रतीकारः ५९१
विविधोदावर्तचिकित्सा ,,
उदावर्तचिकित्सायां आनाहेऽ-
प्यतिदेशः ५९२
आनाहे वचादिचूर्णम् ,,
,, त्रिवृदादिवटिका ५९३
,, वर्तियोगाः ,,
उदावर्ते शुष्कमूलकादिकृतम् ,,

अथ गुल्माधिकारः पञ्चविंशतितमः

गुल्मसंप्राप्तिः ५९५
गुल्मपूर्वरूपम् ५९६
सर्वगुल्मसामान्यलक्षणम् ५९७
वातगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं
लक्षणम् ,,
पित्तगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं
लक्षणम् ५९८
कफगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं
लक्षणम् ,,
द्वन्द्वजगुल्मलक्षणम् ५९९
त्रिदोषजगुल्मलक्षणम् ,,
रक्तजगुल्मलक्षणम् ,,
गुल्मस्यासाध्यलक्षणानि ६००

अथातो गुल्मचिकित्सितं
व्याख्यास्यामः

सर्वगुल्मे सामान्यचिकित्सा ६०२
वातगुल्मचिकित्सा ,,
पित्तगुल्मचिकित्सा ६०४
पच्यमानगुल्मलक्षणं तच्चिकित्सा च ,,
पक्वगुल्मलक्षणं तच्चिकित्सा च ,,
कफगुल्मचिकित्सा ६०५
द्वन्द्वजसर्वजगुल्मचिकित्सा ,,
गुल्मे वचाद्यं चूर्णम् ६०६
,, यवान्यादिचूर्णम् ,,
गुल्मभेदनार्थं हिङ्ग्वादियोगः ,,
गुल्मे भेदनार्थं वचादियोगः ६०७
गुल्मे पिप्पल्यादियोगः ,,
गुल्मे नाडेय्याद्यं लवणम् ,,
रक्तगुल्मचिकित्सा ६०८
वातगुल्मे त्र्यूषणाद्यं घृतम् ६०९

पित्तगुल्मे द्राक्षाघृतम् ६०९
कफगुल्मे व्योषाद्यं घृतम् ६१०
कफगुल्मे क्षीरषट्पलकं घृतम् ,,
सर्वगुल्मे धात्रीषट्पलं घृतम् ,,
अविपकगुल्मे वृश्चीवाद्योऽरिष्टः ,,
गुल्मे पथ्यापथ्यविचारः ६११
,, कम्पिल्लकादियोगः ,,
,, श्यामादियोगः ६१२
,, आरोग्यलक्षणम् ,,
,, भल्लातकादियोगः ,,
वातगुल्मे मरिचाद्यं घृतम् ६१३
,, बीजपूररसादियोगः ,,
,, तुम्बर्वादियोगः ,,
,, विडङ्गादिक्षीरम् ,,
गुल्मे हिङ्ग्वाद्यं चूर्णम् ६१४

अथ हृद्रोगाधिकारः षड्विंशतितमः

हृद्रोगसंप्राप्तिः ६१५
वातजादिभेदेन हृद्रोगलक्षणानि ६१७
हृद्रोगोपद्रवाः ६१८

अथातो हृद्रोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

हृद्रोगे सामान्यचिकित्सा ६१८
वातहृद्रोगचिकित्सा ,,
पित्तहृद्रोगचिकित्सा ६१९
हृद्रोगेऽर्जुनत्वग्योगाः ६२०
कफजहृद्रोगचिकित्सा ,,
त्रिदोषजहृद्रोगचिकित्सा ,,
हृद्रोगे पुष्करशूलयोगः ,,
हृद्रोगेऽर्जुनयोगः ६२१
हृद्रोगे हिङ्ग्वादियोगः ,,
,, दशमूलयोगः ,,
कृमिहृद्रोगचिकित्सा ६२२
हृद्रोगे वल्लभकं घृतम् ,,
,, हरीतक्यादिचूर्णम् ,,
,, पाठादिचूर्णम् ६२३
,, सौवर्चलादिचूर्णम् ,,
,, कतिपययोगाः ,,
हृद्रोगेऽभयादिघृतम् ६२४
हृद्रोगे शुण्ठ्याद्यं चूर्णम् ,,
,, पिप्पल्याद्यो योगः ६२४

अथ मूत्रकृच्छ्राधिकारः सप्तविंशतितमः

मूत्रकृच्छ्रस्य निदानपूर्विका संप्राप्तिः ६२५
,, वातजादिभेदेन लक्षणानि ६२६

अथातो मूत्रकृच्छ्रचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

अश्मरीचिकित्साया मूत्रकृच्छ्रेऽप्यतिदेशः ६२७
वातिकमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ६२८
पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ,,
पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे तृणपञ्चमूलम् ,,
,, शतावर्यादिक्काथः ,,
,, हरीतक्यादिक्काथः ६२९
मूत्रकृच्छ्रे गुडामलकयोगः ,,
कफजमूत्रकृच्छ्रे एलायोगः ,,
कफजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ,,
त्रिदोषजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ६३०
मूत्रकृच्छ्रे बृहत्यादिगणः ,,
,, गुडक्षारयोगः ,,
अभिघातजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ,,
पुरीषजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ,,
अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ६३१
शुक्रविबन्धोत्थमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा ,,
अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रे त्रिकण्टकादियोगः ,,
सर्वमूत्रकृच्छ्रे एलादिचूर्णम् ,,
मूत्रकृच्छ्रे लोहयोगः ६३२
सर्वमूत्रकृच्छ्रे यवक्षारयोगः ,,
पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे शतावरीघृतं क्षीरं वा ,,
मूत्रकृच्छ्रे त्रिकण्टकाद्यं घृतम् ,,
,, एरण्डमूलादिकषायः ,,
अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रे एलादिकषायः ६३३
त्रिदोषजमूत्रकृच्छ्रे कूष्माण्डरसयोगः ,,
मूत्रकृच्छ्रे दुरालभादिकषायः ,,
,, पाषाणभेदादिकषायः ,,
,, शिवाद्यं चूर्णम् ६३४
,, गुडक्षीरयोगः ,,
,, एलायोगः ,,
शर्करायां बीजपूरमूलयोगः ,,
,, कर्कोटीमूलयोगः ,,

अथ मूत्राघाताधिकारो ऽष्टाविंशतितमः

मूत्राघातभेदाः ६३५
वातकुण्डलिकालक्षणम् ,,
वातार्ष्टीलालक्षणम् ६३६
वातवस्तिलक्षणम् ,,
मूत्रार्नीलक्षणम् ,,
मूत्रजठरलक्षणम् ,,
मूत्रोत्सङ्गलक्षणम् ६३७
मूत्रक्षयलक्षणम् ,,
मूत्रग्रन्थिलक्षणम् ,,
मूत्रशुक्रलक्षणम् ,,
उष्णवातलक्षणम् ६३८
मूत्रसादलक्षणम् ,,
विट्विघातलक्षणम् ,,
वस्तिकुण्डललक्षणम् ६३९

अथातो मूत्राघातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

मूत्राघाते सामान्यचिकित्सा ६४०
मूत्राघाते कतिपययोगाः ,,
उष्णवाते चन्दनयोगः ६४१
मूत्रशोणितचिकित्सा ,,
मूत्रशुक्रे खगुप्तादियोगः ,,
चित्रकाद्यं चूर्णम् ६४२
मूत्राघाते गोधापदीमूलादियोगः ६४३
मूत्रकृच्छ्रे बिल्वमूलादिकषायः ,,
मूत्राघाते पुनर्नवादियोगाः ,,
मूत्ररोधे पूलादिकषायः ,,
मूत्राघाते त्रिफलाद्यं चूर्णम् ६४४
मूत्ररोधे कर्कटीबीजयोगः ,,
मूत्राघाते स्नेहयोगः ,,
मूत्राघाते शाकवृक्षमूलयोगः ,,
शर्करायां शस्त्रोपचारः ,,
मूत्रकृच्छ्रादौ वरुणबीजादियोगः ६४५

अथाश्मर्यधिकार एकोनत्रिंशत्तमः

अश्मरीसंप्राप्तिः ६४६
अश्मरीपूर्वरूपम् ६४७
अश्मर्याः सामान्यलक्षणम् ,,
वातादिभेदेनाश्मरीलक्षणानि ,,
अश्मरीउपद्रवाः ६४९
अश्मर्याः असाध्यलक्षणम् ,,

अथातोऽश्मरीचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

अश्मर्यां वेल्लन्तरादिगणः ६४९
वातजाश्मर्यां वरुणत्वचादियोगः ६५०
अश्मर्यां शुण्ठ्यादिचूर्णम् ,,
वातजाश्मर्यां पाषाणभेदादिघृतम् ६५१
पित्ताश्मर्यां कुशादिघृतम् ,,
कफजाश्मर्यां वरुणादिघृतम् ६५२
वरुणादिगणः ६५३
शुक्राश्मरीप्रतीकारः ,,
अश्मर्यां नागरादिक्वाथः ,,
शर्करायां वरुणत्वगादिकषायः ६५४
अश्मर्यां त्रिकण्टकयोगः ,,
कुलत्थाद्यं घृतम् ,,
शरादिघृतम् ६५५
वरुणाद्यं घृतम् ,,
वीरतराद्यं तैलम् ,,
अश्मर्यां यूथीमूलयोगः ६५६
अश्मर्यां तिलपुष्पक्षारयोगः ,,
अश्मर्यां गोपालकर्कटीमूलयोगः ,,
अश्मर्यामर्कपुष्पीयोगः ६५७
अश्मर्यां मालतीमूलयोगः ,,

अथ प्रमेहाधिकारस्त्रिंशत्तमः

प्रमेहसंप्राप्तिः ६५८
प्रमेहपूर्वरूपम् ६६०
प्रमेहाणां सामान्यलक्षणम् ६६१
श्लैष्मिकाणां दशमेहानां लक्षणम् ,,
पैत्तिकानां षण्मेहानां लक्षणम् ६६२
चतुर्णां वातिकमेहानां लक्षणम् ६६३
प्रमेहोपद्रवाः ६६५
प्रमेहिणामसाध्यलक्षणानि ६६६
प्रमेहनिवृत्तिलक्षणम् ६६७
दशविधप्रमेहपिटिकानां लक्षणानि ,,
रक्तपित्तप्रमेहयोर्भेदज्ञानम् ६६८
प्रमेहपिटिकानामसाध्यलक्षणम् ६६९
प्रमेहपिटकोपद्रवाः ,,

अथातो प्रमेहादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

प्रमेहे आहारयोजना ,,
उदकमेहादिषट्प्रमेहेष्वष्टौ कषायाः ६७०

शुक्रमेहे दूर्वादिकषायः ६७०
फेनमेहे त्रिफलादिकषायः ,,
कफप्रमेहे चत्वारः कषाययोगाः ,,
पित्तप्रमेहे चत्वारः कषाययोगाः ६७१
नीलादिपञ्चप्रमेहेषु पञ्चकषाययोगा ,,
रक्तप्रमेहे खर्जूरादिकषायः ,,
सर्पिर्मेदे छिन्नादिकषायः ,,
क्षौद्रमेहे खदिरादिकषायः ,,
वसामेहेऽग्निमन्थकषायः ६७२
हस्तिमेहे पाठादिकषायः ,,
कफपित्तमेहे कम्पिल्लकादिचूर्णम् ,,
सर्वप्रमेहेषु कतिपययोगाः ,,
प्रमेहे गोक्षुरगुग्गुलुवटिका ६७३
,, यवयोगः ,,
,, शिलाजतुयोगः ६७४
सर्वप्रमेहे न्यग्रोधाद्यं चूर्णम् ,,
प्रमेहे लोहादिचूर्णम् ६७५
,, हरिद्राधात्र्योर्योगः ,,
,, आमलहरीतक्योर्योगौ ,,
,, खदिरादियोगः ६७६
,, कुष्ठाद्यं चूर्णम् ,,
,, श्वदंष्ट्राद्यं चूर्णम् ,,
पित्तप्रमेहे गोक्षुरादिक्काथः ६७७
,, पथ्यादिकषायः ,,
श्लेष्मप्रमेहे हरिद्रादिकषायः ,,
प्रमेहे मुस्तादियोगः ,,
प्रमेहपिटिकाचिकित्सा ६७८
प्रमेहिणो वर्ज्यानि ६७९

अथ मेदोरोगाधिकार एकत्रिंशत्तमः

मेदोरोगलक्षणम् ६८०

अथातो मेदोरोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

मेदोरोगे सामान्यचिकित्सा ६८१
,, व्योषाद्यं संतर्पणम् ६८२
,, त्रिफलाद्यं तैलम् ६८३
,, नवकगुग्गुलुः ६८४
शरीरदौर्गन्ध्यहरा योगाः ,,

अथोदररोगाधिकारो द्वात्रिंशत्तमः

उदरसंग्राहिः ६८७
उदरपूर्वरूपम् ६८८
उदरसामान्यलक्षणम् ६८८
वातोदरलक्षणम् ६८९
पित्तोदरलक्षणम् ,,
श्लेष्मोदरलक्षणम् ६९०
सन्निपातोदरलक्षणम् ,,
प्लीहोदरलक्षणम् ६९१
बद्धगुदोदरलक्षणम् ६९२
परिस्राव्युदरलक्षणम् ,,
जलोदरलक्षणम् ,,
उदरिणः साध्यासाध्यलक्षणानि ६९३

अथोदरचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

सर्वोदरसामान्यचिकित्सा ६९४
वातोदरप्रतीकारः ,,
उदरे तक्रविधानम् ,,
वातोदरे स्नेहविरेचनविधिः ६९५
उदरे निरूहबस्तियोजना ६९६
,, पटोलादिचूर्णम् ,,
उदरेऽवस्थाविशेषे तैलम् ,,
पित्तोदरे क्षीरयोगः ६९७
उदरे कम्पिल्लकादिघृतम् ,,
कफोदरचिकित्सा ,,
उदरे यूषयोगः ६९८
,, पिप्पलीवर्धमानयोगः ,,
,, दशमूलादिक्काथः ६९९
सर्वोदरे पटोलाद्यं चूर्णम् ,,
उदरे तुम्बर्वाद्यं चूर्णम् ,,
,, चित्रकाद्यं घृतम् ७००
,, रोहीतकसन्धानम् ,,
उदरेऽष्टमूत्रोपयोगः ,,
उदरे देवदार्वादियोगः ,,
वातोदरे दशमूलादिघृतम् ७०१
वातोदरे दध्यादिघृतम् ,,
,, निरूहानुवासनयोगः ,,
,, विडङ्गाद्यं तैलम् ७०२
,, कुष्ठाद्यं चूर्णम् ,,
,, कतिपययोगाः ,,
पित्तोदरचिकित्सा ७०३
पित्तोदरे हरीतकीयोगः ,,
,, शिलाजतुयोगः ,,
,, सातलाद्यं क्षीरम् ,,
,, घृतद्वयम् ७०४

शोफे न्यग्रोधादिलेपः ७२७
,, देवदार्वादिचूर्णम् ,,
श्वयथौ गुडादिचूर्णम् ,,
,, क्षीरयोगाः ,,
,, चित्रकादिघृतम् ७२८
,, पुनर्नवादिघृतम् ,,
,, शैलेयकतैलम् ,,
,, शुष्कमूलकाद्यं तैलम् ७२९
,, कृष्णाद्यं चूर्णम् ,,
,, पौनर्नवो लेहः ,,
,, वासादिक्काथः ७३०
,, सेकयोगाः ,,
शोफेऽवस्थाविशेषे लेपयोगाः ,,
भल्लातकोत्थश्वयथुप्रतीकारः ७३१
विषजशोफप्रतीकारः ,,
शोफे गुग्गुलुयोगः ,,
,, गोधूमादिपोलिका ,,
,, कुटजपत्रादिस्वेदः ७३२
उदरशोफेऽरणीक्षारयोगः ,,
शोफे अजमोदाद्यो मोदकः ,,
शोथे पुनर्नवादिस्वेदः ,,
शोफे क्षीरयोगौ ७३३
,, कतिपययोगाः ,,
,, गुडार्द्रकाद्याश्चत्वारो योगाः ,,
शोफेऽपथ्यपथ्यानि ,,

अथ विद्रध्यधिकारश्चतुस्त्रिंशत्तमः

विद्रधिसंप्राप्तिः ७३५
वातजादिभेदेन विद्रधीनां लक्षणानि ७३६
आभ्यन्तरविद्रधिलक्षणम् ७३८
विद्रधीनामामपक्वज्ञानम् ७३९
विद्रधीनां साध्यासाध्यविचारः ,,

अथातो विद्रधिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

विद्रधेः सामान्यचिकित्सा ७४०
वातविद्रधिचिकित्सा ,,
पित्तविद्रधिचिकित्सा ७४१
कफविद्रधिचिकित्सा ७४२
रक्तजागन्तुविद्रध्योश्चिकित्सा ,,
आभ्यन्तरविद्रधिचिकित्सा ७४३
विद्रधिव्रणे रोपणार्थं प्रियङ्ग्वादि तैलम् ७४४
आभ्यन्तरविद्रधौ वरुणादिकषायः ७४४
विद्रधौ भूनिम्बादिचूर्णम् ७४४
,, त्रिफलागुग्गुलुत्रिफलाघृतयोर्योगः ७४५
,, कतिपययोगाः ,,

अथ वृद्ध्यधिकारः पञ्चत्रिंशत्तमः

वृद्धिसंप्राप्तिः ७४६
वातजादिभेदेन वृद्धीनां लक्षणानि ७४७

अथातः वृद्धिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

वातवृद्धिचिकित्सा ७४८
पित्तजरक्तवृद्ध्योश्चिकित्सा ,,
कफजवृद्धिचिकित्सा ,,
मेदाजवृद्धिचिकित्सा ,,
मूत्रजवृद्धिचिकित्सा ७५०
आन्त्रवृद्धिचिकित्सा ,,
वृद्धौ हरीतक्यादियोगः ७५१
वृषणश्वयथौ त्रिफलायोगः ,,
वृद्धौ सरलादिलेपः ,,
कोरण्डे सैन्धवघृतम् ७५२
वृद्धौ लेपाः ,,
वर्ध्मरोगे उपनाहयोगः ,,
वृद्धौ बृहत्सैन्धवाद्यं तैलम् ,,
वातवृद्धिप्रतीकारः ७५३
पित्तजवृद्धिप्रतीकारः ,,
रक्तजवृद्धिप्रतीकारः ,,
कफजवृद्धिप्रतीकारः ,,
मेदोजवृद्धिप्रतीकारः ७५४
अन्त्रवृद्धौ दाहविधानम् ,,
वृद्धौ गन्धर्वतैलम् ,,
,, द्विजीरकाद्यं तैलम् ७५५
,, पुनर्नवादिलेपः ,,
,, पिप्पल्यादिलेपः ,,
,, त्रिफलादिलेपः ,,
,, तर्कारिकादिलेपः ,,
कुरण्डे इन्द्रवारुणीमूलयोगः ७५६
,, सैन्धवघृतयोगः ,,
,, कासीसादियोगः ,,
,, ईश्वरीमूलादिलेपः ,,
,, भार्गीमूललेपः ७५७
,, इन्द्रवारुणीमूलयोगः ,,

पित्तोदरे पृश्निपर्ण्यादिक्षीरम् ४७४
प्लीहोदरचिकित्सा ,,
प्लीहोदरे पुनर्नवादिचूर्णम् ,,
प्लीहोदरे विडङ्गादियोगः ७०५
प्लीहोदरे चित्रकादिक्षारः ,,
प्लीहोदरेऽर्कपत्रक्षारः ,,
यकृद्दाल्युदरचिकित्सा ७०६
उदरे देवदार्वादिलेपः ,,
उदरे वृश्चिकाल्याद्यवसेचनम् ,,
उदरे माहिषक्षीरमूत्रोपयोगः ,,
उदरे हरीतकीयोगः ,,
उदरेऽनुलोमनप्रशंसा ७०७
सर्वोदरेषु क्षीरमांसरसयोः प्रयोगः ,,
जलोदरे व्यधनोपदेशः ,,
,, शिग्रुमूलकषायः ७०८
उदरे हरीतक्यादिवटिका ,,
सर्वोदरे सामुद्रशुक्तिक्षारादियोगः ,,
,, कुटजमूलादिचूर्णम् ,,
जलोदरे हरीतक्यादियोगः ,,
,, पुनर्नवादियोगः ७०९
सर्वोदरे सर्जिक्षारादियोगः ,,
,, द्वितीयः पुनर्नवादियोगः ,,
,, गवाक्ष्यादिक्षारः ,,
,, शिग्रुमूलादिक्षारः ७१०
जलोदरे पथ्यादियोगः ,,
,, त्रिवृदादियोगाः ,,
प्लीहोदरे लवणादियोगः ,,
सन्निपातोदरे तक्रयोगः ,,
उदरे वर्ज्यानि ७११
प्लीहरोगे यवानिकादिचूर्णम् ,,
उदरे विडङ्गादिचूर्णम् ,,
प्लीहोदरे पिप्पलीयोगः ,,
,, भल्लातकादिमोदकः ,,
,, लशुनादियोगः ७१२
,, शरपुङ्खयोगः ,,
सर्वोदरे रोहीतकादियोगः ,,
प्लीहयकृदुदरयोः शिराव्यधोपदेशः ,,
यकृत्प्लीहोदरयोर्घृतयोगाः ७१३
प्लीहोदरे इन्द्रवारुणीयोगः ,,
प्लीहोदरेऽर्कपत्रादिक्षारः ,,
उदरे पिप्पलीयोगः ,,
उदरे विलेपीयोगः ७१४
,, कदलीकन्दयोगः ,,
कफोदरे चित्रकादिघृतम ,,
उदरे रास्नादियोगः ,,
प्लीहोदरे शिग्रुकाथः ७१५
,, पिप्पलीलोहयोगः ,,
,, त्र्यूषणाद्यं चूर्णम ,,
,, पिप्पल्याद्यं चूर्णम् ,,
सर्वोदरे पुनर्नवादि चूर्णम ७१६
उदरे कतिपययोगाः ,,
अथ श्वयथ्वधिकारस्त्रयस्त्रिंशत्तमः
श्वयथुसंप्राप्तिः ७१७
श्वयथुपूर्वरूपम ७१८
श्वयथुनिदानम् ,,
श्वयथोः सामान्यलक्षणम ७१९
वातजश्वयथुलक्षणम् ,,
पित्तशोथस्य लक्षणम् ,,
कफशोथलक्षणम् ७२०
द्वन्द्वजसान्निपातिकशोथलक्षणम ,,
अभिघातजश्वयथुलक्षणम ,,
विषजशोथलक्षणम ७२१
श्वयथोः साध्यासाध्यलक्षणम ,,
अथातः शोफचिकित्सां व्याख्यास्यामः
वातशोफे शुण्ठ्यादिक्काथः ७२२
,, पुनर्नवादिघृतम ७२३
,, यवादि तैलम् ,,
,, एरण्डादिलेपः ,,
पित्तश्वयथौ पृश्निपर्ण्यादिश्रुतम् ,,
,, त्रिशालादिकाथः ७२४
पित्तशोफे पटोलादिलेपः ,,
कफश्वयथौ पिप्पलीमूलादिपानीयम् ,,
,, व्योषादियोगः ,,
,, पुनर्नवादियोगः ७२५
कफशोफे शिग्रुत्वगादिलेपः ,,
,, कृष्णादिलेपः ,,
त्रिदोषजश्वयथौ अजाज्यादियोगः ,,
,, कतिपययोगाः ७२६
शोफे त्रिकटुलोहयोगः ,,
,, त्रिफलादिवटिका ७२७

शोफे न्यग्रोधादिलेपः ७२७
,, देवदार्वादिचूर्णम् ,,
श्वयथौ गुडादिचूर्णम् ,,
,, क्षीरयोगाः ,,
,, चित्रकादिघृतम् ७२८
,, पुनर्नवादिघृतम् ,,
,, शैलेयकतैलम् ,,
,, शुष्कमूलकाद्यं तैलम् ७२९
,, कृष्णाद्यं चूर्णम् ,,
,, पौनर्नवो लेहः ,,
,, वासादिक्काथः ७३०
,, सेकयोगाः ,,
शोफेऽवस्थाविशेषे लेपयोगाः ,,
भल्लातकोत्थश्वयथुप्रतीकारः ७३१
विषजशोफप्रतीकारः ,,
शोफे गुग्गुलुयोगः ,,
,, गोधूमादिपोलिका ,,
,, कुटजपत्रादिस्वेदः ७३२
उदरशोफेऽरणीक्षारयोगः ,,
शोफे अजमोदाद्यो मोदकः ,,
शोथे पुनर्नवादिस्वेदः ,,
शोफे क्षीरयोगौ ७३३
,, कतिपययोगाः ,,
,, गुडार्द्रकाद्याश्चयो योगाः ,,
शोफेऽपथ्यपथ्यानि ,,

अथ विद्रध्यधिकारश्चतुस्त्रिंशत्तमः

विद्रधिसंप्राप्तिः ७३५
वातजादिभेदेन विद्रधीनां लक्षणानि ७३६
आभ्यन्तरविद्रधिलक्षणम् ७३८
विद्रधीनामामपक्वज्ञानम् ७३९
विद्रधीनां साध्यासाध्यविचारः ,,

अथातो विद्रधिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

विद्रधेः सामान्यचिकित्सा ७४०
वातविद्रधिचिकित्सा ,,
पित्तजविद्रधिचिकित्सा ७४१
कफविद्रधिचिकित्सा ७४२
रक्तजागन्तुविद्रध्योश्चिकित्सा ,,
आभ्यन्तरविद्रधिचिकित्सा ७४३
विद्रधिव्रणे रोपणार्थं प्रियङ्ग्वादि तैलम् ७४४
आभ्यन्तरविद्रधौ वरुणादिकषायः ७४४
विद्रधौ भूनिम्बादिचूर्णम् ७४४
,, त्रिफलागुग्गुलुत्रिफलाघृतयोर्योगः ७४५
,, कतिपययोगाः ,,

अथ वृद्ध्यधिकारः पञ्चत्रिंशत्तमः

वृद्धिसंप्राप्तिः ७४६
वातजादिभेदेन वृद्धीनां लक्षणानि ७४७

अथातः वृद्धिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

वातवृद्धिचिकित्सा ७४८
पित्तजरक्तवृद्ध्योश्चिकित्सा ,,
कफजवृद्धिचिकित्सा ,,
मेदोजवृद्धिचिकित्सा ,,
मूत्रजवृद्धिचिकित्सा ७५०
आन्त्रवृद्धिचिकित्सा ,,
वृद्धौ हरीतकीयोगः ७५१
वृषणश्वयथौ त्रिफलायोगः ,,
वृद्धौ सरलादिलेपः ,,
कोरण्डे सैन्धवघृतम् ७५२
वृद्धौ लेपाः ,,
वर्ध्मरोगे उपनाहयोगः ,,
वृद्धौ बृहत्सैन्धवाद्यं तैलम् ,,
वातवृद्धिप्रतीकारः ७५३
पित्तजवृद्धिप्रतीकारः ,,
रक्तजवृद्धिप्रतीकारः ,,
कफजवृद्धिप्रतीकारः ,,
मेदोजवृद्धिप्रतीकारः ७५४
अन्त्रवृद्धौ दाहविधानम् ,,
वृद्धौ गन्धर्वतैलम् ,,
,, द्विजीरकाद्य तैलम् ७५५
,, पुनर्नवादिलेपः ,,
,, पिप्पल्यादिलेपः ,,
,, त्रिफलादिलेपः ,,
,, तर्कारिकादिलेपः ,,
कुरण्डे इन्द्रवारुणीमूलयोगः ७५६
,, सैन्धवघृतयोगः ,,
,, कासीसादियोगः ,,
,, ईश्वरीमूलादिलेपः ,,
,, भार्गीमूललेपः ७५७
,, इन्द्रवारुणीमूलयोगः ,,

अम्लपित्ते वातादिसंसर्गलक्षणम् ८१७
श्लेष्मपित्तलक्षणम् ८१८
अथातोऽम्लपित्तचिकित्सां व्याख्यास्यामः
अम्लपित्ते सामान्यचिकित्सा ८१८
अम्लपित्ते यवादिक्काथः ८१९
,, शृङ्गवेरादिक्काथः ,,
,, पटोलादिक्काथः ,,
,, यवादिक्काथः ८२०
,, दशाङ्गक्काथः ,,
,, त्रिफलादिक्काथः ,,
,, वासादिक्काथः ,,
,, कतिपययोगाः ८२१
,, गुडाद्यो मोदकः ८२२
,, पञ्चनिम्बचूर्णम् ,,
,, जीरकाद्यं घृतम् ,,
,, कतिपयघृतयोगाः ८२३
,, कतिपययोगाः ,,
,, द्राक्षाद्यं घृतम् ,,
अम्लपित्तेऽवस्थाविशेषे शोधनविधानम् ८२४
अथ विसर्पाधिकार एकोनचत्वारिंशत्तमः
विसर्पसंप्राप्तिः ८२५
दोषभेदेन विसर्पलक्षणानि ८२६
अग्निविसर्पलक्षणम् ८२७
ग्रन्थिविसर्पलक्षणम् ८२८
कर्दमविसर्पलक्षणम् ८२९
क्षतविसर्पलक्षणम् ,,
विसर्पोपद्रवाः ८३०
विसर्पाणां साध्यासाध्यलक्षणम् ८३०
अथातो विसर्पचिकित्सितं व्याख्यास्यामः
विसर्पे सामान्यचिकित्सा ८३०
,, पटोलादिवमनयोगः ,,
,, त्रिफलादिविरेचनम् ८३१
वातविसर्पे कतिपययोगाः ,,
,, कुष्ठादियोगः ८३२
पित्तविसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः ,,
,, कसेरुकादिलेपः ,,
विसर्पे कतिपयलेपयोगाः ८३२
विसर्पे द्राक्षादिशोधनयोगः ८३३
कफविसर्पे खदिरादिलेपः ,,
ककविसर्पेऽजगन्धादिलेपः ,,
कफविसर्पे मदनादिवमनम् ८३४
,, त्रिफलादिलेपः ,,
वातविसर्पे क्षीरादिपरिषेकयोगः ,,
,, रास्नादिलेपः ,,
,, क्षीरवृक्षशुङ्गादिलेपः ,,
,, रास्नादिलेपः ८३५
पैत्तिके विसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः ,,
,, कपीतनादिन्यग्रोधलेपः ,,
,, पद्मकादिलेपः ,,
,, कालीयकादिलेपः ,,
,, विराग्रन्थ्यादिलेपः ८३६
कफविसर्पे काकजङ्घादिलेपः ,,
,, खदिरादिलेपः ,,
विसर्पे दशाङ्गलेपः ,,
,, प्रपौण्डरीकादिलेपः ,,
,, नलादिलेपः ८३७
,, मसूरादिलेपः ,,
,, बलादिलेपः ,,
,, कम्पिल्लकाकिलेपः ,,
विसर्पव्रणे दूर्वादिघृतम ,,
विसर्पे दाव्यादिघृतम् ८३८
,, प्रपौण्डरीकादिलेपः ,,
,, दुरालभादिशीतकषायः ,,
,, पटोलपत्रादियूषः ,,
,, पटोलादिक्काथ ८३९
,, मुस्तादिकषायः ,,
,, खदिराष्टकम ,,
,, पटोलादिकषायः ,,
,, सारिवादिकषायः ,,
,, आरग्वधादिकषायः ८४०
,, अमृतादिक्काथः ,,
,, द्वितीयोऽमृतादिकषायः ,,
अथ विस्फोटकाधिकारश्चत्वारिंशत्तमः
विस्फोटकानां निदानसंप्राप्तिपूर्वकं सामान्यलक्षणम् ८४१

विस्फोटकानां वातजादिभेदेन लक्षणानि ७४२
विस्फोटकानां साध्यासाध्यविचारः ८४३
विस्फोटकोपद्रवाः ,,

अथातो विस्फोटकचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

विस्फोटके लङ्घनविधानम् ,,
,, पटोलादिक्काथः ८४४
,, निम्बादिक्काथः ,,
,, भूनिम्बादिकषायः ,,
,, सहदेवीयोगः ,,
,, पटोलादिक्काथः ,,
,, हलिन्यादियोगः ८४४
,, करञ्जबीजादिलेपः ,,
,, भूनिम्बादिक्काथः ,,
,, कुण्डल्यादि (गुडूच्यादि) योगः ,,
,, त्रिफलादियोगः ८४६
,, चन्दनादिलेपः ,,
,, शिरीषादिकवलग्रहः ,,
,, शिरीषादिलेपः ८४७
,, वृषाद्यं घृतम् ,,
त्रिदोषजविस्फोटे पञ्चतिक्तं घृतम् ,,
विस्फोटके दशमूलादिकषायः ,,
,, इन्द्रयवलेपः ८४८
पक्वविस्फोटचिकित्सा ,,
अक्षिजविस्फोटचिकित्सा ,,
सुखजविस्फोटकप्रतीकारः ८४९
स्नायुकस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम् ,,
स्नायुकचिकित्सा ८५०

अथ मसूरिकाधिकार एकचत्वारिंशत्तमः

मसूरिकासंप्राप्तिः ८५२
मसूरिकापूर्वरूपम् ,,
वातिकादिभेदेन मसूरिकालक्षणम् ७५६
रोमान्तिकालक्षणम् ८५७
रसादिधातुगतमसूरिकालक्षणम् ८५९
मसूरिकाणां साध्यासाध्यलक्षणम् ८६०

अथातो मसूरिकाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

मसूरिकाणां सामान्यचिकित्सा ८६१
वातमसूरिकायां द्विपञ्चमूलादियोगः ८६२
पित्तमसूरिकायां द्राक्षादियोगः ,,
मसूरिकायां शिरीषादिप्रलेपः ८६३
कफजायां पित्तजायां च मसूर्यां दुरालभादिकषायः ,,
त्रिदोषजमसूरिकायां निम्बद्वादशकक्काथः ,,
मसूरिकायां पटोलादिकषायाः ,,
मसूरिकायां खदिराष्टकक्काथः ८६४
,, मातुलुङ्गकेसरलेपः ,,
,, पाददाहे तण्डुलाम्बुसेकः ,,
मसूरिकायाः पाककाले बृंहणाविधिः ८६५
,, पाचनयोगाः ,,
मसूरिकोपद्रवचिकित्सा ,,
शिरीषाष्टकः ८६८
मसूरिकायां कतिपययोगः ८६८
भूनिम्बादिसप्तकः ८६९
शीतलिकायां कतिपययोगाः ८७०

नोट—"प्राचीन तथा अर्वाचीन मानों की समन्वयात्मक तालिका" तथा "व्याधि नामावली कोश" प्रथम खण्ड, परिशिष्ट पृ० ४११ तथा ४१७ में देखिये।

आकृति की परीक्षा) से रोगी की परीक्षा करने को कहते हैं। किन्तु इन सभी का अन्तर्भाव दर्शन, स्पर्शन तथा प्रश्नपरीक्षा में किया जा सकता है। जैसे— नाडीपरीक्षा की स्पर्शनपरीक्षा में अन्तर्भाव कर सकते हैं क्योंकि स्पर्शन के विना नाडी ज्ञान नहीं होता। मूत्र एवं मलपरीक्षा को दर्शनपरीक्षा में अन्तर्भाव कर सकते हैं क्योंकि मलगत कृमि, रक्त आदि, मूत्र में शुक्ति, रक्त, पित्त, आदि का ज्ञान एवं परीक्षा के बाद का परिवर्तन नेत्र से ही होता है अतः दर्शनपरीक्षा में ही अन्तर्भाव करना चाहिए। शब्दपरीक्षा को प्रश्न में अन्तर्भाव कर सकते हैं, कारण कि प्रश्न के उत्तर में जो रोगी कहता है, उसे सुनकर ही निदान किया जाता है। आकृतिपरीक्षा का भी अन्तर्भाव दर्शन में ही हो जाता है। इस प्रकार रोगीपरीक्षा के बाद रोगज्ञान किया जाता है।

रोग ज्ञानोपाय—रोगं निदानपूर्वरूपरूपलक्षणोपशयाप्तिभिः—तथा षड्विधो हि रोगाणां विज्ञानोपायः, पञ्चभिः ज्ञानेन्द्रियैः प्रश्नेन च। इस ग्रन्थ में रोगज्ञान के पांच उपाय बताये गये हैं, निदान, पूर्वरूप, रूप, उपशय तथा सम्प्राति—

(१) निदान—रोग को उत्पन्न करनेवाले कारण को निदान कहते हैं। जैसे मृत्तिकाभक्षण पाण्डुरोग का तथा मिथ्या आहार विहार ज्वर का निदान है—

निदान शब्द की निरुक्ति दो प्रकार से की जा सकती है।

(क) निदीयते, निबध्यते अस्मिन्निति निदानम्—यहां अधिकरण में ल्युट् प्रत्यय है। इस निरुक्ति से निदान ग्रन्थ का बोध होता है।

(ख) निश्चित्य दीयते, प्रतिपाद्यते व्याधिरनेनेति निदानम्—अर्थात् जिसके द्वारा रोग का निर्णय किया जाय उसे निदान कहते हैं। इस निरुक्ति से पञ्च निदान का ग्रहण किया जाता है। ग्रंथ का पहला श्लोक इसी अर्थ में आया है। पञ्च निदान में प्रथम निदान शब्द का विशेष व्याख्या एवं भेद अगली कारिका के प्रसंग में किया जायगा।

पदकृत्य—ग्रन्थकार का अभिप्राय है कि पञ्च निदान में प्रत्येक का वर्णन रोगज्ञान में अपेक्षित है।

निदान का प्रयोजन—निदान का प्रयोजन सुश्रुत में निम्न प्रकार वर्णित है "वातादीनां प्रतीकारः प्रोक्तो विस्तरतः पुनः। संक्षेपतः क्रियायोगो निदानपरिवर्जनम्" ॥ इस चिकित्सा सूत्र के अनुसार रोगों का सामान्य उपक्रम निदान परिवर्जन, यानी रोगों के मूल कारण का परित्याग है। यदि निदान का वर्णन

नहीं होता तो निदान का परित्याग भी सम्भव नहीं हो सकता। जैसे "मक्षिका-भक्षणाच्छर्दिः" "मृद्भक्षणात्पाण्डुः" अर्थात् मक्षिकाभक्षण से छर्दि तथा मिट्टी खाने से पाण्डु रोग होता है। इससे छर्दि का कारण, मक्षिकाभक्षण, तथा पाण्डुरोग का कारण मृत्तिकाभक्षण रूप निदान ज्ञान के विना निदान का त्याग सम्भव नहीं है। अतः निदानज्ञान का प्रयोजन सिद्ध होता है।

केवल निदान से रोग विशेष का ज्ञान तथा चिकित्सा विशेष सम्भव नहीं है क्योंकि जिस प्रकार मक्षिकाभक्षण से छर्दि रोग के निदान का ज्ञान होता है उसी प्रकार प्रत्येक रोग का ज्ञान एक ही कारण से नहीं हो सकता। चरक में लिखा है—"एको हेतुरनेकस्य तथैकस्यैक एव हि। व्याधेरेकस्य वहवो वहूनां वहवस्तथा" ॥ इसके आधार पर तथा आचार्य वाग्भटचन्द्र के अनुसार केवल निदान से ही व्याधिज्ञान नहीं हो सकता। अतः पूर्वरूपादि का वर्णन किया गया है। यथा—केवलान्निदानादपि न व्याधिज्ञानं भवतीति पूर्व-रूपादीनामुपादानमिति।

(२) पूर्वरूप—भाविव्याधिवोधकमेव लिङ्गं पूर्वरूपम्।

प्रयोजनः—(क) पूर्वरूपावस्था में चिकित्सार्थ, यथा—ज्वरस्य पूर्वरूपे लघ्वशनमपतर्पणं वा। अर्थात् ज्वर के पूर्वरूपावस्था में लघु भोजन अथवा अपतर्पण करना चाहिए। सुश्रुत के अनुसार वातिक ज्वर की पूर्वरूपावस्था में घृतपान कराना चाहिए, जैसे "वातिकज्वरस्य पूर्वरूपे घृतपानम् (सुश्रुत)

(ख) साध्यासाध्यताज्ञान—ज्वर या अन्य रोगों में पूर्वरूप के सम्पूर्ण लक्षण अतिवेग से एक साथ उपस्थित हों तो निश्चित मृत्यु होती है यथा—"पूर्वरूपाणि सर्वाणि ज्वरोक्तान्यतिमात्रया। यंविशन्ति विशत्येनं मृत्युर्ज्वर पुरःसरः ॥ अन्यस्यापि च रोगस्य पूर्वरूपाणि यं नरम्। विशत्यनेन कल्पेन तस्यापि मरणं ध्रुवम्" ॥

(ग) सापेक्ष निदान—सन्दिग्ध दो या अनेक रोगों के सापेक्ष निदान के लिये पूर्व रूप का ज्ञान अपेक्षित है। जैसे—रक्तपित्त तथा प्रमेह में मेद पूर्व रूप से ही होता है। चरक में लिखा है, "हारिद्र वर्णं रुधिरं च मूत्रं विना प्रमेहस्य च पूर्वरूपैः। यो मूत्रयेत्तं नवदेत्प्रमेहं रक्तस्य पित्तस्य हि स प्रकोपः"। जो मनुष्य प्रमेहोक्त पूर्वरूप के विना हरिद्रवर्ण तथा रक्त वर्ण का पेशाव करता है, उसे प्रमेह नहीं मानना चाहिए वल्कि अधोगामीरक्तपित्त का प्रकोप समझना चाहिए। इसी प्रकार अन्यत्र भी।

(३) रूप—जव पूर्वरूप के अव्यक्त लक्षण व्यक्त हो जाते हैं तव उसे रूप कहते हैं।

निदान का बोध कराता है। समाधान यह है कि निमित्तादि शब्द द्वारा जिस एक अर्थ को कहा जाय उस अर्थ को या जिस अर्थ में निमित्तादि सभी शब्द पर्यायवाची हो सके उस अर्थ को निदान कहते हैं।

"निमित्तादिपर्यायैरभिधीयमानत्वं निदानत्वम्" निमित्त आदि के पर्यायों से कहे गये अर्थ निदान हैं किन्तु इस लक्षण से पूर्ण स्पष्टीकरण नहीं होता है। अतः "रोगोत्पादकहेतुर्निदानम्" अर्थात् रोग को उत्पन्न करने वाला हेतु निदान कहलाता है। यह लक्षण भी निर्दुष्ट नहीं है क्योंकि सम्प्राप्ति भी रोगोत्पादक है इस प्रकार सम्प्राप्ति में भी अति व्याप्ति दोष हो जायगा। अतः सेति कर्तव्यताको रोगोत्पादकहेतुर्निदानम्। यहां पर सेति कर्तव्यताक का अर्थ है अनेकव्यापारसेतिकर्तव्यताक अर्थात् अनेक व्यापार के सहित रोगोत्पादक हेतु को निदान कहते हैं।

निदान के भेद—निदान के निम्न लिखित भेद हैं—(१) सन्निकृष्ट (२) विप्रकृष्ट (३) व्यभिचारी तथा (४) प्राधानिक ।

(१) सन्निकृष्ट निदान—सन्निकृष्ट निदान भी दो प्रकार का होता है—(क) अति सन्निकृष्ट (ख) सन्निकृष्ट।

(क) अति सन्निकृष्ट—जैसे मक्षिका भक्षण छर्दि के प्रति कारण है, सर्पदंश से त्रिदोष के प्रकोप द्वारा मृत्यु होती है। इसमें सम्प्राप्ति नहीं है।

(ख) सन्निकृष्ट—इसमें रात्रि-दिन का दोष, प्रकोपक हेतु होता है।

(२) (क) विप्रकृष्ट (ख) अति विप्रकृष्ट।

(क) विप्रकृष्ट जैसे हेमन्ते चीयते श्लेष्मा वसन्ते कफरोगकृत्, अर्थात् हेमन्तऋतु में संचित कफ, वसन्त में रोगकारक होता है।

(ख) अति विप्रकृष्ट—अन्य जन्मार्जित पाप के कारण रोग का होना।

(३) व्यभिचारी—जो हेतु, दुर्बल होने से व्याधि को उत्पन्न करने में असमर्थ होता है उसे व्यभिचारी कहते हैं।

(४) प्राधानिक—तीव्र स्वभाव के कारण शीघ्र ही दोषों को प्रकुपित करके रोगों को उत्पन्न करने वाले हेतु को प्राधानिक निदान कहते हैं।

हेतु तीन प्रकार का होता है—

(१) असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग, (२) प्रज्ञापराध, (३) परिणाम। ये भी तीन प्रकार के होते हैं।

(१) अतियोग, (२) हीनयोग, (३) मिथ्यायोग।

(i) अतियोग—अति चमकीला पदार्थ को अधिक देर तक देखना। जैसे सूर्यग्रहण को अधिक देर तक देखना।

(ii) हीनयोग—अति दूरस्थ एवं सूक्ष्म पदार्थ को देखना।

(iii) मिथ्यायोग—बीभत्स पदार्थों को देखना।

(२) प्रज्ञापराध—बुद्धि तथा धैर्य खोकर जो कार्य किया जाता है उसे प्रज्ञापराध कहते हैं।

"धीधृतिस्मृतिविभ्रष्टः कर्म यत्कुरुतेऽशुभम्। प्रज्ञापराधस्तं विद्यात् सर्वदोष-प्रकोपणम्" चरक। 'बुद्धि' स्मृति तथा धैर्य के विलुप्त होने पर जो कार्य करता है उसी का नाम प्रजापराध है। बुद्धिनाश के कारण मनुष्य को वस्तुओं का यथार्थ ज्ञान नहीं होता। वह सांप सदृश विनाशक वस्तु को रज्जु तथा रज्जु को सर्प समझता है। धृतिविनाश से आपत्ति काल में बचने के उपाय ज्ञान से वञ्चित रह जाना है। इस प्रकार वह अहितकर पदार्थ से वञ्चित नहीं हो सकता। अहितकर पदार्थ सेवन से अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं उसी को प्रज्ञापराध कहते हैं। अतः गुरुओं का उपदेश है—दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं, वस्त्र-पूतं जल पिबेत्। सत्यपूतं वदेद् वाक्यं मनः पूतं समाचरेत्। इन उपदेशों की अवहेलना प्रज्ञापराध है। और इससे अनेक प्रकार के आगन्तुक रोग उत्पन्न होते हैं।

प्रज्ञापराध भी तीन प्रकार का होता है (क) शारीरिक (ख) वाचनिक (ग) मानसिक, इन तीनों के भी अतियोग, हीन योग तथा मिथ्या योग से तीन २ भेद होते हैं। इन सबों को सूक्ष्म विचार के द्वारा जाना जा सकता है और इस सबों को अच्छी तरह जानने वाला व्याधि प्रकोप से छुटकारा पा सकता है।

(३) परिणाम—वस्तुओं के स्वाभाविक शीत आदि गुणों का अतियोग, हीनयोग तथा मिथ्या योग होना परिणाम कहलाता है। परिणाम में भी हीन योग, अति योग तथा मिथ्या योग रोगों के कारण होते हैं। जैसे शिशिर ऋतु में शीत का कम होना हीन योग, अत्यधिक होना अति योग एवं कदाचित् उष्णता हो जाना मिथ्या योग है। अन्य ऋतुओं में भी ऐसा ही समझना चाहिए। अधर्म से भी कालान्तर में रोगोत्पन्न होता है। उसको भी परिणामज व्याधि कह सकते हैं।

हेतु के भी तीन प्रकार होते हैं—(१) दोषहेतु, (२) व्याधिहेतु, (३) उभय हेतु (दोषव्याध्युभय)।

दोषहेतु—(१) दोषों का संचय, प्रकोप एवं प्रशमन करानेवाले स्वभावतः उत्पन्न, मधुरादि रस दोष कहे जाते हैं जैसे शिशिर ऋतु में तथा हेमन्त ऋतु में स्वाभाविक मधुर रस की उत्पत्ति होती है। और इस रस में कफ का संचय होता है और वसन्त में सूर्य की गर्मी से संचित कफ का प्रकोप होता है।

(ii) व्याधिहेतु—दोष निरपेक्ष निश्चित व्याधि के उत्पादक हेतु को व्याधि हेतु कहते हैं। जैसे कषाय रस वात को, मधुरस कफ को तथा, ऊपर पित्त प्रकोपक होता है फिर भी मृत्तिकाभक्षणजन्य दोष से पाण्डुरोग ही उत्पन्न होता है, अन्य नहीं अतः मृत्तिकाभक्षण निश्चित रूप से पाण्डुरोग का उत्पादक होने से व्याधि हेतु कहा गया है।

(iii) उभय हेतु—विशिष्ट दोष का प्रकोपक होते हुए भी विशिष्ट व्याधि का उत्पादक हेतु उभय हेतु कहा जाता है। जैसे वातरक्त में घोड़े आदि यान की सवारी से वात का प्रक्षेप एवं विदाही अन्न के सेवन से पित्त एवं रक्त की वृद्धि होती है। यान और विदाही अन्न मिलकर वातरक्त को उत्पन्न करते हैं अतः इनको उभय हेतु कहा जा सकता है। जैसे ये निश्चित दोष प्रकोपक हैं वैसे वे निश्चित व्याधि के उत्पादक भी हैं। अतः उन्हें उभय हेतु कहा जाता है। दोनों मिलकर ही वातरक्त को उत्पन्न करते हैं। आमातिसार भी उभयजन्य होता है।

इसके भी दो भेद होते हैं। १. उत्पादक २. व्यञ्जक,

(१) उत्पादक—हेमन्त में उत्पन्न मधुर रस कफोत्पादक होता है।

(२) व्यञ्जक—हेमन्त में सचित श्लेष्मा का वसन्त के सूर्य सन्ताप, व्यञ्जक हेतु है। बाह्य तथा आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार का होता है।

(i) बाह्यहेतु—विहार, काल, जीवाणु आदि। वातप्रकोपकः—अतिव्यायाम, अपतर्पण (लंघन तथा अत्यन्त लघु एवं शरीर को कृश बनानेवाले अन्न औषध, अन्न, विहार का सेवन) ऊंची जगह से गिरने से शरीर के किसी अंग के भग्न होने, क्षय, रात्रिजागरण, मूत्रपुरीषादि का वेगधारण, अति शोक, शीत, अधिक भय, रूक्ष, क्षोभक, कषाय, कटु तथा तिक्त पदार्थ के अत्यधिक सेवन से, वर्षा ऋतु में भोजन के पश्चात् तथा सायंकाल के समय वायु प्रकोप होता है।

"व्यायामादपतर्पणात्प्रपतनाद्—भग्नात् क्षयाज्जागरात्, वेगानां च विधारणादतिशुचः शैत्यादतित्रासतः। रूक्षक्षोभकषायतिक्तकटुकैरेभिः प्रकोपं व्रजेद्, वायुर्वारिधरागमे परिणते चान्नेऽपराह्णेऽपि च॥"

पित्त प्रकोपक—अम्ल लवण कटुरस, उष्ण विदाही तीक्ष्ण, उपवास, मद्य शरदृतु मध्याह्नकाल आदि पित्तप्रकोपक हैं। "कट्वम्लोष्णविदाहितीक्ष्ण-लवणक्रोधोपवासातपस्त्रीसंपर्कतिलातसीदधिसुरा-शुक्तारनालादिभिः॥ भुक्ते जीर्यति भोजने च शरदि ग्रीष्मे सति प्राणिनां, मध्याह्ने च तथार्धरात्रिसमये पित्तं प्रकोपं व्रजेत्॥"

कफप्रकोपक—गुरु, मधुर रस प्रधान द्रव्य, अत्यन्त स्निग्ध पदार्थ, दूध,

एवं इक्षु विकार (गुड़ शक्कर) द्रवपदार्थ, दही, दिवाशयन, अपूप (मालपूआ), घृत की बनी हुई पूड़ियाँ, हेमन्त तथा शिशिर ऋतु में प्रातःकाल, भोजन के तुरन्त बाद, एवं वसन्त ऋतु में कफ का प्रकोप होता है। "गुरु मधुर रसाति-स्निग्धदुग्धेक्षुभक्ष्यद्रवदधिदिननिद्राऽपूपसर्पिस्प्रपूरैः। तुहिनपतनकालेश्लेष्मणः संप्रकोपं प्रभवति दिवसादौ भुक्तमात्रे वसन्ते"।

(ii) आभ्यन्तर हेतु—शरीर के दोष एवं दूष्य ही आभ्यन्तर हेतु हैं। प्रकुपित दोष ही प्राकृत आदि भेद से अनेक प्रकार के होते हैं।

(क) प्राकृत दोष—जो दोष अपने काल में प्रकुपित होता है वह प्राकृत दोष कहलाता है।

यथा—वसन्त में कफ का प्रकोप होता है, वह सुख साध्य होता है। "प्राकृतस्सुखसाध्यस्तु वसन्तशरदुद्भवः"।

(ख) वैकृत दोषः—वसन्त में पित्त या वायु का, वर्षा में कफ या पित्त का; शरद् में कफ तथा वात के प्रकुपित होने को वैकृत दोष कहते हैं। प्राकृत तथा वैकृत दोष का वर्णन साध्यासाध्यता की दृष्टि स अधिक अपेक्षित है क्योंकि—"प्राकृतः सुखसाध्यस्तु वसन्तशरदुद्भवः"। वैकृतोऽन्यः स दुस्साध्यः प्राकृतश्चानिलोद्भवः"। इति चरक। अर्थात् वसन्त में कफज रोग एवं शरद में पैत्तिक रोग प्राकृत कहलाता है। चिकित्सा की दृष्टि से सुखसाध्य होता है। वैकृत—जैसे वसन्त में पैत्तिक या वातिक रोग वैकृतरोग कहलाता है तथा यह दुस्साध्य है। इसी प्रकार वातिक व्याधि प्राकृत भी दुस्साध्य होती है।

(ग) अनुबन्ध्य तथा अनुबन्ध भेद से दोष दो प्रकार का होता है। इसी को सरल भाषा में प्रधान, एवं अप्रधान शब्द से कहते हैं। चरककार ने अनुबन्ध्य तथा अनुबन्ध का विवेचन निम्न प्रकार किया है।

यथा—"स्वतन्त्रो व्यक्तलिंगो यथोक्तसमुत्थानोपशमो भवत्यनुबन्ध्यः, तद्विपरीतलक्षणस्त्वनुबन्धः" अर्थात् जो दोष निरपेक्ष हो, जिसका लक्षण स्पष्ट हो, तथा जिसका प्रकोप एवं शमन शास्त्रवर्णित प्रकोपक एवं शामक कारण से होता हो, उसे प्रधान कहते हैं। तथा जो दोष सापेक्ष हो, जिसका लक्षण स्पष्ट न हो और प्रधान दोष के कोपक एवं शामक कारण से ही प्रकुपित एवं शान्त हो उसे अप्रधान कहते हैं।

चरक ने लिखा है—"तन्नोपद्रवस्य प्रायः प्रधानप्रशमात् प्रशमः अर्थात् प्रधान के प्रशमन से उपद्रव का भी प्रशमन होता है यहाँ उपद्रव अनुबन्ध है।

(घ) गतिभेद से दोषभेद—

दोषों की तीन गतियां होती हैं, क्षीण, वृद्ध एवं सम।

चरककार ने कहा है—"क्षयः स्थानञ्च वृद्धिश्च विज्ञेयास्त्रिविधा गतिः"।

ऊर्ध्वगतरक्तपित्त ऊर्ध्वगति, अधोगामी रक्तपित्त अधोगति तथा ज्वर तिर्यग् गति का उदाहरण है। सुश्रुत ने इन तीनों गतियों को ध्यान में रखते हुए दोषों की चिकित्सा का निर्देश किया है।

यथा—"क्षीणा वर्द्धयितव्याः—समाः पालयितव्याः वृद्धा—ह्रासयितव्याः" इति। चरक ने भी उसको ध्यान में रखते हुए लिखा है "प्रतिमार्गं च हरणं रक्तपित्ते विधीयते"। अर्थात् रक्तपित्त में प्रकृति के विपरीत मार्ग से दोषों को निकालना ही चिकित्सा है। जैसे ऊर्ध्वगामी में विरेचन द्वारा, अधोगामी में वमन द्वारा रक्तपित्त के दोष को निर्हरण करना चाहिए। इस सिद्धान्त का ज्ञान नहीं रहने के कारण ही अल्पज्ञ वैद्यगण "विरेकं पित्त हराणाम्" के आधार पर सभी पैत्तिक व्याधियों में रेचन कराकर रोगी का अहित कर बैठते हैं।

आम और निराम भेद से दोष के दो भेद होते हैं। दोषों की सामावस्था एवं निरामावस्था का विवेचन ग्रन्थ के विस्तार भय से यहां नहीं किया जा रहा है। अजीर्ण प्रकरण में इसका निरूपण किया जायगा।

संक्षेप में हेतुभेद—(१) सन्निकृष्ट, विप्रकृष्ट, व्यभिचारी तथा प्राधानिक भेद से चार, (२) असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग, प्रज्ञापराध एवं परिणाम भेद से तीन, व्याधि-हेतु, दोषहेतु, उभयहेतु भेद से तीन (३) व्यञ्जक एवं उत्पादक हेतु भेद से दो। (४) बाह्यहेतु एवं आभ्यन्तर हेतु भेद से ये दो भेद हैं।

दोषभेद—(१) प्राकृत तथा वैकृत, अनुबन्ध्य एवं अनुबन्ध, (२) प्रकृति विकृति, (३) आमाशयापकर्ष, (४) गतिभेद, (५) साम एवं निराम।

पूर्वरूपलक्षणम्—

-प्राग्रूपं येन लक्ष्यते ॥ २ ॥

उत्पित्सुरामयो दोषविशेषेणानधिष्ठितः ।

लिङ्गमव्यक्तमल्पत्वाद् व्याधीनां तद्यथायथम् ॥ ३ ॥

पूर्वरूप लक्षण—किसी दोष विशेष के ज्ञान के विना ही केवल उत्पद्यमान रोग जिन लक्षणों से जाना जाय, उन लक्षणों या लक्षण समूहों को सामान्य पूर्वरूप कहते है। अल्पता के कारण विशिष्ट व्याधि के विशिष्ट रूपों के ईषद् व्यक्त होने को विशिष्ट पूर्वरूप कहते हैं। अर्थात् जिन व्याधि के जो रूप हैं वे ही अल्पमात्रा में अभिव्यक्त हो तो उसे उन व्याधि का विशिष्ट पूर्वरूप कहा जाता है ॥ २-३ ॥

विमर्श—(१) सामान्यपूर्वरूप दोष-दूष्य-संयोग जब होता रहता है उस समय जिन साधारण लक्षणों के द्वारा उत्पद्यमान ज्वर आदि व्याधि मात्र का बोध हो उन्हे उस व्याधि का 'सामान्य पूर्वरूप कहते हैं।' इन लक्षणों के द्वारा

केवल भावी व्याधि का ही ज्ञान हो सकता है उसके वातादिजन्य भेदोपभेद का ज्ञान नहीं होता यथा—श्रम अरति आदि को देखकर ज्वरमात्र का ही ज्ञान हो सकता है, वातप्रधान ज्वर, पित्तप्रधान ज्वर आदि का बोध नहीं हो सकता। वह व्याधि किस दोष की उल्वणता से हो रही है इसका ज्ञान तो लक्षण या विशिष्ट पूर्वरूप के द्वारा ही होता है। यथार्थ में "पूर्वरूपं प्रागुत्पत्ति लक्षणं व्याधे" चरकोक्त यह सामान्य लक्षण ही पूर्वरूप का समुचित लक्षण ज्ञात होता है।

(२) विशेष पूर्वरूप—उरःक्षत वातरोग में वात आदि दोषों से उत्पन्न होनेवाले, अव्यक्त लक्षण (ईषद् व्यक्त रूप) ही विशिष्ट पूर्वरूप है, इन रोगों में सामान्य पूर्वरूप नहीं होते। जैसे, "पित्तान्नयनयोर्दाहः कफादन्नारुचिर्भवेतः", पैत्तिकज्वर का विशिष्ट पूर्वरूप नेत्र में दाह तथा कफज का अरुचि है। वस्तुतः भावीव्याधिबोधकमेव लिङ्गं पूर्वरूपम् अर्थात् भावी व्याधि का ज्ञान करानेवाला लक्षण या लक्षण समूह ही पूर्वरूप कहा जाता है। इसमें पूर्वरूपत्वेन उत्पन्न सभी लक्षणों का समावेश हो जाता है। विशिष्ट व्याधि के विशिष्ट लक्षणों को ही लिंग कहते हैं। आप्तोपदेश व्याधि सामान्य का ज्ञापक होता है अतः उसे लिङ्ग नहीं कह सकते। भावी पद देने से वर्तमान व्याधिका बोधक रूप में भी लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं होती। चक्षु तथा निदान के अन्य साधनों (उरः श्रवण यन्त्र आदि) का निरारण भी लिंग पद से ही हो जाता है। असाधारण बोधक लक्षणों को ही लिंग कहते हैं।

रूपलक्षणम्—

तदेव व्यक्ततां यातं रूपमित्यभिधीयते।
संस्थानं व्यञ्जनं लिङ्गं लक्षणं चिह्नमाकृतिः ॥ ४ ॥

रूप का लक्षण—जबपूर्वरूपावस्था के अस्पष्ट लक्षण व्यक्त होकर व्याधि के निर्देशक होते हैं तो उन्हें रूप कहते हैं। (व्यक्त पूर्वरूप ही 'रूप' कहलाता है, अर्थात् पूर्वरूपावस्था में प्रतीयमान अव्यक्त लक्षण ही जब व्यक्त होकर व्याधि के निर्देशक होते हैं तो उन्हें रूप कहते है)। संस्थान, व्यञ्जन, लिंग, लक्षण, चिह्न तथा आकृति ये 'रूप' के पर्याय हैं ॥ ४ ॥

विमर्श—यहां पर यह शंका होती है कि पूर्वरूप के सम्पूर्ण लक्षण व्यक्त होते हैं तब रूप कहते हैं या अल्प लक्षण व्यक्त होते हैं तो रूप कहते हैं। यदि पूर्वरूप के सम्पूर्ण लक्षण के व्यक्त होने पर रूप माना जाय तो सभी रोगों को असाध्य मानना पड़ेगा। क्योंकि चरक ने लिखा है—"पूर्वरूपाणि सर्वाणि ज्वरोक्तान्यतिमात्रया। यं विशन्ति विशत्येनं मृत्युर्ज्वर पुरस्सरः ॥ अन्यस्यापि च रोगस्य पूर्वरूपाणि यं नरम्। विशत्यनेन कल्पेन तस्यापि मरणं

ध्रुवम् । अर्थात् ज्वर या अन्य रोग के पूर्वरूपावस्था के समस्त लक्षण रूप में व्यक्त हों तो रोगी को मुमुर्षु समझना चाहिए। अतः पूर्वरूपावस्था के सभी लक्षणों के व्यक्त होने को रूप नहीं कह सकते। यदि पूर्वरूपावस्था के कुछ लक्षणों की अभिव्यक्ति को ही 'रूप' स्वीकार किया जाय तो 'जृम्भानयनयोर्दाह तथा अनन्नाभिकांक्षासदृश विशिष्ट पूर्वरूप जो पहले से ही व्यक्त है, रूप मानना पड़ेगा। इस प्रकार दोनों पक्ष के दुष्ट होने की सम्भावना है। यदि दोनों पक्ष को मान लिया जाय कि जैसे पूर्वरूप के सभी लक्षण व्यक्त होने पर रोग असाध्य तथा अल्प लक्षण होने पर साध्य है तो एक देश की अभिव्यक्ति को भी रूप स्वीकार करने पर जृम्भा आदि को 'रूप' क्यों नहीं मानते हैं, इसका उत्तर है कि जो लक्षण पूर्वरूपावस्था, में अव्यक्त हो तथा पश्चात् व्यक्त हो, उसी लक्षण या उन्हीं लक्षणों को रूप कहते हैं। जृम्भा आदि पूर्व से ही व्यक्त है, अतः वह रूप नहीं कहा जा सकता है।

यद्यपि रूप ही रोग है तथापि राहोः शिरः के समान अमुक रूप अमुक रोग है कहा जाता है। जिस प्रकार राहु शिर भाग का ही नाम है तथापि राहु का शिर कहा जाता है। उसी प्रकार रोग का रूप है ऐसा कहते हैं। वास्तविक रूप तथा रोग में भेद नहीं है। रूप समूह को ही रोग कहते है।

पाश्चात्य विद्वान चिह्न और लक्षण को अलग-अलग मानते हैं।

१. चिह्न—दर्शन, स्पर्शन, अंगुलि ताड़न, एक्सरे, मलमूत्ररक्त आदि परीक्षा द्वारा जो कुछ किया जाता है उसे चिह्न कहते हैं। श्वास के साथ उदर एवं वक्ष की प्राकृत या अप्राकृत गति, मुख, नेत्र जिह्वा, मल, मूत्र आदि का विशिष्ट वर्ण, इनकी कठिनता एवं मृदुता, यकृत, प्लीहा की अवस्था, नाडी की गति एवं हृदय तथा फुफ्फुस की प्राकृत एवं वैकृत ध्वनियां आदि वैद्यों का ज्ञेय विषय है इसी को चिह्न कहते हैं।

(२) लक्षण—जिन लक्षणों को रोगी या रोगी के घरवालों से पूछकर चिकित्सक ज्ञान करता है, उसे लक्षण कहते हैं। जैसे भूख लगती है कि नहीं, मल-मूत्रों की संख्या, प्रवाहण, शूल का स्थान, समय, निद्रा आदि आती है या नहीं, इत्यादि लक्षणकोटि में आते हैं।

उपशयानुपशयलक्षणम्—

हेतुव्याधिविपर्ययैस्तविपर्यस्तार्थकारिणाम् ।
औषधान्नविहाराणामुपयोगं सुखावहम् ॥ ५ ॥
विद्यादुपशयं व्याधेः स हि सात्म्यमिति स्मृतः ।
विपरीतोऽनुपशयो व्याध्यसात्म्य इति स्मृतः ॥ ६ ॥

उपशय तथा अनुपशय का लक्षण—हेतु विपरीत, व्याधि विपरीत, हेतु-व्याधिउभयविपरीत तथा हेतु विपरीत-अर्थकारी (हेतु आदि के समान प्रतीत होने

पर भी विपरीत क्रिया करनेवाला) व्याधिविपरीत-अर्थकारी और हेतु व्याधि उभय विपरीतार्थकारी औषध, अन्न तथा विहार के परिणाम में सुख देनेवाले उपयोग को उपशय कहते हैं। इसी का नाम सात्म्य भी है।

उपशय के विपरीत अनुपशय होता है। इसका दूसरा नाम व्याध्यसात्म्य भी है ॥ ५-६ ॥

विमर्श—शरीर में जो सुख उत्पन्न कर सके उसे उपशय कहते हैं। शरीर में सुख को उत्पन्न करनेवाले औषध, अन्न तथा विहार है। चरक ने भी उपशय का वर्णन करते हुए संक्षेप में छः प्रकार की और उसके अवान्तर भेदों के सहित अट्ठारह प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों का निरूपण किया है।

तद्यथा—उपशयः पुनर्हेतु व्याधिविपरीतानां विपरीतार्थकारिणां चौषधान्न विहाराणामुपयोगः सुखानुबन्ध इति। परिणाम में सुखकारक वस्तु को सुखावह कहते हैं। दुःख की निवृत्ति होना ही सुख है। ज्वरजन्य दाह एवं तृष्णा में शीतल जल सुखावह होता है किन्तु बाद में हानिकारक हो जाता है अतः उसे उपशय नहीं कहा जा सकता। "औषधादिजनितसुखानुबन्धः उपशयः" अर्थात् औषध अन्न विहार देश तथा काल आदि सब से उत्पन्न सुखोपलब्धि को उपशय कहते हैं।

विपरीतार्थकारी—रोग उत्पन्न करनेवाले निदान के समान होते हुए भी रोग को शान्त करनेवाले औषध, अन्न तथा विहार विपरीतार्थकारी कहलाता है। ये अपने प्रभाव से ही हेतु आदि के विपरीत कार्य को करनेवाले होते हैं। हेतु विपरीत औषध आदि का उदाहरण—

(१) हेतु विपरीत—(क) औषध—शीतकफज्वर में शुण्ठी सदृश उष्ण औषध का उपयोग।

(ख) अन्न—श्रमजन्य वातज्वर में स्निग्ध एवं तर्पक मांसरस तथा भात का प्रयोग।

(ग) दिवास्वप्न के उपद्रव को शान्त करने के लिये रात्रि-जागरण का विधान।

(२) व्याधिविपरीत—(क) औषध—अतिसार में स्तम्भक औषध कुटज एवं पाठा, एवं शिरीष विष का खदिर कुष्ठ का तथा हरिद्रा—प्रमेह का व्याधि विपरीत औषध है।

(ख) अन्न—अतिसार में स्तम्भन के लिए मसूर आदि का उपयोग हितकर है।

(ग) विहार—उदावर्त में प्रवाहण।

(३) हेतुव्याधिविपरीत—(क) औषध—वातजशोथ में दसमूल क्वाथ, शोथ के हेतु वात तथा शोथरूप व्याधि का निवर्तक है।

(ख) अन्न—शीतजन्यज्वर में उष्ण एवं ज्वरनाशक यवागू तथा वात कफजन्य ग्रहणी में तक्र का प्रयोग।

(ग) विहार—स्निग्ध पदार्थों के सेवन तथा दिन में उत्पन्न तन्द्रा को दूर करने के लिये रूक्ष एवं तन्द्राविपरीत रूक्ष विहार तथा रात्रि-जागरण।

(४) हेतु विपरीतार्थकारी—(क) औषध—पित्तप्रधान पच्यमान व्रण पर पित्त गुणभूयिष्ठ उष्ण उपनाह (पुलटिस)।

(ख) अन्न—पच्यमान पित्तप्रधान शोथ में 'विदाही' अन्न।

(ग) विहार—वार्तिक उन्माद मे भय दिखाना।

(५) व्याधिविपरीतार्थकारी—(क) औषध—वमन रोग में वमनकारक मदनफल आदि का प्रयोग।

(ख) अन्न—अतिसार नाशार्थ क्षीरपान का प्रयोग।

(ग) विहार—वमन रोग में वमन कराने के लिये प्रवाहण (गले का गुदगुदाना या आमाशय प्रक्षालन)।

(६) हेतु व्याधिविपरीतार्थकारी—(क) औषध—अग्नि से जलने पर उष्णगुणयुक्त अगरु का लेप।

(ख) अन्न—मद्यपानजन्य मदात्यय में पिये हुए मद्य के विपरीत गुण-वाले मद्य का पान।

(ग) विहार—व्यायाम से उत्पन्न उरुस्तम्भ (सम्मूढ़वात) में जल संतरण (शीतल जल एवं व्यायाम दोनों वातवर्द्धक होते हुए भी वहां वायु एवं उरुस्तम्भ दोनों के शामक होते हैं)।

उपशय का उपयोग—अव्यक्त लक्षणवाले रोगों की परीक्षा—उपशय एवं अनुपशय-से होती है। जैसे टायफाइड या मलेरिया में एवं मलेरिया या कालाजार में कुनीन की मात्रा रोग का विभेदक होती है। उपशय को सात्म्य कहते हैं—देशानामामयानाच विपरीतगुणं गुणैः। सात्म्यमिच्छन्ति सात्म्यज्ञा-श्चेष्टितं चाद्यमेव च। उपशय के विपरीत अनुपशय होता है। अर्थात् जिन औषध, अन्न तथा विहार के उपयोग दुःखकर हों वे अनुपशय कहलाते हैं या जिन औषध आदि के उपयोग से रोग की वृद्धि हो उनको अनुपशय कहते हैं। अनुपशय औषध आदि रोगारम्भक दोष के लिये भी असात्म्य होते हैं। इसका प्रयोजन, अव्यक्तलक्षणवाले रोगों की परीक्षा है। "गूढलिंगं व्याधिमुप-शयानुपशयाभ्यां परीक्षेत" इति।

संप्राप्तिलक्षणम्—

यथा दोषेण दुष्टेन यथा चानुविसर्पता।
निर्वृत्तिरामयस्यासौ संप्राप्तिर्जातिरागतिः॥ ७॥

संख्याविकल्पप्राधान्यबलकालविशेषतः ।
सा भिद्यते यथाऽत्रैव वक्ष्यन्तेऽष्टौ ज्वरा इति ॥ ८ ॥
दोषाणां समवेतानां विकल्पोंऽशांशकल्पना ।
स्वातन्त्र्यपारतन्त्र्याभ्यां व्याधेः प्राधान्यमादिशेत् ॥ ९ ॥
हेत्वादिकात्सन्न्यूनवयवैर्बलाबलविशेषणम् ।
नक्तंदिनर्तुभुक्तांशैर्व्याधिकालो यथामलम् ॥ १० ॥
इति प्रोक्तो निदानार्थस्तद्व्यासेनोपदिश्यते ।

सम्प्राप्ति का लक्षण दोष जिस प्रकार (नैसर्गिक आदि अनेक प्रकारों) के निदानों से दूषित होकर और जिस प्रकार (ऊर्ध्व आदि भिन्न गतियों के द्वारा शरीर में) विसर्पण करते हुए । (रसरक्तादि धातुओं को दूषित कर) रोग को उत्पन्न करता है, उसे सम्प्राप्ति कहते हैं । उसका पर्याय जाति और आगति है ।

यह सम्प्राप्ति संख्या, विकल्प, प्राधान्य बल और काल की विशेषताओं के आधार पर सम्प्राप्ति के भेद किये गये हैं । जैसे आगे (ज्वराधिकार में) कहेंगे कि ज्वर आठ होते हैं । (यह संख्या सम्प्राप्ति है) एक ही रोग में सम्मिलित दोषों की अंशांश कल्पना (न्यूनाधिक्य आदि) का विवेचन विकल्प सम्प्राप्ति है । स्वतन्त्रता और परतन्त्रता द्वारा दोषों का प्राधान्य या अप्राधान्य विवेचन, प्राधान्य सम्प्राप्ति है । हेतु, पूर्वरूप और रूप की सम्पूर्णता या अल्पता के द्वारा बल या अबल का विवेचन बल सम्प्राप्ति है और रात्रि, दिन, ऋतु एवं भोजन के अंश (आदि, मध्य एवं अन्त) में उत्पत्ति तथा वृद्धि के द्वारा रोग, काल एवं दोष विशेष का ज्ञान काल सम्प्राप्ति है । इस प्रकार निदान के सामान्य साधनों (रोगविनिश्चय के साधनों निदान, पूर्वरूप, रूप, उपशय और सम्प्राप्ति) का निरूपण किया गया । इसके बाद उसका भिन्न-भिन्न रोगों में विस्तृत वर्णन किया जायगा ॥

विमर्श—सम्प्राप्ति का पांच भेद माना गया है । संख्या, विकल्प, प्राधान्य बल तथा काल ।

(१) संख्यासंप्राप्ति—जिसके द्वारा रोगों के भेदों की गणना की जाती है उसको संख्यासम्प्राप्ति कहते हैं । जैसे—आठ प्रकार के ज्वर का विवेचन ज्वराधिकार में किया गया है । चरक ने भी कहा है । 'संख्या तावद्यथा, अष्टौ ज्वराः पञ्च गुल्माः सप्त कुष्ठान्येवमादिः' । वात आदि कारण भेद से ज्वर आठ प्रकार के होते हैं । यह संख्या सम्प्राप्ति का उदाहरण है । वात आदि प्रत्येक से तीन भेद, द्वन्द्वज तीन, सन्निपातज एक तथा आगन्तुक एक इस प्रकार ज्वर के आठ भेद होते हैं ।

(२) विकल्पसम्प्राप्ति—रोग में परस्पर सम्बद्ध दोषों की अंशांश कल्पना को विकल्पसम्प्राप्ति कहते हैं। वातदोष में रूक्षता, पित्तदोष में उष्णता तथा कफदोष में स्निग्धता आदि प्रत्येक धर्म अंश हैं। रोग में कौन-सा दोष कितने अंश में प्रकुपित है इस निर्णय को ही अंशांश कल्पना कहते हैं।

(३) प्राधान्यसम्प्राप्ति—प्राधान्य के कथन से अप्राधान्य का भी बोध होता है। रोगों को उत्पन्न करनेवाले दोषों की स्वतन्त्रता का जिसके द्वारा बोध हो उसे उस व्याधि की प्राधान्यसम्प्राप्ति, और जिसके द्वारा दोषों की परतन्त्रता की जानकारी हो उसे उस रोग की अप्राधान्यसम्प्राप्ति कहते हैं। ज्वर आदि द्वन्द्वज या त्रिदोषज रोगों में जिस दोष की प्रधानता होगी, प्राधान्य-सम्प्राप्ति भी उसी के नाम से व्यवहृत होगी। चिकित्साक्रम का निर्णय इसी के आधार पर होता है, इसके विपरीत अप्राधान्यसम्प्राप्ति होती है।

(४) बलसम्प्राप्ति—निदान पूर्वरूप और रूपों की सर्वांगता या अल्पता के कारण व्याधि के बलाबल का ज्ञान जिससे होता है उसे बलसम्प्राप्ति कहते हैं। हेतु, पूर्वरूप और रूप की अधिकतावाले रोग को सबल समझना चाहिए। इसके विपरीत हेतु आदि की अंशतः उपस्थिति रहने पर निर्बल समझना चाहिए।

(५) कालसम्प्राप्ति—रात दिन ऋतु एवं भोजन के विशिष्ट अंशों में जिसके द्वारा रोग की वृद्धि और उत्पत्ति के द्वारा दोष विशेष का निर्धारण होता है उसे कालसम्प्राप्ति कहते हैं। रातदिन, ऋतु तथा भोजन के तीनों भागों में क्रमशः कफ, पित्त तथा वात का प्रकोप होता है। काल विशेष में होने से इसे कालसम्प्राप्ति कहते हैं।

रात्रि का आरम्भ	कफ की वृद्धि
दिन का आरम्भ	,,
वसन्तऋतु	,,
भोजन के तुरन्त बाद	,,
रात्रि का मध्य	पित्त की वृद्धि
दिन का मध्य	,,
शरदृतु	,,
भोजन का पच्यमान काल	,,
रात्रि का अन्त	वात की वृद्धि
दिन का अन्त	,,
वर्षाऋतु	,,
भोजन का पाक काल	,,

इसके ज्ञान होने से दोषों के उपचयापचय के अनुसार चिकित्सा में सहायता मिलती है साथ ही दोषों का प्राकृत या वैकृत का भी ज्ञान हो जाता है।

वातादीनां सर्वरोगेष्वव्यभिचरितकारणत्वम्—

सर्वेषामेव रोगाणां निदानं कुपिता मलाः ॥ ११ ॥
तत्प्रकोपस्य तु प्रोक्तं विविधाहितसेवनम्।

वात आदि के सभी रोगों में अव्यभिचरित कारण—सभी रोगों का मूलभूत कारण दोषों का प्रकोप ही है। किन्तु दोषप्रकोप का भी कारण अनेक प्रकार के अहितकर भोजनादि आहार-विहार का सेवन (आसात्म्येन्द्रियार्थसंयोग, प्रज्ञापराध, परिणाम) हैं।

विमर्श—साधारणतः रोग के कारण संनिकृष्ट तथा विप्रकृष्ट भेद से दो प्रकार के होते हैं। सन्निकृष्ट कारण—प्रकुपित वात आदि दोष रोग के सन्निकृष्ट कारण हैं। दोषप्रकोप के सन्निकृष्ट कारण—रात्रि-दिन, ऋतु तथा भोजन के आदि मध्य अन्त भी हैं। दोनों के प्रकुपित होने पर झटिति व्याधि की उत्पत्ति होती है। अत. इन्हें सन्निकृष्ट कारण कहा जाता है। रोग की उत्पत्ति में वात, पित्त तथा कफ, तीनों दोषों में से एक दोष कदाचित् सभी दोषों का प्रकोपक नियमतः होता है। दोषों के विना दूषित हुए रोगोत्पत्ति नहीं होती। आगन्तुक रोगों में भी दोष-प्रकोप का होना निश्चित है। "आगन्तुर्हि व्यथापूर्वमुत्पन्नो जवन्यं वातपित्तश्लेष्मणां वैषम्यमापादयति" इति चरकः। आगन्तुक रोग पहले व्यथा को उत्पन्न करते हैं तत्पश्चात् दोषों की दुष्टि होती है। जैसे चोट लगने पर व्यथा होती है और उसके बाद वात, पित्त तथा कफ की विषमता को उत्पन्न कर देता है। चोट लगने पर क्षत होता है किन्तु तत्काल ही वातप्रकोप से पीड़ा, पित्तप्रकोप से दाह-पाक आदि तथा कफ-प्रकोप से पूय की उत्पत्ति होती है। अतः प्रकुपित दोष रोग के सन्निकृष्ट कारण हैं।

विप्रकृष्टकारण—मिथ्या आहार-विहार आदि रोग के प्रति विप्रकृष्ट कारण होते हैं। रोगोत्पत्ति के पूर्व शरीर में प्रविष्ट रोगोत्पादक जीवाणुओं का भी विप्रकृष्ट कारण में ही समावेश है। मिथ्या आहार-विहार तथा रोगोत्पादक जीवाणु शरीरस्थ दोषों को धीरे २ विकृत करते रहते हैं। दोषों की विकृति अधिक होने पर रोगोत्पत्ति होती है। विप्रकृष्ट कारणों का शरीर में प्रवेशकाल से लेकर रोगोत्पत्ति कालतक संचय काल होता है। संचय का काल ही दोषों के दूषित होने का प्रधान काल है। रोगोत्पादक कारण रोग उत्पन्न करने में असमर्थ हुए तो उसे व्यभिचारी कारण कहते हैं। रोगोत्पत्ति न होने का कारण है रोगोत्पादक कारण की बलहीनता तथा स्वाभाविक रोग-प्रतिरोध-क्षमता। अतः मिथ्याहारविहारादि विप्रकृष्टकारण रोगोत्पत्ति में कारण होते हैं।

रस-रक्तादि धातुओं को दूषित करने से वात आदि दोष कहलाते हैं। उपयुक्त स्थान, परिमाण, गुण तथा कार्यों से युक्त वात आदि आरोग्य के कारण हैं। स्वस्थावस्था में ये धातु कहलाते हैं। व्यवहार की सुलभता के लिये, वात आदि कहीं धातु और कहीं मल के नाम से व्यवहृत होते हैं। चरक एवं वाग्भट ने वात आदि तीनों को दोष ही के नाम से व्यवहृत किया है—"वायुः पित्तं कफश्चोक्तः शारीरो दोषसंग्रह" इति चरकः—"वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः" इति वाग्भटः।

यूनानी चिकित्सा-शास्त्र में रक्त को दोष माना है। सुश्रुतकार ने भी "तदेभिरेव शोणितचतुर्थैः सम्भवस्थितिप्रलयेष्वविरहितं शारीरं भवति" अर्थात् शरीर उत्पत्ति-स्थिति तथा विनाश के समय हमेशा वात, पित्त, कफ तथा रक्त से युक्त रहता है"। इसके आधार पर रक्त को दोष ही मानते हैं। चरक ने चिकित्सास्थान में रक्त को दोष पद से व्यवहृत किया है अतः रक्त दोष है ऐसा माना जाना चाहिए। किन्तु सुश्रुत ने व्रणप्रश्नाध्याय में स्वयं लिखा है 'वात-पित्त-श्लेष्माण एव देहसम्भवहेतवः"। इसके आधार पर वात, पित्त तथा कफ ही दोष है रक्त नहीं। यह सम्भव है कि रस आदि धातुओं से उसका महत्व अधिक है अतः विशेष गुणाधान से उसे दोषपदेन व्यवहृत किया हो वस्तुतः वात, पित्त तथा कफ तीन ही दोष हैं। दोष की परिभाषा—"स्वातन्त्र्येण दूषकत्वं दोषत्वम्" यह लक्षण रक्त में नहीं घटता क्योंकि दोषों को धातुओं को दूषित करने के लिये किसी अन्य की अपेक्षा नहीं होती है। वात आदि प्रकुपित होकर अनपेक्षित ही धातुओं को दूषित करते हैं। रक्त स्वतन्त्रता से धातुओं का दूषक नहीं है। वह वात आदि के संसर्ग के बिना दूषित नहीं होता और उनसे दूषित हुए बिना धातुओं को दूषित भी नहीं करता। साथ ही प्रकृति के आरम्भक को ही दोष कहते हैं। वात आदि भेद से सात प्रकार की प्रकृतियों का शास्त्र में वर्णन मिलता है किन्तु रक्तज प्रकृति का कहीं भी उल्लेख नहीं मिलता। अतः वात, पित्त तथा कफ ये तीन ही दोष हैं। रक्त दोष नहीं दूष्य ही है।

रोगस्यापि रोगान्तरकर्तृत्वम्—

निदानार्थकरो रोगो रोगस्याप्युपलभ्यते ॥ १२ ॥
तद्यथा ज्वरसंतापाद्रक्तपित्तमुदीर्यते ।
रक्तपित्ताज्ज्वरस्ताभ्यां शोषश्चाप्युपजायते ॥ १३ ॥
प्लीहाभिवृद्ध्या जठरं जठराच्छोफ एव च ।
अर्शोभ्यो जाठरं दुःखं गुल्मश्चाप्युपजायते ॥ १४ ॥
प्रतिश्यायादथो कासः कासात्संजायते क्षयः ।

क्षयो रोगस्य हेतुत्वे शोषस्याप्युपजायते ॥ १५ ॥
ते पूर्वं केवला रोगाः पश्चाद्धेत्वर्थकारिणः ।

रोग भी रोगान्तर का कर्ता होता है, इसका विवेचन—रोग भी दूसरे रोगों के निदान के कार्य को करता है अर्थात् जिस प्रकार निदान (रोगोत्पत्ति का आदि कारण) रोगों को उत्पन्न करता है, वैसे ही एक रोग दूसरे रोग को उत्पन्न करता है, अतः निदानार्थ-कर होता है। जैसे ज्वर के सन्ताप से रक्तपित्त की उत्पत्ति होती है, रक्तपित्त से ज्वर तथा ज्वर और रक्तपित्त दोनों से राजयक्ष्मा की उत्पत्ति होती है। प्लीहा की वृद्धि (प्लीहा-यकृत् दोनों की वृद्धि) से उदर रोग तथा उदररोग से शोथ उत्पन्न होता है। अर्श से उदररोग तथा गुल्म की उत्पत्ति होती है, दिवा-शयन आदि दोषों से प्रतिश्याय हो जाता है एवं प्रतिश्याय से खांसी तथा खांसी से धातुक्षय की उत्पत्ति होती है। यह (कास) धातु-क्षय से शोष नामक रोग को उत्पन्न करता है। कास से ओजक्षय और ओजक्षय से राजयक्ष्मा रोग होता है। वे रोग पूर्व-पूर्व में रोग ही रहते हैं बाद में (असात्म्येन्द्रियार्थ-संयोग आदि निदानों से) निदान के कार्य को करनेवाले होते हैं। अर्थात् दूसरे रोग की उत्पत्ति में साक्षात् कारण बनते हैं ॥

व्याधिवैचित्र्यम्—

कश्चिद्धि रोगो रोगस्य हेतुर्भूत्वा प्रशाम्यति ॥ १६ ॥
न प्रशाम्यति चाप्यन्यो हेत्वर्थं कुरुतेऽपि च ।

रोग की विचित्रता—कोई रोग दूसरे रोग का कारण होकर स्वयं शान्त हो जाता है। इसके विपरीत कोई दूसरे रोग को उत्पन्न कर देता है और स्वयं शान्त भी नहीं होता ॥

निदानज्ञानस्यावश्यकता—

एवं कृच्छ्रतमा नृणां दृश्यन्ते व्याधिसङ्कराः ॥ १७ ॥
तस्माद्यत्नेन सद्वैद्यैरिच्छद्भिः सिद्धिमुत्तमाम् ।
ज्ञातव्यो वक्ष्यते योऽयं ज्वरादीनां विनिश्चयः ॥ १८ ॥

निदान के ज्ञान की आवश्यकता—पूर्वोक्त प्रकार से रोगी मनुष्यों में कष्ट से साध्य रोगों के सांकर्य (कई रोगों से मिश्रित) दिखाई देते हैं। इसलिये अच्छे वैद्यों को चिकित्सा-विज्ञान में उत्तम सफलता की प्राप्ति के लिये यत्नपूर्वक आगे कहे जानेवाले ज्वर आदि के विनिश्चय (निदान आदि) का अच्छी तरह ज्ञान करना चाहिये ॥

अथ ज्वरनिदानम्

ज्वरसंप्राप्तिः—

दक्षापमानसंक्रुद्धरुद्रनिःश्वाससंभवः ।
ज्वरोऽष्टधा पृथग्द्वन्द्वसंघातागन्तुजः स्मृतः ॥ १९ ॥

पर्याय—ज्वर (संस्कृत), फीवर या पाइरेक्सिया (अंग्रेजी), हुम्मा (अरबी)—

दक्षप्रजापति के अपमान से कुपित रुद्र के निश्वास से ज्वर का प्रादुर्भाव हुआ है। वह ज्वर वातज, पित्तज, कफज, वातपित्तज, वातकफज, पित्तकफज, त्रिदोषज तथा आगन्तुकभेद से आठ प्रकार का होता है ॥ १९ ॥

विमर्श—ज्वर सभी रोगों में प्रधान है, क्योंकि उपस्थिति या अनुपस्थिति प्रत्येक व्याधि में महत्वपूर्ण स्थान रखती है अतः ज्वर का वर्णन सर्वप्रथम करते हैं। सभी शारीरिक रोगों में ज्वर की उत्पत्ति सर्वप्रथम हुई है। ज्वर सभी रोगों में बलवान् भी है देह, इन्द्रिय तथा मन को संतप्त करता है, जन्म तथा मृत्यु के समय अवश्यंभावी है, स्थावर-जंगम-रूप सभी भूतों में रहनेवाला भी है। इसीलिये चरकाचार्य ने लिखा है—देहेन्द्रियमनस्तापी सर्वरोगाग्रजो बली। ज्वरः प्रधानो रोगाणामुक्तो भगवता पुरा ॥ तस्य प्राणिसपत्नस्य ध्रुवस्य प्रलयोदये। च. चि. ३. इत्यादि और ज्वरेणाविशता भूतं नहि किंचिन्न तप्यते। पालकाप्य विरचित हस्त्यायुर्वेद के नवम महारोग-स्थान में विभिन्न प्राणियों में ज्वर के विशिष्ट नाम दिये गये हैं। पालकः स तु नागानामभितापस्तु वाजिनाम्। गवामीश्वरसंज्ञश्च मानवानां ज्वरो मतः ॥ अजावीनां प्रलापाख्यः करभे चालसो मतः। हारिद्रो महिषीणां तु मृगरोगो मृगेषु च ॥ पक्षिणामभिघातस्तु मत्स्येष्विन्द्रमदो मतः। पक्षपातः पतङ्गानां व्यालेष्वहिक-संज्ञितः ॥ तथा च जलस्य नीलिका, भूमेरूषरः, वृक्षस्य कोटरः इत्यादि। ज्वरको हाथियों में पालक, घोड़ों में अभितापन, गायों में ईश्वर, मनुष्यों में ज्वर बकरी और भेड़ों में प्रलाप, ऊंट में अलस, भैंसों में हारिद्र, मृगों में मृगरोग, पक्षियों में अभिघात, मछलियों में इन्द्रमद, पतङ्गों में पक्षपात, तथा सर्पों में अहिक नाम दिया जाता है। इसी प्रकार जल की नीलिका, भूमि का ऊषर तथा वृक्ष का कोटरज्वर का ही रूप है।

ज्वरनिदान में दक्षापमान-संक्रुद्ध, रुद्रनिश्वास-संभव इत्यादि से ज्वर के विप्रकृष्ट कारण को बताते हुए एक ऐतिहासिक घटना का दिग्दर्शन कराया गया है।

कथानक निम्न प्रकार हैं—प्राचीनकाल में दक्षप्रजापति की कन्या सती के स्वयंवर में उपस्थित शंकर जी को अपने पिता के बार २ विरोध करने पर

भी सती ने वरण किया था। तभी से दक्ष तथा शंकर का कटु सम्बन्ध चला आता था और दोनों का वैवाहिक सम्बन्ध को लेकर महान् विरोध हो गया था। इसके बाद दक्ष ने एक महान् यज्ञ का आयोजन किया जिसमें तत्कालीन सभी देवताओं को आमन्त्रित किया गया था किन्तु यह जानते हुए कि शंकर जी का यज्ञ में सर्वप्रथम स्थान है उनकी उपेक्षा की गई। सती बिना आमन्त्रण के ही बार २ शंकर जी के निषेध करने पर भी हठपूर्वक पिता के यज्ञ में जाने को तैयार हो गईं। सती के हठ को देखकर श्रीशंकर जी ने अपने कुछ विशिष्ट गणों के साथ यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। वहां जाने पर सती को कोई सम्मान नहीं मिला और न शंकर जी के लिये यज्ञ में कोई भाग (स्थान) था। इस अपमान के कारण सती ने योगानल के द्वारा अपने शरीर को भस्म कर डाला। इस समाचार को पाते ही शंकर जी के गण, यज्ञ को विध्वंस करना-प्रारम्भ कर दिये।

इसके बाद शंकर जी वहां आये और अपना तृतीय नेत्र खोल कर उन्होंने क्रोधपूर्वक श्वास छोड़ा जिससे ज्वर (ताप) की उत्पत्ति हुई और इसी ज्वर से अपमान कर्ताओं का विनाश हुआ तभी से इस ताप को ज्वररोग की संज्ञा दी गई।

दूसरा प्रकार यह है कि यज्ञ में सती ने अपने घोर अपमान को न सह सकने के कारण योगाग्नि से अपने को भस्म कर दिया। इस समाचार को जानकर भगवान शंकर की क्रोधाग्नि प्रज्वलित हो उठी एवं उन्होंने ससैन्य आकर नगर को घेर लिया और यज्ञ में उपस्थित दक्ष के सहयोगी राजाओं के साथ तुमुल युद्ध हुआ और उसमें अनेक संहारक तथा विषैले अस्त्रों का प्रयोग किया गया जिससे अनेक रोगों की उत्पत्ति हुई। उनमें ज्वर विशेष है अतः सर्वप्रथम ज्वर का वर्णन किया जाता है।

यद्यपि इस उपाख्यान की चिकित्सा शास्त्र में उपयोगिता नहीं है फिर भी आर्षप्रतिपादित होने के कारण विप्रकृष्ट निदान का कारणभूत दक्षापमान के क्रोध से उत्पन्न निःश्वास ही ज्वररूप में उत्पन्न हुआ है। वस्तुतः यह कथा ज्वरोत्पत्ति का रूपकमात्र है। कोपोद्भव का अर्थ तैजस है। तात्पर्य यह है कि शरीर में तेजोगुण की वृद्धि के कारण ही ज्वर की उत्पत्ति होती है। क्रोध को आग्नेय माना गया है। क्योंकि चरक ने "क्रोधात्पित्तम्" क्रोध से पित्त की वृद्धि होती है ऐसा कहा है। शरीरान्तःसंचारी पित्त को ही सुश्रुत ने अग्नि संज्ञा प्रदान की है, इस प्रकार "सर्वदा सर्वभावानां सामान्यं वृद्धिकारणम्" इस कथन के अनुसार पित्तवर्द्धक क्रोध का आग्नेयस्वरूप सिद्ध हो जाता है। यदि क्रोध आग्नेय न होता तो उससे पित्त की वृद्धि भी असम्भव थी। इसी

आधार पर ही प्रत्येक ज्वर में पित्त को प्रकृतिस्थ रखनेवाले उपचार किये जाते हैं। इसी आशय से वाग्भट ने भी कहा है कि पित्त के बिना उष्ण या गर्मी नहीं हो सकती और ज्वर, बिना ऊष्मा या तापक्रम बढ़े नहीं हो सकता अतः ज्वर में पित्त को कुपित करनेवाले औषधि द्रव्यों का परित्याग कर देना चाहिए। चरक ने ही नवीन ज्वर में अन्य पाचक रसों को छोड़कर पित्त-शामक तिक्त रस का ही प्रयोग किया है।

दक्ष का अर्थ वायु और रुद्र का अर्थ अग्नि है, वायु की विकृति से अग्नि की विकृति और इन दोनों की विकृति से ज्वर की उत्पत्ति होती है। ज्वर में कोष्ठस्थ अग्नि विकृत हो जाती है, इसका निर्देश शोढल ने—'मिथ्याहारविहाराभ्यामि'त्यादि श्लोकों के द्वारा किया है। सामान्यतः ज्वर एवं सन्ताप पर्यायवाची माना जाता है, सन्ताप से शरीर की ताप-वृद्धि ही समझी जानी चाहिए। किन्तु ताप-क्रम की वृद्धि ज्वर का विशिष्ट लक्षणमात्र है, स्वयं ज्वर नहीं है। चरक ने कहा है—"ज्वरप्रत्यात्मिकं लिङ्गं संतापो देहमानसः। ज्वरेणाविशता पूर्वं न हि किञ्चिन्न तप्यते" तथा "सन्तापः सारुचिस्तृष्णा साङ्गमर्दो हृदि व्यथा। ज्वरप्रभावः" (च. चि. अ. ३)

अङ्गमर्द, अरुचि आदि अन्य लक्षणों से युक्त विशिष्ट प्रकार की तापक्रम-वृद्धि को ही ज्वर कहते हैं। तापक्रम एवं लक्षणों की विशेषता के आधार पर ही ज्वरों का सापेक्ष निश्चय होता है। विशिष्ट सम्प्राप्ति तथा अनेक लक्षणों का समूह होने के कारण ज्वर भी अन्य रोगों के समान रोग की श्रेणी में ही परिगणित होता है। इसके अतिरिक्त यह अन्य लक्षणों से भिन्नता रखते हुए भी सम्पूर्ण औपसर्गिक रोगों की किसी न किसी अवस्था में अनिवार्य रूप से पाया जाता है। काम-क्रोध आदि मानसिक विकार, अंशुघात आदि अनौपसर्गिक कारणों से भी ज्वर की उत्पत्ति होती है। इन सभी में तापक्रम-वृद्धि के साथ साथ अन्य विशिष्ट लक्षणों का भी समावेश रहता है। ज्वर और तापक्रम-वृद्धि का घनिष्ठतम साहचर्य रहने पर भी दोनों को एक नहीं माना जा सकता, क्योंकि आन्त्रिक ज्वर, रोहिणी तथा तृणाणुमयता में कदाचित् तापक्रम की उपस्थिति नहीं भी रहती है। अन्तर्वेग ज्वर में भी साधारणतया बाह्य ताप का अनुभव नहीं होता, रोगी को अन्तः संताप होता है तथा वह प्रलाप करता है। अतः बाह्य संताप से ही ज्वर का अनुमान नहीं किया जा सकता अपि तु अन्य अनुषङ्गी लक्षणों का भी आश्रय लेना पड़ता है। इस प्रकार के ज्वर को निस्ताप ज्वर भी कहते हैं। चक्रपाणि ने भी कहा है—कि वातश्लेष्म-ज्वर में उष्णता की अनुभूति नहीं होती है—"वातश्लेष्मकृतेपि ज्वरेऽनुष्ण उपतापो भवति"। इस प्रकार चरकोक्त उपास्थान रूपक का स्थान ग्रहण

करता है। दक्ष, क्रोध तथा रुद्र का ठीक २ अर्थ समझ लेने पर रूपक की वास्तविकता स्पष्ट हो जाती है। दक्ष का अर्थ इन्द्रियां है उनके अविवेक से प्रयुक्त मिथ्याआहार-विहार, जीवाणुजन्य विष ही ज्वर के विशिष्ट लक्षण ताप की वृद्धि करने के कारण अपमान कहलाते हैं। क्रोध तैजस माना गया है अतः औपसर्गिक या अनौपसर्गिक विष की प्रतिक्रिया से उत्पन्न शरीर की तैजस प्रवृत्ति को ही क्रोध कहते हैं। क्रोध का अधिष्ठातृ-देवता रुद्र है अतः जहां भी क्रोध की सत्ता होगी वहां सर्वत्र रुद्र की उपस्थिति भी होती है। तैजस प्रवृत्ति एक शक्ति शरीर में उसका नियामक ताप-नियन्त्रक केन्द्र है। विष द्वारा उसके विकृत होने से शरीर से ताप का निर्हरण कम होने पर ताप की वृद्धि होती है। इस प्रकार दोषों के प्रकोप या केन्द्र की विकृति ही रुद्र का कोप कहा जा सकता है। ज्वरोत्पत्ति के रूपक का सारांश यह है कि—असात्म्य पदार्थों की शरीर में उत्पत्ति (विषोत्पत्ति = दक्ष का अपमान) ताप-नियन्त्रक केन्द्र की विकृति (रुद्रकोप), रक्त प्रवाह की वृद्धि (कुपित रुद्र का निश्वास), त्वचा द्वारा ताप निर्हरण का अभाव, ताप की वृद्धि = ज्वर।

ज्वर की उत्पत्ति का विवरण—शरीर का स्वाभाविक ताप क्रम ९७.४ से ९८, ४ तक रहता है। यह मुख का ताप क्रम है। कक्षा का तापक्रम इससे एक डिग्री कम रहता है। प्रातः काल से सायं काल का तापक्रम एक डिग्री अधिक रहता है। इससे अधिक तापक्रम का होना ज्वर का निदर्शक है।

ताप की दृष्टि से सांसारिक सभी प्राणियों को दो बड़े वर्गों में विभक्त कर सकते हैं (१) विविधतापी (शीतरक्त का) (२) समतापी (उष्ण रक्त का)

(१) विविधतापी—ऋतु तथा अन्य बाह्य वातावरण के अनुसार इस वर्ग के प्राणियों का शरीर का तापक्रम निरन्तर परिवर्तित होता रहता है। इसको शीतरक्त प्राणी भी कहते हैं। इस वर्ग में मेढक, सांप तथा कछुआ आ जाते है।

(२) समतापी—ऋतु तथा अन्य बाह्य परिस्थिति की अपेक्षा न करके इस वर्ग के प्राणियों के शरीर का तापक्रम प्रकृत अवस्था में सदा समान रहता है। इसको उष्ण रक्त का प्राणी कहते हैं। इस वर्ग में मनुष्य पक्षी तथा स्तन-धारी प्राणी आ जाते हैं।

शरीर में उष्णता की उत्पत्ति तथा उसका विनाश समान रूप में अबाध गति से चलता रहता है। इन दोनों क्रियाओं के प्रकृत रहने पर ही समतापी प्राणियों के शरीर का ताप निश्चित अंश तक रहता है।

शरीर की उष्णता का नाश त्वचा, फुफ्फुस, मल तथा मूत्र के द्वारा होता है। इसमें सबसे अधिक उष्णता का नाश त्वचा के द्वारा होता है। त्वचा से ताप का नाश विकिरण, संवहन तथा वाष्पीभवन के द्वारा होता है। जिस अवस्था में बाह्य वातावरण का ताप साधारण रहता है उस समय विकिरण तथा संवहन क्रिया के द्वारा ताप का नाश होता है, किन्तु जब ग्रीष्म ऋतु में वातावरण का तापक्रम उच्चतम हो जाता है तो परिसरीय केशिकायें विस्फारित हो जाती हैं जिससे स्वेद-ग्रन्थियों की क्रियाशीलता बढ़ जाती है और स्वेद अधिक उत्पन्न करने लगती है। इसी अवस्था में स्वेद के वाष्पीभवन से उष्णता का नाश होता है। शीतकाल में केशिकायें संकुचित रहती हैं जिससे शरीर का ताप बाहर नहीं निकल पाता। उस समय अनावश्यक प्रवृद्ध ताप का नाश फुफ्फुस एवं वृक्कों द्वारा होता है। वातावरण की आर्द्रता, संकीर्ण वस्त्र, स्वेदपिण्डों की अकार्यकारिता एवं त्वचा की अस्वच्छता, इन कारणों से भी त्वचा द्वारा ताप का नाश नहीं होता है। इस प्रकार शरीर के अन्दर निरन्तर शरीर में उष्णता की उत्पत्ति तथा उष्णता का नाश समान रूप से चलता रहता है।

समतापी प्राणियों के मस्तिष्क को कन्दावधरिक भाग में शरीर के ताप को सदा समान रूप से बनाये रखने के लिये एक ताप नियामक केन्द्र रहता है जो ताप को समान मात्रा में रखने के लिये उत्पत्ति के अनुपात से उसका नाश भी करता रहता है। नियामक केन्द्र दोनों का नियमन करता है किन्तु उष्णता की उत्पत्ति की अपेक्षा उष्णता के नाश से इसका अधिक सम्बन्ध है। यह अपने सम्पर्क में आनेवाले शरीर के अन्तर्गत उष्णता को जानकर उसके अनावश्यक भाग को त्वचा या दूसरे साधनों द्वारा नाश करा देता है। इसी प्रकार शीतकाल में बाह्य शीत से रक्षा करने के लिये त्वचागत वाहिनियों में संकोच कराकर ताप निर्हरण को रोकता है।

इस प्रकार तापनियामक केन्द्र शरीर में उष्णता उत्पन्न करनेवाले तथा ताप का निरन्तर विनाश करनेवाले साधनों (वृक्क, फुफ्फुस, त्वचा तथा मल) से शरीर का ताप सदा साम्यावस्था में रहता है। जब तक केन्द्र स्वस्थ रहता है और ताप की उत्पत्ति एवं विनाश का कार्य क्रमपूर्वक चलता रहता है तब तक शरीर का ताप भी प्राकृतावस्था में रहता है। किन्तु जिस अवस्था में लू लगने, चोट लगने, मस्तिष्कगत रक्तस्राव आदि अनौपसर्गिक कारणों तथा विष एवं रोगोत्पादक जीवाणुओं से उत्पन्न औपसर्गिक विष से विकृत हो जाता है तो शरीर का ताप भी स्वाभाविक नहीं रह पाता। शारीरिक ताप के वृद्धि का प्रधान कारण उष्णता-नाश की कमी है, उष्णोत्पत्ति की अधिकता नहीं।

स्वस्थावस्था या ज्वरितावस्था में भी रात्रि को सोते समय ऐच्छिक पेशियों का कार्य न होने से उष्णता की अधिक उत्पत्ति नहीं होती अतः प्रातःकाल में तापक्रम कुछ कम रहता है। किन्तु दिन में ऐच्छिक पेशियां क्रियाशील रहती हैं अतः ताप की अधिक वृद्धि होने से सायंकाल का तापक्रम प्रातकःाल की अपेक्षा अधिक रहता है। कभी २ राजयक्ष्मा, मस्तिष्कावरण शोथ तथा आन्त्रिक ज्वर में प्रातःकाल ज्वर बढ़ता है और सायंकाल को घटता है यह विपरीत स्थिति चिन्ताजनक होती है। इसको विपरीत क्रम कहते हैं। इससे सिद्ध हुआ कि रक्तप्रवाह में घूमते हुए जीवाणुजन्य या समवर्तजन्य विष से ताप की अत्यधिक उत्पत्ति एवं तापनियन्त्रक केन्द्र की विकृति के परिणाम स्वरूप ताप-निर्हरण की कमी का सम्मिलित परिणाम ही ज्वर है ॥ १९ ॥

(वातपित्तकफोद्भूतः सन्निपाताभिचारजः।
देवग्रहप्रकोपोत्थो मानसोऽष्टविधः स्मृतः ॥ २० ॥

अष्टविध ज्वर का निरूपण प्रकारान्तर से किया गया है—१. वातोद्भूत, २. पित्तोद्भूत, ३. कफोद्भूत, ४. सन्निपातज, ५. अभिचारज, ६. देवप्रकोपजन्य, ७. ग्रहप्रकोपजन्य तथा ८. मानस, ये आठ प्रकार के ज्वर हैं ॥ २० ॥

शोकात्क्रोधात्तथा मोहात्सन्तापाद्बलहानितः।
अन्तकाले च मर्त्यानां जायन्ते दारुणा ज्वराः ॥ २१ ॥
अन्येऽपि विविधाकारा व्यायामाजीर्णसंभवाः।
धातोरसात्म्यवैषम्यैः कायजाता ह्यनेकधा ॥ २२ ॥)

इस प्रकार शरीर में उत्पन्न अनेक प्रकार के ज्वर हैं जैसे शोक से, क्रोध से, मोह से, संताप से, बलक्षीण होने से तथा मनुष्यों की मृत्यु के समय भयंकर ज्वर होता है। और भी व्यायामजन्य, अजीर्णजन्य, असात्म्य धातुजन्य, तथा वैषम्य धातुजन्य अनेक प्रकार के ज्वर उत्पन्न होते हैं ॥ २१–२२ ॥

विमर्श—ज्वर के ये भेद पूर्वपरिगणित अष्टविध ज्वर में ही अन्तर्भूत हो जाते हैं। शोक, क्रोध, मोह, संताप तथा बल-क्षीणताजन्य ज्वर, आगन्तुक ज्वर का ही स्वरूप है। असात्म्य-धातुजन्य तथा वैषम्यधातुजन्य ज्वर भी दोष प्रकुपित ज्वर के अन्दर ही अन्तर्भूत हो जाता है। अष्टांगहृदय में आगन्तुक ज्वर का चार भेद बताया है—"आगन्तुरभिघाताभिषङ्गशापाभिचारतः। चतुर्धा" किन्तु आगन्तुक ज्वर शोकक्रोधमोहादि से उत्पन्न अनेक प्रकार के होते हैं। आठ प्रकार के ज्वर को महर्षियों ने देखा है। संक्षिप्त में ज्वर दो प्रकार का है, (१) शारीरिक (२) मानसिक या सौम्य और तीक्ष्ण, अथवा अन्तराश्रय और बहिराश्रय तथा प्राकृत और वैकृत, साध्य और असाध्य

तथा साम और निराम। इस प्रकार विधि-भेद से यह ज्वर दो-दो प्रकार का है, यथा—"इति ज्वरोऽष्टधा दृष्टः समासाद् द्विविधस्तु सः। शारीरो मानसः सौम्यस्तीक्ष्णोऽन्तर्बहिराश्रयः॥ प्राकृतो वैकृतः साध्योऽसाध्यः सामो निरामकः। (अष्टा० नि० ४७)॥ २१-२२॥

मिथ्याहारविहाराभ्यां दोषा ह्यामाशयाश्रयाः।
बहिर्निरस्य कोष्ठाग्निं ज्वरदाः स्यू रसानुगाः॥ २३॥

मिथ्या आहार-विहार से प्रकुपित वात, पित्त या कफ आमाशय में आश्रित होने पर रस के साथ सम्पूर्ण शरीर में अनुगामी (व्याप्त) होते हैं और कोष्ठ-गत अग्नि को बाहर निकाल कर ज्वर उत्पन्न करते हैं॥ २३॥

विमर्श—आहार के उपयोग के साधन, प्रकृति, करण आदि आठों के विपरीत उपयोग ही आहार का मिथ्यात्व है। चरक ने कहा भी है कि आहार-विधि के आठ प्रधान साधन होते हैं। "तत्र खल्विमान्यष्टावाहारविधिविशेषायतनानि भवन्ति। तद्यथा—प्रकृति, करण-संयोग-राशि-देश-कालोपयोगसंस्थोपयोक्तृष्टमानि"॥

प्रकृति—द्रव्यों का नैसर्गिक गुरुत्व एवं लघुत्व ही प्रकृति कहलाती है। जैसे उड़द प्रकृति से गुरु और मूंग प्रकृति से लघु होता है। इस गुरुत्व एवं लघुत्व का बिना विचार किये आहार का सेवन करना प्रकृति का मिथ्यापन कहलाता है।

करण—द्रव्यों के स्वाभाविक गुण में परिवर्तन करना ही करण है। जैसे धान से बनाया चावल गुरु है और उसी से बनाया खील (धान का लावा) लघु होता है।

संयोग—दो या अधिक वस्तुओं के संमिश्रण को संयोग कहते हैं और इसी से नवीन वस्तु की उत्पत्ति होती है। कुछ वस्तुओं को मिलाकर खाना हानिप्रद होता है। जैसे—दूध और मछली, कटहल और पान। अतः हानिप्रद इन वस्तुओं को जानकर सेवन करना नितान्त आवश्यक है। इसको न जानकर असंयोज्य पदार्थों का संयोग कर आहार में प्रयोग करना संयोगजन्य मिथ्यात्व कहलाता है।

राशि—चावल, दाल, आटा तथा शाक आदि प्रत्येक खाद्य पदार्थों के अलग अलग एवं संमिलित परिमाण का ज्ञान राशि के अन्तर्गत आता है। इससे भोजन का सम्पूर्ण एवं अलग-अलग मात्रा का निर्धारण होता है। मात्रा का बिना ज्ञान किये ही अपरिमाणवत् आहार करना आहार का राशिजन्य मिथ्यात्व कहा जाता है।

देश—खाद्य पदार्थ के उत्पत्ति-स्थान को जानकर उसके गुरुत्व-लघुत्वादि

गुणों का परिज्ञान करना देश ज्ञान के अन्तर्गत समझना चाहिए। बिना इसके ज्ञान के गुरु को लघु तथा लघु को गुरु समझ कर सेवन करने से रोगों की उत्पत्ति हो सकती है। आहार का देशजन्य मिथ्यात्व भी ज्वर का उत्पादक है।

काल—काल दो प्रकार का होता है—नित्यग काल एवं आवस्थिक काल। ऋतुरूप काल को नित्यग काल तथा रोगावस्था के काल को आवस्थिक काल कहते हैं। ऋतु एवं रोगावस्था को ध्यान में रखते हुए ही तदनुकूल आहार का सेवन किया जाता है। इसका ज्ञान न होने पर कालजन्य आहार का मिथ्यात्व होता है।

उपयोग संस्था—पच जाने पर ही भोजन करे, उष्ण ही भोजन करे, धीरे २ भोजन करे, इत्यादि आहार-सेवन करने के नियम हैं। इसको उपयोग संस्था कहते हैं। इसके विपरीत उपयोग भी आहारजन्य मिथ्यात्व ही है।

उपयोक्ता—आहारसेवन करने वाला व्यक्ति उपयोक्ता कहलाता है। उसको अपनी प्रकृति एवं सात्म्यासात्म्य का विचार करके भोजन-सेवन करना चाहिए। सात्म्य एवं असात्म्य का बिना विचार किये ही भोजन करना आहार-मिथ्यात्व ही है। इस प्रकार भोजन के उपर्युक्त विचारणीय आठ अङ्गों पर ध्यान न देने से आहार मिथ्यात्व का दोष उत्पन्न होता है और फलस्वरूप ज्वर की या अन्य रोगों की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार "अकाले चातिमात्रं च ह्यसात्म्यं यच्च भोजनम्। विषमं चापि यद् भुक्तं मिथ्याहारः स उच्यते"॥ इत्यादि मिथ्याहार से ज्वर की उत्पत्ति होती है।

मिथ्याविहार—अपनी शक्ति से अधिक या बहुत कम कार्य करना ही विहार का मिथ्यात्व कहलाता है। जैसे "अशक्तः कुरुते कर्म शक्तिमात्रं करोति यः। मिथ्याविहार इत्युक्तः सदा तं परिवर्जयेत्"। जैसे—अतिव्यवाय, उपवास, रात्रिजागरण तथा धातुक्षय आदि विहार वात-दोष की वृद्धि के कारण हैं। ये ही मिथ्याविहार दोषों को प्रकुपित कर ज्वरोत्पत्ति के कारण बनते हैं। इसी प्रकार पित्त तथा कफ के प्रकोपक विहार बताये गये हैं।

इस प्रकार मिथ्या आहार-विहार से प्रकुपित दोष (वात, पित्त, कफ) आमाशय में स्थित होकर ज्वर की उत्पत्ति करते हैं। "नाभिस्तनान्तरं जन्तोरामाशय इति स्मृतः" इस चरक के वचनानुसार नाभि तथा स्तन के बीच का भाग आमाशय कहलाता है। इससे महास्रोतमात्र का ग्रहण प्रायः हो जाता है। वस्तुतः सभी ज्वरों में आन्त्र की अपेक्षा आमाशय (स्टमक) की विकृति अनिवार्य है।

"कोष्ठाग्नि बहिर्निरस्य"—कोष्ठाग्नि बाहर निकलकर त्वचा में प्रविष्ट कर ताप को उत्पन्न करती है। यथार्थ में ज्वरितावस्था मे या ज्वरसम्प्राप्ति-काल

में पाचक रसों की कमी के कारण कोष्ठस्थ अग्नि मन्द पड़ जाती है और त्वचा-गत ताप की वृद्धि होती है।

रसानुगाः—का तात्पर्य यह है कि—दूषित दोष रस धातु से मिलकर ही ज्वर को उत्पन्न करते हैं। ज्वर में रस का दूषित होना अनिवार्य है। रस त्वचा के आश्रित रहता है अतः त्वचा में ही ताप की अनुभूति विशेषरूप से होती है। निज ज्वरों में प्रारम्भ से ही और आगन्तुक ज्वरों में कुछ समय बाद दोषों का अनुबन्ध हो जाने पर कोष्ठ की दुष्टि हो जाती है। पाचक रसों का स्राव कम या बन्द हो जाता है, अतएव तरुण ज्वर में लंघन का उपदेश किया गया है। आमरस से स्वेद आदि का वहन करने वाले स्रोतों में भी अवरोध हो जाता है एवं रोगी का सम्पूर्ण शरीर उष्ण हो जाता है। निज ज्वरों में रस की सामता को दूर करने के लिये ही "लंघनं स्वेदनं कालो यवागवस्तिक्तको रसः। पाचनान्यविपक्वानां दोषाणां तरुणज्वरे'॥ लंघन आदि उपाय किये जाते हैं॥ २३॥

(प्रतिरोगमिति क्रुद्धा रोगाधिष्ठानगामिनीः।
रसायनीः प्रपद्याशु दोषा देहे विकुर्वते॥ २४॥)

प्रत्येक रोगों की प्राप्ति प्रकुपित वातादि दोष, भावी रोगों के अधिष्ठान (आश्रय) को अनुगमन करने वाली रसायनियों (स्रोतों) को प्राप्त कर शरीर में विकार उत्पन्न करते हैं। अर्थात्, रोगों को उत्पन्न करने वाले आश्रयीभूत स्थानों में विचरण करने वाली रसायनियों को प्राप्त कर, यानी अपने प्रकोपों के द्वारा दूषित हो कर शरीर में विकार उत्पन्न कर देते हैं॥ २४॥

ज्वरस्य सामान्यलक्षणम्—

स्वेदावरोधः सन्तापः सर्वाङ्गग्रहणं तथा।
युगपद्यत्र रोगे च स ज्वरः परिकीर्तितः॥ २५॥

ज्वर का सामान्य लक्षण—स्वेद का अवरोध, संताप एवं सभी अवयवों में पीड़ा, ये लक्षण एक साथ जिस रोग में हों उसे ज्वर कहते हैं॥ २५॥

विमर्श—ज्वर के लक्षण मे केवल ताप न कहकर संताप कहा गया है क्योंकि केवल शरीर का ताप ही नही ज्वर है बल्कि देह, इन्द्रिय तथा मन का जिस मे संताप होता है वह ज्वर है। "देहेन्द्रियमनस्तापी" (च. चि. अ. ३) "इन्द्रियाणां च वैकृत्यं ज्ञेयं संतापलक्षणम्" (च. चि. अ. ३) अर्थात् ज्वर देह, इन्द्रिय तथा मन सभी को सन्तप्त करता है। ज्वर मे सभी लक्षणों का होना आवश्यक है इसीलिये युगपद् कहा गया है। अन्यथा अलग लक्षण को ज्वर मानने पर स्वेदावरोध कुष्ठरोग के पूर्वरूप मे होता है अतः उसको भी ज्वर मानना पड़ेगा। इसी प्रकार संतापदाह मे और सर्वाङ्गग्रहण, सर्वाङ्ग-

वात में पाया जाता है। अतः एक साथ सभी लक्षणों के उपस्थित होने पर ही ज्वर कहेंगे ॥ २५ ॥

ज्वरे गात्रोष्णतायाः स्वेदावरोधस्य च हेतुः—

दोषैः सवेगैर्बहुधा समुद्धान्तैर्विमार्गगैः ।
विक्षिप्यमाणोऽन्तरग्निर्भवत्याशु बहिश्चरः ॥ २६ ॥
रुणद्धि चाप्यपां धातुं यस्मात्तस्माज्ज्वरातुरः ।
भवत्यत्युष्णगात्रश्च न च स्विद्यति सर्वशः ॥ २७ ॥

ज्वर में शरीर के उष्ण तथा स्वेदावरोध का कारण—अधिकतर विमार्गगामी, उद्धत वेगवाले दोषों से विक्षिप्त होने पर अन्तरग्नि शीघ्र ही बाहर निकल जाती है और जलतत्त्व को रोक देती है, अतः ज्वरपीडित व्यक्ति का शरीर उष्ण हो जाता है और स्वेदोद्गम नहीं होता है ॥ २६–२७ ॥

ज्वरस्य सामान्यपूर्वरूपाणि—

श्रमोऽरतिर्विवर्णत्वं वैरस्यं नयनप्लवः ।
इच्छाद्वेषौ मुहुश्चापि शीतवातातपादिषु ॥ २८ ॥
जृम्भाऽङ्गमर्दौ गुरुता रोमहर्षोऽरुचिस्तमः ।
अप्रहर्षश्च शीतं च भवत्युत्पत्स्यति ज्वरे ॥ २९ ॥

सामान्यतो-

ज्वर का सामान्य पूर्वरूप—थकावट, चित्त की अस्थिरता या किसी काम में मन न लगना, विवर्णता, मुख का स्वाद खराब होना, आंखों से पानी आना, शीतल हवा तथा धूप में बैठने की कभी इच्छा होना और कभी द्वेष (अनिच्छा) होना, जम्भाई आना, अंगड़ाई (देह टूटना) तथा शरीर में भारीपन होना, रोमाञ्च होना, अरुचि (खाने की इच्छा न होना), आंखों के सामने अन्धेरा आना, किसी भी पदार्थ में रुचि न होना तथा कुछ ठण्ढक प्रतीत होना, ये ज्वर के सामान्य पूर्वरूप हैं ॥ २८–२९ ॥

ज्वरस्य विशिष्टपूर्वरूपाणि—

विशेषात्तु जृम्भाऽत्यर्थं समीरणात् ।
पित्तान्नयनयोर्दाहः कफादन्नारुचिस्तथा ॥ ३० ॥
रूपैरन्यतराभ्यां तु संसृष्टैर्द्वन्द्वजं विदुः ।
सर्वलिङ्गसमवायः सर्वदोषप्रकोपजे ॥ ३१ ॥

ज्वर के विशिष्ट पूर्वरूप—अधिक जम्भाई आना वातज्वर का, आंखों में जलन होना पित्तज का तथा अन्न में अत्यन्त अरुचि होना कफज का विशिष्ट पूर्वरूप है। किसी दो दोषों के विशिष्ट पूर्वरूप मिलने पर द्वन्द्वज के विशिष्ट पूर्वरूप होते हैं एवं सब दोषों के प्रकोप होने पर सभी दोषों के विशिष्ट पूर्वरूप उपस्थित होते हैं ॥ ३०–३१ ॥

विमर्श—अपने कारणों से प्रकुपित दोष, जब पूर्वरूप होने से पूर्व सम्प्राप्ति की अवस्था में स्रोतों में अवरोध तथा जाठराग्नि का नाश कर देते हैं तब शरीर में भारीपन, विना परिश्रम के थकावट की प्रतीति, अङ्गभारी तथा जम्भाई आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं। सम्प्राप्ति की अवस्था को प्राप्त हुए दोष से ही पूर्वरूप की उत्पत्ति होती है। रोमाञ्च होना तथा शीत लगना ये दोनों सहचारी लक्षण हैं। परिसरीय केशिकाओं के संकोच होने के कारण ही ज्वर की प्रारम्भिक अवस्था में रोगी को शीत का अनुभव होता है एवं ठण्ढक से रक्षा के लिये रोंगटे स्वभावतः खड़े हो जाते हैं। "शीतवातपादिषु" में आदि शब्द से जल तथा अग्नि का भी ग्रहण कर लेना चाहिए। क्योंकि चरक में लिखा है "आलस्यं नयने सास्रे जृम्भणं गौरवक्लमः। ज्वलनातपवार्यम्बुभक्तिद्वेषा-वनिश्चितौ॥ अविपाकास्यवैरस्ये हानिश्च बलवीर्ययोः। शीलवैकृतमल्पं च ज्वर-लक्षणमग्रजम्॥ ज्वरोत्पादक विषों का प्रभाव रक्त तथा मस्तिष्क पर भी होने लगता है, अतः आंखों के सामने अन्धेरा छा जाता है॥ ३०-३१॥

वातज्वरलक्षणम्—

वेपथुर्विषमो वेगः कण्ठौष्ठपरिशोषणम्।
निद्रानाशः क्षवस्तम्भो गात्राणां रौक्ष्यमेव च॥ ३२॥
शिरोहृद्वात्ररुग्वक्त्रवैरस्यं बद्धविट्कता।
शूलाध्माने जृम्भणं च भवत्यनिलजे ज्वरे॥ ३३॥

वातज्वर का लक्षण—शरीर में कपकपी, विषमवेग, कण्ठ तथा ओठों का सूखना, नींद का नष्ट होना, छींक का रुक, जाना शरीर में रूक्षता, शिर, हृदय-प्रदेश तथा शरीर के अन्य अंगों में पीड़ा, मुख का स्वाद खराब होना, मल का सख्त होना, उदर-शूल तथा आध्मान की प्रवृत्ति एवं जम्भाई का अधिक आना, ये वातिक ज्वर के लक्षण हैं॥ ३२-३३॥

विमर्श—ज्वर की प्रवृत्ति या वृद्धि को वेग कहते हैं। वातिक ज्वर में इन दोनों का समय निश्चित नहीं होता है अतः सुश्रुताचार्य ने इसको विषम वेग कहा है। चरक भी इसको विषमारम्भविसर्ग मानते हैं। विषमारम्भ की व्याख्या में चक्रपाणि कहा है—"आरम्भ उत्पादः विसर्गो मोक्षः तौ विषमौ यस्य स विषमारम्भविसर्गः" अर्थात् ज्वर का वेग कभी शिर से प्रारम्भ होता है और कभी पीठ से या जङ्घा से तथा कभी तेज होता है और कभी मन्द। इसी प्रकार उसकी निवृत्ति का स्थान भी अनियमित होता है। वात के प्रबल होने के कारण निद्रा का अभाव रहता है। कुछ लोग क्षव और स्तम्भ को पृथक् २ मान कर छींक की प्रवृत्ति एवं शरीर की जड़ता ऐसा अर्थ करते हैं। वस्तुतः यह ठीक नहीं, इसको एक मान कर छींक की रुकावट ही अर्थ करना

चाहिए। क्योंकि वाग्भट ने भी छींक की रुकावट को ही वातज्वर का लक्षण माना है, उसकी प्रवृत्ति को नहीं—"हर्षो रोमांगदन्तेषु वेपथुः क्षवथोर्ग्रहः। भ्रमः प्रलेपो घर्मेच्छा विलापश्चानिलज्वरे" ॥ इसके अलावा चरक ने "भी विषमारम्भ-विसर्गित्वम्" इत्यादि लक्षणों में क्षवथूद्गारनिग्रह के द्वारा छींक-निग्रह या अवरोध का ही प्रतिपादन किया है। वातज्वर में समस्त शरीर में वेदना होती है किन्तु सिर और हृदय में विशेष वेदना की प्रतीति होती है अतः उसका नाम-ग्रहण विशेष रूप से किया गया है। वातज्वर का विशेष काल वर्षा ऋतु है ॥ ३२–३३ ॥

पित्तज्वरलक्षणम्—

वेगस्तीक्ष्णोऽतिसारश्च निद्रालुत्वं तथा वमिः।
कण्ठौष्ठमुखनासानां पाकः स्वेदश्च जायते ॥ ३४ ॥
प्रलापो वक्त्रकटुता मूर्च्छा दाहो मदस्तृषा।
पीतविण्मूत्रनेत्रत्वं पैत्तिके भ्रम एव च ॥ ३५ ॥

पित्तज्वर का लक्षण—पित्तज्वर में ज्वर का वेग तेज होता है, अतिसार निद्रा की कमी तथा वमन होता है, कण्ठ, मुख, ओठ तथा नासिका में पाक हो जाता है, पसीना भी आती है, रोगी प्रलाप करता है, एवं मुंह कड़ुआ हो जाता है, रोगी को रूप आदि विषयों का ठीक-ठीक ज्ञान नहीं रहता है (मूर्च्छा हो जाती है) दाह एवं मत्तता की प्रतीति होती है, प्यास अधिक लगती है, मल-मूत्र तथा नेत्रों का रंग पीतवर्ण का हो जाता है और रोगी को भ्रम प्रतीत होता है ॥ ३४–३५ ॥

विमर्श—पित्त ज्वर में वेग सारे शरीर में एक साथ आता है, द्रवयुक्त मल की प्रवृत्ति होती है। पित्त के द्रवत्व गुण के कारण मल पतला होता है, पित्तज्वर में पित्त की अधिकता होती है अतः वेग तीक्ष्ण स्वरूप में भी होता है। "निद्रानाशोऽनिलात् पित्तात्" सुश्रुत ने भी कहा है। चरक ने "पित्त-च्छर्दनम्" लिखा है अतः पित्त का वमन समझना चाहिए। पित्त के कफ-स्थान आमाशय में आ जाने से पित्त ज्वर में वमन की प्रवृत्ति होती है। स्रोतों के अवरोध हो जाने से सभी ज्वरों में पित्त का अवरोध हो जाता है किन्तु पित्त ज्वर उसका अपवाद है अतः इसमें पसीना की प्रवृत्ति होती है। मूर्च्छा आदि से रूप आदि विषयों के ज्ञान का अभाव या विस्मृति समझनी चाहिए। पित्तकृत ऊष्माजनित रूक्षता से वायु का अनुबन्ध होना स्वाभाविक है अतः वातज्वर के समान इसमें भ्रम होता है। विशेषकर शरद् ऋतु में होता है ॥ ३४–३५ ॥

श्लेष्मज्वरलक्षणम्—

स्तैमित्यं स्तिमितो वेग आलस्यं मधुरास्यता
शुक्लमूत्रपुरीषत्वं स्तम्भस्तृप्तिरथापि च ॥ ३६ ॥
गौरवं शीतमुत्क्लेदो रोमहर्षोऽतिनिद्रता ।
लालास्रावो विडल्पत्वं प्रसेको लवणास्यता ॥ ३७ ॥
नात्युष्णगात्रता छर्दिरङ्गसादोऽविपाकिता ।
प्रतिश्यायोऽरुचिः कासः कफजेऽक्ष्णोश्च शुक्लता ॥ ३८ ॥

श्लेष्म (कफ) ज्वर का लक्षण—कफज्वर में शरीर गीले चमड़े से ढका हुआ सा प्रतीत होता है, वेग मन्द रहता है, आलस्य मालूम पड़ता है तथा मुख का स्वाद मीठा होता है, मल और मूत्र का वर्ण सफेद होता है, शरीर में जकड़न की प्रतीति होती है, अन्न में अरुचि, शरीर में भारीपन तथा ठण्ढक का अनुभव होता है, कफ थूकने की या वमन करने की इच्छा रहती है, रोंगटे खड़े रहते हैं और निद्रा अधिक आती है। लालास्राव (लार निकलना) होता है, अल्पमात्रा में मल की प्रवृत्ति होती है, प्रसेक होता है, मुख का स्वाद नमकीन होता है, शरीर अधिक गरम नहीं रहता, वमन, शरीर में पीड़ा, अपचन, प्रतिश्याय, अरुचि तथा कास, ये लक्षण कफ-ज्वर में होते हैं और नेत्र सफेद वर्ण का रहता है ॥ ३६–३८ ॥

विमर्श—इसका वेग भी सम्पूर्ण शरीर में एक साथ रहता है। मुख का स्वाद मीठा या नमकीन दोनों तरह का हो सकता है। केशिकाओं के संकोच के कारण रोमाञ्चता तथा शीत का अनुभव होता है। इसका प्रकोप वसन्त ऋतु में होता है। माधव-निदानकार ने "लालास्रावो विडल्पत्वम्" के स्थान पर "स्रोतोरोधो रुगल्पत्वम्" कहा है। अन्तर इतना है कि गदनिग्रहकार ने स्रोतोरोध को लिखने की आवश्यकता नहीं समझी क्योंकि दोषों के आम होने पर स्रोतोरोध होना स्वाभाविक ही है। शरीर में पीड़ा तो होती है किन्तु अन्य ज्वरों की अपेक्षा कम पीड़ा होती है ॥ ३६–३८ ॥

वातपित्तज्वरलक्षणम्—

तृष्णा मूर्च्छा भ्रमो दाहः स्वप्ननाशः शिरोरुजा ।
कण्ठास्यशोषो वमथू रोमहर्षोऽरुचिस्तमः ॥ ३९ ॥
पर्वभेदश्च जृम्भा च वातपित्तज्वराकृतिः ।

वातपित्तज्वर का लक्षण—प्यास, मूर्च्छा, भ्रम, दाह, निद्रानाश, सिर में दर्द, गले और मुख का सूखना, वमन की प्रवृत्ति, रोमाञ्च होना, अरुचि, आंखों के आगे अन्धेरा-सा छाया रहना, सन्धियों में पीड़ा तथा जम्भाई की विशेषता, ये वातपित्तज्वर के लक्षण हैं।

विमर्श—इन लक्षणों में बहुत से लक्षण ऐसे हैं जो न तो वात के हैं और न पित्त के हैं, जैसे रोमहर्ष, अरुचि, किन्तु यहां इसको विकृति-विषम-समवायजन्य माना गया है। इसी प्रकार वातश्लेष्मिक ज्वर में स्वेद-प्रवृत्ति एवं सन्ताप, पित्त-कफ ज्वर में अनवस्थित-शीतता एवं दाह, सान्निपातिक ज्वर में आंखों में मलिनता, अश्रुपूर्णता, सिर का इधर-उधर फेंकना ये सभी लक्षण अपने निदान के कारण प्रकुपित समवेत दोष के कारण उत्पन्न हुए नहीं प्रतीत होते अतः उन्हें विकृति-विषम-समवायजन्य लक्षण कहा जाता है। इसी आशय से चरक ने विकृतिविषमसमवायारब्ध द्वन्द्वज तथा सान्निपातिक ज्वर के लक्षणों का वर्णन करके निदानस्थान में वर्णित वात, कफ आदि लक्षणों के अनुसार प्रकृति-समसमवायारब्ध द्वन्द्वज तथा सान्निपातिक ज्वर के लक्षणों का भी निर्देश पृथक् किया है। प्रकृतिसम-समवाय तथा विकृतिसमसमवाय का अर्थ निम्न प्रकार से किया जा सकता है—"प्रकृत्या हेतुभूतया समः कारणानुरूपः समवायः कार्यकारणभावसम्बन्धः प्रकृतिसमसमवायः" अर्थात् रोगी की प्रकृति अर्थात् निदान या कारण के समान समवाय या कार्यकारण भाव का सम्बन्ध होना प्रकृतिसमसमवाय कहलाता है। जैसे सफेद तन्तुओं से बना कपड़ा सफेद ही होता है। कफपित्तज्वर में लिप्ततिक्तास्यता उदाहरण इसी का है। इस प्रकार कारण के अनुरूप कार्य की प्रकृति ही प्रकृतिसमसमवाय है।

विकृतिविषमसमवाय—विकृत्या हेतुभूतया विषमः कारणानुरूपः समवायो विकृतिविषमसमवायः, अर्थात्—विकृति के कारण विषम या कारण के विपरीत समवाय या कार्यकारणभाव सम्बन्ध को विकृतिविषमसमवाय कहते हैं। जैसे पीली रंगवाली हल्दी और सफेद चूने के संयोग से विषम लाल रंग की उत्पत्ति होती है—इसी तरह वातपित्त ज्वर के लक्षणों में रोमहर्ष और अरुचि भी वात या पित्त के स्वतन्त्र लक्षण होते हुए भी इस अवस्था में मिलते हैं, अतः इन्हें विकृतिविषमसमवायारब्ध कहा जाता है। इस प्रकार कारण के अनुरूप कार्य न होना ही विकृतिविषमसमवाय है॥

वातश्लेष्मज्वरलक्षणम्—

स्तैमित्यं पर्वणां भेदो निद्रा गौरवमेव च ॥ ४० ॥
शिरोग्रहः प्रतिश्यायः कासः स्वेदाप्रवर्तनम्।
सन्तापो मध्यवेगश्च वातश्लेष्मज्वराकृतिः॥ ४१ ॥

वातश्लेष्म ज्वर का लक्षण—वातश्लेष्म ज्वर में शरीर गीले कपड़े के समान भीगा सा रहता है, सन्धियों में पीड़ा होती है, नींद अधिक आती है, शरीर भारी रहता है। शिरःशूल, प्रतिश्याय, खांसी, पसीना की अधिकता, शरीर में सन्ताप तथा ज्वर का वेग मध्यम रहता है॥ ४०–४१॥

विमर्श—स्वेदस्य आ समन्तात् प्रवर्तनम् । स्वेदाप्रवर्तनम् = स्वेद की अत्यधिकता ही इसका अर्थ है, क्योंकि हारीत ने भी वात-श्लेष्मज्वर में स्वेद-प्रवृत्ति का वर्णन किया है। स्वतन्त्र या कफ ज्वर में यह स्वेद-प्रवृत्ति लक्षण नहीं मिलता अतः इसे विकृतिविषमसमवायारब्ध कहते हैं।

पित्तश्लेष्मज्वरलक्षणम्—

लिप्ततिक्तास्यता तन्द्रा मोहः कासोऽरुचिस्तथा।
मुहुर्दाहो मुहुः शीतं पित्तश्लेष्मज्वराकृतिः ॥ ४२ ॥

पित्त-श्लेष्मज्वर का लक्षण—पित्त-श्लेष्मज्वर में मुख में (कफ के कारण) लेप सा हुआ रहता है, (पित्त के कारण) मुख का स्वाद कड़वा होता है। तन्द्रा, मूर्च्छा, कास, अरुचि, प्यास तथा बार-बार शीत और दाह का अनुभव होता है ॥ ४२ ॥

विमर्श—कफ-पित्तज्वर में उपर्युक्त लक्षण ही अधिकतर मिलते हैं। अतः इन्हीं लक्षणों को गदनिग्रहकार ने वर्णन किया है। इसके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में वर्णित स्वेद, जकड़न तथा कफ और पित्त का निकलना एवं "मुहुर्दाहो मुहुः शीतं स्वेदस्तमो मुहुर्मुहुः। मोहः कासोऽरुचिस्तृष्णा श्लेष्मपित्तप्रवर्तनम्" इत्यादि लक्षणों को ग्रहण कर लेना चाहिए।

सान्निपातज्वरलक्षणम्—

क्षणे दाहः क्षणे शीतमस्थिसन्धिशिरोरुजा।
सास्रावे कलुषे रक्ते निर्भुग्ने चापि लोचने ॥ ४३ ॥
सस्वनौ सरुजौ कर्णौ कण्ठः शूकैरिवावृतः।
तन्द्रा मोहः प्रलापश्च कासः श्वासोऽरुचिर्भ्रमः ॥ ४४ ॥
तद्वच्छीतं महानिद्रा दिवा जागरणं निशि।
सदा वा नैव वा निद्रा महान् स्वेदोऽति नैव वा ॥ ४५ ॥
गीत-नर्तन-हास्यादि-विकृतेहा-प्रवर्तनम्।
परिदग्धा खरस्पर्शा जिह्वा स्रस्ताङ्गता परम् ॥ ४६ ॥
ष्ठीवनं रक्तपित्तस्य कफेनोन्मिश्रितस्य च।
शिरसो लोठनं तृष्णा निद्रानाशो हृदि व्यथा ॥ ४७ ॥
स्वेदमूत्रपुरीषाणां चिरादर्शनमल्पशः।
कृशत्वं नातिगात्राणां प्रततं कण्ठकूजनम् ॥ ४८ ॥
कोठानां श्यावरक्तानां मण्डलानां च दर्शनम्।
मूकत्वं स्रोतसां पाको गुरुत्वमुदरस्य च ॥ ४९ ॥
चिरात्पाकश्च दोषाणां सन्निपातज्वराकृतिः।

सन्निपात ज्वर का लक्षण—सन्निपात ज्वर में क्षण में दाह और क्षण में

शीत का अनुभव होता है, अस्थि, सन्धि तथा सिर में विशेष वेदना होती है, नेत्र आंसुओं से भरे रहते हैं उसका रंग मैला तथा लाल रहता है, और वे विस्फारित अथवा अन्दर की तरफ प्रविष्ट रहते हैं। कानों में सन-सन शब्द सुनाई पड़ता है और दर्द होता है। गले में यव के (शूक) टूणों से भरे हुए के समान अनुभव होता है, तन्द्रा, मूर्च्छा, प्रलाप (अप्रासंगिक बातचीत करना तथा चिल्लाना), कास, श्वास, अरुचि तथा भ्रम होते हैं। उसी प्रकार शीत का अनुभव होता है, दिन में अधिक नींद आती है, रात्रि में नींद का अभाव रहता है कभी २ दिन-रात नींद आती है और कभी दिन-रात निद्रानाश रहता है, कभी अधिक पसीना आता है और कभी २ बिलकुल पसीना नहीं आता, कभी गाना, कभी नाचना तथा कभी हँसना, इस प्रकार रोगी अनेक प्रकार की विकृत चेष्टाओं को करता है। जिह्वा झुलसी हुई सी कृष्ण वर्ण एवं स्पर्श में (गाय के जीभ के समान) खुरदरी होती है। सम्पूर्ण अंग शिथिल रहते हैं, थूक में कफ से मिला हुआ रक्त या पित्त भी निकलता है, रोगी सिर को इधर-उधर घुमाता रहता है, प्यास, निद्रानाश तथा हृदय में पीड़ा रहती है तथा स्वेद, मूत्र, एवं मल अल्पमात्रा में देर से निकलते हैं, शरीर अत्यधिक कृश नहीं होता, कण्ठ में निरन्तर (कबूतरों के शब्द के समान) घुर्घुराहट होती रहती है, शरीर पर सांवले या लाल रंग के ददोड़े तथा चकत्ते दिखाई पड़ते हैं, रोगी बोलने में असमर्थ होता है, स्रोतों (मुख, नासिका, कान तथा गुदा आदि) में पाक हो जाता है, पेट भारी रहता है और दोषों का परिपाक विलम्ब से होता है॥

विमर्श—सन्निपात ज्वर का प्रभाव सभी धातुओं एवं अंगों पर पड़ता है। केशिकाओं का मार्ग अवरुद्ध हो जाने से मस्तिष्क में रक्त पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुँच पाता अतः यह स्थान विकृत हो जाता है जिससे रोगी असम्बद्ध प्रलाप करने लगता है। इसी प्रकार कभी २ मूर्च्छा भी आ जाती है। श्वास-नलिकाओं में कफ की उपस्थिति के कारण खाँसी तथा अवरोध के कारण श्वास की प्रवृत्ति भी पाई जाती है। जिह्वा पर अंकुर से निकल आते हैं और कभी कभी सम्पूर्ण मुख और गला अंकुर के समान रचनाओं से परिपूर्ण हो जाता है, इससे रोगी को मुख द्वारा कोई वस्तु ग्रहण करने में तथा बोलने में कष्ट होता है और मूकता हो जाती है, कफावरोध होने के कारण शब्द में घुरघुराहट प्रतीत होती है। कोठ की उत्पत्ति रक्त-पित्त तथा कफ के संमिश्रण से होती है और थोड़े समय में ही उत्पन्न होकर विनष्ट हो जाता है। यथा—बरटीदष्टसंकाशः कण्डूमांल्लोहितोऽसृक्कफपित्तात्। क्षणिकोत्पादविनाशः कोठ इति निगद्यते तज्ज्ञैः' प्रबल आमता होने के कारण दोषों का परिपाक विलम्ब से होते हैं। दिन में

निद्रा की अधिकता और रात्रि में निद्रा का नाश यह सन्निपातज्वर का विशिष्ट लक्षण है। कफोल्वण सन्निपात में निद्रा सदा बनी रहती है जब कि वातपित्तोल्वण सन्निपात में उसका सर्वथा अभाव रहता है इसी प्रकार पित्तोल्वण सन्निपात में स्वेद का आधिक्य तथा श्लेष्मोल्वण में स्वेद का अभाव रहता है। गीत, नृत्य, हास्य आदि लक्षण तीव्रतापजन्य मस्तिष्क की विकृति के द्योतक हैं।

चरक आदि आचार्यों के मतानुसार तेरह प्रकार का सन्निपात होता है। माधव ने हीन, मध्य आदि बारह भेदों का वर्णन कर केवल समान मात्रा में अपने प्रमाण से बढ़े हुए तीनों दोषों से उत्पन्न ज्वर के लक्षणों का ही वर्णन किया है। चरक के मतानुसार सन्निपात के शेष बारह भेदों का वर्णन निम्न प्रकार है—

(१) वातपित्तोल्वण तथा हीनकफसन्निपात ज्वर में—प्यास, दाह, शरीर-गौरव तथा शिर में बहुत वेदना होती है।

(२) वातकफोल्वण तथा हीनपित्तसन्निपात ज्वर में—शीत, खांसी, अरुचि, तन्द्रा, प्यास, दाह तथा हृदय में पीड़ा होती है।

(३) पित्तकफाधिक तथा हीनवात सन्निपात ज्वर में—वमन, बार-बार शीत तथा दाह की अनुभूति, प्यास, मूर्च्छा तथा अस्थियों में वेदना होती है।

(४) वाताधिक-हीनपित्त-हीनकफ सन्निपात ज्वर में—सन्धि, अस्थि तथा सिर में शूल होता है। रोगी प्रलाप करता है। शरीर में भारीपन, भ्रम, प्यास तथा गले और मुख सूखे रहते हैं।

(५) पित्ताधिक-हीनवात-कफ सन्निपात ज्वर में मल और मूत्र का रंग लाल होता है, दाह, प्यास, बलहानि तथा मूर्च्छा ये लक्षण होते हैं।

(६) कफाधिक-हीनवात-पित्त सन्निपात ज्वर में अरुचि, मिचली, जलन, वमन, बेचैनी, भ्रम, तन्द्रा तथा खांसी ये लक्षण होते हैं।

(७) हीनवात, मध्यपित्त और श्लेष्माधिक सन्निपात ज्वर में—प्रतिश्याय, वमन, आलस्य, तन्द्रा, अरुचि तथा अग्निमान्द्य ये लक्षण होते हैं।

(८) हीनवात, मध्यकफ तथा पित्ताधिक सन्निपात ज्वर में—मूत्र व नेत्र का रंग हल्दी के समान रहता है; जलन, प्यास, भ्रम तथा अरुचि ये लक्षण होते हैं।

(९) हीनपित्त, मध्यकफ, वाताधिक सन्निपात ज्वर में—पीड़ा, कम्पन, श्वास, प्रलाप, वमन तथा अरुचि ये लक्षण होते हैं।

(१०) हीनपित्त, मध्यवात तथा कफाधिक सन्निपात ज्वर में—ठण्ढक, भारीपन, तन्द्रा, प्रलाप, हड्डी तथा सिर में तीव्र पीड़ा ये सब लक्षण होते है।

(११) हीनकफ, मध्यवात तथा पित्ताधिक सन्निपात ज्वर में पतले दस्त, अग्निमान्द्य, प्यास, दाह, अरुचि तथा भ्रम ये लक्षण होते हैं।

(१२) हीनकफ, मध्यपित्त तथा वाताधिक सन्निपात ज्वर में श्वास, खांसी, जुकाम, मुख का सूखना तथा पसलियों में पीड़ा ये लक्षण होते हैं। वस्तुतः विकृति का कोई नियम नहीं होता, इस प्रकार विकृतिविषमसमवाय के अनेक भेद हो सकते हैं। इसीलिये सुश्रुत ने अभिन्यास नामक भिन्न ही सन्निपात का वर्णन किया है।

सन्निपातपूर्वलक्षणम्—

(अकस्माच्छीलविकृतिरकस्माद्वपुरुन्नतम् ॥ ५० ॥
अकस्मादिन्द्रियात्पत्तिः सन्निपाताग्रलक्षणम् ।)

सन्निपात का पूर्वलक्षण—एकाएक स्वभाव में विकृति होना (स्वभाव का बदल जाना), शरीर का उन्नत होना तथा एकाएक इन्द्रियों में चेतनता आ जाना ये लक्षण सन्निपातज्वर होने के पूर्व दिखाई देते हैं॥

सन्निपातज्वरस्य साध्यासाध्यलक्षणम्—

दोषे विवृद्धे नष्टेऽग्नौ सर्वसंपूर्णलक्षणः ॥ ५१ ॥
सन्निपातज्वरोऽसाध्यः कृच्छ्रसाध्यस्ततोऽन्यथा ।

सन्निपात ज्वर की साध्यता तथा असाध्यता के लक्षण—दोष तथा मलों के विवद्ध (प्रवृत्ति का अभाव) होने पर जाठराग्नि के नाश हो जाने पर और सर्वसम्पूर्ण लक्षणों से युक्त सन्निपात ज्वर असाध्य होता है। इसके विपरीत दोषों के विवद्ध न होने पर अग्नि प्रदीप्त रहने पर तथा सम्पूर्ण लक्षणों की उत्पत्ति न होने पर सन्निपात ज्वर कृच्छ्रसाध्य होता है।

सन्निपातोपद्रवः—

सन्निपातज्वरस्यान्ते कर्णमूले सुदारुणः ।
शोफः संजायते तेन क्वचिदेव प्रमुच्यते ॥ ५२ ॥

सन्निपात ज्वर का उपद्रव—सन्निपात ज्वर के अन्त में कर्णमूल में एक भयंकर शोथ हो जाता है। इससे कोई ही रोगी बचता है। अर्थात् इस रोग से बहुत कम रोगी बचते हैं।

सन्निपातज्वरमर्यादा—

पित्तकफानिलवृद्ध्या दशादिवसद्वादशाहसप्ताहात् ।
हन्ति विमुञ्चति वाऽऽशु त्रिदोषजो धातुमलपाकात् ॥ ५३ ॥
सप्तमे दिवसे प्राप्ते दशमे द्वादशेऽपि वा ।
पुनर्घोरतरो भूत्वा प्रशमं याति हन्ति वा ॥ ५४ ॥
सप्तमी द्विगुणा यावन्नवम्येकादशी तथा ।

एषा त्रिदोषमर्यादा मोक्षाय च वधाय च ॥ ५५ ॥

सन्निपात ज्वर की मर्यादा (अवधि)—पित्तोल्वण सन्निपात में दश दिन में धातुपाक हो जाने से मार देता है तथा मल-पाक हो जाने से छोड़ देता है। कफोल्वण सन्निपात धातुपाक होने से बारह दिन में मार डालता है तथा मलपाक होने से छोड़ देता है। वातोल्वण सन्निपात धातुपाक होने से सात दिन में मार डालता है तथा मलपाक होने से छोड़ देता है। यही त्रिदोष से मरने तथा मुक्त होने की अवधि है। वातप्रधान सन्निपात ज्वर सातवें दिन, पित्तप्रधान सन्निपात ज्वर दशवें दिन तथा कफप्रधान सन्निपात ज्वर बारहवें दिन, अत्यन्त प्रबल होकर या तो शान्त हो जाता है या रोगी को मार ही डालता है। कभी कभी वातप्रधान चौदहवें दिन, पित्तप्रधान अठारहवें दिन, कफप्रधान सन्निपात ज्वर चौबीसवें दिन उतर जाता है या मार डालता है। यह त्रिदोष की मर्यादा है—इसमें रोगी या तो स्वस्थ होने लगता है या मर जाता है ॥ ५३–५५ ॥

विमर्श—वातोल्वण सन्निपात अति शीघ्र क्रियाकारी होता है अतः सात या चौदह दिन में ही मलपाक होने से रोगी जीवित रहता है किन्तु धातु-पाक होने से मर जाता है। पित्तोल्वण सन्निपात की गति वातोल्वण से कुछ कम होती है अतः दश दिन या अट्ठारह दिन में मलपाक होने से जीवित रहता है किन्तु धातुपाक होने से मर जाता है। कफोल्वण सन्निपात की गति सबसे कम होती है अतः बारह या चौबीस दिन में मलपाक होने से जीवित रहता है और धातुपाक होने से मर जाता है। धातुपाक के लक्षण, निम्न प्रकार हैं—सम्बाध्यमानो हृदि नाभिदेशे गात्रेषु वा पाकरुजान्वितेषु। पक्वेषु वातेषु रुजाज्वरार्त्तः स धातुपाकी कथितो भिषग्भिः ॥

आगन्तुज्वरलक्षणम्—

अभिचाराभिघाताभ्यामभिषङ्गाच्च शापतः।
आगन्तुर्जायते दोषैर्यथास्वं तं विभावयेत् ॥ ५६ ॥

आगन्तुक ज्वर के लक्षण—आगन्तुक ज्वर अभिचार, अभिघात, अभिशाप तथा अभिषङ्ग इन चार कारणों से उत्पन्न होता है। इसमें कारणों के अनुसार दोषों की कल्पना करनी चाहिए ॥ ५६ ॥

श्यावास्यता विषकृते तथातीसार एव च।
भक्तारुचिः पिपासा च तोदश्च सह मूर्च्छया ॥ ५७ ॥

विषजन्य ज्वर के लक्षण—विषजन्य ज्वर में मुख का वर्ण नीला पड़ जाता है तथा रोगी अतिसार, भोजन में अरुचि एवं प्यास से पीड़ित रहता है। रोगी के शरीर में सूई के समान चुभन होती है और मूर्च्छा भी आती है ॥५७॥

ओषधीगन्धजे मूर्च्छा शिरोरुग्वमथुः क्षवः ।

ओषधिगन्धजन्य ज्वर के लक्षण—ओषधि के गन्ध से होने वाले ज्वर में मूर्च्छा, शिरःशूल, वमन तथा छींकें आती हैं ।

कामजे चित्तविभ्रंशस्तन्द्राऽऽलस्यमभोजनम् ॥ ५८ ॥
हृदये वेदना चास्य गात्रं च परिशुष्यति ।

कामजन्य ज्वर के लक्षण—कामज्वर में चित्तविभ्रंश (मानसिक संतुलन का अभाव), तन्द्रा, आलस्य, भोजन में अरुचि, हृदय में वेदना तथा मुख का सूखना ये लक्षण होते हैं ।

भयात्प्रलापः शोकाच्च भवेत्कोपाच्च वेपथुः ॥ ५९ ॥
अभिचाराभिशापाभ्यां मोहस्तृष्णा च जायते ।
भूताभिषङ्गादुद्वेगो हास्यरोदनकम्पनम् ॥ ६० ॥

भयादिजन्य आगन्तुक ज्वर के लक्षण—भयजन्य तथा शोकजन्य ज्वर में प्रलाप होता है । कोपजन्य ज्वर में कम्पन होता है । अभिचार तथा अभिशापजन्य ज्वर में मूर्च्छा तथा प्यास होती है । भूताभिषङ्गजन्य ज्वर में घबड़ाहट, कभी कभी हँसने की प्रवृत्ति, कभी कभी रोने की प्रवृत्ति तथा कम्पन होता है ।

आगन्तुज्वरेषु प्रतिनियतदोषानुबन्धप्रदर्शनम्—

कामशोकभयाद्वायुः क्रोधात्पित्तं त्रयो मलाः ।
भूताभिषङ्गात्कुप्यन्ति भूतसामान्यलक्षणाः ॥ ६१ ॥

आगन्तुक ज्वर में नियत दोषों के अनुबन्ध का प्रदर्शन करते हैं—काम, क्रोध तथा भय से वायु का प्रकोप होता है, क्रोध से पित्त का प्रकोप होता है, भूताभिषङ्ग से तीनों दोष प्रकुपित होते हैं तथा उन-उन भूतों के लक्षण भी प्रगट होते हैं ॥ ६१ ॥

विमर्श—भूत शब्द का अभिप्राय देव, असुर, गन्धर्व आदि से है, इनके सम्पर्क से उत्पन्न ज्वरों में प्रायः त्रिदोष—प्रकोप के कारण दोषज लक्षण भी होते हैं और जिन विशिष्ट ग्रह का सम्पर्क होता है उसके अनुसार ही हास्यादि लक्षण होते हैं । भूत शब्द का सामान्य अर्थ प्राणी भी होता है, इस तरह जीवाणुओं का भी समावेश भूताभिषङ्गज आगन्तुक ज्वरों में हो सकता है । कितने विद्वान् भूत और अभिषङ्ग शब्दों को अलग-अलग मानकर भूत से देवादि ग्रह और अभिषङ्ग से कामादि का अभिषङ्ग मानते हैं । लाठी तथा अन्य शस्त्रों के प्रहारजन्य रक्तस्राव या पीडाधिक्य से होने वाला अभिघातज आगन्तुक ज्वर कहलाता है । शत्रु को नष्ट करने के लिये प्रयुक्त अभिचार कर्म से जो ज्वर होता है उसे अभिचारज आगन्तुक ज्वर कहते हैं । महर्षियों के

शाप के कारण उत्पन्न ज्वर को अभिशापज आगन्तुक ज्वर कहते हैं तथा काम, क्रोध, शोक तथा भय आदि मानसिक कारणों एवं भूत (देवादि ग्रह तथा जीवाणु)—सम्बन्ध से होनेवाले ज्वर को अभिषङ्गज आगन्तुक ज्वर कहते हैं। अभिप्रेत कामिनी की अप्राप्ति से कामज्वर उत्पन्न होता है। इसी प्रकार भय से उत्पन्न ज्वर को भयज तथा शोक से उत्पन्न ज्वर को शोकज ज्वर कहते हैं।

विषमज्वरसंप्राप्तिः—

दोषोऽल्पोऽहितसंभूतो ज्वरोत्सृष्टस्य वा पुनः।
धातुमन्यतमं प्राप्य करोति विषमज्वरम्॥ ६२॥
सन्ततः सततोऽन्येद्युस्तृतीयकचतुर्थकौ।
सन्ततं रसरक्तस्थः सोऽन्येद्युः पिशिताश्रितः॥ ६३॥
मेदोगतस्तृतीयेऽह्नि अस्थिमज्जगतः पुनः॥ ६४॥
कुर्याच्चातुर्थकं घोरमन्तकं रोगसङ्करम्।

विषम ज्वर की सम्प्राप्ति—प्रारम्भ से अल्प (निर्बल) दोष अथवा ज्वर से मुक्त हो जाने पर अवशिष्ट अल्प दोष मिथ्या आहार-विहार से प्रकुपित होकर रस आदि धातुओं में से किसी भी एक को प्राप्त होकर विषम ज्वर उत्पन्न करता है। यह विषम ज्वर—सन्तत, सतत, अन्येद्यु, तृतीयक तथा चतुर्थक के रूप में पाँच प्रकार का होता है। दोष रस धातु में स्थित होकर सन्तत ज्वर उत्पन्न करता है। वही दोष रक्ताश्रित होकर सततक ज्वर को, मांसाश्रित होकर अन्येद्यु ज्वर को उत्पन्न करता है। दोष के मेदोगत होने पर तृतीयक ज्वर तथा अस्थि एवं मज्जागत होने पर यमराज के समान भय-कारक तथा अनेक उपद्रवों से युक्त चतुर्थक ज्वर उत्पन्न करता है।

विमर्श—'यः स्यादनियतात् कालाच्छीतोष्णाभ्यां तथैव च। वेगतश्चापि विषमो ज्वरः स विषमः स्मृतः॥' जो ज्वर अनियमित रूप से गर्मी या सर्दी लगने के बाद अनियमित काल में आता है तथा जिसका वेग भी विषम होता है (कभी-कभी तीव्र सन्ताप से और कभी-कभी अल्प सन्ताप से चढ़ता है।) उसे विषमज्वर कहते हैं। वाग्भट ने भी कहा है—"विषमो विषमारम्भक्रिया-कालोऽनुषङ्गवान्" अर्थात् जिसका आरम्भ-क्रिया तथा काल विषम हो वह विषमज्वर कहलाता है। कभी ज्वर शिर से प्रारम्भ होता है तो कभी पृष्ठ से, इसे विषमारम्भ कहते हैं। कभी ज्वर में शीत अधिक लगता है तो कभी सन्ताप, उसे विषम क्रिया कहते हैं। आक्रमणकाल तथा भोगकाल कालभेद से दो प्रकार का होता है। अन्येद्युष्क, तृतीयक तथा चतुर्थक ज्वर के वेग के दिन भी निश्चित समय से पूर्व या पश्चात् आक्रमण होना आक्रमणकाल का वैषम्य है। उसी प्रकार भोगकाल भी कम या अधिक हो सकता है। कभी ज्वर कम समय

तक और कभी अधिक समय तक भी रहता है। कुछ विद्वान् "मुक्तानुबन्धित्वं विषमत्वम्" अर्थात् जो छोड़कर पुनः हो जाय उसे विषमज्वर कहते हैं। इसी कारण "सन्तत्या योऽविसर्गी स्यात्" सन्तत को छोड़कर शेष चार को विषमज्वर माना है। यद्यपि विषमज्वर में ज्वरानुबन्धित्व सूक्ष्म रूप में रह ही जाता है तथापि व्यक्त न होने के कारण ज्वरमुक्तित्व रह जाता है। अतः विषम प्रकार से आरम्भ होने से विषमज्वर कहलाते हैं।

सन्ततादिविषमज्वराणां लक्षणानि—

स्रोतोभिर्विस्तृता दोषा गुरवो रसवाहिभिः ॥ ६५ ॥
सर्वगात्रानुगाः स्तब्धा ज्वरं कुर्वन्ति संततम्।
सप्ताहं वा दशाहं वा द्वादशाहमथापि वा ॥ ६६ ॥
सन्तत्या योऽविसर्गी स्यात्सन्ततः स निगद्यते।
अहोरात्रे सततको द्वौ कालावनुवर्तते ॥ ६७ ॥
अन्येद्युष्कस्त्वहोरात्र एककालं प्रवर्तते।
तृतीयकस्तृतीयेऽह्नि चतुर्थेऽह्नि चतुर्थकः ॥ ६८ ॥
दिनमेकं तु विश्रम्य प्रत्येति स तृतीयकः।
दिनद्वयमतिक्रम्य प्रत्येति स चतुर्थकः ॥ ६९ ॥
यः स्यादनियतात्कालाच्छीतोष्णाभ्यां तथैव च।
वेगतश्चापि विषमो ज्वरः स विषमो मतः ॥ ७० ॥

सन्ततादि विषमज्वर के लक्षण—मिथ्या आहार-विहार से प्रकुपित होने से अधिक बढ़कर दोष रसवहन करनेवाले स्रोतों के साथ शरीर के सभी अवयवों में जाकर प्रच्छन्न रूप से सन्ततज्वर को उत्पन्न करते हैं। जो ज्वर लगातार बिना उतरे सात दिन, दस दिन तथा बारह दिन तक चलता है उसे सन्ततज्वर कहते हैं। जो ज्वर चौबीसघण्टे में दो बार आता है उसे सततज्वर कहते हैं। दिन-रात में एक बार चढ़नेवाला ज्वर अन्येद्युष्कज्वर कहलाता है। प्रति तीसरे दिन चढ़नेवाला तृतीयक तथा प्रति चौथे दिन चढ़नेवाला चतुर्थकज्वर कहलाता है। एक दिन छोड़कर जो ज्वर चढ़ता है उसे तृतीयक तथा दो दिन छोड़कर जो ज्वर चढ़ता है उसे चतुर्थकज्वर कहते हैं। जो ज्वर अनियमित रूप से गर्मी या सर्दी लगने के बाद अनियमित काल में आता है तथा जिसका वेग भी विषम होता है उसे विषमज्वर कहते हैं ॥ ६५–७० ॥

विषमज्वरस्यैकीयमते भूताभिषङ्गजत्वम्—

केचिद्भूताभिषङ्गोत्थं ब्रुवते विषमज्वरम्।

किसी के मत में विषमज्वर भूताभिषङ्गज होता है—कुछ विद्वान् विषमज्वर को भूत (जीवाणु-संक्रमणजन्य) मानते हैं ॥

विषमज्वराणां मुक्ताभिषङ्गित्वे हेतुः—

अधिशेते यथा भूमिं बीजं काले प्ररोहति ॥ ७१ ॥
अधिशेते तथा धातून् दोषः काले प्रकुप्यति ।
स वृद्धि बलकालं च प्राप्य दोषस्तृतीयकम् ॥ ७२ ॥
चतुर्थकं च कुरुते प्रत्यनीकबलक्षयात् ।

विषमज्वरों के छोड़कर पुनः आक्रमण करने में कारण—जिस प्रकार जमीन के अन्दर बीज पड़ा रहता है और समय (वर्षा आदि काल) पाकर अंकुरित हो जाता है उसी प्रकार दोष शरीर के अन्दर प्रच्छन्न रूप से दबा रहता है और समय पाकर मिथ्या आहार-विहार के कारण धातुओं को प्रकुपित करता है, और वही दोष समय तथा बल के अनुसार वृद्धि को प्राप्त होकर निरोधक शक्ति (बल) के क्षीण हो जाने पर तृतीयक तथा चतुर्थक विषमज्वर को उत्पन्न करता है ।

उल्बणदोषभेदेन तृतीयकचतुर्थकयोर्लक्षणान्तरम्—

कफपित्तात्त्रिकग्राही पृष्ठाद्वातकफात्मकः ॥ ७३ ॥
वातपित्ताच्छिरोग्राही त्रिविधः स्यात्तृतीयकः ।

उल्बण-दोषभेद से तृतीयक तथा चतुर्थकज्वर के दूसरे लक्षण—तृतीयक ज्वर तीन प्रकार का होता है । कफ-पित्तोल्बण तृतीयक ज्वर में पहले त्रिक-प्रदेश पीड़ित होता है, उसके बाद ज्वर का वेग होता है । उसी प्रकार वात-कफोल्बण में पहले पृष्ठ तथा वातपित्तोल्बण में प्रथम शिरःप्रदेश में पीड़ा होती है ।

चतुथको दर्शयति प्रभावं द्विविधं ज्वरः ॥ ७४ ॥
जङ्घाभ्यां श्लैष्मिकः पूर्वं शिरस्तोऽनिलसंभवः ।

चतुर्थक ज्वर भी अपना प्रभाव दो प्रकार से दिखाता है । श्लेष्मोल्बण चतुर्थक ज्वर पहले जंघाओं को पीड़ित करता हुआ ज्वर के वेग को उत्पन्न करता है । वातोल्बण चतुर्थकज्वर में पहले सिर में पीड़ा होती है उसके बाद ज्वर का वेग व्यक्त होता है ।

विषमज्वर एवान्यश्चतुर्थकविपर्ययः ॥ ७५ ॥
अस्थिमज्जोभयगते चतुर्थकविपर्ययः ।
स मध्ये ज्वरयत्यह्नो आदावन्ते च मुञ्चति ॥ ७६ ॥

चतुर्थक विपर्यय भी विषमज्वर का भेद है । जब दोष अस्थि तथा मज्जा दोनों में प्रविष्ट कर जाता है तब चतुर्थक-विपर्यय नामक विषमज्वर को उत्पन्न करता है । इसमें मध्य में दो दिन लगातार ज्वर आता है और दो दिन के आदि तथा अन्त में ज्वर नहीं रहता ॥ ७५-७६ ॥

वातबलासकज्वरलक्षणम्—

नित्यं मन्दज्वरो रूक्षः शूनः कृच्छ्रेण सिध्यति ।
स्रस्ताङ्गः श्लेष्मभूयिष्ठो नरो वातबलासकी ॥ ७७ ॥

वातबलासक ज्वर का लक्षण—वातबलासक ज्वर से पीड़ित रोगी को रोज-रोज मन्द ज्वर रहता है उसकी त्वचा में रूक्षता तथा अंगों में शोथ हो जाता है। रोगी को अवसाद रहता है और अंग जकड़े रहते हैं। यह ज्वर श्लेष्मोल्वण होता है ॥ ७७ ॥

प्रलेपकज्वरलक्षणम्—

प्रलिम्पन्निव गात्राणि श्लेष्मणा गौरवेण च ।
मन्दज्वरविलेपी च सशीतः स्यात्प्रलेपकः ॥ ७८ ॥

प्रलेपक ज्वर के लक्षण—गौरव तथा पसीना से शरीर को लिप्त करनेवाला शीतयुक्त मन्द ज्वर को प्रलेपक ज्वर कहते हैं ॥ ७८ ॥

विमर्श—यह विसर्गी स्वरूप का ज्वर है। प्रतिदिन दोपहर के बाद या सायंकाल में यह चढ़ता है, इसमें ठण्डा पसीना आता है जिससे रोगी का शरीर लिप्त हो जाता है। यह राजयक्ष्मा का प्रधान लक्षण है। राजयक्ष्मा के त्रिदोषज होने से यह भी त्रिदोषज होता है। किन्तु कफ और पित्त के लक्षण विशेष रूप से व्यक्त होने के कारण यह कफपित्तज भी कहा जाता है।

विषमज्वरविशेषाः—

विदग्धेऽन्नरसे देहे श्लेष्मपित्ते व्यवस्थिते ।
तेनार्धं शीतलं देहे अर्धं चोष्णं प्रजायते ॥ ७९ ॥

विषमज्वर के विशेष लक्षण—आहार-रस तथा शरीर में वर्तमान कफ और पित्त के दूषित हो जानेपर आधा शरीर ठण्डा रहता है और आधा शरीर गरम रहता है ॥ ७९ ॥

काये दुष्टं यदा पित्तं श्लेष्मा चान्ते व्यवस्थितः ।
तेनोष्णत्वं शरीरस्य शीतत्वं हस्तपादयोः ॥ ८० ॥

जब शरीर (कोष्ठ) में पित्त प्रकुपित होता है और हाथ-पैर में कफ प्रकुपित होकर स्थित रहता है तब सम्पूर्ण शरीर गरम रहता है और हाथ तथा पैर शीतल रहते हैं ॥ ८० ॥

काये श्लेष्मा यदा दुष्टः पित्तं चान्ते व्यवस्थितम् ।
शीतत्वं तेन देहस्य उष्णत्वं करपादयोः ॥ ८१ ॥

इसके विपरीत यदि प्रकुपित कफ कोष्ठस्थ रहे और पित्त हाथ-पैरों में हो तो सम्पूर्ण शरीर शीतल तथा हाथ पैर उष्ण रहते हैं ॥ ८१ ॥

दाहपूर्वशीतपूर्वज्वरयोर्लक्षणम्—

त्वक्स्थौ श्लेष्मानिलौ शीतमादौ जनयतो ज्वरे ।
तयोः प्रशान्तयोः पित्तमन्ते दाहं करोति च ॥ ८२ ॥

दाहपूर्व एवं शीतपूर्व ज्वरों के लक्षण—यदि प्रकुपित कफ और वात त्वचा में स्थित रहते हैं तो ज्वर के प्रारम्भ में ठण्ढक लगती है, और उनके वेग शान्त हो जाने पर अन्त में पित्त के कारण दाह की प्रतीति होती है ॥ ८२ ॥

करोत्यादौ तथा पित्तं त्वक्स्थं दाहमतीव च ।
तस्मिन् प्रशान्ते त्वरितौ कुरुतः शीतमन्ततः ॥ ८३ ॥

इसी प्रकार यदि त्वचा में प्रकुपित पित्त की स्थिति रहती है तो ज्वर के प्रारम्भ में अधिक दाह होता है तथा उसके वेग के शान्त हो जाने पर वात और कफ अन्त में शीत का अनुभव कराते हैं ॥ ८३ ॥

द्वावेतौ दाहशीतादिज्वरौ संसर्गजौ स्मृतौ ।
दाहपूर्वस्तयोः कष्टः कृच्छ्रसाध्यतमश्च सः ॥ ८४ ॥

दाहपूर्वक तथा शीतपूर्वक ये दोनों प्रकार के ज्वर संसर्गज (सांनिपातिक) होते हैं । इन दोनों में दाहपूर्वक ज्वर रोगी को कष्टप्रद होता है और अत्यन्त कृच्छ्रसाध्य (कष्टसाध्य) होता है ॥ ८४ ॥

रसादिधातुगतज्वरलक्षणम्—

गुरुता हृदयोत्क्लेशः सदनं छर्दरोचकौ ।
रसस्थे तु ज्वरे लिङ्गं दैन्यं चास्योपजायते ॥ ८५ ॥

रसादिधातुगत ज्वर के लक्षण—जब ज्वर रस धातु में स्थित रहता है तब सम्पूर्ण शरीर में भारीपन, हृदय (आमाशय के हृदय-समीपस्थ भाग) में बार बार वमन की इच्छा, अवसाद, वमन, अरुचि तथा दीनता ये रसधातुगत ज्वर के लक्षण होते हैं ॥ ८५ ॥

रक्तनिष्ठीवनं दाहो मोहश्छर्दनविभ्रमौ ।
प्रलापः पिटिका तृष्णा रक्तप्राप्ते ज्वरे नृणाम् ॥ ८६ ॥

ज्वर के रक्ताश्रित होने पर, रक्त का वमन, दाह, मोह (ज्ञानशून्यता), वमन, चित्त की व्याकुलता, प्रलाप, शरीर पर पिड़कावों का निकलना तथा अधिक प्यास लगना ये लक्षण रक्तधातुगत ज्वर के होते हैं ॥ ८६ ॥

पिण्डिकोद्वेष्टनं तृष्णा सृष्टमूत्रपुरीषता ।
ऊष्मान्तर्दाहविक्षेपो ग्लानिः स्यान्मांसगे ज्वरे ॥ ८७ ॥

पिण्डलियों में ऐंठन, प्यास, मल-मूत्र की बार बार या अधिक या अनियन्त्रित प्रवृत्ति, संताप की अधिकता, आन्तरिक दाह, अंगों का इधर-उधर फेंकना तथा ग्लानि, ये मांसगत ज्वर के लक्षण हैं ॥ ८७ ॥

भृशं स्वेदस्तृषा मूर्च्छा प्रलापश्छर्दिरेव च ।
दौर्गन्ध्यारोचकौ ग्लानिर्मेदःस्थे चासहिष्णुता ॥ ८८ ॥

मेद धातु में ज्वर के स्थित होने पर, पसीना की अधिकता होती है, अधिक प्यास लगती है, मूर्च्छा, प्रलाप, वमन, शरीर में दुर्गन्धि, अरुचि, ग्लानि तथा चिड़चिड़ापन या प्रकाश-शब्द आदि की असहिष्णुता ये सब लक्षण होते हैं ॥ ८८ ॥

भेदोऽस्थनां कूजनं श्वासो विकेकश्छर्दिरेव च ।
विक्षेपणं च गात्राणामेतदस्थिगते ज्वरे ॥ ८९ ॥

ज्वर के अस्थिगत होने पर अस्थियों में भेदन के समान पीड़ा, कराहना (पीड़ा के कारण चिल्लाना), श्वास की अधिकता, विरेचन, वमन, शरीर के अंगों का इधर-उधर फेंकना ये लक्षण होते हैं ॥ ८९ ॥

तमःप्रवेशनं हिक्का कासः शैत्यं वमिस्तथा ।
अन्तर्दाहो महाश्वासो मर्मच्छेदश्च मज्जगे ॥ ९० ॥

मज्जास्थित ज्वर में आंखों के सामने अन्धेरा सा छाया रहता है, हिचकी और खांसी होती है, ठण्ढक अधिक लगती है, वमन की प्रवृत्ति होती है; अन्तर्दाह, महाश्वास तथा मर्म स्थानों में छेदन के समान पीड़ा का अनुभव होता है ॥ ९० ॥

मरणं प्राप्नुयात्तत्र शुक्रस्थानगते ज्वरे ।
शेफसः स्तब्धता मोक्षः शुक्रस्य तु विशेषतः ॥ ९१ ॥

शुक्रधातु तथा शुक्रस्थानगत ज्वर हो जाने पर शिश्न स्तब्ध हो जाता है, शुक्र अधिक निकलने लगता है और रोगी की मृत्यु हो जाती है ॥ ९१ ॥

प्राकृतवैकृतज्वरयोर्लक्षणम्—

वर्षाशरद्वसन्तेषु वाताद्यैः प्राकृतः क्रमात् ।
वैकृतोऽन्यः स दुःसाध्यः प्राकृतश्चानिलोद्भवः ॥ ९२ ॥

प्राकृत एवं वैकृत ज्वर के लक्षण—वर्षा ऋतु में वातिक ज्वर, शरद ऋतु में पैत्तिक ज्वर, वसन्त ऋतु में कफज ज्वर प्राकृत ज्वर कहलाता है। इस क्रम से विपरीत होने पर वैकृत ज्वर कहे जाते हैं, "जैसे वर्षा ऋतु में पैत्तिक ज्वर का होना, शरद ऋतु में कफज ज्वर का होना एवं वसन्त ऋतु में वातिक ज्वर का होना" वैकृत ज्वर कहलाता है। वैकृत ज्वर तथा प्राकृत वातिक ज्वर कृच्छ्रसाध्य होते हैं ॥ ९२ ॥

विमर्श—प्राकृत ज्वर, दोषविरुद्ध तथा ऋतुविरुद्ध उपचारों के समान होने के कारण सुखसाध्य होता है। "प्राकृतः सुखसाध्यस्तु वसन्तशरदुद्भवः"

चरक। वातजन्य प्राकृत ज्वर भी दुःसाध्य होता है। इसमें स्वाभाविक दोष प्रकोप के अतिरिक्त अन्य दोषों का भी प्रकोप रहता है। इसके अतिरिक्त वात ज्वर में जाठराग्नि-दौर्बल्य तथा लङ्घन सहन करने की शक्ति का ह्रास हो जाता है। कहा भी है—आदान-दुर्बले देहे पक्षा भवति दुर्बलः। स वर्षास्वनिलादीनां दूषणैर्बाध्यते पुनः॥ इति। पैत्तिक और कफज प्राकृत ज्वर एकदोषज होने से तथा लंघन सहन करने की शक्ति से युक्त होने के कारण साध्य होते हैं। वैकृत ज्वरों का विरुद्ध स्वभाव होने के कारण वे दुःसाध्य होते हैं।

वर्षासु मारुतो दुष्टः पित्तश्लेष्मान्वितो ज्वरम्।
कुर्यात्पित्तं च शरदि तस्य चानुबलः कफः॥ ६३॥
तत्प्रकृत्या विसर्गाच्च तत्र नानशनाद्भयम्।
कफो वसन्ते तमपि वातपित्तं भवेदनु।

वर्षा ऋतु में प्रकुपित वायु पित्त एवं कफ के अनुबन्ध से युक्त होकर ज्वर को उत्पन्न करता है और शरद् ऋतु में प्रकुपित पित्त जिस ज्वर को उत्पन्न करता है उसका अनुबन्धी कफ भी रहता है। पित्त और कफ की प्रकृति (द्रव धातु) विसर्ग काल के होने से पित्त और कफ के अनुबन्ध से युक्त वर्षाकालीन वातिक ज्वर और कफानुबन्धी शरत्कालीन पित्त ज्वर में अनशन करने में कोई भय नहीं रहता। वसन्त ऋतु में प्रकुपित कफ ज्वर को उत्पन्न करता है, उसमें भी प्रायः वात तथा पित्त का अनुबन्ध रहता है।

कालस्यापि दोषविशेषलक्षणत्वम्—

काले यथास्वं सर्वेषां प्रवृत्तिर्वृद्धिरेव च॥ ६४॥
निदानोक्तानुपशयो विपरीतोपशायिता।

समय के अनुसार ज्वर की प्रवृत्ति, वृद्धि एवं दोष-विशेष के उपशय अनुपशय के लक्षण—वातादि दोष प्रकोपक काल के अनुसार सभी ज्वरों की प्रवृत्ति या वृद्धि होती है। (आशंकित दोषों के) निदानोक्त (औषध, अन्न और विहार) के सेवन से अनुपशय (अहित) और विपरीत पदार्थों के सेवन से उपशय या लाभ देखकर विशिष्ट दोष की कल्पना करनी चाहिए।

विमर्श—वात आदि के जो प्रकोपक काल-शास्त्र में कहे गये हैं, तज्जन्य ज्वरों का प्रकोप उन्हीं कालों में होता है। जैसे—वात के प्रकोपक वर्षा ऋतु अन्न-परिपाक काल तथा अपराह्न के समय में वात ज्वर की प्रवृत्ति या वृद्धि होती है। इसी प्रकार शरद्, ग्रीष्म, मध्याह्न तथा अर्धरात्रि के समय पित्त ज्वर और शिशिर, वसन्त तथा प्रातःकाल में कफ ज्वर की प्रवृत्ति एवं वृद्धि होती है। जिस प्रकार विशिष्ट काल में ज्वर या अन्य रोग की प्रवृत्ति या वृद्धि को देखकर उसकी वातादिजन्यता का अनुमान कर लिया जाता है वैसे ही अनु-

पशय रूप कुछ विशिष्ट आहार-विहारों के सेवन से ज्वर की प्रवृति एवं वृद्धि तथा कुछ विपरीत या उपशय रूप पदार्थों के सेवन से उसकी शान्ति को देख-कर भी वातादिजन्यता का अनुमान कर लेना सरल है। जैसे रूक्ष, लघु, शीत आदि पदार्थों से प्रकुपित हुआ वात, वात ज्वर को उत्पन्न करता है। यदि ऐसे रोगी को पुनः रूक्षादि पदार्थों का सेवन कराया जाय तो रोग की वृद्धि होगी। इसके विरुद्ध स्निग्ध तथा उष्ण पदार्थ सेवन कराये जायँ तो वातिक ज्वर शान्त हो जायगा। इसी प्रकार प्रत्येक स्थान पर उपशय तथा अनुपशय भी व्याधिज्ञापक लक्षण माने जाते हैं।

अन्तर्वेगज्वरलक्षणम्—

अन्तर्दाहोऽधिकं तृष्णा प्रलापः श्वसनं भ्रमः ॥ ९५ ॥
सन्ध्यस्थिशूलमस्वेदो दोषवर्चोविनिग्रहः ।
अन्तर्वेगस्य लिङ्गानि ज्वरस्यैतानि लक्षयेत् ॥ ९६ ॥

अन्तर्वेग ज्वर के लक्षण—आन्तरिक दाह की अधिकता, अधिक प्यास, प्रलाप, उग्र श्वास, भ्रम, सन्धि तथा अस्थियों में तीव्र शूल, पसीना निकलना तथा दोष एवं मल का अवरोध ये अन्तर्वेगज्वर के लक्षण हैं ॥ ९५-९६ ॥

बहिर्वेगज्वरलक्षणानि—

संतापो ह्यधिको बाह्यस्तृष्णादीनां च मार्दवम् ।
बहिर्वेगस्य लिङ्गानि सुखसाध्यत्वमेव च ॥ ९७ ॥

बहिर्वेग के लक्षण—त्वचा पर बाह्यताप का प्रतीत होना तथा तृष्णा, प्रलाप व श्वास का अल्प मात्रा में होना ये बहिर्वेग ज्वर के लक्षण हैं और यह बहि-र्वेग ज्वर सुखसाध्य होता है ॥ ९७ ॥

आमज्वरलक्षणम्—

लालाप्रसेकहृल्लासहृदयाशुद्ध्यरोचकाः ।
तन्द्रालस्याविपाकास्यवैरस्यं गुरुगात्रता ॥ ९८ ॥
क्षुन्नाशो बहुमूत्रत्वं स्तब्धता बलवान् ज्वरः ।
आमज्वरस्य लिङ्गानि न दद्यात्तत्र भेषजम् ॥ ९९ ॥
भेषजं ह्यामदोषस्य भूयो ज्वलयति ज्वरम् ।

आम ज्वर के लक्षण—मुख से लार (लालास्राव) निकलना, वमन की इच्छा, हृदय की अशुद्धि (आमाशय के हृदय-समीपस्थ भाग में पूर्णता की अनुभूति), अन्न में अरुचि, तन्द्रा, आलस्य, अजीर्ण, मुखवैरस्य, शरीर का भारीपन, क्षुन्नाश, बुभुक्षा का अभाव या छींक का पूर्णतया रुक जाना, अधिक मूत्र निकलना, स्तब्धता (शरीर में जकड़न प्रतीत होना) तथा ज्वर की तीव्रता

ये आमज्वर के लक्षण हैं। इस अवस्था में ओषधि-सेवन नहीं कराना चाहिये। क्योंकि ओषधि-सेवन पुनः ज्वर को अधिक तीव्र कर देता है।

पच्यमानज्वरलक्षणम्—

ज्वरवेगोऽधिकस्तृष्णा प्रलापः श्वसनं भ्रमः ॥ १०० ॥
मलप्रवृत्तिरुत्क्लेशः पच्यमानस्य लक्षणम्।

पच्यमान ज्वर के लक्षण—ज्वर के वेग का अधिक तीव्र होना, प्यास की अधिकता, प्रलाप, श्वास, भ्रम, मल, मूत्र, स्वेद, कफ तथा नासादि मल की प्रवृत्ति तथा वमन करने की इच्छा ये पच्यमान ज्वर के लक्षण हैं।

निरामज्वरलक्षणानि—

क्षुत्क्षामता लघुत्वं च गात्राणां ज्वरमार्दवम्।
दोषप्रवृत्तिरष्टाहो निरामज्वरलक्षणम् ॥ १०१ ॥

निराम ज्वर के लक्षण—भूख लगना, कृशता, सिर आदि अंगों में हल्कापन, ज्वर की मृदुता, मल, मूत्र, अपान वायु आदि की सम्यक् प्रवृत्ति तथा आठवां दिन ये निरामज्वर के लक्षण हैं ॥ १०१ ॥

सम्यग्लङ्घितलक्षणानि—

प्रकाङ्क्षा लाघवं ग्लानिः स्वच्छता सुप्रसन्नता।
उपद्रवनिवृत्तिश्च सम्यग्लङ्घितलक्षणम् ॥ १०२ ॥

सम्यक् लङ्घित ज्वर के लक्षण—अनेक प्रकार की आकांक्षा, शरीर में हल्कापन, ग्लानि, स्वच्छता, मानसिक प्रसन्नता, शिरःशूलादि उपद्रवों का अभाव, ये सम्यक् लंघित (अच्छी तरह त्यक्त ज्वर) ज्वर के लक्षण हैं ॥१०२॥

ज्वरस्य साध्यासाध्यलक्षणानि—

बलवत्स्वल्पदोषेषु ज्वरः साध्योऽनुपद्रवः।
श्वासो मूर्च्छाऽरुचिश्छर्दिस्तृष्णातीसारविड्ग्रहाः ॥ १०३ ॥
हिक्काकासाङ्गभेदाश्च ज्वरस्योपद्रवा दश।

ज्वर के साध्य लक्षण—बलवान् एवं अल्प दोषवाले रोगियों का उपद्रव रहित ज्वर साध्य होता है। श्वास, मूर्च्छा, अरुचि, वमन, तृष्णा, अतिसार, विबन्ध, हिचकी, कास तथा अङ्गों में पीड़ा ये दश ज्वर के उपद्रव हैं, इन उपद्रवों से रहित ज्वर साध्य होता है।

हेतुभिर्बहुभिर्जातो बलिभिर्बहुलक्षणः ॥ १०४ ॥
ज्वरः प्राणान्तकृद्यश्च शीघ्रमिन्द्रियनाशनः।
ज्वरः क्षीणस्य शूनस्य गम्भीरो दैर्घ्यरात्रिकः ॥ १०५ ॥
असाध्यो बलवान् यश्च केशसीमन्तकृज्ज्वरः।
प्रारम्भाद्विषमो यस्तु यश्च वा दैर्घ्यरात्रिकः ॥ १०६ ॥

विसंज्ञस्ताम्यते यस्तु शेते निपतितोऽपि वा ।
शीतार्दितोऽन्तरुष्णश्च ज्वरेण म्रियते नरः ॥ १०७ ॥
यो हृष्टरोमा रक्ताक्षो हृदि संघातशूलवान् ।
वक्त्रेण चैवोच्छ्वसिति तं ज्वरो हन्ति मानवम् ॥ १०८ ॥
हिक्काश्वासतृषायुक्तं मूढं विभ्रान्तलोचनम् ।
सन्ततोच्छ्वासिनं क्षीणं नरं क्षपयति ज्वरः ॥ १०९ ॥
हृतप्रभेन्द्रियं क्षाममरोचकनिपीडितम् ।
गम्भीरतीव्रवेगार्तं ज्वरितं परिवर्जयेत् ॥ ११० ॥
गम्भीरस्तु ज्वरो ज्ञेयो ह्यन्तर्दाहेन तृष्णया ।
आनद्धत्वेन चात्यर्थं श्वासकासोद्गमेन च ।
क्षीणस्य चातिरूक्षस्य गम्भीरो यस्य हन्ति तम् ॥ १११ ॥
स्वेदो ललाटे हिमवन्नरस्य शीतादितस्यैति सुपिच्छिलश्च ।
कण्ठस्थितो यस्य न याति वक्षो नूनं यमस्यैति गृहं स मर्त्यः ॥११२॥
यस्ताम्यति स्वपिति शीतलगात्रयष्टि-
रन्तर्विदाहसहितः स्मरणादपेतः ।
सोच्छ्वासितः संहृषितः सशूल-
स्तं वर्जयेद्विषगिह ज्वरलक्षणज्ञः ॥ ११३ ॥

ज्वर का असाध्य लक्षण—जो ज्वर अत्यधिक एवं बलवान् कारण से उत्पन्न हो, जिसमें ज्वर के बहुत लक्षण मिलते हों, तथा जिसमें इन्द्रियों की ज्ञानशक्ति नष्ट हो जाय वह ज्वर प्राणनाशक या असाध्य होता है। क्षीण तथा शोथयुक्त रोगी का ज्वर भी असाध्य होता है। अन्तर्वेग या गूढ लक्षणोंवाला ज्वर बहुत समय बने रहनेवाला तथा जिस ज्वर में अकस्मात् बालों में मांग दिखाई दे ऐसा बलवान् ज्वर भी असाध्य होता है। प्रारम्भ से ही यदि विषम स्वरूप का हो अथवा दीर्घकालानुबन्धी हो वह भी असाध्य होता है। जो रोगी व्याकुल होकर मूर्च्छित हो जाता है और सोया रहता है, गिरनेपर जिसको उठने की शक्ति नहीं रहती है एवं जो बाहर से शीत के कारण पीड़ित हो और अन्दर गर्मी से पीड़ित हो तो इस प्रकार का ऐसा रोगी ज्वर से मर जाता है या असाध्य होता है। जिस ज्वर के रोगी के रोम खड़े हों, आंखें लाल हों, हृदय में पाषाण के आघात के समान अथवा अनेक प्रकार का शूल हो तथा जो मुख से ही श्वास लेता हो उसका ज्वर भी रोगी को मार डालता है या असाध्य होता है। हिचकी, श्वास तथा प्यास से युक्त मूर्च्छित तथा जिसके नेत्र इधर-उधर चल रहे हों, एवं जो रोगी हमेशा दीर्घ-श्वास ले रहा हो और क्षीण हो ऐसे रोगी को भी ज्वर मार डालता है।

जिसकी प्रभा एवं इन्द्रियों की विषय-ग्रहण-शक्ति नष्ट हो गई हो जो क्षीण एवं अरुचि से पीडित हो एवं जो गम्भीर या अन्तर्दाह ज्वर के तीक्ष्ण वेग से पीड़ित हो ऐसे असाध्य रोगी की चिकित्सा नहीं करनी चाहिए अर्थात् ऐसे रोगी असाध्य होते हैं। जिस ज्वर में अन्दर दाह हो, प्यास अधिक मात्रा में लगे, और तीव्र श्वास, कास से युक्त हो उसको गम्भीर ज्वर कहते हैं। जो रोगी क्षीण हो गया हो तथा शरीर रूक्ष हो गया हो, उस रोगी को गम्भीर ज्वर मार देता है। अर्थात् यह रोगी असाध्य होता है। जिस रोगी के भाल प्रदेश (ललाट) में बर्फ के समान पसीना निकलता हो, शीत से पीड़ित हो, शरीर में चिप-चिपाहट हो और जिसके कण्ठ में कोई चीज (जल आदि) छोड़ने पर अन्दर न जाता हो, ऐसा रोगी अवश्य ही यमराज के घर जाता है, अर्थात् मर जाता है। जो रोगी हिचकी लेता है, सोता है, शरीर शीतल हो गया है और जिसके अन्दर दाह हो, स्मरण-शक्ति से रहित हो, श्वास लेता हो, रोमाञ्च होता हो एवं वेदना होती हो ऐसे रोगी को ज्वर के लक्षणों को जाननेवाला वैद्य छोड़ दे। अर्थात् ऐसा रोगी असाध्य होता है उसकी चिकित्सा न करे ॥ १०४–११३ ॥

ज्वरमुक्तलक्षणम्—

दाहः स्वेदो भ्रमस्तृष्णा कम्पविड्भेदसंज्ञिताः ।
कूजनं चास्यवैगन्ध्यमाकृतिर्ज्वरमोक्षणे ॥ ११४ ॥
स्वेदो लघुत्वं शिरसः कण्डूः पाको मुखस्य च ।
क्षवथुश्चान्नलिप्सा च ज्वरमुक्तस्य लक्षणम् ॥ ११५ ॥
विगतक्लेशसंतापमव्यथं विमलेन्द्रियम् ।
भक्तं काङ्क्षति सर्वं च विद्यात् पुरुषमज्वरम् ॥ ११६ ॥
विमुक्तस्यापि शिरसो ज्वरो यस्य न मुञ्चति ।
अविमुक्तः स विज्ञेयो ज्वरः पुनरुपैति तम् ॥ ११७ ॥
देहो लघुर्व्यपगतक्लममोहतापः
पाको मुखे करणसौष्ठवमव्यथत्वम् ।
स्वेदः क्षवः प्रकृतियोगि-मनोऽन्नलिप्सा
कण्डूश्च मूर्ध्नि विगतज्वरलक्षणानि ॥ ११८ ॥

ज्वरमोक्ष का पूर्वरूप तथा ज्वर-मुक्त का लक्षण—ज्वरमोक्ष के समय शरीर में दाह, स्वेद, भ्रम, प्यास, कम्पन, मलभेद (अतिसार), संज्ञानाश, कूजन (कराहना) तथा मुख से दुर्गन्धि का आना ये लक्षण होते हैं। पसीना आना, शरीर में हल्कापन, सिर में खुजली, मुखपाक, छींक आना तथा अन्न खाने की इच्छा होना ये ज्वरमुक्त के लक्षण हैं। जो रोगी पीड़ा तथा संताप से

रहित हो गया हो, व्यथा से मुक्त हो, जिसकी इन्द्रियां प्रसन्न हो गई हों, और भोजन करने की इच्छा होती हो, ऐसे रोगी को ज्वरमुक्त समझना चाहिए। जिस ज्वरमुक्त रोगी को शिर का ताप आदि नहीं छोड़ता है उसको ज्वर से मुक्त नहीं समझना चाहिए। उसको पुनः ज्वर हो जाता है। देह का हल्का होना, शरीर की चिपचिपाहट, मोह तथा ताप का न होना, मुख में पाक का होना, करणसौष्ठव, व्यथा का अभाव, पसीना आना, छींक आना, प्रकृत योगिमनः (स्वाभाविक कार्यों में मन का लगना), अन्न खाने की इच्छा तथा सिर में खुजलाहट ये मुक्तज्वर के लक्षण हैं ॥ ११४–११८ ॥

अथातः सर्वज्वरपाचनयोगान् व्याख्यास्यामः ।

मङ्गलाचरणम्—

अनञ्जनं शान्तमुदात्तमद्भुतं पुरः स्फुरद्विश्वपदार्थसार्थभृत् ।
स्तुवे तदेवेदमहं तमोपहं सदा चिदानन्दमयं महन्महः ॥ ११९ ॥

इसके बाद सभी ज्वरों के पाचन योगों को कहेंगे ।

मंगलाचरण—स्वरूपरहित (अव्यक्त), शान्त, सर्वश्रेष्ठ, आश्चर्यमय, सामने दृश्यमान संसार के सभी पदार्थों को धारण करनेवाले, महान् तेजोमय, अज्ञाननाशक ज्ञान एवं आनन्द-स्वरूप उस परेश्वर का निरन्तर स्तुति करता हूँ ॥ ११९ ॥

रोगविज्ञानोपायाः—

संस्पर्शनप्रश्नविमर्शवीक्षा-
दिभिः प्रकारैः प्रथमं चतुर्भिः ।
व्याधेः परिज्ञानमुशन्ति सन्तो
यतस्ततः क्वापि न सन्ति तज्ज्ञाः ॥ १२० ॥
तद्दोषदेशबलकालविकारसत्त्व-
सात्म्यौषधानलवयःप्रकृतीः परीक्ष्य ।
नानाप्रकारपवनादिगदातुराणा-
मुक्तं चिकित्सितमिदं नतु कर्मजानाम् ॥ १२१ ॥

रोग ज्ञान का उपाय—विद्वान् वैद्य पहले स्पर्श, प्रश्न, विचार तथा दर्शन इन चार प्रकार के उपायों से रोग का ज्ञान मानते हैं। इन चारों प्रकार से रोग को जाननेवाले विद्वान् प्रत्येक जगह नहीं मिलते। रोग को स्पर्शनादि उपायों से दोष (वात-पित्त-कफ), बल, काल, विकार, पराक्रम, सात्म्य, (अभ्यास), औषध, जाठराग्नि-अवस्था तथा प्रकृति की परीक्षा कर अनेक प्रकार के वातज, पित्तज एवं कफज रोगों से पीडित रोगियों की चिकित्सा

कही गई है। असत्कर्म से उत्पन्न रोगों की चिकित्सा नहीं कही गई है ॥ १२०–१२१ ॥

व्याधेः कर्मजादिभेदाः—

कर्मप्रकारेण कदाचिदेके दोषप्रकोपेण भवन्ति चान्ये ।
तथाऽपरे प्राणिषु कर्मदोषप्रकोपजाः कायमनोविकाराः ॥ १२२ ॥

ते वातपित्तकफजास्त्रिविधा द्विधाऽत्र
काये मनस्यपि च सन्त्यपरे नराणाम् ।
साध्याः क्वचित्क्वचिदपि प्रभवन्ति याप्याः
केचित्क्वचित्पुनरसाध्यतमाः प्रदिष्टाः ॥ १२३ ॥

रोग के कर्मज आदि भेद—कुछ रोग कभी असत्कर्म के प्रकोप से उत्पन्न होते हैं, दूसरे वात-पित्त एवं कफ आदि दोष-प्रकोप से उत्पन्न होते हैं। और इसके अतिरिक्त मनुष्यों में असत्कर्म एवं दोषों के प्रकोप से कायिक तथा मानसिक विकार उत्पन्न होते हैं। ऐसे दो प्रकार के कायिक एवं मानसिक रोगों में वातज, पित्तज एवं कफज तीन प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार मनुष्यों के मनमें भी शोक, चिन्ता आदि अनेक रोग होते हैं। कुछ रोग साध्य होते हैं, कुछ रोग याप्य होते हैं। इसी प्रकार पुनः कहीं कहीं पर कुछ रोग असाध्यतम भी कहे गये हैं ॥ १२२–१२३ ॥

साध्यव्याधिलक्षणम्—

एकैकदोषजनिता निरुपद्रवाश्च
दीप्तानलस्य च सदाऽऽत्मवतश्च जन्तोः ।
वित्तान्वितस्य च रुजः सदुपक्रमेण
साध्या भवन्ति भिषजामचिरोद्भताश्च ॥ १२४ ॥

साध्यव्याधि के लक्षण—एक दोष से उत्पन्न रोग हो, उपद्रव रहित हो, रोगी की अग्नि प्रदीप्त हो, संयम-नियम से रहनेवाला हो, धनी हो, थोड़े ही दिनों से उत्पन्न हो, इस प्रकार के रोग वैद्य के विधिवत् उपक्रम (चिकित्सा) से साध्य होते हैं ॥ १२४ ॥

याप्यव्याधिलक्षणम्—

ये यावदेव भिषजामगदप्रयोगा-
स्तावत्प्रशान्तिमुपयान्त्यगदैर्विना ये ।
प्रादुर्भवन्ति च पुनः सहसा द्विदोषा-
स्तादृग्विधाः स्युरिति याप्यतमा गदा हि ॥ १२५ ॥

याप्य व्याधि के लक्षण—जो रोग वैद्यों के चिकित्सा-काल पर्यन्त शान्त रहते हैं और चिकित्सा के अभाव में उत्पन्न हो जाते हैं एवं पुनः एकाएक

द्विदोषज हो जाते हैं। इस प्रकार के रोग याप्यतम कहे गये हैं। (औषधि-सेवन करने से शान्त रहते हैं और औषध के अभाव में उत्पन्न हो जाते हैं ऐसे रोग याप्यतम कहे गये हैं) ॥ १२५ ॥

असाध्यव्याधिलक्षणम्—

ये कर्मजाः सह भवन्ति शरीरिणां हि
ये च त्रिदोषजनिताश्चिरकालजाश्च ।
सोपद्रवाश्च्युतधनस्य च ते गताग्ने-
रुग्रा गदा गदवतस्त्वगदैरगम्याः ॥ १२६ ॥

असाध्य व्याधि के लक्षण—जो कर्मज रोग हैं, बहुकालीन हैं, त्रिदोषज हैं, तथा उपद्रवयुक्त हैं ऐसे रोग एवं धनहीन तथा नष्टाग्निवाले रोगियों के अनेक उपद्रव-युक्त जो रोग हैं वे असाध्यतम होते हैं। ऐसे रोगों में चिकित्सा विफल हो जाती है ॥ १२६ ॥

कर्मजव्याधिलक्षणम्—

यथाशास्त्रं विनिर्णीतो यथाव्याधि चिकित्सितः ।
न शमं याति यो व्याधिः स ज्ञेयः कर्मजो बुधैः ॥ १२७ ॥
स्वल्पदोषे गरीयान् यः स ज्ञेयः कर्मदोषजः ।

कर्मज व्याधि के लक्षण—शास्त्र के अनुसार निर्णय कर रोग के अनुसार चिकित्सा करने पर भी जो रोग शान्त नहीं होता है, उसे विद्वान् वैद्य कर्मज रोग मानते हैं। और जो रोग अल्प मात्रा में दोष-प्रकोप होने पर भी बड़ा (अनेक उपद्रव-युक्त) हो जाता है वह भी कर्मदोषज कहलाता है।

कर्मजादिव्याधीनां प्रशमोपायः—

कर्मक्षयात्कर्मकृतो दोषजः स्वशमौषधैः ॥ १२८ ॥
कर्मदोषोद्भवो याति कर्मदोषक्षयात्क्षयम् ।
यथा विषं यथा शस्त्रं यथाऽग्निरशनिर्यथा ॥ १२९ ॥
तथौषधमविज्ञातं विज्ञातमसृतं यथा ।
उत्पद्यते हि साऽवस्था दोषकालबलं प्रति ।
यस्यां कार्यमकार्यं स्यात् कर्म कार्यं च गर्हितम् ॥ १३० ॥

कर्मज एवं दोषज व्याधियों के प्रशमन का उपाय—कर्मज रोग कारणभूत असत्कर्म के नाश होने से शान्त होते हैं। वात-पित्तादि दोष से उत्पन्न रोग तत्तद्दोष-शामक औषध के प्रयोग से शान्त होते हैं एवं कर्म-दोषज रोग, कारणभूत असत्कर्म के नाश होने से तथा दोषशामक औषध के प्रयोग से शान्त होते हैं। जिस प्रकार विष है, शस्त्र है, अग्नि है तथा वज्र है, उसी

प्रकार विना जाना हुआ औषध है। और अच्छी तरह जानकर प्रयोग किया औषध अमृत के समान है।

दोष, काल तथा बल के अनुसार ऐसी अवस्था उत्पन्न हो जाती है जिसमें उचित उपक्रम (कार्य) असफल हो जाता है और निन्दित कार्य सफल हो जाता है॥ १३०-१२८-१३० ॥

ज्वरसामान्यलक्षणम्—

स्वेदस्य नोद्भेदकथा समग्रगात्रग्रहस्तापकृतः प्रलापः।
जायेत यस्मिन् युगपद्विकारे मनीषिणस्तं ज्वरमुद्दिशन्ति॥ १३१ ॥

ज्वर का सामान्य लक्षण—जिस रोग में एक ही साथ पसीना रुक जाता है, सम्पूर्ण शरीर में टूटने जैसे पीड़ा होने लगती है, शरीर में गर्मी हो जाती है और प्रलाप होता है, ऐसे रोग को विद्वान् वैद्य ज्वर कहते हैं॥ १३१ ॥

ज्वरे लङ्घनकरणे हेतुः—

आमाशयस्थो ज्वलनं निहन्य स्रोतांसि चामानुगतो निरुध्य।
दोषो ज्वरं घोरतरं तनोति कुर्यादतो लङ्घनमस्तदोषम्॥ १३२॥
ज्वरघ्नं दीपनं काङ्क्षा रुचिलाघवकारकम्।
अवेक्ष्य दोषं प्राणं च कार्यं स्यादपतर्पणम्॥ १३३॥

ज्वर में लङ्घन करने का कारण—आमाशय में स्थित दोष (वात, पित्त, कफ) जाठराग्नि को नाश कर और आमानुगत दोष स्रोतों (पक्वाशय आदि) काअवरोध कर तीव्रतर ज्वर को उत्पन्न करता है अतः दोषों के शमन होने तक लङ्घन करे ज्वर को नाश करनेवाला, जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला, रुचिको बढ़ानेवाला और शरीर को हल्का बनानेवाला, अपतर्पण, दोष एवं जीवनीय शक्ति को देखकर करना चाहिए॥ १३२-१३३ ॥

अवस्थाविशेषे लङ्घननिषेधः—

तद्धि मारुतक्षुत्तृष्णामुखशोषभ्रमान्विते.
कार्यं न बाले वृद्धे वा न गर्भिण्यां न दुर्बले॥ १३४॥
न तथाऽध्वश्रमक्रोधशोककामक्षयज्वरे।
शुद्धवातक्षयागन्तुजीर्णज्वरिषु लङ्घनम्॥ १३५॥
न चेष्यते तेषु हितं शमनं यन्न कर्षणम्।

अवस्था-विशेष में लङ्घन-निषेध—वात रोग, भूख-प्यास, मुखशोष तथा भ्रम से पीड़ित रोगियों में बालकों एवं वृद्धों में लंघन नहीं कराना चाहिए। गर्भिणी तथा दुर्बल व्यक्ति को भी लंघन नहीं कराना चाहिए। इसी प्रकार मार्ग के परिश्रम, क्रोध, शोक, काम एवं क्षय के ज्वर में लंघन न करे। शुद्ध वातरोग, क्षयरोग, आगन्तुक रोग एवं जीर्ण ज्वर के रोगियों को लंघन नहीं

कराना चाहिए। बल्कि इस प्रकार की अवस्था एवं रोगों में शामक चिकित्सा करनी चाहिए जो शरीर को दुर्बल बनानेवाला न हो।

आगन्तुरोगलक्षणम्—

ये भूतविषवाय्वग्निक्षतभङ्गादिसंभवाः ॥ १३६ ॥
कामक्रोधभयाद्याश्च ते स्युरागन्तवो गदाः।

आगन्तुक रोग का लक्षण—जो भूत, विष, वायु, अग्नि, क्षत, भंग आदि से उत्पन्न और काम, क्रोध एवं भय से उत्पन्न रोग हैं वे आगन्तुक रोग कहलाते हैं।

लङ्घने बलरक्षणस्यावश्यकता—

बलाविरोधिना चैनं लङ्घनेनोपपादयेत् ॥ १३७ ॥
बलाधिष्ठानमारोग्यं यदर्थोऽयं क्रियाक्रमः।

लंघन में बल की रक्षा करने की आवश्यकता—इस प्रकार लंघन कराना चाहिए जिससे बल का नाश न हो। क्योंकि बल ही आरोग्य का अधिष्ठान है जिसके लिये यह लंघनादि उपक्रम किया जाता है।

सम्यक्कृतलङ्घनलक्षणम्—

वातमूत्रपुरीषाणां विसर्गे गात्रलाघवे।
हृदयोद्गारकण्ठास्यशुद्धौ तन्द्राक्लमे गते ॥ १३८ ॥
स्वेदे जाते रुचौ चापि क्षुत्पिपासासहोदये।
कृतं लङ्घनमादेश्यं निर्व्यथे चान्तरात्मनि ॥ १३९ ॥

अच्छी तरह लंघन किये हुए का लक्षण—अपान वायु, मूत्र तथा मल का अच्छी तरह त्याग हो, शरीर में हल्कापन हो, हृदय में उद्गार, कण्ठ एवं मुख में सफाई मालूम पड़े, तन्द्रा न आवे। थकावट दूर हो जाय, पसीना निकले, अन्न खाने में रुचि हो, भूख और प्यास साथ-साथ लगे, और अन्दर में किसी प्रकार की पीड़ा का अनुभव न हो, ये सब सम्यक्कृत लंघन के लक्षण हैं ॥ १३८-१३९ ॥

अतिकृतलङ्घनलक्षणम्—

पर्वभेदोऽङ्गमर्दश्च कासः शोषो मुखस्य च।
क्षुत्प्रणाशोऽरुचिस्तृष्णा दौर्बल्यं श्रोत्रनेत्रयोः ॥ १४० ॥
मनसः संभ्रमोऽभीक्ष्णमूर्ध्ववातस्तमो हृदि।
देहाग्निबलहानिश्च लङ्घनेऽतिकृते भवेत् ॥ १४१ ॥

अधिक लंघन किये हुए का लक्षण—सन्धियों में दर्द होना, शरीर में वेदना, कास, मुख सूखना, भूख न लगना, भोजन में इच्छा न होना, प्यास लगना, कान तथा आँख की शक्ति का क्षीण होना, मानसिक भ्रम (मूर्च्छा)

होना, निरन्तर ऊर्ध्ववात (डकार) आना, हृदय में अन्धकार मालूम होना, और शरीर में अग्नि तथा बल का नष्ट हो जाना, ये सब लक्षण अधिक लंघन करने पर उत्पन्न होते हैं ॥ १४०-१४१ ॥

तन्द्रालक्षणम्—

इन्द्रियार्थेष्वसंप्राप्तिर्गौरवं जृम्भणं क्लमः ।
निद्रार्तस्येव यस्येहा तस्य तन्द्रां विनिर्दिशेत् ॥ १४२ ॥

तन्द्रा के लक्षण—नेत्र आदि इन्द्रियों के विषयों में मन का न लगना, भारीपन मालूम होना, जम्भाई आना, थकावट का अनुभव होना, और नींद से व्याकुल हुए की तरह जिसमें इच्छा होती है उसको तन्द्रा कहते हैं ॥ १४२ ॥

जृम्भालक्षणम्—

पीत्वैकमनिलोच्छ्वासमुद्वेष्टन् विवृताननः ।
यं मुञ्चति सनेत्राश्रु स जृम्भ इति संज्ञितः ॥ १४३ ॥

जृम्भा के लक्षण—वायु के उच्छ्वास को पान कर मुख को फैलाकर वायु को रोकता हुआ जो नेत्र के आसुओं के साथ छोड़ता है उसको जृम्भा (जम्भाई) कहते हैं ॥ १४३ ॥

क्लमलक्षणम्—

योऽनायासः श्रमो देहे प्रवृद्धः श्वासवर्जितः ।
क्लमः स इति विज्ञेय इन्द्रियार्थप्रबाधकः ॥ १४४ ॥

क्लम का लक्षण—शरीर में अनायास अधिक थकावट का अनुभव होता हो, श्वास से रहित हो और इन्द्रियों के कार्य में विघ्न पैदा करता है, उसको क्लम कहते हैं ॥ १४४ ॥

क्षवथुलक्षणम्—

प्राणोदानौ समौ स्यातां मूर्धस्रोतःपथि स्थितौ ।
नस्तः प्रवर्तते शब्दः क्षवथुं त विनिर्दिशेत् ॥ १४५ ॥

क्षवथु (छींक) का लक्षण—मूर्धा और स्रोतसमार्ग में स्थित होकर प्राण और उदानवायु को समान बना देता है और नासिका से जो शब्द निकलता है उसको क्षवथु (छींक) कहते हैं ॥ १४५ ॥

आलस्यलक्षणम्—

सुखस्पर्शप्रसंगित्वं दुःखद्वेषणलोलता ।
शक्तस्य चाप्यनुत्साहः कर्मण्यालस्यमुच्यते ॥ १४६ ॥

आलस्य का लक्षण—सुखपूर्वक पड़े रहने की इच्छा हो, दुःख को देखकर उससे दूर रहने की इच्छा होती हो और समर्थ होने पर भी कार्य करने में उत्साह न होता हो उसको आलस्य कहते हैं ॥ १४६ ॥

उत्क्लेदलक्षणम्—

यस्य त्वन्नं न निर्गच्छेत् प्रसेकः ष्ठीवते नरः ।
हृदयं पीड्यते यस्य तस्योत्क्लेदं विनिर्दिशेत् ॥ १४७ ॥

उत्क्लेद का लक्षण—जिसमें वमन की इच्छा होने पर भी अन्न न निकले, अवसाद हो, मनुष्य को थूकने की प्रवृत्ति हो तथा हृदय में पीड़ा होती हो, उसको उत्क्लेद कहते हैं ॥ १४७ ॥

ग्लानिलक्षणम्—

वक्त्रे मधुरता तन्द्रा हृदयोद्वेष्टनं भ्रमः ।
न चान्नमभिकाङ्क्षेत ग्लानिं तस्य विनिर्दिशेत् ॥ १४८ ॥

ग्लानि का लक्षण—मुख में मिठास रहे, तन्द्रा हो, हृदय जकड़ा हुआ ज्ञात हो, और अन्न खाने की इच्छा न होती हो उसे ग्लानि कहते हैं ॥ १४८ ॥

गौरवलक्षणम्—

आर्द्रचर्मावनद्धं च यो गात्रं मन्यते नरः ।
तथा गुरु शिरोऽत्यर्थं गौरवं तं विनिर्दिशेत् ॥ १४९ ॥

गौरव का लक्षण—जो मनुष्य अपने शरीर को गीले चमड़े से बँधा हुआ मानता हो और शिर में अत्यन्त भारीपन का अनुभव करता हो उसे गौरवयुक्त कहते हैं। अर्थात् जिसमें शरीर गीले चमड़े से बँधा हुआ-सा प्रतीत हो, शिर में अत्यन्त भारीपन हो उसे गौरव कहते हैं ॥ १४९ ॥

ज्वरे वमनावस्था—

सद्योभुक्तस्य संजाते ज्वरे सामे विशेषतः ।
वमनं वमनार्हस्य शस्तमित्याह वाग्भटः ॥ १५० ॥

ज्वर में वमन कराने की अवस्था—'भोजन के बाद शीघ्र ही ज्वर हो जाय, और विशेषकर आमज्वर हो तो वमन कराने योग्य व्यक्ति को वमन कराना उत्तम है' ऐसा वाग्भट ने कहा है ॥ १५० ॥

अनुक्तव्याधिज्ञानोपायः—

नास्ति रोगो विना दोषैर्यस्मात्तस्माद्विचक्षणः ।
अनुक्तमपि दोषाणां लिङ्गैर्व्याधिमुपाचरेत् ॥ १५१ ॥
विकारनामाकुशलो न जिह्रीयात्कदाचन ।
नहि सर्वविकाराणां नामतोऽस्ति ध्रुवा स्थितिः ॥ १५२ ॥

अनुक्त व्याधि को जानने का उपाय—दोषों के बिना रोगों की उत्पत्ति नहीं होती है अतः विद्वान् चिकित्सक बिना कहे हुए रोगों की भी दोषों के लक्षणों से रोग की कल्पना कर चिकित्सा करे। रोग के नाम को न

जाननेवाला व्यक्ति कभी भी लज्जा का अनुभव न करे क्योंकि सभी विकारों को अलग-अलग नाम से गणना नहीं की जा सकती ॥ १५१–१५२ ॥

चिकित्साया आवश्यकता—

साध्या याप्यत्वमायान्ति याप्याश्चासाध्यतां तथा ।
घ्नन्ति प्राणानसाध्यास्तु नराणामक्रियावताम् ॥ १५३ ॥
जातमात्रश्चिकित्स्यस्तु नोपेक्ष्योऽल्पतया गदः ।
वह्निशस्त्रविषैस्तुल्यः स्वल्पोऽपि विकरोत्यसौ ॥ १५४ ॥
निवृत्तोऽपि पुनर्व्याधिः स्वल्पेनाऽऽयाति हेतुना ।
क्षीणे मार्गीकृते दोषे शेषः सूक्ष्म इवानलः ॥ १५५ ॥

चिकित्सा की आवश्यकता—उपचार न करनेवाले मनुष्य के साध्य रोग याप्य हो जाते हैं, याप्य रोग असाध्य हो जाते हैं और असाध्य होकर प्राण को नाश कर देते हैं। रोग के उत्पन्न होते ही चिकित्सा करनी चाहिये। छोटा समझ कर उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। छोटा भी उपेक्षित रोग, अग्नि, शस्त्र तथा विष के समान बढ़कर विकार उत्पन्न करता है। थोड़े भी कारण से क्षीण-दोषों के दूषित होने पर अच्छा हुआ भी रोग पुनः उत्पन्न हो जाता है। जैसे अवशेष आग का छोटा भी कण पुनः प्रज्वलित कर देता है ॥ १५३–१५५ ॥

तरुणादिज्वरलक्षणम्—

आसप्तरात्रं तरुण ज्वरमाहुर्मनीषिणः ।
मध्यं चतुर्दशाहं तु पुराणमत उत्तरम् ॥ १५६ ॥
आसप्तरात्रात्तरुणं च पञ्च-
दिनान्यथो मध्यममामनन्ति ।
पश्चाज्ज्वरं जीर्णमिति ज्वरस्य
तिस्रोऽप्यवस्थाः कथिता हिताय ॥ १५७ ॥

तरुण, मध्य आदि ज्वर के लक्षण—विद्वान् वैद्य सात दिन तक ज्वर को तरुण ज्वर कहते हैं और चौदह दिन तक मध्य ज्वर कहते हैं। इसके बाद पुराना (जीर्ण) ज्वर कहते हैं। या सात दिन तक तरुण ज्वर उसके बाद पांच दिन तक मध्यज्वर और तदनन्तर ज्वर को जीर्णज्वर मानते हैं। इस प्रकार मनुष्यों के हित के लिये ज्वर की तीन अवस्थायें कही गई हैं ॥ १५६–१५७ ॥

तरुणज्वरे वर्ज्यानि—

परिषेकान् प्रदेहांश्च स्नेहान् संशोधनानि च ।
दिवास्वप्नं व्यवायं च व्यायामं शिशिरं जलम् ॥ १५८ ॥
क्रोधप्रवातभोज्यानि वर्जयेत्तरुणज्वरी ।

तरुण ज्वर में निषिद्ध—तरुणज्वर से पीड़ित व्यक्ति, स्नान, लेप, तैल,

कफपित्तज्वरे त्रायन्त्यादिकषायः—

त्रायन्ती कटुका मुस्तं चन्दनोशीरसारिवाः।
पटोलपत्रं मधुकं मधूकं चाक्षसंमितम् ॥ २६० ॥
तत्पक्वं मधुना पेयं कफपित्तोद्भवे ज्वरे।

कफपित्त ज्वर में त्रायन्त्यादि कषाय—त्रायन्ती, कुटकी, मोथा, रक्तचन्दन, खस, अनन्तमूल, परोरा की पत्ती, मुलेठी तथा महुआ—इन द्रव्यों को एक-एक अक्ष लेकर क्वाथ सिद्ध करे और मधु मिलाकर कफपित्तजन्य ज्वर में पान करे ॥

कफपित्तज्वरे तृतीयः पटोलादिक्वाथः—

पटोलारिष्टपत्राणि सामया कटुरोहिणी।
हरिद्रे मधुकं मुस्तमुशीरं चतुरङ्गुलः ॥ २६१ ॥
पिबेत्कषायं मधुना श्लेष्मपित्तज्वरेऽरुचौ।

कफपित्त ज्वर में तृतीय पटोलादि क्वाथ—परोरा की पत्ती, नीम की पत्ती, हर्रे, कुटकी, हरिद्रे (हल्दी, दारुहल्दी), मुलेठी, मोथा, खस, अमलतास (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ मधु मिलाकर कफपित्तजन्य ज्वर एवं अरुचि में पान करे ॥

कफपित्तज्वरे चतुर्थः पटोलादिक्वाथः—

पटोलं चन्दनं मूर्वा पाठा तिक्ताऽमृता गणः ॥ २६२ ॥
पित्तश्लेष्मज्वरच्छर्दिदाहकण्डूविषापहः।

कफपित्त ज्वर मे चतुर्थ पटोलादि क्वाथ—परोरा, रक्तचन्दन, मूर्वा (मुलेठी या 'मोरवेल'), पाढ़ी, कटुकी तथा गुडूची (समभाग)—इन द्रव्यों से साधित कषाय पित्त कफजन्य ज्वर, वमन, दाह, कण्डू तथा विष को नाश करता है ॥

कफपित्तज्वरे वासास्वरसः—

सपत्रपुष्पवासाया रसः क्षौद्रसितायुतः ॥ २६३ ॥
कफपित्तज्वरं हन्ति सासृपित्तं सकामलम्।

कफपित्त ज्वर में वासास्वरस—पत्ता तथा पुष्प सहित अडूसा का स्वरस, मधु एवं मिश्री मिलाकर पान करने से कफपित्तजन्य ज्वर रक्तपित्त तथा कामला को नाश करता है ॥

कफपित्तज्वरे कटुकायोगः—

सशर्करामक्षमात्रां कटुकामुष्णवारिणा।
पीत्वा ज्वरं जयेज्जन्तुः कफपित्तसमुद्भवम् ॥ २६४ ॥

कफपित्त ज्वर में कटुकायोग—कटुकी का चूर्ण शक्कर मिलाकर एक अक्ष

(एक तोला) की मात्रा में गरम जल के साथ पीकर मनुष्य कफपित्तजन्य ज्वर को जीत लेता है ॥ ३६४ ॥

कफपित्तज्वरे धान्यकादिक्वाथः—

दीपनं कफविच्छेदि पित्तवातानुलोमनम् ।
ज्वरघ्नं पाचनं भेदि श्रृतं धान्यपटोलयोः ॥ ३६५ ॥

कफपित्तज्वर में धान्यादि क्वाथ—धनिया तथा परोरा का श्रृत (क्वाथ) अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला, कफ को निकालनेवाला पित्त एवं वात को अनुलोमन करनेवाला, ज्वरनाशक, पाचक एवं विबन्ध को दूर करनेवाला है ॥ ३६५ ॥

कफपित्तज्वरे द्वितीयो भार्ग्यादिकषायः—

भार्गी पथ्या वचा मुस्ता हरिद्रा च हरीतकी ।
मधुयष्टीपर्पटकौ क्वाथः पित्तकफज्वरे ॥ ३६६ ॥

कफपित्तज्वर में द्वितीयभार्ग्यादि कषाय—भारंगी, बड़ी हर्रे, वच, मोथा हल्दी, छोटी हर्रे, जेठी मधु तथा पित्तपापड़ा—इन द्रव्यों का क्वाथ पित्तकफजन्य ज्वर में हितकर है ॥ ३६६ ॥

कफपित्तज्वरे तृतीय आरग्वधादिकषायः—

आरग्वधो निम्वदलानि तिक्ता मुस्ता हरिद्रा च हरीतकी च ।
यष्टीमधूशीरकपर्पटं च क्वाथो हितः पित्तकफज्वरे सः ॥ ३६७ ॥

कफपित्तज्वर में द्वितीय आरग्वधादि कषाय—अमलतास, नीम का पत्ता, कुटकी, मोथा, हल्दी, छोटी हर्रे, जेठीमधु, खस तथा पित्तपापड़ा (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ पित्तकफजन्य ज्वर में हितकर है ॥ ३६७ ॥

कफपित्तज्वरे त्रिफलादिकषायः—

फलत्रिकमुशीरं च पटोलं मधुयष्टिका ।
आटरूषः कषायोऽयं पेयः पित्तकफज्वरे ॥ ३६८ ॥

कफपित्तज्वर में त्रिफलादिक्वाथ—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), खस, परोरा का पत्ता, जेठीमधु तथा अड़ूसा—इन द्रव्यों का कषाय पित्तकफजन्य ज्वर में पान करे ॥ ३६८ ॥

कफपित्तज्वरे रोहिण्यादिकषायः—

रोहिणी नागरं मुस्ता पटोली कण्टकारिका ॥ ३६९ ॥
आटरूषगुडूचीन्द्रयवभार्गीकिरातकाः ।
चन्दनं च हरत्येष कासं दाहं तृषान्वितम् ॥ ३७० ॥

कफपित्तज्वर में रोहिण्यादि कषाय—कुटकी, सोंठ, मोथा, परोरा का पत्ता, भटकटैया, अड़ूसा, गुडूची, इन्द्रयव, भांगरा, चिरायता तथा रक्तचन्दन—

इन द्रव्यों का क्वाथ, कास, दाह तथा प्यास से युक्त कफपित्तजन्य ज्वर को दूर करता है ॥ ३६९–३७० ॥

कफपित्तज्वरे तृतीयो भार्ग्यादिक्काथः—

भार्गीवचापर्पटकधान्यहिङ्ग्वभयाघनैः ।
काश्मर्यनागरैः क्काथः सक्षौद्रः श्लेष्मपित्तजे ॥ ३७१ ॥

कफपित्तज्वर में तृतीय भार्ग्यादि क्वाथ—भारंगी, वच, पित्तपापड़ा, धनिया, हिंगु, हर्रे, मोथा, गम्भारी तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों से साधित (बनाया हुआ) क्वाथ मधु के साथ (पीने से) कफपित्तजन्य ज्वर में लाभप्रद है ॥ ३७१ ॥

कफपित्तज्वरे काश्मर्यादिशीतकषायः—

काश्मर्यफलमृद्वीकाशीतपाकीपरूपकम् ।
मधुकत्रिफलामुस्तचन्दनोशीरपद्मकम् ॥ ३७२ ॥
त्रायन्ती कटुका तुल्या यष्ट्याह्वं चापि तत्समम् ।
पिबेत्पर्युषितं शीतं मधुना श्लेष्मपित्तजित् ॥ ३७३ ॥

इति कफपित्तज्वरचिकित्सा ।

कफपित्तज्वर में काश्मर्यादि शीतकषाय—गम्भारीफल, मुनक्का, शीतपाकी (पीतपुष्प वरियार), फालसा, मुलेठी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), मोथा, चन्दन, खस, पद्मकाठ, त्रायन्ती, कुटकी तथा जेठी मधु समभाग—इन द्रव्यों को रात में भिगोकर प्रातः मसल एवं छानकर बनाया हुआ शीत कषाय मधु के साथ पान करने से कफपित्तज्वर को जीत लेता है ॥३७२–३७३॥

कफपित्तज्वर-चिकित्सा समाप्त ।

अथातः सन्निपातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

सन्निपातज्वरलक्षणम्—

आलस्यमरुचिः कर्णस्वनः शीर्षेऽतिवेदना ।
मूर्च्छा दाहस्तथा निद्रा नैव जिह्वातिपाण्डुरा ॥ ३७४ ॥
पीते वा लोहिते नीलेऽक्षिणी शीतं तथा वपुः ।
भ्रमः कासो मुखं पूति सन्निपातज्वरेङ्गितम् ॥ ३७५ ॥

सन्निपातज्वर का लक्षण—आलस्य, अरुचि, कान में शब्द होना, शिर में अधिक पीड़ा, मूर्च्छा, दाह, नींद का अधिक आना या बिलकुल न आना, जिह्वा का अधिक सफेद होना, पीला, लाल या नील वर्ण का आंख होना, शरीर का शीतल होना, भ्रम, कास (खांसी) तथा मुख से दुर्गन्ध निकलना ये सब सान्निपातिकज्वर के लक्षण हैं ॥ ३७४–३७५ ॥

सन्निपातचिकित्साक्रमः—

श्लेष्मनिग्रहमेवादौ कुर्याद्व्याधौ त्रिदोषजे ।
निरस्ते श्लेष्मणि ह्यस्य स्रोतःसूद्घाटितेषु च ॥ ३७६ ॥
लाघवं जायते सद्यस्तृष्णा चैवोपशाम्यति ।
दुर्गेऽम्भसि यथा मज्जद्भाजनं त्वरया बुधः ॥ ३७७ ॥
गृह्णीयात्तलमप्राप्तं तथाऽभिन्यासपीडितम् ।
निद्रोपेतमभिन्यासं क्षीणं विद्याद्बलौजसम् ॥ ३७८ ॥

सान्निपातिक चिकित्साक्रम—त्रिदोषज (सान्निपातिक) रोग में सर्वप्रथम कफ को दूर करे। त्रिदोषज व्याधि में कफ के दूर होने से स्रोतों की शुद्धि हो जाती है और स्रोतों की शुद्धि होने पर लघुता आ जाती है और शीघ्र ही पिपासा शान्त हो जाती है। जैसे बुद्धिमान् व्यक्ति अथाह जल में डूबते हुए घड़े को तल (नीच सतह) पर जाने के पहले ग्रहण कर लेता है अन्यथा घड़ा अप्राप्त हो जाता है। वैसे ही अभिन्यास (सन्निपात) से पीड़ित निद्रा में निमग्न, दुर्बल एवं शक्तिहीन रोगी में अभिन्यास रोग को जाने। अर्थात् सान्निपातिक रोग सर्वलक्षण से युक्त होने से असाध्य होता है अतः रोगी को यथाशीघ्र ही उपचार आदि से बचाने का प्रयास करना चाहिए ॥ ३७६-३७८ ॥

सन्निपातोपक्रमाः—

लङ्घनं वालुका स्वेदो नस्यं निष्ठीवनं तथा ।
अवलेहोऽञ्जनं चैव प्राक्प्रयोज्यं त्रिदोषजे ॥ ३७९ ॥
त्रिरात्रं पञ्चरात्रं वा दशरात्रमथापि वा ।

सन्निपातज्वर में चिकित्सा का उपक्रम—त्रिदोषज (सान्निपातिक) ज्वर में लंघन, वालुकास्वेद, नस्य, निष्ठीवन, अवलेह तथा अंजन का प्रयोग करना चाहिए। इन सबों का प्रयोग तीन रात, पांच रात या दश रात तक करना चाहिए ॥

सन्निपातज्वरे लङ्घनम्—

लङ्घनं सन्निपातेषु कुर्यादारोग्यदर्शनात् ॥ ३८० ॥
दोषाणामेव सा शक्तिर्लङ्घने या सहिष्णुता ।
न तु दोषक्षयात्कश्चित्सहते लङ्घनादिकम् ॥ ३८१ ॥
लङ्घनं स्वेदनं नस्यमञ्जनं कवलग्रहः ।
एतान्यादौ प्रयुञ्जीत सन्निपाते सुयुक्तिमान् ॥ ३८२ ॥

सन्निपातज्वर में लंघन—सान्निपातिक ज्वर में आरोग्य होने तक लंघन करना चाहिए। जो लंघन करने की सहनशीलता है, वह दोषों (वात-पित्त-

कफ) की ही शक्ति है। दोषों के नष्ट (शान्त) हो जाने पर कोई भी व्यक्ति लंघन आदि को नहीं सहन कर सकता है। विद्वान चिकित्सक सन्निपात ज्वर में सर्वप्रथम लंघन, स्वेदन, नस्य, अंजन तथा कवलग्रह इत्यादि लंघनादि कर्म का प्रयोग करे ॥ ३८०-३८२ ॥

सन्निपातज्वरे नस्यप्रयोगः—

मातुलुङ्गार्द्रकरसं कोष्णं त्रिलवणान्वितम् ।
अन्यद्वा सिद्धिविहितं नस्यं तीक्ष्णं प्रयोजयेत् ॥ ३८३ ॥
नस्येन भिद्यते श्लेष्मा प्रभिन्नश्च प्रसिच्यते ।
शिरोहृदयकण्ठास्यपार्श्वरुक् चोपशाम्यति ॥ ३८४ ॥
प्रमीलकस्तालुशोषः कासः श्वासश्च शाम्यति ।
जिह्वातालुगुरुत्वं च दृष्टिश्चास्य प्रसीदति ॥ ३८५ ॥
तस्मात्पुनः पुनः कुर्याच्छ्लेष्मकर्षणमौषधम् ।

सन्निपात ज्वर में नस्य प्रयोग—बिजौरे नीबू का रस तथा अदरक के रस में त्रिलवण (सेंधा, सौवर्चल, विडनमक) मिलाकर तथा गरम कर तीक्ष्ण नस्य का प्रयोग करे। या अन्य चरक संहिता के सिद्धि स्थान में विहित नस्य का प्रयोग करे। नस्यकर्म से कफ का भेदन होता है तथा भेदन होने से श्लेष्माशय की स्वच्छता हो जाती है। और शिर, हृदय, कण्ठ तथा पार्श्वशूल आदि पीड़ाओं का प्रकोप शान्त हो जाता है। एवं प्रमीलक (आंख का झपना = तन्द्रा), तालुशोष, कास तथा श्वास शान्त होता है। नस्यकर्म करने के पश्चात् रोगी की जिह्वा एवं तालु की गुरुता नष्ट हो जाती है। इसलिये बार-बार कफ को कर्षण करनेवाले औषध का सेवन करना चाहिये ॥

सन्निपातज्वरे वमनम्—

उद्दीर्णदोषं प्रथमे दिवसे वामयेन्नरम् ॥ ३८६ ॥
विशोषितं न वामयेद्वामयेन्मध्यमं तथा ।

सन्निपात ज्वर में वमन का प्रयोग—सन्निपात ज्वर में दोषों के उत्क्लेश होने पर रोगी को पहले दिन वमन कराना चाहिए। यदि रोगी दुर्बल हो तो वमन नहीं कराना चाहिए। वमन कर्म आवश्यक होने पर मध्यम प्रकार का वमनकारक औषध का प्रयोग करे ॥

सन्निपातज्वरे मधूकसारादिनस्यम्—

मधूकसारसिन्धूत्थवचोषणकणाः समाः ॥ ३८७ ॥
श्लक्ष्णं पिष्ट्वाऽम्भसा नस्यं कुर्यात्संज्ञाप्रबोधनम् ।

सन्निपात ज्वर में मधूकसारादिनस्य—मधूकसार (महुए की बीच की लकड़ी या मधूकरस), सेन्धानमक, वच, मरिच तथा पीपर समभाग—इन

द्रव्यों को पीसकर सूक्ष्म चूर्ण बनावे। और पानी में मिलाकर, संज्ञाप्रबोधन (होश में लाने के लिये) नस्यकर्म करे॥

विमर्श—मधूकसार से महुए की छाल को क्वाथ कर पुनः गाढ़ा बनाकर उसको भी इस नस्य के योग में मिला सकते हैं।

सन्निपातज्वरे कवलधारणम्—

आर्द्रकस्वरसोपेतं सैन्धवं सकटुत्रयम्॥ ३८८॥
आकण्ठं धारयेच्चास्ये निष्ठीवेच्च पुनः पुनः।
तेनास्य हृदयाच्छ्लेष्मा मन्यापार्श्वशिरोगलात्॥ ३८९॥
लीनोऽप्याकृष्यते शुष्को लाघवं चास्य जायते।
पर्वभेदो ज्वरो मूर्च्छा निद्राकासगलामयाः॥ ३९०॥
मुखाक्षिगौरवं जाड्यमुत्क्लेशश्चोपशाम्यति।
सकृद्द्वित्रिचतुः कुर्याद् दृष्ट्वा दोषबलाबलम्॥ ३९१॥
एतद्धि परमं प्राहुर्भेषजं सान्निपातिके।
पुनः पुनश्च निद्रायां कटु नस्याञ्जनं हितम्॥ ३९२॥
तीक्ष्णैर्द्रव्यैः सलवणैर्मातुलुङ्गरसप्लुतैः।
द्रवाम्लयुक्तैरथवा कोष्णास्तु कवलग्रहाः॥ ३९३॥

सन्निपात ज्वर में कवल-धारण—अदरक के स्वरस में सेंधानमक, कटुत्रिक (सोंठ, पीपर, मरिच), मिलाकर, मुख मे कण्ठपर्यन्त कवल (कुल्ला) धारण करे और बार-बार थूकता रहे। इससे रोगी के हृदय, मन्या, पार्श्वशिर एवं गले से चिपका हुआ कफ निकल जाता है और शुष्कता होने से लघुता आ जाती है। और कवलग्रह करने से गांठों का दर्द, ज्वर, मूर्च्छा, निद्रा, खांसी, गला के रोग, मुख एवं नेत्र का भारीपन, जड़ता (अकड़न) तथा उत्क्लेद (बार-बार वमन की इच्छा) शान्त हो जाते हैं। दोषों के बलाबल को देखकर एक बार, दो बार, तीन बार तथा चार बार कवल धारण कराना चाहिए। सान्निपातिक ज्वर में यह कवल धारण उत्तम औषध है। बार-बार निद्रा आने-पर कटुनस्य एवं अञ्जन हितकर है। तीक्ष्ण द्रव्य बिजौरे नींबू के रस तथा सेन्धानमक से युक्त या अम्ल द्रव्यों से उष्ण कवल ग्रहण करना चाहिए॥ ३८८-३९३॥

सन्निपातेऽष्टाङ्गावलेहिका—

कट्फलं पौष्करं भार्गी व्योषं यासश्च कारवी।
श्लक्ष्णचूर्णीकृतं चैव मधुना सह लेहयेत्॥ ३९४॥
एषाऽवलेहिका हन्ति सन्निपातं सुदारुणम्।
हिक्कां श्वासं च कासं च कण्ठरोगं नियच्छति॥ ३९५॥

एतद्योज्यं कफोद्रेके चूर्णमार्द्रकजै रसैः ।

सन्निपात में अष्टाङ्गावलेहिका—कायफल, पुष्करमूल, भारंगी, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), यास (यवासा), कारवी (मंगरैल) समभाग—इन द्रव्यों को कूट-पीसकर सूक्ष्म चूर्ण बनाये और मधु के साथ चाटे। यह अवलेहिका तीव्र प्रकार के सन्निपात को नाश करती है। और हिचकी, श्वास, कास तथा कण्ठ रोग को दूर करती है। इस चूर्ण को कफ के उत्क्वण होने पर अद्रक के रस के साथ प्रयोग करना चाहिए।

सन्निपातज्वरे क्षौद्रोपयोगनिषेधः—

सर्वेषु सन्निपातेषु न क्षौद्रमवचारयेत् ॥ ३९६ ॥
क्षौद्रं शीतोपचारं हि शीतं चात्र विरुध्यते ।
उष्णोपचारः सततं सन्निपातेषु शस्यते ॥ ३९७ ॥

सन्निपात ज्वर में मधु के उपयोग का निषेध—सभी प्रकार के सन्निपात ज्वर में मधु का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि मधु का प्रयोग शीतोपचार है और सन्निपातज्वर में शीतोपचार के विरुद्ध चिकित्सा है। सन्निपातज्वर में निरन्तर उष्णोपचार उत्तम होता है ॥ ३९६–३९७ ॥

सन्निपातज्वरे संज्ञाप्रबोधनार्थं शिरीषाद्यञ्जनम्—

शिरीषबीजगोमूत्रकृष्णामरिचसैन्धवैः ।
अञ्जनं स्यात्प्रबोधाय सरसोनशिलावचैः ॥ ३९८ ॥

सन्निपातज्वर में होश में आने के लिये शिरीषाद्यञ्जन—शिरीष का बीज, गोमूत्र, पीपर, मरिच, सेन्धानमक, लहसुन, मैनसिल तथा वच—इन द्रव्यों से अंजन तैयार कर रोगी को होश में लाने के लिये अंजन करे ॥ ३९८ ॥

सन्निपातज्वरे शिग्रुमूलाद्यं नस्यम्—

शोभाञ्जनकमूलस्य रसं च सुरसान्वितम् ।
विसंज्ञितानां नस्यं स्याद्बोधनं चाशु रोगिणाम् ॥ ३९९ ॥

सन्निपात ज्वर में शिग्रुमूलाद्यनस्य—सहिजन के जड़ का रस तुलसी के रस में मिलाकर बेहोश रोगी को शीघ्र ही होश में लाने के लिये अंजन करे ॥ ३९९ ॥

सन्निपातज्वरे बृहत्याद्यं प्रध्मापनं नस्यम्—

एकं बृहत्याः फलपिप्पलीकं शुण्ठीयुतं चूर्णमिदं प्रशस्तम् ।
प्रध्मापयेद् घ्राणपुटे विसञ्ज्ञश्चेष्टां करोति क्षवथुप्रबुद्धः ॥ ४०० ॥

सन्निपात ज्वर में बृहत्यादि प्रध्मापन नस्य—बनभंटा का एक फल, पीपर तथा सोंठ का चूर्ण मिलाकर नासा के पुट में प्रध्मापन करे। इस प्रकार प्रध्मापन कर्म करने से बेहोश रोगी को छींक आकर होश में ला देता है ॥४००॥

सन्निपातज्वरे संज्ञाप्रबोधनार्थं दाहः—

कृते संज्ञाविधानेऽपि संज्ञा यस्य न जायते ।
पादयोस्तं ललाटे वा दहेत्तप्तशलाकया ॥ ४०१ ॥

सन्निपातज्वर में होश में लाने के लिये दाहकर्म—होश में लानेवाले सभी उपायों को करने पर यदि रोगी होश में न आये तो रोगी के दोनों पैर में या ललाट में गरम लोहे की छड़ से दाहकर्म करे ॥ ४०१ ॥

सन्निपातज्वरेऽन्नव्यवस्था—

शस्तं सुलङ्घितस्यादौ विधाय कवलग्रहम् ।
लाजासक्तुकपथ्यं स्यात्सैन्धवेनावचूर्णितम् ॥ ४०२ ॥
रक्तपित्तहितत्वेन दाहज्वरहृते तथा ।
सक्तवः शीतवीर्याः स्युर्लाजपूर्वा हिता न ते ॥ ४०३ ॥
स चेज्जीर्यत्यविघ्नेन ज्वरी जीवेत्तदा ध्रुवम् ।
पाचनो दीपनो लाजमण्डस्तेनोष्ण इष्यते ॥ ४०४ ॥
अतोऽयं दशमूलादिसाधितो भिषजां मतः ।
पञ्चमुष्टिकयूषेण त्रिकण्टककृतेन वा ॥ ४०५ ॥
आदोषशमनात्पथ्यं त्रिकण्टेनैव साधयेत् ।

सन्निपात ज्वर में अन्न-व्यवस्था—सन्निपात ज्वर में अच्छी तरह लंघन करने के पश्चात् कवलग्रह करने के बाद सेंधानमक मिलाकर धान के लावा के सत्तू का पथ्य प्रशस्त होता है। सत्तू दाहज्वर को नाश करने के कारण रक्तपित्त में हितकर है। सत्तू शीतवीर्य होता है अतः दाहयुक्त सन्निपात ज्वर में लावा का सत्तू हितकर है, अन्य सत्तू हितकर नहीं हैं। यदि लावा का सत्तू निरुपद्रव पच जाय तो समझना चाहिए कि सन्निपात ज्वर का रोगी जीवित रहेगा। लावा का मण्ड, दीपन तथा पाचन है, अतः इसका प्रयोग बताया गया है। इसी कारण से लाजामण्ड को दशमूल (बेल की छाल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिटवन, भटकटैया, वनभण्टा तथा गोखरू) से सिद्ध कर प्रयोग करना चाहिए यह चिकित्सकों का मत है। दोषों के शमनपर्यन्त पञ्चमुष्टि (श्लो. ४०६) के कषाय से या पञ्चमुष्टि तथा त्रिकण्टक (गोखरू) के क्वाथ से या केवल गोखरू के क्वाथ से सिद्ध कर पथ्य का प्रयोग करना चाहिए।

सन्निपातज्वरे पञ्चमुष्टिक्यूषः—

यवकोलकुलत्थानां मुद्गमूलकशुण्ठयोः ।
एकैकं मुष्टिमादाय पचेदष्टगुणे जले ॥ ४०६ ॥
पञ्चमुष्टिक इत्येष वातपित्तकफापहः ।

शस्यते शूलगुल्मेषु कासे श्वासे क्षये ज्वरे ॥ ४०७ ॥

सन्निपात ज्वर में पञ्चमुष्टिकयूष—यव, कोल (बैर), कुलत्थ (कुल्थी), मूंग तथा मूली का सोंठ, एक-एक मुष्टि (पल) लेकर अठगुने जल में पकावे, अष्टमांश शेष क्वाथ को प्रयोग में ले। यह पञ्चमुष्टिक यूष वातपित्तकफ ज्वर को नाश करता है और शूल, गुल्म, कास, श्वास, क्षय तथा ज्वर में प्रशस्त है ॥ ४०६–४०७ ॥

सन्निपातज्वरे चातुर्भद्रपञ्चमूलम्—

पञ्चमूलीकिरातादिर्गणो योज्यस्त्रिदोषजे ।
पित्तोत्कटे च मधुना कणया च कफोत्कटे ॥ ४०८ ॥

सन्निपात ज्वर में चातुर्भद्र पञ्चमूल—सान्निपातिक ज्वर में पञ्चमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी), तथा किरातितिक्तकादिगण,[1] (किरात तिक्तक (चिरायता), गुडूची, मुनक्का, आंवला, कपूर कचरी) इन द्रव्यों के क्वाथ का प्रयोग करे। पित्तोल्वण सन्निपात में मधु के साथ तथा कफोल्वण सन्निपात में पिप्पली चूर्ण के साथ प्रयोग करे ॥ ४०८ ॥

सन्निपातज्वरे निर्गुण्ड्यादिधूपः—

निर्गुण्डीपिचुमन्दकुष्ठविजयाकार्पाससिद्धार्थकैः
षड्ग्रन्थातगरामरेन्द्रतरुभिर्मार्तण्डमूलान्वितैः ।
चण्डीयावकरुद्रमाल्यसहितैर्मध्वाज्यसंयोजितै-
र्धूपोऽयं ग्रहसन्निपातजनितां पीडां विनष्टिं क्षणात् ॥४०९॥

सन्निपातज्वर में निर्गुण्डयादि धूप—निर्गुण्डी (मेउढ़ी), नीम, कूठ, हर्रे, कपास का डंठल, सफेद सरसों, वचा, तगर, अमरतरु (देवदारु), इन्द्रतरु (इन्द्रायण), मार्तण्डमूल (मदार की जड़), चण्डी[2] (भटकटैया), यावक (लाक्षा 'अलक्तक') तथा रुद्रमाल्य (बेल का फल) (समभाग)—इन द्रव्यों को कूटकर चूर्ण तैयार करे और इसमें मधु तथा घृत मिलाकर धूप दे। यह धूप गृहदोष एवं सन्निपातज्वर की पीड़ा को शीघ्र ही नाश कर देता है ॥ ४०९ ॥

सन्निपाते रास्नादिद्वाविंशतिकः क्वाथः—

रास्नाशुण्ठीगुडूचीसहचरजलदाभीरुपथ्यासुराह्वैः
शुक्लार्कचूरवासानिलरिपुरहितैः पञ्चमूलद्वयेन ।

---

१. किरातितिक्तादिगणो यथा—किरातितिक्तमसृतां द्राक्षामामलकीं शटीम् । निष्क्वाथ्य पित्तानिलजे कार्थं तं सगुडं पिबेत् ॥

२. 'चण्डी कात्यायनीदेव्यां हिंस्रकोपनयोषितोः' इति मेदिनी ।

एभिर्द्रव्यैः कषायस्त्वरितमपनयेत्पीतमात्रः प्रभाते
मन्यास्तम्भान्त्रवृद्धिज्वरपिटिककटीसन्धिपर्वाङ्गपीडाम् ॥४१०॥

सन्निपात में रास्नादि द्वाविंशतिक क्वाथ—रासन, सोंठ, गुडूची, सहचर (नीली झिण्टी), मोथा, अभीरु (शतावरी), हरें, सुराह्व (देवदारु), शुक्ला (अतीस), कचूर, अडूसा, अनिलरिपु, (एरण्ड), पञ्चमूलीद्वय (वेल की छाल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू), (सभभाग)—इन द्रव्यों का सिद्ध कषाय, प्रातःकाल पीने से शीघ्र ही मन्यास्तम्भ (रीढ़ का अकड़ जाना), आन्त्रवृद्धि, ज्वरपिटिका तथा कमर, सन्धि एवं सर्वाङ्ग-पीड़ा को दूर करता है ॥ ४१० ॥

सन्निपातज्वरे द्वितीयो निर्गुण्ड्यादिधूपः—

निर्गुण्डीपुरसहितः सिद्धार्थनिम्बपत्रसंयुक्तः ।
सर्जरसेन समेतो धूपवरः सन्धिगं हन्ति ॥ ४११ ॥

सन्निपातज्वर में द्वितीय निर्गुण्डयादि धूप—निर्गुण्डी, गुग्गुल, सफेद सरसो, नीम का पत्र, सर्जरस (राल)—इन द्रव्यों को एकत्र कर धूप तैयार करे। यह धूपों में श्रेष्ठ धूप सन्धिगत सन्निपात ज्वर को नाश करता है ॥४११॥

सन्निपातज्वरे दशमूलीकषायः—

बिल्वश्योनाकगाम्भारीपाटलीगणकारिकाः ।
दीपनं कफवातघ्नं पञ्चमूलमिदं महत् ॥ ४१२ ॥
शालिपर्णीपृथक्पर्णीबृहतीद्वयगोक्षुरम् ।
वातपित्तहरं वृष्यं कनीयः पञ्चमूलकम् ॥ ४१३ ॥
उभयं दशमूल तु सन्निपातज्वरापहम् ।
कासे श्वासे च तन्द्रायां पार्श्वशूले च शस्यते ॥ ४१४ ॥
पिप्पलीचूर्णसंयुक्तं कण्ठहृद्ग्रहनाशनम् ।
चिरज्वरे वातकफोल्बणे वा
त्रिदोषजे वा दशमूलमिश्रः ।
किराततिक्तादिगणः प्रयोज्यः
शुद्ध्यर्थिनो वा त्रिवृताविमिश्रः ॥ ४१५ ॥

सन्निपात ज्वर में दशमूली कषाय—वेल, सोनापाठा, गम्भारी, पाढल तथा अरणी ये बृहत्पञ्चमूल हैं और अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला एवं कफवात को नष्ट करनेवाला है। सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा तथा गोखरू ये लघु पञ्चमूल वातपित्त को दूर करनेवाले तथा बल को बढ़ानेवाले हैं। दोनों पञ्चमूल सान्निपातिक ज्वर को नाश करता है। और कास (खांसी), श्वास, तन्द्रा तथा पार्श्वशूल में लाभप्रद है। इस दशमूल में पीपर का

चूर्ण मिला देने से कण्ठग्रह एवं हृद्ग्रह (हृदय के अकड़न) को नाश करता है। जीर्ण ज्वर में या वात-कफोल्वणज्वर में या त्रिदोषज ज्वर में दशमूल क्वाथ मिलाकर किराततिक्तादि गण (चिरायता, गुडूची, द्राक्षा, आमलकी, कपूरकचरी) का कषाय प्रयोग करना चाहिए। यदि कोष्ठशुद्धि की आवश्यकता हो तो दशमूल एवं किरातादिगण के क्वाथ में निशोथ मिला कर प्रयोग करे ॥

सन्निपातज्वरे मुस्ताद्योऽष्टादशाङ्गकाथः—

मुस्तपर्पटकोशीरदेवदारुमहौषधम् ।
त्रिफला धन्वयासश्च नोली कम्पिल्लकं त्रिवृत् ॥ ४१६ ॥
किराततिक्तकं पाठा बला कटुकरोहिणी ।
मधुकं पिप्पलीमूलं मुस्ताद्यो गण उच्यते ॥ ४१७ ॥
अष्टादशाङ्ग उदित एष वा सन्निपातहा ।
पित्तोत्तरे सन्निपाते हितश्चोक्तो मनीषिभिः ॥ ४१८ ॥

सन्निपातज्वर में मुस्ताद्य अष्टादशांग क्वाथ—मोथा, पित्तपापड़ा, खस, देवदारु, सोंठ, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), धमासा, नीलीवृक्ष, कचीला, निशोथ, चिरायता, पाठ (पाढी), बरियार, कुटकी, मुलेठी तथा पिपरामूल, ये द्रव्य मुस्ताद्यगण कहलाते हैं या अष्टादशांग कहलाते हैं। इनका क्वाथ सन्निपात ज्वर को नाश करता है। विद्वानों ने इस क्वाथ को पित्तोल्वण सन्निपातज्वर में लाभप्रद बताया है ॥ ४१६–४१८ ॥

सन्निपातज्वरे दशमूलाद्यो द्वितीयोऽष्टादशाङ्गकाथः—

दशमूली शटी शृङ्गी पौष्करं सदुरालभम् ।
भार्गी कुटजबीजं च पटोलं कटुरोहिणी ॥ ४१९ ॥
अष्टादशाङ्ग इत्येष सन्निपातज्वरापहः ।
कासहृद्ग्रहपार्श्वार्तिश्वासहिक्कावमीहरः ॥ ४२० ॥

सन्निपातज्वर में दशमूलाद्य द्वितीय अष्टादशांग क्वाथ—दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा तथा गोखरू), कपूरकचरी, काकड़ासिंघी, पुष्करमूल, यवासा, भारंगी, इन्द्रयव, परोरा, कुटकी ये अष्टादशांग हैं। इनका क्वाथ सन्निपात ज्वर को नाश करता है। और कास, हृद्ग्रह (हृदय का अकड़न), पार्श्वशूल, श्वास, हिचकी तथा वमन को दूर करता है ॥ ४१९–४२० ॥

सन्निपातज्वरे बृहत्यादिकाथः—

बृहत्यौ पौष्करं भार्गी शटी शृङ्गी दुरालभा ।
वत्सकस्य च बीजानि पटोलं कटुरोहिणी ॥ ४२१ ॥

बृहत्यादिगणः प्रोक्तः सन्निपातज्वरापहः ।
कासादिषु च सर्वेषु हितः सोपद्रवेषु च ॥ ४२२ ॥

सन्निपातज्वर में बृहत्यादिक्वाथ—भटकटैया, वनभंटा, पुष्करमूल, भारंगी, कपूरकचरी, काकड़ासिंघी, यवासा, इन्द्रयव, परोरा तथा कुटकी, ये द्रव्य बृहत्यादिगण कहे जाते हैं। इन द्रव्यों का क्वाथ सन्निपात ज्वर को नाश करता है और उपद्रवयुक्त सभी प्रकार के कास, हृद्ग्रह, पार्श्वशूल, श्वास, हिचकी तथा वमन में लाभप्रद है ॥ ४२१–४२२ ॥

सन्निपातज्वरे भूनिम्बाद्यस्तृतीयोऽष्टादशाङ्गक्वाथः—

भूनिम्बदारुदशमूलमहौषधाब्द-
तिक्तेन्द्रबीजधनिकेभकणाकषायः ।
तन्द्राप्रलापकसनारुचिदाहमोह-
श्वासादियुक्तमखिलज्वरमाशु हन्ति ॥ ४२३ ॥

सन्निपातज्वर में भूनिम्बाद्य तृतीय अष्टादशांग क्वाथ—चिरायता, देवदारु, दशमूल (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू), सोंठ, नागरमोथा, कुटकी, इन्द्रयव, धनिक (धनिया), तथा इभकणा (गजपीपर)—इन द्रव्यों का क्वाथ तन्द्रा, प्रलाप, कसन (खांसी), अरुचि, दाह, मोह (मूर्च्छा) तथा श्वास आदि से युक्त सभी प्रकार के ज्वर को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४२३ ॥

सन्निपातज्वरे शट्यादिक्वाथः—

शटी पुष्करमूलं च व्याघ्री शृङ्गी दुरालभा ।
गुडूची नागरं पाठा किरातं कटुरोहिणी ॥ २२४ ॥
एष शट्यादिको वर्गः सन्निपातज्वरापहः ।
कासहृद्ग्रहपार्श्वार्तितन्द्राश्वासेषु शस्यते ॥ ३२५ ॥

सन्निपातज्वर में शटयादि क्वाथ—कपूरकचरी, पुष्करमूल, भटकटैया, काकड़ासिंघी, यवासा, गुडूची, सोंठ, पाढ़ी, चिरायता, कुटकी यह शट्यादिक वर्ग है तथा इसका क्वाथ सन्निपात ज्वर को नाश करता है और कास (खांसी), हृद्ग्रह (हृदय का अकड़न), पार्श्वशूल, तन्द्रा तथा श्वास में लाभदायक है ॥ ४२४–४२५ ॥

सन्निपातज्वरे द्वितीयः शटयादिक्वाथः—

शट्याखुपर्णी कृमिहा विशाला हीवेरमेला सुरदारु शिग्रुः ।
किरातवासाकुटजोग्रगन्धानिशाद्वयं तिक्तकरोहिणी च ॥ ४२६ ॥
कषाय एषां कृमिजातरोगयुक्तं त्रिदोषं शमयेदुदीर्णम् ॥ ४२७ ॥

सन्निपातज्वर में द्वितीय शटयादि क्वाथ—कपूरकचरी, आखुपर्णी

(मूषाकानी), वायविडंग, विशाला (इन्द्रायण), हाऊबेर, बड़ी इलायची, देवदारु, सहिजन, चिरायता, अडूसा, कोरया, उग्रगन्धा (अजवायन), निशाद्वय (हल्दी, दारुहल्दी) तथा कुटकी—इन द्रव्यों का कषाय कृमिजन्य रोग से युक्त तीव्र प्रकार के त्रिदोषज ज्वर को शान्त करता है ॥ ४२६-४२७ ॥

सन्निपातज्वरे कुलत्थादिचूर्णम्—

कुलत्थं त्रायमाणां च पिप्पलीं चैव हिङ्गु च ।
सैन्धवं काललवणं शृङ्गवेरं सचित्रकम् ॥ ४२८ ॥
वयस्थां कोलमज्जानं धन्वयासं हरेणुकाम् ।
त्वचं दारु हरिद्रे च सूक्ष्मैलां चोरकं तथा ॥ ४२९ ॥
बलां मूर्वां समङ्गिष्ठां विडङ्गं तुम्बरूणि च ।
हरीतकीं तामलकीं शिग्रुकस्य फलानि च ॥ ४३० ॥
मरिचं चाजमोदं च यथालाभेन संहरेत् ।
चूर्णीकृतानि सर्वाणि लेहयेन्मधुसर्पिषा ॥ ४३१ ॥
रसेन मातुलुङ्गस्य पयसाऽम्लेन वा पुनः ।
दधिमण्डेन चालोड्य मूत्रेणान्यतमेन वा ॥ ४३२ ॥
वातोत्तरं सन्निपातं क्षिप्रमेव चिकित्सति ।
समस्तं वर्गमर्धं वा यथालाभमथापि वा ॥ ४३३ ॥
प्रयुञ्जीत भिषक् प्राज्ञः कालसात्म्यविभागवित् ।

सन्निपातज्वर में कुलत्थादि चूर्ण—कुलत्थ (कुल्थी), त्रायमाणा, पीपर, हिंगु, सेन्धानमक, काललवण (सौर्वचल नमक), सोंठ, चित्रक, वयस्था (गुडूची), कोल (बैर), अञ्जन (स्रोताञ्जन), धमासा, हरेणुका (सम्भालू के बीज), दालचीनी, देवदारु, हरिद्रे (हल्दी, दारुहल्दी), छोटी इलायची, चोरक (गठिवन या 'चोरबेलि') वरियार, मूर्वा (मुलेठी या 'मोरबेल'), मंजीठ, विडंग, तुम्बरु (तेजबल), हर्रे, तामलकी (भुइ आंवला), सहिजन का फल, मरिच तथा अजमोदा (समभाग)—इन द्रव्यों को या इन द्रव्यों में जो २ द्रव्य उपलब्ध हो जाँय उनको एकत्र करे और कूटकर सूक्ष्म चूर्ण बना ले । इस चूर्ण को मधु तथा घृत के साथ चाटे । यह चूर्ण बिजौरा नीबू के रस या अम्लरस या दधिमण्ड या किसी भी मूत्र में मिलाकर पान करने से वातोल्बण सन्निपात ज्वर को शीघ्र ही दूर करता है । समय एवं सात्म्यासात्म्य को जाननेवाला विद्वान् चिकित्सक इस वर्ग के सभी द्रव्यों को वर्ग के आधे द्रव्यों को या यथा प्राप्त द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण बनावे और प्रयोग करें ॥

सन्निपातज्वरे अजगन्धादिपानकम्—

अजगन्धा त्रिकटुकं तथैव च हरीतकी ॥ ४३४ ॥

पाठा मूर्वा समञ्जिष्ठा विडङ्गं सैन्धवं वचा ।
एतान् सर्वान् समानीय कल्कपेय्यान् प्रकल्पयेत् ॥ ४३५ ॥
तस्यार्धशुक्ति पूतस्य गव्यमूत्रेण पाययेत् ।
एतद्धि पानकं श्रेष्ठं कासश्वासनिबर्हणम् ॥ ४३६ ॥
सन्निपातभवान् व्याधीन् सद्य एव चिकित्सति ।

सन्निपातज्वर में अजगन्धादि पानक—अजवायन, त्रिकटुक (सोंठ, पीपर, मरिच), हर्रे, पाढ़ी, मड़ोरफली, मंजीठ, विडंग, सेन्धानमक तथा वच (समभाग)—इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर कल्कपेय्य बनावे और उसको छानकर आधा शुक्ति (एक तोला) की मात्रा में गाय के मूत्र के साथ पिलाये । यह श्रेष्ठ पानक कास तथा श्वास को दूर करता है और सन्निपात जन्य ज्वरादि रोगों को नाश करता है ॥

सन्निपातज्वरे परूपकादिक्काथः—

परूपकाणि त्रिफला देवदारुं सकट्फलम् ॥ ४३७ ॥
चन्दनं पद्मकं चैव तथा कटुकरोहिणी ।
पृथक्कर्षसमैः सिद्धमुषितं शीतलं पिबेत् ॥ ४३८ ॥
पित्तोत्तरे नृणामेतत्सन्निपाते चिकित्सितम् ।

सन्निपातज्वर में परूपकादि क्वाथ—परूपक (फालसा), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), देवदारु, कायफल, रक्तचन्दन, पद्मकाठ तथा कुटकी—इन सभी द्रव्यों को समभाग एक २ कर्ष लेकर इनसे क्वाथ सिद्ध कर ठंढा होने पर पान करें । यह क्वाथ मनुष्यों के पित्तोल्वण सन्निपात ज्वर में लाभप्रद होता है ।

सन्निपातज्वरे आमलकादिलेहः—

स्विन्नमामलकं पिष्ट्वा द्राक्षया सह संसृजेत् ॥ ४३९ ॥
विश्वभेषजसंयुक्तं मधुना सह लेहयेत् ।
तेनास्य शाम्यते मूर्च्छा श्वासः कासस्तथैव च ॥ ४४० ॥

सन्निपात ज्वर में आमलकादिलेह—आंवला को उबाल एवं पीसकर तथा मुनक्का को पीसकर कल्क बना ले । उस कल्क में सोंठ का चूर्ण मिलाकर मधु के साथ चाटे । इस लेह को चाटने से सन्निपातज्वरजन्य मूर्च्छा, श्वास तथा कास (खांसी) शान्त हो जाता है ॥ ४३९–४४० ॥

सन्निपातज्वरे पटोलादिक्काथः—

पटोलपत्रं बृहती सुपर्वी कण्टकारिका ।
मरिचं पिप्पलीमूलं चिरबिल्वः सचित्रकः ॥ ४४१ ॥
करञ्जबीजं सञ्जिष्ठा त्रायन्ती विश्वभेषजम् ।

मलप्रशोधनं पानमभिन्यासज्वरे हितम् ॥ ४४२ ॥

सन्निपातज्वर में पटोलादि क्वाथ—परोरा की पत्ती, वनभंटा, मंगरैल, भटकटैया, मरिच, पिपरामूल, चिरविल्व (करञ्ज), चित्रक, करञ्ज का बीज, मंजीठ, त्रायन्ती तथा सोंठ, (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ पीने से मल को शोधन करता है तथा अभिन्यास ज्वर में हितकर है ॥ ४४१–४४२ ॥

अभिन्यासज्वरे कारव्यादिक्वाथः—

कारवीपौष्करैरण्डं त्रायन्ती वासकोऽमृता ।
दशमूली शटा शृङ्गी यासो भार्गी पुनर्नवा ॥ ४४३ ॥
तुल्या मूत्रेण निःक्वाथ्य पीताश्चेतोविशोधनाः ।
अभिन्यासं ज्वरं घोरमाशु हन्युः समुत्थितम् ॥ ४४४ ॥
(दीपनं दशमूलं च स्याद्वा द्विदशमूलकम् ।
सपञ्चदशमूलं वा शृतं पेयं लघूदकम् ॥ ४४५ ॥
सर्वैर्वा:पञ्चमूलैस्तु शृतं तोयं सुदीपनम् ।)

अभिन्यास ज्वर में कारव्यादि क्वाथ—कारवी (मंगरैल), पुष्करमूल, एरण्ड, त्रायन्ती, अडूसा, गुडूची, दशमूली (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू), कपूरकचरी, काकड़ासिंघी, यवासा, भारंगी, पुनर्नवा, (समभाग) ये द्रव्य गोमूत्र के साथ क्वाथ बनाकर पीने से चित्त शुद्ध करनेवाले होते हैं और भयंकर उत्पन्न अभिन्यास ज्वर को शीघ्र ही नाश करते हैं । (दशमूल[1] का क्वाथ दीपन होता है, दोनों दशमूल[2] का क्वाथ भी दीपन होता है तथा पञ्चदशमूलों[3] का किया हुआ क्वाथ हल्का होता है । सभी पञ्चमूलों[4] का शृतजल दीपक होता है । अतः अभिन्यासज्वर में इन क्वाथों को पान करना चाहिए ।

सन्निपातज्वरे आरग्वधादिक्वाथः—

आरग्वधो मुष्ककश्च मदनः स्वादुकण्टकः ॥ ४४६ ॥

---

१. बृहत्पञ्चमूल तथा लघु पञ्चमूल—यथा—बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभण्टा, भटकटैया, गोखरू)

२. बृहत्पञ्चमूल, लघुपंचमूल, वल्लीपञ्चमूल—(विदारीकन्द, सारिवा, कालासारिवा, गुडूची, मेषशृङ्गी), कण्टकपञ्चमूल—(करमर्द, गोखरू, नीलझिण्टी, शतावरी, हिंस्रा (भटकटैया) ये द्विदशमूल है) ।

३. वल्लीपञ्चमूल, कण्टकपञ्चमूल तथा तृणपञ्चमूल (कुश, कास, नल, शर, दर्भ) ये पञ्चदशमूल हैं ।

४. सर्वपञ्चमूल—(बृहत्पञ्चमूल, लघुपञ्चमूल, वल्लीपञ्चमूल, कण्टकपञ्चमूल तथा तृणपञ्चमूल) ।

सप्तपर्णस्तथोशीरं शिरीषः खदिरासनौ ।
वत्सकः प्रग्रहो मूर्वा नक्तमालो वितुन्नकः ॥ ४४७ ॥
पटोलपिचुमन्दौ च हरिद्रा कटुरोहिणी ।
त्रिफला देवकाष्ठं च भद्रमुस्तं निदिग्धिका ॥ ४४८ ॥
एतान्याहृत्य तुल्यानि कषायमुपसाधयेत् ।
तं कषायं पिवेद्युक्त्या सन्निपातोद्भवे ज्वरे ॥ ४४९ ॥
कासे श्लेष्मप्रसेके च श्वयथावरुचौ तथा ।

सन्निपातज्वर में आरग्वधादि क्वाथ—अमलतास, मुष्कक (मोरवा), मदनफल, स्वादुकण्टक (गोखरू), छतिवन, खस, सिरिस, खैर, रासन, अडूसा, प्रग्रह (अमलतास विशेष), मूर्वा (मड़ोरफली), नक्तमाल (करंज), वितुन्नक (धनिया), पटोरा, नीम, हल्दी, कुटकी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), देवदारु, नागरमोथा, भटकटैया, समभाग—इन द्रव्यों को एकत्र कर क्वाथ बनावे । इस क्वाथ को छानकर युक्तिपूर्वक सन्निपात ज्वर, कास, श्लेष्म प्रसेक (अधिक मात्रा में कफ का निकलना), शोथ तथा अरुचि में पान करे ।

वृद्धवाग्भटात्साध्यसन्निपाते भार्ग्यादिक्वाथः—

भार्गी पुष्करमूलं च रास्नां बिल्वं यवानिकाम् ।
तगरं दशमूलं च पिप्पलीं चाशु साधयेत् ॥ ४५० ॥
सन्निपातज्वरे देयं हृत्पार्श्वानाहशूलिनाम् ।
कासश्वासाग्निमान्द्यत्वं तन्द्रां च विनिवर्तयेत् ॥ ४५१ ॥

वृद्धवाग्भट से साध्य सन्निपात में भार्ग्यादि क्वाथ—भारंगी, पुष्करमूल, रासन, वेल का छाल, यवानिका (अजवाइन), तगर, दशमूल (वेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, बनभंटा, गोखरू), पीपर (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ सिद्ध करे और हृदय, पार्श्वशूल आनाह तथा शूल के रोगी को पिलाये । यह क्वाथ कास, श्वास, अग्निमान्द्य तथा तन्द्रा को दूर करता है ॥ ४५०–४५१ ॥

सन्निपातज्वरे त्रिकर्षादिकषायचतुष्टयम्—

इमं चान्यं प्रवक्ष्यामि समासेन यथाक्रमम् ।
सर्वज्वरहरं श्रेष्ठं कषायममृतोपमम् ॥ ४५२ ॥
त्रिकर्ष पञ्चकर्षं वा सप्तकर्षमथापि वा ।
एवं संशमनार्थं तु देयं स्यान्नवकार्षिकम् ॥ ४५३ ॥
त्रिकार्षिकं पटोलं तु मधुकं भद्ररोहिणी ।
एतदेव समुस्तं स्यात्साभयं पञ्चकार्षिकम् ॥ ४५४ ॥

सनिम्बपत्रं सोशीरं विज्ञेयं सप्तकार्षिकम् ।
त्वक्चात्र सप्तपर्णस्य फलान्यारग्वधस्य च ॥ ४५५ ॥
सन्निपातप्रशमन विज्ञेयं नवकार्षिकम् ।
एतदेव कषायं तु सर्पिषा सह योजितम् ॥ ४५६ ॥
वातपित्तसमुत्थस्य ज्वरस्य त्वमृतोपमम् ।
सुखोष्णलवण दद्याद्वातश्लेष्मोद्भवे ज्वरे ॥ ४५७ ॥
शर्करासयुतं पीतं पित्तज्वरविनाशनम् ।
क्षौद्रेण सह संयुक्तं श्लेष्मज्वरहरं परम् ॥ ४५८ ॥
गोमूत्रेण समायुक्तं सान्निपातज्वरापहम् ।

सन्निपात ज्वर में त्रिकर्षादि कषाय-चतुष्टय—इस दूसरे, सभी ज्वरों को दूर करनेवाले अमृत के समान उत्तम कषाय को संक्षिप्त में क्रमशः बता रहा हूँ। त्रिकर्ष, पंचकर्ष, सप्तकर्ष तथा नवकार्षिक कषाय को सन्निपात ज्वर को शान्त करने के लिये प्रयोग करना चाहिए।

१. परोरा की पत्ती, मुलेठी तथा कुटकी, तीन कर्ष लेकर कषाय तैयार करे, यह त्रिकार्षिक कषाय है। २. परोरा की पत्ती, मुलेठी, कुटकी, मोथा तथा हर्रे—इन द्रव्यों को पांचकर्ष (तोला) लेकर कषाय सिद्ध करे यह पञ्चकार्षिक कषाय है। ३. परोरा की पत्ती, मुलेठी, कुटकी, मोथा, हर्रे, नीम की पत्ती तथा खस—इन द्रव्यों को सात वर्ष (तोला) लेकर कषाय तैयार करे। ४. परोरा की पत्ती, मुलेठी, कुटकी, मोथा, हर्रे, नीम की पत्ती, खस, छतिवन की छाल तथा अमलतास का फल—इन द्रव्यों को नवकर्ष (तोला) लेकर कषाय तैयार करे। त्रिकार्षिक, पञ्चकार्षिक, सप्तकार्षिक तथा नवकार्षिक, ये कषाय-चतुष्टय सन्निपातज्वर को शान्त करनेवाला है। यह कषाय घी के साथ प्रयोग करने से वातपित्तजन्य ज्वर में अमृत के समान लाभप्रद है। वातश्लेष्म ज्वर में इन्हीं कषायों को नमक मिला थोड़ा गरम कर देना चाहिए। इन्हीं कषायों में शक्कर मिलाकर पीने से पित्तज्वर नष्ट होता है, मधु मिलाकर पीने से कफजन्य ज्वर तथा गोमूत्र मिलाकर पीने से सन्निपात ज्वर दूर होता है।

सन्निपातज्वरे हरिद्रादिकषायः—

हरिद्रा भद्रमुस्तं च त्रिफला कटुरोहिणी ॥ ४५९ ॥
पिचुमन्दः पटोली च देवदारु निदिग्धिका ।
एषां कषायः पीतस्तु सन्निपातज्वरं जयेत् ॥ ४६० ॥
अविपक्ति प्रसेकं च शोषं कासमरोचकम् ।

सन्निपातज्वर में हरिद्रादि कषाय—हल्दी, नागरमोथा, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), कुटकी, नीम की छाल, परोरा की पत्ती, देवदारु, भटकटैया,

(समभाग) इन द्रव्यों का कषाय पीने से सन्निपातज्वर को जीत लेता है तथा अपच, प्रसेक (कफ का अधिक निकलना), शोष, कास एवं अरुचि को भी दूर करता है।

सुश्रुतात्कषायद्वयम्—

त्रैफलो वा ससर्पिष्कः क्काथः पेयस्त्रिदोषजे ॥ ४६१ ॥
द्विपञ्चमूलीकथनेन संयुता
भिषग्भिरुक्ता मगधा विचूर्णिता।
सकासशोषारुचिसंयुते ज्वरे
त्रिदोषजे चापि शिरोरुगन्तरे ॥ ४६२ ॥

सुश्रुत से दो कषाय—प्रथम त्रिफला का क्काथ, घृत मिलाकर त्रिदोषज ज्वर में पान करे। द्वितीय द्विपञ्चमूल (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू) के क्काथ में पिप्पली का चूर्ण मिलाकर कास, शोष तथा अरुचि से युक्त एवं शिरोरोग से युक्त त्रिदोष ज्वर में प्रयोग करने के लिये वैद्यों ने कहा है ॥ ४६१-४६२ ॥

सन्निपातज्वरे द्वितीयो बृहत्यादिकषायः—

बृहती पुष्करं भार्गी शटी श्रृङ्गी दुरालभा।
पक्त्वा पानं प्रशंसन्ति श्लेष्मा तेनास्य शाम्यति ॥ ४६३ ॥

सन्निपात ज्वर में द्वितीय, बृहत्यादि क्काथ—वनभंटा, पुष्करमूल, भारंगी, कपूरकचरी, काकड़ासिंघी तथा यवासा (समभाग) इन द्रव्यों को पकाकर पान करना उत्तम होता है। इससे सन्निपात ज्वर में कफ शान्त हो जाता है ॥ ४६३ ॥

अभिन्यासज्वरे बीजपूरकादिकषायः—

बीजपूरकबिल्वाश्मभेदकं बृहतीद्वयम्।
एकैकांशमथैरण्डमूलं चाष्टगुणीकृतम् ॥ ४६४ ॥
क्काथो गोमूत्रसंयुक्तो बिडसौवर्चलान्वितः।
हृद्बस्तिशूले सानाहे त्वभिन्यासज्वरे तथा ॥ ४६५ ॥

अभिन्यास ज्वर में बीजपूरकादि कषाय—बिजौरा नीबू, बेल की छाल, पाषाणभेद, भटकटैया तथा वनभंटा, एक २ भाग, रेंड़ की जड़ आठ भाग, इन द्रव्यों को लेकर क्काथ बनावे और उसमें गोमूत्र, बिड़नमक तथा सौवर्चल नमक मिलाकर हृदयशूल, वस्तिशूल, आनाह तथा अभिन्यास ज्वर में पान करना चाहिए ॥ ४६४-४६५ ॥

सन्निपातज्वरे पुनर्नवादिकषायः—

पुनर्नवा गुडूची च त्रायन्त्येरण्डवासकम्।

पञ्चमूल्येकतश्चात्र गोमूत्रेण श्रृतं शुभम् ॥ ४६६ ॥
नश्यत्यनेनाभिन्यासः संज्ञा चास्योपजायते ।

सन्निपातज्वर में पुनर्नवादि कषाय—पुनर्नवा, गुडूची, त्रायन्ती, रेड़ की जड़, अडूसा तथा पञ्चमूली (बेल की छाल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी) इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर गोमूत्र में पकाये और पान कराये। इस क्वाथ के सेवन करने से अभिन्यास ज्वर नष्ट हो जाता है और रोगी होश में आ जाता है।

अभिन्यासे संज्ञाप्रबोधनं नस्यम्—

मधूकसारो मरिचं पिप्पल्यः सैन्धवं वचा ॥ ४६७ ॥
संज्ञाप्रबोधनं नस्यमभिन्यासप्रशान्तये ।

अभिन्यास ज्वर में संज्ञा-ज्ञान के लिये नस्य—मधूकसार (महुआ का सार), मरिच, पीपर, सेंधानमक, वच, इन द्रव्यों का नस्य होश में लानेवाला है तथा अभिन्यास ज्वर को नष्ट करता है।

अभिन्यासज्वरे संज्ञाप्रबोधनार्थं शिरीषाद्यञ्जनम्—

शिरीषबीज लशुनं पिप्पल्यः सैन्धवं वचा ॥ ४६८ ॥
मनःशिला समरिचा वास्तं मूत्र च तत्समम् ।
अञ्जनं तदभिन्यासे संज्ञाबोधनमिष्यते ॥ ४६९ ॥

अभिन्यास ज्वर में संज्ञा-ज्ञान के लिये शिरीषाद्यञ्जन—शिरीष का बीज, लहसुन, पीपर, सेंधानमक, वच, मनःशिला, मरिच (समभाग) इन द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण बना ले और उसमें चूर्ण के बराबर बकरी के मूत्र की भावना देकर अंजन तैयार करे। यह अंजन अभिन्यास ज्वर में बेहोशी को दूर करता है ॥ ४६८–४६९ ॥

सन्निपातज्वरे देवदार्वादिकषायः—

दारुनागरभूनिम्बधान्यतिक्ताकलिङ्गकाः ।
गजाह्वा दशमूलाढ्यो मृत्युकल्पं ज्वरं जयेत् ॥ ४७० ॥

सन्निपात ज्वर में देवदार्वादि कषाय—देवदारु, सोंठ, चिरायता, धनिया, कुटकी, इन्द्रयव, गजपीपर, दशमूल (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, बनभंटा, गोखरू) तथा मोथा (समभाग) इन द्रव्यों का कषाय, मृत्यु के समान सन्निपात ज्वर को जीत लेता है॥४७०॥

सन्निपातज्वरे दशमूलादिकषायः—

दशमूलस्य निःक्वाथः कट्फलादिगणः श्रृतः ।
तुल्यार्द्रकरसोपेतो मृत्युकल्पं ज्वरं जयेत् ॥ ४७१ ॥

सन्निपात ज्वर में दशमूली कषाय—दशमूल (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू) का क्वाथ तथा [1]कट्फलादिगण का क्वाथ तथा क्वाथ के बराबर अदरक का रस मिलाकर सेवन करने से मृत्यु को देनेवाला सन्निपात ज्वर दूर हो जाता है ॥ ४७१ ॥

सन्निपातज्वरे कत्तृणादिकषायः—

कत्तृणं दारुत्रिफलाचन्दनं सपरूषकम् ।
कटुकापत्रकोशीरं विपचेत्कार्षिकाञ्जले ॥ ४७२ ॥
तत्सर्वं सन्निपातघ्नं पानमात्रेयपूजितम् ।

सन्निपात ज्वर में कत्तृणादि कषाय—कत्तृण (गन्धयवासा), देवदारु, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), रक्तचन्दन, फालसा, कुटकी, पत्रक (तेजपत्र) तथा खस (समभाग) एक २ कर्ष—इन द्रव्यों को लेकर अठगुने जल में पकाकर क्वाथ तैयार करे । यह क्वाथ पान करने से सन्निपात ज्वर को नाश करता है । यह क्वाथ आत्रेय मुनि द्वारा प्रशंसित है ।

सन्निपातज्वरे किरातादिक्वाथः—

किरातमुस्तं त्रिफलां गुडूचीं वत्सकात्फलम् ॥ ४७३ ॥
पिचुमन्दं पटोलं च पाठां कटुकरोहिणीम् ।
त्र्यूषणं चाक्षतुल्यांशं पचेत्तोये चतुर्गुणे ॥ ४७४ ॥
सन्निपातपरीतानां तृट्छर्दिज्वरनाशनम् ।

सन्निपात ज्वर में किरातादि क्वाथ—किरात (चिरायता), मोथा, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), गुडूची, इन्द्रयव, पिचुमन्द (नीम), परोरा का पत्ता, पाढ़ी, कुटकी तथा त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) इन द्रव्यों को एक २ अक्ष लेकर चौगुने जल में पकावे । यह क्वाथ सन्निपात से पीड़ित व्यक्तियों के प्यास, वमन तथा ज्वर को नाश करता है ।

सन्निपातज्वरे त्रिवृतादिमोदकः—

त्रिवृत्पिप्पलिसंयुक्तो गुडसर्पिर्विपाचितः ॥ ४७५ ॥
मण्डानुपानो दातव्यो मोदकः सन्निपातहा ।

सन्निपात ज्वर में त्रिवृतादि मोदक—निशोथ तथा पिप्पली के चूर्ण को घी में भूनकर गुड़ की चासनी में मिला दे और मोदक बना ले । इस मोदक को मण्ड के साथ सेवन करे । यह मोदक सन्निपात ज्वर को नाश करता है ।

---

१. कट्फलादिगण—कट्फलाम्बुदभार्गीभिर्धान्यरोहिषपर्पटैः ।
वचाहरीतकीशृङ्गीदेवदारुमहौषधैः ॥

अभिन्यासज्वरे त्रायन्त्यादिक्काथः—

त्रायन्तीदशमूलपुष्करजटावातारिभिः कारवी-
भार्गीध्यामकवैद्यमातृशटिभिर्गोमूत्रसंयोजितः ।
शृङ्गीयासपुनर्नवाभिरचिराद्युक्तः कषायो हरेत्
साभिन्यासगदं कफज्वरहरो निःसंशयं पानतः ॥ ४७६ ॥

अभिन्यास ज्वर में त्रायन्त्यादि क्वाथ—त्रायन्ती, दशमूल, पुष्करमूल, रेड़ की जड़, मंगरैल, भारंगी, ध्यामक (कत्तृण), वैद्यमातृ (अडूसा), कपूरकचरी, काकड़ासिंघी, यवासा तथा पुनर्नवा (समभाग)—इन द्रव्यों को एकत्र कर क्वाथ बनावे और उसमें गोमूत्र मिलाकर पान करे। यह कफ ज्वर को दूर करनेवाला कषाय निःसन्देह अभिन्यास ज्वर को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४७६ ॥

सन्निपातज्वरे भार्ग्याद्यो द्वात्रिंशकः क्काथः—

भार्गीभूनिम्बनिम्बैर्नलदकटुवचाव्योषवासाविशाला-
रास्नानन्तापटोलीसुरतरुरजनीपाटलाटिण्टुकीभिः ।
ब्राह्मीदार्वीगुडूचीत्रिवृदतिविषापुष्करत्रायमाणा-
व्याघ्रीशृङ्गीकलिङ्गैस्त्रिफलशटियुतैः कल्पितस्तुल्यभागैः ॥ ४७७ ॥
क्काथो द्वात्रिंशनामा त्रिकलितदशकान् सन्निपातान्निहन्ति
शूलं श्वासं च हिक्काकसनगुदरुजाध्मानविध्वंसकः स्यात् ।
मन्यास्तम्भान्त्रवृद्धीर्गलगदमरुतः सर्वसन्धिग्रहाति
मातङ्गौघ निहन्यान्मृगरिपुरिव[1] सदाध्मानजालं तथैव ॥ ४७८ ॥

सन्निपात ज्वर में भार्ग्याद्य द्वात्रिंशक क्वाथ—भारंगी, चिरायता, नीम, नलद (जटामांसी), कुटकी, वच, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), अडूसा, इन्द्रायण, रासन, अनन्तमूल, परोरा, देवदारु, निशा (हल्दी), पाढल, टिण्टुकी (सोनापाठा), ब्राह्मी, दारुहल्दी, गुडूची, निशोथ, अतीस, पुष्करमूल, त्रायमाणा, भटकटैया, काकड़ासिंघी, कलिंग (इन्द्रयव), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आँवला), कपूरकचरी—समभाग—इन द्रव्यों से निर्मित द्वात्रिंशनामक क्काथ, तेरह प्रकार के सन्निपात ज्वर को नाश करता है, तथा शूल, श्वास रोग, हिचकी, कास, अर्शरोग तथा आध्मान (पेट में वायु का भर जाना) को विध्वंस करता है। यह क्वाथ, मन्यास्तम्भ (गर्दन में बल पड़ जाना), आन्त्रवृद्धि, गले का रोग, वातरोग सभी सन्धियों के जकड़न की पीड़ा तथा आध्मान के समूहों को सदा नाश करता है। जैसे सिंह, हाथियों के झुण्डों को नाश करता है ॥ ४७७–४७८ ॥

---

१. 'रिव सदा' इत्यत्र 'सदगा' इति पाठश्छन्दोभङ्गभयात् समुचितः प्रतिभाति ।

सन्निपातज्वरे मञ्जिष्ठादिक्काथः—

मञ्जिष्ठाशिखिबिल्वमूलकशटीशुण्ठीकरञ्जन्वितं
त्रायन्तीवृहतीद्वयोषणकणाक्काथं तु पेपीयते ।
यः प्रातः प्रणिधाय लक्षितगदं वैद्योत्तमं सन्निधौ
तस्यापि प्रशमं प्रयान्ति सततं सर्वे मलव्याधयः ॥ ४७९ ॥

सन्निपातज्वर में मञ्जिष्ठादि क्काथ—मंजीठ, शिखी (चिचिरी), वेल की छाल, मूली, कपूरकचरी, सोंठ, करञ्ज, त्रायन्ती, भटकटैया, वनभंटा, मरिच तथा पीपर (समभाग)—इन द्रव्यों के क्काथ को जो व्यक्ति अच्छी तरह रोग की परीक्षा किये हुए वैद्य के समीप में रहकर प्रातःकाल पान करता है उस रोगी के सभी मलव्याधियां (त्रिदोषजज्वर) सर्वथा के लिये शान्त हो जाती हैं ॥ ४७९ ॥

धारा धाराद्यस्त्रयस्त्रिंशः क्काथः—

धाराधाराधरविषवृषागारवल्लीन्द्रवल्ली
कालीकालीयककरिकणाकट्फलारिष्टकुष्ठैः ।
पृथ्वीपृथ्वीकलिसुरतरूग्राकुलिङ्गाकलिङ्गैः
शिग्रुव्याघ्रीकटुतृणवधूरोहिणीरोहिणीभिः ॥ ४८० ॥

क्काथं पथ्याकवचरसनापञ्चकोलानुकूलै-
स्तुल्यैरेभिः कफगदजये सन्त्रिकत्रिंशमाहुः ।
श्वासालस्यश्वयथुजडतोदीर्णकासे बलासे
सामे कामं मथनभिषजा शंसितः सन्निपाते ॥ ४८१ ॥

धारा धाराद्यस्त्रयस्त्रिंश (तैंतिस द्रव्यों का) क्काथ—धाराधार (मोथा), अधर विष (शु० वत्सनाभ), वृषा (अडूषा), अगारवल्ली (शार्ङ्गेष्टा 'रक्त करञ्ज'), इन्द्रवल्ली (इन्द्रायण), काली (नीलिनी), कालीयक (पीत-चन्दन), करिकणा (गजपीपर), कायफर, नीम, कूठ, पृथ्वी (मंगरैल), पृथ्वी (बड़ी इलायची), कलि (बहेड़ा), सुरतरु (देवदारु), उग्रा (वचा), कुलिंगा (कुटज), कलिंग (मांसलफल 'त्रपुष विशेष'), शिग्रु (सहिजन), व्याघ्री (कण्टकारी), कटुतृण (जलज तृण विशेष), वधू (कपूर-कचरी), रोहिणी (कुटकी), रोहिणी (मंजीठ), हरें, कवच (पित्तपापड़ा), रसना (रास्ना), पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ) समभाग—इन द्रव्यों के क्काथ कोसन्त्रिकत्रिंश (त्रयस्त्रिंश) क्काथ कहते हैं । यह क्काथ कफजन्य रोगों को दूर करता है तथा श्वास, आलस्य, शोथ, जड़ता, तीव्रकास, बलास (गलशोथ), आमजन्य रोग तथा सन्निपातज्वर में लाभदायक है । इसकी प्रशंसा मथन वैद्य ने अच्छी तरह की है ॥ ४८०–४८१ ॥

सन्निपातज्वरे तन्द्राचिकित्साया अवश्यकरणीयता—

सन्निपातज्वरे यत्नं कृत्वा तन्द्रां जयेद् बुधः ।
उपद्रवः कष्टतमस्तं च नस्याञ्जनैर्जयेत् ॥ ४८२ ॥

सन्निपातज्वर में तन्द्रा चिकित्सा की आवश्यक (करने योग्य) विधि—विद्वान् वैद्य सन्निपात ज्वर में प्रयत्नपूर्वक तन्द्रा को दूर करे क्योंकि सन्निपात-ज्वर के उपद्रव अत्यन्त कष्टकारक होते हैं, अतः उसको नस्य तथा अंजनों के द्वारा दूर करे ॥ ४८२ ॥

सन्निपातज्वरे जिह्वाचिकित्सा—

उच्छुष्कां स्फुटितां जिह्वां द्राक्षया मधुपिष्टया ।
प्रलेपयेत्सघृतया सन्निपातात्मके ज्वरे ॥ ४८३ ॥

सन्निपातज्वर में जिह्वाचिकित्सा—सन्निपात ज्वर में शुष्क एवं फटे हुए जिह्वा को मुनक्का को पीसकर मधु तथा घृत मिलाकर लेप करे ॥ ४८३ ॥

सन्निपातज्वरे वाष्पप्रयोगः—

देवदाली तथैरण्डः पिचुमन्ददलानि तु ।
त्रिभिर्निष्कथितैर्बाष्पः सन्निपातज्वरापहः ॥ ४८४ ॥

सन्निपातज्वर में वाष्प प्रयोग—देवदाली (वन्दाल), एरण्ड तथा नीम की पत्ती—इन तीनों द्रव्यों का क्वाथ बनाकर उसके वाष्प का प्रयोग करे । यह वाष्प प्रयोग सन्निपातज्वर को नाश करता है ॥ ४८४ ॥

सन्निपातज्वरे स्वेदातिप्रवृत्तिचिकित्सा—

स्वेदोद्रमे भृष्टकुलत्थचूर्ण-
निपातनं शस्तमिति ब्रुवन्ति ।
मृत्युश्च तस्मिन्बहुपिच्छिलत्वा
च्छीतस्य मृत्योः पुरतः सरत्वात् ॥ ४८५ ॥
अथवा चणका भृष्टा यवानीचूर्णमिश्रिताः ।
वचोपणरजोयुक्ताः स्वेदसंशोषणा मताः ॥ ४८६ ॥
विषभागो भवेदेको मरिचात् त्रिगुणो मतः ।
आरण्योत्पलजं भस्म षोडशांशसमन्वितम् ॥ ४८७ ॥
एकत्र मिलितं चूर्णं धूर्तस्वरसभावितम् ।
आतपे शोषितं तच्च शीतस्वेदहरं परम् ॥ ४८८ ॥

सन्निपातज्वर में अधिक पसीना निकलने की चिकित्सा—अधिक पसीना आने पर भूने हुए कुलत्थ के चूर्ण को शरीर के ऊपर गिराना उत्तम है । ऐसा विद्वान् लोग कहते हैं । अधिक पसीना के पिच्छिल होने के कारण ठंढक बढ़ जाती है और ठंढक होने से मृत्यु हो जाती है । क्योंकि मृत्यु के पहले ठंढक हुआ करती है । अथवा चना को भूनकर अजवायन का चूर्ण,

वच तथा मरिच के चूर्ण को मिलाकर लगाने से पसीना का शोषण हो जाता है। विष (शु० वत्सनाभ) एक भाग, मरिच तीन भाग, जंगली कमल की भस्म सोलह भाग—इन द्रव्यों को एकत्र कर, धतूर के स्वरस से भावित कर धूप में सुखाकर प्रयोग करने से शीतल पसीना का आना बन्द हो जाता है ॥ ४८५-४८८ ॥

सन्निपातज्वरे रिष्टलक्षणम्—

स्वेदो ललाटे हिमवन्नरस्य शीतार्दितस्यैति सुपिच्छिलश्च ।
कण्ठस्थितो याति न यस्य वक्षो नूनं यमस्यैति गृहं स मर्त्यः ॥४८६॥

सन्निपातज्वर में अरिष्ट लक्षण—शीत से पीड़ित हो और शरीर ठंढा हो ऐसे व्यक्ति के ललाट में पिच्छिल (चिपचिपा) पसीना आता हो और किसी पदार्थ को कण्ठ में रखने पर अन्दर वक्षस्थल में न पहुँचता हो तो समझना चाहिए कि यह सन्निपात ज्वर से पीड़ित व्यक्ति अवश्य ही यमराज के घर चला जायगा अर्थात् मर जाता है ॥ ४८९ ॥

दोषविशेषेण सन्निपातज्वरमर्यादा—

वातपित्तकफैः सप्तदशद्वादशवासरान् ।
प्रायोऽनुयाति मर्यादा मोक्षाय च वधाय च ॥ ४९० ॥
द्विगुणा सप्तमी यावन्नवम्येकादशी तथा ।
एषा त्रिदोषमर्यादा मोक्षाय च वधाय च ॥ ४९१ ॥

दोषविशेष के अनुसार सन्निपातज्वर की अवधि—वातोल्वण सन्निपात ज्वर सातवें दिन रोगी को छोड़ देता है या मार डालता है। पित्तोल्वण सन्निपातज्वर दशवें दिन में तथा कफोल्वण सन्निपातज्वर बारहवें दिन रोगी को छोड़ देता है या मार डालता है। यदि सन्निपातज्वर सातवें, दशवें तथा बारहवें दिनों में रोगी को न छोड़े और न मारे तो चौदहवें दिन, अट्ठारहवें दिन तथा बाइसवें दिन में क्रमश वात, पित्त तथा कफ दोषों के अनुसार उतर जाता या रोगी को मार डालता है। यह त्रिदोष की मर्यादा है। इसमें रोगी या तो स्वस्थ होने लगता है या मर जाता है।

सन्निपातज्वरे कर्णग्रन्थिचिकित्सा—

सन्निपातज्वरस्यान्ते कर्णमूले सुदारुणः ।
शोफः सञ्जायते तेन कश्चिदेव विमुच्यते ॥ ४९२ ॥
रक्तावसेचनैः पूर्वं सर्पिःपानैश्च तं जयेत् ।
प्रदेहैः कफपित्तघ्नैर्वमनैः कवलग्रहैः ॥ ४९३ ॥

सन्निपातज्वर में कर्णग्रन्थि की चिकित्सा—सन्निपातज्वर के अन्तिम दिन में कान के मूल भाग में एक भयंकर शोथ हो जाता है, इससे कोई ही

रोगी बचता है। इस कर्णमूल शोथ को पहले, रक्तावसेचन, घृत-पान, प्रदेह, कफपित्तनाशक वमन तथा कवकग्रहों से जीत लेना चाहिए ॥ ४९२-४९३ ॥

कर्णमूलशोथे बीजपूरकमूलादिलेपः—

बीजपूरकमूलानि वह्निमन्थस्तथैव च ।
सनागरं देवदारु रास्नाचित्रकपेषितम् ॥ ४९४ ॥
प्रलेपनमिदं श्रेष्ठं गलशोफविनाशनम् ।

कर्णमूल शोथ में बीजपूरकमूलादि लेप—बिजौरे नीबू की जड़, अरणी की छाल, सोंठ, देवदारु, रासन तथा चित्रक (ससभाग)—इन द्रव्यों को पीस कर लेप तैयार करे और कर्णमूल शोथ पर लेप करे। यह श्रेष्ठ प्रलेप गले के शोथ को नाश करनेवाला है ॥

कर्णमूलशोथे कुलत्थाद्यो लेपः—

कुलत्थं कट्फलं शुण्ठी कारवी च समांशकम् ॥ ४९५ ॥
सुखोष्णं लेपनं कार्यं कर्णमूले मुहुर्मुहुः ।

कर्णमूल शोथ में कुलत्थाद्य लेप—कुलत्थ (कुरथी), कायफल, सोंठ तथा मंगरैल समभाग—इन द्रव्यों को लेकर लेप तैयार करे और इस लेप को थोड़ा गरम कर कान के मूलभाग में बार २ लेप लगाये ॥

कर्णमूलशोथे इङ्ग्वादिलेपः—

इङ्गुदिनिशाविशालासैन्धवसुरदारुकुष्ठरविदुग्धैः ।
दत्तः क्रमेण लेपो हरति महाकर्णकग्रन्थिम् ॥ ४९६ ॥

कर्णमूल शोथ में इङ्ग्वादि लेप—इङ्गुदी (हिङ्गोट), निशा (हल्दी), इन्द्रायण, सेन्धानमक, देवदारु, कूठ तथा मदार का दूध, क्रमशः इन द्रव्यों का लेप लगाने से भयंकर कर्णग्रन्थि शोथ दूर हो जाता है।

कर्णग्रन्थावर्कदुग्धादिलेपः—

दशशतकरदुग्धं पुष्करं त्वक्समेतं
दहनगुडनिकुम्भाकुष्ठकाशीसयुक्तम् ।
अपनयति विकीर्णं लेपनं सप्तरात्रा-
च्छ्वयथुहरणमुग्रं कर्णकग्रन्थिमेतत् ॥ ४९७ ॥

कर्णग्रन्थि में अर्कदुग्धादि लेप—मदार का दूध, पुष्करमूल, दालचीनी, चित्रक, गुड़, दन्ती, कूठ तथा कासीस (समभाग) इन द्रव्यों को एकत्र कर लेप तैयार करे। यह लेप लगाने से सात रात में भयंकर शोथ को हरण करनेवाला तथा कर्णमूलग्रन्थि को दूर करता है ॥ ४९७ ॥

कर्णशोथे नस्यप्रयोगः—

अशिशिरजलयुक्तं नावनं कर्णकार्ते
जनयति सुखसिद्धिं घ्राणरन्ध्रप्रवेशात् ।
परमलवणकृष्णाचूर्णमिश्रं प्रभाते
सकलमुनिभिरुक्तं व्याधिविध्वंसकारि ॥ ४९८ ॥

कर्णशोथ में नस्य का प्रयोग—कान की पीड़ा में सेन्धानमक तथा पीपर के चूर्ण को थोड़े गरम जल में मिलाकर प्रातःकाल नाक के छेद में छोड़ने तथा नावन कर्म करने से सुखसिद्धि को उत्पन्न करता है अर्थात् कर्ण शोथ को दूर करता है । इस नस्य को सभी मुनियों ने रोगनाशक बताया है ॥ ४९८ ॥

सन्निपातज्वरे द्राक्षादिक्काथः—

द्राक्षाटरूषकृतमालयवासभूमि-
निम्बैः श्रृतं मलयजेन युतं पयो यः ।
दोषत्रयेण जनितेऽपि पिबेज्ज्वरेऽसौ
तत्कालमाशु लभते बलमत्युदारम् ॥ ४९९ ॥

सन्निपातज्वर में द्राक्षादि क्काथ—मुनक्का, अडूसा, अमलतास, यवासा तथा चिरायता—इन द्रव्यों के श्रृतजल में मलयगिरि चन्दन को मिलाकर जो व्यक्ति पान करता है वह सन्निपातजन्य ज्वर में भी शीघ्र ही उत्तम बल को प्राप्त करता है ॥ ४९९ ॥

सन्निपातज्वरे वचादिकषायः—

वचा गुडूची सुरदारु शुण्ठी किरातकं मुस्तकमाटरूषः ।
सकाकजङ्घा लघुकण्टकारी काथोऽयमित्युद्धतसन्निपाते ॥ ५०० ॥

सन्निपातज्वर में वचादि क्वाथ—वच, गुडूची, देवदारु, सोंठ, चिरायता, मोथा, अडूसा, काकजङ्घा तथा भटकटैया (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ, उग्र सन्निपातज्वर में लाभदायक होता है ॥ ५०० ॥

सन्निपातज्वरे किरातादिचूर्णम्—

चूर्णमाह सकिरातकमुस्तं नागरेन्द्रयवतिक्तममीभिः ।
शर्करासहितमिन्दुकलाभृत्सन्निपातजनितज्वरहारि ॥ ५०१ ॥

सन्निपातज्वर मे किरातादि चूर्ण—चिरायता, मोथा, सोंठ, इन्द्रयव तथा कुटकी—इन द्रव्यों के चूर्ण को शक्कर के साथ मिलाकर सेवन करे । यह चूर्ण चन्द्रमा के समान कान्ति बनानेवाला तथा सन्निपात ज्वर को दूर करनेवाला कहा गया है ॥ ५०१ ॥

हरीतक्यादिचूर्णम्—

चूर्णं हरीतकीहिङ्गुपिप्पलीनागरान्वितम् ।

मातुलुङ्गरसाक्तं तु सन्निपातज्वरे हितम् ॥ ५०२ ॥

हरीतक्यादिचूर्ण—हर्रे, शु० हिंगु, पीपर तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण विजौरे नीबू के रस से भावित करे। यह चूर्ण सन्निपातज्वर में हितकर होता है अर्थात् यह चूर्ण विजौरे नीबू के रस में मिलाकर सेवन करने से सन्निपात ज्वर को दूर करता है ॥ ५०२ ॥

सन्निपातज्वरे दार्व्यादिकषायः—

दार्व्यम्बुदस्तिक्तफलत्रिकं च क्षुद्रा पटोली रजनी सनिम्बा ।
क्वाथं विदध्याज्ज्वरसन्निपाते निश्चेतने पुंसि विबोधनार्थम् ॥ ५०३ ॥

सन्निपातज्वर में दार्व्यादि कषाय—दारुहल्दी, मोथा, चिरायता, फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), भटकटैया, परोरा, निशा (हल्दी) तथा नीम (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ सन्निपातज्वर में बेहोश रोगी को होश में ला देता है। अर्थात् यह क्वाथ सन्निपातज्वर में सेवन करने से व्यक्ति होश में आ जाता है ॥ ५०३ ॥

सन्निपातज्वरे निम्बादिकषायः—

निम्बाब्ददारुकटुकात्रिफलाहरिद्रा-
क्षुद्रापटोलदलनिःकथितः कषायः ।
पेयस्त्रिदोषजनितज्वरनाशनाय
क्वाथः समं मगधया दशमूलजो वा ॥ ५०४ ॥

सन्निपातज्वर में निम्बादिकषाय—नीम, मोथा, देवदारु, कुटकी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), हल्दी, भटकटैया, परोरा की पत्ती (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय सन्निपातज्वर को नाश करने के लिये पीपर के चूर्ण के साथ या दशमूल के क्वाथ के साथ पान करे ॥ ५०४ ॥

सन्निपातज्वरे पुष्करमूलादिक्वाथः—

पुष्करमूलगुडूचीनिदिग्धिकानागरैः कृतः क्वाथः ।
कासश्वासबलासाञ्ज्वरं च हन्ति त्रिदोषसंभूतम् ॥ ५०५ ॥

सन्निपातज्वर में पुष्करमूलादि क्वाथ—पुष्करमूल, गुडूची, भटकटैया तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों से तैयार किया हुआ क्वाथ कास (खांसी), श्वास, बलास (एक कण्ठगत रोग जिसमें कफवातजन्य श्वास और पीड़ायुक्त, मर्मघाती गलशोथ होता है) और त्रिदोषजन्य ज्वर को नाश करता है ॥ ५०५ ॥

सन्निपातज्वरे कर्चूरादिक्वाथः—

कर्चूरभार्गी कटुका पटोली दुरालभा पुष्करमूलमैन्द्री ।
व्याघ्री तथा कर्कटशृङ्गिका च क्वाथोऽयमुक्तः प्रचुरे त्रिदोषे ॥ ५०६ ॥

कालो ह्येव यमश्चैव नियतिर्मृत्युरेव च।
तस्मिन्नपगते देहाज्जन्मेह पुनरुच्यते ॥ ५०७ ॥

सन्निपातज्वर में कर्चूरादिक्वाथ—कचूर, भारंगी, कुटकी, परोरा की पत्ती, यवासा, पुष्करमूल, इन्द्रावण, भटकटैया, काकड़ासिंघी (सभभाग)—द्रव्यों के क्वाथ का प्रयोग उग्रतर सन्निपातज्वर में कहा गया है। अर्थात् भयंकर सन्निपातज्वर में सेवन कराना चाहिये। सन्निपातज्वर ही काल है, यही यमराज है, यही नियति है तथा यही मृत्यु है। सन्निपातज्वर के शरीर से निकल जाने पर (उतर जाने पर) यही पुनर्जन्म कहा जाता है ॥ ५०६–५७७ ॥

सन्निपातज्वरे शीतलजलसेचननिषेधः—

सन्निपाते तु दाहार्तं यः सिञ्चेच्छीतवारिणा।
आतुरः स कथं जीवेद्वैद्यो वा स कथं भवेत् ॥ ५०८ ॥

सन्निपातज्वर में शीतजल सेचन निषेध—सन्निपातज्वर में दाह से पीड़ित रोगी को जो वैद्य ठंडे जल सींचता (स्नान कराता) है वह दाहपीड़ित रोगी कैसे जी सकता है और वह सींचनेवाला कैसे वैद्य कहला सकता है ॥५०८॥

सन्निपातचिकित्सितुर्वैद्यस्य प्रशंसा—

सन्निपातार्णवे मग्नं यो ह्युद्धरति मानवम्।
कस्तेन न कृतो धर्मः कां च पूजां न सोऽर्हति ॥ ५०९ ॥
मृत्युना सह योद्धव्यं सन्निपातं चिकित्सता।
यश्च तत्र भवेज्जेता स जेताऽऽमयसंगरे ॥ ५१० ॥

इति सन्निपातज्वरचिकित्सा।

सन्निपातज्वर की चिकित्सा करनेवाले वैद्य की प्रशंसा—जो चिकित्सक सन्निपातरूपी समुद्र में डूबे हुए मनुष्य को निकालता है (अपनी चिकित्सा से जीवित कर देता है) वह कौन-सा धर्म कार्य नहीं किया है और वह किस पूजा के योग्य नहीं है (अर्थात् उसने सभी धर्म कार्य को किया है और वह सभी प्रकार की पूजा के योग्य है)। सन्निपात के रोगी की चिकित्सा करना, मृत्यु के साथ युद्ध करना है। जो चिकित्सक सन्निपातरूपी युद्ध में विजय को प्राप्त करता है। वही रोगरूपी संग्राम में विजयी कहलाता है ॥ ५०९–५१० ॥

सन्निपातज्वर-चिकित्सा-समाप्त।

अथातो विषमज्वरचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।
वातजे श्रमजे चैव पुराणे विषमज्वरे।
लङ्घनं न हितं विद्याच्छमनैस्तमुपाचरेत् ॥ ५११ ॥

इसके बाद विषमज्वर की चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

वातजन्य ज्वर, परिश्रमजन्य ज्वर, जीर्णज्वर तथा विषमज्वर में लंघन कराना हितकर नहीं होता है। इन ज्वरों में शामक औषधों से उपचार करे ॥ ५११ ॥

विषमज्वराणां त्रिदोषजत्वम्—

ज्वराश्च विषमाः सर्वे सन्निपातसमुद्भवाः।
यथोल्बणस्य दोषस्य तेषां कार्यं चिकित्सितम् ॥ ५१२ ॥

विषमज्वर त्रिदोषज होते हैं—सभी विषमज्वर सन्निपातज (त्रिदोषज) होते हैं। इस विषमज्वर में जो दोष प्रधान (उल्वण) हो उसकी चिकित्सा करनी चाहिए ॥ ५१२ ॥

जीर्णज्वरे निदिग्धिकादिक्वाथः—

निदिग्धिकानागरकामृतानां क्वाथं पिबेन्मिश्रितपिप्पलीकम्।
जीर्णज्वरारोचककासशूलश्वासाग्निमान्द्यार्दितपीनसेषु ॥ ५१३ ॥
(हन्त्यूर्ध्वजानयं प्रातः सायं तेनोपयुज्यते।)

जीर्णज्वर में निदिग्धिकादि क्वाथ—भटकटैया, सोंठ तथा गुडूची (समभाग)—इन द्रव्यों के क्वाथ को पीपर का चूर्ण मिलाकर जीर्णज्वर, अरोचक, कास, शूल, श्वास, अग्निमान्द्य, अर्दित तथा पीनस (पूतिगन्धि चिरकालीन नासास्राव) में पान करे। यह क्वाथ प्रातः-सायं उपयोग करने से ऊर्ध्वांग रोगों को नाश करता है ॥

जीर्णज्वरे गुडपिप्पलीयोगः—

कासाजीर्णारुचिश्वासहृत्पाण्डुकृमिरोगनुत् ॥ ५१४ ॥
जीर्णज्वरेऽग्निसादे च शस्यते गुडपिप्पली।
पिप्पलीचूर्णसंयुक्तः क्वाथश्छिन्नोद्भवोद्भवः ॥ ५१५ ॥
जीर्णज्वरकफध्वंसी पञ्चमूलीकृतोऽथवा।

जीर्णज्वर में गुड़-पिप्पली योग—गुड़-पिप्पली योग जीर्णज्वर तथा अग्निमान्द्य में प्रशस्त है और कास, अजीर्ण, अरुचि, श्वासरोग, हृद्रोग, पाण्डुरोग तथा कृमिरोग को दूर करता है। पिप्पली चूर्ण से युक्त गुडूची का क्वाथ अथवा पिप्पली चूर्ण से मिश्रित पञ्चमूली (बेल, गम्भारी, सोनापाठा, पाढल तथा अरणी) का क्वाथ जीर्णज्वर तथा कफजन्य ज्वर को नाश करता है ॥

जीर्णज्वरे शिरोविरेचनप्रयोगः—

शिरोगौरवशूलघ्नमिन्द्रियप्रतिबोधनम् ॥ ५१६ ॥
जीर्णज्वरे रुचिकरं दद्याच्छीर्षविरेचनम्।

जीर्णज्वर में शिरोविरेचन-प्रयोग—जीर्णज्वर में शिरोविरेचन देना चाहिए। शिरोविरेचन, सिर का भारीपन तथा शूल को नाश करता है। इन्द्रियों को स्वच्छ एवं चैतन्य बनाता है और भोजन में रुचि को बढ़ाता है॥

विषमज्वरे विभीतकादिक्वाथः—

बिभीतो व्याधिघातश्च कटुका त्रिफला निशा ॥ ५१७ ॥
क्वाथो हन्ति तृषां दाहं ज्वरं च विषमं द्रुतम्।

विषमज्वर में विभीतकादि क्वाथ—बहेड़ा, अमलतास, कुटकी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), निशा (हल्दी) (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ प्यास, दाह तथा विषमज्वर को शीघ्र ही नाश करता है॥

सततज्वरे पटोलादिक्वाथः—

पटोलीन्द्रयवा दारुगुडूचीनिम्बपल्लवाः ॥ ५१८ ॥
हन्ति क्वाथो निपीतोऽयं सततं विषमज्वरम्।
मधुसर्पिःसिताकृष्णाघृतक्षीरविलोडितः ॥ ५१९ ॥
विषमज्वरहृद्रोगश्वासकासक्षयापहः।

सततज्वर में पटोलादि क्वाथ—परोरा की पत्ती, इन्द्रयव, देवदारु, गुडूची, नीम की नवीन पत्ती (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ पान करने से सतत नामक विषम ज्वर को नाश करता है। यह क्वाथ मधु, घी, मिश्री, पीपर का क्वाथ तथा दूध मिलाकर पीने से विषमज्वर, हृद्रोग, श्वासरोग, कास तथा क्षयरोग को नाश करता है।

विषमज्वरे हरिद्राद्यञ्जनम्—

ज्वरेऽञ्जनं निशातैलकृष्णामरिचसैन्धवैः॥ ५२० ॥

विषमज्वर में हरिद्राद्यञ्जन—विषमज्वर में निशा (हल्दी), तैल, पीपर, मरिच तथा सेंधानमक का अंजन लाभदायक है॥ ५२० ॥

विषमज्वरे वचादिधूपः—

बचा हरीतकी सर्पिर्धूपः स्याद्विषमज्वरे।
सततं विषमं चापि क्षीणस्य सुचिरोत्थितम्॥ ५२१ ॥
ज्वरं संभोजनैः पथ्यैर्ज्वरघ्नैः समुपाचरेत्।

विषमज्वर में वचादिधूप—वच, हर्रे तथा घृत का धूप विषमज्वर में लाभप्रद है।

जीर्ण, सतत एवं विषमज्वर में पथ्य—दुर्बल व्यक्ति के पुराने सतत एवं विषमज्वर को ज्वरनाशक एवं हितकर भोजनों से उपचार करे।

विषमज्वरे हितानि शाकानि—

तन्दुलीयकवास्तूकबालमूलकपर्पटान् ॥ ५२२ ॥

पटोलममृतापत्रं शाकार्थं दार्विपत्रिकाम् ।

विषमज्वर में हितकर शाक—विषमज्वर में चौराई, बथुआ, बालमूली, पित्तपापडा, परोरा की पत्ती, गुडूची की पत्ती तथा दारुहल्दी के पत्ता का शाक हितकर है ।

विषमज्वरे हितानि मांसानि—

मांसार्थमेणलावादीन् दद्याद्युक्त्या विचक्षणः ॥ ५२३ ॥

विषमज्वर में हितकर मांस—विषमज्वर में मृग तथा लावा आदि पक्षियों का मांस युक्तिपूर्वक प्रयोग करें । अर्थात् विषमज्वरनाशक औषधों से सिद्ध कर उपयोग में लावे ॥ ५२३ ॥

ज्वरक्षीणे वमनादिनिषेधः—

ज्वरक्षीणस्य न हितं वमनं न विरेचनम् ।
कामं तु पयसा तस्य निरूहैर्वा हरेन्मलान् ॥ ५२४ ॥

ज्वर से क्षीण होने पर वमनादि का निषेध—ज्वर से दुर्बल व्यक्ति के लिये वमन तथा विरेचन लाभदायक नहीं होता है । दुर्बल व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार दूध या निरूहण वस्ति के द्वारा मलों का संशोधन करे ॥५२४॥

अरोचकादौ निवृत्तज्वरेऽपि संशोधनावश्यकता—

अरोचके गात्रसादे वैवर्ण्येऽङ्गमलादिषु ।
शान्तज्वरोऽपि शोध्यः स्यादनुबन्धभयान्नरः ॥ ५२५ ॥

अरोचक आदि में ज्वर निवृत्त होने पर भी संशोधन की आवश्यकता—ज्वर के शान्त हो जाने पर भी अरोचक, शरीर का सूखना, विवर्ण तथा शरीर में मल आदि के सञ्चित हो जाने पर, गांठ बंध जाने के डर से रोगी को विरेचनादि द्वारा संशोधन करना चाहिए ॥ ५२५ ॥

विषमज्वरे त्रिफलादिविरेचनम्

चूर्णितैस्त्रिफलाश्यामात्रिवृत्पिप्पलिकेसरैः ।
सक्षौद्रः शर्करायुक्तो विरेकस्तु प्रशस्यते ॥ ५२६ ॥

विषमज्वर में त्रिफलादि विरेचन—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), काला निशोथ, पीपर तथा नागकेशर—इन द्रव्यों के चूर्ण में मधु तथा शक्कर मिश्रित कर विरेचन कराना उत्तम है ॥ ५२६ ॥

विषमज्वरसंप्राप्तिः—

कृशानां ज्वरमुक्तानां मिथ्याहारविहारिणाम् ।
दोषः स्वल्पोऽपि संवृद्धो देहिनामनिलेरितः ॥ ५२७ ॥
सततान्येद्युष्कत्र्याख्यचतुर्थान् सप्रलेपकान् ।
कफस्थानविभागेन यथासंख्यं करोति च ॥ ५२८ ॥

अहोरात्रादहोरात्रात् स्थानात्स्थानं प्रपद्यते ।
ततश्चामाशयं प्राप्य दोषः कुर्याज्ज्वरं नृणाम् ॥ ५२९ ॥
कफस्यामाशयः स्थानं कण्ठोरोमूर्धसन्धयः ।
समौ वातकफौ यस्य हीनपित्तस्य देहिनः ॥ ५३० ॥
प्रायो रात्रौ ज्वरस्तस्य दिवा हीनकफस्य च ।
प्रलेपकस्तु विषमः प्रायः क्लेशाय शोषिणाम् ॥ ५३१ ॥

विषमज्वर की सम्प्राप्ति—ज्वरमुक्त, दुर्बल, मिथ्या आहार-विहार को करनेवाले मनुष्यों का स्वल्प दोष भी वायु से प्रेरित होकर बढ़ जाता है, और सतत, अन्येद्युष्क, ट्याहिक, चातुर्थिक एवं प्रलेपक ज्वरों को कफ के स्थान-विभाग के अनुसार यथासंख्य उत्पन्न करता है। एक ही दिन-रात में एक स्थान से दूसरे स्थान में पहुँच जाता है। इसके बाद दोष आमाशय में पहुँचकर मनुष्यों के ज्वर को उत्पन्न करता है। कफ के स्थान आमाशय, कण्ठ, उर, मूर्द्धा तथा सन्धियां हैं। जिस रोगी के वात और कफ समान होते हैं और पित्त हीन होता है उसको प्रायः रात्रि में ज्वर उत्पन्न होता है, तथा जिसके पित्त, वात समान होते हैं और कफ हीन होता है उसको दिन में ज्वर का अनुभव होता है। प्रलेपक विषमज्वर प्रायः शोषरोगियों के लिये क्लेशकारक होता है ॥ ५२७–५३१ ॥

सततकज्वरे तिक्तादिक्काथः—

क्काथः सततके तिक्ता पटोलं सारिवा घनम् ।

सततकज्वर में तिक्तादि क्वाथ—सततकज्वर में, कुटकी, परोरा की पत्ती, अनन्तमूल तथा मोथा—इन द्रव्यों का क्वाथ लाभप्रद है।

तृतीयकज्वरे भूनिम्बादिक्काथः—

तृतीयके तु भूनिम्बगुडूचीनागरं घनम् ॥ ५३२ ॥
पटोलेन्द्रयवान् द्राक्षां मुस्तं निम्बफलत्रिकम् ।
मुस्ताविश्वामृतं धान्यं बालकं चन्दनं समम् ॥ ५३३ ॥
क्काथो मधुसितायुक्तस्ट्याहिकज्वरनाशनः ।

तृतीयक ज्वर में भूनिम्बादि क्वाथ—तृतीयक ज्वर में प्रथम—चिरायता, गुडूची, सोंठ, मोथा, द्वितीय—एवं परोरा की पत्ती, इन्द्रयव, मुनक्का, नागरमोथा, नीम, फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, त्रिफला), तृतीय—तथा मोथा, सोंठ, गुडूची, धनिया, सुगन्धवाला, चन्दन, समभाग—इन द्रव्यों को लेकर भूनिम्बादि, पटोलादि तथा मुस्तादि इन तीनों क्वाथों को तैयार कर और मधु तथा मिश्री मिलाकर पान करे। ये क्वाथ ट्याहिक ज्वर को नाश करते हैं।

चातुर्थकज्वरे मुस्तादिक्वाथः—

मुस्तापाठाशिवाक्वाथश्चतुर्थेकहरः परः ॥ ५३४ ॥

चातुर्थकज्वर में मुस्तादि क्वाथ—नागरमोथा, पाढ़ी तथा हर्रे का क्वाथ चातुर्थक ज्वर को दूर करता है ।

चातुर्थकज्वरे त्रिफलाप्रयोगः—

दुग्धेन त्रिफला पीता हन्ति चातुर्थिकं ज्वरम् ।

चातुर्थक ज्वर में त्रिफला प्रयोग—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का चूर्ण, दूध के साथ पीने से चातुर्थिक ज्वर को नाश करता है ।

पञ्चाहज्वरे चन्दनादिक्वाथः—

चन्दनं धान्यकं मुस्तं गृडूची विश्वभेषजम् ॥ ५३५ ॥
पञ्चाहसंभवं हन्ति ज्वर क्वाथो निषेवितः ।

पञ्चाहज्वर में चन्दनादि क्वाथ—चन्दन, धनिया, नागरमोथा, गुडूची तथा सोंठ (समभाग)—दन द्रव्यों का क्वाथ सेवन करने से पञ्चाहसंभव (पांचवें दिन उत्पन्न होनेवाले) ज्वर को नाश करता है ।

षडहज्वरे यवासादिक्वाथः—

यवासो हैहयो दारु शुण्ठी वासा समांशकः ॥ ५३६ ॥
क्वाथो निषेवितो हन्ति ज्वरं वै षड्दिनोद्भवम् ।

षडहज्वर में यवासादि क्वाथ—यवासा, हैहय (असगन्ध), देवदारु, सोंठ, अडूसा समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ सेवन करने से षड्दिनोद्भव (छठे दिन उत्पन्न होनेवाले) ज्वर को निश्चय ही नाश करता है ।

विषमज्वरे शिरीषादिचूर्णम्—

शिरीषो लाङ्गली कुष्ठं निम्बो देवी हरीतकी ॥ ५३७ ॥
मध्वाज्यभक्षितं चूर्णं विषमज्वरनाशनम् ।

विषमज्वर में शिरीषादि चूर्ण—शिरीष (सिरिस), लांगली (कलिहारी), कूठ, नीम, देवी (मूर्वा), हर्रे—इन द्रव्यों का चूर्ण, मधु तथा घृत के साथ भक्षण करने से विषमज्वर को नाश करता है ।

विषमज्वरादौ शिरीषादिनस्यम्—

शिरीषनिम्बपत्राणि हिङ्गु सर्पस्य कञ्चुकी ॥ ५३८ ॥
समांशचूर्णमेतेषां वारिपिष्टं हि नस्यतः ।
ग्रहभूतपिशाचानां शाकिनीरक्षसामपि ॥ ५३९ ॥
दोषं हन्ति ज्वरं तीव्रं तरणिस्तिमिरं यथा ।

विषमज्वरादि में शिरीषादि नस्य—शिरीष, नीम की पत्ती, हिंगु तथा सांप की केचुल समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को जल में पीसकर नस्य लेने से

ग्रह, भूत, पिशाच, शाकिनी तथा राक्षसों के दोषों को एवं तीव्र ज्वर को नाश करता है जैसे सूर्य अन्धकार-समूह को नष्ट करता है।

ज्वरे शिरीषादिधूपः—

शिरीषबीजजम्ब्वाम्रकपित्थार्जुनपल्लवैः ॥ ५४० ॥
पुराख्यशल्लकैर्धूपः सर्वज्वरग्रहापहः।

ज्वर में शिरीषादि धूप—सिरिस का बीज, जामुन, आम, कैथ तथा अर्जुन का नवीन पल्लव, गुग्गुलु, शल्लक (शल्लूल)—इन द्रव्यों का धूप सभी प्रकार के ज्वर एवं सभी प्रकार के ग्रहदोषों को नाश करता है।

ज्वरे लशुनाद्यञ्जनम्—

लशुनं पिप्पली राजी वचा पथ्या समांशकाः ॥ ५४१ ॥
एतच्चूर्णं जलापिष्टं चक्षुःस्थं ज्वरनाशनम्।

ज्वर में लशुनाद्यञ्जन—लहसुन, पिप्पली, राई, वच तथा हर्रे—समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण जल में पीसकर आंख में अंजन लगाने से ज्वर को नाश करता है।

अन्येद्युष्कचातुर्थकयोर्योगौ—

अन्येद्युष्केष्वन्तरे तु गुडूच्यामलकं घनम् ॥ ५४२ ॥
वृषदंशपुरीषं वा पयसाऽऽलोड्य यः पिबेत्।
चतुर्थकस्यागमने नियतं न भविष्यति ॥ ५४३ ॥

अन्येद्युष्क तथा चातुर्थिक ज्वरों के योग—अन्येद्युष्कज्वर के मध्य में तथा चातुर्थिक ज्वर के आने के पहले, गुडूची, आंवला तथा मोथा के चूर्ण या वृषदंश-पुरीष (बिल्ली के मल) को दूध में मिलाकर जो व्यक्ति पान करता है उसको अन्येद्युष्क ज्वर तथा चातुर्थिक ज्वर निश्चय ही नहीं होता है ॥ ५४२-५४३ ॥

सन्ततादिविषमज्वरेषु पञ्चकषायाः—

कलिङ्गकाः पटोलस्य पत्रं कटुकरोहिणी।
पटोलं सारिवा मुस्तं पाठा तिक्तकरोहिणी ॥ ५४४ ॥
निम्बं पटोलं त्रिफला मृद्वीका मुस्तवत्सकौ।
किराततिक्तममृता चन्दनं विश्वभेषजम् ॥ ५४५ ॥
गुडूच्यामलकं मुस्तमर्धश्लोकसमापनाः।
कषायाः शमयन्त्याशु पञ्च पञ्चविधान् ज्वरान् ॥ ५४६ ॥

संतत आदि विषमज्वर में पञ्चकषाय—१. इन्द्रयव, परोरा की पत्ती तथा कुटकी। २. परोरा की पत्ती, सारिवा, मोथा, पाठा एवं कुटकी। ३. नीम परोरा की पत्ती, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), मुनक्का, मोथा और इन्द्रयव। ४. चिरायता, गुडूची, चन्दन तथा सोंठ और ५. गुडूची, आंवला एवं मोथा—इन आधे श्लोकों

में बताये गये द्रव्यों के पांचो कषाय (कलिंगादि, पटोलादि, निम्बादि, किराततिक्तादि तथा गुडूच्यादि) पांच प्रकार के ज्वर (संतत, सतत, अन्येद्युष्क, तृतीयक तथा चातुर्थिक) को शीघ्र ही शान्त करते हैं।

वाग्भटात् सन्ततादिज्वरेषु पञ्चकषायाः—

पटोलेन्द्रयवारिष्टभद्रमुस्तामृताह्वयम् ।
सारिवाद्वितयं पाठा त्रायन्ती कटुरोहिणी ॥ ५४७ ॥
पटोलारिष्टमृद्वीकाशम्याकत्रिफलावृषाः ।
चन्दनोशीरधान्याब्दगुडूचीविश्वभेषजम् ॥ ५४८ ॥
देवदारु स्थिरा शुण्ठी वासा धात्री हरीतकी ।
पञ्च पञ्चज्वरान् हन्ति योगा मधुसितोत्कटाः ॥ ५४९ ॥

वाग्भट से सन्ततादि ज्वर में पञ्च कषाय—१. परोरा की पत्ती, इन्द्रयव, नीम, नागरमोथा तथा २. गुडूची, कृष्णसारिवा, रक्तसारिवा, पाढ़ी, त्रायमाण तथा कुटकी, ३. परोरा की पत्ती, नीम, मुनक्का, शम्याक (अमलतास), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा अडूसा, ४. चन्दन, खस, धनिया, मोथा, गुडूची तथा सोंठ, ५. देवदारु, स्थिरा (शालपर्णी), सोंठ, अडूसा, आंवला तथा हर्रे ये पांचों कषाय मधु, मिश्री तथा उत्कटा (सैंहली 'पिप्पली विशेष') का चूर्ण मिलाकर सेवन करने से संतत, सतत, अन्येद्युष्क, त्र्याहिक तथा चातुर्थिक पांचों प्रकार के ज्वरों को नाश करते हैं ॥ ५४७–५४९ ॥

चतुर्थकज्वरे वासादिक्काथः—

वासाधात्रीस्थिरादारुपथ्यानागरसाधितः ।
सितामधुयुतः क्काथश्चातुर्थकनिवारणः ॥ ५५० ॥

चातुर्थकज्वर में वासादिक्वाथ—अडूसा, आंवला, स्थिरा (शालपर्णी), देवदारु, हर्रे तथा सोंठ—इन द्रव्यों से सिद्ध किया हुआ कषाय, मिश्री तथा मधु के साथ सेवन करने से चातुर्थकज्वर को दूर करता है ॥ ५५० ॥

चतुर्थकेऽगस्त्यपुष्परसनस्यम्—

अगस्त्यपुष्पस्वरसेन नस्यं
निहन्ति चातुर्थिकमुग्रवीर्यम् ।

चातुर्थकज्वर में अगस्त्यपुष्परस-नस्य—अगस्त्य पुष्प के रस की नस्य तीव्र प्रकार के चातुर्थकज्वर को नष्ट करता है ॥

तृतीयकज्वरे महौषधादिकषायः—

महौषधामृतामुस्तचन्दनोशीरधान्यकैः
क्काथस्तृतीयकं हन्ति शर्करामधुसंयुतः ॥ ५५१ ॥

तृतीयकज्वर में महौषधादि कषाय—सोंठ, गुडूची, नागरमोथा, चन्दन,

खस तथा धनियां—इन द्रव्यों का क्वाथ, शर्करा तथा घृत के साथ सेवन करने से तृतीयक ज्वर को नष्ट करता है ॥ ५५१ ॥

तृतीयकज्वरे नागरादिकषायः—

सनागरोशीरघनः सधान्यः सपिप्पलीकश्च सचन्दनश्च ।
तृतीयकं हन्ति कृतः कषायः समाक्षिकश्चापि सशर्करश्च ॥ ५५२ ॥

तृतीयकज्वर में नागरादि कषाय—सोंठ, खस, मोथा, धनियां, पीपर तथा चन्दन—इन द्रव्यों का सिद्ध कषाय, मधु तथा शक्कर के साथ सेवन करने से तृतीयक ज्वर को नष्ट करता है ॥ ५५२ ॥

चतुर्थकज्वरे पथ्यादिकषायः—

पथ्यास्थिरानागरदेवदारुधात्रीवृषैरुत्कथितः कषायः ।
सितोपलामाक्षिकसंप्रयुक्तश्चातुर्थकं हन्त्यचिरेण पीतः ॥ ५५३ ॥

चतुर्थकज्वर में पथ्यादिकषाय—हर्रे, स्थिरा (सरिवन), सोंठ, देवदारु, आंवला तथा अडूसा (समभाग)—इन द्रव्यों का कथित किया हुआ कषाय, मिश्री तथा मधु के साथ मिलाकर पीने से शीघ्र ही चातुर्थकज्वर को नाश करता है ॥ ५५३ ॥

अपामार्गजटा कट्यां लोहितैः सप्ततन्तुभिः ।
बद्धा वारे रवौ तूर्णं ज्वरं हन्ति तृतीयकम् ॥ ५५४ ॥

अपामार्ग (चिचिरा) की जड़ लाल रंग के सातगुना के डोरे में बांध कर रविवार के दिन कमर में बांधने से शीघ्र ही तृतीयक ज्वर को नष्ट करता है ॥ ५५४ ॥

विमर्श—यह चातुर्थिक (चौथैया) ज्वर को भी नष्ट करता है ।

विषमज्वरे दैवव्यपाश्रयचिकित्सा—

गङ्गाया उत्तरे कूले अपुत्रस्तापसो मृतः ।
तस्मै तिलोदकं दद्यान्मुञ्चत्येकाहिको ज्वरः ॥ ५५५ ॥

विषमज्वर में दैवव्यपाश्रय चिकित्सा—गंगा के उत्तर तट पर पुत्रहीन तपस्वी मरा है उसको तिल और जल दें। अपुत्रतापस को तिलोदक देने से एकाहिकज्वर छोड़ देता है ।

अङ्गवङ्गकलिङ्गेषु सौराष्ट्रे मगधेषु च ।
पाराबारे तथा काश्यां राक्षसी दुन्दुभी वसेत् ॥ ५५६ ॥
तस्मै तिलोदकं दद्यान्मुञ्चत्येकाहिको ज्वरः ।

अंग, वङ्ग (बंगाल), कलिंग (उड़ीसा), सौराष्ट्र (गुजरात) तथा मगध (गया, पटना) देशों में एवं काशी में गंगा के दोनों तरफ दुन्दुभी नाम की

राक्षसी रहती है उसको तिल और जल दे। राक्षसी को तिलोदक देने से एकाहिकज्वर रोगी को छोड़ देता है ॥ ५५६ ॥

विमर्श—ये तान्त्रिक प्रयोग हैं। इन श्लोकों को पढ़ कर प्रतिदिन तिलोदक दे। इससे जन्मान्तरीय दोष दूर होते हैं और ज्वर से मुक्त हो जाता है।

ज्वरनाशार्थं मूर्ध्नि मूलबन्धनम्—

मूलं भूमिजयन्त्याश्च सहदेवोद्भवं तथा ॥ ५५७ ॥
तन्दुलीयकमूलं च बद्धं मूर्ध्नि ज्वरापहम्।

ज्वरनाश के लिये सिर पर मूलबन्धन—भूमिजयन्ती (पीतपुष्पीबला), सहदेव (सहदेइया) तथा बनचौराई के जड़ को सिर पर बांधने से ज्वर नष्ट हो जाता है ॥

विषमज्वरेऽभयाप्रयोगः—

मधुना चाभया लीढा हन्त्याशु विषमज्वरम् ॥ ५५८ ॥

विषमज्वर में हर्रे का प्रयोग—हर्रे का चूर्ण, मधु के साथ चाटने से शीघ्र ही विषमज्वर को नष्ट करता है ॥ ५५८ ॥

विषमज्वरे पटोलादिक्काथः—

पटोलयष्टीमधुतिक्तरोहिणीघनाभयाभिर्विषमज्वरापहः।
कृतः कषायस्त्रिफलामृतावृषैः पृथक्पृथग्वा विषमज्वरापहः ॥५५९॥

विषमज्वर में पटोलादिक्काथ—परोरा की पत्ती, मुलेठी, कुटकी, मोथा तथा हर्रे (समभाग)—इन द्रव्यों का क्काथ विषमज्वर को नष्ट करता है। या त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), गुडूची एवं अडूसा का अलग २ बनाया हुआ क्काथ विषमज्वर को दूर करता है ॥ ५५९ ॥

चातुर्थकज्वरे विदारिकादियोगः—

विदारीक्षुरसं सर्पिर्मधु तैलं श्रृतं पयः।
पिबेच्चातुर्थकश्वासकासवातकफापहम् ॥ ५६० ॥

चतुर्थकज्वर में विदारिकादियोग—विदारीकन्द का रस, गन्ने का रस, घृत, मधु, तैल तथा गरम दूध—इन द्रव्यों को एक में मिलाकर पान करे। यह योग चातुर्थकज्वर, श्वास, कास तथा वातकफजन्य रोगों को नष्ट करता है ॥ ५६० ॥

तृतीयकचतुर्थकयोः शिराव्यधः—

शिरां वा धमनीं पार्श्वस्कन्धसंस्थां चतुर्थके।
व्यधयेत्त्रिकसंस्थां तु तृतीयकहरां भिषक् ॥ ५६१ ॥

तृतीयक एवं चतुर्थकज्वर में शिराव्यध—वैद्य, चतुर्थकज्वर में पार्श्व

(कांख के नीचे के भाग), स्कन्ध (कन्धा) में स्थित शिरा या धमनी में वेधन कार्य करे। इससे चातुर्थकज्वर शान्त होता है और त्रिक (पीठ के रीढ़ के आधार पर तीन हड्डियों को जोड़नेवाले स्थान विशेष) में स्थित शिरा या धमनी को वेधन करे। यह वेधन कार्य तृतीयकज्वर को नष्ट करता है ॥५६१॥

विषमज्वरे पञ्चसारम्—

सर्पिः क्षौद्रं घृतं क्षीरं पिप्पल्यः सितशर्करा।
पिबेत्खजेनोन्मथितं पञ्चसारमिति स्मृतम् ॥ ५६२ ॥
विषमज्वरहृद्रोगक्षतकासापहं परम् ।

विषमज्वर में पञ्चसार—घृत, मधु, गरम दूध, पीपर का चूर्ण तथा शक्कर—इन द्रव्यों को कलछुल से मिलाकर पान करे। इसको पञ्चसार कहते हैं यह पञ्चसार, विषम ज्वर, हृदय का रोग, क्षत तथा कास को अच्छी तरह नष्ट करता है।

विषमज्वरे जीरकगुडप्रयोगः—

अजाजी गुडसंयुक्ता विषमज्वरनाशनी ॥ ५६३ ॥
अग्निसादं जयेत्सम्यग्वातरोगांश्च नाशयेत्।

विषमज्वर में जीरक गुड़ प्रयोग—जीरा का चूर्ण तथा गुड़ मिलाकर, जीरक गुड़ योग बनावे और सेवन करे। यह जीरक-गुड़ योग विषमज्वर को नाश करता है, मन्दाग्नि को जीत लेता है और वात रोगों को अच्छी तरह नाश करता है।

विषमज्वरे गुडत्रिफलाप्रयोगः—

गुडप्रगाढां त्रिफलां पिबेद्वा विषमार्दितः ॥ ५६४ ॥

विषमज्वर में गुड़ त्रिफला प्रयोग—विषमज्वर से पीड़ित व्यक्ति, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के चूर्ण को गुड़ के साथ मिलाकर भक्षण करे ॥५६४॥

विषमज्वरे मुस्तादिकषायः—

मुस्तामलकगुडूचीविश्वौषधकण्टकारिकाकाथः।
पीतः सकणाचूर्णः समधुर्विषमज्वरं हन्ति ॥ ५६५ ॥

विषमज्वर में मुस्तादिकषाय—नागरमोथा, आंवला, गुडूची, विश्वौषध (सोंठ) तथा भटकटैया—इन द्रव्यों का क्वाथ, पीपर का चूर्ण तथा मधु मिलाकर पीने से विषमज्वर को नष्ट करता है ॥ ५६५ ॥

विषमज्वरे रसोनयोगः—

प्रातः प्रातः ससर्पिष्कं रसोनमुपयोजयेत्।

विषमज्वर में रसोन योग—विषमज्वर में प्रतिदिन प्रातःकाल लहसुन को घृत में भूनकर सेवन करे।

विषमज्वरे पिप्पलीवर्धमानप्रयोगः—

पिप्पलीवर्धमानं वा पिबेत्क्षीररसाशनः ॥ ५६६ ॥
त्रिभिरथ परिवृद्धं पञ्चभिः सप्तभिर्वा
दशभिरथ विवृद्धं पिप्पलीवर्धमानम् ।
इति पिबति पयसा तस्य न श्वासकास-
ज्वरजठरगुदार्शोवातरक्तक्षयाः स्युः ॥ ५६७ ॥

[1]विषमज्वर में पिप्पली वर्धमान योग—पिप्पली वर्द्धमान योग को सेवन करे और दूध तथा मांसरस पान करे। पिप्पली वर्द्धमान योग का अग्निबल के अनुसार तीन पिप्पली से प्रारम्भ कर प्रतिदिन तीन-तीन पिप्पली दश दिन तक बढ़ाता जाय और ग्यारहवें दिन से तीन-तीन पिप्पली कम करता जाय और दूध का अनुपान रक्खे। इसी प्रकार पांच पिप्पली या सात पिप्पली या दश पिप्पली से प्रारम्भ कर दश दिन तक वृद्धिक्रम उसके बाद हीनक्रम के अनुसार दूध के साथ पिप्पली को खाय। इस पिप्पली वर्द्धमान योग को जो व्यक्ति दूध के साथ पान करता है उसको श्वासरोग, कासरोग, ज्वर, उदररोग, गुदज अर्श (बवासीर), वातरक्त तथा क्षय (राजयक्ष्मा) रोग नहीं होता है।

विमर्शः—हीन, मध्य तथा उत्तम बल के अनुसार तीन, पांच, सात तथा दश-दश पिप्पली का वर्द्धमान योग कहा गया है। अल्पबल व्यक्ति को चूर्ण, क्वाथ या शीत कषाय को देना उचित है क्योंकि ये क्रमशः अल्प बलवाले होते हैं। मध्य बलवाले इसका कषाय बनाकर तथा उत्तम बलवाले पीसकर दूध के साथ पान करें। उत्तम बलवालों के लिये दश-दश पिप्पली को बढ़ाकर प्रयोग करने का विधान है इस प्रकार उन्नीस दिन में दश-दश पिप्पली बढ़ाने और घटाने के एक हजार पिप्पली का यह योग पूरा हो जाता है। पिप्पली के साथ दूध की मात्रा भी बढ़ानी चाहिए। आधुनिक समय में दूध में पिप्पली पकाकर उसको निकाल दे और केवल दूध पान करे यही मध्यम बलवालों के लिये उत्तम है।

---

१. वाग्भट के पिप्पलीवर्द्धमान योग—

क्रमवृद्ध्या दशाहानि दशपैप्पलिकं दिनम् ।
वर्द्धयेत् पयसा सार्द्धं तथैवापनयेत् पुनः ॥
जीर्णौषधञ्च भुञ्जीत षष्टिकं क्षीरसर्पिषा ।
पिप्पलीनां सहस्रस्य प्रयोगोऽयं रसायनः ॥
पिष्टास्ता वलिभिः पेयाः श्रृता मध्यवलैर्नरैः ।
शीतीकृता हीनवलैर्वीक्ष्य दोषामयान् प्रति ॥

विषमज्वरे पटोलादिक्काथः—

पटोलकटुकामुस्तापथ्यानां मधुकस्य च ।
त्रिचतुःपञ्चशः काथो विषमज्वरनाशनः ॥ ५६८ ॥

विषमज्वर में पटोलादिक्काथ—परोरा की पत्ती, कुटकी, नागरमोथा, हर्रे तथा मुलेठी—इन द्रव्यों में से तीन द्रव्य, परोरा, कुटकी तथा मोथा का क्काथ, चार द्रव्य परोरा, कुटकी, मोथा तथा हर्रे का क्काथ तथा पांच द्रव्य, परोरा, कुटकी, मोथा, हर्रे तथा मुलेठी का क्वाथ, विषमज्वर को नाश करता है ॥ ५६८ ॥

विषमज्वरे कतिपययोगाः—

पिबेत्पर्पटकक्काथं गुडूच्या वासकस्य वा ।
त्रिफलाया रसं वापि श्लैष्मिके विषमज्वरे ॥ ५६९ ॥
निम्बदारुकषायं वा हितं सौमनसं तथा ।
यवान्नविकृतिः सर्पिर्मद्यं च विषमे हितम् ॥ ५७० ॥
दशमूलीकषायेण पिप्पलीर्वा प्रयोजयेत् ।
ताम्रचूडस्य मांसेन पिबेद्वा मद्यमुत्तमम् ॥ ५७१ ॥

विषमज्वर में कुछ योग—पित्तपापड़ा का क्वाथ, या गुडूची का क्काथ, या अडूसा का क्वाथ या त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का रस श्लैष्मिक विषमज्वर में पान करे। नीम तथा देवदारु का क्वाथ तथा सौमनस (जायफल) का क्वाथ यवान्नविकृति (वार्ली) घृत तथा मद्य विषमज्वर में हितकर है या दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाडल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू) के क्वाथ के साथ पीपर का चूर्ण प्रयोग करे अथवा ताम्रचूड़ (मुर्गा) के मांस के साथ उत्तम मद्य विषमज्वर में पान करे ॥ ५६९–५७१ ॥

विषमज्वरे द्वितीयो रसोनयोगः—

रसोनकल्कं तिलतैलयुक्तं योऽश्नाति नित्यं विषमज्वरार्तः ।
विमुच्यते सोऽप्यचिरेण जन्तुर्वातामयैश्चापि सुघोररूपैः ॥ ५७२ ॥

विषमज्वर में द्वितीय रसोनयोग—जो विषमज्वर से पीड़ित व्यक्ति लहसुन के कल्क को तिल के तैल में भूनकर खाता है वह शीघ्र ही विषमज्वर तथा उग्ररूप के वातिक रोगों से भी मुक्त हो जाता है ॥ ५७२ ॥

विषमज्वरे नलमूलादिकषायः—

नलवेतसयोर्मूलं नूर्वा च सुरदारु च ।
कषायं विधिवत्कृत्वा पेयं सर्वज्वरापहम् ॥ ५७३ ॥

विषमज्वर में नलमूलादिकषाय—नल (नरकट) तथा वेतस (बेंत)

की जड़, मूर्वा (मोरवेल), देवदारु—इन द्रव्यों का विधिवत् क्वाथ बनाकर पान करे। यह क्वाथ सभी प्रकार के ज्वरों को नाश करनेवाला है ॥ ५७३ ॥

विषमज्वरेऽनन्तादिकल्कः—

अनन्ता बालकं मुस्तां नागरं कटुकरोहिणीम् ।
पिष्ट्वा सुखाम्बुना कल्कं पाययेताक्षसंमितम् ॥ ५७४ ॥
एष सर्वज्वरान् हन्ति दीपयत्याशु चानलम् ।

विषमज्वर में अनन्तादिकल्क—अनन्ता (सारिवा), सुगन्धवाला, नागरमोथा, सोंठ तथा भटकटैया को पीस कर उसके कल्क को एक अक्ष (तोला) की मात्रा में थोड़े गरम जल के साथ पिलाये, यह कल्क सभी प्रकार के ज्वरों को नाश करता है तथा शीघ्र ही अग्नि को प्रदीप्त करता है।

सर्वज्वरे आमलकादियोगः—

आमलक्यभया कृष्णा चित्रकश्चेत्ययं गणः ।
सर्वज्वरकफातङ्कभेदी वृष्योऽग्निदीपनः ॥ ५७५ ॥

सभी प्रकार के ज्वर में आमलकादि योग—आंवला, हर्रे, पीपर तथा चित्रक यह आमलकादि गण है। इसका योग (क्वाथ आदि) सभी प्रकार के ज्वर तथा कफजन्य रोगों को भेदन करनेवाला, बल को बढ़ानेवाला तथा जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला है ॥ ५७५ ॥

सर्वज्वरे गुडूच्यादिगणः—

गुडूचीनिम्बधान्याकपद्मकं चन्दनान्वितम् ।
तृष्णादाहारुचिच्छर्दिसर्वज्वरहरो गणः ॥ ५७६ ॥

सभी प्रकार के ज्वर में गुडूच्यादिगण—गुडूची, नीम, धनियां, पद्मकाठ तथा रक्तचन्दन यह गुडूच्यादिगण है। गुडूच्यादिगण का क्वाथ प्यास, दाह, अरुचि, वमन तथा सभी प्रकार के ज्वर को दूर करनेवाला है ॥ ५७६ ॥

पित्तश्लेष्मज्वरे पटोलादिगणः—

पटोलश्चन्दनं मूर्वा पाठा तिक्ताऽमृता गणः ।
पित्तश्लेष्मज्वरच्छर्दिदाहकण्डूविषापहः ॥ ५७७ ॥

पित्तश्लेष्मज्वर में पटोलादिगण—परोरा की पत्ती, रक्तचन्दन, मूर्वा (मोरवेल), पाढी, कुटकी तथा गुडूची ये पटोलादिगण हैं। यह पटोलादिगण पित्त-कफजन्य ज्वर, वमन, दाह, कण्डू तथा विष को नाश करनेवाला है ॥५७७॥

सर्वज्वरे त्रिवृतादिभेदनक्वाथः—

त्रिवृद्विशालाकटुकात्रिफलारग्वधैः श्रृतः ।
सक्षारो भेदनः क्वाथः पेयः सर्वज्वरापहः ॥ ५७८ ॥

सभी प्रकार के ज्वर में त्रिवृतादिभेदन क्वाथ—त्रिवृत् (निशोथ), इन्द्रायण,

कुटकी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा अमलतास—इन द्रव्यों का क्वाथ यवक्षार मिलाकर पान करने से, मल को भेदन (विबन्ध को दूर) करता है और सभी प्रकार के ज्वर को नाश करनेवाला है ॥ ५७८ ॥

जीर्णज्वरे क्षीरोपयोगः—

जीर्णज्वरे कफे क्षीणे क्षीरं स्यादमृतोपमम् ।
तदेव तरुणे पीतं विषवद्धन्ति मानवम् ॥ ५७९ ॥
कृशोऽल्पदोषो दीनश्च नरो जीर्णज्वरान्वितः ।
पिपासार्तः सदाहो वा पयसा स सुखी भवेत् ॥ ५८० ॥

जीर्णज्वर में क्षीर का उपयोग—जीर्णज्वर में कफ के क्षीण होने पर दूध अमृत के समान है । वही तरुणज्वर में पीने से मनुष्य को विष के तरह मार डालता है । दुर्बल व्यक्ति, अल्प दोषवाला, दीन, जीर्णज्वर का रोगी प्यास से पीडित या दाह से युक्त व्यक्ति दूध को पान कर सुखी होता है । अर्थात् उपरोक्त अवस्था में दूध लाभदायक होता है ॥ ५७९–५८० ॥

जीर्णज्वरे क्षीरयोगाः—

वृश्चीवबिल्ववर्षाभूतोयं क्षीरांशयोजितम् ।
पचेत्क्षीरावशिष्टं तु तद्धि सर्वज्वरापहम् ॥ ५८१ ॥
उदकांशाश्चयः क्षीरं शिंशपासारमेव च ।
क्षीरावशिष्टं कथितं पेयं सर्वज्वरापहम् ॥ ५८२ ॥
सनागरं समृद्वीकं सघृतक्षौद्रशर्करम् ।
घृतं पयः सखर्जूरं पिपासाज्वरनाशनम् ॥ ५८३ ॥
कासाच्छ्वासाच्छिरःशूलात्पार्श्वशूलाच्चिरज्वरात् ।
मुच्यते ज्वरितः पीत्वा पञ्चमूलीश्रृतं पयः ॥ ५८४ ॥
त्रिकण्टकबलाव्याघ्रीगुडनागरसाधितम् ।
वर्चोमूत्रविबन्धघ्नं शोषज्वरहरं पयः ॥ ५८५ ॥
यथादोषप्रशमनैरौषधैः साधितं पयः ।
सर्वज्वराणां जीर्णानां प्रोक्तं भैषज्यमुत्तमम् ॥ ५८६ ॥

जीर्णज्वर में क्षीर योग—वृश्चीव (श्वेतपुनर्नवा), बेल, रक्त पुनर्नवा तोय (सुगन्धवाला)—इन द्रव्यों के अठगुना दूध और चौगुना पानी लेकर पकावे । दूधमात्र शेष रह जाने पर छान कर पान करे । यह क्षीर योग सभी प्रकार के ज्वर को नाश करता है । शीशम की लकड़ी एक भाग, जल तीन भाग तथा दूध आठ भाग लेकर पकावे, केवल दूध शेष रह जाने पर छान कर पान करे । यह सभी प्रकार के ज्वर को नष्ट करता है । सोंठ, मुनक्का, घृत, मधु, शक्कर तथा खजूर को लेकर दूध में पकावे और पान करे । यह

पिपासा तथा ज्वर को नाश करता है। पंचमूली (बेल की छाल गम्भारी, अरलु, पाढल तथा अरणी) डालकर पकाये हुए दूध को पीकर ज्वर से पीड़ित व्यक्ति कास, श्वास रोग, शिरःशूल, पार्श्वशूल तथा जीर्णज्वर से मुक्त हो जाता है। त्रिकण्टक (गोखरू), वरियार, भटकटैया, गुड़ तथा सोंठ—इन द्रव्यों को मिलाकर पकाया दूध, मल तथा मूत्र के विबन्ध को नाश करता है। और शोष तथा ज्वर को दूर करता है। यथादोष-प्रशामक औषधों (वातदोष-प्रशामक औषध) वातजन्य रोग में, पित्तदोष-प्रशामक औषध पित्तजन्य रोग में तथा कफदोष-प्रशामक औषध कफजन्य रोग में) से साधित दूध सभी प्रकार के जीर्णज्वर के लिये उत्तम औषध कहा गया है ॥ ५८१–५८६ ॥

विमर्श—क्षीरपाक का सामान्य नियम है कि द्रव्य से अठगुना दूध और चौगुना जल लेकर पकावे दूधमात्र शेष रह जाय तो प्रयोग करे। इसी प्रकार जहां घृत शक्कर आदि मिलाकर पकाना हो वहां इसी परिमाण में ग्रहण करना चाहिए। जहां विशेष वचन मिले वहां उसी विधि से क्षीरपाक करना चाहिए।

क्षीरपाकपरिभाषा—

द्रव्यादष्टगुणं क्षीरं क्षीरात्तोयं चतुर्गुणम्।
क्षीरावशेषं कर्तव्यं क्षीरपाके त्वयं विधिः ॥ ५८७ ॥

क्षीरपाक परिभाषा—द्रव्य से अठगुना दूध, चौगुना जल लेकर पकावे दूधमात्र शेष रहने दे यही क्षीरपाक नियम है ॥ ५८७ ॥

ज्वरे घृतयोग्यावस्था—

यदा न याति प्रशमं लङ्घनाद्यैर्ज्वरः क्रमैः।
रूक्षस्य बहुदोषस्य तदा सर्पिर्विधीयते ॥ ५८८ ॥

ज्वर में घृत-योग्यावस्था—जब ज्वर क्रमशः लंघन, वमन, विरेचनादि से शान्त न हो, दोष अधिक हो और रूक्ष प्रकृति हो तो घृत का प्रयोग करना चाहिए ॥ ५८८ ॥

ज्वरे कतिपयाः सर्पियोगाः—

द्राक्षासिद्धं घृतं वापि त्रिफलासिद्धमेव वा।
पिबेद् वृषविपक्वं वा सर्पिर्ज्वरहरं परम् ॥ ५८९ ॥
गुडूचीरससिद्धं वा बलासिद्धमथापि वा।
यष्टीमधुकसिद्धं वा पिबेत्सर्पिर्ज्वरापहम् ॥ ५९० ॥

ज्वर में कुछ घृत के योग—मुनक्का से सिद्ध घृत या त्रिफला से सिद्ध घृत या अडूसा से सिद्ध घृत उत्तम ज्वरनाशक होता है। या गुडूची स्वरस से सिद्ध घृत अथवा बरियार से सिद्ध घृत या मुलेठी से सिद्ध घृत पान करें। यह घृत ज्वर को नाश करता है ॥ २८९–५९० ॥

जीर्णज्वरे विडङ्गाद्यं घृतम्—

विडङ्गसौवर्चलचव्यवह्निव्योषाग्निसिन्धूद्भवयावशूकैः ।
पलांशकैः क्षीरसमं घृतस्य प्रस्थं पचेज्जीर्णकफज्वरघ्नम् ॥ ५९१ ॥

जीर्णज्वर में विडङ्गाद्य घृत—वायविडंग, सौवर्चलनमक, चव्य, चित्रक, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), सेन्धानमक तथा यवक्षार एक २ पल—इन द्रव्यों के साथ दूध एक प्रस्थ (सेर) मिलाकर घृत एक प्रस्थ (सेर) पकावे। यह जीर्ण कफज्वर को नाश करता है ॥ ५९१ ॥

स्नेहसिद्धिलक्षणम्—

स्नेहकल्को यदाऽङ्गुल्या वर्तितो वर्तिवद्भवेत् ।
वह्नौ क्षिप्ते च नो शब्दस्तदा सिद्धं विनिर्दिशेत् ॥ ५९२ ॥
शब्दव्युपरमे प्राप्ते फेनस्योपरमे तथा ।
गन्धवर्णरसादीनां संपत्तौ सिद्धिमादिशेत् ॥ ५९३ ॥
घृतस्यैवं विपक्वस्य जानीयात्कुशलो भिषक् ।
फेनोऽतिमात्रं तैलस्य शेषं घृतवदादिशेत् ॥ ५९४ ॥

स्नेहसिद्धि लक्षण—स्नेह (घृत तथा तैल) में छोड़ा हुआ कल्क जब अंगुलि से वर्तित करने पर वर्ति के समान बन जाय और आग में छोड़ने पर शब्द न करे तब स्नेह सिद्ध समझना चाहिए। स्नेह में शब्द न हो तथा फेन बन्द हो जाय एवं गन्ध, वर्ण और रसादि की ठीक २ प्राप्ति हो तब स्नेह सिद्ध समझना चाहिए। कुशल वैद्य इस प्रकार परिपक्व घृत को जाने। तैल में सिद्ध होने पर फेन अधिक मात्रा में हो जाता है शेष घृत के समान ही लक्षण होते हैं ॥ ५९२–५९४ ॥

जीर्णज्वरे तैलम्—

लाक्षाविश्वानिशामूर्वामञ्जिष्ठास्वर्जिकामयैः ।
षड्गुणेन च तक्रेण सिद्धं तैलं ज्वरान्तकृत् ॥ ५९५ ॥

जीर्णज्वर में तैल—लाख, सोंठ, आमाहल्दी, मूर्वा (मुलेठी), मंजीठ, सज्जीखार तथा कूट—इन द्रव्यों के साथ छः गुना तक्र (मट्ठा) मिला कर तैल सिद्ध करे। यह तैल ज्वर को नाश करता है ॥ ५९५ ॥

विमर्श—इस तैल में द्रव्य एवं तैल का परिमाण नहीं दिया गया है, यद्यपि द्रव्यों को चौगुने जल में क्वाथ करे चतुर्थांश शेष क्वाथ में क्वाथ के चतुर्थांश तैल तथा उन्हीं द्रव्यों का तैल के चतुर्थांश कल्क मिलाकर तैल सिद्ध करने का विधान है तथापि यहां तैल के छः गुना मट्ठा लिया गया है, अतः इन द्रव्यों को तैल के चतुर्थांश लेकर कल्क बनाकर तैल को सिद्ध करना चाहिए।

जीर्णज्वरे प्रह्लादनतैलम्—

यवार्धकुडवं पिष्ट्वा मञ्जिष्ठार्धपलं तथा ।
अम्लप्रस्थरसोन्मिश्रं तैलप्रस्थं विपाचयेत् ॥ ५९६ ॥
एतत्प्रह्लादनं तैलं ज्वरदाहविनाशनम् ।

जीर्णज्वर में प्रह्लादन तैल—यव आधा कुडव (चारपल = चार छटाक) तथा मंजीठ आधा पल लेकर कल्क बनावे और अम्लरस एक प्रस्थ (सेर) मिलाकर घृत एक प्रस्थ (सेर) पकावें। यह प्रह्लादन तैल ज्वर एवं दाह को नष्ट करता है ॥

ज्वरे स्नेहाभ्यङ्गावस्था—

पक्के पित्तोत्तरे रक्त ऊर्ध्वगे श्वयथौ तथा ॥ ५९७ ॥
कफवातोत्थयोरेवं स्नेहाभ्यङ्गैर्विशोधयेत् ।

ज्वर में स्नेहाभ्यङ्ग की अवस्था—रक्तगत पित्त के परिपाक तथा ऊर्ध्वग होने पर, शोथ में तथा कफवात के उपस्थित होने पर स्नेह-मर्दन के द्वारा शोधन करे ॥

त्वक्स्थे ज्वरे चिकित्सा—

हृतावशेषं पित्तं तु त्वक्स्थं जनयति ज्वरम् ॥ ५९८ ॥
पिबेदिक्षुरसं तत्र शीतं वा शर्करोदकम् ।
शालिषष्टिकयोश्चान्नं पयसा प्लुतमश्नुयात् ॥ ५९९ ॥

त्वग्गत ज्वर की चिकित्सा—पित्त के नष्ट होने के बाद थोड़ा भी अवशिष्ट पित्त चर्मगत ज्वर को उत्पन्न करता है। इस प्रकार ज्वर उत्पन्न होने पर ठण्डा गन्ने का रस, या शक्कर का शर्बत पान करे, और जड़हन धान तथा साठी धान का भात दूध में मिलाकर भक्षण करे ॥ ५९८–५९९ ॥

ज्वरे शिराव्यधः—

लङ्घनाद्यैः क्रमैर्यस्य नोपशाम्येज्ज्वरः क्वचित् ।
तस्य बाहुशिरां विध्येद्रक्तमोक्षात्प्रशाम्यति ॥ ६०० ॥

ज्वर में शिराव्यध—जिस रोगी का ज्वर कदाचित् लंघनादि क्रम (लंघन-वमन-विरेचनादि कर्म) से शान्त न हो तो उसके बाहु के सिरा को वेधकर रक्तमोक्षण कराये। इस प्रकार रक्तमोक्षण कराने से ज्वर शान्त हो जाता है ॥ ६०० ॥

विषमज्वरे दैवव्यपाश्रयचिकित्सा—

सोमं सानुचरं देवं समातृगणमीश्वरम् ।
पूजयन् प्रयतः शीघ्रं मुच्यते विषमज्वरात् ॥ ६०१ ॥

विषम ज्वर में दैवव्यपाश्रय चिकित्सा—अनुचर एवं मातृगण के सहित,

ईश्वर, सोम देव की नियमपूर्वक पूजा करने वाला शीघ्र ही विषमज्वर से मुक्त हो जाता है ॥ ६०१ ॥

ज्वरे धूपः—

अजाव्योश्चर्मरोमाणि वचा कुष्ठं पलङ्कषा ।
निम्वपत्राणि मधु च धूपनं ज्वरनाशनम् ॥ ६०२ ॥

ज्वर में धूप—बकरी तथा भेड़ का बाल, वच, कूठ, गुग्गुलु, नीम की पत्ती तथा मधु—इन द्रव्यों को कूट पीस कर धूप (शाकल) बनाकर धूप देने से ज्वर नष्ट होता है ॥ ६०२ ॥

ज्वरेऽष्टाङ्गधूपः—

पलङ्कषा निम्बपत्रं वचा कुष्ठं हरीतकी ।
सर्षपाः सयवाः सर्पिर्धूपनं ज्वरनाशनम् ॥ ६०३ ॥

ज्वर में अष्टाङ्ग धूप—गुग्गुलु, नीम की पत्ती, वच, कूठ, हर्रे, सरसों, यव तथा घृत—इन द्रव्यों का धूप ज्वर को नाश करता है ॥ ६०३ ॥

ज्वरे विष्णुसहस्रनामपाठः—

विष्णुं सहस्रमूर्धानं चराचरपतिं विभुम् ।
स्तुवन्नामसहस्रेण ज्वरान् सर्वान् व्यपोहति ॥ ६०४ ॥

ज्वर में विष्णुसहस्र नाम का पाठ—हजारों सिरवाले, चराचर के ईश्वर, व्यापक विष्णु भगवान् को विष्णुसहस्र नाम से स्तुति करनेवाला व्यक्ति सभी प्रकार के ज्वर को दूर करता है ॥ ६०४ ॥

कम्पज्वरे धूपः—

बैडालं वा शकृद्ग्राह्यं वेपमानस्य धूपनम् ।

कम्पज्वर में धूप—ज्वरजन्य कम्पन की अवस्था में बिलार के मल को धूप के लिये प्रयोग करें ॥

ज्वरे अपराजितधूपः—

सहदेवा वचा भद्रा नाकुली चेति धूपनम् ॥ ६०५ ॥
प्रदेहोद्वर्तनं चापि ज्वरघ्नमपराजितम् ।

ज्वर में अपराजित धूप—सहदेइया, वच, भद्रा (नागरमोथा), नाकुली (अन्धाहुली)—इन द्रव्यों का धूप, प्रदेह (लेप) तथा उद्वर्तन (उबटन) ज्वर को नाश करनेवाला है । यह योग अपराजित है अर्थात् कभी भी असफल होनेवाला नहीं है ॥

विषमज्वरे सैन्धवाद्यञ्जनम्—

सैन्धवं पिप्पलीनां च तन्दुलाः समनःशिलाः ॥ ६०६ ॥
नेत्राञ्जनं तैलपिष्टं शस्यते विषमज्वरे ।

विषमज्वर में सैन्धवाद्यञ्जन—सेंधानमक, पीपर की तण्डुल (कूटने छानने के बाद अवशिष्ट भाग) तथा मैनशिल—इन द्रव्यों को तेल में पीस कर बनाया हुआ अञ्जन विषमज्वर में प्रशस्त है ॥

एकाहिकज्वरे मूलिकाबन्धनम्—

काकजङ्घा बला श्यामा ब्रह्मदण्डी कृताञ्जलिः ॥ ६०७ ॥
पृष्टिपर्णी ह्यपामार्गस्तथा भृङ्गरसोऽष्टमः ।
एषामन्यतमं मूलं पुष्येणोद्धृत्य यत्नतः ॥ ६०८ ॥
रक्तसूत्रेण संवेष्ट्य बद्धमेकाहिकं जयेत् ।

एकाहिकज्वर में मूलिकाबन्धन—काकजंघा (कौआ ठोंठी), बरियार, कालानिशोथ, ब्रह्मदण्डी, कृताञ्जलि, (लजालु), पृश्निपर्णी (पिठवन), अपामार्ग (चिरचिरा), भृङ्गरस (भृङ्गराज)—इन द्रव्यों में किसी एक का भी मूल पुष्य नक्षत्र में यत्नपूर्वक निकाल कर लाल तागा से आवेष्टित कर शरीर के किसी भी अंग में बांधा जाय तो एकाहिकज्वर को जीत लेता है ॥

आगन्तुज्वरचिकित्सा—

अभिशापाभिचारोत्थौ ज्वरौ होमादिना जयेत् ॥ ६०९ ॥
दानस्वस्त्ययनातिथ्यैरुत्पातं ग्रहपीडितः ।
ओषधीगन्धविषजौ विषपित्तप्रणाशनैः ॥ ६१० ॥
जयेत्कषायैर्मतिमान् सर्वगन्धकृतैर्भिषक् ।
क्रोधजे पित्तजित् कामे कथाः सद्वाक्यमेव च ॥ ६११ ॥
आश्वासेनेष्टलाभेन वायोः प्रशमनेन च ।
हर्षणैश्च शमं यान्ति कामशोकभयज्वराः ॥ ६१२ ॥
भूतविद्यासमुद्दिष्टैर्बन्धवेशनताडनैः ।
जयेद् भूताभिषङ्गोत्थं मनःशान्त्यैव मानसम् ॥ ६१३ ॥

आगन्तुकज्वर चिकित्सा—अभिशाप तथा अभिचारजन्य ज्वर को होम आदि कर्म से जीते । बुद्धिमान वैद्य ग्रहपीडित उत्पात को दान, स्वस्त्ययन (स्वस्तिवाचन) तथा आतिथ्य कर्म से जीते । औषधि के गन्ध तथा विष से उत्पन्न ज्वर को विष एवं पित्त प्रशामक सभी गन्धवाले द्रव्यों के कषाय से जीते । क्रोधजन्यज्वर को पित्तप्रशामक औषधों से तथा कामज्वर को कामसम्बन्धी कथा एवं सद्वाक्यों से शान्त करे । कामजन्य ज्वर, शोकजन्य ज्वर तथा भयजन्य ज्वर, क्रमशः इसे लाभ के आश्वासन से, वायु के प्रशामक औषध एवं उपायों से तथा हर्षण करनेवाले उपक्रम एवं भयनाशक उपायों से शान्त होते हैं । भूताभिषङ्गजन्य ज्वर को भूतविद्या में निर्दिष्ट बन्धन, वेशन

तथा ताडन आदि से जीते और मानस ज्वर को मन की शान्ति के द्वारा जीत ले ॥ ६०९–६१३ ॥

विषमज्वरे क्षीरयोगाः—

यः पिप्पलीमूलविमिश्रिताज्यमध्वन्वितं सुकथितं च गव्यम् ।
पयः पिबत्याशु विनाशमेतो हृद्रोगकासौ विषमज्वराश्च ॥ ६१४ ॥
गव्यं पयो गोमयसारवारिमिश्रं प्रदेयं विषमज्वरार्तौ ।
आजं कदाचिन्मसृणप्रमृष्टविश्वौषधोपेतमिमं निहन्ति ॥ ६१५ ॥

विषमज्वर में क्षीर योग—जो रोगी पिपरामूल को घृत तथा मधु मिला गरम कर गाय के दूध के साथ पान करता है वह शीघ्र ही हृदय का रोग तथा कास (खांसी) को नाश करता है तथा विषमज्वरों को भी नाश करता है । गोबर का रस मिलाकर गाय का दूध विषमज्वर से पीड़ित व्यक्ति को देना चाहिए । कभी २ घृत तथा सोंठ, के सूक्ष्मचूर्ण से युक्त बकरी का दूध पान करने से विषमज्वर को नाश करता है ॥ ६१४–५१५ ॥

ज्वरेऽतिनिद्राप्रतीकारः—

सिन्धूत्थमुस्तवृहतीफलयष्टिचूर्ण-
नस्येन नश्यति नृणां विषमाऽपि निद्रा ।
शाम्यत्यसौ मरिचमाक्षिकवाजिलाला-
पूर्णेक्षणस्य यदि वा पुरुषस्य सद्यः ॥ ६१६ ॥

ज्वर में अतिनिद्रा का प्रतिकार—सेन्धानमक, नागरमोथा, वनभंटा का फल तथा मुलेठी—इन द्रव्यों के चूर्ण के नस्य से मनुष्यों की विषम (अत्यधिक) निद्रा भी नष्ट हो जाती है । या यदि पुरुष के आंख में मरिच, मधु तथा घोड़े की लार का अञ्जन बनाकर लगा दिया जाय तो अत्यधिक निद्रा शीघ्र शान्त हो जाती है ॥ ६१६ ॥

विषमज्वरे सर्पत्वचादिधूपः—

सर्पत्वचासर्षपहिङ्गुनिम्बपत्राण्यमीषां समचूर्णधूपः ।
विनिग्रहं राक्षसडाकिनीनां करोति रक्षां विषमज्वरे सः ॥ ६१७ ॥

विषमज्वर में सर्पत्वचादि धूप—सर्प का केचुल, पीला सरसो, हींग तथा नीम की पत्ती, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण का धूप राक्षस तथा डाकिनियों के विनिग्रह को दूर करता है और विषमज्वर में रक्षा करता है ॥ ६१७ ॥

विषमज्वरे मनःशिलाद्यञ्जनम्—

मनःशिलासैन्धवपिप्पलीनां चूर्णं सतैलं समभागभाजाम् ।
नेत्राञ्जनं तद्विहितं मुनीन्द्रैः सुखाय पुंसां विषमज्वरेषु ॥ ६१८ ॥

विषमज्वर में मनःशिलाद्यञ्जन—मैनशिल, सेन्धानमक तथा पिप्पली के

समभाग चूर्ण को तैल में मिलाकर नेत्र के अञ्जन को महर्षियों ने बताया है यह नेत्राञ्जन विषमज्वर में सुखकारक होता है ॥ ६१८ ॥

भूतज्वरे पिप्पल्याद्यञ्जनम्—

पिप्पलीलशुनराजिकावचाः पथ्यया सह जलेन चूर्णिताः ।
अञ्जनं च गुटिकादिकं स्फुटं सर्वभूतजनितज्वरापहम् ॥ ६१९ ॥

भूतज्वर में पिप्पल्यञ्जन—पीपर, लहसुन, राई, वच तथा हर्रे (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को जल के साथ गुटिका वर्ति आदि बनाकर अञ्जन करे। यह अञ्जन सभी प्रकार के भूतजनित ज्वर को नष्ट करता है ॥ ६१९ ॥

सर्वज्वरे कण्टकारिकादिक्वाथः—

कण्टारिकानागरकं गुडूचीकाथं सुखोष्णं मनुजो निषेवेत् ।
यः पिप्पलीचूर्णयुतं जयेत्स सद्यो ज्वरं श्वाससकासशूलम् ॥ ६२० ॥

इति विषमादिज्वरचिकित्सा समाप्ता ।

सभी प्रकार के ज्वर में कण्टकारिकादि क्वाथ—भटकटैया, सोंठ, गुडूची—इन द्रव्यों के थोड़े गरम क्वाथ को जो व्यक्ति पिप्पली का चूर्ण मिलाकर पान करता है वह शीघ्र ही ज्वर, श्वास, कास तथा शूल को जीत लेता है। अर्थात् ज्वर, श्वास, कासादि से मुक्त हो जाता है ॥ ६२० ॥

अथातः सर्वज्वरोपद्रवचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ॥

ज्वरोपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्—

छर्दिमूर्च्छापिपासादीनविरोधाज्ज्वरस्य तु ।
उपद्रवान् जयेच्चापि प्रत्यनीकेन हेतुना ॥ ६२१ ॥
विशेषमपरं चात्र शृणूपद्रवनाशनम् ।

इसके बाद सभी प्रकार के ज्वर के उपद्रवों की चिकित्सा का निरूपण करेंगे।

सभी ज्वरों का चिकित्सा सूत्र—वमन, मूर्च्छा, पिपासा आदि ज्वर के अविरोधी उपद्रवों को प्रत्यनीकहेतु (उपद्रवों के विरुद्ध कारण) से जीते। अर्थात् जिन कारणों से छर्दि, मूर्च्छा आदि की उत्पत्ति हुई हो उनके विरुद्ध कारणों से उपद्रवों को शान्त करे। इसके बाद उपद्रवनाशक विशेष योगों को, आगे निरूपण करते हैं।

शिरोभितापादौ मधुकादिलेपः—

मधुकं रजनी मुस्तं दाडिमं साम्लवेतसम् ॥ ६२२ ॥
अञ्जनं तिन्तिडीकं च नलदं पत्रमुत्पलम् ।

त्वचं व्याघ्रनखं चैव मातुलुङ्गरसं मधु ॥ ६२३ ॥
दिह्यादेभिर्ज्वरार्तस्य मस्तुशुक्तयुतैः शिरः ।
शिरोभितापसंमोहवमिहिक्काप्रवेपनुत् ॥ ६२४ ॥
प्रदेहो नाशयत्येष ज्वरितानामुपद्रवान् ।

शिरोभिताप आदि में मधुकादि लेप—मुलेठी, आमाहल्दी, नागरमोथा, अनार, अम्लवेंत, स्रोतोऽञ्जन, तिन्तिडीक (इमली), नलद (जटामांसी), तेजपत्र, नीलकमल, दालचीनी, व्याघ्रनख, बिजौरा नीबू का रस, मधु, मस्तु (दही का तोड़) तथा शुक्त—इन द्रव्यों के लेप से ज्वरपीड़ित व्यक्ति के शिर पर लेप लगाये। यह प्रदेह (लेप), शिरोभिताप (शिर का ताप), मूर्च्छा, वमन, हिचकी तथा कम्पन को दूर करता है और ज्वरपीड़ित व्यक्तियों के उपद्रवों को नाश करता है।

वम्युपद्रवशान्त्यर्थं मधूकादिचूर्णम्—

मधूकमथ ह्रीवेरमुत्पलानि मधूलिकाम् ॥ ६२५ ॥
लीढ्वा चूर्णानि मधुना सर्पिषा वा जयेद्वमिम् ।
कफप्रसेकासृक्पित्तहिक्काश्वासांश्च दारुणान् ॥ ६२६ ॥

वमन आदि उपद्रव-शान्ति के लिये मधूकादि चूर्ण—मधूक (महुआ), हाऊबेर, नीलकमल तथा मधूलिका (मलेठी) (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु या घृत के साथ चाट कर वमन को जीत लेता है। तथा उग्र कफप्रसेक (कफ का निकलना), रक्तपित्त, हिचकी एवं श्वास रोगों को शान्त करता है ॥ ६२५-६२६ ॥

कासश्वासोपद्रवशान्त्यर्थं त्रिफलादिचूर्णम्—

लिह्याज्ज्वरार्तस्त्रिफलां पिप्पलीं च समाक्षिकाम् ।
कासे श्वासे च मधुना सर्पिषा च सुखी भवेत् ॥ ६२७ ॥

कास-श्वास उपद्रव-शान्ति के लिये त्रिफलादि चूर्ण—ज्वरपीड़ित व्यक्ति त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा पीपर—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु के साथ चाटे। यह चूर्ण मधु तथा घृत के साथ चाटने से ज्वरजन्य कास एवं श्वास रोग में आराम मिलता है ॥ ६२७ ॥

जिह्वादिशोषे विदार्यादिशिरोलेपः—

विदारी दाडिमं रोध्रं दधित्थं बीजपूरकम् ।
एभिः प्रदिह्यान्मूर्धानं तृड्दाहार्तस्य देहिनः ॥ ६२८ ॥
जिह्वातालुगलक्लोमशोषे मूर्ध्नि निधापयेत् ।

जिह्वादिशोष में विदार्यादिशिरोलेप—विदारीकन्द, अनार, लोध्र, कैथ तथा बिजौरा नीबू—इन द्रव्यों के लेप से प्यास तथा दाह से पीड़ित व्यक्ति के

शिर पर लेप करे तथा इस लेप को जिह्वा, तालु, गला एवं क्लोम (पेट में जल रहने का स्थान) में शोष होने पर सिर के ऊपर रक्खे ॥

मुखवैरस्यनाशार्थं कल्कगण्डूषौ—

केसरं मातुलुङ्गस्य मधुसैन्धवसयुतम् ॥ ६२९ ॥
शर्करादाडिमाभ्यां च द्राक्षाखर्जूरयोस्तथा ।
वैरस्ये धारयेत्कल्कं गण्डूषं च तथा हितम् ॥ ६३० ॥

मुख के फीकापन को नाश करने के लिये कल्क तथा गण्डूष—बिजौरे नीबू का केशर (नीबू के बीच का भाग) मधु एवं सेन्धानमक के साथ तथा मुनक्का, खजूर, शक्कर एवं अनार के साथ कल्क एवं क्वाथ बनाकर, मुख में फीकापन होने पर कल्क तथा गण्डूष (कुल्ला) धारण करे । यह कल्क तथा गण्डूष मुखवैरस्य में हितकर होता है ॥ ६२९–६३० ॥

मूर्च्छाद्युपद्रवेषु कतिपययोगाः—

क्षीरेक्षुरसगोमूत्रसर्पिस्तैलोष्णवारिभिः ।
शून्ये मूर्ध्नि हितं नस्यं जीवनीयं हितं घृतम् ॥ ६३१ ॥
श्लेष्मजे तु समुत्क्लेशे धूमं प्रायोगिकं पिबेत् ।
हृतदोषो भ्रमार्तस्तु लिह्यात्क्षौद्रसिताभयाम् ॥ ६३२ ॥
मूर्च्छावदतिनिद्रायां कुर्याच्छीतविवर्जितम् ।
मद्यं पुराणं मन्दाग्नेर्यवान्नोपहितं हितम् ॥ ६३३ ॥
सव्योषं वितरेत्तक्रं कफारोचकपीडिते ।
अरोचके गात्रसादे वैवर्ण्येऽङ्गमलादिषु ॥ ६३४ ॥

मूर्च्छा आदि उपद्रवों में कुछ योग—मूर्द्धा के शून्य (मूर्च्छा में) होने पर दूध, गन्ने का रस, गोमूत्र, घृत, तैल तथा गरम जल का नस्य लेना (सूंघना) हितकर होता है एवं जीवनीय द्रव्यों (जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी तथा मुलेठी) से सिद्ध घृत लाभदायक होता है । कफजन्य समुत्क्लेश में प्रायोगिक धूम्रपान (श्लेष्मनाशक द्रव्यों का धूम्रपान) करे । भ्रमपीड़ित व्यक्ति दोषों के क्षीण होने पर मधु एवं मिश्री के साथ हर्र का चूर्ण चाटे । मूर्च्छा के समान अधिक निद्रा आने पर शीतल पदार्थों का सेवन न करे । मन्दाग्निपीड़ित व्यक्ति के लिये यवान्न से सिद्ध पुराना मद्य लाभदायक है । कफजन्य अरोचक से पीड़ित होने पर अरुचि में शरीर के सूखने पर एवं शरीर तथा मल आदि में विकृति आने पर व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) का चूर्ण तक्र (मट्ठा) के साथ सेवन करे ॥ ६३१–६३४ ॥

तृष्णोपद्रवशान्त्यर्थं करवीरपुष्पादिशिरोलेपः—

करवीरस्य पुष्पाणि चन्दनं सारिवा तिलाः ।
तृष्णायां शिरसो लेप आरनालेन पेषितः ॥ ६३५ ॥

तृष्णा उपद्रव की शान्ति के लिये करवीरपुष्पादि शिरोलेप—कनइल का पुष्प, चन्दन, अनन्तमूल तथा तिल इन द्रव्यों को आरनाल (कांजी) के साथ पीस कर, अधिक प्यास लगने पर, सिर के ऊपर लेप करे ॥ ६३५ ॥

तालुशोषे मूर्ध्नि मातुलुङ्गरसप्रलेपः—

स्वरसं मातुलुङ्गस्य संयुक्तं मधुसर्पिषा ।
तालुशोषे प्रदेहोऽयं मूर्ध्नि देयः ससैन्धवः ॥ ६३६ ॥

तालुशोष में सिर के ऊपर विजौरा नीबू के रस का लेप—तालुशोष में विजौरे नीबू का रस मधु, घृत तथा सेन्धानमक मिलाकर, लेप तैयार करे और सिर पर लगाये ॥ ६३६ ॥

जीर्णज्वरे श्वासाद्युपद्रवनाशाय निदिग्धिकादिक्काथः—

निदिग्धिकामृताभ्यां च शुण्ठ्या च परिसाधितम् ।
क्काथं जीर्णज्वरार्तस्तु पिप्पलीचूर्णमिश्रितम् ॥ ६३७ ॥
श्वासकासविनाशाय मन्दाग्नेर्दीपनाय च ।
अरुचेश्च निवृत्त्यर्थं प्रातरुत्थाय तं पिबेत् ॥ ६३८ ॥

जीर्णज्वर में श्वासादि उपद्रव-शान्त्यर्थ निदिग्धिकादि क्काथ—भटकटैया गुडूची तथा सोंठ से सिद्ध क्काथ को पीपर का चूर्ण मिलाकर जीर्णज्वर-पीडित व्यक्ति श्वास तथा कास (खांसी) को नाश करने के लिये, सन्दाग्नि को दीप्त करने के लिये तथा अरुचि को दूर करने के लिये प्रातःकाल उठ कर पान करे ॥ ६३७–६३८ ॥

विषमज्वरेऽपामार्गमूलबन्धनम्—

अपामार्गस्य मूलं तु प्रातरक्षालितानतः ।
विषमज्वरनाशाय बध्नीयाद्वामपाणिना ॥ ६३९ ॥

विषमज्वर में अपामार्गमूल-बन्धन—प्रातःकाल मुंह धोने के पहले अपामार्ग (चिरचिरा) के मूल को बायें हाथ से विषमज्वर को नाश करने के लिये बांधे ॥ ६३९ ॥

सर्वज्वरे पिप्पल्यादिकषायः—

कृष्णाग्निपथ्यामलकैः कषायः कृतः समस्तज्वरहाऽग्निहेतुः ।
व्याघ्रीगुडूचीवृषजोऽथ कासश्वासज्वरघ्नश्च सपिप्पलीकः ॥ ६४० ॥

सभी प्रकार के ज्वर में पिप्पल्यादि कषाय—पीपर, चित्रक, हर्रे तथा आंवला (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय सभी प्रकार के ज्वर को नष्ट

करता है तथा अग्निवर्द्धक है। और भटकटैया, गुडूची, अडूसा एवं पिप्पली का क्वाथ कास, श्वास रोग तथा ज्वर को नाश करता है ॥ ६४० ॥

सर्वज्वरे दुरालभादिकषायः—

दुरालभाबालकतिक्तरोहिणी-पयोदविश्वौषधिकल्कितं जलम् ।
प्रपीतमुष्णं सकलज्वरापहं प्रवर्धनं जाठरजातवेदसः ॥ ६४१ ॥

सभी प्रकार के ज्वर में दुरालभादिकषाय—यवासा, सुगन्धवाला, कुटकी, नागरमोथा तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वथित, थोड़ा गरम कषाय पान करने से सभी प्रकार के ज्वर को नाश करता है तथा जाठराग्नि को बढ़ाता है ॥ ६४१ ॥

सर्वज्वरे पटोलादिक्वाथः—

शृतं पटोलत्रिफलावृषाब्दैः सरोहिणीकैः पिचुमन्दयुक्तैः ।
सदेवकाष्ठैश्च जलं नराणां सर्वज्वरं हन्ति निपीयमानम् ॥ ६४२ ॥

सभी प्रकार के ज्वर में पटोलादि क्वाथ—परोरा की पत्ती, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), अडूसा, नागरमोथा, कुटकी, नीम तथा देवदारु (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ पीने से मनुष्यों के सभी प्रकार के ज्वर को नाश करता है ॥ ६४२ ॥

ज्वरे घृतयोग्यावस्था—

घृतं द्वादशरात्रात्तु देयं सर्वज्वरेषु च ।
तेनान्तरेणाशयगाः स्वतो दोषा भवन्ति हि ॥ ६४३ ॥

ज्वर में घृतयोग्य अवस्था—सभी प्रकार के ज्वर में बारह दिन के बाद घृत का प्रयोग करना चाहिए। इसके पहले प्रयोग करने से घृत स्वयं आशय में जाकर दोषों को उत्पन्न करनेवाले दोष बन जाते हैं ॥ ६४३ ॥

विषमज्वरे चित्राङ्गथादिचूर्णम्—

चित्राङ्गी सिंहवदनस्ताम्रमूली महौषधम् ।
पयोधरशिवं कालो चूर्णमुष्णाम्बुसंयुतम् ॥ ६४४ ॥
प्रपीतं विषमं हन्ति जठरानलदीपनम् ।

विषमज्वर में चित्राङ्गथादि चूर्ण—चित्राङ्गी (मंजीठ), सिंहवदन (अडूसा), ताम्रमूली (धमासा), सोंठ, पयोधर (मोथा), शिव (हर्रे) काली (मंगरैल) (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण उष्ण जल के साथ पान करने से विषमज्वर को नाश करता है तथा जाठराग्नि को प्रदीप्त करता है ॥

सर्वज्वरहरगणः—

युगं मृगपतेरास्यं शूकरो मरुभूमिजः ॥ ६४५ ॥
चक्राङ्का रामसेनश्च सर्वज्वरहरो गणः ।

सर्वज्वरहर गण—युग (ऋद्धि), मृगपतेरास्यम् (अडूसा), शूकर (सूअरासेम या विधारा), मरुभूमिज (यवास), चक्राङ्गा (सुदर्शन) राम सेनक (चिरायता) ये द्रव्य, सर्वज्वरहर गण हैं ॥ ६४५ ॥

ज्वरे मुखधावनयोगः—

हरीतकी प्रियङ्गुश्च पिप्पली रोध्रमेव च ॥ ६४६ ॥
दार्वी हरिद्रा तेजोह्वा सक्षौद्रं मुखधावनम् ।
एतेन कटुभावाच्च मुखरोगश्च शाम्यति ॥ ६४७ ॥
वक्त्रं विशदतामेति भक्तच्छन्दश्च जायते ।

ज्वर में मुखधावन योग—हर्रे, प्रियङ्गु, पिप्पली, लोध्र, दारुहल्दी, हरिद्रा, तेजवल—इन द्रव्यों का चूर्ण, मधु के साथ मिलाकर मुखधावन के लिये प्रयोग करे। इस योग के कटु रस-प्रधान होने के कारण मुख रोग शान्त होता है, मुख साफ हो जाता है और भोजन में रुचि होती है।

अरुचिनाशार्थं कवलग्रयोगौ—

अजाजी शर्करायुक्ता दाडिमस्वरसेन तु ॥ ६४८ ॥
रुचिघ्नो मधुना युक्तः कर्तव्यः कवलग्रहः ।
रोध्रं मुस्तं सतेजोह्वं पिप्पली तगरं तथा ॥ ६४९ ॥
अरोचकानां सर्वेषां प्रधानं मुखधावनम् ।

अरुचि-नाश करने के लिये, कवलग्रह का प्रयोग—जीरा तथा शक्कर में अनार का रस एवं मधु मिलाकर कवलग्रह (कुल्ला का धारण) करे। यह कवलग्रह रुचि को बढ़ानेवाला है। लोध्र, नागरमोथा, तेजोवल, पीपर तथा तगर—इन द्रव्यों का चूर्ण सभी प्रकार के अरोचकों को दूर करने के लिये प्रधान मुखधावन मंजन है ॥

ज्वरमुक्तस्यापथ्यानि—

व्यायामं च व्यवायं च स्नानं चङ्क्रमणानि च ॥ ६५० ॥
ज्वरमुक्तो न सेवेत यावन्न बलवान् भवेत् ।
न विज्वरोऽपि सहसा सर्वान्नाशी भवेन्नरः ॥ ६५१ ॥
निवृत्तो हि ज्वरः शीघ्रं व्यापादयति दुर्बलम् ।
सद्यः प्राणहरो यस्मात्तस्मात् पथ्यपरो भवेत् ॥ ६५२ ॥

इति सर्वज्वरोपद्रवचिकित्सितं समाप्तम् ।

ज्वरमुक्त व्यक्ति का पथ्य—ज्वरमुक्त व्यक्ति जब तक बलवान् न हो जाय तब तक व्यायाम, व्यवाय (स्त्रीसेवन), स्नान तथा चंक्रमण (दौड़ना) आदि का सेवन न करे। ज्वरमुक्त व्यक्ति एकाएक सभी अन्नों को भक्षण न

करे। मुक्त ज्वर भी दुर्बल व्यक्ति को शीघ्र ही मार डालता है। क्योंकि ज्वर शीघ्र ही प्राण को हरनेवाला है अतः पथ्य का सेवन करे ॥ ६५७–६५२ ॥

अथातो ज्वरातिसारचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ॥

ज्वरातिसारनिदानम्—

पृथगुक्तनिदानेन ज्वरातीसारनिर्णयः ।
कर्तव्यो भिषजा तत्र तत्क्रमेण विधिर्यतः ॥ ६५३ ॥

इसके बाद ज्वरातिसार चिकित्सा का निरूपण करते हैं, ज्वरातिसार-निदान—अलग अलग कहे निदान से ज्वरातिसार का निर्णय होता है, अतः वहीं पर उसी के क्रम से वैद्य के द्वारा उपचार-प्रयोग करना चाहिए ॥ ६५३ ॥

ज्वरातिसारनिदानम्—

ज्वरातीसारयोरुक्तं भेषजं यत्पृथक्पृथक् ।
न तन्मिलितयोः कार्यमन्योन्यं वर्धयेद्यतः ॥ ६५४ ॥
अतस्तौ प्रतिकुर्वीत विशेषोदितभेषजैः ।
लङ्घनमुभयोरुक्तं मिलिते कार्यं विशेषतस्तदनु ।
उत्पलषष्टिकसिद्ध लाजामण्डादिकं सकलम् ॥ ६५५ ॥

ज्वरातिसार चिकित्सा सूत्र—ज्वर तथा अतिसार की जो अलग अलग चिकित्सा बताई गई है उसको मिलाकर नहीं करना चाहिए। क्योंकि एक रोग की चिकित्सा दूसरे रोग को बढ़ाती है अतः ज्वर तथा अतिसार को विशेष कहे हुए औषध से प्रतिकार करे। लङ्घन, ज्वर तथा अतिसार दोनों के लिये कहा गया है, अतः लङ्घन दोनों में करना चाहिए। इसके बाद सभी विशेष योग कमल तथा सौंठी के चावल से सिद्ध लाजमण्डादिक का प्रयोग करे ॥ ६५४–६५५ ॥

ज्वरातिसारे पृष्टिपर्ण्यादिपेया—

पृष्टिपर्णीबलाबिल्वनागरोत्पलधान्यकैः ।
ज्वरातिसारे पेयां च पिबेत्साम्लां श्रृतां नरः ॥ ६५६ ॥

ज्वरातिसार में पृष्टिपर्ण्यादिपेया—पृष्टिपर्णी (पिठवन), वरियार, बेल, सोंठ, नील कमल तथा धनिया—इन द्रव्यों को पकाकर पेया तैयार करे और अम्लरस मिलाकर, ज्वरातिसार में पान करे ॥ ६५६ ॥

ज्वरातिसारे नागरादिक्काथः—

नागरातिविषामुस्ताभूनिम्बामृतवत्सकैः ।
सर्वज्वरहरः क्काथः सर्वातीसारनाशनः ॥ ६५७ ॥

ज्वरातिसार में नागरादि क्वाथ—सोंठ, अतीस, मोथा, चिरायता, गुडूची तथा अडूसा—इन द्रव्यों से सिद्ध क्वाथ, सभी प्रकार के ज्वर को दूर करनेवाला तथा सभी प्रकार के ज्वरातिसार को नाश करता है ॥ ६५७ ॥

ज्वरातिसारे बृहन्नागरादिक्वाथः—

नागरामृतभूनिम्बबिल्ववालकवत्सकैः ।
समुस्तातिविषोशीरैर्ज्वरातीसारहृज्जलम् ॥ ६५८ ॥

ज्वरातिसार में बृहत्-नागरादि क्वाथ—सोंठ, गुडूची, चिरायता, वेल, सुगन्धवाला, अडूसा, नागरमोथा, अतीस तथा खस (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ ज्वरातिसार को दूर करता है ॥ ६५८ ॥

ज्वरातिसारे पाठादिक्वाथः—

पाठेन्द्रयवभूनिम्बमुस्तपर्पटकामृताः ।
जयन्त्याममतीसारं ज्वरं च समहौषधाः ॥ ६५९ ॥

ज्वरातिसार में पाठादि क्वाथ—पाठा (पाढ़ी), इन्द्रयव, चिरायता, मोथा, पित्तपापड़ा, गुडूची तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ आमातिसार तथा ज्वर को जीत लेता है ॥ ६५९ ॥

ज्वरातिसारे ह्रीबेरादिक्वाथः—

ह्रीबेरातिविषामुस्ताबिल्वनागरधान्यकैः ।
पिबेत्पिच्छाविबन्धघ्नं शूलदोषामपाचनम् ॥ ६६० ॥
सरक्तं हन्त्यतीसारं सज्वरं वाथ विज्वरम् ।

ज्वरातिसार में ह्रीबेरादि क्वाथ—ह्रीबेर (हाऊबेर), अतीस, मोथा, वेल का गूदा, सोंठ तथा धनिया (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ पान करे। यह क्वाथ पिच्छा विबन्ध (लसिकाविबन्ध) को नाश करनेवाला तथा शूल एवं आम दोष को पचानेवाला है, और रक्तातिसार ज्वरातिसार तथा केवल अतिसार को नष्ट करता है।

ज्वरातिसारे गुडूच्यादिक्वाथः—

गुडूच्यतिविषाधान्यशुण्ठीबिल्वाब्दबालकैः ॥ ६६१ ॥
पाठाभूनिम्बकुटजचन्दनोशीरपद्मकैः ।
कषायः शीतलः पेयो ज्वरातीसारशान्तये ॥ ६६२ ॥
हृल्लासारोचकच्छर्दितृपासादाहनाशनः ।

ज्वरातिसार में गुडूच्यादि क्वाथ—गुडूची, अतीस, धनिया, सोंठ, वेल का गूदा, नागरमोथा, सुगन्धवाला, पाठा (पाढी), चिरायता, कोरैया, रक्तचन्दन, खस तथा पद्मकाठ (समभाग)—इन द्रव्यों का शीतल कषाय, ज्वरातिसार की शान्ति के लिये पान करे। यह कषाय हृल्लास, अरोचक, वमन, पिपासा तथा दाह को नाश करनेवाला है।

ज्वरातिसारे कलिङ्गादिक्काथः—

कलिङ्गातिविषाशुण्ठीकिरातास्तुयवासकम् ॥ ६६३ ॥
ज्वरातीसारसन्तापं नाशयेदविकल्पतः ।

ज्वरातिसार में कलिङ्गादि क्काथ—कलिङ्ग (इन्द्रयव), अतीस, सोंठ, चिरायता, सुगन्धवाला, यवासा—इन द्रव्यों का क्काथ ज्वरातिसार के सन्ताप को अवश्य ही नाश करता है ।

ज्वरातिसारे वत्सकश्वदंष्ट्राद्यौ क्काथौ—

वत्सकस्य फलं दारु रोहिणी गजपिप्पली ॥ ६६४ ॥
श्वदंष्ट्रा पिप्पली धान्यं बिल्वं पाठा यवानिका ।
द्वावप्येतौ सिद्धयोगौ श्लोकार्धेनाभिभाषितौ ॥ ६६५ ॥
ज्वरातीसारशमनौ विशेषाद्दाहनाशनौ ।

ज्वरातिसार में वत्सकादि क्काथ—वत्सक का फल (इन्द्रयव), देवदारु, भटकटैया तथा गजपीपर । श्वदंष्ट्रादि क्काथ—गोखरू, पीपर, धनिया, बेल का गुद्दा, पाढ़ी, तथा अजवायन—इन आधे श्लोक से कहे हुए द्रव्यों के दोनों योग (वत्सकादि क्काथ तथा श्वदंष्ट्रादि क्काथ) ज्वरातिसार को नाश करनेवाले तथा विशेष कर ज्वरातिसारजन्य दाह को शान्त करनेवाले हैं ।

ज्वरातिसारे पञ्चमूल्यादिक्काथः—

पञ्चमूलीबलाबिल्वगुडूचीमुस्तनागरैः ॥ ६६६ ॥
पाठाभूनिम्बह्रीबेरकुटजत्वक्फलैः श्रुतम् ।
हन्ति सर्वानतीसारान् ज्वरदोषं वमिं तथा ॥ ६६७ ॥
सशूलोपद्रवं श्वासं कासं हन्यात्सुदुस्तरम् ।
पञ्चमूलोति सामान्याद्योज्या पित्ते कनीयसी ॥ ६६८ ॥
महती पञ्चमूली तु वातश्लेष्माधिके तथा ।

ज्वरातिसार में पञ्चमूल्यादि क्काथ—पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू), बरियार, बेल का गुद्दा, गुडूची, मोथा, सोंठ, पाढ़ी, चिरायता, हाऊबेर, कोरैया की छाल तथा इन्द्रयव—इन द्रव्यों का क्काथ सभी प्रकार के अतिसार, ज्वर दोष एवं वमन को नाश करता है । और शूल उपद्रव से युक्त अतिसार, कष्टसाध्य श्वास तथा कास को नाश करता है । पञ्चमूली सामान्य वाक्य से पैत्तिक अतिसार में लघु पञ्चमूल को प्रयोग में लेना चाहिए । तथा बृहत्पञ्चमूल वातश्लेष्माधिक अतिसार में प्रयोग करना चाहिए ॥

ज्वरातिसारे उत्पलादिक्काथः—

उत्पलं दाडिमं त्वक् च पद्मकेसरमेव च ॥ ६६९ ॥

पिबेत्तन्दुलतोयेन ज्वरातीसारनाशनम् ।

ज्वरातिसार में उत्पलादि क्वाथ—नीलकमल, अनार, दालचीनी, कमल का पराग—इन द्रव्यों का क्वाथ तण्डुलोदक (चावल को चौगुने जल में एक घंटा भिगो कर निकाला हुआ जल) के साथ पान करे। यह क्वाथ ज्वरातिसार को नाश करनेवाला है।

ज्वरातिसारे उशीरादिक्वाथः—

उशीरं बालकं मुस्तं धान्यकं बिल्वमेव च ॥ ६७० ॥
समङ्गा धातकी रोध्रं विश्व दीपनपाचनम् ।
हन्त्यरोचकपिच्छामं विबन्धं सातिवेदनम् ॥ ६७१ ॥
सशोणितमतीसारं सज्वरं वाथ विज्वरम् ।

ज्वरातिसार में उशीरादि क्वाथ—खस, सुगन्धवाला, मोथा, धनिया, बेल-का गुद्दा, मंजीठ, धातकी (धाय का फूल), लोध तथा सोंठ—इन द्रव्यों का क्वाथ अग्नि को दीप्त करनेवाला तथा भोजन को पचानेवाला है। यह क्वाथ अरोचक, पिच्छा तथा आम विबन्ध अतिपीड़ायुक्त रक्तातिसार, ज्वरातिसार तथा केवल अतिसार को नाश करता है।

ज्वरातिसारे दशमूल्यादिक्वाथः—

दशमूलीकषायेण शुण्ठीमक्षसमां पिबेत् ॥ ६७२ ॥
ज्वरे चैवातिसारे च सशोथे ग्रहणीगदे ।

ज्वरातिसार में दशमूल्यादि क्वाथ—दशमूली (बेल का छाल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, बनभंटा तथा गोखरू) के कषाय के साथ एक अक्ष (तोला) सोंठ के चूर्ण को ज्वर, ज्वरातिसार शोथ सहित ग्रहणी रोग में पान करना चाहिए।

ज्वरातिसारे किरातादिक्वाथः—

किराताब्दामृताविश्वाचन्दनोदीच्यवत्सकैः ।
दाहतृष्णाज्वरच्छर्दिशोफातीसारनाशनः ॥ ६७३ ॥

ज्वरातिसार में किरातादि क्वाथ—चिरायता, मोथा, गुडूची, सोंठ, रक्त-चन्दन, उदीच्य (सुगन्धवाला), इन्द्रयव—इन द्रव्यों का क्वाथ दाह, प्यास, ज्वर, वमन, शोथ तथा अतिसार को नाश करनेवाला है ॥ ६७३ ॥

ज्वरातिसारे द्वितीय उशीरादिक्वाथः—

उशीरपाठाकुटजाटरूष-
श्रीखण्डमुस्तातिविषाविमिश्रः ।
सनागरः क्वाथवरः सुखाय
ज्वरातिसारे मधुनाऽन्वितो भवेत् ॥ ६७४ ॥

ज्वरादि क्वाथ में द्वितीय उशीरादि क्वाथ—खस, पाढ़ी, कोरैया, अडूसा, श्वेतचन्दन, मोथा, अतीस तथा सोंठ—इन द्रव्यों का श्रेष्ठ क्वाथ मधु के साथ पान करने से ज्वरातिसार में सुख देनेवाला होता है ॥ ६७४ ॥

ज्वरातिसारे गुडूच्यादिक्काथः—

गुडूच्यतिविषोशीरं गिरिमल्ली च मोचकः ।
कुष्ठं लज्जावतीयष्टीमधुचन्दनसारिवाः ॥ ६७५ ॥
एषां कषायः क्वथितो मधुना च विमिश्रितः ।
हन्ति ज्वरातिसारं सकुक्षिशूलं निषेवितः ॥ ६७६ ॥

ज्वरातिसार में गुडूच्यादि क्वाथ—गुडूची, अतीस, खस, गिरिमल्ली (कुटज), मोचक (सेमर का गोंद), कूठ, लज्जालु, मुलेठी, रक्तचन्दन, अनन्तमूल—इन द्रव्यों का क्वथित कषाय मधु मिलाकर सेवन करने से ज्वरातिसार तथा उदरशूल को नाश करता है ॥ ६७५-६७६ ॥

ज्वरातिसारे गोक्षुरादिक्वाथः—

गोक्षुरश्चन्दनं यष्टी कुटजोऽतिविषाऽमृता ।
मुस्ताबालककुष्ठानि कैरातः समभागतः ॥ ६७७ ॥
अष्टावशेषितः काथो निपीतो मधुना सह ।
ज्वरातीसारजित्प्रोक्तः कुक्षिशूलेऽपि पूजितः ॥ ६७८ ॥

ज्वरातिसार में गोक्षुरादिकषाय—गोखरू, रक्तचन्दन, मुलेठी, कोरैया, अतीस, गुडूची, मोथा, सुगन्धवाला, कूठ तथा चिरायता—समभाग इन द्रव्यों का अष्टमांशावशिष्ट क्वाथ, मधु के साथ पान करने से ज्वरातिसार को जीतने वाला कहा गया है तथा उदरशूल में भी प्रशस्त है ॥ ६७७-६७८ ॥

ज्वरादावपथ्यानि—

वर्जयेद् द्विपलं शूली, कुष्ठी मांसं ज्वरी घृतम् ।
नवमन्नमतीसारी, नेत्ररोगी च मैथुनम् ॥ ६७९ ॥

ज्वर आदि में अपथ्य—उदर शूल से पीड़ित व्यक्ति दाल का सेवन न करे, कुष्ठ रोग से पीडित मांस, ज्वर से पीड़ित घृत, अतिसार से पीड़ित नया अन्न तथा नेत्र रोग से पीड़ित व्यक्ति मैथुन को त्याग दे ॥ ६७९ ॥

ज्वरे पथ्यानि—

शालयो रक्तशाल्याद्याः शस्यन्ते षष्टिकस्तथा ।
पटोलपत्रवार्ताककर्कोटाद्या नवज्वरे ॥ ६८० ॥
भृष्टदालीकृता मुद्गाः शालिलाजाश्च धान्यकम् ।
जीरकं सैन्धवं तोयमेभिः पेया प्रशस्यते ॥ ६८१ ॥

पटोली वास्तुकं मेथी तुण्डिका शतपुष्पिका ।
तन्दुली तिलपर्णीका ज्वरिणां पथ्यकृद्गणः ॥ ६८२ ॥

इति ज्वरातीसारचिकित्सा ।

इति वैद्यवरश्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे चिकित्साखण्डे
ज्वराधिकारः प्रथमः ।

ज्वर में पथ्य—जड़हन धान, रक्तशालि धान तथा साठी का चावल, परोरा की पत्ती, वनभंटा, कर्कोटकी (चढ़इल) आदि शाक नवीन ज्वर में पथ्य है । ज्वर में भुने हुए मूंग की दाल, जड़हन धान का लावा, धनियां, जीरा, सेन्धानमक तथा जल—इन द्रव्यों से बनायी हुई पेया प्रशस्त है । परोरा की पत्ती, वथुआ का शाक, मेथी का शाक, तुण्डिका (पीलुपर्णी विम्बी), सोया तथा चौराई का शाक और तिलपर्णीका (श्रीवेष्टक) ये पथ्यकर गण ज्वर के रोगियों के लिये पथ्य हैं ॥ ६८०–६८२ ॥

ज्वरातिसार-चिकित्सा समाप्त

अथातिसाराधिकारो द्वितीयः ।

अतिसारनिदानम्—

गुर्वतिस्निग्धरूक्षोष्णद्रवस्थूलातिशीतलैः ।
विरुद्धाध्यशनाजीर्णैरसात्म्यैश्चापि भोजनैः ॥ १ ॥
स्नेहाद्यैरतियुक्तैश्च मिथ्यायुक्तैर्विषैर्भयैः ।
शोकाद् दुष्टाम्बुमद्यातिपानात्सात्म्यर्तुपर्ययैः ॥ २ ॥
जलातिरमणैर्वेगविघातैः कृमिदोषतः ।
नृणां भवत्यतीसारो लक्षणं तस्य वक्ष्यते ॥ ३ ॥

ज्वर-निरूपण के बाद दूसरा अतिसाराधिकार को प्रारम्भ करते हैं ।

अतिसार-निदान (डायेरिया)-गुरु (मात्रा में गुरु या स्वभाव से गरिष्ठ उड़द आदि), अति स्निग्ध, अतिरूक्ष, अत्युष्ण, अतिद्रव, अतिस्थूल एवं अति शीतल, विरुद्ध भोजन (संयोगविरुद्ध, देशविरुद्ध, कालविरुद्ध, मात्राविरुद्ध, अग्निविरुद्ध, सात्म्यविरुद्ध, पाकविरुद्ध, हृदयविरुद्ध, सम्पद्विरुद्ध एवं विधिविरुद्ध), अध्यशन (पूर्व भोजन के परिपाक के विना पुनः भोजन करना), अपरिपक्व तथा विषम (बहुत कम, तथा असमय में) भोजन करने से, स्नेहन, स्वेदन तथा शिरोविरेचनातिरिक्त पञ्च कर्म के अति योग या मिथ्या योग से, विष के प्रयोग से, भय, शोक, दूषित जल तथा मद्य के पान करने या दूषित, जल या मद्य के अधिक पान करने से, सात्म्य-विपर्यय तथा ऋतु-विपर्यय से, अत्यधिक जल में क्रीड़ा, वेगविधारण (मल-मूत्रादिका वेग रोकना) एवं क्रिमि दोष से मनुष्यों को अतिसार होता है । इसका लक्षण आगे कहा जायगा ॥ १–३ ॥

विमर्श—अधिक द्रवयुक्त तथा अस्वाभाविक मल का वार २ त्याग ही अतिसार कहलाता है । उपर्युक्त सभी निदान प्रत्यक्ष या परम्परया सर्वप्रथम आन्त्र में इन प्रधान विकृतियों को उत्पन्न करते है । जिससे मलत्याग अप्राकृतिक, द्रव तथा स्वाभाविक से अधिक बार होता है । इसको अर्वाचीन विज्ञान में डायेरिया कहते हैं । इसकी उत्पत्ति के प्रधान निम्न कारण हैं ।

उत्तेजक भोजन—उत्तेजक भोजन आन्त्र के आज्ञावाहक नाड़ियों को अत्यधिक उत्तेजित कर आन्त्र की गति को बढ़ाता है और अतिसार उत्पन्न करता है । अतिसारोत्पादक संखिया विष, विरुद्ध भोजन तथा आन्त्र की गति को अत्यधिक उत्तेजित करनेवाले पदार्थ अतिसार के कारण होते हैं ।

कृमि—कृमि, केचुआ तथा डिसेन्ट्री उत्पन्न करनेवाले परोपजीवी पैरा-

साइट्स के कारण भी अतिसार होता है क्योंकि सुश्रुताचार्य ने भी अतिसार को कृमिजन्य बताया है। ज्वरो विवर्णता शूलं, हृद्रोगः सदनं भ्रमः। भक्त-द्वेषोऽतिसारश्च संजातक्रिमिलक्षणम्। इसके बाद सौसुराद आदि कृमियों को भी अतिसारोत्पादक बताया गया है।

अत्यधिक द्रव पदार्थ सेवन—अत्यधिक भोजन के समान अधिक द्रव-सेवन का भी प्रभाव अन्न-गति को बढ़ाने में होता है। अधिक जल पीने से पाचक रसों का घोल अधिक मुलायम होता है जिससे भोजन पर पूरी क्रिया नहीं होती है और अजीर्ण उत्पन्न होता है तथा निश्चित मात्रा से अधिक जल का शोषण बृहदन्त्र द्वारा न होने से आन्त्र की गति को बढ़ाने में सहायक होकर अत्यधिक तरल स्वरूप के अतिसार को उत्पन्न करता है।

अतिशीत—अतिशीत पदार्थ के सेवन के कारण पहले आन्त्र संकुचित होती है किन्तु पुनः उत्तेजित होकर तीव्र गतिशील हो जाती है। इस गति के तीव्र होने के कारण श्लैष्मिक कला से स्राव की मात्रा अधिक हो जाती है। अतः मल-त्याग भी अधिक वार तथा द्रव रूप में होता है।

विसूचिका—विसूचिका के विषाणु के कारण भी अतिसार उत्पन्न होता है।

अतिस्निग्ध—अधिक स्नेहपान करने से आन्त्र के दीवालों पर स्नेह का उपलेप हो जाता है, और पाचक रसों की उत्पत्ति कम होती है जिससे अजीर्ण उत्पन्न होता है तथा अजीर्ण अतिसार को उत्पन्न करता है। इसके अलावा स्नेह पाचन के लिये पित्त की आवश्यकता होती है। अतिस्निग्ध भोजन को पचाने के लिये पित्त की उत्पत्ति स्वाभाविक से अधिक होती है और आन्त्र में पित्त की अधिकता अतिसार को उत्पन्न करती है।

दुष्टाम्बु-मद्य पान—दूषित जल एवं दूषित मद्य का पान अतिसार को उत्पन्न करने में कारण होता है। दूषित जल में अनेक प्रकार के जान्तव विषैले पदार्थ तथा विसूचिका के भी जीवाणु होते हैं और अतिसार को उत्पन्न करने में सहायक होते हैं। दूषित मद्य भी आन्त्र में क्षोभ उत्पन्न करता है। पित्त-वर्द्धक होने के कारण अदूषित मद्य भी अधिक पीने से अतिसारजनक होता है। प्रतिकूल पड़नेवाले पर्वतीय जल को पीने से भी अतिसार होता है उसको पर्वतीयातिसार या हिलडायेरिया कहते हैं।

स्नेहादि—स्नेहन, स्वेदन, विरेचन, अनुवासन तथा निरूहण आदि के अतियोग से अतिसार होता है। यह निदान अतिसार सामान्य का कारण है। वातिक आदि अतिसार के प्रति यथायोग्य वातादि प्रकोपक कारणों को समझे जैसे गुरु, द्रव, स्थूलद्रव, एवं अतिशीत पदार्थ कफजन्य अतिसार के उत्पादक हैं। रूक्ष, शीत, विषमाशन तथा भय आदि वातिक अतिसार के कारण होते हैं

तथा उष्ण एवं मद्य पैत्तिक अतिसार को उत्पन्न करते हैं। विष तीनों दोषों को प्रकुपित करता है अतः उससे त्रिदोषज अतिसार की उत्पत्ति होती है। शोक से शोकज एवं कफवर्द्धक पदार्थों से आमज अतिसार उत्पन्न होते है।

अतिसारसंप्राप्तिः—

संशम्यापां धातुरग्नि प्रवृद्धो
वर्चोमिश्रो वायुनाऽधः प्रणुन्नः।
वृद्धोऽतीवाधः सरत्येष यस्माद्
व्याधि घोरं तं त्वतीसारमाहुः॥ ४॥
एकैकस्मात् सर्वशश्चापि दोषैः
शोकेनान्यः षष्ठ आमेन चोक्तः।
केचित्प्राहुर्नैकरूपप्रकारं
नैवेत्येवं काशिराजस्त्ववोचत्॥ ५॥

अतिसार की सम्प्राप्ति—प्रवृद्ध (प्रकुपित) जलीय धातु जाठराग्नि को मन्द करके मल के साथ मिश्रित वायु के द्वारा प्रेरित होकर अधोमार्ग (गुदा) से अधिक मात्रा में बाहर निकलता है, अत एव इस भयंकर व्याधि को अतिसार कहते हैं। यह वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक, शोकज तथा आमज भेद से छ. प्रकार का होता है[1]॥ ४–५॥

विमर्श—अतिसार में होनेवाले सभी विकृतिजन्य परिवर्तनों का क्रमबद्ध वर्णन उक्त श्लोक के द्वारा कर दिया गया है। गुदमार्ग के द्वारा अधिक मल-युक्त द्रव का निकलना ही अतिसार है। गुदेन बहुद्रवसरणमतिसारः॥ यह अतिसार की निरुक्ति है। यद्यपि ग्रहणी में भी कम या अधिक मात्रा में द्रव का निःसरण होता है तथापि अतिसार में बहुद्रवसरण विशेषण दिया गया है अतः ग्रहणी को अतिसार नहीं कहा जा सकता क्योंकि ग्रहणी में द्रव का अत्यधिक निःसरण नहीं होता। इस रोग में विकार के मूल स्थान क्षुद्रान्त्र एवं बृहदन्त्र हैं। अन्य सभी विकृति का अन्तिम परिणाम इन्हीं के द्वारा स्पष्ट होता है। इसके अलावा जलीय धातु का दूषित होना भी अनिवार्य है। कफ, रस, मेद, मूत्र, स्वेद, लसीका, पित्त, रक्त तथा शुक्र ये शरीरस्थ जलीय धातु हैं।

---

१. कुछ आचार्यों का मत है कि अतिसार का एक स्वरूप तथा एक ही प्रकार नहीं है बल्कि उसके अनेक स्वरूप होते हैं और अनेक भी प्रकार होते हैं किन्तु काशिराज ने बताया है कि इसके अनेक स्वरूप तथा अनेक प्रकारों का अन्तर्भाव पूर्वोक्त रूप एवं पूर्वोक्त प्रकार में हो जाता है। अतः एकरूपता एवं एकप्रकारता का विरोध नहीं है।

अतिसारपूर्वरूपाणि—

हृन्नाभिपायूदरकुक्षितोदगात्रावसादानिलवेगरोधाः ।
विड्गन्ध आध्मानमथाविपाको भविष्यतस्तस्य पुरःसराणि ॥ ६ ॥

अतिसार का पूर्वरूप—हृदयप्रदेश, नाभि, गुदा, उदर तथा कुक्षि प्रदेश में सूचिका-वेधन के समान पीड़ा का होना, अङ्गों की शिथिलता, अधोवायु (अपान वायु) का अवरोध, मल में दुर्गन्ध आना (या मल-प्रवृत्ति का अभाव), आध्मान तथा भोजन का परिपाक न होना ये अतिसार के पूर्व-रूप हैं ॥ ६ ॥

वातातिसारलक्षणानि—

अरुणं फेनिलं रूक्षमल्पमल्पं मुहुर्मुहुः ।
शकृदामं सरुक्शब्दं मारुतेनातिसार्यते ॥ ७ ॥

वातातिसार लक्षण—वातिक अतिसार में लाल वर्ण, झागयुक्त, रूक्ष एवं आममल, थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार पीड़ा एवं शब्द के साथ निकलता है ॥ ७ ॥

पित्तातिसारलक्षणानि—

पित्तात्पीतं हारितं लोहितं वा
तृष्णामूर्च्छादाहपाकोपपन्नम् ।

पित्तातिसार-लक्षण—पैत्तिक अतिसार में मल पीला, नीला या रक्त वर्ण का निकलता है तथा रोगी को प्यास और मूर्च्छा होती है। सर्वांग में दाह एवं गुदपाक भी होता है ॥

कफातिसारलक्षणानि—

शुक्लं सान्द्रं सकफं श्लेष्मणा च
विस्रं शीतं हृष्टरोमा मनुष्यः ॥ ८ ॥

श्लैष्मिक अतिसार का लक्षण—कफज अतिसार से पीड़ित मनुष्य के रोंगटे खड़े हो जाते हैं और वह सफेद, गाढ़े कफयुक्त, विस्र (आमगन्धयुक्त) तथा शीतल मल का परित्याग करता है ॥ ८ ॥

सन्निपातातिसारलक्षणम्—

वराहस्नेहमांसाम्बुसदृशं सर्वरूपिणम् ।
कृच्छ्रसाध्यमतीसारं विद्याद्दोषत्रयोद्भवम् ॥ ९ ॥

सन्निपातातिसार का लक्षण—शूकर-वसा तथा मांस के धोवन सदृश एवं सभी दोषों के रूपों से युक्त अतिसार को त्रिदोषज समझना चाहिए। यह कृच्छ्र साध्य होता है ॥ ९ ॥

शोकातिसारलक्षणम्—

तैस्तैर्भावैः शोचतोऽल्पाशनस्य
बाष्पोष्मा वै वह्निमाविश्य जन्तोः ।
कोष्ठं गत्वा क्षोभयेत्तस्य रक्तं
तच्चाधस्तात्काकणन्तीप्रकाशम् ॥ १० ॥
निर्गच्छेद्वै विड्विमिश्रं ह्यविड् वा
निर्गन्धं वा गन्धवद्वाऽतिसारः ।
शोकोत्पन्नो दुश्चिकित्स्योऽतिमात्रं
रोगो वैद्यैः कष्ट एष प्रदिष्टः ॥ ११ ॥

शोकातिसार-लक्षण—धननाश तथा बान्धवनाश आदि दुर्घटनाओं के कारण शोक-सन्तप्त और इसी कारण अल्प भोजन करनेवाले मनुष्य के अति बाष्पत्याग (नेत्र, नासा तथा गले से निकलनेवाले स्राव) से उत्पन्न उष्णता उसकी कोष्ठस्थित पाचकाग्नि को दूषित करके रक्त को भी क्षुभित करती है। इस प्रकार क्षुभित एवं गुञ्जाफल के समान वर्णवाला रक्त मलसहित या मल-रहित, निर्गन्ध या गन्धयुक्त होकर गुदमार्ग से निकलता है। यह शोकजन्य अतिसार कहलाता है। इस दुश्चिकित्स्य अतिसार को वैद्यों ने कष्टसाध्य बताया है ॥ १०–११ ॥

आमातिसारलक्षणम्—

अन्नाजीर्णात्प्रद्रुताः क्षोभयन्तः
कोष्ठं दोषा धातुसङ्घान् मलांश्च ।
नानावर्णं नैकशः सारयन्ति
शूलोपेतं षष्ठमेनं वदन्ति ॥ १२ ॥

आमातिसार का लक्षण—अन्न के न पचने से प्रकुपित हुए दोष (वात, पित्त, कफादि) कोष्ठ, रक्तादि धातु तथा मलों को दूषित कर अनेक वर्णों से युक्त (दोषानुसार), शूल सहित मल को बार २ निकालते हैं। इस छठे अतिसार को आमातिसार कहते हैं ॥ १२ ॥

आमपुरीषलक्षणम्—

संसृष्टैर्मलैर्दोषैस्तु न्यस्तमप्स्ववसीदति ।
पुरीषं भृशदुर्गन्धि पिच्छिलं चामसंज्ञितम् ॥ १३ ॥

आमपुरीष-लक्षण—वात-पित्त-कफादि दोषों के लक्षण से युक्त मल यदि अत्यन्त दुर्गन्धित तथा पिच्छिलता युक्त हो और जल में डूब जाय तो उसे आम मल कहते हैं ॥ १३ ॥

पक्वपुरीषलक्षणम्—

एतान्येव तु लिङ्गानि विपरीतानि यस्य वै।
लाघवं च विशेषेण तस्य पक्वं विनिर्दिशेत् ॥ १४ ॥

पक्वपुरीष-लक्षण—जिस मल में इसके विपरीत (दुर्गन्ध तथा पिच्छिलता न रहना एवं जल पर तैरना) लक्षण हों एवं शरीर और कोष्ठ में विशेष रूप में लघुता मिले तो उस मल को पक्व समझना चाहिए ॥ १४ ॥

अतिसारासाध्यलक्षणानि—

पक्वजाम्बवसंकाशं यकृत्पिण्डनिभं च यत्।
घृत-तैल-वसा-मज्ज-वेसवार-पयो-दधि ॥ १५ ॥
मांसधावनतोयाभं कृष्णनीलारुणप्रभम्।
मेचकं स्निग्धकर्बूरं चन्द्रिकोपगत घनम् ॥ १६ ॥
कुणपं मस्तुलुङ्गाभं दुर्गन्धि कुथितं बहु।
तृष्णादाहतमःश्वासहिक्कापार्श्वार्तिशूलिनम् ॥ १७ ॥
संमूर्च्छारतिसंमोह-युक्तं पक्वबलीगुदम्।
असंवृतगुदं क्षीणं सदाध्मानमुपद्रुतम् ॥ १८ ॥
गुदे पक्वे गतोष्माणमतिसारिणमुत्सृजेत्।
श्वासशूलपिपासार्तं क्षीणं ज्वरनिपीडितम् ॥ १९ ॥
विशेषेण नरं वृद्धमतीसारो विनाशयेत्।
हस्तपादाङ्गुलीसन्धिप्रपाको मूत्रनिग्रहः ॥ २० ॥
पुरीषस्योष्णतातीव्र मरणायातिसारिणः।

अतिसार का असाध्य लक्षण—जिस अतिसार में पके जामुन के समान स्निग्ध एवं कृष्ण वर्णवाला, यकृत के टुकड़े के समान कृष्ण-लोहित, पतला, घृत, तैल, वसा, मज्जा, वेसवार (अस्थिरहित मांस को पीस कर आग पर पकाकर, गुड़, घृत तथा काली मिर्च डालकर बनाया द्रव पदार्थ), दूध, दही, तथा मांस के धोवन के समान वर्णवाला, अञ्जनवत् कृष्ण, नील तथा अरुण, मर्दित अञ्जन के समान कृष्णरुच (मेचक), स्निग्ध, अनेक वर्ण, मयूरपिच्छ के समान चन्द्रिकायुक्त, घन, कुणप (मुर्दे के समान गन्धवाला), मस्तुलुङ्ग (मस्तिष्क) के सदृश, दुर्गन्धित, सड़ा हुआ और मात्रा में अधिक मल आता है और रोगी प्यास, दाह, तमक श्वास रोग, हिचकी, पार्श्वशूल एवं अस्थि-शूल से पीड़ित हो, मूर्च्छा (मनोमोह), अरति, संमोह (इन्द्रियमोह) से युक्त हो, जिसकी गुदवलियाँ पक्व हो गई हों तथा गुदवलियाँ संकुचित न होती हों, दुर्बल हो तथा जिसका पेट अधिक फूल गया हो, जिसको उपद्रव हो गये हों, गुदपक्व होने पर गर्मी न रहती हो ऐसे रोगी की चिकित्सा

न करे। श्वास, शूल और प्यास से पीड़ित, दुर्बल, ज्वरग्रसित विशेषकर वृद्ध रोगी को अतिसार नष्ट कर देता है। हाथ-पैर की अंगुली तथा सन्धि में पाक हो गया हो। मूत्र रुक गया हो, मल में अत्यधिक गर्मी हो ऐसा अतिसार का रोगी मर जाता है। (अतिसार में प्रलाप करनेवाला रोगी भी असाध्य होता है।)

रक्तातिसारलक्षणम्—

पित्तकृन्ति यदात्यर्थं द्रव्याण्यश्नाति पैत्तिके॥ २१॥
तदा प्रजायते तीक्ष्णो रक्तातीसार उल्बणः।
दोषलिङ्गेन मतिमान् संसर्गं तत्र लक्षयेत्॥ २२॥

रक्तातिसार-लक्षण—पैत्तिक अतिसार से पीड़ित रोगी जब पित्तवर्द्धक पदार्थों का निरन्तर एवं अधिक मात्रा में सेवन करता है तब भयंकर तीक्ष्ण रक्तातिसार उत्पन्न होता है। यहां पर बुद्धिमान वैद्य दोषों के लक्षण के अनुसार संसर्ग को देखे॥ २१-२२॥

प्रवाहिकालक्षणम्—

वायुः प्रवृद्धो निचितं बलासं नुदत्यधस्तादहिताशनस्य।
प्रवाहतोऽल्पं बहुशो मलाक्तं प्रवाहिकां तां प्रवदन्ति तज्ज्ञाः॥ २३॥
प्रवाहिका वातकृता सशूला पित्तात्सदाहा सकफा कफाच्च।
सशोणिता शोणितसंभवा च ताः स्नेहरूक्षप्रभवा मतास्तु॥ २४॥
तासामतीसारवदादिशेच्च लिङ्गं क्रमं चामविपक्वतां च।

प्रवाहिका का लक्षण—अहितकर आहार को सेवन करनेवाले व्यक्ति के कोष्ठ में संचित कफ को जब प्रकुपित वायु बाहर निकलने के लिये प्रेरित करता है तब प्रवाहण (कुन्थन या जोर लगाना) करने पर अल्प मात्रा में बार-बार मलयुक्त कफ गुदमार्ग से बाहर निकलता है। इसको विद्वान् लोग प्रवाहिका कहते हैं। वातिक प्रवाहिका शूलयुक्त, पैत्तिक प्रवाहिका दाहयुक्त, श्लैष्मिक प्रवाहिका कफयुक्त तथा रक्तजा प्रवाहिका रक्तयुक्त होती है। कफप्रधान प्रवाहिका स्निग्ध पदार्थजन्य तथा वातप्रधान प्रवाहिका रूक्ष पदार्थजन्य होती है। (इसी प्रकार तीक्ष्ण एवं उष्ण पदार्थजन्य पैत्तिक तथा रक्तज-प्रवाहिका होती है) इन सबके लक्षण, चिकित्सा, आमता एवं पक्वता का निर्णय अतिसार के समान ही करे।

अतिसारनिवृत्तिलक्षणम्—

यस्योच्चारं विना मूत्रमधो वायुश्च वर्तते।
दीप्ताग्नेर्लघुकोष्ठस्य स्थितस्तस्योदरामयः॥ २५॥

अतिसार-निवृत्ति का लक्षण—जिस अतिसार के रोगी के मूत्र एवं अपान

वायु की प्रवृत्ति मलप्रवृत्ति के बिना अच्छी तरह से होती है (मूत्र-त्याग करते समय या अपान वायु के छोड़ते समय मल की प्रवृत्ति नहीं होती है।) जिसकी जाठराग्नि प्रदीप्त एवं कोष्ठ हल्का है उसको अतिसार रोग से मुक्त समझना चाहिए ॥ २५ ॥

वाताद्यतिसाराणां प्रकारान्तरेण लक्षणानि—

शूलं शब्दो गुदे गात्रे शैथिल्यं कुक्षिवेदना ।
अल्पाल्पमलता ज्ञेयो वातातीसार एव हि ॥ २६ ॥
अन्तर्दाहो मलः पीतो नीलो वापि तृषाऽरुचिः ।
भ्रमोऽतीवेति विज्ञेयं पित्तातीसारलक्षणम् ॥ २७ ॥
दुर्गन्धः शीतलः पाण्डुः पिच्छिलो मन्दवेदनः ।
मलः स्यादिति विज्ञेयं श्लेष्मातीसारलक्षणम् ॥ २८ ॥

वातादि अतिसारों के दूसरे प्रकार का लक्षण—जिसके गुदा में शूल हो और आवाज निकले शरीर में शिथिलता हो पेट में पीड़ा हो, तथा थोड़ा-थोड़ा मल बार-बार निकले उसको वातातिसार समझे। रोगी के अन्दर दाह हो, मल पीले रंग का हो या नीले रंग का हो, प्यास एवं भोजन में अरुचि हो, अतिमात्रा में भ्रम हो, यह पित्तातिसार का लक्षण समझे। रोगी का मल दुर्गन्ध युक्त, शीतल, सफेद रंग का, झाग युक्त तथा अल्प वेदना युक्त होता हो तो उसे श्लेष्मातिसार का लक्षण समझे ॥ २६–२८ ॥

अतिसारासाध्यलक्षणानि—

लशुनकुणपगन्धं पूतिगन्धं घनं वा
पललजलसमानं पक्वजम्बूनिभं वा ।
घृतमधुपयसाभं तैलसेवालतुल्यं
सघनदधिसवर्णं वर्जयेच्चातिसारम् ॥ २९ ॥
जम्बूपक्वरसाज्यतैलपललक्षारास्रुगम्लावसा-
सच्छायं बहु वेसवारपयसा तुल्यं च कृष्णं घनम् ।
नीलं मेचकमारुणं च शववद्गन्धं च चन्द्रप्रभं
निर्गन्धं कथितं कुलत्थजलवत्स्यान्मस्तुलुङ्गप्रभम् ॥ ३० ॥
स्निग्धं चन्द्रिकयान्वितं तनुशकृत्पिण्डाभमावाहिकं
वर्चो वीक्ष्य चिकित्सकैरिति सदा वर्ज्यो ह्यतीसारकी ।

अतिसार का असाध्य लक्षण—जिस रोगी का मल लहसुन तथा मुर्दे के समान दुर्गन्ध वाला हो, सड़ा हुआ गन्ध के समान हो, गाढ़ा हो, मांस के धोवन के समान या पके जामुन के समान, घृत, मधु एवं दूध के समान, तैल और सेवाल के तरह तथा गाढ़े दही के समान वर्ण हो ऐसे अतिसार के

रोगी की चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। पके जामुन के रस, घृत, तैल, मांस, क्षार-जल, मज्जा तथा वसा के समान वर्णवाला, अधिक मात्रा में, वेसवार तथा दूध के समान, श्याम वर्ण, गाढ़ा, नील वर्ण, काला, लाल, मुर्दा के समान गन्धवाला, चन्द्रमा के समान प्रभावाला, चिकना, मोर के पुच्छ के समान चित्र वर्णवाला, पतला मल तथा पिण्ड के तरह निकलनेवाला ऐसे मल को देखकर अतिसार के रोगी को चिकित्सक छोड़ दे।

अतिसारनिदानोपसंहारः—

पोढातिसारोऽपि विचिन्तनीयः सामो निरामश्च पुनर्द्विधा सः।
पुनस्तथैवं परिचिन्तनीया प्रवाहिका सापि चतुर्विधा च ॥ ३१ ॥

इत्यतीसारनिदानम्।

अतिसार के निदान का उपसंहार—छः प्रकार का (वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज, शोकज तथा आमज) अतिसार होता है। पुनः वह आम तथा पक्वभेद से दो प्रकार होता है। उसी प्रकार प्रवाहिका भी चार प्रकार (वातजा, पित्तजा, कफजा तथा सन्निपातजा) की होती है ॥ ३१ ॥

अतिसारनिदान समाप्त।

अथातिसारचिकित्सितम्।

अतिसारे लङ्घनम्—

लङ्घनमेकं मुक्त्वा न चान्यदस्तीह भेषजं बलिनः।
समुदीर्णदोषनिचयं शमयति तत्पाचयत्यपि च ॥ ३२ ॥

अतिसार में लङ्घन—बलवान् अतिसार के रोगी के लिये एक लंघन को छोड़कर यहां और कोई औषध चिकित्सा नहीं है। यह लंघन बढे हुए दोष (वात-पित्त-कफादि) के समूह को शान्त करता है और दोषों को पचाता भी है ॥ ३२ ॥

अतिसारे पिपासाचिकित्सा—

धान्योदीच्यश्रृतं तोयं तृष्णादाहातिसारिणे।
ह्रीवेरशृङ्गवेराभ्यां मुस्तपर्पटकेन वा ॥ ३३ ॥
मुस्तोदीच्यश्रृतं तोयं देयं वापि पिपासवे।

अतिसार में पिपासा की चिकित्सा—तृष्णा तथा दाह से पीड़ित अतिसार के रोगी के लिये धनिया तथा सुगन्धबाला का क्वाथ हाऊबेर एवं सोंठ का क्वाथ या मोथा एवं पित्तपापड़ा का क्वाथ दे। अथवा मोथा तथा सुगन्धबाला के क्वाथ को ज्वरातिसार में प्यासे रोगी को देना चाहिए।

अतिसारे आहारकल्पना—

शालिपर्ण्यादिसिद्धेन साधितेन सुसिन्धुना ॥ ३४ ॥
मसूरजेन यूषेण पथ्यं स्याल्लाजसक्तुभिः ।

अतिसार में आहार-कल्पना—शालपर्णी-आदि (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू, बरियार, बेल का गूदा, पाढ़ी, सोंठ, धनिया) द्रव्यों के जल से साधितकषाय, मसूर का यूष तथा जड़हन धान के लावा का सत्तू अतिसार के रोगियों के लिये पथ्य है ।

गुर्वी पिण्डी खराऽत्यर्थं लघ्वी सैव विपर्ययात् ॥ ३५ ॥
सक्तूनामाशु जीर्येत मृदुत्वादवलेहिका ।

सत्तुओं की खर पींडी (पिंडिया), गुरु (दुष्पच) होती है और उनकी अवलेहिका (अवलेह), लघ्वी (हल्की) होती है अतः मृदु होने के कारण शीघ्र ही पच जाती है ।

लाजमण्डकृतैर्योगैस्तैः कृता हस्तमण्डिका ॥ ३६ ॥
वस्त्रश्रुता यवागूर्वा प्रसृतं क्षीरभक्तकम् ।
सुनिषण्णकवार्ताकं कञ्चटं हितमुच्यते ॥ ३७ ॥

पूर्वोक्त अतिसार में हितकर शालपर्ण्यादि के क्वाथ से सिद्ध लावा के माड़ की वस्त्र से छानने योग्य हस्तमण्डिका (पतला यवागू) या यवागू, अथवा लावा की पतली खीर, या पकाया हुआ दूध, भात, सुनिषण्णक (चौपतिया), बनभंटा का फल तथा कञ्चट (चौराई) का शाक अतिसार के रोगियों के लिये हितकर है ।

शाकमांसफलैर्युक्ता विलेप्योऽम्लाश्च दुर्जराः ।
शालिपर्णी पृश्निपर्णी बृहती कण्टकारिका ॥ ३८ ॥

शाक, मांस तथा फल से युक्त विलेपी तथा अम्ल पदार्थ दुर्जर (दुष्पच) होते हैं ।

बलाश्वदंष्ट्राबिल्वानि पाठानागरधान्यकम् ।
एतदाहारसंयोगे हितं सर्वातिसारिणाम् ॥ ३९ ॥
तृष्णापनयनी लघ्वी दीपनी बस्तिशोधनी ।
ज्वरे चैवातिसारे च यवागूः सर्वदा हिता ॥ ४० ॥
शालिपर्णीबलाबिल्वैः पृश्निपर्ण्या च साधिता ।
दार्ढमाम्ला हिता पेया पित्तश्लेष्मातिसारिणाम् ॥ ४१ ॥
धान्यपञ्चकसिद्धा वा धान्यविश्वाकृतोऽथवा ।
आहारो भिषजा योज्यो वातपित्तातिसारिणाम् ॥ ४२ ॥
लघुना पञ्चमूलेन वातपित्ते प्रशस्यते ।

सभी प्रकार के अतिसार-पीड़ित व्यक्तियों के लिये सरिवन, पिटवन, वनभंटा, भटकटैया, धनियार, गोखरू, बेल, पाढ़ी, नागरमोथा तथा धनिया, ये द्रव्य आहार के साथ हितकर होते हैं। अर्थात् इन द्रव्यों के संयोग से सिद्ध यवागू, अवलेह आदि लाभदायक होते हैं। ज्वर तथा अतिसार में यवागू प्यास को कम करती है। हल्की है, अग्नि को दीप्त करनेवाली तथा वह्नि को शोधन करनेवाली है और हमेशा हित करनेवाली है। पित्तश्लेष्मातिसार से पीड़ित व्यक्तियों के लिये सरिवन, धनियार, बेल का गूदा तथा पिटवन इन द्रव्यों से साधित, अनार का रस तथा अम्ल से युक्त पेया हितकर है। वैद्य वात-पित्तातिसार से पीड़ित रोगियों के लिये धान्यपञ्चक (धनिया, सोंठ, मोथा, सुगन्धबाला तथा बेल का गूदा) से सिद्ध अथवा धनिया तथा सोंठ से सिद्ध भोजन का प्रयोग करे। और वातपित्तजन्य अतिसार में लघुपंचमूल (सरिवन, पिटवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू) से भी सिद्ध भोजन प्रशस्त है॥

अतिसारे पक्वाममललक्षणम्—

आमपक्वक्रमं हित्वा नातिसारे क्रिया यतः॥ ४३॥
अतः सर्वेऽतिसारास्तु ज्ञेयाः पक्वामलक्षणैः।
मज्जत्यामा गुरुत्वाद्धि पक्वा तूत्प्लवते जले॥ ४४॥
विनाऽतिद्रवसङ्घातशैत्यश्लेष्मप्रदूषणान्।
आमं दुर्गन्धि साटोपं विष्टम्भार्तिप्रमेककृत्॥ ४५॥
विपरीतं निरामं तु कफात्पक्वं निमज्जति।

अतिसार में पक्व तथा आम मल का लक्षण—आम मल तथा पक्व मल के ज्ञान के विना अतिसार में कोई क्रिया (चिकित्सा) सम्भव नहीं है अतः सभी अतिसारों के आममल तथा पक्वमल को लक्षणों से जानना चाहिए। आममल भारी होने के कारण जल में डूब जाता है और पक्वमल हल्का होने से जल पर तैरने लगता है। आममल अत्यन्त द्रव, संघात की शीतलता से युक्त तथा कफ के दूषित हुए विना ही दुर्गन्ध शब्द-युक्त बार-बार थोड़ा-थोड़ा तथा पीड़ायुक्त निकलता है और इसके विपरीत पक्वमल (गन्धरहित, शब्द-रहित) एक बार तथा पीड़ारहित निकलता है। किन्तु कफात्मक पक्वमल भी जल में डूब जाता है।

आमेऽतिसारे संग्रहणीोपनिषेधः—

नामे संग्रहणं दद्यादतीसारे कथंचन॥ ४६॥
अकाले संगृहीतो हि विकारान् कुरुते बहून्।
शोफपाण्ड्वामयप्लीहकुष्ठगुल्मोदरज्वरान्॥ ४७॥

दण्डकालसकाध्मानग्रहण्यर्शोगदांस्तथा ।

आमातिसार में संग्राही औषध का निषेध—आमातिसार में कभी भी संग्राही औषध का प्रयोग न करे। परिपाक के पहले ही औषधि प्रयोग करने से मल रुक जाने के कारण अनेक रोग, शोथ, पाण्डुरोग, प्लीहावृद्धि, कुष्ठ, गुल्म, उदररोग, ज्वर, दण्डकज्वर (लंगड़ी का बुखार), अलसक (सिर की भूसी), आध्मान (पेट का फूलना), ग्रहणी तथा अर्श रोगों को उत्पन्न करता है।

आमातिसारेऽपि स्तम्भनयोग्यावस्था—

क्षीणधातुबलार्तस्य बहुदोषोऽतिनिःस्रुतः ॥ ४८ ॥
आमोऽपि स्तम्भनीयः स्यात्पाचनान्मरणं व्रजेत् ।

आमातिसार में भी स्तम्भन-योग्य अवस्था—धातु-बल से क्षीण अतिसार के रोगी का बहुत दोषों से युक्त अधिक मात्रा में निकलता हुआ आमातिसार रोक देना चाहिए। क्योंकि मल के परिपाक होने तक प्रतीक्षा करने पर मृत्यु हो सकती है।

अतिसारे विरेचनम्—

स्तोकं स्तोकं विबद्धं वा सशूलं योऽतिसार्यते ॥ ४९ ॥
अभयापिप्पलीकल्कैः सुखोष्णैस्तं विरेचयेत् ।

अतिसार में विरेचन—जो अतिसार का रोगी थोड़ा-थोड़ा रुक-रुक कर या पीड़ायुक्त मल त्याग करता है, उसको हर्रे तथा पीपर के किञ्चिदुष्ण कल्क से विरेचन करावे।

आमातिसारे कुटजादिक्वाथः—

कुटजो दाडिमं मुस्तं धातकी बिल्वबालकम् ॥ ५० ॥
रोध्रचन्दनपाठाश्च कषायं मधुना पिबेत् ।
सामे सशूले रक्ते च पिच्छास्रावे च शस्यते ॥ ५१ ॥
कुटजादिरिति ख्यातः सर्वातीसारनाशनः ।

अतिसार में कुटजादि क्वाथ—कोरैया, अनार, मोथा, धाय का फूल बेल का गूदा, सुगन्धवाला, लोध, रक्तचन्दन तथा पाढ़ी का कषाय, मधु के साथ पान करे। यह शूलयुक्त आमातिसार, रक्तातिसार तथा कफयुक्त स्राव में प्रशस्त है। यह कुटजादि प्रसिद्ध कषाय सभी प्रकार के अतिसार को नाश करनेवाला है।

आमातिसारे हरिद्रादिवचादिगणोपयोगः—

हरिद्रादिं वचादिं वा पिबेदामेषु बुद्धिमान् ॥ ५२ ॥

आमातिसार में हरिद्रादि तथा वचादि गण का उपयोग—बुद्धिमान् व्यक्ति आमातिसार में हरिद्रादि या वचादिगण का क्वाथ पान करे ॥ ५२ ॥

आमातिसारे यवागूवादिषु पिप्पलीप्रयोगः—

मण्डयूषयवागूषु पिप्पल्यादिं च योजयेत् ।

आमातिसार में यवागू आदि में पिप्पल्यादि गण का उपयोग—मण्ड, यूष तथा यवागू में पिप्पल्यादि गण का प्रयोग करना चाहिए ।

आमातिसारे धान्यपञ्चकम्—

धान्यनागरमुस्तं च बालकं विल्वमेव च ॥ ५३ ॥
आमशूलविबन्धघ्नं पाचनं वह्निदीपनम् ।

आमातिसार में धान्यपञ्चक—धनिया, सोंठ, मोथा, सुगन्धबाला तथा बेल का गूदा यह धान्यपञ्चक है । यह आमातिसार का शूल तथा विबन्ध को नष्ट करता है, पाचक है तथा जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला है ।

पित्तातिसारे धान्यचतुष्कम्—

पित्ते धान्यचतुष्कं तु शुण्ठीत्यागाद्वदन्ति हि ॥ ५४ ॥

पित्तातिसार में धान्य-चतुष्क—पैत्तिक अतिसार में धान्यपञ्चक में से सोंठ निकाल कर धान्य-चतुष्क का प्रयोग करने के लिये कहते हैं ॥ ५३ ॥

पक्वातिसारे संग्रहणौषधदानम्—

पक्वौऽसकृद्यतीसारो ग्रहणीमार्दवाद्यदा ।
प्रवर्तते तदा कार्यः क्षिप्रं संग्राहको विधिः ॥ ५५ ॥

पक्वातिसार में संग्रहणीय औषधि-प्रयोग—जब ग्रहणी के मृदु होने के कारण पक्वमल कई बार निकलता रहे तो संग्राहक (अतिसार रोकने का औषध) विधि का प्रयोग शीघ्र ही करे ॥ ५५ ॥

वातातिसारे पञ्चमूल्यादियोगः—

पञ्चमूलीबलाशुण्ठीधान्यकोत्पलबिल्वकाः ।
वातातिसारिणां देयास्तक्रेणान्यतमेन हि ॥ ५६ ॥

वातातिसार में पञ्चमूल्यादि योग—पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, भटकटैया, बनभंटा, गोखरू), बरियार, सोंठ, धनिया, नीलकमल तथा बेल का गूदा—इन द्रव्यों के योगों को वातातिसारियों के लिये तक्र के साथ या अन्य पाचक द्रव के साथ प्रयोग करना चाहिये ॥ ५६ ॥

पक्वातिसारे गङ्गाधरो योगः—

कञ्चटदाडिमजम्बूशृङ्गाटकपत्रबिल्वह्रीबेरम् ।
जलधरनागरसंहतं गङ्गामपि वेगिनीं रुन्ध्यात् ॥ ५७ ॥

पक्वातिसार में गंगाधर योग—कञ्चट (चौराई), अनार, जामुन,

शृङ्गाटक (सिंघाड़ा), तेजपत्र, वेल, हाऊबेर, मोथा तथा सोंठ इन द्रव्यों का योग वेगवाली गंगा के समान अतिसार के प्रवाह को भी रोक देता है। अर्थात् भयंकर, अधिक मात्रा में निकलनेवाला अतिसार को रोक देता है।

पक्वातिसारे द्वितीयो गङ्गाधरः—

मोचरसमुस्तनागर-पाठारलुधातकीकुसुमैः ।
चूर्णं मथितसमेतं रुणद्धि गङ्गाप्रवाहमपि ॥ ५८ ॥

पक्वातिसार में द्वितीय गंगाधर योग—मोचरस (सेमर का गोंद), मोथा, सोंठ, पाढ़ी, अरलु तथा धाय का फूल—इन द्रव्यों का चूर्ण मथित (बिना पानी के दही का तोड़) के साथ सेवन करने से गंगा के समान अतिसार के प्रवाह को भी रोक देता है। अर्थात् अतिवेग से निकलनेवाले मल (तीव्र अतिसार) को रोक देता है ॥ ५८ ॥

पक्वातिसारे तृतीयो गङ्गाधरः—

मुस्तावत्सकबीजं मोचरसो बिल्वधातकीरोध्रम् ।
गोमथितसंप्रयुक्तं गङ्गामपि वाहिनीं रुन्ध्यात् ॥ ५९ ॥
शुण्ठीन्दीवरकेसराजशिखरीक्षीराविकादीप्यकं
सूर्यावर्तकजीरकद्वययुतं भृष्टं मनाक्षपरैः ।
पिष्ट्वा पर्युषिताम्बुना दिनमुखे पीतं निहन्यान्नृणां
नानावर्णसथातिसारकगदं प्रोवाच धन्वन्तरिः ॥ ६० ॥

पक्वातिसार रोग में तृतीय गंगाधर योग—मोथा, इन्द्रयव, मोचरस (सेमर का गोंद), वेल, धाय का फूल तथा लोध्र—इन द्रव्यों का चूर्ण गाय के दही के साथ प्रयोग करने से प्रवाहवाली गंगा को भी रोक देता है। अर्थात, तीव्र अतिसार को रोक देता है। सोंठ, नीलकमल, केशराज (भृङ्गराज), शिखरी (अपामार्ग), क्षीरा (काकोली), अविका (कुरथी), अजवायन, सूर्यावर्त्तक (हुरहुर), स्याहजीरा तथा सफेदजीरा—इन द्रव्यों को कड़ाही में थोड़ा सा भून ले तथा पीसकर, चूर्ण बना ले और प्रातःकाल पर्युषित (बासी) जल के साथ पान करे। यह चूर्ण मनुष्यों के अनेक वर्णवाले अतिसार रोग को नाश करता है। यह धन्वन्तरि का कहा हुआ है ॥५९-६०॥

सर्वातिसारे गङ्गाधरचूर्णम्—

कट्वङ्गमुस्ते कुटजस्य बीजमाम्रास्थिशुण्ठीजलरोध्रपाठाः ।
जम्बूफलं कोमलबिल्वधात्रीविषाह्वयष्टयोप्यथ धातकी च ॥ ६१ ॥
गङ्गाधर नाम वदन्ति चूर्णं सर्वानतीसारगदान्निहन्ति ॥ ६२ ॥

सभी प्रकार के अतिसार में गंगाधर चूर्ण—कट्वङ्ग (अरलु), मोथा, इन्द्रयव, आम की गुठली, सोंठ, सुगन्धवाला, लोध्र, पाढ़ी, जामुन का फल,

कोमल बेल का गूदा, आंवला, विषाह (अतीस), सुलेठी तथा धाय का फूल, (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को गङ्गाधर नामक चूर्ण कहते हैं। यह चूर्ण सभी प्रकार के अतिसार रोग को नाश करता है।

किराततिक्तकं मुस्तं वत्सकं सरसाञ्जनम्।
पिबेत्पित्तातिसारघ्नं सक्षौद्रं वेदनापहम्॥ ६३॥

चिरायता, मोथा, कुटज तथा रसाञ्जन—इन द्रव्यों का चूर्ण, मधु के साथ सेवन करने से वेदनायुक्त पित्तातिसार को नाश करनेवाला है॥६१-६३॥

पित्तातिसारे इन्द्रयवक्वाथः—

पलं वत्सकबीजस्य श्रपयित्वा जलं पिबेत्।
यो रसाशी जयेच्छीघ्रं स पैत्तं जठरामयम्॥ ६४॥

पित्तातिसार में इन्द्रयव क्वाथ—इन्द्रयव एक पल (एक छटाक) चौगुने जल में पकाकर उसके जल को पान करे। जो इन्द्रयव के क्वाथ को पान करता है वह पैत्तिक उदररोग को शीघ्र ही जीत लेता है॥ ६४॥

पित्तश्लेष्मातिसारे कुटजादिक्काथः—

कुटजातिविषामुस्तं हरिद्रा पर्णिनीद्वयम्।
सक्षौद्रशर्करं शस्तं पित्तश्लेष्मातिसारिणाम्॥ ६५॥

पित्तश्लेष्मातिसार में कुटजादि क्वाथ—कोरैया, अतीस, मोथा, आमाहल्दी, शालपर्णी, पृश्निपर्णी (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ, मधु तथा शक्कर के साथ सेवन करना पित्तश्लेष्मातिसार के रोगियों के लिये प्रशस्त है॥ ६५॥

अतिसारे कुटजादिकषायः—

कुटजत्वक्फलं मुस्तं काथयित्वा पिबेज्जलम्।
अतोसारं जयेदाशु शर्करामधुयोजितम्॥ ६६॥

अतिसार में कुटजादि कषाय—कोरैया की छाल, इन्द्रयव तथा मोथा—इन द्रव्यों को क्वाथ कर उसके जल को शक्कर तथा मधु के साथ पान करे। यह क्वाथ अतिसार को शीघ्र ही नाश करता है॥ ६६॥

छर्दियुक्तातिसारे बिल्वादिक्काथः—

बिल्वचूतास्थिनिर्यूहः पीतः सक्षौद्रशर्करः।
निहन्याच्छर्द्यतीसारं वैश्वानर इवाहुतिम्॥ ६७॥

वमनयुक्त अतिसार में बिल्वादिक्वाथ—बेल का गूदा तथा आम की गुठली का निर्यूह (क्वाथ) मधु तथा शक्कर के साथ पान करने से वमन तथा अतिसार को नाश करता है। जैसे अग्नि आहुति को जला देता है॥६७॥

अतिसारे प्रियङ्ग्वादिचूर्णम्—

प्रियङ्ग्वञ्जनमुस्ताख्यं पाययेत यथाबलम्।

तृष्णातीसारछर्दिघ्नं सक्षौद्रं तन्दुलाम्बुना ॥ ६८ ॥

अतिसार में प्रियंग्वादि चूर्ण—प्रियङ्गु (फूल प्रियङ्गु), स्रोतोऽञ्जन तथा मोथा इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु मिलाकर चावल के धोवन के साथ बल के अनुसार पान कराये। यह चूर्ण प्यास, अतिसार तथा वमन को नाश करनेवाला है ॥ ६८ ॥

अतिसारे पटोलादिक्काथः—

पटोलयवधान्यानां क्काथः पेयः सुशीतलः।
शर्करा-मधुसंयुक्त-श्छर्द्यतीसारनाशनः ॥ ६९ ॥

अतिसार में पटोलादि क्काथ—परोरा की पत्ती, इन्द्रयव, धनिया—इन द्रव्यों का शीतल कषाय, मधु तथा शक्कर मिलाकर पान करे। यह वमन तथा अतिसार को नाश करनेवाला है ॥ ६९ ॥

श्लेष्मातिसारचिकित्सा—

श्लेष्मातिसारे प्रथमं हितं लङ्घनपाचनम्।
योज्यश्चामातिसारघ्नो यथोक्तो दीपनो गणः ॥ ७० ॥

श्लेष्मातिसार की चिकित्सा—कफजन्य अतिसार में सर्वप्रथम लंघन तथा पाचन क्रिया करनी चाहिए। आमातिसार को नाश करनेवाले पूर्वोक्त धान्यपञ्चक आदि दीपनीय गण के औषधों का प्रयोग करना चाहिए ॥ ७० ॥

आमातिसारे त्र्यूषणादिचूर्णम्—

त्र्यूषणातिविषाहिङ्गुवचासौवर्चलाभयाः ।
पीत्वोष्णेनाम्भसा हन्यादामातीसारमुद्धतम् ॥ ७१ ॥

अतिसार में त्र्यूषणादि चूर्ण—त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), अतीस शु० हिंगु, वच, सौवर्चल नमक, हर्रे (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को उष्ण जल से पान करे। यह तीव्र अतिसार को नाश करता है ॥ ७१ ॥

आमातिसारे हिज्जलपत्रस्वरसः—

दलोत्थः स्वरसः पीतो हिज्जलस्य समाक्षिकः।
जयत्याममतीसारं क्काथो वा कुटजोद्भवः ॥ ७२ ॥

आमातिसार में हिज्जल का स्वरस—हिज्जल (समुद्रफल) के पत्ते का स्वरस या कुटज (कोरैया) का क्काथ, मधु के साथ मिलाकर पीने से आमातिसार को जीत लेता है ॥ ७२ ॥

सर्वातिसारे कुटजादिलेहः—

कुटजत्वक्कृतः क्काथो घनीभूतः सुशीतलः।
लेहितोऽतिविषायुक्तः सर्वातीसारनुद्भवेत् ॥ ७३ ॥
लेहे यत्रास्ति नो भागो निर्दिष्टो द्रवकल्कयोः।

तत्रापि पादिकः कल्को द्रवात्कार्यो विजानता ॥ ७४ ॥
इत्थं तत्राष्टमांशेन क्काथादतिविषारजः ।

सभी प्रकार के अतिसार में कुटजादि अवलेह—कुटज (कोरैया) की छाल का क्काथ गाढ़ा बनाकर ठण्ढा होने पर अतीस का चूर्ण मिला दे और इस लेह को चाटे। यह लेह सभी प्रकार के अतिसार को दूर करता है। जिस अवलेह में द्रव द्रव्य तथा कल्क का भाग (परिमाण) नहीं बताया गया है वहां भी क्काथ के चौथाई कल्क लेना चाहिए। इस प्रकार यहाँ कुटज की छाल को अठगुने जल में क्काथ करे। अष्टमांश शेष रहने पर छान ले और उसको पुनः गाढ़ा करे और उस क्काथ के चौथाई अतीस का चूर्ण मिलाकर अवलेह सिद्ध कर लें। अर्थात् एक सेर कुटज की छाल, आठ सेर जल, क्काथ एक सेर तथा अतीस का चूर्ण एक पाव लेना चाहिए।

रक्तातिसारे दाडिमत्वचादिकल्कः—

कषायो मधुना पीतस्त्वचो दाडिमवत्सकात् ॥ ७५ ॥
सद्यो जयेदतीसारं रक्तजं दुर्निवारकम् ।

रक्तातिसार में दाडिम-त्वचादि-कल्क—अनार तथा कुटज की छाल का क्काथ, मधु के साथ पान करने से कष्टसाध्य रक्तज अतिसार को शीघ्र ही जीत लेता है।

रक्तातिसारे बिल्वयोगः—

गुडेन खादयेद्बिल्वं रक्तातीसारनाशनम् ॥ ७६ ॥
आमशूलविबन्धघ्नं कुक्षिरोगविनाशनम् ।

रक्तातिसार में बिल्व योग—बेल की गूदा के चूर्ण को गुड़ में मिलाकर भक्षण करे। यह बिल्वयोग रक्तातिसार को नाश करता है। आमातिसार-जन्य शूल एवं विबन्ध को नष्ट करता है तथा पेट के रोगों को शान्त करता है।

रक्तातिसारे दाडिमीत्वचादिकल्कः—

दाडिमीकुटजयोस्त्वचाकृतं यः कषायमुपसेवते नरः ॥ ७७ ॥
शोणितातिसरणार्दितो मधु-प्लावितं स लभतेऽचिरात्सुखम् ।

रक्तातिसार में दाडिमी-त्वचादि-कल्क—अनार तथा कुटज की छाल के कषाय को मधु मिलाकर जो सेवन करता है वह तीव्र रक्तातिसार से पीड़ित व्यक्ति शीघ्र ही सुख को प्राप्त करता है।

रक्तातिसारे शल्लकीत्वचादियोगः—

शल्लकीबदरीजम्बू-पियालाम्रार्जुनत्वचः ।
पीताः क्षीरेण मध्वाढ्याः पृथक् शोणितनाशनाः ॥ ७८ ॥

रक्तातिसार में शल्लकी-त्वचादि योग—शल्लकी (सलई), बेर, जामुन, चिरौंजी, आम तथा अर्जुन की छाल का चूर्ण या क्वाथ अलग-अलग मधु मिलाकर दूध के साथ पान करने से रक्तातिसार को नाश करनेवाले हैं ॥ ७८ ॥

रक्तातिसारे शतावरीकल्कः—

पीत्वा शतावरीकल्कं पयसा क्षीरभुग्जयेत् ।
रक्तातिसारं पीत्वा वा तया सिद्धं घृतं नरः ॥ ७९ ॥

रक्तातिसार में शतावरी-कल्क—शतावरी के कल्क को जल के साथ पान कर दूध के साथ भोजन करनेवाला मनुष्य रक्तातिसार को जीत लेता है । तथा शतावरी से सिद्ध घृत को पान करनेवाला रक्तातिसार को जीत लेता है ॥७९॥

आमातिसारे वत्सकादिक्वाथः—

सवत्सकः सातिविषः सबिल्वः
सोदीच्यमुस्तश्च कृतः कषायः ।
सामे सशूले सहशोणिते च
चिरप्रवृत्तेऽपि हितोऽतिसारे ॥ ८० ॥

आमातिसार में वत्सकादि क्वाथ—वत्सक (कोरया), अतीस, बेल का गूदा, सुगन्धवाला तथा मोथा, इन द्रव्यों का क्वाथ, शूलसहित आमातिसार, रक्तातिसार तथा जीर्ण-अतिसार में लाभदायक है ॥ ८० ॥

अतिसारे कलिङ्गषट्कः—

विश्वाकलिङ्गातिविषाबिल्वैः
सबालकैरुत्क्वथितः कषायः ।
तस्मै सशूलाय सशोणिताय
सामाय शस्तोऽथ कलिङ्गषट्कः ॥ ८१ ॥

अतिसार में कलिङ्ग-षट्क—सोंठ, कुटज, अतीस, मोथा, बेल का गूदा तथा सुगन्धवाला (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ किया हुआ कषाय, कलिङ्गषट्क कहलाता है । यह कलिङ्गषट्क कषाय उक्त पूर्वोक्त शूलसहित रक्तातिसार तथा आमातिसार के रोगी के लिये प्रशस्त है ॥ ८१ ॥

रक्तातिसारे कलिङ्गषट्कः—

सहरीतकीप्रतिविषारुचकं सवचं सहिङ्गुसकलिङ्गयवम् ।
इति तत्कलिङ्गयवषट्कमिदं रुधिरातिसारगुदशूलहरम् ॥ ८२ ॥

रक्तातिसार में कलिङ्गषट्क—हर्रे, अतीस, सौवर्चल नमक, वच, शुद्ध हिंगु तथा इन्द्रयव—इन द्रव्यों के योग को कलिङ्गयवषट्क कहते हैं । यह कलिङ्गयवषटक रक्तातिसार तथा अर्शजन्य शूल को दूर करता है ॥ ८२ ॥

आमातिसारे सौवर्चलादिचूर्णम्—

सौवर्चलं प्रतिविषा हिङ्गुपथ्याकलिङ्गकाः ।
शुण्ठी चामातिसारघ्नं शूलघ्नं ग्राहि पाचनम् ॥ ८३ ॥

आमातिसार में सौवर्चलादि चूर्ण—सौवर्चल नमक, अतीस, शु० हिंगु, हर्रे, कुटज तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण, आमातिसार तथा शूल को नाश करनेवाला है तथा मल को रोकनेवाला एवं पाचन करनेवाला है ॥ ८३ ॥

सामपित्तातिसारे विल्वादिकषायः—

बिल्वशक्रयवाम्भोद-वालकातिविषाकृतः ।
कषायो हन्त्यतीसारं सामं पित्तसमुद्भवम् ॥ ८४ ॥

आमपित्तातिसार में विल्वादिकषाय—वेल, इन्द्रयव, मोथा, सुगन्धवाला तथा अतीस—इन द्रव्यों का कषाय—पित्तजन्य आमातिसार को नाश करता है ॥ ८४ ॥

भयादिसमुत्थातिसारचिकित्सा—

भयशोकसमुद्भूते क्रिया वातहरा सदा ।
सर्वजे बहुवर्णत्वात् पुटपाकक्रिया मता ॥ ८५ ॥

भय-शोक आदि जन्य-अतिसार-चिकित्सा—भय तथा शोक जन्य-अतिसार में वातातिसार के लिये बताई गई सभी क्रियाओं को करनी चाहिए । सन्निपात जन्य-अतिसार में बहुवर्णवाले (अनेक वातपित्तकफादि लक्षणवाले) होने के कारण पुटपाक-क्रिया करनी चाहिए ॥ ८५ ॥

अतिसारावस्थायां पुटपाकयोगः—

अवेदनं सुसंपक्वं दीप्ताग्नेः सुचिरोत्थितम् ।
नानावर्णमतीसारं पुटपाकैरुपाचरेत् ॥ ८६ ॥

अतिसारावस्था में पुटपाक योग—दीप्त जाठराग्निवाले व्यक्ति के वेदनारहित, परिपक्व, पुराना तथा अनेक लक्षणों से युक्त अतिसार को पुटपाक-क्रिया से उपचार करे ॥ ८६ ॥

सर्वातिसारे कुटजत्वक्पुटपाकः—

स्निग्धं घनं कुटजवल्कमजन्तुजग्ध-
मादाय तत्क्षणमतीव च पोथयित्वा ।
जम्बूपलाशपुटतन्दुलतोयसिक्तं
बद्धं कुशेन च बहिर्वनपङ्कलिप्तम् ॥ ८७ ॥
सुस्विन्नमेतदवपीड्य रसं गृहीत्वा
क्षौद्रेण युक्तमतिसारवते च दद्यात् ।

कृष्णात्रिपुत्रमतपूजित एष योगः
सर्वातिसारहरणे स्वयमेव राजा ॥ ८८ ॥

सभी प्रकार के अतिसार में कुटजत्वक् पुटपाक—कुटज (कोरैया) का स्निग्ध, मोटा तथा कीड़ों के द्वारा अक्षत, छाल लेकर उसी समय अच्छी तरह पीस कल्क बनाकर चावल के धोवन से सींचकर पलास के पत्ते में लपेटकर कुशा से बांध दे और गीली मृत्तिका लपेट कर आग में पकाये तथा अच्छी तरह मसलकर उसका रस निकाल ले। इसके बाद उस रस में मधु मिलाकर अतिसार के रोगी को दे। यह योग कृष्णात्रि के पुत्र द्वारा पूजित यह योग अकेले ही सभी प्रकार के अतिसार को दूर करने में श्रेष्ठ है ॥ ८७-८८ ॥

सर्वातिसारे अरलुत्वक्पुटपाकः—

श्रीपर्णिपर्णावृतदीर्घवृन्तज-त्वक्पिण्डकात्तन्दुलवारिकल्कितात्।
मृद्वेष्टितादग्निविपाचितादृसं पिबेदतीसारहरं समाक्षिकम् ॥ ८९ ॥

सभी प्रकार के अतिसार में अरलु की छाल का पुटपाक—दीर्घवृन्त (अरलू) की छाल को पीसकर तण्डुलोदक से कल्क बनाकर गोला बनाले, और गम्भारी के पत्ते से लपेटकर कुश से बांधकर गीली मिट्टी लपेट दे। इसके बाद आग में पकाकर मसल कर रस निकाल ले। इस रस को मधु के साथ पान कराये। यह रस अतिसार को दूर करता है ॥ ८९ ॥

सर्वातिसारे वटादिपुटपाकः—

इत्युक्तया कल्पनया वटादिना
कल्कीकृतेनोदरगेन तित्तिरेः।
प्रकल्पितः स्यात्पुटपाकजो रसः
सशर्करः क्षौद्रयुतोऽतिसारजित् ॥ ९० ॥

सभी प्रकार के अतिसार में वटादि पुटपाक—इस प्रकार उक्त कल्पना के अनुसार वट आदि की छाल को कल्क बनाकर तित्तिर के पेट में भर दे और कुश से बांधकर गीली मिट्टी लपेट दे तथा आग में पका ले। इसके बाद निकालकर रस निकाल ले और इस रस को शक्कर तथा मधु के साथ पान कराये। यह रस अतिसार को जीत लेता है ॥ ९० ॥

पुटपाकसिद्धिलक्षणम्—

पुटपाकस्य पाकोऽयं बहिरारक्तवर्णता ॥ ९१ ॥

पुटपाक-सिद्धि-लक्षण—जब पुटपाक बाहर लालवर्ण का हो जाय तब पुटपाक को परिपक्व समझना चाहिए ॥ ९१ ॥

आमातिसारे पधुपक्कहरीतकी—

छिन्नामबिल्वयवगोक्षुरकोरुवूक-
छिन्नोद्भवातुपजलैमधुनावलीढा ।
बद्धाल्पविट्कमतिशूलमसृग्विमिश्र-
मामातिसारमुपहन्ति हरीतकीयम् ॥ ९२ ॥

आमातिसार में मधुपक्व-हरीतकी—कच्चा वेल, इन्द्रयव, गोखरू, एरण्ड तथा गुडूची के स्वरस तथा तुषोदक-इन द्रव्यों के क्वाथ तथा रस में उबाली हुई हरीतकी, मधु के साथ चाटने से बँधकर थोड़ा-थोड़ा निकलनेवाला, शूल से युक्त, रक्तमिश्रित, आमातिसार को नाश करती है ॥ ९२ ॥

आमातिसारे नाभावार्द्रकस्वरसपूरणम्—

कृत्वालवालं सुदृढं पिष्टैरामलकैर्भिषक् ।
आर्द्रकस्वरसेनाशु पूरयेन्नाभिमण्डलम् ॥ ९३ ॥
नदीवेगोपमं वेगं प्रवृद्धं दुर्धरं नृणाम् ।
सद्योऽतीसारजमयं नाशयत्येष योगराट् ॥ ९४ ॥

आमातिसार में नाभि पर अदरक स्वरस का भरना—वद्य आंवले को पीसकर उसकी पीठी से नाभि के चारों तरफ मजबूत आलवाल (क्यारी) बनाकर अदरख के स्वरस से नाभिमण्डल को शीघ्र परिपूर्ण (भर) कर दे। यह योगराज नदी के वेग के समान वेगवाले प्रवृद्ध तथा तीव्र प्रकार के मनुष्यों के अतिसार रोग को शीघ्र नाश करता है ॥ ९३-९४ ॥

अतिसारेऽङ्कोलमूलयोगः—

अङ्कोलमूलकल्कः सक्षौद्रस्तण्डुलाम्बुना पीतः ।
सेतुरिव वारिवेगं झटिति निरुन्ध्यादतीसारम् ॥ ९५ ॥

अतिसार में अंकोलमूलयोग—अङ्कोल (ढेरा) के मूल का कल्क, मधु मिलाकर तण्डुलोदक के साथ पान करने से शीघ्र अतिसार को रोक देता है जैसे बाँध जल के वेग को रोक देता है ॥ ९५ ॥

वत्सकाद्या गुटिका—

वत्सकस्यामृतायाश्च द्वे पले प्रस्थमौदकम् ।
श्रपयित्वा रसे तस्मिन् पादशेषेऽवतारिते ॥ ९६ ॥
अष्टौ पलानि शक्रस्य यवाच्चूर्णीकृतानि च ।
मुद्रापाकं विदित्वा तु यथा चान्यवतारितम् ॥ ९७ ॥
सद्यः सर्वातिसारांश्च सर्वांश्च ग्रहणीगदान् ।
नाशयेद्दीपयेच्चाग्निं कृष्णात्रेयस्य शासनात् ॥ ९८ ॥

वत्सकाद्या गुटिका—वत्सक (कुटज) तथा गुडूची दो पल (छटांक),

जल एक प्रस्थ में पकावे, चौथाई शेष क्वाथ को उतार-छानकर उसमें इन्द्रयव का चूर्ण आठ पल (आठ छटांक) छोड़कर पकावे मुद्रा बँधने योग्य पाक हो जाने पर आग से उतार ले और गुटिका बना ले। यह गुटिका आत्रेय मुनि के कथनानुसार सभी प्रकार के अतिसार तथा सभी प्रकार के ग्रहणी रोगों को शीघ्र नाश करती है, अग्नि को प्रदीप्त करती है ॥ ९६–९८ ॥

आमातिसारे शुण्ठ्यादिक्वाथः—

विश्वाभयाघनवचातिविषामराह्व-
क्वाथोऽथ विश्वजलदातिविषाश्रुतो वा ।
आमातिसारशमनः कथितः कषायः
शुण्ठीघनप्रतिविषामृतवह्निजो वा ॥ ९९ ॥

आमातिसार में शुण्ठ्यादि क्वाथ—सोंठ, हर्रे, मोथा, वच, अतीस तथा देवदारु का क्वाथ या सोंठ, मोथा, अतीस का क्वाथ अथवा सोंठ, मोथा, अतीस तथा गुडूची का क्वाथ आमातिसार को शान्त करनेवाला है ॥ ९९ ॥

आमातिसारे द्वितीयः शुण्ठ्यादिकषायः—

सनागरैः सातिविषापयोधरैः सकुण्डलीकैः सकिराततिक्तकैः ।
कलिङ्गकैरुत्कथितैर्निषेवितं सरुग्ज्वरं हन्त्यतिसारमामजम् ॥ १०० ॥

आमातिसार में द्वितीयशुण्ठ्यादि कषाय—सोंठ, अतीस, मोथा, कुण्डलीक (गुडूची), चिरायता तथा इन्द्रयव—इन द्रव्यों का क्वाथ सेवन करने से पीड़ा तथा ज्वर से युक्त आमातिसार को नाश करता है ॥ १०० ॥

आमातिसारे चित्रकादिचूर्णम्—

चित्रकं पिप्पलीमूलं वचा कटुकरोहिणी ।
पाठा वत्सकबीजानि हरीतकी महौषधम् ॥ १०१ ॥
एतदामसमुत्थानमतिसारं सवेदनम् ।
कफात्मकं सपित्तं च वर्चो बध्नाति वै ध्रुवम् ॥ १०२ ॥

आमातिसार में चित्रकादि चूर्ण—चित्रक, पिपरामूल, वच, कुटकी, पाढ़ी, इन्द्रयव, हर्रे तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण आमजन्य, वेदनायुक्त, श्लैष्मिक तथा पैत्तिक अतिसार को नाश करता है और निश्चय ही मल को बांधकर निकालता है ॥ १०१–१०२ ॥

पित्तातिसारे रसाञ्जनादिचूर्णम्—

रसाञ्जनं सातिविषं कुटजस्य फलं त्वचम् ।
धातकीं शृङ्गवेरं च पाययेत्तण्डुलाम्बुना ॥ १०३ ॥
माक्षीकयुक्तं नुदति पित्तातीसारमुल्बणम् ।
मन्दं दीपयते चाग्निं शूलं चाशु निवर्तयेत् ॥ १०४ ॥

पित्तातिसार में रसाञ्जनादि चूर्ण—रसाञ्जन, अतीस, इन्द्रयव, कुटज की छाल, धाय का फूल, सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण तण्डुलोदक के साथ मधु मिलाकर पिलाये। यह चूर्ण प्रवृद्ध पित्तातिसार को दूर करता है, मन्दाग्नि को दीप्त करता है तथा शूल को शीघ्र ही नाश करता है ॥१०३-१०४॥

रक्तातिसारे जम्ब्वादिस्वरसः—

जम्ब्वाम्रामलकीनां तु पल्लवानथ कुट्टयेत्।
संगृह्य स्वरसं तेषामजाक्षीरेण योजयेत् ॥ १०५ ॥
तं पिबेन्मधुना युक्तं रक्तातीसारनाशनम्।

रक्तातिसार में जम्ब्वादिस्वरस—जामुन, आम तथा आंवला के कोमल पत्तों को कूट पीस कर उसके स्वरस को लेकर बकरी के दूध में मिला दे और मधु के साथ पान करे। यह स्वरस रक्तातिसार को नाश करता है।

आमातिसारे पथ्यादिचूर्णम्—

पथ्या सौवर्चलं हिङ्गु सैन्धवातिविषे वचा ॥ १०६ ॥
आमातिसारं कफज पीतमुष्णाम्भसा जयेत्।

आमातिसार में पथ्यादि चूर्ण—हर्रे, सौवर्चलनमक, शु० हिंगु, सेन्धानमक, अतीस तथा वच (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण उष्ण जल से पान करने पर कफज-आमातिसार को जीत लेता है।

श्लेष्मातिसारे वत्सकादिचूर्णम्—

वत्सकौ द्वौ प्रतिविषा शृङ्गवेरं रसाञ्जनम् ॥ १०७ ॥
धातकी द्विगुणा क्षौद्रयुतं श्लेष्मातिसारनुत्।

श्लेष्मातिसार में वत्सकादि चूर्ण—कुटज (कोरैया), इन्द्रयव, अतीस, सोंठ, रसाञ्जन एक २ भाग धाय का फूल दो भाग—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ चाटने से श्लैष्मिक अतिसार को दूर करता है।

श्लेष्मातिसारे पाठादिचूर्णम्—

पाठा वचा त्रिकटुकं कुष्ठं कटुकरोहिणी ॥ १०८ ॥
पीतमुष्णाम्बुना चैतच्छ्लेष्मातीसारनाशनम्।

श्लेष्मातिसार में पाठादि चूर्ण—पाढी, वच, त्रिकटुक (सोंठ, पीपर, मरिच), कूट तथा कुटकी (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण, गरम जल से पान करने पर श्लेष्मातिसार को नाश करता है।

वातपित्तातिसारे कलिङ्गादिचूर्णम्—

कलिङ्गं कट्फलं मुस्तं दारु सातिविषा शिवा ॥ १०९ ॥
कल्कं तण्डुलतोयेन पिबेत्पित्तानिलामयी।

वात-पित्तातिसार में कलिङ्गादि चूर्ण—कलिंग (कोरैया), कायफल, मोथा,

देवदारु, अतीस तथा हर्रे—इन द्रव्यों का कल्क तण्डुलोदक के साथ वात-पित्तातिसार में पान करे।

पित्तश्लेष्मातिसारे मुस्तादिकषायः—

मुस्तं सातिविषा दार्वी वचा शुण्ठी च तत्समम् ॥ ११० ॥
कषायं क्षौद्रसंयुक्तं श्लेष्मपित्तातिसारिणाम्।

पित्तश्लेष्मातिसार में मुस्तादि कषाय—मोथा, अतीस, दारुहल्दी, वच, सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ, मधु मिलाकर सेवन करने से श्लेष्म-पित्तातिसार को नाश करता है।

वातश्लेष्मातिसारे विल्वादिक्वाथः—

विल्वं वत्सकबीजानि पाठा हिङ्गु शिवाटिका ॥ १११ ॥
वातश्लेष्मातिसारे च कषायं पाचनं पिबेत्।

वातश्लेष्मातिसार में विल्वादिक्वाथ—बेल, इन्द्रयव, पाढ़ी, शु० हिङ्गु तथा शिवाटिका (नाड़ी हिंगु)—इन द्रव्यों का पाचन कषाय वातश्लेष्मा-तिसार में पान करे।

वातश्लेष्मातिसारे देवदार्वादिकषायः—

पूतिदारुवचारोध्रं कलिङ्गफलनागरम् ॥ ११२ ॥
दाडिमाम्लयुतं दद्याद्वातश्लेष्मातिसारिणाम्।

वातश्लेष्मातिसार में देवदार्वादिकषाय—पूति (करञ्ज), देवदारु, वच, लोध, इन्द्रयव, सोंठ, अनार तथा अम्लवेंत (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय वातश्लेष्म अतिसार से पीड़ित रोगियों को पान कराये।

सर्वातिसारे कुटजादिघृतम्—

कुटजाक्वाथतुल्योऽत्र दाडिमस्य रसो मतः ॥ ११३ ॥
वत्सकस्य तु बीजानि दार्व्याश्च त्वच उत्तमाः।
पिप्पली शृङ्गवेरं च लाक्षा कटुकरोहिणी ॥ ११४ ॥
षड्भिरेतैर्घृतं सिद्धं पेयामण्डावचारितम्।
अतीसारं जयेच्छीघ्रं त्रिदोषमपि दारुणम् ॥ ११५ ॥

सभी प्रकार के अतिसार में कुटजादि घृत—कुटज को अठगुने जल में क्वाथ करे। अष्टमांश क्वाथ के बराबर अनार का रस मिला दे और इन्द्रयव, दारुहल्दी की छाल, पीपर, सोंठ, लाख तथा कुटकी—इन द्रव्यों के कल्क (घृत के चौथाई) के साथ घृत सिद्ध करे और पेया, मण्ड आदि के साथ सेवन करे। यह घृत त्रिदोषजन्य तीव्र अतिसार को शीघ्र जीत लेता है। (इसमें द्रव्य का परिमाण नहीं दिया गया है अतः घृत एक प्रस्थ (सेर),

कुटज का क्वाथ दो प्रस्थ (सेर), अनार का रस दो प्रस्थ (सेर) कल्क द्रव्य एक पाव लेना चाहिए) ॥ ११३-११५ ॥

अतिसारे क्षीरयोगः—

यथाऽमृतं तथा क्षीरमतीसारेषु पूजितम् ।
चिरोत्थितेषु तत्पेयमपां भागैस्त्रिभिः श्रृतम् ॥ ११६ ॥

अतिसार में क्षीर योग—जिस प्रकार अमृत सर्वत्र पूज्य है उसी प्रकार दूध अतिसार में पूजित है । अतः दूध में तीन भाग पानी मिलाकर गरम करे और जीर्ण अतिसार में पान करे ॥ ११६ ॥

प्रवाहिकालक्षणम्—

स्रुते रक्ते पुरीषे च वायुना विद्धि वर्जितम् ।
प्रवाहिकेति तत्स्यातं यत्फेनाभं प्रवर्तते ॥ ११७ ॥

प्रवाहिका लक्षण—रक्त तथा मल के निकल जाने पर उसे वायु से रहित समझे । जिसमें फेन के समान मल निकले उसको प्रवाहिका कहते हैं ॥११७॥

प्रवाहिकायां बिल्वादिलेहः—

बालबिल्वं गुडं तैलं पिप्पलीविश्वभेषजम् ।
लिह्याद्वाते प्रतिहते सशूलः सप्रवाहिकः ॥ ११८ ॥

प्रवाहिका में बिल्वादिलेह—बालबिल्व (मुलायम बेल) का गूदा लेकर कल्क बना ले । उस कल्क को तिल तेल में भून ले और गुड़ की चासनी बनाकर लेहवत् पकावे, ठंढा हो जाने पर पीपर तथा सोंठ के चूर्ण को मिला कर लेह सिद्ध कर ले । इस अवलेह को वायु के अवरोध होने से शूलयुक्त प्रवाहिका से पीड़ित व्यक्ति चाटे ॥ ११८ ॥

प्रवाहिकायां पिप्पल्यादिकल्कयोगः—

पयसा पिप्पलीकल्कः पीतो वा मरिचोद्भवः ।
त्र्यहान्निर्वाहिकां हन्याच्चिरकालानुबन्धिनीम् ॥ ११९ ॥
यथा यथा सतैलः स्याद्वातशान्तिस्तथा तथा ।
प्रशान्ते मारुते चापि शान्तिं याति प्रवाहिका ।
तस्मात्प्रवाहिकारोगे मारुतं शमयेद्भिषक् ॥ १२० ॥

प्रवाहिका में पिप्पल्यादि कल्कयोग—पिप्पली का कल्क या मरिच का कल्क दूध के साथ पीने से पुरानी प्रवाहिका को तीन दिन में नाश करता है । जिस २ प्रकार तैल का प्रयोग होता जायगा, उसी २ प्रकार वायु का प्रशमन होगा । वायु के शान्त होने पर प्रवाहिका भी शान्त हो जाती है । अतः प्रवाहिका के रोग में वैद्य वातशामक औषधों से वात को प्रशमन करे ॥११९-१२०॥

प्रवाहिकायां द्वितीयो बिल्वादिलेहः—

बिल्वपेशीगुडं रोध्रं तैलं मरिचयोजितम् ।
लीढ्वा निर्वाहिकाक्रान्तः क्षिप्रं सुखमवाप्नुयात् ॥ १२१ ॥

प्रवाहिका में द्वितीय बिल्वादिलेह—बेल की छाल के कल्क को तैल में भून कर गुड़ की चासनी बनाकर लेहवत् सिद्ध होने पर लोध तथा मरिच का चूर्ण मिला दे । इस लेह को चाटने से प्रवाहिका से पीड़ित व्यक्ति शीघ्र ही सुख को प्राप्त करता है । (कल्क के चौगुना गुड तथा चौथाई प्रक्षेप द्रव्य छोड़ना चाहिए) ॥ १२१ ॥

प्रवाहिकायामाहारकल्पना—

दध्ना ससारेण समाक्षिकेण भुञ्जीत निस्सारकपीडितस्तु ।
सुतप्तकुप्यक्वथितेन वापि क्षीरेण शीतेन मधुप्लुतेन ॥ १२२ ॥

प्रवाहिका में आहार-कल्पना—प्रवाहिका रोग से पीड़ित व्यक्ति दही के सार के साथ तथा मधु के साथ भोजन करे या तप्तलोहा को दूध में डालकर गरम करे और दूध को ठंडा कर तथा मधु मिलाकर उसके साथ भोजन करे ॥ १२२ ॥

नवातिसारे वटजटायोगः—

राज्येन तक्रेण सह प्रपिष्य न्यग्रोधपादाः परिपीयमानाः ।
नवोद्भवं ह्नन्त्यतिसारमाशु यथा तमिस्राणि नवांऽशुमाली ॥ १२३ ॥

नवीन अतिसार में वट की जटा का योग—वट की जटा को मट्ठा के साथ पीसकर पीने से नवीन उत्पन्न अतिसार को नाश करता है जैसे नवीन सूर्य का किरण अन्धकार को नष्ट कर देता है ॥ १२३ ॥

अतिसारे बब्बूलपल्लवयोगः—

बब्बूलपल्लवचयं सलिलेन सार्धं
संपिष्य यः पिबति तस्य कुतोऽतिसारः ।
पिष्टोदकेन घननादजटा तु हन्ति
तं रक्तयुक्तमपि माक्षिकशर्कराभ्याम् ॥ १२४ ॥

अतिसार में बबूल के पल्लव का योग—बबूल की पत्तियों को जल के साथ पीसकर जो पान करता है उसको अतिसार का रोग कैसे हो सकता है । नागरमोथा की जटा को जल के साथ पीसकर मधु तथा शक्कर के साथ पान करने से रक्तयुक्त अतिसार नष्ट हो जाता है ॥ १२४ ॥

सर्वातिसारे मुस्तादिचूर्णम्—

मुस्तमोचरसरोध्रधातकी-पुष्पबिल्वगिरिमल्लिजैः फलैः ।
चूर्णितैः सगुडतक्रसेवितैर्निम्नगाजलरयोऽपि रुध्यते ॥ १२५ ॥

सभी प्रकार के अतिसार में मुस्तादिचूर्ण—मोथा, सेमर का गोंद, लोध, धाय का फूल, बेल का गूदा तथा इन्द्रयव (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण, गुड़ तथा मट्ठा से सेवन करने पर नीचे की तरफ बहने वाले जल के वेग के समान प्रवाहित होनेवाला अतिसार भी रुक जाता है। अर्थात् इस चूर्ण को सेवन करने से उद्धत सभी प्रकार के अतिसार रुक जाते हैं ॥ १२५ ॥

सर्वातिसारेऽजमोदादिचूर्णम्—

अजमोदा मोचरसं सश्रृङ्गवेरं च धातकीकुसुमम् ।
गोमथितसंप्रयुक्तं गङ्गामपि वाहिनीं रुन्ध्यात् ॥ १२६ ॥

सर्वातिसार में अजमोदादि चूर्ण—अजमोदा, मोचरस, अदरख (सोंठ), धाय का फूल, इन सबों का चूर्ण गाय के मथित (मट्ठा) के साथ प्रयोग करने पर गङ्गा नदी के प्रवाह को भी रोक देता है फिर अतिसार की कौन-सी बात है।

सर्वातिसारे मुस्तकक्काथः—

क्काथश्च मुस्तककृतः समधुः सुशीतः
पीतः प्रवृद्धमतिसारगदं निहन्ति ।

सभी प्रकार के अतिसार में मुस्तक क्काथ—मोथा का क्काथ शीतलकर मधु के साथ पीने से तीव्र अतिसार रोग को नाश करता है।

पक्कातिसारे कुटजादिलेहः—

पक्कातिसारमथ कौटजकल्कलेहः
साम्बष्ठकादिमधुकादियुतः सृतो वा ॥ १२७ ॥

पक्कातिसार में कुटजादि लेह—कुटज के कल्क का अवलेह अम्बष्ठकादि (पाठा, धातकीपुष्प, लज्जालु, श्योनाक, मुलेठी, बिल्व, शावररोध्र तथा मधुकादि (मुलेठी, गुडूची, पृश्निपर्णी, पाठा, लज्जालु, मोचरस, धातकी, नन्दी-वृक्ष, पद्मकेशर) पलास, लोध, प्रियङ्गु, कट्फल) गण के औषधों से युक्त या इन द्रव्यों का क्काथ, पक्कातिसार को नष्ट करता है ॥ १२७ ॥

श्लेष्मातिसारे वचाद्यं चूर्णम्—

वचा त्रिकटुकं पाठा कुष्ठं च कटुरोहिणी ।
एतत्सोष्णजलं चूर्णं पिबेच्छ्लेष्मातिसारजित् ॥ १२८ ॥

श्लेष्मातिसार में वचादि चूर्ण—वच, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), पाढ़ी, कूट तथा कुटकी—इन द्रव्यों के चूर्ण को गरम जल से पान करे। यह चूर्ण श्लेष्मातिसार (कफजन्य अतिसार) को जीत लेता है ॥ १२८ ॥

अतिसारे दाडिमादिकल्कः—

दाडिमीधातकीमूलकण्टारीकुटजत्वचः ।
रोध्रं तण्डुलतोयेन प्रपिष्टमतिसारजित् ॥ १२९ ॥

अतिसार में दाडिमादि कल्क—अनार, धाय का फूल, मूल (पुष्करमूल), भटकटैया, कुटज की छाल तथा लोध—इन द्रव्यों का कल्क, तण्डुलोदक के साथ पान करने से अतिसार को जीत लेता है ॥ १२९ ॥

गुददाहप्रपाकयोः परिषेकः—

गुददाहे प्रपाके वा पटोलमधुकाम्बुना ।
सेकादिकं प्रशंसन्ति छागेन पयसाऽथवा ॥ १३० ॥

गुददाह तथा पाक में परिषेक—गुददाह तथा गुदपाक में परोरा तथा मुलेठी के क्वाथ से परिषेक (सेचन) करना चाहिए या उष्ण बकरी के दूध से परिषेक (सेचन) करे। इसकी प्रशंसा वैद्यलोग करते हैं ॥ १३० ॥

गुदनिःसरणप्रतिकारः—

स्वेदोऽथ मौपकैर्मांसैर्गोवसाभिश्च म्रक्षणम् ।
गुदनिःसरणे शस्तं चाङ्गेरीघृतमुत्तमम् ॥ १३१ ॥

गुद-निःसरण-प्रतिकार—गुदा के निकलने में मूषक के मांस से स्वेदन करना तथा गाय की वसा को मलना प्रशस्त है और चाङ्गेरी का घृत गुदा निकलने को रोकने के लिये उत्तम है ॥ १३१ ॥

अतिसारोपद्रवचिकित्सा—

शोफादीनविरोधाच्च साधयेत्स्वैश्चिकित्सितैः ।
शोफं शूलं ज्वरं तृष्णां श्वासं कासमरोचकम् ॥ १३२ ॥
छर्दिं मूर्च्छां च हिक्कां च दृष्ट्वाऽतीसारिणं त्यजेत् ।

अतिसार के उपद्रव की चिकित्सा—अतिसार में शोथ आदि के अविरुद्ध उपद्रवों को अपनी चिकित्सा (तत्तत्-शामक औषधों) से शान्त करे। शोथ, शूल, ज्वर, प्यास, श्वासरोग, कास, अरोचक, वमन, मूर्च्छा तथा हिचकी आदि उपद्रव से युक्त अतिसार के रोगी को देखकर छोड़ दें। अर्थात् इन उपद्रवों से युक्त अतिसार के रोगी असाध्य होते हैं।

अतिसारे वर्ज्यानि—

स्नानाभ्यङ्गावगाहांश्च गुरुस्निग्धादिभोजनम् ।
व्यायाममग्निसन्तापमतीसारी विवर्जयेत् ॥ १३३ ॥

अतिसार में निषिद्ध कार्य—अतिसार रोग से पीड़ित व्यक्ति स्नान, अभ्यङ्ग (तैलमर्दन), अवगाहन (जल में तैरना), गुरु तथा स्निग्ध अतिसार रोगोत्पादक भोजन, व्यायाम तथा आग के पास बैठना छोड़ दें। अर्थात् उपरोक्त कर्म-भोजन तथा व्यायामादि सेवन अतिसार रोग को बढ़ानेवाले हैं ॥ १३३ ॥

इति कायचिकित्साखण्डे अतीसाराधिकारो द्वितीयः ।

अथ ग्रहणीरोगाधिकारस्तृतीयः ।

ग्रहणीसंप्राप्तिः—

अतीसारे निवृत्तेऽपि मन्दाग्नेरहिताशिनः ।
भूयः सदूषितो वह्निर्ग्रहणीमभिदूषयेत् ॥ १ ॥
ग्रहण्या बलमग्निर्हि स चापि ग्रहणीश्रितः ।
तस्मात्संदूषिते वह्नौ ग्रहणी संप्रदूष्यते ॥ २ ॥
एकैकशः सर्वशश्च दोषैरत्यर्थमूर्च्छितैः ।
सा दुष्टा बहुशो भुक्तमाममेव विमुञ्चति ॥ ३ ॥
पक्वं वा सरुजं पूति मुहुर्बद्धं मुहुर्द्रवम् ।
ग्रहणीरोगमाहुस्तमायुर्वेदविदो जनाः ॥ ४ ॥

ग्रहणी रोग की संप्राप्ति—अतिसार के निवृत्त हो जाने पर या प्रारम्भ से ही कुपथ्य सेवन करनेवाले मन्दाग्नि पुरुष की जाठराग्नि, वात आदि दोषों से पुनः अधिक विकृत होकर ग्रहणी को भी विकृत कर देती है। ग्रहणी का बल अग्नि है और वह ग्रहणी के आश्रय से रहता है अतः जाठराग्नि के दूषित होने पर ग्रहणी रोग उत्पन्न होता है। इस प्रकार प्रकुपित वात आदि किसी एक, दो अथवा तीनों दोषों से विकृत ग्रहणी खाये हुए पदार्थ को आमावस्था में अथवा कभी कभी पक्वावस्था में भी अनेक बार त्यागती है। यह मल दुर्गन्धित कभी बंधा हुआ (वातानुबन्ध) और कभी द्रव (पित्तानुबन्ध) स्वरूप में बार-बार वेदना के सहित निकलता है। इसको आयुर्वेद को जाननेवाले ग्रहणी कहते हैं ॥ १–४ ॥

विमर्शः—ग्रहणी अग्नि का अधिष्ठान है पाचनगत अन्य रोगों की तरह ग्रहणी का भी प्रधान हेतु मन्दाग्नि ही है। यद्यपि मुख से गुदपर्यन्त पाचन संस्थान के सभी अवयव इस रोग में विकृत हो जाते हैं तथापि ग्रहणी विकार का प्रधान अधिष्ठान ग्रहणी है। अतः आश्रय और आश्रयी को अभेद मानकर ग्रहणी के आश्रित विकार को भी ग्रहणी नाम से ही कहा जाता है। ग्रहणी के अतिरिक्त वमन, अतिसार, हैजा, विलम्बिका, अलसक आदि सभी पाचन-संस्थानगत रोगों का मूल भी दोषाच्छादित, पाचक पित्त अथवा अग्नि की मन्दता है। इन रोगों के सम्प्राप्ति-भेद से लक्षणों का भेद हो जाता है अन्यथा ये सभी रोग एक वर्ग के हैं। आम दोष जब आमाशय में रहता है

तब छर्दि उत्पन्न करता है और वही जब आगे आन्त्र में चला जाता है तो अतिसार या प्रवाहिका सदृश रोगों को उत्पन्न करता है। अतिसार की संप्राप्ति में भी जाठराग्नि की क्षीणता का प्रतिपादन किया गया है। अग्नि का महत्त्व पाचन के लिये ही नहीं बल्कि शरीर-निर्माण की सम्पूर्ण क्रियाओं के लिये भी है। अन्न की देह, धातु, ओजबल आदि की पोषकता अग्निबल पर ही निर्भर है क्योंकि अग्नि के अभाव में इन सबके पोषक रसधातु की उत्पत्ति नहीं हो सकती। अतः कहा गया है कि अग्नि की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति पर प्राणी का जीवन-मरण निर्भर है।

अतिसार के बाद अग्निमान्द्य का कारण यह है कि विभिन्न कारणों से उत्पन्न अतिसार की अवस्था में मल को निकालने के लिये आन्त्र को अधिक कार्य करना पड़ता है जिसके कारण आन्त्रिक पेशियों में थकावट तथा कभी-कभी श्लैष्मिक कला में व्रणशोथ भी उत्पन्न हो सकते हैं। इस अवस्था में आन्त्र की गति एवं तज्जन्य पाचक रसों का स्राव भी परिपूर्ण नहीं हो पाता। इसकी कमी ही अग्निमान्द्य है। अतः कभी-कभी अतिसार बिना उत्पन्न हुए भी अन्य कारणों से उत्पन्न मन्दाग्नि के परिणामस्वरूप भी ग्रहणी-विकार हो जाता है तथा अतिसार के कारण अग्नि के मन्द होने, अपथ्य सेवन करने से अग्नि मन्दतम हो जाती है और ग्रहणी के आश्रित होने से उसे दूषित करती है जिससे ग्रहणी रोग हो जाता है। और वह कभी-कभी आम और कभी-कभी अर्द्धपक्वावस्था में ही बार-बार मल को निकालता है। यह मल वातानुबन्धि होने के कारण बद्ध तथा पित्तानुबन्धि होने के कारण द्रवरूप में निकलता है।

ग्रहणीपूर्वरूपम्—

पूर्वरूपं तु तस्येदं तृष्णाऽऽलस्यं बलक्षयः।
विदाहोऽन्नस्य पाकश्च चिरात्, कायस्य गौरवम्॥ ५॥

ग्रहणी का पूर्वरूप—ग्रहणी रोग के उत्पन्न होने के पूर्व, प्यास, आलस्य, बल की हानि, अन्न की विदग्धता, विलम्ब से अन्न का परिपाक तथा शरीर का भारीपन ये लक्षण प्रतीत होते हैं॥ ५॥

वातिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम्—

कटुतिक्तकषायातिरूक्षशीतालपभोजनैः।
प्रमिताशनात्यध्ववेगनिग्रहमैथुनैः॥ ६॥
मारुतः कुपितो वह्निं संछाद्य कुरुते गदान्।
तस्यान्नं पच्यते दुःखं शुक्लपाकं खराङ्गता॥ ७॥
कण्ठास्यशोषक्षुत्तृष्णास्तिमिरं कर्णयोः स्वनः।
पार्श्वोरुवङ्क्षणग्रीवारुगभीक्ष्णं विषूचिका॥ ८॥

हृत्पीडाकार्श्यदौर्बल्यं वैरस्यं परिकर्तिका ।
गृद्धिः सर्वरसानां तु मनसः सदनं तथा ॥ ९ ॥
जीर्णे जीर्यति चाध्मानं भुक्ते स्वास्थ्यमुपैति च ।
स वातगुल्महृद्रोगप्लीहाशङ्की च मानवः ॥ १० ॥
चिराद् दुःखं द्रवं शुष्कं तन्वामं शब्दफेनवत् ।
पुनः पुनः सृजेद्वर्चः कासश्वासार्दितोऽनिलात् ॥ ११ ॥

वातिकग्रहणी के निदान आदिपूर्वक लक्षण—कटु, तिक्त, कषाय रस प्रधान, अधिक रूक्ष एवं दुष्ट भोजन के करने, भोजन की कमी, उपवास, अधिक मार्गगमन, वेग (मूत्र, पुरीष, प्यास आदि का वेग) धारण करने तथा अति मैथुन करने से प्रकुपित वायु जाठराग्नि को आच्छादित कर निम्नलिखित रोगों को उत्पन्न करता है । उपरोक्त सम्प्राप्ति से युक्त व्यक्ति का अन्न कष्ट से पचता है, अम्लपाक होता है, अंग कर्कश होते हैं, कण्ठ एवं मुख सूखा रहता है, भूख और प्यास लगती है, आंख में तिमिर (मन्द दृष्टि) हो जाता है, कान में हुंकार आदि शब्द सुनाई देते हैं, पार्श्व, ऊरु, वंक्षण तथा ग्रीवा में निरन्तर वेदना प्रतीत होती है । विसूचिका भी हो जाती है, हृदयपीड़ा, कृशता, दुर्बलता, मुख में विरसता तथा गुदा में काटने की तरह पीड़ा होती है । सभी रसों को खाने की इच्छा होती है, मन खिन्न रहता है । भोजन के पच जाने पर या पच्यमानावस्था में आध्मान (उदर—पक्वाशय का फूलना) हो जाता है किन्तु भोजन के तुरन्त बाद रोगी स्वस्थता का भान करने लगता है । वह रोगी, वातगुल्म, हृद्रोग तथा प्लीहा-वृद्धि की आशंका करने लगता है । कास एवं श्वास से पीड़ित वह रोगी बहुत देर में कष्टपूर्वक कभी-कभी सूखा एवं कभी-कभी द्रव, पतला, आम एवं अपानवायु के साथ फेनयुक्त मल त्याग करता है । ये वातिक ग्रहणी के लक्षण हैं ॥ ९–११ ॥

विमर्शः—संयोग-विरुद्ध या देश-कालादि 'विरुद्ध भोजन' को संदुष्ट भोजन कहते हैं । मात्रा एवं पोषण के अनुसार अत्यल्प भोजन को 'प्रमित भोजन' कहते हैं । वातिक ग्रहणी में पाचन रस का स्राव ठीक २ नहीं होता है, अतः मल अपक्वावस्था में ही निकल जाता है । भोजन का अम्लपाक या शुक्तपाक होता है । वायु का गुण रूक्ष एवं स्नेह की कमी से शरीर स्पर्श खुरदुरा हो जाता है । पोषकतत्त्वों के अभाव के कारण आंखों में तिमिर हो जाता है । शारीरिक धातुओं में आमदोष व्याप्त होने के कारण रक्ताल्पता तथा तज्जन्य वातविकृति के कारण हृदय, पार्श्वग्रीवा आदि में वेदना होती है । ओज न बनने के कारण कृशता एवं दुर्बलता हो जाती है । भोजन के पचन काल से लेकर आध्मान आदि लक्षण उत्पन्न होने लगते हैं और पक्वावस्था में ये लक्षण अधिक साफ

हो जाते हैं। पाचन काल में पाचक रसों की कमी के कारण शुक्त पाक एवं गैसों के उत्पन्न होने के कारण आध्मान होता है। भोजन के तुरन्त बाद कफ की वृद्धि तथा वायु के शान्त होने से स्वस्थता का अनुभव होता है। कुछ दिन बाद आमदोष का आधिक्य, शक्ति का अभाव एवं धातु-क्षय होने से श्वासकृच्छ्र तथा कास आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं।

पैत्तिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम्—

कटूष्णजीर्णविदाह्यम्लक्षाराद्यैः पित्तमुल्बणम्।
आप्लावयद्धन्त्यनिलं जलं तप्तमिवानलम् ॥ १२ ॥
सोऽजीर्णं नीलपीताभं पीताभः सार्यते द्रवम्।
पूत्यम्लोद्गारहृत्कण्ठदाहारुचितृडर्दितः ॥ १३ ॥

पैत्तिक ग्रहणी का निदान-सम्प्राप्ति आदिपूर्वक लक्षण—जैसे गरम जल अग्नि को बुझा देता है वैसे ही कटु, अजीर्ण विदाही, अम्ल तथा क्षार आदि पित्तवर्द्धक पदार्थों से प्रकुपित पित्त भी व्याप्त होकर पाचकाग्नि को नष्ट कर देता है। इस प्रकार रोगी अजीर्ण, नील या पीत वर्ण का मल त्याग करता है और रोगी का रंग पीला पड़ जाता है। दुर्गन्धियुक्त खट्टी डकारें आती हैं, हृदय तथा कण्ठ प्रदेश में दाह होती है और रोगी अरुचि एवं प्यास से व्याकुल रहता है ॥ १२–१३ ॥

विमर्शः—पित्तजग्रहणी में मल अपेक्षाकृत पतला तथा दाहयुक्त होता है। पित्त आग्नेय होते हुए भी द्रव है और उसमें द्रवांश अधिक होने पर उसी प्रकार अग्नि को मन्द कर देता है जैसे गरम जल आग को बुझा देता है। कटु तिक्त आदि पदार्थों को परिमित मात्रा में उपयोग करने से किसी प्रकार की हानि नहीं होती बल्कि पित्त की उत्पत्ति उचित मात्रा में होने से भोजन का पाचन अच्छी तरह से होता है। किन्तु निरन्तर अधिक मात्रा में सेवन करने से पित्त को उत्पन्न करनेवाली ग्रन्थियों में क्षोभ होकर अन्त में पित्त की उत्पत्ति स्वाभाविक से भी कम हो जाती है और जो कुछ पित्त की उत्पत्ति होती भी है वह भी दूषित पित्त को बढ़ाने में ही सहायक होती है। अम्ल उद्गार का होना दूषित पित्त की अतिमात्र वृद्धि का स्वाभाविक परिणाम है। इसको 'अम्लोत्कर्षता' कहते हैं। दूषित पित्त पाचन कार्य के लिये सर्वथा अनुपयोगी है।

श्लैष्मिकग्रहण्या निदानादिपूर्वकं लक्षणम्—

गुर्वतिस्निग्धशीतादिभोजनादतिभोजनात्।
भुक्तमात्रस्य च स्वप्नाद्धन्त्यग्निं कुपितः कफः ॥ १४ ॥
तस्यान्नं पच्यते दुःखं हृल्लासश्छर्दिरोचकौ।

आस्योपदेहमाधुर्यं कासष्ठीवनपीनसाः ॥ १५ ॥
हृदयं मन्यते स्त्यानमुदरं स्तिमितं गुरु ।
दुष्टो मधुर उद्गारः सदनं स्त्रीष्वहर्षणम् ॥ १६ ॥
भिन्नामश्लेष्मसंसृष्टगुरुवर्चःप्रवर्तनम् ।
अकृशस्यापि दौर्बल्यमालस्यं च कफात्मके ॥ १७ ॥

श्लैष्मिक ग्रहणी का निदान-सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—अति गुरु, अति स्निग्ध, अति शीतल आदि (पिच्छिल-मधुर) भोजन करने से, अधिक भोजन करने से तथा दिन में भोजन के बाद तुरन्त सो जाने से, कफ दूषित होकर पाचकाग्नि को नष्ट कर देती है। ऐसे व्यक्ति का अन्न-पाचन कठिनाई से होता है, हृल्लास (मिचली), वमन तथा अरोचक हो जाते हैं। मुख लिप्त एवं मधुर प्रतीत होता है कास, बार-बार थूकने की प्रवृत्ति एवं पीनस (प्रतिश्याय) हो जाता है, हृदय घन द्रव से भारी सा प्रतीत होता है, उदर बँधा हुआ एवं भारी हो जाता है, विकृत एवं मीठी डकारें आती हैं। इसके अतिरिक्त जाठराग्नि का नाश, स्त्री-प्रसङ्ग की इच्छा का अभाव, आम एवं कफ से युक्त भिन्न एवं गुरु मल की प्रवृत्ति का होना, कृश न होने पर भी दुर्बलता तथा आलस्य का अनुभव होना, ये कफात्मक ग्रहणी के लक्षण हैं ॥ १४–१७ ॥

विमर्शः—भोजन के उपरान्त तुरन्त दिन में सोने से कफ की वृद्धि होती है और अग्नि की मन्दता हो जाती है। यदि बिना भोजन किये सोया जाय तो अग्नि की वृद्धि ही होती है। अतः "नरान्निरशनान्कामं दिवा स्वापयेत्" अर्थात् भोजन न किये हुए व्यक्तियों को दिन में खूब सुलाना चाहिए, यह कहा गया है। शरीर में जीवनीयांश की कमी होने के कारण कृश दिखाई न देने पर भी दुर्बलता हो जाती है। और शोथ भी होना स्वाभाविक हो जाता है।

त्रिदोषजग्रहण्या लिङ्गम्—

पृथग्वातादिनिर्दिष्टहेतुलिङ्गसमागमे ।
त्रिदोषं निर्दिशेदेवं तेषां वक्ष्यामि भेषजम् ॥ १८ ॥

त्रिदोषज ग्रहणी का लक्षण—जिस ग्रहणी-विकार में अलग-अलग बताये हुए वात, पित्त एवं कफ के प्रकोप के कारण एवं लक्षणों का समावेश मालूम हो उसे 'त्रिदोषज ग्रहणी' कहते हैं। अर्थात् सामूहिक रूप में वात, पित्त तथा कफ के प्रकोपक आहार-विहार के करने से त्रिदोषज ग्रहणी की उत्पत्ति होती है। आगे उसकी औषधि का निरूपण करेंगे ॥ १८ ॥

ग्रहण्या असाध्यलक्षणानि—

संसृष्टा व्याधयो यस्य प्रतिलोमाविलोमगाः।
आपन्नग्रहणीरोगः सोऽर्धमासं न जीवति ॥ १९ ॥

ग्रहणी का असाध्य लक्षण—जिस रोगी की सम्मिलित व्याधियां प्रतिलोम (उलटा) चलनेवाली, विलोम न चले और ग्रहणी रोग हो जाय तो वह रोगी आधा महीना भी नहीं जीवित रहता है। अर्थात् जिस रोगी की सन्निपातज व्याधियाँ अच्छी न होती हों और उसी को ग्रहणी-विकार भी उत्पन्न हो जाय तो वह रोगी आधा महीना भी नहीं जीवित रह सकता ॥१९॥

संग्रहग्रहणीलक्षणम्—

अन्त्रकूजनमालस्यं दौर्बल्यं सदनं भवेत्।
द्रवं घनं सितं स्निग्धं सकटीवेदनं शकृत् ॥ २० ॥
आमं बहु सपैच्छिल्यं सशब्दं मन्दवेदनम्।
पक्षान्मासाद्दशाहाद्वा नित्यं वाऽप्यथ मुञ्चति ॥ २१ ॥
दिवा प्रकोपो भवति रात्रौ शान्तिं व्रजत्यपि।
दुर्विज्ञेया दुर्निवारा चिरकालानुबन्धिनी ॥ २२ ॥
सा भवेदामवातेन सङ्ग्रहग्रहणी परा।

संग्रह संग्रहणी का लक्षण—अन्त्रकूजन, आलस्य, दौर्बल्य, मन्दाग्निता एवं कटि की वेदना से पीड़ित होने के साथ रोगी तरल, शीत तथा कभी घन (गाढ़ा), स्निग्ध, आम-पिच्छिलता युक्त अत्यधिक मल को शब्द (हुंकार आदि) एवं मन्द पीड़ा के साथ त्यागता है। इसका आक्रमण पन्द्रह दिन, एक मास, दस दिन के पश्चात् या प्रतिदिन भी हो सकता है। इसका प्रकोप दिन में होता है और रात्रि को शान्त हो जाता है। यह कठिनता से जानने योग्य दुश्चिकित्स्य (कष्टसाध्य) एवं चिरकालीन स्वरूप की होती है। वह आमवायु से उत्पन्न होती है। इसे संग्रह-ग्रहणी या संग्रहणी कहते हैं।

विमर्श—वस्तुतः यह भी त्रिदोषज ग्रहणी का वर्द्धमान स्वरूप है। परिणामतः यह असाध्य वा कष्टसाध्य होती है। कुछ समय तक दोषों और मल का संग्रह होता रहता है और बाद में उसका निर्हरण हो जाता है। संग्रह की प्रवृत्ति होने से इसे 'संग्रह-ग्रहणी' या 'संग्रहणी' कहते हैं। इस अवस्था में आन्त्र अत्यधिक कृश हो जाती है अतः थोड़े मल को भी निकालने में असमर्थ हो जाती है। दोषों का अधिक मात्रा में संचय हो जाने पर ही आन्त्र क्रिया करती है। पहले आन्त्र इस निर्हरण-क्रिया को एक मास, पन्द्रह दिन या दस दिन के अन्तर पर करती है किन्तु दुष्ट मल की अत्यधिक मात्रा हो जाने पर प्रतिदिन निर्हरण करने लगती है। दिन के मध्य से प्रातःकाल तक मल

का संचय होता है और शेष समय में निर्हरण होता है। मलत्याग जल्दी-जल्दी कई बार होता है। इस संग्रहणी में आम-वायु एवं कफ की प्रधानता रहती है। अर्वाचीन विज्ञान में 'स्प्रू' कहते हैं।

घटीयन्त्रग्रहणीलिङ्गम्—

संसृष्टा व्याधयो यस्य गलज्जलघटीध्वनिः।
तं वदन्ति घटीयन्त्रमसाध्यं ग्रहणीगदम्॥ २३॥

इति ग्रहणीनिदानम्।

घटीयन्त्र ग्रहणी का लक्षण—जिस रोग में ग्रहणी रोग के वात, पित्त के एवं कफ के सभी लक्षण उपस्थित हों और मल-त्याग करते समय जल में डूबते हुए घड़े के समान ध्वनि होता हो उसको 'घटीयन्त्र ग्रहणी रोग' कहते हैं। यह घटी यन्त्र ग्रहणी रोग असाध्य होता है॥ २३॥

संग्रहणी रोग निदान समाप्त।

संग्रहणी एवं अतिसार के भेद

ग्रहणी	अतिसार
(१) यह अतिसार के बाद होता है।	(१) यह प्रारम्भ से ही होता है।
(२) द्रव-सरण कम होता है कभी २ मल बँधा भी होता है।	(२) इसमें द्रव-निर्हरण अधिक होता है।
(३) केवल मल का क्षरण होता है धातु का नहीं केवल अन्तिम अवस्था में हो सकता है।	(३) मल के साथ धातु का भी क्षरण हो सकता है।
(४) वेग अपेक्षाकृत कम होता है।	(४) इसके वेग अपेक्षाकृत अधिक होते हैं।
(५) ओजक्षय होता है।	(५) इसमें ओजक्षय नहीं होता है।

अथातो ग्रहणीरोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

ग्रहण्याः सामान्यलक्षणम्—

भ्रमस्तृष्णाऽरुचिश्छर्दिर्मुखं च विरसं स्रुतिः।
सनादा चेति सामान्यं ग्रहणीलक्षणं भवेत्॥ २४॥
मुहुर्मुञ्चति गृह्णाति विमुञ्चति मुहुर्मुहुः।
ग्रहणी सेति विज्ञेया वातपित्तादिदोषजा॥ २५॥

ग्रहणी का सामान्य लक्षण–भ्रम, प्यास, अरुचि, वमन, मुख का फीकापन, शब्द (हुंकार आदि) के साथ मल का निकलना ये ग्रहणी रोग के सामान्य

लक्षण होते हैं। कभी-कभी बार-बार मल त्याग होता है और कभी-कभी रुक जाता है। यह वात, पित्त तथा कफजन्य होता है इसको ग्रहणी रोग कहते हैं॥ २४-२५॥

वातिकग्रहणीलक्षणम्—

हस्तयोः पादयोः कम्पस्तालुशोषः शिरोव्यथा।
श्वासो मूर्च्छा गुदे कुक्षौ जठरे चातिवेदना॥ २६॥
मलः सामः सफेनश्च जायते च पुनः पुनः।
वातोत्थग्रहणीचिह्नमिदमूचुर्विचक्षणाः॥ २७॥

वातिक ग्रहणी का लक्षण—दोनों हाथ तथा दोनों पैरों में कम्पन, तालु का सूखना, सिर में पीड़ा, श्वास का बढ़ जाना, कास, गुदा, उदर तथा पक्वाशय में अधिक वेदना का अनुभव होना, बार-बार फेनयुक्त आम मल का निकलना, इसको विद्वान् लोग वातजन्य ग्रहणी का लक्षण कहते हैं॥२६-२७॥

वातिकग्रहण्यां रिङ्गिण्यादिचूर्णम्—

रिङ्गिणी बृहती कृष्णा काकोलीन्द्रयवौ वचा।
कर्चूरः सैन्धवं पाठा काचादिविडपूर्वकम्॥ २८॥
लवणं चित्रकश्चूर्णमेषां सौवर्चलान्वितम्।
तदाशु वातजां हन्ति ग्रहणीं वारिणा युतम्॥ २९॥

वातिकग्रहणी में रिङ्गिण्यादिचूर्ण—रिङ्गिणी (कण्टकारी "भटकटैया") बनभंटा, पिप्पली, काकोली, इन्द्रयव, वच, कचूर, सेन्धानमक, पाढ़ी, काच (सांभरनमक), विडनमक, (विरियानमक) सामुद्रनमक, चित्रक, सौवर्चल-नमक—इन द्रव्यों का चूर्ण जल के साथ सेवन करने से वातिकग्रहणी को शीघ्र नाश करता है॥ २८-२९॥

पैत्तिकग्रहणीलक्षणम्—

नीलः पीतोऽथ दुर्गन्धो मलः पीडा गुदे हृदि।
दाहोऽरुचिस्तृषा चिह्नं पित्तग्रहणिकोद्भवम्॥ ३०॥

पैत्तिकग्रहणी का लक्षण—जिसमें नीलवर्ण तथा दुर्गन्धयुक्त मल निकलता हो, गुदा तथा हृदय में पीड़ा हो, दाह, अरुचि तथा प्यास लगती हो, ये सब पित्तजन्य ग्रहणी के लक्षण हैं॥ ३०॥

पैत्तिकग्रहण्यां कटुकादिकल्कः—

कटुकेन्द्रयवौ पाठां कुटजत्वग्रसाञ्जनम्।
धातक्यतिविषे शुण्ठीं मुस्तां पिष्ट्वा च वारिणा॥ ३१॥
विष्टम्भमरुचिं रक्तं दाहं च गुदवेदनाम्।
पित्तोत्थग्रहणीं हन्ति मधुना सह भक्षितः॥ ३२॥

पैत्तिकग्रहणी में कटुकादिक्वाथ—कुटकी, इन्द्रयव, पाढ़ी, कुटज की छाल, रसाञ्जन, धाय का फूल, अतीस, सोंठ तथा नागरमोथा—इन द्रव्यों को जल के साथ पीसकर मधु मिलाकर खाने से विष्टम्भ (विबन्ध), अरुचि, रक्त (रक्तपित्त), दाह, गुदा की पीड़ा तथा पित्तजन्य ग्रहणी को नाश करता है ॥ ३१-३२ ॥

पैत्तिकग्रहण्यां कुटजादिचूर्णम्—

कुटजोऽतिविषा शुण्ठी मधुकं धातकीफलम् ।
शाल्मलीशुष्कनिर्यासः कणा मुस्ता समांशतः ॥ ३३ ॥
सुश्लक्ष्णं चूर्णमेतेषां मधुना सह भक्षितम् ।
हन्त्यामरक्तपित्तोत्थां ग्रहणीमतिवेगतः ॥ ३४ ॥

पैत्तिक ग्रहणी में कुटजादिचूर्ण—कुटज, (कोरैया) अतीस, सोंठ, मुलेठी, धाय का फूल, फल (मदनफल) सेमर का सूखा गोंद, पिप्पली तथा मोथा, समभाग—इन द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण, मधु के साथ खाने से, आमजन्य, रक्तजन्य तथा पित्तजन्य अधिक वेगवाला ग्रहणी रोग को नाश करता है ॥ ३३-३४ ॥

श्लैष्मिक-सान्निपातिकग्रहणीलिङ्गम्—

श्वासोऽरुचिर्जलं वक्त्रे रोमाञ्चोऽथ गुरूदरम् ।
श्लेष्मग्रहणिकाचिह्नं, मिश्रं चेत्सा त्रिदोषजा ॥ ३५ ॥

श्लैष्मिक एवं सान्निपातिक ग्रहणी का लक्षण—श्वास का बढ़ जाना अरुचि, मुँह में पानी भर आना, रोमाञ्च होना, पेट का भारी होना, ये श्लैष्मिक ग्रहणी के लक्षण हैं। वात, पित्त तथा कफ तीनों के लक्षण से युक्त होने पर त्रिदोषज ग्रहणी कहते हैं ॥ ३५ ॥

श्लैष्मिकग्रहण्यामभयादिचूर्णम्—

अभयाऽतिविषा शुण्ठी वचा मुस्तं कणा शिफा ।
विडादिलवणं वह्निः कुष्ठं दारु समांशतः ॥ ३६ ॥
सुश्लक्ष्णचूर्णमेतेषां भक्षितं तप्तवारिणा ।
श्लेष्मजां ग्रहणीं हन्ति पक्वामामां सदाऽचिरात् ॥ ३७ ॥

श्लैष्मिक ग्रहणी में अभयादि चूर्ण—हर्रे, अतीस, सोंठ, वच, मोथा, पीपर, अपामार्ग, बिडनमक, सेंधानमक, सौवर्चल नमक, चित्रक, कूठ तथा देवदारु समभाग—इन द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण प्रतिदिन गरम जल से पान करने पर कफजन्य आम तथा पक्व ग्रहणी रोग को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ३६-३७ ॥

ग्रहण्यां सामान्यचिकित्सा—

ग्रहणीमाश्रितं दोषमजीर्णवदुपाचरेत् ।

अतीसारोक्तविधिना तस्यामं च विपाचयेत् ॥ ३८ ॥

ग्रहणी में सामान्य चिकित्सा—दोषों (वात, पित्त तथा कफ) के ग्रहणी में आश्रित होने पर अजीर्ण के तरह उपचार करे और अतिसार प्रकरण में कही विधि के अनुसार दीपन-पाचन औषधों से ग्रहणी के आमदोष का परिपाक कराये ॥ ३८ ॥

ग्रहण्यामाहारकल्पना—

कपित्थबिल्वचाङ्गेरीतक्रदाडिमसाधिता ।
यवागूः पाचयत्यामं शकृत्संवर्तयत्यपि ॥ ३९ ॥
लघुना पञ्चमूलेन पञ्चकोलेन पाठया ।
अन्नानि कल्पयेद्विद्वान् बिल्ववृक्षाम्लदाडिमैः ॥ ४० ॥
ग्रहणीदोषिणां तक्रं दीपनं ग्राहि लाघवात् ।
पथ्यं मधुरपाकित्वान्न च पित्तप्रदूषणम् ॥ ४१ ॥
कषायोष्णविकाशित्वाद्रूक्षत्वाच्च कफे हितम् ।
वाते स्वाद्वम्लसान्द्रत्वात्सद्यस्कमविदाहि तत् ॥ ४२ ॥

ग्रहणी में आहार-कल्पना—कैथ, बेल, चांगेरी (चौपतिया "खट्टी बूटी"), तक्र तथा अनार से साधित यवागू आमदोष को पचाती है तथा मल को बाहर निकालती भी है ।

लघु पञ्चमूल (सरिवन, पिठवन, भटकटैया, बनभंटा, गोखरू), पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक तथा सोंठ) तथा पाढ़ी—इन द्रव्यों से अन्न सिद्ध करे एवं बेल, अम्लवेंत तथा अनार से अन्न सिद्ध कर ग्रहणी के रोगी को सेवन कराये । तक्र (मट्ठा) ग्रहणी दोषवाले रोगियों की जठराग्नि को दीप्त करनेवाला है, लघु (हल्का) होने से ग्राही (मल को रोकनेवाला) (तथा उष्ण या दीपन-पाचन तथा उष्ण, गुणों से युक्त होने के कारण द्रव को शोषण करनेवाला) तथा विपाक में मधुर होने के कारण पथ्य है तथा पित्त को दूषित नहीं करता है । कषाय, उष्ण, विकाशी (शरीर में पहुँच कर धातुओं को शिथिल बनानेवाला) तथा रूक्ष होने से कफजग्रहणी में लाभदायक है । वातरोग में स्वादु (मधुर), अम्ल तथा सान्द्र (घन) गुण होने के कारण शीघ्र लाभ करनेवाला एवं अविदाही होता है ॥ ३९–४२ ॥

सामग्रहण्यां शुण्ठ्यादिक्वाथः—

शुण्ठीं समुस्तातिविषां गुडूचीं पिबेज्जलेन कथितां समांशाम् ।
मन्दानलत्वे सततामतायामामानुबन्धे ग्रहणीगदे च ॥ ४३ ॥

आमयुक्त ग्रहणी में शुण्ठ्यादि क्वाथ—सोंठ, मोथा, अतीस तथा गुडूची

समभाग—इन द्रव्यों को जल में क्वाथ कर मन्दाग्नि, दोषों की आमावस्था तथा आमानुबन्धि ग्रहणी रोग में पान करे ॥ ४३ ॥

ग्रहण्यां धान्यकाद्यो दीपनपाचनः क्वाथः—

धान्यकातिविषोदीच्ययवानीमुस्तनागरम् ।
बला द्विपर्णी बिल्वं च दद्याद्दीपनपाचनम् ॥ ४४ ॥

ग्रहणी रोग में धान्यकाद्य दीपन-पाचन क्वाथ—ग्रहणी दोष में धनिया, अतीस, सुगन्धवाला, अजवायन, मोथा, सोंठ, वरियार, शालपर्णी, पृश्निपर्णी तथा वेल—इन द्रव्यों के दीपन पाचन क्वाथ को सेवन कराये ॥ ४४ ॥

ग्रहण्यां हरीतकीयोगः—

शुण्ठीघनवचामाद्रीबिल्वकालिङ्गहिङ्गुभिः ।
आरनालेन सुस्विन्ना मधुना च परिप्लुता ॥ ४५ ॥
लीढा निहन्त्यतीसारं ग्रहणीं च हरीतकी ।

ग्रहणी में हरीतकी योग—सोंठ, मोथा, वच, आमा (आमाहल्दी), अद्रि (अपराजित), वेल, कालिङ्ग (इन्द्रयव) तथा हिंगु—इन द्रव्यों के साथ, आरनाल में सुस्विन्ना (पकाई हुई) हर्रे मधु के साथ चाटने से अतिसार तथा ग्रहणी को नाश करती है ।

ग्रहण्यां बिल्वशलाटुयोगौ—

श्रीफलशलाटुकल्को नागरचूर्णेन मिश्रितः सगुडः ।
ग्रहणीगदमत्युग्रं तक्रभुजां संमतो जयति ॥ ४६ ॥
जम्बुदाडिमशृङ्गाटपाठाकञ्चटपल्लवैः ॥ ४७ ॥
पक्वं पर्युषितं बालबिल्वं सगुडनागरम् ।
हन्ति सर्वानतीसारान् ग्रहणीमतिदुस्तराम् ॥ ४८ ॥

ग्रहणीरोग में बिल्व तथा शलाटु योग—श्रीफल (वेल) तथा शलाटु (कच्चा आम का पल)—इन द्रव्यों के कल्क को सोंठ का चूर्ण तथा गुड़ मिलाकर मट्ठा के साथ भक्षण करने से अत्यन्त तीव्र प्रकार के ग्रहणी रोग को जीत लेता है । जामुन, अनार, सिंघाड़ा, पाढ़ी तथा कञ्चट (चौराई "तण्डुलीय') का पल्लव—इन द्रव्यों के क्वाथ में कच्चे बिल्व को पकावे, और रातभर रखने के बाद उसमें गुड़ तथा सोंठ मिलाकर (मट्ठा के साथ) सेवन करे । यह योग सभी प्रकार के अतिसार रोग तथा कष्टसाध्य ग्रहणी रोग को नाश करता है ॥ ४६-४८ ॥

ग्रहण्यां नागरादिकषायः—

नागरातिविषामुस्ताक्वाथः स्यादामपाचनः ।
चूर्णं हिङ्ग्वष्टकं वाऽपि वातिके योजितं शुभम् ॥ ४९ ॥

ग्रहणी में नागरादिकपाय—सोंठ, अतीस तथा मोथा—इन द्रव्यों का क्वाथ आमदोष को पचानेवाला है या हिंग्वष्टक[1] चूर्ण (सोंठ, पीपर, मरिच, अजवायन, सेन्धानमक, स्याहजीरा, सफेदजीरा तथा शु० हिंगु समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण) भी वातिक ग्रहणी में प्रयोग करने से लाभदायक है ॥ ४९ ॥

नागरातिविषामुस्तं धातकीत्यादिना चूर्णाधिकारे प्रोक्तं नागरादिचूर्णं ग्रहण्यां तण्डुलोदकानुपानेन योज्यम् ।

सोंठ, अतीस, मोथा तथा धातकी इत्यादि चूर्णाधिकार में कथित [2]नागरादि चूर्ण तण्डुलोदक के साथ ग्रहणी रोग में प्रयोग करे ॥

तण्डुलोदकपरिभाषा—

जलमष्टगुणं दत्त्वा पलं कण्डिततण्डुलात् ।
भावयित्वा ततो देयं तण्डुलोदककर्मणि ॥ ५० ॥

तण्डुलोदक की परिभाषा—चावल का टुकड़ा एक पल (एक छटांक) अठगुने जल में डालकर अच्छी तरह मिलाकर छान ले । इस जल को तण्डुलोदक के स्थान पर प्रयोग करे । अर्थात् पूर्वोक्त विधि से बनाये द्रव को तण्डुलोदक कहते हैं ॥ ५० ॥

श्लैष्मिकग्रहण्याः सामान्यचिकित्सा—

ग्रहण्यां श्लेष्मदुष्टायां वमितस्य यथाविधि ।
कटवम्ललवणक्षारैस्तिक्तैश्चाग्निं विवर्धयेत् ।
सर्वजायां ग्रहण्यां तु सामान्यो विधिरिष्यते ॥ ५१ ॥

श्लैष्मिक ग्रहणी की सामान्य चिकित्सा—प्रकुपित कफजन्य ग्रहणी रोग में विधिपूर्वक वमन कराने के बाद कटु, अम्ल, लवण तथा तिक्त रसवाले पदार्थों से जाठराग्नि को प्रदीप्त करे । वातज, पित्तज तथा कफज सभी प्रकार के ग्रहणी रोग में सामान्य विधि का प्रयोग करना अभीष्ट है ॥ ५१ ॥

ग्रहण्यां मसूराद्यं घृतम्—

मसूरस्य कषायेण बिल्वगर्भं पचेद् घृतम् ।
हन्ति कुक्ष्यामयान् सर्वान् ग्रहणीं पाण्डुकामले ॥ ५२ ॥
व्रीहिपिण्याकयोः क्वाथं द्व्युषितं दोषलं विदुः ।
मसूराणां तुलाक्वाथे बिल्वगर्भं पचेद् घृतम् ।
भिन्नविट्के प्रशंसन्ति मसूरघृतमुत्तमम् ॥ ५३ ॥

ग्रहणीरोग में मसूराद्य घृत—मसूर के क्वाथ तथा बेल के गूदा के कल्क के साथ घृत को सिद्ध करे (एक सेर घृत, चार सेर मसूर का क्वाथ तथा

१. (देखें ग० नि० प्र०) ।
२. (देखें ग० नि० प्र०) ।

एक पाव बेल का कल्क) यह घृत सभी प्रकार के उदर के रोग, सभी प्रकार के ग्रहणीरोग, पाण्डुरोग तथा कामला (पीलिया) रोग को नाश करता है। व्रीहि (साठीधान) तथा पिण्याक (तिल की खली) का वासी क्वाथ दोष युक्त बताया गया है। मसूर एक तुला के क्वाथ में बेल का कल्क मिलाकर घृत सिद्ध करे। यह उत्तम मसूर घृत पतले दस्त में लाभदायक है। (मसूर एक तुला, पानी एक द्रोण, शेष क्वाथ चौथाई द्रोण, घृत एक सेर, कल्क पांच छटांक लेकर घृत सिद्ध करे) ॥ ५२-५३ ॥

वातग्रहण्यां काकजङ्घाद्यं चूर्णम्—

स्यात्काकजङ्घा लवणानि पञ्च पाठा यवक्षारकचित्रकौ च ।
कर्चूरकं पिप्पलिका बृहत्यौ साध्मानवातग्रहणीषु चूर्णम् ॥ ५४ ॥

वातग्रहणी में काकजङ्घाद्य चूर्ण—काकजङ्घा (कौवा ठोठी), पाचों नमक (सेन्धा, सांभर, सौवर्चल, सामुद्र तथा विडनमक), पाढ़ी, यवक्षार, चित्रक, कचूर, पीपर, भटकटैया तथा वनभंटा—इन द्रव्यों का चूर्ण, आध्मान युक्त वातग्रहणी में लाभदायक है ॥ ५४ ॥

ग्रहण्यां विश्वाद्यं चूर्णम्—

विश्वावचाचित्रकदेवदारुविडङ्गकुष्ठातिविषं च पथ्या ।
सपिप्पलीमूलमिदं समुस्तमुष्णाम्बुपीतं ग्रहणीगदघ्नम् ॥ ५५ ॥

ग्रहणी में विश्वाद्य चूर्ण—सोंठ, वच, चित्रक, देवदारु, वायविडंग, कूठ, अतीस, हर्रे, पिपरामूल तथा मोथा—इन द्रव्यों का चूर्ण, गरम जल से पान करने पर ग्रहणीरोग को नाश करता है ॥ ५५ ॥

ग्रहण्यां पाठाद्यं चूर्णम्—

चूर्णाधिकारे यत्प्रोक्तं पाठाद्यं चूर्णमुत्तमम् ।
गुडशीताम्बुना पीतं सद्यो दीपनपाचनम् ।
अतीसारग्रहण्यर्शोहृद्रोगज्वरगुल्मनुत् ॥ ५६ ॥

ग्रहणीरोग में पाठाद्य चूर्ण—चूर्णाधिकार में जो उत्तम पाठाद्य[1] चूर्ण कहा गया है, वह चूर्ण गुड़ मिलाकर शीतल जल से पान करने पर दीपन-पाचन होता है। अर्थात् जाठराग्नि को दीप्त करनेवाला तथा अन्न को पकानेवाला है। और यह चूर्ण अतिसार, ग्रहणी, अर्श, हृदयरोग ज्वर तथा गुल्मरोग को दूर करता है ॥ ५६ ॥

ग्रहण्यां भूनिम्बाद्यं चूर्णम्—

भूनिम्बकौटजकटुत्रिकमुस्ततिक्ताः
कर्षांशकाः सशिखिमूलपिचुद्वयाः स्युः ।

---

१. (देखें ग० नि० प्र०)।

त्वक्क्षौटजी पलचतुष्कमिता गुडाम्भः-
पीतं नृणामिह हरेद् ग्रहणीविकारम् ॥ ५७ ॥

ग्रहणीरोग में भूनिम्बाद्य चूर्ण—भूनिम्ब (चिरायता), इन्द्रयव, कटुत्रिक (सोंठ, पीपर, मरिच), मोथा, कुटकी, शिखिमूल (अपामार्ग की जड़), पिचुद्वय (निम्ब, महानिम्ब = बकायन), एक-एक कर्ष (तोला), कोरैया की छाल, चार पल (चार छटांक) इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे और इसको गुड़ के शर्बत के साथ पान करे। यह चूर्ण ग्रहणी-विकार को दूर करता है ॥५७॥

ग्रहण्यां ग्रन्थिकाद्यं चूर्णम्—

सग्रन्थिक त्रिकटुकं लवणत्रयं च
क्षारद्वयं सचविकं च सचित्रकं च ।
साजाजिदीप्यमिशिहिङ्गु विधाय चूर्णं
सद्बीजपूरकरसप्लुतमेतदेषाम् ॥ ५८ ॥
तक्रेण कोष्णसलिलेन तुषाम्बुना वा
पीतं कुलत्थयवकोलरसेन चापि ।
मन्दानलेषु नृषु दीप्तिकरं ग्रहण्या-
मर्शस्सु गुल्मिषु च भेषजमेतदेव ॥ ५९ ॥

ग्रहणीरोग में ग्रन्थिकाद्य चूर्ण—ग्रन्थिक (गठिवन), त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), लवण (सेन्धा, सौवर्चल, विडनमक), क्षारद्वय (यवक्षार, सज्जीखार), चविक (चव्य), चित्रक, दीप्य (अजवायन), मिशि (सौंफ) तथा शु० हिङ्गु—इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर बिजौरा नीबू के रस में भावित कर पुनः सुखा और इस चूर्ण को तक्र (मट्ठा), गरम जल, तुषोदक, कुल्थी, यव या बैर के रस के साथ पान करे। यही चूर्ण मन्दाग्नि के रोगियों के अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला है और ग्रहणीरोग, अर्शरोग तथा गुल्मरोगों में औषध है ॥ ५८–५९ ॥

ग्रहण्यां व्यूषणाद्यं घृतम्—

व्यूषणत्रिफलाकल्के बिल्वमात्रे गुडात्पलम् ।
सर्पिषोऽष्टपलं पक्त्वा मात्रां मन्दानलः पिबेत् ॥ ६० ॥

ग्रहणीरोग में व्यूषणादि घृत—व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला)—इन द्रव्यों को एक पल (चार तोला) लेकर कल्क बनावे और कल्क में गुड़ एक पल, घृत आठ पल (जल दो सेर) मिलाकर पकावे और मन्द जाठराग्निवाला व्यक्ति उचित मात्रा में पान करे ॥ ६० ॥

ग्रहण्यां बिल्वाद्यं घृतम्—

बिल्वाग्निचव्यार्द्रकशृङ्गवेरक्काथेन कल्केन च सिद्धमाज्यम् ।
सच्छागदुग्धं ग्रहणीगदघ्नं शोफाग्निसादारुचिनुद्वरिष्टम् ॥ ६१ ॥

ग्रहणी में विल्वाद्य घृत—बेल, चित्रक, चव्य, आर्द्रक तथा सोंठ—इन द्रव्यों के कल्क तथा क्वाथ के साथ बकरी का दूध मिलाकर घृत सिद्ध करे। यह उत्तम घृत ग्रहणी रोग को नाश करता है और शोथ, मन्दाग्नि तथा अरुचि को दूर करता है ॥ ६१ ॥

ग्रहण्यां वालचाङ्गेरीघृतम्—

मोचसिन्धूत्पलव्योषलाजबिल्वाम्बुधातकी- ।
सिद्धमाज्यमजाक्षीरचाङ्गेरीरसवच्छिशोः ॥ ६२ ॥
हन्याद् ग्रहण्यतीसारौ पथ्यापथ्याशिनो घृतम् ।
पाठान्तरे कपित्थोऽपि विंशत्यत्र घृते पुनः ॥ ६३ ॥

ग्रहणी रोग में वालचाङ्गेरी घृत—मोचरस (सेमर का गोंद). सेन्धानमक, नीलकमल, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), लाज (लावा), बेल, सुगन्धबाला तथा धाय का फूल (समभाग)—इन द्रव्यों के क्वाथ तथा कल्क के साथ बकरी का दूध तथा मुलायम चांगेरी का स्वरस मिलाकर घृत सिद्ध करे। यह घृत पथ्यपूर्वक या अपथ्यपूर्वक सेवन करनेवाले व्यक्ति के ग्रहणी तथा अतिसार को नाश करता है। इस घृत में कैथ भी ग्रहण किया जाता है, यह पाठान्तर-पाठ है ॥ ६२–६३ ॥

विश्वौषधाद्यं घृतम्—

विश्वौषधस्य गर्भेण दशमूलजले श्रृतम् ।
घृतं निहन्याच्छ्वयथुं ग्रहणीं सामतामपि ॥ ६४ ॥
घृतं नागरकल्केन सिद्धं वातानुलोमनम् ।
ग्रहणीपाण्डुरोगघ्नं प्लीहकासज्वरापहम् ॥ ६५ ॥

विश्वौषधाद्य घृत—दशमूल (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा तथा गोखरू) के क्वाथ में सोंठ के कल्क के साथ पकाया हुआ घृत श्वयथु (शोथ) तथा आम ग्रहणी को भी नाश करता है। सोंठ के स्थान पर नागर (नागरमोथा) के कल्क के साथ सिद्ध घृत वात को अनुलोमन करनेवाला है, ग्रहणी तथा पाण्डुरोग को नष्ट करने वाला तथा प्लीहा, कास एवं ज्वर को दूर करनेवाला है ॥ ६४–६५ ॥

ग्रहण्यां तक्रशुण्ठीयोगः—

अतिसारसंहरणमग्निहितं ग्रहणीविकारगुदकीलहरम् ।
जठरार्तिशोफगररुक्शमनं सुमहौषधं जयति तक्रयुतम् ॥ ६६ ॥

ग्रहणी में तक्र-शुण्ठी योग—मट्ठा के साथ सोंठ का चूर्ण सेवन करने से अतिसार को दूर करनेवाला, जाठराग्नि दीप्त करनेवाला, ग्रहणी रोग तथा अर्श रोग के गुदकील को दूर करनेवाला और उदर-पीड़ा, शोथ एवं विषजन्य रोग को शान्त करनेवाला है ॥ ६६ ॥

ग्रहण्यां विश्वादिक्काथः—

विश्वघनातिविषामृतवल्लिकाथमथामृतवल्लिविहीनम् ।
यः पिबति ग्रहणीव्यथयार्तस्तस्य न सा भवति ग्रहणीरुक् ॥ ६७ ॥

ग्रहणी में विश्वादिक्काथ—सोंठ, मोथा, अतीस तथा गुडूची—इन द्रव्यों का क्काथ अथवा गुडूचीरहित सोंठ, मोथा एवं अतीस का क्काथ ग्रहणी रोग से पीड़ित जो व्यक्ति पान करता है उसको वह ग्रहणी रोग नहीं होता है ॥ ६७ ॥

वातग्रहण्यां धान्यकादिकषायः—

धान्यबिल्ववलाशुण्ठीशालिपर्णीश्रृतं जलम् ।
स्याद्वातग्रहणीदोषे पानाहारपरिग्रहे ॥ ६८ ॥

वातिक ग्रहणी में धान्यकादिकषाय—धनियां, बेल, बरियार, सोंठ तथा सरिवन—इन द्रव्यों का क्काथ प्यास तथा भोजन को रोकनेवाले वातजन्य ग्रहणी रोग में लाभदायक होता है ॥ ६८ ॥

वातग्रहण्यां पिप्पल्याद्यं चूर्णम्—

पिप्पली बृहती व्याघ्री यवक्षारः कलिङ्गकः ।
चित्रकं सारिवा पाठा शटी लवणपञ्चकम् ॥ ६९ ॥
तच्चूर्णं पाययेद्दध्ना सुरयोष्णाम्भसाऽपि वा ।
मारुतग्रहणीदोषशमनं दीपनं परम् ॥ ७० ॥

वातग्रहणी में पिप्पल्याद्य चूर्ण—पीपर, बनभंटा, भटकटैया, यवक्षार, इन्द्रयव, चित्रक, अनन्तमूल, पाढ़ी, सोंठ तथा लवणपञ्चक (सेन्धा, सौवर्चल, सांभर, सामुद्र तथा बिडनमक)—इन द्रव्यों के चूर्ण को दधि, सुरा या उष्णजल के साथ भी पान करायें । यह चूर्ण वातजन्य ग्रहणी रोग को शान्त करनेवाला है और अग्नि को अच्छी तरह प्रदीप्त करनेवाला है ॥ ६९–७० ॥

ग्रहण्यां कलिङ्गाद्यं चूर्णम्—

कलिङ्गातिविषे हिङ्गु पथ्या सौवर्चलं वचा ।
शूलस्तम्भविबन्धघ्न पेयं दीपनपाचनम् ॥ ७१ ॥

ग्रहणी रोग में कलिङ्गाद्य चूर्ण—कलिङ्ग (इन्द्रयव), अतीस शु० हिंगु, सौवर्चल नमक तथा वच—इन द्रव्यों का चूर्ण पान करना चाहिए । यह

चूर्ण शूल, स्तम्भन तथा विबन्ध को नाश करनेवाला है और जाठराग्नि को दीप्त करनेवाला एवं भोजन को पचानेवाला है ॥ ७१ ॥

श्लेष्मग्रहण्यां हिङ्ग्वादिचूर्णम्—

हिङ्गुक्षारौ समौ पथ्याशुण्ठीपिप्पलिचित्रकाः ।
द्व्यंशास्तत्पूर्ववत्पीतं श्लेष्मग्रहणिदोषजित् ॥ ७२ ॥

कफजग्रहणी में हिंग्वादि चूर्ण—शु० हिंगु तथा यवक्षार समभाग, हर्रे, सोंठ, पीपर तथा चित्रक दो-दो भाग लेकर चूर्ण बनावे। इस चूर्ण को पूर्ववत् पान करने से कफजन्य ग्रहणीदोष को जीत लेता है ॥ ७२ ॥

श्लेष्मग्रहण्यां यवान्यादिचूर्णम्—

यवान्यजाजीकारव्यश्चव्यपिप्पलिनागरम् ।
श्लेष्मजां ग्रहणीं हन्ति पीतं तक्रेण संयुतम् ॥ ७३ ॥

कफजग्रहणी में यवान्यादि चूर्ण—अजवायन, स्याहजीरा, मंगरैल, चव्य, चित्रक, पीपर तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण, तक्र (मट्ठा) के साथ पान करने से कफजन्य ग्रहणी को नाश करता है ॥ ७३ ॥

ग्रहण्यां तक्रयोगः—

केवलं सौषधं वाऽपि निरन्नं सान्नमेव वा ।
तक्रं दोषबलापेक्षी प्रयुञ्ज्याद् ग्रहणीगदे ॥ ७४ ॥

ग्रहणी रोग में तक्र योग—तक्र (मट्ठा) को औषधि के साथ या विना अन्न के या अन्न के साथ केवल, दोष तथा बल के अनुसार ग्रहणी रोग में प्रयोग करे ॥ ७४ ॥

ग्रहण्यां चित्रकाद्योऽरिष्टः—

चित्रकत्रिफलापाठाचव्यानां ग्रन्थिकस्य च ।
विडङ्गदेवकाष्ठस्य भागान् कुर्याच्चतुष्पलान् ॥ ७५ ॥
कुष्ठभल्लातकेल्वालुवचानां मरिचस्य च ।
पिप्पलीकटुकेन्द्राह्वामुस्तानां स्युस्त्रयस्त्रयः ॥ ७६ ॥
पक्त्वाऽवशेषिताष्टांशे रसे तस्मिन्हृते पुनः ।
पूते दद्यान्मधुप्रस्थं गुडस्यार्धतुलामपि ॥ ७७ ॥
पञ्चकोल समरिचं त्रिफलां च पलार्धकम् ।
संचूर्ण्य दद्यात्पत्रैलात्वङ्नागानां तथा पलम् ॥ ७८ ॥
मासार्धं घृतकुम्भेऽयं जातोऽरिष्टः प्रयोजितः ।
चित्रकाद्य इति ख्यातो ग्रहणीदोषहा परम् ॥ ७९ ॥
पाण्डुरोगोदरप्लीहगुल्मशोफार्शसां मतः ।

रोचनो दीपनश्चाग्नेः स्रोतसां च विशोधनः ॥ ८० ॥

ग्रहणी रोग में चित्रकाद्य-अरिष्ट—चित्रक, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), पाढ़ी, चव्य, गठिवन, विडङ्ग तथा देवदारु चार-चार पल (छटांक), कूट, शु० भल्लातक, एलवालु, वच, मरिच, पीपर, कुटकी, इन्द्रायण तथा मोथा तीन-तीन पल—इन द्रव्यों को अठगुने जल में पकावे और अष्टमांशावशिष्ट क्वाथ को छानकर उसमें मधु आधा, प्रस्थ, गुड़ आधा तुला तथा पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ), मरिच, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), आधा-आधा पल एवं तेजपत्र, छोटी इलायची, दालचीनी, नागकेशर एक पल—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर मिला दे और इसको घृत-स्निग्ध भाण्ड में भरकर रख दे। अरिष्ट-निर्माण नियम के अनुसार तैयार हो जाने पर प्रयोग करे। यह चित्रकाद्य नाम से प्रसिद्ध अरिष्ट ग्रहणी रोग को अच्छी तरह नष्ट करनेवाला है और पाण्डुरोग, उदररोग, प्लीहावृद्धि, गुल्मरोग, शोथ तथा अर्श के रोगियों का रुचिवर्द्धक, अग्निदीपक तथा स्रोतों (आमाशय, आन्त्र आदि) का संशोधन करनेवाला है ॥ ७५-८० ॥

ग्रहण्यां भल्लातकाद्यः क्षारः—

भल्लातकं त्रिकटुकं त्रिफलां लवणत्रयम् ।
अन्तर्धूमं द्विपलिकं गोपुरीषाग्निना दहेत् ॥ ८१ ॥
स क्षारः सर्पिषा पीतो भोज्ये वाऽप्यवचूर्णितः ।
हृद्रोगपाण्डुग्रहणीगुल्मोदावर्तशूलनुत् ॥ ८२ ॥

ग्रहणीरोग में भल्लातकाद्यक्षार—शु० भल्लातक, त्रिकटुक (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा लवणत्रय (सेंधा, सौवर्चल, विडनमक)—इन द्रव्यों को दो-दो पल (छटांक) लेकर यवकूट कर, हांड़ी में रख दे और ऊपर से कपड़मिट्टी कर गाय के उपले से अन्तर्धूम जलावें और ठण्ढा हो जाने पर निकाल, कूट-पीस शीशी में भरकर मजबूत डाट लगा दे। यह क्षार घृत के साथ मिलाकर पीने से या भोजन में अवचूर्णित (मिला) कर भक्षण करने से हृद्रोग, पाण्डुरोग, ग्रहणीदोष, गुल्मरोग, उदावर्त (आमाशय या आन्त्रस्थ आनाह) तथा शूल को दूर करता है ॥ ८१-८२ ॥

ग्रहण्यां त्रिफलाद्यः क्षारः—

त्रिफला कटभी चव्यं बिल्वमध्यमयोरजः ।
रोहिणी कटुका मुस्तं कुष्ठं पाठा च हिङ्गु च ॥ ८३ ॥
मधुकं हि मुष्ककयवक्षारं त्रिकटुकं वचा ।
विडङ्गपिप्पलीमूलं स्वर्जिका निम्बचित्रकौ ॥ ८४ ॥
मूर्वाजमोदेन्द्रयवगुडूच्यो देवदारु च ।

कार्षिकं लवणानां च पञ्चानां पलिकान् पृथक् ॥ ८५ ॥
भागान् दधित्थकुडवं घृततैलेन मूर्च्छितान् ।
अन्तर्धूमं शनैर्दग्ध्वा तस्मात्पाणितलं पिबेत् ॥ ८६ ॥
सर्पिषा कफवातार्शोग्रहणीपाण्डुरोगवान् ।
प्लीहमूत्रग्रहश्वासहिक्काकासकृमिज्वरान् ॥ ८७ ॥
शोषातिसारश्वयथुप्रमेहानाहहृद्ग्रहान् ।
हन्यात्सर्वविषाणां च क्षारोऽयं शमनो वरः ॥ ८८ ॥

ग्रहणीरोग में त्रिफलाक्षार—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), कटभी (कटही 'हरिमल'), चव्य, बेल का मध्य (बेल का गूदा), लौहभस्म, रोहिणी (मांसरोहिणी), कुटकी, मोथा, कूठ, पाढ़ी, शु० हिंगु, सुलेठी, मुष्कक (मोखा), यवक्षार, त्रिकटु, (सोंठ, पीपर, मरिच), वच, विडंग, पिप्परामूल, सज्जीखार, निम्ब, चित्रक, मूर्वा (मड़ोरफली), अजमोदा, इन्द्रयव, गुडूची तथा देवदारु, एक-एक कर्ष (तोला), पञ्चलवण (सेंधा, सौवर्चल, सांभर, सामुद्र, विंडनमक) पांच पल (छटांक), कैंथ एक कुडव (चार छटांक), इन द्रव्यों को घृत तथा तैल से मूर्च्छित कर धीरे २ अन्तर्धूम जलाकर क्षार तैयार कर ले और इसमें से पाणितल (एक तोला) की मात्रा में घृत के साथ कफ, वात जन्य अर्शरोग, ग्रहणीदोष तथा पाण्डुरोग से पीडित व्यक्ति पान करे। यह क्षार प्लीहावृद्धि, मूत्रावरोध, श्वासरोग, हिचकी, कास (खाँसी), कृमि-ज्वर, सूखारोग, अतिसार, श्वयथु (शोथ), प्रमेह तथा हृद्ग्रह (हृदय का भड़कन) को नाश करता है और सभी विषजन्य उपद्रवों को अच्छी तरह शान्त करनेवाला है ॥ ८३–८८ ॥

ग्रहण्या असाध्यलक्षणम्—

लिङ्गैरसाध्यो ग्रहणीविकारो यैस्तैरतीसारगदो न सिध्येत् ।
वृद्धस्य नूनं ग्रहणीविकारो हत्वा तनुं नैव निवर्तते च ॥ ८९ ॥

इति वैद्यवरश्रीशोढलविचक्षणग्रथिते गदनिग्रहे ग्रहणीरोगाधिकारस्तृतीयः ।

ग्रहणीरोग का असाध्य लक्षण—जिन लक्षणों से युक्त अतिसार रोग असाध्य होता है उन्हीं लक्षणों से युक्त ग्रहणीरोग भी असाध्य माना गया है। यदि ग्रहणीरोग वृद्ध व्यक्ति को हो जाय तो निश्चय ही उसके शरीर का विनाश किये बिना शान्त नहीं होता अर्थात् वृद्धों में यह ग्रहणीरोग असाध्य होता है ॥ ८९ ॥

ग्रहणीरोग समाप्त ।

अथार्शोधिकारश्चतुर्थः

अथातोऽर्शसां निदानं व्याख्यास्यामः ।

अब यहां से अर्श रोग के निदान का व्याख्यान करेंगे ।

संप्राप्तिपूर्वकमर्शःस्वरूपम्—

पृथग्दोषैः समस्तैश्च शोणितात्सहजानि च ।
अर्शांसि षट् प्रकाराणि विद्याद् गुदवलित्रये ॥ १ ॥
दोषास्त्वङ्मांसमेदांसि संदूष्य विविधाकृतीन् ।
मांसाङ्कुरानपानादौ कुर्वन्त्यर्शांसि तान् जगुः ॥ २ ॥

सम्प्राप्तिपूर्वक अर्शरोग का स्वरूप—अलग-अलग दोषों (वात, पित्त, कफ) से, सभी दोषों (त्रिदोष) से, रक्त से तथा सहज (शरीर के साथ ही उत्पन्न होनेवाला) इस प्रकार वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक, रक्तज तथा सहज भेद से छः प्रकार के अर्श गुदा के तीन वलियों में होते हैं ।

सम्प्राप्ति—दोष (वात, पित्त, कफ), त्वचा, मांस तथा मेद को दूषित करके गुदा-नासिका आदि में अनेक आकृतिवाले मांसांकुरों को उत्पन्न कर देते हैं, उन्हें अर्श कहते हैं ॥ १-२ ॥

विमर्श—'अरिवत् प्राणान् शृणाति हिनस्ति—इति अर्शः' जो शत्रु के समान प्राणों को कष्ट दे उसे अर्श कहते हैं, इसके अनुसार हिंसा अर्थ में शृधातु से अर्श की सिद्धि हुई है ।

अरिवत् प्राणिनो मांसं, कीलका विशसन्ति यत् । अर्शांसि तस्मादुच्यन्ते गुदमार्गनिरोधतः ॥ वा० भ० । अर्थात् जो मांसकीलक गुदमार्ग में अवरोध उत्पन्न कर मनुष्यों को शत्रु के समान नष्ट करते हैं वे अर्श कहलाते हैं, इस वाग्भट की निरुक्ति से पूर्वोक्त लक्षण संगत हो रहा है । सुश्रुत के मतानुसार भी अर्श पूर्वोक्त छः प्रकार के माने गये हैं । चरक-मतानुसार—सामान्यतः अर्श दो प्रकार का सहज तथा उत्तरकालज भेद से होता है । फिर उत्तरकालज के छः भेद (वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सन्निपातज, द्वन्द्वज, सामान्य तथा रक्तज) माने गये हैं । चरक के मतानुसार अर्श के सात भेद होते हैं । वाग्भट ने भी चरक के अनुसार ही अर्श का भेद माना है । इसके अतिरिक्त दोनों ने सभी अर्शों के शुष्क एवं आर्द्र दो भेद माने हैं । "षडर्शांसि भवन्ति वात-पित्त-कफ-शोणित-सन्निपातैः सहजानि चेति, सुश्रुत नि० २ । इह खल्वग्निवेश ! द्विविधान्यर्शांसि-कानिचित् सहजानि कानि चिज्जातस्य उत्तरकालजानि—

इति" चरक. चि. १४। वाग्भट ने भी चरक के मतानुसार ही वर्णन किया है। सहजन्मोत्थानभेदाद् द्वेधाऽर्शांसि समासतः। तथा च—पोढान्यानि पृथग्दोष-संसर्गनिचयानि च।

सहज अर्श के कारण—सहज अर्श की प्रवृत्ति कुछ लोगों में जन्म से ही पाई जाती है। इसका कारण गुदवलियों के निर्माणकारक गर्भोत्पन्न करनेवाले बीज की एकदेशीय विकृति ही हो सकती है क्योंकि स्त्रीबीज एवं पुरुषबीज में शरीर के प्रत्येक अङ्ग का निर्माण करनेवाले सूक्ष्म बीजावयव रहते हैं। उनमें जिस अंग के मूल बीजावयव की विकृति होती है उसी अङ्ग में विकार की उत्पत्ति होती है, दूसरे में नहीं। गुदवलि के बीज में विकृति होने से सहज अर्श की उत्पत्ति होती है। सहज अर्श को उत्पन्न करने में मातृबीज ही प्रधान होता है। अतः सहज अर्श जन्मजात होने के कारण स्वल्प भी विरुद्ध-आहार-विहार करने से उत्पन्न हो जाता है।

गुदवलियां तीन हैं उसी में अर्श की स्थिति होती है। बृहदन्त्र के अन्तिम भाग को गुदा कहते हैं उसमें प्रवाहणी, विसर्जनी तथा संवरणी नाम की तीन वलियां होती हैं। गुदा का माप लम्बाई में साढ़े चार अंगुल होता है। ऊपर से नीचे क्रमशः प्रवाहणी डेढ़ अंगुल, विसर्जनी डेढ़ अंगुल, संवरणी एक अंगुल की होती है। इसके अतिरिक्त गुदोष्ठ होता है जिसकी लम्बाई आधा इञ्च होती है इस प्रकार गुद की लम्बाई साढ़े चार इञ्च हो जाती है इन्हीं वलियों में अर्शाङ्कुर उत्पन्न होते हैं।

मांस तथा मेद को वातादि दोष दूषित करते हैं। मांस ग्रहण से उनके आश्रित रक्त का भी ग्रहण हो जाता है। अतः चिकित्सा में रक्तस्रावण का भी विधान किया गया है। अपानशब्द से गुदा का ग्रहण होता है। इसी प्रकार आदि शब्द से नासा-लिंग आदि में भी उत्पन्न मासाकुरों को अर्श किन्तु चरक ने गुदस्थान को छोड़ अन्यस्थान में बढ़े मांसांकुरों को अधिमांस शब्द से व्यवहृत किया है। सुश्रुत के अनुसार जब असंयमी लोग वातादि प्रकोपक, विरुद्ध भोजन, स्त्री-प्रसंग, अत्यधिक कसन, घोड़े आदि की सवारी, वेगधारण आदि निदानों से सेवन करते हैं तो तीनों दोष एवं रक्तप्रधान धमनी के द्वारा गुदा में आकर प्ररोहों को उत्पन्न कर देते हैं। जिन लोगों को मन्दाग्नि रहती है, जो काष्ठ, तृण तथा शीतल स्थानों का अत्यधिक स्पर्श कर बैठते हैं उनमें ये रोग विशेष रूप से पाये जाते हैं। इस प्रकार शिराओं में निम्नलिखित कारणों से दबाव पड़ने के कारण गुदा में मांसांकुर (उत्पन्न होकर) उससे रक्त स्राव होने लगता है।

दबाव का सिराओं पर प्रभाव पड़ने का कारण १. सिराओं का उपश्लेपक, त्वचा के शिथिल तन्तुओं में रहना, २. सिराओं को आश्रय देने के लिये

चारो ओर से कठिन धातु का अभाव, २. सिराओं में कपाट न होने के कारण अप्रत्यावर्तनशीलता ३. सिराओं का गुदस्थान में लम्बाई में रहना, इस प्रकार गुदस्थान के सिराओं में रक्त के रुकने का अधिक अवसर मिलता है।

आधुनिक विद्वान् स्थान-संश्रय के अनुसार अर्श के बाह्य एवं आभ्यन्तर दो ही भेद मानते हैं, अर्श के सामान्य लक्षण निम्न प्रकार बताये हैं। १. मलत्याग के समय तथा बाद में गुदस्थान में पीड़ा, २. कोष्ठबद्धता, ३. गुदा के चारो ओर लालिमा का होना, ४. मल के अन्दर रक्त की उत्पत्ति ५. सिर में पीड़ा, शरीर की दुर्बलता, मूर्च्छा, रक्ताल्पता आदि। मल द्वारा अधिक मात्रा में मल निकल जाने से रक्ताल्पता अधिक हो जाती है।

वातजाद्यर्शसां हेतुः—

कषायकटुतिक्तानि रूक्षशीतलघूनि च।
प्रमिताल्पाशनं तीक्ष्णं मद्यं मैथुनसेवनम् ॥ ३ ॥
लङ्घनं देशकालौ च शीतौ व्यायामकर्म च।
शोको वातातपस्पर्शो हेतुर्वातार्शसां मतः ॥ ४ ॥
कटूष्णलवणोष्णानि व्यायामाग्न्यातपप्रभाः।
देशकालावशिशिरौ क्रोधो मद्यमसूयनम् ॥ ५ ॥
विदाहि तीक्ष्णमुष्णं च सर्वं पानान्नभेषजम्।
पित्तोल्बणानां विज्ञेयः प्रकोपे हेतुरर्शसाम् ॥ ६ ॥
मधुरस्निग्धशीतानि लवणाम्लगुरूणि च।
अव्यायामदिवास्वप्नशय्यासनसुखे रतिः ॥ ७ ॥
प्राग्वातसेवा शीतौ च देशकालावचिन्तनम्।
श्लैष्मिकाणां समुद्दिष्टमेतत्कारणमर्शसाम् ॥ ८ ॥
हेतुलक्षणसंसर्गाद्विद्याद् द्वन्द्वोल्बणानि च।
सर्वो हेतुस्त्रिदोषाणां सहजैलक्षणं समम् ॥ ९ ॥

वातज आदि अर्श रोगों के कारण—वातजअर्शः—कसैले, तिक्त अथवा कडुवे, रूक्ष, शीत तथा लघु पदार्थों का सेवन, अत्यल्प या समयातिक्रमण कर भोजन करना, थोड़ा भोजन करना, तेज मद्य का सेवन, अत्यधिक मैथुन, उपवास, शीत देश तथा शीतकाल, व्यायाम का अधिक करना, शोक, वायु एवं धूप का स्पर्श ये वातार्श में कारण हैं।

पित्तार्श—कटु, अम्ल, लवण तथा उष्ण पदार्थों का सेवन, व्यायाम, अग्नि एवं धूप का सेवन, उष्णप्रदेश तथा उष्ण ऋतु, क्रोध, मद्य, ईर्ष्या, विदाही, तीक्ष्ण तथा उष्ण अन्न-पान एवं और दूध का सेवन करना ये पैत्तिक पित्तोल्वण अर्श के उत्पन्न होने में कारण हैं।

श्लैष्मिकार्श—मधुर, स्निग्ध एवं शीतल भोजन, लवण, अम्ल तथा गुरु पदार्थ का सेवन, व्यायाम का न करना, दिन में सोना, सदा अधिक मोटे विस्तर पर बैठने तथा लेटने की प्रवृत्ति, पूर्वी हवा का अति सेवन, आनूप के समान अति शीत देश तथा शिशिर आदि शीतलकाल, सदा निश्चिन्त रहना, ये श्लैष्मिक (श्लेष्मोल्वण) अर्श के कारण हैं।

द्वन्द्वज अर्श—दो दोषों के प्रकोपक कारण एवं लक्षणों के मिलने पर अर्श को द्वन्द्वज अर्श कहते हैं।

सन्निपातज—वात-पित्त-कफ आदि अर्श के अलग-अलग जो कारण कहे गये हैं, वे सम्मिलित होकर सान्निपातिक अर्श के कारण होते हैं। इसके लक्षण सहज अर्श के समान ही होते हैं ॥ ३–९ ॥

अर्शसां पूर्वरूपम्—

जङ्घायां पीड्यते नित्यमरुचिर्बहुमूत्रता।
हृदये छलिछलिः स्यात् पूर्वरूपेऽर्शसां भृशम् ॥ १० ॥
विष्टम्भोऽङ्गस्य दौर्बल्यं कुक्षेराटोप एव च।
कार्श्यमुद्गारबाहुल्यं सक्थिसादोऽल्पविट्कता ॥ ११ ॥
ग्रहणीरोगपाण्डुत्वंतेराशङ्का चोदरस्य च।
पूर्वरूपाणि निर्दिष्टान्यर्शसामभिवृद्धये ॥ १२ ॥

सभी प्रकार के अर्श के पूर्वरूप—अर्शरोग के पूर्वरूप में प्रतिदिन जंघा में पीडा होती है, अरुचि रहती है, मूत्रोत्सर्ग अधिक होता है तथा हृदय में छलि-छलि (घबड़ाहट) मालूम पड़ती है। विष्टब्धाजीर्ण, शारीरिक दुर्बलता, उदर का फूलना या पेट में गुड़गुड़ाहट, कृशता, उकार का अधिक आना, टांगों में पीड़ा तथा मल का अल्प मात्रा में त्याग होना, ग्रहणी दोष, पाण्डुरोग तथा उदर रोग की आशंका होना ये अर्शरोग की अभिवृद्धि में पूर्वरूप कहे गये हैं ॥ १०–१२ ॥

वातार्शोलक्षणम्—

गुदाङ्कुरा बह्वनिलाः शुष्काश्चिमिचिमान्विताः।
स्त्यानाः श्यावारुणाः स्तब्धा विषमाः परुषाः खराः ॥ १३ ॥
मिथो विसदृशा वक्रास्तीक्ष्णा विस्फुटिताननाः।
बिम्बीकर्कन्धुखर्जूरकार्पासीफलसन्निभाः ॥ १४ ॥
केचित्कदम्बपुष्पाभाः केचित्सिद्धार्थकोपमाः।
शिरःपार्श्वसकट्यूरुवङ्क्षणाद्यधिकव्यथाः ॥ १५ ॥
क्षवथूद्गारविष्टम्भहृद्ग्रहारोचकप्रदाः।
कासश्वासाग्निवैषम्यकर्णनादभ्रमावहाः ॥ १६ ॥

कृष्णत्वङ्नखविण्मूत्रनेत्रवक्त्रश्च जायते ।
तैरार्तो ग्रथितं स्तोकं सशब्दं सप्रवाहिकम् ॥ १७ ॥
रुक्फेनपिच्छानुगतं विबद्धमुपवेश्यते ।
गुल्मदाहोदराष्ठीलासंभवस्तत एव च ॥ १८ ॥

वातिक अर्श का लक्षण—वातोल्वण अर्श के गुदांकुर (मस्से) शुष्क (स्रावरहित) तथा चिमचिमान्वित (चुनचुनाहट से युक्त) होते हैं। ये मुरझाये से, मटियाले या हलके लाल वर्ण के कठिन, पिच्छिलता-रहित, कड़े तथा खुरदरे (कर्कोटक फल के समान सूचम कण्टकों से आच्छादित), आपस में विभिन्न स्वरूपवाले, टेढ़े-मेढ़े, नोकीले, उपर से फटे हुए, आकृति में विम्बीफल, खजूर, बैर तथा कपास के फल के समान होते हैं। उनमें से कोई कदम्ब-पुष्प के समान मोटे एवं कण्टक से युक्त तथा कुछ सरसों के समान सूचम होते हैं। इस रोग में सिर, पार्श्व (कांख के नीचेवाले भाग), अंस (कंधा), कटि, जंघा तथा वंक्षण (घुटना तथा उसके ऊपर के जोड़) प्रदेश में अधिक पीड़ा होती है, छींक, डकार, मलावरोध, हृदय प्रदेश में पीड़ा, अरोचक, कास, श्वास, जाठराग्नि की विषमता, कर्णनाद (कान में हुंकार आदि शब्द का होना) तथा भ्रम उत्पन्न होता है, इन अर्श रोग से पीड़ित व्यक्ति गांठदार, मात्रा में अल्प, शब्द के साथ, कफयुक्त बार-बार फेन तथा पिच्छा से युक्त, बँधे हुए मल को पीड़ा के साथ किसी प्रकार प्रवाहण (जोर लगाकर कुथन पूर्वक) द्वारा त्यागता है। रोगी की त्वचा, नख, नेत्र, मुख, मूत्र एवं मल काले पड़ जाते हैं, वातार्श से ही गुल्मरोग, प्लीहावृद्धि, उदररोग तथा अष्ठीला (अष्ठीला ग्रन्थि में शोथ) रोग भी (उपद्रव स्वरूप) उत्पन्न हो जा सकते हैं ॥ १३–१८ ॥

विमर्श—कटु, तिक्त, कषायादि, पदार्थों का अधिक सेवन तीक्ष्ण मद्य, महा सिरा में रक्त का भार बढ़ाकर परम्परा या साक्षात् अपने क्षोभक असर से श्रोणिगुहाकी गुदसिराओं में रक्ताधिक्य उत्पन्न कर वातिक अर्शको उत्पन्न करता है। मैथुन साक्षात् ही श्रोणिगुहा का रक्ताधिक्योत्पादक तथा वातवर्द्धक होने से वातार्श का हेतु है। देश तथा ऋतु का शीतल होना अर्श का सन्निकृष्ट कारण है। अधिक देर बैठे रहने से रक्ताधिक्य एवं शीतल स्पर्श से शिरागत रक्त के जम जाने के कारण सूखे मस्से की उत्पत्ति होती है। इसमें रक्तस्राव भी नहीं होता। शोक से वात की वृद्धि, वातवृद्धि से अग्नि की विषमता एवं विबन्ध उत्पन्न होकर परम्परा से वातार्श की उत्पत्ति होती है।

पित्तार्शोलक्षणम्—

पित्तोत्तरा नीलमुखा रक्तपीतासितप्रभाः ।

तन्वस्रस्राविणो विस्रास्तनवो मृदवः श्लथाः ॥ १९ ॥
शुकजिह्वायकृत्खण्डजलौकोवक्त्रसन्निभाः ।
दाहपाकज्वरकरास्तृण्मूर्च्छारतिमोहदाः ॥ २० ॥
सोष्माणो द्रवनीलोष्णपीतरक्तामवर्चसः ।
यवमध्या हरित्पीतहारिद्रत्वङ्नखादयः ॥ २१ ॥

पैत्तिक अर्श का लक्षण—पैत्तिक अर्श के मस्सों का अग्रभाग नीला होता है शेषभाग का रंग लाल, पीला, तथा काला होता है। इसमें तरल रक्तस्राव होता है, तथा वे दुर्गन्धि युक्त, पतले, कोमल तथा लटके रहते हैं। ये बनावट में शुकजिह्वा के समान तथा वर्ण में यकृत्—खण्ड या जोंक के मुंह के समान होते हैं। इन कारणों से दाह, पाक तथा ज्वर की उत्पत्ति होती है और प्यास, मूर्च्छा, अरुचि एवं मोह (इन्द्रिय, शक्ति का ह्रास) आदि सार्वदेहिक लक्षण होते हैं। यह स्पर्श में गरम होता है इसके कारण से पतला, नीला, उष्ण, पीत या रक्त वर्ण का आम मल निकलता है। इनमें से कुछ मस्से जौ के समान मध्य में मोटा तथा दोनों प्रान्तों पर पतले होते हैं, त्वचा, नख, मुख, दांत, मूत्र तथा हरे, पीले या हरिद्रा के वर्ण के हो जाते हैं ॥ १९-२१ ॥

विमर्श—पित्ताशों में दुर्गन्धयुक्त स्राव होने के पश्चात् किसी प्रकार पूयोत्पादक जीवाणु का संक्रमण हो जाने से पूय स्वभाव से भी हो सकता है, मस्सों का रक्त, पीत तथा काला का होना मस्सों के विभिन्न अवस्थाओं का द्योतक है। रक्तपूर्ण या पच्यमान दशा में मस्से का वर्ण लाल होता है, रक्तस्राव हो जाने पर पीला तथा इसके बाद सुर्खाई अवस्था में कृष्ण वर्णका हो जाता है। पित्तोल्बणता के कारण तृष्णा तथा मूर्च्छा सदृश सार्वदेहिक लक्षण उत्पन्न होते हैं। मूर्च्छा का कारण पैत्तिक लक्षणों की बाहुलता एवं पीड़ा की वृद्धि है। अधिक रक्तस्राव के कारण भी मूर्च्छा हो सकती है मलत्याग के पश्चात् मूर्च्छा तथा रक्तस्राव के परिणाम-स्वरूप प्यास की अधिकता होती है। अर्श के कारण सर्वशरीरगत नख, त्वचा आदि मे पीलापन की उत्पत्ति आदि पित्त-दूषित होने के लक्षण हैं।

श्लेष्मार्शोलक्षणम्—

श्लेष्मोल्बणा महामूला घना मन्दरुजः सिताः ।
उच्छ्रूनोपचितस्निग्धास्तथा वृत्तगुरुस्थिराः ॥ २२ ॥
पिच्छिलाः स्तिमिताः श्लक्ष्णाः कण्ड्वाढ्याः स्पर्शनप्रियाः ।
करीरपनसास्थ्याभास्तथा गोस्तनसन्निभाः ॥ २३ ॥
वङ्क्षणानाहिनः पायुबस्तिनाभिविकर्तिनः ।
सकासश्वासहृल्लासप्रसेकारुचिपीनसाः ॥ २४ ॥

मोहकृच्छ्रशिरोजाड्यशिशिरज्वरकारिणः ।
क्लैव्याग्निमार्दवच्छर्दिरामप्रायविकारदाः ॥ २५ ॥
वसाभाः सकफप्राज्यपुरीषाः सप्रवाहिकाः ।
न स्रवन्ति न भिद्यन्ते पाण्डुस्निग्धनखादयः ॥ २६ ॥

श्लैष्मिक अर्श का लक्षण—कफज अर्श के मस्से मोटे (गम्भीर) मूलवाले, घने, अल्प पीड़ायुक्त, वर्ण में सफेद, अधिक उठे हुए, स्थूल, चिकने, स्तब्ध (अनम्र=दबाने से न दबनेवाले या कठोर), गोल, भारी एवं दृढ होते हैं। ये पिच्छिल, स्तिमित (निश्चल वा आर्द्र), चिकने, अधिक खुजली युक्त तथा स्पर्शनप्रिय (कण्डू के कारण स्पर्श करने में अच्छा लगनेवाले) होते हैं। इनकी बनावट करीर या कटहल की गुठली अथवा गौ के स्तन के समान होती है। इनके कारण वंक्षण प्रदेश में बद्धता (गुदा के समीप होने के कारण वंक्षण प्रदेश की क्रिया में अवरोध होता है), गुद, वस्ति (मूत्राशय) तथा नाभि प्रदेश में वेदना होती है। ये अर्श के मस्से कास, श्वास, मिचली, लालाप्रसेक, अरुचि, पीनस (दुर्गन्धयुक्त चिरकालीन नासास्राव), मोह, मूत्रकृच्छ्र, सिर में भारीपन, शीतज्वर, नपुंसकता, अग्निमान्द्य, वमन तथा आम के कारण होनेवाले (अतिसार, ग्रहणी आदि) रोगों को उत्पन्न करते हैं। इनके रहने पर मल, वसा तथा कफ जैसा प्रवाहण (प्रयत्न) करने पर निकलता है। इनसे स्राव नहीं होता और ये फटते भी नहीं हैं इनके वजह से त्वचा, नख, दांत, मूत्र एवं मल पाण्डुस्वरूप तथा स्निग्ध, चिकने हो जाते हैं ॥ २१–२६ ॥

विमर्श—कफज अर्श के मूल कारण, शीत तथा आमजन्य विबन्ध है। शीत के कारण शिरासंकोच तथा शिरासंकोच के कारण अर्श उत्पन्न होता है। अधिक मधुर, स्निग्ध आदि पदार्थ कफवर्द्धक एवं अजीर्णकारक होते हैं अतः अर्शरोग उत्पन्न होता है। स्थूलता, आलस्य एवं अजीर्ण के कारण अर्श उत्पन्न होता है। स्थूलता व्यायाम न करने से होती है। अधिकतर धनी वर्ग में अधिक बैठनेवालों को होती है। अधिक बैठने से अजीर्ण होकर अर्शरोग हो जाता है। कफज अर्श के मस्से मोटे होते हैं और इसमें आमदोष की अधिकता होती है। इनमें पाक न होने के कारण पीड़ा एवं श्वेतता होती है। इनमें मस्से बड़े होने के कारण गुदा के ऊपर स्थित वस्ति में दबाव डालते हैं और इससे मूत्रकृच्छ्रता भी हो जाती है। इसी प्रकार पौरुषग्रन्थि शुक्राशय पर दबाव पड़ने से मलोत्सर्ग के साथ शुक्र को नष्ट कर नपुंसकता को भी उत्पन्न कर देते हैं। आमदोष के कारण प्रवाहिका के सदृश एवं वसा-सदृश चिकना मल निकलता है।

संसर्गसन्निपातजार्शोलक्षणम्—

संसृष्टलिङ्गाः संसर्गान्निचयात्सर्वलक्षणाः।
सर्वैः सर्वात्मकान्याहुर्लक्षणैः सहजानि च ॥ २७ ॥

संसर्गज-सन्निपातज अर्श का लक्षण—संसर्ग समाहार से सभी लक्षणोंवाले संसर्गज होते हैं। त्रिदोषज अर्श सब दोषों के लक्षणों से युक्त होते हैं। सहज अर्श भी सन्निपातज अर्श के लक्षणों से युक्त होता है ॥ २७ ॥

रक्तार्शोलक्षणम्—

रक्तोल्बणा गुदे कीलाः पित्ताकृतिसमन्विताः।
वटप्ररोहसदृशा गुञ्जाविद्रुमसन्निभाः ॥ २८ ॥
तेऽत्यर्थं दुष्टमुष्णं च गाढविट्कप्रपीडिताः।
स्रवन्ति सहसा रक्तं तस्य चातिप्रवर्तितः ॥ २९ ॥
भेकाभः पीड्यते दुःखैः शोणितक्षयसंभवैः।
हीनवर्णबलोत्साहो हतौजाः क्लमुपेन्द्रियः ॥ ३० ॥

रक्तार्श का लक्षण—रक्तार्श के मस्से पित्तार्श के मस्सों के स्वरूप के समान होते हैं। इनका वर्ण वटशुङ्ग, गुञ्जा या प्रवाल के समान लोहित (लाल) होता है। कठिन मल से दबने के कारण, उनसे सहसा गन्दे तथा गर्म रक्त का स्राव होने लगता है। रक्त के अत्यधिक स्राव के कारण रोगी वर्षाऋतु के मेढक के समान पीला पड़ जाता है तथा रक्तक्षयजन्य अनेक व्याधियों से पीड़ित रहता है। इस रोगी का वर्ण फीका पड़ जाता है। बल, उत्साह तथा ओज की कमी हो जाती है। सभी इन्द्रियाँ व्याकुल रहती हैं।

विट् श्यावं कठिनं रूक्षमधो वायुर्न वर्तते।
तनु चारुणवर्णं च फेनिलं चासृगर्शसाम् ॥ ३१ ॥
कट्यूरुगुदशूलं च दौर्बल्यं यदि चाधिकम्।
तत्रानुबन्धो वातस्य हेतुर्यदि च रूक्षणम् ॥ ३२ ॥

वातानुबन्धि रक्तार्श—यदि मल कड़ा एवं काला सा हो, रूक्ष हो, अपान वायु न निकलती हो, अर्श के मस्सों का रक्त पतला, लाल तथा फेन युक्त हो, कटि, जंघा तथा गुदा में शूल हो, शरीर में अधिक दुर्बलता हो, और इनका उत्पादक कारण रूक्ष पदार्थों का सेवन हो तो रक्तार्श में वात का अनुबन्ध समझना चाहिए।

शिथिलं श्वेतपीतं च विट् स्निग्धं गुरु शीतलम्।
यद्यर्शसां घनं चासृक् तन्तुमत्पाण्डु पिच्छिलम् ॥ ३३ ॥
गुदं सपिच्छं स्तिमितं गुरु स्निग्धं च कारणम्।

श्लेष्मानुबन्धो विज्ञेयस्तत्र रक्तार्शसां बुधैः ॥ ३४ ॥

कफानुबन्धि रक्तार्श—रक्तार्श में यदि रोगी दुर्बलता का अनुभव करता हो, श्वेत, पीत, स्निग्ध, गुरु, शीतल से युक्त मल का त्याग करता हो, रक्त घन तन्तु से युक्त, पाण्डु वर्ण एवं पिच्छिल हो, गुदा गीली तथा निश्चल या आर्द्र चर्मावनद्ध सी प्रतीत होती हो। और रक्तार्श के कारण गुरु एवं स्निग्ध पदार्थों का सेवन हो तो इस प्रकार के रक्तार्श में श्लेष्मा का अनुबन्ध है ऐसा विद्वान् लोग समझें ॥ २८–३४ ॥

विमर्श—रक्तार्श में पैत्तिक के लक्षण एवं कारण रहते हैं—रक्त, पित्त वर्ग का ही धातु है एवं पित्तवर्द्धक पदार्थों से उसकी भी वृद्धि होती है। रक्त दूष्य है दोष नहीं। रक्तार्श को रक्त-भूयिष्ठ होने से ही अलग मानते हैं, अन्यथा इसका अन्तर्भाव पैत्तिक अर्श में हो सकता है, चरक ने इसका अन्तर्भाव पैत्तिक अर्श में ही किया है। अपितु द्वन्द्वज अर्श को मानकर अर्श के छः प्रकार बताये हैं। रक्त दूष्य ही है अतएव उसमें वात या कफ दोष का संसर्ग रहने पर ही रोग की उत्पत्ति रहती है, पैत्तिक लक्षणों से साम्य रहने के कारण पित्तानुबन्धि का अलग विवरण करने की आवश्यकता नहीं है।

रक्तार्श तथा रक्तातिसार का सापेक्ष निदान—

रक्तार्श	रक्तातिसार
(१) अर्श का इतिवृत्त (इतिहास) मिलता है।	(१) अर्श का इतिहास नहीं मिलता।
(२) अंगुल-गुद परीक्षा से मस्सों की उपस्थिति मिलती है।	(२) मस्सा की उपस्थिति नहीं रहती है।
(३) रक्तप्रवृत्ति मल-त्याग के पूर्व या पश्चात् होती है।	(३) रक्त मल में मिला रहता है।
(४) मल बँधा हुआ तथा कड़ा होता है।	(४) मल पतला होता है।
(५) मल-त्याग के समय पीड़ा होती है।	(५) मल-त्याग में पीड़ा नहीं होती है।

रक्तातिसार तथा रक्तपित्त का सापेक्ष निदान—

रक्तार्श	रक्तपित्त
(१) रोग का पुराना इतिहास मिलता है।	(१) पुराना इतिहास नहीं मिलता है।
(२) रक्त का निस्सरण गुदमार्ग से ही होता है।	(२) रक्त-निस्सरण गुदा, मुख तथा नासिका आदि से होता है।

(३) अंगुलि-गुद, परीक्षा से मस्से मिलते हैं।	(३) मस्से नहीं मिलते हैं।
(४) रक्त-निस्सरण मल-त्याग के पूर्व तथा पश्चात् होता है।	(४) मल-त्याग के विना भी रक्त-निस्सरण होता है।
(५) मल-त्याग में पीड़ा होती है।	(५) इसमें नहीं होती है।
(६) रोगी को प्रायः अजीर्ण तथा विवन्ध रहता है।	(६) इसमें अजीर्ण से विशेष सम्बन्ध नहीं रहता है।
(७) रक्त-मिश्रित अन्न को कुत्ता या काक खा सकता है।	(७) इसको काक तथा कुत्ता नहीं खाता है।
(८) इसके रक्त से रंगा हुआ वस्त्र धोने से साफ हो जाता है।	(८) वस्त्र साफ नहीं होता है।
(९) रक्त की मात्रा कम होती है।	(९) रक्त की मात्रा अधिक होती है।
(१०) रक्त निर्दुष्ट (सजीव), दुष्ट (निर्जीव) भी निकलता है।	(१०) इसमें दूषित रक्त निकलता है।

अर्शसां दुःसाध्यत्वे हेतुः—

पञ्चात्मा मारुतः पित्तं कफो गुदवलित्रयम्।
सर्व एव प्रकुप्यन्ति गुदजानां तु संभवे॥ ३५॥
तस्मादर्शांसि दुःखानि बहुव्याधिकराणि च।
सर्वदेहोपतापीनि प्रायः कृच्छ्रतमानि च॥ ३६॥

अर्श के दुःसाध्यत्व का कारण—गुदार्श के उत्पन्न होने में वात, पित्त तथा कफ के पांचों स्वरूप तथा गुदा की तीनों वलियाँ (प्रवाहणी, विसर्जनी, संवरणी) प्रकुपित हो जाती है, इसलिये अर्श अधिक कष्टप्रद, अनेक रोगों के उत्पादक, सम्पूर्ण शरीर को कष्ट पहुँचानेवाले प्रायः कष्टसाध्य होते हैं॥३५-३६॥

विमर्श :—पञ्चात्मा शब्द से वात, पित्त तथा कफ के पाँच स्वरूपों का बोध होता है। स्थान एवं कार्य-भेद से वात आदि प्रत्येक के पांच-पांच भेद होते हैं। अर्श रोग में ये तीनों दोष—अपने पांचों स्वरूपों से तथा पांचों स्थानों में प्रकुपित हो जाते हैं। वायु का स्वरूप—प्राण, उदान, समान, अपान तथा व्यान ये पांच हैं। वायु का स्थान—क्रमशः हृदय, कण्ठ, नाभि प्रदेश, पक्वाशय एवं गुदा तथा सर्व शरीर हैं। पित्त का स्वरूप :—पाचक, भ्राजक, रंजक, आलोचक तथा साधक है, स्थान—क्रमशः, पाचन-प्रणाली, त्वचा, यकृत, प्लीहा, नेत्र, हृदय या मस्तिष्क है। कफ का स्वरूप :—अवलम्बक, क्लेदक, बोधक, तर्पक तथा श्लेष्मक है। स्थान :—क्रमशः हृदय, आमाशय, जिह्वा, सिर तथा सन्धि है। इस प्रकार ये तीनों दोष अपने पांचो स्वरूप से पांचों

स्थान में व्याप्त होकर दूषित होने के कारण सार्वदैहिक उपद्रव श्वास, कास-हल्लास, उदर रोग आदि अर्श रोग में उत्पन्न करते हैं। वात से नखादि का वर्ण काला, पित्त से पीला तथा कफ से श्वेत वर्ण के होते हैं। इसी प्रकार शारीरिक लक्षण एवं चिह्न भी तत्तद् दोष के लक्षणों के अनुकूल ही होते हैं। अर्श में तीनों दोषों की दुष्टि होती है किन्तु जिस दोष की प्रधान दुष्टि होती है उसी के अनुसार उसके लक्षण भी उत्पन्न होते हैं। इधर गुद की तीनों वलियां भी अर्श के प्रादुर्भाव से दूषित रहती है। ये तीनों वलियां जब दूषित होती हैं तो अपना कार्य व्यवस्थित रूप से नहीं करती हैं और इसी के कारण मलावरोधक रक्तस्रावादि उपद्रव दृष्टिगोचर होते हैं।

अर्शसां सुखसाध्यत्वादिलक्षणम्—

बाह्यायां तु बलौ जातान्येकदोषोल्बणानि तु।
अर्शांसि सुखसाध्यानि न चिरोत्पतितानि च ॥ ३७ ॥
द्वन्द्वजानि द्वितीयायां बलौ यान्याश्रितानि च।
कृच्छ्रसाध्यानि तान्याहुः परिसंवत्सराणि च ॥ ३८ ॥
सहजानि त्रिदोषाणि यानि चाभ्यन्तरां वलिम्।
जायन्तेऽर्शांसि संश्रित्य तान्यसाध्यानि निर्दिशेत् ॥ ३९ ॥
शेषत्वादायुषस्तानि चतुष्पादसमन्विते।
याप्यन्ते दीप्तकायाग्नेः प्रत्याख्येयान्यतोऽन्यथा ॥ ४० ॥

अर्श के सुखसाध्यत्वादि लक्षण—गुदा की संवरणी नामक बाह्य वलि में होनेवाले नवीन उत्पन्न तथा एकदोषोल्वण अर्श सुखसाध्य होते हैं। विसर्जनी नामक द्वितीय वलि में दो दोषों से उत्पन्न होनेवाले एक साल के पुराने अर्श कृच्छ्रसाध्य होते हैं। सहज तथा प्रवाहिणी नामक अन्तःस्थित तृतीय वलि में होने वाले त्रिदोषज अर्श असाध्य होते हैं। दीप्त जाठराग्निवाले रोगी की आयु शेष हो, चतुष्पाद (वैद्य, द्रव्य, उपस्थाता, रोगी) की संपत्ति हो तो असाध्य अर्श भी याप्य हो जाते हैं। इसके विपरीत (रोगी की आयु शेष न हो चतुष्पाद की सम्पत्ति न हो तथा अग्नि भी मन्द हो) अर्श रोग प्रत्याख्येय (असाध्यतम या अचिकित्स्य) होता है ॥ ३७–४० ॥

हस्ते पादे मुखे नाभ्यां गुदे वृषणयोस्तथा।
शोफो हृत्पार्श्वशूलं च यस्यासाध्योऽर्शसो हि सः ॥ ४१ ॥
हृत्पार्श्वशूलसंमोहाश्छर्दिरङ्गस्य रुग्ज्वरः।
तृष्णा गुदस्य पाकश्च निहन्युर्गुदजातुरम् ॥ ४२ ॥
तृष्णारोचकशूलार्तमतिप्रस्रुतशोणितम्।
शोफातीसारसंयुक्तमर्शोव्याधिर्विनाशयेत् ॥ ४३ ॥

जिस अर्श के रोगी के हाथ, पैर, मुख, नाभि, गुदा तथा अण्ड कोषों में शोथ हो एवं, हृदय और पार्श्व में शूल हो उसे असाध्य समझना चाहिए। जिस रोगी के हृदय प्रदेश तथा पार्श्व में शूल हो, संमोह (इन्द्रिय-शक्ति-शैथिल्य), वमन, शरीर में टूटने जैसी पीड़ा, ज्वर, प्यास तथा गुदा में पाक हो गया हो उस रोगी को अर्श रोग मार डालता है। तृष्णा, अरोचक तथा शूल से युक्त जिस रोगी के अर्श से अत्यधिक स्राव हुआ हो तथा शोथ एवं अतिसार से पीड़ित हो तो अर्श रोग उस रोगी को मार डालता है ॥ ४१–४३ ॥

विमर्श :—साध्य तथा असाध्य भेद से रोग दो प्रकार के होते हैं। साध्य के भी सुखसाध्य तथा कृच्छ्र साध्य दो भेद हैं। इसी प्रकार असाध्य भी याप्य एवं असाध्य भेद से दो होता है। प्रथम बलि (संवरणी) में होने वाला एकदोषोल्वण अर्श साध्य, द्विदोषज अर्श कृच्छ्रसाध्य तथा त्रिदोषज अर्श याप्य होता है। ऐसे ही द्वितीय बलि (विसर्जनी) में होनेवाला, एक-दोषोल्वण अर्श कृच्छ्रसाध्य, द्विदोषज याप्य तथा त्रिदोषज असाध्य होता है।

प्रवाहिणी नामक तृतीय बलि में होनेवाला एकदोषज याप्य तथा द्विदोषज और त्रिदोषज असाध्य होता है। जो अर्श याप्य एवं प्रत्याख्येय होते हैं वे दोष एवं बलि के भेद होने पर भी असाध्य ही रहते हैं। त्रिदोषज अर्श बाह्य बलि में होने पर भी असाध्य ही रहता है। इसी प्रकार तृतीय बलि में होने वाला एकदोषज अर्श भी याप्य या असाध्य ही रहता है, कारण कि अर्श का त्रिदोषज या तृतीय बलि में होना असाध्य का लक्षण है। हाथ, पैर, मुख आदि में एक साथ ही शोथ होने पर अर्श रोग असाध्य होता है किन्तु हृदय तथा पार्श्वशूल आदि पृथक्-पृथक् एवं सम्मिलित रूप में भी असाध्यता के सूचक हैं।

मेढ्रादिजानामर्शसां स्वरूपम्—

मेढ्रादिष्वपि वक्ष्यन्ते यथास्वं नाभिजानि तु।
गण्डूपदास्यरूपाणि पिच्छिलानि मृदूनि च ॥ ४४ ॥

मेढ्र (लिंग) आदि में उत्पन्न अर्श के स्वरूप—लिंग, नासा, अक्षि तथा कफ में भी मस्से होते हैं, इनका वर्णन उन अङ्गों में होनेवाले रोगों के साथ ही किया जायगा। नाभि में होनेवाले अर्श का स्वरूप गण्डूपद कृमि के समान पिच्छिल एवं मृदु होता है ॥ ४४ ॥

चर्मकीललक्षणम्—

व्यानो गृहीत्वा श्लेष्माणं करोत्यर्शस्त्वचो बहिः।
कीलोपमं स्थिरखरं चर्मकीलं तु तं विदुः ॥ ४५ ॥

वातेन तोदः पारुष्यं पित्तादसितरक्तता ।
श्लेष्मणा स्निग्धता तस्य ग्रथितत्वं सवर्णता ॥ ४६ ॥

इति गदनिग्रहेऽर्शोनिदानम् ।

चर्मकील का लक्षण—सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त व्यान वायु कफ को लेकर त्वचा पर कील के समान स्थिर एवं खुरदरा मस्सा उत्पन्न कर देता है उसे चर्मकील कहते हैं। इस चर्मकील में वात के कारण सूचीवेध के समान वेदना, कठोरता होती है। पित्त के कारण उनका मुख काला होता है। कफ का प्राधान्य होने पर मस्सा चिकना, गठीला तथा त्वचा के सदृश वर्णवाला होता है ॥ ४५ ४६ ॥

इति अर्श निदान समाप्त ।

अथातोऽर्शसां चिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

अर्शश्चिकित्सायामन्तरग्नेर्बलरक्षणावश्यकता—

त्रयो विकाराः प्रायेण ये परस्परहेतवः ।
अर्शांसि चातिसारश्च ग्रहणीदोष एव च ॥ ४७ ॥
तेषामग्निबले हीने वृद्धिर्वृद्धे परिक्षयः ।
तस्मादग्निं सदा रक्षेद् दुर्बलेषु विशेषतः ॥ ४८ ॥

अर्श रोग की चिकित्सा—"अर्श की चिकित्सा में जाठराग्नि के बल-रक्षण की आवश्यकता" जो तीन रोग अर्श, अतिसार तथा ग्रहणी प्रायः आपस में एक रोग दूसरे रोग के कारण होते हैं। उन रोगों से पीड़ित रोगियों के अग्नि तथा बल के हीन होने से उनकी वृद्धि होती है तथा अग्नि एवं बल की वृद्धि होने पर उनका नाश होता है। इसलिये सर्वदा जाठराग्नि की रक्षा करें। दुर्बल रोगियों के अग्नि एवं बल की रक्षा विशेष रूप से करनी चाहिए ॥ ४७-४८ ॥

अर्शसां चतुर्धा साधनविधानम्—

दुर्नाम्नां साधनोपायश्चतुर्धा परिकीर्तितः ।
भेषजक्षारशस्त्राग्निसाध्यत्वादाद्य उच्यते ॥ ४९ ॥

अर्श रोगों के चार साधनों का विधान—अर्श रोग को दूर करने के लिये चार प्रकार के उपाय बताये गये हैं—औषध, क्षार कर्म, शस्त्र कर्म तथा अग्नि कर्म। इन साधनों से अर्श रोग साध्य होता है। अतः सर्वप्रथम औषध चिकित्सा का निरूपण करते हैं ॥ ४९ ॥

वातार्शःस्वर्कपत्रादिलवणम्—

लवणं ह्यर्कपत्राणि करीरतरुजान्यपि ।

मद्यैरम्लैश्च युक्तानि युक्त्या क्षारं दहेत्पुटे ॥ ५० ॥
सुखोदकेन मद्यैर्वा रसैरम्लैश्च पाययेत् ।
पीतः क्षारो ह्ययं हन्याद्वातार्शस्यचिरेण तु ॥ ५१ ॥

वातिक अर्श में अर्कपत्रादि लवण—सेन्धा नमक, मदार का पत्ता, तथा करीर वृक्ष का पञ्चाङ्ग लेकर कूट ले और मद्य तथा अम्ल पदार्थ मिलाकर शराव-सम्पुट में बन्द कर ऊपर कपड़मिट्टी लगा कर सुखा लो इसके बाद कण्डे की आग में पकाकर युक्तिपूर्वक क्षार तैयार करें, और इस क्षार को गरम जल, मद्य या अम्ल रस के साथ पान करावें। यह क्षार पान करने से शीघ्र ही वातजन्य अर्श रोग को नाश करता है ॥ ५०–५१ ॥

अर्शोरोगिभिः सेव्यमन्नपानौषधम्—

यद्वायोरानुलोम्याय यदग्निबलवृद्धये ।
अन्नपानौषधं सर्वं तत्सेव्यं नित्यमर्शसैः ॥ ५२ ॥

अर्श रोगियों के सेवन योग्य, अन्न-पान तथा औषध—जो अन्न-पान तथा औषध वात को अनुलोमन करनेवाला हो तथा अग्नि एवं बल को बढ़ाने वाला हो, उन सभी अन्न-पान तथा औषधों को अर्श का रोगी प्रतिदिन सेवन करे ॥ ५२ ॥

भिन्नवर्चसां गाढवर्चसां च अर्शसां चिकित्सा—

वातातिसारवद्भिन्नवर्चस्यर्शस्युपाचरेत् ।
उदावर्तविधानेन गाढविट्कानि चासकृत् ॥ ५३ ॥
प्रवृत्तबहुलास्राणि पित्तशोणितनाशनैः ।

पतले एवं कड़े मल त्याग करनेवाले अर्शरोगी की चिकित्सा—पतले मल त्याग करनेवाले अर्श रोगियों की वातातिसार के तरह चिकित्सा करे, कड़े मल त्याग करनेवाले अर्श के रोगियों की चिकित्सा उदावर्त के तरह करे। अधिक रक्तस्राव में पैत्तिक रक्तातिसारनाशक औषधों से उपचार करे।

अर्शःसु तक्रोपयोगः—

विड्विबन्धे हितं तक्रं यवानीबिडसंयुतम् ॥ ५४ ॥
न विरोहन्ति गुदजाः पुनस्तक्रसमाहताः ।
स्रोतःसु तक्रशुद्धेषु रसः सम्यगुपैति यः ॥ ५५ ॥
तेन तुष्टिर्बलं वर्णः प्रहर्षश्चोपजायते ।
वातश्लेष्मविकाराणां शतं च विनिवर्तयेत् ॥ ५६ ॥

अर्श रोग में तक्र का उपयोग—अर्श के कारण मलावरोध में अजवायन तथा विरिया नमक मिलाकर तक्र का सेवन करना हितकर होता है। तक्र के द्वारा नष्ट अर्श रोग पुनः उत्पन्न नहीं होते हैं। तक्र (मट्ठा) के प्रयोग से स्रोतों

के शुद्ध होने पर जो रस अच्छी तरह बनता है उसमें तृप्ति, बल-वृद्धि, वर्ण, स्वच्छ तथा शरीर में साहस उत्पन्न होता है, और सैकड़ों वात एवं कफ-जन्य विकार दूर होते हैं ॥ ५४–५६ ॥

अर्शःसु हरीतकीयोगः—

सगुडां पिप्पलीयुक्तामभयां घृतभर्जिताम् ।
त्रिवृद्दन्तीयुतां वाऽपि भक्षयेदानुलोमिकाम् ॥ ५७ ॥

अर्श रोग में हरीतकी योग—घृत में भूने हुए हर्रे को गुड़ में पकाकर और पीपर का चूर्ण मिलाकर या निशोथ तथा दन्ती का चूर्ण मिलाकर वायु को अनुलोमन करने के लिये भक्षण करे ॥ ५७ ॥

अर्शःसु भल्लातकयोगौ—

तिलाशुष्करसंयोगं भक्षयेदग्निवर्धनम् ।
कुष्ठरोगहरं श्रेष्ठमर्शसां नाशनं परम् ॥ ५८ ॥
तिलभल्लातकं पथ्या गुडश्चेति समांशकम् ।
दुर्नामश्वासकासघ्नं प्लीहपाण्डुज्वरापहम् ॥ ५९ ॥

अर्श रोग में भल्लातक के दो योग—तिल तथा शु० भल्लातक को चूर्ण बनाकर भक्षण करे। यह अग्नि को बढ़ानेवाला, कुष्ठ रोग को दूर करनेवाला तथा अर्श रोग को नाश करने में श्रेष्ठ है।

तिल, शु० भल्लातक, हर्रे तथा गुड़ समभाग लेकर चूर्ण बना, गुड़ में पकाकर भक्षण करे। यह अर्श रोग, श्वास तथा कास नाश करती है और प्लीहावृद्धि, पाण्डुरोग एवं ज्वर को दूर करता है ॥ ५८–५९ ॥

अर्शःसु सूरणयोगः—

मृल्लिप्तं सौरणं कन्दं पक्त्वाऽग्नौ पुटपाकवत् ।
अद्यात्सतैललवणं दुर्नामविनिवृत्तये ॥ ६० ॥

अर्श रोग में सूरण योग—सूरण के कन्द के ऊपर मिट्टी पोत कर आग में पकावें अच्छी तरह पक जाने पर तैल में भून कर सेन्धा नमक मिलाकर भक्षण करे। यह अर्श रोग को दूर करता है ॥ ६० ॥

अर्शःसु कृष्णतिलयोगः—

असितानां तिलानां प्राक् प्रकुञ्चं शीतवारिणा ।
खादतोऽर्शांसि शाम्यन्ति द्विजदार्ढ्याङ्गपुष्टिदम् ॥ ६१ ॥

अर्श रोग में कृष्णतिल योग—काले तिलों का छिलका निकाल, चूर्ण बनावे। इस चूर्ण को प्रातःकाल शीतल जल के साथ खाने से अर्श शान्त होते हैं, और यह दांतों को दृढ़ बनानेवाला तथा शरीर को बलवान् बनानेवाला है ॥ ६१ ॥

अर्शःसु वार्ताकफलयोगः—

स्विन्नं वार्ताकफलं घोषायाः क्षारजेन सलिलेन ।
तद्घृतभृष्टं युक्तं गुडेन चाऽऽतृप्तितो योऽत्ति ॥ ६२ ॥
पिबति च तक्रं नूनं तस्याश्वेवातिवृद्धगुदजानि ।
यान्ति च नाशं पुंसः सहजान्यपि सप्तरात्रेण ॥ ६३ ॥

अर्श में वार्ताकफल का योग—सौंफ के क्षारीय जल में उबले हुए वार्ताक फल (बनभंटा) को घृत में भूनकर गुड़ में मिलाकर पर्याप्त मात्रा में प्रतिदिन जो भक्षण करता है और ऊपर से तक्र (मट्ठा) पीता है, उस पुरुष के अत्यधिक बढ़े हुए अर्शरोग शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं, तथा सहज अर्श रोग भी सात दिन में नष्ट हो जाते है ॥ ६२-६३ ॥

अर्शःसु गुडाभयायोगः—

पित्तश्लेष्मप्रशमनी कच्छूकण्डूरुजापहा ।
गुदजान्नाशयत्याशु योजिता सगुडाऽभया ॥ ६४ ॥

अर्शरोग में गुड़-अभया योग—गुड़ के साथ हरीतकी प्रयोग (सेवन) करने से पित्त तथा कफजन्य उपद्रवों को शान्त करती है, कच्छू (पामा 'कलकल' या तर खुजली) एवं कण्डूरोग (शुष्क खुजली) तथा अर्शों को शीघ्र ही नाश करती है ॥ ६४ ॥

अर्शःसु चित्रकतक्रम्—

त्वचं चित्रकमूलस्य पिष्ट्वा कुम्भे प्रलेपयेत् ।
तक्रं वा दधि वा तत्र जातमर्शोहरं पिबेत् ॥ ६५ ॥

अर्शरोग में चित्रक-तक्र—चित्रक की जड़ की छाल को पानी में महीन पीस कर नवीन घड़े के अन्दर लेप कर दे और उस घड़ा में दही जमावे या दही का मट्ठा बनाकर सेवन करे। यह चित्रक-तक्र पान करने से अर्शरोग को दूर करता है ॥ ६५ ॥

अर्शःसु कल्याणकं लवणम्—

भल्लातकानि त्रिफला दन्ती चित्रकसूरणम् ।
समभागानि सर्वाणि सैन्धवं द्विगुणं भवेत् ॥ ६६ ॥
कपालघटपक्वं तु मृदुना गोमयाग्निना ।
कल्याणं नाम लवणं श्रेष्ठमर्शोविकारिणाम् ॥ ६७ ॥

अर्शरोग में कल्याणक लवण—शु० भल्लातक, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), दन्ती, चित्रकमूल तथा सूरन समभाग—सेन्धानमक दो भाग लेकर घड़े में बन्द कर उपलों की मन्द आंच से जलाकर कल्याणक लवण तैयार कर ले। यह कल्याणक लवण अर्श के रोगियों के लिये श्रेष्ठ है ॥ ६६-६७ ॥

अर्शःसु पीलुरसायनम्—

पीलूत्यार्द्राणि सेवेत पक्षं पक्षार्धमेव वा।
न चान्नं शीलयेत्किंचित्तेभ्यः सौख्यमवाप्नुयात् ॥ ६८ ॥
एतदर्शांसि शमयेच्छ्रेष्ठं पीलुरसायनम्।
ग्रहणीकृमिदोषाणां गुल्मिनाममृतोपमम् ॥ ६९ ॥

अर्शरोग में पीलु रसायन—गीले पीलु (पीलु वृक्ष विशेष "गुडफल") के फल को एक पक्ष (पन्द्रह दिन) या आधा पक्ष (एक सप्ताह) सेवन करे और थोड़ा भी अन्न भक्षण न करे उसीसे संतुष्ट रहे। यह श्रेष्ठ पीलु रसायन अर्शों को शान्त करता है, ग्रहणी तथा कृमि रोगों को नाश करता है और गुल्म के रोगियों के लिये अमृत के समान है ॥ ६८–६९ ॥

पित्तार्शःसु शिरीषमूलादिकल्कः—

शिरीषमूलं पुष्पं च शाल्मलेस्तिनिशस्य च।
निर्यासश्च पलाशस्य वदर्याः ककुभस्य च ॥ ७० ॥
रोध्रं शाल्मलिनिर्यासः कट्वङ्गस्तण्डुलीयकः।
मधुकार्जुनपुष्पाणि धातकीरोध्रयोरपि ॥ ७१ ॥
शोभाञ्जनं शङ्खनाभी कङ्गुकाः षष्टिकास्तथा।
एषां कल्कं मधुयुतं पाययेत्तण्डुलाम्बुना ॥ ७२ ॥
अर्शांसि शमयत्येष पीतः पित्तात्मकानि तु।
रक्तपित्तमतीसारं रक्तार्शांसि च नाशयेत् ॥ ७३ ॥

पैत्तिक अर्श में शिरीषमूलादिकल्क—शिरीष का मूल तथा पुष्प, सेमर तथा तिनिश का मूल एवं पुष्प, पलास, बैर तथा ककुभ (अर्जुन) का गोंद, लोध, सेमर का गोंद, कट्वंग (अरलु), तण्डुलीयक (चौलाई), मुलेठी, अर्जुन का पुष्प, धाय तथा लोध का पुष्प, सहिजन, शंखनाभि, कंगुक (कंगुनी "टंगुनी") तथा षष्टिक (साठी) इन सभी द्रव्यों को समभाग लेकर कल्क तैयार करे। इस कल्क को मधु मिलाकर तण्डुलोदक के साथ पान कराये। यह पान करने से पैत्तिक अर्श को शान्त करता है और रक्त-पित्त-अतिसार तथा रक्तार्श को नाश करता है ॥ ७०–७३ ॥

पित्तार्शसु हरिद्रादिकषायः—

पलानि पञ्च कुर्वीत रजन्यास्तु प्रमाणतः।
कौटजस्याथ वल्कस्य द्विपलं सूक्ष्मकुट्टितम् ॥ ७४ ॥
द्व्याढके वारिणः साध्यमष्टभागावशेषितम्।
तत्कषायं पिबेद्युक्त्या शीतं माक्षिकसंयुतम् ॥ ७५ ॥
एतेन पित्तजातानि रक्तजान्यपि सर्वशः।

रक्तातिसारश्च तथा रक्तपित्तं च शाम्यति ॥ ७६ ॥

पित्तार्श में हरिद्रादिकषाय—आमाहल्दी पांच पल, कोरैया की छाल का चूर्ण दो पल, जल दो आढक (आठ सेर) में अष्टमांशावशिष्ट कषाय तैयार करे। इस कषाय को ठंढा होने पर मधु के साथ युक्तिपूर्वक पान करे। यह कषाय पान करने से पित्तज तथा सभी प्रकार के रक्तज अर्श, रक्तातिसार और रक्तपित्त को शान्त करता है ॥ ७४–७६ ॥

पित्तार्शसि बालकादिकल्कः—

बालकं शृङ्गवेरं च पाययेत्तण्डुलाम्बुना ।
मधुयुक्तं प्रशमयेदर्शः पित्तसमुद्भवम् ॥ ७७ ॥

पित्तार्श में बालकादि कल्क—सुगन्धबाला तथा सोंठ के कल्क को मधु मिलाकर तण्डुलोदक के साथ पान कराये। यह पित्तजन्य अर्श को शान्त करता है ॥ ७७ ॥

पित्तार्शसि त्रपुषादियोगः—

त्रपुसैर्वारुबीजानि हरिद्रे दारुसाह्वयम् ।
तण्डुलोदकपीतं च हन्यादर्शो हि पित्तजम् ॥ ७८ ॥

श्लैष्मिक-अर्श की चिकित्सा—त्रपुस (खीरा) तथा एर्वारु (ककडी के बीज), आमाहल्दी, दारुहल्दी तथा देवदारु (समभाग)—इन द्रव्यों को लेकर कल्क तैयार करे और तण्डुलोदक के साथ पान करे। यह त्रपुसादि योग पित्तज अर्श को शान्त करता है ॥ ७८ ॥

श्लैष्मिकार्शश्चिकित्सा—

श्लैष्मिकेष्वपि चार्शस्सु नित्यं शोधनमाचरेत् ।
पिप्पलीवर्धमानं वाऽप्यभयां वाऽपि शीलयेत् ॥ ७९ ॥

श्लैष्मिक अर्श की चिकित्सा—श्लैष्मिक अर्श में प्रतिदिन शोधन कर्म करे, और पिप्पली वर्द्धमान योग या अभया (हर्रे) का सेवन करे ॥ ७९ ॥

श्लेष्मार्शसि हरीतकीयोगः—

गोमूत्रद्रोणसंयुक्ते विपचेदभयाशतम् ।
क्षीणे मूत्रे हरीतक्यौ खादेद् द्वे मधुना सह ॥ ८० ॥
एष प्रयोगः शमयेदर्शः श्लेष्मसमुत्थितम् ।
ग्रहणीकृमिदोषांश्च पाण्डुत्वं शयथूनपि ॥ ८१ ॥

श्लेष्मार्श में हरीतकी योग — एकद्रोण गोमूत्र में एक सौ हर्रे पकावे। मूत्र जल जाने पर उतार ले और उसमें से दो-दो हर्रे मधु के साथ भक्षण करे। यह प्रयोग कफजन्य अर्शरोग, ग्रहणीदोष, कृमिदोष, पाण्डुरोग तथा शोथ को शान्त करता है ॥ ८०–८१ ॥

श्लेष्मार्शसि पारिभद्रादिक्षारः—

पारिभद्रं सुधां दन्तीं ककुभं समयूरकम् ।
गवाश्वमहिषाणां च मूत्राण्यथ समाहरेत् ॥ ८२ ॥
भस्मीकृत्य च तं क्षारं युक्त्या मद्येन पाययेत् ।
श्लेष्मार्शांसि प्रशमयेच्छ्वयथुं पाण्डुतामपि ॥ ८३ ॥
रक्तजेष्वपि चार्शस्सु क्षीरेणाजेन शस्यते ।
ऋतुं चाप्ययनं वाऽपि पिबेन्मासमथापि वा ॥ ८४ ॥

श्लेष्मज अर्श में पारिभद्रादिक्षार—पारिभद्र (फरहद), सुधा (सेहुंड़), दन्ती, अर्जुन तथा अपामार्ग—इन द्रव्यों को (समभाग) एकत्र कर, गाय, अश्व तथा भैंस के मूत्र से भावित करे तथा शराव-सम्पुट या हाड़ी में बन्द कर ऊपर से मिट्टी लगा दे और अन्तर्धूम जलाकर, भस्म बनावे । इस क्षार को युक्तिपूर्वक मद्य के साथ पान करावे । यह क्षार कफजन्य अर्श, शोथ तथा पाण्डुरोग को शान्त करता है । रक्तज अर्श में बकरी के दूध के साथ सेवन करना प्रशस्त है इस क्षार को, ऋतु पर्यन्त या एक वर्ष पर्यन्त अथवा एक माह तक पान करे ॥ ८२–८४ ॥

रक्तार्शसि लाक्षादियोगः—

लाक्षा हरिद्रा मञ्जिष्ठा मधुकं नीलमुत्पलम् ।
अजाक्षीरेण पीतानि रक्तजानां विनाशनम् ॥ ८५ ॥

रक्तार्श में लाक्षादि योग—लाख, हल्दी, मंजीठ, मुलेठी, नील कमल (समभाग) द्रव्यों को क्षार, कल्क या क्वाथ, बनाकर बकरी के दूध के साथ पीने से रक्तज अर्श को नाश करता है ॥ ८५ ॥

रक्तार्शसि चन्दनादिक्वाथः—

चन्दनकिराततिक्तकधन्वयवासाः सनागराः कथिताः ।
रक्तार्शसां प्रशमना दार्वीत्वग्गुशीरनिम्बाश्च ॥ ८६ ॥

रक्तज-अर्श में चन्दनादि क्वाथ—रक्त चन्दन, चिरायता, यवासा तथा सोंठ इन द्रव्यों का क्वाथ तथा दारुहल्दी, दालचीनी, खस एवं निम्ब का क्वाथ, रक्तज अर्श को शान्त करनेवाले हैं ॥ ८६ ॥

रक्तार्शसि कतिपययोगाः—

नवनीततिलाभ्यासात्केसरनवनीतशर्कराभ्यासात् ।
दधिसरमथिताभ्यासाद् गुदजाः शाम्यन्ति रक्तवहाः ॥ ८७ ॥

रक्तज अर्श में कुछ योग—नवनीत (मक्खन) तथा तिल को प्रतिदिन सेवन करने से या केसर, नवनीत तथा शक्कर को सेवन करने से अथवा

मट्ठा एवं मथित (बिना पानी वाला दही) के नित्य प्रति सेवन करने से रक्तस्रावी अर्श शान्त होते हैं ॥ ८७ ॥

रक्तार्शसि कुटजादिघृतम्—

कुटजफलंवल्ककेसरनीलोत्पलरोध्रधातकीकल्कैः।
सिद्धं घृतं विधेयं शूले रक्तार्शसां भिषजा ॥ ८८ ॥

रक्तज अर्श में कुटजादिघृत—इन्द्रयव, कोरैया की छाल, केशर, नीलकमल, लोध तथा धाय का फूल, इन द्रव्यों के (समभाग) कल्क के साथ घृत के चौगुना जल तथा घृत के चौथाई कल्क मिलाकर घृत सिद्ध करे, और रक्तार्शजन्य शूल में प्रयोग करे ॥ ८८ ॥

अर्शःसु पिप्पल्यादिपेया—

पिप्पली पिप्पलीमूलं चित्रको हस्तिपिप्पली।
शृङ्गवेरमजाजी च कारवी धान्यतुम्बरु ॥ ८९ ॥
बिल्वकर्कटिकापाठाः पिष्ट्वा पेयां विपाचयेत्।
फलाम्लां यमके भृष्टां तां दद्याद् गुदजापहाम् ॥ ९० ॥
एभिश्चैव वटान् कुर्यादेभिश्चैव पचेज्जलम्।
एतैश्चैव घृतं साध्यमर्शसां विनिवृत्तये ॥ ९१ ॥

अर्शरोगों में पिप्पल्यादि पेय—पीपर, पिपरामूल, चित्रक, गजपीपर, सोंठ, जीरा, मंगरैल, धनिया, तुम्बरु, बेल, काकड़ासिंघी तथा पाठा (समभाग) इन द्रव्यों को पीसकर पेया पकाये और उसमें फलाम्ल (आंवला का फल), यमक (संख्या में दो) लेकर आग में भूनकर मिला दे और अर्शरोग से पीड़ित व्यक्ति को सेवन कराये। यह अर्शरोगों को नाश करता है। इन्हीं द्रव्यों को मिलाकर वटक बनावे, क्वाथ पकावे तथा इन्हीं द्रव्यों से घृत सिद्ध कर अर्शरोगों को दूर करने के लिये सेवन करावे ॥ ८९-९१ ॥

अर्शसि त्र्यूषणाद्यं चूर्णम्—

त्र्यूषणं पिप्पलीमूलं पाठां हिङ्गु सचित्रकम्।
सौवर्चलं पुष्करास्यमजाजी बिल्वपेशिकाम् ॥ ९२ ॥
बिडं यवानीं हपुषां विडङ्गं सैन्धवं वचाम्।
तिन्तिडीकं च मण्डेन मद्येनोष्णोदकेन वा ॥ ९३ ॥
तथाऽर्शोग्रहणीदोषशूलानाहाच्च मुच्यते।

अर्शरोग में त्र्यूषणादिचूर्ण—त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), पिपरामूल, पाढ़ी, शु० हिंगु, चित्रक, सौवर्चल नमक, पुष्करमूल, जीरा, बेल की छाल, विडनमक, अजवायन, हाऊबेर, वायविडंग, सेंधा नमक, वच तथा तिन्तिडीक (वृक्षाम्ल) (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर, मण्ड या मद्य या गरम

जल से सेवन करे। यह चूर्ण अर्शरोग, ग्रहणीदोष, शूल तथा आनाह (पेट फूलना) से मुक्त कर देता है।

अर्शसि पाठायोगः—

दुःस्पर्शकेन बिल्वेन यवान्या नागरेण वा ॥ ९४ ॥
एकैकेनापि संयुक्ता पाठा हन्त्यर्शसां रुजः।

अर्शरोग में पाठायोग—पाठा (पाढ़ी) का चूर्ण, यवासा, बेल, अजवायन तथा सोंठ इनमें से किसी एक के साथ भी मिलाकर सेवन करने से अर्शरोग को नाश करता है।

शुष्कार्शःसु स्वेदः—

रास्नावचाशताह्वानां हपुषाकृष्णगन्धयोः ॥ ९५ ॥
शुष्कमूलकसक्तूनां शिग्रोर्गृञ्जनकस्य च।
एषामेकैकशः पिण्डैरुष्णैस्तैलघृतान्वितैः ॥ ९६ ॥
सुधान्वितैस्तु स्वभ्यक्ता स्वेद्याः शुष्कगुदोद्भवाः।

शुष्कार्श में स्वेदन कर्म—रासन, वच तथा सौंफ, हाऊबेर तथा कृष्णगन्धा (सहिजन), सूखी मूली के सत्तू, सहिजन एवं गाजर—इन द्रव्यों की पीठी बनाकर इन योगों में से किसी एक योग को भी तैल तथा घृत में गरम कर सेहुंड़ मिलाकर, टिकिया (पिण्ड), बनावे और उससे शुष्क-अर्श को तैल या घृत का लेप कर स्वेदन करे (इससे अर्शरोग की पीड़ा दूर हो जाती है)।

अर्शसि रास्नाद्युपनाहः—

रास्नामेरण्डमूलं च मधुकं देवदारु च ॥ ९७ ॥
यवचूर्णेन युक्तानि क्षीरेणालोड्य साधयेत्।
तेनोपनाहं कुर्वीत स्वेदयेच्च पुनः पुनः ॥ ९८ ॥
तेनार्शांसि शमं यान्ति वेदना विनिवर्तते।

अर्शरोग में रास्नादि उपनाह—रासन, एरण्डमूल, मुलेठी तथा देवदारु—इन द्रव्यों के चूर्ण को यव के चूर्ण में मिलाकर दूध के साथ पकावे और उसका उपनाह (पुल्टिस) बनावे तथा उसी से बार-बार स्वेदन करे। इस प्रकार स्वेदन करने से अर्शरोग शान्त होते हैं और उनकी वेदनायें दूर हो जाती हैं ॥ ९७–९८ ॥

अर्शसि वृषादिक्काथस्वेदः—

वृषार्कनक्तमालानां काश्मर्यैरण्डयोस्तथा ॥ ९९ ॥
पत्रक्काथैः स्वेदयेच्च तत्र चैवोपवेशयेत।

अर्शरोग में वृषादि काथ—वृष (अडूसा), मदार, नक्तमाल (करंज), गम्भारी तथा एरण्ड, इन द्रव्यों के पत्तों के साथ से स्वेदन करे। तथा इन

द्रव्यों के क्वाथ को चौड़े मुख के वर्तन में रखकर कटे हुए मुंहवाले कुर्सी या चारपाई के नीचे रखकर उसके ऊपर रोगी को वैठावे ।

अर्शसां प्रक्षालनार्थं करवीरादिकषायः—

करवीरोऽनवद्यश्च मालती स्वर्णयूथिका ॥ १०० ॥
प्रक्षालनकषायोऽयमर्शसां हितमुच्यते ।

अर्श को प्रक्षालन करने के लिये करवीरादि क्वाथ—करवीर (कनेर), अनवद्य (श्वेत कनेर), मालती तथा स्वर्णयूथिका (पीली जूही)—इन द्रव्यों का कषाय, अर्श को प्रक्षालन करने के लिये हितकर है ॥ १०० ॥

अर्शसि अनुपानयोगः—

व्याघ्रीधान्यकशुण्ठीभिरम्बु वा श्रृतशीतलम् ॥ १०१ ॥
पञ्चकोलकषायं वाऽप्यनुपानं प्रशस्यते ।

अर्शरोग में अनुपान योग—अर्शरोग में व्याघ्री (भटकटैया), धनिया तथा सोंठ—इन द्रव्यों का जल (रातभर भिगोकर सुवह मसलकर छाना हुआ जल) वा श्रृतकषाय, अथवा पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ) का कषाय, अनुपान के लिये हितकर हैं ।

अर्शसि गुडार्द्रकयोगः—

गुडार्द्रकं भक्षयित्वा मदिरातर्पणं पिवेत् ॥ १०२ ॥
सस्नेहैः सक्तुभिर्युक्तं बद्धविड्वृदजातुरः ।

अर्शरोग में गुडार्द्रक योग—ऐसा अर्श का रोगी जिसको बराबर कब्ज रहता हो वह घृत-मिश्रित सत्तू के साथ गुड़ तथा अदरक को खाकर तर्पण करने के लिये मद्य पान करे ।

अर्शःसु संशोधनार्थमेरण्डतैलयोगः—

एरण्डतैलं त्रिफलारसेन च विशोधनम् ॥ १०३ ॥
विट्पित्तश्लेष्मवातानुलोमनाद् गुदजापहम् ।

अर्शरोग में संशोधनार्थ एरण्ड तैल योग—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के रस के साथ एरण्ड का तैल आन्त्र को शोधन करता है, और विवन्ध को दूर करता है पित्त, कफ तथा वात को अनुलोमन कर (प्रवृत्ति में लाकर) अर्शरोग को नाश करता है ।

अर्शोनाशार्थं नाभिप्रलेपौ—

शिरीषस्य तु मूलानि लाङ्गलक्यास्तथैव च ॥ १०४ ॥
एतेन नाभिलेपेन सर्वतश्चतुरङ्गुलात् ।
सिद्धोऽर्शसां प्रयोगोऽयं न तु भूयो भवन्ति हि ॥ १०५ ॥

अर्श के नाश के लिये नाभि पर प्रलेप करने योग्य दो लेप—शिरीष-

(सिरिस) तथा लाङ्गली (कलिहारी)—इन दोनों द्रव्यों के मूल को पीसकर नाभि के चारों तरफ चार-चार अङ्गुल लेप करे। यह अर्शरोगों के लिये सिद्ध योग है। इसके लेप करने से पुनः अर्शरोग उत्पन्न नहीं होते हैं।

उलूकास्थिगृध्रलिण्डं मानुषास्थि तथैव च।
एतेन नाभिलेपेन सवतश्चतुरङ्गुलात् ॥ १०६॥
गुदजानि विनश्यन्ति न तु भूयो भवन्ति हि।

उलूक (उल्लू) पक्षी की हड्डी, गीध का लिण्ड (वीट) तथा मनुष्य की हड्डी—इन सबों को घिसकर लेप तैयार करे और नाभि के चारों तरफ चार-चार अङ्गुल लेप करे। इस लेप को लगाने से अर्शरोग नष्ट हो जाते हैं और पुनः उत्पन्न नहीं होते।

अर्शःपातनार्थं कुलीरशृङ्ग्यादिलेपः—

कुलीरशृङ्गी हस्त्यस्थि वचा लाङ्गलिका शुभा।
हिङ्गु कुष्ठं च तुत्थं च बिल्वं भल्लातकानि च ॥ १०७ ॥
अर्शसां पातनो लेपः सप्तरात्रात्प्रयोजितः।

अर्श गिराने के लिये कुलीरशृङ्ग्यादि लेप—काकड़ासिंघी, हाथी की हड्डी, वच, करिहारी, फिटकरी, कूठ, तूतिया, बेल तथा भल्लातक—इन द्रव्यों का लेप सात दिन प्रयोग करने से अर्शों को गिरा देता है।

अर्शोविनाशार्थं शिरीषबीजादिलेपः—

शिरीषबीजं द्वौ क्षारौ लाङ्गली सैन्धवं तथा ॥ १०८ ॥
स्नुहीक्षीरेण पिष्टानि गवां पित्तेन भावयेत्।
अर्शांसि लेपयेत्तेन सप्तरात्रं पुनः पुनः ॥ १०९ ॥
एतेन लिप्तान्यर्शांसि विनश्यन्ति न संशयः।

अर्श को नाश करने के लिये शिरीषबीजादिलेप—शिरीष (सीरिस) का बीज, यवक्षार, सज्जीक्षार, करिहारी, सेन्धानमक तथा सेहुंड़ का दूध—इन द्रव्यों को पीसकर गाय के पित्त में घोंट कर लेप तैयार करे। अर्शों के ऊपर इस लेप से सात दिन तक बार-बार लेप करे। इस लेप को लगाने से अर्श नष्ट हो जाते हैं, इसमें सन्देह नहीं है।

अर्शसां पातनार्थं सुवर्चिकाद्यो लेपः—

सुवर्चिका बिडं दन्ती भल्लातकसथो वचा ॥ ११० ॥
चित्रकोऽर्कक्षिकटुकं स्नुहीक्षीरेण पेषयेत्।
एतदालेपनं श्रेष्ठमर्शसां क्षारसंमितम् ॥ १११ ॥
दह्यते सप्तरात्रेण पुंस्त्वं च न विनश्यति।

अर्श-पातनार्थ सुवर्चिकाद्य लेप—सुवर्चिका (हुलहुल), विडनमक, दन्ती,

अर्शसां काकोदुम्बरिकायोगः—

काकोदुम्बरिकायास्तु क्षीरेण परिलेपिनः ।
गुदजा घृतपानेन निपतन्त्याशु देहिनाम् ॥ १२४ ॥

अर्शरोग में काकोदुम्बरिका योग—काकोदुम्बरिका (कठूमर) के दूध से लेप किये गये मनुष्यों के अर्श रोग, घृतपान करने से शीघ्र ही गिर जाते हैं ॥ १२४ ॥

अर्शसि करञ्जमूलयोगः—

तक्रभुङ्नक्तमालस्य गोमूत्रपरिपेषितम् ।
अर्शसां नाशनं मूलमापिबेद्दिवसत्रयम् ॥ १२५ ॥

अर्शरोग में करञ्जमूल योग—नक्तमाल (करंज) के मूल को गाय के मूत्र में पीस कर तीन दिन तक पान करे, और ऊपर से मट्ठा सेवन करे। यह योग अर्श को नाश करनेवाला है ।

अर्शसि मुशल्यादियोगः—

तक्रेणार्शांसि निघ्नन्ति मुशलीकुटजाग्निकाः ।
पीता वा कुटजाब्दाग्निमञ्जिष्ठा सपुनर्नवाः ॥ १२६ ॥

अर्शरोग में मुशल्यादि दो योग—१–मुसली, कुटज (कोरया) तथा अग्निक (चित्रक)—इन द्रव्यों के चूर्ण को या २–कोरैया, मोथा, चित्रक, मंजीठ तथा पुनर्नवा—इन औषधों के चूर्ण को तक्र (मट्ठा) के साथ पान करे, ये दोनों योग, अर्श रोगों को नाश करते हैं ॥ १२६ ॥

अर्शसि चिरबिल्वाद्यं चूर्णम्—

चिरबिल्वाग्निसिन्धूत्थनागरेन्द्रयवारलु ।
तक्रेण पिबतोऽर्शांसि निपतन्त्यसृजा सह ॥ १२७ ॥

अर्शरोग में चिरबिल्वाद्य चूर्ण—चिरबिल्व (पूतिकरञ्ज), चित्रक, सेन्धानमक, सोंठ, इन्द्रयव तथा अरलु—इन द्रव्यों के चूर्ण को तक्र के साथ पान करनेवाले रोगी के रक्तस्रावी (रक्तज) अर्श गिर जाते हैं ॥ १२७ ॥

अर्शसि कृष्णसर्पादिवसाभ्यञ्जनं धूपनं च—

कृष्णसर्पवराहोष्ट्रजम्बूकवृषदंशकात् ।
वसामभ्यञ्जने दद्याद् धूपनं चार्शसां हितम् ॥ १२८ ॥

अर्शरोग में कृष्ण सर्प-आदि की वसाका अंजन तथा धूपन—काला सर्प, सूकर, ऊंट, सियार तथा वृषदंशक (बिलार) की वसा को अर्श के ऊपर अभ्यञ्जन (लेप) लगाये तथा धूपन (धूप) दे। यह अर्श रोग में हितकर है ॥ १२८ ॥

अर्शसि नृकेशादिधूपः—

नृकेशाः सर्पनिर्मोको वृषदंशस्य चर्म च ।

अर्कमूलं शमीपत्रमर्शोभ्यो धूपनं हितम् ॥ १२९ ॥

अर्श रोग में नृकेशादि धूप—मनुष्य का बाल, सर्पनिर्मोक (साँप का केंचुल), बिडाल का चर्म, मदार की जड़ तथा शमी की पत्ती—इन द्रव्यों का धूपन देना अर्शरोग में लाभप्रद है ॥ १२९ ॥

अर्शसि अजशृङ्गीजटायोगः—

अजशृङ्गीजटाकल्कमजामूत्रेणः यः पिबेत् ।
गुडवार्ताकभुक् तस्य नश्यन्त्याशु गुदाङ्कुराः ॥ १३० ॥

अर्श रोग में अजशृङ्गी-जटायोग—अजशृङ्गी (काकड़ासिंघी) की जटा का कल्क बकरी के मूत्र के साथ जो पान करता है और गुड़ तथा बनभंटा को खाता है उसके गुदाङ्कुर (अर्श) शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं ॥ १३० ॥

अर्शसि सैन्धवाद्यं चूर्णम्—

लवणोत्तमवह्निकलिङ्गयवान्
चिरबिल्वमहापिचुमन्दयुतान् ।
पिब सप्तदिनं मथितालुलितान्
यदि मर्दितुमिच्छसि पायुगदान् ॥ १३१ ॥

अर्श रोग में सैन्धवाद्य चूर्ण—सेन्धा नमक, चित्रक, इन्द्रयव, करञ्ज, बेल तथा महापिचुमन्द (बकायन) इन द्रव्यों के चूर्ण को मथितालुलित (छाली उतारे हुए बिना पानी के दही) के साथ सात रात्रि तक पान करे, यदि अर्श रोग को मर्दन करने की इच्छा हो अर्थात् उसके सेवन से अर्श रोग नष्ट हो जाते हैं ॥ १३१ ॥

अर्शसि चित्रकाद्यं तैलम्—

चित्रकाग्निकसिन्धूत्थैर्बीजैस्तु सुरसोद्भवैः ।
कण्टकारीसमायुक्तैरर्कक्षीरसमन्वितैः ॥ १३२ ॥
चविकासहितैस्तुल्यैर्गोमूत्रपरिपेषितैः ।
घ्राणोत्थानि हरेत्तैलमर्शांसि च प्रसाधितम् ॥ १३३ ॥
अर्शांसि घ्राणजातानि तैलमभ्यञ्जनाद्धरेत् ।

अर्श रोग में चित्रकाद्य तैल—चित्रकमूल, अग्निक (भल्लातक), सेन्धा नमक, सुरसोद्भव बीज (तुलसी का बीज), भटकटैया, मदार का दूध तथा चव्य, समभाग इन द्रव्यों को गाय के मूत्र में पीसकर, कल्क बनावे और उसके साथ तैल को सिद्ध करे। यह साधित तैल नासिका में उत्पन्न अर्श को नाश करता है। यह लेप करने से नासिका में उत्पन्न अर्श को दूर करता है या जला देता है। (यहां तैल में द्रव तथा कल्क का मान नहीं दिया है अतः तैल-

पाकविधि के अनुसार तैल का चौगुना द्रव (पानी) तथा तैल का चौथाई कल्क द्रव्य लेना चाहिये।

अर्शसि सुमुखाद्यं तैलम्—

पक्वं सुमुखगण्डीरबाकुचीव्योपधान्यकैः ॥ १३४ ॥
चव्यक्षारयवक्षारचव्हिक्षारैस्तु साधितम्।
घ्राणजानि हरेत्तैलमर्शांसि भ्रमणाद् ध्रुवम् ॥ १३५ ॥

अर्श रोग में सुमुखाद्य तैल—सुमुख (कुठेरक 'श्वेत बबई–तुलसी भेद') गण्डीर (गण्डर-नामक शाकविशेष), बाकुची, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), धनियां, चव्य का क्षार, यव का क्षार तथा चित्रक का क्षार—इन द्रव्यों के कल्क के साथ सिद्ध किया हुआ तैल मर्दन करने से नासिका में उत्पन्न अर्शों को शीघ्र ही दूर करता है ॥ १३४–१३५ ॥

अर्शःसु प्रधानान्यौषधानि—

शुष्केषु भल्लातकमग्र्यमुक्तं भैषज्यमार्द्रेषु च वत्सकत्वक्।
सर्वेषु सर्वर्तुषु कालशेयमर्शस्सु बल्यं च रसायनं च ॥ १३६ ॥
अजस्रविस्रस्रवदस्रबिन्दुसंदोहसंदेहितजीविताशाम्।
अर्शोर्तिमुग्रां जयति प्रयुक्तं पुंसां प्रगे सैन्धवतक्रपानम् ॥ १३७ ॥

अर्श रोग में प्रधान औषध—अर्श रोग को दूर करने के लिये शुष्क द्रव्यों में भल्लातक प्रधान औषध कहा गया है तथा आर्द्र द्रव्यों में वत्सकत्वक् (कोरैया की छाल) प्रधान औषध है और सभी अर्शों में तथा सभी ऋतुओं में कालशेय (तक्र = "मथनी से मथा हुआ दही") बल को देनेवाला तथा रसायन है। प्रातः काल प्रयोग किया हुआ सेन्धा नमक के साथ तक्रपान, निरन्तर निकलते रक्तविन्दुवों के समूह से जीवन को निराश करनेवाले अर्श की पीड़ा को जीत लेता है ॥ १३६–१३७ ॥

अर्शसि अरलुकाद्यं तैलम्—

शुकनासकचव्हिसुरेन्द्रयवाश्चिरबिल्वसुसैन्धवशुण्ठिकणाः।
पिब सप्तदिनं खलु तक्रयुताश्चिरजातमथापि पतेद् गुदजम् ॥ १३८ ॥

अर्श रोग में अरलुकाद्य तैल—शुकनासक (श्योनाक "अरलु"), चित्रक, इन्द्रयव, चिरविल्व (करञ्ज), सेन्धा नमक, सोंठ तथा पीपरि, इन द्रव्यों के चूर्ण को तक्र (मट्ठा) के साथ सात दिन तक पान करने से चिरकालीन भी अर्श गिर जाता है। या पूर्वोक्त द्रव्यों के कल्क से सिद्ध तैल को तक्र मिलाकर सात दिन तक पान करने से चिरकालीन अर्श गिर जाता है ॥ १३८ ॥

अर्शःसु क्षारपातनविधिः—

प्रशस्तेऽहनि नक्षत्रे मुहूर्ते करणे शुभे।

प्रणम्य देवदेवेशमश्विनौ च भिषग्वरौ ॥ १३९ ॥
धन्वन्तरिं तथा चैव विप्रेभ्यो न्यस्य दक्षिणाम् ।
विसृष्टानिलविण्मूत्रं स्वभ्यक्तामवगाहितम् ॥ १४० ॥
समाश्वासितमुत्तानं कृतचङ्क्रमण नरम् ।
उत्तानं च समावेश्य यन्त्रितं शयने शुभे ॥ १४१ ॥
घृतेन गुदमभ्यञ्य शनैर्यन्त्रं प्रवेशयेत् ।
यन्त्रान्तरस्थांस्तान् दृष्ट्वा स्थूलसूक्ष्मांस्तथाऽपि वा ॥ १४२ ॥
अतिप्रमाणानल्पाल्पं दहेत्क्षारेण योगवित् ।
एकाहाद्दहतो मृत्यू रक्तस्रावप्रवर्तनम् ॥ १४३ ॥
श्वयथुर्वेदनाऽऽनाहस्तस्मादल्पाल्पमाचरेत् ।
छत्राकारं तु यद्रूपमधः सूक्ष्मं प्रदृश्यते ॥ १४४ ॥
क्षारसूत्रेण तं धृत्वा दहेन्निरवशेषतः ।
जातमूलं महद्रूपं बडिशेन समुद्धृतम् ॥ १४५ ॥
निष्कृष्य मण्डलाग्रेण पश्चात्क्षारं निपातयेत् ।
यद्रूपं कठिनीभूतं कर्कशं मशकोपमम् ॥ १४६ ॥
हस्त्यश्वपृष्ठैः संघृष्टं शीघ्रं तदुपनाहयेत् ।
समुद्रफेनैः पत्रैर्वा कर्कशैर्गोमयेन वा ॥ १४७ ॥
निघृष्य पातयेत्क्षारं जातमूले पुनः पुनः ।
एवं यन्त्रान्तरस्थेषु क्षारं दद्याच्छलाकया ॥ १४८ ॥
प्रमृज्य पिचुना मात्रां यावत्स्याद्दग्धलक्षणम् ।
ततो निर्वापयेत्क्षारमम्लैः सौवीरकादिभिः ॥ १४९ ॥
निकृष्य यन्त्रं च पुनः शूलार्तं वेदनान्वितम् ।
धान्याम्लकोष्ठे त्वासीनमुष्णाम्लैश्चावगाहितम् ॥ १५० ॥
सर्पिषा शतधौतेन यष्टीयुक्तेन लेपयेत् ।
व्रणप्रक्लेदनार्थाय त्वभिष्यन्दीनि भोजयेत् ॥ १५१ ॥
शैथिल्यार्थं च विट्कस्य त्रिवृच्छाकं सवास्तुकम् ।
उपोदकीं चञ्चुपर्णीं दद्यात्पथ्यमतः परम् ॥ १५२ ॥
शोधनानि प्रलेपाश्च कषायास्तैलबस्तयः ।
व्रणाधिकारे यच्चोक्त तदत्रापि प्रयोजयेत् ॥ १५३ ॥

अर्श रोग में क्षारपातन विधि—उत्तम दिन, नक्षत्र, मुहूर्त तथा शुभ करण, योग में देवदेवेश (शंकर), वैद्यश्रेष्ठ अश्विनीकुमार तथा धन्वन्तरि को प्रणाम कर ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर, मल, मूत्र तथा वायु को त्यागने के बाद अच्छी तरह तैलादि मर्दन कर स्नान किये हुये घूम घामकर

स्वस्थचित्त होकर स्थित मनुष्य को स्वच्छ शयनगृह में नियन्त्रण-पूर्वक उत्तान सुलाकर, गुदा को घृत से लिप्त कर धीरे से यन्त्र को प्रवेश करे। इसके बाद दूसरे यन्त्र से उसको स्थिर कर उन स्थूल, सूक्ष्म या बड़े प्रमाणवाले अर्शों को देखकर, क्षार कर्म को जाननेवाला व्यक्ति क्षार से थोड़ा-थोड़ा जलावे। एक ही दिन में जलाने से मृत्यु, रक्तस्राव की प्रवृत्ति, शोथ, वेदना तथा आनाह आदि उपद्रव हो सकते हैं। अतः थोड़ा-थोड़ा जलावे। जो अर्श ऊपर छत्र के आकार का हो और नीचे सूक्ष्म हो उस को अच्छी तरह पूरा पकड़ कर क्षार-सूत्र से दग्ध करे, थोड़ा भी शेष न रह जाय। जिस अर्श का मूलभाग मोटा हो उसको बडिश नामक यन्त्र से उठाकर, मण्डलाग्र-नामक यन्त्र से खींच कर बाद में क्षार को गिराकर दग्ध करे। जिस अर्श का रूप कठिन, कर्कश तथा मसक के समान हो, हाथी तथा घोड़े के पीठ से घिस गया हो, तो उस को शीघ्र ही उप-नाहन (पुल्टिस) का प्रयोग करे; और समुद्रफेन से या पत्र से या कर्कश गोमय (गोहंठा 'उपल') से घर्षण कर मूल भाग को देखकर बार-बार क्षार को गिराये। इस प्रकार दूसरे यन्त्र से पकड़कर शलाका से क्षार लगाये। जब तक दग्ध का लक्षण न मालूम हो तब तक रुई से परिमार्जिन करे। इसके बाद क्षार को अम्ल जल तथा सौवीरक आदि से प्रक्षालन करे और यन्त्र को निकाल कर पुनः शूल से पीड़ित वेदना से युक्त रोगी को धान्याम्ल (काञ्जी) के कोष्ठ में बैठाकर उष्ण-अम्ल जल से स्नान कराकर शतधौत (सौ बार धोये हुए) घृत में मुलेठी का चूर्ण मिलाकर लेप करे। व्रण क्लिन्न (स्निग्ध) करने के लिये अभिष्यन्दी (दही आदि) पदार्थ भोजन कराये। मलको ढीला करने के लिये निशोथ, वथुआ, उपोदकी (पोय) तथा चञ्चुपर्णी के शाक को दे और इसके बाद पथ्यकर पदार्थों को सेवन कराये। शोधन प्रलेप, कषाय तथा तैल वस्ति आदि जो व्रण-अधिकार में कहे गये हैं उनका यहां भी प्रयोग करे॥ १३९–१५३॥

सम्यग्दग्धार्शोलक्षणम्—

यदा मृदुसमस्पर्शं पक्वजाम्बवसन्निभम्।
ईषत्स्फुटितताम्राग्रं सम्यग्दग्धस्य लक्षणम्॥ १५४॥

अच्छी तरह दग्ध-अर्श का लक्षण—जब स्पर्श करने पर मृदु मालूम पड़े, पके हुए जामुन के समान वर्ण हो जाय और थोड़ा फटा हुआ अग्रभाग ताम्र वर्ण के जैसा हो, तो ये अच्छी तरह दग्ध अर्श के लक्षण है॥ १५४॥

दुर्दग्धार्शोलक्षणम्—

शरदम्बरसंकाशमाध्मातोद्धतककशम्।
शोफरागरुजानार्हैर्जुष्टं दुर्दग्धमादिशेत्॥ १५५॥

दुर्दग्ध अर्श का लक्षण—शरत्कालीन मेघ के समान हो, आध्मात (आध्मानयुक्त), उद्धत तथा कड़ा हो, शोथ, काल वर्ण, पीड़ा तथा आनाह (विबन्ध के साथ पेट में वायु का भरना) से युक्त हो तो अर्श को दुर्दग्ध समझे ॥ १५५ ॥

अतिदग्धार्शोलक्षणम्—

अतिदग्धे तृषामोहौ दाहरागावतिभ्रमः ।
विसर्पक्लेदहृन्मूर्च्छाः शूलं च रतिसंक्षयः ॥ १५६ ॥

अतिदग्ध अर्श का लक्षण—अर्श के अतिदग्ध होने पर तृषा, मोह, दाह, लालवर्ण, अधिक भ्रम (मूर्च्छा), विसर्प (थोड़ा उठा हुआ सारे शरीर में फैलनेवाला व्रण), क्लेद (गीला), हृद्रोग, मूर्च्छा और शूल होता है तथा रति का नाश होता है ॥ १५६ ॥

क्षारविभ्रमचिकित्सा—

यथा हुतवहः कक्षमादीप्तो दहति क्षणात् ।
तथा देहं दहत्याशु दुर्योगात्क्षारविभ्रमः ॥ १५७ ॥
तस्य प्रशमनार्थाय पाययेत्ससितं दधि ।
गुडं दधिसरन्तैलं पिबेत्ससितशर्करम् ॥ १५८ ॥
ज्वरातीसारमूर्च्छार्तिशमनं क्षारविभ्रमे ।
स्वरसस्य कपित्थाम्लाद्दाडिमामलकात्तथा ॥ १५९ ॥
द्वौ प्रस्थौ सर्पिषः प्रस्थं पचेत्क्षारार्तिरुग्घरम् ।
अम्लैर्वा विविधैः पक्वं त्रपुषैर्वारुकैः समैः ॥ १६० ॥
घृतं शंसन्ति शूलार्तिशमनं क्षारविभ्रमे ।

क्षारविभ्रम की चिकित्सा—जिस प्रकार प्रदीप्त आग कक्ष (समूह) को क्षण भर में जला देता है उसी प्रकार क्षारविभ्रम (क्षार को गलत रीति से प्रयोग करने से) शरीर को क्षणभर में जला देता है। उस क्षारविभ्रम को शान्त करने के लिये मिश्री मिलाकर दही पान करे। गुड़ तथा दही का मट्ठा और सित शर्करा से युक्त तैल पान करे। यह सित शर्करा क्षारविभ्रम में ज्वर, अतिसार तथा मूर्च्छा को अच्छी तरह शान्त करनेवाला है। कपित्थ (कैथ), इमली, दाडिम तथा आंवला का स्वरस दो प्रस्थ, घृत एक प्रस्थ मिलाकर पकावे। यह घृत क्षारजन्य पीड़ा को दूर करता है। अनेक प्रकार के अम्ल पदार्थों से या त्रपुषबीज (खीरा) तथा एर्वारुक (जेठी ककड़ी के बीज) के साथ पक्व घृत क्षारविभ्रम में शूल तथा पीड़ा को शान्त करनेवाला है ऐसा वैद्यजन कहते हैं।

अतिदग्धमन्ददग्धयोः प्रतीकारः—

अतिदग्धे पुनः शीतं मन्ददग्धे पुनर्दहेत् ॥ १६१ ॥

अत्यन्त दग्ध तथा मन्द दग्ध का प्रतिकार—अधिक दग्ध होने पर शीतोपचार करे और कम दग्ध या अर्द्ध दग्ध होने पर पुनः दग्ध करे ॥ १६१ ॥

सम्यग्दग्धलक्षणम्—

प्रसन्नस्वरवर्णत्वं सर्वेन्द्रियविशुद्धता ।
स्वादुता भोज्यभक्ष्याणां सम्यग्दग्धे तु लक्षणम् ॥ १६२ ॥

अर्श के अच्छी तरह दग्ध होने पर स्वर तथा वर्ण प्रसन्न (स्वर हर्षयुक्त तथा वर्ण स्वस्थ एवं स्वच्छ) हो जाता है, सभी इन्द्रियाँ विशुद्ध—हल्की, अपने २ कार्य में उत्साहपूर्ण हो जाती हैं तथा खाने योग्य भोजन में स्वाद मालूम पड़ता है ये सब सम्यग्दग्ध के लक्षण होते हैं ॥ १६२ ॥

कृतक्षारविधेरपथ्यानि—

यान पानं दिवा स्वप्नं गुर्वन्नमतिभोजनम् ।
व्यवायं कलहं चैव कृतक्षारविधिस्त्यजेत् ॥ १६३ ॥
एतेन विधिना नृणां दुर्नाम कफवातजम् ।
क्षारेण वह्निना वाऽपि दहेन्निरवशेषतः ॥ १६४ ॥
यथा पित्तार्शसां प्रोक्त विधानं क्षारकर्मणि ।
तथा रक्तार्शसां कार्यं सर्वं निरवशेषतः ॥ १६५ ॥

क्षारकर्म करने के पश्चात् अपथ्य—क्षारकर्म करने के पश्चात् अर्श का रोगी, सवारी पर चढ़ना, मद्यपान, दिन में सोना, गुरु (देर से पचनेवाला) तथा अतिभोजन, व्यवाय (मैथुन) तथा कलह (झगड़ा) छोड़ दे। इस प्रकार मनुष्यों के वात-कफज अर्श को क्षार या अग्नि से निर्मूल दग्ध करे। जिस प्रकार पैत्तिक अर्श के क्षार कर्म में विधान (उपाय) बताया गया है वैसे ही रक्तार्श में भी पूरी तरह सभी उपायों को करे ॥ १६३–१६५ ॥

नासार्शःसु क्षारपातनविधिः—

नासिकायां तु कुर्वीत क्षारेण प्रतिसारणम् ।
नासास्रोतःप्रमाणं च यन्त्रं सौवर्णराजतम् ॥ १६६ ॥
द्व्यङ्गुलं कर्णिकोपेतमर्धाङ्गुलमथायतम् ।
उत्तानस्य शनैः क्षारं दद्यात्पिचुशलाकया ॥ १६७ ॥
निर्वापणं च पूर्वोक्तं भोज्यं कुर्यात्तथैव च ।
यथादोषहरं नस्यं स्नेहधूमांश्च योजयेत् ॥ १६८ ॥

नासिका के अर्श में क्षारपातन-विधि—नासिका के अर्श में क्षार से प्रतिसारण करे। नासिका के स्रोत के बराबर दो अंगुल का लम्बा आधा

अंगुल मोटा सोना या चांदी की कर्णिका (हाथी के शूंड़ के समान यन्त्र विशेष) बनावे और उसको नासिका में लगाकर तथा रोगी को उत्तान सुलाकर धीरे-धीरे रूई की शलाका से नासिका के अर्श में क्षार लगावे। इसके बाद पूर्वोक्त दाह-पीड़ाशामक औषधों से निर्वापण करे और पौष्टिक तथा पथ्य भोजन करे। तदनन्तर दोषों को दूर करनेवाले नस्य, स्नेह एवं धूम का प्रयोग करे॥ १६६–१६८॥

क्षारकरणयोग्यसमयः—

ग्रीष्मे शरदि वा द्रव्यं कृत्तिकासु समाहरेत्।
भगवाननयो ऋत्वोर्वृक्षेष्वेव हुताशनः॥ १६९॥
तस्मात्प्रशस्तकर्माणि तत्प्रमेयगुणो हि सः।
क्षारो भवति चाग्नेय एवं युक्तगुणाष्टकः॥ १७०॥

क्षारकर्म-योग्य समय—क्षार के द्रव्यों को ग्रीष्मऋतु या शरद् ऋतु के कृत्तिका नक्षत्र में ग्रहण करे। इन दोनों ऋतुओं में भगवान् अग्निदेव वृक्षों के ऊपर ही रहते हैं। इस कारण से उस समय में द्रव्य प्रशस्त कर्मवाला तथा उसके प्रमेय गुणों से युक्त होता है इस प्रकार क्षार आग्नेय गुण से परिपूर्ण एवं आठो (न अतितीक्ष्ण, न अति मृदु, शुक्ल, श्लक्ष्ण, पिच्छिल, अभिष्यन्दी, शिव तथा शीघ्र) गुणों से युक्त होता है॥ १६९–१७०॥

क्षारपाकविधिः—

वने निवाते सुदिने बलिं कृत्वा दिशो दश।
प्रणम्य ज्वलनं चैव सम्यग्घुत्वा तथाऽऽहुतीः॥ १७१॥
तिलनालप्रदीप्ताग्नौ सुदग्धं भस्म मौष्ककम्।
त्रिःसप्तकृत्वो विस्राव्य चतुर्द्रोणजलप्लुतम्॥ १७२॥
अयःपात्रे पचेत्पादशिष्टं दद्याच्च चूर्णितम्।
सुधां सुवर्चिकां बैडं मौष्ककक्षारशर्कराः॥ १७३॥
प्रलेपितं निदग्धं च शीतं लोहे निधापयेत्।
भगन्दरार्शःश्वित्रघ्नः क्षारोऽयं सर्वरोगहा॥ १७४॥
विड्युक्तो मौष्ककक्षारो हितः सर्वार्शसामिति।
मागधी मरिचं शुण्ठी वह्निः सूरणकन्दकम्॥ १७५॥
एक-द्वि-त्रि-चतुरष्ट-षोडशक्रमयोजितैः।
भागैस्तु गुटिका कार्या गुडेनाक्षप्रमाणिका॥ १७६॥
भक्षिता प्रसभं हन्ति गुदजानि न संशयः।

क्षारपाक-विधि—वायुरहित वन में, शुभ दिन में, दशो दिशाओं को बलि देकर, अग्निदेव को प्रणाम कर तथा अच्छी तरह होम आदि आहुति-

क्रिया से निवृत्त होकर तिल-नाल के प्रदीप्त अग्नि में मौष्कक (मोखा) को अच्छी तरह जलाकर भस्म बनावे और चार द्रोण जल में घोलकर एक्कीस बार छान ले तथा लोहे की कड़ाही में पकावे। चौथाई शेष रहने पर, सेहुंड़ का क्षार, सुवर्चिका (स्वर्जीक्षार), विडनमक, मौष्किकक्षार (मोखा का क्षार) तथा शर्करा को चूर्णकर मिला दे। जब कड़ाही में चिपक जाय, जलने न पाये तब उतार शीतल कर लोहे के पात्र मे रक्खे। यह क्षार भगन्दर, अर्श तथा श्वित्र को नाश करनेवाला है तथा सभी रोगों को नाश करता है। विडनमक से युक्त मौष्किक क्षार सभी प्रकार के अर्श के रोगियों के लिये हितकर है। पीपर एक भाग, मरिच दो भाग, सोंठ चार भाग, चित्रक आठ भाग तथा सूरन का कन्द सोलह भाग लेकर उसके चूर्ण बनावे और गुड़ की चासनी बनाकर उसमें छोड़ दे तथा वटीयोग्य पाक हो जाने पर एक-एक अक्ष (तोला) की गुटिका बना ले। यह गुटिका खाने से हठात् अर्श रोग को नाश करती है इसमें सन्देह नहीं है ॥ १७१–१७६ ॥

अर्शोविनाशार्थं वर्तिद्वयम्—

जालिनीबीजचूर्णस्य वर्तिर्वा गुडसैन्धवैः ॥ १७७ ॥
वज्रीदुग्धेन संलिप्ता निशालेपेन वा ध्रुवम्।
निम्बेन्द्रवारुणीदेवदालीबीजगुडैः कृता ॥ १७८ ॥
वर्तिर्गुदे विनिःक्षिप्ता अर्शो हन्ति समूलतः।

अर्श नाश करने के लिये दो वर्ति योग—१—जालिनी (नेनुआ) के बीज के चूर्ण की वर्ति या गुड़ तथा सेन्धानमक की वर्ति बनाकर वज्रीदुग्ध (सेहुंड़ की दूध) से लिप्त कर अथवा २—नीम, इन्द्रवारुणी तथा देवदाली (बन्दाल) इन द्रव्यों के बीज का चूर्ण बनाकर गुड़ से मिलाकर वर्ति बनावे और गुदा में प्रवेश करे यह वर्ति अर्श को निर्मूल नाश करती है ॥ १७७–१७८ ॥

अर्शसि कटुतुम्बीयोगः—

अम्लकाञ्जिकसंपिष्टा सबीजा कटुतुम्बिका ॥ १७९ ॥
सगुडा हन्ति लेपेन अर्शांस्यामूलतो द्रुतम्।

अर्श रोग में कटुतुम्बी योग—कड़वीतुम्बी (कड़वी कद्दू) को बीज सहित अम्ल काञ्जी से पीसकर गुड़ में मिलाकर लेप करने से अर्श को शीघ्र ही निर्मूल नाश करती है ॥ १७९ ॥

अर्शःसु शिरीषबीजाद्यं लेपत्रयम्—

शिरीषबीजकुष्ठार्कक्षीरपिप्पलिसैन्धवैः ॥ १८० ॥
लाङ्गलीमूलगोमूत्रस्वर्जिकादन्तिचित्रकैः।
चरणायुधविड्गुञ्जानिशाकृष्णाभिरुत्तमम् ॥ १८१ ॥

अथाजीर्णविषूचिकालसकविलम्बिकाधिकारः पञ्चमः ।

अथातोऽजीर्णविषूचिकालसकविलम्बिकानिदानं व्याख्यास्यामः ।

अब यहाँ से अजीर्ण, विषूचिका, अलसक तथा विलम्बिका के निदान का व्याख्यान करेंगे ।

जठरानलभेदाः—

मन्दस्तीक्ष्णोऽथ विषमः समश्चेति चतुर्विधः ।
कफपित्तानिलाधिक्यात्तत्साम्याज्जाठरोऽनलः ॥ १ ॥
विषमो वातजान् रोगॉस्तीक्ष्णः पित्तसमुद्भवान् ।
करोत्यग्निस्तथा मन्दो विकारान् कफसंभवान् ॥ २ ॥

जाठरानल (उदराग्नि) का भेद—कफ, पित्त तथा वायु की अधिकता या उनकी साम्यावस्था के कारण, जाठराग्नि क्रमशः मन्द, तीक्ष्ण, विषम एवं सम भेद से चार प्रकार की होती है । अर्थात् कफ से मन्द, पित्त से तीक्ष्ण तथा वायु से विषम तथा इनकी साम्यावस्था से सम होती है । विषमाग्नि वातजन्य रोगों को, तीक्ष्णाग्नि पित्तजन्य रोगों को एवं मन्दाग्नि कफजन्य रोगों को उत्पन्न करती है ।

समाग्न्यादीनां लक्षणम्—

समा समाग्नेरशिता मात्रा सम्यग्विपच्यते ।
स्वल्पापि नैव मन्दाग्नेर्विषमाग्नेस्तु देहिनः ॥ ३ ॥
कदाचित्पच्यते सम्यक्कदाचिन्नैव पच्यते ।
मात्राऽतिमात्राऽप्यशिता सुखं यस्य विपच्यते ।
तीक्ष्णाग्निरिति तं विद्यात्समाग्निः श्रेष्ठ उच्यते ॥ ४ ॥
अग्निरूपं निरूप्याथ यथावद्दोषकारणम् ।
मन्दाग्नौ तु समुद्भूतं तच्चाजीर्णं प्रवक्ष्यते ॥ ५ ॥

सम-अग्नि, विषम-अग्नि तथा मन्दाग्नि का भेद—समअग्निवाले की खाई हुई सम (उचित) मात्रा अच्छी तरह पच जाती है । मन्दाग्निवाले व्यक्ति की अल्प मात्रा भी नहीं पचती, तथा विषमाग्नि पुरुष का पाचन कभी ठीक होता है और कभी अच्छी तरह नहीं होता है किन्तु जिस व्यक्ति को भोजन की समसात्रा या अधिक मात्रा सुखपूर्वक पचजाती है उसको तीक्ष्णाग्नि कहते हैं । इन सभी अग्नियों में समाग्नि श्रेष्ठ है इसके बाद अग्नि का स्वरूप तथा अच्छी तरह दोषों के कारण को देख कर मन्द अग्निवाले व्यक्ति में जो अजीर्ण होता है उसको कहेंगे ॥ ३–५ ॥

विमर्शः—समाग्नि श्रेष्ठ है किसी समाग्नि पुरुष के भोजन की उचित मात्रा का ही पाचन होता है।

जितेन्द्रिय होकर उचित मात्रा में ही भोजन करने का उपदेश है। मात्रा से अधिक भोजन समाग्नि के लिये भी रोग का कारण होता है। तीक्ष्णाग्नि पुरुष का किया हुआ मात्रा से अधिक कच्चा-पक्का, लघु-गुरु आदि हर प्रकार का भोजन भी अति शीघ्र सुखपूर्वक पच जाता है। "अतिमात्रमजीर्णेऽपि गुरु चान्नमयाशनतः। दिवाऽपि स्वपतो यस्य पच्यते सोऽग्निरुत्तमः"। यहाँ उत्तम अग्नि से तीक्ष्णाग्नि का ग्रहण करते हैं, इसी अवस्था को 'भस्मक' कहते हैं।

अजीर्णभेदाः—

आमं विदग्धं विष्टब्धं कफपित्तानिलैस्त्रिभिः ॥ ६ ॥
अजीर्णं केचिदिच्छन्ति चतुर्थं रसशेषतः।
अजीर्णं पञ्चमं केचिन्निर्दोषं दिनपाकि च ॥ ७ ॥
वदन्ति षष्ठं चाजीर्णं प्राकृतं प्रतिवासरम्।
अजीर्णाज्जायते रोगस्तस्माद्रक्षेदजीर्णतः ॥ ८ ॥

अजीर्ण के भेद—कफ, पित्त तथा वात के प्रकुपित होने से क्रमशः आम, विदग्ध एवं विष्टब्ध नामक अजीर्ण की उत्पत्ति होती है। कुछ विद्वान् "रसशेषाजीर्ण" नामक चौथा अजीर्ण भी मानते हैं। कुछ लोग निर्दोष तथा दिन भर में पकनेवाले "दिनपाकी" को भी पांचवा अजीर्ण मानते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ प्रतिदिन रहनेवाले "प्राकृत" को छठा अजीर्ण मानते हैं। अजीर्ण से रोग उत्पन्न होते हैं अतः अजीर्ण से रक्षा करनी चाहिए ॥ ६–८ ॥

विमर्श :—अजीर्ण अग्निमान्द्य से उत्पन्न होता है। अग्निमान्द्य होने से भोजन का परिपाक अच्छी तरह से नहीं होता। इस प्रकार भोजन की अपरिपक्वावस्था का ही दूसरा नाम अजीर्ण है, विसूचिका, अलसक आदि रोग अजीर्ण से ही उत्पन्न होते हैं। अधिकतर आन्त्रिक विकृतियां अजीर्णमूलक ही होती हैं। सामान्यतः पाचन-शक्ति का ह्रास ही अजीर्ण है। यह कोई स्वतन्त्र व्याधि नहीं है किन्तु अनेक रोगों का प्रधान कारण होने से इसका निरूपण अलग किया गया है। कोष्ठबद्धता के मुख्य कारण आन्त्रिक आज्ञावाहिनी नाड़ियों की दुर्बलता प्रत्यावर्तन क्रियाओं की अल्पता तथा मलाशय में अत्यधिक मल की उपस्थिति है। आन्त्र में अधिक देर तक मल के रहने से अनेक प्रकार के विषों की उत्पत्ति होती है और आध्मान तथा आटोप, भूख का अभाव, शिरःशूल एवं शारीरिक तथा मस्तिष्क की दुर्बलता आदि विषजन्य उपद्रवों की उत्पत्ति होती है।

आमाजीर्ण—कफ की प्रचुरता से कफ की वृद्धि होकर आमाशयस्थ क्लेदक कफ की भी वृद्धि होती है और आमाशयिक अम्ल रस का स्राव अल्प मात्रा में होता है, क्षारीय स्राव भी अल्प मात्रा में उत्पन्न होता है। इस प्रकार पाचक रसों के ठीक-ठीक संतुलन न होने से अन्न का परिपाक अच्छी तरह नहीं होता तथा कफ का संमिश्रण अधिक होने से अन्न प्रायः अपरिपक्वावस्था में ही रहता है, अतः "आमाजीर्ण" की उत्पत्ति होती है।

विदग्धाजीर्ण—पित्त की उत्पत्ति अधिक मात्रा में होती है, क्षारीय निस्राव पित्त की अपेक्षा कम होता है। अतः विदग्ध-आहार से विदग्धाजीर्ण उत्पन्न होता है।

विष्टब्धाजीर्ण—वात की वृद्धि होने पर प्रायः सभी स्रावों की कमी एवं अव्यवस्थित मात्रा में उत्पन्न होने से अन्न का पाचन अच्छी तरह नहीं होता और जो होता है वह भी देर से होता है। जिसके कारण कुछ देर में पाचन होता है उसको 'विष्टब्धाजीर्ण' कहते हैं।

रसशेषाजीर्ण—रस बनने के लिये खाद्य पदार्थ के कुछ अंश का रह जाना ही रसशेषाजीर्ण है। इसमें असम्यक् पाचित अन्न से जो रस बनता है उसमें भी कुछ दोष रहता है, जिसे आम, आम-विष या अन्न-विष आदि कहते हैं उसी को 'रसशेषाजीर्ण' कहते हैं। इसमें डकार आता है, भोजन करने की इच्छा नहीं होती है और हृदय में भारीपन मालूम होता है।

दिनपाकी-अजीर्ण—स्वस्थ व्यक्तियों में भोजन का परिपाक चौबिस या छब्बिस घण्टे के अन्दर हो जाता है और शेष अंश मलाशय में पहुँच जाता है। किन्तु अतिमात्र भोजन, अकाल-भोजन तथा असात्म्य-भोजन का परिपाक निश्चित समय से न होकर अगले दिन होता है उसे 'दिनपाकी' अजीर्ण कहते हैं। इसमें अधिक देर में पचने पर भी आध्मान आदि नहीं होता है। इस अवस्था में पाचन-काल तक भोजन न करना ही इसका प्रयोजन है।

प्राकृताजीर्ण—यह प्राकृताजीर्ण प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिदिन रहता है। भोजन करने के बाद निश्चित अवधि के पूर्व अन्न अपरिपक्व ही रहता है, इसीको 'प्राकृताजीर्ण' कहते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि परिपाक होने के पूर्व भोजनोपरान्त वामपार्श्व सोना आदि नियमों का पालन करे।

अजीर्णनिदानम्—

अत्यम्बुपानाद्विषमाशनाच्च
सन्धारणात्स्वप्नविपर्ययाच्च ।
कालेऽपि सात्म्यं लघु चापि भुक्त-
मन्नं न पाकं भजते नरस्य ॥ १ ॥

मात्रया चाभ्यवहृतं पथ्यं चान्नं न जीर्यति ।
चिन्ताशोकभयक्रोधदुःखशय्याप्रजागरैः ॥ १० ॥
चिन्ताभयक्रोधपरिप्लुतेन लुब्धेन रुग्दैन्यनिपीडितेन ।
प्रद्वेषयुक्तेन च सेव्यमानमन्नं न पाकं भजते नरस्य ॥ ११ ॥

अजीर्ण का कारण—अधिक जल पीने से, विषमाशन से, वेग-विधारण (वात-मूत्र-पुरीष आदिका) तथा स्वप्न-विपर्यय (रात को जागना और दिन में सोना) से समय पर किया हुआ, सात्म्य, हल्का भोजन किया हुआ अन्न भी नहीं पचता, चिन्ता, शोक, भय, क्रोध तथा असुखकर शय्या के कारण रात्रि में जागरण करने से उचित मात्रापूर्वक खाया हुआ पथ्य भोजन भी नहीं पचता । ईर्ष्या, भय तथा क्रोध से युक्त, लुब्ध (अन्न की लोलुपता से युक्त), रोग तथा दीनता या मनोग्लानि से युक्त, एवं अन्न से द्वेष करनेवाले व्यक्ति द्वारा सेवन किये हुए अन्न का अच्छी तरह पाक नहीं होता ॥ ८–११ ॥

विमर्श—अत्यधिक जल पीने से अजीर्ण होता है । कम तथा पूर्ण भोजन करने पर अत्यधिक जल पीने से अजीर्ण होता है । आमाशय को तीन भाग में विभक्त कर एक भाग में भोजन, दूसरे भाग में जल तथा तीसरे में वात-पित्त तथा कफ के विचरण के लिये रिक्त स्थान छोड़ देना चाहिए । अन्यथा वात आदि के लिये रिक्त स्थान न मिलने के कारण वातादि दोष उदरस्थ भोजनादि में प्रविष्ट होकर अजीर्ण तथा अन्य विकारों को उत्पन्न करते हैं । इस प्रकार भरपेट भोजन करने पर अधिक जल पीने से त्रिदोष प्रकुपित होकर, अजीर्ण उत्पन्न करते हैं । भोजन कम करने पर भी अधिक मात्रा में जल पीने से पाचक रसों की क्रियाशीलता कम हो जाती है और अजीर्ण की उत्पत्ति होती है । विषमाशन का तात्पर्य यह है कि कभी अधिक, कभी कम, कभी समय से पूर्व तथा कभी समय बीत जाने पर भोजन किया जाय । पाचक रसों की उत्पत्ति निश्चित समय से एवं निश्चित मात्रा में प्रायः होती है । असमय से भोजन करने पर पाचकरस पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलते, अतः अजीर्णावस्था उत्पन्न होती है । मल के वेग को रोकने से वात-प्रकोप के कारण मल विपरीत मार्ग के द्वारा मलाशय से वृहदन्त्र में लौट जाता है और वहां शेष जलीयांश का शोषण होकर मल कड़ा हो जाता है तथा सूख जाता है, अतः मल का बाहर निकलना कठिन हो जाता है । इस तरह कई बार मल-प्रवृत्ति को रोकने से मलावरोध स्वाभाविक हो जाता है । यह दोष अधिक कार्य में व्यस्त पुरुषों में तथा लज्जा के कारण स्त्रियों में विशेष दिखाई देता है । इसके कारण इसका प्रभाव महास्रोत के उपरिभाग में होने लगता है । जिससे पाचन-विकृति उत्पन्न होती है और मलांश का

रस में मिश्रित होने से अनेक रोग विशेष कर वातविकार उत्पन्न होते हैं।

स्वप्न-विपर्यय से मन्दाग्निता का कारण यह है कि दिन में बाह्य अंग तथा अन्य इन्द्रियां कार्य करती हैं और रात्रि में आभ्यन्तर अंग (यकृत्-प्लीहा आदि) का कार्य विशेष रूप से होता है। रात्रि में न सोने से पाचक अंगों की क्रिया कम होती है, पाचक रसों का स्राव पर्याप्त मात्रा में नहीं होता, अतः मन्दाग्नि होकर आमाजीर्ण की उत्पत्ति होती है।

ईर्ष्या, भय आदि का प्रभाव मस्तिष्क के नाडीमण्डल पर पड़ता है। और उससे पाचक रस में वैगुण्य उत्पन्न होता है। इस वैगुण्य का कारण पाचक रसों का स्राव नहीं होने से भूख नहीं लगती है और बलात् खाने से मन्दाग्नि होकर अजीर्ण उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार असात्म्य भोजन, अपक्व या अर्धपक्व भोजन तथा बासी भोजन अजीर्ण का कारण होता है।

आमाजीर्णलक्षणम्—

तत्रामे गुरुतोत्क्लेदः शोफो गण्डाक्षिकूटजः।
उद्गारश्च यथाभुक्तमविदग्धः प्रवर्तते॥ १२॥

आमाजीर्ण का लक्षण—आमाजीर्ण उत्पन्न होने पर शरीर में भारीपन, उत्क्लेद (वमन की इच्छा), कपोल तथा अक्षिकूट में शोथ और भोजन के तरह अविदग्ध (अम्लता रहित) डकारें आती है। (आमाशय में क्लेदक कफ की अधिकता होने से प्रारम्भ से अन्न के ऊपर अम्ल रस का प्रभाव नहीं पड़ता, अन्न में माधुर्य होने के कारण डकारें अम्ल नहीं आतीं और बाद में अम्ल रस का स्राव तथा संसर्ग होने से खट्टी डकारें आती हैं)॥ १२॥

विष्टब्धाजीर्णलक्षणम्—

विष्टब्धे शूलमाध्मानं विविधा वातवेदनाः।
मलवातप्रवृत्तिश्च स्तम्भो मोहोऽङ्गपीडनम्॥ १३॥

विष्टब्धाजीर्ण का लक्षण—विष्टब्धाजीर्ण में शूल, आध्मान, तोद, भेद आदि विविध प्रकार के वातिक वेदनायें, मल और अधो वायु की अप्रवृत्ति, स्तब्धता, मूर्च्छा तथा अङ्गों में पीड़ा आदि लक्षण होते हैं॥ १३॥

विदग्धाजीर्णलक्षणम्—

विदग्धे भ्रमतृण्मूर्च्छाः पित्ताच्च विविधा रुजः।
उद्गारश्च सधूमाम्लः स्वेदो दाहश्च जायते॥ १४॥
रसशेषेऽन्नविद्वेषो हृदयाशुद्धिगौरवे।

विदग्धाजीर्ण का लक्षण—विदग्धाजीर्ण में भ्रम, प्यास, मूर्च्छा तथा पित्त के कारण अनेक प्रकार के पैत्तिक रोग उत्पन्न होते हैं इसके अतिरिक्त खट्टी डकारों के साथ मुह से धुंआ सा निकलता है, स्वेद और दाह विशेष होते हैं।

रसशेषाजीर्ण के कारण, हृदय में गुरुता एवं अशुद्धि और भोजन में अरुचि होती है।

अजीर्णोपद्रवाः—

मूर्च्छा प्रलापो वमथुः प्रसेकः सदनं भ्रमः ॥ १५ ॥
उपद्रवा भवन्त्येते मरणं चाप्यजीर्णतः।

अजीर्ण के उपद्रव—मूर्च्छा, प्रलाप वमन, मुंह से पानी आना, अङ्गसाद (शरीर में पीड़ा) तथा भ्रम ये अजीर्ण के उपद्रव हैं। इसके अतिरिक्त अजीर्ण से मृत्यु तक हो सकती है ॥ १५ ॥

केषामजीर्णं भवति ?—

अनात्मवन्तः पशुवद्भुञ्जते येऽप्रमाणतः ॥ १६ ॥
रोगानीकस्य ते मूलमजीर्णं प्राप्नुवन्ति हि।

अजीर्ण होनेवाले रोगियों का विवरण—जो असंयमी व्यक्ति पशुओं के समान विना प्रमाण के अधिक खाते हैं वे रोग-समूह के मूल कारण अजीर्ण को प्राप्त करते हैं।

अजीर्णाद्विषूच्यादिसम्भवः—

अजीर्णमामं विष्टब्धं विदग्धं च यदीरितम्।
विषूच्यलसकौ तस्माद्भवेच्चापि विलम्बिका ॥ १७ ॥

अजीर्ण से विषूचिका आदि की उत्पत्ति—पूर्वोक्त आमाजीर्ण, विदग्धाजीर्ण तथा विष्टब्धाजीर्ण से (यथासम्भव) विषूची, अलसक तथा विलम्बिका की उत्पत्ति होती है ॥ १७ ॥

विषूचिकालक्षणम्—

सूचीभिरिव गात्राणि तुदन् सन्तिष्ठतेऽनिलः।
यस्याजीर्णेन सा वैद्यैर्विषूचीति निगद्यते ॥ १८ ॥
न तां परिमिताहारा लभन्ते विदितागमाः।
मूढास्तामजितात्मानो लभन्तेऽशनलोलुपाः ॥ १९ ॥

विषूचिका का लक्षण—जिस रोग में अजीर्ण से प्रकुपित वात अङ्गों में सूई से छेदने के तरह चुभन उत्पन्न करता हुआ स्थिर होता है, उसको वैद्य गण विषूची कहते हैं। आयुर्वेद (स्वस्थवृत्तोक्त नियमों को पालन करनेवाले) के विद्वान् तथा परिमित (परिमाण में) भोजन करनेवाले मनुष्य इस रोग से पीड़ित नहीं होते, किन्तु भोजन में लोलुपता रखनेवाले और असंयमी मूर्ख व्यक्ति ही इस रोग से पीडित होते हैं।

मूर्च्छातिसारौ वमथुः पिपासा शूलभ्रमोद्वेष्टनजृम्भदाहाः।
वैवर्ण्यकम्पौ हृदये रुजश्च भवन्ति तस्यां शिरसश्च भेदः ॥ २० ॥

विषूचिका रोग होने पर मूर्च्छा, अतिसार, वमन, प्यास, शूल, भ्रम, ऐंठन, जम्हाई, दाह, विवर्णता, कम्पन, हृदय में वेदना तथा शिरःशूल ये लक्षण उत्पन्न होते हैं ॥ १८–२० ॥

विमर्शः—विषूचिका में वमन तथा अतिसार दोनों का होना आवश्यक है। क्योंकि सुश्रुत अधोगा (विरेचन मात्र) को अतिसार तथा ऊर्ध्वगा को छर्दि (वमन) रोग माना है। चरक के अनुसार ऊर्ध्व मार्ग या अधो मार्ग तथा उभय मार्ग से भी आम मल की प्रवृत्ति होने पर विषूचिका समझनी चाहिए। इन्होंने आमातिसार को अलग माना है। यह रोग जनपदोद्ध्वंसी के रूप में फैलता है तथा संक्रामक है। आधुनिकमतानुसार यह रोग शुद्ध जीवाणुजन्य तथा संक्रामक है किन्तु अजीर्णावस्था इसके उत्पन्न होने में बहुत सहायक होता है, अतः अजीर्ण को भी इसका कारण मानना अनुचित नहीं है। यह रोग जनसमूह इकट्ठे होने पर या बड़े मेलों से लौटे हुए यात्रियों के द्वारा ग्रामों या नगरों में भी फैलता है। विषूचिका में निम्न लिखित लक्षण मिलते हैं।

(१) अतिसार—इसमें जलीयांश की अधिकता रहती है, पहले आम मल रहता है बाद में चावल के धोवन के समान द्रव पदार्थ निकलता है।

(२) वमन—अतिसार के कुछ समय बाद वमन की भी प्रवृत्ति हो जाती है। इसका वर्ण भी अतिसार के ही तरह होता है। अतिसार एवं वमन से शरीर का अधिकांश द्रव पदार्थ बाहर निकल जाता है।

(३) नाड़ी तीव्र एवं अधिक दुर्बल हो जाती है।

(४) रक्तचाप कम हो जाता है।

(५) शरीर शिथिल पड़ जाता है।

(६) अन्त्रों में छेदने के तरह वेदना होती है।

(७) गाल बैठ जाता है और मुख की हड्डियां उठी हुई दिखाई देती हैं, तथा आंखें अन्दर धँस जाती हैं।

(८) शरीर पर पसीना आकर ठंढा पड़ जाता है।

(९) स्वर अत्यन्त मन्द हो जाता है और चेहरा नीला पड़ जाता है, प्यास अधिक लगती है।

(१०) मूत्रावरोध इस रोग का प्रधान लक्षण है बाद में विषमयता उत्पन्न हो जाती है।

विषूचिका के ये सभी लक्षण जल एवं लवण की कमी से होते हैं। अतः इस समय उसकी पूर्ति के लिये इस रोग में लवण-जल सिरा के द्वारा प्रवेश कराया जाता है।

अलसकलक्षणम्—

कुक्षिरानह्यतेऽत्यर्थं प्रताम्येत्परिकूजति ।
निरुद्धो मारुतश्चैव कुक्षावुपरि धावति ॥ २१ ॥
वातवर्चोनिरोधश्च यस्यात्यर्थं भवेदपि ।
तस्यालसकमाचष्टे तृष्णोद्गारौ तु यस्य च ॥ २२ ॥

अलसक का लक्षण—जिस रोग में पेट अधिक फूल जाता है, रोगी को मूर्च्छा आती है तथा वेदना के कारण चिल्लाता है, रुका हुआ वायु उदर के उपरि देश (हृदय, कण्ठ आदि) में घूमता है, अधोवायु एवं मल का पूर्णतया रुकावट हो जाती है और जिस रोग में प्यास अधिक लगती है और डकारें बहुत आती हैं, उसको अलसक रोग कहते हैं ॥ २१–२२ ॥

विलम्बिकालक्षणम्—

दुष्टं तु भुक्तं कफमारुताभ्यां प्रवर्तते नोर्ध्वमधश्च यस्य ।
बिलम्बिकां तां भृशदुश्चिकित्स्यामाचक्षते शास्त्रविदः पुराणाः ॥

विलम्बिका का लक्षण—जिस रोग में कफ तथा वायु से दूषित अन्न नीचे तथा ऊपर किसी भी मार्ग (वमन या विरेचन) से नहीं निकलता, इसको प्राचीन विद्वानों ने अत्यन्त कष्टसाध्य या असाध्य (दुश्चिकित्स्य) विलम्बिका रोग कहा है ॥ २३ ॥

आमकार्यम्—

यत्रस्थमामं विरुजेत्तमेव देशं विशेषेण विकारजातैः ।
दोषेण येनावततं शरीरं तल्लक्षणैरामसमुद्भवैश्च ॥ २४ ॥
स्वल्पं यदा दोषविबद्धमामं लीनं न तेजःपथमावृणोति ।
भवत्यजीर्णेऽपि तदा बुभुक्षा सा मन्दबुद्धिं विषवन्निहन्ति ॥ २५ ॥
प्रायेणाहारवैषम्यादजीर्णं जायते नृणाम् ।
तन्मूलो रोगसङ्घातस्तद्विनाशाद्विनश्यति ॥ २६ ॥

आम दोष का कार्य—आमदोष शरीर के जिस भाग में स्थित रहता है, उसी भाग को शरीर में व्याप्त होकर विशेष दोष (अपने कारणों से प्रकुपित वात आदि) तथा आम के लक्षणों से युक्त अनेक विकारों से पीड़ित करता है। अर्थात् आम दोष जिस भाग में स्थित होता है, उसी भाग में पीड़ा उत्पन्न करता है जब तक दोषों (वातादि) से मिला हुआ थोड़ा भी आम दोषों में लीन होकर पक्वाशय में नहीं पहुँचता है तब तक अजीर्ण होने पर भी बुभुक्षा होती है और वह मन्दबुद्धि (बुभुक्षा के कारण अध्यशन करनेवाले) को विष के तरह मार डालती है। प्रायः आहार की विषमता के कारण मनुष्यों को अजीर्ण होता है और अजीर्ण रोगसमूहों का कारण होता है अतः मूल

कारण आहार-वैषम्य को नाश करने से अजीर्ण का नाश तथा अजीर्ण के नाश से रोगसमूह नष्ट हो जाते हैं ॥ २४–२६ ॥

अजीर्णिनोऽसाध्यलक्षणम्—

यः श्यावदन्तौष्ठनखोऽल्पसंज्ञो
वम्यर्दितोऽभ्यन्तरयातनेत्रः ।
क्षामस्वरः सर्वविमुक्तसन्धि-
र्यायान्नरोऽसौ पुनरागमाय ॥ २७ ॥

अजीर्ण के रोगी के असाध्य लक्षण—अजीर्णजन्य विषूचिका एवं अलसक के जिस रोगी के दांत, ओष्ठ तथा नख नीले वर्ण के हो जांय, जिसे बेहोशी हो गई हो, वमन निरंतर हो रहे हों तथा जिसके नेत्र अक्षिगह्वर में धँस गये हों, स्वर क्षीण हो गया हो और सभी सन्धि-बन्धन शिथिल पड़ गये हों उसे असाध्य या मरणासन्न समझना चाहिए ॥ २७ ॥

विषूचिकोपद्रवाः—

अग्निनाशोऽरुचिः कम्पो मूत्राघातो विसंज्ञिता ।
अमी उपद्रवा घोरा विषूच्यां पञ्च दारुणाः ॥ २८ ॥

विषूचिका के उपद्रव—अग्नि का नाश, अरुचि, कम्पन, मूत्राघात तथा बेहोशी, ये विषूचिका के भयंकर उपद्रव हैं। (कोई-कोई, अग्निनाश तथा अरुचि के स्थान पर निद्रानाश तथा अरति (किसी कार्य में मन न लगना) को उपद्रव मानते हैं) ॥ २८ ॥

जीर्णाहारलक्षणम्—

उद्गारशुद्धिरुत्साहो वेगोत्सर्गो यथोचितः ।
लघुता क्षुत्पिपासा च जीर्णाहारस्य लक्षणम् ॥ २९ ॥

परिपक्व आहार का लक्षण—शुद्ध डकार का आना, उत्साह, अच्छी तरह मलमूत्र की प्रवृत्ति का होना, शरीर तथा कोष्ठ में हल्कापन हो जाना, भूख तथा प्यास का लगना, ये जीर्ण (परिपक्व) आहार के लक्षण हैं ॥ २९ ॥

भस्मकलक्षणम्—

कट्वादिरूक्षान्नभुजां नराणां क्षीणे कफे मारुतपित्तवृद्धौ ।
अतिप्रवृद्धः पवनान्वितोऽग्निः क्षणाद्रसं शोषयति प्रसह्य ॥ ३० ॥
भुक्तं क्षणाद्भस्म करोति यस्मात्तस्मादयं भस्मकसंज्ञकोऽभूत् ।
तृड्दाहमूर्च्छाभ्रमकासशोषविट्शोषमोहश्रमकर्मकारी ॥ ३१ ॥
आग्नर्द्वेधा चतुर्धा स भवति यदि वा पञ्चधा दुष्टदोषात्
तेनाजीर्णं च षोढा प्रभवति तथा तच्चतुर्धा द्विधा च ।
तत्रोत्पन्ना विषूची तदलसकमथो जायते वा विलम्बी

साध्यासाध्यप्रभेदादिति गतिमुचितां तां निवृत्तिं च वृद्धिम् ॥
इति अजीर्णविषूचिकालसकविलम्बिकानिदानम् ।

भस्मक का लक्षण—कटु-तिक्त आदि रूक्ष अन्न को भोजन करनेवाले मनुष्य के कफ के क्षीण होने तथा वात और पित्त के बढ़ जाने पर वायु से युक्त अत्यन्त प्रवृद्ध तीक्ष्णाग्नि एकाएक क्षणभर में रस को सुखा देती है और खाये हुए अन्न को शीघ्र ही भस्म कर देती है इसी कारण से इसको भस्मक नामक रोग कहते हैं। यह भस्मक रोग, तृष्णा, दाह, मूर्च्छा, भ्रम, कास, सूखा रोग, मल-विबन्ध, मोह तथा थकावट को उत्पन्न करता है। अग्नि दो प्रकार की होती है भूताग्नि[1] तथा जाठराग्नि। वह अग्नि वातादि दोषों से दूषित होने पर (सम्बन्ध होने पर) चार प्रकार की हो जाती है समाग्नि, विषमाग्नि, मन्दाग्नि तथा तीक्ष्णाग्नि। अथवा दोष-दुष्टि के कारण पांच प्रकार की हो जाती है। इस प्रकार दोषों के द्वारा जाठराग्नि के दूषित होने से छः प्रकार के अजीर्ण रोग होते हैं। वह अजीर्ण रोग चार प्रकार (आमाजीर्ण, विदग्धाजीर्ण, विष्टब्धाजीर्ण, रसाजीर्ण) तथा दो प्रकार (दिनपाकी अजीर्ण एवं प्राकृताजीर्ण) के अजीर्ण मिलाकर छः प्रकार के होते हैं। इन छः प्रकार के अजीर्ण होने पर विषूची (हैजा), अलसक तथा विलम्बिका रोग उत्पन्न होते हैं। ये रोग साध्य, असाध्य भेद से उचित गतिवाले निवृत्ति (साध्य) तथा विपरीत गतिवाले वृद्धि (असाध्य) होते हैं। ३०–३२ ॥

विमर्शः—तीक्ष्णाग्नि का ही विकृत रूप भस्मक रोग है इसमें भुक्त पदार्थ शीघ्र ही भस्म हो जाता है और रस एवं मल का निर्माण नहीं होता है इस अवस्था में कफ अत्यधिक क्षीण हो जाता है तथा पित्त अधिक मात्रा में प्रकुपित हो जाता है, एवं वात की सहायता से जाठराग्नि को अत्यन्त प्रबल तथा तीक्ष्ण बना देता है। कफ क्षीण होने से शरीर में रूक्षता हो जाती है। वायु का सहायक पित्त या अग्नि अन्न का पाचन अति शीघ्र कर देता है। अन्न के अच्छी तरह परिपाक होने पर रोगी का स्वास्थ्य गिरता जाता है क्योंकि अग्नि अन्न के शीघ्र परिपाक के बाद अन्न के अभाव में रक्त आदि धातुओं को भी क्रमशः पाचन करने लगती है और इसके फल-स्वरूप रोगी को सदा भूख लगी रहती है और रस-रक्तादि धातुओं का क्षय होने लगता है तथा रोगी दुर्बल होने लगता है। इस अवस्था में रोगी मर

(१) भूताग्नि यथा—"भौमाप्याग्नेयवायव्याः पञ्चोष्माणः सनाभसाः ।
पञ्चाहारगुणान् स्वान् स्वान् पार्थिवादीन् पचन्ति हि" ॥

सकता है। ऐसे रोगी को भोजन करने के बाद शान्ति मिलती है किन्तु पचते ही पुनः रोगी भूख से व्याकुल हो जाता है। तीक्ष्णाग्नि के कारण प्यास, श्वास, दाह तथा मूर्च्छा आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। "दोषाः प्रवृद्धाः स्वं लिङ्गं दर्शयन्ति यथाबलम्। क्षीणा जहति स्वं लिङ्गं समाः स्वं कर्म कुर्वते"। इस प्रकार चरक ने कहा है। इस अवस्था में कफ के लक्षण प्रायः क्षीण हो जाते एवं पित्त तथा उनके सहायक वायु के ही लक्षण प्रत्यक्ष होते हैं। इस स्थिति में बार-बार अधिक तथा गरिष्ठ भोजन करने का विधान है जिससे क्षीण कफ की वृद्धि हो तथा प्रवृद्ध पित्त को हमेशा पचाने के लिये कुछ पदार्थ विद्यमान रहे, उसे धातुओं को पाचन करने का अवसर न मिले। इस प्रकार कफ की वृद्धि तथा पित्त की शान्ति होने से रोग की शान्ति हो जाती है।

अजीर्ण-विषूचिका, अलसक तथा विलम्बिका-निदान समाप्त।

अथातोऽजीर्णविषूचिकालसकविलम्बिकाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

अब अजीर्ण, विषूचिका, अलसक तथा विलम्बिका की चिकित्सा का व्याख्यान करेंगे।

समस्य रक्षणं कार्यं विषमे वातनिग्रहः।
तीक्ष्णे पित्तप्रतीकारं मन्दे श्लेष्मविशोधनम्॥ ३३॥

अजीर्ण, विषूचिका, अलसक तथा विलम्बिका की चिकित्सा—समाग्नि की रक्षा करे, विषमाग्नि में विकृत वात का निग्रह (प्रकृत) करे, तीक्ष्णाग्नि में पित्त का प्रतिकार करे और मन्दाग्नि में कफ का संशोधन (कफशामक औषधों से) करे॥ ३३॥

अग्निमान्द्ये मण्डयोगः—

अन्नमण्डं पिबेदुष्णं हिङ्गुसौवर्चलान्वितम्।
विषमोऽपि समस्तेन मन्दो दीप्येत पावकः॥ ३४॥
क्षुद्बोधनो बस्तिविशोधनश्च प्राणप्रदः शोणितवर्धनश्च।
ज्वरापहारी कफपित्तहन्ता वायुं जयेदष्टगुणो हि मण्डः॥ ३५॥

अग्निमान्द्य में मण्ड योग—गरम अन्न-मण्ड (भात का मांड़), हिंगु तथा सौवर्चलनमक मिलाकर पान करे। १. यह विषम अग्नि को सम बनाता है और २. मन्दाग्नि को दीप्त करता है, ३. क्षुद्बोधन (भूख को बढ़ाता है) ४. वस्ति को शुद्ध करता है, ५. प्राण देनेवाला है, ६. रक्तवर्द्धक है, ७. ज्वर को दूर करने-

वाला है तथा ८. कफ एवं पित्त को शान्त करता है। यह आठ गुणवाला मण्ड वायु को जीत लेता है।

सुतण्डुलानां प्रसृतिद्वयं च तदर्धमुद्गः कुडवं च तक्रम्।
कुस्तुम्बरीसैन्धवहिङ्गुतैलमेभिश्च सर्वैः क्रियते च मण्डः॥ ३६॥

उत्तम चावल दो प्रसृति (सोलह तोला), मूंग आठ तोला, तक्र एक कुडव (सोलह तोला), कुस्तुम्बरी (धनिया), सेन्धानमक, हिंगु तथा तैल—इन सभी द्रव्यों से मण्ड तैयार करे (चावल तथा मूंग के दाल को चौगुने पानी में पकावे और उसमें मट्ठा मिलाकर मण्ड तैयार करे और उसमें धनियां आदि द्रव्यों को चूर्ण बनाकर मिला दे)।

अग्निमान्द्ये हरीतकीयोगः—

हरीतकी भक्ष्यमाणा नागरेण गुडेन वा।
सैन्धवोपहिता वापि सातत्येनाग्निदीपनी॥ ३७॥

अग्निमान्द्य में हरीतकी योग—हर्रे, सोंठ या गुड़ के साथ या सेन्धानमक के साथ निरन्तर भक्षण किया जाय तो अग्निवर्द्धक होता है॥ ३७॥

अग्निमान्द्ये सैन्धवादिचूर्णम्—

सिन्धूत्थपथ्यमगधोद्भवचित्रवह्निचूर्ण-
मुष्णाम्बुना पिबति यः खलु नष्टवह्निः।
तस्यामिषेण सघृतेन नवं वरान्नं
भस्मीभवत्यशितमात्रमपि क्षणेन॥ ३८॥

अग्निमान्द्य में सैन्धवादि चूर्ण—सेन्धानमक, हर्रे, पीपर तथा चित्रक का चूर्ण, गरम जल से जो मन्दाग्नि-पीडित व्यक्ति पान करता है उसका खाया हुआ मांस तथा घृत के साथ नवीन उत्तम अन्न क्षणमात्र में भस्म हो जाता है। अर्थात् उस अन्न का परिपाक शीघ्र होता है॥ ३८॥

अग्निमान्द्ये आर्द्रकयोगः—

भोजनाग्रे सदा पथ्यं जिह्वाकण्ठविशोधनम्।
अग्निसन्दीपनं हृद्यं लवणार्द्रकभक्षणम्॥ ३९॥
शोफहृद्रोगगुल्मार्शोविबन्धानाहनाशनम्।
दीपनं कफहृद्रुच्यं हर्षणं लवणार्द्रकम्॥ ४०॥
शोफारोचकहृद्रोगगुल्मार्शास्युदराणि च।
कासं श्वासं ज्वरं हन्यात्सहसा मधुनाऽऽर्द्रकम्॥ ४१॥
गुडार्द्रकं वातहरं चक्षुष्यं बलवर्धनम्।
कायाग्निजननं चैव वातवर्चोनुलोमनम्॥ ४२॥

अग्निमान्द्य में आर्द्रक योग—भोजन के पहले नमक तथा अद्रक का

भक्षण—जिह्वा तथा कण्ठ को शुद्ध करनेवाला है, अग्नि को अच्छी तरह प्रदीप्त करनेवाला है तथा हमेशा पथ्य है याने लाभदायक है। नमक तथा अदरक का योग—शोथ, हृदयरोग, गुल्म, अर्श, विबन्ध, आनाह नाश करता है। दीपन है, कफ को दूर करता है, रुचि को बढ़ाता है तथा मन को प्रसन्न करनेवाला है। मधु के साथ अदरक का सेवन—शोथ, अरोचक, हृद्रोग, गुल्म, अर्श, उदर-रोग, कास, श्वास तथा ज्वर को शीघ्र नाश करता है, गुड़ के साथ अदरक का प्रयोग—वात को दूर करता है, नेत्र को बल देनेवाला है, बलवर्द्धक है, जाठराग्नि को बढ़ानेवाला तथा वायु एवं मल को अनुलोमन करनेवाला है ॥ ३९–४२ ॥

मन्दाग्नौ विश्वादियोगः—

विश्वाभयागुडूचीनां कषायेण पटूपणम् ।
पिबेच्छ्लेष्मणि मन्दाग्नौ त्वक्पत्रसुरभीकृतम् ॥ ४३ ॥

मन्दाग्नि में विश्वादि योग—सोंठ, हर्रे तथा गुडूची के कषाय के साथ षडूपण (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ तथा मरिच) का चूर्ण दालचीनी एवं तेजपत्र के चूर्ण से सुगन्धित कर कफजन्य मन्दाग्नि में पान करे ॥ ४३ ॥

मन्दाग्नौ सैन्धवाद्या वटकाः—

सिन्धूत्थहिङ्गुत्रिफलायवानीव्योषैर्गुडांशैर्वटकान् प्रकुर्यात् ।
तैर्भक्षितैस्तृप्तिमवाप्नुवन्ना भुञ्जीत मन्दाग्निरपि प्रभूतम् ॥ ४४ ॥

मन्दाग्नि में सैन्धवाद्य वटक—सेन्धानमक, शु० हिंगु, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), अजवायन तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच)—इन द्रव्यों के चूर्ण को गुड़ की चासनी में वटक बनाये। इन वटकों को खाने से मनुष्य तृप्ति को प्राप्त करता है और मन्दाग्नि-पीड़ित व्यक्ति भी अधिक भोजन करने में समर्थ होता है ॥ ४४ ॥

आमाजीर्णे गुडशुण्ठ्यादियोगः—

गुडेन शुण्ठीमथवोपकुल्यां पथ्यां तृतीयामथ दाडिमं वा ।
आमेष्वजीर्णेषु गुदामयेषु वर्चोविबन्धेषु च नित्यमद्यात् ॥ ४५ ॥

आमाजीर्ण में गुड़-शुण्ठ्यादि चूर्ण—गुड़ के साथ १. सोंठ अथवा २. उपकुल्या (पीपर) या तीसरा हर्रे या अनार, इन औषधों के चूर्ण को आमाजीर्ण, गुदामय (अर्श रोग) तथा मल-विबन्ध में प्रतिदिन सेवन करे ॥ ४५ ॥

अग्निमान्द्ये विडङ्गाद्यवलेहः—

विडङ्गभल्लातकचित्रकाम्याः सनागरास्तुल्यगुडेन सर्पिषा ।
लिहन्ति ये मन्दहुताशना नरा भवन्ति ते वाडवतुल्यवह्नयः ॥ ४६ ॥

अग्निमान्द्य में विडङ्गाद्यवलेह—वायविडङ्ग, शु० भल्लातक, चित्रक, हर्रे तथा सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को समभाग गुड़ तथा घृत के साथ मन्दाग्नि-पीड़ित जो मनुष्य अवलेहन (चाटना) करते हैं उनकी जाठराग्नि वडवानल के समान हो जाती है ॥ ४६ ॥

विषूचिकालसकयोः काञ्जिकयोगः—

कुञ्जराशननवीनपल्लवै राजिकाभिरपि संयुतं घृतम् ।
काञ्जिकं सलवणं विषूचिकां नाशयत्यलसकं च वेगतः ॥ ४७ ॥

विषूचिका तथा अलसक में काञ्जिक योग—कुञ्जराशन (पीपर) के नवीन पल्लव तथा राई को पका कर बनाया हुआ काञ्जिक सेन्धानमक मिलाकर सेवन करने से शीघ्र ही विषूचिका तथा अलसक को नाश करता है ॥ ४७ ॥

अजीर्णे हरीतकीयोगः—

हरीतकी धान्यतुषोदसिद्धा सपिप्पलीसैन्धवहिङ्गुचूर्णा ।
सोद्गारधूमं भृशमप्यजीर्णं विजित्य सद्यो जनयेत्क्षुधां च ॥ ४८ ॥

अजीर्ण में हरीतकी योग—पीपर, सेन्धानमक तथा शु० हिंगु के चूर्ण से युक्त धनिया तथा तुषोदक (कच्चे तथा भूसी के सहित जव के टुकड़ों को जल में भिगो कर संधान विधि से तीन दिन तक रखने के बाद छाना हुआ जल) के जल से सिद्ध हरीतकी, धूमोद्गार (धुआंसा डकार आना) सहित अत्यधिक अजीर्ण को जीतकर शीघ्र ही जाठराग्नि को बढ़ाता है ॥ ४८ ॥

आमाजीर्णे वचादिवमनम्—

वचालवणतोयेन वान्तिरासे प्रशस्यते ।

आमाजीर्ण में वचादि का वमन-प्रयोग—आमाजीर्ण में वच तथा सेन्धानमक के जल से वमन करना प्रशस्त होता है ।

विदग्धाजीर्णे शीताम्बुयोगः—

अन्नं विदग्धं हि नरस्य शीघ्रं शीताम्बुना वै परिपाकमेति ।
तत्तस्य शैत्येन निहन्ति पित्तमाक्लेदिभावाच्च नयत्यधस्तात् ॥४९॥

विदग्धाजीर्ण में शीताम्बु योग—शीतल जल से मनुष्य का विदग्ध अन्न (विदग्धाजीर्ण) शीघ्र ही परिपाक को प्राप्त करता है। जल शीतल होने से पित्त को दूर करता है, और अक्लेदि होने से पित्त को अधोमार्ग से निकालता है ॥ ४९ ॥

विष्टब्धाजीर्णप्रतिकारः—

विष्टब्धे स्वेदनं कार्यं पेयं च लवणोदकम् ।

विष्टब्धाजीर्ण का प्रतिकार—विष्टब्धाजीर्ण में स्वेदन करना चाहिए और लवणोदक (नमक का पानी) पीना चाहिए।

रसाजीर्णचिकित्सा—

रसशेषे दिवास्वप्नं लङ्घनं वातवर्जनम् ॥ ५० ॥
आलिप्य जठरं प्राज्ञो हिङ्गुव्यूषणसैन्धवैः।
दिवास्वप्नं प्रकुर्वीत सर्वाजीर्णविनाशनम् ॥ ५१ ॥

रसाजीर्ण की चिकित्सा—रसाजीर्ण में, दिन में सोना तथा लंघन करना चाहिए और वातवर्द्धक पदार्थों को त्याग देना चाहिए। हिंगु, व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा सेन्धानमक—इन द्रव्यों को लेप बनाकर बुद्धिमान मनुष्य उदर के ऊपर लेप कर दिन में शयन करे। यह सभी प्रकार के अजीर्ण को नाश करता है ॥ ५०–५१ ॥

दिवास्वापयोग्या नराः—

व्यायामप्रमदाध्ववाहनरतक्लान्तानतीसारिणः
शूलश्वासवतस्तृषापरिगतान् हिक्कामरुत्पीडितान्।
क्षीणान्क्षीणकफाञ्शिशून्मदहतान्वृद्धान् रसाजीर्णिनो
रात्रौ जागरितान्नरान्निरशनान्कामं दिवा स्वापयेत् ॥ ५२ ॥

दिन में शयन करने योग्य मनुष्य—व्यायाम, स्त्री-प्रसंग, मार्गगमन तथा सवारी करने के कारण थके हुए अतिसार के रोगी, शूल तथा श्वास से पीड़ित, प्यासे हुए, हिचकी तथा वातरोग से पीड़ित, क्षीण कफवाले, लड़के, मद्य आदि पीने से मतवाले, वृद्ध एवं रसाजीर्ण से व्याकुल, रात्रि में जागरण किये हुए तथा उपवास किये हुए मनुष्यों को दिन में इच्छा के अनुसार सुलाना चाहिए ॥ ५२ ॥

अजीर्णे पथ्याद्यं चूर्णम्—

दद्यात् सौवर्चलं चूर्णं पथ्यापिप्पलिसंयुतम्।
मस्तुनोष्णोदकेनापि बुद्ध्वा दोषगतिं भिषक् ॥ ५३ ॥
चतुर्विधमजीर्णं तु मन्दानलमथारुचिम्।
आध्मानं वातगुल्मं च शूलं चाशु नियच्छति ॥ ५४ ॥

अजीर्ण रोग में पथ्याद्य चूर्ण—वैद्य वातादि दोषों की गति-विधि को जानकर हर्रे तथा पिप्पली चूर्ण से युक्त सौवर्चलनमक के चूर्ण का मस्तु (दही का तोड़) या गरम जल से पान करावे। यह चूर्ण चार प्रकार (आमाजीर्ण, विदग्धाजीर्ण, विष्टब्धाजीर्ण तथा रसाजीर्ण) के अजीर्णरोग, मन्दाग्नि, अरुचि, आध्मान (पेट में वायु का भरना), वातगुल्म तथा शूल को शीघ्र ही दूर कर देता है ॥ ५३–५४ ॥

अजीर्णे बृहत्पथ्याद्यं चूर्णम्—

पथ्यावचाहिङ्गुकलिङ्गशुण्ठीसौवर्चलैः सातिविषैश्च चूर्णम् ।
सुखाम्बुपीतं विनिहन्त्यजीर्णं शूलं विषूचीमरुचिं च सद्यः ॥ ५५ ॥

अजीर्ण में बृहत्पथ्याद्य चूर्ण—हर्रे, वच, शु० हिंगु, इन्द्रयव, सोंठ, सौवर्चलनमक तथा अतीस (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण ईषदुष्ण जल के साथ पान करने से अजीर्ण, शूल, विषूचिका तथा अरुचि को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५५ ॥

अजीर्णे रुचकाद्यं चूर्णम्—

चूर्णं समं रुचकहिङ्गुमहौषधाना-
मुष्णाम्बुना कफसमीरणसंभवासु ।
हृत्पार्श्वपृष्ठजठरार्तिविषूचिकासु
पेयं तथा यवरसेन च विड्विबन्धे ॥ ५६ ॥

अजीर्णरोग में रुचकाद्य चूर्ण—सौवर्चलनमक, शु० हिंगु तथा सोंठ समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण गरम जल के साथ कफ-वातजन्य हृदय रोग, पार्श्वशूल, पृष्ठशूल, उदररोग, विषूचिका रोग में पान करे और मलविबन्ध (कब्ज) में यवरस (यव के गुदी के रस 'वाली') के साथ पान करना चाहिए ॥ ५६ ॥

अजीर्णशङ्कायां शुण्ठ्यभयायोगः—

भवेदजीर्णं प्रति यस्य शङ्का स्निग्धस्य जन्तोर्बलिनोऽन्नकाले ।
पूर्वं सशुण्ठीमभयामशङ्को भुञ्जीत संप्राश्य हितं हिताशी ॥ ५७ ॥

अजीर्ण की आशंका होने पर शुण्ठी-अभया योग—स्नेह के बाद जिस बलवान मनुष्य को अजीर्ण होने की आशंका हो वह हित को चाहनेवाला व्यक्ति, अन्न खाने के पहले लाभदायक सोंठ तथा हर्रे के चूर्ण को खाकर भोजन करे ॥ ५७ ॥

विदग्धाजीर्णे अभयादियोगः—

विदह्यते यस्य तु भुक्तमात्रं दह्येत हृत्कोष्ठगलं च यस्य ।
द्राक्षासितामाक्षिकसंप्रयुक्तां लीढ्वाऽभयां वै स सुखं लभेत ॥ ५८ ॥

विदग्धाजीर्ण में अभयादि योग—जिस व्यक्ति को भोजन करने मात्र से ही जलन होने लगे तथा हृदय, कोष्ठ (आमाशय) तथा गला जलने लगे वह पुरुष मुनक्का, मिश्री तथा मधु के साथ अभया (हर्रे के चूर्ण) को चाट कर सुखी होता है । अर्थात् इस योग को सेवन करने से गला आदि का जलना ठीक हो जाता है ॥ ५८ ॥

विषूचीप्रतिकारः—

विषूच्याः पूर्वरूपाणि दृष्ट्वैव तु चिकित्सकः।
वमनं कारयेत्क्षिप्रमुष्णेन लवणाम्भसा ॥ ५९ ॥
यावत्सन्तिष्ठते ह्यस्य दुष्टो ह्यन्नरसो हृदि।
तावन्मर्माणि भिद्यन्ते विषं पीतवतो यथा ॥ ६० ॥
सुवामितं साधु विरेचितं वा सुलङ्घितं वा मनुजं विदित्वा।
पेयादिभिर्दीपनपाचनीयैः सम्यक्क्षुधार्तं समुपक्रमेत ॥ ६१ ॥

विषूचिका का प्रतिकार—चिकित्सक विषूचिका के पूर्वरूप को देख कर ही शीघ्र गरम नमक के जल से वमन कराये। विषूचिका से पीड़ित रोगी के हृदय में जब तक दूषित अन्न-रस रहता है तब तक उसके मर्म स्थलों में सूई से छेदने जैसी पीड़ा होती है। जैसे विष-पान किये हुए व्यक्ति के मर्म स्थल में पीड़ा होती है। अच्छी तरह वमन तथा विरेचन या अच्छी तरह लंघन किये हुए व्यक्ति को जानकर भूख से व्याकुल रोगी को दीपन तथा पाचन पेया आदि से अच्छी तरह उपचार करें ॥ ५९-६१ ॥

विषूचिकायाममृतादिकषायः—

पिबेद्विपक्वं त्वमृताकषायं कदम्बनिम्बार्जुनवृक्षकाणाम्।
क्वाथं सुखोष्णं लवणप्रगाढं विषूचिकाजीर्णविषापमर्दम् ॥ ६२ ॥

विषूचिका में अमृतादि कषाय—गुडूची का पकाया हुआ कषाय तथा कदम्ब, निम्ब एवं अर्जुन का क्वाथ, सेन्धा नमक मिलाकर गरम पान करें। यह विषूचिका (हैजा), अजीर्ण तथा विषजन्य उपद्रवों को नाश करता है ॥ ६२ ॥

विषूच्यां शूले मिश्याद्यं तैलम्—

मिशिं मधूच्छिष्टमरुष्करं च ससैन्धवं क्षारमथाम्लवृक्षम्।
तैलं विपक्वं मधुशुक्तयुक्तं खल्लीं प्रवृद्धां शमयेद्धि सद्यः ॥ ६३ ॥

विषूचिका के शूल में मिश्याद्य तैल—मिशि (सौफ), मधूच्छिष्ट (मोम), अरुष्कर; (भल्लातक), सेन्धानमक, यवक्षार तथा अम्ल-वृक्ष, इन द्रव्यों के कल्क के साथ, मधु तथा शुक्त (मद्य विशेष) मिलाकर तैल (तैल-निर्माण विधि के अनुसार) सिद्ध करे। यह तैल प्रवृद्ध विषूचिकाजन्य खल्ली रोग (पैर, ऊरु, जंघा तथा हाथ की ऐंठन रोग) को शीघ्र शान्त करता है ॥ ६३ ॥

विषूच्यां कुष्ठादिमर्दनम्—

कुष्ठसैन्धवयोः कल्कं चुक्रतैलसमन्वितम्।
विषूच्यां मर्दनं कोष्णं खल्लीशूलनिवारणम् ॥ ६४ ॥

विषूचिका में कुष्ठादि मर्दन—कूठ तथा सेन्धानमक के कल्क में चुक्र

(चूका) तथा तैल मिलाकर और थोड़ा गरम कर विषूचिका (हैजा रोग) में मर्दन करे। यह मर्दन खल्ली (हाथ-पैर आदि का ऐंठन) तथा शूल को निवारण करता है ॥ ६४ ॥

विषूच्यां चित्रकाद्यं तैलम्—

चित्रकं तिलपिण्याकं कुष्ठं भल्लातकानि च ।
द्वौ क्षारौ सैन्धवं चैभिस्तैलं युक्तेविपाचयेत् ॥ ६५ ॥
एतेनोन्मर्दनं कार्यं प्रदेहश्चैव शस्यते ।
अतिप्रवृद्धं शूलं च म्रक्षणादेव नाशयेत् ॥ ६६ ॥

विषूचिका रोग में चित्रकाद्य तैल—चित्रक, तिल-पिण्याक (तिलकी खल्ली), कूठ, भल्लातक, यवक्षार, सज्जी-क्षार तथा सेन्धा नमक, इन द्रव्यों के साथ युक्त (कन्द-मूलादि मिलाकर संधान विधि से बनाया मद्य विशेष) में तिल में तैल को (तैल के चतुर्थांश कल्क, चौगुना युक्त) पकावे। इस तैल से मर्दन करें, तथा लेप करना भी प्रशस्त है। अत्यन्त बढ़े हुए शूल को यह तैल मर्दन करने मात्र से ही नाश करता है ॥ ६५-६६ ॥

अतिवृद्धविषूचीनिवृत्यर्थं पार्ष्णिदेशे दाहयोगः—

विषूच्यामतिवृद्धायां पार्ष्ण्योर्दाहः प्रशस्यते ॥ ६७ ॥

अत्यन्त बढ़े हुए विषूचिका-रोग को दूर करने के लिये पार्ष्णि प्रदेश में दाहयोग—अत्यधिक बढ़े हुए विषूचिका रोग में दोनों पैर की घुट्टी में दाह-कर्म करे ॥ ६७ ॥

विषूच्यां करञ्जाद्या वमनकषायाः—

कारञ्जश्च कषायः स्यादथवाऽऽर्जुनसार्षपः ।
पीतः कषायो वमनात् सद्यो हन्ति विषूचिकाम् ॥ ६८ ॥
करञ्जनिम्बशिखरीगुडूच्यर्जुनवत्सकैः ।
पीतः कषायो वमनाद्घोरां हन्ति विषूचिकाम् ॥ ६९ ॥

विषूचिका रोग में करञ्जाद्य वमन-कषाय—करञ्ज का कषाय, अथवा अर्जुन तथा सरसों का कषाय पान कराने से वमन कराकर, विषूचिका को शीघ्र ही नाश करता है। और करञ्ज, नीम, अपामार्ग, गुडूची, अर्जुन तथा कोरैया इन द्रव्यों का कषाय पान कराने पर वमन कराकर भयंकर विषूचिका को नाश करता है ॥ ६८-६९ ॥

विषूच्यां रास्नाद्यङ्गमर्दनम्—

रास्ना पत्रागुरू मांसी कुष्ठं शिग्रुत्वचो वचा ।
श्रेष्मन्तेन संपिष्टं विषूच्यामङ्गमर्दनम् ॥ ७० ॥

विषूचिका रोग में रास्नाद्यङ्गमर्दन—रासन, तालिसपत्र, अगर, जटा-

मांसी, कूठ, सहिजन की छाल तथा वच, इन द्रव्यों को अम्ल के साथ पीसकर विषूचिका के रोगी के अंग को मर्दन करे। यह विषूचिका रोग में उत्पन्न उपद्रवों को शान्त करता है ॥ ७० ॥

विषूच्यां त्वगाद्यमुद्वर्तनम्—

त्वक्पत्ररास्नागुरुशिग्रुकुष्ठैरम्लप्रपिष्टैः सवचाशताह्वैः।
उद्वर्तनं खल्लिविषूचिकाघ्नं तैलं विपक्वं च तदर्थकारि ॥ ७१ ॥

विषूचिका रोग के त्वगाद्य उद्वर्तन—दालचीनी, तेजपत्र, रासन, अगरु, सहिजन, कूठ, वच तथा सोया (समभाग) इन द्रव्यों का अम्ल के साथ पीस कर उद्वर्तन (उबटन) लगावे। यह उबटन, खल्ली (हाथ-पैर में ऐंठन) तथा विषूचिका को नाश करनेवाला है और इन्हीं द्रव्यों के कल्क के साथ (तैल के चौथाई कल्क तथा तैल के चौगुना जल मिलाकर) सिद्ध तैल भी खल्ली तथा विषूचिका रोग को नाश करता है ॥ ७१ ॥

विषूच्यामञ्जनार्थं व्योषाद्या गुटिका

व्योषं करञ्जस्य फलं हरिद्रे मूलं समं चाप्यथ मातुलुङ्ग्याः।
छायाविशुष्का गुटिकाः कृतास्ता हन्युर्विषूचीं नयनाञ्जनेन ॥ ७२ ॥

विषूचिका में अंजन के लिये व्योषाद्य गुटिका—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), करञ्ज का फल, आमाहल्दी, दारुहल्दी—समभाग, इन द्रव्यों के बराबर विजौरा नींबू की जड़, इन सभी द्रव्यों को कूट पीस कर (जल के साथ) गुटिका बनावे। यह गुटिका नेत्र में अञ्जन करने से विषूचिका रोग को नाश करती है ॥ ७२ ॥

विषूच्यामुत्सादनाद्यर्थं बृहत्याद्यो योगः—

बृहत्यौ कट्फल चैव मुस्तं पत्रमथोऽगुरुः।
गुग्गुल्वतिविषा रास्ना मुस्तं व्याघ्रनखं वचा ॥ ७३ ॥
एतैरुत्सादनं कुर्यात् प्रदेहश्चैव शस्यते।
नस्यं प्रधमनं चैव विषूची तेन शाम्यति ॥ ७४ ॥

विषूचिका में उत्सादन (उबटन) आदि के लिये बृहत्यादि योग—भटकटैया, बनभंटा, कायफल, मोथा, व्याघ्रनख तथा वच, (समभाग), इन द्रव्यों को पानी के साथ पीसकर, कल्क बनावे। इस कल्क में उबटन तथा लेप करना प्रशस्त है। इसका नस्य लेने तथा प्रधमन (धूप) करने से विषूचिका रोग शान्त होता है ॥ ७३–७४ ॥

विषूच्यामञ्जनार्थं शिवावर्तिः—

भल्लातकं त्रिकटुकं भूतीकं क्षवको वचा।
फणिज्जो लशुनं कुष्ठं करञ्जस्य फलानि च ॥ ७५ ॥

वर्तिमेभिः शिवां नाम बस्तमूत्रेण पेषयेत् ।
विषूच्यामञ्जनमिदं सद्यो वेगं नियच्छति ॥ ७५ ॥

विषूचिका रोग में अञ्जन के लिये वर्ति—भल्लातक, त्रिकटु (सोठ, पीपर, मरिच), भूतीक (कत्तृण "सुगन्धि द्रव्य विशेष"), चवक (अपामार्ग), वच, फणिज्ज (मरुआ), लहसुन, कूठ तथा करञ्ज का फल, इन द्रव्यों को बस्त-मूत्र (बकरी का मूत्र) के साथ पीसकर शिवा-नामक वर्ति बनावे और बकरी के मूत्र में घिसकर इसका अञ्जन करे। यह अञ्जन शीघ्र ही विषूचिका के वेग को दूर करता है ॥ ७५–७६ ॥

विषूच्यां पिपासाप्रतिकारः—

पिपासायामनुत्क्लेशे लवङ्गस्याम्बु शस्यते ।
जातीफलस्य वा शीतं पूतं भद्रघनस्य वा ॥ ७७ ॥

विषूचिका रोग में प्यास का प्रतिकार—विषूचिकाजन्य प्यास में उत्क्लेश न होता हो तो लवङ्ग का जल प्रशस्त है। जायफल या नागरमोथा का पकाया जल ठंडा कर पिलाने से विषूचिकाजन्य पिपासा का प्रशमन होता है ॥ ७७ ॥

विषूच्यामाध्मानचिकित्सा—

सरुक् चानद्धमुदरमम्लपिष्टैः प्रलेपयेत् ।
दारु-हैमवती-कुष्ठ-शताह्वा-हिङ्गु-सैन्धवैः ॥ ७८ ॥

इति वैद्यवरश्रीशोढलग्रथिते गदनिग्रहेऽजीर्णविषूचिकालसकवि-
लम्बिकाधिकारः पञ्चमः ॥ ५ ॥

विषूचिका रोग में आध्मान-चिकित्सा—विषूचिका में पीड़ासहित आध्मान (पेट में वायु भरना) होने पर, देवदारु, हैमवती (खुरासानी अजवायन), कूठ, सोया का बीज, हिंगु तथा सेन्धानमक, इन द्रव्यों को अम्ल रस के साथ पीसकर पेट के ऊपर लेप करे ॥ ७८ ॥

अजीर्ण-विसूचिका-अलसक-विलम्बिका-चिकित्सा समाप्त ।

अथ क्रिमिरोगाधिकारः षष्ठः ।

अथातः क्रिमिनिदानं व्याख्यास्यामः ।

अब क्रिमि निदान का व्याख्यान करेंगे ।

क्रिमिभेदाः—

कृमयस्तु द्विधा प्रोक्ता बाह्याभ्यन्तरभेदतः ।
बहिर्मलकफासृग्विड्जन्मभेदाच्चतुर्विधाः ॥ १ ॥
नामतो विंशतिविधाः—

कृमि भेद— बाह्य तथा आभ्यन्तर भेद से कृमि दो प्रकार के होते हैं। बाह्य— मल-स्वेद, कफ, रक्त तथा मल से उत्पन्न होने के कारण चार प्रकार (स्वेदज, कफज, रक्तज तथा मलज) के होते हैं। ये ही नाम-भेद से बीस प्रकार के होते हैं ॥ १ ॥

बाह्यक्रिमिलक्षणम्—

—बाह्यास्तत्र मलोद्भवाः ।
तिलप्रमाणसंस्थानवर्णाः केशाम्बराश्रयाः ॥ २ ॥
बहुपादाश्च सूक्ष्माश्च यूका लिक्षाश्च नामतः ।
द्विधा ते कोठपिडकाकण्डूगण्डान् प्रकुर्वते ॥ ३ ॥

बाह्य कृमि का स्वरूप—मल से उत्पन्न होनेवाले बाहर के कृमि तिल के समान, प्रमाण, आकृति तथा वर्णवाले होते हैं। ये केशों एवं कपड़ों में रहते हैं। ये सूक्ष्म तथा अनेक पैरोंवाले होते हैं, इनका नाम जूं या लीख आदि हैं। ये दोनों जूं तथा लीख—चकत्ता, पिडिका, खुजली तथा गण्ड (ग्रन्थिशोथ) आदि उत्पन्न करते हैं ॥ २-३ ॥

विमर्श—यहाँ जो कृमियों के बीस भेद बताये गये हैं वे केवल उपलक्षण मात्र हैं क्योंकि चरक ने बीस भेद के अतिरिक्त सहज कृमि का भी निरूपण किया है। वे विकारोत्पादक नहीं हैं अतः रोगाधिकार में उनका वर्णन नहीं मिलता है।

आधुनिक विद्वान् दो प्रकार के कृमियों से रोगों की उत्पत्ति मानते हैं मलोपजीवी (अवैकारिक) तथा परोपजीवी (वैकारिक) कृमि तथा जीवाणु, शरीर के दोष-वैषम्य, मलाधिक्य, अनुकूल परिस्थितियों में ही क्रियाशील होते हैं और शौच, यम-नियमानुसार आचरण करनेवालों में दोष-साम्य होने के कारण प्रभावित नहीं होते हैं। अतः प्राचीन विद्वानों ने इसको महत्त्व नहीं दिया है।

स्वेद आदि के संसर्ग से उत्पन्न होनेवाले कृमि बाह्य कहलाते हैं। पामा तथा दाद को उत्पन्न करनेवाले एक विशिष्ट प्रकार के जीवाणु हैं। इनको भी बाह्य कृमि कह सकते हैं। बाह्य कृमियों में जूं एवं लीखों का वर्णन मिलता है आकृति आदि वर्णन के अनुसार ज्ञात होता है कि बालों के अन्दर रहनेवाले जूं एवं लीख का ही वर्णन है क्योंकि वे काले तिल के समान काले एवं सफेद तिल के समान सफेद भी होते हैं, वे सूक्ष्म एवं बहुत पैरवाले होते हैं। इसके अतिरिक्त त्वचा में विकार उत्पन्न करनेवाले कृमियों का भी समावेश बाह्य मलज कृमियों में किया जा सकता है।

क्रिमिनिदानम्—

अजीर्णभोजी मधुराम्लनित्यो
द्रवप्रियः पिष्टगुडोपभोक्ता।
व्यायामवर्जी च दिवाशयश्च
विरुद्धभुक् संलभते क्रिमींस्तु ॥ ४ ॥

कृमिरोग का निदान—अपरिपक्वावस्था में ही भोजन करनेवाले, मधुर और अम्ल पदार्थों का अत्यधिक सेवन करनेवाले, द्रवाधिक्य पदार्थों का प्रेमी, पिष्टमय पदार्थ एवं गुड़ का अधिक सेवन करनेवाले, व्यायाम न करनेवाले, दिन में शयन करनेवाले तथा विरुद्ध भोजन करनेवाले मनुष्यों को कृमि रोग हो जाता है ॥ ४ ॥

माषपिष्टान्नलवणगुडशाकैः पुरीषजाः।
मांसमापगुडक्षीरदधिशुक्तैः कफोद्भवाः।
विरुद्धाजीर्णशाकाद्यैः शोणितोत्था भवन्ति हि ॥ ५ ॥

उड़द, पिष्टमय पदार्थ, अम्ल तथा लवण-रस-बाहुल्य पदार्थ, गुड़ तथा शाक, इनसे पुरीषज कृमि उत्पन्न होते हैं। मांस, मछली, गुड़, दूध, दही तथा सिरके से कफज कृमियों की उत्पत्ति होती है। विरुद्ध भोजन, अजीर्ण भोजन तथा शाकों का सेवन, रक्तजन्य कृमियों को उत्पन्न करता है ॥ ५ ॥

विमर्श—पूर्वोक्त सभी कृमि रोग के कारण कफवर्द्धक पदार्थ हैं। कफ की अधिकता में मन्दाग्नि भी अवश्य रहती है। अग्नि के मन्द रहने पर ही कृमियों की उत्पत्ति एवं वृद्धि होती है। मन्दाग्नि के कारण खाद्यान्न आन्त्र के अन्दर विकृत अवस्था में रहता है और इसी सड़े-गले पदार्थ के ऊपर कृमि बढ़ते तथा पुष्ट होते हैं। मधुर पदार्थ कृमियों के बढ़ने में सहायक है। इसीलिये कृमि की चिकित्सा में पहले गुड़ आदि मधुर पदार्थ खिलाकर दवा का सेवन कराते हैं क्योंकि मधुर पदार्थ के कारण सभी कृमि एकत्र आ जाते

हैं और उन पर औषध का प्रभाव पड़ता है जिससे कृमि बेहोश हो जाते हैं। तत्पश्चात् विरेचक औषधों के द्वारा उनको बाहर निकाल दिया जाता है। उड़द तथा पिष्टमय पदार्थ दुष्पच होने के कारण आन्त्र में रुक कर कृमियों को उत्पन्न करते हैं। शाक गोभी आदि कृम्युपसृष्ट होने के कारण रक्तज कृमियों को उत्पन्न करते हैं, इनको उष्ण जल से प्रक्षालन कर तथा अच्छी तरह पकाकर सेवन करना चाहिए। शाक के स्वच्छ एवं परिपक्व होने पर कृमि-विकृति अल्प मात्रा में पाई जाती है।

क्रिमीणां सामान्यलक्षणम्—

ज्वरो विवर्णता शूलं हृद्रोगश्छर्दनं भ्रमः।
भक्तद्वेषोऽतिसारश्च सञ्जातक्रिमिलक्षणम् ॥ ६ ॥
अकस्मात्पतितो भूम्यां चक्षुर्भ्यां न च पश्यति।
मुखे लाला भवेद्यस्य सञ्जातक्रिमिलक्षणम् ॥ ७ ॥

क्रिमिरोग का सामान्य लक्षण—क्रिमिरोग में ज्वर, विवर्णता, शूल, हृद्रोग, शिथिलता, भ्रम, भोजन से अरुचि तथा अतिसार ये सामान्य लक्षण होते हैं। जिस व्यक्ति को एकाएक जमीन पर गिरने के बाद नेत्रों से दिखाई न पड़े और मुंह से लालास्राव (लार निकलना) होने लगे तो समझना चाहिए कि उस व्यक्ति को क्रिमिरोग हो गया है ॥ ६–७ ॥

कफजक्रिमीणां लक्षणम्—

कफादामाशये जाता वृद्धाः सर्पन्ति सर्वतः।
पृथुत्रध्ननिभाः केचित्केचिद् गण्डूपदोपमाः ॥ ८ ॥
रूढधान्याङ्कुराकारास्तनुदीर्घास्तथाऽणवः ।
श्वेतास्ताम्रावभासाश्च नामतः सप्तधा तु ते ॥ ९ ॥
अन्त्रादा उदरावेष्टा हृदयादा महागुदाः।
चुरवो दर्भकुसुमाः सुगन्धास्ते च कुर्वते ॥ १० ॥
हृल्लासमास्यस्रवणमविपाकमरोचकम् ।
मूर्च्छाच्छर्दिभ्रमानाहकार्श्यक्षवथुपीनसान् ॥ ११ ॥

कफजक्रिमि का लक्षण—कफाधिक्य से आमाशय में उत्पन्न होनेवाले श्लैष्मिक क्रिमि वृद्धि को प्राप्त कर नीचे तथा ऊपर की तरफ घूमते हैं। उनमें कुछ मोटे चमड़े के तांत के समान तथा कुछ केचुवों के तरह लम्बे होते हैं कुछ नवोत्पन्न धान्यांकुर के समान आकारवाले छोटे एवं सूक्ष्म होते हैं। इनका वर्ण श्वेत तथा ताम्र सदृश होता है। आन्त्राद, उदरावेष्ट, हृदयाद, महागुद, चुरु, दर्भकुसुम तथा सुगन्ध नाम से सात प्रकार के होते हैं। इन क्रिमियों के

कारण मिचली, लालास्राव, अजीर्ण, अरुचि, मूर्च्छा, वमन, ज्वर, आनाह, कृशता, छींक तथा पीनस रोग की उत्पत्ति होती है ॥ ८–११ ॥

रक्तजक्रिमीणां लक्षणम्—

रक्तवाहिशिरास्थानरक्तजा जन्तवोऽणवः ।
अपादवृत्तास्ताम्राश्च सौक्ष्म्यात् केचिददर्शनाः ॥ १२ ॥
केशादा लोमविध्वंसा लोमद्वीपा उदुम्बराः ।
षट् ते कुष्ठैककर्माणः सहसौरसमातरः ॥ १३ ॥

रक्तज कृमि का लक्षण—रक्तवाही शिराओं में रहनेवाले रक्तज कृमि अत्यधिक छोटे, पैररहित, गोल तथा ताम्र वर्ण के होते हैं। इनमें से कुछ अति सूक्ष्म होने के कारण आँखों से दिखाई नहीं देते। केशाद, रोमविध्वंस, रोमद्वीप, उदुम्बर, सौरस तथा मातृ ये छः प्रकार के होते हैं। ये सभी कुष्ठ रोग को उत्पन्न करनेवाले होते हैं ॥ १२–१३ ॥

पुरीषजक्रिमीणां लक्षणम्—

पक्वाशये पुरीषोत्था जायन्तेऽधोविसर्पिणः ।
वृद्धास्ते स्युर्भवेयुश्च ते यदाऽऽमाशयोन्मुखाः ॥ १४ ॥
तदाऽस्योद्गारनिःश्वासविड्गन्धानुविधायिन ।
पृथुवृत्ततनुस्थूलाः श्यावपीतसितासिताः ॥ १५ ॥
ते पञ्च नाम्ना क्रिमयः ककेरुकमकेरुकाः ।
सौसुरादाः सशूलाख्या लेलिहा जनयन्ति च ॥ १६ ॥
विड्भेदशूलविष्टम्भकार्श्यपारुष्यपाण्डुताः ।
रोमहर्षाग्निसदनगुदकण्डूर्विमार्गगाः ॥ १७ ॥
भ्रमः शूलं तथा छर्दिर्हृदयव्वलनं ज्वरः ।
वैवर्ण्यमतिसारः स्यादरुचिः क्रिमिलक्षणम् ॥ १८ ॥

इति क्रिमिनिदानम् ।

पुरीषजक्रिमि के लक्षण—पुरीषजक्रिमि पक्वाशय में उत्पन्न होते हैं और उनकी गति नीचे की ओर होती है, अधिक बढ़ने पर जब ये आमाशय की ओर भी बढ़ने लगते हैं तो डकार और श्वास में मल के समान गन्ध आने लगती है। ये मोटे, गोल, छोटे या लम्बे होते हैं। इनमें से कुछ काले, कुछ पीले, कुछ सफेद तथा कुछ नीले होते हैं। इन कृमियों के ककेरुक, मकेरुक, सौसुराद, सशूल तथा लेलिह ये पांच नाम होते हैं। ये विपरीत मार्ग से पहुँचने पर मलभेद (पतला दस्त), शूल, मलावरोध, दुर्बलता, रूक्षता, पाण्डुता, रोमाञ्च, अग्निमान्द्य तथा गुदा में कण्डू को उत्पन्न करते हैं। भ्रम,

शूल, वमन, हृदय में दाह, ज्वर, विवर्णता, अतिसार तथा अरुचि ये कृमि रोग के लक्षण हैं ॥ १४–१८ ॥

विमर्श—पुरीषजकृमि तथा कफजकृमि को आन्त्रिक कृमि कहते हैं। इन सबों का निवासस्थान महास्रोत है। ये चार प्रकार के होते हैं, अंकुशमुखकृमि, गण्डूपदकृमि, स्फीतकृमि तथा सूत्रकृमि।

अंकुशमुखकृमि—अन्त्राद-नामक कृमि से उपसृष्ट व्यक्ति के मल में इनकी उपस्थिति पाई जाती है। ये अण्डे गीली भूमि में पड़े रह कर दो-तीन दिन में इल्ली का रूप धारण करते हैं। इसके बाद इनका और भी दूसरा रूप होता है। इस अवस्था में ये तीन-चार मास तक जीवित रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति नंगे पैर इनके सम्पर्क में आता है तो ये इल्लियाँ उसके त्वचा के द्वारा अन्दर प्रविष्ट होकर लसिकावाहिनियों या शिराओं द्वारा हृदय के दक्षिण अलिन्द में पहुँच जाती हैं और वहाँ से रक्त द्वारा फुप्फुस, कण्ठप्रणाली, अन्न-प्रणाली तथा अन्त में पच्यमानाशय में क्रमशः आकर स्थित हो जाती हैं। दो सप्ताह में इनकी वृद्धि हो जाती है और चार सप्ताह में ये पुष्ट हो जाती हैं। वहाँ स्थित होकर स्त्रीकृमि वहाँ अण्डा देती हैं और वे अण्डे मल द्वारा बाहर निकलकर पूर्वोक्त रूप धारण कर उपसर्ग में सहायता करते हैं। इनका मुख अंकुश के समान होता है। ये अंकुशों के द्वारा आन्त्र की दीवारों से चिपके रहते हैं तथा रक्त का पान करते हैं। इसके परिणामस्वरूप रक्तक्षय होता जाता है और पाण्डुता की उत्पत्ति हो जाती है। इसकी तीव्रावस्था में रक्तकणों की संख्या में बहुत कमी हो जाती है इसके उपद्रवस्वरूप हृदय में पीड़ा, श्वास-कृच्छ्रता, विवर्णता तथा मुख और शरीर की रूक्षता आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं।

गण्डूपदकृमि—"महागुद" इसका उपसर्ग होने से रोगी को ज्वर रहता है और वह अनियत या सन्तत स्वरूप का होता है। यह प्रायः बच्चों को होता है। रात को सोते समय दाँत बजाना प्रधान लक्षण है। रोगी व्यक्ति के मल से निकले हुए अण्डों से इसका उपसर्ग खाद्यपदार्थ में होता है और उसके सेवन करने से ये स्वस्थ व्यक्ति के आन्त्र में पहुँच जाते हैं। आमाशय में अम्लरस से उनके ऊपर का आवरण गल जाता है और वे यकृत में होते हुए सिरा द्वारा हृदय में और वहाँ से अंकुशमुख कृमि की तरह फुप्फुस में जाकर परिपुष्ट होते हैं। वहाँ से पुनः आन्त्र में प्रविष्ट होते हैं वहां उनकी वृद्धि होती है और वहाँ बढ़कर परिपक्वावस्था को प्राप्त होते हैं। ये अत्यन्त चञ्चल एवं गतिशील होते हैं। ये प्रायः आन्त्र में कुण्डलितावस्था में रहते हुए मलभेद, उदरशूल, अतिसार, वमन आदि लक्षणों को उत्पन्न करते हैं। ये मल के साथ कभी-कभी

बाहर जाते हैं और कभी-कभी आमाशय में पहुँचकर उत्क्लेद तथा वमन उत्पन्न करते हैं और वमन के साथ बाहर निकल जाते हैं। ये आन्त्र के भीतर अण्डे देकर नूतन कृमियों को भी उत्पन्न करते हैं। कभी २ ये कुण्डलाकार होकर आन्त्र के छेद को अच्छी तरह बन्द कर बद्धगुदोदर या आन्त्रावरोध उत्पन्न करते हैं। कभी २ पित्तवाहिनियों में अवरोध कर कामला रोग उत्पन्न करते हैं।

स्फीतकृमि— उदरावेष्ट या केंचुआ—यह फीता के समान लम्बा (आठ-दस फुट का) चौड़ा तथा चिपटा होता है। वह अपने गोल सिर में स्थित उभार के द्वारा आन्त्र में चिपका रहता है। इसके शरीर में छोटे २ अनेक पर्व होते हैं। प्रत्येक पर्व में अण्डे होते हैं। परिपक्व होने पर आखिरी के कुछ चार छः पर्व मल द्वारा बाहर निकलने पर उनके आकार कद्दू के बीज के समान होते हैं। कभी-कभी पेट में दर्द, वमन, मन्दाग्नि या भस्मक रोग तथा पाण्डु आदि लक्षण प्रादुर्भूत होते हैं। इसका उपसर्ग सूकर-मांसभोजियों में दूषित मांस द्वारा अधिक होता है।

सूत्रकृमि—चुरु—ये बीजांकुर या सूत्र की भांति श्वेत तथा बहुत छोटे कृमि (प्रायः आधा जौ लम्बे) होते हैं। प्रायः बच्चों में अधिक मिलते हैं और रात्रि में गुदामार्ग से बाहर निकलते हैं। इनसे गुदकण्डू के अतिरिक्त कभी-कभी प्रवाहिका, गुदभ्रंश, शय्या पर मूत्रोत्सर्ग, प्रतिश्याय आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं।

कृमि-निदान समाप्त।

अथातः क्रिमिचिकित्सितम्।

क्रिमिपातनार्थं पारसीयवानीयोगः—

पारसीयवानी पीता पर्युषितवारिणा प्रातः।
गुडयुक्ता कृमिजालं कोष्ठगतं पातयत्याशु ॥ १६ ॥

क्रिमिपातनार्थ पारसीयवानीयोग—खुरासानी अजवायन का चूर्ण, गुड़ के साथ प्रातःकाल बासी जल से पान करने पर कोष्ठगत (आन्त्र में स्थित) क्रिमियों के झुण्ड को शीघ्र गिरा देता है। (इसके बीज का चूर्ण आयु के अनुसार ½ रत्ती से ३ रती तक प्रयोग करना चाहिए) ॥ १९ ॥

क्रिमिरोगे निम्बपत्राद्यं योगपञ्चकम्—

पारिभद्रकपत्रोत्थं रसं क्षौद्रयुतं पिबेत्।
केवुकस्य रसं वाऽपि पत्तूरस्य च वा रसम् ॥ २० ॥

दीपनीयान्नमण्डं वा विडङ्गव्योषसंयुतम् ।
पाययेत् क्रिमिनाशार्थमग्निं च कुरुते भृशम् ।
लिह्यात्क्षौद्रेण वैडङ्गं चूर्णं क्रिमिहरं परम् ॥ २१ ॥

क्रिमिरोग में निम्बपत्राद्य योग-पञ्चक १–फरहद के पत्ते का रस मधु के साथ पान करे । २–३ केवुक (केमुआ) का रस या पत्तूर का रस मधु के साथ चाटे । या ४–विडंग तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) के चूर्ण को दीपनीय अन्न मण्ड के साथ कृमि को नाश करने के लिये पान कराये, यह अग्नि को प्रदीप्त करता है । ५–विडङ्ग का चूर्ण मधु के साथ चाटे । यह उत्तम कृमिनाशक है ॥ २०–२१ ॥

क्रिमिनाशार्थं विडङ्गाद्या यवागूः—

विडङ्गतण्डुलव्योषशिग्रुभिमरिचैः सह ।
तक्रभृता यवागूः स्यात् क्रिमिघ्नी ससुवर्चिका ॥ २२ ॥

कृमियों को नाश करने के लिये विडङ्गाद्य यवागू—विडंग (वायविडंग), तण्डुल (विडंग), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), सहिजन, मरिच तथा हुलहुल, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण के साथ तक्र में पकाई गई यवागू कृमि रोग को नाश करनेवाली है (यहां विडंग तथा तण्डुल, दोनों विडंग का नाम है और दोनों को एक योग में पाठ किया गया है अतः विडंग दुगुना ग्रहण करना चाहिए) ॥ २२ ॥

क्रिमिरोगे मुस्तादिकषायः—

मुस्ताखुपर्णीसुरदारुशिग्रु-
काथः सकृष्णाक्रिमिशत्रुकल्कः ।
मार्गद्वयेनापि चिरप्रवृत्तान्
क्रिमीन्निहन्ति क्रिमिजांश्च रोगान् ॥ २३ ॥

कृमि रोग में मुस्तादि कषाय—नागरमोथा, आखुपर्णी (मूसाकानी), देवदारु तथा सहिजन (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ तथा पीपर और विडंग का कल्क दोनों मिलाकर सेवन करने से पुराना दोनों मार्ग (वमन तथा विरेचन) से प्रवृत्त कृमियों को तथा कृमिजन्य रोगों को नाश करता है । (यहां मधु मिला लेना उपयुक्त होगा क्योंकि यह कषाय कड़वा है मधु मिलाने से रुचिकर हो जाता है) ॥ २३ ॥

क्रिमिरोगे शोभाञ्जनाद्यं चूर्णम्—

शोभाञ्जनः सर्षपराजिकार्करसोनसिन्धूत्थकणाग्निविश्वाः ।
एतैः कृतं चूर्णमिदं निहन्ति शत क्रिमीणां च तुषोदकेन ॥ २४ ॥

कृमि रोग में शोभाञ्जनाद्य चूर्ण—शोभाञ्जन (नील सहिजन), सरसों,

राई, मदार की जड़, लहसुन, सेन्धानमक, पीपर, चित्रक तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों से बनाया हुआ चूर्ण तुषोदक (कच्चे या पके भूसी सहित यव के टुकड़ों को संधान-विधि से बन्द करने के बाद निकाला जल) के साथ सेवन करने से सैकड़ों कृमियों को नाश करता है ॥ २४ ॥

क्रिमिरोगे मुस्ताद्यं चूर्णम्—

मुस्ताखुपर्णिसुरदारुकणाविशाला-
श्रीसिन्दुवाररविमूलनिशाद्वयं च ।
शिग्रुः पलाशवलिवेल्लवचाग्निमन्थ-
सौवर्चलं कृमिशतं शमयेत् सहिङ्गु ॥ २५ ॥

कृमि रोग में मुस्ताद्य चूर्ण—नागरमोथा, मूसाकानी, देवदारु, पीपर, इन्द्रायण, सिन्दुवार, मदार की जड़, आमाहल्दी, दारुहल्दी, सहिजन, परास का बीज, वलि (रसाञ्जन), वेल्लव (वायविडङ्ग), अग्निमन्थ (अरणी) तथा सौवर्चलनमक समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण शु० हिंगु के चूर्ण के साथ सेवन करने से सैकड़ों कृमियों को शान्त करता है ॥ २५ ॥

क्रिमिरोगे भूनिम्बादिक्काथः—

भूनिम्बदन्तीत्रिफलाविशाला-
त्रिवृन्निशायुग्मविडङ्गचित्राः ।
कृतः कषायः कफवातहन्ता
क्रिमिज्वरच्छर्दिनिवारणोऽयम् ॥ २६ ॥

कृमि रोग में भूनिम्बादिक्काथ—चिरायता, दन्तीमूल, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), इन्द्रायण, निशोथ, आमाहल्दी, दारुहल्दी, विडंग तथा चित्रक (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण कफ तथा वायु को नाश करनेवाला है तथा कृमिरोग ज्वर तथा वमन को दूर करता है ॥ २६ ॥

क्रिमिरोगे विष्णुप्रियादिक्काथः—

विष्णुप्रियारात्रिफणिज्जकार्ककुठेरकासारिकसिन्दुवारैः ।
कृतः कषायः क्रिमिनाशनाय पलाशबीजप्रतिवापयोगात् ॥ २७ ॥

कृमिरोग में विष्णुप्रियादिक्काथ—विष्णुप्रिया (तुलसी), रात्रि (आमाहल्दी), फणिज्जक (बिजौरानीबू की जड़ या मरुआ), मदार की जड़, कुठेरक (बनतुलसी 'बथई'), सारिवा, सिन्दुवार, इन द्रव्यों के क्वाथ में परास के बीज के प्रतिवाप का चूर्ण प्रक्षेप कर कृमियों को नाश करने के लिये पान करे ॥ २७ ॥

क्रिमिरोगे सुवर्चिकाद्यं चूर्णम्—

सुवर्चिकारामठपत्रिकाह्वाविडङ्गबाह्लीककणाग्निविश्वाः ।

यवानिकाग्रन्थिकभद्रमुस्तास्तक्रेण चूर्णं क्रिमिकोटिहारि ॥ २८ ॥

कृमिरोग में सुवचिकाद्य चूर्ण—सुवर्चिका (हुलहुल), शु० हिंगु, हिंगुपत्री, विडग, वाह्लीक (नागकेशर), पीपर, चित्रक, सोंठ, अजवायन, वच तथा नागरमोथा (सममभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण तक्र के साथ सेवन करने से करोडों कृमियों का नाश करनेवाला है ॥ २८ ॥

क्रिमिरोगे फल्ग्यादिकषायः—

फल्गीफणिज्जकफलत्रितयाखुपर्णी
क्वाथः क्रिमिघ्नमगधाशिखिशिग्रुयुक्तः ।
पीतः क्रिमीनपहरेत् क्रिमिजा रुजश्च
जन्तोर्जयेदथ कणाक्रिमिजित्कषायः ॥ २९ ॥

कृमिरोग में फल्ग्यादि कषाय—फल्गी (भारंगी "वभनेटी"), फणिज्जक (मरुआ), फलत्रितय (हर्रे, वहेड़ा, आंवला), आखुपर्णी (मूसाकानी), विडंग, पीपर, शिखी (चित्रक), सहिजन—इन द्रव्यों का कषाय तथा पीपर एवं विडंग का कषाय मनुष्य के कृमियों तथा कृमिजन्य रोगों को जीत लेता है ॥ २९ ॥

कृमिरोगे शट्यादिक्वाथः—

शटयाखुपर्णी क्रिमिहा विशाला
ह्वेवेरनिम्बौ सुरदारु शिग्रुः ।
कैरातवासे कुटजोऽश्वगन्धा
निशाद्वयं तिक्तकरोहिणी च ॥ ३० ॥
कषाय एषां क्रिमिहा विचूर्णितः
स्यात्सन्निपातज्वरमाशु हन्ति ॥ ३१ ॥

कृमिरोग में शटयादिक्वाथ—शटी (कपूरकचरी), मूसाकानी, विडंग, इन्द्रायण, हाऊबेर, नीम, देवदारु, सहिजन, कैरात (चिरायता), वासा (अडूसा), कोरैया, अश्वगन्धा, आमाहल्दी, दारुहल्दी, तिक्तरोहिणी (कुटकी) (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय कृमिरोग को नाश करनेवाला है या इन द्रव्यों का चूर्ण तथा कृमिहा (वायविडंग) का चूर्ण शीघ्र ही सन्निपात ज्वर को नाश करता है ॥ ३०-३१ ॥

कृमिरोगे खदिराद्यं चूर्णम्—

खदिरं कुटजं पिचुमन्दवचात्रिकटुत्रिफलात्रिवृतासहितम् ।
पशुसूत्रयुतं पिब सप्त दिनं कृमिकोटिशतान्यपि पातयति ॥ ३२ ॥

कृमिरोग में खदिराद्य चूर्ण—खैर, कोरैया, नीम, वच, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, वहेड़ा, आंवला) तथा निशोथ इन द्रव्यों का

चूर्ण गाय के मूत्र के साथ सात दिन तक पान करे। यह चूर्ण सैकड़ों कठोर कृमियों को भी गिरा देता है ॥ ३२ ॥

क्रिमिरोगे पूपकयोगः—

आखुपर्णीदलैः पिष्टैः पिष्टकेन च पूपकान्।
पक्त्वा सौवीरकं चानुपिबेत् कृमिहरं परम् ॥ ३३ ॥

कृमिरोग में पूपक (पूआ) योग—मूसाकानी के पत्तों को पीसकर और उस पिष्टक से पूआ पकाकर भक्षण करे और ऊपर से सौवीरक (मद्य विशेष) पान करे। यह उत्तम कृमिनाशक है ॥ ३३ ॥

कृमिरोगे छोहाराद्यं चूर्णम्—

छोहारचित्रकविडङ्गपलाशबीजैः
सव्योषवारिदगदाभयमद्यगन्धैः।
बाह्लीकमागधिजटाजरणाजगन्धै-
श्चूर्णं त्रिवृद्द्विगुणितं कृमिजिन्नराणाम् ॥ ३४ ॥

कृमिरोग में छोहाराद्य चूर्ण—छोहाड़ा, चित्रक, विडंग, परास का बीज, व्योष (सोठ, पीपर, मरिच), वारिद (मोथा), गद (कुष्ठ "कूठ"), मद्यगन्ध (बकुल "मौलेसरी"), बाह्लीक (नागकेसर), मागधिजटा (पिपरामूल), जरण (शु० हिंगु) तथा अजगंधा (अजमोद) इन द्रव्यों को समभाग और निशोथ दुगुना लेकर चूर्ण बनावे। यह चूर्ण मनुष्यों के कृमि रोगों को जीतनेवाला है ॥ ३४ ॥

कृमिरोगे पलाशबीजयोगः—

पलाशबीजस्वरसं पिबेद्वा क्षौद्रसंयुतम्।
पिबेत्तद्बीजकल्कं वा तक्रेण कृमिनाशनम् ॥ ३५ ॥

कृमि रोग में पलाश-बीज योग—१. पलाश-बीज का स्वरस, मधु के साथ पान करे या २. पलाश-बीज का कल्क तक्र के साथ पान करे। ये दोनों योग कृमि रोग को नाश करनेवाले हैं ॥ ३५ ॥

क्रिमिरोगे निर्गुण्ड्यादिकषायः—

निर्गुण्डिशिग्रुयुतकट्फलजः कषाय
कृष्णाकृमिघ्नफलकल्कयुतः प्रपीतः।
कायात् कृमीनपहरेत् कृमिजांश्च रोगान्
क्वाथः कृमिघ्नसुरसार्जकजोऽथ पीतः ॥ ३६ ॥

कृमि रोग में निर्गुण्डयादि क्वाथ—निर्गुण्डी (मेउड़ी), सहिजन तथा कायफल इन द्रव्यों का कषाय, पीपर, वायविडंग तथा मदनफल का कल्क मिलाकर पान करने से अथवा वायविडंग, तुलसी तथा अर्जक (सफेद

चवई) इन द्रव्यों का क्वाथ पान करने से शरीर से कृमियों को एवं कृमिजन्य रोगों को दूर करता है ॥ ३६ ॥

क्रिमिरोगे शिग्रुत्वगादिकषायः—

शिग्रुत्वक्त्रिफलाभ्यां तु कृतः क्वाथो निषेवितः ।
जठरस्थान् कृमीन् क्षिप्रमुद्धरत्यविचारतः ॥ ३७ ॥

कृमिरोग में शिग्रुत्वगादि कषाय—शिग्रुत्वक् (सहिजन की छाल) तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) इन द्रव्यों का बनाया हुआ क्वाथ, सेवन करने से विना सोचे विचारे पेट के कृमियों को उद्धार कर देता है अर्थात् दूर कर देता है ॥ ३७ ॥

बालानां क्रिमिपातनार्थं सक्तुयोगः—

सक्तुभिः कटुतैलाक्तैर्गुदे सम्यक्प्रवेशितैः ।
शिशोरपि प्रणश्यन्ति गुदजाः कृमयः क्षणात् ॥ ३८ ॥

बालकों के कृमि गिराने के लिये सक्तु योग—सरसों के तैल में सत्तू को मिलाकर वर्ति बनाकर गुदा में अच्छी तरह प्रवेश करने से बालकों का भी गुदा में उत्पन्न कृमि क्षणभर में गिर जाते हैं ॥ ३८ ॥

क्रिमिरोगे भल्लातकादियोगः—

भल्लातकास्थिस्वरसं विडङ्गार्धेन संयुतम् ।
सूयतप्तं लिहेद्युक्त्या सिद्धं कृमिविनाशनम् ॥ ३९ ॥

कृमिरोग में भल्लातकादि योग—शु० भल्लातक के बीज का स्वरस दो भाग तथा विडंग का चूर्ण एक भाग दोनों को मिलाकर धूप में गरम कर युक्ति (पथ्यपूर्वक) पूर्वक चाटे। यह सिद्ध योग कृमिरोग को नाश करनेवाला है ॥ ३९ ॥

क्रिमिरोगे कम्पिल्लकाद्यो योगः—

कम्पिल्लको हरीतक्यः क्षारः सैन्धवमेव च ।
पिष्टं तक्रेण पातव्यं नित्यं कृमिविनाशनम् ॥ ४० ॥

कृमिरोग में कम्पिल्लकादि योग—कम्पिल्लक (कबीला), हर्रे, यवक्षार तथा सेन्धानमक—इन द्रव्यों का पिष्ट (कल्क) तक्र के साथ प्रतिदिन पान करे। यह कृमि रोगों को नाश करनेवाला है ॥ ४० ॥

क्रिमिरोगे विम्बीघृतम्—

कृमीनामाशयगतान् पक्वाशयगतानपि ।
पीतं विम्बीघृतं हन्ति तरुमिन्द्राशनिर्यथा ॥ ४१ ॥

कृमि रोग में विम्बी घृत—विम्बी (विम्बीफल "कुनरू") के कल्क से

सिद्ध घृत आमाशय तथा पक्वाशय के भी अन्दर रहनेवाले कृमियों को नाश कर देता है। जैसे इन्द्र का वज्र वृक्ष को गिरा देता है ॥ ४१ ॥

कृमिरोगे त्रिफलाद्यं घृतम्—

त्रिफला त्रिवृता दन्ती वचा कम्पिल्लकस्तथा।
सिद्धमेभिर्गवां मूत्रे सर्पिः कृमिविनाशनम् ॥ ४२ ॥

कृमि रोग में त्रिफलाद्य घृत—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), निशोथ, दन्तीमूल, वच तथा कम्पिल्लक (कबीला) इन द्रव्यों के कल्क के साथ गाय के मूत्र में सिद्ध (पकाया हुआ) किया हुआ घृत कृमि रोगों को नाश करता है ॥ ४२ ॥

कृमिरोगे पूतिकरञ्जाद्योऽवपीडः—

फलं पूतिकरञ्जानां पिप्पल्यो मरिचानि च।
अवपीडं कृमिहरं कुर्याच्छीर्षविरेचनम् ॥ ४३ ॥
एतैरेवाक्षमात्रैस्तु घृतप्रस्थं विपाचयेत्।
त्रिगुणे तु गवां मूत्रे तन्नस्यं कृमिसूदनम् ॥ ४४ ॥

कृमि रोग में पूतिकरञ्जाद्य-अवपीड—पूतिकरञ्ज का फल, पीपर तथा मरिच इन द्रव्यों के अवपीड चूर्ण का (नस्य) कृमि को नाश करनेवाला है। अर्थात् इन द्रव्यों से शिरोविरेचन करे। एक-एक अक्ष (तोला) इन द्रव्यों के कल्क के साथ तीनगुना गाय के मूत्र (घृत से तीनगुना तीन प्रस्थ) में घृत एक प्रस्थ (सेर) पकावे। इस घृत का नस्य कृमि रोगों को नाश करता है ॥ ४३–४४ ॥

शिरःकृमिषु अपमार्गबीजादिचूर्णम्—

बीजं मयूरकशिरीषकरञ्जशिग्रो-
रश्मन्तकत्रिकटुकक्षवकं विडङ्गम्।
दन्तीफणिज्जकयुतं सह सैन्धवेन
स्याद् दुग्धिकाकनकदुग्धिरसेन मिश्रम् ॥ ४५ ॥
चूर्णं शिरःक्रिमिहरं वमनप्रयोगात्
तैलं पिबेद् द्विगुणमेषकमूत्रसिद्धम् ॥ ४६ ॥
अयोरजःप्रयोगश्च गोमूत्रस्य च शोधनम्।
यवान्ननित्यसेवी च क्रिमिदोषं नियच्छति ॥ ४७ ॥

सिर के कृमि रोग में अपामार्ग-बीजादि चूर्ण—अपामार्ग, सिरीस, करञ्ज तथा सहिजन का बीज, अश्मन्तक (पाषणभेद), त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), क्षवक (कालीराई), वायविडंग, दन्तीमूल, फणिज्जक (मरुआ), तथा सैन्धानमक, (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को दुग्धिका (दुधिया)

तथा कनकदुग्धी (भदभाड़) के रस से मिश्रित कर वमन के लिये प्रयोग करने पर सिर के कृमि दूर हो जाते हैं। इन्हीं द्रव्यों के कल्क के साथ दुगुने मेषक (भेड़) के मूत्र में दुधिया तथा भदभाड़ का रस मिलाकर तैल सिद्ध करे। और इसको पान करे। यह भी सिर के कृमियों को दूर करते हैं। लौहभस्म का सेवन, गाय के मूत्र से शोधन तथा यवान्न (यव पदार्थ की रोटी) का नित्य सेवन करनेवाला कृमि दोष को दूर कर देता है ॥ ४५–४७ ½

क्रिमिरोगेऽपथ्यानि—

दधिगुडेक्षुरसाम्लफलान्यलं
पिशितदुग्धगुडान् मधुरान् रसान्।
सदलशाकयुताशनपानकं
परिहरेत् क्रिमिभिः परिपीडितः ॥ ४८ ॥

इति वैद्यवरश्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे क्रिमिरोगाधिकारः षष्ठः।

कृमि रोग में अपथ्य—कृमि रोग से पीड़ित व्यक्ति—दही, गुड़, गन्ना का रस, अम्लफल (खट्टा फल), पिशित (मांस), दुग्ध, गुड़ (खोवा या मलाई), मधुर रस (मधुर रसवाले पदार्थ) तथा सदलशाक (पत्तेवाले शाक) से युक्त भोजन एवं पेय पदार्थों को त्याग दे ॥ ४८ ॥

कृमिरोग-चिकित्सा समाप्त।

अथ पाण्डुरोगकामलाकुम्भकामलाहलीमकाधिकारः सप्तमः ।

पाण्डुरोगनिदानभेदाः—

निरूपितेषु क्रिमिषु वैवर्ण्यं बुद्धिमागतम् ।
तच्च पाण्डुष्वपि ततस्तेषामाह निदानकम् ॥ १ ॥
पाण्डुरोगाः स्मृताः पञ्च वातपित्तकफैस्त्रयः ।
चतुर्थः सन्निपातेन पञ्चमो भक्षणान्मृदः ॥ २ ॥

पाण्डु, कामला तथा हलीमक का निदान तथा भेद—

कृमिरोग के निरूपण करते समय उसके लक्षण में विवर्णता देखी गई है। वह पाण्डुरोग में भी होती है। अतः पाण्डुरोगों का निदान कहता हूँ। वातिक, पैत्तिक, कफज, सन्निपातज तथा मृत्तिकाभक्षणजन्य भेद से पाण्डुरोग पांच प्रकार का होता है ॥ १-२ ॥

विमर्श—सुश्रुत ने वात, पित्त, कफ तथा सन्निपातजन्यः चार ही प्रकार का पाण्डु रोग माना है। चरक ने मृद्भक्षणजन्य पाण्डुरोग को लेकर पांच प्रकार का माना है। यद्यपि मृद्भक्षणजन्य पाण्डुरोग में भी "कषाया मारुतं पित्तमूषरा, मधुरा कफम्" के अनुसार वातादि प्रकुपित होते हैं अतः इसमें भी कोई न कोई दोष प्रकुपित रहता है फिर भी इसकी चिकित्सा में निदानवर्जन रूप विशेषता होती है, इसी कारण पांचवा मृद्भक्षणरूप पाण्डुरोग अलग माना गया है। इस रोग में रोगी का वर्ण श्वेत पित्त होता है, अतः इसे पाण्डुरोग कहते हैं।

पाण्डुरोगनिदानम्—

व्यायाममम्लं लवणानि मद्यं मृदं दिवास्वप्नमतीव रूक्षम् ।
निषेवमाणस्य समेत्य रक्तं दोषास्त्वचं पाण्डुरतां नयन्ति ॥ ३ ॥

पाण्डुरोग का निदान—अधिक व्यायाम, अधिक अम्लपदार्थ तथा अधिक लवण रस-प्रधान पदार्थ, मद्य, मृत्तिका, दिन में सोना तथा तीक्ष्ण (मिर्च आदि गरम मसाले) पदार्थों का सेवन करनेवाले व्यक्तियों के प्रकुपित वात-पित्त एवं कफदोष रक्त को दूषित कर त्वचा को पाण्डु (श्वेत-पीत) वर्ण का बना देते हैं ॥ ३ ॥

विमर्श—स्निग्धभोजियों को भी अपनी शक्ति के आधा ही व्यायाम करना चाहिए। इसके प्रतिकूल यदि कोई व्यक्ति पोषक पदार्थों को सेवन किये विना ही अधिक व्यायाम करता है तो उसका वातदोष प्रकुपित हो जाता है। जिसके कारण मन्दाग्नि की उत्पत्ति होती है और पाचन-शोषण का अभाव हो जाता

है। तदनन्तर रक्त की कमी के कारण वातिक पाण्डुरोग की उत्पत्ति होती है।

अम्ल, लवण तथा दिवाशयन, श्लैष्मिक पाण्डुरोग और मद्य एवं तीक्ष्ण पदार्थों का सेवन पित्तज पाण्डुरोग को उत्पन्न करता है। मृत्तिकाभक्षण, मृत्तिका-जन्य पाण्डुरोग का कारण है।

चरक के पाण्डु रोग के सामान्य लक्षण के अनुसार रक्त की कमी तथा रक्ताभावजन्य विवर्णता पाण्डु रोग है। "सोऽल्परक्तोऽल्पमेदस्को निस्सारः शिथिलेन्द्रियः। विवर्णं भजते" इति चरक। रक्त ही सभी धातुओं का पोषक है, इसकी कमी से सभी मांसादि धातुओं में शैथिल्य उत्पन्न हो जाता है। चरक तथा वाग्भट के अनुसार रक्त के अतिरिक्त त्वचा एवं मांस भी दूष्य है। सुश्रुत केवल रक्त को ही दूष्य मानते हैं वस्तुतः पाण्डुरोग, रक्तगत ही होता है किन्तु परम्परया सभी धातुओं पर इसका प्रभाव पड़ता है। क्योंकि रक्त ही सबका पोषक है। पित्तप्रकोपक कारणों से प्रकुपित पित्त हृदयस्थ होकर वात की प्रेरणा से हृदय से निकलनेवाली धमनियों तथा उनकी शाखा-प्रशाखा गत रक्त के द्वारा सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त हो जाता है। त्वचागत रक्तवाहिनियों के अधिक उत्तान रहने के कारण इसके विशेष वर्णों (पाण्डु, हारिद्र आदि) का साक्षात्कार त्वचा में ही होता है। कामला तथा हलीमक पाण्डु के प्रवृद्ध रूप भी हैं। कामला रोग, पाण्डुरोग के अभाव में भी होता है। पित्त ही सभी वर्णों का प्रकाशक है या पित्त ही वर्ण स्वरूप है अतः शरीरस्थ सभी भागों में पित्तवर्गीय रक्त की कमी होने से विवर्णता उत्पन्न होती है। आयुर्वेदज्ञों ने रक्ताल्पताजन्य रोगों को पाण्डुरोग कहा है क्योंकि सभी में विशेषतः पाण्डुरोगता पाई जाती है। अर्वाचीन मतानुसार जब शरीर में रक्तगत लालकण की कमी, किसी स्थावर या जङ्गम विष, किसी अङ्ग-विकृति, भोजन में रक्तवर्द्धक पदार्थों की कमी या रक्तनिर्मापक अस्थि-मज्जा की विकृति के कारण या अन्य आघात आदि के फलस्वरूप अत्यधिक रक्तस्राव हो जाता है तब रक्त की कमी या विकृति के कारण पाण्डु की उत्पत्ति होती है। सामान्यतः रक्ताल्पता मात्र की दृष्टि से पाण्डु एक प्रकार का मानना उचित है तथापि निदान-वैचित्र्य, लक्षण-वैचित्र्य तथा चिकित्सा-वैचित्र्य के कारण प्राच्य एवं अर्वाचीन शास्त्रकारों ने इसके अनेक प्रकार-भेदों का निरूपण किया है।

पाण्डुरोगपूर्वरूपाणि—

त्वक्पाटनष्ठीवनगात्रसादमृद्भक्षणप्रेक्षणकूटशोफाः।
विण्मूत्रपीतत्वमथाविपाको भविष्यतस्तस्य पुरो भवन्ति ॥ ४ ॥

पाण्डुरोग का पूर्वरूप—त्वक्स्फोटन (त्वचा का फटना), थूकने की बार-बार प्रवृत्ति, शरीर में दौर्बल्य, मृत्तिका खाने की इच्छा, अक्षिगोलक में सूजन,

मल एवं मूत्र का पीला होना तथा भोजन का परिपाक न होना ये पाण्डु रोग के पूर्वरूप हैं ॥ ४ ॥

विमर्श—इन पाण्डुरोग के पूर्वरूप के लक्षणों को विशिष्ट पूर्वरूप कहा जा सकता है क्योंकि ये ही पूर्वरूप अधिक बढ़कर रूप कहलाते हैं। त्वचा का फटना वातिक पाण्डु का पूर्वरूप है। त्वचा का फटना स्नेहांश की कमी तथा रूक्षता की वृद्धि का संमिश्रित फल इस अवस्था में चमड़ा को स्निग्ध रखनेवाले वसाजातीय पदार्थ की कमी होने से त्वचा रूक्ष होती है और फट जाती है। छीवन-बारबार थूकने की प्रवृत्ति का होना कफज पाण्डु का विशिष्ट रूप है। प्रसेक का होना कफाधिक्य तथा कफजन्य आमाजीर्ण निरूपक है। गात्र-साद—रक्त ही से सभी धातुओं का पोषण होता है। इसके प्राकृत रहने पर शरीर स्वस्थ रहता है। इसकी कमी होने से पोषणाभावजन्य शिथिलता शरीर में उत्पन्न हो जाती है।

मृद्भक्षण—यह मृत्तिकाजन्य पाण्डु का पूर्वरूप है। मृद्भक्षण से पाण्डुरोग अवश्यंभावी है। जो मिट्टी खाता है भविष्य में वह पाण्डुरोग पीड़ित अवश्य होगा। पाण्डुरोगी को मृत्तिका खाने की प्रबल इच्छा होती है। आंखों में सूजन, कफज पाण्डु का विशिष्ट पूर्वरूप है तथा आमाजीर्ण का निदर्शक है। आमाजीर्ण होने पर शोथ पूरे शरीर में होता है किन्तु अल्पदोष के कारण सर्वप्रथम अक्षिगोलक पर ही इसका प्रभाव होता है। क्योंकि अक्षिगोलक का स्तर पतला एवं ढीला है। पित्त विकृत होने के कारण मल तथा मूत्र में पीलापन होता है। यह पीलापन वातादिभेद के अनुसार अनेक प्रकार का होता है। भोजन का अच्छी तरह न पचना पाण्डुरोग का मूल कारण है। क्योंकि अपक्व रस शोषण नहीं होता एवं पाचन और शोषण के न होने से पोषक पदार्थ के पोषणाभाव से अभाव स्वरूप रक्ताल्पता उत्पन्न होती है।

वातजादिभेदेन पाण्डुरोगलक्षणानि—

त्वङ्मूत्रनयनादीनां रूक्षकृष्णारुणाभताः।
वातपाण्डुरामये कम्पतोदानाहभ्रमादयः ॥ ५ ॥
पीतमूत्रशकृन्नेत्रो दाहतृष्णाज्वरान्वितः।
भिन्नविण्मूत्रपीताभः पित्तपाण्डुरामयी नरः ॥ ६ ॥
कफप्रसेक-चमथु-तन्द्रालस्यातिगौरवैः।
पाण्डुरोगी कफाच्छुक्लैस्त्वङ्मूत्रनयनाननैः ॥ ७ ॥
ज्वरारोचक-हृल्लास-च्छर्दितृष्णाभ्रमान्वितः।
पाण्डुरोगी त्रिभिर्दोषैस्त्याज्यः क्षीणो हतेन्द्रियः ॥ ८ ॥

वातजादिभेद से पाण्डुरोग का लक्षण—वातजन्य पाण्डुरोग में त्वचा,

मूत्र तथा नेत्र आदि (नाखून, मुख तथा मल) रूक्ष, काला तथा लाल वर्ण के हो जाते हैं। शरीर में सूचिका-वेधन (छेदन) के समान पीड़ा होती है। कम्पन, आनाह एवं भ्रम, भेद, शूल आदि वातिक लक्षण उत्पन्न होते है।

पित्तजन्य पाण्डुरोग में मल-मूत्र तथा नेत्र पीले पड़ जाते हैं। शरीर मे दाह, प्यास तथा ज्वर विशेष रूप से होते हैं। रोगी का रंग अत्यन्त पीत वर्ण का हो जाता है और उसे अतिसार भी रहता है।

कफज पाण्डुरोग में मुख से कफ का स्राव, सूजन, तन्द्रा, आलस्य तथा शरीर में अधिक भारीपन हो जाता है। त्वचा, मल-मूत्र तथा मुख का वर्ण सफेद हो जाता है।

वात, पित्त तथा कफ इन तीनों दोषों से उत्पन्न पाण्डुरोग में ज्वर, अरोचक, मिचली, वमन, प्यास तथा क्लम ये लक्षण उत्पन्न होते हैं। इन उपरोक्त लक्षण से युक्त, क्षीण एव इन्द्रियों से अपने विषयों को ग्रहण करने में असमर्थ रोगी की चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। अर्थात् इन लक्षणों से युक्त पाण्डुरोगी असाध्य होते हैं॥ ५–८॥

विमर्श—वातिक पाण्डुरोग में त्वचा आदि की कृष्णता तथा अरुणता के प्रतिपादन करने से पाण्डुता में किसी प्रकार की हानि नहीं होती है। "सर्वेषु चैतेषु हि पाण्डुभावो-यतोऽधिकोऽतः खलु पाण्डुरोगः" सुश्रुत के इस वाक्य के अनुसार पाण्डुता का रहना अनिवार्य है। किन्तु वात के द्वारा कुछ अंश के पराभूत होने से पित्तजन्य पाण्डु के समान पीलापन इसमें नहीं दिखाई देता। त्वचा के सामान्य वर्ण की अपेक्षा पाण्डुता रहना अनिवार्य है। कफजन्य पाण्डु में भी यद्यपि त्वचा आदि का वर्ण पीला ही रहता है किन्तु कफ के द्वारा पित्त के गुणों का पराभूत होने के कारण पित्तज पाण्डु की अपेक्षा पीलापन कम तथा श्वेतता अधिक होती है। पैत्तिक पाण्डु में नेत्र के अतिरिक्त मुख तथा जिह्वा के निम्नगत श्लेष्मल कला भी पीली पड़ जाती है। ऐसी अवस्था में मल तथा मूत्र के द्वारा भी पित्त का त्याग अधिक होता है। पित्त के अत्यधिक दूषित होने से रक्त के सभी अवयवों का अधिक मात्रा में नाश हो जाता है अतः त्वचागत रस के विनाश से दाह आदि का अनुभव होता है। इस समय रस-रक्त का विनाश भी अधिक मात्रा में होता है। ज्वर, अरोचक आदि त्रिदोषज पाण्डु के लक्षण असाध्य होते हैं। वस्तुतः वातादि दोष के मिश्रित लक्षण ही त्रिदोषज पाण्डु के लक्षण हैं।

मृज्जपाण्डुरोगस्य संप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

मृत्तिकादनशीलस्य कुप्यत्यन्यतमो मलः।
कषाया मारुतं पित्तमूषरा मधुरा कफम्॥ ९॥

कोपयेन्मृद्रसादींश्च रौक्ष्याद्भुक्तं विरूक्षयेत् ।
पूरत्यविपक्वैव स्रोतांसि निरुणद्ध्यपि ॥ १० ॥
इन्द्रियाणां बलं हत्वा तेजो वीर्यौजसी तथा ।
पाण्डुरोगं करोत्याशु बलवर्णाग्ननाशनम् ॥ ११ ॥
शूनाक्षिकूटगण्डभ्रूः शूनपाण्ण्याभिमेहनः ।
क्रिमिकोष्ठोऽतिसार्येत मलं सासृक्कफान्वितम् ॥ १२ ॥

मृद्भक्षणजन्य पाण्डुरोग का सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—मृत्तिका खानेवाले व्यक्ति का वात आदि में से कोई दोष प्रकुपित हो जाता है। जैसे—कषाय रस प्रधान मिट्टी वात को, ऊसर (क्षारयुक्त) की मिट्टी पित्त को तथा मधुर रस प्रधान मिट्टी कफ को प्रकुपित कर अपने रूक्षता गुण के कारण खाये हुए भोजन तथा रस-रक्त आदि धातुओं को रूक्ष बना देती है, और (कोष्ठाग्नि तथा भूताग्नि से) विना पाचित हुए रसवाही स्रोतों को पूर्ण कर इनमें अवरोध उत्पन्न कर देती है। यह इन्द्रियों की स्वविषय ग्रहण करनेवाली शक्ति, ऊष्मा, बल एवं ओज को नष्ट कर बल, वर्ण तथा अग्नि को नाश करनेवाले पाण्डुरोग को शीघ्र उत्पन्न करती है। मृद्भक्षणजन्य पाण्डु रोग में अक्षिगोलक, कपोल, भौं, पैर, नाभि तथा मूत्रेन्द्रिय में सूजन आ जाती है। उदर में कृमि हो जाते हैं और रोगी रक्त तथा कफ से मिश्रित मल का त्याग कई बार करता है ॥ ९–१२ ॥

पाण्डुरोगस्यासाध्यलक्षणम्—

पाण्डुरोगश्चिरोत्पन्नः स्थिरीभूतो न सिध्यति ।
कालप्रकर्षाच्छूनानां यो वा पीतानि पश्यति ॥ १३ ॥
बहलं विट् सहरितं सकफं योऽतिसार्यते ।
दीनः श्वेतातिदिग्धाङ्गश्छर्दिमूर्च्छातृडन्वितः ॥ १४ ॥
सततासृक्क्षयाद्यश्च पाण्डुः श्वेतत्वमाप्नुयात् ।
पाण्डुदन्तनखो यश्च पाण्डुनेत्रश्च यो भवेत् ।
पाण्डुसंघातदर्शी च पाण्डुरोगी विनश्यति ॥ १५ ॥
अन्तेषु शूनं परिहीनमध्यं म्लानं तथाऽन्तेषु च मध्यशूनम् ।
गुदेऽथ शेफस्यथ मुष्कयोश्च शूनं प्रताम्यन्तमसंज्ञकल्पम् ॥ १६ ॥
विवर्जयेत्पाण्डुकिनं यशोर्थी तथाऽतिसारज्वरपीडितं च ॥ १७ ॥

पाण्डुरोग का असाध्य लक्षण—बहुत पुराना पाण्डुरोग समय अधिक बीत जाने पर साध्य नहीं होता है। अथवा बहुत पुराना पाण्डुरोग सभी धातुओं के अत्यधिक रूखा हो जाने से चिकित्सा के योग्य नहीं रहता या जो रोगी सभी वस्तुओं को पीला ही देखता है उस शोथयुक्त रोगी का पाण्डुरोग भी

साध्य नहीं होता। जिस रोगी का थोड़ा भी मल कफयुक्त होते हुए भी हरा, बँधा हुआ तथा अत्यधिक मात्रा में निकलता है वह भी असाध्य होता है। जो मनुष्य मनोमालिन्य से युक्त तथा वमन, मूर्च्छा एवं प्यास से व्याकुल हो और जिसका शरीर श्वेतवर्ण से लिप्त-सा प्रतीत हो वह भी असाध्य होता है। जिस पाण्डुरोगी का अत्यधिक रक्तक्षय के कारण पाण्डुवर्ण न रहकर श्वेतवर्ण हो गया है वह भी साध्य नहीं होता। जिस रोगी के दांत, नाखून तथा नेत्र पाण्डुवर्ण के हो गये हों तथा जो रोगी सभी वस्तुओं को पाण्डुवर्ण का ही देखता है—वह नष्ट हो जाता है। अर्थात् साध्य नहीं होता है। जिस रोगी के हाथ, पैर और सिर सूजे हों, मध्यभाग क्षीण हो, वह असाध्य होता है। इसके विपरीत जिसका मध्यभाग सूजनयुक्त हो और सिर, हाथ तथा पैर में सूजन न, हो उसे भी असाध्य ही समझना चाहिए। गुदा, लिंग तथा अण्डकोषों में सूजन हो गई हो तथा रोगी अत्यन्त दुःखी एवं संज्ञाहीन-सा प्रतीत होता हो उसको असाध्य समझकर यश को चाहनेवाला वैद्य चिकित्सा न करे तथा तीव्र अतिसार एवं ज्वर से पीड़ित पाण्डुरोगी को भी असाध्य समझ कर परित्याग कर दे ॥ १६–१७ ॥

कामलाया निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

पाण्डुरोगी तु योऽत्यर्थं पित्तलानि निषेवते।
तस्य पित्तमसृङ्मांसं दग्ध्वा रोगाय कल्पते ॥ १८ ॥
भृशं हारिद्रनेत्रः स्याद्धारिद्रत्वङ्नखाननः।
रक्तपीतशकृन्मूत्रो भेकवर्णो हतेन्द्रियः।
दाहाविपाकदौर्बल्यसदनारुचिकर्शितः ॥ १९ ॥

कामला का निदान एवं सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—जो पाण्डुरोगी अत्यन्त पित्तवर्द्धक पदार्थों को सेवन करता है, उसका पित्त अधिक दूषित हो जाता है और रक्त और मांस को भी अत्यधिक दूषित (रंजित) कर कामला रोग की उत्पत्ति कर देता है। इसके कारण रोगी का नेत्र, त्वचा, नाखून तथा मुख हरिद्रा के समान वर्ण वाले हो जाते है। मल और मूत्र रक्तमिश्रित पीतवर्ण के दिखाई देते हैं। रोगी का वर्ण बरसाती मेढक के समान हो जाता है तथा उसकी इन्द्रियाँ अपने विषयों को ग्रहण करने में भी असमर्थ हो जाती हैं। रोगी दाह, अपच, दुर्बलता, शरीरशैथिल्य तथा अरुचि से पीड़ित रहता है ॥ १८–१९ ॥

हारिद्रकलक्षणम्—

हारिद्रदेहनखनेत्रकराङ्घ्रिमध्यो
निष्ठीवनादिसकलैरुपलक्षितो यः।

हारिद्रकः स कथितः किल सन्निपातात्
साध्यो न चैष भिषजां ज्वररूपकालः॥ २० ॥

हारिद्रक का लक्षण—जिस रोगी का देह, नख, हाथ तथा पैर एवं मध्य भाग हल्दी के वर्ण का हो गया हो और थूक, मल-मूत्र आदि में हल्दी का वर्ण दिखाई देता हो उसको हारिद्रक रोग कहते हैं। यह त्रिदोषज होता है। यह रोग वैद्यों के द्वारा असाध्य है और ज्वर के समान काल रूप है अर्थात् रोगी को मार डालनेवाला है।

कुम्भकामलालक्षणम्—

कामला बहुपित्तैषा कोष्ठशाखाश्रया मता।
कालान्तरात् खरीभूता दुःसाध्या कुम्भकामला॥ २१ ॥

कुम्भकामला का लक्षण—कामला रोग पित्ताधिक्यजन्य तथा कोष्ठ (महास्रोत) और शाखा (रस, रक्त एवं त्वचा) दोनों को आश्रित कर रहता है। समय अधिक व्यतीत हो जाने पर जीर्ण या सम्पूर्ण धातुओं की रूक्षता से युक्त होकर कुम्भकामला (महास्रोतगतकामला) कृच्छ्रसाध्य होती है॥२१॥

कामलाया असाध्यलक्षणानि—

कृष्णपीतशकृन्नेत्रो भृशं शूनश्च मानवः।
सरक्ताक्षिमुखच्छर्दिर्विण्मूत्रो यश्च ताम्यति॥ २२॥
दाहारुचि-तृडानाह तन्द्रा-मोहसमन्वितः।
नष्टाग्निसंज्ञः क्षिप्रं हि कामलावान् विपद्यते॥ २३॥
छर्यरोचकहृल्लास-ज्वरक्लमनिपीडितः।
नश्यति श्वासकासार्तो विड्भेदी कुम्भकामली॥ २४॥

कामला के असाध्य लक्षण—जिस रोगी के मल तथा मूत्र कृष्ण एवं पीत-वर्ण के हों तथा जिसको शोथ हो गया हो, अथवा जिसके नेत्र, मुख, वमन, मल एवं मूत्र रक्तवर्ण के हो जायं तथा मूर्च्छा आती हो और जो दाह, अरुचि, प्यास, आनाह, तन्द्रा तथा मोह से पीड़ित हो, जिसकी जाठराग्नि तथा संज्ञा-शक्ति नष्टप्राय हो ऐसा कामला का रोगी, असाध्य होता है। कुम्भकामला से पीड़ित जो रोगी वमन, अरुचि, मिचली, ज्वर, क्लम, श्वास, कास एवं अतिसार से पीड़ित होता है वह नष्ट हो जाता है अर्थात् उसे असाध्य समझना चाहिए॥ २२–२४॥

हलीमकलक्षणम्—

यदा तु पाण्डोर्वर्णः स्याद्धरितः श्यावपीतकः।
बलोत्साहक्षयस्तन्द्रा मन्दाग्नित्वं मृदुज्वरः॥ २५॥

स्त्रीष्वहर्षोऽङ्गमर्दश्च सादस्तृष्णाऽरुचिर्भ्रमः ।
हलीमकं तदा तस्य विद्यादनिलपित्ततः ॥ २६ ॥

इति पाण्डुरोगहारिद्रककामलाकुम्भकामलाहलीमकनिदानम् ।

हलीमक रोग का लक्षण—जब पाण्डुरोगी का रंग हरा या नीलपीत हो जाय, बल तथा उत्साह का नाश हो गया हो, तन्द्रा, मन्दाग्निता तथा थोड़ा-थोड़ा ज्वर रहता हो, स्त्रीप्रसंग की इच्छा का अभाव एवं शरीर में पीड़ा हो जाय, साह (शिथिलता), प्यास, अरुचि तथा भ्रम ये लक्षण अनुभव हों तो इसे हलीमक रोग समझना चाहिए। यह वायु एवं पित्त की अधिकता से होता है ॥ २५–२६ ॥

"पाण्डुरोग, हारिद्र, कामला, कुम्भकामला तथा
हलीमक का निदान समाप्त"

अथातः पाण्डुरोगहारिद्रककामलाकुम्भकामलाहलीमक-चिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

पाण्डुरोगे सामान्यचिकित्सा—

साध्यं तु पाण्डवामयिनं समीक्ष्य स्निग्धं घृतेनोर्ध्वमधश्च शुद्धम् ।
संपादयेत्क्षौद्रघृतप्रगाढैर्हरीतकीचूर्णमयैः प्रयोगैः ॥ २७ ॥
पिबेद् घृतं वा रजनीविपक्वं यत्त्रैफलं तैल्वकमेव वापि ।
विरेचनद्रव्ययुतं पिबेद्वा योगांश्च वैरेचनिकान् घृतेन ॥ २८ ॥

पाण्डुरोग में सामान्य चिकित्सा—घृत से स्निग्ध वमन-विरेचन द्वारा शुद्ध पाण्डु के रोगी को साध्य देखकर मधु तथा घृत से मिश्रित हरीतकी के चूर्णमय प्रयोग से रोगी की चिकित्सा करे। या हल्दी से घृत पकाकर पान करे। त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) या तिल्वक (लोध) से सिद्ध घृत को पान करे। अथवा विरेचन द्रव्यों से युक्त घृत को या विरेचन करने वाले योगों को घृत के साथ सेवन करे ॥ २७–२८ ॥

दोषविशेषेण पाण्डुरोगचिकित्साविधिः—

विधिः स्निग्धोऽथ वातोत्थे तिक्तशीतस्तु पैत्तिके ।
श्लैष्मिके कटुरूक्षोष्णः कार्यो मिश्रस्तु मिश्रके ।
द्विशर्करं त्रिवृच्चूर्णं पलार्धं पैत्तिके पिबेत् ॥ २९ ॥

दोष विशेष के अनुसार पाण्डुरोग की चिकित्सा विधि—वातजन्य पाण्डुरोग में स्निग्ध पदार्थ का सेवन, पैत्तिक पाण्डुरोग में तिक्त तथा शीत पदार्थों का

सेवन, कफजन्य पाण्डुरोग में कटु, रूक्ष तथा उष्ण पदार्थों का सेवन तथा त्रिदोषज पाण्डुरोग में मिश्र विधि (वात, पित्त, तथा कफ शामक पदार्थों का) का सेवन करे। पैत्तिक पाण्डुरोग में निशोथ का चूर्ण आधा पल (दो तोला), शक्कर दुगुना (एक छटांक) मिलाकर पान करें ॥ २९ ॥

कफाधिके पाण्डुरोगे दशमूलीकषायः—

द्विपञ्चमूलीकथितं सविश्वं कफाधिके पाण्डुगदे पिबेत्तु।
ज्वरातिसारश्वयथौ ग्रहण्यां श्वासेऽरुचौ कण्ठहृदामयेषु ॥ ३० ॥

कफाधिक पाण्डुरोग में दशमूलीकषाय—द्विपञ्चमूली (बेल की छाल, गम्भारी, पाढल, अरलु, अरणी, सरिवन, पिठवन, भटकटैया, वनभंटा, गोखरू तथा सोंठ का क्वाथ कफाधिक पाण्डुरोग ज्वर, अतिसार शोथ, ग्रहणी, श्वासरोग, अरुचि, कण्ठ तथा हृदय के रोग में पान करे ॥ ३० ॥

पाण्डुरोगे फलत्रिकाद्यः क्वाथः—

फलत्रिकामृतावासातिक्ताभूनिम्बनिम्बजः ।
क्वाथः क्षौद्रयुतो हन्यात पाण्डुरोगं सकामलम् ॥ ३१ ॥

पाण्डुरोग में फलत्रिकाद्य क्वाथ—फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), गुडूची, अडूसा, कुटकी, चिरायता, तथा नीम—इन द्रव्यों का क्वाथ, मधु मिलाकर सेवन करने से कामला तथा पाण्डुरोग को नाश करता है ॥ ३१ ॥

पाण्डुरोगे मूर्वाद्यं चूर्णम्—

मूर्वाबलान्वितं चूर्णं चित्रकस्योष्णवारिणा ।
पाण्डुरोगविनाशाय प्रातरुत्थाय संपिबेत् ३२ ॥

पाण्डुरोग में मूर्वाद्य चूर्ण—मूर्वा ('मोरवेल' या 'मदोरफली'), वरियार तथा चित्रक का चूर्ण, गरम जल से पाण्डुरोग को नाश करने के लिये प्रातःकाल उठकर पान करे ॥ ३२ ॥

पाण्डुरोगे मधुयष्टीयोगः—

पाण्डुरोगहरं लिह्याच्चूर्णं क्षौद्रविमिश्रितम् ।
यष्ट्याह्वस्य प्रयत्नेन तत्काथं वा पिबेन्नरः ॥ ३३ ॥

पाण्डुरोग में मधुयष्टी योग—मुलेठी का चूर्ण मधु मिलाकर चाटे या इसका क्वाथ बनाकर मधु मिलाकर पथ्यपूर्वक पान करे। यह योग पाण्डुरोग को दूर करनेवाला है ॥ ३३ ॥

पाण्डुरोगे गोमयरसादियोगः—

गोमयस्य रसं सर्पिर्गुडं तण्डुलवारि च ।
पाण्डुरोगविनाशाय पाययेद्भृशगातुरम् ॥ ३४ ॥

पाण्डुरोग में गोमय रसादि योग—गोबर का रस, घृत, गुड़ तथा चावल

का (चावल को दुगुने जल में भिगोकर चार घंटा बाद, मसल कर निकाला हुआ जल) पानी—इन सभी द्रव्यों को मिलाकर पाण्डुरोग को नाश करने के लिए रोगी को पान कराये ॥ ३४ ॥

पाण्डुरोगे मण्डूरयोगः—

शतवर्षं समादाय लोहसिङ्घाणकं शुभम् ।
पलानि पञ्च तच्चूर्णं तुल्यक्षौद्रसमन्वितम् ॥ ३५ ॥
भल्लातकास्थ्यष्टशतं विनिक्षिप्य विदाहयेत् ।
तदक्षमात्रं तक्रेण पीत्वा जीर्णे च तक्रभुक् ।
एवं लभेत सप्ताहात् पाण्डुरोगी सुखं परम् ॥ ३६ ॥

पाण्डुरोग में मण्डूर योग—एक सौ वर्ष का पुराना लोह-सिंघाणक (लोहकिट्ट 'मंडूर') लेकर उसको चूर्ण बनावे और पांच पल मंडूर चूर्ण को पांच पल मधु को मिला दे और भल्लातक का बीज एक सौ आठ संख्या में लेकर दोनों को मिट्टी के बर्तन में बन्द कर ऊपर से कपड़मिट्टी कर जला दे। शीतल होने पर पीसकर चूर्ण बना ले। इस भस्म में से एक अक्ष (तोला) लेकर तक्र के साथ पान करे। परिपाक हो जाने के बाद तक्र के साथ भोजन करे। इस मंडूर योग को सेवन करने से रोगी एक सप्ताह में सुख पाता है—अर्थात् पाण्डुरोग से मुक्त हो जाता है ॥ ३५-३६ ॥

पाण्डुरोगे लोहाद्यो मोदकः—

अयस्तिलव्यूषणकोलभागैः सर्वैः समं माक्षिकधातुचूर्णम् ।
तैर्मोदकः क्षौद्रयुतोऽनुतक्रं पाण्ड्वामये दूरगतेऽपि शस्तः ॥ ३७ ॥

पाण्डुरोग में लोहाद्य मोदक—लौहभस्म, तिल, व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा बैर समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण और चूर्ण के बराबर शु० स्वर्णमाक्षिक भस्म लेकर मधु मिलाकर मोदक बनावे और तक्र के साथ (छः माशा की मात्रा में) भक्षण करे। वह रोग पुराने पाण्डुरोग में भी लाभदायक है ॥ ३७ ॥

पाण्डुरोगे मण्डूरयोगः—

अयोमलं तु सन्तप्तं भूयो गोमूत्रसेचितम् ।
मधुसर्पिर्युतं चूर्णं सह भक्तेन योजयेत् ॥ ३८ ॥
दीपनं चाग्निजननं शोफपाण्ड्वामयापहम् ।

पाण्डुरोग में मंडूर योग—अयोमल (लौहकिट्ट 'मंडूर') अच्छी तरह गरम कर गोमूत्र में (एक्कीस बार) बुझावे और शीत जल से धोकर चूर्ण बनावे। इस चूर्ण को (तीन माशा) मधु तथा घृत के साथ मिलाकर भोजन के साथ

खाय। यह मण्डूर योग जाठराग्नि को दीप्त करनेवाला, अग्नि को बढ़ानेवाला तथा शोथ एवं पाण्डुरोग को नाश करनेवाला है ॥ ३८ ॥

मृज्जपाण्डुरोगे व्योषाद्यं घृतम्—

व्योषं बिल्वं द्विरजनी त्रिफला द्विपुनर्नवम् ३९ ॥
मुस्तान्ययोरजः पाठा विडङ्गं देवदारु च।
वृश्चिकाली च भार्गी च सक्षारैस्तैः शृतं घृतम् ॥ ४० ॥
सर्वान् प्रशमयत्येतद्विकारान् मृत्तिकाकृतान् ॥ ४१ ॥

मृत्तिकभक्षणजन्य पाण्डुरोग में व्योषाद्य घृत—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), बेल का गूदा, आमाहल्दी, दारुहल्दी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), लाल गदहपूरना, श्वेत गदहपूरना, मोथा, लौहभस्म, पाढ़ी, विडंग, देवदारु, वृश्चिकाली (मेढ़ासिंघी), भाँगरा तथा यवक्षार—समभाग—इन द्रव्यों के कल्क के साथ (घृत का चौगुना जल तथा घृत का चौथाई कल्क मिलाकर) घृत पकावे। इस घृत को (एक तोला की मात्रा में) सेवन करे। यह मृद्भक्षणजन्य सभी विकारों (पाण्डु आदि रोगों) को शान्त करता है ॥ ३९–४१ ॥

सोपद्रवे पाण्डुरोगे पुनर्नवादिकषायः—

पुनर्नवानिम्बपटोलशुण्ठीतिक्तामृतादार्वभयाकषायः।
सर्वाङ्गशोफोदरकासशूलश्वासान्वितं पाण्डुगदं निहन्ति ॥ ४२ ॥

उपद्रवयुक्त पाण्डुरोग में पुनर्नवादि कषाय—पुनर्नवा, नीम, परोरा की पत्ती, सोंठ, कुटकी, गुडूची, देवदारु, हल्दी तथा हर्रे (समभाग) इन द्रव्यों का कषाय—सर्वाङ्ग शोथ, उदररोग, कास, शूल, श्वासरोग तथा पाण्डुरोग को नाश करता है ॥ ४२ ॥

पाण्डुरोगे बिभीतकाद्यो वटकः—

बिभीतकायोमलनागराणां चूर्णं तिलानां च गुडश्च मुख्यः।
तक्रानुपानो वटकः प्रयोज्यः क्षिणोति घोरानपि पाण्डुरोगान् ॥

पाण्डुरोग में बिभीतकाद्यवटक—बहेड़ा, मण्डूर, सोंठ तथा तिल (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को गुड़ की चासनी में मिलाकर वटक बनावे। यह वटक तक्र के अनुपान से प्रयोग करने पर तीव्र प्रकार के पाण्डुरोगों को भी नाश कर देता है ॥ ४३ ॥

हारिद्रके द्राक्षादिपाचनम्—

द्राक्षापर्पटधान्याककैरातोशीरबालकैः ।
गुडूचीकटुकायुक्तैर्हारिद्रज्वरपाचनम् ॥ ४४ ॥

हारिद्रक रोग में द्राक्षादि पाचन—मुनक्का, पित्तपापड़ा, धनिया, चिरा-

यता, खस, सुगन्धवाला, गुडूची तथा कुटकी समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ हारिद्रक ज्वर में पाचन करनेवाला है। या इन द्रव्यों का चूर्ण हारिद्रक ज्वर को पचाकर दूर करनेवाला है ॥ ४४ ॥

हारिद्रके त्रायन्तिकादिक्काथः—

त्रायन्तिकामधुकपिप्पलिमूलमुस्ता-
वासागुडूचिपिचुमन्दकिरातजातम्।
शीतीकृतं मधुयुतं पिबतः कषायं
हारिद्रकज्वरमसौ विनिहन्ति शीघ्रम् ॥ ४५ ॥

हारिद्रक रोग में त्रायन्तिकादि क्वाथ—त्रायन्तिका (त्रायमाणा), मुलेठी, पिपरामूल, मोथा, अडूसा, गुडूची, नीम की छाल तथा चिरायता, (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय, शीतल कर मधु मिलाकर पान करे। यह क्वाथ हारिद्रक ज्वर को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४५ ॥

कामलायां योगचतुष्टयम्—

त्रिफलाया गुडूच्या वा दार्व्या निम्बस्य वा रसम्।
प्रातर्मधुयुतं वैद्यः कामलार्ताय योजयेत् ॥ ४६ ॥

कामलारोग में योगचतुष्टय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) या गुडूची या दारुहल्दी अथवा नीम का रस (क्वाथ) प्रातःकाल वैद्य कामलारोग से पीड़ित रोगी के लिये प्रयोग करे ॥ ४६ ॥

कामलायां हरिद्राद्यं घृतम्—

हरिद्रात्रिफलानिम्बबलामधुकसाधितम्।
सक्षीरं माहिषं सर्पिः कामलाहरमुत्तमम् ॥ ४७ ॥

कामला रोग में हरिद्राद्य घृत—हल्दी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नीम, बरियार तथा मुलेठी—इन द्रव्यों के कल्क के साथ दूध में साधित भैंस का घृत कामलारोग को दूर करने में श्रेष्ठ है। (यहाँ घृत का चौगुना दूध तथा घृत का चौथाई कल्क द्रव्य लेना चाहिए ॥ ४७ ॥

कामलायां दार्व्याद्यं चूर्णम्—

दार्वी सत्रिफला व्योषं सविडङ्गमयोरजः।
मधुसर्पिर्युतं लिह्यात् कामलापाण्डुरोगवान् ॥ ४८ ॥

कामलारोग में दार्व्यादिचूर्ण—दार्वी (दारुहल्दी), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), वायविडङ्ग—इन द्रव्यों का चूर्ण तथा लौहभस्म समभाग—मिलाकर (छः रत्ती से बारह रत्ती की मात्रा तक) मधु तथा घृत के साथ चाटे। यह कामला तथा पाण्डुरोग को नाश करता है ॥ ४८ ॥

कामलायां धात्र्याद्योऽवलेहः—

धात्रीलोहरजोव्योषनिशाक्षौद्राज्यशकराः ।
लेहो निवारयत्याशु कामलामुद्धतामपि ॥ ४९ ॥

कामलारोग में धात्र्याद्य-अवलेह—आंवला का चूर्ण, लौहभस्म, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा आमाहल्दी का चूर्ण—इन सभी चूर्णों को समभाग लेकर शक्कर की चासनी में पकावे तथा मधु एवं घृत मिलाकर अवलेह तैयार करे। यह अवलेह भयंकर कामला रोग को शीघ्र ही दूर करता है। (पहले चूर्ण को घृत में भूनकर शक्कर की चासनी बना कर अवलेह पाक की तरह पाककर अवलेह सिद्ध करे और शीतल होने पर मधु मिला दे। मात्रा की कल्पना अवलेह-निर्माण विधि के अनुसार कर लेनी चाहिए) ॥ ४९ ॥

कामलायां त्रिफलाद्यो लेहः—

त्रिफला द्वे हरिद्रे च कटुरोहिण्ययोरजः ।
चूर्णितं मधुसर्पिर्भ्यां लेहयेत् कामलापहम् ॥ ५० ॥

कामला में त्रिफलाद्य अवलेह—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), आमाहल्दी, दारुहल्दी तथा कुटकी—इन द्रव्यों का चूर्ण एवं लौहभस्म को मधु तथा घृत में मिलाकर चाटे। यह कामला रोग को नाश करता है ॥ ५० ॥

कामलायामञ्जनयोगाः—

अञ्जने कामलार्तानां द्रोणपुष्पोरसं शुभम् ।
निशागैरिकधात्रीणां चूर्णं वा संप्रकल्पयेत् ॥ ५१ ॥

कामलारोग में अञ्जन योग—कामला रोग से पीड़ित रोगियों को अञ्जन करने के लिये द्रोणपुष्पी (गुमा) का रस लाभदायक होता है। अथवा हल्दी, गेरु तथा आंवला के चूर्ण को अञ्जन के लिये प्रयोग करे ॥ ५१ ॥

कामलायां नस्ययोगः—

नस्यं कर्कोटमूलं स्याच्छेष्टं वा जालिनीफलम् ।
कामलार्तस्य वैडङ्गं पिप्पल्यो नावनाञ्जने ॥ ५२ ॥

कामला रोग में नस्य योग—कामला रोग-पीड़ित रोगी को नस्य के लिये कर्कोटमूल (नेनुआ की जड़) का चूर्ण श्रेष्ठ है या जालिनीफल (तरोई) का चूर्ण उत्तम है। नावन तथा अञ्जन के लिये विडंग तथा पीपर का चूर्ण श्रेष्ठ है ॥ ५२ ॥

कुम्भकामलायां शिलाजत्वादियोगत्रयम्—

गोमूत्रेण पिबेत् कुम्भकामलायां शिलाजतु ।
मासं माक्षिकधातुं वा किट्टं वाऽथ हिरण्यजम् ॥ ५३ ॥

कुम्भकामला में शिलाजत्वादि योगत्रय—कुम्भकामला में १. गोमूत्र के साथ

शु० शिलाजीत को एक मास तक पान करे। या २. शु०रौप्यमाक्षिक को अथवा ३. शु० स्वर्ण माक्षिक को गोमूत्र के साथ सेवन करे ॥ ५३ ॥

कुम्भकामलायां मण्डूरयोगः—

दग्ध्वाऽक्षकाष्ठैर्मलमायसं तु गोमूत्रनिर्वापितसप्तरात्रम् ।
विचूर्ण्य लीढं मधुनाऽचिरेण कुम्भाह्वयं पाण्डुगदं निहन्यात् ॥ ५४ ॥

कुम्भकामला में मण्डूर योग—आयस मल (लौहकिट्ट 'मण्डूर') को बहेड़े की लकड़ी से जलाकर गाय के मूत्र में सात दिन तक बुझाये (यह क्रिया प्रतिदिन तीन बार करे)। इसके बाद स्वच्छ जल से धोकर सुखा ले और पीस कर चूर्ण बना ले। यह चूर्ण (१ से ३ रत्ती दिन में दो बार) मधु के साथ चाटने से शीघ्र ही कुम्भकामला नामक पाण्डुरोग को नाश करता है ॥ ५४ ॥

पाण्डुरोगादौ विशालाद्यं चूर्णम्—

विशालाकटुकामुस्ताकुष्ठदारुकलिङ्गकाः ।
कर्षांशा द्विपिचुर्मूर्वा कर्षांशार्धा घुणप्रिया ॥ ५५ ॥
पीत्वा तच्चूर्णमम्भोभिः सुखं लिह्यात्ततो मधु ।
पाण्डुरोगं ज्वरं दाहं कासं श्वासमरोचकम् ।
गुल्मानाहामवातांश्च रक्तपित्तं च तज्जयेत् ॥ ५६ ॥

पाण्डुरोग में विशालाद्य चूर्ण—विशाला (इन्द्रायण), कुटकी, मोथा, कूट, देवदारु तथा इन्द्रयव, ये द्रव्य एक-एक अक्ष (तो०)। मूर्वा ('मोरवेल' या 'मदोरफली') दो पिचु (दो तो०) घुणप्रिया (अतीस) आधा कर्ष (आधा तोला) इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे। इस चूर्ण को (३ माशा की मात्रा में) जल से पान करे और इसके बाद इच्छानुसार मधु चाटे। यह चूर्ण पाण्डुरोग, ज्वर, दाह, कास, श्वास, अरोचक, गुल्मरोग, आनाह, वात रोग तथा रक्तपित्त को जीत लेता है ॥ ५५-५६ ॥

पाण्डुरोगे मण्डूराद्यवलेहः—

मण्डूरलोहाग्निविडङ्गपथ्याव्योषांशकः सर्वसमानताप्यः ।
मूत्राप्लुतोऽयं मधुनाऽवलेहो पाण्ड्वामयं हन्त्यचिरेण घोरम् ॥ ५७ ॥

पाण्डुरोग में मण्डूराद्य अवलेह—मण्डूर भस्म, लौहभस्म, वायविडंग, हर्रे, त्र्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) एक-एक भाग, शु० स्वर्णमाक्षिक—सभी द्रव्यों के बराबर लेकर गोमूत्र में पकाकर अवलेहवत् पाक कर ले। इसके बाद मधु मिलाकर (६ रत्ती से एक माशा तक) चाटे। यह अवलेह भयंकर पाण्डुरोग को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५७ ॥

पाण्डुरोगे लवणमण्डूरम्—

सिन्धूद्भवं चाग्निसमं तु कृत्वा सिक्त्वा च मूत्रे सकृदेव तच्च ।
लौहं च किट्टं बहुशश्च तप्तं निषेचयेद् गोसलिले तथैव ॥ ५८ ॥
एकीकृतं गोजलपिष्टमेत—दैकध्यमावाप्य पचेदुषायाम् ।
यथा न दह्येत तथा विशुष्कं चूर्णीकृतं पेयमुदश्विता तत् ।
तक्रौदनाशी विनिहन्ति रोगं पाण्डुं तथा दीपनरोचकं च ॥ ५९ ॥

पाण्डुरोग में लवण मण्डूर—सेन्धानमक को अग्नि के समान लालकर गाय के मूत्र में एक बार बुझा ले। मण्डूर को एक्कीस बार आग में जलाकर गोमूत्र में बुझा ले। दोनों को एकत्र कर गाय के मूत्र में पीसकर गोला बनाकर सुखा ले और उषा यन्त्र में पकावे। जलने न पाये ऐसा शुष्क बनाकर चूर्ण कर ले। इस चूर्ण को उदश्वित् (आधा पानी मिलाकर बनाया हुआ दही का तोड़) के साथ पान करे और मट्ठा भात खाय। इस प्रकार मट्ठा भात खानेवाला पाण्डु का रोगी पाण्डुरोग को नाश करता है। यह मण्डूर, जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला तथा रुचि को बढ़ानेवाला है ॥५८–५९॥

पाण्डुरोगे क्षीरयोगः—

लोहपात्रे श्रृतं क्षीरं सप्ताहं पथ्यभोजनः ।
पिबेत् पाण्ड्वामयी शोफी ग्रहणीदोषपीडितः ॥ ६० ॥

पाण्डुरोग में क्षीर योग—लोहे की कड़ाही में पकाया हुआ दूध, पथ्यपूर्वक भोजन करता हुआ पाण्डु का रोगी, शोथ का रोगी तथा ग्रहणी दोष से पीड़ित रोगी सात दिन तक पान करे ॥ ६० ॥

पाण्डुरोगे कतिपययोगः—

क्षीरमूत्रं पिबेत् पक्वं गव्यं माहिषमेव वा ।
पाण्डुर्गोमूत्रयुक्तं वा सप्ताहं त्रिफलारसम् ॥ ६१ ॥
सप्तरात्रं गवां मूत्रे भावितं वाऽप्ययोरजः ।
पाण्डुरोगप्रशान्त्यर्थं पयसा प्रपिबेन्नरः ॥ ६२ ॥

पाण्डुरोग में कुछ योग—पाण्डुरोग से पीड़ित व्यक्ति, गाय, भैंस का दूध तथा मूत्र पकाकर पान करे। अथवा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का रस, गोमूत्र में मिलाकर एक सप्ताह तक पान करे। मनुष्य लौहभस्म गाय के मूत्र में सात रात्रि तक भावित कर दूध के साथ पाण्डुरोग को शान्त करने के लिये पान करे ॥ ६१–६२ ॥

पाण्डुरोगे गुडाद्या गुटिका—

गुडनागरमण्डूरतिलांशान्मानतः समान् ।
पिप्पलीं द्विगुणां दद्याद् गुटिका पाण्डुरोगिणे ॥ ६३ ॥

पाण्डुरोग में गुडाद्य गुटिका—सोंठ, मण्डूर भस्म तथा तिल समभाग—इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे और पिप्पली चूर्ण दो भाग मिला दे तथा गुड़ की चासनी में मिलाकर (एक-एक माशा की) गुटिका बनावे और पाण्डु के रोगी को सेवन कराये ॥ ६३ ॥

पाण्डुरोगे हरिद्राद्यवलेहः—

हरिद्रा त्रिफला दन्ती व्योषं चित्रक आहुली ।
कटुका रोहिणी श्यामा पिप्पलीमूलमेव च ॥ ६४ ॥
वचा विडङ्गं त्रिफला त्रिवृता हस्तिपिप्पली ।
चूर्णान्येषां तु तुल्यानि द्विगुणं स्यादयोरजः ॥ ६५ ॥
तानि क्षीरानुपानानि लेहयेन्मधुसर्पिषा ।
पाण्डुरोगं नुदत्येष श्वयथुं चापकर्षति ॥ ६६ ॥

पाण्डुरोग में हरिद्राद्य-अवलेह—हल्दी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), दन्तीमूल, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चित्रक, आहुली (अन्धाहुली), कुटकी, मांससरोहिणी, कालानिशोथ, पिपरामूल, वच, विडंग, त्रिफला, श्वेतनिशोथ, पीपर-समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर, चूर्ण के दुगुना लौहभस्म मिलाकर (जल में पका कर) अवलेह बना ले और इसको मधु तथा घृत मिलाकर चाटे तथा ऊपर से दूध पान करे। यह अवलेह पाण्डुरोग को नाश करता है और शोथ को दूर भगाता है ॥ ६४–६६ ॥

मृज्जपाण्डुरोगे बलादिघृतम्—

बलया मधुकेनापि पिप्पल्युत्पलकेसरैः ।
पूववत्साधितं सर्पिर्मृद्दोषानपकर्षति ॥ ६७ ॥

मृद्भक्षणजन्य पाण्डुरोग में बलादि घृत—बरियार, मुलेठी, पीपर, नीलकमल का पराग (समभाग)—इन द्रव्यों के क्वाथ से पूर्ववत् घृत-निर्माण विधि के अनुसार सिद्ध घृत मृद्भक्षणजन्य पाण्डुरोग को दूर करता है ॥६७॥

हलीमके गुडूचीघृतम्—

गुडूचीस्वरसे सर्पिः सक्षीरं माहिषं घृतम् ।
चतुर्गुणेन पयसा पाययेत्तद्धलीमके ॥ ६८ ॥

हलीमक रोग में गुडूची घृत—गुडूची के रस में भैंस का घृत तथा चौगुना भैंस का दूध मिलाकर घृत पकावे और इस घृत का हलीमक रोग में पान कराये ॥ ६८ ॥

हलीमके विरेचनम्—

रसेनामलकानां तु त्रिवृतां युक्तितः पिबेत् ।
विरिक्तं भोजयेच्चैनं भूयिष्ठं मधुरान् रसान् ॥ ६९ ॥

हलीमक रोग में विरेचन—निशोथ के चूर्ण को आंवला के रस के साथ युक्तिपूर्वक पान करे। विरेचन होने के बाद उस व्यक्ति को मधुर रस से युक्त पदार्थों को भोजन कराये ॥ ६९ ॥

हलीमके बलादिरसायनोपयोगः—

बलानागबलाभ्यां च पिप्पल्या मधुकस्य च ।
रसायनानि सेवेत यथालाभं हलीमके ॥ ७० ॥

हलीमक रोग में बलादि रसायन का उपयोग—वरियार, नागबला, पीपर तथा मुलेठी इनमें से जो रसायन मिल जाय उस को हलीमक रोग में सेवन करे ॥ ७० ॥

पाण्डुरोगादौ भोजनव्यवस्था—

यवगोधूमशाल्यन्नै रसैर्जाङ्गलजैः शुभैः ।
मुद्गाढकीमसूराद्यैस्तथा भोजनमिष्यते ॥ ७१ ॥

इति वैद्यवरश्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे पाण्डुरोगहारिद्रककामला-कुम्भकामलाहलीमकाधिकारः सप्तमः ॥ ७ ॥

पाण्डुरोग तथा हलीमक आदि रोगों में यव, गेहूँ, जङ्गहन धान का चावल, जङ्गली पशुओं का मांसरस, मूंग, आढकी (अरहर), मसूर आदि पदार्थ पाण्डु तथा हलीमक आदि रोगों में भक्षण कराना चाहिए ॥ ७१ ॥

पाण्डुरोग, हारिद्रक, कामला, कुम्भकामला, हलीमक
चिकित्सा समाप्त ।

अथ रक्तपित्ताधिकारोऽष्टमः ।

अथातो रक्तपित्तनिदानं व्याख्यास्यामः ॥

रक्तपित्तनिदानम्—

घर्म-व्यायाम-शोकाध्व-व्यवायैरतिसेवितैः ।
तीक्ष्णोष्णक्षारलवणैरम्लैः कटुभिरेव च ॥ १ ॥
पित्तं विदग्धं स्वगुणैर्विदहत्याशु शोणितम् ।
ततः प्रवर्तते रक्तमूर्ध्वं चाधो द्विधाऽपि वा ॥ २ ॥
ऊर्ध्वं नासाक्षिकर्णास्यैर्मेढ्योनिगुदैरधः ।
कुपितं रोमकूपैस्तु समस्तैस्तत् प्रवर्तते ॥ ३ ॥

रक्तपित्त निदान—धूप, व्यायाम, शोक, मार्गगमन तथा मैथुन अधिक सेवन करने से और तीक्ष्ण, उष्ण, क्षार, लवण, अम्ल तथा कटुवे पदार्थों को अत्यधिक सेवन करने से प्रकुपित पित्त अपने ही गुणों (तीक्ष्ण, द्रव, नील, पूति, पीत, उष्ण, कटु तथा अम्ल रस) से रक्त को दूषित कर देता है । इससे रक्त ऊर्ध्व मार्ग तथा अधो मार्ग एवं कभी-कभी दोनों मार्ग से भी निकलने लगता है । नाक, आँख, कान तथा मुख ये ऊर्ध्व मार्ग हैं । मूत्रेन्द्रिय, योनि तथा गुदा ये रक्तस्राव के अधोमार्ग हैं । यह रक्त कभी-कभी अत्यन्त प्रकुपित होकर शरीर के सभी रोमकूपों से भी निकलने लगता है ॥ १-३ ॥

विमर्श—"रक्तञ्च पित्तञ्च रक्तपित्तम् या रक्तञ्च तत्पित्तं रक्तपित्तम्" इस प्रकार रक्तपित्त की दोनों प्रकार से निरुक्ति होती है । जब उष्ण, तीक्ष्ण, अम्ल, लवण, कटु, धूप, विदाही, अन्न तथा अन्य पित्तवर्द्धक पदार्थों से प्रकुपित पित्त रक्त के साथ मिलता है तो उसके संसर्ग से अधिक बढ़ कर रक्त को भी अधिक दूषित करता है । इस प्रकार पित्त की उष्णता से स्विन्न मांस आदि धातुओं से द्रव धातु का क्षरण होता है और इस द्रव के संसर्ग से रक्त और तत्समान जातीय पित्त की वृद्धि होती है । इस प्रकार दूषित एवं प्रवृद्ध रक्त के शरीर से बाहर निकलने को रक्तपित्त कहते हैं । साधारणतः शरीर में बिना किसी आघात सदृश बाह्य कारण के शरीर के आन्तरिक कारणों से उत्पन्न दूषित रक्तस्राव को रक्तपित्त कहते हैं । रक्तस्राव की प्रवृत्ति कई एक रोगों में होती है किन्तु सभी को रक्तपित्त नहीं कहा जाता क्योंकि अर्श आदि रोगों में रक्त जीवितावस्था में तथा शुद्ध (अदूषित) निकलता है जैसे रक्तार्श, रक्तातिसार, रक्तष्ठीवन, रक्तवमन आदि । रक्तपित्त शब्द का व्यवहार वहाँ किया जाता है जहाँ रक्त

पित्त से दूषित होकर किसी भी मार्ग से निकलता हो। विनाभिघातात्स्फुट-कारणाद्वा रक्तं स्रवेद् यत्प्रचुरं कुतश्चित्। तद्रक्तपित्तं भिषजो वदन्ति विज्ञैस्तु वाच्यं निपुणं परीक्ष्य। इत्यादि से स्पष्ट है कि रक्तपित्त में दूषित रक्त निकलता है जब कि अन्य रक्तस्रावी रोगों में जीवित रक्त भी निकलता है। अन्य रक्त-स्रावी रोगों में रक्तस्राव रोकना हानिकारक नहीं होता क्योंकि उनमें जीवित रक्त का स्राव होता है और अधिक रक्तस्राव से दौर्बल्य आदि उपद्रव होते हैं। रक्तपित्त में दूषित रक्त का ही स्राव होता है अतः दूषित रक्त के निकल जाने से कोई विशेष हानि नहीं होती, इसमें रक्तपित्त के कारणभूत निदान-वर्जन कर रक्त दूषित होने से बचाना प्रधान उपचार है।

रक्तपित्तपूर्वरूपम्—

सदनं शीतकामित्वं कण्ठधूमायनं वमिः।
लोहगन्धिश्च निःश्वासो भवत्यस्मिन् भविष्यति ॥ ४ ॥

रक्तपित्त का पूर्वरूप—शारीरिक पीड़ा, शीतल पदार्थ खाने की इच्छा, कण्ठ से धूम निकलने की तरह अनुभव, वमन तथा लौह या रक्त की तरह श्वास में गन्ध का आना, ये रक्तपित्त के पूर्वरूप हैं ॥ ४ ॥

विमर्श—लोहे के गन्ध के तरह श्वास से गन्ध का निकलना—यह रक्त-पित्त का पूर्वरूप है। कुछ विद्वान का मत है कि लोहे के बर्तन में चार-पांच दिन पानी रहने के बाद जो किट्ट युक्त पानी की गन्ध होती है वैसे ही इसकी भी होती है। कुछ लोगों का कहना है कि लोहे के पिघलने के समय जैसी गन्ध होती है वैसे रक्तपित्त के पूर्वरूप में श्वास द्वारा गन्ध निकलती है। लोहे के तरह रक्त में गन्ध होने से उसको 'लोहित' कहते भी हैं। वस्तुतः लौह ही रक्तगत "शोणवर्तुलि" का घटक है अतः रक्तपित्त में उसका गन्ध आना स्वाभाविक भी है। यह रक्तपित्त का विशिष्ट पूर्वरूप है। चरक तथा वाग्भट ने मत्स्यगन्धता को रक्तपित्त का पूर्वरूप माना है। इसके अतिरिक्त लोहगन्धता या लोहितगन्धता का अलग-अलग वर्णन किया है।

श्लैष्मिकादिभेदेन रक्तपित्तलक्षणानि—

सान्द्रं सपाण्डु सस्नेहं पिच्छिलं च कफान्वितम्।
श्यावारुणं सफेनं च तनु रूक्षं च वातिकम् ॥ ५ ॥
रक्तं पीतं कषायाभं कृष्णं गोमूत्रसन्निभम्।
मेचकागारधूमाभमञ्जनाभं च पैत्तिकम् ॥ ६ ॥
संसृष्टलिङ्गं संसर्गात्त्रिलिङ्गं सान्निपातिकम्।

श्लैष्मिक, वातिक तथा पैत्तिक भेद से रक्तपित्त का लक्षण—घन, ईषत्पाण्डु वर्ण, स्नेहयुक्त तथा पिच्छिलतायुक्त रक्तपित्तज कफजस्राव कहलाता है।

यदि श्याव (हरित-नील) मिश्रित हलके रंग का झागदार, पतला तथा रूक्ष रक्तस्राव हो तो वातिक रक्तपित्त समझना चाहिए।

वटवृक्ष आदि के कषाय के वर्णका या काला या गोमूत्र के वर्ण का अथवा चिक्कणता लिये हुए काले वर्ण का तथा गृहधूम या अञ्जन के समान काला रक्तस्राव हो तो पैत्तिक रक्तपित्त कहते हैं।

वात आदि दोषों के सम्मिलित लक्षणों से द्वन्द्वज तथा तीनों दोषों के लक्षणों से सन्निपातज रक्तपित्त समझना चाहिए। (इसके प्रकृतिसमसमवायारब्ध होने से विशिष्ट लक्षण नहीं होते)।

रक्तपित्तस्य संसर्गविशेषेण मार्गभेदः—

ऊर्ध्वगं कफसंसृष्टमधोगं पवनानुगम् ॥ ७ ॥
द्विमार्गं कफवाताभ्यामुभाभ्यामनुवर्तते।

रक्तपित्त का संसर्ग विशेष से मार्गभेद—मुख, नासिका आदि ऊर्ध्वमार्ग से निकलनेवाले रक्तपित्त में कफ का अनुबन्ध रहता है। गुदा आदि अधोमार्ग से निकलनेवाला रक्तपित्त वात से युक्त रहता है। जब रक्तपित्त दोनों (ऊर्ध्व तथा अधोमार्ग) मार्गों से निकलता है तो वात और कफ दोनों का संसर्ग प्रायः रहता है।

रक्तपित्तस्य साध्यासाध्यत्वलक्षणम्—

ऊर्ध्वं साध्यमधो याप्यमसाध्यं युगपद् गतम् ॥ ८ ॥
एकमार्गं बलवतो नातिवेगं नवोत्थितम्।
रक्तपित्तं सुखे काले साध्यं स्यान्निरुपद्रवम् ॥ ९ ॥
एकदोषानुगं साध्यं द्विदोषं याप्यमुच्यते।
यत्त्रिदोषमसाध्यं स्यान्मदाग्नेरतिवेगवत्।
व्याधिभिः क्षीणदेहस्य वृद्धस्यानशनस्य यत् ॥ १० ॥

रक्तपित्त का साध्यासाध्यत्व लक्षण—ऊर्ध्व-मुख, आदि मार्ग से जानेवाला रक्तपित्त साध्य होता है। अधोमार्ग—गुदा आदि से जानेवाला रक्तपित्त याप्य तथा दोनों (ऊर्ध्व तथा अधोमार्ग) मार्ग से जानेवाला रक्तपित्त असाध्य होता है। बलवान व्यक्ति के एक मार्ग से प्रवृत्त अल्पवेग, नवीन व उपद्रवरहित रक्तपित्त अनुकूल समय में उत्पन्न होने पर साध्य होता है। (एक मार्ग से यहां ऊर्ध्वग रक्तपित्त को ही लेना चाहिए। क्योंकि चरक टीकाकार चक्रपाणि ने अधोग रक्तपित्त को याप्य ही माना है। दौर्बल्य, श्वास, कास आदि रक्तपित्त के उपद्रव हैं सुखकाल से हेमन्त तथा शिशिर ऋतु लेना चाहिए। क्योंकि इन ऋतुओं में शीत प्राधान्य होने से रक्तपित्त का अधिक प्रकोप नहीं होता है)

एकदोषज रक्तपित्त साध्य, द्विदोषज रक्तपित्त याप्य तथा मन्द अग्निवाले

व्यक्ति का अति वेगयुक्त एवं त्रिदोषज रक्तपित्त असाध्य होता है। रोगों से क्षीण शरीर, वृद्ध तथा अनशन करनेवाले व्यक्ति का अति वेगयुक्त रक्तपित्त असाध्य होता है।

रक्तपित्तोपद्रवाः—

दौर्बल्यश्वासकासज्वरवमथुमदाः पाण्डुतादाहमूर्च्छा
भुक्ते घोरो विदाहस्त्वधृतिरपि सदा हृद्यतुल्या च पीडा।
तृष्णा कोष्ठस्य भेदः शिरसि च तपनं पूतिनिष्ठीवनं च
भक्तद्वेषाविपाकौ विकृतिरपि भवेद्रक्तपित्तोपसर्गाः॥ ११॥

रक्तपित्त के उपद्रव—शरीर में दुर्बलता, श्वास, कास, ज्वर, वमन, मद (मत्तता), पाण्डु, शरीर में दाह, मूर्च्छा खाये हुए भोजन का तीव्र विदाह, धैर्य का अभाव, हृदय प्रदेश में असह्य वेदना, प्यास, अतिसार, सिर में ताप की अधिकता या वेदना दुर्गन्धित थूक का निकलना, भोजन से अरुचि, भोजन का ठीक २ परिपाक न होना तथा निकले हुए रक्तपित्त के वर्ण में (मांस-प्रक्षालित जल के समान) विकृति की उपस्थिति में रक्तपित्त के उपद्रव हैं॥ ११॥

रक्तपित्तस्यासाध्यलक्षणानि—

मांसप्रक्षालनाभं क्वथितमिव यकृत्कर्दमाम्भोनिभं वा
मेदःपूयास्रकल्पं यकृदिव यदि वा पक्वजम्बूफलाभम्।
यत्कृष्णं यच्च नीलं भृशमतिकुणपं यत्र चोक्ता विकारा-
स्तद्वर्ज्यं रक्तपित्तं सुरपतिधनुषा यच्च तुल्यं विभाति॥ १२॥
येन चोपहतो रक्तं रक्तपित्तेन मानवः।
पश्येद् दृश्यं वियच्चैव यच्चासाध्यमसंशयम्॥ १३॥
लोहितं छर्दयेद्यस्तु बहुशो लोहितेक्षणः।
लोहितोद्गारदर्शी च म्रियते रक्तपैत्तिकः॥ १४॥

इति रक्तपित्तनिदानम्।

रक्तपित्त का असाध्य लक्षण—जो रक्तपित्त, मांस-प्रक्षालित जल के सदृश वर्णवाला, सड़ा हुआ दुर्गन्धित, कीचड़ मिश्रित जल के समान, चर्बी, पूय तथा रक्त से मिश्रित, यकृत् या पकी जामुन के फल के समान, काला, नीला, मुर्दे के तरह दुर्गन्धवाला तथा उपर्युक्त दौर्बल्य आदि उपद्रवों से युक्त एवं इन्द्र के धनुष के समान अनेक वर्णोंवाला होता है उसे असाध्य समझना चाहिए।

जिस रक्तपित्त से पीड़ित व्यक्ति सम्पूर्ण दृश्य पदार्थों को तथा

अदृश्य (वर्णहीन) आकाश को रक्तवर्ण का ही देखता हो उसे निश्चय ही असाध्य समझना चाहिए।

जो रक्तपित्त का रोगी बार-बार रक्त का ही वमन करता है, जिसके नेत्र लाल हो गये हैं और जिसको रक्त की गन्ध से युक्त बार-बार डकारें आती हैं, एवं जो सब कुछ रक्त वर्ण का ही देखता है, वह अवश्य ही मर जाता है ॥ १२–१४ ॥

रक्तपित्त का निदान समाप्त।

अथातस्तच्चिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

रक्तपित्तेऽपतर्पणम्—

ऊर्ध्वप्रवृत्तदोषस्य पूर्वं लोहितपित्तिनः।
अक्षीणबलमांसाग्नेः कर्तव्यमपतर्पणम् ॥ १५ ॥

रक्तपित्त में अपतर्पण—जिसका बल, मांस तथा अग्नि क्षीण नहीं हुआ है, जिसका रक्तपित्त ऊर्ध्व मार्ग से प्रवृत्त हुआ हो ऐसे रक्तपित्त के रोगी को त्रिकटु-अजमोदादि द्रव्यों से सर्वप्रथम अपतर्पण करना चाहिए ॥ १५ ॥

रक्तपित्ते भोजनव्यवस्था—

पथ्यं सतीनयूषेण सुशीतैर्लाजसक्तुभिः।
यच्च पित्तज्वरे प्रोक्तं बहिरन्तश्च भेषजम् ॥ १६ ॥
रक्तपित्ते हितं तच्च क्षीणक्षतहितं च यत्।
शालिषष्टिकनीवारा वनमुद्गमसूरकाः।
पटोलनिम्बवेत्राग्रतण्डुलीयादयो हिताः ॥ १७ ॥
पटोलशेलुसुनिषण्णयूथिकावटातिमुक्ताजरसिन्दुवारजम्।
हितं च शाकं घृतसंस्कृतं सदा तथैव धात्रीफलदाडिमान्वितम् ॥
रसाश्च पारावतकूर्मजास्तथा यवौदनश्चापि हितो घृतोत्तरः ॥ १९ ॥

रक्तपित्त में भोजनव्यवस्था—रक्तपित्त में सतीन (कलाय "मटर") का यूष तथा शीतल लावा के सत्तू अपतर्पण करना पथ्य है। जो पित्तज्वर में बाह्य (प्रलेप आदि) तथा आभ्यन्तर (क्वाथ-चूर्ण आदि) औषध कहा गया है और जो क्षीणक्षत के लिये हितकर है वह रक्तपित्त में पथ्य है। शालि (जड़हन धान का चावल), साठी, नीवार (तीना का चावल), वन का मूंग, मसूर, परोरा, नीम, वेंत का अग्रभाग तथा तण्डुलीय (चौराई) जो रक्तपित्त में हितकर हैं। परोरा, शेलु, (लसोड़ा), सुनिषण्ण (विसखपरिया "चौपतिया"), यूथिका (जूही), वट (वर के मुलायम पत्ता का शाक), अतिमुक्त

("माधवीलता, वसन्त ऋतु में फूलनेवाले कुन्द विशेष"), अजर (वर) सिन्दुवार (उत्तम निर्गुण्डी) इन सबों का घृत में भूना हुआ शाक हमेशा हितकर है। इसी प्रकार आंवला तथा अनार का रस हितकर है। परेवा तथा कछुवे के मांस का रस और घृत मिलाकर यव की रोटी तथा मांस सेवन करना रक्तपित्त में हितकर होता है ॥ १६-१९ ॥

रक्तपित्ते संशोधनम्—

ऊर्ध्वगे रेचनं पूर्वमधोगे वमनं हितम्।
रक्तातिसारहन्ता च योज्यो विधिरशेषतः ॥ २० ॥

रक्तपित्त में शोधन—ऊर्ध्वग रक्तपित्त में पहले रेचन (मल-निस्सारण) कराना चाहिए। अधो मार्ग से जानेवाले रक्तपित्त में वमन कराना चाहिए। रक्तपित्त में रक्तातिसारनाशक सभी औषधों एवं विधियों का प्रयोग करे ॥ २० ॥

रक्तपित्ते मुस्तादिवमनम्—

मुस्तेन्द्रयवयष्ट्याह्वमदनाढ्यं पयो मधु।
शिशिरं वमनं योज्यं रक्तपित्तहरं परम् ॥ २१ ॥

रक्तपित्त में मुस्तादि वमन—मोथा, इन्द्रयव, मुलेठी, मदनफल, इन द्रव्यों को दूध में पकाकर मधु मिलाकर शीतल होने के बाद वमन कराना चाहिए। यह रक्तपित्त को अच्छी तरह दूर करता है।

रक्तपित्ते स्तम्भनयोग्यावस्था—

क्षीणमांसबलं बालं वृद्धं शोषानुबन्धिनम्।
अन्यमविरेच्यं च स्तम्भनैः समुपाचरेत् ॥ २२ ॥

रक्तपित्त में स्तम्भन योग्य अवस्था—रक्तपित्त में क्षीण बल एवं मांस वाले, बालक, वृद्ध, सूखा रोग से पीड़ित रोगी को वमन तथा विरेचन नहीं कराना चाहिए। उसका उपचार स्तम्भन क्रिया (औषध) द्वारा करें ॥ २२ ॥

रक्तपित्तेऽटरूपयोगाः—

वृषपत्राणि निष्पीड्य रसं समधुशर्करम्।
पिबेदाशु शमं याति रक्तपित्तं सुदारुणम् ॥ २३ ॥
पलानि पञ्च वासायाः क्वाथ्यमष्टावशेषितम्।
पिप्पल्यर्जकसंयोगाद्धरेद्रक्तं सुदारुणम् ॥ २४ ॥
आटरूपकनिर्यूहे प्रियङ्गुं मृत्तिकाञ्जने।
विनीय रोध्रं सक्षौद्रं रक्तपित्तहरं पिबेत् ॥ २५ ॥

रक्तपित्त में अटरूप योग—अड़ूसा के पत्ते को कूट कर उसके रस को अच्छी तरह निचोड़ कर निकाल ले और मधु तथा शक्कर मिला कर पान करे।

यह शीघ्र ही भयंकर रक्तपित्त को शान्त करता है। अडूसा का पञ्चाङ्ग पांच पल लेकर अठगुने जल में क्वाथ कर अष्टमांशावशिष्ट क्वाथ में पीपर तथा अर्जक (सफेद बबई) के बीज का चूर्ण मिलाकर पान करने से भयंकर रक्तपित्त को दूर करता है, अटरूषक (अडूसा) के निर्यूह (क्वाथ) में प्रियंगु, मृत्तिका (गुहूची), रसाञ्जन तथा लोध चूर्ण को मिलाकर मधु के साथ पान करे। यह रक्तपित्त को दूर करता है॥ २३-२५॥

रक्तपित्ते वासादिक्वाथः—

आटरूषकमृद्वीकापथ्याक्वाथः सशर्करः।
क्षौद्राढ्यः कासनश्वासरक्तपित्तनिबर्हणः॥ २६॥

रक्तपित्त में वासादि क्वाथ—अटरूषक (अडूसा) मुनक्का तथा हर्रे का क्वाथ शक्कर तथा मधु मिलाकर सेवन करे। यह क्वाथ कास-श्वास रोग तथा रक्तपित्त को दूर करता है॥ २६॥

रक्तपित्ते कतिपययोगाः—

छागं पयः स्यात्परमं प्रयोगे गव्यं घृतं पञ्चगुणे जले वा।
सशर्करं माक्षिकसंप्रयुक्तं विदारिगन्धादिगणे घृतं वा॥ २७॥
पक्वोदुम्बरकाश्मर्यपथ्याखर्जूरगोस्तनाः।
मधुना घ्नन्ति संलीढा रक्तपित्तं पृथक् पृथक्॥ २८॥

रक्तपित्त में कुछ योग—रक्तपित्त में बकरी का या गाय का दूध पचगुने जल में पकाकर, शक्कर तथा मधु मिलाकर प्रयोग करना उत्तम है। या बकरी एवं गाय का दूध विदारिगन्धादि गण (शालपर्णी, विदारी, महाबला, नागबला, गोखरू, पृश्निपर्णी, शतावरी, सारिवा, कृष्ण सारिवा, जीवक, ऋषभक, मापपर्णी, मुद्गपर्णी वनभंटा, भटकटैया, पुनर्नवा, एरण्ड, हंसपदी, वृश्चिकाली, तथा केवाछ) के औषधों में पकाकर प्रयोग करना प्रशस्त है। पका हुआ गूलर, गम्भारी, हर्रे, खजूर गोस्तन (छोहाड़ा) ये द्रव्य मधु मिलाकर अलग-अलग चाटने से रक्तपित्त को नाश करते हैं॥ २७-२८॥

रक्तपित्ते खदिरादिपुष्पयोगः—

खदिरस्य प्रियङ्गूनां कोविदारस्य शाल्मलेः।
पुष्पचूर्णानि मधुना लिह्याद्वा रक्तपित्तनुत्॥ २९॥

रक्तपित्त में खदिरादिपुष्प योग—खैर, प्रियङ्गु (फूल प्रियंगु), कोविदार (कचनार) तथा सेमर, इन द्रव्यों के पुष्पचूर्ण को मधु मिलाकर चाटे। यह रक्तपित्त को दूर करता है॥ २९॥

रक्तपित्ते हरीतकीपिप्पल्योर्योगौ—

वासकस्वरसे पथ्या सप्तधा परिभाविता।

कृष्णा वा मधुना लीढा रक्तपित्तं द्रुतं जयेत् ॥ ३० ॥

रक्तपित में हरीतक तथा पिप्पली के दो योग—अडूसा के स्वरस में सात वार भावित हर्रे तथा पीपर मधु के साथ चाटने से शीघ्र ही रक्तपित्त को जीत लेती है ॥ ३० ॥

भावनाविधिः—

द्रवेण यावता द्रव्यमेकीभूयाऽऽर्द्रतां व्रजेत् ।
तावत्प्रमाणं निर्दिष्टं भिषग्भिर्भावनाविधौ ॥ ३१ ॥

भावनाविधि—वैद्यों ने भावनाविधि में उतना द्रव का परिमाण बताते हैं जितने द्रव में द्रव्य आपस में मिलकर आर्द्र गीला हो जाय ॥ ३१ ॥

रक्तविरेऽभयायोगः—

अभया मधुसंयुक्ता दीपनी पाचनी मता ।
श्लेष्माणं रक्तपित्तं च हन्ति शूलातिसारनुत् ॥ ३२ ॥

रक्तपित्त में अभया योग—हर्रे मधु के साथ सेवन करने से दीपन तथा पाचन करनेवाली होती है और कफजन्य रोग, रक्तपित्त, शूल तथा अतिसार को दूर करती है ॥ ३२ ॥

रक्तपित्तावस्थायां पृथ्वीकायोगः—

लोहगन्धिनि निश्वासे उद्गारे धूमगन्धिनि ।
पृथ्वीकां शाणमात्रां तु खादेद् द्विगुणशर्कराम् ॥ ३३ ॥

रक्तपित्त में पृथ्वीकायोग—रक्तपित्त में बड़ी इलायची का चूर्ण एक शाण (तीन मासा) दुगुना शक्कर (छःमासा) मिलाकर, लोहाके सदृश गन्ध वाले निश्वास तथा, धूयां के सदृश गन्धवाले डकार में खाय ॥ ३३ ॥

रक्तपित्ते उशीरादियोगः—

उशीरकालीयकरोध्रपद्मकाः प्रियङ्गुकाः कट्फलशङ्खगैरिकाः ।
पृथक् पृथक् चन्दनतुल्यभागिकाः सशर्करास्तण्डुलधावनप्लुताः
रक्तं सपित्तं तमकं पिपासां दाहं च पीताः शमयन्ति सद्यः ॥ ३४ ॥

रक्तपित्त में उशीरादि योग—उशीर (खस), कालीयक (हरिचन्दन), लोध, पद्मकाठ, प्रियंगु (फूल प्रियंगु), कायफर, शंख, गेरु तथा रक्तचन्दन अलग २ समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण लेकर शक्कर मिलाकर चावल के धोवन में घोलकर पान करने से, रक्तपित्त, तमक, श्वास, पिपासा तथा दाह को शीघ्र ही शान्त करते हैं ॥ ३४ ॥

रक्तपित्ते मुद्गादिशीतकषायः—

मुद्गाः सलाजाः सयवाः सकृष्णाः सोशीरमुस्ताः सह चन्दनेन ॥
बलाजले पर्युषितः कषायः स रक्तपित्तं शमयत्युदीर्णम् ॥ ३५ ॥

रक्तपित्त में मुद्गादि शीत कषाय—मूंग, लावा, यव, पीपर, खस, मोथा तथा रक्त चन्दन, इन द्रव्यों को वरियार के क्वाथ में पर्युषित (रात भर भिगो कर प्रायः छाना हुआ) कषाय, उल्वण रक्तपित्त को शान्त करता है ॥ ३५ ॥

रक्तपित्ते द्वितीय उशीरादियोगः—

उशीरपद्मोत्पलचन्दनानां पक्वस्य लोध्रस्य च यः प्रसादः ।
सशर्करः क्षौद्रयुतः सुशीतो रक्तातियोगप्रशमाय देयः ॥ ३६ ॥

रक्तपित्त में द्वितीय उशीरादि योग—खस, कमल, नीलकमल तथा पके हुए लोध—इन द्रव्यों का स्वच्छ कषाय, शक्कर तथा मधु मिलाकर एवं अच्छी तरह शीतल कर रक्तातियोग (तीव्र रक्तपित्त) को शान्त करने के लिये देना चाहिए ॥ ३६ ॥

रक्तपित्ते प्रियङ्ग्वादियोगः—

प्रियङ्गुकाचन्दनरोध्रसारिवामधूकमुस्ताभयधातकीजलम् ।
समृत्प्रसादं सह पट्टिकाम्बुना सशर्करं रक्तनिबर्हणं परम् ॥ ३७ ॥

रक्तपित्त में प्रियंग्वादि योग—प्रियङ्गु (फूल प्रियंगु), चन्दन, लोध, सारिवा, महुआ, मोथा, हर्रे, धाय का फूल, सुगन्धवाला तथा मृत् (मृत्तिका "गुहूची")—इन द्रव्यों का का क्वाथ साठी के चावल के धोवन के साथ शक्कर मिलाकर सेवन करे। यह रक्त को रोकने में प्रशस्त है ॥ ३७ ॥

मूत्रमार्गप्रवृत्ते रक्तपित्ते शतावर्यादियोगः—

शतावरीगोक्षुरके श्रृतं वा श्रृतं पयो वाऽप्यथ पर्णिनीभिः ।
रक्तं निहन्त्याशु विशेषतस्तु यन्मूत्रमार्गात्सरुजं प्रयाति ॥ ३८ ॥

मूत्रमार्ग से रक्तपित्त के निकलने पर शतावर्यादि योग—शतावरी तथा गोखरू मिलाकर पकाया दूध या पर्णिनी (शालपर्णी, पृश्निपर्णी, मापपर्णी तथा मुद्गपर्णी) के साथ पकाया हुआ दूध रक्तपित्त को शीघ्र ही नाश करता है। विशेष कर जो मूत्रमार्ग से पीड़ा के सहित रक्त निकलता है, उसको शान्त करता है ॥ ३८ ॥

गुदप्रवृत्तरक्तप्रतीकारः—

विशेषतो विट्पथसंप्रवृत्ते पयो हितं मोचरसेन सिद्धम् ।
वटावरोहैर्वटशुङ्गकैर्वा ह्रीवेरनीलोत्पलनागरैर्वा ॥ ३९ ॥

गुदा से रक्त निकलने पर प्रतिकार—विशेष कर गुदामार्ग से रक्त निकलने पर मोचरस (सेमर की गोंद) से सिद्ध दूध हितकर होता है। अथवा वट की वरोही या वट का टूसा तथा हाऊबेर, नीलकमल एवं सोंठ से सिद्ध दूध हितकर होता है ॥ ३९ ॥

रक्तपित्ते नीलोत्पलादियोगः—

नीलोत्पलं शर्करा च पद्मकं पद्मकेसरम् ।
तण्डलोदकसंयुक्तं प्रशस्तं रक्तपित्तिनाम् ॥ ४० ॥

रक्तपित्त में नीलोत्पलादि योग—नीलकमल, शक्कर, पद्मकाठ तथा पद्मकेशर—इन द्रव्यों का चूर्ण तण्डुलोदक के साथ सेवन करना रक्तपित्त के रोगियों के लिये प्रशस्त है ॥ ४० ॥

रक्तपित्ते वासायोगः—

न वृषेण समं किञ्चिदौषधं रक्तपित्तिनाम् ।
सिद्धः कषायः क्षुण्णो वा सर्पिर्वा वृषसाधितम् ॥ ४१ ॥
वासायां विद्यमानायामाशायां जीवितस्य च ।
रक्तपित्ती क्षयी श्वासी कासी किमवसीदति ॥ ४२ ॥

रक्तपित्त में वासा योग—रक्तपित्त से पीड़ित रोगियों के लिये अडूसा के समान कोई भी औषध नहीं है। अडूसा का कषाय, चूर्ण या अडूसा से साधित घृत रक्तपित्त में लाभकारक है। जीवन की आशा एवं अडूसा के विद्यमान रहते हुए रक्तपित्त से पीड़ित, क्षय से पीड़ित तथा श्वास, कास से पीड़ित रोगी कष्ट क्यों उठाता है। अर्थात् उपरोक्त रोगों को अडूसा नाश करनेवाली है ॥ ४१-४२ ॥

रक्तपित्ते पलाशवृन्तयोगः—

पलाशवृन्तस्वरसं प्रपीड्य विधिवच्छृतम् ॥ ४३ ॥
तल्लिह्यान्मधुसंयुक्तं रक्तपित्तनिवारणम् ।

रक्तपित्त में पलाशवृन्त योग—पलास के टूसा को अच्छी तरह पीसकर अच्छी तरह गरम कर ले और मधु मिलाकर चाटे। यह रक्तपित्त को दूर करनेवाला है ॥ ४३ ॥

रक्तपित्ते इक्षुकाण्डादिकषायः—

इक्षूणां मध्यकाण्डानि सकाण्डं नीलमुत्पलम् ॥ ४४ ॥
केसरं पुण्डरीकस्य मोचं मधुकपद्मके ।
वटप्ररोहशुङ्गाश्च द्राक्षा काश्मर्यमेव च ॥ ४५ ॥
एतानि समभागानि कषायमुपसाधयेत् ।
व्युषितं मधुसंयुक्तं पाययेच्छर्करायुतम् ॥ ४६ ॥
सप्रमेहं रक्तपित्तं क्षिप्रमेव नियच्छति ।

रक्तपित्त में इक्षुकाण्डादि कषाय—गन्ना का मध्य काण्ड (मध्यपोर), कन्द सहित नीलकमल, कमल का केसर, मोचरस, मुलेठी, पद्मकाठ, वट का प्ररोह (जटा) तथा टूसा, मुनक्का तथा गम्भारी—इन द्रव्यों को समभाग

लेकर कषाय सिद्ध करे। व्युषित होने पर मधु एवं शक्कर मिलाकर पान कराये। यह कषाय प्रमेह तथा रक्तपित्त को शीघ्र ही दूर करता है ॥३५-४६॥

रक्तपित्ते प्रियङ्ग्वादिचूर्णम्—

वृषस्य स्वरसं कृत्वा द्रव्यैरेभिश्च योजयेत् ॥ ४७ ॥
प्रियङ्गुमृत्तिकारोध्रमञ्जनं चावचूर्णयेत्।
तच्चूर्णं योजयेत्तत्र रसक्षौद्रसमन्वितम् ॥ ४८ ॥
नासिकामुखपायुभ्यो योनिमेढ्राच्च वेगितम्।
प्रस्रवद्रक्तपित्तं च स्थापयत्येष योगराट् ॥ ४९ ॥
यच्च शस्त्रक्षते रक्तं न तिष्ठेद्विवृतं पुनः।
तदप्येनेन योगेन तिष्ठत्याशवचूर्णितम् ॥ ५० ॥

रक्तपित्त में प्रियङ्ग्वादि चूर्ण—अडूसा का स्वरस निकाल कर, उसमें फूल प्रियङ्गु, गुडूची, लोध तथा रसाञ्जन (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण मिला दे और मधु एवं शक्कर से मिश्रित कर पान कराये। यह योगराज-नासिका, मुख, गुदा, योनि तथा लिंग से वेगपूर्वक निकलते हुए रक्तपित्त को रोक देता है। जो शस्त्र से कट जाने से विस्तृत होकर रक्त नहीं रुकता है वह भी इस चूर्ण से अवचूर्णित करने पर शीघ्र ही रुक जाता है ॥ ४७-५० ॥

ग्रथितरक्तचिकित्सा—

ग्रथितं यस्य रुधिरं हृत्कण्ठे सन्निरुध्यते।
तस्य पद्मोत्पलादीनां पुष्पपत्राणि दाहयेत् ॥ ५१ ॥
पूर्वेण विधिना क्षारं शुक्तिमात्रं पिबेन्नरः।
हिंस्राधवपलाशानां सर्वेषां क्षीरिणामपि ॥ ५२ ॥
अनेन विलयं याति ग्रथितो रक्तसंचयः।
कुमुदोत्पलपद्मानि सनालान्यग्निना दहेत् ॥ ५३ ॥
ग्रथिते सकफे रक्ते तल्लिह्यान्मधुसर्पिषा।

गांठ बनकर रुके हुए रक्त की चिकित्सा—हृदय तथा कण्ठ में गांठ बन कर रक्त के रुक जाने पर नीलकमल आदि के पुष्प तथा पत्तों को जलाये और और पूर्वोक्त विधि से क्षार तैयार कर एक शुक्ति (२ तोला) की मात्रा में पान करे। इसी प्रकार हिंस्रा (हैंस), धाय का फूल, पलाश तथा सभी क्षीरी वृक्षों का क्षार पान करने से गांठ बना हुआ रक्त नष्ट हो जाता है। इसी प्रकार कुमुद (कुइयां), नीलकमल के पत्तों को नाल सहित जलायें और गांठवाले कफ सहित रक्तपित्त में (गांठ बनकर कफ सहित रक्त निकलने पर) मधु तथा घृत मिलाकर चाटे।

रक्तपित्ते मुस्ताद्यो लेहः—

मुस्ताशृङ्गाटकद्राक्षालाजखर्जूरगैरिकाः ॥ ५४ ॥
रक्तपित्तहरा लीढाः क्षौद्रेणैकद्विसर्वशः ।

रक्तपित्त में मुस्ताद्य लेह—मोथा, सिंघाड़ा, मुनक्का, लावा, खजूर तथा गेरू—इन द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य, दो द्रव्य या सभी द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ चाटने से रक्तपित्त को दूर करते हैं ।

नासातो रक्तप्रवृत्तौ शृङ्गादिनावनयोगः—

शृङ्गगैरिकयोः कल्कं धातक्या मधुकस्य वा ॥ ५५ ॥
घ्राणस्रुतेऽसृजि प्रोक्तं योषित्क्षीरेण नावनम् ।
नस्यं दाडिमपुष्पोत्थो रसो दूर्वाभवोऽथवा ।
आम्रास्थि च पलाण्डुर्वा नासिकाच्युतरक्तजित् ॥ ५६ ॥

नासिका से रक्त निकलने पर शृंगी-आदि का नावन योग—काकड़ासिंघी तथा गेरू का कल्क या धाय का फूल एवं मुलेठी का कल्क नासिका से रक्त निकलने पर स्त्री के दूध के साथ नावन देने के लिये कहा गया है । अनार के फूल के रस का अथवा दूर्वा के रस का नस्य ले । आम के बीज या पलाण्डु (प्याज) का रस नासिका से गिरते हुए रक्त को रोक देता है ॥ ५५-५६ ॥

नासारक्ते मातुलुङ्गमूलादियोगः—

मूलानि पुष्पाणि च मातुलुङ्ग्याः सम पिबेत्तण्डुलधावनेन ।
घ्राणप्रवृत्ते जलमाशु देयं सशर्करं नासिकयोः पयो वा ॥ ५७ ॥

नासा से रक्त निकलने पर मातुलुङ्गमूलादि योग—मातुलुङ्ग (बिजौरा निम्बू) के मूल तथा पुष्प को पीसकर तण्डुलोदक के साथ नासिका से रक्त की प्रवृत्ति होने पर पान कराये । और दोनों नासिका में शक्कर मिलाकर जल या दूध शीघ्र छोड़े ॥ ५७ ॥

नासारक्ते उदुम्बरफलयोगः—

उदुम्बराणि पक्वानि गुडेन मधुनाऽपि वा ।
उपयुक्तानि निघ्नन्ति नासारक्तं नृणां ध्रुवम् ॥ ५८ ॥

नासिका से रक्त निकलने पर उदुम्बर फल योग—पके हुए गूलर के फल को गुड़ या मधु के साथ उपयोग करे । यह मनुष्यों के नासा-रक्त को शीघ्र ही नाश कर देता है । अर्थात् नासिका-रक्तस्राव को रोक देता है ॥ ५८ ॥

नासारक्ते दाडिमपुष्परसादिनस्यम्—

रसो दाडिमपुष्पस्य दूर्वारससमन्वितः ।
सालक्तकरसोपेतः पथ्यारससमन्वितः ॥ ५९ ॥
योजितो नस्यतः क्षिप्रं त्रिदोषमपि देहिनम् ।

नासारक्तं प्रवृत्तं तु हन्यादिति किमद्भुतम् ॥ ६० ॥

नासा से रक्तस्राव होने पर अनार के पुष्परस का नस्य—अनार के पुष्प का रस, दूर्वा का रस, लाक्षा रस तथा हरें का रस मिलाकर नस्य के लिये प्रयोग करने से मनुष्यों के त्रिदोषजन्य निकलते हुए नासिका के रक्त को शीघ्र ही नाश करता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है ॥ ५९–६० ॥

रक्तपित्ते नस्यार्थमनन्तादिघृतम्—

अनन्ता सारिवा रोध्रं पद्मकं कमलोत्पलम् ।
कल्कैरेषां पचेत्सर्पिः सक्षीरं नावनं परम् ॥ ६१ ॥

रक्तपित्त में नस्य के लिये अनन्तादि घृत—अनन्ता, सारिवा, लोध, पद्मकाठ, श्वेतकमल तथा नीलकमल का फूल—इन द्रव्यों के कल्क के साथ दूध मिलाकर घृत को पकावे। यह रक्तपित्त में उत्तम नावन (नस्य) है। (घृत के चौगुना दूध तथा चौथाई कल्क द्रव्य लेकर घृत पकाना चाहिए) ॥ ६१ ॥

नासारक्ते हरीतक्यादिनस्यम्—

हरीतकीदाडिमपुष्पदूर्वालाक्षारसो नस्यविधानयोगात् ।
निवारयत्येव चिरप्रवृत्तमप्याशु नासान्तरशोणितौघम् ॥ ६२ ॥

नासिका से रक्तस्राव होने पर हरीतक्यादि नस्य—हरें, अनार का फूल दूर्वा तथा लाक्षा (लाख) इन द्रव्यों के रस का नस्य देने से बहुत दिनों से निकलते हुए नासिका के रक्त-प्रवाह को शीघ्र ही रोक देता है ॥ ६२ ॥

रक्तपित्ते द्राक्षाहरीतकीयोगः—

अपहरति रक्तपित्तं कण्डूं गुल्मं च पैत्तिकं सद्यः ।
जीर्णज्वरं च शमयति मृद्वीकासंयुता पथ्या ॥ ६३ ॥

रक्तपित्त में द्राक्षा हरीतकी योग—मुनक्का के साथ हरें का सेवन पैत्तिक रक्तपित्त, कण्डू तथा गुल्म रोग को शीघ्र दूर करता है और जीर्ण ज्वर को भी शान्त करता है ॥ ६३ ॥

रक्तपित्ते मदयन्तिकामूलकषायः—

मदयन्तिकमूलस्य कषायः पूतशीतलः ।
शर्करामधुसंयुक्तो रक्तपित्तप्रणाशनः ॥ ६४ ॥

रक्तपित्त में मदयन्तिकामूलकषाय—मदयन्तिका (मेंहदी) के मूल का कषाय छान कर तथा शीतलकर शक्कर एवं मधु के साथ सेवन करने से रक्तपित्त को नाश करनेवाला है ॥ ६४ ॥

रक्तपित्ते वासाघृतम्—

वासाकषायसंयुक्तं घृतं तत्पत्रकल्कितम् ।

सक्षौद्रं रक्तपित्तघ्नं श्वासकासज्वरापहम् ॥ ६५ ॥

रक्तपित्त में वासा घृत—अडूसा के कषाय तथा उसके पत्तों के कल्क के साथ पकाया घृत, मधु मिलाकर सेवन करने से रक्तपित्त को नाश करता है तथा श्वास, कास एवं ज्वर को नाश करनेवाला है। (अडूसा का कषाय घृत के चौगुना तथा उसके पत्तों का कल्क घृत के चौथाई लेना चाहिए) ॥ ६५ ॥

ऊर्ध्वगे रक्तपित्ते विष्णुक्रान्तायोगः—

क्षीरान्नभुक् पिबेद्यत्नाद्विष्णुक्रान्तां सशर्कराम् ।
ऊर्ध्वरक्तार्दितः सम्यग्गव्येन पयसा सह ॥ ६६ ॥

ऊर्ध्वग रक्तपित्त में विष्णुक्रान्ता योग—ऊर्ध्वग रक्तपित्त से पीड़ित व्यक्ति विष्णुक्रान्ता (अपराजिता) (कल्क चूर्ण या रस) को शक्कर मिलाकर गाय के दूध के साथ अच्छी तरह पान करे और दूध भात भक्षण करे ॥ ६६ ॥

ऊर्ध्वगे रक्तपित्ते कुङ्कुमयोगः—

शृतेनाजेन दुग्धेन सुपिष्टं कुङ्कुमं पिबेत् ।
ऊर्ध्वरक्तविनाशाय तेनैवाजेन भोजनम् ॥ ६७ ॥

ऊर्ध्वग रक्तपित्त में कुंकुम योग—ऊर्ध्वग रक्तपित्त को नाश करने के लिये बकरी के गरम दूध के साथ नागकेशर को पीसकर पान करे। और बकरी के ही दूध के साथ भोजन करे ॥ ६७ ॥

ऊर्ध्वगे रक्तपित्ते कुटजादियोगः—

कुटजत्वक्समायुक्तैर्धातकीरोध्रबालकैः ।
चूर्णमुत्पलसंमिश्रैः कृतमिन्द्रयवान्वितैः ॥ ६८ ॥
वासारसेन संमिश्रैरवश्यायस्थितं पिबेत् ।
मधुना योजितं ह्येतदूर्ध्वरक्तहरं परम् ॥ ६९ ॥

ऊर्ध्वग रक्तपित्त में कुटजादि योग—कोरैया की छाल, धाय का फूल, लोध, सुगन्धवाला, नील कमल तथा इन्द्रजव, इन द्रव्यों का चूर्ण, अडूसा के रस में मिलाकर अवश्याय (ओस, पाला या शीतल स्थान में रखकर) में रखकर, मधु के साथ पान करे। यह ऊर्ध्वग रक्तपित्त को दूर करने में श्रेष्ठ है ॥ ६८–६९ ॥

रक्तपित्ते यष्ट्यादिक्षीरम्—

यष्टीमधुसमायुक्तं क्षीरं संकाथ्य शीतलम् ।
शर्करामधुसंमिश्रं रक्तपित्तापहं पिबेत् ॥ ७० ॥

रक्तपित्त में यष्ट्यादि क्षीर—दूध में मुलेठी मिलाकर पकावें और शीतल कर शक्कर तथा मधु के साथ पान करें। यह रक्तपित्त को नाश करनेवाला है ॥ ७० ॥

रक्तपित्ते मधुकादियोगः—

मधुकोत्पलरास्नाभिर्युक्तमुत्पलकन्दकम् ।
पीतं तण्डुलतोयेन सबिश रक्तपित्तजित् ॥ ७१ ॥

रक्तपित्त में मधुकादि योग—मुलेठी, नील कमल, रासन, कमल का कन्द तथा कमल का नालतन्तु, ये द्रव्य (चूर्ण, या कल्क) तण्डुलोदक के साथ पान करने से रक्तपित्त को जीत लेनेवाले हैं ॥ ७१ ॥

रक्तपित्ते वासादियोगः—

वासाकषायोत्पलमृत्प्रियङ्गुरोध्राञ्जनाम्भोरुहकेसराणि ।
पीत्वा सिताक्षौद्रयुतानि हन्यात्पित्तासृजो वेगमुदीर्णवेगम् ॥ ७२ ॥

रक्तपित्त में वासादि योग—अडूसा का कषाय, नील कमल, गुडूची, फूल प्रियङ्गु, लोध, रसाञ्जन तथा कमल का केशर (पराग) इन द्रव्यों को मिश्री एवं मधु के साथ पीकर तीव्र वेगवाले रक्तपित्त के वेग को नाश करे ॥ ७२ ॥

रक्तपित्ते भोजनव्यवस्था—

लङ्घितस्य ततः पेयां विदध्यात्स्वल्पतण्डुलाम् ।
पाचनं तर्पणं स्नेहाः सर्पींषि विविधानि च ॥ ७३ ॥
हीबेरचन्दनोशीरमुस्तपर्पकैः श्रृतम् ।
केवलं श्रृतशीतं वा दद्यात्तोयं पिपासवे ॥ ७४ ॥
पद्मकोत्पलकिञ्जल्कपृष्ठिपर्णीप्रियङ्गुभिः ।
जले साध्या रसे तस्मिन् पेया स्याद्रक्तपित्तिनाम् ॥ ७५ ॥

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे रक्तापित्ताधिकारोऽष्टमः ।

रक्तपित्त में भोजन-व्यवस्था—रक्तपित्त के रोगी को लंघन कराने के बाद थोड़े तण्डुल से युक्त पेया का प्रयोग करे । पाचन, तर्पण, स्नेह तथा अनेक प्रकार के घृतों का प्रयोग करे । रक्तपित्त के प्यासे रोगी को हाऊबेर, चन्दन, खस, मोथा तथा पित्तपापड़ा, इन द्रव्यों के क्वाथ या केवल श्रृत-शीत-कषाय जल दे । पद्मकाठ, नील कमल का पराग, पृश्निपर्णी तथा फूल प्रियंगु, इन द्रव्यों के साथ जल में सिद्ध पेया या इन द्रव्यों के रस में सिद्ध पेया रक्तपित्त के रोगियों को सेवन कराये ॥ ७३–७५ ॥

रक्तपित्त-चिकित्सा समाप्त ।

अथ राजयक्ष्मक्षतक्षीणशोषाधिकारो नवमः ।

अथातो राजयक्ष्मक्षतक्षीणशोषनिदानं व्याख्यास्यामः ।

राजयक्ष्मणो निदानपूर्विका संप्राप्तिः—

वेगरोधात् क्षयाच्चैव साहसाद्विषमाशनात् ।
त्रिदोषो जायते यक्ष्मा गदो हेतुचतुष्टयात् ॥ १ ॥
कफप्रधानैर्दोषैस्तु रुद्धेषु रसवर्त्मसु ।
अतिव्यवायिनो वाऽपि क्षीणे रेतस्यनन्तरे ॥ २ ॥
क्षीयन्ते धातवः सर्वे ततः शुष्यति मानवः ।

राजयक्ष्मा का निदानपूर्वक सम्प्राप्ति—वेग (मल-मूत्रादि का) विधारण, क्षय (वीर्य क्षय), साहस तथा विषम भोजन, इन चारो कारणों से यक्ष्मा (राजयक्ष्मा) रोग उत्पन्न होता है और वह त्रिदोष (वात, पित्त तथा कफ) जन्य होता है । कफप्रधान दोषों के द्वारा रसवाही स्रोतों (धमनियों) के अवरुद्ध (रसों को प्रवहण करने में असमर्थ) हो जाने पर उत्तरोत्तर सभी धातुओं का या अति मथुन करनेवाले व्यक्ति का वीर्य क्षीण होने के बाद क्रमशः पूर्व-पूर्व धातुओं का क्षय होता है जिसके कारण वह व्यक्ति शोष रोग से पीड़ित होता है अर्थात् राजयक्ष्मा रोग से पीड़ित होता है ॥ १–२ ॥

विमर्श—(१) वेगविधारण—वेग—मल-मूत्र तथा वात के आये हुए वेग को रोकना वेग-विधारण है और यह यक्ष्मा का कारण होता है । जृम्भा अधारणीय—वेग राजयक्ष्मा के कारण नहीं होते हैं ।

हीमत्त्वाद्वा घृणित्वाद्वा, भयाद्वा वेगमागतम् ।
वातमूत्रपुरीषाणां निगृह्णाति यदा नरः ॥
तदा वेगप्रतीघातात् कफपित्ते समीरयन् ।
ऊर्ध्वं तिर्यगधश्चैव विकारान् कुरुतेऽनिलः ॥
प्रतिश्यायं च कासं च स्वरभेदमरोचकम् ।
पार्श्वशूलं शिरःशूलं ज्वरमसावमर्दनम् ॥
अङ्गमर्दं मुहुश्छर्दिर्वर्चोभेदं त्रिलक्षणम् ।
रूपाण्येकादशैतानि यक्ष्मा यैरुच्यते महान् ॥ चरक—

इसके अनुसार वात, मूत्र तथा मल का वेग-धारण राजयक्ष्मा का कारण है, और प्रतिश्याय, कास आदि यक्ष्मा के एकादश स्वरूपों की उत्पत्ति होती है

(२) क्षय—जिसके कारण रोगी हमेशा क्षीण (दुर्बल) होता जाय उसे

क्षय कहते हैं। क्षीयतेऽनेनेति क्षयः। क्षय को उत्पन्न करनेवाले कारण—अति-मैथुन, उपवास, रक्तस्राव आदि शारीरिक तथा ईर्ष्या एवं विषादतुल्य मानसिक भावों का ग्रहण इस 'क्षय' शब्द से व्यवहृत होता है।

(३) साहस—बलवान् के साथ लड़ाई झगड़ा आदि या बल प्रदर्शन के लिये शक्ति से अधिक कार्य करने की प्रवृत्ति, अधिक पानी में तैरना, ऊंची-नीची जगहों में कूदना, अधिक भार उठाना, अपने वक्षस्थल पर हाथी को चढ़ाना, भागते हुए घोड़े एवं मोटर को छाती के बल से रोकना ये 'साहस' कहलाते हैं। इससे उरःक्षत होकर राजयक्ष्मा की उत्पत्ति होती है।

(४) विषमाशन—प्रकृति, करण, संयोग, राशि, देश, काल, उपयोग-संस्था या उपयोक्ता या सुश्रुत के द्वादश भोजन के प्रविचार के विरुद्ध, आहार का उपयोग विषमाशन कहलाता है। इसके विरुद्ध भोजनोपयोग के कारण ही स्रोतों में अवरोध होकर अन्त में राजयक्ष्मा की उत्पत्ति होती है। भोजन-वैषम्य से तीनों दोष, स्रोतोरोध तथा यक्ष्मा के प्रति कारण होते हैं। ये वेग-विधारण आदि राजयक्ष्मा के विप्रकृष्ट निदान हैं। इन कारणों से साक्षात् (क्षय एवं साहस) तथा परम्परया (वेगरोध एवं विषमाशन से स्रोतोरोध होकर) धातुक्षय होता है और उसके बाद राजयक्ष्मा की उत्पत्ति होती है। वस्तुतः शारीरिक शक्ति के ह्रास के बिना राजयक्ष्मा के जीवाणुओं के उपसृष्ट व्यक्ति में भी राजयक्ष्मा रोग की उत्पत्ति नहीं हो सकती। अर्थात् जब तक शरीर में प्रतिरोध-क्षमता (वह प्रत्येक व्यक्ति में स्वल्प या अधिक मात्रा में होती है) बनी रहती है तब तक रोग की उत्पत्ति नहीं होती है। कथमपि प्रतिरोध-क्षमता का ह्रास होने पर रोग का आक्रमण होता है और उसके लक्षण प्रगट होने लगते हैं। इस रोग में दण्डाणु की रोगोत्पादकता सिद्ध होने पर भी वेगविधारण आदि का कम महत्व नहीं है। शरीर के अन्दर उसकी प्राकृतिक सुरक्षा करने के लिये एक शक्ति विद्यमान होती है जो वातावरण, जल तथा खाद्य पदार्थों के अनेक प्रकार के विकारी जीवाणुओं के आक्रमण को रोकने की क्षमता रखती है। जिसको रोग की क्षमता कहते हैं। उत्पन्न होनेवाले रोगों का सफल प्रतिकार करनेवाली शरीरस्थ विशिष्ट शक्ति को रोग-क्षमता कहते हैं। समदोषः समाग्निश्च समदोषमलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रिय-मनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते॥ इस प्रकार स्वस्थ व्यक्ति में रोगक्षमता विद्यमान रहती है। भूख, प्यास, धूप, शीत, व्यायाम को सहन करनेवाला, मांसल, संगठित एवं सुविभक्त शरीर, समाग्नि एवं दृढेन्द्रिय पुरुष रोगक्षम होते हैं। इसके प्रतिकूल जो पुरुष, अतिस्थूल, अतिदुर्बल, बल, मांस तथा रक्त से हीन, डरपोक तथा असात्म्य आहार-विहार करनेवाले व्यक्ति रोगक्षम नहीं होते हैं।

यह रोग वंश-परम्परा के अनुसार संक्रमित होने के कारण संक्रामक माना गया है। स्वस्थ रहते हुए भी जनपदोद्ध्वंस के कारण उस समय जनसामान्य का शारीरिक संतुलन बिगड़ जाता है। अतः अधिकांश व्यक्तियों में एक ही साथ उत्पन्न हो जाते हैं। फिर भी जीवाणुओं की विशेषता विशेष रोग को उत्पन्न करने में सार्थक होती है। प्रत्येक रोग के जीवाणु (कालरा के जीवाणु तथा राजयक्ष्मा के जीवाणु) अलग २ होते हैं। और जीवाणु-विशेष के अनुसार रोग-विशेष को उत्पन्न करते हैं।

आधुनिक विद्वान् राजयक्ष्मा के प्रधान उत्पादक कारण जीवाणु राजयक्ष्मा का दण्डाणु (Bacillus tuber culosis बैसिलस ट्युबर क्लोसिस) को मानते हैं। आमाशय को छोड़कर यह शरीर के किसी भी भाग में हो सकता है। इसके सहायक कारण निम्नलिखित माने जाते हैं—

(१) वंश या जाति—कुछ वंश में यह परम्परागत चलता है। परम्परागत होने पर भी कुछ व्यक्तियों में प्रतिकारक शक्ति भी पायी जाती है। अधिकतर यह रोग असाध्य होता है जिससे मृत्यु हो जाती है।

(२) आयु—युवावस्था में यह रोग अधिक होता है।

(३) परिस्थिति—स्वच्छताहीन एवं अधिक जन-सम्पर्कयुक्त स्थान में रहने से रोग की उत्पत्ति अधिक होती है।

(४) धनाभाव—दारिद्र्य के कारण शारीरिक पोषक पदार्थों, प्रोभूजिन, खनिज, जीवतिक्ति एवं स्निग्ध द्रव्यों की कमी इस रोग को उत्पन्न करने में सहायक होते हैं। जीवतिक्ति ए तथा डी की कमी का इसमें महत्वपूर्ण भाग रहता है।

(५) व्यवसाय—धूम्र आदि के कणों से व्याप्त वायु में काम करनेवालों को अधिक होता है।

(६) परिश्रम की अधिकता—पोषण पदार्थ की उपलब्धि की अपेक्षा श्रमाधिक्य करना राजयक्ष्मा का कारण है।

(७) कुलज-प्रवृत्ति—बीज के उपसर्ग आ जाने से परम्परागत प्रवृत्ति पायी जाती है।

(८) कुछ रोग—कुकुरखांसी, रोमान्तिका, मधुमेह तथा इनफ्लुएञ्जा सदृश रोगों के उपद्रव स्वरूप भी यह रोग होता है।

राजयक्ष्मा त्रिदोषज होता है। इसीलिये वातिक आदि भेद नहीं किये गये हैं। किन्तु दोषों की उल्वणता के अनुसार लक्षणों में न्यूनाधिक अन्तर अवश्य मिलता है।

राजयक्ष्मा को, रस-रक्त आदि धातुओं का शोषण करने से इसे 'शोष'

कहते हैं। शरीर की बाह्य एवं आभ्यन्तरिक सम्पूर्ण क्रियाओं का क्षय (नाश) कर देने से इसे 'क्षय' कहते हैं। राजयक्ष्मा के सम्बन्ध में किंवदन्ती यह है कि किसी समय शाप के कारण चन्द्रमा नामक राजा को यह रोग हुआ था अतः इसका नाम राजयक्ष्मा या राज रोग कहते हैं।

कफ-प्रधान दोषों से स्रोतवाहिनियों के अवरुद्ध होने से रस आदि का क्षय होकर राजयक्ष्मा रोग उत्पन्न होता है। क्षय—अनुलोम तथा प्रतिलोम भेद से दो प्रकार का होता है। इन वाहिनियों के स्रोत बन्द होने से उत्पन्न क्षय को 'अनुलोम क्षय' कहते हैं। क्योंकि इसमें पूर्व धातु के क्षीण होने पर ही उत्तरोत्तर धातु का क्षय होता है। इसके अतिरिक्त अति मैथुन करनेवाले व्यक्ति को होनेवाला क्षय 'प्रतिलोम क्षय' कहलाता है। क्योंकि इसमें अन्तिम धातु शुक्रक्षय होने के पश्चात् पूर्ववर्ती धातुओं का क्षय प्रतिलोम गति से होता है अतः इसे प्रतिलोम क्षय कहते हैं। इस प्रकार अनुलोम तथा प्रतिलोम धातुओं का क्षय राजयक्ष्मा कहलाता है। केवल धातुक्षय मात्र से यक्ष्मारोग नहीं होता बल्कि प्रतिलोम क्षय के अनुसार वीर्य क्षय के होने पर वातादि-प्रकोप से पूर्व धातु के क्षय की परम्परा को ही राजयक्ष्मा कहते हैं।

'न केवलं धातुक्षयमात्रादेव यक्ष्मा भवति, अपितु रसादिवहस्रोतोनिवहनि-रोधादिभिरपीति। यदा त्वेवं न स्यात्तदा धातुक्षय एव रोगो न तु राजयक्ष्मा।'

यहां 'दोषैः' कहने से वात, पित्त और कफ सभी दोष लिये जाते हैं।

कफप्रधान वातादि दोषों से स्रोतों में अवरोध उत्पन्न करने के लिये प्रकुपित दोषों में कफ की प्रधानता आवश्यक है। वेगरोध, क्षय आदि के कारण से प्रकुपित वात से अग्निमान्द्य होकर कफ का प्रकोप होता है। इसके बाद स्रोतोरोध आदि विकृतियां होती हैं। अतः स्रोतोरोध उत्पन्न करने में अवरोध के परिणाम-स्वरूप रस अपने स्थान हृदय में ही रहकर विकृति को प्राप्त होता है, और मुख द्वारा बाहर निकल जाता है।

'रसः स्रोतःसु रुद्धेषु स्वस्थानस्थो विदह्यते।
स ऊर्ध्वं कासवेगेन बहुरूपः प्रवर्तते।'

अर्थात् स्रोतोरोध हो जाने के कारण हृदयस्थ रस विकृत होकर खांसी के साथ दोषों की उल्बणता के अनुसार अनेक रूपों से बाहर निकलता है। पाचन ठीक न होने से कफ की उत्पत्ति होती है क्योंकि कफ भी मल ही है। रस रक्त से अलग प्रायः उपलब्ध नहीं होता अतः इसको रक्तष्ठीवन या शोणित-दर्शन भी कह सकते हैं। कास का प्रत्यक्ष सम्बन्ध फुफ्फुस या श्वास-नलिकाओं से है, अतः हृदय में रक्त का दबाव बढ़ने से परम्परया फुफ्फुस या श्वास-नलिकाओं में भी रक्त का दबाव बढ़ जाने से वहां निकला हुआ दूषित रस कफरूप में खांसी के

साथ बाहर आता है। खाँसी के वेग से वहां के रसवाहिनियों के फटने से रक्तष्ठीवन हो सकता है। वस्तुतः राजयक्ष्मा में फुफ्फुस की स्वतन्त्र विकृति है। इस प्रकार रस धातु के क्षय से उत्तरोत्तर धातुओं का पोषण न होने से स्वाभाविक रस मांसादि पर-धातुओं के क्षय का क्रम प्रारम्भ रहता है इसको 'अनुलोम क्षय' कहते हैं। अतिमैथुन आदि से वीर्यक्षय के कारण पूर्व-पूर्व धातुओं का क्षय प्रतिलोम क्षय कहता है।

शोषपूर्वरूपाणि—

श्वासाङ्गसादकफसंस्रवतालुशोष-
च्छर्द्यग्निसादमदपीनसकासनिद्राः।
शोषे भविष्यति भवन्ति स चापि जन्तुः
शुक्लेक्षणो भवति मांसपरो रिरंसुः॥ ३॥
स्वप्नेषु काकशुकशल्लकनीलकण्ठ-
गृध्रास्तथैव कपयः कृकलासकाश्च।
तं वाहयन्ति स नदीर्विजलाश्च पश्ये-
च्छुष्कांस्तरून् पवनधूमदवार्दितांश्च॥ ४॥

शोष (राजयक्ष्मा) के पूर्वरूप—शोष (राजयक्ष्मा) के पूर्वरूप में—श्वास, अङ्गों में पीड़ा, मुख से कफ का निकलना, तालु का सूखजाना, वमन, अग्निमान्द्य, मद, प्रतिश्याय, कास तथा निद्रा ये लक्षण शोष के पूर्वरूप में उत्पन्न होते हैं। इसके अतिरिक्त रोगी की आँखें सफेद हो जाती हैं, तथा उसको मोम खाने की और स्त्रियों में रमण करने की प्रबल इच्छा उत्पन्न होती है। वह व्यक्ति स्वप्न में काक, तोता, सेह, मयूर, गीध, बन्दर तथा गिरगिट की सवारी करता रहता है (भिन्न २ वाहनों में जोतता है), नदियों को जल रहित और वृक्षों को सूखा तथा वायु, धूम एवं दावाग्नि से पीड़ित एवं जलते हुए देखता है॥ ३-४॥

विमर्श—यक्ष्मा त्रिदोषज होता है। अतः इसमें तीनों दोषों के लक्षण न्यूनाधिकमात्रा में रहते हैं, सर्वत्र कफ की प्रधानता होने से कफजन्य लक्षणों की प्रतीति होती है। कफप्रधान दोषों से रसादिवह स्रोतों में अवरोध उत्पन्न होने से अङ्गमर्द आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं। कफवातानुबन्ध से श्वास, अंगमर्द, कफष्ठीवन कफजन्य तथा तालुशोष-वातपित्तजन्य होता है। मद से लेकर निद्रा पर्यन्त सभी लक्षण कफ से स्रोतोरोध के कारण होते हैं। श्वास-नलिका में कफ की उपस्थिति वहाँ पर फैले हुए प्राणदा नाड़ी के अग्रभाग को उत्तेजित कर कास को उत्पन्न करता है। प्रतिश्याय राजयक्ष्मा के उपसर्ग से उत्पन्न हो जाती है। युवा पुरुष में बार-बार प्रतिश्याय का होना क्षय की

आशंका का कारण होता है। बार-बार प्रतिश्याय होने से शरीर बलहीन हो जाता है और शोष के लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। प्रतिश्याय विशिष्ट पूर्वरूप है अतः यह रूपावस्था में भी रहता है।

आंखों का सफेद होना—कफ के प्रधान होने से उसके लक्षण शरीर के अंगों में कुछ न कुछ रहता है अतः आंखें सफेद हो जाती हैं।

मांसपर—यक्ष्मा में मांस का क्षय होता है अतः मांस खाने की इच्छा होती है।

रिरंसु—क्षयपीड़ित व्यक्ति का संयम भी क्षीण हो जाता है अतः क्षीण होने के कारण व्यक्ति की कामुकता अधिक बढ़ जाती है। और रमण करने की इच्छा प्रबल हो जाती है।

राजयक्ष्मलक्षणम्—

अंसपार्श्वाभितापश्च सन्तापः करपादयोः।
ज्वरः सर्वाङ्गगश्चेति लक्षणं राजयक्ष्मणः॥ ५॥

राजयक्ष्मा का लक्षण—कन्धे और पार्श्व में पीड़ा, हाथ-पैरों में दाह तथा शरीर के सम्पूर्ण भाग में ज्वर की उत्पत्ति ये राजयक्ष्मा के सामान्य लक्षण हैं॥ ५॥

विमर्श—राजयक्ष्मा त्रिरूप, षड्रूप तथा एकादशरूप तीन प्रकार का होता है। राजयक्ष्मा से पीड़ित सभी व्यक्ति तथा एक व्यक्ति में प्रत्येक समय एक समान लक्षणों की उपस्थिति नहीं रहती है। व्यक्ति तथा काल के अनुसार तीनों में से किसी भी लक्षण-समूह की उपस्थिति रहती है।

आमाशय को छोड़कर सभी भाग इससे आक्रान्त होते हैं। अधिकतर इसका अधिष्ठान फुफ्फुस ही होता है। वक्ष्यमाण लक्षण फुफ्फुसगत राजयक्ष्मा के ही हैं।

यह रोग फुफ्फुस में अधिक होता है क्योंकि इसके अंग मुलायम होते हैं और इसमें लसवाही नलिकाओं की कमी होती है लसवाही-संस्थान रोगों से शरीर की रक्षा करता है। शरीर में लाइयेज की कमी राजयक्ष्मा में सहायक है और इसमें इसकी मात्रा बहुत कम पाई जाती है। फुफ्फुस में सबसे पहले क्षयरोग उपरिभाग में ही होता है। क्योंकि—

(क) इसका उपरिभाग कुछ टेढ़ा-मेढ़ा होता है जिससे वायु का संचरण अच्छी तरह नहीं हो पाता।

(ख) फुफ्फुस के ऊपर का भाग अक्षक के नीचे दबा रहता है।

(ग) ग्रीवा का दबाव भी इस पर पड़ता है अतः ऊपर का भाग कुछ दुर्बल रहता है। जिससे सर्वप्रथम इसमें विकार उत्पन्न होता है।

शरीर में विशेष कर फुफ्फुसगत राजयक्ष्मा का अधिक सम्भावना होती है, वक्ष्यमाण लक्षण भी इसीके कहे गये हैं। शेष अंगों के यक्ष्मा को शोष या विशिष्ट धातु के नाम के साथ क्षय शब्द का व्यवहार होता है।

राजयक्ष्मा की विकृतियों को दो भागों में बांटा जा सकता है।

१. सार्वदेहिक लक्षण तथा फुफ्फुसगत प्रत्यक्ष विकृति—

१. सार्वदेहिक लक्षण :—

(क) अंसपार्श्वाभिताप—यह राजयक्ष्मा का मुख्य लक्षण है इसके कई कारण हैं।

(१) फुफ्फुसावरण शोथ—

(२) शोथ होने के कारण वक्षस्थल के ग्रन्थियों का नाडी पर दबाव पड़ता है अतः वक्षस्थल में पीड़ा होती है।

(३) वातकोषों के फटने पर वातोरस हो जाने पर भी पीड़ा होती है।

(४) तन्तुओं के संकोच के कारण भी वक्षःस्थल में पीड़ा होती है।

(ख) संतापः करपादयोः—रस आदि धातुओं के क्षय के कारण रूक्षता से प्रकुपित व्यान वायु या जीवतिक्ति वी की कमी से उत्पन्न परिसरीय वात-नाड़ियों के क्षोभ के कारण हाथ-पैर में दाह होता है।

(ग) ज्वरः सर्वाङ्गगः—राजयक्ष्मागत विषमयता के कारण सर्वशरीर-व्यापी ज्वर होता है। यह ज्वर अन्तर्वेग, बहिर्वेग तथा केवल शरीरगत या हाथ-पैर में न होकर सर्वशरीरव्यापी होता है। इसकी वृद्धि दोपहर के बाद में होती है।

(२) फुफ्फुसगत प्रत्यक्ष विकृति :—इसकी विकृति चार भागों में विभक्त है—

(क) यक्ष्मिका-निर्माण—यह एक केन्द्रीय श्वेत कायाणु के संयोग से निर्मित राक्षसकोष तथा बाह्यस्तरीय कोषाओं के संयोग से बनता है।

(ख) किलाटीभवन :—राक्षस-कोषाओं के संसर्ग से ही यक्ष्मिका के मध्य में एक प्रकार का चिपचिपा पदार्थ बन जाता है।

(ग) मृदूभवन :—धातु गलकर अत्यन्त पतला होने से विद्रधि बन जाती है।

(घ) पूर्वोक्त द्रव के बाहर निकल जाने से गड्ढा बन जाता है।

ताप उत्पन्न होने का कारण—

राजयक्ष्मा के जीवाणुओं से उत्पन्न विष रक्तवाहिनियों द्वारा परिभ्रमण करता हुआ तापनियन्त्रक केन्द्र पर विषाक्त परिणाम करके ज्वर को उत्पन्न करता है।

भोजन के बाद तथा क्रोध आदि उत्तेजक भावों के कारण राजयक्ष्मा के रोगी में शीघ्र ज्वर उत्पन्न होता है। क्योंकि रस-संवाहन के बढ़ने से विष उष्णता-नियन्त्रक केन्द्र के पास शीघ्र ही पहुँच जाता है। यह ज्वर लगभग १०० से १०२ अंश तक होता है। रोगी का अधिक से अधिक विश्राम युक्त स्थान एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में रहने के लिये परामर्श दिया जाता है। कभी २ द्वितीयक उपसर्ग से ज्वर भी अनेक स्वरूप धारण करता है। इसको 'प्रलेपकज्वर' कहते हैं। यह राजयक्ष्मा की तृतीयावस्था में पाया जाता है। तृतीयावस्था में राजयक्ष्मा के रोगी तथा अनेक विद्रधिवाले रोगी में इस दृष्टि से कोई अन्तर नहीं पड़ता है। यह ज्वर प्रतिदिन साधारण हो जाता है, और दोपहर को जाड़ा देकर चढ़ता है। एक या दो घंटे बाद अधिक पसीना के साथ उतर जाता है। पसीने से शरीर लिप्त (गीला) हो जाता है अतः इसको प्रलेपक कहते हैं। पसीना के द्वारा विष के कम हो जाने से ज्वर उतर जाता है। राजयक्ष्मा के रोगी को ज्वर आने पर अच्छा लगता है, मुखमण्डल लाल रहता है। यह ज्वर राजयक्ष्मा को बतानेवाला है।

राजयक्ष्मणः साध्यासाध्यविचारः—

स्वरभेदोऽनिलाच्छूलं संकोचश्चांसपार्श्वयोः।
ज्वरो दाहोऽतिसारश्च पित्ताद्रक्तस्य चागमः॥ ६॥
शिरसः परिपूर्णत्वमभक्तच्छन्द एव च।
कासः कण्ठस्य चोद्ध्वंसो विज्ञेयः कफकोपतः॥ ७॥
एकादशभिरेभिर्वा, षड्भिर्वाऽपि समन्वितम्।
कासातिसारपार्श्वार्तिस्वरभेदारुचिज्वरैः॥ ८॥
त्रिभिर्वा पीडितं लिङ्गैः कासश्वासासृगामयैः।
जह्याच्छोषार्दितं तूर्णमिच्छन् सुविपुलं यशः॥ ९॥

राजयक्ष्मा से पीड़ित रोगी के साध्यासाध्यत्व—वायु के कारण—स्वरभेद, कन्धा तथा पार्श्व में शूल एवं संकोच, पित्त के कारण—ज्वर, दाह, अतिसार तथा रक्तष्ठीवन, कफ के कारण—सिर में भारीपन, भोजन करने में अरुचि, खांसी तथा कण्ठ प्रदेश में पीड़ा या उद्ध्वंस (उत्कासिका "धसका") इन लक्षणों की उत्पत्ति होती है। इन ग्यारह प्रकार के रूपों से अथवा कास, अतिसार, पार्श्वपीड़ा, स्वरभेद, अरुचि तथा ज्वर इन छः रूपों से या कास, श्वास (या 'ज्वरः कासः' इति पाठान्तर) तथा रक्तष्ठीवन, इन तीन लक्षणों से युक्त राजयक्ष्मा के रोगी की चिकित्सा यशोभिलाषी वैद्य न करे॥ ६-९॥

सर्वैरधैस्त्रिभिर्वापि लिङ्गैर्मांसबलक्षये।
युक्तो वर्ज्यश्चिकित्स्यस्तु सर्वरूपोऽप्यतोऽन्यथा॥ १०॥

महाशनं क्षीयमाणमतिसारनिपीडितम् ।
शूनमुष्कोदरं चैव यक्ष्मिणं परिवर्जयेत् ॥ ११ ॥
उपक्रमेदात्मवन्तं दीप्ताग्निमकृशं नरम् ।
शुक्लाक्षमन्नद्वेष्टारमूर्ध्वश्वासनिपीडितम् ॥ १२ ॥
कृच्छ्रेण बहु मेहन्तं यक्ष्मा हन्तीह मानवम् ।

इस प्रकार ग्यारह रूप, षड्रूप या त्रिरूप से युक्त रोगी का बल तथा मांस क्षीण हो गया हो तो उसकी चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। अर्थात् एकादशरूप, षड्रूप या त्रिरूप राजयक्ष्मा के सभी लक्षणों की उपस्थिति हो या आधे लक्षणों की उपस्थिति हो या केवल तीन ही लक्षण ज्वर, कास तथा रक्तष्ठीवन की उपस्थिति होने पर बल तथा मांस क्षय हो गया हो तो असाध्य समझो इसके विपरीत सभी लक्षणों के रहने पर यदि बल, तथा मांस का क्षय न हुआ हो तो चिकित्स्य अर्थात् साध्य है उसकी चिकित्सा करनी चाहिए। अधिक भोजन करते हुए भी प्रतिदिन क्षीण होनेवाले अथवा अतिसार से पीड़ित या जिसको पेट तथा अण्डकोषों पर सूजन आ गई है ऐसे रोगी की भी चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। किन्तु यदि रोगी संयमी, दीप्ताग्नि तथा अकृश (मांस-क्षयरहित) हो, उसकी आँखें श्वेत हों, अन्न से अरुचि हो गई हो, जो ऊर्ध्व श्वास से पीड़ित हो तथा जो कष्ट से अधिक मूत्र त्याग करता हो ऐसे रोगी को राजयक्ष्मा मार डालता है।

विमर्श—पूर्वोक्त ग्यारह लक्षणों से त्रिदोषज न होकर अलग २ तीनों दोषों के कारण उत्पन्न होते हैं। ज्वर, दाह तथा अतिसार तीनों साथही आन्त्रिक क्षय में पाये जाते हैं।

अंस-पार्श्व में संकोच—दौर्बल्य का निर्देशक है। सर्वप्रथम वक्षस्थल में दुर्बलता होती है, इसका अधिक प्रभाव अक्षक पर पड़ता है, इससे फुफ्फुस-शिखर का विवरीभवन के कारण नत हो जाता है। विकृत पार्श्व का अक्षक दूसरे पार्श्व की अपेक्षा उन्नत रहता है और नीचे ऊपर गढे बन जाते हैं। पर्शु-कान्तरीय धातु के सूख जाने से पसलियां अलग २ मालूम पड़ती हैं। फुफ्फुस के कुछ निम्न होने से अन्दर की ओर धस जाती है। जिसे पार्श्व-संकोच कहते हैं। फुफ्फुस के नत होने से कन्धे में भी संकोच होता है, विष के कारण पाचन एवं रस का शोषण अच्छी तरह नहीं होता अतः धातुपुष्टि नहीं होती है और कृशता बढ़ जाती है तथा भार घटने लगता है।

पाश्चात्य विद्वानों ने कुछ अन्य लक्षणों का भी उल्लेख किया है—

१. रात्रि में पसीना आना :—यह विष को निकालने के लिये आता है। विश्राम के समय अधिक आता है अतः इसकी प्रवृत्ति रात में अधिक देखी-

जाती है। यह स्वेद दिन में सोने पर भी आता है। यह लक्षण प्रथमावस्था में होता है। इसको विश्राम स्वेद भी कहते हैं।

२. रक्तवह-संस्थान :—रक्तभार में कमी, नाड़ी का मृदु चलना।

३. मूत्रजनन-संस्थान :—मूत्रजनन-संस्थान में कोई परिवर्तन नहीं होता है किन्तु विषय-तृष्णा का बढ़ना राजयक्ष्मा रोग का निर्देशक है। इसके अतिरिक्त विषय-भोग करने से शरीर की प्रतिकारिता-शक्ति कम हो जाती है। प्राचीन ग्रन्थों में रिरंसा राजयक्ष्मा का पूर्वरूप कहा गया है। स्त्रियों को राजयक्ष्मा होने पर अनार्तव हो जाता है। किन्तु गर्भधारण पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

४. फुफ्फुसजन्य अस्थि-सन्धि—हाथ और पैर की अस्थियों के अग्र भाग स्थूल हो जाते हैं। किन्तु ये लक्षण चिरकालीन राजयक्ष्मा में होते हैं।

राजयक्ष्मा में निम्नलिखित लक्षण उपस्थित रहते हैं—

१. नाड़ी की शीघ्रता या मृदुता।

२. विना परिश्रम बल का क्षय होना।

३. अकारण बार २ प्रतिश्याय का होना।

४. मध्याह्न या अपराह्न में ज्वरांश का अनुभव।

५. खाने-पीने पर भी भार का निरंतर घटना।

महाशनं क्षीयमाणम्—भोजन करते हुए भी क्षीण होना—अर्थात् अधिक भोजन करने पर भी पोषक रस का अभाव होने से अधिक तथा पुष्टिकर भोजन करने पर भी आहार का प्रसाद रूप रस बनना अवरुद्ध हो जाता है, और सम्पूर्ण मल रूप में ही परिणत हो जाता है। इस प्रकार रसाभाव से धातु-पुष्टि नहीं हो पाती, जिससे रोगी का बल तथा वजन दिन-प्रतिदिन घटता जाता है। रोग की तीव्रता अधिक बढ़ जाती है और असाध्य हो जाता है। यक्ष्मा के रोगियों का मल ही बल है उसी के ऊपर रोगी का जीवन निर्भर रहता है अतः विरेचक औषधों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। अतिसार होना राजयक्ष्मा के रोगी के लिये घातक होता है।

शूनमुष्कोदरम्—वृषण-शोथ तथा उदर-शोथ विरेचन-साध्य है और यक्ष्मा के रोगी को विरेचन कराने से मल का नाश होगा एवं मलनाश से जीवन-नाश होना अवश्यम्भावी है। इस प्रकार विरुद्धोपक्रम होने से असाध्य हो जाता है।

शुक्लाक्ष—आंखों का सफेद होना रक्त की न्यूनता को बताना है। अतः रक्त की अधिक मात्रा में कमी होने से असाध्य होता है।

अन्नद्वेष्टारम्—अन्न में अरुचि होने के कारण पोषक पदार्थों का पूर्णतः विनाश होने से असाध्य हो जाता है।

ऊर्ध्वश्वासनिपीडितम्—रोगी में फुप्फुस के अधिक आक्रान्त होने पर वह ऊर्ध्वश्वास से पीड़ित होता है और ऊर्ध्वश्वास होने से असाध्य हो जाता है।

कृच्छ्रेण बहु मेहन्तम्—बहुमूत्रता, मधुमेह का निर्देशक है। मधुमेहयुक्त राजयक्ष्मा परम असाध्य हो जाता है। क्योंकि दोनों जीवन के लिये घातक हैं अतः असाध्य हैं।

व्यवायशोषादीनां लक्षणानि—

व्यवायशोकवार्धक्यव्यायामाध्वप्रशोषितान् ॥ १३ ॥
व्रणोरःक्षतसंज्ञौ च शोषिणौ लक्षणैः शृणु।

व्यवायशोषी, शोकशोषी, जराशोषी, अध्वशोषी एवं व्यायामशोषी आदि का लक्षण—व्यवाय (मैथुन), शोक, वृद्धावस्था, व्यायाम तथा मार्ग चलने से शोष को प्राप्त किये हुए एवं व्रणशोषी तथा उरःक्षतसंज्ञक शोषी का वर्णन लक्षणों-सहित कहते हैं।

व्यवायशोषी शुक्रस्य क्षयलिङ्गैरुपद्रुतः ॥ १४ ॥
पाण्डुदेहो यथापूर्वं क्षीयन्ते चास्य धातवः।

व्यवायशोषी—व्यवायशोषी (मैथुन के कारण शोष का रोगी) शुक्र क्षय के लक्षणों से युक्त तथा शरीर पाण्डु वर्ण का होता है इसमें पूर्ववर्ती धातुओं का क्रमशः क्षय हो जाता है।

प्रध्यानशीलः स्रस्ताङ्गः शोकशोष्यपि तादृशः ॥ १५ ॥
विना शुक्रक्षयकृतैर्विकारैरभिलक्षितः।

शोकशोषी—बहुत अधिक सोचना तथा अंगों की शिथिलता ये शोक-शोषी के लक्षण हैं। (इसके अतिरिक्त शुक्र-क्षय के लक्षणों को छोड़कर पाण्डु-देहता, धातुओं का क्षय होना भी शोकशोषी का लक्षण है।

जराशोषी कृशो मन्दः स्वल्पबुद्धिबलेन्द्रियः ॥ १६ ॥
कम्पनोऽरुचिमान् भिन्नकांस्यपात्रहतस्वरः।
ष्ठीवति श्लेष्मणा हीनं गौरवारतिपीडितः ॥ १७ ॥
संप्रस्रुतास्यनासाक्षः शुष्करूक्षमलच्छविः।

जराशोषी—जराशोषी का शरीर दुर्बल होता है। उसके बल, बुद्धि, वीर्य और इन्द्रियाँ निर्बल हो जाती हैं। उसका शरीर कांपने लगता है। भोजन में अरुचि हो जाती है तथा फूटे हुए कांसी के बर्तन के समान उसकी आवाज हो जाती है। कफरहित सूखी खांसी आती है। शरीर में भारीपन तथा अरति (कार्य करने में मन न लगना) रहती है उसकी नासिका, मुख

एवं आंखों से निरन्तर स्राव निकलता है। उसका मल सूखा हुआ मुख की कान्ति रूक्ष रहती है।

अध्वप्रशोषी स्रस्ताङ्गः संभ्रष्टपरुषच्छविः ॥ १८ ॥
प्रसुप्तगात्रावयवः शुष्कक्लोमगलाननः।

अध्वशोषी—अधिक पद-यात्रा करने से जो शोष होता है उसे 'अध्वशोष' कहते हैं। अध्वशोषी के अंग दुर्बल हो जाते हैं, मुख की कान्ति मुर्झाई-सी रहती है। शरीर के अंगों में प्रसुप्ति (स्पर्शज्ञानाभाव) हो जाती है तथा क्लोम (कण्ठनाली), गला तथा मुख शुष्क हो जाते हैं।

व्यायामशोषी भूयिष्ठमेभिरेव समन्वितः ॥ १९ ॥
लिङ्गैरुरःक्षतकृतैः संयुक्तश्च क्षतं विना।
रक्तक्षयाद्वेदनाभिस्तथैवाहारयन्त्रणात् ॥ २० ॥
व्रणितस्य भवेच्छोषः स चासाध्यतमो मतः।

व्यायामशोषी—व्यायामशोषी में भी अध्वशोषी के अधिक लक्षण मिलते हैं और उरःक्षत के भी लक्षण मिलते हैं किन्तु क्षत के लक्षण नहीं मिलते हैं।

व्रणशोषी—रक्तक्षय, वेदना (व्रण-पीड़ा) तथा नियन्त्रण (पथ्यापथ्य-नियन्त्रण) के कारण भोजन की कमी से व्रण से पीड़ित व्यक्ति को शोष होता है। उसको व्रणशोषी कहते है। यह असाध्यतम होता है।

विमर्श—शोकशोषी—आत्मीयजनों की मृत्यु तथा धन के नाश से मनुष्य के ऊपर शोक का बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे कि वह यदि उससे अपने को संयत न रक्खे तो शोषरोग हो जाता है। चिन्ता तथा शोक से अन्तःस्रावी और बहिःस्रावी ग्रन्थियों का स्राव विकारयुक्त एवं कम हो जाने से भूख तथा प्यास नष्ट हो जाती है। भोजन का पाचन तथा प्रचूषण भी रुक जाता है, अतः पोषण की कमी से शरीर सूखने लगता है। रक्त की न्यूनता से शरीर पीला पड़ जाता है। कास-श्वास आदि के भी लक्षण हो जाते हैं। इसमें 'अनुलोम क्षय' होता है।

आहारनियन्त्रण—व्रण की अवस्था में पोषक पदार्थ बाहर से न देने से धातुक्षयजन्य वात का प्रकोप होकर शोष की उत्पत्ति होती है एवं व्रण का रोपण भी नहीं होता। प्रमेह-पिड़िका होने पर भी व्रणशोष होता है। व्रण को रोपण करने के लिये शर्करा की अत्यन्त आवश्यकता होती है। किन्तु मधुमेह होने के कारण मूत्र द्वारा शक्कर का अधिकांश भाग बाहर निकल जाता है। इस अवस्था में मुख द्वारा शक्कर सेवन करने पर भी रोपण के लिये आहार-द्रव्य पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलता क्योंकि शक्कर जितनी अधिक सेवन की

जायगी वह उतनी ही मूत्र द्वारा बाहर निकल जायगी इस प्रकार व्रणशोफ प्रमेह-पिड़का में भी हो जाता है।

उरःक्षतलक्षणम्—

धनुषाऽऽयस्यतोऽत्यर्थं भारमुद्वहतो गुरुम् ॥ २१ ॥
युध्यमानस्य बलिभिः पततो विषमोच्चतः।
वृषं हयं वा धावन्तं दम्यं चान्यं निगृह्णतः ॥ २२ ॥
शिलाकाष्ठाश्मनिर्घातान् क्षिपतो निघ्नतः परान्।
अधीयानस्य वात्युच्चैर्दूरं वा व्रजतो द्रुतम् ॥ २३ ॥
महानदीं वा तरतो हयैर्वा सह धावतः।
सहसोत्पततो दूरं तूर्णं वाऽतिप्रनृत्यतः ॥ २४ ॥
तथाऽन्यैः कर्मभिः क्रूरैर्भृशमभ्याहतस्य च।
विक्षते वक्षसि व्याधिर्बलवान् समुदीर्यते ॥ २५ ॥
स्त्रीषु चातिप्रसक्तस्य रूक्षाल्पप्रमिताशिनः।
उरो विरुज्यतेऽत्यर्थं भिद्यतेऽथ विभज्यते ॥ २६ ॥
प्रपीड्यते ततः पार्श्वे शुष्यत्यङ्गं प्रवेपते।
क्रमाद्वीर्यं बलं वर्णो रुचिरग्निश्च हीयते ॥ २७ ॥
ज्वरो व्यथा मनोदैन्यं विड्भेदाग्निवधावपि।
दुष्टः श्यावः सदुर्गन्धः पीतो विग्रथितो बहुः ॥ २८ ॥
कासमानस्य चाभीक्ष्णं कफः साम्लः प्रवर्तते।
शुष्यतः क्षीयतेऽत्यर्थं तथा शुक्रौजसोः क्षयात् ॥ २९ ॥
अव्यक्तं लक्षणं तस्य पूर्वरूपमिति स्मृतम्।
उरोरुक् शोणितच्छर्दिः कासो वैशेषिकः क्षते ॥ ३० ॥
क्षीणे सरक्तमूत्रत्वं पार्श्वपृष्ठकटीग्रहः।
अल्पलिङ्गस्य दीप्ताग्नेः साध्यो बलवतो नवः ॥ ३१ ॥
परिसंवत्सरो याप्यः सर्वलिङ्ग तु वर्जयेत्।

उरःक्षत का निदान-सहित लक्षण—धनुष की प्रत्यञ्चा को अधिक खींचने से, शक्ति से अधिक भार ढोने से, अतिबलवान् व्यक्ति के साथ युद्ध करने से, ऊंचे-नीचे स्थानों से गिरने से, दौड़ते हुए बैल, घोड़े तथा अन्य दमन करने योग्य हाथी, ऊंट आदि को रोकने से, अतिशय भारयुक्त पत्थर, काठ तथा पत्थर के निर्घात नामक अस्त्र विशेष को फेंकने से, बलवान् शत्रुओं से कुश्ती आदि लड़ने से, उच्चस्वर से पढ़ने से, तेजगति से दूर तक (दौड़ने) जाने से, अधिक चौड़ी नदी को तैरकर पार करने से, घोड़े आदि के साथ दौड़ने से, एकाएक ऊंचा या लम्बा कूदने से, जल्दी-जल्दी नाचने तथा अन्य क्रूर कर्म

करने एवं भयंकर आघात लगने से, वक्षःस्थल में क्षत हो जाने पर बलवान् उरःक्षत-नामक रोग उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार स्त्रियों के साथ अधिक सम्भोग करनेवाले तथा रूक्ष, थोड़ा तथा परिमित भोजन करनेवाले व्यक्तियों का उरःस्थल विदीर्ण हो जाता है। और उससे अधिक पीड़ा होती है। इसके बाद पार्श्वभाग में पीड़ा होती है, शरीर सूखने लगता है और कांपने लगता है। क्रमशः शक्ति, बल (मांसवृद्धि), वर्ण, रुचि, एवं जाठराग्नि की क्षीणता होने लगती है। ज्वर, पीड़ा, मनोमालिन्य तथा अतिसार रोग हो जाता है और जाठराग्नि का विनाश हो जाता है। खांसते समय दुष्ट, श्याव (नील-हरित) वर्ण, दुर्गन्ध युक्त, पीला, गांठदार तथा रक्त-मिश्रित कफ निकलता है। इस प्रकार वह क्षत का रोगी शुक्र (अति मैथुन से) तथा ओज (शक्ति) क्षय के कारण अत्यधिक क्षीण हो जाता है। उरःक्षत के लक्षणों का प्रगट न होना (अव्यक्तता) ही उसका पूर्वरूप है। वक्षःस्थल में पीड़ा, रक्तच्छर्दि (रक्त का वमन- रक्तष्ठीवन), दुष्टश्यावादि गुणों से युक्त विशिष्ट रूप की खांसी का होना—यह क्षत का विशेष लक्षण है। और रक्तसहित मूत्र-त्याग, पार्श्व, पृष्ठ तथा कटि प्रदेश में जकड़ाहट का होना ये क्षीण के विशिष्ट लक्षण हैं। जिस रोगी के उपरोक्त लक्षण अल्प हों, जाठराग्नि प्रदीप्त हो तथा रोग नया हो, एवं रोगी बलवान् हो तो वह रोग साध्य होता है। एक वर्ष बीत जाने पर वही रोग याप्य हो जाता है। जब रोगी सभी लक्षणों से युक्त हो जाय तो असाध्य समझ कर चिकित्सा नहीं करनी चाहिए ॥ २१–३१ ॥

विमर्श—उपर्युक्त कारणसमूह का अधिकांश भाग राजयक्ष्मा के कारण-भूत साहस में अन्तर्भाव हो जाता है। साहस के कारण उरःक्षत होकर क्षयरोग या शोष में से कोई हो सकता है। यह उसी प्रकार की सम्प्राप्ति पर निर्भर है। इन सम्पूर्ण कारणों में से कुछ शरीर पर तथा कुछ वक्षस्थल पर ही असर डालते हैं। उरःक्षत के लक्षणों में ज्वर भी बताया गया है अतः इसे राजयक्ष्मा का ही एक स्वरूप कह सकते हैं। ज्वर न रहने पर शोष भी कह सकते हैं।

शक्ति से अधिक भार तथा इसी प्रकार के भयंकर कार्य करने से फुफ्फुस का अस्वाभाविक विस्फार हो जाता है जिससे फुफ्फुस की कोषायें फट जाती हैं तथा रक्तवाहिनी के फट जाने से रक्तस्राव भी होने लगता है। यह रोग, मोटर, ट्रक्टर आदि रोकने का प्रदर्शन करनेवालों में अधिक पाया जाता है तथा अधिक भार उठानेवाले व्यक्तियों में कभी २ पाया जाता है।

राजयक्ष्मण आयुष्यमर्यादा—

परं दिनसहस्रं तु यदि जीवति मानवः ॥ ३२ ॥
सुभिषग्भिरुपक्रान्तस्तरुणः शोषपीडितः ॥ ३३ ॥

राजयक्ष्मा के रोगी की आयु-मर्यादा—शोष से पीड़ित युवा मनुष्य का उपचार अच्छे वैद्यों के द्वारा करने पर यदि जीवित रहता है तो वह एक हजार दिन से भी अधिक जीवित रह सकता है।

विमर्श—वस्तुतः यक्ष्मारोग की आयु एक हजार दिन तक मानना न चाहिए। क्योंकि प्रत्यक्षतः इससे अधिक दिन तक भी इस रोग से पीड़ित रोगी जीवित रहते हैं। अतः स्वस्थ होने के लक्षण होने पर भी एक हजार दिन तक रोग का पुनरावर्तन होते हुए देखा गया है। अतः एक हजार दिन (तीन वर्ष) तक इस रोग का पुनरावर्तन न होने पर स्वस्थ समझना चाहिए।

राजयक्ष्मणोऽपरमसाध्यलक्षणम्—

कासः कुक्षिशिरोव्यथान्वितवपुश्छर्दिर्ज्वरोऽरोचकः
पीतं पूयनिभं सरक्तहरितं नीलं च निष्ठीवनम्।
हानिः स्याद्बलमांसयोरनुदिनं श्वासेन कष्टं तथा
यस्मिंस्तस्य न जातु वैद्यकवरैः कार्योपचारक्रिया॥ ३४॥

राजयक्ष्मा का अन्य असाध्य लक्षण—जिस यक्ष्मा के रोगी में, खांसी हो, उदर तथा सिर की पीड़ा से शरीर युक्त हो, वमन, ज्वर तथा भोजन में अरुचि हो, पीला, पूय के समान, रक्तसहित, हरा तथा नीले रंग का कफ निकलता हो, प्रतिदिन बल तथा मांस का क्षय होता हो तथा श्वास से अधिक कष्ट होता हो—ऐसे लक्षण मिलते हों तो उस रोगी का उपचार-क्रिया अच्छे वैद्यों को नहीं करनी चाहिए। अर्थात् इन लक्षणों से युक्त रोगी असाध्य होते हैं॥ ३४॥

प्रकारान्तरेण राजयक्ष्मलक्षणानि—

वक्त्रं विगन्धं स्वरभङ्गयुक्तं तुच्छः स्वरः पाणिपदेषु दाहः।
रक्तान्वितश्छर्द्यतिसारयुक्तः प्रोक्तं तदन्यत्क्षयलक्षणं च॥ ३५॥
शोफाग्निमान्द्यमरुचिः श्वासः स्वरभङ्गकासतनुजाड्यम्।
छर्दिस्तदिदं गदितं लक्षणमन्यत्क्षये जन्तोः॥ ३६॥

इति राजयक्ष्मक्षतक्षीणशोषनिदानम्।

दूसरे प्रकार से राजयक्ष्मा के लक्षण—मुख स्वादरहित हो, स्वरभंग से युक्त हो, स्वर क्षीण हो गया हो, हाथ तथा पैर के तलवे में दाह होता हो, रक्तयुक्त वमन होता हो तथा अतिसार से युक्त हो तो ये राजयक्ष्मा के अन्य लक्षण हैं। मनुष्य के क्षय रोग में शोथ, अग्निमान्द्य, भोजन में अरुचि, श्वासरोग, स्वरभंग, खांसी, शरीर में जकड़न तथा वमन, ये अन्य लक्षण कहे गये हैं॥ ३५-३६॥

राजयक्ष्मा, क्षतक्षीण तथा शोष का निदान समाप्त।

अथातस्तच्चिकित्सितम् ।

इसके बाद राजयक्ष्मा की चिकित्सा का निरूपण ।

राजयक्ष्मणि संशोधनम्—

स्थिरादिवर्गसिद्धेन घृतेनाजाविकेन च ।
स्निग्धस्य मृदु कर्तव्यमूर्ध्वं चाधश्च शोधनम् ॥ ३७ ॥
आस्थापनं तथा कार्यं शिरसश्च विरेचनम् ।

राजयक्ष्मा का संशोधन—राजयक्ष्मा, के रोगी को स्थिरादि वर्ग (शालपर्णी' पृश्निपर्णी, वनभंटा, भटकटैया, एरण्ड, काकोली, चन्दन, खस, इलायची तथा मुलेठी) के द्रव्यों से सिद्ध बकरी एवं भेड़ के घृत से स्नेहन करने के बाद ऊर्ध्व तथा अधः (वमन तथा विरेचन) शोधन करना चाहिए । इसी प्रकार आस्थापन तथा शिरोविरेचन भी करना चाहिए ।

राजयक्ष्मणि भोजनव्यवस्था—

यवगोधूमशालीनां रसैर्भुञ्जीत शोधितः ॥ ३८ ॥
दृढेऽग्नौ बृंहणैश्चापि निवृत्तोपद्रवं नरम् ।
शालपष्टिकगोधूमयवमुद्गादयः शुभाः ॥ ३९ ॥
मद्यानि जाङ्गलाः पक्षिमृगाः शस्ता विशुष्यतः ।

राजयक्ष्मा में भोजन-व्यवस्था—राजयक्ष्मा का रोगी वमन तथा विरेचन करने के बाद यव, गेहूँ तथा जड़हन धान के चावल के रसों का भोजन करे, और उपद्रवरहित रोगी को जाठराग्नि के तीक्ष्ण होने पर बृंहण (शरीर को मोटी बनानेवाली औषधियों का प्रयोग) करे । शोष रोग से पीड़ित रोगी के लिये जड़हन, साठी, गेहूँ, यव तथा मूंग आदि अन्न, मद्य तथा जंगल के पशु-पक्षियों का मांस सेवन करना उत्तम है ।

सपिप्पलीकं सयवं सकुलत्थं सनागरम् ॥ ४० ॥
दाडिमामलकोपेतं स्निग्धमाजं रसं पिबेत् ।
तेन षड् विनिवर्तन्ते विकाराः पीनसादयः ॥ ४१ ॥
द्रव्यतो द्विगुणं मांसं सर्वतोऽष्टगुणं जलम् ।
पादस्थं सुकृतं चाम्लैः षडङ्गो यूष उच्यते ॥ ४२ ॥
व्यञ्जनं क्षारहिङ्गूषरहितं घृतपाचितम् ।
अजाजिमरिचैलाभिः संस्कृतं नो विदाहिभिः ॥ ४३ ॥

पीपर, यव, कुलथी, सोंठ, अनार तथा आंवला से सिद्ध तथा घृत से स्निग्ध बकरी का मांसरस पान करे । इस मांसरस का सेवन करने से राजयक्ष्मा के पीनस (प्रतिश्याय) आदि छः विकार दूर हो जाते हैं । षडंग यूष :—

द्रव्य से दुगुना मांस तथा द्रव्य तथा मांस से अठगुना जल, एवं अम्ल पदार्थ मिलाकर सिद्ध करने के बाद चौथाई शेष यूष षडंग यूष कहलाता है। इस यूष को पीपर, यव, कुल्थी, सोंठ, अनार तथा आंवला—इन द्रव्यों से तैयार करते हैं। अतः इसको 'षडङ्गयूष' कहते हैं। विदाही पदार्थ (जिन द्रव्यों के सेवन से खट्टी २ डकारें आने लगे, प्यास लगे, हृदय में दाह हो तथा भोजन-परिपाक देर में हो) तथा क्षार, हिंगु एवं उग्र (अति तीक्ष्ण) द्रव्यों से रहित जीरा, मरिच तथा इलायची से संस्कृत एवं घृत से पकाया व्यञ्जन (शाक आदि) राजयक्ष्मा के रोगियों के लिये हितकर होता है ॥ ४०–४३ ॥

क्षयेऽपथ्यानि—

वृन्ताकं कारवेल्लं च तैलं बिल्वं च राजिकाम् ।
मैथुनं घननिद्रां च क्षयी कोपं च वर्जयेत् ॥ ४४ ॥

राजयक्ष्मा रोग में अपथ्य—राजयक्ष्मा रोग से पीड़ित व्यक्ति वृन्ताक (बैंगन), कारवेल्ल (करैला), तेल, बेल, राई, मैथुन, गाढ़ी निद्रा तथा क्रोध को छोड़ दे ॥ ४४ ॥

क्षये गलमलविशुद्ध्यर्थं समुद्रादियोगः—

सामुद्रकं च संचूर्ण्य भानुदुग्धेन भावितम् ।
पाययेद् गव्यदुग्धेन गले मलविशुद्धये ॥ ४५ ॥

क्षय रोग में गला के मल की शुद्धि के लिये सामुद्रादि योग—सामुद्र चूर्ण को मदार के दूध से भावित कर और चूर्ण बनाकर गला के मल की शुद्धि के लिये गाय के दूध के साथ पान कराये ॥ ४५ ॥

क्षये कासविष्टम्भशान्त्यर्थं मार्कण्डीपत्रगुटिका—

मार्कण्डीपत्रचूर्णस्य गुटिकां मधुना कृताम् ।
धारयेत्सततं वक्त्रे कासविष्टम्भशान्तये ॥ ४६ ॥

क्षयरोग में कास-विष्टम्भ की शान्ति के लिये मार्कण्डीपत्रगुटिका—मार्कण्डीपत्र (भूम्याहुली पत्र) के चूर्ण को मधु के साथ गुटिका बनाकर कास-विष्टम्भ की शान्ति के लिये निरन्तर मुख में धारण करे ॥ ४६ ॥

क्षतक्षये बलादियोगः—

बला विदारी श्रीपर्णी बहुपुत्री पुनर्नवा ।
पयसा नित्यमभ्यस्ताः शमयन्ति क्षतक्षयम् ॥ ४७ ॥

क्षतक्षय में बलादि योग—बरियार, विदारीकन्द, श्रीपर्णी (गम्भारी), बहुपुत्री (शतावरी) तथा पुनर्नवा इन द्रव्यों का चूर्ण प्रतिदिन दूध के साथ सेवन करने से क्षतक्षय रोग को शान्त करता है ॥ ४७ ॥

क्षये पार्श्वशूलादिषु धान्यकादियोगः—

पिप्पलीविश्वधान्याकदशमूलीजलं पिबेत् ।
पार्श्वशूलज्वरश्वासपीनसादिनिवृत्तये ॥ ४८ ॥

क्षयरोग के पार्श्वशूल आदि में धान्यकादियोग—पीपर, सोंठ, धनिया तथा दशमूली (बेल, गम्भारी, पाढल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) इन द्रव्यों के क्वाथ को पार्श्वशूल, ज्वर, श्वास तथा प्रतिश्याय आदि रोगों की शान्ति के लिये पान करे ॥ ४८ ॥

क्षये पार्श्वरुजि दशमूलादिक्वाथः—

रास्नादशमूलबलापुष्करसुरदारुनागरैः कथितम् ।
पेयं पार्श्वांसशिरोरुक्क्षतकासादिशान्तये सलिलम् ॥ ४९ ॥

क्षयजन्य पार्श्वपीड़ा में दशमूलादि क्वाथ—रासन, दशमूल, (बेल, गम्भारी, पाढल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), बरियार, पुष्करमूल, देवदारु तथा सोंठ—इन द्रव्यों के साथ क्वाथ किया हुआ जल, पार्श्व, कन्धा, शिरःशूल, क्षत तथा कास आदि रोग की शांति के लिये पान करें ॥ ४९ ॥

क्षये कृष्णाद्यो लेहः—

कृष्णाद्राक्षासितालेहः क्षयहा क्षौद्रतैलवान् ।
मधुसर्पियुतो वाऽश्वगन्धाकृष्णासिनोद्भवः ॥ ५० ॥

क्षय रोग में कृष्णाद्य लेह—पीपर का चूर्ण, मुनक्का तथा मिश्री—इन द्रव्यों का अवलेह, मधु तथा तैल (तिल-तैल) मिलाकर सेवन करने से क्षय रोग को नाश करता है । या अश्वगन्धा-चूर्ण, पिप्पली-चूर्ण तथा मिश्री मिलाकर बनाया हुआ अवलेह; मधु तथा घृत मिलाकर सेवन करने से क्षय रोग का नाश करता है ॥ ५० ॥

क्षये शतावर्यादिलेहः—

शतावरीविदार्यश्वगन्धाः पथ्या पुनर्नवा ।
बलात्रयं श्वदंष्ट्राऽऽज्यमधुलेहः क्षयापहः ॥ ५१ ॥

क्षय रोग में शतावर्यादि लेह—शतावरी, विदारीकन्द, अश्वगन्धा, हर्रे, पुनर्नवा, बलात्रय (महाबला (सहदेइया), नागबला (गुलशकरी), अतिबला (कंघी) तथा गोखरू, इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर, घृत में भूनकर मधु मिलाकर अवलेह बना लें (घृत में भूनने के बाद शीतल होने पर मधु मिलाना चाहिए) यह अवलेह क्षय रोग का नाश करता है ।

क्षये शिलाजत्वादिलेहः—

शिलाजतुमधुव्योषताप्यलोहरजांसि यः।
क्षीरभुग्लेढि तस्याशु क्षयः क्षयमवाप्नुयात् ॥ ५२ ॥

क्षय रोग में शिलाजत्वादि लेह—शु० शिलाजीत, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) का चूर्ण, स्वर्णमाक्षिक तथा लौहभस्म, इन द्रव्यों को मधु में मिलाकर जो चाटता है और ऊपर से दूध पीता है उसका क्षय रोग शीघ्र ही क्षय हो जाता है (शिलाजीत एक भाग, व्योष तीन भाग, स्वर्णमाक्षिक आधा भाग, लौहभस्म आधा भाग, मधु सभी द्रव्यों के दुगुना ग्रहण करना चाहिए) ॥ ५२ ॥

क्षये मध्वादिलेहः—

मधुताप्यविडङ्गाश्मजतुलोहघृताभयाः ।
हन्ति यक्ष्माणमत्युग्रं सेव्यमाना हिताशिना ॥ ५३ ॥

क्षयरोग में मध्वादिलेह—मधु, स्वर्णमाक्षिकभस्म, विडंगचूर्ण, शु० शिलाजीत, लौहभस्म, घृत तथा हर्रे का चूर्ण—इन द्रव्यों को मिलाकर अवलेह बनाये और पथ्यपूर्वक भोजन करनेवाला व्यक्ति सेवन करे। यह तीव्र प्रकार के राजयक्ष्मा रोग को नाश करता है। (मात्रा, स्वर्णमाक्षिकभस्म २ र०, विडंगचूर्ण ४ र०, शिलाजीत ४ र०, व्योष डेढ़ मासा, लौहभस्म एक र०, हर्रे एक मासा—दो मात्रा, घृत आधा तो० मधु एक तो०) ॥ ५३ ॥

क्षये नवनीतादियोगः—

शर्करामधुसंयुक्तं नवनीतं लिहन् क्षयी।
क्षीराशी लभते पुष्टिमतुल्ये चाज्यमाक्षिके ॥ ५४ ॥

क्षयरोग में नवनीतादियोग—जो क्षयरोग से पीडित व्यक्ति मधु तथा शर्करा के साथ मक्खन को चाटता है या विषम मात्रा में घृत तथा मधु को चाटता है और दूध पीता है वह बलवान् होता है ॥ ५४ ॥

क्षये त्वगादिलेहः—

त्वगेला पिप्पली वांशी शर्करा द्विगुणोत्तरा।
पार्श्वरुक्शुष्ककासे च समध्वाज्या रुचिप्रदा ॥ ५५ ॥

क्षयरोग में त्वगादिलेह—दालचीनी, इलायची, पीपर, वंशलोचन समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण तथा चूर्ण के दुगुना शक्कर मिलाकर विषम मात्रा में मधु तथा घृत के साथ चाटे। यह अवलेह पार्श्वपीड़ा तथा सूखी खांसी को नाश करता है और रुचि को बढ़ानेवाला है ॥ ५५ ॥

उरःक्षते लाक्षायोगः—

उरःक्षती पिबेल्लाक्षां पयसा मधुना सह।

मद्यमेव पिबेज्जीर्णे पयसाऽद्यात्सशर्करम् ॥ ५६ ॥

उरःक्षत में लाक्षायोग—उरःक्षत से पीड़ित रोगी मधु तथा दूध के साथ लाक्षा (लाख) को पान करे। जीर्ण उरःक्षत रोग में लाक्षा को शक्कर मिलाकर दूध के साथ खाय और ऊपर से केवल मद्य ही पान करे ॥ ५६ ॥

क्षतक्षीणे निर्गुण्डीघृतम्—

समूलपत्रनिर्गुण्डीरसपक्वं घृतं पिबेत् ।
क्षतक्षीणो भवेच्छोषी सर्वातङ्कविवर्जितः ॥ ५७ ॥

क्षतक्षीण में निर्गुण्डी घृत—मूल-पत्र सहित निर्गुण्डी (निर्गुण्डी का पञ्चांग) का रस घृत में पकाकर पान करे। इस घृत के पान करने से उरःक्षत से क्षीण शोष का रोगी सभी प्रकार के पीड़ाओं से रहित हो जाता है ॥ ५७ ॥

क्षये व्योषादिचूर्णम्—

व्योषचव्यविडङ्गानि चूर्णीकृत्य लिहेन्नरः ।
सर्पिर्मधुभ्यां मुच्येत क्षयरोगाज्जितेन्द्रियः ॥ ५८ ॥

क्षयरोग में व्योषादि चूर्ण—जितेन्द्रिय मनुष्य, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चव्य तथा विडङ्ग (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को विषम मात्रा में मधु तथा घृत के साथ चाटे। इस चूर्ण को चाटने से क्षयरोग से मुक्त हो जाता है ॥ ५८ ॥

क्षयेऽश्वगन्धादियोगः—

अश्वगन्धामृताभीरुदशमूलबलावृषाः ।
पुष्करातिबले घ्नन्ति क्षयं क्षीररसाशिनः ॥ ५९ ॥

क्षयरोग में अश्वगन्धादि योग—अश्वगन्धा (असगंध), गुडूची, भीरु, (शतावरी), दशमूल (बेल की छाल, गम्भारी, अरलू, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू), बरियार, अडूसा, पुष्करमूल तथा अतिबला (कंघी)—इन द्रव्यों का चूर्ण, दूध तथा मांसरस के साथ खानेवाले व्यक्ति के क्षय रोग को नाश करता है ॥ ५९ ॥

क्षये शिलाजत्वादियोगः—

शिलाजतुक्षौद्रविडङ्गसर्पिर्लोहाभ्रपारदताप्यभक्षः ।
आपूर्यते दुर्बलदेहधातुस्त्रिसप्तरात्रेण यथा शशाङ्कः ॥ ६० ॥

क्षयरोग में शिलाजत्वादि योग—शिलाजीत, मधु, बायविडङ्ग, घृत, लौहभस्म, हर्रे, पारद (पारा की भस्म), रससिन्दूर, ताप्य (स्वर्णमाक्षिक) भस्म—इन द्रव्यों के चूर्ण तथा भस्म को विषम मात्रा में मधु एवं शहद के साथ खानेवाले व्यक्ति का दुर्बल देह तथा क्षीण धातु (रस-रक्तादि) त्रिसप्त-

रात्र (एक्कीस दिन) में परिपूर्ण हो जाता है। जैसे क्षीण चन्द्रमा परिपूर्ण हो जाता है ॥ ६० ॥

रक्तक्षये लाक्षायोगः—

कूष्माण्डकगिरोत्थेन रसेन परिपेषितम्।
लाक्षाकर्षद्वयं पीत्वा जयेद्रक्तक्षयं नरः ॥ ६१ ॥

रक्तक्षय में लाक्षा योग—कूष्माण्डक (कोहड़ा) को कूट कर निकाले हुए रस के साथ लाक्षा (लाख) दोकर्ष (दो तोला) को पीसकर एवं पान कर मनुष्य क्षय रोग को जीत लेता है ॥ ६१ ॥

क्षये कपिमांसयोगः—

कपिमांसं समादाय श्लक्ष्णचूर्णं तु कारयेत्।
तत्पिबेत्क्षीरसंयुक्तं क्षयरोगहरं परम् ॥ ६२ ॥

क्षयरोग में कपिमांसयोग—कपि (बन्दर) के मांस को सुखाकर सूक्ष्म चूर्ण बनावें, और उस चूर्ण को दूध के साथ पान करे। यह उत्तम क्षयरोग को दूर करनेवाला है ॥ ६२ ॥

क्षये हरिणादिमांसयोगः—

हारिणं छागलं मांसं श्लक्ष्णचूर्णीकृतं शुभम्।
क्षीरेणाज्येन पातव्यं क्षयव्याधिनिषूदनम् ॥ ६३ ॥

क्षयरोग में हरिणमांसादि योग—हरिण (मृग) तथा छागल (बकरी) के मांस को महीन चूर्ण बनावें, और बकरी के दूध के साथ सेवन करें। यह क्षय रोग को नाश करनेवाला है ॥ ६३ ॥

क्षये खर्जूरादिघृतम्—

घृतं खर्जूरमृद्वीकामधूकैः सपरूषकैः।
सपिप्पलीकं वैस्वर्यकासश्वासज्वरापहम् ॥ ६४ ॥

क्षयरोग में खर्जूरादि घृत—खजूर, मुनक्का, महुआ, फालसा तथा पिप्पली इन द्रव्यों के कल्क से सिद्ध घृत वैस्वर्य (स्वरयन्त्र का विकार), कास, श्वास तथा ज्वर को नाश करनेवाला है ॥ ६४ ॥

क्षये नागबलायोगः—

चूर्णं नागबलायास्तु घृतमाक्षिकमिश्रितम्।
प्रलिह्यात्प्रातरुत्थाय क्षयव्याधिनिवारणम् ॥ ६५ ॥
घृतमाक्षिकसंमिश्रो वाट्यालकरसस्तथा।

क्षयरोग में नागबला योग—नागबला (गंगेरन) का चूर्ण घृत तथा मधु को मिलाकर, प्रातः काल उठ कर चाटे। यह क्षयरोग को दूर करनेवाला है।

तथा यव का रस (यूष) विषम मात्रा में घृत तथा मधु के साथ सेवन करने से क्षयरोग को दूर करता है ।

क्षये तिलादिचूर्णम्—

तिलमाषाश्वगन्धानां चूर्णमाजघृतान्वितम् ॥ ६६ ॥
लिह्यात्क्षौद्रयुतं प्रातः क्षयव्याधिनिबर्हणम् ।

क्षयरोग में तिलादि चूर्ण—क्षयरोग को दूर करनेवाले तिल, माष (उर्द) तथा अश्वगन्धा (असगंध) (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को विषम मात्रा—घृत आधा भाग तथा मधु एक भाग—में मिलाकर प्रातःकाल चाटें ।

क्षये रास्नादिघृतम्—

रास्नाबलागोक्षुरकस्थिरावर्षाभुसाधितम् ॥ ६७ ॥
जीवन्तीपिप्पलीगर्भं सक्षीरं शोषजिद् घृतम् ।

क्षयरोग में रास्नादि घृत—रासन, बरियार, गोखरू, शालपर्णी तथा निर्गुण्डी—इन द्रव्यों के क्वाथ तथा जीवन्ती एवं पीपर के कल्क के साथ दूध मिलाकर सिद्ध किया हुआ घृत क्षय रोग को जीत लेता है । (घृत के चौगुना क्वाथ्य द्रव्य, चौथाई कल्क द्रव्य तथा बराबर दूध लेना चाहिए ।)

क्षये स्वरभङ्गनिवारणार्थं कतिपययोगाः—

बलाविदारिगन्धाभ्यां विदार्या मधुकेन वा ॥ ६८ ॥
सिद्धं सलवणं सर्पिर्नस्यं स्वर्यमनुत्तमम् ।
प्रपौण्डरीकं मधुकं पिप्पली बृहती बला ॥ ६९ ॥
साधितं क्षीरसर्पिश्च तत्स्यर्यं नावनं घृतम् ।
दशमूलीश्रृतात्क्षीरात् सर्पिर्यदुदियान्नवम् ॥ ७० ॥
सपिप्पलीकं सक्षौद्रं तत्परं स्वरवर्धनम् ।
शिरःपार्श्वांसशूलघ्नं कासश्वासज्वरापहम् ॥ ७१ ॥

क्षयरोग में स्वरभङ्ग दूर करने के लिये कुछ योग—बरियार, विदारीगन्धा (शालपर्णी) या विदारीकन्द एवं मुलेठी के कल्क के साथ, सेन्धा नमक मिलाकर सिद्ध घृत नस्य देने से स्वरयन्त्र को उत्तम बनाता है । अर्थात् स्वर को साफ करता है, प्रपौण्डरीक, मुलेठी, पीपर, वनभंटा, बरियार (समभाग) इन द्रव्यों के कल्क तथा दूध मिलाकर सिद्ध घृत, नावन (नस्य लेने) देने से स्वर को साफ बनाता है । अर्थात् स्वरयन्त्र के विकार को दूर कर स्वर को ठीक करता है । दशमूल (बेल, गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) के क्वाथ से सिद्ध किये हुये दूध से जो नवीन घृत निकलता है, उसमें पीपर का चूर्ण तथा मधु मिलाकर सेवन करने से उत्तम स्वर को बढ़ानेवाला होता है और शिरःशूल, पार्श्वशूल तथा कन्धे के

शूल को नाश करनेवाला है एवं कास-श्वास तथा ज्वर को दूर करती है ॥ ६८-७१ ॥

शोषे मांसरसाद्यं घृतम्—

सिद्धं मांसरसक्षीरदशमूलशृतैर्घृतम् ।
जीवनीयैः सुसंपिष्टैस्तत्परं शोषजिन्मतम् ॥ ७२ ॥

शोष रोग में मांसरसाद्य घृत—मांसरस, दूध तथा दशमूल (बेल गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) के क्वाथ के साथ जीवनीय गण (जीवक, ऋषभक, काकोली, क्षीरकाकोली, मेदा, महामेदा, माषपर्णी, मुद्गपर्णी, जीवन्ती तथा मुलेठी) का कल्क मिलाकर सिद्ध किया हुआ घृत शोष रोग को जीतने में श्रेष्ठ है। (दशमूल क्वाथ्य द्रव्य घृत से चौगुना, जीवनीय गण चौथाई, मांसरस समभाग तथा दूध समभाग लेना चाहिए) ॥ ७२ ॥

शोषे पुनर्नवाद्यं घृतम्—

पुनर्नवाबलारास्नास्थिरापिप्पलिगोक्षुरैः ।
जीवन्त्या च घृतं सिद्धं पयसा शोषजित्परम् ॥ ७३ ॥

शोष रोग में पुनर्नवाद्य घृत—पुनर्नवा, बरियार, रासन, शालपर्णी, पीपर, गोखरू तथा जीवन्ती—इन द्रव्यों (घृत के चौगुना क्वाथ तथा चौथाई कल्क) के साथ समभाग दूध मिलाकर सिद्ध किया हुआ घृत शोष रोग को जीत लेता है ॥ ७३ ॥

राजयक्ष्मणः शिरःशूलादौ शतपुष्पाद्यालेपनम्—

शतपुष्पा समधुकं कुष्ठं तगरचन्दने ।
आलेपनं स्यात्सघृतं शिरःपार्श्वांसशूलनुत् ॥ ७४ ॥

राजयक्ष्मा रोगी के शिरःशूल आदि उपद्रव में शतपुष्पाद्य लेपन—सौंफ, मुलेठी, कूठ, तगर तथा चन्दन—इन द्रव्यों को पीसकर लुगदी बनावें और मधु मिलाकर शिर पर आलेपन करें। यह आलेपन शिरःशूल, पार्श्वशूल तथा कन्धे के शूल को दूर करता है ॥ ७४ ॥

क्षये श्वासादिनिवृत्त्यर्थं कतिपयलेहयोगाः—

खर्जूरं पिप्पली द्राक्षा पथ्या शृङ्गी दुरालभा ।
त्रिफला पिप्पली मुस्तं शृङ्गाटी गुडशर्करा ॥ ७५ ॥
पुष्करास्यं शटी वीरा सुरसं शर्करा गुडः ।
नागरं चित्रकं लाजाः पिप्पल्यामलके तथा ॥ ७६ ॥
श्लोकार्धविहितानेतान् लेहान् सक्षौद्रसर्पिषा ।
श्वासकासापहान् स्वर्यान् लिह्यात्पार्श्वरुजापहान् ॥ ७७ ॥

क्षयरोग में श्वास दूर करने के लिये कुछ लेह योग—१-खजूर, पीपर, मुनक्का, हर्रे, काकड़ासिंघी तथा जवासा। २-या त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), पीपर, मोथा, शृङ्गाटी (सिंघाड़ा) तथा गुड़ का शक्कर। ३-या पुष्करमूल, कपूरकचरी, वीरा (शतावरी), तुलसी तथा गुड़ का शक्कर एवं। ४-सोंठ, चित्रक, धान का लावा, पीपर तथा आंवला—इन आधे श्लोक से कहे गये लेहों को मधु एक भाग तथा घृत आधा भाग के साथ चाटे। ये लेहयोग श्वास तथा कास को दूर करनेवाले, स्वर बढ़ानेवाले तथा पार्श्वपीड़ा को नाश करनेवाले हैं॥ ७५-७७॥

क्षयेऽश्वगन्धाद्युद्वर्तनम्—

अश्वगन्धा ह्यपामार्गो नाकुली गौरसर्षपाः।
तिला बिल्वं च कल्कः स्यात्क्षये तूद्वर्तनं परम्॥ ७८॥
रहस्यमेतद्वैद्यानामुपदिष्टं चिकित्सितम्।

क्षयरोग में अश्वगन्धादि उद्वर्तन—अश्वगन्धा (असगन्ध), अपामार्ग (चिड़चिड़ा), नाकुली (अन्धाहुली), सफेद सरसो, तिल, बेल की छाल—इन द्रव्यों का कल्क क्षयरोग मे उत्तम उद्वर्तन (उबटन) है। यह वैद्यों की गोप्य चिकित्सा को बताया गया है।

क्षये मद्यमांसोपयोगः—

मद्यं क्रव्यादमांसं च शोषिणाममृतोपमम्॥ ७९॥

क्षयरोग में मद्य तथा मांस का उपयोग—शोषरोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिये मद्य आदि तथा क्रव्याद-मांस (मांस खानेवाले प्राणियों का मांस) अमृत के समान अर्थात् अच्छी तरह मांस को बढ़ानेवाला है॥ ७९॥

क्षये कतिपययोगाः—

घृतेन गव्येन सहोपयुक्तं क्षयापहं वानरमांसमाहुः।
गोक्षीरयुक्तं प्रशमाय तस्य स्यान्नीलिनीमूलमथामयस्य॥ ८०॥
रसोनयोगं विधिवत्क्षयातः क्षीरेण वा नागबलाप्रयोगम्।
सेवेत वा मागधिकाविधानं तथैव योगं मधुनाऽश्मजस्य॥ ८१॥
एला पत्रं नागपुष्पं लवङ्गं भागस्तेषां द्वौ च खर्जूरकस्य।
द्राक्षायष्टीशर्करापिप्पलीनां चत्वार्येतत्क्षौद्रयुक्तं क्षये स्यात्॥ ८२॥
धात्रीफलं कर्कटशृङ्गिका च दुरालभा जीरकचित्रकौ च।
द्राक्षाभया पिप्पलिका च शुण्ठी सेवेत्क्षयार्तो मधुना गुडेन॥ ८३॥

क्षयरोग में कुछ योग—१-गाय के घृत के साथ सेवन किया हुआ वानर का मांस, क्षय रोग को दूर करनेवाला है। २-और नीलिनी (नील) की जड़, गोदुग्ध के साथ पीसकर सेवन करने से क्षयरोग को शान्त करनेवाली

होती है। ३–क्षयरोग से पीड़ित व्यक्ति रसोन (लहसुन) के योग को दूध के साथ विधिपूर्वक सेवन करे। ४–या नागबला का योग दूध के साथ सेवन करे। ५–या पिप्पली योग दूध के साथ सेवन करे तथा ६–शिलाजीत का योग मधु के साथ सेवन करे। ७–इलायची, तालीसपत्र, नागकेशर तथा लवंग दो-दो भाग, खजूर, मुनक्का, मुलेठी, शक्कर तथा पीपर चार-चार भाग—इन सभी द्रव्यों के चूर्ण को शक्कर तथा मधु मिलाकर क्षयरोग में सेवन करे। ८–आंवला, काकड़ासिंघी, यवासा, जीरा, चित्रक, मुनक्का, अभया (हर्रे), पीपर तथा सोंठ—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु तथा गुड़ के साथ क्षयरोग से पीड़ित व्यक्ति सेवन करे॥ ८०–८३॥

क्षये रास्नाद्यं चूर्णम्—

रास्नामुस्तमुशीरपद्मकलवङ्गान्यश्वगन्धा सिता
भार्गी सत्रिफला कटुत्रययुता तद्द्विडङ्गानि च।
एलापत्रकनागकेसरमरुहार्वन्विता पिप्पली-
मूलं सद्विगुणा सिता च हरते सश्वासकासं क्षयम्॥ ८४॥

क्षयरोग में रास्नाद्य चूर्ण—रासन, मोथा, खस, पद्मकाठ, लवंग, अश्वगन्धा, भांगरा, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), कटुत्रय (सोंठ, पीपर, मरिच), वायविडंग, इलायची, तेजपत्र, नागकेशर, मरुहारु (देवदारु) तथा पिपरामूल, इन द्रव्यों के चूर्ण के दुगना शक्कर मिलाकर खाने से श्वास तथा कास से युक्त क्षयरोग को दूर करता है॥ ८४॥

क्षये शिलाजतुयोगः—

फलत्रिकक्काथविशुद्धमादौ सिद्धं गुडूच्या दशमूलसिद्धम्।
स्थिरादिकाकोलियुगादिसिद्धं शिलाजतु स्यात्क्षयिषु प्रशस्तम्॥

क्षयरोग में शिलाजतुयोग—शिलाजीत को सर्वप्रथम फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के क्काथ की भावना देकर शुद्ध करे उसके बाद गुडूची-स्वरस की भावना से तथा दशमूल (बेल, गम्भारी, पाढल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू) के क्काथ की भावना दे। तदनन्तर स्थिरादि युग (शालपर्णी, पृश्निपर्णी)—इन द्रव्यों के क्काथ से भावित कर क्षय के रोगियों के लिये देना प्रशस्त है।

यवाग्वा वा पिबेन्मात्रां लिह्याद्वा मधुना सह।
सिद्धानां सर्पिषामेषामद्यादन्नेन वा सह।
शुष्यतामेष निर्दिष्टो विधिराभ्यवहारिकः॥ ८६॥
बहिःस्पर्शनमाश्रित्य प्रवक्ष्यास्यपरं विधिम्।

इस सिद्ध शिलाजतु योग की यवागू (हलुआ) (छः गुने पानी में सिद्ध

किया हुआ चावल) के साथ मात्रापूर्वक पान करे या मधु के साथ चाटे। अथवा इन पूर्वोक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत को अन्न के साथ भक्षण करे या इन द्रव्यों से सिद्ध घृत के साथ शिलाजतु योग को सेवन करे। यह विधि क्षय के रोगियों के आभ्यन्तरिक प्रयोग के लिये कही गयी है। वाह्य प्रयोग के लिये अन्य विधि को कहूँगा। यह शोषरोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिये खान-पान में प्रयोग करना चाहिए। वाह्योपचार के लिये अन्य विधियों (योगों) को आगे बता रहा हूँ।

क्षयेऽभ्यङ्गादिवाह्योपचाराः—

स्नेहक्षीराम्बुकोष्टे तं स्वभ्यक्तमवगाहयेत् ॥ ८७ ॥
स्रोतोविबन्धमोक्षार्थं बलपुष्ट्यर्थमेव च ॥ ८८ ॥
उत्तीर्णं मिश्रकैः स्नेहैः पुनरुक्तैः सुखैः करैः।
मृदूनीयात्सुखमासीनं सुखं चोत्सादयेन्नरम् ॥ ८९ ॥

क्षयरोग में अभ्यङ्गादि वाह्योपचार—पूर्वोक्त प्रकार से अच्छी तरह अभ्यक्त व्यक्ति को स्रोतों के विबन्ध को दूर करने तथा बलवान् और शक्तिमान बनाने के लिये घृत, दुग्ध तथा जल के कोष्ठ (कोठिला—डूम) में स्नान कराये। स्नान करने के बाद सुखपूर्वक बैठे हुए मनुष्य की सूर्य के धूप में पूर्वोक्त सुखकारक मिश्रक स्नेहों से मर्दन करे तथा उत्सादन करे ॥ ८७–८९ ॥

क्षये उत्सादनार्थं जीवन्त्याद्यं चूर्णम्—

जीवन्तीं शतवीर्यां च विकसां सपुनर्नवाम्।
अश्वगन्धामपामार्गं तर्कारीं मधुकं बलाम् ॥ ९० ॥
विदारीं सर्षपान् कुष्ठं तण्डुलानतसीफलम्।
मापांस्तिलान् सकिण्वं च सर्वमेकत्र चूर्णयेत् ॥ ९१ ॥
यवचूर्णं च द्विगुणं दध्ना युक्तं समाक्षिकम्।
एतदुत्सादनं कार्यं पुष्टिवर्णबलप्रदम् ॥ ९२ ॥

क्षयरोग में उत्सादनार्थ जीवन्त्याद्य चूर्ण—जीवन्ती, शतवीर्या (शतावरी), विकसा (मांसरोहिणी), पुनर्नवा, अश्वगन्धा, अपामार्ग, जयन्ती, मुलेठी, वरियार, विदारीकन्द, सरसो, कूठ, चावल, अलसीफल (अलसी), माष, तिल तथा किण्व (चावल आदि को उबाल कर तैयार किये हुए मदिरा के बीज)—इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण बनावे। चूर्ण के दुगुना यव चूर्ण मिला दे और दही तथा मधु मिलाकर उबटन तैयार कर ले एवं इससे उबटन लगावे। यह उत्सादन (उबटन) पुष्टि (शक्ति), वर्ण तथा बल को बढ़ानेवाला है ॥ ९०–९२ ॥

क्षये विहारव्यवस्था—

गौरसर्षपकल्केन गन्धैश्चापि सुगन्धिभिः ।
स्नायाद्ऋतुसुखैस्तोयैर्जीवनीयौषधैः शृतैः ॥ ६३ ॥
गन्धैः समाल्यैर्वासोभिर्भूषणैश्च सुभूषितः ।
स्पर्शान् संस्पृश्य संपूज्य देवताः सभिषग्द्विजाः ॥ ६४ ॥
इष्टवर्णरसस्पर्शो गन्धवत्पानभोजनम् ।
इष्टमिष्टैरुपहितं हितमद्यात्सुखप्रदम् ॥ ९५ ॥

क्षयरोग में विहार-व्यवस्था—सफेद सरसो के कल्क, सुगन्धित, गन्ध द्रव्यों (खस, सुगन्धवाला आदि) के कल्क तथा जीवनीय गण (जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, जीवन्ती तथा मुलेठी) के द्रव्यों से उबाले हुए ऋतु के अनुसार सुखकर (वर्षा ऋतु में मनुष्य शीत, ग्रीष्म ऋतु में उष्ण), जल से स्नान करे । सुगन्धित चन्दन, सुगन्धित वस्त्र तथा आभूषणों से विभूषित होकर वैद्य तथा ब्राह्मणों के सहित देवताओं की पूजाकर और स्पर्श करने योग्य वस्तुओं को स्पर्श कर, अभीष्ट वर्ण, रस तथा स्पर्श से युक्त होकर सुगन्धित, अभीष्ट पदार्थों से निर्मित अपनी इच्छा के अनुसार सुखकर तथा हितकर पान (पेय पदार्थ) एवं भोजन को करे ।

समातीतानि धान्यानि कल्पनीयानि शुष्यताम् ।
लघून्यहीनवीर्याणि तानि पथ्यतमानि च ॥ ९६ ॥

एक वर्ष का पुराना, सूखा हुआ, हल्का तथा हीन वीर्य से रहित (पुष्ट) अधिक पथ्यकारक धान को भोजन के लिये ग्रहण करना चाहिये ।

यच्चोपदेक्ष्यते किंचित्क्षतक्षीणचिकित्सिते ।
यक्ष्मिणस्तत्प्रयोक्तव्यं बृंहणं मांसवृद्धये ॥ ९७ ॥
अभ्यङ्गोत्सादनस्नानैरवगाहैर्विमार्जनैः ।
बस्तिभिः क्षीरसर्पिर्भिर्मांसैर्मांसरसौदनैः ॥ ९८ ॥
इष्टैर्मद्यैर्मनोज्ञानां गन्धानामुपसेवनैः ।
यथर्तुविहितैः स्नानैर्वासोभिश्च हितैः प्रियैः ॥ ९९ ॥
सुहृदां रमणीयानां प्रमदानां च दर्शनैः ।
गीतवादित्रशब्दैश्च प्रियश्रुतिभिरेव च ॥ १०० ॥
हर्षणाश्वासनैर्नित्यं गुरूणां समुपासनैः ।
ब्रह्मचर्येण दानेन तपसा देवतार्चनैः ॥ १०१ ॥
सत्येनाचारयोगेन मङ्गलैरविहिंसया ।
वैद्यविप्रार्चनाच्चैव रोगराजो निवर्तते ॥ १०२ ॥

क्षतक्षीण की चिकित्सा में भी कुछ कहा जानेवाला है, उन सभी चिकित्सा आदि उपक्रमों को राजयक्ष्मा के रोगी के बल तथा मांस को बढ़ाने के लिये प्रयोग करना चाहिए। अभ्यङ्ग (अभ्यञ्जन), उत्सादन (उबटन), स्नान, अवगाहन (जलाशय मे प्रवेश कर स्नान), विमार्जन (थोड़े जल को लेकर छिड़कना), बस्तिकर्म, दूध तथा घृत, मांस, मांसरस तथा भात, मनपसन्द मद्य, मनको प्रसन्न करनेवाले गन्ध द्रव्यों का सेवन, ऋतु के अनुसार (ग्रीष्म ऋतु में शीत, शीत ऋतु में उष्ण तथा वर्षा ऋतु में अनुष्ण शीत) स्नान, वस्त्र (ग्रीष्म ऋतु में पतला स्वच्छ, शीत ऋतु में मोटा ऊनी कपड़ा, वर्षा ऋतु में उभय विधि प्रारम्भ में पतला तथा अन्त में मोटा,) हितकर पदार्थ, अभीष्ट पदार्थ, मित्र तथा रमणीय, वस्त्राभूषण से विभूषित ललनाओं का दर्शन, गीत एवं वाद्य का शब्द तथा श्रवण को अच्छे लगनेवाले शुद्ध, प्रसन्न करनेवाले वस्तु, आश्वासन, प्रतिदिन गुरुओं की उपासना, ब्रह्मचर्य, दान, मंगलकारक पदार्थ, अहिंसा (मानसिक, वाचनिक तथा कायिक, किसी भी प्रकार से किसी को कष्ट न देना) और वैद्य तथा ब्राह्मणों का पूजन आदि से रोगराज (राजयक्ष्मा) दूर हो जाता है ॥ ९३–१०२ ॥

क्षये पिप्पलीमूलाद्योऽरिष्टः—

समूला पिप्पली शृङ्गी बृहती ह्यश्मभेदकः ।
पाटला देवकाष्ठं च श्वदंष्ट्रा ह्यभया तथा ॥ १०३ ॥
एकैकात्षोडशपलं कोलानामाढकं तथा ।
दन्तीचित्रकमूलानां पञ्चविंशपलं पृथक् ॥ १०४ ॥
चतुर्गुणे जलद्रोणे पचेदर्धावशेषितम् ।
शीतं समावपेद्भाण्डे प्रलिप्ते मधुसर्पिषा ॥ १०५ ॥
खण्डस्य द्वे शते शुद्धे तद्वल्लोहं समावपेत् ।
पत्रीकृतं तिलोत्सेधं सूक्ष्मचूर्णान्यमूनि च ॥ १०६ ॥
प्रियंगुं पिप्पलीं रोध्रं मृद्वीकां सैलवालुकम् ।
क्रमुकं शतपुष्पां च निम्बं तेजोवतीमपि ॥ १०७ ॥
पालिकान् देवदारुं च खदिरस्य चतुःपलम् ।
क्षौद्रप्रस्थद्वयं चापि समासिच्य घटे शुभे ॥ १०८ ॥
सौम्ये पुष्ये तथा हस्ते रोहिण्यामुत्तरासु च ।
दशरात्रस्थितः पेयोऽरिष्ट आत्रेयपूजितः ॥ १०९ ॥
अश्विभ्यां कथितं पूर्वं रसायनमिदं शुभम् ।
यथाग्निबलमात्रां तु पिबेदस्य हिताशनः ॥ ११० ॥
धन्यं पुष्टिकरं मेध्यं वलीपलितनाशनम् ।

क्षयकासज्वरप्लीहकुष्ठगुल्माग्निमार्दवे ॥ १११ ॥
श्वित्रेऽश्मर्यां तथोदर्दे विद्रध्यामन्त्रवृद्धिषु ।
पाण्डुरोगोदरस्तन्यरेतोदोषे च शस्यते ॥ ११२ ॥
नाडीपिडिकयोर्दोषे भूतापस्मारसङ्करे ।

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
राजयक्ष्मक्षतक्षीणशोषाधिकारो नवमः ।

क्षयरोग में पिप्पलीमूलाद्य-अरिष्ट—पिपरामूल, पीपर, काकड़ासिंघी, वनभंटा, पाषाणभेद, पाढ़ल, देवदारु, गोखरू तथा हर्रे—इन द्रव्यों को सोरह-सोरह पल (छटांक—नौ-नौ सौ ग्राम), वैर एक आढ़क । दन्ती, चित्रक तथा मूल (पुष्करमूल) पच्चीस-पच्चीस पल (छटांक) इन द्रव्यों को एकत्रकर कूट पीस कर चौगुने (सभी द्रव्यों से चौगुने जल में) जल (चार द्रोण में) में पकावें । आधा (द्रोण) शेष क्वाथ को शीतलकर मधु तथा घृत से लिप्त भाण्ड में रक्खे । और शुद्ध शक्कर (दो सौ पल) तथा लोहा का तिल के समान मोटा पत्र, एवं निम्न औषधों के चूर्ण को मिला दे । प्रक्षेप द्रव्य प्रियङ्गु (फूलप्रियंगु), पीपर, लोध, मुनक्का, एलवालु, सुपारी, सौंफ, नीम की छाल, तेजवल एक-एक पल, देवदारु तथा खैर चार-चार पल, मधु दो प्रस्थ मिलाकर शुद्ध एवं मंगलकारक घड़े में एवं सौम्य, पुष्य, हस्त, रोहिणी तथा तीनों उत्तरा नक्षत्रों में दश रात तक रक्खे । (इसके बाद यह अरिष्ट तैयार हो जाता है ।) तदन्तर इस आत्रेय के द्वारा पूजित अरिष्ट को पान करे । अश्विनीकुमार द्वारा पहले का बताया हुआ यह उत्तम रसायन है । इस अरिष्ट को पथ्यपूर्वक रहनेवाला व्यक्ति जाठराग्नि तथा बल के अनुसार मात्रापूर्वक पान करे । यह अरिष्ट धनवर्द्धक, पुष्टिकारक, मेधावर्द्धक तथा वली (मुख में झुर्री पड़ना), पलित (असमय में बाल पकना) को नाश करनेवाला है । राजयक्ष्मा, कास, ज्वर, प्लीहावृद्धि, कुष्ठ रोग, गुल्म रोग, अग्निमान्द्य, श्वित्र (श्वेत कुष्ठ) उदर्द, विद्रधि, आन्त्रवृद्धि, पाण्डुरोग, उदर रोग, स्तन्य दोष (दूधसम्बन्धी विकार) तथा रेतोदोष (वीर्यसम्बन्धी विकार), नाडीदोष, पिड़िका (फोड़ा) विकार तथा भूतदोष एवं अपस्मार संकर में उत्तम है । अर्थात् इन रोगों को शान्त करता है ।

शोढल-विरचित गदनिग्रह में काय-चिकित्सा खण्ड में राजयक्ष्मा क्षतक्षीण तथा शोषाधिकार नवम समाप्त ।

अथ कासाधिकारो दशमः ।

अथातः कासनिदानं व्याख्यास्यामः ।

कासस्य निदानपूर्विका संप्राप्तिः—

क्षयायोपेक्षिताः कासा इति शोषनिदानताम् ।
कासस्याहुरतः कासस्तदनन्तरमुच्यते ॥ १ ॥
धूमोपघाताद्रसतस्तथैव व्यायामरूक्षान्ननिषेवणाच्च ।
विमार्गगत्वादपि भोजनस्य वेगावरोधात्क्षवथोस्तथैव ॥ २ ॥
प्राणो ह्युदानानुगतः प्रदुष्टः संभिन्नकांस्यस्वनतुल्यघोषः ।
निरेति वक्त्रात्सहसा सदोषो मनीषिभिः कास इति प्रदिष्टः ॥ ३ ॥

इसके बाद कास का निदान कहते हैं—

कास का निदानपूर्वक सम्प्राप्ति—उपेक्षा करने से कास रोग क्षय में परिणत हो जाता है, इस प्रकार कास रोग शोषरोग का निदान (कारण) बन जाता है अतः क्षयरोग के बाद कास का निरूपण करते हैं। धुवें के (मुख, नासिका तथा गले में) प्रवेश करने से, 'रजसः' उक्त मार्ग में धूल-गर्द आदि के प्रवेश करने से या 'रसतः' आम रस वायु के द्वारा प्रेरित होकर मुख के तरफ आने से, व्यायाम तथा रूक्ष अन्न सेवन करने से, भोजन के विमार्ग (श्वासनलिका आदि) गामी (विरुद्ध मार्ग से) होकर चले जाने से तथा छींक के वेग को रोकने से कास (खांसी) की उत्पत्ति होती है। ऊपर के कारणों से दुष्ट प्राण वायु उदान वायु से मिलकर फूटे कांसे के पात्र के शब्द के समान शब्द करता हुआ दोष (कफ, पित्त) सहित सहसा निकलता है उसे (इस अवस्था विशेषको) विद्वान् लोग कास कहते हैं।

पञ्च कासाः स्मृता वातपित्तश्लेष्मक्षतक्षयैः ।
क्षयायोपेक्षिताः सर्वे बलिनश्च यथोत्तरम् ॥ ४ ॥

कास वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, क्षतज तथा क्षयज भेद से पांच प्रकार की होती है। उपेक्षा करने से ये पांचों प्रकार के कास क्षयरोग में परिणत हो जाती हैं तथा उत्तरोत्तर (वातिक से पैत्तिक तथा पैत्तिक से कफज आदि इस प्रकार) बलवान होती हैं ॥ ४ ॥

विमर्श—कास-प्रवृत्ति में सामान्यतः बाह्य-आभ्यन्तर भेद से दो कारण माने जाते हैं। धूमोपघात तथा धूलि आदि का प्रवेश ये बाह्य कारण हैं और गलशोथ आदि आभ्यन्तर कारण हैं। कास अनेक रोगों के उपद्रवभूत

दिखाई देता है किन्तु जहां पर अनेक लक्षण उत्पन्न होते हों वहां इसको स्वतन्त्ररोग मानकर इसकी विशेष चिकित्सा की जाती है।

कास की निरुक्ति—कसनात् कासः "कस् गतौ:" इस धातु से ऊर्ध्वगति अर्थ में कास सिद्ध हुआ है। "कासनं कासः" "कास कुशब्दे" इस धातु से कास शब्द की सिद्धि होती है।

इसके अतिरिक्त "कसति शिरःकण्ठादूर्ध्वं गच्छति वायुरिति" इसमें वायु कण्ठ से ऊपर शिर की ओर जाती है, अतः इसे 'कास' कहते हैं।

धूमोपघातात्—धूम के एकाएक मुख, नासिका तथा गले में प्रवेश करने से वातनाड़ियों में क्षोभ होने से केन्द्र द्वारा उत्तेजना मिलने पर कास की उत्पत्ति होती है और नासा-मुख आदि में धूल के प्रवेश करने से भी वहां फैली हुई वातनाड़ियों में क्षोभ होता है और केन्द्र द्वारा उत्तेजना मिलने पर धूमोपघात के तरह कास की उत्पत्ति होती है।

रसतः—उदान वायु के द्वारा गला पर्यन्त पहुँचाये गये आम रस के कारण ही उत्तेजना होकर खांसी आने लगती है। व्यायामाधिक्य से भी श्वासोच्छ्वास के विपरीत होने पर भी कास की उत्पत्ति होती है।

विमार्गगत्वाच्च हि भोजनस्य—अन्नप्रणाली के समीप में ही श्वासनलिका का भी मार्ग है। इन दोनों के खुलने तथा बन्द होने का नियमन (नियन्त्रण) उपजिह्विका के द्वारा होता है। मुख द्वारा किया हुआ भोजन अन्नप्रणाली द्वारा आमाशय में पहुंचता है। यह भोजन का प्राकृतिक रास्ता है। कदाचित् भोजन करते समय दोनों के क्रम में वैपरीत्य हो जाता है तो भोजन अन्नप्रणाली में न जाकर श्वासनलिका के द्वारा प्रवेश करता है और इसके प्रवेश करते ही वहां की कला में क्षोभ होता है तथा केन्द्रीय सूचना या साक्षात्प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा कास की उत्पत्ति होती है एवं असात्म्य पदार्थ बाहर निकल जाता है। अतः "अजल्पन्नहसंस्तन्मना भुंजीत" इस आप्तोपदेश को पालन करने का आदेश है। इसको भूलकर भोजन करते समय हसने तथा बोलने से कास की उत्पत्ति सम्भावित है।

सदोष—खांसते समय कफ या पित्त बाहर निकलता है। कास तथा हिक्का, श्वास का स्थान एवं कारण समान हैं किन्तु कास आदि में वातादिभेद होता है और हिक्का-श्वास में वातादिभेद नहीं होते तथा कास में खांसते समय कफ या पित्त बाहर निकलता है और हिक्का-श्वास में कोई पदार्थ बाहर नहीं निकलता।

प्राणो ह्युदानानुगतः—शरीर में प्राधान्यतः प्राणवायु तथा अपानवायु विशेष कार्य करते हैं। प्राणवायु प्रापण करानेवाली है अतः उसको प्राणवायु कहते हैं।

यह शरीर के परिसरीय भागों से केन्द्र तक सूचना पहुँचानेवाली वायु है। इससे भोजन को उदर तक पहुंचानेवाली, रस को धातुपोषण में प्रवृत्त करानेवाली, विष्णुपदामृत (Oxygen) को फुफ्फुस में पहुंचानेवाली तथा प्रान्तीय भागों से केन्द्र पर्यन्त संज्ञावहन करानेवाली नाडीगत वात को प्राणवायु कहते हैं। अपानवायु का कार्य इससे विपरीत है। वह केन्द्र से प्रान्त में तथा शरीर से बाहर की ओर प्रवृत्त कराती है। केन्द्र से प्रान्तीय भागों में आनेवाली संज्ञावाहिनियों को तथा शरीर के लिये अनुपयोगी मल-मूत्रादि को बाहर निकालने के लिये प्रेरित करनेवाली वायु को 'अपानवायु' कहते हैं। शेष सभी वायु इन्हीं दोनों वायुओं के भेद हैं। उदानवायु अपान का भेद हैं। क्योंकि उदानवायु भी बाहर निकालने का कार्य करता है। इसका स्थान कण्ठ है और वाणी का प्रवर्तक है। प्राण तथा अपानवायु में सामञ्जस्य पैदा करने का कार्य समानवायु करती है। और यह क्रिया उदर में स्पष्ट रूप से मिलने से उसका स्थान नाभि या शरीर का मध्य भाग माना गया है। सभी शरीर में परिभ्रमण करनेवाली वायु को व्यानवायु कहते हैं। सुषुम्नाशीर्ष में कास का केन्द्र है। कास को प्रवृत्त कराने में त्रिशाखा—जिह्वाग्रसनिका, प्राणदा तथा अनुकोष्ठिका नाड़ियां कार्य करती हैं। ये ही प्राण तथा उदान वायु के अधिष्ठान हैं। क्योंकि इन्हीं से क्षोभ आदि का ज्ञान एवं ऊर्ध्व प्रक्षेपण का कार्य सिद्ध होता है। इस प्रकार दुष्ट प्राणवायु उदानवायु से मिलकर भिन्न कांसे के शब्द के समान स्वरवाले कास को उत्पन्न करता है।

कासपूर्वरूपम्—

पूर्वरूपं भवेत्तेषां शूकपूर्णगलास्यता।
कण्ठे कण्डूश्च भोज्यानामवरोधश्च जायते॥ ५॥

कास का पूर्वरूप—पूर्वोक्ति उन वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, क्षतज तथा क्षयज कासों के पूर्वरूप में गला तथा मुख में शूक (धान्य, तृण आदि के चिकने और नुकीले टूंड) भर जाने के समान वेदना का होना, कण्ठ में खुजली तथा भोज्य पदार्थों का गले में अवरोध ये लक्षण होते हैं॥ ५॥

विमर्श—तालु एवं अन्य नलिका के ऊपरी भाग (ग्रसनिका) में वातादि दोषों के प्रकोप में कण्टक के समान रचना बन जाती है जिसके कारण शूक के समान वेदना का अनुभव होता है। कास की उपस्थिति में श्लेष्मा का भी अंश रहता है, अतः उसकी विद्यमानता से खुजली या खरास-सी होती है। वातादि दोषों के प्रकोप से गलशुण्डिका तथा ग्रसनिका-ग्रन्थि में शोथ हो जाने से अन्नप्रणाली पहले की अपेक्षा संकुचित हो जाती है अतः भोजन को निगलने में कष्ट का अनुभव होता है।

वातजादिभेदेन कासलक्षणानि—

हृच्छङ्खमूर्धोदरपार्श्वशूलो क्षामाननः क्षीणबलस्वरौजाः ।
प्रसक्तवेगस्तु समीरणेन भिन्नस्वरः कासति शुष्कमेव ॥ ६ ॥
उरोविदाहज्वरवक्त्रशोषैरभ्यर्दितस्तिक्तमुखस्तृषार्तः ।
पित्तेन पीतानि वमेत्कटूनि कासेत्सपाण्डुः परिदह्यमानः ॥ ७ ॥

वात, पित्त तथा कफ के भेद से कास के लक्षण—वातिककास—वातिककास से पीड़ित रोगी के हृदय प्रदेश, शङ्ख प्रदेश, सिर, उदर तथा पार्श्व में शूल होना, रोगी का मुख सूखा तथा प्रभा रहित दिखाई देता है। शारीरिकबल, स्वर तथा ओज भी क्षीण हो जाते हैं। हमेशा खांसी के वेग आते रहते हैं। शब्द फटे हुए के तरह हो जाते हैं या खांसी सूखी ही आती है। अर्थात् कफ आदि प्रायः नहीं निकलते हैं। पैत्तिककास—पित्तजकास से पीड़ित रोगी की छाती में जलन, ज्वर तथा मुख सूखा रहता है। मुख का स्वाद तिक्त (कड़वा) रहता है एवं प्यास अधिक लगती है। पित्त के साथ पीले रंग का कड़वा वमन होता है, सम्पूर्ण शरीर में दाह तथा पाण्डुरोग की उपस्थिति ये पैत्तिककास के लक्षण होते हैं।

प्रलिप्यमानेन मुखेन सीदन् शिरोरुजार्तः कफपूर्णदेहः ।
अभक्तरुग्गौरवकण्डुयुक्तः कासेद् भृशं सान्द्रकफः कफेन ॥ ८ ॥

श्लैष्मिककास—कफजकास से पीड़ित रोगी का मुख कफ से लिप्त रहता है, वह—शरीर-शैथिल्य से तथा शिरःशूल से पीड़ित रहता है, शरीर कफ से भरा हुआ हो ऐसी प्रतीति होती है। भोजन में अरुचि, शरीर में भारीपन तथा खुजली हो जाती है, और खांसने से गाढ़ा कफ निकलता है ॥ ८ ॥

विमर्श—चरक के अनुसार रूक्ष, शीत तथा कषाय रस-प्रधान द्रव्य, अल्पाशन, अधिक मैथुन, वेगविधारण एवं श्रम से कुपित वायु वातिक कास को उत्पन्न करता है। इसके उत्पन्न होने से हृदय प्रदेश में पीड़ा, पार्श्व, वक्ष तथा सिर में शूल एवं स्वरभेद होता है रोगी को रोमाञ्च प्रतीत होता है तथा अन्धकार में प्रविष्ट सा अपने को अनुभव करता है। इस प्रकार दुर्बलता, दीनता, क्षोभ एवं मोह को करनेवाला, तीव्र शब्दयुक्त, सूखी खांसी होती है। कभी २ शुष्क कफ को निकालने के बाद खांसी का प्रकोप कम हो जाता है।

रूक्ष-शीत आदि प्रकोपक कारणों से वात का प्रकोप होता है और वात-प्रकोप से वातनाड़ियों में क्षोभ होकर कास की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार शुष्क एवं निरंतर खांसने से हृदय, पार्श्व आदि प्रदेशों में शूल होता है

और अधिक खांसने से मुख सूख जाता है, रोगी की कान्ति क्षीण-प्राय हो जाती है।

चरक ने पित्तिक कास की उत्पत्ति, कटु, उष्ण, विदाही, अम्ल तथा क्षार का अति सेवन करने से मानी है। इसका कुछ विशिष्ट लक्षण निम्न प्रकार है—

"कटुकोष्ण-विरुद्धाम्ल-क्षाराणामतिसेवनात् ।
पित्तकासकरं क्रोधः संतापश्चाग्निसूर्यजः ॥
पीतनिष्ठीवनाक्षित्वं तिक्तास्यत्वं स्वरामयः ।
उरोधूमायनं तृष्णा दाहो मोहोऽरुचिर्भ्रमः ॥
प्रततं कासमानश्च ज्योतींषीव च पश्यति ।
श्लेष्माणं पित्तसंसृष्टं निष्ठीवति च पैत्तिके ॥

इस प्रकार सुश्रुत ने पैत्तिककास में ज्वर की सत्ता स्वीकार की है, यथार्थ में कास के सामान्य निदान के साथ यदि पित्तज कारणों का भी अनुबन्ध हो जाता है तो कास पित्त के लक्षणों से भी युक्त हो जाता है। पैत्तिककास, पित्तज्वर तथा अन्य जीर्णज्वरों में मिलती हैं।

श्लैष्मिककास में चरक ने मधुर, गुरु तथा अभिष्यन्दी आदि कफवर्द्धक पदार्थों के सेवन करने से वात का मार्ग अवरुद्ध हो जाने पर कास की उत्पत्ति मानी है एवं मन्दाग्नित्व, अरुचि आदि का वर्णन किया है। ये तीनों कास क्रमशः एक दूसरे को उत्पन्न करते हैं। अर्थात् वातिक कास पैत्तिक में, पैत्तिक कास श्लैष्मिक में प्रवर्तित हो जाती है। उपेक्षा करने पर इन सभी कासों से क्षय या क्षयजकास की उत्पत्ति होती है।

क्षतजकासलक्षणम्—

अतिव्यवायभाराध्वयुद्धाश्वगजविग्रहैः ।
रूक्षस्योरः क्षतं वायुर्गृहीत्वा कासमाचरेत् ॥ ९ ॥
स पूर्वं कासते शुष्कं ततः ष्ठीवेत् सशोणितम् ।
कण्ठेन रुजताऽत्यर्थं विभिन्नेनेव चोरसा ॥ १० ॥
सूचीभिरिव तीक्ष्णाभिस्तुद्यमानेन शूलिना ।
दुःखस्पर्शेन शूलेन भेदपीडाभितापिना ॥ ११ ॥
पर्वभेदज्वरश्वासतृष्णावैस्वर्यपीडितः ।
पारावत इवाकूजन् कासवेगात्क्षतोद्भवात् ॥ १२ ॥

क्षतजकास के लक्षण—अत्यन्त मैथुन करने से, शक्ति से अधिक भार उठाने से, अधिक मार्ग चलने से, दौड़ते हुए हाथी तथा घोड़े के वेग को रोकने से तथा बलवान के साथ युद्ध करने से रूक्षित मनुष्य की छाती में जब क्षत

हो जाता है तो वायु उस क्षत को ग्रहण कर कास को उत्पन्न करती है। रोगी को पहले सूखी खांसी होती है, इसके बाद सूखी खांसी के साथ रक्त निकलने लगता है। इस अवस्था में कण्ठ में पीड़ा तथा छाती में फटने-सी पीड़ा होती है। छाती में सूइयों के चुभोने की तरह पीड़ा होती है तथा शूल का प्रकोप होता रहता है और असह्य भेदन, पीडा एवं अभितापयुक्त शूल के कारण अंग-प्रत्यंग टूटता है, ज्वर, श्वास, तृष्णा तथा स्वरभेद सदृश उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं। क्षतजकास के वेग से कबूतर के समान घुर्घुराहट युक्त आवाज निकलती है ॥ ९–१२ ॥

विमर्श—अधिक मैथुन तथा अतिशय भारवहन रूप साहसिक कार्य उरःक्षत का कारण है। इन सभी शक्ति के कार्यों को पूरा करने के लिये श्वास को रोककर फुफ्फुस में प्राकृत वायु से अधिक वायु ग्रहण करनी पड़ती है। फुफ्फुसीय कोषाओं की शक्ति भी सीमित ही रहती है किन्तु जब सीमा से अधिक फुफ्फुसीय कोषिकायें वायु को भर कर उस भार को सहने में असमर्थ हो जाती है तब कोषाओं तथा उसके अन्दर रहनेवाली रक्तवाहिनी के विदीर्ण होने से रक्तस्राव होने लगता है। और यही रक्त कास के वेग से मुख द्वारा बाहर निकलता है। जब आघात के सामान्य रहने पर कोषा-पूर्णतया विदीर्ण नहीं होती उस अवस्था में देर तक शुष्ककास का वेग रहने के बाद पूर्णतया फटने पर रक्तष्ठीवन होता है। वात के कारण अंगमर्द तथा स्वरभेद होता है। रक्तष्ठीवन से रक्तनाश होने के कारण प्यास की स्वाभाविक उत्पत्ति होती है। फुफ्फुस के असंख्यकोषाओं के नष्ट हो जाने के कारण तथा फुफ्फुस में रक्तस्रावजन्य घनता के कारण श्वास में वायु कम मात्रा में प्रवेश करती है अतः उस कमी को पूर्ण करने के लिये श्वास की गति प्रति मिनट प्राकृत से अधिक चलने लगती है।

क्षयजकासलक्षणम्—

विषमासात्म्यभोज्यातिव्यवायाद्वेगनिग्रहात्।
घृणिनां शोचतां नृणां व्यापन्नेऽग्नौ त्रयो मलाः ॥ १३ ॥
कुपिताः क्षयजं कासं कुर्युर्देहक्षयप्रदम् ॥ १४ ॥
सगात्रशूलज्वरदाहमोहान् प्राणक्षयं चोपलभेत कासी।
शुष्यन्विनिष्ठीवति दुर्बलस्तु प्रक्षीणमांसो रुधिरं सपूयम्।
तं सर्वलिङ्गं भृशदुश्चिकित्स्यं चिकित्सितज्ञाः क्षयजं वदन्ति ॥ १५ ॥

क्षयजकास का लक्षण—विषम तथा असात्म्य भोजन करने से, अति मैथुन करने से, मल-मूत्रादि के वेगों को रोकने से, अधिक घृणा करनेवाले तथा निरन्तर सोचनेवाले मनुष्यों की जाठराग्नि के विकृत हो जाने से तीनों

दोष प्रकुपित होकर देह को नाश करनेवाले 'क्षयजकास' को उत्पन्न करते हैं। क्षयजकास से पीड़ित व्यक्ति अंगों में शूल, ज्वर एवं दाह तथा मोह से पीड़ित रहता है और अन्त में प्राणक्षय को प्राप्त करता है। रोगी धीरे २ सूखता जाता है उसका बल तथा मांस नष्ट हो जाता है तथा खांसी के साथ पूययुक्त रक्तस्राव होता है। इस प्रकार सभी लक्षणों से युक्त (त्रिदोष के लक्षणों से युक्त) रोगी के असाध्य कास को चिकित्सा के विद्वान् गण, क्षयजकास कहते हैं। अर्थात् यह क्षयजकास असाध्य होता है ॥ १३-१५ ॥

विमर्श—घृणा करनेवाले तथा बन्धु-बान्धव आदि के विनाश से शोक-संतप्त व्यक्ति के भोजन न करने से वायु प्रकुपित होकर अग्नि को विकृत कर देती है तथा बाद में अग्नि में विकार हो जाने के कारण कफ और पित्त भी दूषित हो जाते हैं। अतः क्षयजकास में तीनों दोष विकृत दिखाई पड़ते हैं। क्षयजकास में क्षय से शुक्र आदि क्षयजन्य कास समझना चाहिए, राजयक्ष्मजन्य क्षयजकास नहीं। यद्यपि क्षयजकास त्रिदोषज होता है तथापि उसका कास लक्षण केवल कफ के द्वारा ही उत्पन्न होता है, जैसे 'कासः कण्ठस्य चोद्ध्वंसो विज्ञेयः कफकोपतः" इसके विपरीत क्षयजकास त्रिदोषज होता है।

क्षयज तथा क्षतज कास में कुछ लक्षणों के साथ होने पर भी कारण-भेद से आपस में विभेद होता है। इसके अतिरिक्त क्षतज क्षय तथा कास में संक्रमण के पूर्व जीवाणुओं की उपस्थिति नहीं होती है। यक्ष्मजक्षय और कास में पूर्व से ही जीवाणु उपस्थित रहते हैं। अर्थात् जीवाणु-संक्रमण के बाद ही इस प्रकार का क्षय प्रारम्भ होता है।

कासानां साध्यासाध्यविचारः—

इत्येष क्षयजः कासः क्षीणानां देहनाशनः।
साध्यो बलवतां वा स्याद्याप्यस्त्वेवं क्षतोद्भवः ॥ १६ ॥
नवौ कदाचित्सिध्येतामपि पादगुणान्वितौ।
स्थविराणां जराकासः सर्वो याप्यः प्रकीर्तितः।
त्रीन् पूर्वान् साधयेत्साध्यान् पथ्यैर्याप्यांस्तु यापयेत् ॥ १७ ॥

कास रोगों के साध्य तथा असाध्य का विचार—यह क्षयजकास, क्षीण-व्यक्तियों के शरीर का तो नाश कर ही देता है। बलवान् रोगियों में कभी २ साध्य तथा कभी २ याप्य होता है। इसी प्रकार क्षतज कास भी क्षीणों में असाध्य तथा बलवानों में कभी साध्य एवं कभी असाध्य होता है। नवोत्पन्न क्षयज या क्षतज कास, वैद्य आदि चतुष्पाद की सम्पत्ति (भिषग् द्रव्याण्युपस्थाता रोगी पादचतुष्टयम्) होने पर कदाचित् साध्य भी हो जाते हैं। वृद्धों में

होनेवाला जरानिमित्तक (स्वभाव से धातुक्षयजन्य) सभी प्रकार का कास याप्य होता है। इसमें से पहले के तीन (वातज, पित्तज तथा कफज) कासों की चिकित्सा करे एवं याप्यों का पथ्य आदि से यापन करे जिससे वे असाध्य न हो जांय ॥ १६-१७ ॥

पञ्चैव कासान् प्रपठन्ति तेषु साध्यं तथासाध्यमथापि याप्यम् ।
क्षीणेष्वतीसारयुतेष्वसाध्यं साध्यं बलिष्ठेष्वबलेषु याप्यम् ॥ १८ ॥

पाँच प्रकार के कास रोग (वातिक, पैत्तिक श्लैष्मिक, क्षतज तथा क्षयज) बताये गये हैं उनमें से साध्य, असाध्य तथा याप्य होते हैं। क्षीण व्यक्ति तथा अतिसारयुक्त व्यक्तियों में असाध्य, बलवानों में साध्य तथा दुर्बलों में याप्य होते हैं ॥ १८ ॥

विमर्श—सभी लक्षणों से युक्त क्षतज तथा क्षयज कास, असाध्य होता है। "तं सर्वलिङ्गं भृशदुश्चिकित्स्यं चिकित्सितज्ञाः क्षयजं वदन्ति" इस प्रकार सुश्रुताचार्य ने लिखा है।

जराकास—वृद्धावस्था में जराकास, जरावस्थाजन्य धातुक्षय से होनेवाला कास है। यही कास वृद्धों में याप्य होता है। अन्य प्रकुपित कारणों से साधारणतः उत्पन्न कास साध्य या कष्टसाध्य हो सकता है। जराकास भी दुर्बलता से ही उत्पन्न होता है फिर भी अन्य अवस्थाओं में होनेवाले कास से इसमें भेद होता है क्योंकि इसका कारण वृद्धावस्था है। इसका निदान भी भिन्न है। कुक्कुर खांसी (Hhhooping Cough) आज कल बच्चों में अधिक पाया जाता है। इसके लक्षण वातिक कास से बिलकुल मिलते-जुलते हैं। यह रोग संक्रामक भी होता है, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में इसका संक्रमण होता है। इस रोग का प्रधान उत्पादक कारण "बेसिलस पटर्यूसिस" (Bacillus Pertusis) नामक दण्डाणु है यह स्वस्थ बच्चों में सात दिन से पन्द्रह दिन के अन्दर रोग उत्पन्न कर सकता है। दश वर्ष से कम अवस्था-वाले बच्चों में विशेष कर लड़कियों में यह रोग अधिक मिलता है। रोगी को पहले मन्दज्वर होता है, साथ में तीव्र प्रकार की खांसी रहती है। खांसी सूखी रहती है। कभी-कभी रोगी खांसते-खांसते वमन भी कर देता है। सात से चौदह रोज में रोग दूसरा रूप धारण कर लेता है। ज्वर शान्त हो जाता है तथा खांसी अधिक तीव्र हो जाती है। खांसी के दौड़े आने लगते हैं और ये रात्रि में अधिक आते हैं। पहले एक बार गम्भीर श्वास लेने के बाद बहुत जल्दी २ खांसी आने लगती है। एक के बाद दूसरी खांसी इतनी जल्दी आती है कि रोगी को श्वास लेने का भी समय नहीं मिलता। फुफ्फुस में वायु का पूर्णतः अभाव होता जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप बच्चा मुख

खोल देता है, जिह्वा निकल जाती है, आंखें बाहर की ओर निकल पड़ती हैं और मुख पर नीलिमा छा जाती है। इस प्रकार एकाएक खांसी रुक जाती है और वायु फुफ्फुस में जोर से प्रवेश करती है तथा कुछ गाढ़ा कफ निकल जाता है। और इसके साथ खांसी का दौड़ा भी पूरा हो जाता है। कभी २ नासिका तथा श्वास, प्रश्वास से अन्य अंगों से उपद्रव के रूप में रक्तस्राव होने लगता है। बड़े बच्चे तथा अधिक उम्रवाले रोगियों में सुसाध्य होती है।

प्रकारान्तरेण कासलक्षणानि—

शिरसि हृदयवक्षोद्वन्द्वकुक्षिप्रदेशे
भवति विपुलशूलं शुष्ककासस्तथा च।
स्वरपदगतिभङ्गः ष्ठीवनं स्वल्पशुष्कं
सततमखिलमेतद्वातकासस्य लिङ्गम्॥ १९॥

प्रकारान्तर से कास का लक्षण—वातज कास—शिर, हृदय, वक्ष तथा दोनों उदर प्रदेश में अतिशय शूल होता है और सूखी खांसी आती है। स्वर-भङ्ग होता है, एवं निरन्तर थोड़ा तथा सूखा कफ निकलता है। ये सभी लक्षण वातज कास के हैं॥ १९॥

निष्ठीवनं पीतसदाहतिक्तं छर्दिस्तथा लोहितपीतवर्णः।
तृष्णा भ्रमः सव्यथकासभावस्तल्लक्षणं पित्तजकास उक्तम्॥ २०॥

पित्तज कास—पीत वर्ण, दाहयुक्त तथा कड़वा कफ निकलता है, लाल तथा पीत वर्ण का वमन होता है। प्यास, भ्रम, पीड़ायुक्त कास ये पित्तज कास के लक्षण कहे गये हैं॥ २०॥

हृदये जायते जाड्यं देहे रोमाञ्चकञ्चुकम्।
लक्षणं श्लेष्मकासस्य बहु स्निग्धं च थूत्कृतम्॥ २१॥

कफज कास—श्लेष्मज कास में हृदय में (जकड़ना) शरीर में रोमांच तथा गुरुता, एवं स्निग्ध कफ अधिक मात्रा में निकलता है॥ २१॥

कास-निदान समाप्त।

अथातः कासचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

वातकासे पञ्चमूलीकषायः—

पञ्चमूलीकृतः काथः पिप्पलीचूर्णसंयुतः।
रसाञ्जमश्नतो नित्यं वातकासमुदस्यति॥ २२॥

इसके बाद कास-चिकित्सा कहते हैं—

वातज कास में पञ्चमूली कषाय—पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, बनभंटा,

भटकटैया, गोखरू) का कषाय, पीपर का चूर्ण मिलाकर, पान करने से भात प्रतिदिन खाने वाले व्यक्ति के वातज कास को दूर करता है ॥ २२ ॥

वातकासे भार्ग्यादिलेहः—

भार्गीद्राक्षाशटीशृङ्गीपिप्पलीविश्वभेषजैः ।
गुडतैलयुतो लेहो हितो मारुतकासिनाम् ॥ २३ ॥

वातज कास में भार्ग्यादि लेह—भाँगरा, मुनक्का, कपूरकचरी, काकड़ासिंघी, पीपर तथा सोंठ, सममाग—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर तैल में भूने और गुड की चासनी में पकाकर अवलेह तैयार करे। यह अवलेह वातज कास से पीड़ित व्यक्तियों के लिये हितकर है ॥ २३ ॥

वातकासे शुण्ठ्यादिलेहः—

चूर्णिता विश्वदुःस्पर्शाशृङ्गीद्राक्षाशटीसिताः ।
लीढ्वा तैलेन वातोत्थं कासं जयति दुस्तरम् ॥ २४ ॥

वातिक कास में शुण्ठ्यादि लेह—सोंठ, दुःस्पर्शा (यवासा), काकड़ासिंघी, मुनक्का तथा कपूरकचरी (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण, शक्कर मिलाकर तैल के साथ चाटने से वातजन्य तीव्र कास को जीत लेता है ॥ २४ ॥

वातकासे दुरालभादिलेहौ—

दुरालभां शृङ्गवेरं शटीं द्राक्षां सितोपलाम् ।
लिह्यात् ककटशृङ्गीं च कासे तैलेन वातजे ॥ २५ ॥
दुरालभा शटी कृष्णा मधुकं सितशर्करा ।
लीढं निहन्ति वातोत्थं कासं क्षौद्रेण योजितम् ॥ २६ ॥

वातज कास में दुरालभादि दो योग—१—यवासा, सोंठ, कपूरकचरी, मुनक्का, काकड़ासिंघी (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को मिश्री मिलाकर तैल के साथ वातज कास में चाटे।

२—दुरालभा (यवासा), कपूरकचरी, पीपर तथा मुलेठी—इन द्रव्यों का चूर्ण मिश्री मिलाकर मधु के साथ चाटने से वातजन्य कास को नाश करता है ॥ २५-२६ ॥

वातकासे कण्टकार्यादिघृतम्—

कण्टकारीगुडूचीभ्यां पृथग्दशपलाद्रसे ।
प्रस्थः सिद्धो घृताद्वातकासनुद्वह्निदीपनः ॥ २७ ॥

वातज कास में कण्टकार्यादि घृत—कण्टकारी (भटकटैया) का रस तथा गुडूची का रस दश २ पल निकालकर उसमें एक प्रस्थ घृत (घृत-निर्माण के

अनुसार) सिद्ध करे। यह घृत वातिक कास को दूर करता है तथा अग्नि प्रदीप्त करनेवाला है ॥ २७ ॥

कासे शृङ्गयादिचूर्णम्—

शृङ्गीवचाकट्फलकत्तृणाब्दधान्याभयाभार्ग्यमराह्वविश्वम् ।
उष्णाम्बुना हिङ्गुयुतं च पीत्वा बद्धास्यमप्याशु जहाति कासम् ॥

कास रोग में शृङ्गयादि चूर्ण—काकड़ासिंघी, वच, कायफर, कत्तृण (सुगन्धित तृण-विशेष), मोथा, धनिया, हर्रे, भाँगरा तथा देवदारु, (समभाग) इन द्रव्यों का चूर्ण शु० हिंगु मिलाकर गरम जल से पान करे। यह चूर्ण शुष्क कास को भी शीघ्र ही दूर करता है ॥ २८ ॥

वातजे कफजे च कासे कट्फलादिक्काथः—

कट्फलं कत्तृणं भार्गी मुस्ता धान्यं वचाऽभया ।
शुण्ठी पर्पटकं शृङ्गी सुराह्वं च जले श्रृतम् ॥ २९ ॥
मधुहिङ्गुयुतं पेयं कासे वातकफात्मके ।
कण्ठरोगे मुखस्तम्भे श्वासे हिक्काज्वरेषु च ॥ ३० ॥

वातज तथा कफज कास में कट्फलादि क्काथ—कायफर, कत्तृण (सुगन्धित तृण विशेष), भांगरा, मोथा, धनिया, वच, हर्रे, सोंठ, पित्तपापड़ा, काकड़ासिंघी तथा देवदारु, (समभाग)—इन द्रव्यों को (चौगुने) जल में क्काथ करे और चौथाई क्काथ को छानकर उसमें शु० हिंगु मिलाकर वातजन्य कास रोग, कण्ठ रोग, मुखस्तम्भ, श्वास, हिक्का (हिचकी) तथा ज्वर में पान करे ॥ २९-३० ॥

पित्तकासे बलादिक्काथः—

बलाद्विवृहतीवासाद्राक्षाभिः कथितं जलम् ।
पित्तकासापहं पेयं शर्करामधुयोजितम् ॥ ३१ ॥

पैत्तिक कास में बलादि क्काथ—बरियार, द्विवृहती, (बनभंटा, भटकटैया), अडूसा तथा मुनक्का—इन द्रव्यों से क्वथित जल, शक्कर तथा मधु मिलाकर पित्तज कास को नाश करने के लिये पान करें। (समभाग द्रव्यों को लेकर चौगुने जल में क्काथ करे, चौथाई शेष क्काथ ग्रहण करे, शक्कर तथा मधु क्काथ के चौथाई मिलाना चाहिए) ॥ ३१ ॥

पित्तकासे पञ्चमूल्यादिक्षीरम्—

स्थिरादिपञ्चमूलस्य पिप्पलीद्राक्षयोस्तथा ।
कषायेण श्रृतं क्षीरं पिबेत्समधुशर्करम् ॥ ३२ ॥

पित्तज कास में पञ्चमूल्यादि क्षीर—स्थिरादि पञ्चमूल (सरिवन, पिठवन,

वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), पीपर तथा मुनक्का—इन द्रव्यों के कषाय से हुआ दूध, मधु तथा शक्कर मिलाकर पैत्तिक कास में पान करे ॥ ३२ ॥

पित्तकासे द्राक्षादिलेहः—

द्राक्षामलकखर्जूरं पिप्पलीमरिचान्वितम् ।
पित्तकासहरं ह्येतल्लिह्यान्माक्षिकसर्पिषा ॥ ३३ ॥

पित्तज कास में द्राक्षादि लेह—मुनक्का, आँवला तथा खजूर को पीसकर कल्क बना ले और पीपर तथा मरिच का चूर्ण मिला दे और मधु एक भाग तथा घृत आधा भाग मिलाकर चाटे। यह अवलेह पित्तज कास को दूर करने वाला है ॥ ३३ ॥

पित्तकासे खर्जूरादिलेहः—

खर्जूरपिप्पलीद्राक्षासितालाजाः समांशकाः ।
मधुसर्पिर्युतो लेहः पित्तकासहरः परः ॥ ३४ ॥

पित्तज कास में खर्जूरादि लेह—खजूर, पीपर, मुनक्का, मिश्री तथा लावा समभाग—इन द्रव्यों को महीन पीस ले और इसको विषम मात्रा में मधु तथा घृत मिलाकर चाटे। यह पित्तज कास को दूर करने में उत्तम है ॥ ३४ ॥

पित्तकासे पद्मबीजयोगः—

चूर्णं तु पद्मबीजानां मधुना संप्रयोजितम् ।
पित्तकासार्दितो लिह्यात्स्वास्थ्यं स लभते क्षणात् ॥ ३५ ॥

पैत्तिक कास में पद्मबीज योग—पद्मबीज (पद्मकर्कटी-कमलगट्टा) का चूर्ण मधु के साथ मिलाकर, पैत्तिक कास से पीड़ित व्यक्ति चाटे। इस योग को सेवन करने से शीघ्र ही स्वास्थ्य प्राप्त करता है, अर्थात् पैत्तिक कास से छुटकारा पा जाता है ॥ ३५ ॥

पित्तकासे वासाघृतम्—

वासाकषायकल्काभ्यां घृतं समधुशर्करम् ।
सिद्धं तत्पित्तकासघ्नं सर्वपित्तविकारनुत् ॥ ३६ ॥

पित्तज कास में वासा घृत—अडूसा के कषाय तथा कल्क से सिद्ध घृत, मधु तथा शक्कर मिलाकर सेवन करने से पैत्तिक कास नाश करता है तथा सभी प्रकार के पैत्तिक विकारों को दूर करता है ॥ ३६ ॥

पित्तकासे द्विमेदादिलेहः—

उभे मेदे तुगाक्षीरी पिप्पली सितशर्करा ।
घृतक्षौद्रं च लेहोऽयं कासं जयति पैत्तिकम् ॥ ३७ ॥

पैत्तिक कास में द्विमेदादि लेह—मेदा, महामेदा, तुगाक्षीरी (वंश-

लोचन), पीपर—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर मिश्री मिलाकर विषम मात्रा में घृत तथा मधु के साथ अवलेह बनाकर चाटें। यह अवलेह पैत्तिक कास को जीत लेता है ॥ ३७ ॥

पित्तकासे पिप्पल्यादिलेहः—

पिप्पल्यामलकं द्राक्षा खर्जूरं शर्करा मधु।
लेहोऽयं सघृतो लीढः पित्तक्षतजकासनुत् ॥ ३८ ॥

पित्तज कास में पिप्पल्यादि लेह—पीपर, आंवला, मुनक्का तथा खजूर, इन द्रव्यों को पीसकर मधु-शक्कर मिलाकर लेह बनावे। यह लेह घृत के साथ चाटने से पित्तज तथा क्षतज कास को दूर करता है ॥ ३८ ॥

क्षतकासे लाक्षाद्योऽवलेहः—

लाक्षा शृङ्गी बला द्राक्षा व्याघ्री यष्टी शतावरी।
पिप्पली चेति तुल्यानि शर्करा च चतुर्गुणा ॥ ३९ ॥
त्वक्क्षीरीं द्विगुणां दत्त्वा लेहयेन्मधुसर्पिषा।
क्षतकासं जयत्येष लेहः पित्तोल्बणं तथा ॥ ४० ॥

क्षतज कास में लाक्षाद्यवलेह—लाक्षा (लाख), काकड़ासिंघी, बरियार, मुनक्का, व्याघ्री (भटकटैया), यष्टी (मुलेठी), शतावरी तथा पीपर—समभाग—इन द्रव्यों को लेकर कूट पीसकर चूर्ण बनावे, और चौगुना शक्कर तथा दुगुना वंशलोचन का चूर्ण मिलाकर, मधु एक भाग एवं घृत आधा भाग (विषम मात्रा में) के साथ चाटे ॥ ३९-४० ॥

कफकासे नवाङ्गयूषः—

मुद्गामलाभ्यां यवदाडिमाभ्यां कर्कन्धुना मूलकशुण्ठकेन।
शुण्ठीकणाभ्यां च कुलत्थकेन यूषो नवाङ्गः कफकासहन्ता ॥ ४१ ॥

कफज कास में नवाङ्ग यूष—मूंग, आंवला, यव, अनार, कर्कन्धु (बैर), मूली का सोंठ, सोंठ, पीपर तथा कुलत्थ (कुरथी)—इन द्रव्यों का नवाङ्ग (नव द्रव्यों से सिद्ध नवाङ्ग) यूष, कफज कास को नाश करनेवाला है ॥४१॥

कफजकासे पुष्करादिकषायः—

भार्गीविश्वापिप्पलिभिर्वासापुष्करकट्फलैः ।
पिबेत्काथं कफोद्रेके कासे श्वासे च हृद्ग्रहे ॥ ४२ ॥

कफज कास में पुष्करादि कषाय—भांगरा, सोंठ, पीपर, अडूसा, पुष्करमूल तथा जायफर—इन द्रव्यों का क्वाथ, कफोल्बण कास-श्वास तथा हृद्ग्रह (हृदय के अकड़न) में पान करे ॥ ४२ ॥

कासे शृङ्गबेरयोगः—

स्वरसं शृङ्गबेरस्य माक्षिकेण समन्वितम्।

पाययेच्छ्वासकासघ्नं प्रतिश्यायकफापहम् ॥ ४३ ॥

कासरोग में शृङ्गवेर योग—अदरक के स्वरस को मधु में मिलाकर पान करावे। यह योग श्वासरोग, कास, प्रतिश्याय तथा कफ का नाश करता है ॥ ४३ ॥

कफकासे दशमूलीकषायः—

पार्श्वशूले ज्वरे श्वासे कासे श्लेष्मसमुद्भवे।
पिप्पलीचूर्णसंयुक्तं दशमूलीजलं पिबेत् ॥ ४४ ॥

कफज कास में दशमूली कषाय—दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) का कषाय, पीपर का चूर्ण मिलाकर, पार्श्वशूल, ज्वर, श्वासरोग तथा श्लेष्मजन्य कास में पान करे ॥ ४४ ॥

कफकासे विडङ्गादिचूर्णम्—

विडङ्गं सैन्धवं रास्ना शटी क्षारौ महौषधम्।
श्लेष्मकासे हितं चूर्णं लेहोऽयं मधुना सह ॥ ४५ ॥

कफज कास में विडङ्गादिचूर्ण—विडंग, सेन्धानमक, रासन, कपूरकचरी, जवाखार, सज्जीखार तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण, मधु के साथ मिलाकर कफज कास में चाटना लाभकर होता है ॥ ४५ ॥

कफकासे देवदार्वादिलेहः—

देवदारुशटीरास्नाशृङ्गीधन्वयवासकम्।
तैलक्षौद्रयुतं हन्याच्छ्लेष्मकासं सुदारुणम् ॥ ४६ ॥

कफज कास में देवदार्वादिलेह—देवदारु, कपूरकचरी, रासन, काकडासिंघी तथा धमासा—इन द्रव्यों का चूर्ण तैल तथा मधु मिलाकर सेवन करने से तीव्र कफज कास को नाश करता है ॥ ४६ ॥

कफकासे पिप्पल्यादियोगः—

तैलभृष्टं च पिप्पल्याः कल्कस्याक्षं सशर्करम्।
पिबेद्वा कफकासघ्नं कुलत्थसलिलप्लुतम् ॥ ४७ ॥

कफज कास में पिप्पल्यादि योग—पीपर को तैल में भूनकर एक अक्ष (तो०) कल्क बनावे और शक्कर मिलाकर चाटे या कुल्थी के क्वाथ के साथ पान करे। यह कफज कास को नाश करनेवाला है ॥ ४७ ॥

श्लेष्मकासे कुष्ठादिचूर्णम्—

कुष्ठं तामलकी भार्गी शटी क्षारौ हरीतकी।
कोलं चोष्णाम्भसा चूर्णं श्लेष्मकासान्वितः पिबेत् ॥ ४८ ॥

श्लेष्मज कास में कुष्ठादि चूर्ण—कूठ, तामलकी (भुइ आंवला), भांगरा,

कपूरकचरी, जवाखार, सज्जीखार, हर्रे तथा बेर—इन द्रव्यों के चूर्ण को गरम-जल से कफजन्य कास से पीड़ित व्यक्ति पान करें। अर्थात् इस चूर्ण को सेवन करने से कफज कास नष्ट होता है ॥ ४८ ॥

सर्वकासे पद्मकादिलेहः—

पद्मकं त्रिफला व्योषं विडङ्गं सुरदारु च।
बला रास्ना च तुल्यानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ ४९ ॥
सर्वैरेभिः समैर्भागैः पृथक् क्षौद्रं घृतं सिता।
लिह्याल्लेहं विमध्येतत्सर्वकासहरं शिवम् ॥ ५० ॥

सभी प्रकार के कास में पद्मकादि लेह—पद्मक (पद्मकाठ), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आँवला), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), वायविडंग, देवदारु, वरियार तथा राशन—समभाग—इन द्रव्यों को लेकर सूक्ष्म चूर्ण बनावे। इन सभी द्रव्यों के साथ अलग-अलग समभाग मधु, घृत तथा शक्कर को मिलाकर लेह तैयार करे और चाटे। यह सभी प्रकार के कास को दूर करनेवाला तथा कल्याणकर है। इन चूर्णों को घृत में भूनकर चूर्ण के बराबर शक्कर की चासनी बनाकर उसमें भूना हुआ चूर्ण मिलाकर लेहवत् पाक हो जाने पर उतार ले और शीत हो जाने पर मधु मिलाकर रख ले और चाटे। घृत भी चूर्ण के समभाग लेना चाहिए ॥ ४९–५० ॥

कासे धूमयोग्यावस्था—

ताम्यमानस्य कासेन नासास्रावे स्वरे जडे।
क्षवथौ घ्राणनाशे च धूमनाडीं प्रयोजयेत् ॥ ५१ ॥

कासरोग में धूम-प्रयोग के योग्य अवस्था—कास से पीड़ित रोगी के नासास्राव में, स्वर के भंग हो जाने पर, छींक आने पर तथा नासिका के गन्धग्रहण करने की क्षमता न रहने पर धूमनाड़ी का प्रयोग करे ॥ ५१ ॥

कासे विविधो धूमपानयोगः—

क्षौमगर्भां पिबेद्वर्तिं हरितालं मनःशिलाम्।
तालीसपत्रकैडर्यं गुडान्नं चैव भोजयेत् ॥ ५२ ॥

कासरोग में अनेक प्रकार के धूमपान योग—हरिताल तथा मनःशिला को केले की छाल के कपड़े में वर्ती (बीड़ी के आकार का) बनाकर धूम-पान करे। और तालीसपत्र तथा कायफर का चूर्ण एवं गुड़-भात भक्षण करे।

धूमवर्तिर्बला चोरं हरितालं मनःशिलाम्।
अनुपानं घृतं चापि प्रशस्तं काञ्जिकोदनम् ॥ ५३ ॥

वरियार, चोरा, हरताल तथा मनःशिला की धूम्रवर्ति पान करे और गरम ऊपर से पीवे। काञ्जी तथा भात खाना उत्तम है ॥ ५३ ॥

मनःशिलालमधुकमांसीमुस्तेङ्गुदैः पिबेत् ।
धूमं तस्यानु च पयः सुखोष्णं सगुडं पिबेत् ॥ ५४ ॥
एष कासान् पृथग्द्वन्द्वसन्निपातसमुद्भवान् ।
शतैरपि प्रयोगाणां साधयेदप्रसाधितान् ॥ ५५ ॥

मनःशिला, हरताल, मुलेठी, जटामांसी, मोथा तथा इङ्गुदी (तापसतरु "इङ्गुआ का पेड़") इन द्रव्यों का धूमपान, वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, द्वन्द्वज तथा सन्निपातज सैकड़ों योगों से असाध्य कास रोगों को सिद्ध कर देता है, अर्थात् सभी प्रकार के कास रोगों को नाश करता है ॥ ५४–५५ ॥

मधुकं चाजमोदा च जीवन्त्यगरुसर्जकौ ।
सैरण्डमूला कासघ्ना धूमवर्तिरियं शुभा ॥ ५६ ॥

मुलेठी, अजमोदा, जीवन्ती, अगर, सर्जक (साखू) की छाल तथा रेंड़ की जड़, इन द्रव्यों की धूमवर्ति, कास रोगों को नाश करने में श्रेष्ठ है ॥ ५६ ॥

क्षौमं हिङ्गु वचा भूर्जं ग्रन्थिश्चैष घृतान्वितः ।
धूमः कासहरः पीतः सर्वगन्धमयोऽपि वा ॥ ५७ ॥
मनःशिलासमालिप्तैर्बोदरैः परिशोषितैः ।
त्र्यहं पत्रैः कृतं धूमं पिबेत्कासनिवारणम् ॥ ५८ ॥

क्षौम (केले की छाल का कपड़ा या तीसीवट), हिंगु, वच, भोजपत्र तथा ग्रन्थि (बांस की गांठ या बांस का अग्रभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को घृत में मिलाकर धूम्रपान करने से कास को दूर करता है या सभी गन्धद्रव्यों का धूम्रपान कास को दूर करनेवाला है । बैर की पत्ती पर मनःशिला को तीन दिन तक लेप कर सुखा ले और उसकी वर्ति बनाकर धूम्रपान करे यह धूम्रपान कास रोग को दूर करता है ॥ ५७–५८ ॥

जात्युत्तरशिफाधूमं शिलागुग्गुलुमिश्रितम् ।
गात्रस्य बदराङ्गारैः कारयेत्कासशान्तये ॥ ५९ ॥

जाती (चमेली), उत्तरशिफा (प्लक्ष "पाकड़" की जटा), मनःशिला तथा गुग्गुलु—इन द्रव्यों को एकत्र कर चिलम पर रखकर बैर की लकड़ी के अंगार से जलाकर कास रोग की शान्ति के लिये पान करे ॥ ५९ ॥

जातेरुत्तरदिङ्मूलशिलालैर्गुग्गुलं समम् ।
अजामूत्रेण पिष्टोऽयं धूमः कासहरः परः ॥ ६० ॥
मूलेन शरपुङ्खाया धूमः कासहरः परः ।

चमेली की जड़ तथा उत्तरदिक् (उदीच्य 'सुगन्धवाला) की जड़, मनःशिला, हरताल तथा गुग्गुलु समभाग—इन द्रव्यों को बकरी के मूत्र के साथ पीसकर वर्ति बनाकर धूम्र का प्रयोग करे । यह कास रोग को दूर करने में श्रेष्ठ

है। शरपुङ्खा (सरफोका) के मूल का धूम्रपान कास को दूर करनेवाला है।

अर्कच्छल्लिशिले तुल्ये ततोऽर्धेन कटुत्रिकम् ॥ ६१ ॥
चूर्णितं वह्निनिक्षिप्तं पिबेद् धूमं प्रयोगवित्।
भक्षयेदथ ताम्बूलं पिबेद् दुग्धमथापि च।
कासाः पञ्चविधा यान्ति शान्तिमाशु न संशयः ॥ ६२ ॥

अर्क (मदार) की जड़ तथा मनःशिला समभाग तथा उसके आधे त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच)—सन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर उसको आग में जलाकर प्रयोग को जाननेवाला व्यक्ति पान करे (यह धूम्रपान, गांजा-भांग की तरह चिलम पर चढ़ाकर किया जाता है। जहां पर वर्ति बनाकर पीने का विधान न हो वहां चिलम पर चढ़ाकर पान करना चाहिए) इसके बाद ताम्बूल (पान) खाय और दुग्ध-पान करे। इसके प्रयोग से पांच प्रकार के कास शान्त हो जाते हैं इसमें संशय नहीं है ॥ ६१–६२ ॥

सर्वकासे मरिचाद्या वर्तिः—

कर्षः कर्षोऽर्धपलं पलद्वयं स्यात्तथाऽर्धकर्षश्च।
मरिचस्य पिप्पलीनां दाडिमगुडयावशूकानाम् ॥ ६३ ॥
सर्वौषधैरसाध्या ये कासाः सर्ववैद्यनिर्मुक्ताः।
अपि पूयं छर्दयतां तेषामिदमौषधं परमम् ॥ ६४ ॥

सभी प्रकार के कास में मरिचाद्य वर्ति—क्रमशः मरिच, पीपर, अनार, गुड़ तथा यावशूक—इन द्रव्यों को एक कर्ष, एककर्ष, आधा पल, दो पल तथा आधा कर्ष लेकर अर्थात् मरिच एक कर्ष (तो०), पीपर एक कर्ष (तो०), अनार आधा पल (आधी छटांक), गुड़ दो पल (२ छटांक) तथा यावशूक (यवक्षार) आधा कर्ष—इन द्रव्यों को एकत्र करे और चूर्ण बनाकर धूम्रवर्ति बना ले, यह सभी औषधों से असाध्य, सभी वैद्यों से परित्यक्त, कफ के साथ पूय निकलनेवाले कास रोगों के लिये उत्तम औषध है (या जो कास सभी प्रकार के औषधों से असाध्य है और सभी वैद्यों ने जिनकी चिकित्सा को छोड़ दिया है और जिस कास में पूय निकलता है, उन कास रोगों के लिये यह उत्तम औषध है) ॥ ६३–६४ ॥

क्षयकासे पिप्पल्यादिदेहः—

पिप्पली पद्मकं लाक्षा संपक्वं बृहतीफलम्।
घृतक्षौद्रयुतो लेहः क्षयकासनिबर्हणः ॥ ६५ ॥

क्षयजकास में पिप्पल्यादिलेह—पीपर, पद्मकाठ, लाख तथा पका हुआ बृहती फल (बनभंटा का फल) इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर मधु एक भाग,

घृत आधा भाग मिलाकर लेहवत् तैयार कर ले और चाटे। यह लेह क्षयजकास को दूर करनेवाला है ॥ ६५ ॥

क्षतकासे मधुकादिचूर्णम्—

मधुकं पिप्पली द्राक्षा शटी शृङ्गी शतावरी।
द्विगुणा च तुगाक्षीरी सिता सर्वैश्चतुर्गुणा ॥ ६६ ॥
प्रलिह्यान्मधुसर्पिर्भ्यां क्षतकासनिवृत्तये।

क्षयजकास में मधुकादि चूर्ण—मुलेठी, पीपर, मुनक्का, सोंठ, काकड़ासिंघी तथा शतावरी समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण के दुगुना तुगाक्षीरी (वंशलोचन) का चूर्ण, सभी चूर्णों से चौगुना मिश्री मिलाकर विषम मात्रा में मधु तथा घृत के साथ क्षयजकास को दूर करने के लिये चाटे।

कासे पिप्पल्याद्यं चूर्णम्—

पिप्पली पिप्पलीमूलं नागरं सविभीतकम् ॥ ६७ ॥
लीढं मधुयुतं चूर्णं कासरोगनिवारणम्।

कासरोग में पिप्पल्यादि चूर्ण—पीपर, पिपरामूल, सोंठ तथा बहेड़ा—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ मिलाकर चाटने से कास रोग को दूर करता है।

कासे पिप्पल्यादिलेहः—

पिप्पल्यामलकं द्राक्षा तुगाक्षीर्यथ शर्करा ॥ ६८ ॥
लाक्षा घृतं माक्षिकं च लेहः कासविनाशनः।

कासरोग में पिप्पल्यादिलेह—पीपर, आंवला, मुनक्का तथा तुगाक्षीरी (वंशलोचन)—इन द्रव्यों का चूर्ण, शक्कर, मधु तथा घृत मिलाकर चाटे। यह लेह कासरोग को नाश करनेवाला है।

श्वासकासे मधुपञ्चाननगुटिका—

पथ्या पञ्चाननः कृष्णा द्राक्षा चौद्र्युतो ह्ययम्।
मधुपञ्चाननः श्वासकासामार्तिरुजापहः ॥ ६९ ॥

श्वासरोग में मधु-पञ्चानन गुटिका—हर्रे, पञ्चानन (सिंहास्य 'अडूसा'), पीपर, मुनक्का—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु मिलाकर गुटिका बनावे, यह मधु-पञ्चाननगुटिका—श्वास, कास तथा आमजन्य रोगों का नाश करनेवाली है ॥ ६९ ॥

कासादौ व्योषान्तिका गुटिका—

तालीसवह्निकृष्यमुस्ताचविकाम्लवेतसव्योषैः।
तुल्यैश्चिसुगन्धियुतैर्गुडेन गुटिका प्रकर्तव्या ॥ ७० ॥
कासश्वासारोचकपीनसहृत्कण्ठवाग्विरोधेषु।

ग्रहणीगुदोद्भवेषु च शस्ता व्योषान्तिका नाम ॥ ७१ ॥

कास आदि रोगों में व्योषान्तिका गुटिका—तालीसपत्र, चित्रक, अजवायन, मोथा, चव्य, वेंत तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) और त्रिसुगन्धि (दालचीनी, इलायची, तेजपत्र) समभाग—इन द्रव्यों को चूर्ण बनावे तथा गुड़ की चासनी बनाकर उसमें चूर्ण मिलाकर एक-एक मासा की) गुटिका बनावे। यह व्योषान्तिका नामक गुटिका कास, श्वास, अरोचक, पीनस (प्रतिश्याय), हृदय का अवरोध, कण्ठ तथा वाणी का अवरोध, ग्रहणी तथा अर्शरोगजन्य उपद्रवों में प्रशस्त है, अर्थात् इन रोगों का नाश करती है ॥ ७०–७१ ॥

कासे आटरूषकादिकषायः—

आटरूषलघुकण्टकारिकादेवदारु च बिभीतनागरम्।
पक्कमाद्यमिदमेव पिप्पलीकुष्ठचूर्णसहितं च कासजित् ॥ ७२ ॥

कासरोग में आटरूषकादि कषाय—आटरूषक (अड़ूसा), छोटी कटेरी, देवदारु, बहेड़ा, सोंठ केवल इन द्रव्यों का क्वाथ पान करने से तथा इसी क्वाथ में पीपर तथा कूठ का चूर्ण मिलाकर पान करने से कास रोग को जीत लेता है ॥ ७२ ॥

सर्वकासे मुस्ताद्यं चूर्णम्—

मुस्ताटरूषसुरदारुशिरीषकाक-
जङ्घाविडङ्गकटुकत्रयपद्मकानि।
भार्गी फलत्रयमिदं सकलं हि चूर्णं
मध्वन्वितं हरति पञ्चविधं च कासम् ॥ ७३ ॥

सभी प्रकार के कास में मुस्ताद्य चूर्ण—मोथा, अड़ूसा, देवदारु, शिरीष (सिरिष), काकजङ्घा (कौआढेंगा), वायविडंग, कटुत्रय (सोंठ, पीपर, मरिच), पद्मकाठ, भांगरा तथा फलत्रय (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) समभाग—इन सभी द्रव्यों का चूर्ण मधु मिलाकर खाने से पांचों प्रकार के कास रोग को दूर करता है ॥ ७३ ॥

कासे बिभीतकयोगः—

गुडस्य द्विगुणं चूर्णं बिभीतकफलस्य च।
शेषं घृतेन तत्पक्वं कासश्वासहरं परम् ॥ ७४ ॥

कासरोग में बिभीतक योग—बहेड़ा के फल का चूर्ण, घृत में पकाकर चूर्ण के दुगुना गुड़ मिलाकर सेवन करने से कास तथा श्वास को दूर करने में श्रेष्ठ है ॥ ७४ ॥

कासे एरण्डमूलाद्यं चूर्णम्—

एरण्डमूलं वृहती च वांशी कटुत्रयं कर्कटशृङ्गिका च ।
फलत्रयं वै लवणानि पञ्च चूर्णं हरत्युष्णजलेन कासम् ॥ ७५ ॥

कास रोग में एरण्डमूलाद्य चूर्ण—एरण्ड मूल (रेंड की जड़), बनभंटा, वांशी (वंशलोचन) 'या समार्गी (भारंगी), कटुत्रय (सोंठ, पीपर, मरिच, काकड़ासिंघी तथा फलत्रय (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) एवं पांचों लवण (सेन्धा, सौवर्चल, विड, सांभर तथा समुद्र लवण) (समभाग) इन द्रव्यों का चूर्ण, गरम जल के साथ खाने से कास रोग को दूर करता है ॥ ७५ ॥

बिभीतकं हिङ्गु हरीतकी च सौवर्चलं सामलकं सखण्डम् ।
तन्मातुलुङ्गस्वरसेन लीढं मध्वन्वितं पित्तजकासहारि ॥ ७६ ॥

बहेड़ा, शु० हिंगु, हर्रे, सौवर्चल नमक तथा आंवला समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण, शक्कर तथा मधु मिलाकर विजौरा नींबू के रस के साथ चाटने से पित्तज कास को दूर करता है ॥ ७६ ॥

सर्वकासे मूर्वाद्यं चूर्णम्—

मूर्वामागधचव्यचित्रकवचापाठाशिरीषं तथा
भार्गीमागधमूलमुस्तमरिचं शुण्ठी विडङ्गानि च ।
एला सेन्द्रयवानिका सकटुका स्याज्जीरकं रेणुका
चैतत्सातिविषं सहिङ्गु कफजे कासे हितं चूर्णितम् ॥ ७७ ॥

सभी प्रकार के कास रोग में मूर्वाद्य चूर्ण—मूर्वा (मदोरफली या मोरवेल), पीपर, चव्य, चित्रक, वच, पाढ़ी, शिरीष (सीरिस), भांगरा, पिपरामूल, मोथा, मरिच, सोंठ, वायविडङ्ग, बड़ी इलायची, इन्द्रयव, अजवायन, कुटकी जीरा, रेणुका (निर्गुण्डी के बीज), अतीस तथा शु० हिंगु (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण कफजन्य कास में हितकर है ॥ ७७ ॥

क्षयकासे रसाञ्जनादिचूर्णम्—

रसाञ्जनं हरिद्रा च पिप्पली लोहचूर्णकम् ।
मूर्वाचित्रकमञ्जिष्ठाः पाठा च क्षयकासजित् ॥ ७८ ॥

क्षयज कास में रसाञ्जनादि चूर्ण—रसाञ्जन, हल्दी, पीपर, लौह भस्म, मूर्वा (मोरवेल या "मदोरफली"), चित्रक, मंजीठ तथा पाढ़ी—इन द्रव्यों का चूर्ण क्षयजन्य कास को जीत लेता है ॥ ७८ ॥

क्षयकासे श्रीखण्डादिकषायः—

श्रीखण्डयष्टीमधुशालिपर्णीपाठापटोलेन्द्रयवा वृहत्यौ ।
मूर्वागुडूचीकटुकाकषायः क्षयोत्थकासे च सपिप्पलीकः ॥ ७९ ॥

क्षयज कास में श्रीखण्डादि कषाय—श्रीखण्ड (हरिचन्दन), यष्टीमधु

(मुलेठी), सरिवन, पाढी, परोरा की पत्ती, इन्द्रयव, वनभंटा, भटकटैया, मूर्वा (मोरवेल या 'मढ़ोरफली'), गुडूची तथा कुटकी (समभाग) इन द्रव्यों का कषाय, पीपर का चूर्ण मिलाकर सेवन करने से क्षयजन्य कास में हितकर है। अर्थात् यह कषाय क्षयजन्य कास को दूर करता है ॥ ७९ ॥

सर्वकासे भूधात्रिकादिकषायः—

भूधात्रिकाक्षुतकरीन्दुवधूवृषाख्य-
कन्थारिकण्टकवतीद्विजयष्टिकानाम् ।
क्काथो युतोऽथ कणया द्युनिशोर्विरामे
पीतः प्रवासयति पञ्चविधं च कासम् ॥ ८० ॥

सभी प्रकार के कास रोग में भूधात्रिकादि कषाय—भूधात्रिका (भुइं आंवला), क्षुतकरी (नकछिकनी—काँतरु), इन्द्रवधू (कुटकी), अडूसा, कन्था (कोङ्कण देश में प्रसिद्ध), कण्टकवती (भटकटैया), द्विजयष्टिका, (वभनेटी)—इन द्रव्यों का क्वाथ, पीपर का चूर्ण मिलाकर दिन और रात्रि के अन्त में (सुबह-शाम) पान करने से पांचों प्रकार के कास को प्रवासित करता है, अथात् दूर करता है ॥ ८० ॥

कासे बिभीतकयोगः—

बिभीतकं घृताभ्यक्तं गोशकृत्परिवेष्टितम् ।
स्विन्नमग्नौ हरेत्कासं ध्रुवमास्ये विधारितम् ॥ ८१ ॥

कास रोग में विभीतक योग—बहेड़ा को घृत में भिगोकर गाय के गोबर से आवेष्टित कर आग में पकावें, यह (पक्व बहेड़ा) मुख में धारण करने से कास को दूर करता है । (परिपुष्ट बहेड़ा को लेकर गोबर का लेपकर आग में पकावें। पुनः आग से निकाल-प्रक्षालन कर घृत में पकाकर सेवन करे। यह विभीतक योग मुख में धारण करने से कास रोग को दूर करता है) ॥ ८१ ॥

कासे दाडिमादिचूर्णम्—

द्वे पले दाडिमादष्टौ गुडाद् व्योषात्पलत्रयम् ।
त्रिसुगन्धिपलं चैकं चूर्णमेकत्र कारयेत् ।
रोचनं दीपनं स्वर्यं पीनसश्वासकासजित् ॥ ८२ ॥

कास रोग में दाडिमादि चूर्ण—दाडिम (अनार) का चूर्ण दो पल (दो छटांक), गुड़ आठ पल (आठ छटांक), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच,) का चूर्ण तीन पल (तीन छटांक), त्रिसुगन्धित (इलायची, दालचीनी, तेजपात) का चूर्ण एक पल (एक छटांक), इन सभी चूर्णों को एकत्र कर सेवन करे। यह चूर्ण, रुचिवर्द्धक, अग्निप्रदीपक, स्वरवर्द्धक, पीनस (प्रतिश्याय), श्वास रोग तथा कास रोग को जीत लेता है। अर्थात् इन सभी रोगों को नाश करता है ॥ ८२ ॥

क्षतकासे लाक्षादिक्षीरम्—

लाक्षा सर्पिर्मधूच्छिष्टं जीवनीयं गणं सिताम् ।
त्वक्क्षीरीसंयुतां क्षीरे पक्त्वा दीप्तानलः पिबेत् ॥ ८३ ॥

क्षतजकास रोग में लाक्षादिक्षीर योग—लाख, घृत, मोम, जीवनीय गण के द्रव्य (जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, जीवन्ती, मुलेठी), मिश्री तथा वंशलोचन—इन द्रव्यों को दूध में पकाकर और छानकर प्रदीप्त जाठराग्निवाले रोगी को पिलावे ॥ ८३ ॥

क्षतकासे इक्षवालिकादिक्षीरम्—

इक्षवालिकाबिसग्रन्थिपद्मकेसरचन्दनैः ।
श्रृतं पयो मधुयुतं सन्धानार्थं पिबेत्क्षतः ॥ ८४ ॥

क्षतजकास में इक्षवालिकादि क्षीर योग—इक्षवालिका (गन्ने की जड़), बिस (कमल की नाल), ग्रन्थि (बांस का अग्रभाग), कमल का पराग तथा चन्दन—इन द्रव्यों को मिलाकर दूध में पकावे और मधु मिलाकर कासजन्य क्षत को संधान करने के लिये पान करे ॥ ८४ ॥

कासे यवादियोगः—

यवानां चूर्णमामानां क्षीरसिद्धं घृतप्लुतम् ।
ज्वरदाहे सिताक्षौद्रसक्तुमत् पयसा पिबेत् ॥ ८५ ॥

कासरोग में यवादि योग—कच्चे यव के चूर्ण को दूध में पकाकर, घृत मिश्री तथा मधु मिलाकर दूध के साथ कासजन्य ज्वर तथा दाह में पान करे ॥ ८५ ॥

कासे मधुकादिचूर्णम्—

कासी पर्वास्थिशूली च लिह्यात्सघृतमाक्षिकम् ।
मधूकं मधुकद्राक्षात्वक्क्षीरीपिप्पलीबलाः ॥ ८६ ॥

कासरोग में मधुकादि चूर्ण—कासरोग से पीड़ित तथा गांठ एवं अस्थि से पीड़ित व्यक्ति महुआ, मुलेठी, मुनक्का, वंशलोचन, पीपर तथा बरियार—इन द्रव्यों के चूर्ण को विषम मात्रा में घृत तथा मधु के साथ चाटे ॥ ८६ ॥

सरक्ते कासे पुनर्नवादियोगः—

चूर्णं पुनर्नवारक्तशालितण्डुलशर्करम् ।
रक्तष्ठीवी पिबेत्सिद्धं द्राक्षारसपयोघृतैः ॥ ८७ ॥

रक्तयुक्त कास रोग में पुनर्नवादि योग—रक्तवमन युक्त कासरोग से पीड़ित व्यक्ति पुनर्नवा चूर्ण, लाल जड़हन, धान का चावल, शक्कर—इन द्रव्यों को दूध में पकाकर मुनक्का का रस शक्कर तथा घृत मिलाकर पान करे ॥ ८७ ॥

उरःक्षते न्यग्रोधादिघृतम्—

न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थप्लक्षशालप्रियङ्गुभिः ।
तालमस्तकजम्ब्वृत्वक्प्रियालैश्च सपद्मकैः ॥ ८८ ॥
साश्वगन्धैः क्षतात्क्षीरादद्याज्जातेन सर्पिषा ।
शाल्योदनं क्षतोरस्कः क्षीणशुक्रश्च मानवः ॥ ८९ ॥

उरःक्षत रोग में न्यग्रोधादि घृत—उरःक्षत से पीड़ित तथा हीन वीर्यवाला मनुष्य न्यग्रोध (वट), गूलर, पीपर, पाकड़, फूलप्रियंगु, ताल का मस्तक (ताल का मज्जा), जामुन की छाल, चिरौंजी, पद्मकाठ तथा अश्वगन्धा—इन द्रव्यों को दूध मिलाकर, उसके साथ जड़हन धान का भात भक्षण करे ॥ ८८-८९ ॥

क्षतकासे यष्ट्यादिघृतम्—

यष्ट्याह्वनागबलयोः क्काथे क्षीरसमे घृतम् ।
पयस्यापिप्पलीवांशीकल्कसिद्धं क्षते हितम् ॥ ९० ॥

क्षतजकास में यष्ट्यादि घृत—मुलेठी तथा नागबला (गंगेरन)—इन द्रव्यों के क्काथ में, घृत के समभाग दूध मिलाकर पयस्या, क्षीरकाकोली, पीपर तथा वंशलोचन—इन द्रव्यों के कल्क के साथ घृत सिद्ध करे। यह घृत क्षतजकास में हितकर है ॥ ९० ॥

कासे बदरीफलादिघृतम्—

कोललाक्षारसे तद्वत्क्षीराष्टगुणसाधितम् ।
कल्कैः कट्वङ्गदार्वीत्वग्बन्सकत्वक्फलैर्घृतम् ॥ ९१ ॥

कासरोग में बदरीफलादि घृत—बैर के फल का रस तथा लाक्षारस (द्राक्षारस, पाठान्तर) में घृत के अठगुना दूध मिलाकर कट्वङ्ग (अरलू की छाल), दारुहल्दी की छाल तथा कोरैया की छाल एवं इन द्रव्यों के फल के कल्क के साथ घृत सिद्ध करे। यह घृत पूर्ववत् क्षतजकास में हितकर है ॥९१॥

क्षतकासे सिकतादियोगः—

गङ्गागोदावरीसिन्धुकालिन्दीनर्मदोद्भवाम् ।
आहृत्य सिकतां श्वेतां सुसूक्ष्मां प्रसृतोन्मिताम् ॥ ९२ ॥
तुल्यां तैलघृतक्षौद्रवसामज्जादिभिस्तथा ।
अगारधूमत्रिफलारसेन च विमिश्रिताम् ॥ ९३ ॥
सप्तभिः प्रसृतैः सार्धं खजेन मथितां पिबेत् ।
रक्तष्ठीवी क्षतोरस्कः सिद्धयोगं समाचरेत् ॥ ९४ ॥

क्षतजकास में सिकतादि योग—रक्तवमन करनेवाला तथा उरःक्षत से पीड़ित रोगी गंगा, गोदावरी, सिन्धु तथा नर्मदा—इन नदियों की एक प्रसृत

(दोपल "दो छटांक") सूक्ष्म सफेद सिकता (वालुका) को लेकर समभाग तैल, घृत, मधु, वसा तथा मज्जा एवं भोजनालय का धूम मिलाकर त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के सात प्रसृत (चौदह छटांक) क्वाथ के साथ कलछी से मथकर पान करे। इस सिद्ध योग को अच्छी तरह मात्रापूर्वक सेवन करे ॥ ९२-९४ ॥

कासे कतिपययोगाः—

श्वाविधः सूचयो दग्धाः सघृतक्षौद्रशर्कराः।
श्वासकासहरा बर्हिपादौ वा क्षौद्रसर्पिषा ॥ ९५ ॥
लिह्यान्मरिचचूर्णं वा सघृतक्षौद्रशर्करम्।
बदरीपत्रकल्कं वा घृतभृष्टं ससैन्धवम्।
स्वरोपघाते कासे च लेहमेनं प्रयोजयेत् ॥ ९६ ॥

कासरोग में कुछ योग—१-श्वाविध् (सल्लकी शाही) के कांटों की राख, घृत, मधु तथा शक्कर मिलाकर या २-मुर्गा के पक्षों की राख मधु और घृत के साथ सेवन करे) ये श्वास तथा कास को दूर करनेवाले हैं अथवा ३-मरिच का चूर्ण घृत, मधु तथा शक्कर मिलाकर चाटे। ४-बैर के पत्ते का कल्क घृत में भूनकर सेन्धानमक मिलाकर चाटे। इस अवलेह को स्वरोपघात (स्वरभंग) तथा कासरोग में प्रयोग करे ॥ ९५-९६ ॥

कासे धूमयोगाः—

जातीवृषाङ्कोल्लजटां सपत्रामादाय तद्वन्महिषाक्षभागम्।
दत्त्वा ततो नागबलांशयुक्तं कासप्रशान्त्यै विदधीत धूमम् ॥ ९७ ॥

कासरोग में धूमयोग—जाती (चमेली), अडूसा तथा अङ्कोल्ल (ढेरा), की जड़ तथा पत्ता लेकर, चूर्ण बनावे तथा उसी प्रकार महिषाक्ष (तालमखाना) तथा नागबला (गंगेरन) का चूर्ण मिलाकर शीशी में भरकर रख ले। और चूर्ण को चिलम पर चढ़ाकर कासरोग की शान्ति के लिये धूम्रपान करे ॥ ९७ ॥

जातीजटाकिसलयैर्बदरीदलैश्च
जाता मयूरकफलैः समनःशिलैश्च।
स्याद् धूमवर्तिरिह गुग्गुलुना समेतैः
कासच्छिदे बदरकाग्निविदह्यमानैः ॥ ९८ ॥

जाती (चमेली) की जड़ तथा पत्ता, बैर का पत्ता, मयूरक-फल (अपामार्ग-चिड़चिड़ा का फल), मनःशिला तथा गुग्गुलु—इन द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण करने योग्य द्रव्यों को चूर्ण बना ले और गुग्गुलु के साथ धूमवर्ति तैयार कर ले। इस धूमवर्ति को बैर के लकड़ी के आग से जलाकर

कासरोग को नाश करने के लिये धूम्रपान करे अर्थात् इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर टिकरी के तरह बनाकर सुखा ले और चिलम पर रखकर बैर के लकड़ी की आग जलाकर धूम्रपान को मुख द्वारा ग्रहण करे ॥ ९८ ॥

कासे यूषयोगः—

कण्टकारीरसे सिद्धो मुद्गयूषः सुसंस्कृतः ।
सगौर्यामलकः साम्लः सर्वकासभिषग्जितम् ॥ ९९ ॥

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
कासाधिकारो दशमः ।

कासरोग में यूषयोग—कण्टककारी (भटकटैया) के रस में हल्दी, आंवला तथा अम्ल (अम्लबेंत) मिलाकर मूंग का यूष तैयार करे। यह यूष सेवन करने से सभी प्रकार के कास रोगों को जीतनेवाला है, अर्थात् सभी प्रकार के कास रोगों को नाश करता है ॥ ९९ ॥

सोढल विरचित गदनिग्रह कायचिकित्सा खण्ड में
कासचिकित्सा समाप्त ।

अथ हिक्काश्वासाधिकार एकादशः ।

अथ हिक्काश्वासनिदानं व्याख्यास्यामः ।

हिक्काया निदानं संप्राप्तिश्च—

हिक्का श्वासश्च कासश्च त्रयाणामेकहेतुता ।
निरूपिते ततः कासे हिक्केदानीं निरूप्यते ॥ १ ॥

हिक्का तथा श्वास निदान की व्याख्या ।

हिक्का रोग का निदान तथा समाप्ति—हिक्का, श्वास तथा कास इन तीनों रोगों के एक ही कारण हैं । अतः कास के निरूपण करने के बाद हिक्का के निदान तथा सम्प्राप्ति का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

विदाहिगुरुविष्टम्भिरूक्षाभिष्यन्दिभोजनैः ।
शीतपानाशनस्थानरजोधूमातपानिलैः ॥ २ ॥
व्यायामकर्मभाराध्ववेगाघातापतर्पणैः ।
हिक्का श्वासश्च कासश्च नृणां समुपजायते ॥ ३ ॥

विदाही पदार्थ (जैसे मरिच या सरसों) या जलन पैदा करनेवाले पदार्थ, गुरु (दुष्पच जैसे उड़द की दाल तथा सुअर का मांस), विष्टम्भ या कब्ज करनेवाले रूक्ष (जैसे चना) तथा अभिष्यन्दि (जैसे दूध, मछली) पदार्थों को अत्यधिक सेवन करने से, शीतल पान, भोजन तथा शीतल स्थान (सीलन या नमीयुक्त) में रहने से धूलि, धुवां, धूप, तीव्रवायु, अतिशय व्यायाम, सामर्थ्य से अधिक कार्य करने से, या शक्ति से अधिक भार उठाने से, अधिक पैदल यात्रा करने से, वेगों (मूत्र-पुरीषादि) को रोकने से तथा अपतर्पण, उपवास, व्रत आदि अधिक करने से मनुष्यों को हिक्का, श्वास और कास रोग उत्पन्न होते हैं ॥ २–३ ॥

मुहुर्मुहुर्वायुरुदेति सस्वनो
यकृत्प्लहान्त्राणि मुखादिवाक्षिपन् ।
सघोषवानाशु हिनस्ति यद्वपु-
स्ततस्तु हिक्केत्यभिधीयते बुधैः ॥ ४ ॥

उदानवायु-सहित प्राणवायु प्रकुपित होकर श्वासवायु, यकृत्, प्लीहा तथा आन्त्र को वेग से मुख द्वारा निकालता हुआ जब बार-बार शब्द के साथ मुख की ओर आता है । वह (हिक्-हिक्) इस प्रकार शब्द करता हुआ प्राणों को भी शीघ्र ही नष्ट कर सकता है अतः इसको बुद्धिमान् वैद्य हिक्का नाम से कहते हैं ॥ ४ ॥

अन्नजां यमलां क्षुद्रां गम्भीरां महतीं तथा।
वायुः कफेनानुगतः पञ्च हिक्काः करोति हि ॥ ५ ॥

कफ के अनुसार गति करनेवाली वायु अन्नजा, यमला, क्षुद्रा, गम्भीरा तथा महती नाम की पांच हिक्काओं को उत्पन्न करती है ॥ ५ ॥

विमर्श—श्वास, हिक्का तथा कास के निदान एवं चिकित्सा में अधिक समता पाई जाती है क्योंकि तीनों की चिकित्सा कहीं २ पर साथ बताई गई है। जैसे। "कास-श्वासनिबर्हणः" "श्वास-कासनुत्" हरीतकी अवलेह में "मधु-सर्पिर्युतं कास-हिक्काश्वासं जयेल्लिहन्" इत्यादि से निदान तथा चिकित्सा में समता है फिर भी सम्प्राप्ति भिन्न २ होने के कारण काम का पाठ अलग किया गया है। इसके अतिरिक्त वात आदि के वातिक, पैत्तिक आदि भेद होते हैं तथा प्रधान विकृति वात की ही होती है "प्राणो ह्युदानानुगतः" इत्यादि। इसके विपरीत हिक्का और श्वास में कफ और वात की प्रधानता रहती है। तथा पाचन संस्थानगत विकृति भी होती है जैसे "कफवातात्मकावेतौ पित्त-स्थानसमुद्भवौ" तथा "वायुः कफेनानुगतः पञ्च, हिक्काः करोति हि" इत्यादि के अनुसार हिक्का वात-कफारब्ध होती हैं। यद्यपि हिक्का आदि श्वास के भी उत्पादक दोष समान हैं तथापि सम्प्राप्ति, वेग, स्वर और लक्षणों में भिन्नता होने से इन दोनों में भी भेद होता है। प्राण वायु तथा उदान वायु के प्रकुपित होने से जब एक साथ क्रियाशील होते हैं तब श्वास द्वारा ग्रहण किया हुआ वायु बीच में रुक कर वेग से मुख की ओर बढ़ता है तब एकाएक हिक् हिक् शब्द की उत्पत्ति होती है और कुछ देर तक इस प्रकार का क्रम जारी रहता है और मालूम पड़ता है कि यकृत्-प्लीहा तथा आन्त्र मुख द्वारा निकल जायेंगे। वस्तुतः यह इतना भयानक होता है कि प्राणों को नष्ट कर सकता है।

पाचन संस्थान गत विकृति होने से आमाशय एवं अन्न-प्रणाली को प्रत्यक्ष क्षोभ होता है जो मिर्च, अचार तथा तीक्ष्ण पदार्थ धूम्र आदि से उत्पन्न होता है और तीक्ष्ण पदार्थ आमाशयिक क्षोभ उत्पन्न करता है। हिक्का में जल पीने से शान्ति मिलती है, आमाशयिक क्षोभ से अनुकोष्ठिका नाड़ी महाप्राचीरा को असमय में संकोच करा देती है, और आमाशयिक श्लैष्मिक कलाशोथ, आमाशय-विस्तृति, आन्त्रकलाशोथ, अन्त्रावरोध तथा आध्मान, आनाह आदि भी महाप्राचीरा को अनियमित संकोच कराने में कारण होते हैं। अतः हिक्का की उत्पत्ति होती है। प्राचीन मत के अनुसार भी पाचन-संस्थान की विकृति हिक्का उत्पन्न करने में प्रधान कारण है।

हिक्कापूर्वरूपम्—

कण्ठोरसोर्गुरुत्वं च वदनस्य कषायता।

हिक्कानां पूर्वरूपाणि कुक्षेराटोप एव च ॥ ६ ॥

हिक्का का पूर्वरूप—कण्ठ (गला) तथा छाती का भारी होना, मुख में कसैलापन और उदर का फूला रहना, ये हिक्का के पूर्वरूप हैं ॥ ६ ॥

अन्नजाहिक्कालक्षणम्—

पानान्नैरतिसंयुक्तैः सहसा पीडितोऽनिलः ।
हिक्कयत्यूर्ध्वगो भूत्वा तां विद्यादन्नजां भिषक् ॥ ७ ॥

अन्नजा हिक्का का लक्षण—पान (जल) तथा अन्न के अत्यधिक सेवन करने से एकाएक पीड़ित वायु ऊर्ध्वगामी होकर हिक्का को उत्पन्न करता है। इसको वैद्यगण "अन्नजा" हिक्का समझें ॥ ७ ॥

यमलाहिक्कालक्षणम्—

चिरेण यमलैर्वेगैर्या हिक्का संप्रवर्तते ।
कम्पयन्ती शिरोग्रीवं यमलां तां विनिर्दिशेत् ॥ ८ ॥

यमला हिक्का का लक्षण—जो हिक्का सिर तथा ग्रीवा को कंपाती हुई रुक कर एक बार में दो वेगों के साथ होती है उसे "यमला हिक्का" कहते हैं ॥ ८ ॥

क्षुद्रिकाहिक्कालक्षणम्—

विकृष्टकालैर्वेगैर्या मन्दः समभिवर्तते ।
क्षुद्रिका नाम सा हिक्का जत्रुमूलप्रधाविता ॥ ९ ॥

क्षुद्र हिक्का का लक्षण—जो हिक्का अधिक समय के अन्तर से कभी कभी हो तथा जिसके वेग मन्द हों और जत्रुमूल (कण्ठ तथा उरःस्थल की सन्धि) से ही उठे, उसे "क्षुद्रिका" या "क्षुद्र हिक्का" कहते हैं ॥ ९ ॥

गम्भीरहिक्कालक्षणम्—

नाभिप्रवृत्ता या हिक्का घोरा गम्भीरनादिनी ।
अनेकोपद्रवयुता गम्भीरा नाम सा स्मृता ॥ १० ॥

गम्भीर हिक्का का लक्षण—जो हिक्का नाभि प्रदेश से उठकर घोर एवं गम्भीर शब्द को करती हुई अनेक उपद्रवों से युक्त होती है, उसे "गम्भीरा" हिक्का कहते हैं ॥ १० ॥

महाहिक्कालक्षणम्—

मर्माण्युत्पीडयन्तीव सततं या प्रवर्तते ।
महाहिक्केति सा ज्ञेया सर्वगात्रविकम्पिनी ॥ ११ ॥

महाहिक्का का लक्षण—मर्मस्थलों (वस्ति, हृदय तथा सिर) को पीड़ित करती हुई तथा सम्पूर्ण शरीर में कम्पन उत्पन्न करने वाली जो हिक्का बराबर बनी रहती है, उसे "महाहिक्का" कहते हैं ॥ ११ ॥

हिक्कानां साध्यासाध्यविचारः—

आयम्यते हिक्कतो यस्य देहो
दृष्टिश्चोर्ध्वं तास्यते यस्य नित्यम् ।
क्षीणोऽन्नद्विट् क्ष्वेति यश्चातिमात्रं
तौ द्वौ चान्त्यौ वर्जयेद्धिक्कमानौ ॥ १२ ॥

हिक्का रोग का साध्य एवं असाध्य विचार—हिचकी के कारण जिस रोगी का सम्पूर्ण शरीर फैल जाय, जिसके नेत्र हमेशा ऊपर चढ़े रहें, जिसको खाने में अरुचि हो तथा शरीर क्षीण हो गया हो एवं जो अत्यधिक छींकता हो वह असाध्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्त के दो महती तथा गम्भीरा नाम की हिचकियां असाध्य होती हैं। उन दोनों को छोड़ देनी चाहिए अर्थात् चिकित्सा न करे ॥१२ ॥

अतिसंचितदोषस्य भक्तच्छेदकृशस्य च ।
व्याधिभिः क्षीणदेहस्य वृद्धस्यातिव्यवायिनः ॥ १३ ॥
एषां या सा समुत्पन्ना हिक्का हन्त्याशु जीवितम् ।

जिस रोगी के शरीर में दोषों का संचय अधिक मात्रा में हो, जो अन्नादि सेवन न करने से दुर्बल हो गया हो, या चिरकालीन रोग के कारण जिसका शरीर दुर्बल हो, रोगी वृद्ध हो गया हो तथा अत्यधिक मैथुन करता हो, उसको साध्य या असाध्य स्वरूप की पांचों प्रकार की हिक्काओं में से जो भी हिक्का हो जायगी वही जीवन को नष्ट करती है अर्थात् उपर्युक्त लक्षणों या कारणों से युक्त रोगी के लिये पांचो हिक्कायें असाध्य हैं।

यमिका च प्रलापार्तिमोहतृष्णासमन्विता ॥ १४ ॥
अक्षीणश्चाप्यदीनश्च क्षीणधात्विन्द्रियश्च यः ।
तस्य साधयितुं शक्या यमिका हन्त्यतोऽन्यथा ॥ १५ ॥

प्रलाप, पीड़ा, मोह, (मूर्च्छा) तथा प्यास से युक्त यमिका नामक हिक्का असाध्य होती है। बलवान् तथा दृढ़ मनवाले रोगी, जिसकी सभी धातुयें एवं इन्द्रियां स्थिर हैं—उन रोगियों में यमिका साध्य होती है। इसके विपरीत दुर्बल शरीर तथा मन और धातुवों एवं इन्द्रियों के अस्थिर होने पर असाध्य होती है ॥ १४–१५ ॥

श्वासभेदाः—

निरूपितायां हिक्कायां श्वासः पश्चान्निरूप्यते ।
तयोस्तुल्यनिदानत्वादिति सन्निधिसंगतिः ॥ १६ ॥
महोर्ध्वच्छिन्नतमकक्षुद्रभेदैस्तु पञ्चधा ।
भिद्यते स महाव्याधिः श्वास एको विशेषतः ॥ १७ ॥

श्वास के भेद—हिक्का के निरूपण करने के बाद श्वास रोग का निरूपण करते हैं, क्योंकि हिक्का तथा श्वास दोनों रोगों के निदान में समानता है, इसी कारण से हिक्का तथा श्वास रोग का पाठ साथ २ किया गया है। श्वास नामक महारोग स्वरूप से एक होते हुए भी (हेतु तथा लक्षण भेद से) महा-श्वास, ऊर्ध्वश्वास, छिन्नश्वास, तमकश्वास तथा क्षुद्रश्वास नाम से पांच प्रकार का होता है ॥ १६–१७ ॥

श्वासपूर्वरूपम्—

प्राग्रूपं तस्य हृत्पीडा शूलमाध्मानमेव च।
आनाहो वक्त्रवैरस्यं शङ्खनिस्तोद एव च ॥ १८॥

श्वास रोग का पूर्वरूप—हृदय प्रदेश या छाती में पीड़ा, शूल (पार्श्वशूल), आध्मान (वायु से पेट का फूलना), आनाह (आम या मल से रुकी हुई वायु के द्वारा पेट का फूलना), मुख की विरसता तथा शंख प्रदेश में सूई के चुभने जैसी वेदना का होना, ये लक्षण श्वास रोग के पूर्वरूप हैं ॥ १८ ॥

श्वाससंप्राप्तिः—

यदा स्रोतांसि संरुध्य मारुतः कफपूर्वकः।
विष्वग्व्रजति संरुद्धस्तदा श्वासान् करोति सः ॥ १९ ॥

श्वासरोग की सम्प्राप्ति—जब कफ-प्रकोपपूर्वक रुद्ध एवं प्रकुपित वायु स्रोतों (प्राणवाही) को अवरोध कर सभी ओर (सम्पूर्ण फुप्फुस प्रदेश में) व्याप्त होती है तो श्वास रोग को उत्पन्न करती है ॥ १९ ॥

विमर्श—श्वास वस्तुतः वातस्वरूप है, अतः इसमें वात की प्रधानता रहती है। साधारण अवस्था में वायु श्वास-कास को नहीं उत्पन्न करती है, किन्तु जब वह कफ से अवरुद्ध होती है तब श्वास रोगों को उत्पन्न करती है। तात्पर्य यह है कि जब कफ की अधिकता से फुप्फुस के वायुकोषों में वायु प्रवेश के लिये जगह कम मिलती है तब आवश्यक जारक (आक्सीजन) या प्राण वायु को ग्रहण करने के लिये श्वास की प्रवृत्ति होती है अतः कफपूर्वक वायु का प्रकोप श्वास रोग का कारण होता है जब कफप्रधान वात प्राणवाही स्रोतों में अवरोध उत्पन्न कर सर्वत्र घूमता है तब श्वास रोग की उत्पत्ति होती है, यह श्वास रोग की सम्प्राप्ति है। यहां प्राणवह स्रोत श्वासनलिका तथा फुप्फुस को कहते हैं। फुप्फुस वक्षस्थल के दोनों तरफ रहने वाले दो थैले होते हैं। अति लचकीले तन्तुओं से बने हुए अनेक कोष्ठों के संघात हैं। इसके अन्दर एक झागदार पदार्थ होता है प्रत्येक कोष्ठ में रक्त वाहिनियां होती हैं। श्वास लेने पर प्राण वायु फुप्फुसीय कोष्ठों में प्रवेश करती है जिससे कोष्ठ फूल जाते हैं। प्राण वायु प्रत्येक कोष्ठ में जाकर रक्तवाहिनी में स्थित रक्त को शुद्ध करता

है और रक्त की अशुद्धि को ग्रहण कर फुप्फुस के संकोच होने पर पुनः बहिः श्वास के द्वारा बाहर निकल जाती है। यह श्वास-प्रश्वास की क्रिया जीवन भर निरन्तर चला करती है इस प्रकार श्वास-प्रश्वास क्रिया की स्वाभाविकता फुप्फुस के क्रियाशील कोष्ठों की अधिक संख्या उनका लचकीलापन अवरोध का न होना। एवं रक्त की पर्याप्त मात्रा पर आधारित है। श्वास रोग की विकृति सम्पूर्ण फुप्फुस में रहती है, पहले कफ की विकृति होती है तत्पश्चात् अवरोध के कारण वात प्रकुपित होकर श्वास को उत्पन्न करता है।

श्वास रोग की उत्पत्ति का कारण, वायु के अधिष्ठान वातनाड़ियों की विकृति ही प्रधान है। इस रोग में केवल फुप्फुस में विकृति न रहकर वात-नाड़ियों में भी रहती है।

महाश्वासलक्षणम्—

उद्धूयमानवातो यः शब्दवद् दुःखितो नरः।
उच्चैः श्वसिति संरुद्धो मत्तर्षभ इवानिशम् ॥ २० ॥
प्रनष्टज्ञानविज्ञानस्तथा विभ्रान्तलोचनः।
विवृताऽऽननो बद्धमूत्रवर्चा विशीर्णवाक् ॥ २१ ॥
दीर्घं प्रश्वसितं चास्य दूराद्विज्ञायते भृशम्।
महाश्वासोपसृष्टः स क्षिप्रमेव विपद्यते ॥ २२ ॥

महाश्वास का लक्षण—जो श्वास का रोगी, क्रुद्ध या मदोन्मत्त ऋषभ (सांड़) के समान फुफकारने या हांफने आदि जैसे शब्दयुक्त श्वास को हमेशा दुःख के साथ लेता है तथा जिसके ज्ञान और विज्ञान लुप्त हो जाते हैं, आंखें चंचल हो जाती हैं, एवं मुख तथा नेत्र फैले हुए रहते हैं, मल और मूत्र रुक जाते हैं, टूटे फूटे शब्दों का कष्ट से उच्चारण करता है एवं दीन या अप्रसन्न चित्त रहता है, श्वास का शब्द या क्रिया दूर से ही प्रत्यक्ष हो जाती है, इस के श्वास रोग को 'महाश्वास' कहते हैं और इससे पीड़ित रोगी शीघ्र ही मृत्यु प्राप्त करता है ॥ २०–२२ ॥

ऊर्ध्वश्वासलक्षणम्—

ऊर्ध्वं श्वसिति योऽत्यर्थं न च प्रत्याहरत्यधः।
श्लेष्मावृतमुखस्रोताः क्रुद्धगन्धवहार्दितः ॥ २३ ॥
ऊर्ध्वदृष्टिर्विपश्यंस्तु विभ्रान्ताऽऽननस्तथा।
प्रमुह्यन् वेदनार्तश्च शुष्कास्योऽरतिपीडितः ॥ २४ ॥
ऊर्ध्वश्वासे प्रकुपिते ह्यधःश्वासो निरुध्यते।
मुह्यतस्ताम्यतश्चोर्ध्वं श्वासस्तस्यैव हन्त्यसून् ॥ २५ ॥

ऊर्ध्वश्वास का लक्षण—जो रोगी ऊपर की तरफ श्वास तो देर से छोड़ता

है पर नीचे (भीतर) की ओर (उतनी ही देर तक) नहीं खींचता, जिससे मुख और स्रोत (प्राणवह) कफ से अवरुद्ध हो जाते हैं, वायु के प्रकोप से जो पीड़ित रहता है, जिसकी दृष्टि ऊपर को ही चढ़ी रहती है, और अनेक विकृतियों को देखता है, जिसकी आखें इधर-उधर घूमती हैं, जो बार-बार मूर्च्छित होता है, तथा वेदना से पीड़ित रहता है, जिसका मुख श्वेत रहता है, तथा जिसको अत्यधिक बेचैनी रहती है, इस प्रकार का रोगी ऊर्ध्वश्वास तो छोड़ता है किन्तु अधः श्वास रुक जाता है, इसी कारण से रोगी बार-बार बेचैन होकर बेहोश हो जाता है। इस प्रकार वह ऊर्ध्वश्वास रोगी के प्राण को नष्ट कर देता है॥ २३–२५॥

छिन्नश्वासलक्षणम्—

यस्तु श्वसिति विच्छिन्नं सर्वप्राणेन पीडितः।
न वा श्वसिति दुःखार्तो मर्मच्छेदरुगर्दितः॥ २६॥
आनाहस्वेदमूर्च्छार्तो दह्यमान इवाग्निना।
विप्लुताक्षः परिक्षीणः श्वसन् रक्तैकलोचनः॥ २७॥
विचेताः परिशुष्कास्यो विवर्णः प्रलपन्नरः।
छिन्नश्वासेन विच्छिन्नः स शीघ्रं विजहात्यसून्॥ २८॥

छिन्नश्वास का लक्षण—जो रोगी अपनी पूर्ण शक्ति लगाकर भी रुक रुककर श्वास लेता है, और जो हृदय आदि मर्मस्थल की वेदना से पीड़ित होने के कारण दुःखी होकर नहीं श्वास ले पाता तथा जो अनायास स्वेद एवं मूर्च्छा से पीडित है, जिसके वस्ति प्रदेश में दाह हो रहा है, जिसकी आंखें आसुवों से परिपूर्ण हैं, जो क्षीणश्वास लेता है, जिसकी एक आंख लाल है, जिसका चित्त उद्विग्न तथा मुख शुष्क रहता है, जो कान्तिहीन है एवं प्रलाप करता है, इस प्रकार के रोगी को छिन्नश्वास से पीड़ित समझना चाहिए। इस तरह छिन्न श्वास से पीड़ित रोगी भी शीघ्र ही प्राणों को छोड़ देता है।

तमकश्वासलक्षणम्—

प्रतिलोमं यदा वायुः स्रोतांसि प्रतिपद्यते।
ग्रीवां शिरश्च संगृह्य श्लेष्माणं समुदीर्य च॥ २९॥
करोति पीनसं तेन रुद्धो घुर्घुरकं तथा।
अतीव तीव्रवेगं च श्वासं प्राणप्रपीडकम्॥ ३०॥
प्रताम्यति स वेगेन त्रस्यते सन्निरुध्यते।
प्रमोहं कासमानश्च स गच्छति मुहुर्मुहुः॥ ३१॥
श्लेष्मण्यमुच्यमाने तु भृशं भवति दुःखितः।
तस्यैव च विमोक्षान्ते मुहूर्तं लभते सुखम्॥ ३२॥

तथाऽस्योद्ध्वंसते कण्ठः कृच्छ्राच्छ्वसनोति भाषितुम् ।
न चापि निद्रां लभते शयानः श्वासपीडितः ॥ ३३ ॥
पार्श्वे तस्यावगृह्णाति शयानस्य समीरणः ।
आसीनो लभते सौख्यमुष्णं चैवाभिनन्दति ॥ ३४ ॥
उच्छ्रिताक्षो ललाटेन स्विद्यता भृशमार्तिमान् ।
विशुष्कास्यो मुहुः श्वासो मुहुश्चैवावधम्यते ॥ ३५ ॥
मेघाम्बुशीतप्राग्वातैः श्लेष्मलैश्च विवर्धते ।
स याप्यस्तमकः श्वासः साध्यो वा स्यान्नवोत्थितः ॥ ३६ ॥
ज्वरमूर्च्छापरीतस्य विद्यात् प्रतमकं तु तम् ।
उदावर्तरजोजीर्णच्छिन्नकायनिरोधजः ॥ ३७ ॥
तमसा वर्धतेऽत्यर्थं शीतैश्चाशु प्रशाम्यति ।
मज्जतस्तमसीवास्य विद्यात् संतमकं तु तम् ॥ ३८ ॥

तमकश्वास का लक्षण—जब प्रतिलोम वायु प्राणवह स्रोतों में पहुंच कर ग्रीवा तथा सिर को जकड़ता हुआ कफ को और भी उदीर्ण करके पीनस (प्रतिश्याय या चिरकालीन पूययुक्त नासास्राव) रोग को उत्पन्न कर देती है । इस कफ से अवरुद्ध हुई वायु घुर घुर शब्द से युक्त प्राणों के आश्रय हृदय को कष्ट देने वाले एवं अत्यन्त तीव्र वेगों से युक्त श्वास (तमक श्वास) को उत्पन्न करती है ।

इस तमकश्वास से पीड़ित रोगी अपने को अन्धकार पड़ा हुआ मानता है (उसके आंखों के सामने कुछ भी दिखाई नहीं देता), प्यास से व्याकुल तथा चेष्टाहीन हो जाता है, बार बार खांसने से मूर्च्छित सा हो जाता है, खांसते-खांसते, कफ के निकलने तक बेचैनी रहती है किन्तु कफ के निकल जाने पर कुछ समय के लिये सुख का अनुभव करता है । गला बैठ जाता है, प्रयत्न करने पर भी कठिनता से कुछ बोलने में समर्थ होता है । लौटने पर भी श्वास से पीड़ित होने के कारण नींद पूरी तरह नहीं लग पाती, क्योंकि सोने पर उसके पार्श्व में स्थित वायु पीड़ा को उत्पन्न करती है, बैठने पर कुछ आराम मिलता है, उष्ण स्वभाव वाली वस्तुओं को पसन्द करता है, आंखों पर सूजन रहती है, या आंखें चढ़ी रहती हैं, मस्तक पसीने से तर रहता है तथा कष्ट बराबर बना रहता है । मुख सूखा रहता है, बार-बार श्वास लेता है, कभी-कभी फूत्कारों द्वारा श्वास को छोड़ता है । मेघ, शीतल जल, शीत ऋतु तथा पूर्वी हवा एवं कफवर्द्धक पदार्थों के सेवन से इसकी वृद्धि होती है । यह तमक श्वास याप्य होता है, किन्तु नवीन होने पर वह साध्य भी होता है । किन्तु जब यह श्वास अन्धकार या मानसिक दोषों से बढ़े एवं शीतोपचार से शान्त

हो तथा रोगी जिसमें अपने को अन्धकार में डूबा हुआ समझे, उसे 'तमक श्वास' रोग समझना चाहिए ॥ २९–३८ ॥

क्षुद्रश्वासलक्षणम्—

रूक्षायासोद्भवः कोष्ठे क्षुद्रो वात उदीरयन् ।
क्षुद्रश्वासो न सोऽत्यर्थं दुःखेनाङ्गप्रबाधकः ॥ ३९ ॥
हिनस्ति न स गात्राणि न च दुःखो यथेतरे ।
न च भोजनपानानां निरुणद्ध्युचितां गतिम् ॥ ४० ॥
नेन्द्रियाणां व्यथां चापि कांचिदापादयेद्रुजम् ।
स साध्य उक्तो बलिनः सर्वे चाव्यक्तलक्षणाः ॥ ४१ ॥

क्षुद्रश्वास का लक्षण—रूक्ष पदार्थों के अधिक सेवन तथा अधिक व्यायाम से जो श्वास फूल जाता है, उसे 'क्षुद्र श्वास' कहते हैं। इसके वेग हलके होते हैं, एवं यह शरीर के अंगों को अत्यधिक कष्ट भी नहीं पहुँचाता। यह अन्य श्वासों के समान शरीर को दुःखी नहीं करता एवं प्राणों के लिये घातक भी नहीं है। इससे खाने-पीने में भी कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है अर्थात् उनकी उचित शक्ति को नहीं रोकता। इन्द्रियों को भी किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं पहुँचाता अर्थात् उनकी ग्रहणशक्ति-पूर्ववत् बनी रहती है। उपद्रव-स्वरूप किसी दूसरे रोग को भी यह उत्पन्न नहीं करता। यह श्वास रोग साध्य होता है इसके अतिरिक्त अन्य चार भी बलवान् रोगियों में अव्यक्त अवस्था में साध्य रहते हैं ॥ ३९–४१ ॥

श्वासानां साध्यासाध्यविचारः—

क्षुद्रः साध्यतमस्तेषां तमकः कृच्छ्र उच्यते ।
त्रयः श्वासा न सिध्यन्ति तमको दुर्बलस्य च ॥ ४२ ॥
कामं प्राणहरा रोगा बहवो न तु ते तथा ।
यथा श्वासश्च हिक्का च हरतः प्राणमाशु वै ॥ ४३ ॥

इति गदनिग्रहे हिक्काश्वासनिदानम् ।

श्वास रोगों के साध्य विचार—क्षुद्रश्वास रोग साध्य होता है, तमक-श्वासरोग कृच्छ्रसाध्य तथा तीन अन्य श्वासरोग (महाश्वासरोग, ऊर्ध्वश्वास-रोग, छिन्नश्वासरोग) असाध्य होते हैं। दुर्बल रोगी का तमक श्वास भी असाध्य होता है।

प्राणों को नष्ट करनेवाले रोग यद्यपि बहुत हैं तथापि वे हिक्का तथा श्वास के समान प्राणों का नाश इतना जल्दी नहीं करते हैं ॥ ४२–४३ ॥

इति गदनिग्रह में हिक्काश्वासनिदान समाप्त ।

अथातो हिक्काश्वासचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

हिक्काश्वासयोः सामान्यचिकित्सा—

हिक्काश्वासातुरे पूर्वं तैलाक्ते स्वेद इष्यते ।
नाडीस्वेदेन मृदुना शङ्करप्रस्तरेण वा ॥ ४४ ॥
स्विन्नं विमुञ्चति श्लेष्मा ग्रन्थिश्च प्रविलीयते ।
वातः प्रगुणतां याति वेदना च निवर्तते ॥ ४५ ॥
ऊर्ध्वाधःशोधनं शक्ते दुर्बले शमनं मतम् ।

इसके बाद हिक्का तथा श्वास की चिकित्सा का व्याख्यान करेंगे ।

हिक्का तथा श्वास की सामान्य चिकित्सा—हिक्का तथा श्वास से पीड़ित रोगी को सर्वप्रथम तैल का लेप कर स्वेदन करना चाहिए, मृदु नाडीस्वेद या शंकर प्रस्तरस्वेद (शंकर पत्थर को गरम कर स्वेदन करना) से स्वेदन करने से कफ ढीला होकर छोड़ देता है और गांठें विलीन हो जाती हैं। वात का अनुलोमन होता है और पीड़ा नष्ट हो जाती है। रोगी बलवान् होने पर ऊर्ध्वाधः शोधन (वमन-विरेचन द्वारा) करना चाहिए, दुर्बल होने पर शामक औषधों से प्रशमन करना चाहिए ।

सहसा हर्षणक्रोधत्रासनैः क्रूरदर्शनैः ॥ ४६ ॥
द्रुतशीताम्बुपानैश्च हिक्काश्वासौ शमं नयेत् ।

एकाएक हर्ष, क्रोध, भय तथा भयंकर चीजों को देखने तथा अधिक शीघ्रता-पूर्वक शीतल जलपान करने से हिक्का तथा श्वास रोग शान्त होता है ।

प्राणावरोधतर्जन-विस्मापनशीतवारिसेकैश्च ॥ ४७ ॥
चित्रैः कथाप्रयोगैः शमयति हिक्कां मनोविघातैश्च ।

प्राणायाम, भय दिखाना, आश्चर्यजनक चीजों से आश्चर्यित करना, शीतल जल से अभिषेक करना (स्नान कराना), अनेक प्रकार की कथाओं (आख्यायिकाओं) का प्रयोग करना तथा मानसिक चेष्टाओं में परिवर्तन लाना, इत्यादि प्रयोगों के द्वारा हिक्कारोग को शान्त करे ।

हिक्काघ्नाः षड्लेहाः—

कोलमज्जाऽञ्जनं लाजा, तिक्ता काञ्चनगैरिकम् ॥ ४८ ॥
कृष्णा धात्री सिता शुण्ठी, कासीसं दधिनाम च ।
पाटल्याः सफलं पुष्पं, कृष्णाखर्जूरमुस्तकम् ॥ ४९ ॥
षडेते पादिका लेहा हिक्काघ्ना मधुसंयुताः ।

हिक्कानाशक छः अवलेह—(१) कोलमज्जा (बैर का गूदा), रसाञ्जन तथा धान का लावा—इन द्रव्यों का चूर्ण, (२) कुटकी का चूर्ण तथा स्वर्ण-

गैरिक की भस्म, (३) पीपर, आंवला मिश्री तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण, (४) कासीसभस्म तथा दधिनाम (कैथ) के गूदा का चूर्ण, (५) पाढल के फल तथा पुष्प का चूर्ण, (६) पीपर, खजूर तथा मोथा का चूर्ण, एक २ पाद (श्लोक के चतुर्थांश) में बताये हुए इन छः अवलेह्य चूर्णों को मधु मिलाकर चाटने (सेवन करने) से अवलेह हिक्कारोग को नाश करते हैं।

हिक्कायां नस्ययोगाः—

मधुकं मधुसंयुक्तं, पिप्पली शर्करान्विता ॥ ५० ॥
नागरं गुडसंयुक्तं, हिक्काघ्नं नावनत्रयम् ।
स्तन्येन मक्षिकाविष्ठा नस्यं वाऽलक्तकाम्बुना ॥ ५१ ॥
योज्यं हिक्काभिभूताय स्तन्यं वा चन्दनान्वितम् ।

हिक्कारोग में नस्य योग—१-मधु-मिश्रित मुलेठी का सूक्ष्म चूर्ण, २-शक्कर से युक्त पीपर का चूर्ण, ३-गुड़ मिश्रित सोंठ का चूर्ण ये तीनों नस्य (प्रयोग करने से) हिक्कारोग को नाश करनेवाले हैं। १-मक्षिकाविष्ठा (मधु या मोम) दूध के साथ या २-लाक्षा (लाख) के जल के साथ नस्य का हिक्का रोग से पीड़ित रोगी के लिये प्रयोग करे या ३-चन्दन, मिश्रित दूध को नस्य के लिये प्रयोग करे।

हिक्कायां लेहयोगाः—

मधुसौवर्चलोपेतं मातुलुङ्गरसं लिहेत् ॥ ५२ ॥
हिक्कार्तो मधुना लिह्याच्छुण्ठीं धात्रीकणान्विताम् ।
कृष्णानलकशुण्ठीनां चूर्णं मधुसितायुतम् ॥ ५३ ॥
मुहुर्मुहुः प्रयोक्तव्यं हिक्काश्वासनिवारणम् ।

हिक्कारोग में लेहयोग—हिक्कारोग से पीड़ित व्यक्ति, १-मधु तथा सौवर्चल नमक मिलाकर विजौरा नीबू का रस चाटे। २-सोंठ, आंवला एवं पीपर का चूर्ण, मधु के साथ चाटे। ३-पीपर, आंवला तथा सोंठ का चूर्ण, मधु तथा शक्कर के साथ हिक्कारोग तथा श्वास रोग को दूर करने के लिये बार-बार प्रयोग करे।

हिक्काश्वासी पिबेद्भार्गीं सविश्वामुष्णवारिणा ॥ ५४ ॥
नागरं वा सिताभार्गीसौवर्चलसमन्वितम् ।
कपित्थस्वरसं वाऽपि रसमामलकस्य वा ॥ ५५ ॥
पिप्पलीक्षौद्रसंयुक्तं हिक्काश्वासनिवारणम् ।

हिक्कारोग से पीड़ित व्यक्ति १-भारंगी तथा सोंठ का चूर्ण, गरम जल से पान करे। या २-भारंगी, सौवर्चल नमक तथा सोंठ का चूर्ण, मिश्री मिलाकर भक्षण करे, ३-कैथ का रस या आंवला का रस, पीपर का चूर्ण तथा मधु

मिलाकर हिक्का एवं श्वासरोग को दूर करने के लिये पान करे।

खर्जूरं पिप्पली द्राक्षा शर्करा चेति तत्समम् ॥ ५६ ॥
मधुसर्पिर्युतो लेहो हिक्काश्वासनिवारणः।

खजूर, पीपर, मुनक्का तथा शक्कर समभाग—इन द्रव्यों के कल्क या चूर्ण को मधु (एकभाग) एवं घृत (आधा भाग) के साथ मिलाकर (लेहवत् बनाकर) चाटे। यह लेह हिक्का तथा श्वास रोग को नाश करता है।

श्वासादिघ्नभयादिघृतम्—

कासे श्वासे च हिक्कायां हृद्रोगे चापि पूजितम् ॥ ५७ ॥
घृतं पुराणं संसिद्धमभयाविडरामठैः।

श्वास आदिक रोग में अभयादि घृत—हर्रे, विडनमक तथा हिंगु—इन द्रव्यों से सिद्ध पुराना घृत कासरोग, श्वासरोग, हिक्कारोग तथा हृदय रोग में लाभदायक है।

श्वासे सौवर्चलादिघृतम्—

सौवचलयवक्षारकटुकाव्योपचित्रकैः ॥ ५८ ॥
वचाविडङ्गैश्च घृत साधितं श्वासशान्तये।

श्वासरोग में सौवर्चलादि घृत—सौवर्चलनमक, यवक्षार, कुटकी, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चित्रक, वच तथा विडंग—इन द्रव्यों के कल्क के साथ (घृत के चौगुना जल तथा घृत के चौथाई कल्क द्रव्य) सिद्ध किया हुआ (घृत निर्माण-विधान के अनुसार) घृत, श्वास रोग को शान्त करने के लिये सेवन करे।

श्वासे हरिद्रादिलेहः—

हरिद्रां मरिचं द्राक्षां गुडं रास्नां कणां शटीम् ॥ ५९ ॥
जह्यात्तैलेन विलिहन् श्वासान् प्राणहरानपि।

श्वासरोग में हरिद्रादिलेह—हल्दी, मरिच, मुनक्का, रासन, पीपर तथा सोंठ—इन द्रव्यों के चूर्ण को गुड़ की चासनी में मिलाकर अवलेह सिद्ध करे और इस लेह को तैल के साथ चाटते हुए प्राण को नाश करनेवाले भी असाध्य (श्वासरोग) श्वास रोग को दूर करे।

श्वासे गुडसर्षपतैलयोगः—

गुडं कटुकतैलेन मिश्रयित्वा समं लिहेत् ॥ ६० ॥
त्रिसप्ताहप्रयोगेण श्वासं निर्मूलतो जयेत्।

श्वासरोग में गुड़-सर्षप तैल योग—गुड़ को कटुक तैल (सरसों के तैल) के साथ मिलाकर चाटे। यह गुड़-सर्षप तैल योग, तीन सप्ताह (एक्कीस दिन) तक प्रयोग करने से श्वास रोग को जड़ से नाश करता है।

श्वासे मर्कटीबीजयोगाः—

मार्कटानां तु बीजानां चूर्णं माक्षिकसर्पिषा ॥ ६१ ॥
प्रलिह्यात् प्रातरुत्थाय श्वासार्तः स्वास्थ्यमाप्नुयात् ।

श्वासरोग में मर्कटीबीज योग—श्वासरोग से पीड़ित व्यक्ति, केवांछ के बीज का चूर्ण, मधु तथा घृत के साथ (विषम मात्रा में) प्रातःकाल उठकर चाटे और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करे (उत्तम स्वस्थ बने) ।

हिक्कायां धूमयोगः—

नेपाल्या गोविषाणस्य कुष्ठात्सर्जरसस्य च ॥ ६२ ॥
धूमं कुशस्य वा साज्यं पिबेद्धिक्कोपशान्तये ।

हिक्कारोग में धूम्र योग—नेपाली (मालती), गोविषाण (गाय का सींग या काकड़ासिंघी), कूट तथा सर्जरस (राल) या कुश—इन द्रव्यों को घृत में मिलाकर हिक्कारोग की शान्ति के लिये धूम्रपान में प्रयोग करे ।

हिक्काश्वासयोस्तृपोपद्रवचिकित्सा—

तृषितो दशमूलस्य क्वाथं वा देवदारुजम् ॥ ६३ ॥
मदिरां वा पिबेद्युक्त्या हिक्काश्वासनिवृत्तये ।

हिक्का तथा श्वासरोग में प्यास की चिकित्सा—हिक्का-श्वास रोग में प्यास से व्याकुल रोगी, हिक्का तथा रोग को दूर करने के लिये, दशमूल (बेल, गम्भारी, अरल, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) का क्वाथ देवदारु का क्वाथ अथवा मदिरा विधिपूर्वक पान करे ।

श्वासादौ शृङ्ग्यादिचूर्णम्—

शृङ्गीकटुत्रिकफलत्रयकण्टकारी-
भार्ग्यः सपुष्करजटा लवणानि पञ्च ।
चूर्णं पिबेदशिशिरेण जलेन हिक्का-
श्वासोर्ध्ववातकसनारुचिपीनसेषु ॥ ६४ ॥

श्वास आदि रोग में शृङ्ग्यादि चूर्ण—काकड़ासिंघी, कटुत्रिक (सोंठ, पीपर, मरिच), फलत्रय (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), भटकटैया, भारंगी, पुष्करमूल तथा पञ्चलवण (सेन्धानमक, सौवर्चल, विड, सांभर तथा सामुद्रनमक)—इन द्रव्यों का चूर्ण हिक्का, श्वास, ऊर्ध्ववात, कास, अरुचि तथा पीनस (प्रतिश्याय) रोग में शीतल जल से पान करे ॥ ६४ ॥

हिक्काश्वासयोर्यवागूयोगाः—

हिङ्गुसौवर्चलाजाजीबिडपुष्करचित्रकैः ।
सिद्धा कर्कटशृङ्ग्या च यवागूः श्वासहिक्किनाम् ॥ ६५ ॥

हिक्का तथा श्वास रोग में यवागू योग—शु. हिंगु, सौवर्चल नमक, स्याह

जीरा, विडनमक, पुष्करमूल, चित्रक तथा काकड़ासिंघी—इन द्रव्यों से सिद्ध यवागू को श्वास तथा हिक्का के रोगियों के लिये प्रयोग करे ॥ ६५ ॥

कणाग्निदाडिमाजाजीनिशाबिल्वाम्लवेतसैः ।
यवागूः साधिता साधु बिडहिङ्गुयुतैः कृता ॥ ६६ ॥
श्वासकासहरा हृद्या हिक्काशूलातिनाशिनी ।
दीपनी ग्रहणीगुल्महरा वातानुलोमनी ॥ ६७ ॥

पीपर, चित्रक, अनार, स्याहजीरा, हल्दी, बेल तथा अम्लवेंत—इन द्रव्यों से सिद्ध यवागू, विडनमक तथा शु० हिंगु मिलाकर सेवन करना हिक्का तथा श्वास रोग में लाभदायक है। यह यवागू श्वास तथा कास रोग को दूर करने वाली है, हृदय को बल देने वाली, हिक्का, पार्श्वशूल तथा पीड़ा को नाश करने वाली, अग्नि को दीप्त करने वाली, ग्रहणी दोष तथा गुल्म रोग को दूर करने वाली एवं वायु को अनुलोमन (प्रकुपित वायु को प्रकृति में लाना) करने वाली है ॥ ६६–६७ ॥

दशमूलीशटीरास्नागुडूचीबिल्वशुण्ठकाः ।
पिप्पल्यः पौष्करं मूलं चित्रकान्मूलमेव च ॥ ६८ ॥
कषायं तं पिबेद्युक्त्या यवागूं वापि साधिताम् ।
हिक्काश्वासे च कासे च पार्श्वशूले सविड्ग्रहे ॥ ६९ ॥

दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), कपूरकचरी, रासन, गुडूची, बेल, सोंठ, पीपर, पुष्करमूल तथा चित्रक का मूल, इन द्रव्यों का कषाय या इन द्रव्यों से सिद्ध यवागू को भी हिक्का तथा श्वासरोग, कासरोग, पार्श्वशूल एवं मल विबन्ध में युक्तिपूर्वक पान करे ॥ ६५–६९ ॥

हिक्काश्वासयोर्यूषयोगाः—

कासमर्दाग्रपत्राणां यूषः शोभाञ्जनस्य च ।
शुष्कमूलकयूषस्तु हिक्काश्वासनिवारणः ॥ ७० ॥

हिक्का तथा श्वास रोग में यूष योग—कासादि (कसौंदी) के अग्र पत्र (उपरिभाग के मुलायम पत्र) का यूष तथा रसाञ्जन का यूष और सूखी मूली का यूष, हिक्का रोग तथा श्वास रोग को दूर करने वाला है ॥ ७० ॥

हिक्कादौ मागध्याद्यं चूर्णम्—

मागधिकात्रिफलाकृतचूर्णं यो मधुना सह भोजनकाले ।
खादति तस्य विनश्यति हिक्का श्वासकफज्वरपीनसपीडा ॥ ७१ ॥

हिक्का आदि रोगों में मागध्याद्य चूर्ण—जो हिक्का तथा श्वास-आदि रोगों से पीड़ित व्यक्ति, मागधी (पीपर) तथा त्रिफला, (हर्रे, बहेड़ा,

आंवला)—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु के साथ भोजन करने के समय खाता है, उसके हिक्का रोग, श्वासरोग, कफज्वर, पीनस (प्रतिश्याय) की पीड़ा नष्ट हो जाती है ॥ ७१ ॥

श्वासे शृङ्ग्यादिचूर्णम्—

शृङ्गीमहौषधकणाघनपुष्कराणां
चूर्णं शटीमरिचकर्कटिकासमेतम् ।
क्वाथेन पीतमसृतावृषपञ्चमूल्याः
श्वासं त्र्यहेण विजयेदतिघोरमुग्रम् ॥ ७२ ॥

श्वास रोग में शृङ्ग्यादि चूर्ण—काकड़ासिंघी, सोंठ, पीपर, मोथा, पुष्करमूल, सोंठ, मरिच तथा ककड़ी का बीज—इन द्रव्यों के चूर्ण को गुडूची, अडूसा तथा पञ्चमूली, (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू,) के कषाय के साथ पान करने से अत्यन्त भयंकर, तीव्र श्वास रोग को तीन दिन में जीत लेता है ॥ ७२ ॥

श्वासादौ शुण्ठ्याद्यं चूर्णम्—

शुण्ठीकणामरिचनागदलत्वगेला-
चूर्णं तथा क्रमविवर्धितमूर्ध्वमन्त्यात् ।
खादेदिदं समसितं गुदजाग्निमान्द्य-
गुल्मारुचिश्वसनकण्ठहृदामयेषु ॥ ७३ ॥

श्वास आदि रोग में शुण्ठ्यादि चूर्ण—सोंठ, पीपर, मरिच, नागकेशर, दालचीनी तथा इलायची—इन द्रव्यों का चूर्ण, अन्त्य से ऊपर क्रमशः बढ़ाकर अर्थात् प्रथम दिन से प्रारम्भ कर क्रमशः प्रतिदिन (एक २ मासा) बढ़ाकर बराबर मिश्री मिलाकर, अर्शरोग, अग्निमान्द्य, गुल्म रोग, अरुचि, श्वासरोग, कण्ठरोग तथा हृदय के रोगों में भक्षण करे। इसकी प्रथम मात्रा डेढ़ मासा से प्रारम्भ करे ॥ ७३ ॥

श्वासे मागधिकादिलेहः—

मागधिका तन्मूलं नागरबिभीतकं च संचूर्ण्य ।
क्षौद्रयुतोऽवलेहः शमयति कासं त्रिरात्रेण ॥ ७४ ॥

श्वास रोग में मागधिकादि लेह—पीपर, पिपरामूल, सोंठ तथा बहेड़ा, इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर, मधु मिलाकर अवलेहवत् बना लें और चाटे। यह अवलेह तीन रात में कास रोग (खांसी) को शान्त करता है ॥ ७४ ॥

श्वासे निदिग्धिकादियोगः—

निर्दिग्धिकां चामलकप्रमाणां हिङ्ग्वर्धयुक्तां मधुना विमिश्राम् ।
लिह्यात्तरः श्वासनिपीडितोऽपि श्वासं जयत्येष बलात्त्र्यहेण ॥ ७५ ॥

श्वास रोग में निदिग्धिकादि योग—आंवला के बराबर निदिग्धिका (भटकटैया) के फल को लेकर उसको चूर्ण बनाकर, उसमें आधा भाग शु० हिंगु मिलाकर मधु के साथ चाटने से प्रबल श्वास रोग से पीड़ित भी मनुष्य बलपूर्वक तीन दिन में श्वास रोग को जीत लेता है ॥ ७५ ॥

हिक्काश्वासयोर्मनःशिलाद्या धूमवर्तिः—

मनःशिलाले नलदं सैन्धवं देवदारु च ।
वर्धमानकबीजं च हरिद्रार्पणसंयुतम् ॥ ७६ ॥
धूमवर्तिं पिबेत् कृत्वा मुखं मल्लकसंपुटे ।
हिक्काश्वासनिवृत्त्यर्थं दोषशेषप्रमोचनीम् ॥ ७७ ॥

हिक्का तथा श्वास रोग में मनःशिलाद्या धूमवर्ति—मनःशिला, हरताल, जटामांसी, सेन्धा नमक, देवदारु, वर्धमानक बीज (एरण्ड का बीज) तथा हल्दी (या हल्दी का पत्ता) इन द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण बनावें और इसको मल्लक (बेला) के पत्ते में रख कर वर्ति (बीड़ी के समान) बना लें और इस धूमवर्ति को मुख में रख कर धूम्रपान करे। यह धूम्रपान वर्ति, हिक्का तथा श्वास को नाश करनेवाली एवं सभी दोषों को दूर करनेवाली है ७६-७७ ॥

हिक्काघ्नास्त्रयो नस्ययोगाः—

शर्करा शृङ्गबेरं च, गैरिकं मूत्रभाविकम् ।
गुडार्द्रकं च, पादोक्तं हिक्काघ्नं नावनत्रयम् ॥ ७८ ॥

हिक्कानाशक तीन नस्य योग—१-शक्कर तथा सोंठ का चूर्ण, २-गैरिक (गेरू) तथा बकरी का मूत्र, एवं ३-गुड़ तथा अद्रक, ये एक २ पाद (श्लोक के चौथाई) से कहे गये तीन नस्य योग हिक्का रोग को नाश करनेवाले हैं। (इन योगों के द्रव्यों को अलग-अलग महीन पीस कर एवं मिलाकर नस्य के लिये प्रयोग करना चाहिए) ॥ ७८ ॥

हिक्कायां सुवर्णगैरिकादिलेहः—

सुवर्णगैरिकं भार्गी शालिर्लाजा निदिग्धिका ।
हिक्कानुदेष वै लेहो घृतमाक्षिकसंयुतः ॥ ७९ ॥

हिक्का रोग में स्वर्णगैरिकादि लेह—स्वर्णगैरिक, भारंगी, शालि (जड़हन) धान का लावा तथा भटकटैया का फल, इन द्रव्यों का चूर्ण मधु एक भाग तथा घृत आधा भाग मिलाकर चाटने से हिक्का रोग को निश्चय ही दूर करता है ॥ ७९ ॥

हिक्काश्वासयोर्द्विचारादिचूर्णम्—

द्वौ क्षारौ सहरीतक्यौ भल्लातकफलानि च ।
घृतभृष्टमिदं सर्वं हिक्काश्वासनिवारणम् ॥ ८० ॥

हिक्का तथा श्वासरोग में द्विक्षारादि योग—यवक्षार, सज्जीखार, हर्रे तथा भल्लातक का फल—इन सभी द्रव्यों को घृत में भूनकर चूर्ण बनावे। यह चूर्ण हिक्का तथा श्वासरोग को दूर करनेवाला है ॥ ८० ॥

श्वासादौ भार्ग्यभयावलेहः—

द्विपञ्चमूलीतुलया समेतं शतं प्रकल्प्यं द्विजयष्टिकायाः।
हरीतकीनां च शत जलस्य द्रोणद्वयेन प्रपचेद्धुताशे ॥ ८१ ॥
क्काथेन तेनैव हरीतकीस्ताः स्विन्नाः समेतास्तुलया गुडस्य।
पक्त्वाऽवलेहे शिशिरे च तस्मिन् क्षौद्रं क्षिपेदष्टपलप्रमाणम् ॥
पलत्रयं च त्रिकटोर्विचूर्ण्यं पलं चतुर्जातकभेषजानाम्।
इत्याश्विनो भार्ग्यभयावलेहः प्रयुक्तमात्रस्त्विह चादरेण ॥ ८३ ॥
श्वासं जयेत्पञ्चविधं सकासं शोषं षडेकादशरूपमुग्रम्।
हिक्कां कफच्छर्दिमुरोविकारमरोचकं मेहमपस्मृतिं च ॥ ८४ ॥

श्वास आदिके रोग में भार्गी तथा अभयावलेह—द्विपञ्चमूली (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) एक तुला, द्विजयष्टिका (बभनेटी "ब्रह्मयष्टिका") एक सौ पल, हर्रे एक सौ लेकर दो द्रोण जल में आग के ऊपर पकावे। उसी क्काथ से स्विन्न (उबले हुए) उन हर्रों को एक तुला गुड़ की चासनी बनाकर उसमें डालकर अवलेह सिद्ध करे। और अवलेह के शीतल होने पर आठ पल (आठ छटांक) मधु मिला दे। इसके बाद त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) तीन पल (तीन छटांक), चातुर्जातक (दालचीनी, इलायची, तेजपत्र, नागकेशर) एक पल (एक छटांक)—इन द्रव्यों के चूर्ण का प्रक्षेप कर दे। यह अश्विनीकुमार का बताया हुआ भार्ग्यभयावलेह, यहां पर आदर (विश्वास) पूर्वक प्रयोग करने मात्र से ही, पांच प्रकार का श्वासरोग, छः प्रकार के कासरोग, ग्यारह प्रकार के गम्भीर शोषरोग, हिक्कारोग, कफजन्य वमन, हृदयविकार, अरोचक, प्रमेह तथा अपस्मृति (अपस्मार) को जीत लेता है, अर्थात् यह अवलेह उक्त रोगों को दूर करता है ॥ ८१–८४ ॥

हिक्कायां मातुलुङ्गरसादियोगः—

मातुलुङ्गरसे सर्जसैन्धवं घृतपाचितम्।
हृद्दुःखदायिनी हिक्का तस्मिन् भुक्ते निवर्तते ॥ ८५ ॥

हिक्कारोग में मातुलुङ्गरसादि योग—राल तथा सेन्धानमक को घृत में भूनकर विजौरा नीबू के रस में मिलाकर खाने से हृदय को कष्ट देनेवाली हिक्का दूर हो जाती है ॥ ८५ ॥

हिक्कायां कतिपययोगाः—

श्वासावरोधिनी हिक्का शमं यात्यतिवेगतः ।
चुलुकैर्वा जले पीते धृत्वा श्वासं निवर्तते ॥ ८६ ॥

हिक्कारोग में कुछ योग—अधिक वेग से (चलने-बोलने या किसी भी कार्य को अधिक वेग से करने पर) श्वास को रोकनेवाली हिक्का (हिचकी) शान्त हो जाती है । या श्वास को रोककर चुलु से (एक हाथ के तलवे में जल लेकर) जल पीने पर हिक्कारोग शान्त होता है ॥ ८६ ॥

मधुना कटुकीचूर्णं लीढं हिक्कानिवारणम् ।
शिलाधूमस्य पानं वा नलिकायन्त्रयोगतः ॥ ८७ ॥

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
हिक्काश्वासाधिकार एकादशः ।

कुटकी के चूर्ण को मधु के साथ चाटने से हिक्का रोग दूर होता है । या नलिका-पत्र से मनःशिला का धूम्रपान करने से हिक्कारोग शान्त होता है ॥ ८७ ॥

सोढल-विरचित गदनिग्रह में कायचिकित्सा खण्ड में
ग्यारहवां हिक्का-श्वासाधिकार समाप्त ।

अथ स्वरभङ्गाधिकारो द्वादशः ।

अथ स्वरभङ्गनिदानम् ।

स्वरभङ्गसंप्राप्तिः—

अत्युच्चभाषणविषाध्ययनाभिघात-
संदूषणैः प्रकुपिताः पवनादयस्तु ।
स्रोतःसु ते स्वरवहेषु गताः प्रतिष्ठां
हन्युः स्वरं भवति चापि हि षड्विधः सः ॥ १ ॥

इसके बाद "स्वरभंग का निदान" कहते हैं ।

स्वरभंग की सम्प्राप्ति—अत्यधिक ऊंचे स्वर से बोलना (भाषण आदि देना), विषसेवन, उच्चस्वर (जोर-जोर) से अध्ययन तथा अभिघात के समान प्रकोपक कारणों से प्रकुपित वात आदि दोष स्वरवाही स्रोतों में स्थित होकर स्वर को नष्ट करते हैं, इसको 'स्वरभेद' कहते हैं, और यह वातादि भेद से छः प्रकार का होता है । वातज, पित्तज, कफज, त्रिदोषज, क्षयज तथा मेदोज ॥ १ ॥

विमर्श—स्वरभेद में भी प्राण तथा उदान वायु की दुष्टि होती है अतः दुष्टि-साधर्म्य के कारण श्वास रोगाधिकार के बाद स्वरभेद (स्वरभंग) का निरूपण करते हैं । अधिक उच्चस्वर से पढ़ना जैसे वेद का पाठ करना, अभिघात, कण्ठ प्रदेश में लगुड आदि से अभिघात होना इत्यादि कारणों से या अन्य कारणों से वातादि प्रकुपित होकर स्वरभेद उत्पन्न करते हैं । "द्वाभ्यां भाषते, द्वाभ्यां घोषं करोति" इति सुश्रुत के अनुसार स्वरवाही स्रोत चार हैं । इनमें से दो के द्वारा भाषण तथा दो के द्वारा घोष होता है उसमें दो को प्रत्यावर्तनी स्वरयन्त्रगा, २ दो को ऊर्ध्वगा स्वरयन्त्रगा कहते हैं । भाषण करते समय शब्दोच्चारण में होनेवाले विकृतियों को स्वरभेद कहते हैं । स्वर में विकृति, सामान्यतः स्वरयन्त्र की स्थानीय विकृति तथा वाणी के मस्तिष्क केन्द्र की विकृति के कारण होता है । स्वर का आंशिक या पूर्ण रूप से नाश हो जाना इनकी विकृति के प्रमाण पर निर्भर है । यहां पर स्वरभेद का तात्पर्य स्थानीय विकृतिजन्य विकार से ही है । इसके कारण खर-खरता, भाषणकृच्छ्रता तथा स्वरसाद भी होता है ।

मस्तिष्कगत वाणी के केन्द्र में किसी प्रकार की विकृति होने पर यदि स्वर का पूर्णतया विनाश हो तो उसे पूर्णस्वर नाश कहते हैं । इसका कारण वाणी-केन्द्र की भयंकर विकृति है । जिस अवस्था में स्वर का पूर्णनाश नहीं होता

उसे "डिस्फेजिया" कहते हैं। इसमें भी लक्षण वाक्कृच्छ्रता के ही समान होते हैं किन्तु यह अवस्था स्वर के साधनों (स्वरयन्त्र, ओष्ठ, जिह्वा तथा तालु) में वात के कारण होती है। इसमें पेशी और नाड़ीतन्तु के मध्य का सम्बन्ध नष्ट हो जाता है, इसके अतिरिक्त वाक् केन्द्र में व्यापक विकार होने पर लिखने-पढ़ने और सुनने में से किसी एक या अनेक क्रियाओं में भी विकार होता है, और उसके आधार पर भी स्वरनाश के अनेक भेदों का निरूपण आधुनिक विद्वान करते हैं।

स्वरभेद में स्वरयन्त्र या अन्य शब्दोत्पादक अवयवों की विकृति होती है, अतः शब्दोत्पत्ति का साधारण क्रम महर्षि पाणिनीय के अनुसार निम्न प्रकार है—

"आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ॥
मारुतस्तूरसि चरन्-मन्दं जनयति स्वरम् ।
सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः ॥
अष्टौ स्थानानि वर्णानामुरः कण्ठशिरस्तथा।
जिह्वामूलं च दन्ताश्च नासिकोष्ठौ च तालु च" ॥ इत्यादि

तात्पर्य यह है कि बुद्धि से संयुक्त आत्मा कुछ कहने की इच्छा से मन को इस कार्य के लिये लगाता है, क्योंकि मन ही इन्द्रियों से साक्षात् सम्बन्ध स्थापित कर बोलने की क्रिया का सम्पादन कर सकता है। पुनः मन शरीराग्नि को प्रेरित करता है, शरीराग्नि वायु को, यह वायु उरस्थल में घूमता हुआ ऊर्ध्व गति से मूर्धा स्थान में टक्कर खाकर मुख में जाता है, एवं वर्णोत्पत्ति के आठ स्थान "उरः कण्ठ, शिर, जिह्वामूल, दन्त, नासिका, ओष्ठ, तथा तालु" के सम्पर्क से वर्णों की उत्पत्ति करता है अर्थात् शब्दोत्पत्ति या विशिष्ट स्वरोत्पत्ति के लिये इन सभी स्थानों से या इनमें कुछ स्थानों से प्रयत्न किया जाता है। इन्हीं प्रयत्नों से बाह्य एवं आभ्यन्तर दो भेद होते हैं। कुछ वर्णों की उत्पत्ति में आभ्यन्तर प्रयत्न तथा कुछ वर्णों की उत्पत्ति में बाह्य प्रयत्न सहायता करते हैं। पुनः इन प्रयत्नों के अनेक प्रकार होते हैं। इस प्रकार यह सिद्ध है कि इन आठ स्थानों एवं इनके द्वारा किये गये दो प्रयत्नों के फलस्वरूप असंख्य प्रकार की ध्वनियों की उत्पत्ति होती है। जिस प्रकार का प्रयत्न होगा एवं जो शब्द बोलने में निकलेगा वैसे विशिष्ट ध्वनियुक्त शब्द की भी उत्पत्ति होगी। इस प्रकार शब्दोत्पत्ति के सम्बन्ध में प्राचीन महर्षियों का यही सिद्धान्त है।

आधुनिक विद्वान शुद्ध भौतिक विज्ञान पर आधारित होकर, आत्मा और मन की सत्ता को स्वीकार न करके इस क्रिया को बुद्धि या वाणी के केन्द्र

(Centre for Speach) और जिह्वा तथा अन्य सहायक पेशियों का कार्य मानते हैं। प्राचीन विद्वानों ने भौतिक विज्ञान के स्तर से कुछ उच्च विचार करके आत्मा और मन की सत्ता का भी निर्देश इस विषय में किया है।

महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य के पस्पशाह्निक में शब्दोत्पत्ति का वर्णन निम्न प्रकार किया है—

"चत्वारि शृङ्गाः त्रयो अस्य पादाः द्वे शीर्षे सप्तहस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश॥"

यहां त्रिधाबद्ध शब्द से उर, कण्ठ तथा शिर इन तीन स्थानों से शब्द बंधा हुआ है ऐसा विवक्षित है। इसके प्रयत्न के विना शब्दोत्पत्ति नहीं हो सकती। शिरशब्द से मूर्धा-स्थित भाषण-केन्द्र का ग्रहण किया जा सकता है।

आधुनिक शरीर-रचना विज्ञान एवं शरीर-क्रियाविज्ञान के आधार पर शब्द की उत्पत्ति निम्न प्रकार मानते हैं—बाहर श्वास निकालने के समय फुफ्फुस से निकलनेवाली वायु से तरङ्गायित ध्वन्युत्पादक रज्जुकावों के द्वारा ध्वनि की उत्पत्ति होती है। ये रज्जुकायें संख्या में दो होती हैं, एवं श्वासनलिका के ऊपर के भाग में स्थित तरुणास्थि-निर्मित मञ्जूषा में रक्खी रहती है, इसी मंजूषा का नाम 'स्वरयन्त्र' है। इस स्वरयन्त्र में वायु की तरङ्गों से तरङ्गायित ध्वन्युत्पादक रज्जुकाओं के द्वारा उत्पन्न होनेवाला शब्द जिह्वा, दन्त एवं ओष्ठों के प्रभाव से विभिन्न रूपों को धारण करता है। इस प्रकार जब वायु ध्वन्युत्पादक रज्जुकाओं को स्पर्श करता हुआ ऊपर आता है तो मुख, नासा एवं अन्ननलिका की भी विशिष्ट आकृति बन जाती है। इसी का दूसरा नाम प्रयत्न कहलाता है और इसी से विभिन्न स्वरों की उत्पत्ति होती है।

इन स्वरोत्पादक अंगों के स्वस्थ रहने पर स्वर भी प्राकृत रहता है किन्तु किसी कारणवश साक्षात् या परम्परया विकार होने पर स्वरभंग या स्वरभेद नामक रोग उत्पन्न होता है। भिन्न-भिन्न कारण भिन्न-भिन्न दोषों को प्रकुपित करते हैं, और भिन्न-भिन्न लक्षणों से युक्त स्वरभेद होते हैं। इसी के आधारपर वातिक आदि भेद किये गये हैं। विषजन्य स्वरभेद त्रिदोषज होता है। इसमें तीनों दोष विकृत होकर स्वरयन्त्र में राजयक्ष्मा या अन्य कारणों से शोथ होने पर तथा फुफ्फुसजन्य विकार होने पर भी स्वरभेद उत्पन्न होता है। फिरंग रोग में भी सार्वदैहिक लक्षण उत्पन्न होने के बाद स्वरविकृति प्रायः देखी जाती है।

सुश्रुत ने "वातात् पित्तात्कफाद्रक्तात्कासवेगात् सप्तीनसात्" अर्थात् वात, पित्त, कफ, रक्त, कास का वेग तथा प्रतिश्याय से स्वरभेद की उत्पत्ति माना है।

स्वरभङ्गस्य वातजादिभेदेन लक्षणानि—

वातेन कृष्णनयनाननमूत्रवर्चा
भिन्नं शनैर्वदति गर्दभवत् स्वरं च ।
पित्तेन पीतनयनाननमूत्रवर्चा
ब्रूयाद्गलेन च सदाहसमन्वितेन ॥ २ ॥
ब्रूयात्कफेन सततं कफरुद्धकण्ठः
स्वल्पं शनैर्वदति चापि दिवा विशेषात् ।
सर्वात्मके भवति सर्वविकारसंपत्
तं चाप्यसाध्यमृषयः स्वरभेदमाहुः ॥ ३ ॥
धूमायते क्षयकृते क्षयमाप्नुयाच्च
वाग्वेष चापि हतवाक्परिवर्जनीयः ।
अन्तर्गतस्वरमलक्ष्यपदं चिरेण
मेदोन्वयाद्वदति दिग्धगलस्तृषार्तः ॥ ४ ॥

स्वरभंग का वातादि भेद से लक्षण—वातिक स्वरभेदः—वातिक स्वरभंग में आंख, मुख का स्वरूप, मूत्र तथा मल काले हो जाते हैं। रोगी धीरे-धीरे एवं गदहे के समान कठोर आवाज करता है।

पैत्तिक स्वरभङ्ग—पैत्तिक स्वरभग में नेत्र, मुख, मूत्र तथा मल का वर्ण पीला हो जाता है। रोगी को बोलते समय गले में जलन होती है।

श्लैष्मिक स्वरभंग—कफजन्य स्वरभंग में रोगी कफ से कण्ठ के निरन्तर अवरुद्ध रहने के कारण धीरे-धीरे बोलता है। किन्तु दिन में अधिक सरलता से बोलने में समर्थ हो जाता है।

सान्निपातिक स्वरभंग—सान्निपातिक स्वरभंग में सभी दोषों के लक्षणों की उत्पत्ति होती है। उसको ऋषियों ने असाध्य कहा है।

क्षयज स्वरभङ्ग—क्षयज स्वरभंग में ऐसा मालूम पड़ता है, मानो मुख एवं नाक से धूवां निकल रहा हो, एवं क्षत के कारण (स्वरतन्तुओं के नष्ट हो जाने पर) बोलने की शक्ति नष्ट हो जाती है। इस प्रकार बोलने में नष्ट शक्ति-वाला रोगी असाध्य होता है। ऐसे रोगी की चिकित्सा नहीं करनी चाहिए।

मेदोज स्वरभङ्ग—मेद से गले तथा स्वरतन्तुओं के आच्छादित होने से रोगी के गले के अन्दर ही बोल सकता है, तथा वह समझ में नहीं आता अर्थात् कुछ शब्द साफ मालूम पड़ते हैं और कुछ नहीं। रोगी को प्यास अधिक लगती है ॥ २–४ ॥

विमर्शः—वातिक स्वरभंग में स्वरक्षीण, रूक्ष तथा चंचल रहता है, एवं रोगी के गले में काटे से भरे रहते हैं तथा स्निग्ध तथा उष्ण पदार्थों के सेवन

करने से लाभ मालूम पड़ता है। पित्तकृत स्वरभङ्ग में बोलने में कष्ट होता है "पित्ताद्वक्तुमसूयते"। कफजन्य स्वरभङ्ग में सूर्य की रश्मियों से दिन में कफ के ढीला हो जाने पर बोलने में आसानी होती है। सन्निपातज, सर्वदोषजन्य होने के कारण असाध्य होता है क्योंकि उसमें तीनों दोषों के लक्षण विद्यमान रहते हैं। क्षयजन्य स्वरभंग को धातुक्षयजन्य या स्वयन्त्र-विकृतिजन्य कहा जा सकता है। वस्तुतः ओजःक्षय के कारण ही असाध्य होता है। किसी भी कारण से स्वरभङ्ग में बोलने की शक्ति क्षीण हो जाय वह असाध्य समझना चाहिए। मेदोज स्वरभङ्ग में मेद से स्रोतोरोध होने के कारण प्यास अधिक लगती है। पेशियों में शोथ होने के कारण वायु का निष्क्रमण मार्ग छोटा हो जाने से रोगी स्पष्ट नहीं बोलता है। अन्तर्गत स्वर से यह मालूम पड़ता है कि गले में कोई विकार नहीं है बल्कि ऊपर के मार्ग में ही विकार का स्थान रहता है, जिससे शब्द अन्दर तो होता है किन्तु बाहर नहीं आ पाता।

स्वरभेदस्यासाध्यलक्षणम्—

क्षीणस्य वृद्धस्य कृशस्य चापि चिरोत्थतो यश्च सहोपजातः।
मेदस्विनः सर्वसमुद्भवश्च स्वरामयो यो न स सिद्धिमेति ॥ ५ ॥

इति स्वरभङ्गनिदानम्।

स्वरभेद का असाध्य लक्षण—क्षीण (मांसक्षीण) वृद्ध, तथा कृश (दुर्बल) व्यक्ति को होनेवाला, चिरकालीन, जन्मजात तथा मेदस्वी की होने वाला पूर्व त्रिदोषजन्य स्वरभङ्ग (स्वरभेद) सिद्ध नहीं होता है, अर्थात् असाध्य होता है ॥ ५ ॥

स्वरभङ्ग-निदान समाप्त।

अथातः स्वरभङ्गचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

आद्ये कोष्णजलं पेयं जग्ध्वा घृतगुडौदनम्।

इसके बाद स्वरभङ्ग की चिकित्सा कहते हैं।

स्वरभंग से पीडित रोगी सब से पहले घृत तथा गुड़ मिश्रित ओदन (भात) खाकर गरम जल पान करे।

स्वरभङ्गे यवक्षारादिघृतम्—

पीतं घृतं हन्त्यनिलं सिद्धं मार्कजवे रसे ॥ ६ ॥
यवक्षाराजमोदाभ्यां चित्रकामलकेषु च।

स्वरभङ्ग में यवक्षारादि घृत—भृङ्गराज के रस से सिद्ध घृत, यवक्षार तथा

अजवायन से सिद्ध घृत एवं चित्रक तथा आंवला से सिद्ध घृत-पान करने से वातजन्य स्वरभङ्ग को नाश करता है तथा वायु को शान्त करता है।

स्वरभेदे घृतयोगः—

स्वरोपघातेऽनिलजे भक्तोपरि घृतं पिबेत् ॥ ७ ॥

स्वरभेद में घृत योग—वातजन्य स्वरभङ्ग में भात खाने के समय घृत-पान करना चाहिए ॥ ७ ॥

पैत्तिकस्वरभङ्गे कासमर्दादिघृतम्—

कासमर्दकवार्ताकमार्कवस्वरसैर्युतम् ।
क्षीरानुपानं पैत्तेषु पिबेत्सर्पिरतन्द्रितः ॥ ८ ॥
अश्नीयाद्वा ससर्पिष्कं यष्टीमधुकपायसम् ।

पैत्तिक स्वरभङ्ग में कासमर्दादि घृत—पैत्तिक स्वरभङ्ग से पीड़ित रोगी, कासमर्द (कसौंदी), वनभंटा तथा भृङ्गराज के स्वरस से सिद्ध घृत, दूध के अनुपान से आलस्य रहित होकर पान करे। या मुलेठी डालकर सिद्ध किया हुआ पायस (खीर) घृत मिलाकर भक्षण करे। (एक भाग चावल को चौगुने दूध में पकाकर सिद्ध किये हुए पदार्थ को पायस कहते हैं)।

कफजस्वरभेदे पिप्पल्यादियोगः—

पिप्पली पिप्पलीमूलं मरिचं विश्वभेषजम् ॥ ९ ॥
पिबेन्मूत्रेण मतिमान् कफजे स्वरसंक्षये ।

कफज स्वरभेद में पिप्पल्यादियोग—कफजन्यस्वरभंग में बुद्धिमान रोगी पीपर, पिपरामूल, मरिच तथा सोंठ (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को गोमूत्र के साथ पान करे।

मेदोजक्षयजसर्वज्वरभेदप्रतीकारः—

मेदोजे स्वरभङ्गे तु कफवद्विधिरिष्यते ॥ १० ॥
क्षयजे सन्निजे चापि प्रत्याख्याय चरेत् क्रियाम् ।

मेदोज, क्षयज तथा सन्निपातज स्वरभेद का प्रतिकार—मेदोजन्य स्वरभेद में कफ के समान चिकित्सा तथा पथ्य का सेवन करना चाहिए। क्षयज तथा सन्निपातज स्वरभंगरोग में, असाध्य बताकर चिकित्सा करनी चाहिए। अर्थात् क्षयज तथा सन्निपातज स्वरभंग रोग असाध्य होता है।

उच्चभाषणजन्यस्वरभेदचिकित्सा—

शर्करामधुमिश्राणि घृतानि मधुरैः सह ॥ ११ ॥
पिबेत्पयांसि यस्योच्चैर्वदतोऽभिहतः स्वरः ।

उच्चभाषणजन्य स्वरभेद-चिकित्सा—जिस स्वरभेद के रोगी का स्वर उच्च स्वर से बोलने के कारण भंग हो गया हो तो वह रोगी शक्कर तथा मधु मिलाकर घृत, एवं मधुर पदार्थों को मिलाकर दुग्ध पान करे।

स्वरभेदो व्याघ्र्यादिघृतम्—

व्याघ्रीस्वरसविपक्वं रास्नावाट्यालगोक्षुरव्योषैः ।
सर्पिः स्वरोपघातं हन्यात् कासं च पञ्चविधम् ॥ १२ ॥

स्वरभेद में व्याघ्र्यादि घृत—भटकटैया के स्वरस में रासन, वाट्याल (वरियार), गोखरू तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) के कल्क के साथ पकाया हुआ घृत, स्वरोपघात (स्वरभंग) तथा पांच प्रकार के कास को नाश करता है ॥ १२ ॥

शुष्कद्रव्यमुपादाय स्वरसानामसंभवे ।
वारिण्यष्टगुणे साध्यं ग्राह्यमष्टावशेषकम् ॥ १३ ॥

किसी द्रव्य का स्वरस (आर्द्र द्रव्य) न मिलने पर शुष्क द्रव्य लेकर अठगुने जल में क्वाथ करे और अष्टमांशावशिष्ट क्वाथ को लेकर स्वरस के स्थान पर प्रयोग करे ॥ १३ ॥

स्वरभङ्गे कतिपययोगाः—

निदिग्धिकाव्यूषणबालबिल्वकल्कं च लिह्यान्मधुना समेतम् ।
फलत्रिकव्यूषणयावशूकचूर्णं च लिह्यात्स्वरभेदहन्तृ ॥ १४ ॥

स्वरभंग में कुछ योग—१–निदिग्धिका (भटकटैया), व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा कच्चे बेल का कल्क मधु के साथ चाटे । २–फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा यावशूक (यवक्षार)—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ चाटे । ये दोनों योग स्वरभङ्ग को नाश करने वाले हैं ॥ १४ ॥

विहितमसृणचूर्णान्यारनालेन सार्धं
कलितरुफलकृष्णासैन्धवानि प्रलिह्यात् ।
अभिलषति विजेतुं यः स्वरस्य प्रणाशं
स पिबतु सह दुग्धेनामलक्याः फलं वा ॥ १५ ॥

कलितरुफल (बहेड़ा), पीपर तथा सेन्धानमक—इन द्रव्यों को महीन चूर्ण बनाकर आरनाल (कांजी-छिलका रहित कच्चे गेहूँ को पानी में पकाकर या बिना पकाये तीन दिन तक अनुसंधान करने के बाद सिद्ध द्रव्य,) के साथ चाटे । जो व्यक्ति स्वरभंग को जीतने इच्छा करता है वह आंवला के फल को दुग्ध के साथ पान करे ॥ १५ ॥

पैत्तिकस्वरभेदे जीवनीयघृतम्—

जीवनीयोपसिद्धं वा पिबेत् क्षीरं सशर्करम् ।
शीतं माक्षिकसंयुक्तं पैत्तिकस्वरबोधनम् ॥ १६ ॥

पैत्तिक स्वरभेद में जीवनीय घृत—जीवनीयगण (जीवक, ऋषभक, मेदा,

महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मापपर्णी, मुद्गपर्णी, जीवन्ती, मुलेठी)—इन द्रव्यों से सिद्ध दुग्ध-शक्कर मिलाकर या शीतल हो जाने पर मधु मिलाकर स्वरभंग को दूर करने के लिये पान करे ॥ १६ ॥

कफजस्वरभेदे कतिपययोगाः—

पिबेत् कटूनि मूत्रेण कफजे स्वरसंक्षये ।
लिह्याद्वा मधुतैलाभ्यां भुक्त्वा खादेत् कटूनि च ॥ १७ ॥
कट्फलामलकव्योषं लिह्यात्तैलमधुप्लुतम् ।

कफजन्य स्वरभेद में कुछ योग—कफजन्य स्वरभेद में कुटकी के चूर्ण को गोमूत्र के साथ पान करे। या मधु तथा तैल के साथ चाटे और कुटकी के चूर्ण को भोजन करने के बाद भक्षण करे। कायफर, आंवला तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) इन द्रव्यों का चूर्ण मधु तथा तैल में मिलाकर चाटे।

स्वरभेदे व्योषाद्यं नावनं घृतम्—

व्योषक्षाराग्निचविकाभार्गीपथ्यावधूशिवा- ॥ १८ ॥
बलाविदारिगन्धाभिर्विदार्या मधुकेन च ।
सिद्धं सलवणं सर्पिर्नस्यं स्वर्यमनुत्तमम् ॥ १९ ॥

स्वरभेद में व्योषाद्य नावन घृत—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), यवक्षार, चित्रक, चव्य, भारंगी, हरें, वधू (स्पृक्का लता, शाक विशेष), शिवा (भुइ आँवला), वरियार, विदारीगन्धा (शालपर्णी), विदारीकन्द, मुलेठी तथा सेन्धा नमक—इन द्रव्यों के साथ सिद्ध घृत, स्वर को बढ़ानेवाला उत्तम नस्य है अर्थात् इस घृत से नस्य कर्म करे ॥ १८-१९ ॥

प्रपौण्डरीकं मधुकं पिप्पलीं बृहतीं बलाम् ।
साधितं क्षीरसर्पिश्च तत्स्वर्यं नावनं परम् ॥ २० ॥

प्रपौण्डरीक, मुलेठी, पीपर, वनभंटा तथा वरियार—इन द्रव्यों के साथ दूध मिलाकर सिद्ध किया हुआ घृत स्वर के लिये हितकर (स्वरभंग को दूर करनेवाला) उत्तम नस्य है ॥ २० ॥

स्वरभेदे दशमूलादिघृतम्—

दशमूलीश्रृतात् क्षीरात् सर्पिर्यद्दुदियान्नवम् ।
सपिप्पलीकं सक्षौद्रं तत् परं स्वरबोधनम् ॥ २१ ॥

स्वरभेद में दशमूलादिघृत—दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) के क्वाथ से सिद्ध दूध से नवीन निकला हुआ घृत पीपर का चूर्ण तथा मधु मिलाकर नस्यकर्म करे। यह उत्तम स्वर को बढ़ानेवाला है अर्थात् स्वरभंग को नाश करता है ॥ २१ ॥

स्वरभङ्गे व्योषादिचूर्णम्—

व्योषं हरीतकी क्षारश्चव्यं भार्गी सचित्रका ।
लिह्याच्चूर्णं च मधुना मद्यं तीक्ष्णं च शीलयेत् ॥ २२ ॥

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
स्वरभङ्गाधिकारो द्वादशः ।

स्वरभंग में व्योषादि चूर्ण—स्वरभंग में व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), यवक्षार, चव्य, भारंगी तथा चित्रक—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु के साथ चाटे तथा तीक्ष्ण मद्य पान करे ॥ २२ ॥

शोढलविरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड में बारहवाँ
स्वरभंगाधिकार समाप्त ।

अथारोचकाधिकारस्त्रयोदशः ।

अथातोऽरोचकनिदानं व्याख्यास्यामः ।

अरोचक के निदान को कहते हैं ।

अरोचकनिदानम्—

अरोचका निरूप्यन्ते स्वरभेदे निरूपिते ।
दोषस्थानविभेदानां तुल्यत्वादुभयोरपि ॥ १ ॥

अरोचक निदान—स्वरभेद के निदान तथा चिकित्सा-निरूपण करने के बाद अरोचक रोग का निदान तथा चिकित्सा का निरूपण करते हैं क्योंकि दोनों का यानी स्वरभङ्ग तथा अरोचक का दोषभेद तथा स्थानभेद समान है ॥ १ ॥

पृथग्दोषैः समस्तैश्च तथाऽप्यागन्तवो हि ये ।
भवन्त्यरोचकाः पञ्च तेषां लक्षणमुच्यते ॥ २ ॥

वात आदिक पृथक्-पृथक् दोषों से सभी दोषों से तथा आगन्तुक भेद से अरोचक पांच प्रकार के (वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक तथा आगन्तुक) होते हैं । उसका लक्षण कहते हैं ॥ २ ॥

वातादिभिः शोकभयातिलोभक्रोधैर्मनोघ्नाशनरूपगन्धैः ।
अरोचकाः स्युः,

वात, पित्त, कफ सन्निपात एवं शोक, भय, अतिलोभ तथा अतिक्रोध एवं मन के लिये अरुचिकर भोजन (मन के प्रतिकूल भोजन) रूप और गन्ध के सेवन आदि से पांच प्रकार के अरोचक रोग की उत्पत्ति होती है ।

विमर्शः—अरोचक रोग में भूख लगती है किन्तु खाने की बिलकुल इच्छा नहीं होती है । अरोचक रोग को शारीरिक तथा मानसिक दो भागों में विभक्त किया जा सकता है ।

वात, पित्त, कफ तथा सन्निपात ये अरोचक के शारीरिक कारण हैं तथा शोक, भय, अतिलोभ, अतिक्रोध, मन के लिये अरुचिकर भोजन, रूप तथा गन्ध ये मानसिक या आगन्तुक कारण हैं ।

(क) शारीरिक कारण—आमाशय से ही अरोचक की उत्पत्ति होती है । उसी के द्वारा क्षुधा की वृद्धि तथा क्षुधा का नाश होता है । आमाशय में वातादि सन्निपातान्त दोषों का प्रकोप या आमाशयिक कलाशोथ, आमाशयिक कर्कटार्बुद, आमाशयिक उपाम्लता तथा रक्ताल्पता ये शारीरिक कारण हैं । इसी से भोजन के प्रति द्वेष (भोजन की अनिच्छा) उत्पन्न हो जाता है ।

(ख) भय-शोकादि मानसिक कारण की अवस्था में प्रत्येक प्रकार के भोजन से घृणा हो जाती है। तथा थोड़ा भी भोजन करने से पेट फूला-सा मालूम पड़ता है। भोजन न करने पर मांसक्षय होता है एवं मानसिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार से दौर्बल्य हो जाता है। भय, शोक आदि कारण भी इसी के अन्तर्गत समझना चाहिये। भय, शोक आदि के कारण भी आमाशयिक रस का स्राव कम होता है तथा भूख नहीं लगती है।

वातजादिभेदेनारोचकलक्षणानि—

—परिहृष्टदन्त, कषायवक्त्रस्तु मतोऽनिलेन ॥ ३ ॥
कटवम्लमुष्णं विरसं च पूति पित्तेन विद्याल्लवणं च वक्त्रम्।
माधुर्य-पैच्छिल्य-गुरुत्व-शैत्यविबद्धसंबन्धयुतं कफेन ॥ ४ ॥
अरोचके शोकभयातिलोभक्रोधाद्यहृद्याशुचिगन्धजे स्यात्।
स्वाभाविकं चास्यमथारुचिश्च त्रिदोषजे नैकरसं भवेत्तु ॥ ५ ॥
हृच्छूलपीडनयुतं पवनेन, पित्तात्
तृड्दाहचोषबहुलं सकफप्रसेकम्।
श्लेष्मात्मकं, बहुरुजं बहुभिश्च विद्याद्
वैगुण्यमोहजडताभिरथापरं च ॥ ६ ॥
इत्यरोचकनिदानम्।

वात आदि भेद से अरोचक का लक्षण—वातिक अरोचक में दांतों में खट्टापन या पानी लगता है तथा मुख का स्वाद कषाय (कसैला) होता है। पैत्तिक अरोचक में मुख कटु, तिक्त (कड़वा), खट्टा, गरम, विरस तथा पूति (दुर्गन्धियुक्त) होता है। (इसमें पित्त के विदग्ध होने के कारण जलन भी होती है क्योंकि "पित्तेन तिक्तास्यविदाहकृत् स्यात्" ऐसा विदेह ने कहा है)।

कफजन्य अरोचक में रोगी का मुख नमकीन तथा मीठा होता है। उसके मुख में पिच्छिलता, गुरुत्व (भारीपन), शैत्य (शीतलता) तथा जकड़ाहट रहती है। शोक, भय, अतिलोभ, अतिक्रोध आदि से तथा अहृद्य (मन के विपरीत), अपवित्रता एवं गन्ध आदि से उत्पन्न अरोचक को आगन्तुक अरोचक कहते हैं। इसमें मुख का स्वाद स्वाभाविक रहता है तथा अरुचि रहती है। त्रिदोषज अरोचक में वात आदि तीनों दोषों में बताये गये कषाय आदि अनेक रसों का अनुभव होता है यानी एक ही रस का अनुभव नहीं होता, विभिन्न प्रकार के रसों का अनुभव एक ही साथ होता है।

वातजन्य अरोचक में हृदयप्रदेश में शूल से पीड़ा होती है। पित्त से होने-वाले अरोचक में तृषा, दाह तथा चोष की विशेषता रहती है। कफज में

श्लेष्मा का स्राव (लालास्राव) अधिक होता है। सान्निपातिक अरोचक में अनेक प्रकार की अधिक पीड़ा होती है। इसके अतिरिक्त शोक आदि से होनेवाले आगन्तुक अरोचक में मन की व्याकुलता, मूर्च्छा आदि लक्षण होते हैं ॥ ३–६ ॥

विमर्शः—चरक, सुश्रुत आदि ने अरुचि, भक्तद्वेष, अभक्तच्छन्द तथा अन्नानभिनन्दन आदि को अरोचक बतलाया है।

अरुचि—मुख में डालने पर भोजन का स्वाद ठीक न लगना अरुचि कहलाती है।

भक्तद्वेष—अन्न के स्पर्शन, दर्शन, गन्ध, श्रवण तथा स्मरणमात्र से होनेवाली उद्विग्नता को भक्तद्वेष कहते हैं।

अभक्तच्छन्द—क्रोध, भय आदि मानस कारणों से भोजन की इच्छा न होना अभक्तच्छन्द कहलाता है।

अन्नानभिनन्दन—अभीप्सित आहार देने पर भी न खा सकना अन्नानभिनन्दन कहलाता है।

अरोचक-निदान समाप्त।

अथातोऽरोचकचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

अरोचके सामान्यचिकित्सितम्—

विचित्रमन्नमरुचौ हितैरुपहितं हितम्।
बहिरन्तर्मृजा चित्तनिर्वाणं हृद्यमौषधम् ॥ ७ ॥

अरोचक के निदान के बाद अरोचक की चिकित्सा कहते हैं।

अरोचक में सामान्य चिकित्सा—अरोचक रोग में हितकर पदार्थों से युक्त अनेक प्रकार के भक्ष्य, चोष्य, लेह्य आदि अन्न, बाहर तथा भीतर मुलायम, चित्त को शान्त करनेवाला तथा हृदय के लिये लाभकर औषध हितकर है ॥ ७ ॥

वातजारोचके कृष्णादिचूर्णम्—

वाते वचाम्बुवमनं कृतवान् पिबेत्तु
स्नेहैः सुराभिरथवोष्णजलेन चूर्णम्।
कृष्णाविडङ्गयवभस्महरेणुभार्गी-
रास्नैलहिङ्गुलवणोत्तमनागराणाम् ॥ ८ ॥

वातज अरोचक में कृष्णादि चूर्ण—वातजन्य अरोचक रोग में वच के क्वाथ से वमन करने के बाद स्नेह (घृत, तैल आदि स्नेह द्रव्य), मद्य या

गरम जल से, पीपर, वायविडंग, यवक्षार, हरेणु (हरेणुकाबीज), भारंगी, रासन, एलवालु, शु० हिंगु, सेन्धानमक तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण पान करे ॥ ८ ॥

पैत्तिकारोचकचिकित्सा—

पित्ते गुडाम्बुमधुकैर्वमनं प्रशस्तं
लेहः ससैन्धवसितामधुसर्पिरिष्टः ।

पैत्तिक अरोचक की चिकित्सा—पैत्तिक अरोचक में गुड़ का रस तथा मुलेठी के क्वाथ से वमन करना उत्तम है। सेन्धानमक, मिश्री, मधु तथा घृत—इन द्रव्यों का लेह (इन द्रव्यों को चाटना) लाभदायक होता है।

श्लैष्मिकारोचकचिकित्सा—

निम्बाम्बुवामितवतः कफजेऽनुपानं
राजद्रुमाम्बु मधुना तु सदीप्यकं स्यात् ॥ ९ ॥
चूर्णं यदुक्तमथवाऽनिलजे तदेव
सर्वैश्च सर्वकृतमेवमुपक्रमेत ।

श्लैष्मिक अरोचक की चिकित्सा—कफजन्य अरोचक में निम्ब के क्वाथ से वमन कराये हुए व्यक्ति को राजद्रुम (कर्णिकार "कनियार") के क्वाथ के अनुपान से अजवायन का चूर्ण, मधु मिलाकर सेवन करे। अथवा वातज अरोचक के लिये कहे हुए चूर्ण को मधु मिलाकर पूर्वोक्त अनुपान से देना चाहिए वातिक, पैत्तिक तथा कफज उपचार एवं औषधों को प्रत्येक प्रकार के अरोचक में (सन्निपातज अरोचक में) उचित अनुपान के साथ देना चाहिए।

विविधारोचकप्रतीकारः—

बस्तिं समीरणे पित्ते विरेकं वमनं कफे ।
कुर्याद्धृद्यानुकूलानि हर्षणं च मनोघ्नजे ॥ १० ॥
इच्छाभिघातभयशोकहतेऽन्तरग्नौ
भावान् भवाय वितरेत् खलु शक्यरूपान् ।
अर्थेषु चाप्यपचितेषु पुनर्भवाय
पौराणिकैः श्रुतिपथैरनुसान्त्वयेच्च ॥ ११ ॥

अनेक प्रकार के अरोचक रोग का प्रतिकार—वातजन्य अरोचक रोग में बस्ति कर्म, पित्तजन्य अरोचक रोग में विरेचन तथा कफजन्य अरोचक में वमन तथा मनोघ्नज (मन के लिये अरुचिकर भोजनजन्य) अरोचक में हर्षण (जो पदार्थ या कर्म मन की अरुचि को दूर कर सके) कर्म, जो हृदय के लिये अनुकूल हो करना चाहिए।

इच्छा का अभिघात (अभिलषित पदार्थ के न मिलने के कारण उत्पन्न

अरोचक), भय तथा शोक से जाठराग्नि के नष्ट हो जाने पर, पुनः अग्नि को प्रदीप्त करने के लिये, शक्यरूप (समर्थ) अग्निप्रदीपक पदार्थों को प्रयोग में लावे। अर्थेषु, अपचितेषु (दोषों के क्षीण हो जाने पर) रुचि लाने के लिये पौराणिक कथाओं के द्वारा सान्त्वना प्रदान करे ॥ १०-११ ॥

पित्तजायामरुचौ अजाज्यादिचूर्णम्—

अजाज्यौ मरिचं कुष्ठं बिडं सौवर्चलं तथा।
मधुकं शर्करा तैलं वातिके मुखधावनम् ॥ १२ ॥

पित्तज अरुचि में अजाज्यादि चूर्ण—सफेदजीरा, स्याहजीरा, मरिच, कूट, विडनमक, सौवर्चलनमक तथा मुलेठी—इन द्रव्यों के चूर्ण को शक्कर तथा तैल मिलाकर वातिक अरोचक में मुख धोने के लिये प्रयोग करे ॥ १२ ॥

पित्तजायामरुचौ पिप्पल्यादिचूर्णम्—

पिप्पल्यामलकं मूर्वा चन्दनं कमलोत्पलम्।
उशीरं पद्मकं रोध्रमेला लामज्जकं तथा ॥ १३ ॥
एतानि समभागानि क्षौद्रेण सह संसृजेत्।
द्विगुणां शर्करां दत्त्वा पित्तजायामथारुचौ ॥ १४ ॥

पित्तजन्य अरुचि में पिप्पल्यादि चूर्ण—पीपर, आंवला, मूर्वा (मड़ोरफली या मोरवेल), रक्तचन्दन, श्वेतकमल का फूल, नीलकमल का फूल, खस, पद्मकाठ, लोध, इलायची तथा लामज्जक (अमृणाल "सुगन्धि द्रव्य विशेष") इन द्रव्यों का समभाग लेकर चूर्ण बनावे और चूर्ण के दुगुना शक्कर मिलाकर पित्तजन्य अरोचक रोग में मधु के साथ प्रयोग करे ॥ १३-१४ ॥

श्लेष्मजायामरुचौ पिप्पल्याद्यं चूर्णम्—

पिप्पली पिप्पलीमूलं मरिचानि हरीतकी।
शृङ्गवेरं यवक्षारो रोध्रं तेजोवती तथा ॥ १५ ॥
एतानि समभागानि मधुना सह लेहयेत्।
अरोचके श्लेष्मभवे प्रधानं मुखधावनम् ॥ १६ ॥

कफजन्य अरुचि में पिप्पल्याद्य चूर्ण—पीपर, पिपरामूल, मरिच, हर्रे, सोंठ, यवक्षार, लोध तथा तेजवल, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु के साथ कफजन्य अरोचक में चाटे। यह चूर्ण मुख-धावन के लिये भी श्रेष्ठ है ॥ १५-१६ ॥

सर्वारोचके जम्बुपल्लवादिकषायः—

जम्ब्वाम्रपल्लवं रोध्रं त्रिफला चव्यचित्रकौ।
पटोलं नक्तमालं च शिरीषः खदिरासनौ ॥ १७ ॥
दार्वी हरिद्रा मुस्ता च तेजोह्वा मधुकं बला।

एतानि समभागानि कषायमुपकल्पयेत् ॥ १८ ॥
कवलग्रह इत्येष कर्तव्यो मधुसंयुतः ।
सर्वेषां मुखरागाणामरुचीनां च नाशनः ॥ १९ ॥

सभी प्रकार के अरोचक में जम्बुपल्लवादि कषाय—जामुन का पल्लव, आम का पल्लव, लोध, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), चव्य, चित्रक, परोरा की पत्ती, नक्तमाल (करंज), सिरिस, खैर, असन (विजयसार), दारुहल्दी, आमाहल्दी, मोथा, तेजवल, मुलेठी तथा वरियार, समभाग—इन द्रव्यों को लेकर कषाय (चौगुने जल में चतुर्थांशावशिष्ट कषाय) तैयार करे। इस कषाय को मधु मिलाकर कवलग्रह (कुल्ला) करे। यह कषाय सभी प्रकार के मुख रोग तथा अरोचक रोगों को नाश करनेवाला है ॥ १७–१९ ॥

अरोचकेषु कपित्थादिपाडवः—

षाडवश्च कपित्थानां सव्योषमधुशर्करः ।
अरोचकेषु सर्वेषु प्रशस्तो धारितो मुखे ॥ २० ॥

अरोचक रोग में कपित्थादि षाडव—कैथ का षाडव (कैथ सहित छः द्रव्यों का योग), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) का चूर्ण, मधु तथा शक्कर मिलाकर, सभी प्रकार के अरोचक रोग में मुख में धारण करना प्रशस्त हैं, अर्थात् सभी अरोचक रोग को नाश करता है। (कैथ, सोंठ, पीपर, मरिच, मधु तथा शक्कर (समभाग)—इन द्रव्यों का योग कैथ षाडव कहलाता है) ॥ २० ॥

सर्वारोचकेषु द्राक्षापाडवः—

अजाज्यौ मरिचं द्राक्षा तिन्तिडीकं सदाडिमम् ।
सौवर्चलं कारवी च गुडमाक्षिकसंयुतः ॥ २१ ॥
द्राक्षापाडव इत्येष ख्यातो मुखविशोधनः ।
अरोचकानां सर्वेषां प्रशस्तः षाडवोत्तमः ॥ २२ ॥
आरनालं च शुक्तं च मार्द्वीकमदिरासवौ ।
अनुपानान्तरे धार्यास्तथैव कवलग्रहाः ॥ २३ ॥

सभी प्रकार के अरोचक रोग में द्राक्षापाडव—सफेदजीरा, स्याहजीरा, मरिच, मुनक्का, तिन्तिडीक (इमली), अनार, सौवर्चलनमक तथा कारवी (मंगरैल), इन द्रव्यों का चूर्ण, गुड़ तथा मधु के साथ, यह योग द्राक्षापाडव कहलाता है। यह द्राक्षापाडव, मुख को शुद्ध करनेवाला है। यह उत्तम द्राक्षापाडव, सभी प्रकार के अरोचक रोग में प्रशस्त है। आरनाल, शुक्त, मार्द्वीक (अंगूर का शराब), मदिरा तथा आसव—इन सबों के अनुपान के साथ मुख में धारण करे तथा कवलग्रह (कुल्ला) करे ॥ २१–२३ ॥

अरुचौ दाडिमरसादिकवलग्रहः—

दाडिमोत्थस्तु निर्यासस्त्वजाजीशर्करान्वितः ।
मधुतैलयुतो हन्यादरुचिं कवलीकृतः ॥ २४ ॥

अरुचि में दाडिमरसादि कवलग्रह—अनार का निर्यास (गोंद या रस), जीरा, शक्कर, मधु एवं तैल मिलाकर मुख में धारण करने से या पान करने से अरुचि (अरोचक) को नाश करता है ॥ २४ ॥

सर्वारोचके कारव्यादियोगः—

कारवीमरिचाजाजीद्राक्षावृक्षाम्लदाडिमम् ।
सौवर्चलं गुडं क्षौद्रं सर्वारोचकनाशनम् ॥ २५ ॥

सभी प्रकार के अरोचक में कारव्यादि योग—कारवी (मंगरैल), मरिच, रयाहजीरा, मुनक्का, वृक्षाम्ल (अम्लवेंत "अम्लवेंत"), अनार तथा सौवर्चल-नमक, इन द्रव्यों का चूर्ण, गुड़ तथा मधु के साथ सेवन करने से सभी प्रकार के अरोचक रोग को नाश करता है ॥ २५ ॥

अरुचावम्लिकादिकवलग्रहः—

अम्लिकागुडतोयं च त्वगेलामरिचान्वितम् ।
अभक्तच्छन्दरोगेषु शस्तं कवलधारणम् ॥ २६ ॥

अरुचि में अम्लिकादि कवलग्रह—इमली तथा गुड़ का रस, दालचीनी, इलायची तथा मरिच के चूर्ण के साथ कवल धारण (कुल्ला धारण करना) अभक्तच्छन्द रोग (क्रोध, भय आदि मानस कारण से भोजन की इच्छा न होना) में प्रशस्त है अर्थात् अभक्तच्छन्द रोग को दूर करता है ॥ २६ ॥

वातजादिष्वरोचकेषु चत्वारः कवलयोगाः—

धान्यसौवर्चलाजाजीशर्करामरिचं बिडम् ।
धात्र्येलापद्मकोशीरं पिप्पली चन्दनोत्पलम् ॥ २७ ॥
रोध्रं तेजोवती पथ्या त्र्यूषणं सयवाग्रजम् ।
आर्द्रदाडिमनिर्यासस्त्वजाजीशकरायुतः ॥ २८ ॥
सतैलमाक्षिकाश्चैते चत्वारः कवलग्रहाः ।
चतुरोऽरोचकान् हन्युर्वातायेकजसंजान् ॥ २९ ॥

वातज आदि अरोचक रोग में चार कवलग्रह योग—(१) धनिया, सौवर्चल नमक, स्याह जीरा, शक्कर, मरिच तथा बिड नमक—इन द्रव्यों का चूर्ण । (२) आंवला, इलायची, पद्मकाठ, खस, पीपर, रक्त, चन्दन तथा नील कमल, (३) लोध, तेजोबल, हर्रे, त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा यवक्षार और (४) आर्द्र, अनार का रस, स्याह जीरा तथा शक्कर; इन चारो योगों का चूर्ण या कषाय, तैल तथा मधु के साथ कवलग्रह (कुल्ला) धारण

करने से, वातज, पित्तज, कफज तथा सन्निपातज, इन चारो प्रकार के एक-दोषज तथा सर्वदोषज अरोचक रोगों को नाश करता है ॥ २७-२९ ॥

अरुचौ मुखधावनार्थं त्र्यूषणादिचूर्णम्—

त्रीण्यूषणानि त्रिफला रजनीद्वयं च ।
चूर्णीकृतानि यवशूकविमिश्रितानि ।
क्षौद्रान्वितानि वितरेन्मुखधावनार्थ-
मन्यानि तिक्तकटुकानि च भेषजानि ॥ ३० ॥

अरुचि में मुख धोने के लिये त्र्यूषणादि चूर्ण—त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), रजनीद्वय (आमाहल्दी, दारु-हल्दी)—इन द्रव्यों का चूर्ण यवक्षार तथा मधु मिलाकर मुख धोने के लिये प्रयोग करे तथा अम्ल, तिक्त, कटुकादि औषधों के चूर्ण को भी मुख-धावनार्थ प्रयोग करे ॥ ३० ॥

अरुचौ करञ्जयोगाः—

कवलो धूमपानं तु चूर्णानि मुखधावनम् ।
कारञ्जं दन्तकाष्ठं च विधेयमरुचौ सदा ॥ ३१ ॥

अरुचि में करञ्ज योग—अरुचि रोग में करञ्ज के चूर्ण का कवलग्रह, धूम्रपान व मुख-धावन तथा करञ्ज के दन्तकाष्ठ (दातून) का प्रयोग निरन्तर करे ॥ ३१ ॥

अरुचौ तालीसादिवटिका—

तालीसचूर्णवटकाः सकर्पूरसितोपलाः ।
शशाङ्ककिरणाख्याश्च भक्ष्या रुचिकराः परम् ॥ ३२ ॥

अरुचि रोग में तालीसादि वटिका—कर्पूर तथा मिश्री के साथ बनाया हुआ तालीसपत्र के चूर्ण का वटक (वटी) तथा शशांककिरणाख्य वटक सेवन करे यह उत्तम रुचिवर्द्धक है ॥ ३२ ॥

अरुचौ विडलवणयोगः—

विडचूर्णसमायुक्तं मधु मात्रासमन्वितम् ।
असाध्यामपि संहन्यादरुचिं वक्त्रधारितम् ॥ ३३ ॥

इति श्रीसोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डेऽरोचका-धिकारस्त्रयोदशः ॥ १३ ॥

अरुचि में विड लवण योग—विडनमक का चूर्ण, मात्रापूर्वक मधु के साथ मुख में धारण करने से असाध्य भी अरुचि रोग को अच्छी तरह नाश करता है ॥ ३३ ॥

श्री सोढल-विरचित गदनिग्रह में कायचिकित्सा खण्ड
में तेरहवां अरोचकाधिकार समाप्त ।

अथ छर्द्यधिकारश्चतुर्दशः ।

अथातश्छर्दिनिदानं व्याख्यास्यामः ।

छर्दिभेदाः—

अरोचके भुज्यमानं छर्दयत्येव सत्वरम् ।
तस्मादरोचकात् पश्चाच्छर्दीनां प्रतिपादनम् ॥ १ ॥
दुष्टैर्दोषैः पृथक्सर्वैर्बीभत्सालोकनादिभिः ।
छर्दयः पञ्च विज्ञेयास्तासां लक्षणमुच्यते ॥ २ ॥

इसके बाद छर्दि रोग का निदान कहते हैं ।

छर्दि के भेद—अरोचक रोग में भोजन करने से शीघ्र ही छर्दि (वमन) हो जाता है । अतः अरोचक के बाद छर्दि रोग को कहते हैं ।

पृथक् पृथक् तथा समस्त दोषों के दुष्ट (प्रकुपित) होने से तथा गन्दी वस्तु आदि को देखने से छर्दि रोग उत्पन्न होते हैं वे वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सन्निपातज तथा बीभत्स पदार्थों का दर्शनादि आगन्तुज, भेद से पांच प्रकार के होते हैं । उनके लक्षणों का अलग अलग प्रतिपादन करेंगे ॥ १–२ ॥

छर्दिनिदानं सम्प्राप्तिश्च—

अतिद्रवैरतिस्निग्धैरहृद्यैर्लवणैरति ।
अकाले चातिमात्रैश्च तथाऽसात्म्यैश्च भोजनैः ॥ ३ ॥
श्रमाद्भयात्तथोद्वेगादजीर्णात् कृमिदोषतः ।
नार्याश्चापन्नसत्त्वायास्तथाऽतिद्रुतमश्नतः ॥ ४ ॥
(अत्यन्तामपरीतस्य छर्द्यो वै संभवो द्रुतम् ।)
बीभत्सैर्हेतुभिश्चान्यैर्द्रुतमुत्क्लेशितो बलात् ॥ ५ ॥
छर्दयन्नाननं वेगैरर्दयन्नङ्गभञ्जनैः ।
निरुच्यते छर्दिरिति दोषो वक्त्राद्विनिःसरन् ॥ ६ ॥

छर्दि रोग का निदान तथा सम्प्राप्ति—अधिक द्रव युक्त पदार्थ, अधिक स्निग्ध पदार्थ, मन के प्रतिकूल तथा नमकीन पदार्थों को अधिक सेवन करने से, असमय में भोजन, अति मात्रा में भोजन तथा असात्म्य भोजन करने से, श्रम, भय, उद्वेग, अजीर्ण तथा पेट में कृमि हो जाने से छर्दि रोग उत्पन्न होता है । इसके अतिरिक्त गर्भवती स्त्री तथा अत्यन्त शीघ्र भोजन करने वाले को (अत्यन्त अपरिपक्व अन्न भोजन करने वाले व्यक्ति को छर्दि रोग शीघ्र

(निश्चय ही होता है) तथा घृणा उत्पन्न करने वाले पदार्थों के सेवन से छर्दि रोग उत्पन्न होता है।

(उपरोक्त कारणों से) अकस्मात् उत्क्लेश को प्राप्त होकर मुख को आच्छादित करके तथा वेगपूर्वक अंग-प्रत्यंग को पीड़ित करता हुआ मुख द्वारा निकलने वाला प्रकुपित दोष छर्दि कहलाता है ॥ ३–६ ॥

विमर्श—छर्दि रोग पांच प्रकार के होते हैं जैसे, वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज तथा आगन्तुज। बीभत्स पदार्थों का देखना तथा आदि शब्द से अनभिलषित गन्ध वाले पदार्थों का भक्षण करने से छर्दि रोग की उत्पत्ति होती है इसको आगन्तुज छर्दि कहते हैं। यद्यपि "रोगस्तु दोषवैषम्यम्" दोषों की विकृति रोग है,, इसके आधार पर आगन्तुज छर्दि भी किसी एक या अनेक दोषों के प्रकोप से ही उत्पन्न होती है तथापि "संक्षेपतः क्रियायोगो निदान-परिवर्जनम्" सभी रोगों में निदान का परित्याग ही चिकित्सा का मूल सिद्धान्त है, इसके अनुसार विशिष्ट चिकित्सा करने के लिये ही आगन्तुज रोगों को अलग माना गया है। घृणाजनक पदार्थों अथवा उनके दर्शन-स्पर्शन-आदि से उत्पन्न मानसिक संस्कारों को मूलसहित नष्ट किये बिना केवल वात आदि दोषशामक उपचारों से ही लाभ की सम्भावना नहीं है बल्कि कभी-कभी अज्ञान से वास्तविक निदान की उपेक्षा कर किये गये उपचार हानिकर भी हो जाते हैं। अरुचिकर या घृणोत्पादक पदार्थों का परिगणन नहीं किया जा सकता क्योंकि कोई पदार्थ किसी के लिये रुचिकर, और वही दूसरे के लिये अरुचिकर एवं अप्रिय होता है। इस प्रकार एक ही पदार्थ किसी के लिये वामक तथा किसी के लिये मनः-तुष्टिकारक होता है। बहुतों को घृत-दूध आदि पदार्थ भी वमन करा देते हैं। इसके अलावा मदन फल, लवण जल आदि सभी के लिये वमनकारक होते हैं। ये द्रव्य बीभत्स आदि पदार्थों में नहीं है। जिनका स्वरूप अत्यन्त विकृत, दुर्गन्धि युक्त हो जिनके देखने तथा सूंघने मात्र से ही वमन हो जाय, तथा जिन पदार्थों को श्रवण एवं मनन मात्र से ही वमन हो जाय वे बीभत्सादि पदार्थों में ग्राह्य होते हैं।

ये सभी निदान त्रिविध सम्प्राप्ति (प्रत्यावर्तन, केन्द्रक्षोभ तथा विष) के द्वारा छर्दि रोग को उत्पन्न करते हैं। जैसे—

अतिद्रव—आमाशय में अधिक मात्रा में द्रव की उपस्थिति, वहां अधिक तनाव उत्पन्न कर प्रत्यावर्तन द्वारा छर्दि रोग को उत्पन्न करती है।

अतिस्निग्ध—अधिक स्निग्ध भोजन कफवर्द्धक तथा दुष्पाच्य होता है। यह विकृत होकर स्रोतोऽवरोध तथा आमाशयिक श्लैष्मिक कला में क्षोभ उत्पन्न कर वमन कराता है।

अहृद्य—आमाशयिक कला में क्षोभ उत्पन्न करने वाले तथा खाने में अरुचिकर सभी पदार्थ अहृद्य कहलाते हैं। मुख द्वारा खाने पर आमाशय में क्षोभ उत्पन्न कर प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा वामक पदार्थ या अन्य असात्म्य पदार्थ अहृद्य होने के कारण वमन उत्पन्न करते हैं।

अति लवण—लवण कफवर्द्धक होने के कारण स्रोतों में अवरोध उत्पन्न कर वमन करा देता है। इसके अलावा नमक में आस्रुतीय पीडन (आस्मोटिक प्रेसर) बढ़ाकर अपनी ओर जलांश को खींच लेने की अपूर्व शक्ति होती है। इसीसे आमाशयस्थ केशिकाओं की दीवारों से जलीयांश का स्राव अत्यधिक मात्रा में कराकर पेट को फुला देता है जिससे प्रत्यावर्तन-क्रियाजन्य छर्दि की उत्पत्ति होती है। यही कारण है कि वमनार्थ लवण के घोल का प्रयोग करते हैं।

अकाल भोजन तथा अधिक भोजन—भोजन को पचाने के लिये नियत समय तथा निश्चित मात्रा में पाचक रस का स्राव होता है। असमय में आमाशयिक रस का स्राव न होने से भोजन का परिपाक नहीं होता एवं विकृत होकर अनुकूल परिस्थिति पाकर प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा वमन उत्पन्न कर सकता है। इसी प्रकार अधिक भोजन करने पर भी उचित मात्रा में भोजन के अनुरूप आमाशयिक द्रवांश का स्राव न होने के कारण बिना पचा हुआ प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा छर्दि उत्पन्न कर देता है।

असात्म्यभोजन—आमाशय में क्षोभ उत्पन्न करनेवाले संखिया सदृश विष तथा अन्य वामक तथा अनिष्ट पदार्थ असात्म्य होते हैं। इनमें कुछ केन्द्र पर साक्षात् प्रभाव द्वारा तथा कुछ प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा और कुछ दोनों प्रकार से वमन कराते हैं।

श्रम भय तथा उद्वेग—ये मानसिक कारण हैं, एवं इनके द्वारा होनेवाली छर्दि केन्द्रीय छर्दि कहलाती है इसमें मिचली नहीं होती है।

अजीर्ण—अजीर्ण के कारण आमाशयस्थ पदार्थ विकृत होकर विषोत्पत्ति तथा वायु की उत्पत्ति द्वारा प्रत्यावर्तनजन्य वमन को उत्पन्न करता है।

कृमिदोष—आमाशय में गण्डूपद आदि कृमि की उपस्थिति से प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा वमन होता है। ये कभी-कभी कुण्डलाकार होकर आन्त्रावरोध तथा उदावर्त उत्पन्न कर वमनकारक होते हैं।

सगर्भावस्था—गर्भोत्पीडनेन वातवैगुण्याच्छर्दिः, गर्भ के पीडन से उत्पन्न वायु की वृद्धि से छर्दि उत्पन्न होती है। गर्भ के प्रथम तीन महीनों में छर्दि उत्पन्न होती है। यह छर्दि प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा होती है।

अतिशीघ्र भोजन करना—अति शीघ्र भोजन करने से आमाशय के अतिशीघ्र भरने तथा आमाशय में क्षोभ उत्पन्न होने से प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा वमन होता है।

अत्यन्त आमभोजन—अधिक कच्चा (अपरिपक्व) भोजन करने से आमाशयिक क्षोभ के कारण प्रत्यावर्तनजन्य वमन उत्पन्न होता है।

वीभत्स आदि कारण भी मानसिक विभाग के अन्दर ही आता है ये मस्तिष्कगत वामक केन्द्र पर प्रत्यक्ष प्रभाव उत्पन्न कर वमन कराते हैं इन उपरोक्त बाह्य कारणों के अतिरिक्त आमाशय के कुछ रोगों (आमाशय की तीव्र विस्तृति, आमाशयिक कलाशोथ, आमाशय-व्रण तथा घातक अर्बुद) में भी आमाशयिक क्षोभ तथा तज्जन्य प्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा भी वमन उत्पन्न होता है। उदान वायु की विकृति से आमाशयिक पदार्थ के मुख द्वारा निकलने को छर्दि कहते हैं। 'छर्द् आच्छादने तथा अर्द पीड़ने' इन दोनों धातुओं के संयोग से छर्दि शब्द बना है। आमाशय से निकलनेवाला पदार्थ मुख को भर देता है तथा इसमें पीड़ा भी अधिक होती है। इस रोग में प्रधान विकार उदान वायु में रहती है एवं वह स्वप्रकोपक निदानों से प्रकुपित होकर आमाशयस्थ पदार्थों को और कभी-कभी आन्त्रस्थ पदार्थों को (अन्नाविरोध आदि में) भी मुख द्वारा बाहर निकाल देता है।

छर्दिपूर्वरूपम्—

हृल्लासोद्गाररोधौ च प्रसेको लवणाम्भसः।
द्वेषोऽन्नपानेषु भृशं वमीनां पूर्वलक्षणम् ॥ ७ ॥

छर्दि का पूर्वरूप—हृल्लास (मिचली) डकारों का न आना, मुख से पतले तथा नमकीन स्राव का होना एवं अन्न-पान में अत्यन्त अरुचि ये वमन के पूर्वरूप हैं ॥ ७ ॥

विमर्श—लवण छर्दि का उत्पादक है अतः यदि यह लवणरस युक्त स्रुत लालारस आमाशय में पहुँच जाय तो तुरन्त छर्दि को उत्पन्न कर देता है। अतः छर्दि की पूर्वरूपावस्था में मुख का प्रसेक लवणरस का ही होता है।

द्वेषोऽन्नपाने—लक्षण उत्पन्न होने के पहले ही आमाशय में विकार की परम्परा प्रतिदिन चलती रहती है जिसके फलस्वरूप अरुचि या अन्न-पान द्वेष नामक पूर्वरूप की उत्पत्ति होती है। इस हालत में खाया हुआ अन्न-पान भी वेग-पूर्वक वमन का प्रवर्तक होता है। इसके अतिरिक्त खाद्य पदार्थ के साथ लालारस भी आमाशय में अवश्य पहुंचेगा, जो वमन का उत्तेजक है इसी डर के कारण आमाशय बाहर की वस्तुओं को स्वीकार करने में असमर्थ रहता है।

वातजादिभेदेन छर्दीनां लक्षणानि—

हृत्पार्श्वपीडामुखशोषशीर्षनाभ्यर्तिकासस्वरभेदतोदैः ।
उद्गारशब्दप्रबलं सफेनं विच्छिन्नकृष्णं तनुकं कषायम् ॥ ८ ॥
कृच्छ्रेण चाल्पं महता च वेगेनार्तोऽनिलाच्छर्दयतीह दुःखम् ।
मूर्च्छापिपासामुखशोषमूर्धतालक्षिसंतापतमोभ्रमार्तः ॥ ९ ॥
पीतं भृशोष्णं हरितं सतिक्तं धूम्रं च पित्तेन वमेत्सदाहम् ।
तन्द्रास्यमाधुर्यकफप्रसेकसंतोषनिद्रारुचिगौरवार्तः ॥ १० ॥
स्निग्धं घनं स्वादु कफाद्विशुद्धं सरोमहर्षोऽल्परुजं वमेत्तु ।
अभक्तरुग्गौरवसादयुक्तो भुक्तं वमेत्सा कफकोपजा स्यात् ॥ ११ ॥
शूलाविपाकारुचिदाहतृष्णाश्वासप्रमोहप्रबलं प्रसक्तम् ।
छर्दिस्त्रिदोषाल्लवणाम्लनीलसान्द्रोष्णरक्तं वमतां नृणां स्यात् ॥ १२ ॥
विट्स्वेदमूत्राम्बुवहानि वायुः स्रोतांसि संरुध्य यदोर्ध्वमेति ।
उत्सन्नदोषस्य समाचितं तं दोषं समुद्धूय नरस्य कोष्ठात् ॥ १३ ॥
विण्मूत्रयोस्तत्समगन्धवर्णं तृट्श्वासहिक्कार्तियुतं प्रसक्तम् ।
प्रच्छर्दयेद् दुष्टमिहातिवेगात्तयाऽर्दितश्चाशु विनाशमेति ॥ १४ ॥
बीभत्सजा दौहृदजाऽऽमजा च असात्म्यजा च कृमिजा च या हि ।
सा पञ्चमी ताश्च विभावयेच्च दोषोच्छ्रयेणैव यथोक्तमादौ ॥ १५ ॥

शूलहृल्लासबहुला कृमिजा च विशेषतः ।
कृमिहृद्रोगतुल्येन लक्षणेन च लक्षिता ॥ १६ ॥

वातपित्त आदि के भेद से छर्दि के लक्षण—वातजन्य छर्दि में, हृदय तथा पार्श्व (पसलियों) में पीड़ा अधिक होती है, मुख सूखने लगता है, सिर तथा नाभि प्रदेश में पीड़ा होती है, खांसी, स्वरभंग (गला बैठना) तथा तोद (पूरे शरीर में सूई छेदने जैसी पीड़ा) होता है। वमन, प्रबल शब्द वाला डकार के साथ बड़ी कठिनाई से झागदार, पतला, काले रंग के टुकड़ों से युक्त, थोड़ी मात्रा में कषाय रस प्रधान और बड़े वेग से होता है इससे रोगी को अधिक कष्ट होता है।

पैत्तिक वमन में मूर्च्छा, प्यास की अधिकता, मुख बार-बार सूखना, सिर, तालु तथा आंखों में दाह, आंखों के सामने अन्धेरा तथा रोगी भ्रमरोग से पीड़ित हो जाता है। पैत्तिक छर्दि से पीड़ित व्यक्ति अत्यन्त पीले, गर्म, हरे तथा कड़ुवापन लिये हुए धूमवर्ण की छर्दि करता है। वमन के समय में शरीर तथा गले में विशेष जलन होती है।

कफ-प्रकोपजन्य छर्दि में तन्द्रा, मुख में मीठापन, मुख से कफ का निकलना, तृप्ति (भोजन करने की इच्छा का अभाव), निद्रा, अरुचि तथा

शरीर में भारीपन रहता है। कफज छर्दि से पीड़ित व्यक्ति चिकने, गाढ़े एवं मधुर रसवाला श्वेतवर्ण का वमन करता है और रोगी के रोगटे खड़े हो जाते हैं तथा वह अल्प पीड़ा का अनुभव करता है।

जिस छर्दि रोग में, भोजन में अरुचि हो, शरीर में गुरुता तथा पीड़ा हो और भोजन किये हुए पदार्थ को वमन कर दे, इसको कफ-प्रकोपजन्य छर्दि कहते हैं।

त्रिदोषज छर्दि में उदरशूल, भोजन का परिपाक न होना, अरुचि, शरीर में संताप, प्यास, श्वासवृद्धि तथा मूर्च्छा ये लक्षण होने हैं। वमन नमकीन या खट्टा होता है और इसका रंग नीला, गाढ़ा गर्म तथा कभी-कभी रक्त युक्त होता है।

जब वायु विपरीत गति से होकर, प्रकुपित दोषवाले व्यक्ति के मल, मूत्र, स्वेद तथा जलवाही स्रोतों में अवरोध उत्पन्न कर प्रकुपित दोषों को कोष्ठ से बाहर निकालकर ऊर्ध्वभाग से आता है तब मल तथा मूत्र के समान गन्ध तथा वर्णवाला वमन करता है। (इसी को कुछ लोग मुख द्वारा मल का बाहर निकलना कहते हैं) रोगी प्यास, श्वास रोग तथा हिचकी से पीड़ित रहता है। इस प्रकार तीव्र वेग से युक्त वमन करनेवाला रोगी शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त होता है।

घृणित वस्तुवों के सम्पर्क से स्त्रियों के सगर्भावस्था में असात्म्य भोजन आदि के सेवन तथा आन्त्र में क्रिमियों की उपस्थिति से उत्पन्न होनेवाली यह पांचवी छर्दि आगन्तुज छर्दि कहलाती है। इस छर्दि को दोष-प्रकोप के अनुसार विचार करना चाहिए, जैसे पहले दोष-प्रकोपजन्य छर्दि के लक्षण कहे गये हैं।

क्रिमिजन्य छर्दि रोग में रोगी को तीव्र उदरशूल, हल्लास (मिचली) ये लक्षण विशेष रूप से होते हैं। इसके अतिरिक्त कृमिज छर्दि के लक्षण हृदय रोग के लक्षणों के समान होते हैं॥ ८-१६॥

विमर्श—वातप्रकोपजन्य छर्दि में पीड़ा तथा वेग विशेष लक्षण है क्योंकि वायु बिना पीड़ा नहीं होती, अर्थात् जिस रोग में पीड़ा का अनुभव होता है वहां वातदोष की दुष्टि अवश्य रहती है। वायु का गुण गति है, इसके प्रकुपित होने पर गति भी वेग युक्त होती है और इसी के परिणाम-स्वरूप पीड़ा भी होती है।

हृत्पार्श्वपीड़ा—वमन काल में आमाशयोत्सेध के कारण हृदय का तत्समीपस्थ अङ्गों पर दबाव पड़ता है अतः पीड़ा का अनुभव होता है। वमन के समय उदर की सभी पेशियां सामान्य कार्य करती हैं किन्तु वायु के अधिक होने के

कारण इसकी क्रियाशीलता अधिक बढ़ जाती है। इस प्रकार इसमें अधिक तथा निरन्तर सङ्कोच होते रहने के कारण पीड़ा भी अधिक होती है।

पित्त, प्रकोपजन्य छर्दि में ज्वर के अधिक लक्षण मिलते हैं क्योंकि पित्तजविकार में शरीर के अन्दर उष्णता का द्योतक ज्वर का होना अनिवार्य होता है। यद्यपि इसमें प्रत्यक्ष रूप से चरक एवं वाग्भट आदि में नहीं कहा गया है तथापि उनके संताप एवं ताप शब्द से अभीष्ट अर्थ का बोध होता है। इस प्रकार का वमन रोग, आमाशयिक कला-शोथ और आन्त्रपुच्छ-शोथ में विशेष रूप से मिलता है। पित्त या हरित वर्ण और तिक्तता ग्रहणी से उदावृत्त पित्त के कारण एवं धूम्र वर्ण, थोड़ी मात्रा में रक्त के कारण होता है। आमाशयिक कला-शोथ होने पर हृदय प्रदेश में दाह तथा भोजन के कुछ देर बाद पाचन के समय वमन होता है। पाचन समय में वमन होना पित्ताधिक्य का द्योतक है। आन्त्रपुच्छ-शोथ में भोजन के पश्चात् पाचनकाल में वमन होता है तथा ज्वर रहता है जो पैत्तिक छर्दि का मुख्य लक्षण है।

कफज छर्दि में संतोष का अर्थ, भोजन करने की इच्छा का अभाव है उसी को तृप्ति कहते हैं।

अनन्नाभिलाषस्तृप्तिः—भोजन करने की इच्छा को तृप्ति कहते हैं। इसीको अरोचक भी कहते हैं। "तृप्तिः श्लेष्मविकारः" तृप्ति कफ का विकार है। सात प्रकार की निद्रा में [1]श्लेष्मसमुद्भवा निद्रा कफज छर्दि में होती है। जैसे निद्रा के सात भेद बताये गये हैं।

श्लेष्मोद्भवा निद्रा को [2]विकृतिजन्य निद्रा भी कह सकते हैं।

कफजन्य स्रोतों में अवरोध के कारण शरीर की क्रियाशीलता शिथिल हो जाती है और यह शिथिलता निद्रा रूप में परिवर्तित हो जाती है।

विशुद्ध कफ वमन से, श्वेतवर्ण का वमन समझना चाहिए। कफ के शीतलता गुण होने के कारण रोमाञ्च उत्पन्न होता है तथा वेगों की मन्दता के कारण कम पीड़ा होती है।

त्रिदोषजन्य छर्दि असाध्य होती है। इसमें दोष शब्द से कफ एवं पित्त या आम दुष्टान्न आदि का ग्रहण करना चाहिए। कुछ विद्वान् त्रिदोषज छर्दि को विकृतिविषमसमवायजन्य मानते हैं। कुछ विद्वानों का मत है "सर्वा

---

१. तमोभवा, श्लेष्मसमुद्भवा च मनःशरीरश्रमसम्भवा च।
आगन्तुकी, व्याध्यनुवर्तिनी च रात्रिस्वभावप्रभवा च निद्रा॥

२. रात्रिस्वभावप्रभवा मता या तां भूतधात्रीं प्रवदन्ति निद्राम्।
तमोभवामाहुरवस्य मूलं शेषं पुनर्व्याधिषु निर्दिशन्ति॥

एव छर्दयः प्रवला एवंविधाः सत्योऽसाध्याः स्युः" सभी प्रकार की छर्दियां सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त होने पर असाध्य होती हैं।

आगन्तुज छर्दि में बीभत्स (घृणित) पदार्थों से उनके दर्शन, स्पर्शन, आस्वादन तथा मनन सभी का ग्रहण करना चाहिए। ये पदार्थ, सगर्भावस्था तथा कृमिप्रत्यावर्तन क्रिया द्वारा वमन कराते हैं। अजीर्ण में गैस से आमाशय के अधिक फूल जाने से तथा असात्म्य भोजन से स्थानीय क्षोभ के कारण प्रत्यावर्तन-क्रियाजन्य छर्दि रोग उत्पन्न होता है। आम से विसूचिका (हैजा) के वमन की भी उत्पत्ति होती है। 'सा पञ्चमी' शब्द से आगन्तुज सामान्य का ग्रहण होता है। केवल क्रिमिज का ग्रहण नहीं करते। पृथग्दोषजा तीन तथा त्रिदोषजन्या चौथी की अपेक्षा यह आगन्तुजा पांचवी ही है।

आगन्तुरन्वेति निजं विकारम्—इस उक्ति के अनुसार, आगन्तुज भी स्वल्पकाल में ही किसी-न-किसी दोष से अवश्य सम्बद्ध हो जाता है अतः इसके साथ साथ वात आदि दोषों के अनुबन्ध का ज्ञान करना भी आवश्यक है। इससे वातादि के विरुद्ध चिकित्सा करने में सरलता होती है।

कृमिजन्य छर्दि में रोगी को उदरशूल तथा मिचली विशेष रूप से आती है। छर्दि गण्डूपद कृमि का विशेष लक्षण है।

छर्दीनामसाध्यलक्षणानि—

क्षीणस्य या छर्दिरतिप्रसक्ता सोपद्रवा शोणितपूययुक्ता।
सचन्द्रिकां तां प्रवदेदसाध्यां, साध्यां चिकित्सेन्निरुपद्रवां च ॥ १७ ॥

छर्दि रोग का असाध्य लक्षण—क्षीण (दुर्बल) रोगी को निरंतर होनेवाली और रक्त, पूय एवं मयूरपिच्छ के समान चन्द्रिकायुक्त एवं कास-श्वास आदि उपद्रवों से युक्त छर्दि असाध्य होती है अर्थात् इन उपद्रवों से युक्त रोगी की चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उपद्रवरहित छर्दि को साध्य समझकर चिकित्सा करनी चाहिए ॥ १७ ॥

विमर्श—"कासः श्वासो ज्वरो हिक्का तृष्णा वैचित्यमेव च। हृद्रोगस्तमकश्चैव ज्ञेयाश्छर्देरुपद्रवा" च० चि० श्लो० २३ के अनुसार छर्दिरोग के कास, श्वास, ज्वर, हिचकी, प्यास, बुद्धिविभ्रम, हृद्रोग तथा तमकश्वास, ये उपद्रव होते हैं।

प्रकारान्तरेण वातजादिच्छर्दिलक्षणानि—

ईषदुष्णा सफेनाऽथ सशूला च पुनः पुनः।
छर्दिर्भवति लक्ष्मैतद्वातच्छर्देः प्रकीर्तितम् ॥ १८ ॥
सदाहा लोहिता पीता हरितोष्णाऽथवा भवेत्।

छर्दिरित्युच्यते लक्ष्म पित्तच्छर्देरसंशयम् ॥ १९ ॥
कफाविला सहृद्दाहा मुहुर्मुहुः सघुर्घुरा।
सलालजम्बालयुता श्लेष्मच्छर्दिः प्रकीर्तिता ॥ २० ॥
इति छर्दिनिदानम्।

दूसरे प्रकार से वातज आदि छर्दि के लक्षण—थोड़ा गरम फेनयुक्त तथा शूलसहित बार-बार जो छर्दि होती है उसे वातिक छर्दि का लक्षण कहते हैं।

जो छर्दि दाहयुक्त, लोहितवर्ण, पीतवर्ण अथवा हरितवर्ण की होती है उसको पैत्तिक छर्दि कहते हैं। अर्थात् ये लक्षण पैत्तिक छर्दि के हैं। कफ चिपका हुआ, हृदयदाह से घुरघुराहट शब्द के साथ बार-बार लालारस (लार) के साथ कीचड़ के सदृश जो छर्दि होती है उसे कफ-छर्दि कहते हैं। अर्थात् ये लक्षण कफजन्य छर्दि के हैं ॥ १८–२० ॥

छर्दि-निदान समाप्त।

अथातश्छर्दिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

छर्द्यां लङ्घनविधानम्—

आमाशयोत्क्लेशभवा हि सर्वाश्छर्द्यो मता लङ्घनमेव तस्मात्।
प्राक्कारयेन्मारुतजां विहाय संशोधनं वा कफपित्तहारि ॥ २१ ॥

छर्दि के निदान-निरूपण के बाद छर्दि की चिकित्सा कहते हैं।

छर्दि रोग में लंघन का विधान—आमाशय में क्षोभ उत्पन्न होने से सभी प्रकार की छर्दियां उत्पन्न होती हैं। ऐसा माना गया है। इस कारण से वातज छर्दि को छोड़ कर सभी प्रकार के छर्दि में लंघन कराना चाहिए। या कफ एवं पित्त दोष को दूर करनेवाले संशोधन कर्म (वमन-विरेचनादि) को करना चाहिए ॥ २१ ॥

वातच्छर्द्यां कतिपययोगाः—

हन्यात्क्षारोदकं पीतं छर्दिं पवनसंभवाम्।
ससैन्धवं पिबेत्सर्पिर्वातच्छर्दिनिवारणम् ॥ २२ ॥
मुद्गामलकयूषं वा ससर्पिष्कं ससैन्धवम्।
यवागूं मधुमिश्रां वा पञ्चमूलीकृतां पिबेत् ॥ २३ ॥

वातजन्य छर्दि में कुछ योग—क्षारोदक (यवक्षार का जल) पान करने से वातजन्य छर्दि को नाश करता है। सेन्धानमक मिलाकर घृत वातिक छर्दि को दूर करने के लिये पान करे। या मूंग, आंवला का यूष, सेन्धानमक एवं घृत मिलाकर वातज छर्दि में पान करे अथवा, पञ्चमूली (बेल की छाल, गम्भारी,

अरलु, पाढ़ल, अरणी) के क्वाथ से सिद्ध यवागू मधु मिलाकर वातजन्य छर्दि को दूर करने के लिये पान करे ॥ २२-२३ ॥

वातच्छर्द्यां धान्यकादिलेहः—

कुस्तुम्बरुमक्षिकाशकृच्छिखिबर्हं बदरास्थिमज्जकाम् ।
द्राक्षां मधुना च लेहयेदनिलच्छर्दिनिवृत्तये पुनः ॥ २४ ॥

वातिक छर्दि में धान्यकादि लेह—कुस्तुम्बरु (धनिया), मक्षिकाशकृत् (मोम), शिखिबर्ह (मयूर-पुच्छ की भस्म), बैर की गुठली का गूदा तथा मुनक्का—इन द्रव्यों को चूर्ण करने योग्य वस्तुवों का चूर्ण कर शेष द्रव्यों को एक साथ मिश्रित कर मधु के साथ, वातजन्य छर्दि को दूर करने के लिये चाटे ॥ २४ ॥

वातच्छर्द्यां बीजपूरकादिलेहः—

निष्पीड्य च बीजपूरकाद्रसमेलार्द्रकनागरायुतम् ।
लेहो मधुशर्करायुतो वमथुं वातकृतां नियच्छति ॥ २५ ॥

वातिक छर्दि में बीजपूरकादि लेह—बिजोरा नीबू के गूदा को अच्छी तरह मसल कर रस निकाल ले और उसमें इलायची तथा सोंठ का चूर्ण एवं अद्रक का रस मिला दे। इस प्रकार लेहवत् तैयार कर मधु तथा शक्कर मिलाकर चाटे। यह लेह वातजन्य वमथु (वमन) को दूर करता है ॥ २५ ॥

पैत्तिकच्छर्द्यां विरेचनम्—

पित्तात्मिकायामनुलोमनार्थं द्राक्षाविदारीक्षुरसैस्त्रिवृत्स्यात् ।

पैत्तिक छर्दि में विरेचन—पित्तजन्य छर्दि में दोषों को अनुलोमन करने के लिये (अधोमार्ग द्वारा निकालने के लिये) मुनक्का, विदारीकन्द तथा गन्ना के रस के साथ निशोथ के चूर्ण को भक्षण करना चाहिए।

पैत्तिकच्छर्द्यां वमनम्—

कफाशयस्थं त्वतिमात्रवृद्धं पित्तं हरेत्स्वादुभिरूर्ध्वमेव ॥ २६ ॥

पैत्तिक छर्दि में वमन—कफाशयस्थ (पक्वाशयस्थित) अत्यन्त प्रवृद्ध पित्त को स्वादु (मधुर) वामक द्रव्यों से ऊर्ध्व मार्ग (वमन द्वारा) से दूर करे अर्थात् पैत्तिक छर्दि में आमाशय में बढ़े हुए पित्त को वमन द्वारा निकाल दे ॥ २६ ॥

पैत्तिकच्छर्द्यामन्नव्यवस्था—

शुद्धस्य काले मधुशर्कराभ्यां लाजैश्च मन्थं यदि वापि पेयाम् ।
प्रदापयेन्मुद्गरसेन वापि शाल्योदनं जाङ्गलजैरसैर्वा ॥ २७ ॥

पैत्तिक छर्दि में अन्न-व्यवस्था—पैत्तिक छर्दि में वमन तथा विरेचन आदि से संशोधन करने पर मधु तथा शक्कर मिलाकर पेया को मथन कर देना

चाहिए या लावा से युक्त पेया को दे या मूंग के यूप के साथ या जंगली जानवर (हरिण आदि) के मांसरस के साथ जड़हनधान के चावल का भात दे ॥२७॥

छर्द्यां जातीपत्ररसादियोगः—

जातीपत्ररसं कृष्णा मरिचं शर्करान्वितम् ।
एतानि मधुयुक्तानि हन्युश्छर्दिं चिरोद्भवाम् ॥ २८ ॥

छर्दि रोग में जातीपत्ररसादि योग—जाती (चमेली) के पत्ते का रस, पीपर तथा मरिच का चूर्ण एवं शक्कर, ये द्रव्य मधु के साथ मिलाकर सेवन करने से चिरकालीन छर्दि रोग को नाश करते हैं ॥ २८ ॥

पैत्तिकच्छर्द्यां लाजादियोगः—

लाजा बदरास्थिचन्द्रकं ह्रीबेरं मधुमक्षिकाशकृत् ।
सेषन्मरिचं सशर्करं छर्दिं पित्तसमुत्थितां जयेत् ॥ २९ ॥

पैत्तिक छर्दि में लाजादि योग—धान का लावा, बैर की गुठली का गूदा, हाऊबेर, मधुमक्षिका-शकृत् (मोम), थोड़ी सी मरिच—इन द्रव्यों का चूर्ण शक्कर के साथ सेवन करने से पित्तजन्य छर्दि रोग को जीत लेता है ॥ २९ ॥

पैत्तिकच्छर्द्यां दूर्वादियोगः—

पित्तच्छर्दिर्व्रजेद् दूर्वातण्डुलोदकपानतः ।
धात्रीरसेन वा पीता सिता लाजा च हन्ति ताम् ॥ ३० ॥

पैत्तिक छर्दि में दूर्वादि योग—दूर्वा का रस तथा चावल का पानी पीने से पैत्तिक छर्दि दूर हो जाती है । या आंवला के रस के साथ मिश्री मिलाकर धान का लावा, पान करने से पैत्तिक छर्दि का नाश करता है ॥ ३० ॥

पैत्तिकच्छर्द्यां त्रुट्यादियोगः—

त्रुटिशोणितचन्दनाञ्जनं किञ्जल्कं कुमुदोत्पलस्य च ।
प्रपिबेन्मधुशर्करायुतं पित्तच्छर्दिनिवृत्तये नरः ॥ ३१ ॥

पैत्तिक छर्दि में त्रुट्यादि योग—पित्तजन्य छर्दि से पीड़ित रोगी, इलायची, शोणित चन्दन (रक्त चन्दन), स्रोतोञ्जन तथा कमल का पराग—इन द्रव्यों को मधु तथा शक्कर मिलाकर पैत्तिक छर्दि को दूर करने के लिये पान करे ॥ ३१ ॥

पैत्तिकच्छर्द्यां चन्दनादियोगः—

चन्दनस्याक्षमात्रेण संयोज्यामलकीरसम् ।
पिबेन्माक्षिकसंयुक्तं छर्दिस्तेन निवर्तते ॥ ३२ ॥

पैत्तिक छर्दि में चन्दनादि योग—चन्दन एक अक्ष (एक तोला), आंवला का रस (२ तोला) तथा मधु (एक तोला) मिलाकर पान करे । इससे छर्दि दूर हो जाती है ॥ ३२ ॥

छर्द्यां भृष्टमुद्गादिकषायः—

कषायो भृष्टमुद्गस्य सलाजमधुशर्करः।
छर्द्यतीसारदाहघ्नो ज्वरघ्नः संप्रकाशितः॥ ३३॥

छर्दि में भृष्टमुद्गादि कषाय—भूने मूंग का कषाय धान का लावा का चूर्ण, मधु तथा शक्कर मिलाकर सेवन करने से छर्दि, अतिसार तथा दाह को नाश करनेवाला है और ज्वरनाशक भी कहा गया है॥ ३३॥

रक्तच्छर्द्यां वमनयोगः—

कफात्मिकायां वमनं प्रशस्तं सपिप्पलीसर्षपनिम्बतोयैः।
पिण्डीतकैः सैन्धवसंप्रयुक्तैश्छर्द्यां कफामाशयशोधनार्थम्॥ ३४॥

कफज छर्दि में वमन योग—कफजन्य छर्दि में आमाशयस्थ कफ को संशोधन करने के लिये पीपर, सरसों तथा नीम का क्वाथ तथा पिण्डीतक (मैनफल) और सेन्धानमक मिलाकर, इस योग से वमन कराना श्रेष्ठ है। अर्थात् आमाशयस्थ कफ को निकालने के लिये इस वमन योग का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद छर्दिनाशक औषधों का प्रयोग करे॥ ३४॥

श्लेष्मजायां वम्यां विडङ्गादिचूर्णम्—

विडङ्गत्रिफलाविश्वचूर्णं मधुयुतं जयेत्।
विडङ्गप्लवशुण्ठीनामथवा श्लेष्मजां वमिम्॥ ३५॥

कफजन्य वमन में विडङ्गादि चूर्ण—वायविडङ्ग, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ भक्षण करने से (चाटने से) या विडङ्ग, प्लव (केवटीमोटा) तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ सेवन करने से कफजन्य वमन को जीत लेता है॥ ३५॥

श्लैष्मिकच्छर्द्यां व्योषादिचूर्णम्—

व्योषं त्रिफला दुरालभा जम्ब्वाम्रास्थि यवाग्रजं त्रिवृत्।
लीढ्वा मधुना निवारयेच्छर्दिं श्लेष्मविकारजां नरः॥ ३६॥

श्लैष्मिक छर्दि में व्योषादि चूर्ण—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), यवासा, जामुन की गुठली का गूदा, यवक्षार तथा निशोथ—इन द्रव्यों के चूर्ण को कफज छर्दि से पीड़ित रोगी मधु के साथ चाटकर कफप्रकोपजन्य छर्दि को दूर करे॥ ३६॥

श्लैष्मिकच्छर्द्यां कतिपययोगाः—

खादेदभयां समाक्षिकां व्योषं वा सकपित्थशर्करम्।
छर्दिं कफसंभवां जयेद्वमनेर्वा बलकालदोषवित्॥ ३७॥
सजाम्बवं वा बदरस्य चूर्णं मुस्तायुतां कर्कटकस्य शृङ्गीम्।
दुरालभां वा मधुसंप्रयुक्तां लिह्यात्कफच्छर्दिविनिग्रहार्थम्॥ ३८॥

श्रीफलस्य गुडूच्या वा कषायं मधुसंयुतम् ।
पिबेच्छर्दित्रये शीतं, दूर्वां वा तण्डुलाम्बुना ॥ ३६ ॥

श्लैष्मिक छर्दि में कुछ योग—हर्रे का चूर्ण मधु के साथ या व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा कैथ के गूदा का चूर्ण मधु के साथ भक्षण करे। या बल, काल तथा वातादि दोषों के बलाबल को जानने वाला वैद्य, कफप्रकोपजन्य छर्दि को वमन कराकर जीत ले। या जामुन की गुठली का चूर्ण तथा बेर का चूर्ण या नागरमोथा के चूर्ण के साथ काकड़ासिंघी का चूर्ण या यवासा का चूर्ण मधु में मिलाकर कफजन्यछर्दि को दूर करने में लिये चाटे। या बेल तथा गुडूची के शीतल कषाय को मधु मिलाकर अथवा दूर्वा का रस तण्डुलोदक (चावल का धोवन) के साथ तीनों प्रकार के छर्दि में पान करे। अर्थात् कफजन्य वमन को नाश करने के लिये इन योगों का प्रयोग करे ॥ ३७–३९ ॥

छर्द्यां जम्ब्वाम्रपल्लवादियोगः—

जम्ब्वाम्रपल्लवगवेधुकधान्यसेव्य-
ह्रीबेरवारि मधुना पिबतोऽल्पमल्पम् ।
छर्दिः प्रयाति शमनं त्रिसुगन्धियुक्तं,
लीढा निहन्ति मधुनाऽथ दुरालभा वा ॥ ४० ॥

छर्दि रोग में जामुन तथा आम के पल्लव का योग—जामुन का पत्ता, आम की पत्ती, गवेधुक (गड़हेरुआ, या गेरु), धनिया, खस तथा हाऊबेर—इन द्रव्यों का कषाय, त्रिसुगन्धि (दालचीनी, इलायची, तेजपत्र) का चूर्ण मिलाकर मधु के साथ थोड़ा थोड़ा, पान करनेवाले रोगी की छर्दि शान्त हो जाती है या दुरालभा (यवासा) के चूर्ण को मधु के साथ चाटने से छर्दि रोग नष्ट हो जाता है ॥ ४० ॥

छर्द्यां धात्रीरसादियोगः—

धात्र्या रसः कपित्थस्य पिप्पली मरिचानि च ।
युक्तोऽयं मधुना लेहः श्रेष्ठश्छर्दिनिवारणः ॥ ४१ ॥
क्षौद्रेण युक्तः शमयेल्लेहोऽयं छर्दिमुल्बणाम् ।

छर्दि रोग में धात्रीरसादि योग—आंवला तथा कैथ का रस और पीपर तथा मरिच का चूर्ण तथा मधु-मिश्रित यह लेह, छर्दि रोग को दूर करने में श्रेष्ठ है। यह लेह मधु के साथ मिलाकर सेवन करने से उल्वण (गम्भीर) छर्दि रोग को शान्त करता है।

छर्दिनाशनाः षड् लेहाः—

सौवर्चलमजाजी च, शर्करा मरिचानि च ॥ ४२ ॥

कोलमज्जा कणा धात्री, लाजा विश्वं फलत्रिकम् ।
श्यामाञ्जनाब्दकोलास्थि, मक्षिकाविट् सितायुता ॥ ४३ ॥
कणोषणकपित्थाम्बु, त्वगेलापत्रकं समम् ।
सक्षौद्राः पादिका लेहाः षडेते छर्दिनाशनाः ॥ ४४ ॥

छर्दि को नाश करनेवाले छः लेह (१) सौवर्चलनमक तथा स्याहजीरा का चूर्ण, (२) शक्कर तथा मरिच का चूर्ण, (३) वैर की मज्जा, पीपर तथा आंवला का चूर्ण, (४) धान का लावा, सोंठ तथा फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का चूर्ण, (५) काला निशोथ, रसाञ्जन, अब्द (मोथा) तथा वैर की गुठली का चूर्ण, सोम तथा मिश्री मिलाकर (६) पीपर, मरिच, कैंथ, सुगन्धवाला, दालचीनी, इलायची तथा तेजपत्र—समभाग इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर मधु के साथ सेवन करे । ये छः अवलेह छर्दि रोग को नाश करनेवाले हैं ॥ ४२-४४ ॥

छर्द्यां कोलमज्जादिलेहः—

कोलामलकमज्जानो मक्षिकाविट् सिता मधु ।
सकृष्णातण्डुलो लेहः श्रेष्ठश्छर्दिनिवारणः ॥ ४५ ॥

छर्दि रोग में कोलमज्जादिलेह—कोल (वैर) तथा आंवला के मज्जा का चूर्ण, मक्षिकाविट् (सोम), मिश्री, मधु तथा कृष्णातण्डुल (पीपर का चूर्ण) का चूर्ण मिलाकर सेवन करे, यह अवलेह छर्दि रोग को दूर करने में श्रेष्ठ है ।

वम्यां त्रयो लेहाः—

लाजाकपित्थमधुमागधिकोषणानां,
क्षौद्राभयात्रिकटुधान्यकजीरकाणाम् ।
पथ्यासितामरिचमाक्षिकपिप्पलीनां,
लेहास्त्रयः सकलवम्यरुचिप्रशान्त्यै ॥ ४६ ॥

वमननाशक तीन अवलेह—(१) लावा, कैथ, पीपर तथा मरिच—इन द्रव्यों को चूर्ण तथा मधु, (२) हर्रे, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), धनिया तथा जीरा का चूर्ण और मधु, (३) हर्रे, मिश्री, मरिच तथा पीपर का चूर्ण और मधु, ये तीन अवलेह सभी प्रकार के वमन तथा अरुचि को शान्त करने वाले हैं । (अर्थात् इन तीनों अवलेह द्रव्यों को मधु मिलाकर अवलेहवत् चाटे । ये अवलेह, वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सन्निपात) तथा आगन्तुज—सभी प्रकार के वमन एवं अरुचि को नाश करते हैं ॥ ४६ ॥

वातच्छर्द्यां सैन्धवादियोगः—

सैन्धवं सर्पिषा पीतं वातच्छर्दिविनाशनम् ।
किंवा यवानिकाचूर्णं भक्षितं तां विनाशयेत् ॥ ४७ ॥

वातजन्य छर्दि रोग में सैन्धवादि योग—सेन्धानमक, घृत के साथ पान करने से वातजन्य छर्दि रोग को नाश करता है। या अजवायन का चूर्ण, मधु के साथ भक्षण करने से छर्दि को नाश करता है ॥ ४७ ॥

सर्वच्छर्णामेलादिचूर्णम्—

एलालवङ्गदलकेसरकोलमज्जा-
लाजप्रियङ्गुघनचन्दनपिप्पलीनाम् ।
चूर्णानि माक्षिकसितासहितानि लीढ्वा
छर्दिं निहन्ति कफमारुतपित्तजां वै ॥ ४८ ॥

सभी प्रकार के छर्दि रोग में एलादि चूर्ण—बड़ी इलायची, लवंग, दालचीनी, नागकेशर, बेर का मज्जा, धान का लावा, प्रियङ्गु, मोथा, चन्दन तथा पीपर (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु तथा मिश्री के साथ मिलाकर चाटने से मनुष्य कफजन्य, वातजन्य तथा पित्तजन्य छर्दि रोग को नाश करता है ॥ ४८ ॥

त्रिदोषजच्छर्णां धात्र्यादियोगः—

पिष्ट्वा धात्रीफलं लाक्षां शर्करां च पलोन्मिताम् ।
दत्त्वा मधुपलं चात्र कुडवं सलिलस्य च ।
वाससा गालितं पीतं हन्ति छर्दिं त्रिदोषजाम् ॥ ४९ ॥

त्रिदोषजन्य छर्दि रोग में धात्र्यादि योग—आंवले के फल को पीसकर निकाला हुआ रस एक पल, लाख एक पल, शक्कर एक पल, मधु एक पल तथा जल एक कुडव (चार पल) मिलाकर और वस्त्र से छानकर पीने से यह पेय त्रिदोषज छर्दि रोग को नाश करता है ॥ ४९ ॥

छर्द्यां सारिवादिक्वाथः—

सारिवोशीरमधुकं कुस्तुम्बरुफलानि च ।
युक्त्या क्वाथ्य जलं पेयं मधुना छर्दिनाशनम् ॥ ५० ॥

छर्दि रोग में सारिवादि क्वाथ—सारिवा (अनन्तमूल), खस, मुलेठी, धनिया तथा मैनफल, इन द्रव्यों के क्वाथ को मधु मिलाकर छर्दि रोग को नाश करने के लिये पान करे ॥ ५० ॥

छर्द्यां हरीतकीयोगः—

हरीतकीनां चूर्णं तु लिह्यान्माक्षिकसंयुतम् ।
अधोभागीकृते दोषे छर्दिस्तेन निवर्तते ॥ ५१ ॥

छर्दि रोग में हरीतकी योग—हर्रे के चूर्ण को मधु मिलाकर चाटे। इस चूर्ण से दोषों का अधोमार्ग से (टट्टी के द्वारा) विरेचन हो जाने पर छर्दि रोग दूर हो जाता है ॥ ५१ ॥

छर्द्यां वातहरक्रियाया आवश्यकता—

छर्दिप्रसङ्गात् पवनो ह्यवश्यं धातुक्षयाद् वृद्धिमुपैति तस्मात् ।
चिरप्रवृत्तास्वनिलापहानि कार्याण्युपस्तम्भनबृंहणानि ॥ ५२ ॥

छर्दि रोग में वातनाशक क्रिया की आवश्यकता—छर्दि रोग के कारण धातुओं के क्षय हो जाने से वायु अवश्य ही बढ़ जाती है। अतः चिरप्रवृत्त (पुराने) छर्दि रोगों में वायुनाशक उपस्तम्भन तथा बृंहण कर्मों को करना चाहिए ॥ ५२ ॥

चिरोत्थच्छर्दिप्रतीकारः—

सर्पिर्गुडः क्षीरविधिघृतानि कल्याणकव्यूषणजीवनानि ।
वृष्यास्तथा मांसरसाः सलेहाश्छर्दि चिरोत्थां प्रशमं नयन्ति ॥ ५३ ॥

चिरकालीन (पुराने) छर्दि रोग का प्रतिकार—सर्पिर्गुड, अनेक प्रकार के सिद्ध क्षीर, कल्याणक, व्यूषणाद्य तथा जीवनीय द्रव्यों से सिद्ध घृत, शरीर को बढ़ानेवाले मांसरस तथा अवलेह, पुराने (अधिक दिनों से उत्पन्न) छर्दि रोग को शान्त करते हैं ॥ ५३ ॥

विमर्श—(१. सर्पिर्गुड, २. कल्याणक घृत तथा ३. व्यूषणादि, घृत गदनिग्रह के प्रयोग खण्ड में क्रमशः १. पृ० २२७, २. पृ० ५७, ३. पृ० ३२ में कहा गया है।) जीवनीयगण (ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, जीवन्ती तथा मुलेठी—इन द्रव्यों) से सिद्ध घृत लेना चाहिए।

विविधच्छर्दिचिकित्सा—

बीभत्सजां हृद्यतमैर्दौहृदीं काङ्क्षितैः फलैः ।
लङ्घनैर्वमनैश्चामां सात्म्यैश्चासात्म्यकोपजाम् ।
कृमिहृद्रोगवच्चापि साधयेत्त कृमिजां वमिम् ॥ ५४ ॥

अनेक प्रकार के छर्दिरोग की चिकित्सा—बीभत्सज (घृणित पदार्थों को देखने, सुनने तथा भक्षण करने से उत्पन्न) छर्दिरोग को मनोभिलषित हृद्यतम पदार्थों के सेवन से, सगर्भावस्था में उत्पन्न छर्दिरोग को अभिलषित फलों से, आमजन्य छर्दिरोग को लंघन तथा वमन से, असात्म्य पदार्थ-प्रकोपजन्य छर्दिरोग को सात्म्य (शरीर के लिये अनुकूल पड़नेवाले) पदार्थों से तथा कृमिजन्य वमन हृद्रोगनाशक एवं कृमिरोगनाशक औषधों से सिद्ध (दूर) करे। अर्थात् उपरोक्त उन-उन औषधों से सिद्ध घृत के प्रयोग से छर्दिरोग को शान्त करे।

छर्द्यां कतिपययोगाः—

काथं गुडूच्याः शृतशीतलं यो मध्वन्वितं शीतरुसाधितं वा ।
दूर्वां पिबेत्तण्डुलवारिणा वा तस्य प्रशान्ति समुपैति वान्तः ॥५५॥

छर्दिरोग में कुछ योग—जो छर्दिरोग से पीड़ित रोगी, गुडूची के क्वाथ को ठंढा कर, मधु के साथ या श्रीतरु (गम्भारी) के क्वाथ को मधु के साथ दूर्वा के रस को तण्डुलोदक के साथ पान करता है उसका वमन रोग शान्त हो जाता है ॥ ५५ ॥

कफच्छर्द्यामन्नव्यवस्था—

आरक्तशालिभक्तं गोदधिशर्करांविमिश्रं च ।
कुर्याद्भोजनमेतच्च कफच्छर्दिच्छिदे जन्तुः ॥ ५६ ॥

कफजन्य छर्दिरोग में अन्न की व्यवस्था—कफजन्य छर्दि से पीड़ित व्यक्ति कालधान (साठी) के चावल का भात, गाय का दही तथा शक्कर मिलाकर भोजन करे। यह भोजन कफजन्य छर्दि को नाश करनेवाला है ॥५६॥

उत्कारिकाचिकित्सा—

शमीत्वक्कासमश्वत्थफलं क्वाथोऽतिशीतलः ।
उत्कारीं हन्ति पानेन जन्तुदोषसमुद्भवाम् ॥ ५७ ॥
पथ्याक्षधात्रीमगधोषणानां चूर्णं सलाजाञ्जनकोलमज्जम् ।
छर्दिं छिनत्त्याशु समाक्षिकं तु सव्यूषणं वापि कपित्थमध्यम् ॥

उत्कारिका चिकित्सा—शमी की छाल, कास (कासतृण) तथा अश्वत्थ (पीपल वृक्ष) का फल—इन द्रव्यों का शीतल क्वाथ पान करने से जन्तुदोष (क्रिमिजन्य) से उत्पन्न उत्कारी (छर्दि "जिस रोग में उत्-उत् के शब्द के साथ मुख द्वारा कुछ पदार्थ बाहर निकले उसको 'उत्कारी' कहते हैं") रोग को नाश करता है। हर्रे, बहेड़ा, आंवला, पीपर तथा मरिच—इन द्रव्यों का चूर्ण एवं धान का लावा, रसाञ्जन तथा बैर का गूदा—इन द्रव्यों का चूर्ण एकत्र कर मधु के साथ चाटने से छर्दिरोग को नाश करता है। या व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा कैंथ का गूदा इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ चाटने से छर्दि को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५७-५८ ॥

प्रवृद्धच्छर्द्यां मनःशिलादिचूर्णम्—

मनःशिलामागधिकोषणानां चूर्णं कपित्थाम्लरसेन युक्तम् ।
लाजैः समांशैर्मधुनावलीढं छर्दिं प्रवृद्धामपि हन्ति शीघ्रम् ॥ ५९ ॥

गम्भीर छर्दिरोग में मनःशिलादि चूर्ण—मनःशिला (शु० मैनसिल), पीपर तथा मरिच—इन द्रव्यों का चूर्ण, कैथ तथा इमली के रस से युक्त समभाग लावा के चूर्ण के सहित मधु के साथ अवलेहन (चाटने) करने से अवृद्ध छर्दिरोग को भी शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५९ ॥

छर्द्यां जम्ब्वाम्रपल्लवादिकाः कतिपययोगाः—

जम्ब्वाम्रपल्लवोशीरवटाश्वत्थावरोहजः ।

क्वाथः शीतो मधुयुतः पीतच्छर्दिनिवारणः ॥ ६० ॥

छर्दिरोग में जामुन तथा आम के पल्लव आदि के कुछ योग—जामुन तथा आम का पल्लव, खस, वट की छाल तथा पीपल वृक्ष की छाल और बरोंह—इन द्रव्यों का शीतल क्वाथ, शहद मिलाकर पान करने से छर्दिरोग को दूर करता है ॥ ६० ॥

गृहाकारं मृदो गोलं किंवा जम्बूदलोद्भवम् ।
तप्त्वोदके धृतं तत्तु पानादुत्कारिनाशनम् ॥ ६१ ॥

गृह के आकार का मिट्टी का गोला बनाकर उसे आग में खूब अच्छी तरह गरम कर जल में बुझा दे और उस जल को ग्रहण कर लें। यह जल या जामुन की पत्ती का रस पान करने से उत्कारी (छर्दि) रोग को नाश करता है ॥ ६१ ॥

बीजपूररसो लाजा हरिद्रापिप्पली मधु ।
हरन्त्येतानि भुक्तानि वान्तिं वातसमुद्भवाम् ॥ ६२ ॥

बिजौरे नीबू का रस, धान का लावा, हल्दी, पीपर तथा मधु ये द्रव्य भक्षण करने से वातजन्य वमन को दूर करते हैं ॥ ६२ ॥

कपित्थं मरिचं बिल्वं कणा लाजा सिता समम् ।
एलारसेन भुक्तानि वमनं वारयन्ति ते ॥ ६३ ॥

कैंथ, मरिच, बेल का गूदा, पीपर, धान का लावा समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण, समभाग मिश्री मिलाकर इलायची के जल के साथ भक्षण करने से वमनरोग को दूर करते हैं ॥ ६३ ॥

वातच्छर्द्यां सौवर्चलादिचूर्णम्—

सौवर्चलं विडङ्गानि सैन्धवं कटुकत्रयम् ।
वातच्छर्दिहरं चूर्णमेतेषां मधुनाऽशितम् ॥ ६४ ॥

वातजन्य छर्दिरोग में सौवर्चलादि चूर्ण—सौवर्चलनमक, वायविडंग, सेन्धानमक तथा कटुत्रय (सोंठ, पीपर, मरिच)—इन द्रव्यों का चूर्ण, मधु के साथ भक्षण करने से वातिक छर्दि को दूर करता है ॥ ६४ ॥

पित्तच्छर्द्यां विडङ्गादिचूर्णम्—

विडङ्गं त्रिफला शुण्ठी चूर्णमेषां समासतः ।
मधुना भक्षितं हन्ति पित्तच्छर्दिमसंशयम् ॥ ६५ ॥

पैत्तिक छर्दि में विडङ्गादि चूर्ण—वायविडङ्ग, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा सोंठ—इन द्रव्यों का चूर्ण, एकत्रकर मधु के साथ भक्षण करने से पैत्तिक वमन को नाश करता है। इसमें सन्देह नहीं है ॥ ६५ ॥

छर्दां पल्लवकादियोगः—

पल्लवकाणि मृद्वीकां मधुकं शर्करां बलाम् ।
मधूकपुष्पं पद्मं च मुस्तामामलकानि च ॥ ६६ ॥
आपोथ्य तानि सर्वाणि प्रक्षिपेत्तण्डुलोदके ।
शर्कराक्षौद्रसंयुक्तं पिबेच्छर्दितृषापहम् ॥ ६७ ॥

इति श्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्सास्तवण्डे
छर्ध्यधिकारश्चतुर्दशः ॥ १४ ॥

छर्दिरोग में पल्लवकादि योग—पल्लवक (कोंपल), मुनक्का, मुलेठी, शक्कर, बरियार, महुआ का फूल, कमल का फूल, नागरमोथा तथा आंवला—इन सभी द्रव्यों को पीसकर तण्डुलोदक में मिला दें और शक्कर तथा मधु के साथ पान करें। यह वमन तथा प्यास को दूर करनेवाला है ॥ ६६-६७ ॥

श्रीसोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा खण्ड में
चौदहवां छर्दि-अधिकार समाप्त ।

अथ तृष्णाधिकारः पञ्चदशः ।

अथातस्तृष्णानिदानं व्याख्यास्यामः ।

पिपासासंप्राप्तिः—

वातपित्ते प्रकुप्येते वान्तस्य क्षपिते कफे ।
ततस्तृष्णा प्रजायेत तेन तृष्णा निरूप्यते ॥ १ ॥
भयश्रमाभ्यां बलसंक्षयाद्वा ऊर्ध्वं चितं पित्तविवर्धनैश्च ।
पित्तं सवातं कुपितं नराणां नालुप्रपन्नं जनयेत्पिपासाम् ॥ २ ॥
स्रोतास्वपांवाहिषु दूषितेषु दोषैश्च तृट् संभवतीह जन्तोः ।
तिस्रः स्मृतास्ताः क्षतजा चतुर्थी क्षयात्तथा ह्यामसमुद्भवा च ।
भक्तोद्भवा सप्तमिकेति तासां निबोध लिङ्गान्यनुपूर्वशश्च ॥ ३ ॥

छर्दि अधिकार के बाद तृष्णानिदान कहते हैं ।

पिपासा की सम्प्राप्ति—वमन रोग से पीड़ित रोगी के कफ के नष्ट हो जाने पर वात तथा पित्त का प्रकर्ष (प्रकोप) होता है, और वात-पित्त के प्रकुपित होने से तृष्णा उत्पन्न होती है । अतः वमनरोग-निरूपण के बाद तृष्णा रोग का निरूपण करते हैं । भय, परिश्रम तथा बल के नाश होने से प्रकुपित वात तथा अपने (कटु, तिक्त, तीक्ष्ण, विदाही पदार्थ, मद्यपान, क्रोध आदि) प्रकोपक कारणों से प्रकुपित पित्त मिलकर ऊर्ध्व गमन के द्वारा तालु में पहुँचकर प्यास को उत्पन्न कर देते हैं । इसके अतिरिक्त दोषों से जलवाहिनी स्रोतों के दूषित हो जाने पर भी तृष्णा की उत्पत्ति होती है । इस प्रकार तीनों वातादि दोषों से तीन (वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक), क्षतज चौथी, क्षयज पांचवीं, आमजन्य छठीं तथा अन्नज या भक्तज सातवीं—ये सात प्रकार की तृष्णा होती हैं । इन सात प्रकार के तृष्णारोग का लक्षण क्रमशः कहे जाते हैं । इसको समझें ॥ १–३ ॥

विमर्श—"सततं यः पिबेद् वारि न तृप्तिमधिगच्छति ।
पुनः कांक्षति तोयञ्च तं तृष्णार्दितमादिशेत् ॥"

निरन्तर जल पीने पर जिसको तृप्ति न हो और बारबार जल पीने की इच्छा होती रहे उसको तृष्णारोग से पीड़ित समझे । इस प्रकार सुश्रुताचार्य ने तृष्णा का लक्षण किया है । तृष्णा अनेक रोगों का विशिष्ट लक्षण है । कारणों का विवेचन करना उपलक्षणमात्र है । अतः अन्य उन सभी कारणों का समावेश इसमें कर लेना चाहिए जिन कारणों से तृष्णा की उत्पत्ति होती है ।

तृष्णा के कारणों को तीन भाग में विभक्त कर सकते हैं—

(क) शारीरिक कारण—वे कारण जो शरीर की प्रत्येक धातुओं पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालकर तृष्णा को उत्पन्न करते हैं उसे 'शारीरिक कारण' कहते हैं। यथा कटु, अम्ल, तीक्ष्ण, रूक्ष, उष्ण, क्षार, लवण तथा मद्यवर्ग का पदार्थ एवं धातुक्षय, श्रम, वमन, अतिसार तथा अन्य इसी प्रकार के तृष्णोत्पादक कारण शारीरिक कारण होते हैं। यह निश्चित है कि शरीर को ६५ से ७० प्रतिशत मात्रा जल की आवश्यकता होती है। और अस्थि ऐसे धातु में भी २० प्रतिशत जल की मात्रा रहती है। भोजन द्रव्यों से उत्पन्न आवश्यक तत्वों को घोलकर रस रूप में शरीर के विभिन्न धातुओं को पोषण करना और उनके परित्याज्य पदार्थों को शरीर से मूत्र, स्वेद, श्वास, वाष्प (भाफ) तथा मल द्वारा कहीं-कहीं पर अश्रु आदि के द्वारा भी बाहर निकालना जल का ही कार्य है। अतः यह निश्चित है कि जब शरीर में रस-संचार में बाधा उत्पन्न होने या मलों की अधिक मात्रा में उत्पत्ति तथा सञ्चय होने से अथवा किसी कारण या रोगवश शरीर से अधिक मात्रा में मूत्र-स्वेदादि द्वारा अस्वाभाविक रूप में जल के निकलने से तथा शरीर के लिये अनिष्टकारक पदार्थों को शरीर में पहुँच जाने से, अनिष्टकारक पदार्थों को घोलकर बाहर निकालने के लिये जल की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। इन आवश्यकताओं की सूचना-स्वरूप-मुख, जिह्वा, तालु आदि अवयवों में जलीयांश की न्यूनता के कारण शोष तथा अन्य सार्वदैहिक लक्षणों की उत्पत्ति होती है। इसी को 'तृष्णा' कहते हैं या तृष्णारोग के नाम से व्यवहृत होता है।

(ख) मानसिक कारण—भय, क्षोभ तथा क्रोध आदि कारण मानसिक प्रभाव उत्पन्न कर शरीर के ऊपर प्रभाव डालते हैं जिससे तृष्णा की उत्पत्ति होती है।

(ग) आगन्तुक कारण—सूर्यसन्ताप आदि तथा अनेक प्रकार के आघात आदि 'आगन्तुक कारण' कहलाते हैं।

तृष्णा की उत्पत्ति में दो प्रधान कारण हैं—(१) शरीर में जल की कमी और (२) वायव्य एवं आग्नेय या पैत्तिक गुणों की वृद्धि होती है। ये दोनों आपस में सापेक्ष हैं। शरीर में जल या सोमगुण की न्यूनता के कारण आग्नेय तथा वायव्य गुण की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार कभी-कभी वात तथा पित्त-वर्द्धक आहार-विहार सेवन से वायव्य एवं आग्नेयगुणभूयिष्ठ की वृद्धि होने-पर सोमगुण या जलीयांश का ह्रास होने से वायु एवं पित्त बढ़कर तृष्णा की उत्पत्ति करते हैं। इस प्रकार जिन अवस्थाओं में वायु तथा पित्त की अधिकता एवं शरीर में जल की कमी होती है। उन अवस्थाओं में तृष्णा की उत्पत्ति अवश्य होती है।

अनेक रोगों का विशिष्ट लक्षण ही तृष्णा है। "घोरव्याधिकृशानां प्रभवत्युपसर्गभूता सा" अर्थात् अनेक रोगों से दुर्बल रोगियों में उपद्रव के रूप में पाई जाती है। फिर भी चिकित्सा-सौकर्यार्थ रोगों के समूह में पढ़ा गया है।

स्वस्थावस्था में मूत्र, स्वेद, मल तथा कुछ अंश में वाष्प के रूप में शरीर से जलीयांश निकलता रहता है, जिसकी पूर्ति जल के साधारण सेवन से निरन्तर होती रहती है। इसमें कोई विकार नहीं उत्पन्न होता है। किन्तु इस जलीयांश की कमी सीमा से अधिक होती है तो शरीर के अन्दर जल की कमी के कारण तृष्णा की उत्पत्ति होती है और बार-बार पीने पर भी प्यास की शान्ति नहीं होती है।

मधुमेहजन्य तृष्णा—मधुमेह में तृष्णा की उत्पत्ति होती है। इसमें मूत्र के द्वारा शर्करा का निःसरण होता है। शर्करा के घन होने के कारण उसको तरल बनाकर निकालने के लिये जल की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। इस तरह मधुमेह रोग में शर्करा को तरल बनाकर निकालने में जल का ह्रास हो जाता है। इससे शरीर के अन्दर जल की कमी हो जाती है और तृष्णा की उत्पत्ति होती है। इसको मधुमेहजन्य तृष्णा कहते हैं।

रक्तस्रावजन्य तृष्णा—शरीर की प्रत्येक कोषा जल से भरी रहती है वह जल रक्त से प्राप्त होता है किन्तु जब शरीर से अधिक रक्त, आघात आदि कारणों से शरीर के बाहर या अन्दर ही रक्तस्राव हो जाने से शरीस्थ जल की कमी हो जाती है और परिणाम-स्वरूप तृष्णा की उत्पत्ति होती है।

ग्रीष्मकालीन तृष्णा—यह ग्रीष्मऋतु में अधिक होती है। यह कोई रोग नहीं है। इसका मूल कारण स्वेद का अधिक निकलना है। स्वेद अधिक निकलने के कारण उसकी कमी को पूर्ण करने के लिये तृष्णा की उत्पत्ति स्वभावतः होती है। गम्भीर विरेचन या विसूचिका जैसे रोग में शरीरस्थ जल की न्यूनता से अन्य लक्षणों के अतिरिक्त तृष्णा की भी उत्पत्ति होती है और सिरा के द्वारा जल प्रवेश करने पर रोग की निवृत्ति हो जाती है।

तालुप्रपन्न—'तालु' शब्द से यहां रसवाहिनी—जिह्वामूल, गला तथा क्लोम का भी ग्रहण करते हैं। क्योंकि तृष्णा की सम्प्राप्ति में इन अंगों की विकृति का वर्णन किया गया है। "रसवाहिनीश्च धमनीजिह्वामूल-गल-तालुकक्लोम्नः" इति चरक। यथा—जिह्वामूलगलक्लोमतालुतोयवहाः सिराः। संशोष्य तृष्णा जायन्ते" इति वाग्भट। अर्थात् जिह्वामूल, गला, क्लोम तथा तालु ये जलवाही सिरा हैं इनको सुखाकर तृष्णा उत्पन्न होती है।

मूर्च्छाया सामान्यलक्षणम्—

सत्वं मनः विज्ञेयोऽयं च संज्ञामार्गस्तथैव ।
मूर्च्छा सान्तर्गतं सौख्यं च यं मूर्च्छादिसमाश्रयेण ॥ ५ ॥

मूर्च्छा का सामान्य लक्षण—मन का मूर्च्छा से अधिक सम्बन्ध, विज्ञान के बीज है किन्तु मूर्च्छा को नहीं जान सकता है, और आत्मा सब कुछ को देखता है जबकि मूर्च्छा का लक्षण अन्तर्मुख। अर्थात् विज्ञान का बीज भी मूर्च्छा को देखता है और आत्मा भी मूर्च्छा को देखता है और आत्मा को देखने की इच्छा होती रहे, यह मूर्च्छा का लक्षण है ॥ ५ ॥

मूर्च्छाविज्ञानैर्लक्षणम्—

मूर्च्छाश्रयता मात्रासमवायः सौख्यसंज्ञा मूर्च्छाश्रय न चापि ॥ ६ ॥
मोहोन्मादौ विरम्य च यत्रं शीघ्रमावर्तते विमूर्च्छनेन ।

मात्र आदि के लक्षण से मूर्च्छा का लक्षण—मात्रासमवाय मूर्च्छा होने से मूर्च्छा मूर्च्छा कहा है, संज्ञावहेत्व। (६-पदों के लक्षण) मात्रा शिर में होने से होता होती है। मात्राओं छोड़ी में स्थान पर स्थान हो जाता है। मूर्च्छा का स्वरूप कोमा रहना है तथा शीघ्र मन पीने से मूर्च्छा (मूर्च्छा को) शीघ्र होती है।

मूर्च्छोत्पत्तिदोषविशेषाश्रया रसैश्चतुर्भिः प्रभावश्च शीघ्रम् ॥ ७ ॥
शीतोष्णस्निग्धा मुखोष्णता च त्रिदोषोत्पत्तावाश्रयश्चोर्ध्वगे च ।

त्रिदोषज मूर्च्छा में, मूर्च्छा, अष्टमल में दोष (आश्रय), त्रिदोष, दाह, आंखों में लालिमा, सिरदर्द मूर्च्छा, अर्थात् मूर्च्छा की अवस्था तथा दोषज पदार्थों के प्रति अरुचि होती है, मुख में कड़वापन रहती है, मुख शीतल में वेदना रहती है, शरीर में उष्णता की अधिकता होती है।

आश्रयोऽस्रोऽन्नवहस्तनयोर्मूर्च्छा कफेनान्नवहस्य मूर्च्छा ॥ ८ ॥
निद्रा मुखे च मधुरास्यता च मूर्च्छादिकाः मुखगे चापि लक्षणम् ।

रक्तवाहिनी नाड़ी में मलदोष रक्त के दूषित होने से आमदोष के आश्रय होने पर मलवाही नाड़ी में अवरोध होने के कारण, जो लक्षण उत्पन्न होता है उसे रक्तज मूर्च्छा कहते है। इस अवस्था में नींद अधिक आती है, शरीर में भारीपन रहता है। मुख मीठा सा रहता है तथा मूर्च्छा पीड़ित रोगी बहुत अधिक सुख पाता है।

अतिक्रम्य रक्तोल्बणनिर्भासश्चं मूर्च्छा यत्रार्थो भवति मनो मु ॥ ९ ॥

अत हो जाने के कारण आगन्तुक रक्तवाह तथा पेड़ा होने से मुख्य नाम की मीठी मूर्च्छा उत्पन्न होता है ॥ ८ ॥

रसक्षयाद्धातुसंक्षयाच्च तथाऽभिमूर्च्छा निद्रादिनेषु ।
पेर्पीयतेऽम्भः न सुखं न शीतं सीदन्तादिति वैद्यवदन्ति ॥

रसक्षयोक्तानि च लक्षणानि तस्यामशेषेण भिषग्व्यवस्येत्।

शरीर में स्थित रसके क्षय से होनेवाली तृष्णा को क्षयज तृष्णा कहते हैं। इससे पीड़ित रोगी रातदिन बार-बार जल पीता है किन्तु फिर भी उसे शान्ति नहीं मिलती है। इस प्रकार की तृष्णा को कुछ विद्वान् सन्निपातज तृष्णा भी कहते हैं। इन लक्षणों के अतिरिक्त बुद्धिमान वैद्य को रसक्षय आदि के लक्षणों की कल्पना कर लेनी चाहिए। किन्तु आमजन्य लक्षणों की कल्पना नहीं करनी चाहिए।

त्रिदोषलिङ्गाऽऽमसमुद्भवा च हृच्छूलनिष्ठीवनसादकर्त्री।

आमजन्य तृष्णा में तीनों दोषों के विकृत लक्षण पाये जाते हैं। इसके कारण हृदय प्रदेश में शूल, अधिक थूक या मिचली का आना, शरीर की दुर्बलता-ये लक्षण होते हैं।

स्निग्धं तथाऽम्लं लवणं च भुक्तं गुर्वन्नमेवाशु तृषां करोति॥ १०॥

अधिक स्निग्ध (चिकने), खट्टे, नमकीन पदार्थों तथा गुरु (गरिष्ठ) पदार्थों के सेवन करने से जो तृष्णा उत्पन्न होती है उसे भक्तजन्या या अन्नजा तृष्णा कहते हैं॥ ४-१०॥

विमर्श—"वातज तृष्णा" जब प्रकुपित वायु शरीर में परिभ्रमण करनेवाले जल को सुखा देती है तब वातज तृष्णा की उत्पत्ति होती है। सर्वत्र वातज तृष्णा के सामान्य लक्षण होने पर वातप्रकोप के सहज लक्षण निद्रानाश को भी तृष्णा का लक्षण स्वीकार किया है। वाग्भट ने इन लक्षणों के साथ गन्ध एवं शब्द को ग्रहण करने की शक्ति का भी विनाश इस तृष्णा रोग का लक्षण माना है।

शुष्कास्यता—सभी तृष्णारोग में वात तथा पित्त का सम्बन्ध रहता है किन्तु वातजन्यतृष्णा में वात की प्रधानता रहती है अतः उसमें वात के लक्षण भी उपस्थित रहते हैं। वात का गुण रूक्षता उत्पन्न करना है अतः मुख में रूक्षता उत्पन्न होती है यह शरीरस्थ जल की न्यूनता का द्योतक है। तालु की, शुष्कता, तृष्णा की अनुभूति का मुख्य केन्द्र है। वातप्राचुर्य के कारण नासागत श्लेष्मल कला की शुष्कता से वहां फैली हुई वातजनाड़ी का अग्रभाग सूख जाता है जिससे गन्धरूप संवेदन का वहन नहीं हो पाता अतः गन्ध-ग्रहण की शक्ति क्षीण हो जाती है। इसी प्रकार श्रवण-शक्ति के ह्रास के कारण भी वायु की रूक्षता एवं वातनाड़ी के क्षोभ के कारण निद्रा का अभाव आदि वातजन्य तृष्णा के लक्षण हैं। ये सभी लक्षण वातजन्य रूक्षता के कारण जलीयांश की शुष्कता—तृष्णा रोग के उत्पादक होते हैं।

स्रोतोनिरोध—जलवाही स्रोतों का अवरोध यथार्थ में वातवृद्धि के द्वारा

तृष्णारोग का उत्पादक है। वातवृद्धि के कारण स्रोतों में अवरोध उत्पन्न हो जाता है जिससे धातुगत जलीयांश की कमी हो जाती है और तृष्णा की उत्पत्ति होती है।

शीताभिरद्भिः विवृद्धिमेति—अतिशीतल जल वातवृद्धिकारक होता है ऐसी स्थिति में शीतलजल पीने से वातवृद्धि अधिक मात्रा में होकर तालु और कण्ठ को सुखाकर तृष्णा को उत्पन्न करता है, उसके विपरीत उष्ण जलपान वात-शामक होता है अतः वातजतृष्णा में इससे लाभ होता है। अतः उष्णजल तृष्णाशामक भी कहा गया है। अतिशीतल जल या बर्फ-मिश्रित जल पीने से जलवाहिनी स्रोतों के दूषित (सकोथ) होने से स्रोतोवरोध की तरह तृष्णा उत्पन्न होती है। अतः बर्फ का जल पीनेवालों को अधिक प्यास लगती है।

पित्तजन्यतृष्णा—पित्त की गर्मी के कारण शरीर के जल का अधिक नाश होता है। जल की कमी तथा पित्त का प्रकोप—इन दोनों के फलस्वरूप मूर्च्छा की उत्पत्ति होती है। यह पित्तजतृष्णा का लक्षण है। शीतल जल पीने से तथा स्नान करने से मूर्च्छा-प्रशमन के साथ तृष्णा का भी प्रशमन हो जाता है। शरीरस्थ जलीयांश की न्यूनता के कारण आमाशयिक रस की भी कमी हो जाती है जिस से पित्तज तृष्णा से पीड़ित रोगी को भोजन करने की इच्छा नहीं होती है। इसमें वातानुबन्ध होने से रोगी प्रलाप करता है, त्वग्गतविकार के कारण पूरे शरीर में दाह की प्रतीति होती है।

रक्तेक्षणत्वम्—सुश्रुतकार ने पित्तजतृष्णा के लक्षण में रक्तनेत्रता बताया है। चरककार ने "पीताक्षिमूत्रवर्चस्त्वम्" के द्वारा नेत्र, मूत्र तथा मल का रंग पीला बताया है, इस प्रकार दोनों में विरोध प्रतीत होता है किन्तु रक्त तथा पीत दोनों ही पित्त के रङ्ग हैं, किसी रोगी में रक्तवर्ण तथा किसी रोगी में पीतवर्ण की प्रतीति होती है। अतः कोई सैद्धान्तिक विरोध नहीं होता है। नेत्र-गत केशिकाओं के अधिक उत्तान होने के कारण नेत्र में ही रक्तिमा की प्रतीति होती है। हेतुसाम्य होने पर भी सम्पूर्ण शरीर में रक्तिमा तथा पीतिमा की प्रतीति नहीं होती है।

कफजन्यतृष्णा—अम्ल, मधुर तथा लवणरसभूयिष्ठ पदार्थों एवं स्निग्ध तथा शीत द्रव्यों के सेवन से कफ की वृद्धि होती है। और वृद्ध कफ जठराग्नि को आवृत कर देता है। कफ के सौम्य होने के कारण आग्नेय-रसभूयिष्ठ आमाशयिक रस से विरोध होता है। अतः पाचन रसों का कार्य ठीक तरह से नहीं होता, जिससे अजीर्ण की उत्पत्ति होती है। एवं अजीर्ण के कारण रस-जल का शोषण न होने से जलवाहिनी स्रोतों में अवरोध उत्पन्न होकर धातुगत जल की कमी के साथ तृष्णा की उत्पत्ति होती है।

पहले बताया जा चुका है कि तृष्णा की उत्पत्ति कफ, वात, पित्त के अनुबन्ध से होती है, कफ के प्रवृद्ध होने पर भी उसके सौम्यगुण-भूयिष्ठ एवं द्रवस्वरूप होने के कारण तृष्णा की उत्पत्ति किस प्रकार सम्भव है, क्योंकि "पित्तं सवातं कुपितं नराणाम्" तथा "पित्तानिलौ प्रवृद्धौ सौम्यान् धातून् शोषयतः" "नाग्नेर्विना हि तर्षः पवनाद्वा हिमशोषणे हेतू (चरक), इसके अतिरिक्त "मद्यस्याग्नेय-वायव्यगुणावम्बुवहानि तु। स्रोतांसि शोषयेयातां ततस्तृष्णा प्रजायते" अर्थात् मद्य आग्नेय तथा वायव्य गुणप्रधान होने के कारण जलवाही स्रोतों में अवरोध उत्पन्न कर तृष्णा को उत्पन्न करते हैं। इत्यादि सुश्रुत के अनुसार केवल वात और पित्त ही तृष्णा के प्रति साक्षात् कारण हैं कफ तृष्णा के प्रति कारण नहीं हो सकता। वस्तुतः तृष्णा के प्रति कफ की साक्षात् कारणता किसी को अभीष्ट नहीं है अतः चरक ने कफज तृष्णा का उल्लेख न कर आमजतृष्णा में ही उसका अन्तर्भाव कर लिया है। सुश्रुत ने भी चिकित्सा-भेद के कारण उल्लेख किया है। इस प्रकार सर्वसम्मत सिद्धान्त यह है कि कफ की प्रतिक्रिया से पित्त की वृद्धि होती है और पित्त बढ़कर तृष्णा को उत्पन्न करता है। हारीत ने भी कफजतृष्णा को पित्तानुबन्धिनी ही मानते हैं जैसे—

"स्वाद्वम्ललवणाजीर्णैः क्रुद्धः श्लेष्मा सहोष्मणा।
प्रपद्याम्बुवहस्रोतस्तृष्णां संजनयेन्नृणाम् ॥
शिरसो गौरवं तन्द्रा माधुर्यं पवनस्य च।
भक्तद्वेषः प्रसेकश्च निद्राधिक्यं तथैव च।
एतैर्लिङ्गैर्विजानीयात्तृष्णां कफसमुद्भवाम् ॥

कफजन्य अग्निमान्द्य तथा पाचन विकार होने से रस या जल का शोषण ठीक नहीं होता और आभ्यन्तर धातुओं में जलीयांश की कमी हो जाती है, अतः तृष्णा की उत्पत्ति होती है। स्वेदावरोध से, उसके साथ निकलनेवाले त्याज्य मलों का रक्त में संचय होता है, और उसे घोलकर उसे मूत्र द्वारा निकालने के लिये अधिक जल की आवश्यकता पड़ती है अतः उसकी पूर्ति के लिये तृष्णा की उत्पत्ति होती है।

क्षयज तृष्णा—रसक्षय या रक्तक्षय आदि जल-प्रधान धातु हैं अतः उसके क्षय से शरीरगत जलीयांश की कमी होती है और वह कमी तृष्णा को प्रकट करती है। रसक्षय से उत्पन्न तृष्णा को 'क्षयज तृष्णा' कहते हैं। रसक्षय होने पर तृष्णा के अतिरिक्त "रसक्षये हृत्पीडा कम्पः शोषः शून्यता तृष्णा च" हृदयप्रदेश में पीड़ा, कम्पन, तृष्णा, शोष, चेतना-हीनता आदि लक्षण भी मिलते हैं।

आमजतृष्णा—आमाशय अधिक फूल कर हृदय पर दवाव डालता है अतः हृदय में व्यथा होती है। चरककार ने 'आम शब्द से कफ का भी ग्रहण किया है अतः इसमें कफ का नैसर्गिक लक्षण निष्ठीवन यानी लालाप्रसेक' भी होता है।

आमजन्य विष से त्रिदोष प्रकुपित होता है उससे तृष्णा की उत्पत्ति होती है उसे 'सन्निपातज तृष्णा या आमजतृष्णा' कहते हैं। "तृष्णायाऽऽम-प्रभवा साप्याग्नेयाऽऽमपित्तजनितत्वात्। लिङ्गं तस्याश्चारुचिगौरवमानकफ-प्रसेकौ च" अर्थात् सभी प्रकार की तृष्णा में पित्त का रहना अनिवार्य है। अतः चरक ने पूर्वोक्त प्रकार से आमज तृष्णा का वर्णन किया है।

भक्तोद्भवतृष्णा—अधिक स्निग्ध आदि पदार्थ भोजन करने से तृष्णा की उत्पत्ति होती है। पेट में भोजन की स्थिति के अनुसार इसका विभिन्न तृष्णाओं में अन्तर्भाव किया जा सकता है जैसे भोजन के तुरन्त बाद की अवस्था में कफजातृष्णा में, पच्यमानावस्था में पित्तजातृष्णा में तथा पाचन के बाद की अवस्था में वातजातृष्णा में अन्तर्भाव कर लेना चाहिए। भोजन के अधिक मात्रा से भी आमदोष की उत्पत्ति होती है। अतः भोजनाधिक्य से उत्पन्न तृष्णा को आमजातृष्णा में अन्तर्भाव करते हैं। स्निग्ध आदि पदार्थों के साथ अति शब्द का सम्बन्ध कर लेना चाहिए। इसके अनुसार भी दोषभेद से तृष्णा में भेद हो सकता है। जैसे लवणरसजन्या तृष्णा, कफजा एवं अम्लरसजन्या तृष्णा पित्तजा का भेद हो सकता है।

तृष्णाया असाध्यलक्षणानि—

दीनस्वरः प्रताम्यन् दीनः संशुष्कवक्त्रगलतालुः।
भवति खलु यापसर्गात्तृष्णा सा शोषिणी कष्टा॥ ११॥
ज्वरमोहक्षयकासश्वासाद्युपसृष्टदेहानाम्।

तृष्णा के असाध्य लक्षण—उपसर्गज (रोगों के उपद्रव स्वरूप में उत्पन्न होनेवाली तृष्णा को उपसर्गजतृष्णा कहते हैं) तृष्णा से पीड़ित रोगी का स्वर बैठ जाता है, रोगी को बारम्बार मूर्च्छा होती है अपने को अत्यन्त दीन या असहाय समझता है; उसका मुख, गला और तालु सूख जाता है। उपसर्गजा तृष्णा रोगी को सुखा देती है और कृच्छ्रसाध्य होती है। उपसर्गजा-तृष्णा ज्वर, मूर्च्छा, क्षय, कास तथा श्वास से पीड़ित व्यक्तियों में होती है।

सर्वास्त्वतिप्रसक्ता रोगकृशानां वमिप्रसक्तानाम्।
घोरोपद्रवयुक्तास्तृष्णा मरणाय विज्ञेयाः॥ १२॥

इति तृष्णानिदानम्।

सभी प्रकार की तृष्णायें अत्यधिक (गम्भीर स्वरूप की) प्रमाण में

निरन्तर होने से प्रायः असाध्य होती हैं। रोग से दुर्बल तथा जिनको निरन्तर वमन होता हो एवं भयंकर उपद्रवों से युक्त तृष्णा भी मारक होती है ऐसा समझना चाहिए ॥ ११–१२ ॥

विमर्श—वमन तथा विरेचन का अतियोग एवं रसादि के क्षय होने से शरीरस्थ जलीयांश की कमी हो जाती है। जल प्राणियों का जीवन कहा गया है। इसका अतिमात्रा में नाश हो जाने से शरीर का भी नाश हो जाता है। हैजा में वमन-विरेचन द्वारा जल का नाश होकर मुख की शुष्कता, अंगमर्द, छेदने जैसी पीड़ा आदि उपद्रव उत्पन्न होते हैं और रोगी की मृत्यु हो जाती है इसी प्रकार अधिक रक्तक्षय या रसक्षय के द्वारा जलीयांश नाश हो जाने से मूर्च्छा आदि उपद्रवों से युक्त तृष्णा भी मारक होती है। सभी प्रकार की तृष्णाओं में गम्भीर स्वरूप के लक्षण होने पर तथा भयंकर उपद्रव होने पर रोगी की मृत्यु हो सकती है।

तृष्णा-निदान समाप्त।

अथातस्तृष्णाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

तृष्णायां जलदानविधानम्—

तृष्णा गरीयसी घोरा सद्यः प्राणविनाशिनी।
तस्माद्देयं तृषार्ताय पानीयं प्राणधारणम्।
शक्यते जीवमानस्य भेषजं कर्तुमन्यथा ॥ १३ ॥

इसके बाद तृष्णा की चिकित्सा का व्याख्यान करेंगे।

तृष्णारोग में जलदान का विधान—गम्भीरस्वरूप की भयंकर तृष्णा शीघ्र ही प्राण को नाश करनेवाली है अतः प्यास से व्याकुल रोगी को प्राण धारण करनेवाले जल को देना चाहिए। इसके बाद जीनेवाले रोगियों की अन्य चिकित्सा करने में समर्थ हो सकता है ॥ १३ ॥

तृष्णायां वमनयोगः—

तृष्णातिवृद्धावुदरे च पूर्णे संछर्दयेन्मागधिकोदकेन।
विलोडनं चात्र हितं वदन्ति यदाडिमाम्रातकमातुलुङ्गैः ॥ १४ ॥

तृष्णा में वमन योग—तृष्णारोग के अधिक बढ़ जाने पर तथा उदर के परिपूर्ण रहने पर पीपर के क्वाथ से वमन कराना चाहिए। तृष्णारोग में अनार, आमड़ा तथा मातुलुङ्ग (बिजौरा नीबू) के रस में पीपर का क्वाथ मिलाकर सेवन करना हितकर कहा गया है ॥ १४ ॥

वातजतृष्णाचिकित्सा—

पञ्चाङ्गकाः पञ्चगणा य उक्तास्तेष्वम्बु सिद्धं प्रथमे गणे वा ।
पिबेत्सुखोष्णं मनुजोऽल्पशश्च तृषो विमुच्येत हि वातजायाः ॥ १५ ॥

वातजन्य तृष्णा की चिकित्सा—जो पञ्चाङ्गकपञ्चगण (१. बृहत्पञ्चमूल, २. लघुपञ्चमूल, ३. वल्लीपञ्चमूल, ४. कण्टकपञ्चमूल तथा ५. तृणपंचमूल, कहे गये हैं, उन द्रव्यों में या ६. प्रथम गण (विदारिगन्धादि) से सिद्ध (क्वथित) ईषदुष्ण जल (क्वाथ) जो मनुष्य थोड़ा-थोड़ा पान करता है वह वातजन्य तृष्णा से मुक्त हो जाता है । अर्थात् इस क्वाथ को पान कर वातज तृष्णा को नष्ट कर देता है ॥ १५ ॥

विमर्श—१. बृहत्पञ्चमूल—बेल, गम्भारी, पाढल, अरलू तथा अरणी ।

२. लघुपञ्चमूल—सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू ।

३. वल्लीपंचमूल—विदारीकन्द, सारिवा, हल्दी, गुडूची, काकड़ासिंगी ।

४. कण्टकपञ्चमूल—करमर्द, गोखरू, पीलीझिण्टी, शतावरी, गृध्रनखी ।

५. तृणपञ्चमूल—कुश, कास, नल (नरकट), दर्भ, इक्षुकाण्ड ।

६. प्रथम गण—विदारीगन्धा, विदारीकन्द, सहदेइया, विश्वदेवा (नागवला "गंगेरन"), गोखरू, पृथक्पर्णी (पिठवन), शतावरी, सारिवा, कृष्णसारिवा, जीवक, ऋषभक, महासहा (मापपर्णी), वनभंटा, भटकटैया, पुनर्नवा, एरण्ड, हंसपदी (हंसराज "लाल रंग का लज्जालु"), वृश्चिकाली (मेढासिंघी), ऋषभी (काकड़ासिंघी), ये प्रथमगण विदारिगन्धादिगण हैं ।

पित्तजतृष्णाचिकित्सा—

पित्तोत्थितां पित्तहरैर्विपक्वं निहन्ति तोयं पय एव वाऽपि ।
ससारिवादौ तृणपञ्चमूले तथोत्पलादौ मधुरे गणे च ।
कुर्यात्कषायं च तथैव कल्कं मधूकपुष्पादिषु चापरेषु ॥ १६ ॥

पित्तजन्य तृष्णा की चिकित्सा—पित्तनाशक द्रव्यों से सिद्ध (पकाया हुआ) जल या दूध, पैत्तिक तृष्णा को नाश करता है । १. सारिवादि गण, २. तृणपञ्चमूल, ३. उत्पलादिगण तथा ४. मधुर गण—इन द्रव्यों का कषाय बनावे तथा कल्क बनावे, इसी प्रकार अन्य ५. मधूकपुष्पादिगण का भी कषाय तथा कल्क बनावे और पित्तज तृष्णा में प्रयोग करे । ये कषाय पित्तज तृष्णा को नाश करनेवाले हैं ॥ १६ ॥

विमर्श—१. सारिवादि गण—सारिवा, मुलेठी, चन्दन, कुचन्दन (पतङ्ग), पद्मकाठ, गम्भारी फल, महुआ का फूल, खस ।

२. तृणपञ्चमूल—कुश, कास, नल, दर्भ, इक्षुकाण्ड ।

३. उत्पलादि गण—कमल, रक्तकमल, कुमुद, सौगन्धिक, रोहिष (सुगन्धि तृणविशेष), कुवलय, पुण्डरीक तथा मुलेठी,

४. मधुर गण (काकोल्यादिगण)—काकोली, क्षीरकाकोली जीवक, ऋषभक, मुद्गपर्णी, मेदा, महामेदा, गुडूची, काकड़ासिंघी, तुगाक्षीरी (वंशलोचन), पद्मकाठ, प्रपौण्डरीक, ऋद्धि, वृद्धि, मुनक्का, जीवन्ती तथा मुलेठी।

५. मधूकपुष्पादि—मधूकपुष्प (महुआ का फूल), मुनक्का, गम्भारी फल तथा खजूर।

काश्मर्यशर्करायुक्तचन्दनोशीरपद्मकैः ।
मधुकक्षौद्रसंयुक्तं पित्ततर्षे जलं पिबेत् ॥ १७ ॥

पैत्तिक तृष्णा में गम्भारी, चन्दन, खस, पद्मकाठ तथा मुलेठी—इन द्रव्यों के क्वाथ में शक्कर तथा मधु मिलाकर पान करे। यह पैत्तिक तृष्णा को नाश करता है ॥ १७ ॥

कफजतृष्णाचिकित्सा—

बिल्वाढकीधातक्यिपञ्चकोलदर्भैस्तु सिद्धं कफजां निहन्ति ।
हितं भवेच्छर्दनमेव चात्र तत्रेन निम्बप्रसवोदकेन ॥ १८ ॥

कफजन्य तृष्णा की चिकित्सा—बेल की छाल, आढ़की (अरहर की दाल), धाय का फूल, पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक और सोंठ) तथा दर्भ (कुशा) इन द्रव्यों से सिद्ध क्वाथ, कफजन्य तृष्णा को नाश करता है और कफज तृष्णा में निम्बपत्र के गरम क्वाथ से वमन कराना हा हितकर है।

सजीरकाण्याद्रकशृङ्गबेरसौवर्चलान्यर्धजलप्लुतानि ।
मद्यानि हृद्यानि च गन्धवन्ति पीतानि सद्यः शमयन्ति तृष्णाम् ॥

सफेद जीरा, स्याहजीरा, अद्रक, सोंठ—इन द्रव्यों का क्वाथ बनाकर उसमें सौवर्चल नमक मिला दे और उसमें से सुगन्धित, हृदय को बल देनेवाले मद्यों का आधा भाग मिलाकर पान करे। इस क्वाथ से मिश्रित मद्य कफजन्य तृष्णा को शीघ्र ही शान्त करता है ॥ १९ ॥

विविधतृष्णाचिकित्सा—

क्षतोद्भवां रुग्विनिवारणेन जयेद्रसानामसृजश्च पानैः ।

अनेक प्रकार की तृष्णा की चिकित्सा—क्षतजन्य तृष्णा को क्षतरोग को दूर करनेवाले औषधों से तथा मांसरसपान एवं रक्तपान से जीत ले अर्थात् क्षतज तृष्णा को दूर करे।

क्षयोत्थितां क्षीरजलं निहन्यान्मांसोदकं वाऽथ मधूदकं वा ।

क्षयजन्यतृष्णा को क्षीरजल (दूध को फाड़ने से निकला हुआ जल) या मांसरस या मधुमिश्रित जल नाश करता है।

गुर्वन्नजामुल्लिखनैर्जयेच्च क्षयाद्ऋते सर्वकृताश्च तृष्णाः ॥ २० ॥

गुरु-अन्नजन्य (गरिष्ट पदार्थ भोजन करने से या लघु पदार्थ भी अधिक मात्रा में भोजन करने से उत्पन्न जैसे—शूकरमांस तथा उड़द आदि) तृष्णा को वमन के द्वारा दूर करे। क्षयजतृष्णा को छोड़कर सभी प्रकार की तृष्णा में सभी प्रकार के तृष्णानाशक उपचारों को करना चाहिए ॥ २० ॥

तृष्णायां लाजोदकयोगः—

लाजोदकं मधुयुतं शीतं गुडविमिश्रितम्।
काश्मीरशर्करायुक्तं पिबेत्तृष्णार्दितो नरः ॥ २१ ॥

तृष्णारोग में लाजोदक योग—तृष्णारोग से पीड़ित मनुष्य शीतल लाजोदक (धान के लावा को पीसकर चौगुने पानी में घोलकर तैयार किया जल या लावा को पानी में डालकर (पकाया जल), गम्भारी के फल का रस, शक्कर या गुड़ मिलाकर पान करे। अथवा लाजोदक को मधु के साथ या गुड़ के साथ या गम्भारी फल का रस तथा शक्कर के साथ पान करे ॥ २१ ॥

तृष्णायामाम्रादिकषायः—

आम्रजम्बूकषायं वा पिबेन्माक्षिकसंयुतम्।
छर्दिं सर्वां प्रणुदति तृष्णां चैवापकर्षति ॥ २२ ॥

तृष्णारोग में आम्रादिकषाय—आम तथा जामुन के मुलायम पत्तों का क्वाथ मधु मिलाकर पान करे। यह सभी प्रकार के वमनरोग को दूर करता है तथा सभी प्रकार की तृष्णा को शान्त करता है ॥ २२ ॥

तृष्णायां द्राक्षादियोगः—

गोस्तनीक्षुरसक्षीरयष्टीमधुमधूत्पलैः ।
नियतं नस्यतः पीतैस्तृष्णा शाम्यति दारुणा ॥ २३ ॥

तृष्णारोग में द्राक्षादि योग—मुनक्का, गन्ने का रस, दूध, मुलेठी का चूर्ण मधु तथा नीलकमल के फूल का रस—इन सभी द्रव्यों को मिलाकर पान करने से या नस्य लेने से भयङ्कर तृष्णा शान्त होती है ॥ २३ ॥

तृष्णायां गण्डूषयोगः—

क्षीरेक्षुरसमृद्वीकाक्षौद्रसीधुगुडोदकैः ।
वृक्षाम्लैर्मातुलुङ्गैश्च गण्डूषस्तालुशोषजित् ॥ २४ ॥

तृष्णारोग में गण्डूष योग—दूध, गन्ने का रस, मुनक्का का रस, मधु, सीधु, गुड़ का जल (गुड़ का शर्बत), वृक्षाम्ल (कोकमवृक्ष) का रस तथा बिजौरा नीबू का रस—इन द्रव्यों का गण्डूष-धारण (कुल्ला) तालुशोष (तृष्णा) को नाश करता है ॥ २४ ॥

वैशद्यं जनयेच्चास्ये संदधाति मुखे व्रणान्।

दाहतृष्णाप्रशमनं मधुगण्डूषधारणम् ॥ २५ ॥

मधु का गण्डूषधारण मुख को साफ करता है, मुख के व्रणों का अनुसंधान करता है तथा दाह एवं तृष्णा को शान्त करनेवाला है ॥ २५ ॥

तृष्णायामपरो वमनयोगः—

वारि शीत मधुयुतमाकण्ठाद्वा पिपासितम् ।
पाययेद्वामयेच्चापि तेन तृष्णा प्रशाम्यति ॥ २६ ॥

तृष्णारोग में दूसरा वमन योग—कण्ठपर्यन्त पिपासित (प्यास से शुष्क-कण्ठवाले) रोगी को शीतल जल, मधु मिलाकर पान कराये और वमन भी कराये । इससे तृष्णा शान्त हो जाती है ॥ २६ ॥

तृष्णायामावस्थिकी चिकित्सा—

अतिरूक्षदुर्बलानां तर्षं शमयेन्नृणामिहाशु पयः ।
छागो वा घृतभृष्टः शीतो मधुरो रसो हृद्यः ।
स्निग्धेऽन्ने भुक्ते या तृष्णा स्यात्तां गुडाम्बुना शमयेत् ॥२७ ॥

तृष्णारोग में तृष्णा के अवस्थानुसार चिकित्सा—अत्यन्त रूक्ष शरीरवाले तथा दुर्बल व्यक्तियों की तृषा (पिपासा 'प्यास') को दूध, घृत डालकर पकाया हुआ बकरी का दूध, शीतल पदार्थ, हृदय को बल देनेवाला पदार्थ तथा मधुर रस शान्त करता है । स्निग्ध अन्न को खाने से जो तृष्णा उत्पन्न होती है उसको गुडाम्बु (गुड़ के शर्बत) से शान्त करे ॥ २७ ॥

तृष्णाया वटशुङ्गादियोगः—

वटशुङ्गसितारोध्रं दाडिमं मधुकं मधु ।
पिबेत्तण्डुलतोयेन छर्दितृष्णानिवारणम् ॥ २८ ॥

तृष्णारोग में वटशुङ्गादि योग—वटशुङ्ग (बरोंह के ऊपरी भाग का लाल वर्ण का टूसा), लोध, अनार तथा मुलेठी—इन द्रव्यों के क्वाथ में मिश्री तथा मधु मिलाकर तण्डुलोदक (चावल के धोवन) के साथ पान करे । यह छर्दिरोग तथा तृष्णारोग को शान्त करता है ॥ २८ ॥

तालुशोषप्रतीकारः—

तालुशोषे पिबेत्सर्पिर्घृतमण्डमथापि वा ।
धान्याम्लमास्यवैरस्यमुखदौर्गन्ध्यनाशनम् ।
तदेवालवणं पीतं मुखशोषहरं परम् ॥ २९ ॥

तालुशोष को दूर करने का उपाय—तालुशोष होने पर घृत पान करे या घृतमण्ड पीवे या धान्याम्ल को पान करे । यह मुख का फीकापन तथा मुख की दुर्गन्धि को नाश करनेवाला है । यही धान्याम्ल, लवण मिलाकर पान करने से मुखशोष (मुख का सूखापन) को दूर करने में श्रेष्ठ है ॥ २९ ॥

तृष्णायां पञ्चाम्लको मुखालेपः—

कोलदाडिमवृक्षाम्लचुक्रिकाचुक्रिकारसः ।
पञ्चाम्लको मुखालेपः सद्यस्तृष्णां नियच्छति ॥ ३० ॥

तृष्णारोग में पञ्चाम्लक मुख का आलेप—कोल (बैर), अनार, वृक्षाम्ल, चुक्रिका (इमली) तथा चुक्रिका (चूकानोनी) इन द्रव्यों का रस पञ्चाम्ल रस कहलाता है । यह मुख में आलेप करने से शीघ्र ही तृष्णारोग को दूर करता है ॥ ३० ॥

तृष्णायां वटप्ररोहाद्या वटिका—

वटप्ररोहं मधु कुष्ठमुत्पल सलाजचूर्णं गुटिकां प्रकल्पयेत् ।
सुसंहिता सा वदने विधारिता तृष्णां प्रवृद्धामपि हन्ति सत्वरम् ॥

तृष्णारोग में वटप्ररोहाद्य गुटिका—वटप्ररोह (वट के वरोंह का अग्रभाग), कूट, नीलकमल तथा धान का लावा—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु मिलाकर गुटिका बनावे । यह गुटिका मुख में रखने से गम्भीर तृष्णारोग को भी शीघ्र ही नाश करती है ॥ ३१ ॥

तृष्णायामन्नपानव्यवस्था—

ओदनं रक्तशालीनां शीतं माक्षिकसंयुतम् ।
भोजयेत्तेन शाम्येते छर्दितृष्णे चिरोत्थिते ॥ ३२ ॥

तृष्णारोग में अन्नपान की व्यवस्था—लाल धान के चावल का शीतल भात को मधु मिलाकर भक्षण करावे । इससे पुराने छर्दिरोग तथा तृष्णारोग शान्त होते हैं ॥ ३२ ॥

अर्धोदकं निषेवेत माक्षिकेणाथवा पयः ।
तृष्णाच्छर्दिप्रशमनं जाङ्गलं रसमेव वा ॥ ३३ ॥

आधा जल मिलाकर मधु को या दूध को सेवन करे या जङ्गली पशुओं के मांसरस को सेवन करे । यह तृष्णा तथा छर्दिरोग को शान्त करनेवाला है ॥३३

मूर्च्छाच्छर्दितृषादाहमद्यस्त्रीभारकर्शिताः ।
पिबेयुः शीतलं तोयं रक्तपित्तमदात्यये ॥ ३४ ॥

मूर्च्छा, वमन, प्यास, दाह, मद्यपान, स्त्रीसंभोग तथा भार ढोने से कृश व्यक्ति रक्तपित्त तथा मदात्यय में शीतल जल को पान करे ॥ ३४ ॥

तृष्णामूर्च्छामयक्षीणो न लभेत जलं यदि ।
मरणं दीर्घरोगं वा प्राप्नुयात्त्वरितं नरः ॥ ३५ ॥

प्यास तथा मूर्च्छारोग से दुर्बल व्यक्ति जल पान न करे तो शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त करता है या चिरकाल तक रोग से पीड़ित रहता है ॥ ३५ ॥

तृषितो मोहमायाति मोहात् प्राणान् विमुञ्चति ।
तस्मात् सर्वास्ववस्थासु न कचिद्वारि वार्यते ॥ ३६ ॥

सात्म्यान्नपानभैषज्यैस्तृष्णां तस्य जयेत्पुरा ।
तस्यां जितायामन्योऽपि शक्यो व्याधिश्चिकित्सितुम् ॥ ३७ ॥

प्यास से पीड़ित व्यक्ति मूर्च्छा को प्राप्त करता है और मूर्च्छा होने से प्राणों को त्याग देता है। इसलिये सभी अवस्थाओं में कहीं भी पानी को नहीं रोकना चाहिए। तृष्णारोग से पीड़ित व्यक्ति की तृष्णा को सबसे पहले सात्म्य (शरीर के लिये अनुकूल) अन्नपान तथा औषध से जीत ले। तृष्णा को जीत लेने के बाद अन्य रोग भी चिकित्सा करने के योग्य हो जाता है ॥ ३६-३७ ॥

तृष्णायां चन्दनाद्यः शिरोलेपः—

अरुणचन्दनचन्दनवालकैर्नलदपद्मकतुल्यकृतांशकैः ।
शिरसि लेपनमाचरतां नृणां तृडुपयात्युपशान्तिमसंशयम् ॥ ३८ ॥

तृष्णा रोग में चन्दनाद्य शिरोलेप—लालचन्दन, सफेद चन्दन, सुगन्धवाला, जटामासी तथा पद्मकाठ समभाग इन द्रव्यों को लेकर तथा पीसकर शिर पर लेप करने वाले मनुष्यों की पिपासा अवश्य ही शान्त हो जाती है ॥ ३८ ॥

तृष्णायां नीलाब्जाद्या गुटिका—

नीलाब्जकुष्ठमधुलाजवटप्ररोहैः
श्लक्ष्णीकृतैर्विरचिता गुटिका मुखस्था ।
तृष्णां निवारयति तत्क्षणमेव तीव्रा-
मर्थस्पृहामिव यतेः परमात्मचिन्ता ॥ ३९ ॥

तृष्णा रोग में नीलाब्जाद्या गुटिका—नील कमल, कूट, धान का लावा तथा वटवरोंह के अग्रभाग को कूट-पीसकर मधु मिश्रित कर गुटिका बनावे। यह गुटिका मुख में रखने से उसी समय गम्भीर तृष्णा (पिपासा) को दूर करती है। जैसे संन्यासी की परमार्थ-चिन्ता (परब्रह्म परमात्मा का चिन्तन) अर्थस्पृहा (धन की इच्छा) को दूर कर देती है ॥ ३९ ॥

तृष्णायां सुवर्णादिनिर्वापितजलोपयोगः—

सुवर्णरूप्यादिभिरग्नितप्तैर्लोष्टैः कृतं वा सिकतोपलैर्वा ।
जलं सुखोष्णं शमयेत्तु तृष्णां सशर्करं क्षौद्रयुतं हितं वा ॥ ४० ॥

तृष्णा रोग में सुवर्णादि पदार्थों से बुझाये हुए जल का उपयोग—अग्नि में तपाये हुए सोना, चांदी आदि से या प्रतप्त लोहा से या प्रतप्त बालू का एवं जलते हुए उपलों से बुझाया हुआ थोड़ा गरम जल पान करने से तृष्णा को शान्त करता है या शक्कर एवं मधु मिलाकर सेवन करना तृष्णा रोग में हितकारक होता है ॥ ४० ॥

लोष्टप्रतप्ततोयं तु शर्करामधुयोजितम् ।

लाक्षाचूर्णसमायुक्तं पीतं तृड्दाहनाशनम् ॥ ४१ ॥

प्रतप्त (गरम कर लाल किया हुआ) लोहा से बुझाया हुआ जल, मधु तथा शक्कर मिलाकर और लावा के चूर्ण से युक्त कर पान करने से तृष्णा तथा दाह को नाश करता है ॥ ४१ ॥

तृष्णायां क्षीरादिगण्डूषयोगः—

क्षीरेक्षुरसगुडोदकसितोपलाक्षौद्रसीधुमार्द्वीकैः ।
वृक्षाम्लमातुलुङ्गैर्गण्डूषास्तालुशोषघ्नाः ॥ ४२ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे तृष्णाधिकारः पञ्चदशः ॥ १५ ॥

तृष्णा रोग में क्षीरादि-गण्डूष योग—दूध, गन्ना का रस, गुड़ का रस, सितोपला (मिश्री), मधुसीधु तथा अंगूर का रस और वृक्षाम्ल (कोकम वृक्ष) का क्वाथ, एवं बिजोरे नीबू का रस, इन द्रव्यों का गण्डूष (कुल्ला) धारण करना आदि तालुशोष को नाश करता है ॥ ४२ ॥

श्री वैद्य सोढल-रचित गदनिग्रह नामक ग्रन्थ के काय-चिकित्सा खण्ड में पन्द्रहवां तृष्णाधिकार समाप्त

अथ मूर्च्छाधिकारः षोडशः ।

अथातो मूर्च्छानिदानं व्याख्यास्यामः ।

मूर्च्छासंप्राप्तिः—

तृष्णाभङ्गे ध्रुवं मूर्च्छा भवेदिति भिषग्जितम् ।
अतस्तृष्णां निरूप्यैव मूर्च्छालक्षणमुच्यते ॥ १ ॥

तृष्णा-निरूपण के बाद मूर्च्छा के निदान का व्याख्यान करते हैं ।

मूर्च्छा की सम्प्राप्ति—वैद्यों का मत है कि तृष्णा के भंग होने पर (अर्थात् तृष्णा रोग का समुचित उपचार न होने से) अवश्य ही मूर्च्छा की उत्पत्ति होती है । अतः तृष्णा के निरूपण करने के बाद ही मूर्च्छा का लक्षण कहते हैं ॥ १ ॥

क्षीणस्य बहुदोषस्य विरुद्धाहारसेविनः ।
वेगाघातादभोघाताद्धीनसत्त्वस्य वा पुनः ॥ २ ॥
करणायतनेप्वाा बाह्येष्वाभ्यन्तरेषु च ।
निविशन्ते यदा दोषास्तदा मूर्च्छन्ति मानवाः ॥ ३ ॥

जो व्यक्ति अत्यधिक दुर्बल हो गया हो, जिसमें अत्यधिक मात्रा में दोष प्रकुपित हो गये हों तथा विरुद्ध आहार एवं विहार का सेवन करने वाला हो ऐसे व्यक्तियों में तथा मल-मूत्रादि वेगों को धारण करने से अभिघात (चोट लग जाने से) से क्षीण मन वाले या क्षीण सत्त्व गुण वाले मनुष्यों के मन या इन्द्रियों के बाहरी आयतन (नेत्र-कर्ण आदि) तथा आभ्यन्तर आयतनों (मनोवह स्रोतों) में जब दोष गम्भीर रूप से विकृत होकर प्रवेश करते हैं तब मनुष्य मूर्च्छित हो जाते हैं ॥ २–३ ॥

संज्ञावहासु नाडीषु पिहितास्वनिलादिभिः ।
तमोऽभ्युपैति सहसा सुखदुःखव्यपोहकृत् ॥ ४ ॥
सुखदुःखव्यपोहाच्च नरः पतति काष्ठवत् ।
मोहो मूर्च्छेति तामाहुः—

वातपित्त-आदि दोषों से संज्ञावह नाड़ियों के आच्छादित हो जाने पर आंखों के सामने सुख एवं दुःख के विवेक को नष्ट कर देने वाला तमोगुण या अन्धकार उत्पन्न हो जाता है । सुख तथा दुःख का ज्ञान नष्ट हो जाने पर सूखे काठ के तरह गिर जाता है, इस अवस्था को मोह या मूर्च्छा कहते हैं ।

—षड्विधा सा प्रकीर्तिता ॥ ५ ॥
वातादिभिः शोणितेन मद्येन च विषेण च ।

षट्स्वप्येतासु पित्तं तु प्रभुत्वेनावतिष्ठते ॥ ६ ॥

यह मूर्च्छा, वातज, पित्तज, कफज, रक्तज, मद्यज तथा विषज भेद से छः प्रकार की होती है। किन्तु इन छः प्रकार की मूर्च्छा में भी पित्त की ही प्रधानता रहती है ॥ ६ ॥

विमर्श—मूर्च्छा की सम्प्राप्ति में 'बहुदोष' शब्द से अधिक प्रकुपित दोष अर्थ करना चाहिए क्योंकि अनेक दोष अर्थ करने से यह सम्प्राप्ति एकदोषज मूर्च्छा की नहीं हो सकती।

विरुद्धाहार, मछली तथा दूध, जैसे पदार्थों का एक साथ सेवन करना है। इसके सेवन से भोजनजन्य विष की उत्पत्ति से मूर्च्छा रोग उत्पन्न होता है। वेग-धारण, अभिघात तथा क्षीण आदि सभी कारण सम्मिलित रूप से तथा अलग-अलग भी मूर्च्छा के उत्पादक होते हैं।

"हृदयं चेतनास्थानम्—चेतना का स्थान हृदय है" ऐसा प्राचीन आचार्य मानते हैं, प्राचीन सम्प्राप्ति के अनुसार मूर्च्छा का विशेष सम्बन्ध हृदय तथा सभी रक्त वह स्रोत एवं मस्तिष्क की विकृति से प्रतीत होता है। मूर्च्छा में चेतना शक्ति का ह्रास हो जाता है, चेतना का सम्बन्ध हृदय तथा मस्तिष्क दोनों से है क्योंकि चेतना का स्थान हृदय है और हृदय का नियन्त्रक मस्तिष्क है इस प्रकार ये दोनों अन्योन्याश्रित हैं। ऐसी स्थिति में चेतना शक्ति के अभाव स्वरूप मूर्च्छा का सम्बन्ध हृदय एवं मस्तिष्क दोनों से है। शारीरिक यन्त्र का संचालन करने के लिये मस्तिष्क तथा शरीर की प्रत्येक धातुओं को मजबूत बनाने के लिये शुद्ध एवं अधिक रक्त की आवश्यकता होती है। इन दो गुणों के अभाव में मूर्च्छा रोग की उत्पत्ति होती है। जैसे आहार-विहार अथवा हृदय तथा सभी रक्तवह संस्थानों के रोग, मस्तिष्क में रक्त की कमी तथा अधिकता द्वारा या अन्य किसी भी प्रकार मस्तिष्क को विकृत करने में सहायक होते हैं, वे सभी मूर्च्छा का उत्पादक कारण होते हैं। मूर्च्छा आदि विकार मस्तिष्क की ही विकृति होने से उत्पन्न होते हैं। हृदय के विकार या रक्तवह संस्थान के विकार भी मस्तिष्क में विकार उत्पन्न करके ही मूर्च्छा आदि को उत्पन्न करते हैं। शिरोऽभिघात आदि कुछ कारणों से साक्षात् मस्तिष्क में ही विकार पैदा होते हैं।

क्षीणस्य—अनेक प्रकार का धातुक्षय ही दुर्बलता का कारण है। अतः दुर्बल व्यक्ति को रक्ताल्पता तथा मूर्च्छा होना स्वाभाविक है।

अभीघातात्—शरीर के किसी भी भाग में अभिघात होने से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मस्तिष्क में रक्त की न्यूनता होती है और रक्त की कमी के कारण मूर्च्छा होती है। प्रत्यक्ष आघात के कारण कपालास्थियों के भग्न

होने से कोषायें नष्ट हो जाती हैं जिससे मूर्च्छा की उत्पत्ति होती है।

हीनसत्त्वस्य—दुर्बल मनवाले व्यक्ति का वातनाड़ी संस्थान भी दुर्बल हो जाता है। अतः भय आदि उपयुक्त कारण उपस्थित होने पर परिसरीय धमनी-विस्फार के द्वारा मस्तिष्क में रक्त की कमी कराकर मूर्च्छा को उत्पन्न करता है।

संज्ञावहासु नाडीषु—वातादि दोषों के द्वारा संज्ञावह नाड़ियों के आच्छादित होने पर मूर्च्छा की उत्पत्ति होती है। अर्थात् संज्ञावह नाड़ियों के आच्छादित होने से हृदय में रक्त की कमी होने पर मस्तिष्क तथा परिसरीय (Peripharel) वातनाड़ियों को पोषण न मिलने से मस्तिष्क में स्थित ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय तथा मन, बुद्धि तथा अहंकार (मनोवाही स्रोतस्) के अधिष्ठानों में दोषों का प्रवेश हो जाता है। तत्पश्चात् शरीर की अन्तर्वाही नाड़ियों में भी प्रकुपित दोषों के कारण विकृति आ जाने पर संज्ञावहन का कार्य बन्द हो जाता है सत्त्व एवं रज के नाश होने पर अज्ञानोत्पादक तमोगुण का एकाएक आधिक्य होने से रोगी को सुख-दुःख का ज्ञान नहीं रहता ऐसी अवस्था में मनुष्य का शारीरिक संतुलन ठीक नहीं रह पाता और सूखे काठ की तरह चेतनाहीन होकर भूमि पर गिर पड़ता है और मूर्च्छित हो जाता है।

चरक तथा वाग्भट ने मूर्च्छा को वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक तथा सान्निपातिक भेद से चार प्रकार का ही माना है। मद्यज, रक्तज तथा विषज मूर्च्छाओं का समादेश भी लक्षणानुसार वातादि-जनित मूर्च्छा में ही कर लिया जाता है। "मूर्च्छा पित्ततमःप्राया" ऐसा कहा गया है अतः सभी मूर्च्छाओं में पित्त की प्रधानता रहती है। यही कारण है कि मूर्च्छा में शीतोपचार का आश्रय लेना पड़ता है और उससे लाभ भी होता है॥ २-६॥

मूर्च्छायाः पूर्वरूपाणि—

हृत्पीडा जृम्भणं ग्लानिः संज्ञादौर्बल्यमेव च।
सर्वासां पूर्वरूपाणि यथास्वं ता विभावयेत्॥ ७॥

मूर्च्छा के पूर्वरूप—हृदय प्रदेश में पीड़ा, जम्भाई अधिक आना, मन में ग्लानि के कारण किसी कार्य को करने की इच्छा न होना, तथा ज्ञान शक्ति का दुर्बल हो जाना ये सभी प्रकार की मूर्च्छाओं के पूर्वरूप हैं। मूर्च्छा के रूपावस्था व्यक्त होने पर लक्षणों के अनुसार वातज आदि भेद समझ लेना चाहिए॥ ७॥

विमर्श—मूर्च्छा के हृदय-विकारजन्य होने के कारण हृदय प्रदेश में पीड़ा होना स्वाभाविक है। संज्ञावह नाड़ियों या शिरा, धमनी (स्रोतस्) में

तमोगुण के प्रवेश की प्रारम्भिक-अवस्था में ज्ञान के अभाव का भी पहले ही आभास मिलने लगता है। इसको संज्ञा-दौर्बल्य कहते हैं। इस अवस्था में रोगी पूर्ण संज्ञाविहीन नहीं होता, अपनी क्रियाओं का यत्किंचित्-ज्ञान अवश्य रखता है ॥ ७ ॥

वातजादिभेदेन मूर्च्छालक्षणानि—

नीलं वा यदि वा कृष्णमाकाशमथवाऽरुणम् ।
पश्यंस्तमः प्रविशति चिराच्च प्रतिबुध्यते ॥ ८ ॥
वेपथुश्चाङ्गमर्दश्च प्रपीडा हृदयस्य च ।
काश्यं श्यावाऽरुणा छाया मूर्च्छायां वातसंभवे ॥ ९ ॥

वातज-आदि भेद से मूर्च्छा के लक्षण—वातजन्य मूर्च्छा में रोगी मूर्च्छित होते समय आकाश को नील वर्ण का काला तथा लाल वर्ण का देखता हुआ मूर्च्छा अवस्था को प्राप्त होता है तथा थोड़े ही देर में होश में आ जाता है। इस अवस्था में रोगी का शरीर काँपता है, अंग टूटता है, हृदय प्रदेश में पीड़ा होती है तथा मुख की छवि काली या लाल भी हो जाती है। यह वातज मूर्च्छा से पीड़ित रोगी शरीर से प्रायः दुर्बल होता है ॥ ८–९ ॥

विमर्श—वातज मूर्च्छावात का स्वरूप, काला, नीला तथा अरुण (थोड़ा लाल) माना गया है। वात की प्रधानता के कारण उत्पन्न मूर्च्छारोग के पूर्वरूप में कुछ ज्ञान रहने पर इन वर्णों की प्रतीति विशेष रूप से होती है। आकाश के अतिरिक्त अन्य सभी पदार्थों में उपर्युक्त वर्ण दिखाई पड़ते हैं। पित्त तथा अन्धकार या तमोगुण के बाहुल्य होने से मूर्च्छा की उत्पत्ति होती है। साधारणतः तम की अधिकता से चेतनता देर से होती है किन्तु वायु के चाञ्चल्य गुण के कारण चेतनता शीघ्र हो जाती है।

प्रत्येक मूर्च्छा की उत्पत्ति साक्षात् या परम्परया हृदय की विकृति से होती है। और वायु के बिना पीड़ा नहीं होती "वाताहते नास्ति पीडा" अतः वायु का विशेष सम्बन्ध होने से मूर्च्छा के उत्पादक हृदय में पीड़ा की प्रतीति रोगी को होती है। यह प्रतीति मूर्च्छा की प्रारम्भिकावस्था में होती है क्योंकि पूर्ण संज्ञा नाश होने पर रोगी का कुछ भी अनुभव नहीं होता है केवल कम्पन आदि लक्षणों को देखकर वैद्य को जीवन का अनुमान लगाना पड़ता है।

रक्तं हरितवर्णं वा वियत् पीतमथापि वा ।
पश्यंस्तमः प्रविशति सस्वेदश्च प्रबुध्यते ॥ १० ॥
सपिपासः ससंतापो रक्तपीताकुलेक्षणः ।
संभिन्नवर्चा पीताभो मूर्च्छायां पित्तसंभवे ॥ ११ ॥

पित्तजन्य मूर्च्छा में रोगी मूर्च्छित होते समय आकाश को लाल, हरे या पीतवर्ण का देखता है और मूर्च्छित हो जाता है। चैतन्य होते समय पसीना से लिप्त रहता है। मूर्च्छा-अवस्था में रोगी को प्यास अधिक लगती है, शरीर में जलन होती है और आंखें लाल या पीली दिखाई देती हैं। इस अवस्था में मल का त्याग अनियन्त्रित रूप में होने लगता है और रोगी का मुख पीला पड़ जाता है॥ १०-११॥

विमर्श—पित्तजमूर्च्छा—पित्तज मूर्च्छा में भी आकाश शब्द उपलक्षण मात्र है अतः सभी पदार्थ लाल, हरे अथवा पीतवर्ण का दिखाई देता है। प्यास तथा संताप पित्तज मूर्च्छा का लक्षण है। पित्त तथा आग्नेयगुण की अधिकता होने पर शारीरिक ताप स्वाभाविक से अधिक हो जाता है। उसके नाश के लिये स्वेद-ग्रन्थियों की क्रिया-कारिता अधिक बढ़ जाती है और स्वेद की अत्यधिक प्रतीति होती है। तथा स्वेद के द्वारा शरीरगत पित्त का ह्रास होने से मूर्च्छा की निवृत्ति हो जाती है।

मेघसंकाशमाकाशमावृतं वा तमोघनैः।
पश्यंस्तमः प्रविशति चिराच्च प्रतिबुध्यते॥ १२॥
गुरुभिः प्रावृतैरङ्गैर्यथैवार्द्रेण चर्मणा।
सप्रसेकः सहल्लासो मूर्च्छायां कफसंभवे॥ १३॥

श्लैष्मिक मूर्च्छा में रोगी मूर्च्छित होते समय आकाश को मेघों से आच्छादित-सा देखता हुआ मूर्च्छित हो जाता है। इस मूर्च्छा में देर में चैतन्यता आती है। शरीर भारी वस्त्रों या गीले चमड़े से आवृत सा (ढका हुआ) प्रतीत होता है। रोगी को प्रसेक (लालास्राव) तथा हल्लास (मिचली) अधिक होती है॥ १२-१३॥

विमर्श—कफज मूर्च्छा में तमोगुण का बाहुल्य होने से आकाश को मेघ से आच्छादितसा देखता है। तमोगुण की अधिकता के कारण मूर्च्छा का वेग विलम्ब से शान्त होता है। इस अवस्था में हल्लास की अधिकता रहती है तथा कभी-कभी उत्क्लेद होने से वमन भी हो सकता है।

सर्वाकृतिः सन्निपातादपस्मार इवागतः।
स जन्तुं पातयत्याशु विना बीभत्सचेष्टितैः॥ १४॥

सन्निपातज मूर्च्छा में तीनों दोषों के लक्षण पाये जाते हैं। इसका आवेग (मुख में फेनों का आना तथा दांतों का बैठना आदि) बीभत्स चेष्टाओं को छोड़कर अपस्मार के सदृश ही होता है। सन्निपातज मूर्च्छा से रोगी शीघ्र ही निश्चेष्ट हो जाता है॥ १४॥

विमर्श—सन्निपातज मूर्च्छा—प्रकृत में मूर्च्छा का छः भेद माना गया, सन्नि-

पातज मूर्च्छा को ग्रहण करने से मूर्च्छा के सात भेद हो जाते हैं, अतः पूर्वप्रतिज्ञा से विरोध प्रतीत हो रहा है। यह प्रतिज्ञा सुश्रुत के अनुसार ग्रन्थकार ने किया है। चरक ने मूर्च्छा के चार ही भेद (वातज, पित्तज, कफज तथा सन्निपातज) माना है। मद्यज, रक्तज तथा विषज का समावेश दोष-लक्षण के अनुसार इन्हीं में कर दिया है। ग्रन्थकार ने सुश्रुत के अनुसार मूर्च्छा के भेदों का निरूपण किया है और चरक के अनुसार विवरण दिया है। सुश्रुत ने सन्निपातज को वातादिजन्य दोषों में अन्तर्भाव कर दिया है अतः छः भेद रह जाते हैं। इस प्रकार आचार्यों के मत का अनुसरण करने से प्रतिज्ञा–हानिजन्य दोष यहां पर नहीं रह जाता है। अपस्मार के तरह सन्निपातज मूर्च्छा का भी आवेग सहसा आता है और दीर्घकाल तक रहता है। अपस्मार में फेन-वमन,दन्तघट्टन तथा नेत्रविकृति होती है किन्तु सन्निपातज मूर्च्छा में ये लक्षण नहीं पाये जाते हैं। इन दोनों का विभेदक लक्षण यही है।

पृथिव्यापस्तमोरूपं रक्तगन्धस्तदन्वयः।
तस्माद्रक्तस्य गन्धेन मूर्च्छन्ति भुवि मानवाः॥ १५॥
द्रव्यस्वभाव इत्येके दृष्ट्वा यदभिमुह्यति।

रक्तज मूर्च्छा—पृथ्वी तथा जल दोनों ही तमोगुणी होते हैं, रक्त की गन्ध भी पृथ्वी और जल में ही बनी होने से तमोगुण से युक्त होती है अतः कुछ मनुष्य रक्त की गन्ध से ही मूर्च्छित हो जाते हैं। और कुछ व्यक्ति रक्त को देखकर मूर्च्छित होते हैं अतः कुछ आचार्य इसको रक्त का स्वाभाविक गुण कहते हैं।

विमर्श—रक्तज मूर्च्छा—पित्त तथा तम की अधिकता या शरीर और मन की सम्मिलित विकृति का परिणाम मूर्च्छा है। सामान्यतः प्रत्येक मूर्च्छा में पित्त तथा तम की विशेषता रहती है। किन्तु रक्तज मूर्च्छा में मानस दोष की प्रधानता रहती है। सुश्रुत ने पृथ्वी को तमोगुण-प्रधान तथा जल को सत्त्व और तमोगुण युक्त माना है। इससे उत्पन्न होनेवाले रक्त में सत्त्वगुण की हीनता तथा तमोगुण की प्रधानता पाई जाती है। रक्त के तमोगुण-प्रधान गन्ध को वहन करनेवाले परमाणु घ्राणेन्द्रिय में स्थित वातनाडी-तन्तुओं को स्पर्श कर संज्ञावाहीनाडी (मनोवह स्रोतस्) तथा मन के बाह्य एवं आभ्यन्तर अधिष्ठानों में तमोगुण की व्याप्ति से अवरोध उत्पन्न कर देते हैं। इससे रोगी को सुख-दुःख का विवेक नष्ट हो जाता है और वह संज्ञारहित होकर गिर पड़ता है। जो व्यक्ति पृथ्वीगुणबहुल या तामस होते हैं उन्हीं को एक गन्धजन्य मूर्च्छा होती है। अन्य सबको नहीं। वस्तुतः हीनसत्त्व या दुर्बल मन वाले तामस व्यक्तियों को स्वभावतः रक्तदर्शन से साक्षात् केन्द्र पर प्रभाव होकर घात

(शाक) द्वारा मूर्च्छा होती है। केवल गन्ध मात्र से ही मूर्च्छा नहीं होती है उसमें रक्त नामक द्रव्य के प्रभाव से गन्ध के अतिरिक्त उसका रूप भी मूर्च्छा का कारण होता है। द्रव्य स्वभाव के अतिरिक्त तमोगुण का प्रभाव ही मूर्च्छा की सम्प्राप्ति करता है।

गुणास्तीव्रतरत्वेन स्थितास्तु विषमद्ययोः ॥ १६ ॥ १
त एव तस्मात्ताभ्यां तु मोहौ स्यातां यथेरितौ।
स्तब्धाङ्गदृष्टिस्त्वसृजा गूढोच्छ्वासश्च मूर्च्छितः ॥ १७ ॥
मद्येन विलपञ्छेते नष्टविभ्रान्तमानसः।
गात्राणि विक्षिपन् भूमौ जरां चावन्न याति तत् ॥ १८ ॥

विष और मद्य में लघु, रूक्ष आदि (ओजोविरुद्ध) दश गुण साधारण द्रव्यों की अपेक्षा तीव्र रूप में रहते हैं। इन्हीं गुणों के कारण विषजन्य तथा मद्यजन्य मूर्च्छा उत्पन्न होती है।

रक्तजन्य मूर्च्छा में शरीर के अवयव जकड़े रहते हैं, आंखों की टक-टकी लगी रहती है और रक्तज मूर्च्छा से पीड़ित रोगी गहरा श्वास लेता है॥

मद्यजन्य मूर्च्छा में रोगी प्रलाप करता हुआ तथा संज्ञाहीन या विक्षिप्त-चित्त होकर हाथ-पैर आदि अंगों को फेंकता हुआ तब तक मूर्च्छित रहता है जब तक मद्य का पूर्ण परिपाक नहीं होता॥ १६-१८॥

विमर्श—विष और मद्य में समान गुण होता है ऐसा वचन मिलता है—

"ये विषस्य गुणाः प्रोक्ताः सन्निपातप्रकोपणाः।
त एव मद्ये दृश्यन्ते विषे तु बलवत्तराः॥"

दोनों में अन्तर इतना ही है कि मद्य की अपेक्षा विष अधिक तीव्र स्वरूप के होते हैं। चरक ने विष के दश गुण माने हैं—"लघु, रूक्ष, आशु, विशद, व्यवायि, तीक्ष्ण, विकासि, सूक्ष्म, उष्ण तथा अनिर्देश्य"। सुश्रुत ने अनिर्देश्य के स्थान पर अपाकि गुण माना है।

रूक्षमुष्णं तथा तीक्ष्णं सूक्ष्ममाशु व्यवायि च।
विकासि विशदं चैव लघ्वपाकि च तत्स्मृतम्॥'

इस प्रकार दोनों में विशेष अन्तर नहीं है। वाग्भट ने मद्य के "तीक्ष्ण, उष्ण, रूक्ष, सूक्ष्म, अम्ल, व्यवायि आशु, लघु, विकासि तथा विशद गुण माने हैं। इस प्रकार मद्य और विष के गुणों में सादृश्य है। केवल ये गुण विष में तीव्र होते हैं यही अन्तर है। मद्य का कुछ काल में पाक हो जाने से मद्यज मूर्च्छा स्वयं शान्त हो जाती है किन्तु विष के अपाकि गुण के कारण शरीर में परिपाक नहीं होता अतः किसी विरुद्ध-क्रियाकारी औषधि के सेवन या विष-निर्हरण क्रिया के बिना विषजन्य मूर्च्छा की शान्ति नहीं

होती है। दोनों में अन्तर इतना ही है कि मद्य मारक नहीं होता किन्तु विष मारक होता है ॥ १६-१८ ॥

वेपथुस्वप्नतृष्णाः स्युस्तमश्च विषमूर्च्छिते।
वेदितव्यं तीव्रतरं यथास्वं विषलक्षणैः ॥ १९ ॥

विषजन्य मूर्च्छा में शरीर का कांपना, निद्रा, प्यास तथा तम (आंखों के सामने अन्धेरा छा जाना) ये लक्षण होते हैं। विशिष्ट विष के अनुसार लक्षण भी विशिष्ट, मृदु, तीव्र तथा तीव्रतर प्रकार के होते हैं ॥ १९ ॥

विमर्श—विषजन्य मूर्च्छा में कम्पन आदि लक्षण के अतिरिक्त रोग की त्वचा पीली पड़ जाती है। आंखों के आगे अन्धेरा छा जाता है, पसीना अधिक आता है जो पैत्तिक मूर्च्छा का विशिष्ट लक्षण है। नाड़ी मन्द पड़ जाती है। हृदय की गति मन्द हो जाती है।

मूर्च्छादौ प्रधानदोषाः—

मूर्च्छा पित्ततमःप्राया रजःपित्तानिलाद् भ्रमः।
तमोवातकफात्तन्द्रा निद्रा श्लेष्मतमोभवा ॥ २० ॥

मूर्च्छा आदि में प्रधान दोष—तमोगुण-युक्त पित्त से मूर्च्छा तथा रजोगुण युक्त पित्त और वात से भ्रम की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार तमोगुण-युक्त वात और कफ से तन्द्रा तथा तमोगुणयुक्त श्लेष्मा से निद्रा की उत्पत्ति होती है ॥ २० ॥

तन्द्रालक्षणम्—

इन्द्रियार्थेष्वसंवित्तिर्गौरवं जृम्भणं क्लमः।
निद्रातस्येव यस्येहा तस्य तन्द्रां विनिर्दिशेत् ॥ २१ ॥

तन्द्रालक्षण—इन्द्रियों के विषयों का उचित ज्ञान न होना, शरीर में भारीपन, जम्भाई तथा क्लम का होना तथा सोये हुए के समान चेष्टा करना 'तन्द्रा' के लक्षण हैं ॥ २१ ॥

विमर्श—तन्द्रा तमोगुणयुक्त वात और कफ से होती है। अतः तमोगुण तथा श्लेष्मा के कारण गौरव (आर्द्रचर्मावनद्धं वा यो गात्रमभिमन्यते। तथा गुरु शिरोत्यर्थं गौरवं तद्विनिर्दिशेत्) ॥ तथा ग्लानि-(वक्त्रे मधुरता-तन्द्रा हृदयोद्वेष्टनं भ्रमः। न चान्नमभिकाङ्क्षेत ग्लानिं तस्य विनिर्दिशेत्) और वात के कारण जम्भाई आती है। वस्तुतः अर्धसुप्तावस्था को तन्द्रा कहते हैं। यह कोई रोग नहीं है किन्तु शरीर में भारीपन आदि के कारण कुछ व्यक्तियों में अस्वाभाविक रूप से पाई जाती है। "यदा तु मनसि क्लान्ते कर्मात्मानः क्लमान्विताः। विषयेभ्यो निवर्तन्ते तदा स्वपिति मानवः" अर्थात्—मन और शरीर के थक जाने पर जब सम्पूर्ण इन्द्रियां शिथिल होकर अपना-अपना काम

करना बन्द कर देती हैं उस समय मनुष्य सो जाता है। निद्रा में मन तथा इन्द्रियां दोनों ही काम करना बन्द कर देती हैं। किन्तु तन्द्रा में मन काम करता रहता है। इन्द्रियां ही अपना कार्य करना बन्द कर देती हैं यही तन्द्रा और निद्रा में वैशिष्ट्य है।

चरक तथा वाग्भट ने निद्रा सात प्रकार से मानी है—तमोभवा, श्लेष्मभवा, मनःश्रमभवा, आगन्तुकी, व्याधिजन्या तथा रात्रिजन्या। इनमें से रात्रिजन्या निद्रा को ही भूतधात्री या उपस्तम्भ स्वरूप माना गया है। उपस्तम्भ तीन मानते हैं, आहार, स्वप्न तथा ब्रह्मचर्य। रात्रिजन्य निद्रा को छोड़कर शेष निद्रा, रोग-समूह में भी आते हैं।

संन्यासलक्षणम्—

दोषेषु मदमूर्च्छायाः कृतवेगेषु देहिनाम्।
स्वयमेवोपशाम्यन्ति संन्यासो नौषधैर्विना॥ २२॥
वाग्देहमनसां चेष्टामाक्षिप्यातिबला मलाः।
संन्यस्यन्त्यबलं जन्तुं प्राणायतनमाश्रिताः॥ २३॥
स ना संन्यासंन्यस्तः काष्ठीभूतो मृतोपमः।
प्राणैर्वियुज्यते शीघ्रं मुक्त्वा सद्यःफलां क्रियाम्॥ २४॥

संन्यास लक्षण—मद तथा सभी प्रकार की मूर्च्छा दोषों का वेग शान्त होने पर औषध के विना स्वयमेव शान्त हो जाती है किन्तु संन्यास रोग उपयुक्त चिकित्सा के विना शान्त नहीं होता है।

कृश मनुष्य के प्रकुपित वातादि दोष प्राणायतन में पहुँचकर वाणी शरीर तथा मन की क्रियाओं में अवरोध उत्पन्न कर देते हैं तब रोगी को संन्यास रोग हो जाता है। इस प्रकार संन्यास रोग से पीड़ित रोगी सूखे काष्ठ के२ समान या शव के समान स्थिर रहता है। इस अवस्था में शीघ्र लाभ पहुंचाने२ वाली चिकित्सा न की जाय तो रोगी शीघ्र ही प्राणों से रहित अर्थात् मर जाता है॥ २२–२४॥

विमर्श—सुश्रुत दोष (कफ) तथा तमकी अधिकता के परिणाम को ही संन्यास कहते है—

"प्रभूतदोषस्तमसोऽतिरेकात, सम्मूर्च्छितो नैव विबुध्यते यः।
संन्यस्तसंज्ञो भृशदुश्चिकित्स्यो ज्ञेयस्तदा बुद्धिमता मनुष्यः॥

संन्यास को गम्भीर मूर्च्छा भी कह सकते हैं। मूर्च्छा की अपेक्षा संन्यास के कारण तथा लक्षणों की प्रबलता रहती है। संन्यास रोग में दोषों की प्रबलता से मन सहित सभी इन्द्रियां सम्पूर्ण शरीर एवं प्राणवाही स्रोतों की क्रियायें विलुप्त हो जाती हैं। प्राणवाही स्रोतों के भी आक्रान्त होने से मनुष्य की दशा बहुत

विगड़ जाती है और वह रोगी मृतवत् तथा काष्ठवत् प्रतीत होता है ॥२२-२४॥

मूर्च्छानिदानोपसंहारः—

मूर्च्छा मोहो द्विधा स प्रभवति सहजागन्तुभेदेन भिन्न-
स्तत्रागन्तुस्त्रिधा स्याद्रुधिरविषसुराजन्यभेदाद्विभिन्नः ।
प्रत्येकं दोषभेदाद्भवति च सहजः स त्रिधा षट्सु पित्तं
प्राधान्येनेह तिष्ठेदभिदधति च तथा द्वन्द्वजं सन्निपातम् ॥ २५ ॥

इति मूर्च्छानिदानम् ।

मूर्च्छा के निदान का उपसंहार—मूर्च्छा को मोह कहते हैं, वह मूर्च्छा सहज तथा आगन्तुक भेद से दो प्रकार की होती है। वह आगन्तुक मूर्च्छा तीन प्रकार की होती हुई रक्तजन्य, विषजन्य तथा मद्यजन्य भेदों से भिन्न-भिन्न प्रकार की होती है। सहज मूर्च्छा प्रत्येक वातज, पित्तज तथा कफज भेद से तीन प्रकार की होती है। इन छः प्रकार की मूर्च्छाओं में पित्त की प्रधानता रहती है, द्वन्द्वज तथा सन्निपातज मूर्च्छा का अन्तर्भाव इन्हीं मूर्च्छा के भेदों में होता है ॥ २५ ॥

विमर्श—रक्तज, विषज तथा मद्यज मूर्च्छा का विशेष वर्णन मूर्च्छा के लक्षण के प्रकरण में किया जा चुका है।

मूर्च्छा-निदान समाप्त ।

अथातो मूर्च्छाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

मूर्च्छायाः सामान्यचिकित्सा—

यथादोषं कषायाणि ज्वरघ्नानि प्रयोजयेत् ।
रक्तजायां तु मूर्च्छायां हितः शीतक्रियाविधिः ॥ २६ ॥
मद्यजायां वमेन्मद्यं निद्रां सेवेद्यथासुखम् ।
विषजायां विषघ्नानि भेषजानि प्रयोजयेत् ॥ २७ ॥

मूर्च्छा के निदान-निरूपण के बाद मूर्च्छा की चिकित्सा कहते हैं।

मूर्च्छा की सामान्य चिकित्सा—मूर्च्छा रोग में वात, पित्त तथा कफ दोषों के अनुसार ज्वरनाशक कषायों का प्रयोग करे। रक्तजमूर्च्छा में शीतक्रियाविधि (शीतोपचार) हितकर है। मद्यज मूर्च्छा में मद्य का वमन कराये और अच्छी तरह अपनी इच्छा के अनुसार निद्रा का सेवन करे। विषजन्यमूर्च्छा में विष-नाशक औषधों का प्रयोग करें ॥ २६-२७ ॥

विमर्श—वातज्वरनाशक मुस्तादिकषाय, पित्तज्वरनाशक दुरालभादि कषाय तथा कफज्वरनाशक त्रिकटुकादि क्वाथ का प्रयोग करें। रक्तजमूर्च्छा में

दाहशान्त्यर्थक शीतजलसेक (ग० नि० ज्वर० २७६ श्लोक) करे। वमन द्वारा मद्यांश के निकल जाने से रोगी को शान्ति मिलती है और यथेच्छ निद्रा सेवन करने से रोगी मूर्च्छा से मुक्त हो जाता है। विषजमूर्च्छा में विष-प्रकरण में कहे जानेवाले औषधों का प्रयोग करे।

पित्तजमूर्च्छायां कोलमज्जादियोगः—

कोलमज्जोपणोशीरकेसरं शीतवारिणा।
पित्तमूर्च्छां जयेल्लीढाकृष्णा वा मधुसंयुता ॥ २८ ॥

पित्तजमूर्च्छा में कोलमज्जादियोग—बैर का गूदा, सरिच, खस तथा नाग-केशर—इन द्रव्यों के चूर्ण को शीतल जल से पान कर पित्तजन्य मूर्च्छा को जीत ले। या पीपर का चूर्ण मधु के साथ मिलाकर चाटने से पित्तजन्यमूर्च्छा नष्ट होती है ॥ २८ ॥

भ्रमे कृष्णाद्या वटिका—

कृष्णाशताह्वाशुण्ठीनां सामयानां पलं पलम्।
गुडस्य षट्पलान्येषा गुटिका भ्रमनाशिनी ॥ २९ ॥

भ्रमरोग में कृष्णाद्या वटिका—पीपर, सौंफ, सोंठ तथा हर्रे—इन द्रव्यों का चूर्ण एक-एक पल लेकर गुड़ छः पल की चासनी बनाकर उसमें छोड़ दे और वटिका बनाले। यह वटिका भ्रमरोग को नाश करनेवाली है ॥ २९ ॥

मूर्च्छायां महौषधादिकषायः—

महौषधामृताद्राक्षापौष्करग्रन्थिकाद्भवम्।
पिबेत् काथं कणायुक्तं मूर्च्छायां च मदेषु च ॥ ३० ॥

मूर्च्छारोग में महौषधादिकषाय—सोंठ, गुडूची, मुनक्का, पुष्करमूल, पिपरामूल तथा पीपर—इन द्रव्यों का कषाय मूर्च्छारोग में तथा मदरोग में पान करे ॥ ३० ॥

भ्रमे दुरालभाकषायः—

पिबेद् दुरालभाकाथं सघृतं भ्रमशान्तये।

भ्रमरोग में दुरालभा कषाय—भ्रमरोग की शान्ति के लिये दुरालभा (यवासा) का कषाय घृत मिलाकर पान करे।

संन्यासचिकित्सा—

त्रिफलायाः प्रयोगो वा सघृतक्षौद्रशर्करः ॥ ३१ ॥
शिलाजतुप्रयोगो वा प्रयोगः पयसोऽपि वा।
रसायनानां कौम्भस्य सर्पिषो वा प्रशस्यते ॥ ३२ ॥
अञ्जनान्यवपीडाश्च धूमाः प्रधमनानि च।
सूचीभिस्तोदनं शस्त्रैर्दाहः पीडा नखान्तरे ॥ ३३ ॥

लुञ्चनं केशलोम्नां च दन्तैर्दशनमेव च।
आत्मगुप्तावघर्षश्च हितास्तस्यावबोधने ॥ ३४ ॥
उत्थितो लब्धसंज्ञश्च लशुनस्वरसं पिबेत्।
खादेत्सव्योपलवणं बीजपूरककेसरम् ॥ ३५ ॥

संन्यास चिकित्सा—संन्यास रोग में घृत, मधु तथा शक्कर मिलाकर त्रिफला का प्रयोग या शिलाजीत का प्रयोग या दूध का प्रयोग या रसायन, कुम्भ घृत का प्रयोग प्रशस्त है। और अञ्जन, अवपीडन, धूम तथा प्रधमन क्रिया भी संन्यासरोग में प्रशस्त है। संन्यासावस्था में रोगी को जागृत करने के लिये सूई से छेदना, शङ्खों को गरमकर जलाना, नखों के बीच में पीड़ा पहुँचाना, केश तथा मूछ के बालों को उखाड़ना, दाँतों से काटना तथा केवाछ के फल से घर्षण (रगड़ना) करना हितकर होता है। संन्यास के रोगी के उठकर होश में आ जाने पर लहसुन का रसपान कराये और व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), सेन्धा नमक तथा बिजौरा नीबू का केशर (नींबू के बीच का हिस्सा 'कोई') भक्षण करे ॥ ३१–३५ ॥

मूर्च्छादौ त्रिफलादियोगः—

मधुना हन्त्युपयुक्ता त्रिफला रात्रौ, गुडार्द्रकं प्रातः।
सप्ताहात्पथ्यभुजो मदमूर्च्छाकामलोन्मादान् ॥ ३६ ॥

मूर्च्छा आदि रोग में त्रिफलादियोग—त्रिफला का चूर्ण रात्रि में मधु के साथ तथा प्रातःकाल गुड़ तथा अद्रक के साथ प्रयोग करने से सात दिन में पथ्यपूर्वक भोजन करनेवाले व्यक्ति के मद, मूर्च्छा, कामला तथा उन्माद को नष्ट करता है ॥ ३६ ॥

मूर्च्छार्याः सामान्यचिकित्सा—

मूर्च्छां प्रसक्तां तु शिरोविरेकैर्जयेदभीक्ष्णं वमनैश्च तीक्ष्णैः।
हरीतकीक्काथघृतं पिबेद्वा धात्रीफलानां स्वरसैः कृतं वा ॥ ३७ ॥
सेकावगाहौ मणयः सहाराः शीताः प्रदेहा व्यजनानिलाश्च।
शीतानि पानानि च गन्धवन्ति सर्वासु मूर्च्छास्वनिवारितानि ॥३८॥
सिद्धानि वर्गे मधुरे पयांसि सदाडिमा जाङ्गलजा रसाश्च।
तथा यवा लोहितशालयश्च मूर्च्छासु पथ्याः ससतीनमुद्गाः ॥ ३९ ॥

मूर्च्छा की सामान्य चिकित्सा—सामान्यतः उत्पन्न मूर्च्छा रोग को शिरोविरेचन तथा निरन्तर तीक्ष्ण विरेचन से जीत ले अर्थात् मूर्च्छा रोग को दूर करे। हरीतकी क्काथ से सिद्ध घृत या आँवला के फल के रस से सिद्ध घृत पान करे। प्रसेक, अवगाहन, मणियों का हार, शीतलप्रदेह (लेप), पंखे की हवा, शीतल पानक तथा गन्धयुक्त पानक सभी प्रकार की मूर्च्छा में अनिवार्य हैं

अर्थात् इन उपचारों को मूर्च्छा रोग में करे। मूर्च्छारोग मे मधुरवर्ग के द्रव्यों से सिद्ध दूध, अनार का रस, जगली पशुओं का मांसरस, यव, लाल चावल तथा मसूर एवं मूंग पथ्य है। अर्थात् इनका सेवन मूर्च्छारोग को शान्त करता है ॥ ३९ ॥

मूर्च्छायां पञ्चकर्मविधानम्—

स्नेहस्वेदोपपन्नानां यथादोषं यथाबलम्।
पञ्च कर्माणि कुर्वीत मूर्च्छायेषु मदेषु च ॥ ४० ॥

मूर्च्छा में पञ्चकर्मविधान—मूर्च्छा तथा मदरोग में दोष एवं बल के अनुसार स्नेहन तथा स्वेदन करने योग्य मनुष्यों का पञ्चकर्म करे ॥ ४० ॥

मूर्च्छायां त्रिफलादीनां योगः—

फलत्रिकैश्चित्रकनागराढ्यैस्तथाऽश्मजातालतुनः प्रयोगैः।
सशर्करैर्मासमुपक्रमेत विशेषतो जीर्णघृतं स पाय्यः ॥ ४१ ॥

इति श्रीसोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्सास्वण्डे
मूर्च्छाधिकारः षोडशः ॥ १६ ॥

मूर्च्छारोग में त्रिफलादि योग—मूर्च्छा में फलत्रिक (हर्रे, वहेड़ा, आँवला), चित्रक तथा सोंठ—इन द्रव्यों के चूर्ण और शिलाजीत एवं लाक्षा (लाख) को शक्कर मिलाकर—इन द्रव्यों के प्रयोगों के द्वारा एक मास तक उपचार करे। और विशेषकर मूर्च्छारोग-पीड़ित व्यक्ति, पुराना घी का सेवन करे ॥ ४१ ॥

श्री सोढलविरचित गदनिग्रह के चिकित्सास्वण्ड में सोलहवां
मूर्च्छाधिकार समाप्त।

अथ मदात्ययाद्यधिकारः सप्तदशः ।

अथातो मदात्ययपरमदपानाजीर्णपानविभ्रमनिदानं व्याख्यास्यामः—

निरूपितायां मूर्च्छायां रोगाः पानात्ययादयः ।
निरूप्यन्ते ततः पश्चादुभयोर्मोहहेतुतः ॥ १ ॥

मूर्च्छानिरूपण के बाद मदात्यय, परमद, पानाजीर्ण तथा पानविभ्रम का निदान कहते हैं ।

मूर्च्छा तथा मदात्यय दोनों का कारण मोह होता है अतः मूर्च्छा के निरूपण के बाद पानात्यय आदि रोगों का निरूपण करते हैं । अर्थात् मूर्च्छा-रोग में पहले मोह होता है तथा मदात्यय में भी पहले मोह होता है अतः दोनों के एक ही विशेष कारण होने से मूर्च्छा के बाद मदात्यय आदि रोगों का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

मद्यगुणाः—

ये विषस्य गुणाः प्रोक्तास्तेऽपि मद्ये प्रतिष्ठिताः ।
तेन मिथ्योपयुक्तेन भवत्युग्रो मदात्ययः ॥ २ ॥

मद्य के गुण—विष में जो गुण लघु, उष्ण आदि (लघु, उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, अम्ल, व्यवायि, आशुग, रूक्ष, विकासि तथा विशद) बताये गये हैं, वे गुण मद्य में भी होते हैं । अतः मद्य विधि के प्रतिकूल या मात्रा से अधिक सेवन करने से उग्र मदात्यय रोग होता है ॥ २ ॥

किंतु मद्यं स्वभावेन यथैवान्नं तथा स्मृतम् ।
अयुक्तियुक्तं रोगाय युक्तियुक्तं यथाऽमृतम् ॥ ३ ॥

मद्य अन्न के स्वभाव का ही होता है, जैसा अन्न होता है वैसा ही मद्य होता है । विधिपूर्वक सेवन करने पर मद्य अमृत के समान गुणकारी होता है । इसके विपरीत मनमाने तरह सेवन करने पर वही रोगों को उत्पन्न करता है ॥ ३ ॥

प्राणाः प्राणभृतामन्नं तदयुक्त्या निहन्त्यसून् ।
विषं प्राणहरं तच्च युक्तियुक्तं रसायनम् ॥ ४ ॥

अन्न प्राणधारियों का प्राण है किन्तु वह भी विधि-विपरीत या अधिक मात्रा में सेवन करने पर प्राणों को नष्ट कर देता है । इसी प्रकार विष का स्वाभाविक गुण प्राणनाशक है किन्तु युक्तिपूर्वक सेवन करने पर वह भी रसायन के समान गुणकारक होता है ॥ ४ ॥

विधिना मात्रया काले हितैरन्नैर्यथाबलम् ।
अहृष्टो यः पिबेन्मद्यं तस्य स्यादमृतोपमम् ॥ ५ ॥

जो व्यक्ति विधिवत् मात्रापूर्वक उचितकाल में बल के अनुसार प्रसन्नता-पूर्वक हितकारक खाद्यों के साथ मद्यपान करता है उसके लिये मद्य अमृत के समान है ॥ ५ ॥

स्निग्धैस्तदन्नैर्मांसैश्च भक्ष्यैश्च सह सेवितम् ।
भवेदायुःप्रकर्षाय बलायोपचयाय च ॥ ६ ॥

स्निग्ध खाद्य पदार्थ, मांस तथा अन्य भक्ष्य पदार्थों के साथ जो मद्य सेवन किया जाता है वह मद्य आयु, बल तथा शरीर की वृद्धि करता है ॥ ६ ॥

काम्यता मनसस्तुष्टिस्तेजो विक्रम एव च ।
विधिवत्सेव्यमाने हि मद्ये सन्निहिता गुणाः ॥ ७ ॥

मद्य विधिपूर्वक सेवन करने पर शरीर के सौन्दर्य, मन की प्रसन्नता, तेज तथा पराक्रम आदि गुण सन्निहित रहते हैं । अर्थात् इस प्रकार मद्य सेवन करने से उपरोक्त गुण शरीर में उत्पन्न होते हैं ॥ ७ ॥

(मद्यं कर्षमितं पेयं दिनान्ते नृपपुङ्गवैः ।
साज्ययोज्यैः समं सम्यग्बलारोग्यविवर्धनम् ॥ ८ ॥)

(श्रेष्ठ मनुष्यों को घृत आदि स्निग्ध भोज्यपदार्थों के साथ सायंकाल एक कर्ष (एक तोला) की मात्रा में विधिपूर्वक मद्य सेवन करना चाहिए । इस प्रकार पान किया हुआ मद्य बल को बढ़ानेवाला तथा आरोग्य को देनेवाला (स्वस्थ बनानेवाला) है) ॥ ८ ॥

विमर्श—जो द्रव्य, तमोगुण प्रधान होने से बुद्धि को नाश कर मद या नशे को उत्पन्न करता है उसे मद्य, मादक या मदकारी कहते हैं । जैसे अनेक प्रकार के मद्य-वारुणी आदि ।

"बुद्धिं लुम्पति यद् द्रव्यं मदकारि तदुच्यते ।
तमोगुणप्रधानं च यथा मद्यं सुरादिकम् ॥

चरक के अनुसार मादक द्रव्य, लघु, उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, अम्ल, व्यवायि, आशुग, रूक्ष, विकासि तथा विशद इन दश गुणोंवाला होना है । जैसे—

"लघूष्ण-तीक्ष्ण-सूक्ष्माम्ल-व्यवाय्याशुगमेव च ।
रूक्षं विकासि विशदं मद्यं दशगुणं स्मृतम्" ॥ चरक

सुश्रुत ने मद्य के आठ गुण माने हैं—यथा

"मद्यमुष्णं तथा तीक्ष्णं सूक्ष्मं विशदमेव च ।
रूक्षमाशुकरं चैव व्यवायि च विकासि च ॥" सुश्रुत ।

मद्य में प्रधानतया अम्लीय गुण को सभी विद्वानों ने स्वीकार किया है

"सर्वेषामम्लजातीनां मद्यं मूर्ध्नि व्यवस्थितम्" इसके अनुसार तो मद्य को सर्वोत्कृष्ट अम्ल स्वीकार किया गया है। अम्लगण विष में नहीं होता है अतः चरकाचार्य ने विष के लिये अनिर्देश्यरस कहा है। मद्य के दश गुणों का स्वरूप निम्न प्रकार है—

लघु—यह गुण शरीर को हल्का तथा दुर्बल बनाता है तथा गुरु के विपरीत है।

उष्ण—यह शीत के विपरीत तथा मूर्च्छा, तृष्णा, दाह एवं स्वेद को उत्पन्न करनेवाला होता है। मद्य भी आग्नेय गुण प्रधान होने से इन गुणों से युक्त होता है। इन गुणों के अतिरिक्त मद्य शरीर के प्रोभूजिन (प्रोटीन) को जमा देता है तथा शरीर की कोषाओं में उत्तेजना पैदा कर उनका विनाश करता है।

तीक्ष्ण—यह गुण पित्तगुण-प्रधान होने से दाह, पाक तथा शरीर के सोम-गुण को दुर्बल बनाता है "दाहपाककरस्तीक्ष्णः"।

सूक्ष्म—जो द्रव्य देह के सूक्ष्मातिसूक्ष्म छिद्रों में भी सरलता से प्रवेश कर सके उसे 'सूक्ष्म' कहते हैं। यथा—

"देहस्य सूक्ष्मछिद्रेषु विशेद् यत् सूक्ष्ममुच्यते।
तद्यथा सैन्धवं क्षौद्रं निम्बतैलं रुवूद्भवम्॥"

इस गुण के कारण मद्य रक्त के द्वारा प्रवाहित होकर शरीर की प्रत्येक कोषा में प्रवेश कर जाता है और कोषस्थित प्रसर (प्रोटोप्लाज्म) को नाश करता है।

आशुग—जो द्रव्य अपने शीघ्रत्व गुण के कारण शरीर में शीघ्रता से फैलकर क्रिया करता है. उसको 'आशुग' कहते हैं। मुख द्वारा ग्रहण किया हुआ मद्य वृहदन्त्र में पहुँचने से पूर्व ही भाग आमाशय तथा शेष क्षुद्रान्त्र के द्वारा शोषित होकर कुछ मिनटों में ही रक्त में मिल जाता है और शीघ्र ही शारीरिक अंगों पर अपना प्रभाव दिखाता है। मद्य का यही आशुगत्व है।

रूक्ष—यह गुण स्निग्ध के विरुद्ध कार्य करता है। इसमें जल को शोषण करने की शक्ति होती है। मद्य भी आग्नेय गुण प्रधान होने से जल को शोषण करने की शक्ति रखता है।

विशद—यह पिच्छिल के विरुद्ध होता है तथा इसमें भी शरीर के क्लेद को शोषण करने की शक्ति होती है।

"विशदो विपरीतोऽस्मात् क्लेदाचूषणरोषणः"।

व्यवायि—जो द्रव्य परिपाक होने से पहले ही सम्पूर्ण शरीर में फैल कर अपना प्रभाव दिखाने के बाद पचता है। उसे व्यवायि कहते हैं। "व्यवायि चाखिलं देहं व्याप्य पाकाय कल्पते" या—

"पूर्वं व्याप्याखिलं कायं ततः पाकं च गच्छति ।
व्यवायि तद्यथा भंगा फेनं चाहिसमुद्भवम् ॥"

भांग, मद्य तथा अफीम, अपाचितावस्था में ही शोषित होकर रक्त के द्वारा सम्पूर्ण शरीर के तन्तुओं में प्रविष्ट होकर अपना मदकारी प्रभाव दिखाते हैं। परिपाक होने से पूर्व मद की अवस्था बनी रहती है। पाक होने पर उसकी निवृत्ति हो जाती है।

विकासि—जो सम्पूर्ण शरीर में अपक्वावस्था में ही फैल कर शरीर के सन्धि-बन्धनों को शिथिल करता है तथा धातुओं से ओज को विभक्त कर उनमें शैथिल्य उत्पन्न करता है उसे 'विकासि' कहते हैं—

विकासी विकसन्नेव धातुबन्धान् विमोक्षयेत् ।

या—"सन्धिबन्धांस्तु शिथिलान् यत्करोति विकासि तत् ॥
विशोष्यौजश्च धातुभ्यो यथा क्रमुककोद्रवाः ॥

मद्य प्रोभूजिन (प्रोटीन) का कार्य नहीं करता है किन्तु कुछ अवस्थाओं में वसा के समान यह भी शरीर में प्रोभूजिन (प्रोटीन) के व्यय को नियमित तथा कार्य करने में परम सहायक होता है। प्रयोग द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि वसा के कम हो जाने पर वसा के स्थान पर प्रोभूजिन (प्रोटीन) ही शक्ति प्रदान करने के लिये कार्य करने लगता है। इस प्रकार प्रोभूजिन के भञ्जन से भूयाति (निट्रोगेन) का निकलना बढ़ जाता है। अतः इस अवस्था में मद्य का प्रयोग करने से भूयाति (निट्रोगेन) का त्याग कम होता है। इस प्रकार मद्य भी वसा के तरह प्रोभूजिन (प्रोटीन) के व्यय को कम करता है, तथा धातुओं के विनाश को रोकता है। मद्य को अन्न के तुल्य माना गया है किन्तु उसकी अन्न-तुल्यता इतनी ही है कि वह दूसरे भोज्य पदार्थों के साथ ग्राह्य करने पर वसा के स्थान पर शक्तिदान तथा प्रोभूजिन (प्रोटीन) की अल्पव्ययता एवं धातुओं की रक्षा कर सकता है। किन्तु अल्पकालीन होता है। मद्य की शक्ति एक निश्चित परिमाण में होती है। शरीर की आवश्यकता के अनुसार कम या अधिक नहीं हो सकती। इससे किसी आपत्तिकाल में विशिष्ट शक्ति नहीं प्राप्त की जा सकती है। प्राङ्गोदीय तथा वसा का संचय होने से शरीर को आवश्यकतानुसार शक्ति मिल जाती है और यही मद्य एवं भोज्य पदार्थों के इन दो प्रमुख अवयवों में मुख्य भेद है।

अयुक्तियुक्तमिति—भोजन और मद्य दोनों ही विधिपूर्वक सेवन करने से लाभकर या उसके विपरीत सेवन करने से हानिकर होते हैं।

उत्तम पाचन से ही बल, आयु, पुष्टि तथा तुष्टि एवं पराक्रम आदि प्राप्त होते हैं यदि विधिपूर्वक मद्यपान किया जाय तो इससे उत्तम पाचन हो सकता

है। विधि-विरुद्ध मद्यपान मदात्यय रोग को उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त अनेक प्रकार की व्याधियां उत्पन्न होती हैं।

सामान्यतः विष प्राणघाती है किन्तु उचित मात्रा में विधिपूर्वक सेवन किया जाय तो रसायन का कार्य करता है[1]। मद्य आग्नेय गुण प्रधान होने से शरीर की अग्नि से मिलकर सोमगुण का नाश करता है और मदात्यय रोग को उत्पन्न करता है। मद के कारण इन्द्रियां वश में नहीं रहती हैं तथा वह अपनी गोप्यतम बातों को भी अज्ञानता के कारण छिपा नहीं सकता है।

विधि का अर्थ युक्ति है। चरक ने युक्ति का वर्णन निम्न प्रकार किया है —

अन्न-पान-वयो-व्याधि-बल-कालत्रिकाणि षट्।
त्रीन् दोषांस्त्रिविधं सत्त्वं ज्ञात्वा मद्यं पिबेत् सदा।
तेषां त्रिकाणामष्टानां योजना युक्तिरुच्यते॥

अर्थात् अन्नपान आदि प्रत्येक के तीन-तीन भेद होते हैं उन भेदों को ध्यान में रखते हुए मद्यपान करने से मद्यजन्य दोष उत्पन्न नहीं होते।

अन्न	वातजनक	पित्तजनक	कफजनक
पान	,,	,,	,,
अवस्था	बाल्य	यौवन	वार्द्धक्य
व्याधि	वातिक	पैत्तिक	कफज भेद से
	मृदु	मध्य	तीव्र
बल	उत्तम	मध्यम	निकृष्ट
काल (नित्यग)	शीत	उष्ण	वर्षा
दोष	वात	पित्त	कफ
सत्त्व	सात्त्विक	राजस	तामस।

इन आठ त्रिकों की योजना युक्ति कहलाती है। इसका विचार कर मद्यपान करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि वातकर मद्य सेवन करने के बाद वातहर अन्न-पान सेवन करना चाहिए। पित्तकर मद्यपान के बाद पित्तहर तथा कफजनक मद्यपान करने के बाद कफहर अन्नपान-सेवन करना चाहिए। कहा भी है कि—

"वातिकेभ्यो हितं मद्यं प्रायः पैष्टिक-गौडिकम्।
कफपित्ताधिकेभ्यस्तु मार्द्वीकं माधवं च यत्॥"

अवस्था के अनुसार बाल्यावस्था तथा वृद्धावस्था में अल्पमात्रा में मद्य सेवन

---

१. रसायनं च तज्ज्ञेयं यज्जराव्याधिनाशनम्।
वाक्सिद्धिं प्रणतिं कान्तिं लभते नरो रसायनात्।
लाभो यो हि प्रशस्तानां रसादीनां रसायनम्॥

करना चाहिए। युवावस्था में पर्याप्त मात्रा में मद्य सेवन करना चाहिए। वातादि भेद से तथा मृदु, मध्य और तीव्र भेद से व्याधियां तीन प्रकार की होती हैं। इसी प्रकार मद्य के भी प्रवर, मध्य तथा अवर तीन भेद होते हैं। वातादि मृदु व्याधि में अवर मद्य, मध्य व्याधि में मध्य मद्य तथा तीव्र व्याधि में प्रवर मद्य सेवन करना चाहिए। उत्तम, मध्यम तथा निकृष्ट भेद से बल के तीन भेद होते हैं। उत्तम बलवाला मनुष्य उत्तम मात्रा में अवर मद्य सेवन करे, मध्यम बलवाला मध्यम मात्रा तथा मध्य प्रकार का मद्य सेवन करे तथा निकृष्ट बलवाला निकृष्ट मात्रा में अवर मद्य सेवन करे।

काल दो प्रकार का होता है—नित्यग तथा आवस्थिक—नित्यग काल, शीत, उष्ण तथा वर्षा भेद से तीन प्रकार का होता है। शीतकाल में अतिरूक्ष मद्यपान करना चाहिए। उष्णकाल में अल्प तथा अधिक जल मिलाकर मद्य पीना चाहिए। वर्षाऋतु में स्निग्ध तथा दीपन गुण से युक्त मद्य का पान करना चाहिए। आवस्थिक काल व्याधि तथा आयु के अन्दर आता है। अतः व्याधि तथा बल के अनुसार मद्य का सेवन करना चाहिए।

दोष भी तीन प्रकार के होते हैं वात, पित्त, कफ, अतः प्रकृति के विरुद्ध मद्यपान करना चाहिए जैसे वात-प्रकृति होने पर स्निग्ध गुणयुक्त प्रवर मद्यपान करना चाहिए। इसी प्रकार अन्य दोषों का भी समझे। सत्त्व (मन) भी सात्त्विक, राजस तथा तामस भेद से तीन प्रकार का होता है। सात्त्विक या शुद्ध मनवाला पुरुष अधिक मद्य को भी सहन करने में समर्थ हो सकता है। राजस तथा तामस उससे कम सहन कर सकते हैं। इस प्रकार इन आठों को अनेक प्रकार से विचार कर मद्यपान करना चाहिए। इसी शास्त्रीय मद्यपान-विधि को युक्ति कहते हैं। इस प्रकार विधिपूर्वक मद्यपान करना आरोग्यकर है।

हितैरन्नैरिति—अन्न शब्द खाद्य-सामान्य-बोधक है। अतः सभी खाद्य पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए। मद्य आग्नेयगुण से युक्त है अतः उसके इस गुण के कुप्रभाव को रोकने के लिये स्निग्ध अन्न-पान तथा मांस का सेवन करे। इस प्रकार मद्य के दोषों का शरीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है और उसमें रहनेवाले गुण शरीर के लिये लाभप्रद होते हैं। शुद्ध मद्य एक तोला सेवन करने से जो ऊष्मा उत्पन्न होती है, उतनी ऊष्मा चार सौ पचास ग्राम मांस सेवन से होती है। मद्यानुपान से मांस सेवन करने से मांस का गुण सुरक्षित रहता है और मद्य ऊष्मा उत्पन्न कर शरीर को शक्ति प्रदान करता है और मद्य स्वास्थ्यवर्द्धन कर आयु को भी बढ़ाता है। खाली पेट या

अनुपयुक्त पदार्थ के साथ सेवन करने से अनेक प्रकार का रोगोत्पादन होता है। सम्पूर्ण शरीर में ऊष्मा उत्पादन होने के कारण शरीर में उत्तेजना उत्पन्न कर बलवर्द्धक होता है।

मद्य के सेवन से शरीर कान्तिमान होता है। यह शरीर के अन्तःस्थित ऊष्मा को बढ़ाकर ताप की सत्ता को बढ़ा देता है और धमनी-विस्फार के कारण रक्ताधिक्य होने पर त्वचा में सौंदर्यद्योतक एक प्रकार की विचित्र लालिमा हो जाती है और सौन्दर्य की प्रतीति मुखमण्डल की त्वचा पर होती है। यह मद्य रक्तवाहिनी विस्फार कराने के कारण सार्वदेहिक उत्तेजक कहा जाता है और इसी कारण इससे शरीर-शक्ति तथा उत्तेजना मिलने के कारण तेज कार्य करने में उत्साह की वृद्धि होती है।

मद्य सेवन करने से बुद्धि, स्मृति, तुष्टि तथा स्फूर्ति आदि उत्पन्न होते हैं किन्तु सेवित मद्य का त्याग अति शीघ्र हो जाता है, उसका संचय नहीं होता। निरन्तर मद्य सेवन करने से आन्तरिक अंगों में अनेक विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। यह क्षणिक उत्तेजक होता है। इस अद्भुत उत्तेजना के कारण शरीर में गौरव उत्पन्न होता है और जिससे मनुष्य को कार्य करने में रुचि नहीं होती है। मानसिक एवं शारीरिक अवसाद का अनुभव होने लगता है। तथा मानसिक अवसाद को दूर करने के लिये बारबार मद्यपान करने की प्रवृत्ति हो जाती है और मद्यपी मद्यपान करने का आदी हो जाता है। मद्य शरीर के अंगों में सुरक्षित शक्ति को काम में लाकर उसका ह्रास कर देता है और मद्य की उतनी ही मात्रा पुनः उतनी शक्ति को उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है अतः उतनी ही शक्ति के लिये उससे अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है। इस प्रकार मद्य की मात्रा का वर्द्धन तथा बार-बार शक्ति प्राप्त करने का क्रमिकचक्र निरन्तर चलता रहता है। अल्प मात्रा में मद्यपान करनेवाले यकृत् अधिक मात्रा के अभ्यासी हो जाते हैं। और अन्त में शरीर के अंगों का ह्रास भी हो जाता है। यकृत् का कार्य विषनाशक है किन्तु नित्य अधिक मद्यपान करने से यकृत् में विकार उत्पन्न हो जाता है जिससे वह अपना प्रमुख कार्य करना बन्द कर देता है। इसी कारण से मद्यपान करनेवालों को अन्य औषधियां तथा औषध रूप में प्रयुक्त मद्य भी रोगों में लाभकारक नहीं होता है।

मद्य को भोजन की साम्यता दी गई है किन्तु सर्वांश में नहीं। जैसे भोजन रूप औषध क्षुधारूपी रोग को शान्त कर देती है उसी प्रकार मद्य भी परिस्थिति विशेष एवं कालविशेष में लाभप्रद होता है। प्रतिदिन पान करने से नहीं। भोजन भी भूख न लगने पर विषवत् हो जाता है अन्न तथा मद्य में इसी प्रकार की समता है।

प्रथमादिमदलक्षणानि—

बुद्धिस्मृतिप्रीतिकरः सुखश्च पानान्ननिद्रारतिवर्धनश्च ।
संपाठगीतस्वरवर्धनश्च प्रोक्तोऽतिरम्यः प्रथमो मदो हि ॥ ९ ॥

प्रथम, मध्यम आदि के अनुसार मद्य का लक्षण—प्रथम मद्य की अवस्था—बुद्धि, स्मरणशक्ति, प्रसन्नता तथा सुख को उत्पन्न करती है। इसके द्वारा भोजन, पान तथा निद्रा की इच्छा बढ़ती है। यह प्रथम मद पाठ करने, गाने तथा भाषण आदि देने की शक्ति को बढ़ाता है। अतः प्रथम मद्य उत्तम होता है।

अव्यक्तबुद्धिस्मृतिवाग्विचेष्टः सोन्मत्तलीलाकृतिरप्रशान्तः ।
आलस्यनिद्राभिहतो मुहुश्च मध्येन मत्तः पुरुषो मदेन ॥ १० ॥

मद्य या मद की दूसरी अवस्था से पीड़ित रोगी की बुद्धि, स्मृति, वाणी तथा अन्य चेष्टायें अस्त-व्यस्त होने लगती हैं। उन्मत्त होकर अनेक प्रकार की लीलायें करता है तथा अपनी आकृति विचित्र प्रकार का बना लेता है। रोगी अशान्त रहता है एवं निरन्तर आलस्य तथा निद्रा निमग्न रहता है ॥ १० ॥

गच्छेदगम्यान्न गुरूंश्च मन्येत्खादेदभक्ष्याणि च नष्टसंज्ञः ।
ब्रूयाच्च गुह्यानि हृदि स्थितानि मदे तृतीये पुरुषोऽस्वतन्त्रः ॥११॥

मद की तृतीयावस्था में रोगी परतन्त्र तथा पागल सा हो जाता है, अगम्यगामी हो जाता है (पागलपन की अवस्था में विवेक नहीं रहता अतः आहार-विहार का नियन्त्रण समाप्त हो जाता है और शूद्रादि के साथ सम्पर्क-भोजन आदि करता है), गुरुओं की निन्दा करता है तथा अभक्ष्य पदार्थों को भक्षण करता है। इस प्रकार उसकी चेतना नष्ट हो जाती है और मदसे परवश होकर मन के गोपनीय बातों को भी व्यक्त करता है ॥ ११ ॥

चतुर्थे तु मदे मूढो भिन्नदार्विव निष्क्रियः ।
कार्याकार्यविभागज्ञो मृतादप्यपरो मृतः ॥ १२ ॥

मद की चौथी अवस्था में रोगी मूर्च्छित होकर टूटे काठ के तरह भूमिपर गिर पड़ता है और निष्क्रिय कर्तव्य या अकर्तव्य का भी ज्ञान नहीं रहता एवं मुर्दे के समान हो जाता है ॥ १२ ॥

को मदं तादृशं गच्छेन्दुमादमिव चापरम् ।
बहुदोषमिवामूढः कान्तारं स्वयशः कृती ॥ १३ ॥

कौन बुद्धिमान एवं कुशल व्यक्ति पागल बना देनेवाले इस भयंकर कष्टप्रद मद्य को पान करने की इच्छा कर सकता है। ऐसा कौन व्यक्ति होगा जो सिंह आदि से व्याप्त वन में व्यर्थ ही जाने का प्रयास करेगा क्योंकि बुद्धिमान् व्यक्ति बहुत दोषों से युक्त पदार्थों को नहीं ग्रहण करता है ॥ १३ ॥

विमर्श—प्रथमावस्था में अल्प मद्यपान करने से ही उपरोक्त गुण उप-

शयिक रस के स्राव पर पड़ता है। इसी प्रकार शोक से व्याकुल व्यक्ति के भोजन का अच्छी तरह परिपाक नहीं होता। अधिक मद्यपान भी आमाशयिक रस के स्राव को अवरुद्ध करता है, और क्रोध एवं मद्य दोनों मिलकर पाचक रस का स्राव पूर्णतया बन्द कर देते हैं। पाचक रस-स्राव बन्द होने से पाचन-क्रिया समाप्त हो जाती है। इसीलिये भोजन के बाद भी क्रुद्धावस्था में मद्यपान का निषेध है।

भय तथा शोक के कारण वात की वृद्धि होती है। इस समय में मद्य पीने से रूक्षादि गुण अधिक बढ़कर उन्माद आदि रोगों को उत्पन्न करते हैं। क्योंकि जिस भावना से मनुष्य मद्यपान करता है। उसी भाव की वृद्धि होती है अतः शोक-संतप्त व्यक्ति भी निश्चिन्त एवं प्रसन्न होकर मद्यपान करे तो शोक की निवृत्ति अवश्य हो सकती है।

मद्य तीक्ष्ण होने के कारण पित्त की वृद्धि कर पिपासा को अत्यधिक बढ़ाता है। खाली पेट मद्यपान करने से जाठराग्नि का नाश हो जाता है। आमाशय की श्लेष्मलकला में स्थाई विकार उत्पन्न हो जाने से बराबर के लिये भूख लगना बन्द हो जाता है। अधिक मद्यपान से आमाशयिक रस के स्राव की कमी के कारण अजीर्ण की वृद्धि होती है। धातुक्षीण एवं ओजक्षयी को मद्य देने से हानि होती है क्योंकि मद्य की उष्णता को सहन करने में ये दोनों असमर्थ होते हैं। उष्णता से संतप्त व्यक्ति यदि मद्यपान करे तो उसे मूर्च्छा या संन्यास आदि रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

वातजादिभेदेन मदात्ययलक्षणानि—

हिक्काश्वासशिरःकम्पपार्श्वशूलप्रजागरैः ।
विद्याद् बहुप्रलापस्य वातप्रायं मदात्ययम् ॥ १८ ॥

वातादि भेद से मदात्यय के लक्षण—वातजन्यमदात्यय में हिचकी, श्वास-रोग, सिर में कम्पन, पसलियों में शूल, निद्रानाश तथा प्रलाप आदि लक्षण प्रायः होते हैं ॥ १८ ॥

तृष्णादाहज्वरस्वेदमोहापस्मारविभ्रमैः ।
विद्याद्धरितवर्णस्य पित्तप्रायं मदात्ययम् ॥ १९ ॥

पैत्तिक मदात्यय में प्यास, दाहज्वर, स्वेद की प्रवृत्ति, मूर्च्छा, अतिसार, विभ्रम (चक्कर) तथा शरीर के हरे एवं पीले वर्ण का होना ये लक्षण प्रायः होते हैं ॥ १९ ॥

छर्यरोचकहृल्लासतन्द्रास्तैमित्यगौरवैः ।
विद्याच्छीतपरीतस्य कफप्रायं मदात्ययम् ॥ २० ॥

कफज मदात्यय में वमन, अरुचि, मिचली, तन्द्रा, गौरव, गीले वस्त्र से

आवृत होना तथा शीत अधिक लगना आदि इन लक्षणों की अनुभूति प्रायः होती है ॥ २० ॥

ज्ञेयस्त्रिदोषजश्चापि सर्वलिङ्गैर्मदात्ययः।
द्विदोषसंभवैर्लिङ्गैर्विज्ञेयस्तु द्विदोषजः ॥ २१ ॥

जिस मदात्यय में वातज, पित्तज तथा कफज—इन सभी दोषों के लक्षणों की सत्ता होती है उसे त्रिदोषज मदात्यय कहते हैं।

जिनमें दो दोषों के लक्षणों की सत्ता होती है उन्हें द्वि-दोषज मदात्यय कहते हैं ॥ २१ ॥

विमर्श—विष त्रिदोषज होता है वैसे ही मद्य भी त्रिदोषज ही होता है।

"ये विषस्य गुणाः प्रोक्ताः सन्निपात-प्रकोपणाः।
त एव मद्ये विज्ञेया विषे तु बलवत्तराः ॥
सर्वं मदात्ययं विद्यात् त्रिदोषजम्।" (च० अ० २४)

इस चरक के अनुसार मदात्यय भी त्रिदोषज होता है किन्तु दोषों की उल्वणता के अनुसार वातज आदि संज्ञायें दी गई हैं।

परमदलक्षणम्—

श्लेष्मोच्छ्रयोऽङ्गगुरुता विरसास्यता च
विण्मूत्रसक्तिरथ तन्द्ररोचकश्च।
लिङ्गं परस्य तु मदस्य वदन्ति तज्ज्ञा-
स्तृष्णा रुजः शिरसि सन्धिषु चापि भेदः ॥ २२ ॥

परमद का लक्षण—जिस मदात्यय रोग में श्लेष्मा की अधिकता, शरीर में भारीपन, मुख के स्वाद में फीकापन, मल तथा मूत्र का अवरोध, तन्द्रा, अरुचि, प्यास, सिर दर्द तथा शरीर के जोड़ों में पीड़ा का अनुभव हो उसको परमद मदात्यय कहते हैं ॥ २२ ॥

पानाजीर्णलक्षणम्—

आध्मानमुग्रमथवोद्गिरणं विदाहः
पानेऽजरां समुपगच्छति लक्षणानि।

पानाजीर्ण का लक्षण—पानाजीर्ण में या मद्य के पाचन न होने से तीव्र आफरा (पेट फूलना), वमन तथा शरीर में जलन होती है।

पानविभ्रमलक्षणम्—

हृद्गात्रतोदकफसंस्रवकण्ठधूमा
मूर्च्छावमिज्वरशिरोरुजनप्रदाहाः ॥ २३ ॥
द्वेषः सुरान्नविकृतेष्वपि तेषु तेषु
तं पानविभ्रममुशन्त्यखिलेन धीराः।

पानविभ्रम का लक्षण—पानविभ्रम नामक अवस्था में हृदय तथा शरीर में सुई की चुभोने जैसी पीड़ा होती है, नासिका तथा मुख से कफ का स्राव तथा कण्ठ से धुँआ-सा निकलता है। मूर्च्छा, वमन ज्वर तथाग्नि में दग्ध होता है। शरीर में दाह एवं अनेक प्रकार की सुरा तथा भोजनों में अरुचि रहती है। इन लक्षणों से युक्त मद्यात्यय को विद्वान लोग पानविभ्रम कहते हैं।

पानहतस्यासाध्यलक्षणम्—

हीनोत्तरौष्ठमतिशीतमतन्दुदाहं
तैलप्रभास्यमपि पानहतं त्यजेत्तु ॥ २४ ॥
जिह्वौष्ठदन्तमसितं त्वथवापि नीलं
पीते च यस्य नयने रुधिरप्रभे वा।

पानहत का असाध्य लक्षण—जिस मद्यात्यय के रोगी का ऊपर का ओष्ठ नीचे लटक गया हो, शरीर में बाहर अतिशीत तथा अन्दर अतिदाह प्रतीत होता हो, जिसके मुख पर तैल के समान स्निग्ध प्रभा मालूम पड़ती हो ऐसे मद्यात्ययी को असाध्य समझना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिह्वा, दांत तथा ओष्ठ काले अथवा नीले पड़ गये हों जिसकी आंखें पीली या रक्त के समान अत्यधिक लाल हों उसको असाध्य ही समझना चाहिए।

विमर्श—हीनोत्तरौष्ठम्—अविधिपूर्वक या अधिक मद्यपानजन्य वातनाड़ी संस्थान के दौर्बल्य से ओष्ठ को बनानेवाली पेशियां शिथिल हो जाती हैं जिसमें ऊपर का ओष्ठ नीचे लटक जाता है।

जिह्वौष्ठदन्तमसितम्—अत्यधिक एवं अधिक समय तक मद्यपान करने से जिह्वा, ओष्ठ तथा दांतों की सिराओं का स्थायी तौर से विस्फार हो जाता है जिससे उसका रंग काला या नीला दिखाई देता है।

पानहतोपद्रवाः—

हिक्काज्वरौ वमथुवेपथुपार्श्वशूलाः
कासभ्रमावपि च पानहतं भजन्ते ॥ २५ ॥

इति मदात्ययादिनिदानम्।

पानहत के उपद्रव—हिचकी, ज्वर, कम्प, वमन, पार्श्वशूल, खांसी तथा चक्कर ये मद्यात्यय के उपद्रव हैं ॥ २५ ॥

मदात्यय-निदान समाप्त।

अथातो मदात्ययादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

पानात्यये मद्ययोगः—

येन मद्येन सञ्जातो नृणां पानात्ययो भवेत् ।
तदेवार्धोदकं पीतं पानात्ययमपोहति ॥ २६ ॥

मदात्यय के निदान के बाद इसकी चिकित्सा का निरूपण करते हैं ।

पानात्यय में मद्य योग—मनुष्यों को जिस मद्य से पानात्यय रोग उत्पन्न होता है, वही मद्य के बराबर पानी मिलाकर पीने से मदात्यय रोग को दूर करता है ॥ २६ ॥

मद्यविकारे खर्जूरादिमन्थः—

मन्थः खर्जूरमृद्वीकावृक्षाम्लाम्लीकदाडिमैः ।
परूषकैः सामलकैर्युक्तो मद्यविकारनुत् ॥ २७ ॥

मद्यविकार में खर्जूरादि मन्थ—खजूर, मुनक्का, अम्लवृक्ष, इमली, अनार, फालसा तथा आंवला (समभाग) इन द्रव्यों का मन्थ, (उपरोक्त द्रव्यों को पानी में पकाकर मथनी से मथ कर तैयार किया हुआ द्रवविशेष) सेवन करने से मद्य के विकार को दूर करता है ॥ २७ ॥

मदात्यये तर्पणादिकल्पना—

सतीनमुद्गमिश्रान् वा दाडिमामलकान्वितान् ।
द्राक्षामलक-खर्जूर-परूषकरसेन वा ॥ २८ ॥
कल्पयेत्तर्पणान् यूषान् रसांश्च विविधात्मकान् ।

मदात्यय में तर्पण आदि की कल्पना—मदात्यय में तर्पण के लिये सतीन (काबुली मटर) तथा मूंग की दाल मिलाकर, या अनार एवं आंवला मिलाकर या मुनक्का, आंवला, खजूर एवं परूषक (फालसा) इन द्रव्यों के रस के साथ अनेक प्रकार के तर्पण करने वाले रस एवं यूषों की कल्पना करे अर्थात् रस एवं यूषों को बनाकर सेवन कराये । इससे मदात्ययजन्य उपद्रवों में लाभ होता है ।

मूर्च्छायां घृतयोगाः—

पथ्याक्वाथेन संसिद्धं घृतं धात्रीरसेन वा ॥ २९ ॥
सर्पिः कल्याणकं वाऽपि मदमूर्च्छापहं पिबेत् ।

मूर्च्छा में घृत योग—हर्रे के क्वाथ से सिद्ध या आंवला के रस के साथ पकाया हुआ घृत या कल्याणक नामक घृत (प्रयोग खण्ड घृताधिकार पृ० ५७) को पान करे । ये घृत मद्य तथा मूर्च्छा रोग को नाश करते हैं ।

पूगीफलमदप्रतिकारः—

समूर्च्छोच्छर्दवतीसारं मदं पूगफलोद्भवम् ॥ ३० ॥
सद्यः प्रशमयेत्पीतमातृप्तेर्वारि शीतलम् ।

पूगीफल के मद का प्रतिकार—मूर्च्छा, वमन तथा अतिसार से युक्त पूगीफल (सुपारी) से उत्पन्न मद, जब तक तृप्ति न हो जाय तब तक शीतल जल पान करने से शीघ्र ही शान्त हो जाता है ।

गव्यकरीषघ्राणाज्जलपानाल्लवणभक्षणाद्वाऽपि ।
शाम्यति पूगीफलमदश्चूर्णरजःशर्कराकवलात् ॥ ३१ ॥

गाय के गोहटा (उपला) को सूघने से, जल पीने से या सेन्धा नमक खाने से अथवा कवाबचीनी का चूर्ण तथा शक्कर मिलाकर पानी में घोल कर कवल (कुल्ला) धारण करने से पूगीफलजन्य मद शान्त हो जाता है ॥ ३१ ॥

शान्ति भ्रमो व्रजति पूगफलोपयोग-
जातो जलेन चुलुकैरुपयोजितेन ।
शुष्केण नायनसमाहृतगोमयेन
घ्रातेन तस्य सहसैव भवेत् प्रणाशः ॥ ३२ ॥

पूगीफल के सेवन करने से उत्पन्न भ्रम, (मूर्च्छा) चुल्लू के द्वारा जल उपयोग (पीने या सिर एवं नेत्र आदि का प्रक्षालन करने) से शान्त हो जाता है । नस्यकर्मों के लिये लाये हुए शुष्क गोबर का चूर्ण सूंघने से पूगीफल सेवन से उत्पन्न भ्रम का शीघ्र ही नाश हो जाता है ॥ ३२ ॥

कोद्रवधत्तूरमदप्रतीकारः—

गुडेन कूष्माण्डफलाम्बु पीत स्यात्कोद्रवोत्थभ्रमनाशहेतुः ।
मोहेऽथ धत्तूरकखादनोत्थे सशर्करं क्षीरमुशन्ति वैद्याः ॥ ३३ ॥

कोदो तथा धत्तूर के सेवन करने से उत्पन्न मद का प्रतिकार—कूष्माण्ड फल (सफेद कोहड़ा) का जल, गुड़ के साथ मिलाकर पान करने से कोद्रव (मतवना कोदो) के भात को सेवन करने से उत्पन्न भ्रम (मूर्च्छा) को नाश करता है और धत्तूर (धतूर) खाने से उत्पन्न मोह (बेहोशी) में वैद्यगण, शक्कर मिलाकर दूध पीने को कहते हैं ॥ ३३ ॥

वातपानात्ययचिकित्सा—

मद्यं सौवर्चलव्योषयुक्तं किंचिज्जलान्वितम् ।
जीर्णमद्यस्य दातव्यं वातपानात्ययापहम् ॥ ३४ ॥

वातजन्य (वातोद्रेक) पानात्यय की चिकित्सा—सौवर्चल नमक, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) इन द्रव्यों का चूर्ण तथा थोड़ा जल मिलाकर वातजन्य मदात्यय को नाश करने वाले पुराने मद्य को लेकर देना चाहिए । अर्थात् पान करना चाहिए ॥ ३४ ॥

पित्तपानात्ययचिकित्सा—

मुद्गयूपः सितायुक्तः स्वादुर्वा पिशितो रसः।
पित्तपानात्यये योज्यः, सर्वतश्च हिमाः क्रियाः॥ ३५॥

पित्तजन्य (पित्तोल्वण) मदात्यय की चिकित्सा—पित्तोल्वण पानात्यय रोग में मिश्री के साथ मूंग का यूप (जो मूंग का दाल अट्ठारह गुना जल में पकाकर तैयार किया जाय उसे मूंग का यूप कहते हैं) या मीठा मांस का रस प्रयोग में लाना चाहिए। अर्थात् सेवन करना चाहिए। और पैत्तिक रोग-शामक सभी शीतल क्रियाओं को करना चाहिए॥ ३५॥

त्रिफलात्वङ्मधूकानि पद्मकं पद्मकेसरम्।
नीलोत्पलं मृणालानि नलदं चन्दनं बला॥ ३६॥
सिद्धं कषायं शीतं तु शर्करा मधुसंयुता।
किंचिन्मद्येन संयुक्तं पित्तपानात्यये पिबेत्॥ ३७॥

त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), दालचीनी, महुआ का फूल, पद्मकाठ, कमल का पराग, नील कमल का फूल, कमल का तन्तु, नलद (जटामांसी), सफेद चन्दन तथा बरियार—इन द्रव्यों को कूट कर चौगुने जल में पकाने से अवशिष्ट चतुर्थांश शीतल कषाय, शक्कर, मधु तथा थोड़ा मद्य मिलाकर पित्तोल्वण पानात्यय रोग में पान करे॥ ३६-३७॥

दुःस्पर्शकेन मुस्तेन मुस्तपर्पटकेन वा।
जलं मुस्तैः श्रृतं वाऽथ दद्याद्दोषविपाचनम्॥ ३८॥

पित्तोल्वण मदात्यय में यवासा तथा मोथा का पकाया जल या मोथा एवं पित्तपापड़ा का पकाया जल या केवल मोथा का पकाया जल दोषों को पचाने के लिये पान करे॥ ३८॥

कफपानात्ययचिकित्सा—

पानरोगे कफोद्भूते यथास्वं च विभावयेत्।
दीपनीयौषधोपेतं पिबेन्मद्यं समाहितः॥ ३९॥

कफोल्वण पानात्यय की चिकित्सा—कफजन्य पानात्यय रोग में कफ-नाशक पदार्थों का प्रयोग कर और दीपन-पाचन औषधों को तथा कफ रोग में हितकर पदार्थों को मिलाकर मद्यपान करे॥ ३९॥

सर्वजपानात्ययचिकित्सा—

सर्वजे सर्वमेवेदं प्रयोक्तव्यं चिकित्सितम्।

सन्निपातज पानात्यय चिकित्सा—सन्निपातज पानात्यय रोग में पूर्वोक्त वातज, पित्तज तथा कफज की चिकित्सा के अनुसार उन सभी चिकित्साओं

को करे। अर्थात् दोषों की उल्बणता को देखकर उनके शामक उपचारों को प्रयोग में लावे।

मदात्यये क्षीरयोगः—

आभिः क्रियाभिः सिद्धाभिः शान्तिं याति मदात्ययः ॥ ४० ॥
न चेन्मद्यक्रमं मुक्त्वा क्षीरमस्य प्रयोजयेत्।
लङ्घनाद्यैः कफे क्षीणे जाते दौर्बल्यलाघवे ॥ ४१ ॥
ओजस्तुल्यगुणं क्षीरं विपरीतं च मद्यतः।
क्षीरप्रयोगं मद्यं च क्रमेणाल्पाल्पमाचरेत् ॥ ४२ ॥

मदात्यय में क्षीर योग—इन उपरोक्त सिद्ध क्रियाओं से मदात्यय रोग न शान्त हो तो इन क्रियाओं को छोड़कर मद्य-क्रम क्षीर का प्रयोग करे। लंघन, वमन, विरेचनादि से कफ के ह्रास हो जाने पर तथा दुर्बल एवं अत्यन्त हल्का हो जाने पर ओज के समान गुण वाला दूध तथा ओज के विपरीत गुण वाला मद्य क्रम से एक के बाद दूसरा क्षीर प्रयोग तथा मद्य प्रयोग को थोड़ा-थोड़ा करे। अर्थात् थोड़ा दूध पीने के बाद कुछ समय बीतने पर मद्य का भी पान करे और इस क्रम को चलने दे। इससे मदात्यय रोग शान्त हो जाता है ॥ ४०–४२ ॥

मदात्यये पुनर्नवादिघृतम्—

पयःपुनर्नवाक्काथयष्टीकल्कप्रसाधितम् ।
घृतं पुष्टिकरं पानान्मद्यपानाद्धृतौजसाम् ॥ ४३ ॥

मदात्यय रोग में पुनर्नवादि घृत—दूध, पुनर्नवा का क्वाथ तथा मुलेठी के सिद्ध घृत, पान करने से, मद्यपानजन्य नष्ट पराक्रम क्रम वाले व्यक्तियों को पुष्टि करने वाला है। अर्थात् बलवर्द्धक है। (घृत के चौगुना क्वाथ, समभाग दूध तथा चतुर्थांश कल्क मिलाकर घृत सिद्ध करना चाहिए) ॥ ४३ ॥

कफमदात्यये ऽष्टाङ्गलवणम्—

सौवर्चलमजाजी च वृक्षाम्लं साम्लवेतसम्।
त्वगेलामरिचार्धांशं शर्कराभागयोजितम् ॥ ४४ ॥
एतल्लवणमष्टाङ्गमग्निसंदीपनं परम्।
मदात्यये कफप्राये दद्यात् स्रोतोविशोधनम् ॥ ४५ ॥

कफजन्य मदात्यय में अष्टांगलवण—सौवर्चल नमक, जीरा, अम्लवृक्ष (कोकम-वृक्ष), अम्लवेत, दालचीनी, बड़ी इलायची तथा मरिच आधा-आधा भाग, शक्कर एक भाग इन द्रव्यों को लेकर सूक्ष्म चूर्ण बनावे। यह अष्टांग लवण अच्छी तरह अग्नि को प्रदीप्त करने वाला है। प्रायः कफजन्य मदात्यय में स्रोतों को

(रस वाहिनियों को) शुद्ध करने के लिये इस लवण का प्रयोग करना चाहिए ॥ ४४–४५ ॥

मदात्यये चव्याद्यं चूर्णम्—

चव्यं सौवर्चलं हिङ्गु पूरकं विश्वदीप्यकम् ।
चूर्णं मद्येन दातव्यं पानात्ययरुजापहम् ॥ ४६ ॥

मदात्यय में चव्याद्य चूर्ण—चव्य, सौवर्चल नमक, शु० हिङ्गु, पूरक (बिजौरा निम्बू का केसर), सोंठ तथा अजवायन इन द्रव्यों के चूर्ण को पानात्यय से उत्पन्न उपद्रवों को नाश करने के लिये मद्य के साथ देना चाहिए ॥ ४६ ॥

वातमदात्यये मद्ययोगः—

सौवर्चलव्योपयुक्तं मद्यं माक्षिकसंयुतम् ।
चुक्रदाडिमसंमिश्रं वातपानात्यये हितम् ॥ ४७ ॥

वातजन्य मदात्यय में मद्य योग—वातजन्य मदात्यय रोग में सौवर्चल नमक, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर मधुचुक्र (इमली) एवं अनार के रस के साथ मिश्रित कर पान करना हितकर है ॥ ४७ ॥

वातमदात्यये तर्पणयोगः—

तोयं मद्यं च शुक्तं च दधि मस्त्वम्लकाञ्जिकम् ।
समाक्षिकस्तर्पणोऽयं वातपानात्यये हितः ॥ ४८ ॥

वातोल्वण मदात्यय में तर्पण योग—जल, मद्य, शुक्त, दधि-मस्तु (दही का तोड़) तथा अम्ल काञ्जिक, मधु के साथ ये तर्पण पदार्थ वातजन्य मदात्यय में हितकर हैं ॥ ४८ ॥

कफमदात्ययचिकित्सा—

उल्लेखनोपवासाभ्यां जयेत्कफमदात्ययम् ।
तृष्यते सलिलं चास्मै दद्याद्ध्रीवेरसाधितम् ४९ ॥

कफजन्य मदात्यय रोग की चिकित्सा—उल्लेखन तथा उपवास के द्वारा कफ मदात्यय को जीत ले और प्यास से पीड़ित मदात्यय रोगी के लिये हाऊबेर से सिद्ध (क्वथित) जल को पान कराये ॥ ४९ ॥

मदात्यये कर्कन्ध्वादिपानकम्—

कर्कन्धुबदराणां च प्रस्थं कुर्यात् सुकुट्टितम् ।
द्विप्रस्थे गालयेत्तोये सप्तकृत्वः पुनः पुनः ॥ ५० ॥
अथैनं मृन्मये भाण्डे सुगुप्तं विनिधारयेत् ।
द्वे च दद्याद् गुडपले शर्करायाः पलं तथा ॥ ५१ ॥

सूक्ष्मं च मरिचात्कर्षं चतुर्थं केसरस्य च ।
त्वक्पत्रधरणे द्वे च सूक्ष्मैला कर्षमेव च ॥ ५२ ॥
मृणालार्धकर्षं च सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ।
जातीवाससमायुक्तं पानकं पानविभ्रमम् ॥ ५३ ॥
नाशयत्याशु पानेन छिन्नाभ्राणीव मारुतः ।
एतच्छर्दिं तृषां दाहमतीसारं प्रवाहिकाम् ॥ ५४ ॥
अरुचिं मूत्रकृच्छ्रं च हन्यात्पानात्ययं नृणाम् ।
अहानि सप्त चाष्टौ च नृणां पानात्ययः स्मृतः ।
पानं हि भजतेऽजीर्णमत ऊर्ध्वं विमार्गगम् ॥ ५५ ॥

मदात्यय रोग में कर्कन्ध्वादि पानक—कर्कन्धू (बैर) तथा बदर (बन-बैर) इन द्रव्यों को एक प्रस्थ (सेर) लेकर तथा कूटकर दो प्रस्थ (सेर) जल में घोल कर छाने, इस प्रकार बारबार सात बार तक घोलकर छान ले। इसके बाद मिट्टी के बर्तन में रखकर गुप्त स्थान में रक्खे। गुड़ दो पल, शक्कर एक पल (एक छ०), मरिच का सूक्ष्म चूर्ण एक कर्ष (तो०), केसर एक कर्ष, दालचीनी तथा तेजपत्र दो धरण (आठ मासा), छोटी इलायची एक कर्ष (तो०), मृणाल (कमल का नाल) आधा कर्ष (आधा तो०)। इन द्रव्यों को सूक्ष्म चूर्ण बनावे और चमेली के पुष्प के सुगन्ध से सुवासित कर पूर्वोक्त पानक में मिला दे। यह पानक पान करने से शीघ्र ही पानविभ्रम (मद्यपानजन्य मूर्च्छा) को नाश करता है। यह पानक मनुष्यों के वमन, प्यास, दाह, अतिसार, प्रवाहिका, अरुचि, मूत्रकृच्छ्र तथा पानात्यय को नाश करता है। मनुष्यों का मदपानजन्य रोग पन्द्रह दिन तक पानात्यय कहा जाता है। इसके के ऊपर मदजन्य रोग पान-विमार्गगामी होते हुए अजीर्ण को प्राप्त करता है ॥ ५०–५५ ॥

सुरासेवनविधिः—

जलप्लुतश्चन्दनभूषिताङ्गः स्रग्वी सभक्तां पिशितोपदंशाम् ।
पिबेत्सुरां नैव लभेत रोगान् मनोमतिघ्न च मदं न याति ॥ ५६ ॥

सुरा-सेवन-विधि—जल में स्नानकर, मलयागिर चन्दन से अपने शरीर विभूषित कर तथा सुगन्धित चमेली आदि का माला धारण कर जो व्यक्ति मांस से युक्त भात के साथ सुरा का पान करता है वह रोगी नहीं होता और उस सुरा का मद मन तथा बुद्धि को नाश करने वाला नहीं होता है ॥ ५६ ॥

लीढ्वा घृतं शर्करया समेतं निषेवते यो मदिरां प्रकामम् ।
उद्दामदर्पोऽपि न तस्य सा स्यान्मदस्य हेतुः परिपीयमाना ॥ ५७ ॥

यो व्यक्ति शक्कर के सहित घृत को चाटकर अपनी इच्छा के अनुसार

मदिरा का सेवन करता है उसके उद्दाम दर्प (अत्यन्त उन्मादक) भी पी हुई वह मदिरा मद का कारण नहीं होती है । अर्थात् इस विधि से पान करने से मद्य रोगोत्पादक एवं मदोत्पादक नहीं होता है ॥ ५७ ॥

पूगमदप्रतीकारः—

पूगान्मदं प्रशमयत्यचिरेण जन्तु-
राघ्राय शङ्खरजसः प्रबलं हि गन्धम् ।
पानेन वा शिशिरपुष्करिणीजलस्य
संसेवितैरुपहिमैर्व्यजनानिलैर्वा ॥ ५८ ॥

मनुष्य शङ्ख के चूर्ण के उग्र गन्ध को सूंघकर (नस्य लेकर) सुपारी के मद को शीघ्र ही शान्त करता है । या शीतल पुष्करिणी नदी के जलपान करने से या शीतल पंखे की हवा का सेवन करने से सुपारी से उत्पन्न मद शान्त हो जाता है ॥ ५८ ॥

कोद्रवधत्तूरमदप्रतीकारः—

कुष्माण्डरसः सगुडः शमयति मदमाशु कोद्रवजम् ।
धत्तूरजं च दुग्धं सशर्करं पानयोगेन ॥ ५९ ॥

इति वैद्यवरश्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
मदात्ययाधिकारः सप्तदशः ॥ १७ ॥

कोद्रव तथा धत्तूर के मद का प्रतिकार—मतवना कोदो के खाने से उत्पन्न मद को गुड़ के साथ कुष्माण्ड (सफेद कोहडा) का रस पीने से शीघ्र ही शान्त करता है । धत्तूर बीज सेवन करने से उत्पन्न मद, शक्कर के साथ दूधपान करने से शान्त होता है ॥ ५९ ॥

श्रीवैद्यप्रवर श्रीसोढल विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा
खण्ड में सतरहवां मदात्ययाधिकार समाप्त ।

अथ दाहाधिकारोऽष्टादशः ।

अथातो दाहनिदानं व्याख्यास्यामः ।

दाहसंप्राप्तिः—

तीक्ष्णमुष्णं पिबन्मद्यं दाहं प्राप्नोति मानवः ।
दाहः सप्तविधो ज्ञेयो वैद्यशास्त्रे प्रकाशितः ॥ १ ॥
त्वचं प्राप्तः स पानोष्मा पित्तरक्ताभिमूर्च्छितः ।
दाहं प्रकुरुते घोरं पित्तवत्तत्र भेषजम् ॥ २ ॥

मदात्यय निरूपण के बाद दाह का निदान कहते हैं ।

दाह की सम्प्राप्ति—मनुष्य, तीक्ष्ण तथा उष्ण मद्य को पान करने से दाह को प्राप्त करता है । यह दाह वैद्यकशास्त्र में सात प्रकार का बताया गया है । वह मद्यपानजन्य ऊष्मा त्वचा में स्थित होकर तथा पित्त एवं रक्त से मिलकर घोर (तीव्र) दाह को उत्पन्न करता है । इसकी चिकित्सा पित्तज रोग के समान करनी चाहिए ॥ १–२ ॥

विमर्श—बाहर के अग्नि एवं तैजस पदार्थों के संसर्ग के बिना ही शरीर के अन्तर्गत कारणों से उत्पन्न होनेवाले जलन की प्रतीति को ही दाह कहते हैं । यह दाह शरीरान्तर्गत पित्त का ही दूसरा गुण है । जब किसी कारणवश शरीरगत सोमगुण या कफ का ह्रास हो जाता है तब पित्त की वृद्धि होती है और पित्त बढ़ने से दाह की अनुभूति होती है । चरक में लिखा भी है—

"प्रकृतिस्थं यदा पित्तं मारुतः श्लेष्मणः क्षये ।
स्थानादादाय गात्रेषु यत्र यत्र विमर्पति ॥
तदा भेदश्च दाहश्च तत्र तत्रानवस्थितः ।
गात्रदेशे भवत्यस्य श्रमो दौर्बल्यमेव च ॥" (च० सू० १७)

अर्थात् श्लेष्मा के ह्रास होने से वात की वृद्धि पित्त के साथ स्वाभाविक रूप से होती है । यद्यपि दाह का जनक पित्त ही होता है तथापि उसकी अनुभूति वायु के द्वारा ही होती है । दाह की उत्पत्ति तथा अनुभूति वायु तथा पित्त दोनों ही के द्वारा होती है इस प्रकार दाह उभयात्मक है, तथापि निदान की दृष्टि से इसके भी वातिक तथा पैत्तिक दो भेद हो सकते हैं । जिस अवस्था में पित्त अपने कारणों से प्रकुपित होकर वायु की सहायता से दाह की उत्पत्ति करता है तब वह दाह पैत्तिक कहलाता है । इसके विपरीत यदि वायु अपने कारणों से ही प्रकुपित होकर पित्त को विकृत कर दाह उत्पन्न

करता है तो उसे वातिक दाह कहते हैं। आगे बताया जानेवाला मद्यज, पित्तज, रक्तज, तृष्णानिरोधज तथा रक्तपूर्ण को अजदाह पैत्तिकवर्ग में आता है। धातुक्षयज दाह, वातिक वर्ग में समझना चाहिए।

रक्तजादिभेदेन दाहलक्षणानि—

कृत्स्नदेहानुगं रक्तमुद्रिक्तं दहति ध्रुवम्।
स उच्यते तृष्यते च ताम्राभस्ताम्रलोचनः॥ ३॥
लोहगन्धाङ्गवदनो वह्निनेवावकीर्यते।

रक्तज आदि भेद से दाह आदि के लक्षण—प्रकुपित रक्त सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होकर दाह को उत्पन्न करता है। इससे शरीर में जलन होती है तथा प्यास तेज हो जाती है। रोगी का शरीर लालवर्ण का हो जाता है तथा आंखें भी लाल हो जाती हैं। और उसके शरीर एवं मुख से लोहे के समान गन्ध आती है तथा अग्नि से घिरा हुआ समझता है।

पित्तज्वरसमः पित्तात्स चाप्यस्य विधिः स्मृतः॥ ४॥

पित्तजन्य दाह में पित्तज्वर के समान लक्षण होते हैं और उसमें पित्तज्वर के तरह ही चिकित्सा करनी चाहिए॥ ४॥

तृष्णानिरोधादब्धातौ क्षीणे तेजः समुद्धतम्।
सबाह्याभ्यन्तरं देहं प्रदहेन्मन्दचेतसः॥ ५॥
संशुष्कगलतालोष्ठो जिह्वां निष्कृष्य वेपते।

तृष्णा के वेग को रोकने से जलीय धातु के ह्रास हो जाने से पित्त की वृद्धि हो जाती है। वह पित्त की गर्मी गले, तालु तथा ओष्ठों को सुखाकर शरीर के अन्दर तथा बाहर दाह को उत्पन्न करती है। इससे रोगी मूर्च्छित-सा हो जाता है। और वह जिह्वा बाहर निकाल कर कांपने लगता है।

असृजः पूर्णकोष्ठस्य दाहोऽन्यः स्यात्सुदुस्तरः॥ ६॥

आभ्यन्तरिक रक्तस्राव के कारण कोष्ठों के परिपूर्ण हो जाने से उत्पन्न होनेवाला दूसरा दाह अत्यन्त कष्टप्रद होता है। या रक्त से कोष्ठों के परिपूर्ण हो जाने से उत्पन्न दूसरा दाह अत्यन्त कष्टप्रद होता है॥ ६॥

धातुक्षयोत्थो यो दाहस्तेन मूर्च्छातृडर्दितः।
क्षामस्वरः क्रियाहीनः स सीदेद् भृशपीडितः॥ ७॥

रस-रक्त आदि धातुओं का क्षय होने के कारण जो दाह उत्पन्न होता है उसे धातुक्षयज दाह कहते हैं। इसमें मूर्च्छा, प्यास, क्षामस्वर (स्वर की शिथिलता) तथा रोगी को अकर्मण्यता हो जाती है उसको कष्ट होता है।

मर्माभिघातजोऽप्यस्ति सोऽसाध्यः सप्तमो मतः।
सर्व एव हि वर्ज्याः स्युः शीतगात्रस्य देहिनः॥ ८॥

हृदय, वस्ति तथा सिर आदि मर्मों के अभिघात से भी दाह होता है और वह असाध्य होता है। बाहर का शरीर शीतल हो तथा अन्दर दाह हो ऐसे सभी प्रकार के दाह असाध्य होते हैं ॥ ८ ॥

क्षतजोऽनशनश्चान्यः शोचतश्चाऽप्यनेकधा।
तेनान्तर्दह्यतेऽत्यर्थं तृष्णामूर्च्छाप्रलापवान् ॥ ९ ॥

क्षत तथा उपवास से एवं अनेक प्रकार का शोक करने से क्षतज दाह होता है। इसमें अन्दर दाह, अत्यधिक प्यास, मूर्च्छा तथा प्रलाप होता है।

सप्तैव दाहाः कथिता भिषग्भी रक्तेन पित्तेन च तृष्णिरोधात।
तथाऽसृजा पूरितकोष्ठकस्य धातुक्षयान्ममरुजः क्षताच्च।
सोपद्रवान् तान् प्रवदन्ति कष्टान्, शीतेषु देहेषु विवर्जनीयाः ॥१०॥

इति दाहनिदानम्।

वैद्य सात प्रकार के दाह को बताते हैं। रक्तज, पित्तज, तृष्णानिरोधज, रक्तपूर्णकोष्ठज, धातुक्षयज, मर्माभिघातज तथा क्षतज। उपद्रव युक्त इन सभी प्रकार के दाहों को कष्टप्रद बताते हैं। यदि आभ्यन्तर में दाह हो और शरीर बाहर ठंढा हो तो असाध्य समझकर त्याग देना चाहिए ॥ १० ॥

दाहनिदान समाप्त।

अथातो दाहचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

दाहे कतिपययोगाः—

शतधौतघृताभ्यक्तं दिहेद्वा यवसक्तुभिः।
कोलामलकसयुक्तैर्धान्याम्लैरपि बुद्धिमान् ॥ ११ ॥

दाह का निदाननिरूपण करने के बाद दाह की चिकित्सा कहते हैं।

दाह में कुछ योग—दाह से पीड़ित व्यक्ति को शतधौत घृत (घृत को सौ बार जल में धोकर तैयार किया हुआ शतधौत घृत कहलाता है) का लेप करे या जव के सत्तु से अथवा बेर एवं आंवला से युक्त धान्याम्ल से बुद्धिमान् व्यक्ति लेप करे ॥ ११ ॥

छादयेत्तस्य सर्वाङ्गमारनालार्द्रवाससा।
लामज्जेनाथ शुक्तेन चन्दनेनानुलेपयेत् ॥ १२ ॥

दाह पीड़ित रोगी के सम्पूर्ण शरीर को आरनाल के द्वारा आर्द्रवस्त्र से आच्छादित करें, तथा लामज्ज (लामज्जक गुलाब कांड़ा) शुक्त तथा चन्दन से अनुलेपन करें ॥ १२ ॥

चन्दनाम्बुकणास्यन्दितालवृन्तोपवीजितः ।
सुप्याद्दाहार्दितोऽम्भोजकदलीदलसंस्तरे ॥ १३ ॥

दाह से पीड़ित व्यक्ति चन्दन तथा जल, पीपर को लेप कर ताड़ के पंखे की हवा में कमल तथा केले के पत्ते पर शयन करे ॥ १३ ॥

परिषेकावगाहेषु व्यञ्जनानां च सेचने ।
शस्यते शिशिरं तोयं तृष्णादाहोपशान्तये ॥ १४ ॥

तृष्णा तथा दाह की शान्ति के लिये अभिषेक करने तथा स्नान करने में एवं पंखा आदि को सींचने में शीतल जल का प्रयोग प्रशस्त होता है ॥ १४ ॥

क्षीरैः क्षीरिकषायैश्च सुशीतैश्चन्दनान्वितैः ।
अन्तर्दाहं प्रशमयेत्तैश्चान्यैश्च सुशीतलैः ॥ १५ ॥

दूध से या अत्यन्त शीतल चन्दन से युक्त क्षीरवाले वृक्षों के कषाय से अन्तर्दाह को शान्त करें । अथवा अन्य अत्यधिक शीतल उपचारों से अन्तर्दाह को शान्त करे ॥ १५ ॥

दाहे कुशाद्यं तैलं घृतं च—

कुशादिशालिपर्णीभिर्जीवकाद्यैश्च साधितम् ।
तैलं घृतं वा दाहघ्नं वातपित्तविनाशनम् ॥ १६ ॥

दाह रोग में कुशाद्य तैल तथा घृत—कुश-कास आदि, शालपर्णी तथा जीवक, ऋषभक आदि द्रव्यों से सिद्ध किया घृत तथा तैल दाह एवं वातपित्त को नष्ट करता है ॥ १६ ॥

दाहे लेपयोगाः—

श्लक्ष्णशुष्कघनो लेपश्चन्दनस्यापि दाहकृत् ।
पित्तज्वरहरं यच्च दाहे तत्सर्वमिष्यते ॥ १७ ॥

दाह में लेप योग—चन्दन का भी चिकना, सूखा एवं गाढ़ा लेप दाह उत्पन्न करता है अर्थात् चन्दन का पतला तथा गीला लेप दाह को शान्त करता है । जो लेप योग पित्तज्वर को दूर करने वाले हैं वे सभी दाह रोग में प्रयोग किये जाते हैं ॥ १७ ॥

फलिनीरोध्रसेव्याम्बु हेमपत्रं कुटन्नटम् ।
कालीयकरसोपेतं दाहे शस्तं प्रलेपनम् ॥ १८ ॥

फलिनी (फूल प्रियंगु), लोध, खस, सुगन्धवाला, हेमपत्र (नागकेशर का फूल), कुटन्नट (केवटी मोथा) तथा कालीयक (पतंग) का रस, इन द्रव्यों का लेप दाह में प्रशस्त है ॥ १८ ॥

बदरीपल्लवोत्थश्च यश्चैवारिष्टकोद्भवः ।
फेनिलायाश्च यः फेनस्तैर्दाहे लेपनं हितम् ॥ १९ ॥

वेर के पल्लव का रस नीम का जल तथा फेनिला (रीठा करञ्ज) का फेन इन सबों के लेप को दाह में लेप करना हितकर होता है ॥ १९ ॥

दाहे अवगाहकल्पना—

ह्रीवेरचन्दनोशीरपद्मकक्षौद्रवारिणा ।
संपूर्णमवगाहेत द्रोणीं दाहार्दितो नरः ॥ २० ॥

इति श्रीवैद्यवरसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
दाहाधिकारोऽष्टादशः ॥ १८ ॥

दाह में अवगाह-कल्पना—दाह से पीड़ित व्यक्ति, हाऊबेर, चन्दन, खस, पद्मकाठ तथा मधु—इन द्रव्यों से मिश्रित शीतल जल से परिपूर्ण द्रोणी (टब) में अवगाहन करे ॥ २० ॥

श्री वैद्य सोढलविरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड
में अट्ठारहवां दाहाधिकार समाप्त ।

अथ वातरोगाधिकार एकोनविंशतितमः ।

अथातो वातव्याधिनिदानं व्याख्यास्यामः ।

वातरोगाणां निदानं संप्राप्तिश्च—

प्रसक्तानुप्रसक्त्याऽथ ज्वरादौ प्रतिपादिते ।
सर्वव्याधिनिदानत्वाद्वातव्याधिनिरूप्यते ॥ १ ॥

दाह के निरूपण के बाद वातव्याधि के निदान को कहते हैं ।

वातरोग का निदान तथा सम्प्राप्ति—प्रसक्त अनुप्रसक्ति से ज्वर आदि रोगों के प्रतिपादन करने के बाद सम्पूर्ण रोगों के कारणभूत, वातव्याधि का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

रूक्षशीताल्पलघ्वन्नव्यवायातिप्रजागरैः ।
विषमादुपचाराच्च दोषासृक्स्रवणादति ॥ २ ॥
लङ्घनप्लवनात्यध्वव्यायामार्तिविचेष्टितैः ।
धातूनां संक्षयाच्चिन्ताशोकरोगातिकर्षणात् ॥ ३ ॥
वेगसंधारणादामादभिघातादभोजनात् ।
मर्माघाताद् गजोष्ट्राश्वशीघ्रयानापतंसनात् ॥ ४ ॥
देहे स्रोतांसि रिक्तानि पूरयित्वाऽनिलो बली ।
करोति विविधान् व्याधीन् सर्वाङ्गैकाङ्गसंश्रयान् ॥ ५ ॥

रूक्ष, शीत, अल्प तथा लघुभोजन के निरंतर सेवन करते रहने से, अत्यधिक मैथुन तथा रात्रि में जागरण करने, असमय में पञ्चकर्म या देश और काल के विरुद्ध असात्म्य आहार-विहार करने से वमन, विरेचन तथा वस्ति आदि के द्वारा दोष या मल एवं रक्त के अत्यधिक स्राव होने से, अधिक उछलने-कूदने, तैरने, अत्यधिक पदयात्रा करने से और अधिक व्यायाम आदि विपरीत चेष्टाओं से, रस-रक्तादि धातुओं के क्षय होने से, चिन्ता, शोक, रोगजन्य दुर्बलता एवं मल-मूत्रादि के वेगों को धारण करने से, शरीर में आमरस की उपस्थिति, चोट लगना, उपवास करना, मर्मस्थान में किसी प्रकार बाधा उत्पन्न होने से, हाथी, ऊंट तथा घोड़ा आदि तेज सवारियों से गिर जाने के कारण वायु प्रकुपित होकर रिक्त (स्निग्धता, मृदुता एवं पिच्छिलता आदि गुणों से रहित) स्रोतों (हृदय-आमाशय आदि) को परिपूर्ण कर अनेक प्रकार के ऐकाङ्गिक (लोकल), व सर्वाङ्गिक (जनरल), वात रोगों को उत्पन्न करता है ॥ २–५ ॥

अव्यक्तं लक्षणं तेषां पूर्वरूपमिति स्मृतम्।
आत्मरूपं तु यद्व्यक्तमपायो लघुता पुनः॥ ६॥

वातविकारों के अव्यक्त (अस्पष्ट), लक्षण (किंचित् स्पष्ट), ही वातरोग के पूर्वरूप होते हैं। और जो व्यक्त (दोषादि भेद से सुस्पष्ट) लक्षण ही आत्मरूप (शास्त्र निर्दिष्ट भिन्न-भिन्न वातव्याधियों के सुस्पष्ट लक्षण ही उसके रूप) कहलाते है। एवं वातव्याधि के लक्षणों का अस्थिर न रहना और विकृत अवयवों की लघुता (हल्कापन) भी वातव्याधि के रूप होते हैं या लक्षणों की कमी होना ही रोगों के अभाव का निर्देशक है॥ ६॥

विमर्श—वातव्याधि का क्या अर्थ है यह विचारणीय विषय है। पूर्वपक्ष—'वात एव व्याधिः वातव्याधिः—वायु ही व्याधि है' ऐसा विग्रह किया जाय तो स्वस्थों में वातव्याधि की सत्ता स्वीकार करनी पड़ेगी क्योंकि वायु की उपस्थिति उनमें भी सदा रहती है। इसके अतिरिक्त यदि "वातेन जनितो व्याधिः" वायु से उत्पन्न व्याधि ही वातव्याधि है ऐसा विग्रह किया जाय तो ज्वर, अतिसार आदि रोगों में भी इसकी अतिव्याप्ति हो जायगी, क्योंकि वे वात से भी उत्पन्न होते हैं। समाधान—'अतः विकृतवातजनितोऽसाधारणव्याधिर्वातव्याधिः—विकृत वायु से उत्पन्न असाधारण व्याधि ही वातव्याधि है' ऐसा अर्थ किया जाय तो 'विकृत' शब्द को देने पर स्वस्थों में अतिव्याप्ति नहीं होती। इसी प्रकार 'असाधारण' शब्द देने से ज्वर आदि में भी अतिव्याप्ति नहीं होती क्योंकि वे केवल वात से ही नहीं उत्पन्न होते बल्कि वात के समान पित्त और कफ से भी उत्पन्न होते हैं।

चरक के अनुसार दो प्रकार की व्याधियां होती हैं सामान्यज तथा नानात्मज। जो व्याधियां वात आदि प्रत्येक दोष तथा समस्त दोषों से होती है उन्हें 'सामान्यज व्याधि' कहते हैं जैसे ज्वर, अतिसार, अर्श आदि। केवल एक ही दोष से उत्पन्न होनेवाली व्याधियां 'नानात्मज' कहलाती हैं। जैसे वायु से आक्षेपक, पङ्गुत्व, गृध्रसी आदि, पित्त से दाह, चोष, ओष, पाक आदि, कफ से तृप्ति, तन्द्रा, निद्रा आदि। ये रोग केवल एक ही दोष से उत्पन्न होते हैं। नानात्मक व्याधियों की गणना निम्न प्रकार से की गई हैं। "अशीतिर्वातविकाराः, चत्वारिंशत् पित्तविकाराः, विंशतिः कफविकाराः" इति, अर्थात् वातविकार अस्सी, पित्तविकार चालिस तथा कफविकार बीस प्रकार के होते हैं। "कफपित्तान्वितो वायुर्वायुरेव च केवलः। कुर्यामिदाक्षेपकमिति" अर्थात् वातपित्तयुक्त वायु या केवल वायु आक्षेपक रोग उत्पन्न करते हैं यह कहा गया है वह समन्वयमात्र है। वायु प्रधान है कफ, पित्त केवल अनुबन्धमात्र हैं। क्योंकि—

"पित्तं पङ्गु कफः पङ्गुः पङ्वो मलधातवः ।
वायुना यत्र नीयन्ते तत्र गच्छन्ति मेघवत् ॥" इत्यादि

वात की व्युत्पत्ति—वाति गच्छति गन्धयति वा इति वातः, वा-गति-गन्धनयोः, वा धातु से क्त प्रत्यय करने से वात शब्द की सिद्धि होती है। अर्थात् शरीर में स्थित जो कोई वस्तु (तत्व) संचालन करता है और सुख-दुःख आदि की सूचना देता है उसे वात कहते हैं। शरीर में संज्ञारूप तथा आज्ञारूप दो प्रकार की सूचनायें होती हैं। इन सूचनाओं के द्वारा ही शरीर के सम्पूर्ण व्यापार होते हैं। इनका सचालन करनेवाला वात ही है। सम्पूर्ण शरीर में संचरण करनेवाला वायु का प्रधान अधिष्ठान वातनाडी-संस्थान ही है। शरीर के सम्पूर्ण कोषा वातनाड़ियों से ओतप्रोत रहती हैं। कोषा की प्रत्येक अनुभव की सूचना नाड़ी-तन्तुओं के द्वारा ही मस्तिष्क को जाती है, और वहाँ से ही उचित कार्यवाही की सूचना भी आती है। ये दोनों कार्य अलग २ नाडी-तन्तुओं के द्वारा होते हैं। प्रथम कार्य करनेवाली नाड़ियों को सज्ञावाही सेन्सरी (Sensory) नाड़ी कहते हैं तथा दूसरा कार्य करनेवाले को आज्ञा-वाही मोटर (Motar) नाड़ी कहते हैं।

प्रधान दो वायु हैं। प्राण तथा अपान। उदान, समान एवं व्यान वायु उन्हीं दोनों के भेद हैं। प्रकर्षेण आनयति जीवयति इति प्राणः या प्रकर्षेण आनयति वा प्राणः। इसमें प्रापण का कार्य कराने के कारण संज्ञावाही नाड़ियों का ग्रहण करना चाहिए क्योंकि वे ही शरीर के सम्पूर्ण भागों की सूचनाओं को मस्तिष्क तक पहुँचाती हैं। इसी प्रकार अपनयति, दूरीकरोतीति अपानः, केन्द्र से दूर कराने के कारण इसे अपान कहते हैं। इससे आज्ञावाही नाड़ियों का ग्रहण किया जाता है। इस प्रकार केन्द्र को सूचना पहुँचानेवाली या किसी वस्तु को शरीर के अन्दर पहुँचाने में सहायता करनेवाली नाड़ियों को प्राणवायु का तथा शरीर के किसी चीज को बाहर निकलनेवाली नाड़ियों को अपान वायु का अधिष्ठान समझना चाहिए। यद्यपि इन वायुओं के सर्वव्यापी होने से ये दोनों कार्य निरंतर चलते रहते हैं तथापि हृदय के समीपस्थ भाग में श्वास, प्रश्वास, भोजन का ग्रहण आदि आदान के कार्य अधिक होते हैं अतः कार्याधिक्य के कारण हृदय को वायु का स्थान माना गया है। मल-निस्सारण का कार्य अधिक करने से अपानवायु का प्रधान स्थान गुदा माना गया है। उदान वायु ऊर्ध्वक्षेपण का कार्य करता है, अतः इसका अन्तर्भाव अपानवायु में कर लिया जाता है। समान वायु संज्ञावाही तथा आज्ञावाही नाड़ियों में सामञ्जस्य स्थापित करता है। अतः इसे समन्वयापादक भी कह सकते हैं। व्यान वायु सर्वव्यापी है। अतः इसे परिसरीय वातनाड़ी कह सकते हैं।

प्राणादिभेदेन पञ्चधा वायुः, प्राण, अपान, उदान, समान तथा व्यान भेद से वायु पांच प्रकार का होता है, यह विभाजन स्थानभेद तथा कार्यभेद के आधार पर किया गया है।

प्राणवायु—इसका मुख्य स्थान मूर्धा है। कुछ लोग इसका स्थान हृदय मानते हैं। यथार्थ में मूर्धा तथा हृदय या उरःस्थल दोनों ही प्राणवायु के अधिष्ठान हैं—

प्राणोऽत्र मूर्धगः। उरःकण्ठचरो बुद्धिहृदयेन्द्रियचित्तधृक्।
ष्ठीवनक्षवथूद्गार-निःश्वासान्नप्रवेशकृत्॥" वाग्भटः।

अर्थात् प्राणवायु का मुख्य स्थान मूर्धा या मस्तिष्क है किन्तु इसका संचरण हृदय तथा कण्ठ में भी होता है। थूकना, छींकना, डकार लेना, श्वास, प्रश्वास की गति तथा अन्न का आन्त्र में पहुँचाना प्राणवायु का कार्य है। बुद्धि, हृदय, इन्द्रिय एवं मन का यही नियामक है। इस वायु के प्रकृतिस्थ रहने पर ये हृदय आदि स्वाभाविक रहते हैं।

उदानवायु—इसका प्रधान स्थान उर है, नासिका, गला तथा नाभि में इसका संचरण होता है। उदानवायु के प्रदेश में दोनों फुफ्फुस, हृदय, गला तथा श्वास प्रणाली सम्मिलित हैं। शार्ङ्गधर ने फुफ्फुस को उदानवायु का आधार माना है। "उदानवायोराधारः फुफ्फुसः प्रोच्यते बुधैः" इति। बोलना, किसी वस्तु को ग्रहण करना, ओज, बल, वर्ण, स्मृति तथा श्वास, प्रश्वास की समुचित प्रवृत्ति का मूल स्थान उदानवायु ही है।

"उरःस्थानमुदानस्य, नासानाभिगलांश्चरन्।
वाक्प्रवृत्तिप्रयत्नौजोबलवर्णस्मृतिक्रियः॥"

समानवायु—आमाशय तथा क्षुद्रान्त्र के पाचक रसों का स्राव कराने वाला, भुक्तान्न का पाचन कर के किट्ट और प्रसाद रूप से विभाजन करने वाला वायु, समान वायु कहलाता है "समानोऽग्निसमीपस्थः कोष्ठे चरति सर्वतः। अन्नं गृह्णाति पचति विभेदयति नित्यशः॥"

व्यानवायु—व्यान वायु का मुख्य आश्रय हृदय है और सम्पूर्ण शरीर इसका संचरण स्थान है। यह अत्यन्त वेग वाला होता है। गमनात्मक सभी कार्य (उठाना, फेंकना, आँखें खोलना, बन्द करना, चलना, फैलाना तथा सिकोड़ना आदि) इसी के द्वारा होते हैं और भी हृदय का स्पन्दन, धमनी का प्रधमन तथा सम्पूर्ण शरीरावयव में रक्त का निरन्तर प्रवाह कराना भी व्यान वायु का ही कार्य है। "व्यानो हृदि स्थितः कृत्स्नदेहचारी महाजवः। गत्यपक्षेपणोत्क्षेपनिमेषोन्मेषणादिकाः'। प्रायः सर्वाः क्रियास्तस्मिन् प्रतिबद्धाः शरीरिणाम्॥"

अपानवायु—अपानोऽपानगः श्रोणिवस्तिमेढोरुगोचरः। शुक्रार्तवशकृन्मूत्र-गर्भनिष्क्रमणक्रियः ॥अर्थात्—अपान वायु का मुख्य स्थान गुदा है। इसके अतिरिक्त यह कटिप्रदेश, वस्ति, मूत्रेन्द्रिय तथा जांघों में संचरण करती है। शुक्र, रजोदर्शन, मूत्र, मल तथा गर्भ को बाहर निकाने का कार्य इसी से होता है।

वायु के द्वारा ही शरीर के सभी कार्य होते हैं। वायु नीरूप है। 'रूपरहित-स्पर्शवान् वायुः' तर्कसंग्रह। वायु का कोई रूप नहीं है, उसका ज्ञान केवल स्पर्श से होता है। अतः स्वरूपवान् नाडी वायु का स्वरूप नहीं है किन्तु तारों के द्वारा जैसे बिजली का संचरण होता है वैसे ही नाड़ियों के द्वारा अमूर्त-रूप वायु का संचरण होता है। अतः अधिष्ठानभूत होने से वायु का स्थान वातनाड़ी माना जाता है। इस प्रकार प्राकृत वायु शरीर को प्रत्येक प्रकार से संरक्षण करते हैं।

यही वायु विकृतावस्था को प्राप्त होने से अनेक प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक रोगों को उत्पन्न करता है। तथा गर्भ को भी विकृत बना देता है।

प्राणवायु के विकृत होने से हृदय तथा फुफ्फुस के रोग होते हैं। उदान वायु के विकृत होने से स्वरभेद तथा श्वास-प्रश्वास सम्बन्धी रोग होते हैं।

व्यान वायु का प्रधान स्थान सम्पूर्ण शरीर बताया गया है। यही रक्तसंचार अनैच्छिक मांसपेशियों की गति, हृत्स्पन्दन तथा धमनीधमन का कार्य-करता है। इसके विकृत होने से हृदय के रोग तथा सम्पूर्ण शरीरगत वात-विकृति के लक्षण मिलते हैं। यथार्थ में वायु ही शरीर की जीवनशक्ति है। इसके विकृत होने से या क्षीण होने से शरीर भी दुर्बल एवं क्षीण हो जाता है।

समान वायु का प्रधान केन्द्र पाचन संस्थान है। इसकी विकृति से पाचन क्रिया में विकृत एवं उससे उत्पन्न मलबन्ध, आनाह, शूल, ग्रहणी तथा अतिसार आदि रोगों की उत्पत्ति होती है।

अपान वायु का प्रधान स्थान गुदा एवं अधोभाग है। उसके विकृत होने पर मूत्राघात, अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, अर्श तथा गर्भ की असम्यक् प्रकृति सदृश विकृतियां उत्पन्न होती हैं।

इस इन पांचों वायुओं में प्राण तथा अपान प्रधान हैं। क्योंकि इनकी विकृतियां भयंकर होती हैं। शेष इन्हीं दोनों के सहायक हैं। इन दोनों को अच्छी तरह विचार करने वाला चिकित्सक चिकित्सा में सफलता प्राप्त कर सकता है।

अपाय का अर्थ अभाव होता है। कुछ लोग अपाय तथा लघुता को वात-व्याधि का स्वरूप मानते हैं उन लोगों के अनुसार अपाय का तात्पर्य बीच-बीच

में कुछ समय के लिये लक्षणों में कमी का आ जाना ही है। "गते वेगे भवेत्स्वास्थ्यं सर्वेष्वात्तपेकादिषु"। लघुता से मतलब है पीड़ित अवयव की लघुता या हल्कापन क्योंकि वायु के प्रकुपित होने से रूक्षता और धातु-शोषण होने से हल्कापन हो जाना स्वाभाविक है।

अन्य विद्वान् 'अपायो लघुता' का अर्थ करते हैं कि रोग के लक्षण में कमी होना ही वातरोगों के अभाव का सूचक है। क्योंकि वात विकृतियाँ प्रायः असाध्य होती हैं और शान्त होने पर भी कुछ स्थायी विकार रह जाता है। क्योंकि किसी का कथन है—"वातव्याधिरसाध्योऽयं दैवयोगात् प्रशाम्यति। अनुमानेन कुर्वन्ति भेषजं न प्रतिज्ञया" इत्यादि ॥ १–६ ॥

कुपितवातलक्षणम्—

संकोचः पर्वणां स्तम्भो भङ्गोऽस्थ्नां पर्वणामपि।
लोमहर्षः प्रलापश्च पाणिपृष्ठशिरोग्रहः ॥ ७ ॥
खाञ्ज्यपाङ्गुल्यकुब्जत्वं शोषोऽङ्गानामनिद्रता।
गर्भशुक्ररजोनाशः स्पन्दनं गात्रसुप्तता ॥ ८ ॥
शिरोनासाक्षिजत्रूणां ग्रीवायाश्चापि हुण्डनम्।
भेदस्तोदोऽतिराक्षेपो मोहश्चायास एव च ॥ ९ ॥

प्रकुपित वातव्याधि के लक्षण—वायु के प्रकुपित होने से अंगुलियों के पर्व तथा हाथ-पैर के जोड़ में सिकुड़न हो जाती है, तथा अकड़न हो जाती है। अस्थियाँ टूट जाती हैं तथा पर्वों (अंगुली के पोढ़ा) की सन्धियां अलग-अलग भी हो जाती हैं। रोंगटे खड़े हो जाते हैं। रोगी प्रलाप (असम्बद्ध प्रलाप) करता है। हाथ-पैर, पीठ तथा सिर जकड़ जाते है। मनुष्य लंगड़ा, लूला तथा कुबड़ा हो जाता है। शरीर के अवयव सूख जाते हैं या शोथयुक्त हो जाते हैं और निद्रानाश हो जाता है। गर्भ, शुक्र तथा रज का नाश हो जाता है। शारीरिक अवयवों में फड़कन तथा कभी-कभी सुप्ति (स्पर्शाभाव या संज्ञानाश) हो जाती है। सिर की त्वचाओं में स्फुटन होने लगता है और नासिका, नेत्र एवं गर्दन में भी टेढ़ापन हो जाता है। शरीर में भेदन के समान पीड़ा होती है। बारबार आक्षेप (सिकुड़न) तथा थकावट होती है ॥ ७–९ ॥

एवंविधानि रूपाणि करोति कुपितोऽनिलः।
हेतुस्थानविशेषाच्च भवेद्रोगविशेषकृत् ॥ १० ॥

इस प्रकार प्रकुपित वात पूर्वोक्त लक्षणों एवं उनके ही समान अनेक लक्षणों को उत्पन्न करता है और हेतु (कारण) तथा स्थान की विशेषता से अनेक विशिष्ट रोगों को भी उत्पन्न करता है ॥ १० ॥

विमर्श—हुडि धातु से हुण्डन की सिद्धि होती है। सिर का हुण्डन, सिर के त्वचा का फटना है और शंख प्रदेश तथा ललाट में पीड़ा होना। नासा-

हुण्डन—प्राण शक्ति का नाश, अक्षिहुण्डन—नेत्रों की कुटिलता, जत्रुहुण्डन—वक्ष में अवरोध (श्वास ग्रहण तथा बोलने, भाषण देने आदि में कष्ट होना) और ग्रीवाहुण्डन—ग्रीवा में जकड़न होना मानते हैं। जो-जो अंग वात रोग से प्रभावित होते हैं उन्हीं-उन्हीं नामों से उनकी भिन्न-भिन्न संज्ञा होती है। जैसे मन्यास्तम्भ, पक्षवध, हनुग्रह, कर्णशूल, पक्षाघात आदि ॥ ७–१० ॥

स्थानभेदेन कुपितवातलक्षणानि—

तत्र कोष्ठाश्रिते दुष्टे निग्रहो मूत्रवर्चसोः।
वर्ध्महृद्रोगगुल्माशः-पार्श्वशूलं च मारुते ॥ ११ ॥
सर्वाङ्गकुपिते वाते गात्रस्फुरणभञ्जनम्।
वेदनाभिः परीतस्य स्फुटन्तीवास्य संधयः ॥ १२ ॥

स्थानभेद से प्रकुपित वात के लक्षण—कोष्ठाश्रित वात के दुष्ट (प्रकुपित) होकर कोष्ठ (वक्षगुहा, उदरगुहा तथा श्रोणिगुहा) में स्थित होने पर मल और मूत्र का अवरोध हो जाता है। इससे वर्ध्न (वक्षणप्रदेशगत शोथ) हृद्रोग, गुल्म तथा अर्श रोग एवं पार्श्वशूल होते हैं। सम्पूर्ण अंग में वात के प्रकोप होने से विभिन्न अंगों में फड़कन तथा भंग होने की तरह पीड़ा होती है एवं रोगी की तोद-भेद आदि पीड़ाओं से व्याप्त संधियां फटती हुई सी प्रतीत होती हैं ॥ ११–१२ ॥

ग्रहो विण्मूत्रवातानां शूलाध्मानाश्मशर्कराः।
जङ्घोरुत्रिकपात्पृष्ठरोगशोषौ गुदस्थिते ॥ १३ ॥

गुदस्थित वातलक्षण—गुदा में प्रकुपित वात के स्थित होने पर मल, मूत्र तथा वायु का निकलना बन्द हो जाता है। शूल, आध्मान, अश्मरी तथा शर्करा रोग हो जाते हैं। जंघा, ऊरु, त्रिक (पृष्ठाधोभाग स्थित त्रिकास्थि), पैर और पृष्ठ में पीड़ा तथा शोथ हो जाता है ॥ १३ ॥

रुक्पार्श्वोदरहृन्नाभेस्तृष्णोद्गारविपूचिकाः।
कासः कण्ठास्यशोषश्च श्वासश्चामाशये स्थिते ॥ १४ ॥
(वायुरामाशये क्रुद्धश्छर्द्यादीन् कुरुते गदान्।)

आमाशयस्थित वातलक्षण—आमाशय में प्रकुपित वायु के स्थित होने पर पार्श्व, उदर, हृदय तथा नाभि में पीड़ा, प्यास, डकार, विपूचिका (हैजा), कास (खांसी), गले और मुख का सूख जाना तथा श्वास ये रोग होते हैं। (क्रुद्ध वायु, आमाशय में स्थित होकर छर्दि आदि आमाशयिक रोगों को उत्पन्न करते हैं)।

पक्वाशयस्थोऽन्त्रकूजं शूलाटोपौ करोति च।
कृच्छ्रमूत्रपुरीषत्वमानाह त्रिकवेदनाम् ॥ १५ ॥

पक्वाशयस्थ वातलक्षण—प्रकुपित वायु के पक्वाशय में स्थित होने पर आंतों में गुड़गुड़ा शब्द, शूल, आटोप (आफरा), मल-मूत्र का कष्ट से निकलना (रुकावट), आनाह (पेट का फूलना) तथा त्रिकप्रदेश में पीड़ा उत्पन्न होती है ॥ १५ ॥

श्रोत्रादिष्विन्द्रियवधं कुर्यात् क्रुद्धः समीरणः ।
त्वग्रूक्षा स्फुटिता सुप्ता कृशा कृष्णा च तुद्यते ॥ १६ ॥

श्रोत्रादिगत वात—श्रोत्र आदि (नेत्र, घ्राण, जिह्वा, स्पर्शनेन्द्रिय) इन्द्रियों में प्रकुपित वायु स्थित होकर उनकी ज्ञान शक्ति को नष्ट कर देता है। अर्थात् वायु के प्रकोप से श्रुतिनाड़ी, दृष्टिनाड़ी, घ्राणनाड़ी, रसनेन्द्रियनाड़ी तथा शीत, उष्ण आदि अनुभवों को वहन करनेवाली स्पर्शनाड़ी की क्रियाशक्ति नष्ट हो जाती है, जिससे तत्तद्गत इन्द्रियों के अर्थ (विषय) का ज्ञान नहीं होने पाता ॥ १६ ॥

आतन्यते सरागा च पर्वरुक् त्वग्गतेऽनिले ।
रुजस्तीव्राः ससंतापा वैवर्ण्यं कृशताऽरुचिः ॥ १७ ॥

त्वग्गत वातलक्षण—प्रकुपित वायु के त्वचा (चर्मगत) में स्थित रहने पर त्वचा रूक्ष तथा फटी हुई रहती है। उसमें सुप्तता (स्पर्शशक्ति का अभाव) रहती है। वह त्वचा दुर्बल और कृष्णवर्ण की रहती है, और सूचिकाभेदनवत् पीड़ा होती है। कभी-कभी खिचावट-सी प्रतीत होती है और उसमें कहीं-कहीं लाल चकत्ते भी पड़ जाते हैं तथा पर्व या सन्धियों में पीड़ा होती है ॥ १७ ॥

गात्रे चारूंषि भुक्तस्य स्तम्भश्चासृग्गतेऽनिले ।
गुर्वङ्गं तुद्यतेऽत्यर्थं दण्डमुष्टिहतं यथा ॥ १८ ॥

रक्तगत वातलक्षण—वात के रक्तगत होने पर शरीर में तीव्र पीड़ा तथा संताप या गर्मी का अनुभव होता है। शरीर का रंग स्वाभाविक हो जाता है। दुर्बलता तथा अरुचि हो जाती है। शरीर में फुन्सियां निकल आती हैं, तथा भोजन के बाद गात्रस्तम्भ (शरीर में जकड़न) हो जाता है ॥ १८ ॥

सरुक् श्रमितमत्यर्थं मांसमेदोगतेऽनिले ।
भेदोऽस्थिपर्वणां सन्धिशूलं मांसबलक्षयः ॥ १९ ॥

मांसमेदोगत वातलक्षण—मांस और मेदोगत वायु के स्थित होने पर शरीर गुरु (भारी) हो जाता है, शरीर में ऐसी पीड़ा होती है कि मानों किसी ने डण्डे या मुष्टि से प्रहार किया हो। शरीर व्यथायुक्त तथा थका-सा रहता है।

अस्वप्नः संतता रुक् च मज्जास्थिकुपितेऽनिले ।

मज्जा एवं अस्थिगत वातलक्षण—प्रकुपितवात के मज्जा तथा अस्थि में स्थित

होने पर अस्थि एवं पर्वों में भेदनवत् पीड़ा, सन्धियों में शूल, मांस और बल का क्षय, निद्राहानि तथा निरन्तर पीड़ा उत्पन्न होती है।

क्षिप्रं मुञ्चति बध्नाति शुक्रं गर्भमथापि वा ॥ २० ॥
विकृतिं जनयेच्चापि शुक्रस्थः कुपितोऽनिलः।

शुक्रगत वातलक्षण—प्रकुपित वायु के शुक्रगत होने पर शुक्र का कभी शीघ्रपात हो जाता है और कभी रुक भी जाता है। इसी प्रकार कभी गर्भ का शीघ्र पात होता है तथा कभी-कभी देर में प्रसव होता है और शुक्र एवं गर्भ में विकार भी उत्पन्न हो जाते हैं।

कुर्याच्छिरागतः शूलं शिराकुञ्चनपूरणम् ॥ २१ ॥

सिरागत वातलक्षण—वायु के सिरागत होने से शूल, सिराओं में संकोच तथा सिरा की स्थूलता तथा पूर्णता होती है ॥ २१ ॥

बाह्याभ्यन्तरमायामं खल्लीं कुब्जत्वमेव वा।
सर्वाङ्गैकाङ्गरोगांश्च कुर्यात्स्नायुगतोऽनिलः ॥ २२ ॥

स्नायुगत वातलक्षण—स्नायु में प्रकुपित वायु के स्थित होने पर बाह्यायाम, अन्तरायाम, खल्ली (सकम्पाधार्द्ध वायु), कौब्ज्य (कुबड़ापन) तथा अन्य सर्वाङ्ग (सार्वदेहिक), एकाङ्ग (स्थानीय) व्याधियों की उत्पत्ति होती है। अर्थात् विकृत स्नायुगत वायु उपरोक्त व्याधियों को उत्पन्न करता है ॥ २२ ॥

हन्ति सन्धिगतः सन्धीन् शूलशोफौ करोति च।

सन्धिगत वातलक्षण—सन्धियों में स्थित प्रकुपित वात सन्धियों के कार्य को नष्ट कर देता है तथा उनमें शूल एवं शोफ (सूजन) को उत्पन्न कर देता है।

विमर्श—कोष्ठ शब्द से वक्षगुहा, उदरगुहा, श्रोणिगुहा तीनों का ग्रहण करते हैं। वस्तिगत वात प्रकुपित होने पर मूत्रावरोध, मूत्रकृच्छ्र आदि रोग होते हैं। आन्त्रगत वात के प्रकोप से आनाह, आध्मान तथा बद्धगुदोदर के तरह रोग हो जाते हैं। वक्षगुहा में स्थित फुफ्फुस तथा श्वासप्रणाली मार्ग में वात प्रकोप से श्वासावरोध, पार्श्वशूल आदि रोग होते हैं।

गुदा में प्रकुपित वात के स्थित होने पर वात प्रकोप के कारण गुदा के फूलने से दबाव होता है, उससे भी वस्तिगत लक्षणों की उपस्थिति होती है। गुदा के समीप में स्थित वातनाड़ी जालों की विकृति से उनके क्षेत्र जंघा आदि में पीड़ा अथवा शोथ के लक्षण व्यक्त होते हैं। गुदस्थित वात होने पर आमाशयगत वात के कुपित होने से आमाशय फूल जाता है और पार्श्व आदि पर दबाव डालकर उसमें पीड़ा भी उत्पन्न करता है। ऊपर की तरफ वायु

फुप्फुस पर दबाव डालकर श्वास की गति को भी बढ़ा देता है। पक्वाशय-गत वात विकृति से आनाह तथा आटोप होता है।

आनाह—मूत्रावरोधजन्य आध्मान को आनाह कहते हैं।

आटोप—मल प्रवृत्ति के रहने पर भी पेट में गड़गड़ाहट का होना आटोप होता है। उसमें आध्मान की उपस्थिति या अनुपस्थिति दोनों ही अवस्था होती हैं। आध्मान केवल पेट का फूलना कहलाता है।

त्वग्गत वात प्रकोप से रस का क्षय होने के कारण त्वचा में रूक्षता, कृशता तथा कृष्णता आदि लक्षण होते हैं। उक्त लक्षण परिसरीय वातनाड़ी शोथ से मिलते-जुलते हैं।

सिरागत वात-विकृत में सिरा शब्द से धमनी का भी बोध करना चाहिए।

सिरागत शूल—पीड़ा वातनाड़ी ही से उत्पन्न होती है। अतः यहां सिरा से वातनाड़ी का ग्रहण करना चाहिए। संकोच और स्थूलता रक्त-वाहिनियों में होती है। अतः उनका भी ग्रहण करना चाहिए। कभी इसमे रक्ताधिक्य होने से सिरा में फुलाव और रक्त कम होने से संकोच या रिक्तता की अवस्था हो जाती है ॥ ११–२२ ॥

दोषावृतवातानां लक्षणानि—

प्राणोदानौ समानश्च व्यानश्चापान एव च ॥ २३ ॥
स्थानस्था मारुताः पञ्च यापयन्ति शरीरिणम्।
हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमण्डले ॥ २४ ॥
उदानः कण्ठदेशे स्याद् व्यानः सर्वशरीरगः।

दोष (पित्त, कफ) आवृत वात का लक्षण—प्राण, उदान, समान, व्यान तथा अपान ये पांचों वायु अपने-अपने प्रकुपित स्थान पर रहते हुए शरीर का धारण-पोषण अच्छी तरह करते रहते हैं। प्राणवायु का स्थान हृदय है, अपानवायु का गुदा, समानवायु का नाभिमण्डल, उदानवायु का कण्ठदेश तथा व्यानवायु सम्पूर्ण शरीर में भ्रमण करती है।

प्राणे पित्तावृते छर्दिर्दाहश्चैवोपजायते ॥ २५ ॥

पित्तावृत प्राणलक्षण—प्राणवायु के पित्त से आवृत होने से वमन तथा दाह होते हैं ॥ २५ ॥

दौर्बल्यं सदनं तन्द्रा वैरस्यं च कफावृते।

कफावृत प्राणलक्षण—प्राणवायु के कफ से आवृत होने पर दुर्बलता, थकावट, तन्द्रा तथा मुख में फीकापन हो जाता है।

उदाने पित्तसंयुक्ते दाहो मूर्च्छा भ्रमः क्लमः ॥ २६ ॥

पित्तावृत उदानलक्षण—उदानवायु के पित्त से आवृत होने के कारण दाह, मूर्च्छा, भ्रम तथा क्लम (अनायास थकावट) हो जाते हैं ॥ २६ ॥

अस्वेदहर्षौ मन्दोऽग्निः शीतता च कफावृते ।

कफावृत-उदान लक्षण—उदानवायु के कफावृत होने से पसीना नहीं निकलता, रोमाञ्च होता है (रोंगटे खड़े हो जाते हैं), अग्नि मन्द हो जाती है तथा शीत का अनुभव होता है ।

स्वेददाहौष्ण्यमूर्च्छाः स्युः समाने पित्तसंयुते ॥ २७ ॥

पित्तावृत समान लक्षण—समानवायु के पित्तावृत होने पर पसीने की अधिकता, दाह, उष्णता तथा मूर्च्छा होती है ॥ २७ ॥

कफेन सक्ते विण्मूत्रे गात्रहर्षश्च जायते ।

कफावृत समान वायु लक्षण—समानवायु के कफावृत होने पर मल तथा मूत्र का अवरोध हो जाता है तथा शरीर के रोंगटे खड़े रहते हैं ।

व्याने पित्तावृते दाहो गात्रविक्षेपणं क्लमः ॥ २८ ॥

पित्तावृत व्यानवायु लक्षण—व्यान वायु के पित्तावृत होने पर दाह तथा अंगविक्षेप (बेचैन होकर हाथ-पैर का इधर-उधर फेंकना) तथा क्लम (थकावट) होते हैं ॥२८ ॥

स्तम्भता दण्डकश्चापि शूलशोफौ कफावृते ।

कफावृत व्यान लक्षण—व्यान वायु के कफावृत होने पर सम्पूर्ण शरीर में अकड़न होकर डण्डा के समान हो जाता है । तथा शूल एवं शोथ भी होते हैं ।

अपाने पित्तयुक्ते तु दाहौष्ण्यं मूत्ररक्तता ॥ २९ ॥

पित्तावृत अपान लक्षण—अपान वायु के पित्तावृत होने पर जलन और गर्मी के साथ-साथ मूत्रमार्ग से रक्त भी निकलता है ॥ २९ ॥

अधःकायगुरुत्वं च शीतता च कफावृते ।

कफावृत अपान लक्षण—अपान वायु के कफावृत होने पर शरीर के निचले में भारीपन तथा शीतलता रहती है ।

विमर्श—वायु अनेक कारणों से स्वतन्त्र होकर रोग उत्पन्न करता है । किन्तु कभी-कभी वृद्ध कफ एवं वृद्ध पित्त आदि से आवृत होकर भी विकृतियों का उत्पादक होता है । चरक में लिखा भी है । "वायोर्धातुक्षयात्कोपो मार्गस्यावरणेन च ।" च० वाग्भट ने भी "वायोरावरणं चातो बहुभेदं प्रवक्ष्यते ।" इत्यादि से वाइस भेद बताया है, नीचे दिग्दर्शन मात्र कराया जा रहा है—

१. पित्तावृत वायु	१२ सर्वधात्वावृत वायु
२. कफावृत वायु	१३ पितावृत प्राणवायु
३. रक्तावृत वायु	१४ पितावृत उदानवायु
४. मांसावृत वायु	१५ पित्तावृत व्यानवायु
५. मेदसावृत वायु	१६ पित्तावृत समानवायु
६. अस्थ्यावृत वायु	१७ पित्तावृत अपानवायु
७. मज्जावृत वायु	१८ कफावृत प्राणवायु
८. शुक्रावृत वायु	१९ कफावृत उदानवायु
९. अन्नावृत वायु	२० कफावृत व्यानवायु
१०. मूत्रावृत वायु	२१ कफावृत समानवायु
११. मलावृत वायु	२२ कफावृत अपानवायु

इनके अतिरिक्त प्राण, उदान आदि भी आवृत होते हैं "प्राणादयस्तथान्योन्यमावृण्वन्ति यथाक्रमम्। सर्वेऽपि विंशतिविध विद्यादावरणं च यत्"। इस प्रकार बीस भेद और होते हैं।

१ उदानावृत प्राण	११ समानावृत व्यान
२ व्यानावृत प्राण	१२ अपानावृत व्यान
३ समानावृत प्राण	१३ प्राणावृत समान
४ अपानावृत प्राण	१४ उदानावृत समान
५ प्राणावृत उदान	१५ व्यानावृत समान
६ व्यानावृत उदान	१६ अपानावृत समान
७ समानावृत उदान	१७ प्राणावृत अपान
८ अपानावृत उदान	१८ समानावृत अपान
९ प्राणावृत व्यान	१९ उदानावृत अपान
१० उदानावृत व्यान	२० व्यानावृत अपान

इसी प्राण आदि के वातों के विकृत होने पर तत्तद् वात के स्थानों में दाह, उष्णता तथा मूर्च्छा जैसे सार्वदैहिक लक्षण होते हैं। इसी प्रकार कफावृत होने पर ठण्डा पर अरोचक, मुखवैरस्य, मलावरोध आदि लक्षण होते हैं। इसी प्रकार प्राण, उदान आदि के विकृत होने पर तत्तत् स्थानीय विकृतियां होती हैं।

आक्षेपकलक्षणम्—

यदा तु धमनीः सर्वाः कुपितोऽभ्येति मारुतः ॥ ३० ॥
तदा क्षिपत्याशु मुहुर्मुहुर्देहं मुहुश्चरः।
मुहुर्मुहुस्तदाक्षेपादाक्षेपक इति स्मृतः ॥ ३१ ॥

आक्षेपक का लक्षण—जब प्रकुपित वायु शरीर की सम्पूर्ण धमनियों (वात नाड़ियों) को बार-बार आक्रान्त करता है, तब सम्पूर्ण शरीर में बार-बार

आक्षेप (झटके) आते हैं। और पुनः-पुनः आक्षेप आने से इस प्रकार के वात रोग को आक्षेपक रोग कहते हैं ॥ ३०-३१ ॥

विमर्श—नाड़ी, धमनी तथा सिरा ये सभी प्रकरणवश नाड़ी के वाचक होते हैं। "नाडी तु धमनी सिरा"। यहां पर धमनी शब्द से नाड़ी को ग्रहण करते हैं क्योंकि वातनाड़ियों की विकृति के कारण ही आक्षेप की अवस्था उत्पन्न होती है। यह आक्षेप एक लक्षण है जो अनेक रोगों के उपद्रव-स्वरूप होता है। सर्वव्यापी व्यान वायु के विकार का ही परिणाम आक्षेप है। इसके साथ मस्तिष्कगत का वात का विकार भी प्रधान रूप से रहता है। इसी को आकुञ्चनात्मक अनैच्छिक गति या प्रावेगिक कहते हैं। यह आकुञ्चनात्मक गति निम्नलिखित रोगों में विशेष रूप से मिलती है। १. अपस्मार, २. मस्तिष्कगत विकृतियां, ३. विषमयता, ४. धनुर्वात (टिटेनस), अपतानक तथा अपतानक में भी आक्षेप होते हैं। यह कभी-कभी चिन्ता-शोक आदि तथा अन्य वातप्रकोपक कारणों से शरीर में एक प्रकार का विष उत्पन्न होता है जो एक निश्चित समय पर सम्मिलित होकर रक्तप्रावरण के द्वारा मस्तिष्क, सुषुम्ना तथा सम्पूर्ण शरीरावयव में फैली हुई व्यानवायु में विकार उत्पन्न करके आक्षेपक रोग उत्पन्न करता है ॥ ३०-३१ ॥

अपतन्त्रकलक्षणम्—

क्रुद्धः स्वैः कोपनैर्वायुः स्थानादूर्ध्वं प्रपद्यते ।
पीडयन् हृदयं गत्वा शिरःशङ्खौ च पीडयन् ॥ ३२ ॥
धनुर्वन्नमयेद् गात्राण्याक्षिपेन्मोहयेत्तथा ।
स कृच्छ्रादुच्छ्वसेच्चापि स्तब्धाक्षोऽथ निमीलकः ॥ ३३ ॥
कपोत इव कूजेच्च निःसंज्ञः सोऽपतन्त्रकः ।

अपतन्त्रक का लक्षण—अपने प्रकोपक कारणों से प्रकुपित वायु अपने स्थान (वस्ति आदि) से ऊपर के स्थानों में उठकर सिर की ओर जाता है तब हृदय, सिर और शंखप्रदेश को पीड़ित करता हुआ शरीरावयवों को धनुष के समान टेढ़ा कर देता है और इनमें आक्षेप एवं मूर्च्छा उत्पन्न करता है। इस अवस्था में श्वास-प्रश्वास लेने में बड़ी कठिनता होती है। नेत्र कभी-कभी खुले तथा कभी कभी अधखुले-से रहते हैं। रोगी बेहोशी (संज्ञाहीन) अवस्था में होकर कबूतर के तरह घुर-घुर जैसा शब्द करता है, आक्षेप की इस अवस्था को अपतन्त्रक हिस्टीरिया (Hysteria) कहते हैं।

दृष्टिं संस्तभ्य संज्ञां च हत्वा कण्ठेन कूजति ॥ ३४ ॥
हृदि मुक्ते नरः स्वास्थ्यं याति मोहं वृते पुनः ।
वायुना दारुणं प्राहुरेके तमपतानकम् ॥ ३५ ॥

अपतानकलक्षण—जिस अवस्था में दृष्टि पूर्णतया आच्छादित (रूप देखने में असमर्थ या पथरा-सी जाती है, संज्ञानाश (बेहोशी) भी पूर्णतः हो जाती है तथा कण्ठकूजन होने लगता है। वायुविकार के हृदय से मुक्त हो जाने पर स्वस्थता तथा पुनः आवृत होने पर मूर्च्छा हो जाती है तो इस वातकृत भयंकर रोग को अपतानक कहते हैं ॥ ३४–३५ ॥

विमर्श—अपतन्त्रक तथा अपस्मार के कुछ लक्षण मिलते-जुलते हैं। अन्तर इतना है कि अपस्मार में मुख से फेनोद्गम होता है और अपतन्त्रक में नहीं होता है। अपतन्त्रक को योपापस्मार (Hysteria) कह सकते हैं। धनुर्वत् नमन धनुर्वात (टिटेनस Tetanus) में भी होता है किन्तु अपतन्त्रक को धनुर्वात नहीं कह सकते क्योंकि धनुर्वात में धनुर्वन्नमन स्थायीस्वरूप का होता है और अपतन्त्रक में क्षणिक होता है और धनुर्वात को अपतानक का भेद भी कहा गया है।

अपतानक—इसे धनुर्वात टिटेनस (Tetenus) कह सकते हैं क्योंकि इसके लक्षण कुछ न कुछ बने ही रहते हैं और दौरे जल्दी-जल्दी आते हैं, और यह अपतन्त्रक से भयंकर होता है। इस रोग की उत्पत्ति में मस्तिष्क तथा सभी नाड़ी संस्थान साक्षात् रूप में भाग लेता है अतः सिर से मस्तिष्क का ग्रहण करना चाहिए ॥ ३२–३५ ॥

अपतानकभेदानां लक्षणानि—

कफावृतो भृशं वायुस्तास्वेव यदि तिष्ठति।
दण्डवत्स्तम्भयेद्देहं स तु दण्डापतानकः ॥ ३६ ॥

अपतानक के दण्डापतानक आदि भेद के लक्षण—दण्डापतानक जब प्रकुपित कफयुक्त वायु का उन्हीं (सम्पूर्ण शरीर की) वातनाड़ियों में अवस्थान होता है। तब शरीर डण्डे के समान सीधा और कड़ा हो जाता है। इसे दण्डापतानक कहते हैं ॥ ३६ ॥

धनुस्तुल्यं नमेद्यस्तु स धनुःस्तम्भसंज्ञकः।

धनुःस्तम्भलक्षण—प्रकुपित वायु यदि शरीर को धनुष के समान झुका दे तो उसे धनुःस्तम्भ कहते हैं।

अङ्गुलीगुल्फजठरहृद्वक्षोगलसंश्रितः ॥ ३७ ॥
स्नायुप्रतानमनिलो यदाऽऽक्षिपति वेगवान्।
विवृत्तधाक्षः स्तब्धहनुर्भग्नपार्श्वः कफं वमन् ॥ ३८ ॥
अभ्यन्तरं धनुरिव यदा नमति मानवः।
तदाऽस्याभ्यन्तरायामं कुरुते मारुतो बली ॥ ३९ ॥

अन्तरायाम धनुस्तम्भलक्षण—प्रकुपित तथा वेगवान वात जब अंगुली, गुल्फ (टँखना), पेट, हृदय, वक्ष तथा गले में स्थित होकर वहाँ के स्नायुप्रतान,

(कण्डराओं तथा पेशियों) में आक्षेप उत्पन्न करता है तब रोगी की आंखें स्थिर हो जाती हैं (खुली रहती हैं) और जबड़ा जकड़ जाते हैं, पार्श्व (पसली) में टूटने के तरह पीड़ा होती है, रोगी कफ का वमन करता है, इस तरह रोगी अन्दर (उदर) की ओर धनुष के समान झुक जाता है, उसे अन्तरायाम धनुःस्तम्भ कहते हैं ॥ ३७-३९ ॥

बाह्यस्नायुप्रतानस्थो बाह्यायामं करोति च ।
तमसाध्यं बुधाः प्राहुर्वक्षःकटयूरुभञ्जनम् ॥ ४० ॥

बाह्यायाम धनुस्तम्भ लक्षण—पृष्ठभाग की स्नायुओं (कण्डराओं तथा पेशिओं) में स्थित वायु प्रकुपित होकर शरीर को जब बाहर (पीठ) की ओर झुका देता है तो उसे बाह्यायाम कहते हैं। यह असाध्य होता है क्योंकि इससे छाती, कटि तथा ऊरुभाग में भग्न होने का भय होता है ॥४० ॥

कफपित्तान्वितो वायुर्वायुरेव च केवलः ।
कुर्यादाक्षेपक त्वन्यं चतुर्थमभिघातजम् ॥ ४१ ॥

कफयुक्त या पित्तयुक्त वायु या इनके अनुबन्ध से रहित केवल वायु ही प्रकुपित होकर आक्षेपक रोग को उत्पन्न करता है। तथा चोट लगने से विकृत वायु अभिघातज नामक चतुर्थ आक्षेपक रोग को उत्पन्न करता है ॥४१॥

गर्भपातसमुत्थश्च शोणितातिस्रवाच्च यः ।
अभिघातनिमित्तश्च न सिध्यत्यपतानकः ॥ ४२ ॥

गर्भपातजन्य तथा अत्यधिक रक्तस्राव हो जाने से एवं (मर्मस्थान के) अभिघात से होनेवाला अपतानक असाध्य होता है ॥ ४२ ॥

विमर्श—अपतानक तीन प्रकार का होता है—१. दण्डापतानक, २. धनुस्तम्भ—अन्तरायाम, ३. बाह्यायाम। दण्डापतानक की अवस्था में सम्पूर्ण संकोचक तथा प्रसारक दोनों प्रकार की पेशियों में कड़ापन आ जाने से संकोच तथा प्रसार कार्य नहीं होते, इससे शरीर सीधे दण्डे के आकार का कड़ा रहता है। इसको चरक ने दण्डक नाम देकर असाध्य बताया है। यथा—

"पाणिपादशिरःपृष्ठ-श्रोणीः स्तम्भाति मारुतः ।
दण्डवत् स्तब्धगात्रस्य दण्डकः सोऽनुपक्रमः ॥

अर्थात् हाथ-पैर, सिर, पृष्ठ तथा श्रोणि (कटि) प्रदेश में कड़ापन आ जाता है, इससे शरीर दण्डाकार हो जाता है यह असाध्य होता है, धनुस्तम्भ में केवल संकोचक या प्रसारक मांसपेशियों में कड़ाई आती है। इसीको धनुस्तम्भ (धनुर्वात) कहते हैं। इसके दो भेद होते हैं—अन्तरायाम, धनुस्तम्भ तथा बाह्ययायाम धनुस्तम्भ। अन्तरायाम में स्नायुप्रतान शब्द से केवल बन्धन नहीं अपितु कण्डरायें, मांसपेशियां तथा सिराएँ आदि का भी ग्रहण करना चाहिए। क्योंकि कहा भी है—

"महाहेतुर्बली वायुः सिराः सस्नायुकण्डराः ।
मन्यापृष्ठाश्रिता बाह्याः संशोष्यायामयेद् बहिः ॥"

प्रकुपितवायु का प्रभाव वातवाहिनी नाड़ियों द्वारा मांसपेशियों तथा कण्डराओं पर होता है। आक्षेपक क्रिया पेशियों के अनैच्छिक तथा अनियमित संकोच के कारण होता है। पेट के तरफ झुकने से अन्तरायाम तथा पीठ के तरफ झुकने से बाह्यायाम कहते हैं। बाह्यायाम का भेद पार्श्वायाम भी होता है। कुब्जता अस्थिविकृतिजन्य होती है अतः इसको बाह्यायाम या अन्तरायाम में अन्तर्भाव नहीं कर सके। धनुस्तम्भ मे रोगी धनुष के समान झुक जाता है जिससे उसका सिर पीछे की ओर झुककर भूमि पर लग जाता है। वक्षःस्थल उन्नत हो जाता है, गर्दन में पीड़ा होती है, दांत बैठ जाते हैं, लालास्राव होता है, रोगी बोल नहीं पाता। धनुर्वात का दूसरा नाम हनुस्तम्भ भी है।

पाश्चात्य मतानुसार धनुर्वात संक्रामक है। यह धनुर्वात (Tetanus) के दण्डाणुओं द्वारा फैलता है। ये दण्डाणु प्रायः घोड़े की लीद से मिश्रित धूल में रहते हैं। आघातजन्य त्वचा के व्रण द्वारा ये शरीर में प्रवेश करते हैं। और वे वहां रहकर अति तीक्ष्ण बहिर्विष उत्पन्न करते हैं जो कि चेष्टावह नाड़ियों के अति सूक्ष्माग्रभागों से शोषित होकर केन्द्रिय वातनाड़ी संस्थान की वातनाड़ी कोषाओं में पहुंचकर उनको क्षुभित करते हैं। सांवेदनिक नाडियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता इसका सञ्चयकाल २ दिन से १४ दिन तक होता है। सबसे पहले मुख की पेशियों में संकोच प्रारम्भ होता है। मुख पूर्णतया नहीं खुलता है। खाना, बोलना तथा किसी वस्तु को निगलना कठिन हो जाता है। इसके बाद गले के पिछले भाग, मुख, पेट, पृष्ठवेग तथा ऊर्ध्व एवं अधःशाखा की पेशियों मे आक्षेप होने लगते हैं। दोनों जबड़े बन्द हो जाते हैं। दांत भी आपस में मिल जाते हैं, जो सरलता से अलग नहीं किये जा सकते, मुखमण्डल की समस्त पेशियों का संकोच हो जाता है। इसको बाह्यायाम कहते हैं। पेट के तरफ मुड़ाव होने से अन्तरायाम कहते हैं, पार्श्व के तरफ मुड़ाव होने से पार्श्वायाम कहते हैं। कभी-कभी शरीर के आगे-पीछे की सभी पेशियों में एक साथ संकोच होने से सारा शरीर डण्डे के समान सीधा और कड़ा हो जाता है उसे दण्डक या दण्डापतानक कहते हैं। रोगी को पसीना बहुत होता है, नाड़ी का श्वास के अनुपात पर कोई असर नहीं होता है।

श्री जेज्जट ने अभिघातज आक्षेप को दण्डापतानक आदि की अपेक्षा चौथा मानते हैं उनके अनुसार आक्षेप के निम्न चार भेद हैं।

१. दण्डापतानक, २. धनुःस्तम्भ संज्ञकअन्तरायाम, ३. धनुःस्तम्भसंज्ञक बाह्यायाम, ४. अभिघातजन्य आक्षेपक।

अन्य आचार्य के मत से—

१. कफान्वित वातजन्य आक्षेप, २. पित्तान्वित वातजन्य आक्षेप, ३. केवल वातजन्य आक्षेप, ४. अभिघातज आक्षेप।

आचार्य गणरक्षित के मतानुसार—

१. अपतानक-दण्डापतानक, २. धनुःस्तम्भसंज्ञक अन्तरायाम, ३. धनुःस्तम्भसंज्ञक बाह्यायाम, ४. पार्श्वायाम।

२. संसृष्टाक्षेपक—कफान्वित वातजन्य तथा पित्तान्वित वातजन्य आक्षेपक का इसी मे अन्तर्भाव होता है।

३. केवल वातजन्य आक्षेपक।

४. अभिघातज-मर्मों के अभिघात से होनेवाला आक्षेपक या बाह्यायाम इसी के अन्तर्गत समझना चाहिए।

साक्षेपसूतिका सन्निपात को गर्भपात-निमित्तज आक्षेप कहते हैं। यह धनुर्वात (Tetani) के दण्डाणु का संक्रमण होने से धनुःस्तम्भ का रूप भी ग्रहण कर लेता है। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मस्तिष्कगत रक्ताल्पता के होने से आक्षेपक होता है। शिरोभिघात या अन्य मार्गों के अभिघात से होनेवाला आक्षेपक असाध्य होता है।

पक्षाघातलक्षणम्—

गृहीत्वाऽर्धं तनोर्वायुः शिराः स्नायूर्विशोष्य च।
पक्षमन्यतरं हन्ति सन्धिबन्धान् विमोक्षयन्॥ ४३॥
कृत्स्नोऽर्धकायस्तस्य स्यादकर्मण्यो विचेतनः।
एकाङ्गरोगं त केचिदन्ये पक्षवधं विदुः॥ ४४॥
सर्वाङ्गरोगस्तद्वच्च सर्वकायाश्रितेऽनिल।

पक्षाघात (पक्षवध) का लक्षण—अपने कारणों से प्रकुपित वायु, शरीर के आधे भाग में स्थित होकर सिराओं (वातवाहिनियों) एवं स्नायुओं को शुष्क कर सन्धिबन्धनों को ढीला करता हुआ मनुष्य के आधे शरीर की क्रिया तथा चेतनाशक्ति को नष्ट कर देता है। उस अवस्था को कुछ विद्वान् एकांगवात तथा कुछ लोग पक्षवध (पक्षाघात) कहते हैं। इसी प्रकार प्रकुपित वायु के सर्वशरीरगत होने पर शरीर के सभी अवयवों की क्रियाकारिता नष्ट हो जाती है, उस अवस्था को सर्वाङ्गवात रोग कहते हैं।

दाहसंतापमूर्च्छाः स्युर्वायौ पित्तसमन्विते॥ ४५॥
शैत्यशोफगुरुत्वानि तस्मिन्नेव कफान्विते।

शुद्धवातहतं पक्षं कृच्छ्रसाध्यतमं विदुः ॥ ४६ ॥
साध्यमन्येन संयुक्तमसाध्य क्षयहेतुकम् ।

पक्षाघात में वायु के साथ पित्त का अनुबन्ध होने पर दाह, गर्मी तथा मूर्च्छा ये लक्षण भी होते हैं। इसी प्रकार कफ का अनुबन्ध होने से शीतता, शोथ तथा गुरुता (भारीपन) हो जाती है। केवल वात के ही दोष से उत्पन्न पक्षवध (पक्षाघात), अत्यन्त कृच्छ्रसाध्य तथा धातुक्षयजन्य पक्षाघात पूर्णतया असाध्य होता है किन्तु पित्त तथा कफ के अनुबन्ध से होनेवाला पक्षाघात साध्य होता है।

विमर्श—पक्षवध अंगघात पैरालाइसिस (Paralysis) का ही भेद है। इसको एकांगवात नहीं कह सकते क्योंकि वाग्भट ने "कृत्स्नोऽर्धकायः" शब्द का प्रयोग किया है अर्थात् सम्पूर्ण शरीर का आधा भाग पक्षाघात में विकृत होता है। एकांगवात में किसी एक अवयव की विकृति होती है। इसमें मुखमण्डल की विकृति नहीं होती क्योंकि प्रकुपित वायु वातादिवह सिराओं को एवं स्नायुओं को विकृत कर पक्षाघात को उत्पन्न करता है और शरीर के वाम अंग या दक्षिण अंग का घात होता है। यह अंगघात स्तम्भयुक्त होता है। इस प्रकार इस अंग के नाडीसूत्र वहां समाप्त हो जाते हैं जहां से मुखमण्डल के नाड़ी-सूत्र प्रारम्भ होते हैं। अतः इसका प्रभाव मुखमण्डल पर नहीं पड़ता है। केवल मुख के नीचे वाले भाग में ही विकृति होती है। ये नाड़ीतन्तु सुषुम्नाशीर्ष में व्यत्यास करके विरुद्ध पार्श्व (दक्षिण तन्तु वामभाग में तथा वाम तन्तु दक्षिण भाग) में जाकर सुषुम्ना की पूर्वशृंग-कोषाओं में समाप्त हो जाते हैं और पुनः वहां से निकल कर उस पार्श्व के अङ्गों में जाते हैं। अतः अंगघात विरुद्ध पक्ष में ही होता है। अर्थात् मस्तिष्क में वामपार्श्व के तन्तुओं में विकृति होने पर दक्षिणपार्श्व में तथा दक्षिणपार्श्व में विक्षत होने पर वामपार्श्व में विकृति देखी जाती है। वयस्कों में इसका कारण रक्त-वाहिनीगत घनास्रता होती है। इसके अतिरिक्त अन्तःशैत्यता या धमनी संकोच के कारण रक्तावरोध होने से भी तन्तुओं का नाश होता है। मस्तिष्कावरणशोथ मस्तिष्कार्बुद या मस्तिष्कविद्रधि के दबाव से भी अन्तःकूर्च-वल्लिकागत तन्तुओं के विनाश के परिणामस्वरूप ऊर्ध्वांगवात की स्थिति उत्पन्न होती है। अल्पवयस्कों में जन्मकालीन आघात या रोमान्तिका, मसूरिका तथा आन्त्रिकज्वर के उपसर्ग से भी यह रोग उत्पन्न हो सकता है।

चेष्टावह संस्थान के घात के अनुसार अंगघात पैरालाइसिस (Paralysis) की विकृति चार भागों में विभक्त की जा सकती है। १. एकांगघात, २. पक्षवध या अर्द्धांगघात, ३. सर्वाङ्गघात, ४. अधरांगघात। ये सभी उन-

उन स्थानगत सुषुम्ना से सम्बन्धित नाड़ीतन्तुओं के वात के कारण उत्पन्न होते हैं।

अर्दितलक्षणम्—

उच्चैर्व्याहरतोऽत्यर्थं खादतः कठिनानि वा ॥ ४७ ॥
हसतो जृम्भतो भाराद्विषमाच्छयनादपि।
शिरोनासौष्ठचिबुकललाटेक्षणसन्धिगः ॥ ४८ ॥
अदयत्यनिलो वक्त्रमर्दितं जनयत्यतः।
वक्रीभवति वक्त्रार्धं ग्रीवा चाप्यपवर्तते ॥ ४९ ॥
शिरश्चलति वाक्सङ्गो नेत्रादीनां च वैकृतम्।
ग्रीवाचिबुकदन्तानां तस्मिन् पार्श्वे च वेदना ॥ ५० ॥
यस्याग्रजो रोमहर्षो वेपथुर्नेत्रमाविलम्।
वायुरूर्ध्वं त्वचि स्वापस्तोदो मन्याहनुग्रहः ॥ ५१ ॥
तमर्दितमिति प्राहुर्व्याधिं व्याधिविचक्षणाः।

अर्दित का लक्षण—अत्यधिक उच्चस्वर से भाषण करने, अत्यधिक कड़े पदार्थों को खाने, अत्यधिक बलपूर्वक हँसने व जम्भाई लेने, अधिक बोझ उठाने तथा ऊँची-नीची जमीन पर सोनेवाले मनुष्यों के सिर, नासा, ओष्ठ, हनुप्रदेश, ललाटप्रदेश तथा आंखों की सन्धियों में व्याप्त होकर प्रकुपित वायु मुख को पीड़ित करता है जिससे अर्दितरोग की उत्पत्ति होती है। इससे मुख का आधा भाग टेढ़ा हो जाता है, ग्रीवा भी मुड़ जाती है, सिर कांपने लगता है, वाणी अवरुद्ध हो जाती है, नेत्र, ग्रीवा, नासिका, हनु तथा दांतों में भी विकृति आ जाती है और साथ ही विकृतपार्श्व ग्रीवा आदि में पीड़ा भी होती है। जिसके पूर्वरूपावस्था में सम्पूर्ण शरीर रोमाञ्चित एवं कम्पयुक्त होता है, आंखें मलिन रहती हैं, मुख की त्वचा सुन्न रहती है, तोद होता है, मन्या तथा हनु (जबड़े) जकड़ जाते हैं। इस रोग को रोग के विशेषज्ञ विद्वानों ने अर्दित रोग कहा है।

वातात्पित्तात्कफाच्चैव त्रिविधः स्यात्समासतः ॥ ५२ ॥

यह अर्दितरोग, संक्षेप में वातजन्य, पित्तजन्य तथा कफजन्य भेद से तीन प्रकार का होता है ॥ ५२ ॥

लालातिप्रस्रवः कम्पः स्फुरणं हनुसंग्रहः।
ओष्ठयोः श्वयथुः शूलमर्दिते वातजे भवेत् ॥ ५३ ॥

वातजन्य अर्दितरोग—वातज अर्दितरोग में अत्यधिक लालास्राव (लार का गिरना), कम्पन, अंगस्फुरण (अंग का फरकना), जबड़ों का जकड़ना, दोनों ओष्ठ प्रदेश में शोथ तथा शूल ये लक्षण उत्पन्न होते हैं ॥ ५३ ॥

पीतमङ्गं ज्वरस्तृष्णा पित्तजे मोहधूपने ।

पित्तजन्य अर्दितरोग—पित्तज, अर्दितरोग में शरीर पीतवर्ण का हो जाता है, प्यास अधिक लगती है तथा मूर्च्छा आती है एवं धूपन (गर्मी) की प्रतीति होती है ।

गण्डे शिरसि मन्यायां शोफः स्तम्भः कफात्मजे ॥ ५४ ॥
भाविनो लक्षणं तस्य वेपथुर्नेत्रमाविलम् ।

कफजन्य अर्दितरोग—कफज अर्दितरोग में, गण्डस्थल, सिर तथा मन्या-नाड़ी में शोथ एवं अकड़न हो जाती है । इस रोग के पूर्वरूप में शरीर में कम्पन तथा नेत्र मलिन हो जाते हैं ।

क्षीणस्यानिमिषाक्षस्य प्रसक्ताव्यक्तभाषिणः ॥ ५५ ॥
न सिध्यत्यर्दितं गाढं त्रिवर्षं वेपनस्य च ।

जो रोगी अत्यन्त क्षीण हो, जिसके आंखों की पलकें न झपती हों, जो बोलने में असमर्थ हो या अस्पष्ट बोले, अर्दित (लकवा) तीन वर्ष का पुराना हो या जिसके तीन स्थानों (नाक, आंख तथा मुख) से निरंतर स्राव निकले तथा रोगी कम्पवात से पीड़ित हो तो वह असाध्य होता है ।

गते वेगे भवेत्स्वास्थ्य सर्वेष्वाक्षेपकादिषु ॥ ५६ ॥

आक्षेपक से लेकर अर्दितरोग तक में प्रायः आवेग (दौरे) आया करते है । इस आवेग के निवृत हो जाने पर रोगी कुछ स्वस्थता का अनुभव करता है ॥ ५६ ॥

हनुग्रहलक्षणम्—

जिह्वानिर्लेखनाच्छुष्कभक्षणादभिघाततः ।
कुपितो हनुमूलस्थः स्रंसयित्वाऽनिलो हनुम् ॥ ५७ ॥
करोति विवृतास्यत्वमथवा संवृतास्यताम् ।
हनुग्रहः स तेन स्यात्कृच्छ्राच्चर्वणभाषणम् ॥ ५८ ॥

हनुग्रह का लक्षण—दन्तधावन के समय जिह्वा साफ करने के साधनों से जिह्वा-निर्लेखन करने से, शुष्क पदार्थों को अधिक खाने तथा आघात से हनुमूल में रहनेवाला प्रकुपित वायु हनुसन्धि का स्रंसन करा देता है । जिससे मुख पूर्णतया खुला ही रहता है या बिलकुल बन्द हो जाता है । इस रोग को हनुग्रह कहते हैं । इसके कारण भोज्यपदार्थों को चर्वण (चबाने) करने तथा बोलने में कठिनाई हो जाती है ॥ ५७-५८ ॥

विमर्श—हनुमूल (हन्वस्थि) की गति का पूर्णतः अभाव ही हनुग्रह है । चबाने या बोलने में मुख को खोलने और बन्द करने का कार्य हन्वस्थि तथा उसके सहायक पेशियों के द्वारा ही सम्पन्न होता है । हनुग्रह में विवृतास्यता

(मुख का हमेशा खुला रहना), संवृतास्यता (मुख का बन्द रहना) ये दोनों अवस्थायें उत्पन्न हो सकती हैं। दोनों का फल हन्वस्थि की गति का अभाव ही होता है। संवृतास्यता (मुख का बन्द होना) धनुःस्तम्भ का मुख्य लक्षण है। इसमें प्रधानतः वात ही विकृत होता है। इसके अतिरिक्त हनुशंखीय सन्धि अथवा हनुमूल के विश्लेष के फलस्वरूप भी हनुग्रह की अवस्था उत्पन्न होती है। वात के प्रकुपित होने से ही सन्धिविश्लेषण होता है अतः हनुग्रह को भी वातविकृति में ही परिगणन किया गया है। वायु के प्रकृत रहने पर चर्वण करने तथा सन्धि को स्थिर रखनेवाली पेशियां भी प्रकृत रहती हैं जिससे हनुशंखीय सन्धि भी प्रकृत एवं स्थिर रहती है किन्तु जब मुख को विवृत कर जिह्वा को साफ करने, पिछली दंष्ट्राओं से कठोर पदार्थ को तोड़ने या अन्य प्रकार के आघात के कारण वायु (सन्धि को स्थिर रखनेवाली विशिष्ट शक्ति) विकृत हो जाती है तो मांसपेशियां स्थिर नहीं रह पाती हैं फलस्वरूप सन्धि-विश्लेष हो जाता है। सन्धि-विश्लेषण में स्वभावतः संवृतास्यता (मुख का बन्द होना) या विवृतास्यता (मुख का निरंतर खुला रहना) होती है।

जिस अवस्थाविशेष में हनुमुण्ड विच्युत होकर शंखास्थि की खात के पश्चात् भाग भाग में चला जाता है तब मुख खुल नहीं सकता और पूर्णतया बन्द रहता है, इसको 'संवृतास्यता' कहते हैं। किन्तु जिस अवस्था में हनुमुण्ड आगे की ओर गिर जाता है तो मुख पूर्णतया खुला रहता है और रोगी बलपूर्वक भी उसे बन्द नहीं कर सकता, इसे 'विवृतास्यता' कहते हैं। इन दोनों अवस्थाओं में रोगी की बोलने तथा चबाने की शक्ति समाप्तप्राय होती है। यह सन्धि-विश्लेषण सामान्यतः एक ही ओर होता है किन्तु कभी २ दोनों तरफ भी हो जाता है।

मन्यास्तम्भलक्षणम्—

दिवास्वप्नासमस्थानविवृतोर्ध्वनिरीक्षणैः ।
मन्यास्तम्भं प्रकुरुते स एव श्लेष्मणावृतः ॥ ५९ ॥

मन्यास्तम्भ का लक्षण—दिन में अधिक सोने से, नीचे-ऊँचे (विषम) स्थान में सोने एवं ऊपर की ओर आंखों को खोलकर अधिक देर तक बार-बार देखने से वायु कफ से आवृत होकर मन्यास्तम्भ रोग को उत्पन्न करता है ॥ ५९ ॥

विमर्श—ग्रीवा के पिछले भाग को मन्या कहते हैं। मन्यास्तम्भ रोग ग्रीवा की पेशियों का उद्वेष्टन ही है जो स्वतन्त्र रोग होने के साथ-साथ मस्तिष्कावरण सदृश रोगों के लक्षण-स्वरूप में आता है। इसमें वात एवं

श्लेष्मा की अधिकता होती है। इसको ग्रीवा की अनाम्यता या कड़ापन कह सकते हैं। शीतल वात का स्पर्श, चोट लगना, किसी एक तरफ आंख फैलाकर अधिक देर तक देखना तथा योपापस्मार आदि रोग मन्यास्तम्भ रोग के कारण होते हैं। रात्रि में शयन करते समय ऊँचे-नीचे स्थान पर पड़े रहने से भी यह रोग उत्पन्न होता है। एक तरफ की मन्या (ग्रीवापेशियों) में विकार होने पर शिर विपरीत दिशा की ओर घूम जाता है, मुख ऊपर की तरफ हो जाता है, कन्धे भी ऊपर उठे रहते हैं। किन्तु दोनों तरफ की विकृति होने पर सिर पीछे की तरफ खिच जाता है, गर्दन की पार्श्वीय गति अच्छी तरह रुक जाती है और वेदना होती है।

जिह्वास्तम्भलक्षणम्—

वाग्वाहिनीशिरासंस्थो जिह्वां स्तम्भयतेऽनिलः।
जिह्वास्तम्भः स तेनान्नपानवाक्येष्वनीशता ॥ ६० ॥

जिह्वास्तम्भ का लक्षण—वाणी को वहन करनेवाली नाड़ी में दूषित होकर वायु जब स्थित होता है और जिह्वा को स्तम्भित कर देता है तब उसे 'जिह्वास्तम्भ' कहते हैं। इससे अन्नपान के ग्रहण तथा बोलने में असमर्थता हो जाती है ॥ ६० ॥

शिराग्रहलक्षणम्—

रक्तमाश्रित्य पवनः कुर्यान्मूधधराः शिराः।
रूक्षाः सवेदनाः कृष्णाः सोऽसाध्यः स्याच्छिराग्रहः ॥ ६१ ॥

शिराग्रह का लक्षण—प्रकुपित वायु रक्त में स्थित होकर ग्रीवा की शिराओं को रूक्ष, पीड़ायुक्त तथा काला कर देता है। इसको 'शिराग्रह' कहते हैं और यह असाध्य होता है ॥ ६१ ॥

गृध्रसीलक्षणम्—

स्फिक्पूर्वा कटिपृष्ठोरुजानुजङ्घापदं क्रमात्।
गृध्रसी स्तम्भरुक्तोदैर्गृह्णाति स्पन्दते मुहुः ॥ ६२ ॥
वाताद्वातकफात्तन्द्रागौरवारोचकान्विता ।

गृध्रसी का लक्षण—क्रमशः स्फिक् प्रदेश से प्रारम्भ होकर जो पीड़ा कटि के पिछले भाग, ऊरु, जानु, जंघा (पिण्डली) तथा पैर तक जाती है उसे 'गृध्रसी' कहते हैं। इसके कारण टांग में जकड़ाहट, वेदना, सूई के समान चुभन एवं फड़कन होती है। इसको शुद्ध 'वातिक गृध्रसीरोग' कहते हैं। वातकफजन्य गृध्रसी में पूर्वोक्त लक्षण के साथ तन्द्रा, भारीपन तथा भोजन में अरोचकता ये लक्षण भी होते हैं।

वातजायां भवेत्तोदो देहस्यापि प्रवक्रता ॥ ६३ ॥

जानुकटयूरुसन्धीनां स्फुरणं स्तब्धता भृशम् ।

वातिक गृध्रसी में सूई के समान चुभन होती है, शरीर टेढ़ा हो जाता है। जानु (घुटने), कटि तथा ऊरु की सन्धियों में फड़कन तथा जकड़ाहट होती है।

वातश्लेष्मोद्भवायां तु स्तैमित्यं वह्निमार्दवम् ॥ ६४ ॥
तन्द्रा मुखप्रसेकश्च भक्तद्वेषस्तथैव च ।

वातश्लेष्म गृध्रसी रोग में स्तैमित्य (चिपचिपाहट, गीले कपड़े से आच्छादित की तरह), अग्निमान्द्य, तन्द्रा, मुख से लालास्राव एवं भोजन में अरुचि हो जाती है।

विमर्शः—गृध्रसी रोग में स्फिक् प्रदेश से प्रारम्भ होकर सक्थि के पृष्ठभाग के सहारे क्रमशः पैर तक जकड़ाहट तथा तोदयुक्त तीव्र वेदना होती है। यह पीड़ा गृध्रसी नाडी के क्षेत्र में ही होती है। इसी को पाश्चात्य विद्वान् गृध्रसी नाडीशोथ या केवल गृध्रसी कहते हैं। गृध्रसी रोग प्रायः एक ही तरफ होता है किन्तु कभी-कभी दोनों पार्श्व में भी हो सकता है। शीतल वात का स्पर्श, सक्थि का मुड़ जाना, श्रोणि प्रदेश में स्थित अर्बुद का दबाव तथा कशेरुकान्तरीय बिम्ब या चक्रिका के फट जाने से इस रोग की उत्पत्ति होती है। पीठ के बाह्य आघात एवं अधिक भार उठाने से कशेरुकान्तरीय चक्रिका फट जाती है और उक्त रोग का कारण होता है। इसकी विकृति का परिणाम उसके पिछले भाग में ही दिखाई देता है क्योंकि गृध्रसी नाडी उसके पिछले भाग का ही प्रदाय करती है। सक्थि प्रदेश के पृष्ठभाग में तोदयुक्त वेदना का होना इसका मुख्य लक्षण है। यह वेदना खाँसते, छींकते तथा रात्रि को सोते समय अधिक बढ़ जाती है। रोगी टाँग को श्रोणि-सन्धि पर अच्छी तरह मोड़ने में वेदना का अनुभव करता है। चलते समय रोगी लंगड़ा होकर चलता है और दूसरे पार्श्व की ओर कुछ झुका रहता है। नाडी प्रदेश में स्पर्शासह्यता रहती है, तथा जानुसन्धि के पृष्ठभाग एवं जघापृष्ठ की पेशियों में स्पर्शासह्यता की अत्यधिक प्रतीति होती है।

विश्वाचीलक्षणम्—

तलं प्रत्यङ्गुलीनां या कण्डरा बाहुपृष्ठतः ॥ ६५ ॥
बाह्वेः कर्मक्षयकरी विश्वाचीति हि सोच्यते ।

विश्वाची रोग का लक्षण—बाहु के पृष्ठभाग से प्रारम्भ होकर अंगुलियों के पृष्ठभाग तक और हाथ के सामने वाले भाग की कण्डरा (नाडी) को विकृत कर बाहु के कर्म का नाश करने वाले रोग को 'विश्वाची' कहते हैं।

विमर्शः—यहां पर बाहु तथा हाथ के पृष्ठभागीय तथा प्रकोष्ठ और हाथ के

पुरोभागीय कण्डराओं का ग्रहण करना चाहिए। कण्डरा का अर्थ वातनाडी है। अतः बाहु के पृष्ठभाग से प्रारम्भ होकर हाथ और अंगुलियों के पृष्ठभाग एवं प्रकोष्ठ, हाथ तथा अंगुलियों के पुरोभाग की पेशियों में संकोच-प्रसार आदि चेष्टाओं को शक्ति प्रदान करनेवाली वातनाड़ियों में विकृति होने से विश्वाची रोग की उत्पत्ति होती है, उक्त श्लोक का यह अर्थ उपयुक्त है।

क्रोष्टुकशीर्षलक्षणम्—

वातशोणितजः शोफो जानुमध्ये महारुजः ॥ ६६ ॥
ज्ञेयः क्रोष्टुकशीर्षस्तु स्थूलः क्रोष्टुकशीर्षवत्।

कोष्टुकशीर्ष का लक्षण—जानु (घुटने) के मध्य में वात तथा रक्त की विकृति से होनेवाले तीव्र वेदनायुक्त शोथ जो कोष्टुक (गीदड़) के सिर के समान स्थूल होता है। उसे 'क्रोष्टुकशीर्ष' कहते हैं।

विमर्शः—यह शुद्ध वातव्याधि नहीं है किन्तु वेदनाधिक्य होने से इसकी गणना वातव्याधि में किया गया है। सम्प्राप्ति की दृष्टि से इसको वात-रक्त का भेद माना जा सकता है किन्तु चिकित्सा-भेद करने के लिये इसका पाठ अलग किया गया है। इसको अलग पाठ करने का दूसरा कारण यह है कि वातरक्त प्रत्येक सन्धियों में पाया जाता है किन्तु कोष्टुकशीर्ष केवल जानुसंन्धि में ही होता है।

खञ्जपङ्गुलक्षणम्—

वायुः कट्याश्रितः सक्थ्नः कण्डरामाक्षिपेद्यदा ॥ ६७ ॥
खञ्जस्तदा भवेज्जन्तुः पङ्गुः सक्थ्नोर्द्वयोर्वधात्।

खञ्ज तथा पङ्गु का लक्षण—यदि प्रकुपित वायु कटिप्रदेश में आश्रित होकर एक सक्थि (टाँग) की कण्डरा में आक्षेप (कर्महीनता या निश्चेष्टता) उत्पन्न कर देता है तो मनुष्य 'खञ्ज या लङ्गड़ा' हो जाता है। किन्तु जब प्रकुपित वायु, दोनों ओर की टाँगों में अकर्मण्यता उत्पन्न करता है तो उसे 'पङ्गु' कहते हैं।

कलायखञ्जलक्षण—

प्रक्रामन् वेपते यस्तु खञ्जन्निव च गच्छति ॥ ६८ ॥
कलायखञ्जं तं विद्यान्मुक्तसन्धिप्रबन्धनम्।

जो व्यक्ति चलते हुए काँपता है तथा लंगड़ाते हुए चलता है, जिसके सन्धिबन्धन शिथिल हो गये हैं उसे 'कलायखञ्ज' नामक रोग से पीडित समझना चाहिए।

विमर्शः—कलायभक्षणात् जायमानः खञ्जः कलायखञ्जः इति—काली मटर या खिसारी के खाने से जो लंगड़ापन होता है उसे 'कलायखञ्ज' कहते हैं। कलाय (मटर) तथा खिसारी वातप्रकोपक रूक्ष आदि सभी गुणों से

युक्त होती है अतः इसे प्राचीन शास्त्रकारों ने सबसे अधिक वातप्रकोपक माना है। अधिक दिन तक इसका भक्षण करने तथा इसके डण्ठल पर सोने आदि से वातनाड़ियों में दुर्बलता आ जाती है और दोनों सक्थियां (टाँगें) क्रियाहीन हो जाती हैं तथा प्रयत्नपूर्वक चलने से कांपता हुआ चलता है।

यह रोग उत्तरी बिहार, उत्तरप्रदेश, इटली, फ्रांस तथा कहीं-कहीं अफ्रीका में भी होता है। स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों में अधिक होता है। यह दुर्भिक्ष के समय में केवल खिसारी सेवन करने वाले निम्न कोटि के मनुष्यों में जानपदिक रूप में भी पाया जाता है। इसके अतिरिक्त जीवतिक्ति ए. (विटामीन ए) की कमी से भी यह रोग उत्पन्न होता है।

इस रोग के लक्षणों का प्रारम्भ कटिप्रदेश के दर्द के साथ होता है। इसके बाद जानुओं में दाह एवं दुर्बलता की अनुभूति होती है। कभी-कभी दिनभर कार्य करने के बाद इसका आक्रमण होता है। रात्रि में सोये हुए स्वस्थ व्यक्ति को भी प्रातःकाल उठने पर टाँगों में जकड़न-सी प्रतीत होती है और मालूम पड़ता है कि दुर्बलता हो गई है। चलने में टांगें कांपती हैं और पैर उठाने पर भार जैसे अनुभव होता है। ये लक्षण अतिशीघ्र बढ़ते जाते हैं और दश-बारह दिन में रोगी बिलकुल चलने में असमर्थ हो जाता है। इसमें दोनों जानुओं में सामान्य प्रभाव पड़ता है और रोगी डण्डा की सहायता से किसी प्रकार चल पाता है।

वातकण्टकलक्षणम्—

रुक पादे विषमे न्यस्ते श्रमाद्वा जायते सदा ॥ ६६ ॥
वातेन गुल्फमाश्रित्य तमाहुर्वातकण्टकम्।

वातकण्टक का लक्षण—जब प्रकुपित वायु, नीची-ऊँची जमीन पर अचानक पैर पड़ने एवं मोच आ जाने से या अत्यधिक परिश्रम से गुल्फसन्धि को आश्रित कर वेदना उत्पन्न करता है तो उसे 'वातकण्टक' कहते हैं।

विमर्शः—इसमें गुल्फसन्धि शोथयुक्त हो जाती है, रोगी चलने में अत्यधिक कष्ट का अनुभव करता है। यह रोग लेप एवं सेक से ठीक हो जाता है। यदि निकट में रहने वाली छोटी २ अस्थि-सन्धियों में शोथ हो जाय तो बहुत काल तक कष्ट होता है। कदाचित् गुल्फसन्धि में फिरंग रोग-जनित एवं पूयमेहजनित चिरस्थायी विकृति भी होती है। सुश्रुत ने लिखा भी है—

न्यस्ते तु विषमे पादे रुजः कुर्यात्समीरणः।
वातकण्टक इत्येष विज्ञेयः क्षुद्रकाश्रितः ॥

खुडक शब्द से छोटी-छोटी अस्थियां एवं उनकी सन्धियां भी ग्रहण की जाती हैं।

पाददाहलक्षणम्—

पादयोः कुरुते दाहं पित्तासृक्सहितोऽनिलः ॥ ७० ॥
विशेषतश्चङ्क्रमतः पाददाहं तमादिशेत्।

पाददाह का लक्षण—अपने कारणों से दूषित वायु, पित्त और रक्त से मिलकर दोनों पैरों में दाह उत्पन्न करता है, चलते समय विशेषरूप से अनुभव होता है। इसको 'पाददाह' कहते हैं। अर्थात् बैठे रहने पर पैरों में दाह की प्रतीति कम होती है किन्तु चलने पर दाह की प्रतीति अत्यधिक मात्रा में होती है।

पादहर्षलक्षणम्—

हृष्येते चरणौ यस्य भवेतां च प्रसुप्तकौ ॥ ७१ ॥
पादहर्षः स विज्ञेयः कफवातप्रकोपजः।

पादहर्ष का लक्षण—प्रकुपित वायु कफ के साथ मिलकर पैरों में हर्ष (झनझनाहट) और यदा-कदा उनमें सुप्तता उत्पन्न कर देता है। इस अवस्था विशेष को 'पादहर्ष' कहते हैं।

विमर्शः—पाददाह तथा पादहर्ष इन दोनों में वात की प्रधानता होती है। वायु के साथ पित्त का अनुबन्ध होने से पाददाह तथा कफ का अनुबन्ध होने से पादहर्ष (झनझनाहट) तथा सुप्तता होती है। ये दोनों ही चर्मगत उत्तान संवेदनाओं की विकृति के परिणाम हैं। ये विकृतियाँ तीन प्रकार की होती हैं—१. परमस्पर्शज्ञता, २—विषमस्पर्शज्ञता तथा—३ संज्ञानाश।

१. परमस्पर्शज्ञता—यह वातवह नाड़ी संस्थान की अगीय या गुण-कर्मीय विकृति का विशेष लक्षण है। इसके कारण सम्पूर्ण शरीर या शरीर के किसी एक भाग में स्पर्शज्ञान की अति तीव्रता हो जाती है। शरीर के अवयवों में या किसी एक अवयव में चीटी-सी चलना, शीत, ताप या दाह का अनुभव होना, सूई-सी चुभना ये सब परमस्पर्शज्ञता के ही लक्षण हैं। पैर की त्वचा का प्रदाय करने वाली वातवह नाड़ी में पूर्वोक्त प्रकार के विकार होने पर पाददाह होता है और इसमें वायु के साथ पित्त का सम्बन्ध रहता है।

२. विषमस्पर्शज्ञता—इसमें भारीपन तथा सुप्तता की प्रतीति होती है। इसके अतिरिक्त रोगी को चलते समय अनुभव होता है कि वह मुलायम स्थान यानी रुई पर चल रहा है, इसको विषमस्पर्शज्ञता कहते हैं। यदा-कदा किसी-किसी रोगी को पैरों के तलवे में झनझनाहट की प्रतीति होती है। इस अवस्था में रोगी को रोमाञ्च हो जाता है। इन दोनों अवस्थाविशेष को पाद-हर्ष कहते हैं। इसमें वात के साथ कफ का सम्बन्ध रहता है।

३. संज्ञानाश—इस अवस्था में रोगी को किसी प्रकार के स्पर्श का ज्ञान नहीं होता है। इसका कारण वातवह नाड़ी का विकृति है। ये सब परिसरीय वातनाड़ी की सूजन के ही लक्षण हैं। इन लक्षणों की प्रतीति पैर में विशेष-रूप से होती है।

अवबाहुकलक्षणम्—

असंदेशस्थितो वायुः शोषयित्वांसबन्धनम्॥ ७२॥
शिराश्चाकुञ्च्य तत्रस्थो जनयत्यवबाहुकम्।

(अंसशोष) एवं अवबाहुक का लक्षण—अंस प्रदेश में स्थित वात दूषित होकर अंस (कन्धे) के बन्धन करने वाले श्लेष्मा को सुखाकर अंस-शोष उत्पन्न करता है (साधारणतः बाहु के शिरोभाग को 'अंस' कहते हैं, किन्तु अंस प्रदेश के समीपवर्ती भाग सभी ऊर्ध्वांचकीय प्रदेश का ग्रहण हो जाता है। अंससंन्धि का विकार तथा राजयक्ष्मा (टी. बी.) में अंसशोष का लक्षण मिलता है यदि अंस प्रदेश में स्थित वायु प्रकुपित होकर अंसभाग में स्थित सिराओं (वातवह नाड़ियों) का संकोच अथवा विनाश करता है तो 'अवबाहुक' नामक रोग उत्पन्न होता है।

विमर्श—इसमें 'सिराश्चाकुञ्च्य' लिखा है अतः सिरा शब्द नाड़ी का बोधक है। बहुवचन होने के कारण नाड़ीसमूह या वाहवीय नाड़ीजाल का बोध होता है। वाहवीय नाडीजाल की अकर्मण्यता या घात को ही अवबाहुक कहते हैं। वहवीय नाड़ीजाल के घात के कारण, गर्दन की चोट, अंससन्धि के विश्लेष या अक्षकास्थि का भग्न होना है। सम्पूर्ण वाहवीय नाड़ीसमूह में विकृति होने से सम्पूर्ण बाहु में विकार पाया जाता है। किन्तु फिर भी विक्षत स्थानविशेष के अनुसार स्थानविशेष की मांसपेशियों में ही विकार सीमित रहता है। विश्वाची रोग में बाहु के सामने या पीछे के किसी एक भाग में ही अधिकतर विकार होता है। किन्तु एक ही साथ सामने और पिछले भाग में विकार होने पर एक सदृश लक्षण मिलते हैं। अवबाहुकरोग वात-कफजन्य होता है।

मूकादिलक्षणम्—

आवृत्य वायुः सकफो धमनीः शब्दवाहिनीः॥ ७३॥
नरान् करोत्यक्रियकान्मूकमिन्मिनगद्गदान्।

मूक, मिन्मिन तथा गद्गद के लक्षण—कफ से युक्त प्रकुपित वात शब्द-वाहिनी धमनी में अवरोध उत्पन्न कर मनुष्यों को बोलने की शक्ति से हीन कर

उन्हें मूक (गूंगा) या मिन्मिन (हकलापन) या गद्गद स्वरयुक्त बना देता है।

विमर्शः—शब्दवाहिनी धमनी से जिह्वा की चेष्टावह नाड़ी, प्रत्यावृत स्वरयन्त्रीय नाड़ी तथा मस्तिष्कगत वाणी के केन्द्र का ग्रहण होता है। मस्तिष्क के वामशंखीय खण्ड में वाणी का केन्द्र (सेन्टर) रहता है। उसी स्थल पर शब्दों को समझने, सुनने तथा लिखने का केन्द्र भी है। इसमें विकार होने पर मूकता आदि विकार उत्पन्न होते हैं। कभी-कभी सुनने, बोलने, समझने एवं लिखने सभी में विकार हो जाते हैं और कभी-कभी एक या दो में। जिस अवस्थाविशेष में वाणी का केन्द्र पूर्णतया नष्ट हो जाता है तो बोलने की शक्ति भी पूर्णतया लुप्त हो जाती है उसे 'मूकता' कहते हैं। जब सम्पूर्ण केन्द्र विकृत नहीं होता उस अवस्था में रोगी बड़े कष्ट से बोल पाता है। इसको 'कष्टवाक्यता या हकलापन' कहते हैं। कभी-कभी रोगी बोलते समय कुछ अक्षरों या शब्दों को छोड़ देता है उसे 'गद्गदवाक्यता' कहते हैं। जब रोगी सभी अक्षरों या शब्दों को नासिका के स्वर से उच्चारण करता है तो उसे 'मिन्मिनता या सानुनासिकवाक्यता' कहते हैं।

तूनीप्रतितूनीलक्षणम्—

अधो या वेदना याति वर्चोमूत्राशयोत्थिता ॥ ७४ ॥
भिन्दतीव गुदोपस्थं सा तूनी नाम नामतः।

तूनीरोग का लक्षण—जो पीड़ा मलाशय या मूत्राशय से उठकर नीचे की ओर जाकर गुदा या मूत्रेन्द्रिय का भेदन-सा करता हुआ अनुभूत होता है उसे 'तूनीरोग' कहते हैं।

गुदोपस्थोत्थिता सैव प्रतिलोमं प्रधाविता।
वेगैः पक्वाशयं याति प्रतितूनीति सोच्यते ॥ ७५ ॥

प्रतितूनी रोग का लक्षण—गुदा और उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय) से प्रारम्भ होकर ऊपर की ओर पक्वाशय स्थल को आवेगों से जो वेदना जाती है उसे 'प्रतितूनी' कहते हैं ॥ ७५ ॥

आध्मानप्रत्याध्मानलक्षणम्—

साटोपमत्युग्ररुजमाध्मातमुदरं भृशम्।
आध्मानमिति जानीयाद्घोरं वातनिरोधजम् ॥ ७६ ॥

आध्मान का लक्षण—आध्मान—वातावरोध से उत्पन्न सम्पूर्ण उदरमें आटोप, भयंकर पीड़ा तथा आध्मान (फुलाव) को 'आध्मान' कहते हैं। यह रोग भयंकर होता है ॥ ७६ ॥

विमुक्तपार्श्वहृदयं तदेवामाशयोत्थितम्।
प्रत्याध्मानं विजानीयात्कफव्याकुलितानिलम् ॥ ७७ ॥

प्रत्याध्मान का लक्षण—पार्श्वप्रदेश एवं हृदयप्रदेश को छोड़कर पूर्वोक्त लक्षण यदि केवल आमाशय में उत्पन्न हों तो उसे 'प्रत्याध्मान रोग' कहते हैं। इस अवस्था में वायु, कफ से आवृत रहता है ॥ ७७ ॥

विमर्श—वेदना से युक्त उदर के क्षोभ को 'आटोप' कहते हैं। आध्मान में उदर फूलने के साथ-साथ वेदनापूर्वक क्षोभ या गुड़गुड़ा शब्द भी मिलता है। उदर से यहां पक्वाशय का ग्रहण करना चाहिए। इस तरह आमाशय के अतिरिक्त सभी आन्त्र में वायु का अवरोध उत्पन्न होने से आध्मान उत्पन्न होता है। आटोप में मल की प्रवृत्ति होते रहने पर भी पेट में वात से गुड़गुड़ शब्द होता रहता है। यह लक्षण ग्रहणी में विशेषरूप से पाया जाता है। पेट का फूलना एक साधारण लक्षण है। जब वह मल एवं मूत्र के अवरोध से युक्त रहता है उसे 'आनाह' कहते हैं। किन्तु जब उसमें मल-मूत्र की प्रवृत्ति के रहने पर भी वायवीय पदार्थों की उत्पत्ति के कारण पेट में फुलाव एवं गुड़गुड़ाहट होती है तो उसे 'आध्मान' कहते हैं। आध्मान विशुद्ध वात-जन्य रोग होता है। प्रत्याध्मान रोग में भी ये लक्षण होते है किन्तु वे आमाशय तक ही रहते हैं। ये कफावृत वातजन्य रोग हैं। जठर के आखिरी मुद्रिका-द्वार के संकोच के कारण आमाशय में वायु की उत्पत्ति एवं आमाशय की विस्तृति होने का फल प्रत्याध्मान है। इसको आमाशयिक आध्मान भी कहते हैं।

वाताष्ठीलाप्रत्यष्ठीलालक्षणम्—

नाभेरधस्तात्संजातः संचारी यदि वाऽचलः।
अष्ठीलावद्घनो ग्रन्थिरूर्ध्वमायत उन्नतः॥ ७८॥
वाताष्ठीलां विजानीयात्कफव्याकुलितानिलाम्।

वाताष्ठीला का लक्षण—वाताष्ठीला—नाभि के नीचेवाले भाग में अष्ठीला (पत्थर) के समान चल अथवा अचल गांठ जो ऊपर चौड़ी होती है और उन्नत होती है तथा उभड आती है उसे 'वाताष्ठीला या अष्ठीला' कहते हैं। यह ग्रन्थि मल तथा मूत्र के बाहर के मार्ग को अवरुद्ध कर देती है।

एतामेव रुजोपेतां वातविण्मूत्ररोधिनीम्॥ ७९॥
प्रत्यष्ठीलामिति वदेज्जठरे तिर्यगुत्थिताम्।

प्रत्यष्ठीला का लक्षण—यही अष्ठीला ग्रन्थि उदर प्रदेश में तिर्यक् (तिरछी), उठी रहे, वेदना को उत्पन्न करे तथा मल-मूत्र एवं वात का मार्ग अवरुद्ध करे तो इसको ही 'प्रत्यष्ठीला' कहते हैं।

मारुतेऽविगुणे बस्तौ मूत्रं सम्यक् प्रवर्तते॥ ८०॥

विकारा विविधाश्चापि प्रतिलोमे भवन्ति हि ।

वस्तिगत वात के अनुलोम रहने पर मूत्र की प्रवृत्ति अच्छी तरह विकार-रहित उत्पन्न होती है। किन्तु जब वह वात प्रतिलोम हो जाता है तब वस्तिगत अनेक प्रकार के मूत्रविकार (मूत्रकृच्छ्र, मूत्राघात, वातकुण्डलिका आदि) उत्पन्न हो जाते हैं।

विमर्श—अष्ठीला मिल के बटे या लोढ़े को कहते हैं इसी के आकार के उदर में स्थित ग्रन्थि को भी अष्ठीला कहते हैं। उदर में उसके अवस्थान के अनुसार दो नाम (संज्ञा) हो जाते हैं। यदि यह ग्रन्थि नाभि के निचले भाग में अनुप्रस्थ (सीधा) रहे तो उसे 'वाताष्ठीला' कहते किन्तु वह सीधी न रहकर तिरछी रहे तो उसे 'प्रत्यष्ठीला' कहते हैं। शेष लक्षण समान ही होते हैं। प्रत्यष्ठीला मल तथा मूत्र दोनों को अवरोध करती है। वात वैगुण्य के कारण समय-समय पर मलद्वार का संकोच हो जाता है जिससे मलावरोध होता है और इसके दूर हो जाने पर अन्य लक्षण भी निवृत्त हो जाते हैं।

वेपथुलक्षणम्—

सर्वाङ्गकम्पः शिरसो वायुर्वेपथुसंज्ञितः ॥ ८१ ॥

वेपथु (कम्पवात) का लक्षण—सम्पूर्ण शरीर के अवयवों के कम्प या सिर के कम्पन को 'वेपथु या कम्पवात' कहते हैं ॥ ८१ ॥

विमर्श—सिर शब्द उपलक्षणमात्र है। अतः इससे प्रत्येक अंग हाथ-पैर आदि के कम्प को 'वातकम्प' कहते हैं। इस वातकम्प के सर्वाङ्गकम्प तथा एकाङ्ग-कम्प ये दो भेद होते हैं। इस अवस्था में दूषित वातनाड़ी-मण्डल की स्थिरता को नष्ट कर देता है। बिना शीत आदि कारण के भी शरीर प्रतिक्षण कांपता रहता है। यह अधिक श्रम, आघात अथवा तीव्र संक्रामक ज्वर के परिणाम-स्वरूप उत्पन्न होता है। इसको 'सकम्प अंगघात' कहते हैं। यह एकाएक प्रारम्भ होता है। इसमे पेशी की दृढ़ता या पेशीदौर्बल्य पाया जाता है। कम्पवात होने पर (१) मुख, ग्रीवा, धड़ तथा शाखा के अग्रभागों में अनाम्यता विशेषरूप से होती है। खड़े होने पर रोगी सिकुड़ा-सा रहता है इसकी गर्दन, हाथ, टांगें सभी आकुंचित रहती हैं। (२) पेशियों की सम्पूर्ण क्रियायें बन्द हो जाती हैं। इससे रोगी रुक-रुक कर चलता है और छोटा-छोटा पग रखता है। (३) अनाम्यता कम होने पर कम्पन अधिक होता है। (४) पहले आवर्तन क्रियायें नष्ट नहीं होती है, मलमूत्र प्रवृत्त करानेवाली पेशियां प्राकृतिक रहती हैं। ये लक्षण कम्पवात में पाये जाते हैं।

खल्लीवातलक्षणम्—

खल्ली तु पादजङ्घोरुकरमूलावमोटनी ।

खल्लीवात का लक्षण—पैर, जघा (पिण्डुली), ऊरु तथा हाथ के मूल में ऐंठन उत्पन्न करनेवाली व्याधि को 'खल्लीवात' कहते हैं ।

अनुक्तवातरोगसंग्रहः—

स्थाननामानुरूपैस्तु लिङ्गै शेषान् विनिर्दिशेत् ॥ ८२ ॥
सर्वेष्वेतेषु संसर्गं पित्ताद्यैरुपलक्षयेत् ।

अनुक्त वातरोग का संग्रह—स्थान, नाम तथा लक्षणों के अनुसार अवशिष्ट वातव्याधियों को भी समझ लेना चाहिए । इसके अतिरिक्त इन सभी वातव्याधियों में वायु के साथ पित्त, कफ तथा आम के सम्बन्ध की भी कल्पना कर लेनी चाहिए । जैसे कुक्षिशूल, शिरशूल, अङ्गमर्द तथा तालुशोष आदि ।

वातरोगाणां साध्यासाध्यविचारः—

हनुस्तम्भादिताक्षेपपक्षाघातापतानकाः ॥ ८३ ॥
कालेन महताऽऽढ्यानां यत्नात्सिध्यन्ति वा न वा ।
नवान् बलवतस्त्वेतान् साधयेन्निरुपद्रवान् ॥ ८४ ॥

वातरोगों की साध्यासाध्यता का विचार—हनुस्तम्भ, अर्दित, आक्षेप, पक्षाघात तथा अपतानक रोगयुक्त रोगियों में चिकित्सा सभी साधनों की सुलभता होनेपर तथा चिरकाल तक चिकित्सा करने पर भी कभी-कभी ठीक हो जाते हैं तथा कभी-कभी ठीक नहीं होते हैं । यदि रोगी बलवान् हो और कोई उपद्रव न हो तो इन रोगों की चिकित्सा करे । रोगी के बलवान तथा उपद्रवरहित होने पर उक्त रोग साध्य होते हैं ॥ ८३–८४ ॥

विसर्पदाहरुक्सङ्गमूर्च्छारुच्यग्निमार्दवैः ।
क्षीणमांसबलं वाता घ्नन्ति पक्षवधादयः ॥ ८५ ॥
शून सुप्तत्वच भग्नं कम्पाध्मानानिपीडितम् ।
रुजार्तिमन्तं च नरं वातव्याधिर्विनाशयेत् ॥ ८६ ॥

विसर्प, दाह, अत्यधिक पीड़ा, अगों का संग (जुड़ना) या मल-मूत्र का अवरोध, मूर्च्छा, अरुचि तथा अग्निमान्द्य ये वातव्याधि के उपद्रव हैं । इन उपद्रवों से युक्त तथा मांस एवं बल से हीन रोगी को पक्षवध (पक्षाघात) आदि वातविकार मार डालते हैं । इसके अतिरिक्त जिसका शरीर शोथयुक्त हो गया हो जिसकी त्वचा में स्पर्शज्ञान की शक्ति नष्ट हो गई है जिसका अगभंग हो गया है तथा जो व्यक्ति कम्पवात एवं आध्मान से पीड़ित है ऐसे रोगी तथा तीव्र पीडा से युक्त रोगी की भी वातव्याधि से मृत्यु हो जाती है । अर्थात् उक्त प्रकार के रोगियों को वातव्याधि मार डालती है ॥ ८५–८६ ॥

प्रकृतिस्थवातकार्यम्—

अव्याहतगतिर्यस्य स्थानस्थः प्रकृतौ स्थितः।
वायुः स्यात्सोऽधिकं जीवेद्वातरोगः समाः शतम् ॥ ८७ ॥

प्रकृतिस्थ वात का कार्य—जिस मनुष्य की वात की गति शरीर के किसी अंग में भी अवरुद्ध नहीं है और जिसका प्राण, उदान, समान, व्यान, अपानात्मक पांच प्रकार का वायु अपने स्थान पर अपनी प्रकृतावस्था में रहकर कार्य करता है वह मनुष्य रोगरहित होकर सैकड़ों वर्ष तक जीवित रहता है ॥८७॥

स्वतन्त्रात्मा देवः प्रथममयमेकस्त्रिभुवने
ततो भेदैः पञ्च स्फुटमविकृतास्ते सुखकराः।
ततः श्लेष्मा पित्तं रुधिरमिति सङ्गाद् बहुविधान्
विकारानारभ्य व्यथयति जनान् मारयति च ॥ ८८ ॥

इति वातव्याधिनिदानम्।

सर्वप्रथम यह एक स्वतन्त्र स्वरूप का वायुदेव तीनों भुवन में प्रादुर्भूत हुआ और बाद में विकाररहित सुख देनेवाला, प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान आदि पाच प्रकार के कार्यभेद से विभक्त हुआ। इसके बाद पित्त, कफ एवं रक्त का अनुबन्ध होने के कारण अनेक प्रकार की व्याधियों को उत्पन्न कर मनुष्यों को व्यथित करता है तथा मार भी डालता है ॥ ८८ ॥

वातव्याधि-निदान समाप्त।

अथातो वातव्याधिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

वातरोगे सामान्यचिकित्सा—

अभ्यङ्गः स्वेदनं बस्तिर्नस्यं स्नेहविरेचनम्।
स्निग्धाम्ललवणस्वादुवृष्यं वातामयापहम् ॥ ८९ ॥
पटोलफलकैर्यूषो वृष्यो वातहरो लघुः।
वाट्यालककृतो यूषः परं वातविनाशनः ॥ ९० ॥

इसके बाद वात-व्याधि की चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

वातरोग में सामान्य चिकित्सा—अभ्यंग (तैलमर्दन), स्वेदन, वस्तिकर्म, नस्यकर्म, स्नेहन तथा विरेचन आदि कर्म एवं स्निग्ध, अम्ल, लवण, मधुर और वृष्य (शक्तिवर्द्धक) पदार्थों का सेवन, वातव्याधि को नाश करता है। परोरा के फल का यूष-वृष्य (शक्तिवर्द्धक) वातनाशक तथा हलका होता है। वाट्यालक (यव या बरियार) का यूष उत्तम प्रकार का वातनाशक है ॥ ८९-९० ॥

पञ्चमूलीबलासिद्धं क्षीरं वातामये हितम्।

पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू) तथा बरियार, इन द्रव्यों से सिद्ध दूध, वातव्याधि में हितकर है ॥

शीतोष्णस्निग्धरूक्षाद्यैर्वातजो यो न शाम्यति ॥ ९१ ॥
विकारस्तत्र विज्ञेयं दुष्टमेवातशोणितम्।

शीत, उष्ण, स्निग्ध तथा रूक्ष आदि पदार्थों से वातजन्य रोग यदि शान्त नहीं होता है तब वहां समझना चाहिए कि रक्त अत्यधिक मात्रा में दूषित हुआ है। अतः रक्तसंशोधक औषध के साथ चिकित्सा करनी चाहिए।

वाजिगन्धा बलास्तिस्रो दशमूली महौषधम्।
द्वे गृध्रनख्यौ रास्ना च गणो मारुतनाशनः ॥ ९२ ॥

अश्वगन्धा, तीनों बला (खरैंटी, कंघी, सहदेई), दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, पाढल, अरलु, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू), सोंठ, दोनों प्रकार की गृध्रनखी (नख द्रव्यविशेष) तथा रास्ना ये द्रव्य वातनाशक गण के हैं अर्थात् इन द्रव्यों का पाठ वातनाशकगण में आता है ॥ ९२ ॥

वातरोगे उपनाहस्वेदविधानम्—

आनूपमत्स्यामिषवेशवारैरुष्णैः प्रदेहः पवनापहः स्यात्।

वातरोग में उपनाह एवं स्वेदन का विधान—थोड़ा गरम, निम्नप्रदेश का मत्स्य, मांस एवं वेशवार का प्रदेह (पुल्टिस) बांधना वातरोग को नाश करता है।

स्नेहैश्चतुर्भिर्दशमूलमिश्रैर्गन्धौषधैश्चानिलहा प्रदेहः ॥ ९३ ॥

दशमूल तथा सुगन्धित औषध से युक्त चारों प्रकार का स्नेह (घृत, तैल, वसा तथा मज्जा) का प्रदेह (उपनाह) वातरोगों का नाश करनेवाला है ॥९३॥

निरस्थि पिशितं पिष्टं स्विन्नं गुडघृतान्वितम्।
कृष्णामरिचसंयुक्तं वेशवार इति स्मृतः ॥ ९४ ॥

अस्थिरहित मांस को पकाकर पीस ले और उसमें गुड़, घृत तथा काली मिर्च मिला दे। इसको 'वेशवार' कहते हैं ॥ ९४ ॥

काकोल्यादिः सवातघ्नः सर्वाम्लद्रव्यसंयुतः।
सानूपौदकमांसस्तु सर्वस्नेहसमन्वितः ॥ ९५ ॥
सुखोष्णः स्पष्टलवणः साल्वणः परिकीर्तितः।
तेनोपनाहं कुर्वीत सर्वदा वातरोगिणः ॥ ९६ ॥

काकोल्यादिगण—वातनाशकगण (अश्वगन्धा, तीन प्रकार की बला

दशमूल, सोंठ, दोनों गृध्रनख तथा रासन), सभी प्रकार के अम्लद्रव्य, आनूपदेश का मांस, सभी प्रकार का स्नेह (घृत, तैल, वसा तथा मज्जा) इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर सेंधा नमक मिला दे और थोड़ा गरम कर दें, इसको 'सालवण' कहते हैं। इसी का उपनाह (पुल्टिस) बनाकर वात के रोगी को निरन्तर उपनाहन करे। अर्थात् इस उपनाहन से वातरोग शान्त होता है।

काकोल्यादिर्गणो ग्राह्यो नाष्टवर्गकसंज्ञकः।
वातघ्नो भद्रदार्वादिर्वर्गोऽम्लो दाडिमादिकः॥ ९७॥
सर्वस्नेहाश्चतुःस्नेहा लवणं सैन्धवादिकम्।
अम्लादिभिश्च संस्कार्यं काकोल्यादित्रयं त्रिभिः॥ ९८॥

काकोल्यादिगण को अष्टवर्ग छोड़कर ग्रहण करना चाहिए। भद्रदार्वादिगण वातघ्नगण तथा दाडिमादिक अम्लगण को ग्रहण करना चाहिए। सभी प्रकार के स्नेह में चतुःस्नेह (घृत, तैल, वसा तथा मज्जा) तथा लवण शब्द से सेन्धा आदि नमक ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार काकोल्यादि गण, वातघ्नगण तथा भद्रदार्वादिगण, इन तीनों वर्गों को चतुःस्नेह वर्ग, दाडिमादिक अम्लवर्ग तथा सैन्धवादि, तीन वर्गों से संस्कार करना चाहिए॥ ९७-९८॥

षड्धरणयोगः—

आमाशयगते वाते छर्दिताय यथाबलम्।
देयः षड्धरणो योगः सप्तरात्रं सुखाम्बुना॥ ९९॥

षड्धरण योग—वायु के आमाशयगत होने पर (आमाशयप्रदेश में स्थित होनेपर) वमन कराने के लिये बल के अनुसार सात रात्रि तक थोड़े गरम जल के साथ षड्धरण योग देना चाहिए॥ ९९॥

चित्रकेन्द्रयवाः पाठाकटुकातिविषाभयाः।
वातव्याधिप्रशमनो योगः षड्धरणः स्मृतः॥ १००॥

चित्रक, इन्द्रयव, पाठा, कुटकी, अतीस तथा हर्रे, ये द्रव्य 'षड्धरण योग' कहे गये हैं। यह षड्धरण योग वातव्याधि को शान्त करनेवाला है॥१००॥

सर्ववातरोगे रास्नादिक्वाथः—

रास्ना गुडूची देवाह्वमेरण्डमभया शटी।
बला चारग्वधः शुण्ठी शतपुष्पा पुनर्नवा॥ १०१॥
पञ्चमूली विषा मुण्डी सैरेयकदुरालभे।
यवानी पौष्करं मूलं वाजिगन्धा प्रसारणी॥ १०२॥
गोक्षुरश्चाटरूषश्च हपुषा वृद्धदारुकम्।
शतावरी समङ्गा च गुग्गुलुर्गिरिजं तथा॥ १०३॥
समभागैरिमैः सर्वैः कषायमुपकल्पयेत्।

पिवेत्सर्वाङ्गगे वाते सामे सन्ध्यस्थिमज्जगे ॥ १०४ ॥
वातरोगेषु सर्वेषु कम्पे शोफेऽपतानके ।
मन्यास्तम्भे च हृद्रोगे पक्षाघातेऽपतन्त्रके ॥ १०५ ॥
अर्दिताक्षेपके कुब्जे हनुग्रहशिरोग्रहे ।
गृध्रस्यां जानुरोगे च गुल्मे शूले कटिग्रहे ॥ १०६ ॥
सामे चैव निरामे च सप्तधातुगतेऽनिले ।
आवृतेऽनावृते चैव वातरक्ते विशेषतः ।
एष द्वात्रिंशकः क्वाथः कृष्णात्रेयेण पूजितः ॥ १०७ ॥

सभी प्रकार के वातरोग में रास्नादि क्वाथ—रासन, गुडूची, देवदारु, एरण्ड, हर्रे, कपूरकचरी, बरियार, अमलतास, सोंठ, सौंफ, गदहपूरना, पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू), अतीस, गोरखमुण्डी, सैरेयक (पीली झिण्टी), यवासा, अजवायन, पुष्करमूल, अजगन्धा, गन्धप्रसारणी, गोखरू, अटरूष (अडूसा), हाऊबेर, वृद्धदारु (विधारा), शतावरी, मंजीठ, गुग्गुलु तथा शिलाजीत—इन द्रव्यों को समभाग लेकर क्वाथ बनावे । इस क्वाथ को सर्वांगवात, आमवात, सन्धि-अस्थि तथा मज्जागतवात, सभी प्रकार के वातरोग, कम्परोग, शोथ, अपतानक, मन्यास्तम्भ, हृदयरोग, पक्षाघात (पक्षवध), अपतन्त्रक, अर्दितरोग, आक्षेपक, कुब्जरोग, हनुग्रह, शिरोग्रह, गृध्रसी, जानुरोग, गुल्मरोग, शूल, कटिग्रह, सप्तधातुगत वातरोग, आवृत (पित्तकफादि से) तथा अनावृत वातरोग तथा विशेषकर वातरक्त रोग में पान करे । यह 'द्वात्रिंशक' क्वाथ कृष्णात्रेय के द्वारा प्रशंसित है । अर्थात् वातरोगों को दूर करने के लिये उत्तम औषध है ॥ १०१-१०७ ॥

धातुगतवातचिकित्सा—

अभ्यञ्जनपरिषेकप्रलेपनैर्मर्दनोपनाहैश्च ।
त्वग्गतमनिलं हन्याद्धितैर्विहारान्नपानैश्च ॥ १०८ ॥

धातुगत वात-चिकित्सा—चर्मगत वातरोग को अभ्यञ्जन, परिषेक, लेप, मर्दन तथा उपनाहन (पुल्टिस) के द्वारा और हितकर विहार एवं अन्न-पान सेवन के द्वारा नाश करे ॥ १०८ ॥

लङ्घनपाचनयोगैराहारैः स्नेहस्वेदनलघूष्णैः ।
रूक्षोष्णशोधनैरपि रसगतमनिलं जयेत् क्रमशः ॥ १०९ ॥

इसी प्रकार धीरे-धीरे रसगत वातरोग को लंघन तथा पाचन योग्य आहारों से स्नेहन कर्म, स्वेदन कर्म, लघु तथा उष्ण पदार्थों के सेवन से एवं रूक्ष और उष्ण शोधन द्रव्यों से जीत ले अर्थात् रसगत वात रोग को दूर करे ॥ १०९ ॥

पक्वाशयगते वाते हितं स्नेहविरेचनम् ॥ ११० ॥
बस्तयः शोधनीयाश्च प्राशाश्च लवणोत्तराः ।

पक्वाशय-गत वात रोग में स्नेहन तथा स्वेदन हितकर होता है। वस्ति कर्म तथा संशोधन कर्म भी करना चाहिए और सेन्धानमक मिलाकर भोजन करना चाहिए।

कार्यो बस्तिगते चापि विधिर्बस्तिविशोधनः ॥ १११ ॥

वस्तिगत वात रोग में वस्ति-संशोधन कर्म को करना चाहिए ॥ १११ ॥

श्रोत्रादिकुपिते वाते कार्यश्चानिलहा क्रमः ।
स्नेहाभ्यङ्गोपनाहाश्च मर्दनालेपनानि च ॥ ११२ ॥

श्रोत्रादि-गत वात के प्रकुपित होने पर वातनाशक उपचार को करे। इसके अतिरिक्त स्नेहन, अभ्यंग, मर्दन तथा आलेपन कर्म को भी करना चाहिए ॥ ११२ ॥

त्वङ्मांसास्रक्छिराप्राप्ते कुर्याच्चास्रग्विमोक्षणम् ।
स्वेदोपनाहाग्निकर्म बन्धनोन्मर्दनानि च ॥ ११३ ॥

चर्म, मांस, रक्त तथा शिरा में प्रकुपित वात के स्थित होने पर रक्त-विमोक्षण क्रिया करनी चाहिए। और स्वेदन, उपनाहन, अग्नि (दग्ध) कर्म, बन्धन तथा उन्मर्दन आदि क्रियाओं को करे ॥ ११३ ॥

स्नायुसंध्यस्थिसंप्राप्ते कुर्याद्वाते विचक्षणः ।

स्नायु, सन्धि तथा अस्थि में वात के आश्रित होने पर वातनाशक क्रिया करे।

निगूढेऽस्थिगते वायौ पाणिमन्थेन दारिते ॥ ११४ ॥
नाडीं दत्त्वाऽस्थनि भिषक् चूषयेत्पवनं बली ।
शुक्रप्राप्तेऽनिले कार्यं शुक्रदोषचिकित्सितम् ॥ ११५ ॥
वक्षस्निकस्कन्धगतं वायुं मन्यागतं तथा ।
वमनं हन्ति नस्यं च कुशलेन प्रयोजितम् ॥ ११६ ॥

प्रच्छन्न रूप से वायु के अस्थिगत होने पर पाणिमन्थ (यन्त्र विशेष) से चीर कर हड्डी के बीच में नाढी (नलिका) को लगाकर बलवान् वैद्य वात को चूषण करे। शुक्र स्थान में वायु के स्थित होने पर, शुक्र दोष-सम्बन्धी चिकित्सा करे, जिससे शुक्रगत वात रोग का नाश हो। वक्ष (छाती), स्निक (स्निक प्रदेश) तथा कन्ध (स्कन्धा) में स्थित प्रकुपित वात के तथा मन्या नाडीगत वात को कुशल वैद्य के द्वारा प्रयोग किया हुआ वमन तथा नस्य कर्म नाश करता है अर्थात् वक्ष, स्निक प्रदेश तथा अंस स्थल-स्थित वात वमन एवं नस्य कर्म से नष्ट होता है ॥ ११४–११६ ॥

पक्षवधादौ माषबलादिक्वाथः—

माषबलाशुकशिम्बाकट्तृणराल्वाश्वगन्धोरुबूकाणाम् ।
क्वाथो नस्यनिपीतो रामठलवणान्वितः कोष्णः ॥ ११७ ॥
अपहरति पक्षवातं मन्यास्तम्भं सकर्णनादरुजम् ।
दुर्जयमर्दितवातं सप्ताहाज्जयति चावश्यम् ॥ ११८ ॥

पक्षवधादि में माषबलादिक्वाथ—माष (धान्यमाष "वनउड़दी"), चरियार, शुकशिम्बी (गठिवन का फल), कट्तृण (चिरायता), रास्ना, अश्वगन्धा, उरुबूक (एरण्ड)—इन द्रव्यों का क्वाथ, हिंगु तथा सेन्धानमक मिलाकर थोड़ा गरम कर लेने से पक्षवात (पक्षघात), मन्यास्तम्भ (मन्या-नाड़ी का जकड़ना), कर्णनाद (कान में शब्द सुनाई देना) तथा कान की पीड़ा को दूर करता है और दुर्जय अर्दितवात को एक सप्ताह में अवश्य ही जीत लेता है ॥ ११७-११८ ॥

पक्षाघाते लघुमाषादिक्वाथः—

माषात्मगुप्तैरण्डवाटचालकभृतं पिबेत् ।
हिङ्गुसैन्धवसंयुक्तं पक्षाघातनिवारणम् ॥ ११९ ॥

पक्षाघात में लघुमाषादि क्वाथ—माष (वनउड़दी), केवाछ का बीज, एरण्ड, वाटचालक (बरियार)—इन द्रव्यों का क्वाथ, हिंगु तथा सेन्धानमक मिलाकर सेवन करने से पक्षाघात को दूर करता है ॥ ११९ ॥

अर्दितादिवातरोगे लघुलशुनपिण्डः—

पलमर्धपलं वापि रसोनस्य सुकुट्टितम् ।
हिङ्गुजीरकसिन्धूत्थैः सौवर्चलकटुत्रयैः ॥ १२० ॥
चूर्णितैर्माषकोन्मानैरवचूर्ण्य विमर्दितम् ।
यथाग्निभक्षितं प्राता रुबुकाथानुपानतः ॥ १२१ ॥
दिने दिने प्रयोक्तव्यं मासमेकं निरन्तरम् ।
वातरोगान्निहन्त्याशु अर्दितं चापतन्त्रकम् ॥ १२२ ॥
एकाङ्गरोगिणे चैव तथा सर्वाङ्गरोगिणे ।
ऊरुस्तम्भे च गृध्रस्यां कृमिदोषे विशेषतः ॥ १२३ ॥
कटिपृष्ठामयं हन्याज्जठरं च विशेषतः ।
माषपिष्टकृतिं जग्ध्वा नवनीतेन सोऽर्दिती ।
क्षीरमांसरसैर्भुक्त्वा दशमूलीश्रृतं पिबेत् ॥ १२४ ॥
स्नेहाभ्यङ्ग-शिरोधूम-वस्ति-नस्यपरायणः ।
अर्दितं स जयेत्सर्पिः पिबेदुत्तरभक्तकम् ॥ १२५ ॥

अर्दित आदि वातरोग में लघु लशुन पिण्ड—एक गांठवाला लहसुन एक

पल या आधा पल लेकर अच्छी तरह कूटकर पीठी बना ले और उसमें शु० हिंगु, जीरा, सेन्धानमक, सौवर्चलनमक तथा कटुत्रिक (सोंठ, पीपर, मरिच) एक २ माशा—इन द्रव्यों के चूर्ण को मिला दे। और लशुन-पिण्ड बना ले। इस लशुन-पिण्ड को अग्नि-बल के अनुसार रुचु (एरण्ड) के क्वाथ के साथ प्रातःकाल भक्षण करे। इस प्रकार प्रतिदिन एक मास तक सेवन करने से वातरोगों को एवं अर्दित तथा अपतन्त्रक रोगों को शीघ्र ही नाश करता है। इस लशुन-पिण्ड को एकाङ्गवात, सर्वाङ्गवात के रोगियों को एवं ऊरुस्तम्भ, गृध्रसी तथा कृमि रोग में विशेष कर प्रयोग करना चाहिए। कटिग्रह, पृष्ठग्रह, जठर (उदर) रोगों को विशेषकर नाश करता है। अर्दित रोग से पीड़ित व्यक्ति उड़द के पीठी को नवनीत (मक्खन) में पकाकर, दूध एवं मांसरस के साथ भक्षण कर दशमूल का क्वाथ पान करे। स्नेह-अभ्यंग, शिरोधूम, वस्ति तथा नस्य आदि का प्रयोग करनेवाला व्यक्ति अर्दित रोग को जीत लेता है। इस प्रकार अर्दित रोग से पीड़ित व्यक्ति भोजन के बाद घृत का पान करे ॥ १२०–१२५ ॥

अवबाहुकप्रतीकारः—

मूलं बलायास्त्वथ पारिभद्रात्तथाऽऽत्मगुप्तास्वरसं पिबेद्वा ।
नस्यं तु यो माषरसेन दद्यान्मासादसौ वज्रसमानबाहुः ॥ १२६ ॥

अवबाहुक का प्रतिकार—अवबाहुकरोग से पीड़ित व्यक्ति, बरियार के मूल का स्वरस या फरहद के मूल का स्वरस अथवा केवाछ के बीज का स्वरस पान करे। जो व्यक्ति माषरस का नस्य ग्रहण करता है। वह एक मास में वज्र के समान दृढ़ बाहुवाला हो जाता है ॥ १२६ ॥

मन्यास्तम्भप्रतीकारः—

पञ्चमूलीकृतः काथो दशमूलीकृतोऽथवा ।
रूक्षः स्वेदस्तथा नस्यं मन्यास्तम्भे प्रशस्यते ॥ १२७ ॥

मन्यास्तम्भ-प्रतिकार—मन्यास्तम्भ में पञ्चमूल का क्वाथ या दशमूल का क्वाथ, रूक्षस्वेदन तथा नस्य कर्म उत्तम होता है ॥ १२७ ॥

बाहुशोषचिकित्सा—

बाहुशोषे पिबेद् भुक्त्वा सर्पिः कल्याणकं महत् ।

बाहुशोष की चिकित्सा—बाहुशोष (बाहु का सूखापन) रोग में भोजन करने के बाद महाकल्याणक नामक घृत पान करे (महाकल्याणक घृत गदनिग्रह प्रयोग खण्ड घृत प्रकरण पृ० ५९ देखें)।

कुब्जवातलक्षणं चिकित्सा च—

हृदयं यदि पृष्ठं वा उन्नतं क्रमशः सरुक् ॥ १२८ ॥

क्रुद्धो वायुर्यदा कुर्यात्तदा तं कुब्जमादिशेत् ।
वातघ्नैर्दशमूल्या च नवं कुब्जमुपाचरेत् ॥ १२९ ॥
स्नेहैर्मांसरसैर्वापि, प्रवृद्धं तं विवर्जयेत् ।

कुब्जवात का लक्षण तथा चिकित्सा—जब प्रकुपित वायु हृदय या पृष्ठभाग को उन्नत कर पीड़ा उत्पन्न करता है तब उसको 'कुब्जवात' कहते हैं। नवीन कुब्जवातरोग को वातनाशक औषधों तथा दशमूल के क्वाथ से या स्नेह एवं मांसरस से उपचार करे। बढ़े हुए कुब्जवात की चिकित्सा न करे।

तूनीप्रतितूनीचिकित्सा—

पिप्पल्यादिरजस्तूनीप्रतितून्योः सुखाम्बुना ॥ १३० ॥
पिबेद्वा स्नेहलवणं सघृतं क्षारहिङ्गु वा ।

तूनी तथा प्रतितूनी की चिकित्सा—तूनी तथा प्रतूनी रोग में पिप्पल्यादि गण का चूर्ण थोड़े गरम जल से पान करे। या सेन्धानमक मिलाकर घृत-पान करे अथवा यवक्षार एवं हिंगु सेवन करे।

आध्मानप्रत्याध्मानचिकित्सा—

आध्माने लङ्घनं पाणितापश्च फलवर्तयः ॥ १३१ ॥
दीपनं पाचनं चैव बस्तिश्चाप्यत्र शोधनः ।
प्रत्याध्माने तु वमन लङ्घनं दीपनं तथा ॥ १३२ ॥

आध्मान तथा प्रत्याध्मान की चिकित्सा—आध्मान रोग में लंघन करे तथा हाथ गरम कर सेंक करे और मदनफल की वर्ति का प्रयोग करे। इस रोग में दीपन-पाचन औषधों का सेवन, वस्तिकर्म तथा शोधन कर्म और प्रत्याध्मानरोग में वमन कर्म, लंघन तथा दीपन करनेवाले औषधों को सेवन करे ॥ १३१–१३२ ॥

अष्ठीलिकाप्रत्यष्ठीलिकाचिकित्सा—

प्रत्यष्ठीलाष्ठीलिकयोरन्तर्विद्रधिवत्क्रिया ।
चूर्णं हिङ्ग्वादिकं चात्र शस्यते च विशेषतः ॥ १३३ ॥

अष्ठीलिका व प्रत्यष्ठीलिका की चिकित्सा—अष्ठीलिका तथा प्रत्यष्ठीलिका रोग में अन्तर्विद्रधि (आभ्यन्तरिक व्रण) की तरह चिकित्सा करे। इन दोनों रोगों में हिंग्वादिक[1] चूर्ण विशेष कर लाभप्रद होता है ॥ १३३ ॥

विविधवातरोगप्रतीकारः—

विश्वाच्यां खञ्जपङ्ग्वोश्च दाहे हर्षे च पादयोः ।

---

१. हिंग्वादि चूर्ण गदनिग्रह के प्रयोग खण्ड चूर्णाधिकार पृष्ठ १४७ में देखें।

क्रोष्टुशीर्षविकारे च विकारे वातकण्टके ॥ १३४ ॥
शिरां यथोक्तां निर्विध्य चिकित्सा वातरोगजित् ।
जिह्वास्तम्भे क्रिया श्रेष्ठा सामान्योक्ता तथाऽर्दिते ॥ १३५ ॥
शिराग्रहे तु कर्तव्या शिरामारुतवत्क्रिया ।

अनेक प्रकार के वात रोगों का प्रतिकार—विश्वाची (बाहुओं के आकुञ्चन प्रसारण आदि कर्मों का नाश), खञ्ज (लगड़ापन), पङ्गु (उभय सक्थिघात "फालिज"), पाददाह, पादहर्ष (पैरों का झनकार या सुन्न होना), क्रोष्टुकशीर्ष (जानुशोथ) तथा वातकण्टक (जिह्वाकण्टक)—इन रोगोंमें यथोक्त (सुश्रुत के शारीर स्थान में सिराव्यध विधि—अध्याय में बताये गये के अनुसार) विधि के अनुसार सिरा को छेदन कर वातनाशक चिकित्सा करे । जिह्वास्तम्भ में तथा अर्दितरोग में सामान्यतः बताई गई वातनाशक क्रिया श्रेष्ठ है अर्थात् लाभदायक है । शिराग्रह में सिरावात की चिकित्सा के तरह रक्तमोक्षण, स्वेदन, उपनाहन, अग्निकर्म, बन्धन तथा उन्मर्दन आदि क्रिया करे ।

मूकादिवातरोगे कल्याणको लेहः—

सहरिद्रा वचा कुष्ठं पिप्पली विश्वभेषजम् ॥ १३६ ॥
अजाजी चाजमोदा च यष्टीमधुकसैन्धवम् ।
एतानि समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ १३७ ॥
तच्चूर्णं सर्पिषाऽऽलोड्य प्रत्यहं भक्षयेन्नरः ।
एकविंशतिरात्रेण भवेच्छ्रुतधरः पुमान् ॥ १३८ ॥
मेघदुन्दुभिनिर्घोषो मत्तकोकिलनिःस्वनः ।
जाड्यं गद्गदमूकत्वं लेहः कल्याणको जयेत् ॥ १३९ ॥

मूकादि वातरोग में कल्याणक अवलेह—हल्दी, वच, कूठ, पीपर, सोंठ, स्याहजीरा, अजमोदा, मधुयष्टी, सुलेठी तथा सेन्धानमक, समभाग—इन द्रव्यों को सूक्ष्म चूर्ण बनावे । और इस चूर्ण को घृत में मिलाकर प्रतिदिन भक्षण करे । इस लेह को एकीस रात्रि तक सेवन करने से मनुष्य श्रुतधर (अच्छी तरह सुननेवाला) हो जाता है । मेघ तथा दुन्दुभि के समान शब्द करनेवाला और मत्तकोकिल के तरह स्वरवाला हो जाता है । यह कल्याणक-लेह जाडय, गद्गदवाक्यता तथा मूकत्व (गूंगापन) को जीत लेता है ॥ १३६–१३९ ॥

क्रोष्टुकशीर्षचिकित्सा—

गुग्गुलुं क्रोष्टुशीर्षं च गुडूचीत्रिफलाम्भसा ।
क्षीरेणैरण्डतैलं वा पिबेद्वा वृद्धदारुकम् ॥ १४० ॥
श्यामासमालग्वुषाद्यं कार्यं वा वातरक्तवत् ।

हृते रक्तेऽनिलहरो विधिः कृत्स्नः प्रशस्यते ॥ १४१ ॥

क्रोष्टुकशीर्ष की चिकित्सा—क्रोष्टुकशीर्ष (जानुशोथ) नामक वातरोग में गुडूची तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के क्वाथ से गुग्गुलु भक्षण करे। या दूध के साथ एरण्ड का तैल अथवा विधारा का चूर्ण पान करे। या श्यामा-समालम्बुपाद्य कार्य (सौंगी या तुम्बी लगाना आदि कार्य), वातरक्त के तरह करे। रक्त के निर्हरण हो जाने पर सभी वातनाशक विधियों (कार्यों) को करना चाहिए ॥ १४०–१४१ ॥

गृध्रस्यादौ दशमूलादियोगः—

दशमूली बला रास्ना गुडूची विश्वभेषजम् ।
पिबेदेरण्डतैलेन गृध्रसीखञ्जपङ्गुषु ॥ १४२ ॥

गृध्रसी आदि में दशमूलादियोग—दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), बरियार, रासन, गुडूची तथा सोंठ, (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को या क्वाथ को एरण्ड तैल के साथ गृध्रसी (लंगड़ी की दर्द, रींगनवायु 'श्याटिका'), खञ्ज (लंगड़ापन) तथा पङ्गु (उभयसक्थिघात) रोग में पान करे ॥ १४२ ॥

कटिशूलगृध्रस्योरेरण्डबीजपायसः—

संशोध्यैरण्डबीजानि पिष्ट्वा क्षीरे विपाचयेत् ।
पायसः स कटीशूले गृध्रस्यां परमौषधम् ॥ १४३ ॥

कटिशूल तथा गृध्रसी रोग में एरण्ड-बीज-पायस—एरण्ड के बीज को शुद्ध कर (छिलका आदि निकाल कर) महीन पीस ले और दूध में पकावे। जब अच्छी तरह पक जाय तो पायस को निकाल कर रख ले। यह पायस (खीर), कटिशूल (कम २ दर्द) तथा गृध्रसी (रींगनवात) में उत्तम औषध है। अर्थात् यह पायस कटिशूल तथा गृध्रसी रोग को नाश करता है ॥१४३॥

गृध्रस्यादौ पञ्चमूलीयोगः—

पञ्चमूलीकषायं तु रुचुतैलत्रिवृच्युतम् ।
त्रिवृतैवाथवा युक्तं गृध्रसीगुल्मशूलनुत् ॥ १४४ ॥
तैलं घृतं चार्द्रकमातुलुङ्गीरसं सचुक्रं सगुड पिबेद्वा ।
कट्यूरुपृष्ठत्रिकगुल्मशूलगृध्रस्युदावर्तहरः प्रदिष्टः ॥ १४५ ॥

गृध्रसी आदि रोग में पञ्चमूलीयोग—पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) का क्वाथ, एरण्ड तैल तथा त्रिवृता (निशोथ) चूर्ण मिलाकर या केवल निशोथ का चूर्ण मिलाकर पान करे। यह गृध्रसी रोग, गुल्म रोग तथा शूल को दूर करता है। अथवा तैल, घृत, अद्रक का रस, बिजोरे नीबू का रस, चूका का रस, गुड मिलाकर पान करे। यह कटिशूल

ऊरुस्तम्भ, पृष्ठग्रह, त्रिकग्रह, गुल्मरोग, शूल, गृध्रसी रोग तथा उदावर्त रोग को दूर करनेवाला कहा गया है ॥ १४४-१४५ ॥

गृध्रस्यां रास्नागुग्गुलुः—

रास्नायास्तु पलं चैकं कर्षान् पञ्च च गुग्गुलोः ।
सर्पिषा वटकान् कृत्वा खादेद्वा गृध्रसीहरान् ॥ १४६ ॥

गृध्रसीरोग में रास्ना गुग्गुलु योग—रासन का चूर्ण एक पल (छटाँक) शु० गुग्गुलु, पांच कर्ष (तो०) इन दोनों द्रव्यों को घृत के साथ मर्दन कर वटक बनाये और गृध्रसी रोग को दूर करनेवाले इन वटकों को भक्षण करे ॥ १४६ ॥

कटीशूलगृध्रस्योः शुण्ठ्याद्यः पायसः—

शुण्ठीगन्धवबीजाभ्यां पिष्टाभ्यां पायसः कृतः ।
भक्षितस्तु कटीशूलं गृध्रसीं हन्त्यसंशयम् ॥ १४७ ॥

कटिशूल तथा गृध्रसी रोग में शुण्ठ्याद्यपायस—सोंठ तथा शु० एरण्ड बीज को दूध में पकाकर पायस (खीर) बनाये । यह पायस भक्षण करने से कटि-शूल तथा गृध्रसी रोग को निःसन्देह नाश करता है ॥ १४७ ॥

गृध्रसीचिकित्सा—

गृध्रस्यार्तं नरं सम्यग्यावकाद्यैर्विशोधितम् ।
ज्ञात्वा निरामं दीप्ताग्निं बस्तिभिः समुपाचरेत् ॥ १४८ ॥

गृध्रसी रोग की चिकित्सा—गृध्रसी रोग से पीड़ित व्यक्ति को यावक (अधसूखे जव या बिना टूढ वाले जव के यवागू आदि) से अच्छी तरह विशोधित निराम एवं प्रदीप्त अग्निवाला जानकर बस्तिकर्म के द्वारा उपचार करे ॥ १४८ ॥

नादौ बस्तिविधिं कुर्याद्यावदूर्ध्वं न शुध्यति ।
स्नेहो निरर्थकस्तत्र भस्मन्येवाहुतिर्यथा ॥ १४९ ॥

जब तक गृध्रसी रोग-पीड़ित व्यक्ति की ऊर्ध्वक्रिया (वमन आदि) से संशोधन न करे तब तक पहले बस्ति कर्म न करे । ऊर्ध्व-संशोधन क्रिया के बिना स्नेहन कर्म निरर्थक होता है जैसे राख में आहुति देना निरर्थक होता है ।

गृध्रस्यार्तस्य जङ्घायां स्नेहस्वेदे कृते भृशम् ।
पङ्क्त्यामुद्वर्तितायां च सूक्ष्ममार्गेण गृध्रसीम् ॥ १५० ॥
अवतार्याङ्गुलैः सम्यक्निष्पाद्यां शनैः शनैः ।
ज्ञात्वा समुन्नतं ग्रन्थिं कण्डरायां व्यवस्थितम् ॥ १५१ ॥
तं शस्त्रेण विदार्याशु प्रवालाङ्कुरसन्निभम् ।
समुद्धृत्याग्निना दग्ध्वा लिम्पेच्चष्टयम्बुचन्दनैः ॥ १५२ ॥

विध्येच्छिरामिन्द्रबस्तेरधस्ताच्चतुरङ्गुले ।
यदि नोपशमं गच्छेद्दहेत्पादकनिष्ठिकाम् ॥ १५३ ॥
तैलमेरण्डजं वापि गोमूत्रेण पिबेन्नरः ।
मासमेकं प्रयोगोऽयं गृध्रस्युरुग्रहापहः ॥ १५४ ॥

गृध्रसी रोग से पीड़ित व्यक्ति के स्नेहन-स्वेदन करने के बाद दोनों पैरों के द्वारा उद्वर्तित जंघा में अंगुलियों के द्वारा सूक्ष्म मार्ग से गृध्रसी को उतार कर धीरे धीरे अच्छी तरह कनिष्ठ कण्डरा में व्यवस्थित उन्नत ग्रन्थि को जान कर शीघ्र ही शस्त्र से विदीर्ण कर प्रवाल के अंकुर के समान उस ग्रन्थि को पकड़कर अग्नि से जलावे और मुलेठी, सुगन्धवाला तथा चन्दन, इन द्रव्यों का लेप बनाकर लगा दे। जंघा में इन्द्रबस्ति मर्म विशेष के चार अंगुल नीचे सिरा को छेदकर रक्तमोक्षण करा दे। इस कार्य के करने पर भी यदि गृध्रसी रोग शान्त न हो तो पैर के कनिष्ठ (कानी) अंगुलि को जला दे। इसके बाद एरण्डक तैल को गोमूत्र के साथ मनुष्य पान करे। इस प्रकार एक मास तक प्रयोग करने से गृध्रसी रोग तथा ऊरुग्रह दूर हो जाता है ॥१५०–१५४॥

वातकण्टकचिकित्सा—

रक्तावसेचनं कुर्यादभीक्ष्णं वातकण्टके ।
पिबेदेरण्डतैलं वा दहेच्छूचिभिरेव वा ॥ १५५ ॥

वातकण्टक-चिकित्सा—वातकण्टक (जिह्वाकण्टक) रोग में निरंतर रक्तावसेचन करे या एरण्ड का तैल पान करे, अथवा सूची (सूई) के द्वारा जला दे॥ १५५ ॥

कटिशूले एरण्डतैलयोगः—

दशमूलीकषायेण पिबेद्वा नागराम्भसा ।
कटिशूलेषु सर्वेषु तैलमेरण्डसंभवम् ॥ १५६ ॥

कटिशूल में एरण्ड योग—एरण्ड के तैल को सभी प्रकार के कटिशूल में दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाठा, अरणी, सरिवन, पिठवन, वन-भंटा, भटकटैया, गोखरू) के कषाय से या सोंठ के क्वाथ के साथ मिलाकर पान करे ॥ १५६ ॥

सन्ध्यादिगतवाते गुग्गुलुवटकः—

पृथक्पलांशा त्रिफला पिप्पली च विचूर्णितम् ।
दशमूलाम्बुना भाव्यं त्वगेलार्धपलान्वितम् ॥ १५७ ॥
दत्त्वा पलानि पञ्चैव गुग्गुलोर्वटकीकृतः ।
एष सांसरसाभ्यासाद्वातरोगानशेषतः ॥ १५८ ॥
हन्ति संध्यस्थिमज्जस्थान् वृक्षमिन्द्राशनिर्यथा ।

लेहवद् द्विगुणेनायमालोड्यालोड्य चातपे ॥ १५९ ॥
दशमूलाम्बुना शोष्यः सप्तवारांस्तु गुग्गुलुः ।

सन्धि-अस्थि-मज्जा आदि गत वात रोग में गुग्गुलु वटक—त्रिफला (हर्र, बहेडा आंवला) अलग-अलग एक-एक पल (छटांक), पीपर एक पल, दालचीनी, इलायची आधा २ पल (दो तोला)—इन द्रव्यों का चूर्ण तथा शु० गुग्गुलु पांच पल (छटांक) मिलाकर दशमूल (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाठा, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू) के क्वाथ से भावना देकर सुखा ले और वटक बनावे । यह वटक मांसरस के साथ निरन्तर सेवन करने से सन्धिगत, अस्थिगत तथा मज्जागत सभी वातरोगों को निर्मूल नाश करता है । जैसे इन्द्र का वज्र वृक्ष को नष्ट कर देता है । अवलेह के समान गुग्गुलु को दशमूल के दुगुने क्वाथ में सात बार मिला मिलाकर धूप में सुखावे ।

कटिग्रहलक्षणम्—

वायुः कट्याश्रितः शुद्धः सामो वा जनयेद्रुजम् ।
कटिग्रहः स विज्ञेयः पङ्गुः सक्थिद्वयाश्रितः ॥ १६० ॥

शुद्ध आम वायु कटि में स्थित होकर पीड़ा को उत्पन्न करता है उसको 'कटिग्रह' कहते हैं । अर्थात् वायु कटि को जकड़ कर वेदना उत्पन्न करता है । जब वायु प्रकुपित होकर दोनों सक्थियों (ऊरुवों) में स्थित होकर जकड़ देता है उसको 'पङ्गु' कहते हैं ॥ १६० ॥

कटिग्रहादौ त्रयोदशाङ्गो गुग्गुलुः—

आभाश्वगन्धाहपुषागुडूचीशतावरीगोक्षुरकं च रास्ना ।
श्यामा शटी घोषवती यवानी सनागरा चेति समैश्च चूर्णम् ॥
तुल्यो भवेत्कौशिक अत्र मध्ये देयं तथा सर्पिरथार्धभागम् ।
अर्धाक्षमात्रं तु ततः प्रयोज्यं कृत्वानुपानं सुरयाऽथ यूषैः ॥ १६२ ॥
मद्येन वा कोष्णजलेन वाऽथ क्षीरेण वा मांसरसेन वाऽपि ।
कटिग्रहे गृध्रसिबाहुपृष्ठहनुग्रहे जानुनि पादयुग्मे ॥ १६३ ॥
रोगाञ्जयेद्वातकफानुविद्धान्वातेरितान् हृद्ग्रहयोनिदोषान् ।
भग्नास्थिविद्धेषु च खञ्जवाते त्रयोदशाङ्गं प्रवदन्ति सिद्धाः ॥ १६४ ॥

कटिग्रह आदि वात रोग में त्रयोदशांग गुग्गुलु—आभा (ज्योतिष्मती), अश्वगन्धा, हाऊबेर, गुडूची, शतावरी, गोक्षुरक (गोखरू), रास्ना, काला निशोथ, कपूरकचरी, घोषवती (श्वेतपुष्प वाली तरोई का बीज), अजवायन तथा सोंठ समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण, तथा चूर्ण के बराबर शु० कौशिक (गुग्गुलु) तथा घृत आधाभाग मिलाकर मर्दन कर गुग्गुलु, निर्माणविधि के अनुसार

तैयार कर ले। इस गुग्गुलु को आधा अक्ष (आधा तो०) की मात्रा में सुरा, यूष, मद्य, गरम जल, दूध या मांसरस के साथ कटिग्रह, गृध्रसी रोग, अववाहुक, पृष्ठग्रह, हनुग्रह, जानुगत तथा खञ्ज एवं पङ्गु रोग में प्रयोग करे। यह गुग्गुलु वात कफानुबन्धि वात से प्रेरित वात रोगों को तथा हृद्ग्रह (हृदय का अकड़ना) एवं योनिसम्बन्धी रोगों को जीत लेता है। सिद्ध वैद्य गण, इस त्रयोदशांग गुग्गुलु को अस्थिभग्न, एवं अस्थिविद्ध (हड्डी के छिद जाने) पर प्रयोग करने के लिये बताते हैं ॥ १६१–१६४ ॥

वातरोगे अश्वगन्धाघृतम्—

अश्वगन्धाकषायेण कल्कैः क्षीरचतुर्गुणम्।
घृतं पक्वं तु वातघ्नं वृष्यं मांसविवर्धनम् ॥ १६५ ॥

वातरोग में अश्वगन्धा घृत—अश्वगन्धा का क्वाथ चार सेर, कल्क एक पाव, दूध चार सेर, घृत एक सेर—इन सभी द्रव्यों को मिलाकर पकावे और घृतनिर्माणविधि से घृत तैयार कर ले। यह सिद्ध घृत वात को नष्ट करनेवाला, शक्तिवर्द्धक एवं मांसवर्द्धक है ॥ १६५ ॥

सर्ववातरोगे बलाशैरेययोस्तैलम्—

बलानिःक्वाथकल्काभ्यां तैलं पक्वं पयोन्वितम्।
सर्ववातविकारघ्नमेवं शैरेयसाधितम् ॥ १६६ ॥

सभी प्रकार के वातरोग में बला तथा शैरेयक तैल—बला (बरियार) के क्वाथ तथा कल्क से दूध मिलाकर तैल सिद्ध करे। यह तैल सभी प्रकार के वात रोगों को नाश करता है। इसी प्रकार शैरेयक (पीली झिण्टी) के क्वाथ एवं कल्क के साथ दूध मिलाकर तैल सिद्ध करे। यह भी पूर्वोक्त सभी प्रकार के वात रोगों को नाश करनेवाला है ॥ १६६ ॥

विमर्श—तैलनिर्माणविधि के अनुसार तैल के चौगुना क्वाथ द्रव्य, चतुर्थांश कल्क द्रव्य, दूध समभाग लेकर तैल पकाना चाहिए। क्वाथ द्रव्य को तैल के चौगुना लेकर अठगुने जल में क्वाथ करे चतुर्थांश शेष रहने पर चतुर्थांश कल्क छोड़ दे और तैल के बराबर दूध मिलाकर खर तैल पाक सिद्ध कर ले। यह तैल मर्दन के लिये है अतः तैल खरपाक करे। तैल एक सेर बला का क्वाथ चार सेर, कल्क एक पाव, दूध एक सेर ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार शैरेयक तैल को भी सिद्ध करे।

सर्ववातरोगे नारायणं तैलम्—

विल्वोऽग्निमन्थः श्योनाकः पाटला पारिभद्रकः।
प्रसारण्यश्वगन्धा च बृहती कण्टकारिका ॥ १६७ ॥
बला चातिबला चैव स्वदंष्ट्रा सपुनर्नवा।

एषां दशपलान् भागान् चतुर्द्रोणेऽम्भसः पचेत् ॥ १६८ ॥
पादशेषं परिस्राव्य तैलपात्रं प्रदापयेत् ।
शतपुष्पा देवदारु मांसी शैलेयकं वचा ॥ १६९ ॥
चन्दनं तगरं कुष्ठमेला पर्णीचतुष्टयम् ।
रास्ना तुरगगन्धा च सैन्धवं सपुनर्नवम् ॥ १७० ॥
एषां द्विपलिकान् भागान् पेषयित्वा विनिक्षिपेत् ।
शतावरीरसं चैव तैलतुल्यं प्रदापयेत् ॥ १७१ ॥
आजं वा यदि वा गव्यं क्षीरं दद्याच्चतुर्गुणम् ।
पाने बस्तौ तथाऽभ्यङ्गे भोज्ये चैव प्रशस्यते ॥ १७२ ॥
अश्वो वा वातसंभग्नो गजो वा यदि वा नरः ।
पङ्गुलः पीठसर्पी च तैलेनानेन सिध्यति ॥ १७३ ॥
अधोभागे च ये वाताः शिरामध्यगताश्च ये ।
ग्रीवास्तम्भे हनुस्तम्भे दन्तरोगे गलग्रहे ॥ १७४ ॥
यस्य शुष्यति चैकाङ्गं गतियस्य च विह्वला ।
क्षीणेन्द्रिया नष्टशुक्रा ज्वरक्षीणाश्च ये नराः ॥ १७५ ॥
बधिरा लल्लजिह्वाश्च मन्दमेधस एव च ।
अल्पप्रजा च या नारी या च गर्भं न विन्दति ॥ १७६ ॥
वातार्तौ वृषणौ येषामन्त्रवृद्धिश्च दारुणा ।
एतत्तैलवरं तेषां नाम्ना नारायणं स्मृतम् ॥ १७७ ॥

सभी प्रकार के वातरोग में नारायण तैल—बेल, अरणी, अरलु, पाढी, पारिभद्रक (देवदारु), गन्धप्रसारणी, अश्वगन्धा, बृहती (वनभंटा), कण्टकारिका (भटकटैया), बरियार, अतिबला (कंघी), श्वदंष्ट्रा (गोखरू) तथा पुनर्नवा—इन द्रव्यों को दश दश पल (छटांक) लेकर चार द्रोण जल में पकावे, और चौथाई शेष क्वाथ को छानकर तैल के पात्र में रक्खे। कल्क द्रव्य सौंफ, देवदारु, जटामांसी, शैलेयक (छड़ीला), वच, रक्तचन्दन, तगर, कूट, बड़ी इलायची, पर्णीचतुष्टय (शालपर्णी, पृश्निपर्णी, मापपर्णी, मुद्गपर्णी), रासन, अश्वगन्धा, सेन्धानमक तथा पुनर्नवा, दो-दो पल (छटांक) इन द्रव्यों को पीस कल्क बनाकर छोड़ दे और शतावरी का रस, तैल के बराबर मिला दे। बकरी का दूध या गाय का दूध तैल के चौगुना लेकर मिला दे और *तैलनिर्माणविधि के अनुसार पका ले। (तैलनिर्माणविधि गदनिग्रह के प्रयोग खण्ड तैल प्रकरण में देखें)। इस पक्व तैल को पान, बस्तिकर्म, मर्दन तथा भोज्य पदार्थ के साथ खाने में प्रयोग करें। यदि घोड़ा वातरोग से असमर्थ हो गया हो या हाथी वात के द्वारा असमर्थ हो गया हो अथवा

मनुष्य वात रोगों से पीड़ित हो गया है। और पङ्गुल हो तथा पीठ से चलता हो ऐसे वात के रोगी इस तैल के प्रयोग से रोगमुक्त हो जाता है तथा पुनः स्वस्थ हो जाते हैं। जो वातरोग अधोभाग (कटि से नीचे भाग) में होते हैं तथा शिरा के मध्य भाग में होते हैं, ग्रीवास्तम्भ (ग्रीवा का जकड़ना), हनुस्तम्भ (जबड़ा का जकड़ना), दन्तरोग, गलग्रह (गले का अकड़न), जिसमें एक अंग सूखता हो, जो चलने में असमर्थ हो, जिनकी इन्द्रियां शक्ति हीन हो गई हों, जिनके शुक्र नष्ट हो गये हों तथा जो व्यक्ति ज्वर से दुर्बल हो गये हों, बधिर, जिसकी जिह्वा बोलने में लटपटा रही हो, जिनकी धारणा-शक्ति मन्द पड़ गई हो, जो स्त्री अल्प सन्तान पैदा करती हो या जो स्त्री गर्भ को ही धारण नहीं करती, जिनके अण्डकोष (हाइड्रोशील) वात के कारण बढ़े हों जिनके भयंकर आन्त्रवृद्धि (अतड़ी "हार्निया") बढ़ गई हो। उन रोगियों के वात रोगों को दूर करने के लिये यह नारायण नामक तैल सभी तैल सभी तैलों में श्रेष्ठ कहा गया है ॥ १६७-१७७ ॥

वातरोगे वाजिगन्धाद्यं तैलम्—

वाजिगन्धाबलाविश्वदशमूल्यम्बुकल्कितम् ।
गृध्रस्यां तैलमेरण्डं पाने बास्तिषु शस्यते ॥ १७८ ॥

वातरोग में वाजिगन्धाद्य तैल—अश्वगन्धा, बरियार, सोंठ, दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू)—इन द्रव्यों के कल्क (तैल के चौथाई) जल (तैल के चौगुना) मिलाकर पकाया हुआ एरण्ड का तैल गृध्रसी रोग में पान करने के लिये तथा वस्तिकर्म के लिये उत्तम है अर्थात् यह तैल पीने तथा वस्ति कर्म करने से गृध्रसी को नष्ट करता है ॥ १७८ ॥

वातरोगे मापतैलम्—

तैलं संकुचितेऽभ्यङ्गो माषसैन्धवसाधितम् ।
बाहुशीर्षगदे नस्यं पानं चोत्तरभक्तकम् ॥ १७९ ॥

वातरोग में माष तैल—मास तथा सेन्धानमक से सिद्ध किया हुआ शरीर के किसी अंग के संकुचित हो जाने पर अभ्यंग करे। अवबाहुक तथा क्रोष्टु-शीर्ष का आदि वातरोग में नस्य कर्म तथा भोजनोत्तर पान करने के लिये प्रयोग करे ॥ १७९ ॥

पक्षाघाते द्वितीयं मापतैलम्—

मापात्मगुप्तातिबलोरुबूकरास्नाशताह्वालवणैः सुपिष्टैः ।
चतुर्गुणे माषबलाकषाये तैलं श्रृतं हन्ति हि पक्षघातम् ॥ १८० ॥

पक्षाघात में द्वितीय माष तैल—माष (वन उड़दी), केवांछ की बीज,

कंघी, एरण्डमूल, रास्ना, शताह्वा (शतावरी) तथा सेन्धानमक (समभाग) इन द्रव्यों के कल्क के साथ (तैल के चतुर्थांश) माष तथा बरियार के कषाय (तैल के चौगुने) में तैल पकाये। यह तैल पक्षाघात को नाश करता है ॥१८०॥

अस्थिगतवाते केतकीमूलाद्यं तैलम्—

केतकिमूलबलातिबलानां यद्बहलेन रसेन विपक्वम् ।
तैलमनल्पतुषोदकसिद्धं मारुतमस्थिगतं च निहन्ति ॥ १८१ ॥

अस्थिगत वातरोग में केतकीमूलाद्यतैल—केतकीमूल, बरियार, कंघी-इन द्रव्यों के क्वाथ या रस के साथ थोड़ा तुषोदक मिलाकर तैल सिद्ध करे। यह तैल अस्थिगत वातरोग को दूर करता है। (तुषोदक—भूसी सहित यव को उबालकर निकाला हुआ जल) ॥ १८१ ॥

वातरोगे रसोनतैलम्—

रसोनकल्कस्वरसेन पक्वं तैलं पिबेद्यस्त्वनिलामयार्तः ।
तस्याशु नश्यन्ति च वातरोगा ग्रन्था विशाला इव दुर्गृहीताः ॥१८२॥

वातरोग मे रसोन तैल—जो वातरोग से पीड़ित व्यक्ति रसोन (लहसुन) के कल्क के रस के साथ तैल निर्माणविधि के अनुसार पकाये हुए तैल को पान करता है उस व्यक्ति के वातरोग शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं जैसे महान् ग्रन्थ दुर्जन व्यक्ति के हाथ में पड़ जाने से नष्ट हो जाते हैं ॥ १८२ ॥

वातरोगे सामान्यचिकित्सा—

सर्पिस्तैलं वसा मज्जा पानाभ्यञ्जनबस्तयः ।
स्वेदाः स्निग्धा निवातं च स्थानं प्रावरणानि च ॥ १८३ ॥
रसाः पयांसि भोज्यानि स्वाद्वम्ललवणानि च ।
बृंहणं यच्च तत्सर्वं प्रशस्तं वातरोगिणाम् ॥ १८४ ॥

वातरोग में सामान्य चिकित्सा—वातरोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिये अनेक प्रकार के सिद्ध घृत, तैल, वसा तथा मज्जा का प्रयोग घृतपान, तल का अभ्यञ्जन, मर्दन, बस्तिकर्म, स्वेदन, स्नेहन, वायुरहित स्थान में निवास, ऊनी वस्त्रों का धारण, मांसरस, दूध तथा मधुर, खट्टे एवं नमकीन भोज्य पदार्थों का सेवन और जितने शरीर को बढ़ानेवाले पदार्थ हैं। वे सभी प्रशस्त होते हैं अर्थात् वातरोग को दूर करने में सहायक होते हैं ॥ १८३–१८४ ॥

शतपुष्पादेवदारुनागरैरण्डसैन्धवैः ।
अम्लपिष्टैः समैः कोष्णैर्लेपो वातार्तिनाशनः ॥ १८५ ॥

शतपुष्पा (सोया का बीज या सौंफ), देवदारु, सोंठ, रेंड़ की जड़ तथा सेंधा नमक—समभाग—इन द्रव्यों को अम्लरस के साथ पीसकर तथा थोड़ा गरमकर लेप करना वातरोग को नाश करनेवाला है ॥ १८५ ॥

कुच्यमानं रुजार्तं वा गात्रं स्तब्धमथापि वा ।
गाढपट्टैर्निबध्नीयात्क्षौमकार्पासिकोर्णिकैः ॥ १८६ ॥

शरीर के जिस अंग में कोंचने के समान पीड़ा होती हो या अन्य प्रकार की वेदना होती हो या शरीर जकड़ गया हो तो क्षौम वस्त्र (तिसिवट या केले के बने हुए वस्त्र) कार्पासिक (रूई का वस्त्र) तथा ऊनी वस्त्रों से अच्छी तरह बांध दें ॥ १८५-१८६ ॥

वातरोगे कोलादिप्रदेहः—

कोलं कुलत्थाः सुरदारु रास्ना माषातसीतैलफलानि कुष्ठम् ।
वचा शताह्वा यवचूर्णमम्लमुष्णानि वातामयिनां प्रदेहः ॥ १८७ ॥

वातरोग में कोलादि प्रदेह—कोल (बैर), कुरथी, देवदारु, रासन, उड़द, अतसी (तीसी) का तैल तथा मदनफल, कूठ, वच, सोया का बीज तथा यव का चूर्ण समभाग—इन सभी द्रव्यों को अम्ल रस के साथ पीसकर थोड़ा गरम कर वातरोग-पीड़ित व्यक्तियों के लिये प्रदेह (लेप लगना) हितकर होता है ॥ १८७ ॥

अपतन्त्रके सौवर्चलादियोगः—

सौवर्चलं दाडिमं च तथा हिङ्ग्वम्लवेतसौ ।
महौषधं च पीतानि नाशयन्त्यपतन्त्रकम् ॥ १८८ ॥

अपतन्त्रक वातरोग में सौवर्चलादि योग—सौवर्चल, सोचर नमक तथा अनार का रस, शु० हिंगु, अम्लवेंत और महौषध (लहसुन या सोंठ) द्रव्य पान करने से (सेवन करने से) अपतन्त्रक नामक वातरोग को नाश करते हैं ॥ १८८ ॥

अपतन्त्रके हिङ्ग्वादियोगः—

हिङ्गु पुष्करमूलं च तुम्बरूणि हरीतकी ।
यवक्काथोदकेनैतद्दातव्यं लवणैस्त्रिभिः ॥ १८९ ॥
हृद्रोगं पार्श्वशूलं च प्रवृद्धं चापतन्त्रकम् ।
योगोऽयं नाशयत्याशु शूलं गुल्मं च वातिकम् ॥ १९० ॥

अपतन्त्रक में हिंग्वादि योग—शु० हिंगु, पुष्करमूल, तुम्बरु तथा हरें समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को तीनों नमक (सेन्धानमक, सोचरनमक, विडनमक) मिलाकर यव के क्वाथजल के साथ पान करायें। यह रोग हृदय-रोग, पार्श्वशूल, बढ़ा हुआ अपतन्त्रक रोग (अपतानक या मृगी के समान व्याधि हिस्टीरिया), उदरशूल या शरीर के सभी प्रकार के शूल, गुल्मरोग तथा वातरोग को नाश करता है ॥ १८९-१९० ॥

अपतन्त्रके पिप्पल्यादिनस्यम्—

पिप्पल्योऽथ विडङ्गानि शिग्रूणि मरिचानि च ।
एतानि सूक्ष्मपिष्टानि कुर्याच्छीर्षविरेचनम् ॥ १९१ ॥

अपतन्त्रक रोग में पिप्पल्यादि नस्य—पीपर, वायविडंग, सहिजन के बीज तथा काली मरिच, इन द्रव्यों को महीन पीसकर अपतन्त्रक रोग में नस्य के द्वारा शिरोविरेचन करे ॥ १९१ ॥

अपतन्त्रके वल्लभकं घृतम्—

शतार्धमभयानां च सौवर्चलपलद्वयम् ।
पचेत्कल्कैर्घृतप्रस्थं दत्त्वा क्षीरं चतुर्गुणम् ।
घृतं वल्लभकं नाम श्रेष्ठं स्यादपतन्त्रके ॥ १९२ ॥

अपतन्त्रक रोग में वल्लभक घृत—पचास हर्रे के कल्क तथा सौवर्चल नमक दो पल (दो छटांक), घृत एक प्रस्थ (एक सेर), दूध चार सेर मिलाकर मंद आंच से घृत-निर्माण विधि[1] के अनुसार घृत पकावें । यह वल्लभक नामक घृत अपतन्त्रक रोग में श्रेष्ठ है अर्थात् यह घृत सेवन करने से अपतन्त्रक रोग (हिस्टीरिया) को नाश करता है ॥ १९२ ॥

ऊरुस्तम्भे भल्लातकादियोगः—

भल्लातकपलं पिष्ट्वा पिप्पलीमूलसंयुतम् ।
ऊरुस्तम्भविनाशाय पिबेन्मधुसमन्वितम् ॥ १९३ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में भल्लातकादि योग—शु० भल्लातक (भिलावा) एक पल तथा पिपरामूल एक पल इन दोनों द्रव्यों को जल के साथ पीसकर ऊरुस्तम्भ (दोनों ऊरुवों के घात) के नाश करने के लिये मधु मिलाकर (एक माशा की मात्रा में) चाटे ॥ १९३ ॥

ऊरुस्तम्भे पिचुमन्दमूलाद्युद्वर्तनम् ।
पिचुमन्दस्य मूलानि चित्रको हस्तिपिप्पली ।
त्वक्पत्रफलमूलानि करञ्जात्सर्षपात्तथा ॥ १९४ ॥
तुल्यानि तानि सर्वाणि वल्मीकस्य च मृत्तिका ।
गव्यां मूत्रेण पिष्टानि सूक्ष्माण्युद्वर्तनं परम् ॥ १९५ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में पिचुमन्दमूलादि उद्वर्तन—पिचुमन्द (नीम) की जड़, चित्रक, गजपीपर, करञ्ज तथा सरसों की छाल, पत्ता, फल एवं जड़, वल्मीक मृत्तिका—इन सभी द्रव्यों के समभाग लेकर गाय के मूत्र के साथ महीन पीसकर उद्वर्तन (उबटन) लगाना ऊरुस्तम्भ रोग में हितकर है ॥ १९४–१९५ ॥

---

१. देखें गदनिग्रह प्रयोग खण्ड परिशिष्ट में ।

गृध्रस्यां महानिम्बयोगः—

वृहन्निम्बतरोर्मूलं वारिणा परिपेषितम् ।
तत् पीतं नाशयेत्क्षिप्रमसाध्यामपि गृध्रसीम् ॥ १९६ ॥
परमौषधमपबाहुकमन्यास्तम्भोर्ध्वजत्रुवातानाम् ।
शीतलजलेन नावनमुपशमयति जिङ्गिणीखपुरः ॥ १९७ ॥

गृध्रसी रोग में महानिम्ब योग—वृहन्निम्ब तरु (बकायन) की जड़ को जल के साथ पीसकर पान करे । यह योग पान करने से असाध्य गृध्रसी रोग को भी नाश करता है । यह अपबाहुक रोग मन्यास्तम्भ (मन्या नाड़ी की जकड़न) तथा ऊर्ध्व जत्रुगत (जबड़े का) वातरोगों के लिये उत्तम औषध है । जिङ्गिणीखपुर (जिङ्गिणी वृक्ष "गुडमञ्जरी का गोंद") शीतल जल के साथ नावन (नस्यकर्म) करने से वातरोग को शान्त करता है ॥१९६–१९७॥

वातरोगे वृद्धदारुकयोगः—

मद्यारनालगोजलसलिलस्नेहैस्तथा रसैर्यूषैः ।
नानावस्थं शमयेदुपयुक्तो वृद्धदारुकः पवनम् ॥ १९८ ॥

वातरोग में वृद्धदारुक योग—वृद्धदारुक (विधारा), मद्य, आरनाल (कांजी), गोमूत्र, जल, स्नेह (घृत, तैल, वसा तथा मज्जा) तथा मांसरस एवं यव आदि के यूष के साथ अनेक प्रकार से प्रयोग करने से वातरोग को शान्त करता है ॥ १९८ ॥

वातरोगे तैलयोगः—

न तैलसदृशः स्नेहो मारुतस्य निबर्हणः ।
न हि वायुश्च तैलं च चिरं गात्रेषु तिष्ठतः ॥ १९९ ॥

वातरोग में तैलयोग—तैल के समान वातरोग को दूर करने के लिये और कोई औषध नहीं है । तैल का प्रयोग करने से शरीर में अधिक दिन तक वातरोग नहीं रह सकता अथवा शरीर में तैल और वायु दोनों बहुत दिन तक नहीं रह सकते । अर्थात् तैल मर्दन करने से वातरोग दूर हो जाता है ॥ १९९ ॥

वातरोगे तिलयोगः—

बृंहणार्थं तिला मुख्या वातरोगविनाशनाः ।
गुडमिश्रान् तिलान् खादेत् पललं वा गुडान्वितम् ॥२००॥

वातरोग में तिलयोग—शरीर को बृंहण (वृद्धि) करने के लिये तथा वातरोग को नाश करने के लिये तिल प्रधान द्रव्य (औषध) है । तिल को गुड़ मिलाकर भक्षण करे या पलल (मांस) को गुड़ मिलाकर सेवन करे ॥ २०० ॥

सर्वाङ्गवाते वल्लीतर्वादिगुटिका—

वल्लीतरुः पुष्करमूलशुण्ठी कुष्ठं गुडूची सुरदारु रास्ना ।
स्यात्सैन्धवं तद्द्विगुणो गुडश्च सर्वाङ्गवाते गुटिका च सेव्या ॥

सर्वांग वात में वल्लीतरु आदि गुटिका—वल्लीतरु (शाल वृक्ष", साखू) की छाल, पिपरामूल, सोंठ, कूठ, गुडूची, देवदारु, रासन तथा सेन्धानमक समभाग लेकर चूर्ण बनावे और सभी चूर्णों से दुगुना गुड़ लेकर चासनी बनाकर और उस चूर्ण को उसमें मिलाकर वटक बना ले। इस वटक को सर्वाङ्ग वात (सम्पूर्ण शरीर के वातरोग) में सेवन करे ॥ २०१ ॥

वातरोगे शतावर्यादिद्वादशाङ्गः कषायः—

शतावरीपुष्करमूलमुस्तापथ्यामृताः सातिविषाः सरास्नाः ।
वराटरूषः सुरदारु शुण्ठी दुरालभा त्रातहरः कषायः ॥२०२॥

वातरोग में शतावर्यादि द्वादशांग कषाय—शतावरी, पुष्करमूल, मोथा, हर्रे, गुडूची, अतीस, रासन, वरा (हल्दी), अडूसा, देवदारु, सोंठ, यवासा समभाग—इन द्रव्यों का कषाय वातरोग को दूर करनेवाला है ॥ २०२ ॥

सर्वाङ्गवाते रक्तचन्दनादिचूर्णम्—

आरक्तक चन्दनमुस्तशालिपर्ण्यस्तथा लाङ्गलिकाऽजमोदा ।
पाठाऽश्वगन्धा च शतावरी च कङ्कोलकं मागधिदेवदारु ॥२०३॥
एला यवानी शतपुष्पिका च मूलं वचा सैन्धवपद्मकं च ।
कुष्ठं समङ्गा सुरदारु भव्यं रास्नाऽरलुर्नागरकं गुडूची ॥ २०४ ॥
श्लोकद्वये चूर्णकमेतदुक्तं कर्षार्धमात्रं घृतसंप्रयुक्तम् ।
तक्रान्वितं सोष्णजलानुपानं निहन्ति सर्वाङ्गमरुद्विकारम् ॥ २०५ ॥

सर्वाङ्ग वातरोग में रक्तचन्दनादि चूर्ण—आरक्तक (रक्त चन्दन), सफेद चन्दन, नागरमोथा, शालिपर्णी (सरिवन), लाङ्गलिका (कलिहारी), अजमोदा, पाठा (पाढी), अश्वगन्धा, शतावरी, कङ्कोलक (शीतलचीनी), पीपर, देवदारु, बड़ी इलायची, अजवायन, शतपुष्पिका (सोया का बीज या सौंफ), मूल (पुष्करमूल), वच, सेन्धानमक, पद्मकाठ, कूठ, समङ्गा (संजीठ), देवदारु, भव्य (रोमफल), रासन, अरलू (सोनापाठा), सोंठ तथा गुडूची समभाग—इन द्रव्यों का महीन चूर्ण बनावे। इन दोनों श्लोकों में कहे गये इस चूर्ण को आधा कर्ष (आधा तोला) की मात्रा में घृत मिलाकर, मट्ठा मिलाकर या गरम जल के अनुपान से सेवन करने से यह सर्वाङ्गगत (सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त) वातरोग को नाश करता है ॥ २०३–२०५ ॥

सर्वाङ्गवाते शिग्रुत्वचादिवटिका—

शिग्रुत्वचा पुष्करमूलशुण्ठ्यौ गोकण्टकः पिप्पलिका गुडूची ।

रास्ना शटी सैन्धवचित्रकौ च सर्वाङ्गवाते गुटिका विधेया ॥२०६॥

सर्वाङ्गवात में शिग्रुत्वचादि वटिका—सहिजन की छाल, पुष्करमूल, सोंठ, गोकण्टक (गोखरू), पीपर, गुहूची, रासन, शटी (कपूरकचरी), सेन्धानमक तथा चित्रक समभाग—इन द्रव्यों को महीन कूटकर जल की भावना देकर गुटिका बनावे और सर्वाङ्ग वातरोग में प्रयोग करे। अर्थात् यह गुटिका सर्वाङ्ग वात को नाश करती है ॥ २०६ ॥

वातरोगे मरिचादिकषायः—

पिबति कषायं जन्तुर्मरिचमहादारुनागराणां यः।
तैलेनापि च मिश्रं स भवति वातेन निर्मुक्तः ॥ २०७ ॥

वातरोग में मरिचादि कषाय—जो व्यक्ति, काली मरिच, देवदारु तथा सोंठ समभाग—इन द्रव्यों के कषाय को तिल तैल मिलाकर पान करता है वह वातरोग से मुक्त हो जाता है। (एक तोला दवा अठगुने पानी में क्वाथ कर चौथाई शेष क्वाथ को छानकर तथा तैल मिलाकर पान करे) ॥ २०७ ॥

वातरोगे विश्वादिद्वादशाङ्गक्वाथः—

विश्वैरण्डशिफादारुवचाः शुण्ठी दुरालभा ।
अभयाऽतिविषा मुस्ता शतमूली वृषोऽमृता ॥ २०८ ॥
अमीषां क्वाथपानेन मांसामश्लेषसन्धिगः।
मज्जास्थिस्नायुसर्वाङ्गवायुर्नश्यति निश्चितम् ॥ २०९ ॥

वातरोग में विश्वादि द्वादशाङ्ग क्वाथ—सोंठ, एरण्ड (रेंड) की शिफा (अंकुर), देवदारु, वच, सोंठ, यवासा, हर्रे, अतीस, नागरमोथा, शतावरी, अडूसा तथा गुहूची समभाग—इन द्रव्यों के क्वाथ को पान करने से मांस, आम तथा श्लेष सन्धि (जुड़ी हुई सन्धि) में स्थित एवं मज्जा, अस्थि, स्नायु तथा सर्वाङ्गगत वायु निश्चित ही नष्ट हो जाता है ॥ २०८–२०९ ॥

सर्ववातरोगे शृङ्ग्यादिचतुःषष्टिकः कषायः—

शृङ्गीरामठरामसेनरजनीरुग्रेणुकारोहिणी-
रास्नैरण्डरसोनदारुरजनीराजद्रुराजोफलैः।
त्रायन्तीत्रिवृताहुताशननतानन्तामृतासुव्रता-
दन्तीतुम्बरुचित्रतण्डुलशुटित्वक्तिक्तनक्तंचरैः ॥ २१० ॥
वासावासवबीजवासवसुराबल्यावरीवल्लिज-
ब्राह्मीब्राह्मणयष्टिवारणकणाविश्वावयस्थाविषैः।
मूर्वामालविकासमूलमगधामुस्ताजमोदाद्वयै-
र्मिश्रैश्यामरचन्दनेन्द्रचावकास्फोटायुताकट्फलैः ॥२११॥

इत्येतैर्दशमूलयुङ्निगदितः क्वाथश्चतुःषष्टिकः
शृङ्ग्यादिस्त्वथ नारसिंहभिषजा सर्वामयोन्मूलने ।
पुंसामष्टविधज्वरातिशमने सन्नाग्निसंधुक्षणे
सर्वाङ्गीणसमीरणद्विपघटाशार्दूलविक्रीडिते ॥ २१० ॥

सभी प्रकार के वातरोग में शृङ्ग्यादि चतुःषष्टिक कषाय—काकड़ासिंगी, रामठ (शु० हिंगु), राममेन (चिरायता), हरदी, कूठ, रेणुका (सम्भालू का बीज), रोहिणी (कटुकी), रासन, रेंड की जड़, लहसुन, दारुहल्दी, राजद्रु (अमलतास), राजीफल (परवल), त्रायमाणा, निशोथ, आहुताशन (शु० भिलावा), नत (तगर), अनन्ता (दूर्वा), गुडूची, सुव्रता (अगस्त्य की छाल), दन्तीमूल, तुम्बरु, चित्रतण्डुल (वायविडङ्ग), त्रुटि (इलायची), दालचीनी, तिक्त (नीम), नक्तंचर (गुग्गुलु), वासा (अडूसा), वासवबीज (इन्द्रयव), वासव (वरुण वृक्ष), सुरा (इन्द्रवारुणी), वल्या (प्रसारिणी), वरी (शतावरी), वल्लिज (मरिच), ब्राह्मी, ब्राह्मणयष्टी (चमनेटी), वारणकणा (गजपीपर), सोंठ, हर्रे, विष (वत्सनाभ), मूर्वा (मरोड़फली या मोरवेल), मालवी (पाठा), कासमूल (कास की जड़), मगधा (पीपर), मोथा, अजमोदा, अजवायन, मिश्रेया (सोयाबीज या वनसौंफ), अमर (देवदारु), चन्दन (रक्तचन्दन), इन्द्र (इन्द्रवरुण), चविक (चव्य), आस्फोटा (मारिवा), कायफर तथा दशमूल (बेल की छाल, गम्भारीफल, पाढल, अरलू, अरणी, सहिजन, पिठवन, वनभण्टा, भटकटैया, गोखरू), समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ चतुःषष्टिक क्वाथ कहलाता है । यह शृङ्ग्यादि क्वाथ नारसिंह वैद्य के द्वारा बताया हुआ सभी प्रकार के रोगों को दूर करने में, पुरुषों के आठ[1] प्रकार के ज्वर को शान्त करने में, अग्नि को प्रदीप्त करने में तथा सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त वायुरूपी हाथियों के झुण्ड को सिंह के समान नष्ट करने में समर्थ है । अर्थात् यह क्वाथ सभी प्रकार के रोगों को नाश करनेवाला, आठ प्रकार के ज्वर को शान्त करनेवाला, जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला और सर्वाङ्गगत वातरोग को नाश करनेवाला है ॥ २१०–२१२ ॥

त्वगादिगतवाते रास्नाद्यं चूर्णम—

रास्ना शतावरी दारु कङ्कोलं लाङ्गली कणा ।
रक्तचन्दनमञ्जिष्ठावृद्धिसैन्धवपद्मकम् ॥ २१३ ॥
अश्वगन्धाऽमृता पाठा मुस्तैला शालिपर्णिका ।

---

१. वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, वातपैत्तिक, वातश्लैष्मिक, पित्तश्लैष्मिक, सान्निपातिक तथा आगन्तुक ।

शतपुष्पाऽजमोदा च शुण्ठी कुष्ठं समांशतः ॥ २१४ ॥
सघृतं चूर्णमेतेषां भक्षितं तप्तवारिणा ।
त्वगस्थिस्नायुसन्धिस्थं मारुतं हन्ति वेगतः ॥ २१५ ॥

त्वगादिगत वातरोग में रास्नाद्यचूर्ण—रासन, शतावरी, देवदारु, कङ्कोल (शीतलचीनी), लाङ्गली (कलिहारी), कणा (पीपर), रक्तचन्दन, मञ्जीठ, वृद्धि, सेन्धा नमक, पद्मकाठ, अश्वगन्धा, गुडूची, पाठा (पाढ़ी), नागरमोथा, बड़ी इलायची, सरिवन, सोया का बीज या वनसौंफ, अजमोदा, सोंठ तथा कूठ समभाग—इन द्रव्यों को एकत्र कर सूक्ष्म चूर्ण बनावे और घृत मिलाकर गरम जल के साथ भक्षण करे। यह चूर्ण त्वग्गत (चमड़े में स्थित), अस्थिगत, स्नायुगत तथा सन्धिगत वातरोग को वेगपूर्वक अर्थात् शीघ्र ही नाश करता है ॥ २१३–२१५ ॥

कुपितवाते शृङ्गवेरादियोगः—

यवानीचूर्णसंमिश्रशृङ्गवेररसैस्तनोः ।
मर्दनान्नस्यतो हन्ति कुपितं मारुतं द्रुतम् ॥ २१६ ॥

प्रकुपित वातरोग में शृङ्गवेरादि योग—अजवायन के चूर्ण को मिलाकर अदरक का रस शरीर में मर्दन करने से तथा नस्य लेने से प्रकुपित वातरोग को शीघ्र ही नाश करता है ॥ २१६ ॥

वातरोगिणामवगाहार्थं तैलम्—

रास्नाऽश्वगन्धा लशुनं सारिणी च शतावरी ।
प्रत्येकं तैलमेतासामवगाहनतो द्रुतम् ॥ २१७ ॥
हनुस्तम्भं धनुर्वातं पक्षाघातं च पङ्गुताम् ।
ऊरुपृष्ठकटिस्तम्भमशीति वातजाञ्जयेत् ॥ २१८ ॥

वातरोगियों के अवगाहन करने के लिये तैल—रासन, अश्वगन्धा, लहसुन, प्रसारिणी तथा शतावरी—इन द्रव्यों में से प्रत्येक द्रव्यों से (तैल-निर्माणविधि के अनुसार) सिद्ध किया हुआ तैल अवगाहन करने से (अच्छी तरह शरीर में मर्दन करने से) शीघ्र ही हनुस्तम्भ (दोनों जबड़ों का अकड़ना), धनुर्वात (टिटेनस), पक्षाघात (अर्द्धाङ्ग वायु), पङ्गुता (लंगड़ापन), ऊरुग्रह (ऊरुवों का घात), पृष्ठग्रह (पीठ-रीढ़ की अकड़न), कटिस्तम्भ (कमर का अकड़न) तथा अस्सी प्रकार के वातरोगों को जीत लेता है ॥ २१७–२१८ ॥

वातरोगे वरुणादिस्वेदः—

वरुणैरण्डवातारिमुण्ड्यः शिग्रुः शतावरी ।
गोक्षुरः सषपश्चैषां स्वेदो वातगदापहः ॥ २१९ ॥

वातरोग में वरुणादि स्वेद—वरुण (तमाल वृक्ष "श्वेतद्रुम"), रेंड़, वातारि (अजवाइन या अरलू), गोरखमुण्डी, सहिजन की छाल, शतावरी, गोखरू तथा सरसों इन द्रव्यों को पीसकर, पोटली बना गरम कर स्वेदन करना वातरोगों को नाश करता है ॥ २१९ ॥

वातरोगे वृद्धदार्वादिलेपः—

वृद्धदारुसुरदारुशताह्वाशालिचोचजटिलाह्वयगन्धाः ।
कुष्ठसर्षपशिलालकमेथीपीतिकाद्वयमुमायवपिष्टम् ॥ २२० ॥
राजिकोरुबुजटापुरमेभिश्चूर्णितैर्द्विपलिकैः सरसोनैः ।
तैलकैरनिलशत्रुसमुत्थैर्गोजलेन सहितैरुपनाहः ॥ २२१ ॥
स्फोटनोदरगदार्दितपक्षाघातसन्धिगतमारुतनन्द्राः ।
कम्पमूलपवनोत्थविकारान् स्वेदनाद्धि सहसा प्रणिहन्ति ॥२२२॥

वातरोग में वृद्धदार्वादि लेप—वृद्धदारु (विधारा), सुरदारु (देवदारु), शताह्वा (सोया का बीज या बनसौंफ), शालिचोच (धान्याङ्कुर), जटिला (जटामांसी या वच), अश्वगन्धा, कूट, सरसों, शिलालक (सेन्धा नमक), मेथी, पीतिका द्वय (आमाहल्दी, दारुहल्दी), उमा (अतसी 'तीसी'), यव की पीठी, राजिका (राई), उरुबु-जटा (रेंड़ की जड़), तथा पुर (गुग्गुलु) समभाग इन द्रव्यों को दो-दो पल (दो-दो छटांक) लेकर चूर्ण बनावे और उसमें दो छटांक लहसुन पीसकर मिला दे । उस चूर्ण को रेंड़ी का तैल तथा गोमूत्र में मिलाकर उपनाहन (लेप) करे । (जहां पर लेप करना हो उसके अनुसार चूर्ण को ले ले और तैल तथा गोमूत्र इतनी मात्रा में मिलावे जिससे लेप तैयार हो जाय) यह लेप स्फोटन (हड्डियों में फूटने के समान पीड़ा होना), उदर रोग, अर्दित रोग (मुँह का टेढ़ा होना), पक्षाघात (अर्द्धाङ्ग-वायु), सन्धिगत वायु (जोड़ों का वातरोग), तन्द्रा, कम्पवात (कपनी वायु) से उत्पन्न विकारों को शीघ्र ही लेप करने से या स्वेदन करने से नाश करता है ॥ २२०–२२२ ॥

अर्दिते मापेण्डरीयोगः—

नवनीतेन संयुक्तां खादेन्मापेण्डरीं नरः ।
दुर्वारमर्दितं हन्ति सप्ताहान्नात्र संशयः ॥ २२३ ॥

अर्दित रोग के मापेण्डरी योग—जो व्यक्ति मक्खन के साथ मापेण्डरी (उड़द के बड़ा) को खाता है वह एक सप्ताह में भयंकर अर्दित रोग (मुख का टेढ़ा होना) को नाश कर देता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ २२३ ॥

गृध्रसीप्रतीकारः—

शेफालिकादलैः काथो मृद्वग्निपरिपाचितः ।

दुर्वारं गृध्रसीरोगं पीतमात्रः प्रणाशयेत् ॥ २२४ ॥
पुष्योद्धृतं हरेदाशु पिष्टं तण्डुलवारिणा ।
भार्गीमूलं समं खण्डं पानाद् गृध्रसिवातकम् ॥ २२५ ॥

इति वैद्यवर-श्रीशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
रोगाधिकार एकोनविंशतितमः ।

गृध्रसी रोग का प्रतिकार—मन्द आंच में पकाया हुआ शेफालिका ('निर्गुण्डी' नील सिन्धुवार) के पत्तों का क्वाथ पान करने मात्र से भयङ्कर गृध्रसी रोग को नाश करता है ।

पुष्यनक्षत्र में निकाली हुई भार्गी (भांगरा) की जड़ चावल के धोवन के साथ पीसकर तथा समभाग मिश्री मिलाकर पान करने से शीघ्र ही गृध्रसीवात को दूर करती है । अर्थात् उसके सेवन से गृध्रसीवात व्याधि (लंगड़ी का दर्द) नष्ट हो जाती है ॥ २२४–२२५ ॥

इति वैद्यप्रवर श्री शोढलविरचित गदनिग्रह नामक ग्रन्थ के
कायचिकित्साखण्ड में उन्नीसवां वातरोगाधिकार समाप्त ।

अथ वातरक्ताधिकारो विंशतितमः ।

अथ वातरक्तनिदानं व्याख्यास्यामः ।

कृतं तावत्समासेन वातव्याधिनिरूपणम् ।
वातव्याधिप्रसङ्गेन वातरक्तं निरूप्यते ॥ १ ॥

वातव्याधि निरूपण के बाद वातरक्त के निदान का निरूपण करते हैं ।

इसके पहले संक्षिप्त में वातव्याधि का निरूपण किया जा चुका है । वातरक्त में भी वात की ही प्रधानता रहती है । अतः वातव्याधि के प्रसङ्ग में ही वातरक्त का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

वातरक्तस्य निदानपूर्वकं लक्षणम्—

लवणाम्लकटुक्षारस्निग्धोष्णाजीर्णभोजनैः ॥ २ ॥
कुलत्थमाषनिष्पावशाकादिपललेक्षुभिः ।
दध्यारनालसौवीरशुक्तक्रसुरासवैः ॥ ३ ॥
विरुद्धाध्यशनक्रोधदिवास्वप्नप्रजागरैः ।
प्रायशः सुकुमाराणां मिथ्याहारविहारिणाम् ।
स्थूलानां सुखिनां चैव वातरक्तं प्रकुप्यति ॥ ४ ॥

वातरक्त का निदानपूर्वक लक्षण—नमकीन, अम्ल, (खट्टे), चरपरे, खारे, चिकने तथा गरम पदार्थों के अधिक सेवन करने से, अजीर्णावस्था में भोजन करने से, क्लिन्न (सड़े-गले) तथा सूखे मांस, जलजन्तु और अनूपदेश में उत्पन्न पशुओं का मांस, पिण्याक (तिल की खली) तथा जड़वाले शाक (आलू, अरुई, पण्डा आदि जमीन में बैठनेवाले शाक) या मूली के अधिक सेवन करने से, कुलथी, उड़द, सेम का शाक, मांस, गन्ना, दही, आरनाल (कांजी), सिरका, मट्ठा, शराब तथा आसवों के अधिक मात्रा में प्रयोग करने से, विरुद्धाशन (मछली, दूध आदि), अध्यशन, क्रोध, दिन में सोना, रात्रि में जागरण करने से, मिथ्या आहार-विहार करनेवाले प्रायशः सुकुमार स्वभाव के मोटे तथा सुखी व्यक्तियों के शरीर में वात और रक्त प्रकुपित होकर वातरक्त-रोग को उत्पन्न कर देते हैं ॥ २–४ ॥

हस्त्यश्वोष्ट्रैर्गच्छतोऽन्यैश्च वायुः कोपं यातः कारणैः सेवितैः स्वैः ।
तीक्ष्णोष्णाम्लक्षारशाकादिभोज्यैः सतापाद्यैर्भूयसा सेवितैश्च ॥ ५ ॥
शीघ्रं रक्तं दुष्टतां याति तच्च वायोर्मार्गं संरुणद्ध्याशु यातः ।
क्रुद्धोऽत्यर्थं मार्गरोधात्स वायुरत्युद्रिक्तं दूषयेद्रक्तमाशु ॥ ६ ॥

तत्संपृक्तं वायुना दूषितेन तत्प्राबल्यादुच्यते वातरक्तम् ।
तद्वत् पित्तं दूषितेनासृजाक्तं तद्वक्छ्लेष्मा दूषितेनासृजाक्तः ॥७॥

हाथी, घोड़े तथा ऊँट आदि की सवारी करते हुए अपने अन्य प्रकोपक कारणों को सेवन करने से वायु प्रकुपित होता है तथा तीक्ष्ण, गरम, खट्टे, खारे, शाक आदि भोज्यपदार्थ एवं सन्ताप आदि के अधिक मात्रा में सेवन करने से शीघ्र ही रक्त दूषित हो जाता है, और वह दूषित रक्त वात के मार्ग को शीघ्र ही अवरोध कर देता है। वह वायु मार्ग अवरोध होने से अत्यन्त कुपित होकर दूषित रक्त को शीघ्र ही अधिक दूषित कर देता है। वह अत्यन्त दूषित रक्त प्रकुपित वायु से मिलकर रोग उत्पन्न करता है तथा वायु की प्रबलता के कारण यह रोग वातरक्त कहलाता है। इसी प्रकार दूषित रक्त से मिश्रित पित्त, रक्तपित्त रोग तथा दूषित रक्त से मिश्रित श्लेष्मा रक्तश्लेष्मा रोग कहलाता है ॥ ५–७ ॥

विमर्शः—सुश्रुत ने वातरक्त को वातव्याधि प्रकरण में वर्णन किया है। यहाँ पर निदान, रक्त सम्मिश्रण तथा सम्प्राप्ति भेद चिकित्सा-वैशिष्ट्य एवं विशेषतः हाथ-पैर में उत्पन्न होने के कारण वातव्याधि प्रकरण से अलग वर्णन किया गया है। चरक ने भी उपरोक्त कारणों को लेकर ही वातरक्त का अलग वर्णन किया है। इसी प्रकार ऊरुस्तम्भ का वर्णन चरक में ही है सुश्रुत में नहीं। आमवात का चरक ने अलग वर्णन नहीं किया है बल्कि मेदसावृत वात में उसका अन्तर्भाव किया है। और उसे ही आढ्यवात माना है। वातरक्त भी सम्पन्न, मोटे एवं सुखी व्यक्तियों में होता है अतः इसे भी आढ्यवात नाम दिया है। वातव्याधि में 'रुजस्तीव्राः ससन्तापा' इत्यादि से रक्तगत वात का वर्णन किया गया है यहां अलग वातरक्त का वर्णन करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु वातरक्त तथा वातव्याधि के सम्प्राप्ति भेद से दोनों रोगों में भिन्नता होती है अतः इसका अलग वर्णन करना आवश्यक है। वातरक्त में वात और रक्त दोनों ही अपने-अपने प्रकोपक कारणों से दूषित होते हैं। जैसा कि चरक ने कहा है—वायुः प्रवृद्धो वृद्धेन रक्तेनावारितः पथि। क्रुद्धः संदूषयेद् रक्तं तज्ज्ञेयं वातशोणितम् ॥ इसके विपरीत रक्तवात में केवल वात ही प्रकुपित होकर अप्रकुपित रक्त के साथ मिलता है।

जिन सवारियों में पैर नीचे लटकाकर रखना पड़ता है वे वाहन वातरक्त को उत्पन्न करने में कारण होते हैं। हाथी को चारा खिलानेवाले पिलवान को यह रोग होने की अधिक सम्भावना होती है। इसके साथ उष्ण, विदाही अन्न आदि का सेवन भी इस रोग को उत्पन्न करने में अपेक्षित है ॥ २–७ ॥

वातरक्तपूर्वरूपम्—

स्वेदोऽत्यर्थं न वा काष्ण्यं स्पर्शाज्ञत्वं क्षतेऽतिरुक्।
सन्धिशैथिल्यमालस्यं सदनं पिटिकोद्गमः ॥ ८ ॥
जानुजङ्घोरुकटयंसहस्तपादाग्रसन्धिषु।
निस्तोदः स्फुरणं भेदो गौरवं सुप्तिरेव च ॥ ९ ॥
कण्डूः सन्धिषु रुग्भूत्वा भूत्वा नश्यति चासकृत्।
वैवर्ण्यं मण्डलोत्पत्तिर्वातासृक्पूर्वलक्षणम् ॥ १० ॥

वातरक्त का पूर्वरूप—शरीरावयवों में पसीने का अत्यधिक आना, अथवा बिलकुल न आना, शरीर कृष्णवर्ण का हो जाना, स्पर्श की अनुभूति न होना या विकृत स्थान पर या कहीं भी क्षत होने पर अत्यधिक वेदना का होना, वंक्षण आदि सन्धियों में शिथिलता, आलस्य, शरीर में अवसाद का अनुभव होना, सन्धि, जानु, जंघा, ऊरु, कमर, कन्धा, हाथ तथा पैरों की सन्धियों में पिडिकाओं की उत्पत्ति और इसमें तीव्र पीड़ा, फड़कन, भेदन की तरह पीड़ा, शरीर में भारीपन, सुप्ति (शरीर में सुन्नता), खुजली का होना, शरीर के सन्धियों में विकृति या वेदना बार-बार होती है और नष्ट हो जाती है, विवर्णता हो जाती है और उसमें चकत्ते पड़ जाते हैं, ये वातरक्त के पूर्वरूप हैं इन लक्षणों को विशिष्ट पूर्वरूप समझना चाहिए ॥ ८–१० ॥

वातजादिभेदेन वातरक्तलक्षणम्—

वातेऽधिकेऽधिकं तत्र शूलस्फुरणतोदनम्।
शोफस्य रौक्ष्यकृष्णत्वश्यावतावृद्धिहायनः ॥ ११ ॥
धमन्यङ्गुलिसन्धीनां संकोचोऽङ्गग्रहोऽतिरुक्।
शीतद्वेषानुपशयौ स्तम्भवेपथुसुप्तयः ॥ १२ ॥

वात, पित्त, कफ आदि के भेद से वातरक्त का लक्षण—वातरक्त में वात की ही प्रधानता रहने पर शूल, स्फुरण (शरीर के किसी अंग का फड़कना) तथा अंगों में टूटने के समान अधिक वेदना का होना, शोथ में रूक्षता, कालापन तथा वातरक्त की लक्षणों की कभी वृद्धि और कभी हानि की प्रतीति होना, धमनी तथा अंगुली के सन्धियों में सिकुड़न होना, शरीर का जकड़ जाना, और उसमें अत्यधिक पीड़ा होना, रोगी शीत से द्वेष करता है और अनुपशयरूप शीत से रोग की वृद्धि भी होती है, शरीर में स्तम्भ, कम्पन एवं सुप्ति (सुन्नता) की प्रवृत्ति होती है ॥ ११–१२ ॥

रक्ते शोफेऽतिरुक्तोदस्ताम्रश्चिमिचिमायते।
स्निग्धरूक्षैः शमं नैति कण्डूक्लेदसमन्वितः ॥ १३ ॥

यदि रक्त दोष प्रबल हो तो शोथ अत्यधिक पीड़ायुक्त एवं लालवर्ण का

होता है। उसमें सूई के समान चुभन एवं चुनचुनाहट होती है। यह शोथ स्निग्ध एवं रूक्ष दोनों प्रकार के पदार्थों से शान्त नहीं होता। इसमें खुजली तथा क्लेद (स्राव) अधिक होता है ॥ १३ ॥

पित्ते विदाहः संमोहः स्वेदो मूर्च्छा मदस्तृषा ।
स्पर्शासहत्वं रुग्रागः शोफपाकौ भृशोष्मता ॥ १४ ॥

वात के साथ पित्त का अनुबन्ध होने पर विकृत अंग में जलन, इन्द्रिय-मोह, पसीना, मूर्च्छा, मद, प्यास की अधिकता, स्पर्शासहत्व (स्पर्शासह्यता), पीड़ा, विकृत स्थान पर रक्तिमा, सूजन, पाक तथा अत्यधिक उष्णता ये लक्षण होते हैं ॥ १४ ॥

कफे स्तैमित्यगुरुतासुप्तिस्निग्धत्वशीतताः ।
कण्डूर्मन्दा च रुग्द्वन्द्वं सर्वलिङ्गं तु संकरात् ॥ १५ ॥

वात के साथ कफ की अधिकता होने पर शरीर में गीलापन तथा भारीपन बना रहता है। अंगों का सुन्न होना, चिकनाहट, शीतलता, खुजली तथा मन्द-मन्द पीड़ा, ये लक्षण होते हैं। यदि दो दोषों का सम्बन्ध हो तो दो दोषों के लक्षण और तीनों का सम्बन्ध रहने पर तीनों दोषों के लक्षण मिलते हैं ॥१५॥

पादयोर्मूलमास्थाय कदाचिद्धस्तयोरपि ।
आखोर्विषमिव क्रुद्धं तद्देहमनुसर्पति ॥ १६ ॥

यह रोग पैरों के मूल (अंगूठा या गुल्फ) से प्रारम्भ होकर या कभी-कभी हाथों के मूल से प्रारम्भ होकर चूहे के विष के समान धीरे-धीरे शरीर के अन्य अवयवों में भी पहुँच जाता है ॥ १६ ॥

विमर्शः—वातरक्त अधिकतर पैर के अंगूठे से ही प्रारम्भ होता है और वहाँ से धीरे-धीरे ऊपर गुल्फसन्धि तथा जानुसन्धि को भी आक्रान्त करता है। कभी-कभी यह हाथ की छोटी २ सन्धियों से प्रारम्भ होकर ऊपर की सन्धियों में धीरे-धीरे फैलता है। जैसे चूहे का विष शरीर में बहुत धीरे-धीरे फैलता है वैसे ही यह भी एक सन्धि से दूसरी सन्धि में धीरे-धीरे ही फैल जाती है। इसका दो भेद चरक ने बताया है १. उत्तान तथा २. गम्भीर—

१. उत्तान—वातरक्त की प्रधान विकृति जब त्वचा में ही होती है तो उसे उत्तान वातरक्त कहते हैं

२. गम्भीर—जब विकृति सन्धिगत होती है उसे गम्भीर वातरक्त कहते हैं ॥ ११–१६ ॥

वातरक्तस्य साध्यासाध्यविचारः—

आजानुस्फुटितं यच्च प्रभिन्नं प्रसृतं च यत् ।
उपद्रवैश्च यज्जुष्टं प्राणमांसक्षयादिभिः ।
वातरक्तमसाध्यं तद्याप्यं संवत्सरोत्थितम् ॥ १७ ॥

वातरक्त का साध्यासाध्यत्व विचार—जो वातरक्त अंगूठे से प्रारम्भ होकर जानुसन्धि तक पहुंच गया हो, जिसमें त्वचा फट गई हो और विदीर्ण होने से स्राव भी होता हो, जो प्राण (बल) क्षय तथा मांसक्षय आदि उपद्रवों से युक्त हो वह वातरक्त असाध्य होता है। एक वर्ष का पुराना वातरक्त याप्य होता है ॥ १७ ॥

अस्वप्नारोचकश्वासमांसकोथशिरोग्रहाः ।
संमूर्च्छामदरुक्तृष्णाज्वरमोहप्रवेपकाः ॥ १८ ॥
हिक्कापाङ्गुल्यवीसर्पपाकतोदभ्रमक्लमाः ।
अङ्गुलीवक्रतास्फोटदाहमर्मग्रहार्बुदाः ॥ १९ ॥
एतैरुपद्रवैर्युक्तं मोहेनैकेन वापि तत् ।

जिस वातरक्त में निद्रानाश, भोजन में अरुचि, श्वासवृद्धि, मांस में सड़न, तीव्र शिरःशूल, मूर्च्छा, मद, वदन में पीड़ा, प्यास, ज्वर, मोह, कम्पवात, हिचकी, पङ्गुता, विसर्प, पाक, सूई से चुभने की तरह पीड़ा, भ्रम, क्लम, अंगुलियों का टेढ़ा हो जाना, फोड़े निकल आना, दाह, मर्मस्थल (सिर, हृदय, वस्ति) में वेदना होना, अर्बुद की उत्पत्ति, इन उपद्रवों के रहने पर या केवल मूर्च्छा से युक्त होने पर रोगी असाध्य होता है।

अकृत्स्नोपद्रवं याप्यं साध्यं स्यान्निरुपद्रवम् ॥ २० ॥

ऊपर के सम्पूर्ण उपद्रवों के न रहने पर भी रोगी याप्य होता है। तथा उपद्रवों से रहित रोगी साध्य होता है ॥ २० ॥

एकदोषानुगं साध्यं नवं याप्यं द्विदोषजम् ।
त्रिदोषजमसाध्यं स्याद्यस्य च स्युरुपद्रवाः ॥ २१ ॥

इति वातरक्तनिदानम् ।

एकदोषजन्य नवीन वातरक्त साध्य, द्विदोषजन्य याप्य और त्रिदोषजन्य तथा उपद्रव युक्त (एकदोषज, द्विदोषज भी) वातरक्त असाध्य होता है ॥ २१ ॥

विमर्श—उपरोक्त लक्षणों से यह स्पष्ट है कि नवीन रोग ही साध्य होता है। पुराना होने पर याप्य असाध्य हो जाता है। जब रोग बढ़कर जानुपर्यन्त पहुंच जाता है तथा उसमें अन्य उपद्रव भी हो जाते हैं तब वह असाध्य हो जाता है। स्थायी क्षोभ होने से अर्बुद की उत्पत्ति हो जाती है। यह भी रोग की चिरकालीनावस्था में उत्पन्न होता है। मर्मस्थल में विकृति होने से मूर्च्छा होती है जो असाध्य का लक्षण है ॥ १७–२१ ॥

वातरक्त निदान समाप्त ।

अथ वातरक्तचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

वातरक्ते शोणितमोक्षणम्—

शिरावेधं प्रशंसन्ति प्रथमं वातशोणिते ।
जलौकोलाबुशृङ्गैर्वा शोणितं तस्य निर्हरेत् ॥ २२ ॥

निदान के बाद वातरक्त की चिकित्सा का निरूपण करते हैं ।

वातरक्त में रक्तमोक्षण (रक्त निकालना)—वातरक्त रोग में पहले शिरावेध की प्रशंसा करते हैं । वातरक्त के रोगी के दूषित स्थान का रक्त जोंक लगाकर वा तुम्बी अथवा सिंगी लगाकर निकालना चाहिए ॥ २२ ॥

वाताधिकवातरक्तप्रतीकारः—

सर्पिस्तैलवसामज्जापानाभ्यञ्जनबस्तिभिः ।
सुखोष्णैरुपनाहैश्च वातोत्तरमुपाचरेत् ॥ २३ ॥

वातप्रधान वातरक्त का प्रतिकार—जिस वातरक्त रोग में वात की प्रधानता हो उस वातरक्त रोग को घृत, तैल, वसा, मज्जा, मद्यपान, अभ्यञ्जन, वस्तिकर्म तथा थोड़ा उष्ण उपनाह (पुल्टिस) के द्वारा चिकित्सा करे ॥२३॥

वातरक्तभेदाः—

उत्तानमवगाढं च द्विविधं वातशोणितम् ।
त्वङ्मांसाश्रयमुत्तानं गम्भीरं त्वन्तराश्रयम् ॥ २४ ॥

वातरक्त के भेद—वातरक्त रोग दो प्रकार का होता है । उत्तान तथा अवगाढ (गम्भीर) । त्वचा तथा मांस में रहनेवाला उत्तान वातरक्त है तथा अन्तर (सन्धि आदि में) रहनेवाला अवगाढ (गम्भीर) वातरक्त कहलाता है ॥ २४ ॥

वातरक्ते सामान्यचिकित्सा—

पिण्डतैलादिनाऽभ्यङ्गः पानं तिक्तादिसर्पिषः ।
सेकालेपाद्यसृङ्मुक्तिः शोधनं चोभयोर्हितम् ॥ २५ ॥
गाढे विशेषतः सर्पिःपानं शुद्धिः शिराव्यधः ।
वातरक्तप्रशमनं हृद्यं गुडघृतं स्मृतम् ॥ २६ ॥
कफरक्तप्रशमनं कच्छूव्रीसर्पनाशनम् ।
सर्वेषु सगुडां पथ्यां गुडूचीकाथमेव वा ।
पिप्पलीवर्धमानं वा शीलयेत्सुसमाहितः ॥ २७ ॥
गोधूमचूर्णं छगलीपयश्च सच्छागदुग्धो रुबुबीजकल्कः ।
लेपे विधेयं शतधौतसर्पिः सेके पयश्चाविकमेव शस्तम् ॥ २८ ॥

वातरक्त में सामान्य चिकित्सा—वातरक्त रोग के उत्तान तथा गम्भीर

दोनों भेदों में पिण्ड[1] तैल आदि का अभ्यङ्ग, तिक्तादि घृत का पान, सेक, आलेपन एवं रक्त का मोक्षण और शोधन हितकर होता है। गाढ़ (गम्भीर) वातरक्त में विशेषकर घृतपान, वमन, विरेचनादि से शरीर की शुद्धि, शिराव्यध तथा गुड़, घृत का प्रयोग, हृदय को बल देनेवाला एवं वातरक्त को शान्त करनेवाला है। और कफ रक्त को शान्त करनेवाला तथा कच्छू, वीसर्प को नाश करनेवाला है। सभी प्रकार के वातरक्त रोग में गुड़ के साथ हर्रे का प्रयोग या गुडूची के क्वाथ का प्रयोग एवं पिप्पली वर्धमान योग का प्रयोग सावधान होकर करे। गेहूँ का चूर्ण, बकरी का दूध तथा स्वस्थ बकरी का दूध और एरण्ड बीज का कल्क सेवन करे। लेप के लिये शतधौत (सौ बार पानी में धोया हुआ) घृत का प्रयोग करे और सेंक के लिये भेड़ का दूध उत्तम है ॥ २५-२८ ॥

वातरक्ते अमृतादिपाचनम्—

अमृतानागरधान्यककर्षत्रितयेन पाचनं सिद्धम्।
जयति सरक्तं वातं शाम्यन्ति कुष्ठान्यशेषाणि ॥ २९ ॥

वातरक्त रोग में अमृतादि पाचन क्वाथ—अमृता (गुडूची), सोंठ तथा धनिया तीन कर्ष (तो०), इन द्रव्यों से सिद्ध पाचन क्वाथ वातरक्त को जीत लेता है तथा सभी प्रकार के कुष्ठ रोगों को शान्त करता है ॥ २९ ॥

वातरक्ते गुडूचीक्वाथः—

वत्सादनीभवः क्वाथः पीतो गुग्गुलुसंयुतः।
समीरणसमायुक्तं शोणितं सप्रसादयेत् ॥ ३० ॥

वातरक्त में गुडूची क्वाथ—वत्सादनी (गुडूची) का क्वाथ, गुग्गुलु के साथ पान करने से सभी वात से युक्त रक्त, यानी वातरक्त को शान्त करता है ॥३०॥

वातरक्ते वासादिक्वाथः—

वासागुडूचीचतुरङ्गुलानामेरण्डतैलेन पिबेत्कषायम्।
क्रमेण सर्वाङ्गजमप्यशेषं जयेदसृग्वातभवं विकारम् ॥ ३१ ॥

वातरक्त में वासादि क्वाथ—अडूसा, गुडूची, चतुरङ्गुल (अमलतास), समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ, एरण्डतैल के साथ पान करे। यह क्वाथ, धीरे-धीरे सम्पूर्ण शरीर में उत्पन्न सभी प्रकार के वातरक्तजन्य विकार को जीत लेता है ॥ ३१ ॥

वातरक्तेऽभयायोगः—

तिस्रोऽथवा पञ्च गुडेन पथ्या जग्ध्वा पिबेच्छिन्नरुहाकषायम्।
तद्वातरक्तं शमयत्युदीर्णमाजानुसंभिन्नमपि ह्यवश्यम् ॥ ३२ ॥

---

१. पिण्डतैल वातरक्ताधिकार श्लोक ४४ तथा ४५ देखें।

वातरक्त में अभयाका योग—तीन अथवा पांच हर्रे पकाकर गुड़ के साथ खाय और गुडूची का क्वाथ पान करे। यह अभयायोग भयंकर एवं जानुपर्यन्त फैले हुए वातरक्त को अवश्य ही शान्त करता है ॥ ३२ ॥

वातरक्ते गुडूचीयोगाः—

घृतेन वातं सगुडा विबन्धं पित्तं सिताढ्या मधुना कफं च ।
वातास्रमुग्रं रुबुतैलमिश्रा शुण्ठ्याऽऽमवातं शमयेद् गुडूची ॥ ३३ ॥

वातरक्त में गुडूची योग—गुडूची, घृत के साथ प्रयोग करने से वातरोग को, गुड़ के साथ विबन्ध (मलबन्ध) को, मिस्री के साथ पित्त को, मधु के साथ कफ को, एरण्डतैल के साथ वातरक्त रोग को तथा सोंठ के साथ प्रयोग करने से आमवात को शान्त करती है।

अमृता कफवातघ्नी कफमेदोविशोषणी ।
वातरक्तप्रशमनी कच्छुवीसर्पनाशिनी ॥ ३४ ॥
गुडूच्याः स्वरसं कल्कं चूर्णं वा क्वाथमेव वा ।
प्रभूतकालमासेव्यं मुच्यते वातशोणितात् ॥ ३५ ॥

गुडूची कफ तथा वात को नाश करनेवाली है, कफ तथा मेदा को सुखानेवाली है, वातरक्त को शान्त करनेवाली है, कच्छू वीसर्प को नाश करनेवाली है। गुडूची का स्वरस, कल्क या चूर्ण अथवा केवल क्वाथ ही अधिक दिन तक सेवन करना चाहिए। यह गुडूची वातरक्त रोग से मुक्त करा देती है ॥ ३५ ॥

वातरक्ते लाङ्गल्यादिवटिका—

लाङ्गल्यास्त्वमृतसमं कन्दमुद्धृत्य यत्नतः ।
योजयेत्त्रिफलालोहरजस्त्रिकटुकैः सह ॥ ३६ ॥
गुग्गुल्वमृतवल्लीभिर्मातुलुङ्गरसेन वा ।
त्रिफलाया रसैर्युक्ता गुटिकाः कोलसंमिताः ॥ ३७ ॥
भक्षयेन्मधुनाऽऽलोड्य शृणु कुर्वन्ति यत्फलम् ।
पादस्फोट महाघोरं स्फुटनं सर्वगं च यत् ॥ ३८ ॥
तत्सर्वं नाशयन्त्याशु असाध्यं वातशोणितम् ।

वातरक्त रोग में लाङ्गल्यादि गुटिका—अमृत के समान लाङ्गली (कलिहारी) के कन्द को यत्नपूर्वक निकालकर अच्छी तरह स्वच्छ कर पीस ले और त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का चूर्ण, लौहभस्म तथा त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) के चूर्ण के साथ मिला ले। गुग्गुलु, गुडूची या बिजौरा नीबू के रस के साथ अथवा त्रिफला के क्वाथ के साथ बैर के बराबर २ गुटिका बनावे और मधु के साथ मिलाकर भक्षण करे। यह गुटिका जो फल देती है उसको सुनें। यह

गुटिका भयंकर पादस्फोट (पैर का फटना), सम्पूर्ण शरीर का फटना तथा असाध्य वातरक्त को शीघ्र ही नाश करती है ।

वातरक्ते त्रिफलादिकषायः

त्रिफलानिम्बमञ्जिष्ठावचाकटुकरोहिणी- ॥ ३९ ॥
वत्सादनीदारुनिशाकषायं नवकार्षिकम् ।
वातरक्तं तथा कुष्ठं पामां च रक्तमण्डलम् ॥ ४० ॥
कुष्ठं कपालिकाकुष्ठं पानादेवापकर्षति ।
कर्षादौ तु पलं यावद्द्यात् षोडशिकं जलम् ॥ ४१ ॥
ततस्तु कुडवं यावत्तोयमष्टगुणं भवेत् ।

वातरक्त में त्रिफलादि कषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नीम, मंजीठ, वच, कुटकी, वत्सादनी (गुडूची) तथा दारुहल्दी, नव कर्ष (तो०) इन द्रव्यों का क्वाथ बनावे । यह क्वाथ पान करने से वातरक्त, कुष्ठ, पामा (तर-खुजली) रक्तमण्डल (कुष्ठभेद) कुष्ठ तथा कपालिकाकुष्ठ को दूर करता है । एक कर्ष (एक तोले) लेकर एक पल (छटांक) पर्यन्त द्रव्य को सोलह गुना जल में क्वाथ बनावे और एक छटांक एक कुडव (एक पाव) तक द्रव्य को अठगुने जल में पकावे । अर्थात् तोला से लेकर एक छटांक तक द्रव्य का क्वाथ बनाना हो तो सोलह गुना जल में क्वाथ तैयार करे । यदि छटांक से लेकर एक कुडव (एक पाव) तक द्रव्य का क्वाथ करना हो तो अठगुना जल में क्वाथ करे ।

वातरक्ते गुडूच्याद्यं घृतम्—

गुडूचीकाथकल्काभ्यां सपयस्कं घृतं श्रृतम् ॥ ४२ ॥
हन्ति रक्तं सवातं च कुष्ठं जयति दुस्तरम् ।

वातरक्त में गुडूच्याद्य घृत—गुडूची के क्वाथ तथा कल्क के साथ गाय का दूध मिलाकर घृत तैयार करे । यह घृत वातरक्त तथा भयंकर प्रस्तर कुष्ठ रोग को भी जीत लेता है । (घृत निर्माण विधि के अनुसार घृत के चौगुना गुडूची का क्वाथ तथा घृत के चतुर्थांश गुडूची का कल्क एवं घृत के बराबर दूध को मिलाकर घृतपाक विधि के अनुसार घृत सिद्ध करना चाहिए । (घृत निर्माण विधि एवं पाक विधि गदनिग्रह प्रयोग खण्ड घृताधिकार (पृ० सं० ४ में देखें) ।

वातरक्ते शतावरीघृतम्—

शतावरीकल्कगर्भं रसे तस्याश्चतुर्गुणे ॥ ४३ ॥
क्षीरतुल्यं घृतं सिद्धं वातशोणितनाशनम् ।

वातरक्त में शतावरी घृत—शतावरी का कल्क (घृत का चौथाई) तथा

शतावरी का रस घृत का चौगुना तथा घृत के बराबर गाय का दूध मिलाकर घृत तैयार करे। यह घृत वातरक्त को नाश करने वाला है।

वातरक्ते पिण्डतैलम्—

सारिवासर्जमञ्जिष्ठायष्टीसिक्थैः पयोन्वितैः ॥ ४४ ॥
तैलं पक्वं प्रयोक्तव्यं पिण्डाख्यं वातशोणिते।

वातरक्त में पिण्डतैल—सारिवा (अनन्तमूल), सर्जः (सर्जरस-राल), मंजीठ, मुलेठी तथा मोम—इन द्रव्यों का कल्क (तैल का चौथाई) तथा दूध (तैल का चौगुना) लेकर तैल पकावे और इस पिण्डाख्य (पिण्ड नामक) परिपक्व तैल को वातरक्त रोग में प्रयोग करे।

द्वितीयं पिण्डतैलम्—

सारिवासर्जयष्ट्याह्वमधूच्छिष्टैः पयोन्वितैः ॥ ४५ ॥
साध्यमैरण्डतैलं वा वातरक्तरुजापहम्।

द्वितीय पिण्ड तैल—अथवा सारिवा (अनन्तमूल), राल, मुलेठी तथा मोम समभाग इन द्रव्यों का कल्क (तैल का चौथाई) दूध (तैल का चौगुना) तथा एरण्ड का तैल मिलाकर पकावे। यह दूसरे प्रकार का पिण्ड तैल है और वातरक्त रोग को नाश करता।

वातरक्ते बलादिघृतम्—

बलाकषायकल्काभ्यां सपयस्कं घृतं श्रृतम् ॥ ४६ ॥
हन्ति रक्तं सवातं च कुष्ठं जयति दुस्तरम्।

वातरक्त में बलादिघृत—बरियार के कषाय (घृत का चौगुना) तथा कल्क (घृत का चौथाई) के साथ दूध (घृत के बराबर) मिलाकर घृत सिद्ध करे। यह घृत वातरक्त को नाश करता है तथा दुर्जय कुष्ठरोग को भी जीत लेता है।

वातरक्ते दशपाकाह्व बलातैलम्—

बलाकषायकल्काभ्यां तैलं क्षीरचतुर्गुणम् ॥ ४७ ॥
दशपाकं भवेदेतद्वातासृग्वातपित्तनुत्।
धन्यं पुंसवनं चैव नाराणां शुक्रवर्धनम् ॥ ४८ ॥
रेतोयोनिविकारघ्नमेतद्वातविकारनुत्।

वातरक्त रोग में दशपाकाह्व बलातैल—बरियार के क्वाथ तथा कल्क के साथ तैल का चौगुना दूध मिलाकर तैल सिद्ध करे। इस प्रकार इस बलातैल को दश बार पकावे। यह दशपाक बलातैल वातरक्त तथा वातपित्त को दूर करता है। यह तैल धन्य (धन को देने वाला), पुंसवन करने वाला तथा शुक्र (वीर्य) को बढ़ाने वाला है। और वीर्यदोष तथा योनिदोष को नाश करने वाला तथा वात विकार को दूर करने वाला है।

वातरक्ते नागबलाद्यं तैलम्—

शुद्धां पचेन्नागबलां तुलां तु जलार्मणे पादकपायशेषे ॥ ४९ ॥
विस्राव्य तैलाढकमत्र दद्यादजापयस्तैलविमिश्रितं तु ।
नतस्य यष्टीमधुकस्य कल्कं पृथक्पचेत्पञ्चपलं विपक्वम् ॥ ५० ॥
तद्वातरक्तं शमयत्युदीर्णं बस्तिप्रदानेन हि सप्तरात्रात् ।
पीतं दशाहेन करोत्यरोगं तैलं स्मृतं नागबलाह्वमेतत् ॥ ५१ ॥

वातरक्त में नागबलाद्य तैल—स्वच्छ एवं परिपक्व नागबला (गंगेरन) पञ्चांग एक तुला (पांच सेर) लेकर जल एक द्रोण में पकावे और चौथाई शेष क्वाथ को छानकर एक आढ़क तैल मिला दे तथा बकरी का दूध एक आढ़क एवं नत (तगर) तथा मुलेठी अलग-अलग पांच-पांच पल (छटांक) का कल्क मिलाकर तैल सिद्ध करे। यह पकाया हुआ तैल भयंकर वातरक्त को सात रात्रि तक वस्तिप्रदान (वस्तिकर्म) करने से शान्त करता है, तथा यह नागबला नामक तैल दश दिन तक पान करने से रोगरहित (नीरोग) कर देता है ॥ ४९–५१ ॥

वातरक्ते अमृतागुग्गुलुः—

अमृतायाश्च द्विप्रस्थं प्रस्थमेकं तु गुग्गुलोः ।
प्रत्येकं त्रिफलाप्रस्थं वर्षाभूप्रस्थमेव च ॥ ५२ ॥
सर्वमेकत्र संकुट्य क्वाथयेन्नल्वणेऽम्भसि ।
पुनः पचेत्पादशेषं यावत्सान्द्रत्वमागतम् ॥ ५३ ॥
दन्तीचित्रकमूलानि कणा विश्वा फलत्रिकम् ।
गुडूची च विडङ्गानिप्रत्येकार्धपलोन्मितम् ॥ ५४ ॥
त्रिवृता कर्षमेकं तु सर्वमेकत्र चूर्णयेत् ।
सिद्धमुष्णे क्षिपेत्तत्र, अमृतागुग्गुलोः पलम् ॥ ५५ ॥
यथावह्निबलं खादेदम्लपित्ती विशेषतः ।
वातरक्तं तथा कुष्ठं गुदजान्यग्निसादनम् ॥ ५६ ॥
दुष्टव्रणं प्रमेहांश्च आमवातं भगन्दरम् ।
जाड्याढ्यवातश्वयथून् हन्यात्सर्वामयानसौ ॥ ५७ ॥
अश्विभ्यां निर्मितो योगोऽमृतागुग्गुलुः पुरा ।

वातरक्त में अमृता गुग्गुलु—गुडूची दो प्रस्थ (सेर) शु० गुग्गुलु एक प्रस्थ (सेर), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) प्रत्येक एक-एक प्रस्थ (सेर) पुनर्नवा एक प्रस्थ, इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर कूट ले और एक द्रोण जल में पकाये, चौथाई शेष क्वाथ को छानकर तब तक पकावे जब तक गाढ़ा न हो जाय। गाढ़ा हो जाने पर उष्णावस्था में ही, दन्ती, चित्रकमूल, पीपर, सोंठ,

त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), गुडूची, तथा विडंग आधा-आधा पल (छटांक) तथा निशोथ एक कर्ष (तोला) इन द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण बनावे और उसमें छोड़ दे। इस अमृत गुग्गुलु को एक पल (छटांक) की मात्रा में अग्निबल के अनुसार, विशेषकर अम्लपित्त रोग से पीड़ित रोगी भक्षण करे। यह अमृतागुग्गुलु वातरक्त, कुष्ठ, अर्श रोग, अग्निसाद (मन्दाग्नि), दुष्ट व्रण, प्रमेह, आमवात, भगन्दर, जाड्य (जड़ता), आढ्यवात, (दोनों उरुओं का घात), शोथ तथा सभी रोगों को नाश करता है। इस अमृता गुग्गुलु योग को पहले अश्विनीकुमारों ने बनाया था।

योगसारामृतः—

शतावरी नागबला वृद्धदारुकमुच्चटा ॥ ५८ ॥
पुनर्नवाऽमृता कृष्णा वाजिगन्धा त्रिकण्टकः।
पृथग्दशपलान्येषां सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ ५९ ॥
तदर्धशर्करायुक्तं चूर्णं संमर्दयेद्बुधः।
स्थापयेत्सुदृढे भाण्डे मध्वार्धाढकसंयुतम् ॥ ६० ॥
घृतप्रस्थेन चालोड्य त्रिसुगन्धिपलेन च।
तं खादेदिष्टचेष्टान्नो यथावह्निबलं नरः ॥ ६१ ॥
वातरक्तं क्षयं कुष्ठं कार्श्यं पित्तास्रसंभवम्।
वातपित्तकफोत्थांश्च रोगानन्यांश्च तद्विधान् ॥ ६२ ॥
हत्वा करोति पुरुषं वलीपलितवर्जितम्।
योगसारामृतो नाम लक्ष्मीकान्तिविवर्धनः ॥ ६३ ॥
दिवास्वप्नाग्निसंतापं व्यायामं मैथुनं तथा।
कटूष्णगुर्वभिष्यन्दिलवणाम्लानि वर्जयेत् ॥ ६४ ॥
किंचिद्वातव्याधावुक्तमस्ति।

इति श्रीशोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे वातरक्ताधिकारो विंशतितमः।

योगसारामृत—शतावरी, नागबला, (गंगेरन), वृद्धदारुक (विधारा), उच्चटा, (भूई आंवला), पुनर्नवा, गुडूची, पीपर, अश्वगन्धा तथा गोखरू पृथक-पृथक दश-दश पल—इन द्रव्यों को सूक्ष्म चूर्ण बनावे और चूर्ण का आधा शक्कर मिलाकर मर्दन करे। इस चूर्ण को आधा आढ़क मधु मिलाकर मजबूत घृत स्निग्ध भाण्ड में रख दे और उसमें घृत एक प्रस्थ तथा त्रिसुगन्धि (दालचीनी, इलायची, तेजपात) एक पल (छटांक) का चूर्ण मिला दे, और इसको मनुष्य के अग्निबल के अनुसार, अपनी इच्छा के अनुकूल चेष्टाओं

(आहार-विहार) को करता हुआ भक्षण करे। यह सारामृत नामक योग, वातरक्त, क्षय, कुष्ठ, पित्तरक्तजन्य, दुर्बलता, वात, पित्त एवं कफजन्य, रोग तथा इसी प्रकार के अन्य रोगों को नाश कर पुरुष को वलि (मुख में झुर्री पड़ना) तथा पलित (असमय में बाल पकना) से रहित करता है अर्थात् वलि-पलित नहीं होने देता है। यह सारामृत लक्ष्मी तथा कान्ति (शोभा) को बढ़ाने वाला है। इस योग के सेवन-काल में मनुष्य दिन में सोना, अग्नि सेवन करना (आग तापना), व्यायाम तथा मैथुन करना और कटु, (चरपरा), गरम, गरिष्ट, अभिष्यन्दि, नमकीन तथा अम्ल पदार्थों को छोड़ दे ॥ ५८–६४ ॥

वातरक्त की चिकित्सा कुछ वातव्याधि प्रकरण में भी कही गयी है।

श्री शोढल विरचित गदनिग्रह नामक ग्रन्थ के कायचिकित्सा खण्ड में बीसवां वातरक्ताधिकार समाप्त।

अथोरुस्तम्भाधिकार एकविंशतितमः ।

अथात ऊरुस्तम्भनिदानं व्याख्यास्यामः ।

ऊरुस्तम्भस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

वातव्याधिप्रसङ्गेन वातरक्ते निरूपिते ।
वातव्याधेः प्रस्तुतत्वादूरुस्तम्भो निरूप्यते ॥ १ ॥

इसके वाद उरुस्तम्भ रोग का निदान करते हैं ।

ऊरुस्तम्भ का निदान सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—वातव्याधि के प्रसंग से वातरक्त को निरूपण करने के वाद, वातव्याधि से सम्वन्ध होने के कारण यहां पर ऊरुस्तम्भ रोग का निरूपण करते हैं ।

शीतोष्णद्रवसंशुष्कगुरुस्निग्धैर्निषेवितैः ।
जीर्णाजीर्णे तथाऽऽयासक्षोभस्वप्नप्रजागरैः ॥ २ ॥
सश्लेष्ममेदःपवनः साममत्यर्थसंचितम् ।
अभिभूयेतरं दोषमूरू चेत्प्रतिपद्यते ॥ ३ ॥
सक्थ्यस्थीनि प्रपूर्यान्तः श्लेष्मणा स्तिमितेन च ।

अत्यन्त शीत, उष्ण, द्रव, शुष्क, भारी तथा स्निग्ध पदार्थों को अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से, जीर्णाजीर्ण (भोजन के अपरिपाकावस्था) में ही भोजन करने से, अत्यधिक श्रम, क्षोभ, दिन में सोना, रात्रि में जगना, अत्यधिक संचित हुए आम, मेद तथा कफ से युक्त वायु, इतर पित्त दोष को अभिभूत कर, जव ऊरुवों में स्थित होता है और दोनों सक्थियों की अस्थियों को स्तिमित श्लेष्मा से परिपूर्ण कर देता है तव दोनों ऊरु जकड़ जाते हैं ।

तदा स्तभ्नाति तेनोरू स्तब्धौ शीतावचेतनौ ॥ ४ ॥
परकीयाविव गुरू स्यातां भृशमतिव्यथौ ।
ध्यानाङ्गमर्दस्तैमित्यतन्द्राच्छर्द्यरुचिज्वरैः ॥ ५ ॥
संयुतौ पादसदनकृच्छ्रोद्धरणसुप्तिभिः ।
तमूरुस्तम्भमित्याहुराढ्यवातमथापरे ॥ ६ ॥

इससे दोनों जंघों में जकड़ाहट, शीतलता तथा अचेतनता आ जाती है । रोगी को अपने जंघे दूसरे के जंघे के समान भारी प्रतीत होते हैं । इनमें पीड़ा अत्यधिक होती है । रोगी चिन्ता, शरीर में पीड़ा, निश्चलता, तन्द्रा, वमन, अरुचि तथा ज्वर के लक्षणों से युक्त रहता है । दोनों पैरों में अवसाद, कष्ट-पूर्वक पैरों का उठाना तथा सुन्नता हो जाती है, इन लक्षणों से युक्त रोग को

ऊरुस्तम्भ रोग कहते हैं। कुछ लोग इसे आढ्यवात भी कहते हैं ॥ १–६ ॥

विमर्श—उपरोक्त सम्प्राप्ति के अनुसार इस रोग में वात की प्रधानता रहती है। इसीलिये सुश्रुत ने वातव्याधि में ही पाठ किया है तथा अन्य आचार्य इसको आढ्यवात मानते हैं। चरक में "उरुश्लेष्मा समेदस्को वात-पित्तेऽभिभूयतु" इत्यादि के अनुसार कफ की प्रधानता बताई गई है। यहां आवरण करने वाला कफ को प्रधान चिकित्स्य मान कर ही कफ को प्रधानता दी गई है। यह रोग अधिकतर व्यायाम विशेषकर दण्ड-बैठक अधिक करने तथा पैदल चलने या घोड़े आदि की अधिक सवारी करने के बाद ठंढा जल स्पर्श करने से होता है। इसमें जघाओं की मांसपेशियों में कठिनता तथा अकर्मण्यता एवं पीड़ा होती है। इसको जांघ का भरना भी कहा जाता है। गरम पानी में नमक मिलाकर धोने से तथा हलके हाथों से मलने एवं धीरे-धीरे टहलने से मांसपेशियों में मृदुता एवं कर्मण्यता आ जाती है और पीड़ा कम हो जाती है। प्राचीन काल में अभ्यागत अतिथियों के पैदल चलकर आने के बाद गरम जल में नमक मिलाकर पैर धोने की प्रथा रही है क्योंकि शीतल जल के स्पर्श से ऊरुस्तम्भ रोग होने की सम्भावना रहती थी। इस रोग में रेतीली या कंकड़ीली जमीन पर धीरे-धीरे सावधानी से चलना तथा नदी या तालाब में तैरना विशेष लाभप्रद होता है।

ऊरुस्तम्भपूर्वरूपम्—

वातशङ्किभिरज्ञानात्तस्य स्यात्स्नेहनात् पुनः।
पादयोः सदनं सुप्तिः कृच्छ्रादुद्धरणं तथा ॥ ७ ॥
जङ्घोरुग्लानिरत्यर्थं संस्रताऽऽनाहवेदना।
पादं च व्यथते न्यस्तं शीतस्पर्शं न वेत्ति च ॥ ८ ॥
संस्थाने चलने गत्यां पीडने चाप्यनीश्वरः।
अन्यनेयौ हि संभग्नावूरू पादौ च मन्यते ॥ ९ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग का पूर्व रूप—ऊरुस्तम्भ रोग में सुप्ति, संकोच तथा कम्प आदि वात के सामान्य लक्षणों को देखकर अज्ञानपूर्वक, वातव्याधि की शंका करनेवाले यदि इस रोग में स्नेहन कर्म करते हैं तो पैरों में अवसाद तथा सुन्नता बढ़ जाती है। पैर कठिनाई से उठाये जाते हैं। जङ्घा तथा उरु में अत्यधिक अवसाद होता है। निरन्तर थोड़ा दाह तथा पीड़ा होती है। कदम रखते हुए पैर में बहुत वेदना होती है एवं शीतस्पर्श का अनुभव नहीं होता है। इस रोग से पीड़ित मनुष्य खड़े होने, पैर से किसी वस्तु को दबाने, चलने तथा पैर के हिलाने में असमर्थ रहता है और रोगी को ऐसा ज्ञात होता है कि दूसरे के ऊरु लिये हुए है, या अपने ही ऊरु भग्न हो गये हैं।

प्राग्रूपं तस्य निद्राऽतिध्यानं स्तिमितता ज्वरः ।
रोमहर्षोऽरुचिश्छर्दिर्जङ्घोर्वोः सदनं तथा ॥ १० ॥

निद्रा, अत्यधिक चिन्ता, शरीर में गीले चर्म से आवृत होने की प्रतीति ज्वर, रोमाञ्च होना, भोजन में अरुचि, वमन तथा जंघा (गुल्फ से जानुपर्यन्त भाग) तथा ऊरु में अवसाद का होना ये ऊरुस्तम्भ रोग के पूर्व रूप हैं ॥ ७–१० ॥

ऊरुस्तम्भस्यासाध्यलक्षणम्—

यदा दाहार्तितोदार्तो वेपनः पुरुषो भवेत् ।
ऊरुस्तम्भस्तदा हन्यात्साध्येदन्यथा नवम् ॥ ११ ॥

इत्यूरुस्तम्भनिदानम् ॥

ऊरुस्तम्भरोग का असाध्य लक्षण—नवीन एवं उपद्रवरहित ऊरुस्तम्भ रोग साध्य होता है । किन्तु दाह, भयंकर पीड़ा, तोद (छिदने जैसी पीड़ा) तथा कम्पन से युक्त रोगी का ऊरुस्तम्भ असाध्य होता है ॥ ११ ॥

ऊरुस्तम्भ निदान समाप्त

अथोरुस्तम्भचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

ऊरुस्तम्भे सामान्यचिकित्सा—

स्नेहासृक्स्रावववमनं बस्तिकर्म विरेचनम् ।
वर्जयेदाढ्यवाते तु तैश्च तस्य विरोधतः ॥ १२ ॥
तस्मादत्र सदा कार्यं स्वेदलङ्घनरूक्षणम् ।
आममेदःकफाधिक्यान्मारुतं परिरक्षता ॥ १३ ॥
यत्स्यात्कफप्रशमनं न च मारुतकोपनम् ।
तत्सर्वं सर्वदा कार्यमूरुस्तम्भस्य भेषजम् ॥ १४ ॥

ऊरुस्तम्भ के निदान के बाद चिकित्सा का निरूपण करते हैं ।

ऊरुस्तम्भ में सामान्य चिकित्सा—आढ्यवात (ऊरुस्तम्भ) में स्नेहन (घृतपान आदि), रक्तमोक्षण, वमन, वस्तिकर्म तथा विरेचन, नहीं करना चाहिए । क्योंकि स्नेहनादि कर्मों के साथ ऊरुस्तम्भ का विरोध देखा गया है । अतः इस रोग में सदा स्वेदन, लंघन तथा रूक्षण (रूक्ष पदार्थों का सेवन) आदि कार्य, आमदोष, मेददोष तथा कफ की अधिकता होने के कारण वात की रक्षा करते हुए करना चाहिए । जो कर्म या पदार्थ कफ को प्रशमन करने

वाले होते हैं वे वात को प्रकुपित नहीं करते हैं इसलिये, कफ प्रशामक सभी औषधों का प्रयोग ऊरुस्तम्भ रोग में हमेशा करना चाहिए।

सर्वो रूक्षः क्रमः कार्यस्तत्रादौ कफनाशनः।
पश्चाद्वातविनाशाय कृत्स्नः कार्यः क्रियाक्रमः॥ १५॥
भोज्याः पुराणाः श्यामाककोद्रवोद्दालशालयः।
जाङ्गलैरघृतैर्मांसैः शाकैश्चालवणैर्हितैः॥ १६॥
रूक्षणाद्वातकोपाच्च निद्रानाशार्तिसूचकाः।
स्नेहस्वेदविधिस्तत्र कार्यो वातामयापहः॥ १७॥
प्रतारयेत् प्रतिस्रोतो नदीं शीतजलां शिवाम्।
सरश्च विमलं शीतं स्थिरतोयं पुनः पुनः॥ १८॥
तथा विशुष्केऽस्य कफे शान्तिमूरुग्रहो व्रजेत्।
शरीरबलमग्निं च कार्यैषा रक्षता क्रिया॥ १९॥

इस रोग में सर्वप्रथम कफनाशक सभी रूक्षण क्रियाक्रम को करना चाहिए। इसके बाद वातनाशक क्रियाक्रम तथा औषधों का प्रयोग करे। पुराने श्यामाक (सौंवा), कोद्रव (कोदो), उद्दाल, शालि (जड़हनधान आदि भोज्य पदार्थों को घृत रहित जांगल मांस) तथा नमक रहित हितकर शाकों के साथ भक्षण करे। रूक्ष पदार्थों को सेवन करने या रूक्षण कम करने से वात प्रकोप होता है तथा वात प्रकोप के निद्रानाश, पीड़ा आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं। इसके बाद इस रोग में वात नाशक स्नेहन, स्वेदन आदि विधि को करे। रोगी को कल्याणकारक शीतल जल वाली नदी में प्रतिस्रोत (धारा की विपरीत दिशा में) तैराये। इस प्रतरण क्रिया को स्वच्छ, शीतल एवं स्थिर जल वाले तालाब में बारबार करे। इस प्रकार कफ के शुष्क हो जाने पर ऊरुग्रह (ऊरुस्तम्भ) शान्त हो जाता है। शरीरबल तथा अग्निबल को देखते हुए इस क्रिया को करे।

शिलाजतुं गुग्गुलं वा पिप्पलीमथ नागरम्।
ऊरुस्तम्भे पिबेन्मूत्रैर्दशमूलीरसेन वा॥ २०॥

शिलाजीत, गुग्गुलु या पिप्पली तथा सोंठ—इन द्रव्यों को ऊरुस्तम्भ रोग में गोमूत्र या दशमूल (बेलगम्भारी, अरलु, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटया, गोखरू) के रस या क्वाथ के साथ पान करे॥ १२-२०॥

ऊरुस्तम्भे भल्लातकादियोगः—

भल्लातकामृताशुण्ठीदारुपथ्यापुनर्नवाः।
पञ्चमूलीद्वयोन्मिश्रा ऊरुस्तम्भनिबर्हणाः॥ २१॥

ऊरुस्तम्भरोग में भल्लातकादि योग—शु० भल्लातक, गुडूची, सोंठ, देवदारु, हर्रे तथा पुनर्नवा, ये द्रव्य पञ्चमूली द्वय (लघु पञ्चमूल तथा वृहत्पञ्चमूल) के क्वाथ के साथ सेवन करने से ऊरुस्तम्भरोग को दूर करते हैं ॥ २१ ॥

विमर्श—भल्लातक आदि द्रव्यों को चूर्ण या वटी बनाकर दशमूल के रस से सेवन करे। यदि दशमूल ताजा न मिले तो उसके क्वाथ के साथ सेवन करना चाहिए। भल्लातक को पहले भैंस के गोबर में चौगुना जल मिलाकर दोलायन्त्र में बारह घण्टे तक उबाले। इसके बाद गोमूत्र और गोदुग्ध में चार-चार पहर तक उबाले। पश्चात् भिलावें को गरम जल से धोकर उसके ऊपर की टोपी उतार ले। पुनः नारियल के जल में बारह घंटे उबाल लेने से चूर्ण में मिलाने योग्य भिलावें शुद्ध हो जाते हैं।

ऊरुस्तम्भे पिप्पल्यादिकषायः—

पिप्पली पिप्पलीमूलं भल्लातकफलानि च।
क्वाथं मधुयुतं पीत्वा ऊरुस्तम्भाद्विमुच्यते ॥ २२ ॥

ऊरुस्तम्भ में पिप्पल्यादि कषाय—पीपर, पिपरामूल तथा शु० भल्लातक के फलों को (समभाग) लेकर क्वाथ बनावे और मधु के साथ मिलाकर पान करे। मनुष्य इस कषाय को पान करने से ऊरुस्तम्भरोग से मुक्त हो जाता है ॥ २२ ॥

ऊरुस्तम्भे कतिपययोगाः—

त्रिफलाचव्यकटुकाग्रन्थिकं मधुना लिहेत्।
ऊरुस्तम्भविनाशाय पुरं मूत्रेण वा पिबेत् ॥ २३ ॥
लिह्याद्वा त्रिफलाचूर्णं क्षौद्रेण कटुकायुतम्।
सुखाम्बुना पिबेद्वाऽपि चूर्णं षड्धरणं नरः ॥ २४ ॥
पिप्पलीवर्धमानं वा माक्षिकेण गुडेन वा।

ऊरुस्तम्भरोग में कुछ योग—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), चव्य, कुटकी तथा ग्रन्थिक (पिपरामूल) (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को मधु में मिलाकर ऊरुस्तम्भरोग को नाश करने के लिये चाटे या शु० गुग्गुलु को गोमूत्र के साथ पान करे। या त्रिफला के चूर्ण को कुटकी का चूर्ण मिलाकर मधु के साथ चाटे। अथवा षड्धरण[1] चूर्ण को मनुष्य, थोड़े गरम जल से पान करे। या पिप्पली वर्द्धमान[2] योग को मधु या गुड़ के साथ सेवन करे।

---

१. षड्धरण योग वातव्याधि अधिकार श्लोक १०० में देखें।

२. पिप्पली वर्द्धमान योग ज्वर प्रकरण श्लो० ५६ में देखें।

ऊरुस्तम्भे प्रशंसन्ति गण्डीरारिष्टमेव च ॥ २५ ॥
सैन्धवाद्यं हितं तैलममृताख्योऽपि गुग्गुलः ।

आयुर्वेद के विद्वान् ऊरुस्तम्भरोग में, गण्डीरारिष्ट[1] को प्रशस्त बताते हैं। तथा सैन्धवाद्य[2] तैल एवं अमृताख्य[3] गुग्गुलु भी उक्त रोग में लाभप्रद है।

ऊरुस्तम्भे अष्टकट्वरं तैलम्—

पलाभ्यां पिप्पलीमूलाच्छागराद्यष्टकट्वरः ।
तैलप्रस्थः समो दध्ना गृध्रस्यूरुग्रहापहः ॥ २६ ॥

ऊरुस्तम्भरोग में अष्टकट्वर तैल—पिपरामूल तथा सोंठ दो पल कट्वर मलाई सहित दही का मट्ठा, तैल एक प्रस्थ, दही एक प्रस्थ—इन सभी द्रव्यों को लेकर मन्द आंच पर तैल सिद्ध करे। यह अष्टकट्वर तैल, गृध्रसी तथा ऊरुस्तम्भरोग को नाश करता है।

अष्टकट्वरतैलेऽत्र तैलं सार्षपमिष्यते ।
सस्नेहदधिसंभूतं तक्रं कट्वरमुच्यते ॥ २७ ॥

इस अष्टकट्वर तैल में सरसों का तैल लेना अभीष्ट है। स्नेह (मलाई), सहित दही का बनाया तक्र (मट्ठा), कट्वर कहलाता है ॥ २६-२७ ॥

ऊरुस्तम्भे भल्लातकादिक्काथः—

भल्लातकोपकुल्यातन्मूलैः साधितं पिबन्नम्भः ।
ऊरुस्तम्भादचिराद्घोरादपि मुच्यते नियतम् ॥ २८ ॥

ऊरुस्तम्भ में भल्लातकादि क्काथ—शु० भल्लातक, पिप्पली, पिपरामूल—इन द्रव्यों से सिद्ध जल (कषाय) को पान करने से मनुष्य नवीन भयंकर भी ऊरुस्तम्भरोग से निश्चित ही मुक्त हो जाता ॥ २८ ॥

ऊरुस्तम्भे प्रलेपनोद्वर्तनयोगः—

वल्मीकमृन्मूलकबीजयुक्ता तुरङ्गगन्धा च हिता प्रलेपे ।
उद्वर्तनेनापि च घोरमूरुस्तम्भं विनाशं नयति प्रसह्य ॥ २९ ॥

---

१. गण्डीरारिष्ट, ग० नि०, प्रयोगखण्ड, अरिष्ट प्रकरण, पृ० ३९७ में देखें।
२. सैन्धवाद्य तैल, ग० नि०, प्र० खण्ड, तैल प्र०, पृ० ९५ में देखें।
३. अमृताख्य गुग्गुलु वटी, ग० नि० प्र०, पृ० २७६ में देखें।

ऊरुस्तम्भेऽस्थिसंघाटिकायोगः—

सार्धं मांसैरस्थिसङ्घाटिकाया
भुङ्क्ते यद्वा व्यञ्जनेनापरेण ।
क्षिप्रं शाम्यत्यस्थिभङ्गोऽस्य नूनं
वातव्याधिश्चातितीव्रोऽपि यः स्यात् ॥ ३० ॥

ऊरुस्तम्भरोग में अस्थि संघाटिका योग—अस्थि संघाटिका (हाड़जोड़ा "ग्रन्थिमान् वृत्त विशेष") के चूर्ण को जो-जो व्यक्ति, मांसरस के साथ या अन्य किसी भी व्यञ्जन के साथ भक्षण करता है उसका अस्थिभग्नरोग शीघ्र ही शान्त हो जाता है और उसका जो अति भयंकर वातरोग है वह भी शान्त हो जाता है ॥ ३० ॥

ऊरुस्तम्भे वृद्धदार्वादिचूर्णम्—

पिबेदुष्णाम्बुना वृद्धदारुनागरचूर्णकम् ।
ऊरुस्तम्भसमुद्भूतविकारव्यथयाऽन्वितः ॥ ३१ ॥

ऊरुस्तम्भरोग में वृद्धदार्वादि चूर्ण—ऊरुस्तम्भ से उत्पन्न रोगों की व्यथाओं से पीड़ित व्यक्ति, वृद्धदारु (विधारा) तथा सोंठ के चूर्ण को गरम जल से पान करे ॥ ३१ ॥

ऊरुस्तम्भे खर्जूराद्यो लेपः—

फलं खर्जूरिसंभूतं तथा वल्मीकभृत्तिका ।
ऊरुस्तम्भे प्रलेपोऽयं मधुना सर्षपान्वितः ॥ ३२ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में खर्जूराद्य लेप—खजूर का फल, वल्मीक मिट्टी तथा सरसों—इन द्रव्यों को पीसकर लेप बनावे । इस लेप को मधु के साथ मिलाकर लेप करे । यह लेप ऊरुस्तम्भ रोग को शान्त करता है ॥ ३२ ॥

ऊरुस्तम्भे कण्टकारिकादिकषायः—

कण्टकारीगुडूचीचित्रकरास्नाश्च कुष्ठपिप्पल्यः ।
सुरदारुविश्वगुग्गुलुसहितो भागोत्तरः क्वाथः ॥ ३३ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में कण्टकारिकादि कषाय—कण्टकारी (भटकटैया) एक भाग, गुडूची दो भाग, चित्रक तीन भाग, रास्ना चार भाग, कूट पांच भाग, पीपर छ भाग, देवदारु सात भाग, सोंठ आठ भाग तथा शु० गुग्गुलु नव भाग भागोत्तर, (उत्तरोत्तर एक एक भाग बढ़ाकर) इन द्रव्यों का क्वाथ बनावे और ऊरुस्तम्भ रोग में प्रयोग करे ॥ ३३ ॥

ऊरुस्तम्भे हरीतक्यादिकल्कः—

हरीतकी च चव्या च चित्रको देवदारु च ॥ ३४ ॥
कल्कं मधुयुतं पीत्वा ऊरुस्तम्भाद्विमुच्यते ।

ऊरुस्तम्भ रोग में हरीतक्यादि कल्क—ऊरुस्तम्भ रोग से पीड़ित व्यक्ति

हर्रे, चव्य, चित्रक तथा देवदारु—इन द्रव्यों के कल्क को मधु के साथ पान कर (चाटकर) ऊरुस्तम्भ रोग से मुक्त हो जाता है।

ऊरुस्तम्भे वचादिकषायः—

वचा सातिविषा कुष्ठं चित्रको देवदारु च ॥ ३५ ॥
पाठा तेजोवती मुस्ता स्वर्णक्षीरी निदिग्धिका ।
वत्सको नक्तमालश्च मूर्वा च कटुरोहिणी ॥ ३६ ॥
तर्कारी प्रग्रहश्चैव पीलूनि निचुलानि च ।
असनः सप्तपर्णश्च त्रिफला मरिचानि च ॥ ३७ ॥
एतानि समभागानि कषायमुपसाधयेत् ।
मधुयुक्तं कषायं तं प्रयोगेण पिबेन्नरः ॥ ३८ ॥
ऊरुस्तम्भं नुदत्येष वृक्षमिन्द्राशनिर्यथा ।
एतान्येव तु चूर्णानि माक्षिकेण तु कल्पयेत् ॥ ३९ ॥
अनेनैव कषायेण भोजयेत्सिद्धमोदनम् ।

ऊरुस्तम्भ रोग में वचादि कषाय—वच, अतिविषा (अतीस), कूट, चित्रक, देवदारु, पाठा (पाढी), तेजवल, मोथा, स्वर्णक्षीरी (सत्यानासी), निदिग्धिका (भटकटैया), वत्सक (कौरैया), नक्तमाल (करञ्ज), मूर्वा (मड़ोरफली या मोरवेल), कटुरोहिणी (कुटकी), तर्कारी (गनियारी), प्रग्रह (अमलतास), पीलु, निचुल (हिज्जल—जलवेत), असन (विजयसार), सप्तपर्ण (छतिवन), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा मरिच—समभाग इन द्रव्यों का कषाय तैयार करे (चौगुने जल में पकाकर चतुर्थांशावशिष्ट जल ग्रहण करे)। इस कषाय को मधु मिलाकर पान करे। यह कषाय, ऊरुस्तम्भ को दूर करता है। जैसे इन्द्र का वज्र वृक्ष को नाश करता है। इन्हीं द्रव्यों के चूर्ण को मधु के साथ सेवन करे। और इन्हीं द्रव्यों के कषाय में सिद्ध किये हुए भात को भक्षण कराये।

ऊरुस्तम्भे कुष्ठाद्यं तैलम्—

कुष्ठं श्रीवेष्टको दीप्यं सरलं दारु केसरम् ॥ ४० ॥
अश्वगन्धाजगन्धे च तैलं तैः सार्षपं पचेत् ।
सक्षौद्रं मात्रया यच्चाप्यूरुस्तम्भार्दितः पिबेत् ॥ ४१ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में कुष्ठाद्य तैल—कूट, श्रीवेष्टक (राल), दीप्यम् (स्याहजीरा), सरल (चीड़), देवदारु, नागकेशर, अश्वगन्धा तथा अजगन्धा—समभाग—इन द्रव्यों के कल्क (तैल के चतुर्थांश) के साथ सरसों का तैल (तैल का चौगुना जल मिलाकर) या इन्हीं द्रव्यों का चौगुना क्वाथ मिलाकर पकाये और इस तैल को बल के अनुसार मात्रापूर्वक मधु मिलाकर, ऊरुस्तम्भ रोग से पीड़ित व्यक्ति पान करे ॥ ४०-४१ ॥

ऊरुस्तम्भे तर्कार्याद्यं निषेचनम्—

तर्कारीबिल्वसुरसाशिग्रुवत्सकनिम्बजैः ।
पत्रमूलफलैस्तोयं श्रृतमुष्णं निषेचनम् ॥ ४२ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में तर्कार्याद्य निषेचन—गनियारी, वेल, तुलसी, सहिजन, वत्सक (कोरैया), तथा निम्ब इन द्रव्यों के पत्र, मूल तथा फल के उष्ण क्वथित जल से निषेचन (स्नान) कराये ॥ ४२ ॥

ऊरुस्तम्भे पिचुमन्दाद्यमुद्वर्तनम्—

पिचुमन्दस्य पत्राणि चित्रको हस्तिपिप्पली ।
त्वक्पत्रफलमूलानि करञ्जात्सर्षपात्तथा ॥ ४३ ॥
तुल्यान्येतानि सर्वाणि वल्मीकस्य च मृत्तिका ।
गवां मूत्रेण पिष्टानि सूक्ष्माण्युद्वर्तनं परम् ॥ ४४ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग में पिचु मन्दाद्य उद्वर्तन—पिचु मन्द (नीम) का पत्ता, चित्रक, गजपीपर, दालचीनी, तेजपत्र, फल (मदनफल), मूल (पिपरामूल), करञ्ज तथा सरसों समभाग इन द्रव्यों को तथा वल्मीक मृत्तिका को लेकर गाय के मूत्र के साथ महीन पीसकर उबटन तैयार करे। यह उद्वर्तन (उबटन) ऊरुस्तम्भ रोग में हितकर है ॥ ४३-४४ ॥

ऊरुस्तम्भे करञ्जाद्यः परिषेचालेपनयोगः—

करञ्जः सुरसा बिल्वो देवदारुर्वचाऽर्जकः ।
तर्कारी मेषशृङ्गी च शोभाञ्जनकमिङ्गुदी ॥ ४५ ॥
उभे बृहत्यौ श्योनाकः श्वदंष्ट्रा खदिरासनौ ।
जलपिष्टैरिमैस्तुल्यैः कषायः परिषेचनम् ॥ ४६ ॥
एतैरेवौषधैस्तुल्यैः क्षीरपिष्टैः प्रलेपयेत् ।
अनेन विधिना क्षिप्रमूरुस्तम्भः प्रशाम्यति ॥ ४७ ॥

इति श्रीशोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे ऊरुस्तम्भाधिकार एकविंशतितमः ।

ऊरुस्तम्भ रोग में करञ्जाद्य परिषेचन तथा आलेपन योग—करञ्ज, तुलसी, वेल, देवदारु, वच, अर्जक (सफेद ववई), गनियारी, मेषशृङ्गी (मेढ़ासिंघी), शोभाञ्जनक (नील सहिजन), इङ्गुदी (हिङ्गोट), भटकटैया, वनभंटा, अरलु, गोखरू, खैर तथा असन (विजयसार)—समभाग इन द्रव्यों को जल में पीसकर कषाय बनाये और उससे परिषेचन (स्नान) कराये और इन्हीं समभाग औषधों को दूध में पीसकर लेप करे। इस विधि से परिषेचन तथा प्रलेपन करने से ऊरुस्तम्भ रोग शीघ्र ही शान्त हो जाता है ॥ ४५-४७ ॥

इक्कीसवां ऊरुस्तम्भ रोगाधिकार समाप्त ।

अथामवाताधिकारो द्वाविंशतितमः ।

अथात आमवातनिदानं व्याख्यास्यामः ।

आमवातस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

विरुद्धाहारचेष्टस्य मन्दाग्नेर्निश्चलस्य च ।
स्निग्धं भुक्तवतो ह्यन्नं व्यायामं कुर्वतस्तथा ॥ १ ॥
वायुना प्रेरितो ह्यामः श्लेष्मस्थानं प्रधावति ।
तेनात्यर्थं विदग्धोऽसौ धमनीभिः प्रपद्यते ॥ २ ॥
वातपित्तकफैर्भूयो दूषितः सोऽङ्गजो रसः ।
स्रोतांस्यभिष्यन्दयति नानावर्णोऽतिपिच्छिलः ॥ ३ ॥
व्याधीनामाश्रयो ह्येष आमसंज्ञोऽतिदारुणः ।
युगपत्कुपितावेतौ त्रिकसन्धिप्रवेशकौ ॥ ४ ॥
स्तब्धं वा कुरुतो गात्रमामवातः स उच्यते ।
मन्यापृष्ठकटीजानुत्रिकसन्धीन् विकुब्जयन् ॥ ५ ॥

ऊरुस्तम्भ रोग निरूपण के बाद आमवात का निदान कहते हैं ।

आमवात का निदान तथा सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—विरुद्ध आहार-विहार करनेवाले, मन्दाग्नि और निश्चेष्ट तथा स्निग्ध भोजन करने के बाद व्यायाम करनेवाले मनुष्य का आमरस प्रकुपित वात से प्रेरित होकर श्लेष्मा के प्रधान स्थान, सन्धि एवं आमाशय, उर, सिर तथा कण्ठ की ओर जाता है । वहाँ वात द्वारा अधिक विकृत या अर्ध पक्व होकर यह आमरस धमनियों में पहुँच जाता है और धमनियों में स्थित तीनों दोष वात, पित्त तथा कफ से पुनः अधिक दूषित हुआ यह अनेक वर्णवाला पिच्छिलता गुण से युक्त अन्नज आमरस शरीर के स्रोतों में भर जाता है । यह आमरस शरीर के अनेक रोगों का कारण होने से अत्यन्त भयङ्कर होता है । वात और कफ एक साथ दूषित होकर प्रदेश तथा सन्धियों में प्रविष्ट हो जाते हैं और सम्पूर्ण शरीर को जकड़ देते हैं । इस रोग को आमवात कहते हैं ।

सशब्दः स्तब्धगात्रश्च आमवातः स उच्यते ।
अङ्गमर्दोऽरुचिस्तृष्णा आलस्यं गौरवं ज्वरः ॥ ६ ॥

जो मन्यानाड़ी, पीठ, कमर, जानु, त्रिकप्रदेश तथा शरीर की सन्धियों को आकुञ्चन करता हुआ शब्द के साथ सम्पूर्ण शरीर में जकड़न पैदा कर देता है उसे आमवात कहते हैं ॥ ६ ॥

अपाकः शूनताङ्गानामामवातस्य लक्षणम् ।
स कष्टः सर्वरोगाणां यदा प्रकुपितो भवेत् ॥ ७ ॥

भिन्न-भिन्न अङ्गों में पीड़ा होना, अरुचि, प्यास, आलस्य, शरीर का भारीपन, ज्वर, भोजन का अपरिपक्व रहना, शरीर में शोथ का होना ये आमवात के लक्षण हैं ॥ ७ ॥

हस्तपादशिरोगुल्फत्रिकजानूरुसन्धिषु ।
करोति सरुजं शोफं यत्र दोषः प्रपद्यते ॥ ८ ॥
स देशो रुज्यतेऽत्यर्थं व्याविद्ध इव वृश्चिकैः ।
जनयेत्सोऽग्निदौर्बल्यं प्रसेकारुचिगौरवम् ॥ ९ ॥
उत्साहहानिं वैरस्यं दाहं च बहुमूत्रताम् ।
कुक्षौ कठिनतां शूलं तथा निद्राविपर्ययम् ॥ १० ॥
तृट्छर्दिभ्रममूर्च्छाश्च हृद्ग्रहं विड्विबन्धताम् ।
जाण्ड्यान्त्रकूजमानाहं कष्टांश्चान्यानुपद्रवान् ॥ ११ ॥

जब यह आमवात अत्यन्त प्रकुपित हो जाता है तब सभी रोगों से अधिक कष्टसाध्य होता है । इससे हाथ, पैर, सिर, गुल्फप्रदेश, त्रिकप्रदेश, जानु तथा ऊरु की सन्धियों में जहां दोष पहुँचता है वेदनायुक्त शोथ उत्पन्न होता है । इसके अतिरिक्त भी जिस स्थान पर आमदोष पहुँच जाता है वहां भी बिच्छू के दंश के समान पीड़ा का अनुभव होता है और यह आमवात अग्निमान्द्य, लालास्राव, अरुचि तथा गौरव (भारीपन) को उत्पन्न करता है । इसमें उत्साह शक्ति नष्ट हो जाती है, मुख में फीकापन तथा शरीर में जलन होती है, पेशाव की अधिकता पेट में कठिनता (कड़ापन) तथा शूल होता है, निद्रा विपर्यय (रात्रि में नींद का अभाव तथा दिन में नींद आना), प्यास, वमन, भ्रम, मूर्च्छा, हृदय में स्तब्धता तथा कोष्ठबद्धता हो जाती है । शरीर में जड़ता (अकर्मण्यता) आ जाती है । पेट में गुड़गुड़ा शब्द तथा आनाह (पेट में वायु का भरा रहना, आफरा) रहता है । इसके अतिरिक्त कष्टकारक अन्य अनेक उपद्रव भी होते हैं ॥ ८–११ ॥

पित्तात् सदाहरागं च सशूलं पवनानुगम् ।
स्तिमितं गुरुकण्डूं च कफजुष्टं तमादिशेत् ॥ १२ ॥

आमवात में पित्त का अनुबन्ध होने से व्रण स्थानपर जलन और लाली होती है । यदि केवल वात ही रहता है तो उसमें पीड़ा बहुत होती है । कफ का अनुबन्ध होने से स्तिमितता (पीड़ित स्थान में आर्द्र चर्म से बन्धन की तरह प्रतीति) भारीपन तथा खुजली ये लक्षण होते हैं ॥ १२ ॥

विमर्शः—विरुद्धाहार शब्द से संयोगादि विरुद्ध आहार तथा विरुद्ध चेष्टा को ग्रहण करते है। जैसे अजीर्णावस्था में व्यायाम, व्यवाय तथा जलप्रतरण आदि। आहार-विहार तथा भोजन करने के तुरन्त बाद व्यायाम करने से आहार का परिपाक अच्छी तरह नहीं होता है। और फलस्वरूप आमरस की उत्पत्ति होती है। यह आमरस दूषित होकर रक्तवाहिनियों द्वारा सम्पूर्ण शरीर में घूमता है। अपने सजातीय कफ के प्रधान अधिष्ठान सन्धियों में स्थित होकर वायु को आवृत कर लेता है और आमवात रोग को उत्पन्न करता है।

आमरस का वर्णन निम्नप्रकार से किया गया है—

उष्मोऽल्पबलत्वेन, धातुमान्द्यमपाचितम्।
दुष्टमामाशयगतं रसमामं प्रचक्षते॥
या—आमाशयस्थः कायाग्ने दौर्बल्यादिविपाचितः।
आद्यः आहारधातुर्यः स आम इति कीर्तितः॥
अथवा—आममन्नरसं केचित् केचित्तु मलसंचयम्।
प्रथमां दोषपुष्टिं च केचिदायं प्रचक्षते॥
अन्यत्र भी—आहारस्य रसः शेषो यो न पक्वोऽग्नि लाघवात्।
समूलं सर्वरोगाणामामः इत्यभिधीयते॥
अविपक्वमसंयुक्तं दुर्गन्धं बहुपिच्छिलम्।
सदनं सर्वगात्राणामाममित्यभिधीयते॥

आमवात हाथ की मध्य अंगुलि से प्रारम्भ होता है इसके बाद दूसरी अंगुलियों में भी फैल जाता है। तत्पश्चात् मणिबन्ध, गुल्फ, जानु, त्रिक-प्रदेश एवं पृष्ठवंश की सन्धियों में प्रसरित हो जाता है। अधिकतर यह विकार शरीर के दोनों पार्श्व में होता है। प्रारम्भ में इसके आक्रमण के बाद शरीर में कोई विकार नहीं होता है। किन्तु कई बार आक्रमण होने पर स्नायु, पेशी तथा तरुणास्थियां सूखने लगती हैं। पीड़ा का अनुभव तथा सन्धियों में जकड़न हो जाती है। सन्धिक सन्निपात में भी पूर्वोक्त विकार होते हैं किन्तु उसमें ज्वर की विशेषता होती है, और इसमें ज्वर नहीं होता। साथ ही सन्धि के सन्निपात में जल्दी ही हृदय विकृत हो जाता है किन्तु आमवात में ऐसा नहीं होता।

यह रोग एक सन्धि से दूसरी सन्धि में फैलता है और पीड़ा तीव्र होती है। आमाधिक्य से मन्दाग्नि, अरुचि तथा गुरुता जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। पित्तानुबन्ध से दाह होता है। रात्रि में स्वभावतः वात वृद्धि के

कारण रोगी को अधिक वेदना का अनुभव होता है इसीलिये रात में निद्रा नहीं आती और दिन में आमवात का रोगी सोता है।

वातरक्त तथा आमवात में भेद—

वातरक्त	आमवात
१. छोटे जोड़ों में होता है।	१. बड़े जोड़ों में होता है।
२. भ्रमणशीलता प्रायः नहीं होती	२. भ्रमणशील होता है।
३. चालिस वर्ष के लगभग प्रारम्भ होता है।	३. बाल्यावस्था में प्रारम्भ होता है।
१. सोडा सेलिसिलेट या गुग्गुलु से कम लाभ होता है।	४. सोडा सेलिसिलेट या गुग्गुलु से अधिक लाभ होता है।

आमवातस्य साध्यासाध्यविचारः—

एकदोषानुगः साध्यो द्विदोषो याप्य उच्यते।
सर्वदेहचरः शोफः स कृच्छ्रः सन्निपातिकः॥ १३॥

इत्यामवातनिदानम्।

आमवात का साध्यासाध्यत्व विचार—एक दोषजन्य आमवात साध्य द्विदोषजन्य याप्य तथा सर्व शरीरव्यापी शोथ से युक्त त्रिदोषजन्य (सान्निपातिक) आमवात कृच्छ्र साध्य होता है॥ १३॥

आमवात निदान समाप्त।

अथामवातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

आमवाते सामान्यचिकित्सा—

लङ्घनं स्वेदनं तिक्तं दीपनानि कटूनि च।
विरेचनं स्नेहपानं बस्तयश्चाममारुते॥ १४॥

आमवात के निदान के बाद इसकी चिकित्सा कहते हैं।

आमवात में सामान्य चिकित्सा क्रम—आमवात में लंघन (उपवास) स्वेदन, तिक्त पदार्थ, दीपन पदार्थ तथा कटु पदार्थों का सेवन, विरेचन स्नेहपान तथा वस्ति कर्म का प्रयोग करना चाहिए॥ १४॥

आमवाते रास्नादिक्काथः—

रास्नैरण्डशतावरीसहचराद्रुस्पर्शवासामृता-
देवाह्वातिविषाभयाघनशठीशुण्ठीकषायः कृतः।

पीतः सोरुबुतैल एष विहितः सामे सशूलेऽनिले
कट्यूरुत्रिकपृष्ठपार्श्वजठरक्रोडेषु वातार्तिजित् ॥ १५ ॥

आमवात में रास्नादि क्वाथ—रासन, एरण्ड, शतावरी, सहचर (पीली-झिण्टी), यवासा, अडूसा, गुडूची, देवदारु, अतीस, हर्रे, मोथा, कपूरकचरी तथा सोंठ (समभाग)—इन द्रव्यों का बनाया हुआ क्वाथ, एरण्ड तैल के साथ पान करे। यह क्वाथ, शूलयुक्त आमवात में, कटिप्रदेश, ऊरु, त्रिकप्रदेश, पृष्ठवंश, पार्श्व, उदर तथा क्रोडप्रदेश में उत्पन्न आमवातजन्य पीड़ा को जीत लेता है ॥ १५ ॥

आमवाते शठ्यादिक्वाथः—

शठी शुण्ठ्यभया चोग्रा देवाह्वाऽतिविषाऽमृता ।
कषायमामवातस्य पाचनं रूक्षभोजनम् ॥ १६ ॥

आमवात में शठ्यादि क्वाथ—शठी (कपूरकचरी), सोंठ, हर्रे, उग्रा (वच) देवदारु, अतीस तथा गुडूची—इन द्रव्यों का क्वाथ सेवन तथा रूक्ष भोजन, आमवात को परिपक्व करता है।

शठीविश्वौषधीकल्कं वर्षाभूक्वाथसंयुतम् ।
सप्तरात्रं पिबेज्जन्तुरामवातविपाचनम् ॥ १७ ॥

कपूरकचरी तथा सोंठ का कल्क, पुनर्नवा के क्वाथ के साथ मनुष्य सात रात तक पान करे। यह आमवात को पचानेवाला है ॥ १६-१७ ॥

आमवाते दशमूलादिक्वाथः—

दशमूलामृतैरण्डरास्नानागरदारुभिः ।
क्वाथो रुबुकतैलेन सामं हन्त्यनिलं गुरुम् ॥ १८ ॥

आमवात में दशमूलादि क्वाथ—दशमूल (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), गुडूची, एरण्ड, रासन, सोंठ तथा देवदारु (समभाग)—इन द्रव्यों का बनाया हुआ क्वाथ, एरण्ड तैल के साथ पान करने से तीव्र प्रकार के आमवात का नाश करता है ॥ १८ ॥

आमवाते (कुक्ष्यादिशूले) एरण्डतैलयोगः—

दशमूलीकषायेण पिबेद्वा नागराम्भसा ।
कुक्षिबस्तिकटीशूले तैलमैरण्डसंभवम् ॥ १९ ॥

आमवात (उदर आदि के शूल) में एरण्ड तैलयोग—दशमूल (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), के कषाय के या सोंठ के क्वाथ के साथ कुक्षिशूल (उदरशूल), बस्तिशूल तथा कटिशूल में एरण्ड का तैल पान करे ॥ १९ ॥

आमवाते रास्नापञ्चकम्—

रास्नां गुडूचीमेरण्डं देवदारु महौषधम् ।
पिबेत्सर्वाङ्गगे वाते सामे सन्ध्यस्थिमज्जगे ॥ २० ॥

आमवात में रास्नापञ्चक—रासन, गुडूची, एरण्ड, देवदारु तथा सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ, सन्धिगत, अस्थिगत, मज्जागत तथा सर्वाङ्गगत, वातरोग तथा आमवात में पान करे ॥ २० ॥

आमवाते रास्नासप्तकम्—

रास्नामृतारग्वधदेवदारुत्रिकण्टकैरण्डपुनर्नवानाम् ।
क्वाथं पिबेन्नागरचूर्णमिश्रं जङ्घोरुपृष्ठत्रिकपार्श्वशूले ॥ २१ ॥

आमवात में रास्न्य सप्तक—रासन, गुडूची, अमलतास, देवदारु, गोखरू, एरण्ड तथा पुनर्नवा, समभाग—इन द्रव्यों के क्वाथ में सोंठ का चूर्ण मिलाकर आमवातजन्य, जंघा, ऊरु, पृष्ठ, त्रिकप्रदेश तथा पार्श्वशूल में पान करे ॥ २१ ॥

आमवाते शुण्ठ्यादिक्वाथः—

शुण्ठीगोक्षुरकक्वाथः प्रातः प्रातर्निषेवितः ।
सामे वाते कटीशूले पाचनो रुक्प्रणाशनः ॥ २२ ॥
यवक्षारसमायुक्तो मूत्रकृच्छ्रविनाशनः ।
महौषधगुडूच्योस्तु क्वाथं पिप्पलिसंयुतम् ।
पिबेदामे मरुत्कोपे कटीशूले विशेषतः ॥ २३ ॥

आमवात में शुण्ठ्यादि क्वाथ—सोंठ तथा गोखरू का क्वाथ प्रतिदिन प्रातःकाल सेवन करने से आमवातजन्य कटिशूल में आम को पचानेवाला तथा पीड़ा को नाश करनेवाला है। यदि इस क्वाथ को यवक्षार मिलाकर पान किया जाय तो मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है। सोंठ तथा गुडूची का क्वाथ, पिप्पली का चूर्ण मिलाकर आमजन्य वातप्रकोप में तथा विशेषकर कटिशूल में पान करे ॥ २२-२३ ॥

आमवाते दशमूलीयोगः—

आमवाते कणायुक्तं दशमूलीजलं पिबेत् ।
पिबेद्वाऽप्यभयाविश्वागुडूचीनागरैर्युतम् ॥ २४ ॥

आमवात में दशमूली योग—आमवात में दशमूली (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, गोखरू, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया,) का साधजल, पीपर के चूर्ण के साथ आमवात में पान करे, या हर्रे, विश्वा अतीस गुडूची तथा सोंठ के चूर्ण या क्वाथ के साथ पान करे ॥ २४ ॥

आमवाते हरीतकीयोगः—

एरण्डतैलयुक्तां हरीतकीं भक्षयेद्विधिवत् ।

आमानिलार्तियुक्तो गृध्रसिवृद्ध्यर्दितो नित्यम् ॥ २५ ॥

आमवात में हरीतकी योग—आमवात की पीड़ा से युक्त तथा गृध्रसी एवं आन्त्रवृद्धि से पीड़ित व्यक्ति—विधिपूर्वक एरण्ड तैल मिलाकर हर्रे का चूर्ण भक्षण करे या क्वाथ पान करे ॥ २५ ॥

आमवाते शुण्ठीयोगः—

कर्षं नागरचूर्णस्य काञ्जिकेन पिबेन्नरः ।
आमवातप्रशमनं कफवातहरं परम् ॥ २६

आमवात में शुण्ठी योग—सोंठ का चूर्ण एक कर्ष काञ्जिक[1] (कांजी) के साथ पान करे। यह आमवात को शमन करनेवाला तथा कफ वात को अच्छी तरह दूर करनेवाला है ॥ २६ ॥

आमवाते पञ्चकोलचूर्णम्—

पञ्चकोलकचूर्णं तु पिबेदुष्णेन वारिणा ।
मन्दाग्निशूलगुल्मामकफारोचकनाशनम् ॥ २७ ॥

आमवात में पञ्चकोल चूर्ण—पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ) का चूर्ण, गरम जल से पान करे। यह मन्दाग्नि, शूल, गुल्मरोग, आमवात, कफ तथा अरोचक को नाश करनेवाला है ॥ २७ ॥

आमवाते अमृतादिचूर्णम्—

अमृतानागरगोक्षुरमुण्डितिकावरुणकैः कृतं चूर्णम् ।
मस्त्वारनालपीतं सामानिलनाशनं ख्यातम् ॥ २८ ॥

आमवात में अमृतादि चूर्ण—गुडूची, सोंठ, गोखरु, मुण्डितिका (मुन्डी) तथा वरुण (वारुण)—इन द्रव्यों का चूर्ण मस्तु[2] तथा आरनाल के साथ पान करने से आमवात को नाश करने के लिये प्रसिद्ध है ॥ २८ ॥

---

१. काञ्जिक—एक सेर चावल को सोरहगुने पानी में उबाले और चावल पक जाने पर ऊपर का माड़ ले ले। पुनः एक से कुलथी का क्वाथ कर छान कर मिला दे बाद में मांड तथा क्वाथ को एक मिट्टी के बर्तन में सरसों के तेल का लेप कर रख दे, और उसमें राई, जीरा, सेन्धानमक, हिंगु, सोंठ और हल्दी इन सब का चूर्ण पांच-पांच तोला मिला दे। उसमें थोड़ी बास की पत्ता तथा आधा सेर उड़द के बड़े बनाकर डाल दे। फिर मुह बन्द कर तीन दिन तक रक्खे। चौथे दिन जब खट्टा हो जाय तब कांजी तैयार हो जाता है उसको छानकर उपयोग में लावे।

२. मस्तु (दही का तोड़) आरनाल—कच्चे गेहूँ को कूट कर भूसी निकाल कर, उसमें दही का तोड़ मिला दे और मुख बन्द कर तीन दिन तक अनुसंधान कर रक्खे। तीन दिन बाद छान कर प्रयोग में लावे।

आमवाते अलम्बुषादिकं चूर्णम्—

अलम्बुषा गोक्षुरकं गुडूची वृद्धदारुकम् ।
पिप्पली त्रिवृता मुस्ता वरुणः सपुनर्नवः ॥ २९ ॥
त्रिफला नागरं चैव श्लक्ष्णचूर्णं तु कारयेत् ।
यथोत्तरं भागवृद्ध्या श्यामाचूर्णं तु तत्समम् ॥ ३० ॥
पिबेन्मधुसुरातक्रकाञ्जिकोष्णोदकेन च ।
सर्वं जयत्यामवातं त्रिकजानूरुसंस्थितम् ॥ ३१ ॥
सशोथं वातरक्तं च ज्वरारोचकनाशनम् ।
अलम्बुषादिकं चूर्णं रोगानीकविनाशनम् ॥ ३२ ॥
मस्त्वारनालतक्रेण पयःकुम्भीरसेन वा ।
आमवातं निहन्त्याशु श्वयथुं सन्धिसंस्थितम् ॥ ३३ ॥

आमवात में अलम्बुषादि चूर्ण—अलम्बुषा "(फूल सोला लज्जालुभेद)" गोखरु, गुडूची, विधारा, पीपर, निशोथ, मोथा, वरुण (वारुण) का छाल, पुनर्नवा, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), तथा सोंठ—इन द्रव्यों का महीन चूर्ण बनावे । अलम्बुषा आदि द्रव्यों को उत्तरोत्तर एक-एक भाग बढ़ाकर (अलम्बुषा एक भाग, गोखरु दो भाग, गुडूची तीन भाग, विधारा चार भाग, पीपर पांच भाग, मोथा ६ भाग, वारुण सात भाग, पुनर्नवा आठ भाग, त्रिफला-नवभाग, सोंठ दशभाग तथा श्यामा (निशोथ) चूर्ण सभी द्रव्यों के चूर्णक बराबर ग्रहण करे । इस चूर्ण को मधु, सुरा, तक्र, काञ्जिक[1] तथा गरम जल के साथ पान करे । यह चूर्ण त्रिकप्रदेश, जानु तथा उरु प्रदेश में स्थित सभी आमवात एवं शोथ युक्त वात रक्त को जीत लेता है, और ज्वर तथा अरोचक को नाश करने वाला है । यह अलम्बुषादि चूर्ण सभी रोग समूह को नष्ट करने वाला है । यह चूर्ण मस्तु (दही का तोड़) आरनाल, तथा तक्र के साथ या दूध एवं कुम्भी रस (कायफर के क्वाथ) के साथ पान करने से आमवात तथा सन्धिगत शोथ को शीघ्र ही नाश करता है ॥ २९–३३ ॥

आमवाते शतपुष्पादिकं चूर्णम्—

शतपुष्पा विडङ्गानि सैन्धवं मरिचं समम् ।
चूर्णमुष्णाम्बुना पीतमग्निसंदीपनं परम् ॥ ३४ ॥

आमवात में शत पुष्पादि चूर्ण—शतपुष्पा (सौंफ), विडंग, सेन्धानमक तथा मरिच—समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण, गरम जल के साथ पान करने से जाठराग्नि को अच्छी तरह प्रदीप्त करता है ॥ ३४ ॥

---

१. देखें आमवाताधिकार (श्लोक २६ की टिप्पणी में) ।

आमवाते हिङ्ग्वाद्यं चूर्णम्—

हिङ्गु चव्यं बिडं शुण्ठी कृष्णाऽजाजी च पौष्करम् ।
भागोत्तरमिदं चूर्णं पीतं वातामजिद्भवेत् ॥ ३५ ॥

आमवात में हिंग्वाद्य चूर्ण—हिंगु, चव्य, विडङ्ग, सोंठ, पीपर, स्याहजीरा तथा पुष्करमूल, इन द्रव्यों को उत्तरोत्तर भाग वृद्धि क्रम) (हिंगु एक भाग, चव्य दो भाग, विडङ्ग तीन भाग, सोंठ चार भाग, पीपर पांचभाग, स्याहजीरा छ भाग, पुष्कर मूल सात भाग) से लेकर सूक्ष्म चूर्ण बनावे । यह चूर्ण पान करने से आमवात को जीत लेता है ॥ ३५ ॥

आमवाते शुण्ठीघृतम्—

नागरक्काथकल्काभ्यां घृतप्रस्थं विपाचयेत् ।
चतुर्गुणेन तेनाथ केवलेनोदकेन वा ॥ ३६ ॥
वातरक्तप्रशमनमग्निसंदीपनं परम् ।
नागरं घृतमित्युक्तं कट्यामशूलनाशनम् ॥ ३७ ॥

आमवात में शुण्ठीघृत—सोंठ के क्वाथ तथा कल्क के साथ एक प्रस्थ (सेर) घृत पकावे । घृत के चौगुने क्वाथ के या चौगुने जल के साथ पकावे । (कल्क घृत के चौथाई एक पाव ग्रहण करे) इसको नागर घृत कहते है । यह नागर घृत वातरक्त को शान्त करता है जाठराग्नि को अच्छी तरह प्रदीप्त करता है और कटिशूल एवं आमशूल को नाश करने वाला है ॥ ३६–३७ ॥

आमवाते अपथ्यानि—

दधिमत्स्यगुडक्षीरपोतकीमाषपिष्टकम् ।
वर्जयेदामवातार्तो मांसं चानूपसंभवम् ॥ ३८ ॥

आमवात में अपथ्य—आमवात से पीड़ित व्यक्ति दही, मछली, गुड़, दूध पोतकी (पोई का शाक) उड़द की पीठी, तथा निम्न प्रदेश में उत्पन्न जन्तुवों का मांस, भक्षण न करे ।

अभिष्यन्दकरा ये च ये चान्ये गुरुपिच्छिलाः ।
वर्जनीयाः प्रयत्नेन आमवातार्दितैर्नरैः ॥ ३९ ॥

इति श्रीशोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
आमवाताधिकारो द्वाविंशतितमः ।

आमवात से पीड़ित व्यक्ति, अभिष्यन्द कारक गुरु तथा पिच्छिल (रसदार चिकना) पदार्थ प्रयत्न पूर्वक छोड़ दे अर्थात् ये पदार्थ वातकारक होते हैं अतः इनको सेवन न करे ॥ ३८–३९ ॥

श्री शोढल विरेचित गदनिग्रह के कायं चिकित्सा खण्ड
में बाइसवां आमवाताधिकार समाप्त ।

अथ शूलाधिकारस्त्रयोविंशतितमः ।

अथातः शूलपरिणामशूलजरत्पित्तान्नद्रवनिदानं व्याख्यास्यामः ।

तेइसवां शूलाधिकार प्रारम्भ—आमवात के निरूपण के बाद शूल, परिणाम शूल, जरत्पित्त तथा अन्नद्रव शूल को कहते है ।

शूलभेदाः—

शूलस्य वातप्राधान्याद्वातव्याधौ निरूपिते ।
प्रसङ्गतश्चामवाते ततः शूलं निरूप्यते ॥ १ ॥

शूल के भेद—शूल में वात की प्रधानता होने से वात व्याधि तथा प्रसङ्गत! आमवात के निरुपण करने के बाद शूल रोग का निरूपण करते हैं ।

दोषैः पृथक्समस्तामद्वन्द्वैः शूलोऽष्टधा भवेत् ।
सर्वेष्वेतेषु शूलेषु प्रायेण पवनः प्रभुः ॥ २ ॥

पृथक् पृथक् दोष तीनो दोष, आमदोष तथा द्वन्द्वज दोषों से (वातज, पित्तज, कफज, वातपित्तज, वातकफज, पित्तकफज, त्रिदोषज तथा आमज भेद से) शूल आठ प्रकार का होता है । किन्तु इन सभी प्रकार के शूलों में वात प्रधान रूप से रहता है ॥ १–२ ॥

विमर्शः—शूल रोग की उत्पत्ति पर हारीत[1] संहिता में निम्न पौराणिक कथा वर्णित है जैसे ज्वर की उत्पत्ति को वर्णन किया जा चुका है । जब तपस्या करते समय भगवान शंकर की समाधि को भंग करने के लिये विघ्न उत्पादक कामदेव पर कुपित होकर शंकर जी ने त्रिशूल फेका और उस को सहन करने में असमर्थ कामदेव ने दूर से भयभीत होकर विष्णु के शरीर में छिपकर शरण लिया तब विष्णु के हुंकार द्वारा लौट कर पृथ्वी पर गिर गया उसी से शूल रोग की उत्पत्ति हुई । इस प्रकार त्रिशूल जनित होने के कारण इसको शूल कहते है । या शूल एक प्रकार का रोग है । इसके कारण शरीर में कील या शंकु के समान भयंकर पीड़ा होती है ।

शरीर के किसी भी भाग में शूल हो सकता है जिस अंग में शूल होता है उसी के नाम से कहते है । जैसे शिरःशूल, कर्ण शूल, वृक्क शूल तथा वस्ति

---

१. हारीत संहिता—अनङ्ग नाशायहरत्रिशूलं मुमोच कोपान्मकरध्वजश्च ।
तमापतन्तं सहसा निरीक्ष्य भयार्दितो विष्णु तनुं प्रविष्टः ॥
सविष्णुहुंकारविमोहितात्मा पपात भूमो पृथितः स शूलः ।
स पञ्चभूतानुगतं शरीरं प्रदूषयत्यस्य हि पूर्वसृष्टिः ॥

शूल आदि किन्तु प्रधानतः गुल्म की तरह इसके भी जठर गत पांच स्थान ही माने गये हैं, "पञ्च गुल्माश्रया नृणां पार्श्वे हृन्नाभि वस्तयः" दोनों पार्श्व, हृदय, नाभि तथा वस्ति ये गुल्म के पांच स्थान है। सुश्रुताचार्य शूल को गुल्म का उपद्रव मानते हैं "अथास्योपद्रवः शूलः कथञ्चिदुपजायते" इसके अतिरिक्त शूल एक स्वतन्त्र रोग है जो गुल्म के समान पांच स्थान पर होता है।

सुश्रुत के अनुसार शूल के निम्नलिखित सामान्य कारण है। [1]वात, मूत्र, तथा मल के वेग को धारण करना, अत्यधिक भोजन करना, अजीर्ण, अध्यशन, अधिक परिश्रम, विरुद्ध भोजन का सेवन, पिष्टमय पदार्थ सूखे [2]मांस का उपयोग तथा इसी प्रकार के अन्य पदार्थ भी शूल के सामान्य कारण हैं। केवल शूल से उदर शूल का ग्रहण होता है किन्तु शूल के साथ स्थान विशेष का उल्लेख करने से शूल विशेष का ज्ञान होता है।

सम्पूर्ण शरीर में प्रसरित संज्ञावाही नाड़ियों के तन्तुवों में स्थानीय क्षोभ होने के कारण शूल का अनुभव होता है, अतः प्रत्येक शूल में वायु की प्रधानता रहती है। "स्रोतो निरोधादावर्तो व्रणशोथस्तथाक्षतम्। आघातः कार्यवैषम्यं दौर्बल्यं शूलभूभयः इति। इस प्रकार नाडी तन्तुवों के क्षोभ भी शूल के कारण होते हैं।

वातशूलस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

व्यायामयानादतिमैथुनाच्च प्रजागराच्छ्रोतजलातिपानात्।
कलायमुद्गाढकिकोरदूषादत्यर्थरूक्षाध्यशनाभिघातात्॥ ३॥
कषायतिक्तातिविरुढकान्नविरुद्धवल्लूरकशुष्कशाकात्।
विट्शुक्रमूत्रानिलवेगरोधाच्छोकोपवासादतिहास्यभाष्यात्॥ ४॥
वायुः प्रवृद्धो जनयेद्धि शूलं हृत्पार्श्वपृष्ठत्रिकबस्तिदेशे।
जीर्णे प्रदोषे च घनागमे च शीते च कोपं समुपैति गाढम्॥ ५॥
मुहुर्मुहुश्चोपशमप्रकोपौ भवेच्च संस्तम्भनभेदतोदाः।
संस्वेदनाभ्यञ्जनमर्दनाद्यैः स्निग्धोष्णभोज्यैश्च शमं प्रयाति॥ ६॥

---

१. वातमूत्रपुरीषाणां निग्रहादतिभोजनात्।
अजीर्णाध्यशनायासविरुद्धान्नोपसेवनात्॥
पिष्टान्नशुष्कमांसानामुपयोगा तथैव च।
एवं विधानां द्रव्याणामन्येषाञ्चोपसेवनात्॥
वायुप्रकुपितः कोष्ठे शूलं सञ्जनयेद् भृशम्॥ सुश्रुत

२. इसका प्रयोग तिब्बत में अधिक करते हैं तथा शीत प्रधान देश में भी अधिक होता है।

वात शूल का निदान सम्प्राप्ति पूर्वक लक्षण—व्यायाम अत्यधिक मात्रा में करना, अत्यधिक सवारी पर चढ़ना, अत्यधिक मैथुन करना, रात्रि में जागना तथा अतिशीतल जल का पान करना, मटर, मूंग, अरहर, कोर (कोदो) तथा अन्य अत्यधिक रूक्ष पदार्थ का सेवन करना, अध्यशन करना तथा चोट लगना, कषाय तथा तिक्त रस प्रधान द्रव्यों का अधिक मात्रा में सेवन करना, अति विरुढ़ज अन्न (भिगोये हुए (अंकुरित चना आदि अन्न अधिक मात्रा में खाना) विरुद्ध भोजन, शुष्क मांस तथा शुष्क शाक भक्षण, मल, शुक्र, मूत्र, तथा वायु का वेग रोकना, शोक उपवास, अत्यधिक हंसना, तथा बोलने आदि से प्रकुपित वात, हृदय दोनों पार्श्व, पीठ त्रिकप्रदेश तथा वस्ति प्रदेश में शूल को उत्पन्न करता है। यह शूल भोजन के पच जाने पर, सायंकाल के समय, वर्षा ऋतु, तथा शीत के समय विशेष रूप से बढ़ जाता है। यह शूल बार बार घटता बढ़ता रहता है, इसमें मल तथा वात का अवरोध हो जाता है, सूई के समान चुभन तथा भेदन की तरह वेदना होती है। स्वेदन कर्म, अभ्यङ्गन कर्म, मर्दन तथा स्निग्ध एवं उष्ण भोज्य पदार्थों के सेवन से शान्त हो जाता है। ये वातिक शूल के लक्षण हैं॥ २–६॥

विमर्शः—किसी भी वात प्रकोप के कारण शूल की उत्पत्ति हो सकती है। प्राकृत व्यामादि के उल्लेख से यह ज्ञात होता है कि इनके वात प्रकोप के साथ शूल रोग ही प्रायः होता है। अर्थात् ये कारण दोष और व्याधि दोनों के कारण होते है। यही वात पैत्तिक आदि शूलों के कारण में भी है। वातिक-शूल, हृदय, पार्श्व, पृष्ठ, त्रिक प्रदेश, तथा वस्ति प्रदेश में विशेष रूप से होता है।

हृदय शूल—यह प्रायः हृदय की रक्तवाहिनियों में विकृत होने के बाद प्रायः वायु के कमी होने के परिणामस्वरूप यह शूल, वक्ष से वाम बाहु के अभ्यन्तर भाग से प्रारम्भ होकर अंगुली के अग्रभाग तक पहुँच जाता है। कभी कभी ग्रीवा के वाम पार्श्व में भी इसको कारण वेदना का अनुभव होता है। इसके आवेग अधिक परिश्रम करने से आते है। यथार्थतः हृदय शूल हृदय गत-रस या रसवाहिनियों के अवरोध का ही फल है। श्वासावरोध की प्रवृत्ति हृदय शूल का प्रधान लक्षण है[1]।

पार्श्व शूलः—पार्श्व शूल से उदर तथा वक्ष के दोनों पार्श्वों को शूल का

---

१. कफपित्तावरुद्धस्तु मारुतो रस मूर्च्छितः।
हृदिस्थः कुरुते शूलमुच्छ्वासा रोचकं परम्॥
सहृच्छूल इति ख्यातो रस मारुतसम्भवः॥

ग्रहण होता है। उदर गत पार्श्व शूल को कुक्षि शूल भी कहते हैं। कुक्षि शूल आन्त्र की विकृति है। कुक्षिस्थित कफ के द्वारा आन्त्र स्थित वायु का अवरोध होने पर कुक्षिशूल या उदर पार्श्व शूल की उत्पत्ति होती है। इस अवस्था में उदर में आध्मान गुड़गुड़ा शब्द तथा सूई के समान चुभन होती है। श्वास कष्ट भूख का नाश पीड़ा तथा निद्रा का अभाव होता है। कभी कभी श्लेष्मा तथा वात की विकृति से कभी एक पार्श्व में और कभी दोनों पार्श्वों में हो सकता है।

पृष्ठशूल—इसको कमर का दर्द भी कहते हैं। यह कमर की पेशी, अस्थि तथा सन्धि की (आमवात) विकृति के फलस्वरूप होता है। कभी-कभी आमाशय, पक्वाशय का व्रण पित्ताश्मरी तथा स्त्रियों में गर्भाशय और वीजग्रन्थि के रोगों तथा मूत्राशय कला शोथ के कारण भी प्रचलित शूल का पार्श्वों में अनुभव होता है।

त्रिकशूल—यह पूर्वोक्त अन्य कारणों से ही होता है।

वस्तिशूल—मल तथा मूत्र का वेग धारण करने से कुपितवायु वस्ति[1] प्रदेश को व्याप्त करके वस्तिनाभि तथा वङ्क्षण प्रदेश में शूल उत्पन्न करता है। इसको मूत्रशूल भी कहते हैं।

वस्ति से वृक्क गविनी, आदि सभी मूत्रवह संस्थान में आते हैं।

अतः वृक्क शूल भी वस्तिशूल के अन्तर्गत आता है। सुश्रुत के अनुसार वातिक[2] शूल का निम्न लक्षण है।

पित्तशूलस्य निदानसंम्प्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

क्षारातितीक्ष्णोष्णविदाहितैलपिण्याकनिष्पावकुलत्थयूषैः।
कटवम्लसौवीरसुराविकारैः क्रोधानलायासरविप्रतापैः॥ ७॥
ग्राम्यातियोगादशनैर्विदग्धैः पित्तं प्रकुप्याशु करोति शूलम्।
तृण्मोहदाहार्तिकरं हि नाभ्यां संस्वेदमूर्च्छाभ्रमदोषयुक्तम्॥ ८॥
मध्यन्दिने कुप्यति चार्धरात्रे निदाघकाले जलदात्यये च।
शीते च शीतैः समुपैति शान्तिं सुस्वादुशीतैरपि भोजनैश्च॥ ९॥

---

१. नाभ्यां वङ्क्षणपार्श्वेषु कुक्षौ मेढ्रान्तमर्दकः।
मूत्रमावृत्य गृह्णाति मूत्रशूलः समारुतात्॥

२. निराहारस्य यस्यैवं तीव्रशूलमुदीर्यते।
प्रस्तब्धगात्रो भवति कृच्छ्रेणोच्छ्वसितीव च॥
वातमूत्रपुरीषाणि कृच्छ्रेण कुरुते नरः।
एतैर्लिङ्गैर्विजानीयाच्छूलं वातसमुद्भवम्॥ इति

पैत्तिकशूल का निदान सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—क्षार, अत्यन्त तीक्ष्ण, उष्ण, विदाही पदार्थ, तैल, सेम, सरसो या तिल की खली तथा कुलथी का यूष आदि अधिक सेवन करने से कटु अम्लपदार्थ, काञ्जी तथा मद्यों के अधिक मात्रा में सेवन करने से, क्रोध करने तथा अधिक अग्नि तापने से, अधिक परिश्रम करने से, धूप का अधिक सेवन करने से एवं मैथुन आदि के अधिक मात्रा में सेवन करने से भोजन विदग्ध हो जाता है, और यह पित्त को प्रकुपित कर नाभिप्रदेश में शूल को उत्पन्न करता है। इस शूल में प्यास जलन, मोह, वेदना, पसीना, मूर्च्छा तथा भ्रम होते हैं। दोपहर को तथा मध्य रात्रि में, भोजन पचते समय एवं वर्षाऋतु के अन्त में शरद्ऋतु में इस शूल की वृद्धि होती है। शीतकाल में शीतल पदार्थों के सेवन करने से तथा मधुर व शीतल आहार करने से इसकी शान्ति होती है ॥ ७–९ ॥

विमर्श—पित्त का स्थान हृदय तथा नाभि के मध्य का भाग माना गया है। अतः यह पीड़ा उक्त स्थान पर होती है नाभि से उदर सामान्य एवं विशेषकर आन्त्रिकशूल को लेते हैं। नाभि में उत्पन्न होनेवाले सभी शूल पैत्तिक ही नहीं होते अपितु पित्त स्थान में स्थित अन्य दूषित दोषों के कारण भी अनेक प्रकार के विकार और शूल हो सकते हैं। लक्षण एवं सम्प्राप्ति के अनुसार विशिष्ट दोषजनित, द्विदोषज या त्रिदोषज समझना चाहिए।

कफशूलस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

आनूपवारिजकिलाटपयोविकारै-
मांसेक्षुपिष्टकृशरातिलशष्कुलीभिः।
अन्यैर्बलासजनकैरपि हेतुभिश्च
श्लेष्मा प्रकोपमुपगम्य करोति शूलम् ॥ १० ॥
हृल्लासकाससदनारुचिसंप्रसेकै-
रामाशये स्तिमितकोष्ठशिरोगुरुत्वैः।
भुक्ते सदैव हि रुजं कुरुतेऽतिमात्रं
सूर्योदये च शिशिरे कुसुमागमे च ॥ ११ ॥

कफजशूल का निदान सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—आनूप देश में उत्पन्न तथा जलचर प्राणियों के मांस को अधिक भक्षण करने से, खोवा तथा दूध के बने अन्य पदार्थों के सेवन करने से, मांस अधिक खाने से, गन्ने का रस, उड़द की पीठी, कृशरा (खिचड़ी) तिल की कचौड़ी आदि तथा अन्य कफ-वर्द्धक पदार्थों के सेवन से प्रकुपित कफ आमाशय में शूल उत्पन्न करता है। इससे रोगी को मिचली आती है, खांसी, अंग में पीड़ा, अरुचि, कफस्राव, विबन्धता तथा शिर में भारीपन भी रहता है। यह शूल भोजन के तुरन्त बाद,

प्रातःकाल शिशिर तथा वसन्त ऋतु में विशेष रूप से होता है ॥ १०-११ ॥

त्रिदोषजशूललक्षणम्—

सर्वेषु दोषेषु च सर्वलिङ्गं विद्याद्विषक् सर्वभवं हि शूलम् ।
सुकष्टमेनं विषवज्रकल्पं विवर्जनीयं प्रवदन्ति तज्ज्ञाः ॥ १२ ॥

त्रिदोषज शूल का लक्षण—त्रिदोष से उत्पन्न होनेवाले सन्निपातज शूल में सभी दोषों के लक्षण मिलते हैं। यह शूल अत्यन्त कष्टकारक होता है। विद्वान् लोग विष और वज्र के समान इस शूल को असाध्य मानते हैं ॥ १२ ॥

आमशूललक्षणम्—

आटोपहृल्लासवमीगुरुत्वस्तैमित्यकानाहकफप्रसेकैः ।
कफस्य लिङ्गेन समानलिङ्गमामोद्भवं शूलमुदाहरन्ति ॥ १३ ॥

आमशूल का लक्षण—आमजशूल में गुड़गुड़ शब्द के साथ पेट का फूलना हृल्लास (मिचली), वमन, शरीर का भारीपन, आर्द्रचर्म से ढके होने के समान अनुभव, आनाह तथा मुख से कफ का स्राव आदि लक्षण होते हैं। ये लक्षण कफज शूल के समान लक्षणवाले होते है ॥ १३ ॥

द्वन्द्वजशूललक्षणम्—

बस्तौ हृत्कण्ठपार्श्वेषु स शूलः कफवातिकः ।
कुक्षौ हृन्नाभिमध्ये तु स शूलः कफपैत्तिकः ॥ १४ ॥
ज्वरदाहकरो घोरो विज्ञेयो वातपैत्तिकः ।

द्वन्द्वजशूल का लक्षण—वस्ति, हृदय, पार्श्व तथा पृष्ठप्रदेश का जो शूल होता है वह प्रायः कफ-वातिक होता है। कुक्षि, हृदय तथा नाभि के मध्य का शूल कफपित्तज होता है तथा (नाभि और वस्ति में) दाह तथा ज्वर से युक्त भयंकर शूल प्रायः वात पैत्तिक होता है ॥ १४ ॥

शूलानां साध्यासाध्यविचारः—

एकदोषोत्थितः साध्यः कृच्छ्रसाध्यो द्विदोषजः ॥ १५ ॥
सर्वदोषोत्थितो घोरस्त्वसाध्यो भूर्युपद्रवः ।

शूल का साध्यासाध्य का विचार—एक दोषजन्य शूलसाध्य, द्विदोषजन्य कृच्छ्रसाध्य (याप्य) तथा अनेक उपद्रवों से युक्त त्रिदोषज शूल भयानक एवं असाध्य होता है।

शूलोपद्रवाः—

वेदना च तृषा मूर्च्छा आनाहो गौरवारुची ॥ १६ ॥
कासश्वासौ च हिक्का च शूलस्योपद्रवाः स्मृताः ।

शूल के उपद्रव—वेदना, प्यास, मूर्च्छा, आनाह (आफरा "कब्ज के साथ

वायु से पेट फूलना") शरीर में भारीपन, भोजन में अरुचि, कास, श्वास तथा हिक्का (हिचकी) ये शूल के उपद्रव हैं।

परिणामशूललक्षणम्—

स्वैर्निदानैः प्रकुपितो वायुः संनिहितस्तदा।
कफपित्तं समावृत्य शूलकारी भवेद्बली ॥ १७ ॥
भुक्ते जीर्यति यच्छूलं तदेव परिणामजम्।
तस्य लक्षणमप्येतत्समासेनाभिधीयते ॥ १८ ॥
आध्मानाटोपविण्मूत्रविबन्धारतिवेपनैः ।
स्निग्धोष्णोपशमप्रायं वातिकं तदुदाहृतम् ॥ १९ ॥

परिणामशूल का लक्षण—रूक्ष आदि अपने प्रकोपक कारणों से जब वायु प्रकुपित होती है, तब कफ और पित्त को आवृत कर शूल को उत्पन्न करती है। और यह शूल भोजन के परिपाक काल में होता है अतः इसे परिणाम शूल कहते हैं। संक्षेप से यही (परिपाक काल में होना) उसका लक्षण है। आध्मान (उदर का फूलना), आटोप (पेट में गुड़गुड़ा शब्द करना), मल और मूत्र का अवरोध होना, किसी कार्य में मनका न लगना, और शरीर में कम्पन होना ये वाति परिणामशूल के लक्षण हैं यह शूल स्निग्ध तथा उष्ण पदार्थों के सेवन से शान्त हो जाता है।

तृषादाहारतिस्वेदं कटम्ललवणोत्तरम् ।
शूलं शीतशमप्रायं पैत्तिकं लक्षयेद्भिषक् ॥ २० ॥

प्यास जलन, व्यग्रता तथा अधिक पसीना आना, कटु, अम्ल तथा लवण रसयुक्त पदार्थों के सेवन से शूल की शान्ति होना, ये पैत्तिक परिणाम शूल के लक्षण हैं।

छर्दिर्हल्लाससंमोहैः स्वल्परुग्दीर्घसंतति।
कटुनिक्तोपशान्तं च तच्च ज्ञेयं कफात्मकम् ॥ २१ ॥

वमन, मिचली, मूर्च्छा, अधिक समय तक थोड़ी-थोड़ी वेदना का होते रहना तथा कटु तथा तिक्त पदार्थों के सेवन से शूल का शान्त होना ये कफजन्य परिणाम शूल के लक्षण है।

संसृष्टलक्षणं बुद्ध्वा द्विदोषं परिकल्पयेत्।
त्रिदोषजमसाध्यं स्यात्क्षीणमांसबलानलम् ॥ २२ ॥

दो दोषों के लक्षण मिलने द्विदोषज और तीनों दोषों के लक्षणों से युक्त होने पर त्रिदोषज परिणाम शूल होता है। त्रिदोषज परिणाम शूल तथा जिसमें मांस, बल तथा जाठराग्नि क्षीण हो गयी हो उसे भी असाध्य समझना चाहिए।

जीर्णे जीर्यत्यजीर्णे वा यच्छूलमुपजायते ।
तदप्यसाध्यं नित्युत्वादुक्तं वैद्यविशारदैः ॥ २३ ॥

भोजन के परिपाक हो जाने पर या भोजन के परिपाक काल में अथवा अजीर्ण होने पर जो शूल उत्पन्न होता है उसको भी वैद्यक शास्त्र के विद्वान् नित्य होने के कारण असाध्य कहे हैं ॥ १७–२३ ॥

अन्नद्रवशूललक्षणम्—

पथ्यापथ्यप्रयोगेण भोजनाभोजनेन च ।
न शमं याति नियमात्सोऽन्नद्रव उदाहृतः ॥ २४ ॥

अन्नद्रव शूल का लक्षण—पथ्य और अपथ्य के प्रयोग से, भोजन करने या न करने पर भी नियमपूर्वक जो शान्त नहीं होता उसको अन्नद्रव शूल कहते हैं ।

(अन्नद्रवाख्यशूलेषु न तावत्स्वास्थ्यमश्नुते ।
वान्तमात्रे जरत्पित्तं शूलमाशु व्यपोहति ॥)

(अन्नद्रवशूल में निरन्तरशूल होता रहता है, और रोगी को आराम नहीं मिलता है । कभी-कभी वमन के द्वारा पित्त निकल जाने पर शीघ्र ही शूल बन्द भी हो जाता है) ।

शूलस्यासाध्यलक्षणम्—

आनाहो गौरवं छर्दिस्तृष्णा मूर्च्छा भ्रमोऽरुचिः ।
कृशत्वं बलहानिश्च वेदनातिप्रवर्तनम् ॥ २५ ॥
उपद्रवा दशैवैते यस्य शूलेषु नास्ति सः ।

शूल का असाध्य लक्षण—आनाह (विबन्धयुक्त वायु से पेट फूलना) शरीर का भारीपन, वमन, प्यास, मूर्च्छा, भ्रम, अरुचि, दुर्बलता, बल का क्षीण होना, अधिक पीड़ा होना ये दश उपद्रव जिसके शूल में होते हैं वह नहीं होता है । अर्थात् असाध्य होता है ।

प्रकारान्तरेण शूललक्षणानि—

सर्वाङ्गशूलं स्तब्धाङ्गस्फुटनं सर्वसन्धिषु ।
संकोचः सर्वगात्राणां वातशूलस्य लक्षणम् ॥ २६ ॥

दूसरे प्रकार से शूल के लक्षण—शरीर के सम्पूर्ण अंगों में शूल होना सभी सन्धियों की जकड़न तथा फटने जैसी पीड़ा का अनुभव होना, शरीर के सभी अवयवों का संकुचित होना, यह वातशूल का लक्षण है ।

नाभिमूले ज्वरं शूलं दाहो देहे हृदि व्यथा ।
पित्तशूलस्य विज्ञेयं लक्षणं सुविचक्षणैः ॥ २७ ॥

नाभि के मूल में ज्वर मूल शरीर में जलन तथा हृदयप्रदेश में पीड़ा होना ये पित्तशूल के लक्षण हैं ऐसा वैद्यक शास्त्र के विद्वान समझें ।

लक्षणं श्लेष्मशूलस्य हृदये शूलमुल्बणम् ।
जडत्वं सर्वगात्रस्य न निद्रा न रुचिस्तथा ॥ २८ ॥
इति शूलपरिणामशूलान्नद्रवादिनिदानम् ।

हृदय में भयंकर शूल सम्पूर्ण शरीर में जकड़न, निद्रा न आना तथा अरुचि ये कफजन्यशूल के लक्षण हैं ॥ २६-२८ ॥

इस प्रकार शूल, परिणामशूल तथा अन्नद्रव शूल का निदान समाप्त ।

अथ शूलादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

शूलानां सामान्यचिकित्सा—

वमनं लङ्घनं स्वेदः पाचनं फलवर्तयः ।
क्षारचूर्णानि गुटिकाः शस्यन्ते शूलशान्तये ॥ २९ ॥

शूल आदि के निदान के बाद इनकी चिकित्सा को कहते हैं ।

सभी प्रकार के शूलों की सामान्य चिकित्सा—वमन, लंघन, स्वेदन, पाचन, फलवर्ति, क्षार, चूर्ण तथा गुटिका ये सब शूल को शान्त करने में प्रशस्त हैं ॥ २९ ॥

वातस्यानु जयेत्पित्तं पित्तस्यानु जयेत्कफम् ।
त्रयाणां वा जयेत्पूर्वं यो भवेद् बलवत्तरः ॥ ३० ॥

वात प्रशामक चिकित्सा के द्वारा वात प्रशमन के बाद, पित्त प्रशामक औषधों से पित्त को जीते और पित्त के बाद कफ-प्रशामक औषधों से कफ को जीते या तीनों में जो अधिक बलवान हो उसको पहले जीते ॥ ३० ॥

आशुकारी हि पवनस्तस्मात्तं त्वरया जयेत् ।
तस्य शूलाभिपन्नस्य स्वेद एव सुखावहः ॥ ३१ ॥

वायु आशुकारी होता है अतः उसको शीघ्र ही जीत ले । वातजन्यशूल होने पर स्वेदन करना, सुखकारक होता है । अर्थात् वातिक शूल में स्वेदन करे ॥ ३१ ॥

वातशूले कुलत्थादियूषः—

वातात्मकं हन्त्यचिरेण शूलं स्नेहेन युक्तः सुकुलत्थयूषः ।
ससैन्धवो व्योषयुतः सलावः सहिङ्गुसौवर्चलदाडिमाढ्यः ॥३२॥

वातशूल में कुलत्थादियूष— सेन्धानमक, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), धान का लावा, शु० हिंगु, सौवर्चलनमक, अनार—इन द्रव्यों का चूर्ण तथा घृत मिलाकर अच्छे परिपुष्ट कुलत्थ (कुरथी) का यूष, वातिक शूल को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ३२ ॥

वातशूले हिङ्ग्वादिचूर्णम्—

शूले निरन्नकोष्ठोऽद्भिरुष्णाभिश्चूर्णिताः पिबेत् ।
हिङ्गुप्रतिविषाव्योषवचासौवर्चलाभयाः ॥ ३३ ॥

वातशूल में हिंग्वादि चूर्ण—शु० हिंगु, अतीस, त्र्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), वच, सौवर्चलनमक तथा हर्रे—इन द्रव्यों का चूर्ण, निरन्नकोष्ठ (खाली पेट, "भोजन के पहले") शूलरोग में गरम जल से पान करे ॥ ३३ ॥

वातशूले बलादियोगः—

बलापुनर्नवैरण्डबृहतीद्वयगोक्षुरम् ।
सहिङ्गुलवणं पीतं सद्यो वातरुजं जयेत् ॥ ३४ ॥

वातशूल में बलादि योग—बरियार, पुनर्नवा, एरण्ड, बनभंटा, भटकटैया तथा गोखरू—इन द्रव्यों का चूर्ण शु० हिंगु तथा सेन्धानमक मिलाकर पान करने से वातिक शूल को शीघ्र ही जीत लेता है ॥ ३४ ॥

वातशूले तुम्बुर्वादियोगः—

तुम्बुरूण्यभया हिङ्गु पौष्करं लवणत्रयम् ।
पिबेद्यवाम्बुना वातशूलगुल्मापतन्त्रकी ॥ ३५ ॥

वातशूल में तुम्बुर्वादि योग—तुम्बुरु, हर्रे, शु० हिंगु, पुष्करमूल, सेन्धानमक, सौवर्चलनमक, विरियानमक समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण यव के यूष के साथ वातशूल, गुल्मरोग तथा अपतन्त्र रोग से पीड़ित रोगी पान करे ॥३५॥

वातशूले विश्वादिकषायः—

विश्वामेरण्डजं मूलं काथयित्वा जलं पिबेत् ।
हिङ्गुसौवर्चलोपेतं सद्यः शूलनिवारणम् ॥ ३६ ॥
हिङ्गुपुष्करमूलाभ्यां हिङ्गुसौवर्चलेन वा ।
विश्वैरण्डयवक्काथः पीतः शूलनिवारणः ॥ ३७ ॥

वातशूल में विश्वादि कषाय—सोंठ तथा एरण्ड का मूल, दोनों को बराबर-बराबर लेकर क्वाथ करे, और उस क्वाथ के जल में शु० हिंगु तथा सौवर्चलनमक मिलाकर पान करे। यह शीघ्र ही शूल को दूर करता है। शु० हिंगु तथा पुष्करमूल का चूर्ण या शु० हिंगु और सौवर्चलनमक का चूर्ण, सोंठ, एरण्ड की जड़ तथा यव के क्वाथ के साथ पान करने से शूलरोग को दूर करता है ॥ ३६–३७ ॥

वातशूले यवान्यादियोगः—

यवानीहिङ्गुसिन्धूत्थक्षारसौवर्चलाभयाः ।
सुरामण्डेन पातव्या वातशूलनिषूदनाः ॥ ३८ ॥

वातशूल में यवान्यादि योग—यवानी (अजवायन), शु० हिंगु, सेन्धा-

नमक, यवक्षार, सौवर्चलनमक तथा हर्रे—इन द्रव्यों का क्वाथ या चूर्ण, सुरामण्ड के साथ पान करे। ये वातशूल को दूर करनेवाले हैं ॥ ३८ ॥

शूले सौवर्चलादिवटिका—

सौवर्चलाग्निकाजाजीमरिचैर्द्विगुणोत्तरैः ।
मातुलुङ्गरसे पिष्ट्वा गुटिकाऽनिलशूलनुत् ॥ ३९ ॥

शूलरोग में सौवर्चलादि गुटिका—सौवर्चलनमक, चित्रक, स्याहजीरा तथा मरिच—इन द्रव्यों को उत्तरोत्तर दुगुना (सौवर्चलनमक एक भाग, चित्रक दो भाग, स्याहजीरा चार भाग, मरिच आठ भाग), लेकर चूर्ण बनावे और इस चूर्ण को बिजौरा नीबू के रस में पीस कर गुटिका बनावे। यह गुटिका, सेवन करने से वातिकशूल को दूर करती है ॥ ३९ ॥

शूले लेपयोगौ—

नाभिलेपाज्जयेच्छूलं मदनः काञ्जिकान्वितः ।
जीवन्तीमूलकल्को वा सतैल. पार्श्वशूलहा ॥ ४० ॥

शूल में लेप योग—मदनफल को काञ्जिक के साथ पीसकर लेप बनावे और नाभि के ऊपर लेप करे। यह लेप वातिक शूल को जीत लेता है। या तैल के साथ जीवन्तीमूल का कल्क, पार्श्वशूल को नाश करता है ॥ ४० ॥

पित्तशूले सामान्यचिकित्सा—

गुडशालियवाः क्षीरं सर्पिःपानं विरेचनम् ।
जाङ्गलानि च मांसानि भेषजं पित्तशूलिनाम् ॥ ४१ ॥
पैत्ते च शूले वमनं पयोम्बुरसैस्तथेक्षोः सपटोलनिम्बैः ।
शीतावगाहाः पुलिनाः सवाता भाण्डानि कांस्यस्य जलाप्लुतानि ।
अन्यानि शस्तानि च शीतलानि सचन्दनानीन्दुकराः सुशीताः ॥४२॥

पैत्तिकशूल में सामान्य चिकित्सा—गुड़, जड़हन धान का चावल, यव, दूध, घृतपान, विरेचन तथा जंगली पशुओं का मांस पैत्तिकशूल के रोगियों के लिये औषध है। दूध, जल तथा गन्ना का रस, परोरा एवं नीम का क्वाथ—इन द्रव्यों से पैत्तिकशूल में वमन कराये, और शीतल जल में स्नान, नदी के किनारे वातसेवन, जलपरिपूर्ण कांसा के पात्र, अन्य मलयाचल चन्दन से युक्त शीतल पदार्थ तथा शीतल चन्द्रमा की किरणों को सेवन करना पैत्तिकशूल में प्रशस्त है ॥ ४१–४२ ॥

मणिराजततास्राणि भाजनानि च सर्वदा ।
परिपूर्णानि तोयेन शूलस्योपरि निक्षिपेत् ॥ ४३ ॥
विरेचनं पित्तहरं च शस्तं रसाः प्रशस्ताः शशलावकानाम् ।
संतर्पणं लाजमधूपपन्नं पेया सुशीता मधुसंप्रयुक्ता ॥ ४४ ॥

मणि, चांदी तथा ताम्र के पात्रों को जल से भरकर शूल के ऊपर हमेशा रक्खे। पैत्तिक शूल में पित्तनाशक वमन श्रेष्ठ है। खरगोश तथा लाव (परेवा) का मांसरस पान करना श्रेष्ठ है। मधु मिलाकर धान के लावा का संतर्पण तथा मधु मिश्रित शीत पेया का सेवन लाभदायक है ॥ ४३–४४ ॥

छर्द्यां ज्वरे पित्तभवेऽथ शूले घोरे विदाहे तृषितेऽतिमात्रम् ।
यवस्य पेयां मधुना विमिश्रां पिबेत्सुशीतां मनुजः सुखार्थी ॥ ४५ ॥

सुख को चाहनेवाला व्यक्ति वमन, ज्वर, पित्तजन्य भयंकर शूल, जलन तथा अत्यधिक प्यास में मधु मिलाकर यव की शीतल पेया को पान करे ॥ ४५ ॥

पित्तशूले कतिपययोगाः—

धात्र्या रसं विदार्या वा त्रायन्तीगोस्तनाम्बुना ।
पिबेत्सशर्करं सद्यः पित्तशूलनिषूदनम् ॥ ४६ ॥
शतावरीरसं द्राक्षायुक्तं प्रातः पिबेन्नरः ।
दाहशूलोपशान्त्यर्थं सर्वपित्तामयापहम् ॥ ४७ ॥

पित्तशूल में कुछ योग—आंवला का रस या विदारीकन्द का रस, त्रायमाणा तथा द्राक्षा के रस के साथ शक्कर मिलाकर पान करे। यह शीघ्र ही पैत्तिकशूल को नाश करनेवाला है। पैत्तिक रोग से पीड़ित मनुष्य मुनक्का के रस के साथ शतावरी का रस प्रातःकाल पान करे। यह दाह तथा शूल को शान्त करता है और सभी प्रकार के पैत्तिक रोग को नाश करनेवाला है ॥ ४६–४७ ॥

पित्तशूले शतावर्यादिकषायः—

शतावरीसयष्ट्याह्ववाट्यालकुशगोक्षुरैः ।
श्रृतं शीतं पिबेत्तोयं सगुडक्षौद्रशर्करम् ॥ ४८ ॥
पित्तासृग्दाहशूलघ्नं सद्यो दाहज्वरापहम् ।

पैत्तिकशूल में शतावर्यादि कषाय—शतावरी, मुलेठी, वाटयाल (वरियार), कुशा की जड़ तथा गोखरू (समभाग)—इन द्रव्यों का शीतल क्वाथ गुड़, मधु तथा शक्कर मिलाकर पान करे। यह पित्तरक्त (रक्तपित्त), दाह तथा शूल को नाश करनेवाला एवं दाह और ज्वर को दूर करनेवाला है।

पित्तशूले त्रिफलादिकषायः—

त्रिफलानिम्बयष्ट्याह्वकटुकारग्वधैः श्रृतम् ॥ ४९ ॥
पाययेन्मधुसंमिश्रं दाहशूलोपशान्तये ।

पैत्तिक शूल में त्रिफलादि कषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नीम, मुलेठी, कुटकी तथा अमलतास (समभाग)—इन द्रव्यों का कषाय, मधु मिलाकर दाह तथा शूल की शान्ति के लिये पान कराये।

पित्तशूले बृहत्यादियोगः—

बृहत्यौ गोक्षुरैरण्डकुशकासेक्षुबालिकाः ॥ ५० ॥
पीताः पित्तभवं शूलं सद्यो हन्युः सुदारुणम् ।

पित्तशूल में बृहत्यादि योग—भटकटैया, वनभंटा, गोखरू, एरण्ड की जड़, कुशा की जड़, काश की जड़ तथा इक्षुबालिका (तालमखाना)—इन द्रव्यों के क्वाथ, पान करने से पित्तजन्य भयंकर शूल को शीघ्र ही नाश करते हैं ।

पित्तशूले धात्रीचूर्णम्—

प्रलिह्यात्पित्तशूलघ्नं धात्रीचूर्णं समाक्षिकम् ॥ ५१ ॥

पित्तशूल में धात्रीचूर्ण—पित्तजन्यशूल को नाश करनेवाला आंवला के चूर्ण को मधु मिलाकर चाटे ॥ ५१ ॥

कफजशूले सामान्यचिकित्सा—

श्लेष्माधिके लङ्घनछर्दनानि शिरोविरेकं मधुसीधुपानम् ।
मधूनि गोधूमयवानरिष्टान सेवेत रूक्षान् कटुकांश्च सर्वान् ॥ ५२ ॥

कफजशूल में सामान्य चिकित्सा—श्लेष्मजन्यशूल में लंघन, वमन, शिरोविरेचन, मधु सीधु (मद्यविशेष) का पान, मधु, गेहूं, यव अरिष्ट (आसव) तथा सभी कटु एवं रूक्ष पदार्थों को सेवन करे ॥ ५२ ॥

कफशूले लवणत्रयादियोगः—

लवणत्रयसंयुक्तं पञ्चकोलं सरामठम् ।
सुखोष्णेनाम्बुना पानं कफशूले प्रदापयेत् ॥ ५३ ॥

कफजशूल में लवणत्रयादि योग—कफजशूल में लवणत्रय (सेंधा, सौवर्चल तथा विडनमक), पञ्चकोल (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ) तथा शु० हिंगु—इन द्रव्यों के चूर्ण को थोड़े गरम जल के साथ पान कराये ॥ ५३ ॥

कफशूले पिप्पलीमूलादियोगः—

कणामूलमथैरण्डं चित्रकं विश्वभेषजम् ।
हिङ्गुसैन्धवसंयुक्त सद्यः शूलहरं परम् ॥ ५४ ॥

कफजन्यशूल में पिप्पली मूलादि योग—पिपरामूल, एरण्ड की जड़, चित्रक तथा सोंठ, इन द्रव्यों का चूर्ण, हिंगु तथा सेन्धानमक मिलाकर सेवन करने से शीघ्र ही शूल को अच्छी तरह नाश करता है ॥ ५४ ॥

पार्श्वादिशूले शिग्रुक्वाथः—

मातुलुङ्गरसोपेतः शिग्रुक्वाथस्तथा परः ।
स क्षारो मधुना पीतः पार्श्वहृद्बस्तिशूलजित् ॥ ५५ ॥

पार्श्व-आदि के शूल में शिग्रु क्वाथ—सहिजन का क्वाथ, बिजौरा नीबू का रस तथा यवक्षार मिलाकर मधु के साथ पान करने से पार्श्वशूल, हृदयशूल तथा बस्तिशूल को जीत लेता है ॥ ५५ ॥

कफशूले पेयायोगः—

श्लेष्मशूलहरा पेया पञ्चकोलप्रसाधिता ।

कफजशूल में पेया योग—पञ्चकोल (पिप्पली, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ) इन द्रव्यों के क्वाथ में सिद्ध की हुई पेया श्लेष्मजन्य शूल को नाश करनेवाली है ।

सान्निपातिकशूले विदार्यादियोगः—

विदारीदाडिमरसः सव्योषो लवणान्वितः ।
क्षौद्रयुक्तो निहन्त्याशु शूलं दोषत्रयोद्भवम् ॥ ५६ ॥

सान्निपातिक शूल में विदार्यादि योग—विदारीकन्द और अनार का रस, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) सेन्धानमक, इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर मधु के साथ सेवन करने से त्रिदोषजशूल को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५६ ॥

त्रिदोषजशूले मण्डूरयोगः—

गोमूत्रशुद्धमण्डूरं त्रिफलाचूर्णसंयुतम् ।
विलिहन्मधुसर्पिर्भ्यां शूलं हन्ति त्रिदोषजम् ॥ ५७ ॥

त्रिदोषजशूल में मण्डूर योग—गोमूत्र से शुद्ध किया हुआ मण्डूर, त्रिफला (हरें, बहेड़ा, आंवला) के चूर्ण को मिलाकर मधु तथा घृत के साथ चाटने से त्रिदोषज शूल को नाश करता है ॥ ५७ ॥

त्रिदोषजशूले शङ्खचूर्णादियोगः—

शङ्खचूर्णं सलवणं सहिङ्गु व्योषसंयुतम् ।
उष्णोदकेन संपीतं शूलं हन्ति त्रिदोषजम् ॥ ५८ ॥

त्रिदोषजशूल में शंख चूर्णादि योग—शंखभस्म, सेंधानमक, शु० हिंगु तथा व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर गरम जल के साथ पान करने से त्रिदोषजन्यशूल को नाश करता है ॥ ५८ ॥

आमशूलचिकित्सा—

आमशूले क्रिया कार्या कफशूलविनाशिनी ।
सेव्यमानं हितं सर्वं यद्यदग्निविवर्धनम् ॥ ५९ ॥

आमशूल की चिकित्सा—आमशूल में कफशूल को नाश करनेवाली सभी उपचार पथ्य, चिकित्सा आदि क्रियाओं को करे । और जो-जो अग्निवर्द्धक पदार्थ कहे गये हैं उन सभी पदार्थों को सेवन करना हितकर है ॥ ५९ ॥

आमशूले एरण्डादिकषायः—

एरण्डबिल्ववृहतीद्वयमातुलुङ्ग-
पाषाणभित्तिकटुमूलकृतः कषायः ।
सक्षारहिङ्गुलवणो रुचितैलमिश्रः
श्रोण्यंसमेढ्रहृदयस्तनरुक्षु पेयः ॥ ६० ॥

आमशूल में एरण्डादि क्वाथ—एरण्ड (रेंड की जड़), वेल, बृहतीद्वय (भटकटैया, वनभंटा), विजौरा नीबू का रस, पाषाणभेद, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा पिपरामूल (समभाग) इन द्रव्यों के कषाय को यवक्षार, शु० हिंगु, सेन्धा नमक तथा एरण्ड तैल मिलाकर श्रोणिप्रदेश, कन्धा, मूत्रेन्द्रिय, हृदय तथा स्तन की पीड़ा में पान करे ॥ ६० ॥

आमशूले हिङ्ग्वादिचूर्णम्—

सहिङ्गुतुम्बरुव्योषयवानीचित्रकाभयम् ।
सक्षारलवणं चूर्णं पिबेत्प्रातः सुखाम्बुना ।
विण्मूत्रानिलशूलघ्नं पाचनं वह्निदीपनम् ॥ ६१ ॥

आमशूल में हिंग्वादिचूर्ण—शु० हिंगु, तुम्बरु, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), अजवायन, चित्रक, हर्रे, यवक्षार तथा सेन्धानमक (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को थोड़े गरम जल से प्रातःकाल पान करे । मल, मूत्र तथा वातप्रतिलोम के कारण उत्पन्न शूल को नाश करता है और जठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला है ॥ ६१ ॥

आमशूले चित्रकादिकषायः—

चित्रकग्रन्थिकैरण्डशुण्ठीधान्यजलैः स्मृतम् ॥ ६२ ॥
शूलानाहविबन्धेषु सहिङ्गुविडसैन्धवम् ।

आमशूल में चित्रकादि कषाय—चित्रक, पिपरामूल, एरण्ड की जड़, सोंठ तथा धनिया (समभाग) इन द्रव्यों के क्वथित जल को हिंगु, विडनमक एवं सेंधानमक मिलाकर शूल, आनाह (विबन्ध के साथ वायु से पेट का फूलना), तथा मलावरोध में गरम जल के साथ पान करे ।

आमशूले दीप्यकादिचूर्णम्—

दीप्यकं सैन्धवं पथ्या नागरं च चतुःपलम् ।
चूर्णं शूलं जयत्येतत्सन्नस्याग्नेश्च दीपनम् ॥ ६३ ॥

आमशूल में दीप्यकाग्निचूर्ण—दीप्यक (अजवायन), सेंधानमक, हर्रे तथा सोंठ समभाग चार पल इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे । यह चूर्ण शूल को जीत लेता है और मन्दाग्नि को भी प्रदीप्त करता है ॥ ६३ ॥

शूले पटोलादिकषायः—

पटोलत्रिफलारिष्टकाथं मधुयुतं पिबेत् ।
पित्तश्लेष्मज्वरच्छर्दिदाहशूलोपशान्तये ॥ ६४ ॥

शूलरोग में पटोलादिकषाय—परोरा का पञ्चांग, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा अरिष्ट (नीम) की छाल, इन द्रव्यों के कषाय को मधु मिलाकर पित्तश्लेष्म ज्वर, वमन, दाह तथा शूल की शान्ति के लिये पान करे ॥ ६४ ॥

द्वन्द्वजशूलचिकित्सा—

संसृष्टदोषजे चापि या क्रिया कथिता पृथक् ।
एकीकृत्य प्रयुञ्जीत तां शूले तु द्विदोषजे ॥ ६५ ॥

द्वन्द्वजशूल चिकित्सा—वातिक, पैत्तिक तथा श्लैष्मिक शूल की क्रिया (चिकित्सा) पहले अलग-अलग जो बताई गई है उन सभी क्रियाओं को एकत्र कर द्विदोषज शूल में प्रयोग करे। अर्थात् वातपैत्तिकशूल में, वातशूल तथा पित्तशूल की जो चिकित्सा बताई गई है उसको करे ॥ ६५ ॥

वमनं रेचनं चैव वीक्ष्य दोषबलाबलम् ।
कर्तव्यं कफपित्तोक्तं यथादोषं भिषग्जितम् ॥ ६६ ॥

शूल के रोगी के दोष के बलाबल को देखकर दोषों के अनुसार वैद्य द्वारा परीक्षित, कफ एवं पित्त शूल में बताये गये वमन तथा विरेचन कर्म को करे ॥ ६६ ॥

कफवातशूले रुचकादिचूर्णम्—

चूर्णं समं रुचकहिङ्गुमदीपधानां
शुण्ठ्यम्बुना कफसमीरणसंभवासु ।
हृत्पार्श्वपृष्ठजठरार्तिविपूचिकासु
पेयं तथा यवरसेन च विड्विबन्धे ॥ ६७ ॥

कफवातशूल में रुचकादि चूर्ण—रुचक (सौवर्चल नमक), शु० हिंगु तथा सोंठ, समभाग इन द्रव्यों के चूर्ण को कफवातजन्य हृदय, पार्श्वपृष्ठ तथा उदरशूल एवं विपूचिका रोग में सोंठ के क्वाथ के साथ पान करे और इसी चूर्ण को मलविबन्ध में यव के रस के साथ पान करे ॥ ६७ ॥

काथेन चूर्णपानं यत्तत्र काथप्रधानता ।
प्रवर्तते न तेनात्र चूर्णापेक्षी चतुर्गुणः ।
हिङ्गुनः स्वल्पमानोक्तः समशब्दे सहार्थता ॥ ६८ ॥

जहां पर क्वाथ के साथ चूर्ण को सेवन करने के लिये बताया गया है वहां क्वाथ की प्रधानता रहती है। अतः यहाँ पर चूर्ण की अपेक्षा चौगुना जल नहीं लिया जाता है। जहाँ पर हिंगु को स्वल्प मात्रा में ग्रहण करने के स्थान पर, सम शब्द का प्रयोग किया गया हो, वहाँ सम शब्द से साथ अर्थ लेना चाहिए अर्थात् हिंगु के साथ सेवन करे ऐसा समझना चाहिए ॥ ६८ ॥

शूले हिङ्ग्वादियोगः—

हिङ्गु त्रिकटुकं कुष्ठं यवक्षारोऽथ सैन्धवम् ।
मातुलुङ्गरसे पेयं प्लीहशूलरुजापहम् ॥ ६९ ॥

शूलरोग में हिंग्वादि योग—शु० हिंगु, त्रिकटुक (सोंठ, पीपर, मरिच), कूठ, यवक्षार तथा सेन्धानमक, इन द्रव्यों के चूर्ण को विजौरा नीबू के रस में मिलाकर पान करे। यह प्लीहावृद्धि तथा शूल रोग को नाश करता है ॥६९॥

शूले अपथ्यानि—

व्यायामं मैथुनं मद्यं लवणं कटुकानि च ।
वेगरोधं शुचं क्रोधं त्यजेच्छूली च वैदलम् ॥ ७० ॥

शूलरोग में अपथ्य—शूलरोग से पीड़ित व्यक्ति व्यायाम, मैथुन, मद्यपान, नमक, कड़वी पदार्थ, मल, मूत्र तथा वात के आये वेगों को रोकना, शोक, क्रोध तथा सभी प्रकार के दाल का सेवन छोड़ दे ॥ ७० ॥

हृच्छूले बीजपूररसयोगः—

सुपक्वबीजपूरस्य रसः सैन्धवमिश्रितः ।
पीतः पथ्याशिनो हन्ति हृच्छूलमतिदारुणम् । ७१ ॥

हृदयशूल में बीजपूर रस योग—अच्छी तरह परिपक्व विजौरा निम्बू का रस, सेन्धानमक मिलाकर पान करने से पथ्यपूर्वक खानेवाले या हरें को सेवन करनेवाले व्यक्ति के भयंकर हृदयशूल को नाश करता है ॥ ७१ ॥

शूले सुवर्चलादियोगः—

सुवर्चलाभया हिङ्गुरजमोदा च सैन्धवम् ।
स्वर्जियवोद्भवः क्षारः पयो भुक्तं च शूलहृत् ॥ ७२ ॥
सुवर्चला जीरकमम्लवेतसं समं त्रयं द्व्यंशमरीचचूर्णकम् ।
सुपक्वपूरस्य रसेन भावितं जलेन पीतं खलु वातशूलहृत् ॥ ७३ ॥

शूलरोग में सुवर्चलादि योग—सुवर्चला (हुरहुर), हरें, शु० हिंगु, अजमोदा, सेंधानमक, स्वर्जिक्षार, यवक्षार तथा जल—इन द्रव्यों को भक्षण करने से शूलरोग नष्ट होता है। सुवर्चला (हुरहुर), स्याहजीरा तथा अम्लवेंत समभाग, मरिच दो भाग—इन द्रव्यों का चूर्ण, अच्छी तरह परिपक्व बिजौरा नीबू के रस से भावित कर जल के साथ पान करने से वातशूल को शीघ्र दूर करता है ॥ ७२-७३ ॥

शूले एरण्डमूलादिघृतम्—

एरण्डमूलं बृहतीं श्वदंष्ट्रां पुनर्नवामिक्षुरकस्य मूलम् ।
शतावरीं हंसपदीं च दद्यान्महासहां क्षुद्रसहां विदारीम् ॥ ७४ ॥
बिल्वस्य मूलं च शृगालविन्नां निदिग्धिकां सर्षपजीवकां च ।
सगोक्षुराह्वां सहदेविकां च पचेत्कषायं जलपादशिष्टम् ॥७५॥
तेनैव कल्केन पिबेद् घृतं हि रसेन पक्वं फलपूरकस्य ।
चतुर्विधं हन्त्यचिरेण शूलं प्रसह्य मेघानिव मातरिश्वा ॥ ७६ ॥

शूलरोग में एरण्डमूलादि घृत—एरण्ड की जड़, वनभंटा, गोखरू, पुनर्नवा, इक्षुरक (कास) का मूल, शतावरी, हंसपदी (लाल रंग का लज्जालु), महासहा (सापपर्णी), क्षुद्रसहा (मुद्गपर्णी), विदारीकन्द, बेल की जड़, शृंगालविन्ना (क्रोष्टुविन्ना "पिठवन"), निर्दिग्धका (भटकटैया), सर्षप (सरसो), जीवक, गोखरू तथा सहदेविका (महाबला "सहदेइया") समभाग इन द्रव्यों को घृत का चौगुना लेकर क्वाथ बनावे और चतुर्थांश शेष क्वाथ में इन्हीं द्रव्यों का कल्क (घृत का चौथाई) तथा घृत मिलाकर पकावे। सिद्ध हो जाने पर परिपक्व विजौरा नीबू के रस के साथ (मात्रापूर्वक एक तोला की मात्रा में) पान करे। यह घृत चार प्रकार के शूल (वातज, पित्तज, कफज तथा आमज) को शीघ्र ही नाश करता है। जैसे वायु मेघ को हठपूर्वक नाश कर देता है ॥ ७४-७६ ॥

शूले वमनयोगाः—

निम्बक्काथेन वमनं कटुतुम्बीजलेन वा।
पटोलपत्रक्काथेन कारवेल्लोदकेन वा ॥ ७७ ॥
क्षीरमाकण्ठतः पीत्वा मदनक्काथसंयुतम्।
यष्ट्याह्वादिकषायेण वमनं परमुच्यते ॥ ७८ ॥

शूलरोग में वमन योग—नीम की छाल का क्वाथ, कड़वी तुम्बी का जल या परोरा की पत्ती का क्वाथ अथवा कारवेल्ल (करैला) के रस या क्वाथ से वमन कराये। मदनफल के क्वाथ को मिलाकर दूध को कण्ठपर्यन्त (अधिक से अधिक) पान कर वमन कराये। मुलेठी के कषाय से वमन उत्तम कहा गया है ॥ ७७-७८ ॥

शूले विरेचनयोगाः—

दन्ती त्रिवृन्महाश्यामा-कम्पिल्लकटुकाह्वयाः।
नीलिका नागरं चूर्णं तैलेनैरण्डजेन वै ॥ ७९ ॥
युक्तं विरेचनं सद्यः पक्तिशूलनिवारणम्।
त्रिफलाक्काथगोमूत्रक्षौद्रक्षीररसैः पृथक् ॥ ८० ॥
एरण्डतैलं द्विगुणैस्ततः पीतं विरेचनम्।
बीजपूररसोपेतो गुडः श्लेष्मसमुद्भवम् ॥ ८१ ॥
हृद्रोगं नाभिशूलं वा गुल्मं वा हन्ति निश्चितम्।

शूल में विरेचन योग—दन्ती, निशोथ, महाश्यामा (सीसम "शिंशपा"), कम्पिल्लक (कबीला), कुटकी, नीलिनी तथा नागर (सोंठ) इन द्रव्यों के चूर्ण एरण्ड तैल के साथ प्रयोग करने से विरेचनकारक होते हैं और यह विरेचन पक्तिशूल (परिणामशूल) को दूर करता है। त्रिफला का क्वाथ,

गोमूत्र, मधु, दूध, मांसरस ये द्रव्य दो भाग, एरण्ड तैल एक भाग मिलाकर अलग-अलग पान करने से, विरेचनकारक (दस्तावर) होते हैं। विजौरा नीबू के रस के साथ गुड़ का प्रयोग, कफजन्य हृदयरोग या नाभिशूल या गुल्मरोग को निश्चय ही नाश करता है।

शूले क्षुद्रादिकषायः—

रिङ्गिणी वृहती बिल्वं बीजपूराह्वयोऽश्मभित् ॥ ८२ ॥
गोक्षीरेणान्वितैरेतैः कृतः काथोऽतिशीतलः।
एलाहिङ्गुयवक्षारसैन्धवप्रतिवापितः ॥ ८३ ॥
पीत एरण्डतैलेन कटिहृद्गुदमेढ्रजम्।
जाठरं नाभिशूलं च पृष्ठकुक्षिसमाश्रितम् ॥ ८४ ॥
शिरःकर्णाक्षिशूलं च नाशयत्यतिवेगतः।

शूलरोग में क्षुद्रादि कषाय—रिङ्गिणी[1] (कैवर्तिका "केवटीमोथा"), वनभंटा, बेल, बिजौरा, नीबू तथा पाषाणभेद एवं गाय का दूध मिलाकर बनाया हुआ क्वाथ अधिक शीतल होता है। यह क्वाथ बड़ी इलायची, शु० हिंगु, यवक्षार तथा सेन्धानमक से प्रतिवापित कर एरण्ड तैल के साथ पान करने से कटि, हृदय मलेन्द्रिय, मूत्रेन्द्रिय, उदर तथा नाभिशूल एवं पृष्ठदेश तथा उदरस्थित शूल और शिर, कर्ण एवं नेत्रशूल को अत्यन्त वेग से नाश करता है।

शूले अजमोदादिक्काथः—

अजमोदा वचा हिङ्गु लवणं विडपूर्वकम्।
शुण्ठी सुवर्चला कृष्णा वृहती रिङ्गिणी तथा ॥ ८५ ॥
बीजपूरस्य बीजानि तुम्बुरुः समभागतः।
कृतकाथस्य पानेन यान्ति शूलान्यनेकधा ॥ ८६ ॥

शूलरोग में अजमोदादि क्वाथ—अजमोदा, वच, हिंगु, सेन्धानमक, विडनमक, सोंठ, सुवर्चला (हुरहुर), पिप्पली, वनभंटा, रिङ्गिणी (केवटीमोथा) बिजौरा नीबू के बीज तथा तुम्बरु समभाग—इन द्रव्यों को लेकर क्वाथ बनावे। इस क्वाथ को पान करने से अनेक प्रकार के शूल नष्ट हो जाते हैं ॥ ८५-८६ ॥

सर्वशूले वचादिचूर्णम्—

वचा सुवर्चला हिङ्गु कुष्ठमिन्द्रयवाः समम्।
चूर्णमुष्णाम्भसा पीतं सर्वशूलनिकृन्तनम् ॥ ८७ ॥

सभी प्रकार के शूल में वचादि चूर्ण—वच, सुवर्चला (हुरहुर), हिंगु,

---

१. पालव में प्रसिद्ध।

कूट तथा इन्द्रयव समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण, जल के साथ पान करने से सभी प्रकार के शूल को नाश करता है ॥ ८७ ॥

सर्वशूले अजमोदाद्यं चूर्णम्—

अजमोदा वचा कुष्ठमम्लवेतससैन्धवम् ।
स्वर्जिक्षारो हिङ्गु पथ्या त्रिकटु ब्रह्मदण्डिका ॥ ८८ ॥
मुस्ता सुवर्चला पूररसं सबिडपूर्वकम् ।
पीतं तक्रान्वितं चूर्णममीषां सर्वशूलहृत् ॥ ८९ ॥

सभी प्रकार के शूल में अजमोदाद्य चूर्ण—अजमोदा, वच, कूट, अम्लवेत, सेन्धानमक, सज्जीखार, हिंगु, हर्रे, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), ब्रह्मदण्डिका (ब्रह्मदण्डी), मोथा, सुवर्चला (हुरहुर), विडनमक, (समभाग)—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर पूररस (बिजौरा नीबू के रस) से भावित कर तक्र के साथ पान करने से सभी प्रकार के शूल को दूर करता है ॥ ८८-८९ ॥

शूले वचादिचूर्णम्—

वचाऽभया बिडं शुण्ठी हिङ्गु कुष्ठाग्निदीप्यकाः ।
द्वित्रिषट्चतुरेकाष्टसप्तपञ्चांशकाः क्रमात् ॥ ९० ॥
चूर्णं मध्वादिभिः पीतं शूलानाहोदरापहम् ।
गुल्मार्शःश्वासकासघ्नं ग्रहणीपाण्डुरोगहृत् ॥ ९१ ॥

शूलरोग में वचादि चूर्ण—वच, हर्रे, विडनमक (बिरियानमक), सोंठ, हिंगु, कूट, चित्रक, अजवायन, क्रम से दो, तीन, छः, चार, एक, आठ, सात तथा पांच भाग (अर्थात् वच दो भाग, हर्रे तीन भाग, विडनमक छः भाग, सोंठ चार भाग, हिंगु एक भाग, कूट आठ भाग, चित्रक सात भाग, अजवायन पांच भाग), लेकर चूर्ण बनावे । यह चूर्ण मध्वादि (मधु, गरम जल, सूक्त, सुरा आदि) के साथ पान करने से शूल, आनाह (विबन्ध युक्त वायु से पेट फूलना), उदररोग, गुल्मरोग, अर्श, श्वास और कास को नाश करनेवाला तथा ग्रहणी एवं पाण्डुरोग को दूर करनेवाला है ॥ ९०-९१ ॥

परिणामशूलचिकित्सा—

निम्बक्काथेन वमनं कटुतुम्बीरसेन वा ।
पेयं घृतेन तोयेन सुखोष्णेन सुचूर्णितम् ॥ ९२ ॥
परिणामोद्भवं शूलं त्रिफलालोहचूर्णकम् ।
भक्षितं मधुना सार्धं नाशयत्यतिवेगतः ॥ ९३ ॥

परिणामशूल चिकित्सा—नीम के क्वाथ या कड़वी तुम्बी (लौकी) के रस से परिणामशूल में वमन कराये । या नीम तथा कड़वी लौकी का चूर्ण थोड़े गरम जल से पान कराये । त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) का चूर्ण

तथा लोह का भस्म, मधु के साथ भक्षण करने से परिणामजन्यशूल को अति शीघ्र नाश करता है ॥ ९२-९३ ॥

अजमोदा तथा पाठा त्रिकटु समचूर्णितम् ।
भुक्तमुष्णाम्भसाऽजीर्णशूलनिर्मूलनक्षमम् ।

अजमोदा, पाठा (पाढ़ी), त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण, उष्णजल के साथ भक्षण करने से अजीर्णजन्यशूल को नाश करने में समर्थ होता है ।

शूले लघुशङ्खभस्मयोगः—

शूलोदये शूलशान्त्यै लघुशम्बूकभस्म च ॥ ९४ ॥

शूल में लघुशङ्खभस्म चूर्ण—शूल के उत्पन्न होने पर शूल की शान्ति के लिये छोटी जल शुक्ति का भस्म (मधु के साथ) भक्षण करे ॥ ९४ ॥

शूले विडङ्गादिमोदकः—

विडङ्गतण्डुलव्योषं त्रिवृद्दन्ती च चित्रकः ।
सर्वाण्येतानि चाहृत्य सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ ९५ ॥
गुडेन मोदकान् कृत्वा भक्षयेत्प्रातरुत्थितः ।
उष्णोदकानुपानं तु दद्यादग्निविवर्धनम् ॥ ९६ ॥
जयेत्त्रिदोषजं शूलं परिणामसमुद्भवम् ।

शूलरोग में विडङ्गादि मोदक—विडङ्गतण्डुल (वायविडंग), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), निशोथ, दन्ती तथा चित्रक (समभाग) इन द्रव्यों को एकत्र कर महीन चूर्ण बनावे और गुड़ की चासनी बनाकर इस चूर्ण को मिला दे और मोदक (छः मासे) बना ले तथा उसको प्रातःकाल गरम जल से भक्षण करे । यह मोदक अग्नि को बढ़ाता है और त्रिदोषज शूल एवं परिणाम-जन्यशूल को जीत लेता है ।

परिणामशूले नागरादिकल्कः—

नागरतिलगुडकल्कं पयसा संसाध्य यः पुमानद्यात् ।
उग्रपरिणामशूलं तस्यापैति सप्तरात्रेण ॥ ९७ ॥

परिणामशूल में नागरादि क्वाथ—सोंठ, तिल तथा गुड़ का कल्क दूध में पकाकर जो व्यक्ति खाता है उसका भयंकर परिणामशूल, सात रात्रि तक भक्षण करने से दूर हो जाता है ॥ ९७ ॥

शूले एरण्डादियोगः—

एरण्डवह्निशम्बूकवर्षाभूगोक्षुरं समम् ।
अन्तर्दग्ध्वा पिबेदद्भिरुष्णाभिः शूलशान्तये ॥ ९८ ॥

शूलरोग में एरण्डादि योग—एरण्ड बीज, चित्रक, जलशुक्ति, पुनर्नवा तथा गोखरू समभाग लेकर अन्तर्दग्ध (इन द्रव्यों को हाड़ी में बन्द कर ऊपर से कपड़मिट्टी कर दे और आग में रखकर जलाये। जल जाने पर निकाल कर पीस ले) कर पीस ले और गरम जल से शूल को शान्त करने के लिये पान करे ॥ ९८ ॥

परिणामशूले शम्बूकादिवटिका—

शम्बूकं त्र्यूषणं चैव पञ्चैव लवणानि च ।
समांशा गुटिकाः कृत्वा कलम्बुकरसेन च ॥ ९९ ॥
प्रातर्भोजनकाले वा भक्षयेत्तु यथाबलम् ।
शूलाद्विमुच्यते जन्तुः सहसा परिणामजात् ॥ १०० ॥

परिणामशूल में शम्बूकादि वटिका—शम्बूक (जलशुक्ति), त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), पाचों लवण (सेन्धानमक, सौवर्चल, विड, सांभर तथा सामुद्रनमक)—इन द्रव्यों को समभाग लेकर चूर्ण बनावे, और उसको कलम्बुक (करमी या पोई शाक) रस के साथ गुटिका बनावे, और प्रातःकाल या भोजन के समय बल के अनुसार भक्षण करे। इसको सेवन करने से शीघ्र ही मनुष्य परिणामजन्य शूल से मुक्त हो जाता है ॥ ९९–१०० ॥

पक्तिशूले लोहयोगाः—

लोहचूर्णं वरायुक्तं विलीढं मधुसर्पिषा ।
पक्तिशूलं च शमयेत्तत्किट्टं वा प्रयोजितम् ॥ १०१ ॥

पक्ति (परिणाम) शूल में लौह योग—लौहभस्म तथा वरा (त्रिफला) चूर्ण, मधु तथा घृत के साथ चाटने से परिणामशूल को शान्त करता है। या तत्किट्ट (लौहकिट्ट "मण्डूर") भस्म तथा विडंग चूर्ण, मधु तथा घृत के साथ चाटने से परिणामशूल को शान्त करते हैं ॥ १०१ ॥

परिणामोद्भवं शूलं त्रिफलालोहचूर्णकम् ।
भक्षितं मधुना सार्धं नाशयत्यतिवेगतः ॥ १०२ ॥

त्रिफला चूर्ण तथा लौहभस्म, मधु के साथ खाने से परिणामजन्यशूल को शीघ्र ही नाश करता है ॥ १०२ ॥

कृष्णायालोहचूर्णं लिह्यात्समधुशर्करम् ।
परिणामभवं शूलं सद्यो हन्ति सुदारुणम् ॥ १०३ ॥

पीपर तथा हर्रे का चूर्ण, लौहभस्म, मधु तथा शक्कर मिलाकर चाटे। यह भयंकर परिणामजन्य शूल को शीघ्र ही नाश करता है ॥ १०३ ॥

पथ्यालोहरजःशुण्ठीचूर्णं माक्षिकसर्पिषा ।
परिणामरुजं हन्ति वातपित्तकफात्मकम् ॥ १०४ ॥

हर्रे चूर्ण, लौहभस्म तथा सोंठ चूर्ण, मधु तथा घृत के साथ चाटने से वातज, पित्तज तथा कफज परिणामशूल को नाश करता है ॥ १०४ ॥

परिणामशूले कोलादिमण्डूरम्—

कोलग्रन्थिकशृङ्गबेरचपलाक्षारैः समं चूर्णितं
मण्डूरं सुरभीजलेऽष्टगुणिते प्रक्वाथ्य सान्द्रीकृतम् ।
तत्खादेदशनादिमध्यविरतौ प्रायेण दुग्धान्नभुक्
जेतुं वातकफामयान्परिणतौ शूलान्यशेषाणि च ॥ १०५ ॥

परिणामशूल में कोलादि मण्डूर—कोल (बैर), ग्रन्थिक (पिपरामूल), सोंठ, पीपर समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण तथा चूर्ण के बराबर मण्डूरभस्म लेकर सुरभी-जल (गोमूत्र) आठ भाग में पकाकर गाढ़ा बनावे और इसको भोजन के प्रारम्भ, मध्य या अन्त में भक्षण करे तथा दूध और भात खाय। परिणामशूल में वातकफजन्य शूल को एवं सभी प्रकार के शूलों को जीत लेता है ॥ १०५ ॥

परिणामशूले भीमवटकमण्डूरम्—

कोलग्रन्थिकसहितैर्विश्वौषधमगधजायवक्षारैः ।
प्रस्थमयोमलरजसः पलांशकैश्चूर्णितैर्मिश्रैः ॥ १०६ ॥
अष्टगुणमूत्रयुक्तं क्रमपाकात्पिण्डतां नयेत्सर्वम् ।
कोलप्रमाणवटकास्तिस्रो भोज्यादिमध्यविरतौ च ॥ १०७ ॥
रससर्पियूषपयोमांसैरश्नन्नरो निवारयति ।
अन्नविवर्धनशूलं गुल्मप्लीहाग्निसादांश्च ॥ १०८ ॥

परिणामशूल में भीमवटक योग—बैर, पिपरामूल, सोंठ, पीपर तथा यवक्षार एक-एक पल मण्डूरभस्म एक प्रस्थ (सेर) चूर्ण बनावे। (मण्डूर को गोमूत्र, मट्ठा आदि से बुझाकर शुद्ध कर लेना चाहिए) और सबको मिलाकर अठगुने गोमूत्र में क्रमशः पकाकर गाढ़ा बना ले तथा बैर के बराबर वटिका बनाकर तीन वटी में एक वटी भोजन के पहले, एक वटी भोजन के मध्य में तथा एक वटी भोजन के अन्त में जल, घृत, यूष, दूध या मांसरस के साथ पान करता हुआ मनुष्य अन्नाजीर्णजन्य या परिणामजन्य शूल तथा गुल्मरोग, प्लीहा-वृद्धि एवं मन्दाग्नि को दूर करता है ॥ १०६–१०८ ॥

परिणामशूले चपलामण्डूरम्—

लोहकिट्टपलान्यष्टौ गोमूत्रेऽष्टगुणे पचेत् ।
चपलानागरक्षारपिप्पलीमूलचित्रकम् ॥ १०९ ॥
संचूर्ण्य निक्षिपेत्तस्मिन् पलांशं सान्द्रतां गते ।
गुटिकां कल्पयेत्तेन पक्तिशूलनिवारणीम् ॥ ११० ॥

परिणामशूल में चपला (पिप्पली) मण्डूर—लोहकिट्ट (मण्डूर), भस्म आठ पल (छटांक), अठगुने गाय के मूत्र में पकावे, और पीपर, सोंठ, यवक्षार, पिपरामूल तथा चित्रक एक-एक पल—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर छोड़ दे। गाढ़ा हो जाने पर गुटिका बनावे। यह गुटिका परिणामशूल को दूर करती है ॥ १०९–११० ॥

परिणामशूले शतावरीमण्डूरम्—

संशोध्य चूर्णितं कृत्वा मण्डूरस्य पलाष्टकम् ।
शतावरीरसस्याष्टौ दध्नस्तु पयसस्तथा ॥ १११ ॥
पलान्यादाय चत्वारि तथा गव्यस्य सर्पिषः ।
विपचेत्सर्वमैकध्यं यावत्पिण्डत्वमागतम् ॥ ११२ ॥
सिद्धं तं भक्षयेन्मध्ये भोजनस्याग्रतोऽपि वा ।
वातात्मकं पित्तभवं शूलं च परिणामजम् ॥ ११३ ॥
निहन्त्येव हि योगोऽयं मण्डूरस्य न संशयः ।
भवेद् गन्धः शुभः पाके वर्तिः स्याद् गाढवर्तनात् ॥ ११४ ॥

परिणामशूल में शतावरी मण्डूर—मण्डूर आठ पल लेकर गोमूत्र आदि में शुद्ध कर शतावरी का रस आठ पल, दही आठ पल तथा दूध आठ पल, और गाय का घृत चार पल—इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर पकावे जब तक गाढ़ा न हो जाय। सिद्ध हो जाने पर (वैर के बराबर) भोजन के मध्य में या पहले भी भक्षण करे। यह शतावरी मण्डूर वातजन्य, पित्तजन्य तथा परिणामजन्य शूल को नाश करता है इसमें सन्देह नहीं है। यह अच्छी तरह पक जाने पर सुगन्ध हो जाता है तथा अच्छी तरह मसलने से वर्ति बन जाती है ॥ १११–११४ ॥

परिणामशूले तारामण्डूरवटकः—

विडङ्गं चित्रकं चव्यं त्रिफला त्र्यूषणानि च ।
नवभागानि चैतानि लोहकिट्टसमानि च ॥ ११५ ॥
गोमूत्रं द्विगुणं कृत्वा मूत्राद् द्विकगुडान्वितम् ।
शनैर्मृद्वग्निना कृत्वा सुसिद्धं पिण्डतां गतम् ॥ ११६ ॥
स्निग्धे भाण्डे विनिक्षिप्य भक्षयेत्कोलमात्रया ।
प्राङ्मध्यान्तप्रयोगेण भोजनस्य प्रयोजितः ॥ ११७ ॥
योगोऽयं शमयत्याशु पक्तिशूलं सुदारुणम् ।
कामलां पाण्डुरोगं च शोषं मन्दाग्नितामपि ॥ ११८ ॥
अर्शांसि ग्रहणीदोषं कृमिगुल्मोदराणि च ।
नाशयेदम्लपित्तं च स्थौल्यं चैषापकर्षति ॥ ११९ ॥

वर्जयेच्छुष्कशाकानि विदाह्यम्लकटूनि च ।
पक्तिशूलान्तको ह्येष गुडो मण्डूरसंज्ञकः ।
शूलार्तानां कृपाभावात्तारया परिकीर्तितः ॥ १२० ॥

परिणामशूल में तारामण्डूर वटक—वायविडंग, चित्रक, चव्य, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच)—इन द्रव्यों को नव भाग लेकर चूर्ण बनावे और चूर्ण के बराबर शु० मण्डूरभस्म, सभी द्रव्यों के दुगुना गोमूत्र तथा मूत्र के दुगुना गुड़ मिलाकर मन्द आंच से धीरे-धीरे पकावे । पक्व पिण्ड के आकार में हो जाने के बाद वटक बनाकर घृत-स्निग्ध-भाण्ड में रखे और बेर के बराबर-बराबर मात्रा में भक्षण करे । यह वटक योग भोजन के पहले, मध्य तथा अन्त में प्रयोग करने से भयंकर परिणामशूल, कामलारोग, पाण्डुरोग, शोष (सूखा) रोग, मन्दाग्नि, अर्श, ग्रहणीदोष, कृमि-रोग, गुल्मरोग तथा उदररोग को शान्त करता है, अम्लपित्त को नाश करता है तथा स्थूलता को खींच लेता है । इसके प्रयोग-काल में सूखे शाक (आलू, बंडा, आदि) तथा विदाही, अम्ल तथा कटु पदार्थों को छोड़ दे । यह मण्डूरसंज्ञक गुड़ परिणामशूल को नाश करनेवाला है । शूलपीड़ित व्यक्तियों के ऊपर कृपा कर तारा ने बताया है । (अतः इसका नाम तारामण्डूर वटक है) ॥ ११५–१२० ॥

परिणामशूले त्रिफलालोहम्—

अक्षामलकशिवानां सुरसैः पक्वं सुलोहरजः ।
सगुडं यद्युपयुङ्क्ते मुञ्चति शूली त्रिदोषजं शूलम् ॥ १२१ ॥

परिणामशूल में त्रिफला लौह—बहेड़ा, आंवला तथा हर्रे के क्वाथ में लौहभस्म तथा गुड़ मिलाकर पकाकर जो शूलरोग से पीड़ित व्यक्ति खाता है वह त्रिदोषजन्य परिणामशूल को दूर कर देता है ॥ १२१ ॥

शूले धात्रीलोहम्—

धात्रीचूर्णस्याष्टौ पलानि चत्वारि लोहचूर्णस्य ।
यष्टीमधुकरजश्च द्विपलं दद्यात्पटे घृष्टम् ॥ १२२ ॥
अमृताक्वाथेनैतच्चूर्णं भाव्यं तु सप्ताहम् ।
चण्डातपेषु शुष्कं भूयः पिष्ट्वा नवे घटे स्थाप्यम् ॥ १२३ ॥
घृतमधुना संयुक्तं भक्तादौ मध्यतोऽन्ते च ।
त्रीनपि वारान् खादेत्पथ्यं दोषानुबन्धेन ॥ १२४ ॥
भक्तस्यादौ शमयति दोषान् पित्तानिलोद्भूतान् ।
मध्येऽम्लजविष्टम्भं जयति नृणां विदह्यते नाम्नम् ॥ १२५ ॥

पानान्नकृतान्दोषान् भुक्त्यन्ते शीलितं जयति ।
एवं जीर्यति चान्ने शूलं नृणां सुकष्टमपि ॥ १२६ ॥
हरति च सहसा युक्तो योगश्चायं जरत्पित्तम् ।
चक्षुष्यं पलितघ्नं कफपित्तसमुद्भवाञ्जयेद्रोगान् ।
प्रह्लादयति च रक्तं पाण्डुत्वं कामलां जयति ॥ १२७ ॥

शूल में धात्रीलौह—आंवला का चूर्ण आठ पल, लौहभस्म चार पल, गुलेठी का चूर्ण दो पल, कपड़े में छानकर इस चूर्ण को गुडूची के क्वाथ में सात दिन तक भावित करे। पुनः सूर्य के तेज धूप में सुखावे और पीसकर नवीन घड़े में (आधुनिक समय में शीशा के वर्तन या चीनी मिट्टी के वर्तन में) रक्खे। इस चूर्ण को घृत तथा मधु मिलाकर भोजन के आदि, मध्य तथा अन्त में दोषों के अनुसार पथ्यपूर्वक तीन वार भक्षण करे। भोजन के आदि में भक्षण करने से पित्त तथा वातजन्य दोषों को शान्त करता है। मध्य में भक्षण करने से अन्नजन्य विष्टब्ध (विष्टब्धाजीर्ण) को जीत लेता है तथा मनुष्यों के भक्षण किया हुआ अन्न विदाही नहीं होता है। भोजन के अन्त में भक्षण करने से मद्यपानजन्य तथा अन्न-जन्य अजीर्ण आदि दोषों को जीत लेता है। इसी प्रकार कष्टकारक-परिणामजन्य शूल को शीघ्र ही दूर करता है तथा यह योग प्रयोग करने से जरत्पित्त शूल को भी दूर करता है। नेत्रों के लिये हितकर है, पलित (असमय में वाल पकना) को नाश करने-वाला है तथा कफ-पित्तजन्य रोगों को जीत लेता है। रक्त को साफ करता है और पाण्डुरोग तथा कामलारोग को भी जीत लेता है ॥ १२२–१२७ ॥

शूले खण्डामलकीयं रसायनम्—

स्विन्नपीडितकूष्माण्डतुलार्धं भृष्टमाज्यके ।
प्रस्थार्धे खण्डतुल्यं तु पचेदामलकीरसात् ॥ १२८ ॥
प्रस्थे तु स्विन्नकूष्माण्डरसप्रस्थे च घट्टयन् ।
दर्वीलेपं गते तस्मिंश्चूर्णीकृत्य विनिक्षिपेत् ॥ १२९ ॥
द्वे द्वे पले कणाजाज्योः शुण्ठीनां मरिचस्य च ।
पलं तालीसधान्याकचातुर्जातकमुस्तकम् ॥ १३० ॥
कर्षप्रमाणं प्रत्येकं प्रस्थार्धं माक्षिकस्य च ।
पक्तिशूलं निहन्त्येतद्दोषत्रयकृतं च यत् ॥ १३१ ॥
छर्द्यम्लपित्तमूर्च्छाश्च श्वासकासावरोचकम् ।
हृच्छूलं रक्तपित्तं च पृष्ठशूलं प्रणाशयेत् ॥ १३२ ॥
रसायनमिदं श्रेष्ठं खण्डामलकसंज्ञकम् ।

शूलरोग में खण्डामलकीय रसायन—उवालकर मसले हुए श्वेत कूष्माण्ड

को आधा तुला (ढाई सेर) लेकर घृत आधा प्रस्थ में भून ले और कूष्माण्ड के बराबर खण्ड (शक्कर) ढाई सेर मिलाकर आंवला का रस एक प्रस्थ, उबाले कूष्माण्ड का रस एक प्रस्थ डालकर घोट-घोट कर पकावे (पकाने के लिये कलईदार कड़ाही तथा लकड़ी का डंडा लेना चाहिए) दर्वीलेप पाक हो जाने पर, पीपर दो पल (छटांक), स्याहजीरा दो पल, सोंठ एक पल, मरिच एक पल, तालीसपत्र, धनिया, चातुर्जात (दालचीनी, इलायची, तेजपत्र, नागकेशर) तथा मोथा एक-एक कर्ष (तोला)—इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर छोड़ दे। शीतल होने पर मधु आधा प्रस्थ मिला दे। यह खण्डामलकीयरसायन त्रिदोषजन्य परिणामशूल को नाश करता है और वमन, अम्लपित्त, मूर्च्छा, श्वासवृद्धि, कास, अरोचक, हृदयशूल, रक्तपित्त तथा पृष्ठशूल को भी नाश करता है। यह खण्डामलकीय नामक रसायन श्रेष्ठ है॥

शूले नालिकेरखण्डः—

कुडवमितमिह स्यान्नालिकेरं सुपिष्टं
पलपरिमितसर्पिःपाचितं खण्डतुल्यम्।
निजपयसि तदेतत्प्रस्थमात्रे विपक्वं
गुडवदथ सुशीते शाणभागान् क्षिपेच्च॥ १३३॥
धान्याकपिप्पलिपयोदतुगाद्विजीरं
शाणं त्रिजातसितकेसरवद् विचूर्ण्य।
हन्त्यम्लपित्तमरुचिक्षयमस्रपित्तं
शूलं च मांसबलपौरुषकारि श्रेष्ठम्॥ १३४॥

शूलरोग में नारिकेलखण्ड—नारियल का पिसा हुआ गूदा एक कुडव (एक पाव) लेकर एक पल (छटांक) घृत में भून कर एक पाव शक्कर मिलाकर पकावे और उसमें नारियल का पानी एक प्रस्थ (सेर) मिला दे तथा गुडपाक पका ले। शीत होने पर धनिया, पीपर, पयोद (मोथा), तुगा (वंशलोचन), द्विजीर (सफेदजीरा तथा स्याहजीरा), त्रिजात (दालचीनी, इलायची, तेजपत्र), सितकेशर (कमल का पराग)—इन द्रव्यों का एक-एक शाण (तीन मासा) लेकर चूर्ण बनाकर छोड़ दे। यह नारिकेलखण्ड अम्लपित्त, अरुचि, क्षय, रक्तपित्त तथा शूल को नष्ट करता है और तथा मांस, बल एवं पुंस्त्वशक्ति को अच्छी तरह बढ़ानेवाला है॥ १३३–१३४॥

---

१. वस्तुतः 'सितकेसर' के स्थान पर 'इभकेसर' (नागकेशर) होना चाहिए (त्रिजातमिभकेसरकं विचूर्ण्य) क्योंकि 'सितकेसरक' का निघण्टु में नाम नहीं आया है और "भैषज्यरत्नावली" पृ० ४६४ में "नारिकेलखण्ड" के प्रक्षेप द्रव्यों में इभकेसर (नागकेशर) का पाठ किया है। (टीकाकार)

शूले कतिपययोगाः—

कलायसक्तुभागौ द्वौ लोहचूर्णस्य चापरः।
कारवेल्लपलाशानां रसेनैतद्विमर्दयेत् ॥ १३५ ॥
कर्षमात्रामतश्चैकां भक्षयेद् गुटिकां नरः।
मण्डानुपानां सा हन्ति जरत्पित्तं सुदुःसहम् ॥ १३६ ॥
लिह्याद्वा त्रिफलाचूर्णं पित्ते क्षौद्रसमन्वितम्।
त्रिवृच्चूर्णेन संयुक्तं लिह्यात्क्षौद्रेण हृद्गदे ॥ १३७ ॥

शूलरोग में कुछ योग—कलाय (मटर) का सक्तु दो भाग, लौहभस्म एक भाग—इन द्रव्यों को, कारवेल्ल (करैला) तथा पलास के रस के साथ मर्दन करे। इसमें से एक २ कर्ष (तोला) की मात्रा में वटिका बनावे और एक-एक वटी भक्षण करे और ऊपर से मण्ड पान करे। यह भयंकर जरत्पित्त को नाश करती है। पैत्तिक शूल में त्रिफला के चूर्ण को मधु के साथ चाटे या त्रिफला चूर्ण को निशोथ का चूर्ण मिलाकर मधु के साथ हृदय के जकड़न में चाटे ॥ १३५–१३७ ॥

अन्नद्रवशूलचिकित्सा—

पित्तान्तं वमनं कृत्वा कफान्तं च विरेचनम्।
अन्नद्रवे तु तत्कार्यं जरत्पित्ते यदीरितम् ॥ १३८ ॥
आमपक्वाशये शुद्धे गच्छेदन्नद्रवः शमम्।

अन्नद्रवशूल चिकित्सा—पैत्तिकशूल को नष्ट करनेवाले वमन, कफजशूल को नष्ट करनेवाले विरेचन को करके, जरत्पित्त में जो उपचार (वमन) बताया गया है उसको अन्नद्रवजन्य शूल में करना चाहिए। वमन कराने से पक्वाशयगत आम के निकल कर शुद्ध हो जाने पर अन्नद्रवजन्य शूल शान्त हो जाता है।

माषेण्डरी सतुषिका स्विन्ना सर्पिर्युता हिता ॥ १३९ ॥
गोधूममण्डकं तत्र सर्पिषा गुडसंयुतम्।
ससितं शीतदुग्धेन मृदितं वा हितं मतम् ॥ १४० ॥

माषेण्डरी (माषकी पिष्टी) को भूसी सहित उबाल कर घृत के साथ पकाकर सेवन करना अन्नद्रवजन्य शूल में हितकर है। गोधूम (गेहूँ) के मण्डक को मिश्री मिलाकर लसोड़ा के दूध से (या शीतल दूध के) साथ मर्दन कर सेवन करना हितकर माना गया है ॥ १३९–१४० ॥

शालितण्डुलमण्डं वा कवोष्णं सिक्थवर्जितम्।
वाट्यं क्षीरेण संसिद्धं घृतपूरं सशर्करम् ॥ १४१ ॥
शर्करां भक्षयित्वा वा क्षीरमुत्क्वथितं पिबेत्।

या जड़हन धान के चावल का माड़ सीठी निकाल, थोड़ा गरम कर या यव के चूर्ण को दूध में पकाकर घृत तथा शक्कर मिलाकर या केवल शक्कर को खाकर गरम दूध को अन्नद्रवजन्य शूल में पान करे।

पटोलपत्रयूषेण खादेच्चणकसक्तुकान् ॥ १४२ ॥
अन्नद्रवः सुदुर्ज्ञेयो दुश्चिकित्स्यो महागदः।
तेनातस्य प्रशमने पर यत्नं समाचरेत् ॥ १४३ ॥
अन्नद्रवे जरत्पित्ते वह्निमन्दो भवेद्यतः।
तस्मादन्नान्नपानानि मात्राहीनानि कल्पयेत् ॥ १४४ ॥
अन्नद्रवे तु यत्प्रोक्तं जरत्पित्तेऽपि तद्धितम्।
इति संक्षेपतः प्रोक्तमन्नद्रवचिकित्सितम् ॥ १४५ ॥

परोरा के पत्ता के यूष के साथ चना के सत्तू को भक्षण करे। अन्नद्रवजन्य शूल महान् रोग है, कठिनता से जानने योग्य तथा चिकित्सा करने योग्य है, अतः अन्नद्रव शूल के रोगी के शूल को शान्त करने के लिये उत्तम प्रयत्न करना चाहिए। क्योंकि अन्नद्रव जरत्पित्त में जाठराग्नि मन्द हो जाती है। इसलिये अन्नद्रवशूल में अन्न तथा पान पदार्थों को कम मात्रा में प्रयोग करे। अन्नद्रवशूल में जो चिकित्सा बताई गई है, वह जरत्पित्त में भी हितकर है। यह संक्षेप में अन्नद्रवशूल की चिकित्सा बताई गई है ॥ १४२–१४५ ॥

परिणामशूले त्रिफलालोहम्—

परिणामशूलमपहन्ति हठान्मधुलोहचूर्णसहिता त्रिफला।
क्वथितोदकेन मृदितं गालितं लघुशङ्खभस्म यदि वा बहुशः ॥१४६॥

परिणामशूल में त्रिफलालोह—त्रिफला का चूर्ण मधु तथा लौहभस्म के साथ या त्रिफला के क्वाथ से लघुशङ्ख (छोटशख) का भस्म मसल कर तथा छानकर अनेक वार प्रयोग करने से निश्चय ही परिणामशूल को नाश करता है ॥ १४६ ॥

शूले हरिणशृङ्गयोगः—

पुटप्रदग्धं हरिणस्य शृङ्गं घृतेन गव्येन निपीयमानम्।
हृत्पृष्ठशूलातिमपोहति द्राङ्नृणां हिताहारविहारभाजाम् ॥ १४७ ॥

शूलरोग में हरिण-शृङ्ग का प्रयोग—शराव-सम्पुट में रखकर जलाया हुआ हरिण के शृङ्ग का भस्म, गाय के घृत के साथ पान करने से हितकर आहार-विहार को सेवन करने वाले मनुष्यों के हृदयशूल तथा पृष्ठशूलजन्य पीड़ा को शीघ्र ही दूर करता है ॥ १४७ ॥

शूले रुचकादियोगः—

रुचकहिङ्गुमहौषधमिश्रितं पिबति यः क्वथितं सलिलं नरः।

अभिभवन्ति न तं कटिपृष्ठहृत्प्रभवशूलरुजो विषमा अपि ॥ १४८ ॥

शूलरोग में रुचकादियोग—रुचक (सौवर्चलनमक), शु० हिंगु तथा सोंठ, इन द्रव्यों के चूर्ण को (रुचक एक तो० हींग एक तो०, सोंठ चार तो०) गरम जल के साथ जो मनुष्य पान करता है उसको कमर, पीठ तथा हृदय में उत्पन्न शूल की भयंकर वेदनायें कष्ट नहीं देती हैं ॥ १४८ ॥

सौवर्चलं जीरकमम्लवेतसं तुल्यानि तेषां मरिचं सचित्रकम् ।
सुपक्वलुङ्गस्य रसेन भावितं सोष्णोदकं वातजशूलनाशनम् ॥ १४९ ॥

सौवर्चलनमक, स्याहजीरा, अम्लवेत समभाग तथा इन सभी द्रव्यों के बराबर मरिच एवं चित्रक को ले कर चूर्ण बनावे और परिपक्व बिजौरा निम्बू के रस से भावित कर गरम जल के साथ सेवन करे। यह वातजन्य शूल को नाश करता है ॥ १४९ ॥

शूले निदिग्धिकादिक्वाथः—

निदिग्धिकायुगलपुष्करमातुलुङ्ग-
बिल्वार्द्रमूलसहितोपलभेदयुक्तम् ।
क्वाथं च गोक्षुरयुतं सकलिङ्गमूलं
सेवेत्तथा यवजहिङ्गुमयं प्रपक्वम् ॥ १५० ॥

शूलरोग में निदिग्धिकादि क्वाथ—निदिग्धिका-युगल (वनभंटा तथा भटकटैया), पुष्करमूल, मातुलुंग (बिजौरा निम्बू), बेल इन द्रव्यों की गीली जड़ तथा उपलभेद (पाषाणभेद), गोखरू, कोरैया की जड़ की छाल, (समभाग) इन द्रव्यों को लेकर क्वाथ करे और उसमें इन्द्रयव तथा शु० हिंगु के चूर्ण को मिलाकर शूल रोग में सेवन करे ॥ १५० ॥

शूले कतिपययोगाः—

सौवर्चलं मागधमातुलुङ्गबीजाजमोदात्रिवृतावृहत्यः ।
शुण्ठी बिडं तुम्बुरुहिङ्गुचव्यमेषां पिबेच्छूलगदी कषायम् ॥ १५१ ॥

शूल रोग में कुछ योग—सौवर्चलनमक, पीपर, बिजौरा निम्बू का बीज, अजमोदा, निशोथ, वनभंटा, सोंठ, बिडनमक, तुम्बरु, शु० हिंगु तथा चव्य इन द्रव्यों के कषाय को शूल रोग से पीड़ित व्यक्ति पान करे ॥ १५१ ॥

लाजासमं कर्परभृष्टमुद्गमिश्रं कणासैन्धवजीरकेण ।
मण्डं पिबेच्छूलहरं सबालवृद्धा सगर्भा महिला हिताय ॥ १५२ ॥

लावा के बराबर कड़ाही में भूने हुए मूंग को लेकर चूर्ण बनावे और पीपर, सेन्धानमक तथा स्याहजीरा इन द्रव्यों का भी चूर्ण बनाले, तथा इन सबों का मण्ड (माड़) बनाकर, शूल को दूर करनेवाले इस माड़ को शूल रोग में लाभ करने के लिये बाल-वृद्ध एवं गर्भवती स्त्री भी पान करे ॥ १५२ ॥

रसेन मातुलुङ्गस्य संप्रयुक्तं गुडं पिबेत् ।
अथवा सैन्धवं वापि नाभिशूलनिवारणम् ॥ १५३ ॥

बिजौरा निम्बू के रस के साथ गुड़ मिलाकर पान करे, या सेधानमक को निम्बू के रस में मिलाकर नाभि के शूल को दूर करने के लिये पान करे ॥१५३॥

पटोलहिङ्गुशुण्ठीनां क्काथः क्वथितशीतलः ।
हृदये कटिपृष्ठे च शूलं हन्ति निषेवितः ॥ १५४ ॥

इति श्रीसोढलवैद्यविरचिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे शूलपरिणामशूलजरत्पित्तान्नद्रवाधिकारस्त्रयोविंशतितमः ।

परोरा, शु० हिंगु तथा सोंठ इन द्रव्यों को क्वाथ कर शीतल किया हुआ क्वाथ सेवन करने से हृदय, कमर तथा पृष्ठ के शूल को नाश करता है ॥ १५४ ॥

श्री सोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा खण्ड में तेईसवां शूल, परिणामशूल, जरत्पित्त, अन्नद्रवाधिकार समाप्त ।

अथोदावर्तानाहाधिकारश्चतुर्विंशतितमः ।

अथात उदावार्तानाहनिदानं व्याख्यास्यामः ।

चौबीसवां उदावर्त-आनाहाधिकार—शूलरोग-निरूपण के बाद उदावर्त तथा आनाह का निदान कहते हैं ।

उदावर्तनिदानम्—

वातविण्मूत्रजृम्भाश्रुक्षवोद्गारवमीन्द्रिय- ।
क्षुत्तृष्णोच्छ्वासनिद्राणां धृत्योदावर्तसंभवः ॥ १ ॥

उदावर्त का निदान—वात (अपानवायु), मल, मूत्र, जम्भाई, अश्रु (आंसू), छींक, डकार, वमन, शुक्र, भूख, प्यास, श्वास तथा निद्रा के वेग को रोकने से उदावर्त रोग उत्पन्न होता है ॥ १ ॥

विमर्शः—सामान्यतः वायु के ऊर्ध्व गमन को ही उदावर्त कहते हैं । किन्तु ऐसी बात नहीं है क्योंकि अश्रु, जम्भाई आदि के वेग को धारण करने से जब वायु कोष्ठगत होता है तब अपान वायु के प्रकुपित होने से उदावर्त रोग की उत्पत्ति होती है ।

"उद्भूतेन वेगविधारणेनाऽऽवृतस्य वायोर्वर्तनमित्युदावर्त-निरुक्तिः" अर्थात् अधारणीय वेगों को धारण करने से आवृत वायु का विपरीत गति से इधर उधर घूमना ही उदावर्त नाम से व्यवहृत होता है । 'इन्द्रिय' शब्द से 'शुक्र' को ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि चरक ने वेगान् धारणीयाध्याय में शुक्र के वेग को भी धारण करना निषिद्ध माना है ।

न वेगान्धारयेद् धीमाञ् जातान्मूत्रपुरीषयोः ।
न रेतसो न वातस्य न छर्द्यः क्षवथोर्न च ॥
नोद्गारस्य न जृम्भाया न वेगान् क्षुत्पिपासयोः ।
न बाष्पस्य न निद्राया निःश्वासस्य श्रमेण च ॥

इन तेरह वेगों को धारण करने से ही उदावर्त रोग की उत्पत्ति होती है । इसके अतिरिक्त अन्य लोभ, शोक, भय, क्रोध, मान, निर्लज्जता, ईर्ष्या, अत्यासक्ति तथा दूसरे के धन को लेने की इच्छा ये भी धारणीयवेग हैं किन्तु इन वेगों को रोकने से रोग की उत्पत्ति नहीं होती अपि तु इनके वेग को धारण करने से स्वास्थ्य की वृद्धि होती है । वेगों को रोकने से वायु की उत्पत्ति होती है और वात-प्रकोप से उदावर्त रोग उत्पन्न होता है । इस प्रकार सभी उदावर्त रोग में वात की प्रधानता रहती है । इसकी चिकित्सा में वायु के अनुलोमन करने का ही प्रयत्न किया जाता है ।

त्रयोदशविधवेगनिरोधजोदावर्तलक्षणम्—

वातमूत्रपुरीषाणां संगो ध्मानं क्लमो रुजः ।
जठरे वातजाश्चान्ये रोगाः स्युर्वातनिग्रहात् ॥ २ ॥

तेरह प्रकार के वेग को धारण करने से उत्पन्न उदावर्त का लक्षण—

वातवेगरोधजन्य उदावर्त—अपानवायु के वेग का अवरोध करने से वायु, मूत्र तथा मल अवरुद्ध हो जाते हैं, पेट फूल जाता है, शरीर में दौर्बल्य तथा पीड़ा होती है तथा इसके अतिरिक्त उदर में अन्य वातिक रोगों की भी उत्पत्ति होती है ॥ २ ॥

आटोपशूलौ परिकर्तिका च सङ्गः पुरीषस्य तथोर्ध्ववातः ।
पुरीषमास्यादथवा निरेति पुरीषवेगेऽभिहते नरस्य ॥ ३ ॥

मलनिग्रहजन्य-उदावर्त—मलका वेग धारण करने से उदर में आटोप (पीड़ायुक्त गुड़गुड़ शब्द), शूल, परिकर्तिका (गुदा, मूत्रेन्द्रिय और वस्ति-प्रदेश में काटने की तरह पीड़ा), मलविबन्ध, डकारों की अधिकता तथा कभी-कभी मुखमार्ग से मल भी निकलने लगता है ॥ ३ ॥

बस्तिमेहनयोः शूलं मूत्रकृच्छ्रं शिरोरुजा ।
विनामो वङ्क्षणानाहः स्याल्लिङ्गं मूत्रनिग्रहे ॥ ४ ॥

मूत्रवेग-निरोधजन्य-उदावर्त—मूत्र का वेग रोकने से मूत्राशय तथा मेढ्र (लिङ्ग) में शूल, मूत्रत्याग में कष्ट तथा शिरःशूल होता है। शरीर सामने की ओर झुक जाता है तथा वंक्षणप्रदेश में (वस्ति में) तनाव हो जाता है ॥ ४ ॥

मन्यागलस्तम्भशिरोविकारा जृम्भोपघातात्पवनात्मकाः स्युः ।
तथाऽक्षिनासावदनामयाश्च भवन्ति तीव्राः सह कर्णरोगैः ॥ ५ ॥

जृम्भानिरोधजन्य-उदावर्त—जम्भाई को रोकने से मन्यास्तम्भ (मन्या-नाडी का जकड़न) तथा ग्रीवास्तम्भ (ग्रीवा का जकड़न) हो जाता है। इसके अतिरिक्त वातजन्य शिरोरोग, अक्षिरोग, नासिकागत रोग तथा मुख एवं कर्ण के तीव्र रोग उत्पन्न होते हैं ॥ ५ ॥

आनन्दजं वाऽप्यथ शोकजं वा नेत्रोदकं प्राप्तममुञ्चतो हि ।
शिरोगुरुत्वं नयनामयाश्च भवन्ति तीव्राः सह पीनसेन ॥ ६ ॥

अश्रुवेगनिरोधजन्य उदावर्त—हर्ष एवं शोक दोनों से ही अश्रु (आंसू) निकलते हैं। इनमें से किसी भी प्रकार के आंसू के वेग को रोकने से सिर में भारीपन हो जाता है, प्रतिश्याय के साथ भयंकर नेत्ररोग होते हैं ॥ ६ ॥

मन्यास्तम्भं शिरःशूलमर्दितार्धावभेदकौ ।
इन्द्रियाणां च दौर्बल्यं क्षवथोः स्याद्विनिग्रहात् ॥ ७ ॥

क्षवथु (छींक) वेगनिरोधजन्य उदावर्त—छींक के वेग को रोकने से मन्यास्तम्भ, सिर में दर्द, अर्दित (मुँह का टेढ़ा हो जाना "लकवा'), आधा शीशी तथा इन्द्रियों में दुर्बलता हो जाती है ॥ ७ ॥

कण्ठास्यपूर्णत्वमतीव तोदः कूजश्च वायोरथवाऽप्रवृत्तिः ।
उद्गारवेगेऽभिहते भवन्ति जन्तोर्विकाराः पवनप्रसूताः ॥ ८ ॥

उद्गारवेगनिरोधजन्य-उदावर्त—डकार के वेग को धारण करने से गला तथा मुख भरा हुआ सा प्रतीत होता है। गले में सूई के चुभने के समान अधिक चुभन तथा आन्त्र में गुड़गुड़ शब्द होता है। अथवा वायु की प्रवृत्ति नहीं होती है यानी श्वासावरोध हो जाता है तथा अन्य वातजन्य भयंकर विकार होते हैं ॥ ८ ॥

कण्डूकोठारुचिव्यङ्गशोफपाण्ड्वामयज्वराः ।
कुष्ठवीसर्पहल्लासाश्छर्दिनिग्रहजा गदाः ॥ ९ ॥

छर्दिवेगनिरोधजन्य-उदावर्त—वमन के वेग को रोकने से खुजली, चकत्ते, अरुचि, मुख पर काले धब्बे, शोथ, पाण्डुरोग, ज्वर, कुष्ठ, वीसर्प तथा मिचली ये रोग होते हैं ॥ ९ ॥

मूत्रायने वै गुदमुष्कयोश्च शोफो रुजा मूत्रविनिग्रहश्च ।
शुक्राश्मरी तत्स्रवणं भवेच्च ते ते विकारा विहते तु शुक्रे ॥ १० ॥

शुक्रवेगनिरोधजन्य-उदावर्त—शुक्र के वेग को रोकने से मूत्राशय, गुदा तथा अण्डकोषों में शोथ तथा पीड़ा होती है। मूत्र रुक-रुक कर आता है, शुक्राश्मरी (पथरी) हो जाती है और कभी-कभी शुक्रस्राव होने लगता है। इसके अतिरिक्त (हृत्पीड़ा तथा शरीर टूटने जैसी पीड़ा) शुक्रवेगनिरोधजन्य लक्षण भी होते हैं ॥ १० ॥

तन्द्राङ्गमर्दारुचिः श्रमश्च क्षुधोऽभिघातात्कृशता च दृष्टेः ।

क्षुधावेगनिरोधजन्य-उदावर्त—क्षुधा का वेग रोकने से तन्द्रा, अंगमर्द, अरुचि तथा थकावट की प्रतीति होती है तथा नेत्र में दुर्बलता अर्थात् आंखों के सामने अन्धेरा सा छा जाता है।

कण्ठास्यशोषः श्रवणावरोधस्तृष्णाभिघाताद्धृदयव्यथा च ॥ ११ ॥

तृष्णावेगनिरोधज-उदावर्त—प्यास के वेग को धारण करने से गला तथा मुख में शोष (शुष्कता) हो जाती है। कानों में बधिरता आ जाती है तथा हृदय में पीड़ा होती है ॥ ११ ॥

श्रान्तस्य निःश्वासविनिग्रहेण हृद्रोगमोहावथवापि गुल्मः ।

श्वासवेगनिरोधज-उदावर्त—परिश्रम करने से श्वास का वेग बढ़ जाता

है। ऐसी स्थिति में श्वास के वेग को हठपूर्वक रोकने से हृदयरोग, मूर्च्छा तथा गुल्मरोग हो जाते हैं।

जृम्भाऽङ्गमर्दोऽक्षिशिरोतिजाड्यं निद्राभिघातादथवापि तन्द्रा ॥१२॥

निद्रावेगनिरोधजन्य उदावर्त—निद्रा के वेग को रोकने से जम्भाई, अंगमर्द, आंखों तथा सिर में भारीपन तथा तन्द्रा ये लक्षण होते हैं ॥ १२ ॥

दोषजोदावर्तलक्षणम्—

वायुः कोष्ठानुगो रूक्षैः कषायकटुतिक्तकैः।
भोजनैः कुपितः सद्य उदावर्तं करोति च ॥ १३ ॥
वातमूत्रपुरीषाश्रुकफमेदोवहानि वै।
स्रोतांस्युदावर्तयति पुरुषं चातिवर्तयेत् ॥ १४ ॥
ततो हृद्बस्तिशूलार्तो हृल्लासारतिपीडितः।
वातमूत्रपुरीषाणि कृच्छ्रेण लभते नरः ॥ १५ ॥
श्वासकासप्रतिश्यायदाहमोहतृषाज्वरान्।
वमिहिक्काशिरोरोगमनःश्रवणविभ्रमान् ॥ १६ ॥
बहूनन्यांश्च लभते विकारान् वातकोपजान्।

दोषज-उदावर्त का लक्षण—कोष्ठ में स्थित वायु, रूक्ष, कषाय, कटु तथा तिक्त रसयुक्त भोजनों से प्रकुपित होकर उदावर्त को उत्पन्न करती है। इससे अपानवात, मूत्र, मल, रक्त, कफ तथा मेद को वहन करनेवाले स्रोतों की गति प्रतिलोम हो जाती है, और मल सूख जाता है। इससे रोगी के हृदय एवं वस्ति प्रदेश में तीव्र पीड़ा, मिचली तथा अरुचि होती है। इससे अपान-वायु, मूत्र तथा मल का त्याग कष्टपूर्वक होता है। श्वास, कास, प्रतिश्याय, दाह, मोह, प्यास, ज्वर, वमन, हिचकी, सिर के रोग, मनोविभ्रम, श्रवणविभ्रम (कानों में भनभन शब्द का होना) तथा वातप्रकोपजन्य अन्य अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

आनाहलक्षणम्—

आमं शकृद्वा निचितं क्रमेण भूयो विबद्धं विगुणानिलेन।
प्रवर्तमानं न यथास्वमेनं विकारमानाहमुदाहरन्ति ॥ १७ ॥

आनाहरोग का लक्षण—आम या मल, जिस अवस्था में आमाशय या पक्वाशय में संचित होता रहे एवं प्रतिकूल वात से अत्यधिक अवरुद्ध होकर अपने निकलने के मार्ग से न निकले, इस विकार को आनाहरोग कहते हैं ॥१७॥

तस्मिन् भवन्त्यामसमुद्भवे तु तृष्णाप्रतिश्यायशिरोभितापाः।
आमाशये शूलमथो गुरुत्वं हृल्लास उद्गारविघातनं च ॥ १८ ॥

आमजन्य या आमाशयगत आनाह में प्यास, प्रतिश्याय तथा सिर में

जलन, आमाशय में शूल तथा भारीपन, हृदय का जकड़न एवं डकार का न आना, ये लक्षण होते हैं ॥ १८ ॥

स्तम्भः कटीपृष्ठपुरीषमूत्रे शूलोऽथ मूर्च्छा शकृतश्च छर्दिः ।
श्वासश्च पक्वाशयजे भवन्ति तथाऽलसोक्तानि च लक्षणानि ॥ १९ ॥

पुरीषज या पक्वाशयज आनाह में कटि तथा पृष्ठ में अकड़न, मल एवं मूत्र बन्द हो जाते हैं, कमर तथा पीठ में शूल हो जाता है, रोगी मूर्च्छित हो जाता है तथा कभी-कभी मल का वमन भी होता है। इसमें श्वास तथा अलसक (उदर का शूलयुक्त अत्यन्त फूलना, मूर्च्छा तथा अतिनाद के साथ वायु का ऊपर की ओर आना) रोग के लक्षण भी होते हैं ॥ १९ ॥

आनाहोदावर्तयोरसाध्यलक्षणम्—

तृष्णार्दितं परिक्लिष्टं क्षीणं शूलैरुपद्रुतम् ।
शकृद्वमन्तमानाहमुदावर्तं च संत्यजेत् ॥ २० ॥

इति त्रयोदशविधवेगनिरोधजोदावर्तानाहनिदानं समाप्तम् ।

आनाह तथा उदावर्त के असाध्य लक्षण—भयंकर प्यास से पीड़ित, अधिक बेचैनी, क्षीण, भयंकर शूल से युक्त और मल का वमन करनेवाले उदावर्त के रोगी को बुद्धिमान चिकित्सक त्याग दे। अर्थात् उक्त लक्षणवाले उदावर्त के रोगी असाध्य होता है ॥ २० ॥

तेरह प्रकार के वेगनिरोधजन्य उदावर्त तथा आनाह का निदान समाप्त ।

अथ त्रयोदशविधवेगनिरोधजोदावर्तानाहचिकित्सा ।

उदावर्ते सामान्यचिकित्सा—

त्रिवृत्सुधापत्रतिलादिशाकं ग्राम्यौदकानूपरसैर्यवान्नम् ।
अन्नैश्च सृष्टानिलमूत्रविड्भिरद्यात् प्रसन्नां गुडसीधुपायी ॥ २१ ॥

त्रयोदश प्रकार के वेग-निरोधजन्य उदावर्त तथा आनाह की चिकित्सा ।

उदावर्त में सामान्य चिकित्सा—निशोथ, सुधापत्र (सेंहुड़ का पत्र) तथा तिल आदि का शाक, ग्राम्योदक (ग्राम्यपशु-छाग, मेष आदि) तथा आनूपदेशज पशुओं के मांसरस के साथ यव का सिद्ध अन्न, तथा अपान वायु, मल तथा मूत्र को निकालनेवाले सिद्धान्न के साथ भक्षण करे, और प्रसन्ना (मद्य विशेष) तथा गुड़ और सीधु को पान करे ।

आस्थापनं मारुतजे स्निग्धस्विन्नस्य शस्यते ।
पुरीषजे तु कर्तव्यो विधिरानाहिकस्तु यः ॥ २२ ॥
क्षीरवैतरणौ बस्ती युञ्जीतात्र विचक्षणः ।

वातजन्य उदावर्त रोग में स्नेहन, स्वेदन के बाद आस्थापन कर्म करे। पुरीषजन्य उदावर्त में आनाह को दूर करनेवाली विधि (चिकित्सा) को करे। यहां पर विद्वान् मनुष्य क्षीर-वैतरण (क्षीर तथा वैतरण नामक बस्ति कर्म) बस्ति का प्रयोग करे।

उदावर्ते श्यामादिगणः—

श्यामा दन्ती द्रवन्तीत्वङ्महाश्यामा स्नुही त्रिवृत् ॥ २३ ॥
सप्तला शङ्खिनी श्वेता राजवृक्षः सतिल्वकः ।
कम्पिल्लकः करञ्जस्तु हेमक्षीरी त्वयं गणः ॥ २४ ॥

उदावर्तवर्त में श्यामादिगण—काला निशोथ, दन्ती, द्रवन्ती की छाल, महानिशोथ, सेंहुड़, निशोथ, सातला, शंखिनी (शंखाहुली 'यवतिक्ता'), श्वेता (सफेद भटकटैया या वचा), अमलतास, तिल्वक, कवीला, करञ्ज तथा सत्यानासी 'भड़भाड़', यह श्यामादिगण है ॥ २३-२४ ॥

सर्पिस्तैलरजःक्वाथकल्केष्वन्यतमेन तु ।
उदावर्तोदरानाहविषगुल्मविनाशनः ॥ २५ ॥

इस श्यामादिगण के सिद्ध घृत, तैल, चूर्ण, क्वाथ तथा कल्क किसी एक से ही उदावर्त, उदररोग, आनाह, विष तथा गुल्म रोग आदि का नाश होता है ॥ २५ ॥

विड्विबन्धे त्रिवृदादिवटिका—

त्रिवृत्कृष्णाहरीतक्यो द्विचतुष्पञ्चभागिकाः ।
गुटिका गुडतुल्यास्ता विड्विबन्धगदापहाः ॥ २६ ॥

विड्विबन्ध में त्रिवृदादिवटिका—निशोथ दो भाग, पीपर चार भाग, हर्रे पाँच भाग, इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे और चूर्ण के बराबर गुड़ की चासनी में पकाकर गुटिका बना ले। यह गुटिका सेवन करने से मलावरोध से उत्पन्न रोगों को नाश करती है ॥ २६ ॥

उदावर्ते हरीतक्यादिचूर्णम्—

हरीतकीयवक्षारपीलूनि त्रिवृता तथा ।
घृतैश्चूर्णमिदं पेयमुदावर्तविनाशनम् ॥ २७ ॥

उदावर्त रोग में हरीतक्यादि चूर्ण—हर्रे, यवक्षार, पीलु (गुड़फल) तथा निशोथ, इन द्रव्यों के चूर्ण को घृत के साथ पान करे। यह उदावर्त रोग को नाश करता है ॥ २७ ॥

उदावर्ते हिङ्ग्वाद्यं द्विकत्तरं चूर्णम्—

हिङ्गु कुष्ठं वचा स्वर्जि विडं चेति द्विकत्तरम् ।
मद्येन पीतं तच्चूर्णमुदावर्तप्रणाशनम् ॥ २८ ॥

उदावर्त में हिंग्वाद्य द्विकत्तर चूर्ण—शु० हिंगु एक भाग, कूट दो भाग, वच चार भाग, सज्जीखार आठ भाग, विटनमक सोरह भाग, इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर मद्य के साथ पान करे। यह चूर्ण उदावर्त रोग को नाश करता है ॥ २८ ॥

उदावर्ते नाराचचूर्णम्—

खण्डपलं त्रिवृता सममुपकुल्याकर्षचूर्णितं श्लक्ष्णम् ।
प्राग्भोजने च समधु विडालपदकं लिहेत प्राज्ञः ॥ २९ ॥
एतद् गाढपुरीषे पित्ते सकफे च विनियोज्यम् ।
स्वादुर्नृपयोग्योऽयं चूर्णो नाराचको नाम्ना ॥ ३० ॥

उदावर्त में नाराच चूर्ण—खाँड एक पल (छटांक), निशोथ चूर्ण एक पल, उपकुल्या (पीपर) एक कर्ष (एक तो०) इन द्रव्यों को महीन चूर्ण बनावे, और उसमें से विडालपदक (एक तोला) की मात्रा में मधु के साथ बुद्धिमान् व्यक्ति चाटे। यह चूर्ण मलविबन्ध तथा पित्त एवं कफ के गाढा हो जाने पर प्रयोग करे। यह स्वाद से युक्त राजाओं के योग्य नाराच-नामक चूर्ण है ॥ २९–३० ॥

उदावर्ते कतिपयवर्तियोगाः—

हिङ्गुमाक्षिकसिन्धूत्थैः पक्त्वा वर्तिं सुवर्तिताम् ।
घृताभ्यक्तां गुदे दद्यादुदावर्तविनाशिनीम् ॥ ३१ ॥

उदावर्त में कुछ वर्तियोग—हिंग, मधु तथा सेन्धानमक (समभाग) लेकर पकाकर अच्छी तरह वर्ति बनावे और उसमें घृत लेपकर गुदा में लगा दे। यह उदावर्त रोग को नाश करनेवाली है ॥ ३१ ॥

मदनं पिप्पली कुष्ठं वचा गौराश्च सर्षपाः ।
गुडक्षारसमायुक्ता फलवर्तिः प्रशस्यते ॥ ३२ ॥

मदनफल, पीपर, कूट, वच, सफेद सरसों, गुड़ तथा यवक्षार को मिलाकर फलवर्ति बनावे। यह फलवर्ति उदावर्त रोग में प्रशस्त है ॥ ३२ ॥

आगारधूमसिन्धूत्थतैलयुक्ताम्लिकाफलम् ।
क्षुण्णनिर्गुण्डिपत्रं वा स्विन्ने पायौ क्षिपेद् बुधः ॥ ३३ ॥

रसोई घर का धूवां, सेन्धानमक तथा इमली का बीज इन द्रव्यों की वर्ति बनाकर तैल का लेपकर स्वेदन करने के बाद गुदा में रक्खे। या निर्गुण्डी

(मेउड़ी) के पत्ते को पीसकर उसकी वर्ति बनाकर तैल का लेप कर गुदा में रक्खे ॥ ३३ ॥

मूत्रनिरोधजोदावर्तप्रतीकारः—

सौवर्चलाढ्यां मदिरां मूत्रे त्वभिहते पिबेत् ।
एलां वाऽप्यथ मद्येन क्षीरं वारि पिबेदथ ॥ ३४ ॥
दुरुपर्शास्वरसं वाऽपि कषायं ककुभस्य वा ।
एर्वारुबीजतोयेन पिबेद्वा लवणीकृतम् ॥ ३५ ॥
पञ्चमूलीश्रृतं क्षीरं द्राक्षारसमथापि वा ।
सर्वथैवोपयुञ्जीत मूत्रकृच्छ्राश्मरीविधिम् ॥ ३६ ॥

मूत्रनिरोधज उदावर्त-प्रतिकार—मूत्र के वेग को रोकने से उत्पन्न उदावर्त रोग में सौवर्चलनमक मिलाकर मद्य पान करे या इलायची मिलाकर पान करे, या दूध मिलाकर पान करे, अथवा जल मिलाकर मद्य पान करे। यवासा का स्वरस या ककुभ (अर्जुन) का कषाय या एर्वारु (ककड़ी) के बीज के रस के साथ सेन्धानमक मिलाकर पान करे। पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, बनभंटा भटकटैया तथा गोखरू) के क्वाथ में पकाया दूध या मुनक्का का रस तथा मूत्र-कृच्छ्र तथा अश्मरी (पथरी) की विधि (चिकित्सा) का सर्वदा प्रयोग करना चाहिए ॥ ३४–३६ ॥

विविधोदावर्तचिकित्सा—

स्नेहस्वेदैरुदावर्तं जृम्भजं समुपक्रमेत् ।

अनेक प्रकार की उदावर्त की चिकित्सा—जम्भाई के वेग को रोकने से उत्पन्न उदावर्त रोग को स्नेहन तथा स्वेदन कर्म से उपचार करे।

अश्रुमोक्षोऽश्रुजे कार्यः स्निग्धस्विन्नस्य यत्नतः ॥ ३७ ॥

अश्रुवेगनिरोधजन्य उदावर्त में स्नेहन-स्वेदन के बाद अश्रुमोक्षण करावे।

क्षवजे क्षवपत्रेण घ्राणस्थेनानयेत् क्षवम् ।
उद्गारजे क्रमोपेतं स्नैहिकं धूममाचरेत् ॥ ३८ ॥

छींक के वेग रोकने से उत्पन्न उदावर्त रोग में नाकछिकनी के पत्ते को नाक में रखकर छींक लाने का प्रयत्न करे। डकार के वेग को रोकने से उत्पन्न उदावर्त रोग में स्नेहन-स्वेदन करने के बाद धूम का सेवन करे ॥ ३८ ॥

छर्द्यांघाते तथा दोषं नस्यस्नेहादिभिर्जयेत् ।

वमनवेगनिरोधजन्य उदावर्त रोग को नस्य तथा स्नेहन विधि के द्वारा जीत ले।

बस्तिशुद्धिकरैर्द्रव्यैश्चतुर्गुणजलं पयः ॥ ३९ ॥

आवारिनाशात् क्वथितं पीतवन्तं प्रकाङ्क्षितम् ।

मूत्रवेगनिरोधजन्य उदावर्त में वस्ति को शुद्ध करनेवाले द्रव्यों को चौगुने जल में क्वाथकर चतुर्थांशावशिष्ट क्वाथ को पान करे ।

रमयेयुः प्रिया नार्यः शुक्रोदावर्तिनं नरम् ॥ ४० ॥
अत्राभ्यङ्गावगाहाश्च मदिराश्चरणायुधाः ।
शालिः पयो निरूहाश्च हितं मैथुनमेव च ॥ ४१ ॥

शुक्रजन्य उदावर्त के रोगी को सुन्दर स्त्रियों के साथ रमण कराये । इस उदावर्त में अभ्यंग, अवगाहन (स्नान) करना, तथा मद्य एवं मुर्गा के मांस को सेवन करना, जड़हन धान का भात, दूध, निरूहण वस्ति तथा मैथुन हितकर होता है ॥ ४०–४१ ॥

क्षुद्विघाते स्निग्धमुष्णमल्पमल्पं च भोजनम् ।
तृष्णाघाते पिबेन्मन्थं यवागूं वा सुशीतलाम् ॥ ४२ ॥
रसेनाद्यात् सुविश्रान्तः श्रमश्वासातुरो नरः ।

क्षुधावेगनिरोधजन्य उदावर्त रोग में स्निग्ध तथा उष्ण भोजन थोड़ा थोड़ा करना हितकर है । तृष्णा के वेग को रोकने से उत्पन्न उदावर्त रोग में[1] (घृतमिश्रित सत्तू का समघोल) या सुशीतल यवागू पान करे । श्रम एवं श्वास के वेग को रोकने से उत्पन्न उदावर्त में आराम करे और मांसरस के साथ अन्न भक्षण करे ।

निद्राघाते पिबेत्क्षीरं स्वप्याद्येष्टकथारतः ॥ ४३ ॥

निद्राघातजन्य उदावर्त में दूध पीवे तथा अभीष्ट कथाओं को सुनते हुए अपनी इच्छा के अनुसार शयन करे ॥ ४३ ॥

उदावर्तचिकित्साया आनाहेऽप्यतिदेशः—

आनाहेऽपि प्रयुञ्जीत उदावर्तहरीं क्रियाम् ।

उदावर्त की चिकित्सा आनाह में भी करने का आदेश—आनाह रोग में भी उदावर्त रोग को दूर करनेवाली क्रियाओं (चिकित्साओं) को करे ।

आनाहे वचादिचूर्णम्—

वचाभयाचित्रकशूकान् सपिप्पलीकातिविषान् सकुष्ठान् ।
उष्णाम्बुना ऽरमहिविमूढवातान् पीत्वा जयेदाशु हितौदनाशी ॥४४॥

आनाह रोग में वचादि चूर्ण—वच, हरें, चित्रक, यवक्षार, पीपर, अतीस,

१. सक्तवः सर्पिषाऽभ्यक्ताः शीतोदकपरिप्लुताः ।
नातिद्रवा नातिसान्द्रा मन्थ इत्यभिधीयते ॥

तथा कूट (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को गरम जल के साथ पान कर हितकर अन्न-पान के साथ भात खानेवाला व्यक्ति शीघ्र ही आनाह रोग में उत्पन्न प्रतिलोम वात को जीत ले ॥ ४४ ॥

आनाहे त्रिवृदादिवटिका—

त्रिवृद्धरीतकीश्यामाः स्नुहीक्षीरेण भावयेत् ।
वटिका मूत्रपीतास्ताः श्रेष्ठास्त्वानाहभेदने ॥ ४५ ॥

आनाह रोग में त्रिवृदादि वटिका—त्रिवृत् (विधारा), हर्रे तथा श्यामा (निशोथ) इन द्रव्यों के चूर्ण को सेहुंड़ के दूध से भावित करे और वटी बना ले। ये वटी गोमूत्र के साथ पान करने से आनाह को भेदन करने के लिये उत्तम हैं ॥ ४५ ॥

आनाहे वर्तियोगाः—

राठधूमविडव्योषगुडमूत्रैर्विपाचिता ।
गुदेऽङ्गुष्ठसमा वर्तिर्निधेयाऽऽनाहशूलनुत् ॥ ४६ ॥

आनाह में वर्ति योग—राठ (भोजनालय) का धूम्र, विडनमक, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा गुड़—इन द्रव्यों को चूर्ण बना ले और इसको गोमूत्र में पकाकर अंगुष्ठ के बराबर वर्ति बना ले तथा गुदा में रक्खे। यह वर्ति आनाह के शूल को दूर करनेवाली है ॥ ४६ ॥

वर्तिस्त्रिकटुकसैन्धवसर्षपगृहधूममदनफलसहितैः ।
मधुनि गुडे वाऽङ्गुष्ठप्रमाणिका वह्निना पक्त्वा ॥ ४७ ॥
वर्तिरियं दृष्टफला शनैः प्रणिहिता गुदे क्षिप्रा ।
आनाहोदावर्तोदरगुल्मविनाशिनी कथिता ॥ ४८ ॥

त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), सेन्धानमक, सरसो, गृहधूम तथा मदन-फल—इन द्रव्यों को चूर्ण बनावे तथा मधु तथा गुड़ में मिलाकर अग्नि में पकाकर अंगुष्ठ के समान वर्ति बनावे और सावधानीपूर्वक धीरे-धीरे गुदा में लगा दे। यह वर्ति शीघ्र ही लाभ करनेवाली है। यह आनाह, उदावर्त, उदर-रोग तथा गुल्मरोग को नाश करनेवाली कही गई है ॥ ४७-४८ ॥

उदावर्ते शुष्कमूलकादिघृतम्—

मूलकं शुष्कमामं च वर्षाभूमूलपञ्चकम् ।
आरेवतफलं चाप्सु पक्त्वा तेन पचेद् घृतम् ।
तत्पीयमानं शमयेदुदावर्तमशेषतः ॥ ४९ ॥

इति श्रीवैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे त्रयोदशविध-वेगनिरोधजोदावर्ताधिकारश्चतुर्विंशतितमः ॥ २४ ॥

उदावर्त में शुष्कमूलादि घृत—सूखी तथा गीली मूली, पुनर्नवा, मूल पञ्चक (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू), आमलतास—इन द्रव्यों को जल में पकाकर उसके क्वाथ के साथ घृत को पकावे। (घृत के चौगुना क्वाथ्य द्रव्य को लेकर चौथाई शेष क्वाथ बना ले और उसके साथ घृत पकावे) यह घृत पान करने से उदावर्त रोग को जड़ से शान्त कर देता है ॥ ४९ ॥

श्री वैद्य शोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा खण्ड में चौबीसवाँ त्रयोदशवेगनिरोधजन्य उदावर्ताधिकार समाप्त ।

अथ गुल्माधिकारः पञ्चविंशतितमः ।

अथातो गुल्मनिदानं व्याख्यास्यामः ।

पच्चीसवाँ गुल्मरोगाधिकार—उदावर्त निरूपण के बाद गुल्म का निदान कहते हैं ।

गुल्मसंप्राप्तिः—

उदावर्तं निरूप्यैवमानाहं तदनन्तरम् ।
प्रायो वातप्रधानत्वाद् गुल्मश्चाप्यभिधीयते ॥ १ ॥

गुल्म की संप्राप्ति—उदावर्त को निरूपण करने के बाद आनाह का निरूपण किया गया । गुल्म रोग में भी वात की प्रधानता रहती है, अतः आनाह के बाद गुल्म रोग के लक्षण एवं चिकित्सा आदि को कहते हैं ॥ १ ॥

दुष्टा वातादयोऽत्यर्थं मिथ्याहारविहारतः ।
कुर्वन्ति पञ्चधा गुल्मं कोष्ठान्तर्ग्रन्थिरूपिणम् ॥ २ ॥
तस्य पञ्चविधं स्थानं पार्श्वहृन्नाभिबस्तयः ।

मिथ्या आहार-विहार से प्रकुपित हुए वात आदि दोष कोष्ठ गांठ के आकार वाले पांच प्रकार के गुल्म को उत्पन्न करते हैं । इसके उत्पन्न होने के पांच स्थान हैं, दोनों पार्श्व, हृदय, नाभि तथा वस्ति ।

हृन्नाभ्योरन्तरे ग्रन्थिः संचारी यदि वाऽचलः ॥ ३ ॥
वृत्तश्चैवोपचयवान् स गुल्म इति कीर्तितः ॥

हृदय तथा नाभि के बीच में चल या अचल, कभी बढने और कभी घटने वाली, गोल आकार वाली ग्रन्थि को गुल्म कहते हैं ।

स व्यस्तैर्जायते दोषैः समस्तैर्वापि चोच्छ्रितैः ।
पुरुषाणां तथा स्त्रीणां ज्ञेयो रक्तेन चापरः ॥ ४ ॥

ये गुल्म वात, पित्त, कफ, सन्निपात तथा रक्त इन पांच कारणों से पांच प्रकार के होते हैं । इनमें से पहले चार वातज, पित्तज, कफज तथा सन्निपातज स्त्री तथा पुरुष दोनों में होते हैं किन्तु रक्तज गुल्म केवल स्त्रियों में ही होता है ॥ ४ ॥

विमर्शः—गुच्छा या गोलाकार पदार्थ को गुल्म कहते हैं । उदरस्थ महास्रोत के अन्दर वात (भोजन के विपरिणाम में उत्पन्न वायवीय पदार्थ), पित्त (अनेक प्रकार के अम्ल या क्षार पदार्थ या विदग्ध अन्न-पान) तथा कफ (अपरिपक्व या अन्य पिच्छिल एवं सान्द्र पदार्थ आदि) का अनुचित रूप से

किसी स्थान विशेष पर संचित होकर गोले गांठ के आकार में बन जाने को 'गुल्म' कहते हैं।

सभी गुल्मों में वात की प्रधानता होती है। जब वायु पूर्वोक्त प्रकार से संचित पदार्थों के कारण क्षुभित होकर आन्त्र की गति में अव्यवस्था उत्पन्न कर देता है तथा संचय-स्थान के पास संकोच उत्पन्न कर विशिष्ट पदार्थ को अधिक मात्रा में संचित होने में सहायक होता है। कभी कभी वात प्रकृति के प्राणियों में या किसी विशिष्ट आहार-विहारजन्य सार्वदैहिक वात-प्रकोप होने तथा कोष्ठ में उसका विशेष प्रभाव होने पर भी आन्त्र की नियमित गति में बाधा उत्पन्न होकर पूर्वोक्त पदार्थों का संचय होता है तथा गोले की उत्पत्ति, शूल, दाह स्थानीय लक्षण उत्पन्न होते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि प्रत्येक गुल्म में वात की प्रधानता होती है। गुल्म का वास्तविक स्थान उदर है अतः इसको औदरिक अर्बुद भी कहते हैं। आचार्यों ने अर्बुद का वर्णन अलग किया है, यह अर्बुद-मांस अस्थि आदि में होता है और वह अचल होता है किन्तु गुल्म सदा उदर में होता है और वह चल होता है। हृदय, पार्श्व, नाभि तथा वस्ति आदि से इन स्थानों के समीपस्थ उदर भाग का ही ग्रहण करना चाहिए। वस्ति समीपस्थ उदर का भाग तथा वस्ति भी गुल्म का स्थान है। पुरुषों में पांच ही गुल्म के स्थान हैं तथा स्त्रियों में गर्भाशय भी गुल्म का स्थान है। इसका ग्रहण वस्ति के समीप होने के कारण वस्ति से हो जाता है। प्राचीन आचार्यों ने उदर के ऊर्ध्व, मध्य, अधः और दो पार्श्व यह पांच विभाग कर उनका क्रमशः हृदय, नाभि वस्ति तथा पार्श्व (दक्षिण पार्श्व, वाम पार्श्व) नामकरण कर दिया है। आधुनिक विद्वान उदर-मध्य में ऊर्ध्व, मध्य और अधः भागों को अधिजठर, नाभि और उपजठर तथा दोनों पार्श्वों में ऊर्ध्व, मध्य और अधो भाग को क्रमशः (दक्षिण और वाम) अनुपार्श्विक कटि एवं वंक्षणीय प्रदेशों के नाम से नव भागों में विभक्त करते हैं। इस प्रकार पूरा उदर गुल्म का स्थान है।

रक्तज गुल्म स्त्रियों को ही होता है। यहां रक्त से 'आर्तव' का ही ग्रहण किया जाता है। यद्यपि पांच प्रकार का गुल्म बताया गया है तीन द्वन्द्वज को लेकर आठ प्रकार का होता है। किन्तु चिकित्सा-विशेष में अन्तर न होने के कारण अलग पाठ नहीं किया है। चरक ने दोषज सात तथा रक्तज मिलाकर आठ प्रकार के गुल्म को स्वीकार किया है।

गुल्मपूर्वरूपम्—

उद्गारबाहुल्यपुरीषबन्धतृप्त्यक्षमत्वान्त्रविकूजनानि।
आटोपमाध्मानमपक्तिशक्तिरासन्नगुल्मस्य वदन्ति चिह्नम् ॥ ५ ॥

गुल्म का पूर्वरूप—डकारों का अधिक आना, मलावरोध, भोजन में अरुचि, शक्ति का ह्रास, आँतों में गुड़गुड़ाहट, पेट में पीड़ा एवं क्षोभ, पेट का फूलना तथा पाचन शक्ति का ह्रास ये गुल्म रोग के पूर्वरूप हैं ॥ ५ ॥

सर्वगुल्मसामान्यलक्षणम्—

अरुचिं कृच्छ्रविण्मूत्रवाततान्त्रविकूजनम् ।
आनाहं चोर्ध्ववातत्वं सर्वगुल्मेषु लक्षयेत् ॥ ६ ॥

सभी प्रकार के गुल्म का सामान्य लक्षण—भोजन में अरुचि, मल-मूत्र तथा अपान वायु के निकलने में कठिनता, आँतों में गुड़गुड़ाहट, आनाह एवं ऊर्ध्ववात (डकारों का अधिक आना) ये सभी गुल्म रोगों में सामान्य लक्षण पाये जाते हैं ॥ ६ ॥

वातगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

रूक्षान्नपानं विषमातिमात्रं विचेष्टनं वेगविनिग्रहश्च ।
शोकोऽभिघाताऽतिमलक्षयश्च निरन्नता चानिलगुल्महेतुः ॥ ७ ॥

वातगुल्म का निदान एवं सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—रूक्ष, विषम तथा अत्यधिक भोज्य एवं पेय पदार्थों का सेवन, विरुद्ध चेष्टा (अपनी शक्ति के प्रतिकूल बलवानों से लड़ना तथा अधिक ऊँची-नीची जगहों से कूदना-आदि), वात, मल तथा मूत्र आदि के वेगों को रोकना, अत्यधिक शोक, चोट, विरेचन आदि कर्म के द्वारा मल का अत्यधिक क्षय हो जाना तथा आहार का परित्याग ये सब वातिक गुल्म के कारण हैं ॥ ७ ॥

यः स्थानसंस्थानरुजां विकल्पं विड्वातसङ्गं गलवक्त्रशोषम् ।
श्यावारुणत्वं शिशिरज्वरं च हृत्कुक्षिपार्श्वांसशिरोरुजं च ॥ ८ ॥
करोति जीर्णेऽभ्यधिकं प्रकोपं भुक्ते मृदुत्वं समुपैति यश्च ।
वातात्स गुल्मो न च तत्र रूक्षं कषायतिक्तं कटु चोपशेते ॥ ९ ॥

वातिक गुल्म में स्थान, संस्थान तथा रुजा (पीड़ा) का विकल्प होता है । (वातिक गुल्म कभी नाभि प्रदेश में, कभी पार्श्व में और कभी-कभी अन्यत्र प्रतीत होता है, यह स्थान-विकल्प है । गुल्म की आकृति कभी गोल, कभी लम्बी, कभी छोटी और कभी बड़ी प्रतीत होती है, यह संस्थान-विकल्प है । पीड़ा भी कभी कम, कभी अधिक, कभी तोदन रूप, कभी भेदन रूप की होती है, यह रुजा-विकल्प है) । मल और अपानवायु का अवरोध हो जाता है । कण्ठ तथा मुख शुष्क हो जाते हैं, शरीर का वर्ण श्याम या अरुण हो जाता है, शीत ज्वर रहता है, हृदय (उदर तथा पार्श्व), पार्श्व (वक्षःपार्श्व), कन्धों और सिर में पीड़ा होती है । भोजन पच जाने पर उपरोक्त लक्षणों का प्रकोप तथा भोजन करने के तुरन्त बाद उपरोक्त लक्षणों का प्रशमन हो जाता

है। वातिकगुल्म में रूक्ष, कषाय, तिक्त तथा कटु (चरपरे) पदार्थ अनुकूल नहीं पड़ते हैं ॥ ८–९ ॥

पित्तगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

कटवम्लतीक्ष्णोष्णविदाहिरूक्षक्रोधातिमद्यार्कहुताशसेवा ।
आमाभिघातो रुधिरं च दुष्टं पैत्तस्य गुल्मस्य निमित्तमुक्तम् ॥१०॥

पैत्तिक गुल्म का निदान एवं संप्राप्तिपूर्वक लक्षण—कटु (चरपरे), खट्टे, तीक्ष्ण, उष्ण, विदाही तथा रूक्ष पदार्थों का सेवन करना, अधिक क्रोध, अत्यधिक मद्यपान, सूर्य तथा अग्नि के संताप को अत्यधिक सेवन करना, विदग्धाजीर्ण से उत्पन्न आम रस का प्रकोप तथा दुष्ट रक्त या आमदोष या अभिघात से रक्त का दुष्ट होना ये पैत्तिक गुल्म के कारण कहे गये हैं ॥ १० ॥

ज्वरः पिपासा वदनाङ्गरागः शूलं महज्जीर्यति भोजने च ।
स्वेदो विदाहो व्रणवच्च गुल्मः स्पर्शासहः पैत्तिकगुल्मरूपम् ॥ ११ ॥

पैत्तिक गुल्म में ज्वर, प्यास, मुख तथा (विकृत) अवयवों का लाल होना, भोजन-परिपाक-काल में भयंकर उदरशूल, पसीना आना तथा विदाही (शरीर में जलन) होता है । गुल्म में व्रण के समान स्पर्शासह्यता रहती है। (गुल्मरोग में दोषों का धातु से सम्पर्क हो जाने के कारण गुल्म भी विद्रधि का रूप धारण कर लेता है, अतः इसमें ज्वर, विदाह तथा स्पर्शासहता आदि विद्रधि के लक्षण होते हैं) ॥ ११ ॥

कफगुल्मस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

शीतं गुरु स्निग्धमचेष्टनं च संपूरणं प्रस्वपनं दिवा च ।
गुल्मस्य हेतुः कफसंभवस्य सर्वस्तु दुष्टो निचयात्मकस्य ॥ १२ ॥

कफजन्य गुल्म का निदान एवं संप्राप्तिपूर्वक लक्षण—अत्यधिक शीतल, गुरु तथा स्निग्ध पदार्थों का सेवन, अचेष्टन (व्यायाम न करना), अत्यधिक भोजन करना, दिन में शयन करना ये कफजन्य गुल्म के लक्षण हैं। और वात आदि तीनों (वातिक, पैत्तिक तथा श्लैष्मिक) गुल्मों के उत्पादक कारण सान्निपातिक गुल्म को उत्पन्न करते हैं ॥ १२ ॥

स्तैमित्यशीतज्वरगात्रसादहृल्लासकासारुचिगौरवाणि ।
शैत्यं रुगल्पा कठिनोन्नतत्वं गुल्मस्य रूपाणि कफात्मकस्य ॥ १३ ॥

कफजन्य गुल्म में शरीर गीला सा रहता है, शीतज्वर, अंगों में शिथिलता, मिचली, खांसी, अरुचि तथा शरीर में गुरुता रहती है। रोगी को शीतलता का अनुभव होता है, वेदना कम होती है, गुल्म कठिन तथा अधिक उभरा हुआ रहता है ॥ १३ ॥

द्वन्द्वजगुल्मलक्षणम्—

निमित्तलिङ्गान्युपलभ्य गुल्मे द्विदोषजे दोषबलाबलं च ।
व्यामिश्रलिङ्गानपरांस्तु गुल्मांस्त्रीनादिशेद्भैषधकल्पनार्थम् ॥ १४ ॥

द्वन्द्वजगुल्म का लक्षण—द्वन्द्वज गुल्म में कारण, लक्षण तथा दोषों के बलाबल को देखकर संसृष्ट लक्षणवाले अन्य तीनों गुल्मों का भी निर्देश औषध-कल्पना के लिये करना चाहिए ॥ १४ ॥

त्रिदोषजगुल्मलक्षणम्—

महारुजं दाहपरीतमश्मवद्घनोन्नतं शीघ्रविदाहि दारुणम् ।
मनःशरीराग्निबलापहारिणं त्रिदोषजं गुल्ममसाध्यमादिशेत् ॥१५॥

त्रिदोषज गुल्म का लक्षण—जिस गुल्म में अत्यधिक पीड़ा तथा दाह होती है, गुल्म पत्थर के समान कठोर तथा उभरा हुआ होता है, पाक शीघ्र तथा भयंकर स्वरूप का होता है, और मन, शरीर तथा पाचकाग्नि का बल नष्ट हो जाता है, इसको 'त्रिदोषज गुल्म' कहते हैं और यह असाध्य होता है ॥१५॥

रक्तजगुल्मलक्षणम्—

नवप्रसूताऽहितभोजना या या चामगर्भं विसृजेदृतौ वा ।
क्रुद्धो मरुत्तत्र निगृह्य रक्तं करोति गुल्मं सरुजं सदाहम् ॥ १६ ॥
पैत्तस्य लिङ्गेन समानलिङ्गं विशेषणं चाप्यपरं निबोध ।

रक्तज गुल्म का लक्षण—नवीन प्रसव होने पर, गर्भस्राव या गर्भपात होने पर अथवा ऋतुकाल (आर्तवप्रवृत्तिकाल) में जो स्त्री अहितकर (मिथ्या) आहार-विहार का सेवन करती है उसका गर्भाशयगत प्रकुपित वायु रक्त को अवरुद्ध कर वेदना तथा दाह से युक्त गुल्म को उत्पन्न कर देता है। इसके लक्षण पैत्तिक गुल्म के समान होते हैं। इसके अतिरिक्त उसके निम्नलिखित अन्य विशेष लक्षण होते हैं।

यः स्पन्दते पिण्डित एव नाङ्गैश्चिरात् सशूलः समगर्भलिङ्गः ॥
स रौधिरः स्त्रीभव एव गुल्मो मासे व्यतीते दशमे चिकित्स्यः ।

जिस गुल्म में गर्भ के समान सम्पूर्ण लक्षण होते हैं किन्तु केवल एक पिण्ड के रूप में स्पन्दन करता है, उसमें हाथ-पैर आदि किसी भी अंगों का स्पन्दन नहीं होता है, और अधिक-अधिक समय से (एक पिण्ड रूप में) तथा पीड़ा युक्त स्पन्दन होता है, उसे 'रक्तजगुल्म' कहते हैं। यह रक्तज गुल्म स्त्रियों में ही होता है। दशवां मास बीत जाने पर ही इसकी चिकित्सा करनी चाहिए ॥ १७ ॥

विमर्श—नवप्रसवकाल (प्रसव होने के चालिस या पैंतालिस दिन तक काल 'नवप्रसव काल' कहलाता है) में प्रसूता स्त्री की बहुत देखभाल करनी

चाहिए तथा पथ्य आहार-विहार का सेवन कराना चाहिए। जब नवप्रसव-काल में ही प्रसूता स्त्री अपथ्य सेवन करने लगती है तब उसका गर्भाशय में स्थित वायु प्रकुपित होकर गर्भाशय के मुख को बन्द कर देता है जिससे गर्भाशय अच्छी तरह साफ नहीं हो पाता और गर्भाशयिक कला से निकला हुआ रक्त वहीं एकत्रित होकर पिण्डित होने लगता है। प्रत्येक मास उसकी वृद्धि होने लगती है। प्राचीन आचार्यों के अनुसार छः मास तक के गर्भ 'आमगर्भ' कहलाता है। तीन मास तक के गर्भ के गिरने को गर्भस्राव और तीसरे से सातवें मास तक के गर्भ के गिरने को 'गर्भपात' कहते हैं। गर्भ की उक्त दोनों अवस्थायें 'आम' ही है। गर्भाशय की दृष्टि से नवप्रसव, आम गर्भपात तथा आर्तव का निर्हरण तीनों अवस्थाओं में बहुत साम्य है। अतः इन तीनों अवस्थाओं में अपथ्य सेवन करने का परिणाम समान ही होता है। ऋतुकाल, गर्भपात या गर्भस्राव इन तीनों अवस्थाओं में अनशन, भय, रूक्ष पदार्थों का सेवन, वेगावरोध तथा स्तम्भक पदार्थों के सेवन से वायु प्रकुपित हो जाता है और गर्भाशय की स्वच्छता नहीं होने देता तथा रक्त को पिण्डाकार कर देता है।[1]

रक्तजगुल्म में रक्त के पित्तवर्गीय होने के कारण पित्त के समान लक्षण होते हैं। इसमें गर्भ के समान स्फुरण होते हुए भी हाथ-पैर आदि का स्फुरण नहीं होता है। गर्भ के समान इसमें अन्य मासिक धर्म का अवरोध, भूख न लगना, वमन, अरुचि, शरीर का भारीपन तथा स्तनों में दुग्ध आदि लक्षण भी होते हैं। रक्तगुल्म में हाथ-पैर का स्फुरण न होना तथा देर-देर से और शूल-युक्त पिण्डाकार स्फुरण होना ही वास्तविक गर्भ के लक्षण से भेद करता है।

रक्त गुल्म प्रथम रजोदर्शन से लेकर रजोनाश की अवस्था तक में ही होता है। कुमारी तथा वृद्धाओं में नहीं होता।

दशवें मास के बाद रक्तगुल्म पूर्णतया पिण्डिताकर ग्रहण एवं आहरण के योग्य हो जाता है अतः उस समय उसकी चिकित्सा सरलता से हो सकती है। अतः 'मासे व्यतीते दशमे चिकित्स्यः' अर्थात् दशवाँ मास व्यतीत हो जाने पर चिकित्सा करनी चाहिए—इसका निर्देश किया गया है। इसीलिये कहा भी गया है कि "रक्तगुल्मे पुराणत्वं सुखसाध्यस्य लक्षणम्।"

गुल्मस्यासाध्यलक्षणानि—

संचितः क्रमशो गुल्मो महावास्तुपरिग्रहः।

---

१. "ऋतावनाहारतया भयेन विरूक्षणैर्वेगविधारणैश्च।
संस्तम्भनोल्लेखनयोनिदोषैर्गुल्मः स्त्रियं रक्तभवोऽभ्युपैति॥

कृतमूलः शिरानद्धो यदा कूर्म इवोन्नतः ॥ १८ ॥
दौर्बल्यारुचिहृल्लासकासाध्मानवमिज्वरैः ।
तृष्णातन्द्राप्रतिश्यायैर्युज्यते न स सिध्यति ॥ १९ ॥

गुल्म के असाध्य लक्षण—जो गुल्म क्रमशः धीरे-धीरे बढ़ता जाय और सम्पूर्ण उदर को व्याप्त कर ले, जिसने मूल पकड़ लिया हो, जिसमें सिराओं का जाल दिखाई पड़े, जो कछुवे के समान उभरा हुआ हो तथा जिसमें रोगी दुर्बलता, अरुचि, मिचली, खांसी, वमन, बेचैनी, ज्वर, प्यास, तन्द्रा तथा प्रतिश्याय से पीड़ित हो वह गुल्म असाध्य होता है ॥ १८-१९ ॥

गृहीत्वा सज्वरं श्वासच्छर्द्यतीसारपीडितम् ।
हृन्नाभिहस्तपादेषु शोफः कर्षति गुल्मिनम् ॥ २० ॥

जिस रोगी को ज्वर हो, जो श्वास, वमन तथा अतिसार से पीड़ित हो, जिसके हृदयप्रदेश, नाभिप्रदेश, हाथ तथा पैरों में सूजन आ गई हो वह गुल्म का रोगी भी असाध्य होता है ॥ २० ॥

श्वासशूलपिपासान्नविद्वेषग्रन्थिमूढताः ।
जायन्ते दुर्बलत्वं च गुल्मिनो मरणाय वै ॥ २१ ॥

इति गुल्मनिदानम् ।

श्वास, उदर में शूल, प्यास, अन्न से अरुचि, गुल्मग्रन्थि का एकाएक लुप्त हो जाना तथा अत्यधिक दौर्बल्य ये गुल्म के लक्षण रोगी को मार डालते हैं अर्थात् गुल्म के ये लक्षण असाध्य होते हैं ॥ २१ ॥

विमर्श—गुल्म के पुराने होने तथा अधिक समय तक उचित चिकित्सा न करने पर गुल्म-विद्रधियां अर्बुद का रूप धारण कर लेती हैं और सांवेदनिक क्षोभ तथा शोथ के कारण उदर में अनेक प्रकार के जलोदर आदि रोग उत्पन्न हो जाते हैं। गुल्म तथा विद्रधि दोनों ही कोष्ठ में होते हैं। सुश्रुत ने गुल्म तथा विद्रधि को निम्न प्रकार से विभक्त किया है जैसा—

"न विबन्धोऽस्ति गुल्मानां विद्रधिः सन्निबन्धनः ।
गुल्माकाराः स्वयं दोषा विद्रधिर्मांसशोणिते ॥
विवरानुचरो ग्रन्थिरप्सु बुद्बुदको यथा ।
एवंप्रकारो गुल्मस्तु तस्मात् पाकं न गच्छति ॥
मांसशोणितबाहुल्यात् पाकं गच्छति विद्रधिः ॥

गुल्म	कोष्ठगतविद्रधि
१—गुल्म का मूल रस-रक्तादि नहीं होता ।	१—विद्रधि के रस-रक्त आदि मूल होते हैं ।

२—इसमें दोष ही स्वयं गुल्म होते हैं।	२—विद्रधि का मूल मांस और रक्त है।
३—गुल्म पकता नहीं है।	३—विद्रधि पक जाती है।

गुल्म निदान समाप्त।

अथातो गुल्मचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

गुल्म निदान के बाद गुल्म की चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

सर्वगुल्मे सामान्यचिकित्सा—

लङ्घनं दीपनं स्निग्धमुष्णं वातानुलोमनम्।
बृंहणं च भवेदन्नं तद्धितं सर्वगुल्मिनाम्॥ २२॥

सभी प्रकार के गुल्म में सामान्य चिकित्सा—सभी प्रकार के गुल्म के रोगियों के लिये लंघन कराना, दीपन, स्निग्ध तथा उष्ण पदार्थों का सेवन, वायु को अनुलोमन करने वाले पदार्थ, तथा बृंहण करने वाले अन्न हितकर होते हैं॥ २२॥

सर्वत्र प्रथमं गुल्मे स्नेहस्वेदोपपादिते।
या क्रिया क्रियते सिद्धि सा याति न विरूक्षिते॥ २३॥

सभी प्रकार के गुल्म में पहले स्नेहन तथा स्वेदन करने के बाद जो क्रिया की जाती है वह सिद्ध होती है। केवल वमन-विरेचन के बाद जो क्रिया की जाती है उसकी सिद्धि नहीं होती है॥ २३॥

गुल्मिनामनिलशान्तिरुपायैः सर्वशो विधिवदाचरणीया।
मारुतेऽत्र विजितेऽन्यमुदीर्णं दोषमल्पमपि कम निहन्यात्॥ २४॥

गुल्म के रोगियों के वायु का प्रशमन सभी प्रकार के उपायों से अच्छी तरह करना चाहिए। वायु के शान्त हो जाने पर अन्य उल्वण तीव्र दोषों को थोड़ा भी उपचार शान्त कर देता है॥ २४॥

स्रोतसां मार्दवं कृत्वा जित्वा मारुतमुल्बणम्।
भित्त्वा विबन्धं स्निग्धस्य स्वेदो गुल्ममपोहति॥ २५॥

स्नेहन तथा स्वेदन से स्रोतों (कोष्ठों) को मृदु बनावे और उल्वण (उदीर्ण) वायु को जीत ले। इसके बाद विबन्ध को दूर करे। इस प्रकार स्नेहन किये हुए व्यक्ति के गुल्म रोग को स्वेदन कर्म दूर कर देता है॥ २५॥

वातगुल्मचिकित्सा—

प्रागेव वातिके गुल्मे सुस्निग्धं स्वेदितं नरम्।

रेचितं स्नेहरेकैश्च निरूहैः सानुवासनैः ॥ २६ ॥
उपाचरेद्भिषक् प्राज्ञो मात्राकालविभागवित् ।

वात गुल्म की चिकित्सा—मात्रा तथा समय के विभाग को जानने वाला बुद्धिमान् वैद्य, वातिक गुल्म रोग में पहले ही स्नेहन तथा स्वेदन कर्म किये हुए व्यक्तिको स्निग्ध विरेचन कराने के बाद निरूहण तथा अनुवासन वस्ति के द्वारा उपचार करे ।

सुखोष्णा जाङ्गलरसाः सुस्निग्धाव्यक्तसैन्धवाः ॥ २७ ॥
कटुत्रिकसमायुक्ता हिताः पानेषु गुल्मिनाम् ।

घृत तथा थोड़े सेन्धानमक से मिश्रित, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) के चूर्ण से युक्त थोड़ा गरम जंगली पशुओं का मांसरस, गुल्म रोगियों के लिये पान करना हितकर है ।

कुम्भीपिण्डेष्टिकास्वेदान् कारयेत् कुशलो भिषक् ॥ २८ ॥
उपनाहाश्च कर्तव्याः सुखोष्णाः शाल्वणादयः ।

कुशल वैद्य वातिक गुल्म के रोगी को कुम्भीपिण्ड, स्वेद तथा इष्टिका स्वेद कराये । और शाल्वण-आदि उपनाहों को थोड़ा गरम कर उपनाह (पुल्टिस से सेंक) कर्म करे ।

रक्तावसेको रक्तस्य बाहुमध्ये शिराव्यधः ॥ २९ ॥
स्वेदोऽनुलोमनं चैव प्रशस्तं सर्वगुल्मिनाम् ।

सभी प्रकार के गुल्म के रोगियों के लिये रक्त का अवसेचन, बाहु के मध्य में सिराव्यध, स्वेदन तथा वायु का अनुलोमन करना हितकर होता है ।

मातुलुङ्गरसो हिङ्गु दाडिमं बिडसैन्धवम् ॥ ३० ॥
सुरामण्डेन पातव्यं वातगुल्मरुजापहम् ।

बिजौरा निम्बू का रस, शु० हिंगु, अनार का रस, बिडनमक तथा सेन्धानमक, इन द्रव्यों को एकत्र कर सुरामण्ड के साथ पान करना चाहिए । यह वातिक गुल्म की पीड़ा को नाश करने वाला है ।

पिबेदेरण्डतैलं वा वारुणीमण्डमिश्रितम् ॥ ३१ ॥
तदेव तैलं पयसा वातगुल्मी पिबेन्नरः ।

या एरण्ड के तैल को वारुणीमण्ड (मद्य विशेष) में मिलाकर पान करे । या वात गुल्म से पीड़ित रोगी इसी एरण्ड तैल को दूध के साथ पान करे ।

स्वर्जिकाकुष्ठसहितः क्षारः केतकिजोऽपि वा ॥ ३२ ॥
तैलेन पीतः शमयेद् गुल्मं पवनसंभवम् ।

कूठ तथा सज्जीखार या केतकी (केवड़ा) का क्षार एरण्ड तैल के साथ पान करने से वातिक गुल्म को शान्त करता है ।

वातगुल्मप्रतीकारे प्रकुप्यति यदा कफः ।
शस्तमुल्लेखनं तत्र चूर्णाद्याश्च कफापहाः ॥ ३३ ॥

वातिक गुल्म के प्रतीकार करने पर यदि कफ का प्रकोप हो जाय तो कफ का उल्लेखन करना (निकालना) उत्तम है। और यहाँ पर कफनाशक चूर्ण आदि का प्रयोग करना चाहिए ॥ ३३ ॥

यदि कुप्यति वा पित्तं विरेकस्तत्र भेषजम् ।
दोषघ्नैरप्यशान्तौ च गुल्मे शोणितमोक्षणम् ॥ ३४ ॥

अथवा यदि पित्त का प्रकोप हो जाय तो वहां पर विरेचन कराना ही औषध है। दोषनाशक औषधों के प्रयोग करने पर भी शान्त न हो तो गुल्म रोग में रक्तमोक्षण (रक्त निकालना) कराना चाहिए ॥ ३४ ॥

पित्तगुल्मचिकित्सा—

काकोल्याद्यैर्महातिक्तैर्वासाद्यैः पित्तगुल्मिनम् ।
स्नेहयेत्स्वेदयेत्पश्चाद्योजयेद् बस्तिकर्मणा ॥ ३५ ॥
स्निग्धोष्णजे पित्तगुल्मे कम्पिल्लं मधुना लिहेत् ।
रेचनार्थे रसं वाऽथ द्राक्षायाः सगुडं पिबेत ॥ ३६ ॥

पित्तगुल्म की चिकित्सा—पैत्तिक गुल्म के रोगी को, [1]काकोल्यादि घृत, महातिक्तक [2]घृत तथा [3]वासादिघृत से स्नेहन तथा स्वेदन करे। तथा इसके बाद बस्ति कर्म करे। स्निग्ध तथा उष्ण से उत्पन्न पैत्तिक गुल्म में कम्पिल्ल (कबीला) के चूर्ण को मधु के साथ चाटे। अथवा विरेचन के लिये मुनक्का के रस को गुड़ मिलाकर पान करे ॥ ३५-३६ ॥

पच्यमानगुल्मलक्षणं तच्चिकित्सा च—

दाहशूलादिसंक्षोभस्वप्ननाशारुचिज्वरैः ।
विदह्यमानं जानीयाद् गुल्मं तमुपनाहयेत् ॥ ३७ ॥

पच्यमान गुल्म का लक्षण तथा चिकित्सा—दाह, शूल, संक्षोभ, निद्रानाश, अरुचि तथा ज्वर ये पच्यमान गुल्म के लक्षण हैं। इस पच्यमान गुल्म को उपनाहन कर्म द्वारा उपचार करे ॥ ३७ ॥

पक्वगुल्मलक्षणं तच्चिकित्सा च—

पक्वस्तु पीडितोन्नामी बहिस्तुङ्गोऽल्पवेदनः ।
श्यावो बस्तिनिभस्तत्र वेधशोधनरोपणम् ॥ ३८ ॥

---

१. काकोल्यादि घृत—ग० नि० । प्र० ख० पृ० सं० २७ ।
२. महातिक्तक घृत—ग० नि० प्र० ख० पृ० सं० २७ में ।
३. वासादि घृत—ग० नि० प्र० ख० पृ० सं० १० में ।

पक्वगुल्म का लक्षण तथा चिकित्सा—पका हुआ गुल्म दबाने से ऊपर की तरफ झुक जाता है, बाहर उन्नत हो जाता है, उसमें वेदना कम होती है, सांवले वर्ण का तथा वस्ति के समान हो जाता है। ऐसी अवस्था में, वेधन, शोधन तथा रोपण क्रिया करनी चाहिए ॥ ३८ ॥

स्वयमूर्ध्वमधो वापि सर्वो दोषः प्रपद्यते ।
द्वादशाहमुपेक्षेत रक्षन्नन्यानुपद्रवान् ॥ ३९ ॥
परं तु शोधनं सर्पिः शुद्धे समधु तिक्तकम् ।

इसमें सभी दोष अपने आप ऊपर तथा नीचे प्रसरित हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में अन्य उपद्रवों से रक्षा करते हुए बारह दिन तक उपेक्षा करनी चाहिए। इसके बाद शोधन क्रिया करनी चाहिए। शुद्ध होने के पश्चात् मधु मिलाकर [1]तिक्तक घृत का प्रयोग करे।

कफगुल्मचिकित्सा—

स्नेहोपनाहनस्वेदतीक्ष्णस्रंसनवस्तिभिः ॥ ४० ॥
योगैश्च वातगुल्मोक्तैः श्लेष्मगुल्ममुपाचरेत् ।

कफज गुल्म की चिकित्सा—स्नेहन, उपनाहन, स्वेदन, तीक्ष्ण स्रंसन, वस्ति कर्म तथा वात गुल्म को दूर करने वाले कहे गये योगों से श्लैष्मिक गुल्म की चिकित्सा करे।

पञ्चमूलीश्रृतं तोयं पुराणं वारुणीरसम् ॥ ४१ ॥
कफगुल्मी पिबेत्काले जीर्णं माध्वीकमेव वा ।

कफगुल्म से पीड़ित व्यक्ति पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया, गोखरू) का क्वाथ, पुराना वारुणीरस (मद्यभेद) या पुराना माध्वीक (महुए का शराव या मुनक्का का आसव) नियमतः पान करे।

यवानीचूर्णितं तक्रं विडेन लवणीकृतम् ॥ ४२ ॥
पिबेत्संदीपनं वातमूत्रवर्चोनुलोमनम् ।

अजवायन का चूर्ण तथा विडनमक मिलाकर तक्र (मटा) को पान करे। यह तक्र अग्नि को प्रदीप्त करने वाला और अपानवायु, मूत्र तथा मल को अनुलोमन करने वाला है।

द्वन्द्वजसर्वजगुल्मचिकित्सा—

व्यामिश्रदोषे व्यामिश्र एष एव क्रियाक्रमः ॥ ४३ ॥
सन्निपातोत्थिते गुल्मे त्रिदोषघ्नो विधिर्हितः ।

द्वन्द्वज तथा त्रिदोषज गुल्म की चिकित्सा—द्वन्द्वज गुल्म रोग में दो दोषों

---

१. ग० नि० प्र० पृ० २७ में।

की मिश्रित चिकित्सा तथा त्रिदोषज गुल्म में तीनों दोषों की मिश्रित त्रिदोष-नाशक चिकित्सा हितकर है।

गुल्मे वचाद्यं चूर्णम्—

वचाबिडाभयाशुण्ठीहिङ्गुकुष्ठाग्निदीप्यकाः ॥ ४४ ॥
द्वित्रिषट्चतुरेकाष्टसप्तपञ्चांशकाः क्रमात् ।
चूर्णं मद्यादिभिः पीतं गुल्मानाहोदरापहम् ।
शूलार्शःश्वासकासघ्नं ग्रहणीदीपनं परम् ॥ ४५ ॥

गुल्मरोग में वचाद्य चूर्ण—वालवच, बिडनमक, हर्रे, सोंठ, शु० हिंगु, कूठ, चित्रक, अजवायन क्रमशः दो, तीन, छः, चार, एक, आठ, सात तथा पांच भाग अर्थात् वच दो भाग, बिडनमक तीन भाग, हर्रे छः भाग, सोंठ चार भाग, हिंगु एक भाग, कूठ आठ भाग, चित्रक सात भाग तथा अजदायन पांच भाग, इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे और मद्य, सुरा एवं मण्ड आदि के साथ पान करे। यह चूर्ण गुल्म रोग, आनाह तथा उदर रोग को नाश करने वाला है। शूल, अर्श, श्वास एवं कास को नाश करता है और ग्रहणी को अच्छी तरह प्रदीप्त करता है ॥ ४४–४५ ॥

गुल्मे यवान्यादिचूर्णम्—

यवानीहिङ्गुसिन्धूत्थक्षारसौवर्चलाभयाः ।
सुरामण्डेन पातव्या गुल्मशूलनिषूदनाः ॥ ४६ ॥

गुल्मरोग में यवान्यादि चूर्ण—अजवायन, शु० हिंगु, सेन्धानमक, यवक्षार, सौवर्चलनमक तथा हर्रे, (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को सुरामण्ड (मद्य) के साथ पान करे। यह चूर्ण गुल्म रोग तथा शूल को नाश करने वाला है ॥ ४६ ॥

गुल्मभेदनार्थं हिङ्ग्वादियोगः—

हिङ्गुपुष्करमूलानि तुम्बरूणि हरीतकी ।
श्यामा बिडं सैन्धवं च यवक्षारं महौषधम् ॥ ४७ ॥
यवक्वाथोदकेनैतद् घृतभृष्टं विपाचयेत् ।
तेनास्य भिद्यते गुल्मः सशूलः सपरिग्रहः ॥ ४८ ॥

गुल्म को भेदन करने के लिये हिंग्वादि चूर्ण—शु० हिंगु, पुष्करमूल, तुम्बरु, हर्रे, काला निशोथ, बिडनमक, सेन्धानमक, यवक्षार तथा सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को घृत में भूनकर यव के क्वाथोदक के साथ पकावे। इस योग को सेवन करने से शूल तथा अनेक उपद्रवों से युक्त गुल्म रोग का भेदन हो जाता है ॥ ४७–४८ ॥

गुल्मे भेदनार्थं वचादियोगः—

वचां हरीतकीं हिङ्गुं सैन्धवं साम्लवेतसम् ।
यवक्षारं यवानीं च पिबेदुष्णेन वारिणा ॥ ४९ ॥
एतद्धि गुल्मनिचयं सशूलं सपरिग्रहम् ।
भिनत्ति सप्तरात्रेण वह्नेर्वृद्धिं करोति च ॥ ५० ॥

गुल्मरोग में भेदन करने के लिये वचादि योग—वचा, हर्रे, शुद्ध हिंगु, सेन्धानमक, अम्लवेंत, यवक्षार तथा अजवायन (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण को गरम जल से पान करे। यह चूर्ण सात रात्रि तक प्रयोग करने से शूल एवं उपद्रवों से युक्त गुल्म के समूहों को (अर्थात् सभी प्रकार के गुल्म रोगों को) भेदन करता है तथा जाठराग्नि को बढ़ाता है ॥ ४९–५० ॥

गुल्मे पिप्पल्यादियोगः—

पिप्पलीपिप्पलीमूलचित्रकाजाजिसैन्धवैः ।
युक्ता पीता सुरा हन्ति गुल्ममाशु सुदुस्तरम् ॥ ५१ ॥

गुल्मरोग में पिप्पल्यादि योग—पीपर, पिपरामूल, चित्रक, स्याहजीरा तथा सेन्धानमक (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण मद्य के साथ पान करने से भयंकर गुल्म रोग को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ५१ ॥

गुल्मे नादेय्याद्यं लवणम्—

नादेयीकुटजार्कशिग्रुबृहतीस्नुग्बिल्वभल्लातक-
व्याघ्रीकिंशुकपारिभद्रकजटापामार्गनीपाग्निकान् ।
वासामुष्ककपाटलाः सलवणा दग्ध्वा जले पाचितं
हिङ्ग्वादिप्रतिवापमेतदुदितं गुल्मोदराष्ठीलिषु ॥ ५२ ॥

गुल्मरोग में नादेय्याद्य लवण—नादेयी (अरणी "गनियारी"), कोरैया की छाल, मदार की जड़, सहिजन के मूल की छाल, वनभंटा, सेहुंड़, बेल की छाल, शु० भल्लातक, व्याघ्री (भटकटैया), किंशुक (सेमर), पारिभद्र (फरहद) की जड़, अपामार्ग (चिरचिरा), नीप (कदम्ब), चित्रक, अडूसा, मुष्कक (काला पाढल या लोध), पाढ़ल तथा सेन्धानमक (समभाग)—इन द्रव्यों को लेकर यवकुट कर कपड़मिट्टी किये हुए हाड़ी में भरकर मुख बन्द कर दे और अग्नि में अन्तर्धूम जलाये। पुनः उसको ठंढा होने पर निकाल ले और चौगुने जल में घोलकर छान ले तथा पकावे। पकते-पकते गाढ़ा हो जाने पर उतार ले तथा शीतल हो जाने पर शु० हिंगु आदि मिला दे। यह लवण, गुल्मरोग, उदररोग तथा अष्ठीलिकारोग में हितकर कहा गया है। अर्थात् यह उपरोक्त रोगों को नाश करता है ॥ ५२ ॥

रक्तगुल्मचिकित्सा—

रौधिरस्य तु गुल्मस्य गर्भकालव्यतिक्रमे ।
स्निग्धस्विन्नशरीरायै दद्यात्स्नेहविरेचनम् ॥ ५३ ॥

रक्तगुल्म की चिकित्सा—गर्भकाल के समाप्त हो जाने पर रक्तज गुल्म में स्नेहन तथा स्वेदन के द्वारा शुद्ध शरीरवाली स्त्री के लिये स्निग्ध विरेचन का प्रयोग करे ॥ ५३ ॥

पलाशक्षारपात्रे द्वे द्वे पात्रे तैलसर्पिषोः ।
गुल्मशैथिल्यजननीं पक्त्वा मात्रां प्रयोजयेत् ॥ ५४ ॥

पलाश का क्षार दो पात्र[1] (परिमाण-विशेष दो छटांक) तैल तथा घृत दो पात्र—इन द्रव्यों को लेकर पकाये और मात्रापूर्वक प्रयोग करे। इस योग की मात्रा गुल्म को शिथिल (नष्ट) करनेवाली है ॥ ५४ ॥

इक्ष्वाकुमदनक्षारकिण्वदन्तीकणागुडैः ।
सर्षपसुधाक्षीरमाक्षिकैः क्षौमलक्तकान् ॥ ५५ ॥
भावितान् धारयेद्योन्यां दुष्टरक्तप्रवर्तकान् ।

इक्ष्वाकु (तितलौकी "तीता कद्दू"), मदन (मदनफल या धत्तूर), यवक्षार, किण्व, दन्ती, पिप्पली तथा गुड—इन द्रव्यों के साथ एवं सरसों का तैल, सेहुंड का दूध तथा मधु में ऊनी वस्त्र को भावित कर दुष्टरक्त को निकालने के लिये योनि में धारण कराये ।

शताह्वाचिरबिल्वत्वग्दारुभार्गीकणोद्भवः ॥ ५६ ॥
कल्कः पीतो हरेद् गुल्मं तिलकाथेन रक्तजम् ।

शताह्वा (सौंफ या "धनशूर"), चिरबिल्व (पूतिकरञ्ज) की छाल, देवदारु, भांगरा तथा पिप्पली (समभाग)—इन द्रव्यों का कल्क तिल के क्वाथ के साथ पान करने से रक्तज गुल्म को दूर करता है ।

विशेषमपरं चास्याः शृणु रक्तप्रभेदनम् ॥ ५७ ॥

स्त्री के रक्त को प्रभेदन करनेवाले अन्य विशेष योगों को कहते हैं सुनो ।

पलाशक्षारतोयेन सिद्धं सर्पिः पिबेच्च सा ।
उष्णैर्वा भेदयेद्भिन्ने विधिरास्रग्दरो हितः ॥ ५८ ॥

रक्तगुल्म से पीड़ित स्त्री पलाश के क्षार से सिद्ध घृत को पान करे। या उष्ण रक्तभेदक पदार्थों से रक्तज गुल्म को भेदन करे। भेदन हो जाने के बाद रक्तप्रदर की विधि एवं औषध हितकर है ॥ ५८ ॥

---

१. वस्तुतः 'पात्र' प्राचीनकालीन परिमाण-विशेष है। उसको पल (छटांक) की मात्रा में द्रव्यों को ग्रहण करना चाहिए ।

तिलकाथो गुडव्योषहिङ्वभार्गीयुतो भवेत् ।
पानं रक्तभवे गुल्मे नष्टे पुष्पे च योषिताम् ॥ ५९ ॥

स्त्रियों के रक्तज गुल्म में तथा ऋतु (मासिक धर्म) के नष्ट हो जाने पर गुड़, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), शु० हिंगु तथा भांगरा—इन द्रव्यों के चूर्ण के साथ तिल का क्वाथ पान करे ॥ ५९ ॥

पीतो धात्रीरसो युक्त्या किंशुकक्षारसाधितः ।
क्षारव्यूषणसंयुक्ता मदिरा वाऽसृगुल्मजित् ॥ ६० ॥

युक्तिपूर्वक पराश के क्षार से सिद्ध किया हुआ आंवला का रस या यवक्षार तथा व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच) के चूर्ण से मिश्रित मदिरा पान करने से रक्तज गुल्म को जीत लेती है ॥ ६० ॥

वातगुल्मे व्यूषणाद्यं घृतम्—

व्यूषणत्रिफलाधान्यविडङ्गचव्यचित्रकैः ।
कल्कीकृतैर्घृतं सिद्धं सक्षीरं वातगुल्मनुत् ॥ ६१ ॥

वातजगुल्म में व्यूषणादि घृत—व्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हरें, बहेड़ा, आंवला), धनिया, विडंग, चव्य तथा चित्रक—इन द्रव्यों के कल्क तथा गोदुग्ध के साथ सिद्ध किया हुआ घृत वातज गुल्म को दूर करता है । (घृत के चतुर्थांश कल्क तथा चौगुना दूध लेकर घृत सिद्ध करना चाहिए) ॥ ६१ ॥

पित्तगुल्मे द्राक्षाघृतम्—

द्राक्षामधूकखर्जूरं विदारी सशतावरी ।
पलूषकाणि त्रिफला साधयेच्च पलोन्मितान् ॥ ६२ ॥
जलाढके पादशेषे रसमामलकस्य च ।
घृतमिक्षुरसं क्षीरमभयाकल्कपादिकम् ॥ ६३ ॥
साधयेत्तु घृतं सिद्धं शर्कराक्षौद्रपादिकम् ।
पित्तगुल्महरं सर्पिः सर्वपित्तामयापहम् ॥ ६४ ॥

पित्तज गुल्म में द्राक्षा घृत—मुनक्का, महुआ का फूल, खजूर, विदारीकन्द, शतावरी, फालसा तथा त्रिफला (हरें, बहेड़ा, आंवला)—इन द्रव्यों को (एक २ पल), चार-चार तोला लेकर एक आढ़क (चार सेर २५६ तोला) जल में पकावे चौथाई शेष रहने पर आंवला का रस, गन्ने का रस तथा दूध, घृत के बराबर-बराबर, हरें का कल्क घृत के चौथाई एवं शक्कर तथा मधु चौथाई भाग मिलाकर घृत सिद्ध करे । यह घृत पैत्तिक गुल्म को तथा सभी प्रकार के पैत्तिक रोगों को दूर करता है ॥ ६२-६४ ॥

द्वित्रिप्रभृति यत्र स्युर्द्रवाणि स्नेहसंविधौ ।

तत्र स्नेहसमान्याहुरर्वाक् स्याच्च चतुर्गुणम् ॥ ६५ ॥

जहां पर घृत सिद्ध करने के लिये दो या तीन द्रवों का प्रयोग किया गया है वहां घृत के बराबर द्रव ग्रहण करे किन्तु जहां पर दो-तीन द्रवों से कम द्रवों का प्रयोग किया गया है वहां घृत के चौगुना द्रवों को ग्रहण करना चाहिए ॥ ६५ ॥

कफगुल्मे व्योषाद्यं घृतम्—

सठ्योषक्षारलवणं दशमूलशृतं घृतम् ।
कफगुल्मं हरत्याशु सहिङ्गुविडदाडिमम् ॥ ६६ ॥

कफगुल्म में व्योषाद्य घृत—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), यवक्षार, सेन्धानमक, दशमूल (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), शु० हिंगु, विडनमक तथा अनार इन द्रव्यों के कल्क (घृत के चतुर्थांश तथा घृत के चौगुना जल) के साथ सिद्ध किया हुआ घृत कफजन्य गुल्म को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ६६ ॥

कफगुल्मे क्षीरषट्पलकं घृतम्—

पिप्पलीपिप्पलीमूलचविकानलनागरैः ।
पालिकैः सयवक्षारैः सर्पिः प्रस्थं विपाचयेत् ॥ ६७ ॥
क्षीरप्रस्थेन तत्सर्पिर्हन्ति गुल्मं कफात्मकम् ।
ग्रहणीपाण्डुरोगघ्नं प्लीहकासज्वरापहम् ॥ ६८ ॥

कफज गुल्म में क्षीरषट्पलक घृत—पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ तथा यवक्षार—इन द्रव्यों के कल्क के साथ एक प्रस्थ दूध (चार प्रस्थ जल) मिलाकर एक प्रस्थ घृत पकावे । यह घृत कफजन्य गुल्म को नाश करता है । और ग्रहणीदोष, पाण्डुरोग, प्लीहावृद्धि, कास तथा ज्वर को नाश करनेवाला है ॥ ६७–६८ ॥

सर्वगुल्मे धात्रीषट्पलं घृतम्—

धात्रीफलानां स्वरसे षडङ्गं विपचेद् घृतम् ।
शर्करासैन्धवोपेतं तद्धितं सर्वगुल्मिनाम् ॥ ६९ ॥

सभी प्रकार के गुल्म में धात्रीषट्पल घृत—आंवला के स्वरस में षडंग (पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ तथा यवक्षार) का कल्क तथा शक्कर एवं सेन्धानमक मिलाकर घृत सिद्ध करे । यह घृत सभी प्रकार के गुल्म रोगियों के लिये हितकर है । (आंवले का स्वरस घृत से चौगुना तथा कल्क घृत के चतुर्थांश लेना चाहिए) ॥ ६९ ॥

अविपक्वगुल्मे वृश्चीवाद्योऽरिष्टः—

वृश्चीवमुरुबूकं च वर्षाभूबृहतीद्वयम् ।

चित्रकं च जलद्रोणे पचेत्पादावशेषितम् ॥ ७० ॥
मागधीचित्रकक्षोद्रलिप्ते कुम्भे निधापयेत् ।
मधुनः प्रस्थमावाप्य पथ्याचूर्णार्धसंयुतम् ॥ ७१ ॥
संस्थापितं दशाहं च जीर्णभक्तः पिबेन्नरः ।
अरिष्टोऽयं जयेद् गुल्ममविपक्वं सुदुस्तरम् ॥ ७२ ॥

अविपक्व गुल्मरोग में वृश्चीवाद्य-अरिष्ट—वृश्चीव (श्वेत पुनर्नवा), उरुबूक (एरण्ड), पुनर्नवा, वनभंटा, भटकटैया तथा चित्रक (समभाग)—इन द्रव्यों को लेकर जल एक द्रोण में पकावे और चौथाई शेष क्वाथ को पीपर तथा चित्रक का कल्क एवं मधु मिलाकर अन्दर लेप किये हुए घड़े में रक्खे। इसके बाद मधु एक प्रस्थ (बत्तीस तोला) लेकर मिला दे और दश दिन तक बन्द कर रख दें। तत्पश्चात् छानकर शीशी में रख ले तथा भोजन के पच जाने पर गुल्म का रोगी पान करे। यह वृश्चीवाद्य-अरिष्ट भयंकर अपरिपक्वगुल्म रोग को जीत लेता है अर्थात् नाश करता है ॥ ७०–७२ ॥

गुल्मे पथ्यापथ्यविचारः—

बद्धविण्मारुतो गुल्मी भुञ्जीत पयसा यवान् ।
कुल्माषान् वा बहुस्नेहान् भक्षयेल्लवणोत्तरान् ॥ ७३ ॥

गुल्मरोग में पथ्य तथा अपथ्य का विचार—मलावरोध तथा वातविबन्ध से पीड़ित गुल्म का रोगी दूध के साथ यव की दलिया को भक्षण करे। या अधिक मात्रा में घृत मिलाकर तथा सेन्धानमक मिश्रित कर कुल्माष (अर्धपक्व, गेहूं, चना, मूंग आदि की घुघुनी) भक्षण करे ॥ ७३ ॥

वल्लूरं मूलकं मत्स्यान् शुष्कशाकं च वैदलम् ।
न खादेदालुकं गुल्मी मधुराणि फलानि च ॥ ७४ ॥

गुल्मरोग से पीड़ित व्यक्ति वल्लूर (सूखा मांस), मूलक शाक (करेरुआ "डाडि" का शाक), मछली, सूखाशाक, वैदल (दाल), आलू तथा मधुर फलों को भक्षण न करे ॥ ७४ ॥

गुल्मे कम्पिल्लकादियोगः—

कम्पिल्लकं हरीतक्यो बिडं शिग्रुफलानि च ।
श्यामां वचामश्वमूत्रीं (?) विडङ्गान्यम्लवेतसम् ॥ ७५ ॥
यवक्षारं यवानीं तु पिबेदुष्णेन वारिणा ।
एतद्धि गुल्मनिचयं सशूलं सपरिग्रहम् ॥ ७६ ॥
भिनत्ति सप्तरात्रेण वायुर्वृद्धो यथा घनान् ।

गुल्मरोग में कम्पिल्लकादि योग—कम्पिल्लक (कबीला), हर्रे, बिडनमक, सहिजन का फल, निशोथ, मीठावच, अश्वमूत्री (सल्लकी "सलई"), बाय-

विडंग, अम्लवेंत, यवक्षार तथा अजवायन—इन द्रव्यों के चूर्ण को गरम जल से पान करे। यह योग शूल एवं अनेक उपद्रवों से युक्त सभी प्रकार के गुल्म के रोगों को सात रात्रि तक सेवन करने से भेदन कर देता है। जैसे प्रबल-वायु मेघ को छिन्न-भिन्न कर देता है।

गुल्मे श्यामादियोगः—

श्यामा दन्ती त्रिवृत्कुष्ठं यवक्षारो हरीतकी ॥ ७७ ॥
गुग्गुलुश्चेति मूत्रेण पातव्यं गुल्मभेदनम्।

गुल्मरोग में श्यामादि योग—श्यामा (कालानिशोथ), दन्ती, निशोथ, कूट, यवक्षार, हर्रे तथा शु० गुग्गुलु—इन द्रव्यों के चूर्ण को गुल्म को भेदन करने के लिये गोमूत्र के साथ पान करे।

गुल्मे आरोग्यलवणम्—

त्र्यूषणं पिप्पलीमूलं शटी शृङ्गी दुरालभा ॥ ७८ ॥
द्वौ क्षारौ पञ्चलवणं समभागानि चूर्णयेत्।
सन्नीय चूर्णं लवणैः शनैर्मृद्वग्निना पचेत् ॥ ७९ ॥
तदग्निवर्णं निर्धूमं चूर्णं कृत्वा सुशीतलम्।
अङ्गुलग्रहमालोड्य सुरामण्डेन पाययेत् ॥ ८० ॥
मस्त्वारनालमूत्रैस्तु युक्तं स्याद्वातगुल्मजित् ॥ ८१ ॥
शूलवातोदरप्लीहपाण्ड्वामयकिलासजित्।
हन्यादारोग्यलवणं प्रशस्तं कफवातनुत् ॥ ८२ ॥

गुल्मरोग में आरोग्य लवण—त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), पिपरामूल, शटी, (कपूरकचरी), काकडासिंघी, यवासा, यवक्षार, सज्जीखार, पञ्चलवण (सेन्धा, सौवर्चल, विड, सांभर तथा सामुद्र) समभाग—इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे। चूर्ण को पांचों लवणों के साथ मिलाकर कड़ाही में बन्द कर मंद आंच से पकावे। इस चूर्ण को धूमरहित अग्नि के वर्ण के समान चूर्ण को देखकर उतार ले और शीतल हो जाने पर अंगुलि-ग्रह (एक चिटुकी) लेकर सुरामण्ड मद्य में मिलाकर पान कराये। यह आरोग्य लवण मस्तु (दही का तोड़), आरनाल (कांजी) तथा गोमूत्र के साथ पान करने से वातिक गुल्म को नाश करता है, और शूल, वातोदर, प्लीहावृद्धि, पाण्डुरोग तथा किलास (कुष्ठभेद) को जीत लेता है एवं कफ-वातजन्य रोगों को करता है। उत्तम आरोग्य लवण उपरोक्त रोगों को नाश करता है ॥७८–८२॥

गुल्मे भल्लातकादियोगाः—

भल्लातकं पिप्पलीं च लोहचूर्णं शिलाजतु।
लशुनं वा प्रयुञ्जीत विधिवद् गुल्मशान्तये ॥ ८३ ॥

गुल्मरोग में भल्लातकादि । योग—शु० भल्लातक, पीपर, लौहभस्म, शिलाजीत या लहसुन को गुल्मरोग की शान्ति के लिये विधिवत् प्रयोग करे ॥ ८३ ॥

वातगुल्मे मरिचाद्यं घृतम्—

मरिचं पिप्पली शुण्ठी कटुकी वह्निहेमकौ ।
सुवर्चला वचा क्षारः प्रत्येकं कर्षमात्रकम् ॥ ८४ ॥
पलानि षोडशाज्यस्य सुपक्वं मृदुवह्निना ।
वातगुल्मं कृमीन् हन्ति भुक्तं श्वासमसंशयम् ॥ ८५ ॥

वातगुल्म में मरिचाद्य घृत—मरिच, पीपर, सोंठ, कुटकी, चित्रक, हेमक (नागकेशर), सुवर्चला (हुरहुर), मीठावच तथा यवक्षार—इन द्रव्यों को एक-एक कर्ष लेकर कल्क बनावे और घृत सोरह पल (चौसठ तोला) में मिलाकर मन्द आंच से अच्छी तरह पकावे । यह घृत भक्षण करने से वात-गुल्म, कृमिरोग तथा श्वासरोग को निःसन्देह नाश करता है ॥८४-८५॥

वातगुल्मे बीजपूररसादियोगः—

बीजपूररसो हिङ्गु सैन्धवं विडपूर्वकम् ।
लवणं दाडिमं शुक्तं सितया वातगुल्मजित् ॥ ८६ ॥

वातगुल्म में बीजपूररसादि योग—बिजौरा नीबू का रस, शु० हिंगु, सेन्धानमक तथा विडनमक, सेन्धानमक, अनार एवं शुक्त (कांजी) मिश्री के साथ सेवन करने से वातगुल्म को जीत लेता है ॥ ८६ ॥

अम्लवेतसनिर्यासो लवणं विडपूर्वकम् ।
रामठं स्वर्जिकाक्षारस्तक्रपीतं च गुल्महृत् ॥ ८७ ॥

अम्लवेंत, गुग्गुलु (या अम्लवेंत का गोंद), सेन्धानमक, विडनमक, शु० हिंगु तथा सज्जीखार—इन द्रव्यों का चूर्ण तक्र के साथ पान करने से गुल्म रोग को दूर करता है ॥ ८७ ॥

वातगुल्मे तुम्बर्वादियोगः—

तुम्बरुः सैन्धवं हिङ्गु पथ्या पुष्करमूलिका ।
सुवर्चलाऽशितं वातगुल्महृत् क्षारवारिणा ॥ ८८ ॥

वातगुल्म में तुम्बर्वादि योग—तुम्बरु, सेन्धानमक, शु० हिंगु, हर्रे, पुष्करमूल तथा हुरहुर—इन द्रव्यों का चूर्ण यवक्षार के जल के साथ भक्षण करने से वातिक गुल्म को दूर करता है ॥ ८८ ॥

वातगुल्मे विडङ्गादिक्षीरम्—

विडङ्गत्रिफलाव्योषचव्यधान्याग्निकल्कितम् ।
घृतं क्षीरेण संसिद्धं पानात् पवनगुल्मजित् ॥ ८९ ॥

वातगुल्म में विडङ्गादि क्षीर—वायविडंग, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आँवला), त्र्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चव्य, धनिया तथा चित्रक—इन द्रव्यों के कल्क के साथ सिद्ध दूध, पान करने से वातिक गुल्म को जीत लेता है ॥ ८९ ॥

स्नेहादष्टगुणं क्षीरं क्षीरात्तोयं चतुर्गुणम् ।
क्षीरशेषं प्रकर्तव्यं क्षीरपाकेऽत्वयं विधिः ॥ ९० ॥

स्नेह से अठगुना दूध, दूध से चौगुना जल लेकर पकाये। केवल दूध रह जाने पर उसको ग्रहण करे। यही क्षीरपाक की विधि है ॥ ९० ॥

गुल्मे हिङ्ग्वाद्यं चूर्णम्—

हिङ्ग्वग्निचव्यलवणत्रयवेतसाम्ल-
क्षारद्वयं त्रिकटुदाडिमतिन्तिडीकम् ।
सग्रन्थिकाग्निकशटीहपुषाजगन्धा-
पाठाभयासितजीरकपुष्कराह्वम् ॥ ९१ ॥
सोग्रं सधान्यकमितिप्रविधाय चूर्णं
भूयः प्लुतं हि फलमूलसुरारसेन ।
उष्णोदकादिपरिपीतमिदं निहन्ति
शूलानि गुल्मगुदजग्रहणीविकारान् ॥ ९२ ॥

इति वैद्यश्रीसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
गुल्माधिकारः पञ्चविंशतितमः ॥ २५ ॥

गुल्मरोग में हिंग्वाद्य चूर्ण—शु० हिंगु, चित्रक, चव्य, लवणत्रय (सेन्धा-नमक, सौवर्चलनमक तथा विडनमक), अम्लवेंत, यवक्षार, सज्जीखार, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), अनार, तिन्तिडीक (इमली), पिपरामूल, अग्निक (शु० भल्लातक), शटी (कपूरकचरी), हाऊबेर, अजमोदा, पाढ़ी, हर्रे, सफेदजीरा, पुष्करमूल, उग्रा (अजवायन) तथा धनियां (समभाग)—इन द्रव्यों के चूर्ण बनाकर, पुनः फल तथा मूल के सुरारस से भावित कर, उष्णजल के साथ पान करे। यह चूर्ण शूल, गुल्मरोग, अर्शरोग तथा ग्रहणी रोगों को नाश करता है ॥ ९१–९२ ॥

वैद्य श्री सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड
में पच्चीसवां गुल्माधिकार समाप्त ।

अथ हृद्रोगाधिकारः षड्विंशतितमः ।

अथातो हृद्रोगनिदानं व्याख्यास्यामः ।

छब्बिसवां हृद्रोगाधिकार प्रारम्भ—गुल्म रोग-निरूपण के बाद हृद्रोग का निदान कहते हैं ।

हृद्रोगसंप्राप्तिः—

हृद्वस्त्योरन्तरे ग्रन्थिर्गुल्मश्चेति निरूपितम् ।
निरूपणप्रसङ्गेन हृद्रोगश्च निरूप्यते प्रदिष्टः ॥ १ ॥

हृदय रोग की सम्प्राप्ति—हृदय तथा नाभि के मध्य भाग में स्थित ग्रन्थि को 'गुल्म' कहते हैं, उसका निरूपण हो चुका ! हृदय के सन्निकटवर्ति गुल्म के निरूपण-प्रसंग में हृदय रोग का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

अत्युष्णगुर्वम्लकषायतिक्तश्रमाभिघाताध्यशनप्रसङ्गैः ।
संचिन्तनैर्वेगविधारणैश्च हृदामयः पञ्चविधः प्रदिष्टः ॥ २ ॥

अत्यधिक उष्ण तथा अधिक गुरु भोजन करने से, कषाय तथा कड़वे पदार्थों के सेवन से, परिश्रम, चोट, अध्यशन, भोजन के परिपाक के पहले ही पुनः भोजन करना अत्यधिक चिन्तन एवं अधारणीय वेगों को धारण करने से पांच प्रकार का हृदय रोग उत्पन्न होता है ॥ २ ॥

दूषयित्वा रसं दोषा विगुणा हृदयं गताः ।
हृदि बाधां प्रकुर्वन्ति हृद्रोगं तं प्रचक्षते ॥ ३ ॥

अपने कारणों से विगुण (प्रकुपित) वात आदि दोष रस को दूषित करके हृदय में अवस्थित होकर हृदय प्रदेश में विकार उत्पन्न कर देते हैं । इस को हृद्रोग कहते हैं ॥ ३ ॥

विमर्श—हृद्रोग पांच प्रकार का होता है । वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक तथा कृमिज । अत्युष्ण आदि कारणों से वातिक आदि हृद्रोग उत्पन्न होते हैं । यथा—अत्यधिक उष्ण पदार्थों का सेवन पैत्तिक हृद्रोग के कारण हैं । गुरु अन्न तथा अध्यशन कफज हृद्रोग तथा शेष सभी कारण वातिक हृद्रोग के कारण हैं । त्रिदोषज के पूर्वोक्त कारण संमिलित रूप में और क्रिमिज के क्रिमि तथा क्रिमिवर्द्धक अन्न एवं अध्यशन कारण हैं । अधिक चिन्ता करने से चिन्तनजन्य हृद्रोग अधिक मात्रा में पाया जाता है ।

हृद्रोग का लक्षण चरक ने निम्न प्रकार से किया है ।

"व्यायामतीक्ष्णातिविरेकवस्ति-चिन्ताभयत्रासमदाभिचाराः ।

छर्दिमसंधारणकर्षणानि हृद्रोगकर्तृणि तथाऽभिघातः ॥"

रक्त को धारण करना तथा रक्त का सम्पूर्ण शरीर में परिचालन करने वाले यन्त्र विशेष को हृदय कहते हैं। वह अनैच्छिक पेशियों से बना हुआ है और वक्ष प्राचीर के अन्दर दोनों फुफ्फुसों के मध्य में लगभग ६½ इञ्च लम्बा, ३½ इञ्च चौड़ा और २½ इञ्च मोटा एवं भार में लगभग पांच छटांक का अवस्थित है। यह युवा पुरुषों के हृदय का माप है। स्त्रियों में इसका भार तथा आकार अपेक्षाकृत कुछ कम होता है। हृदय की आकृति बन्द की हुई मुट्ठी के समान होती है। हृदय का अधिक भाग वक्ष के वाम भाग में अवस्थित रहता है। इसके दोनों तरफ वाम और दक्षिण फुफ्फुस रहते हैं। वामपार्श्व के फुफ्फुस में हृदय के अधिक सामीप्य के कारण एक गर्त बना रहता है, इसे 'हार्दिक गर्त' कहते हैं। इसके सामने उरःफलक तथा वामपार्श्व की द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पञ्चम पर्शुकाओं की तरुणास्थियां रहती हैं। उरके पृष्ठ भाग में पञ्चम, षष्ठ, सप्तम तथा अष्टम कशेरुकाओं के गाल तथा चक्रियायें रहती हैं। हृदय और इसके बीच बृहद्धमनी अवस्थित रहती है। इस प्रकार हृदय एक कोष्ठ है, यह अन्दर से एक मांस के पतले परदे से वाम तथा दक्षिण दो भागों में विभक्त रहता है। इन दोनों कोष्ठों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। प्रत्येक कोष्ठ दो भागों में विभक्त है। दक्षिणी ऊपर का भाग रक्त परिभ्रमण से लौटे हुए अशुद्ध रक्त को ग्रहण करता है, अतः उसे 'दक्षिण ग्राहक कोष्ठ' कहते हैं। यहाँ से नीचे के भाग द्वारा फुफ्फुसीय धमनी में फेंक दिया जाता है अतः उसे 'दक्षिण क्षेपक कोष्ठ या निलय' कहते हैं। ऊपर और नीचे के दक्षिण कोष्ठ पतले त्रिपत्रक कपाटों के द्वारा आपस में अलग रहते हैं। ये कपाट सौत्रिक तन्तु के बने होते हैं और हमेशा नीचे की ओर निलय में ही खुलते हैं। इस तरह रक्त एक ही तरफ बहता है और पीछे नहीं लौट पाता। वामपार्श्व में भी इसी प्रकार दो कोष्ठ होते हैं। वामग्राहक कोष्ठ फुफ्फुसीय सिराओं द्वारा लौटे हुए शुद्ध रक्त को ग्रहण करता है, और वह रक्त पुनः वाम अलिन्द निलय मध्यगत द्वारा या द्विपत्रक द्वार के द्वारा वाम निलय में चला जाता है और वहां से वह रक्त हृदय संकोच के द्वारा बृहद् धमनी द्वार में से होकर बृहद् धमनी में फेंक दिया जाता है। इन दोनों द्वारों में भी कपाट लगे रहते हैं। द्विपत्रक कपाट निलय की ओर तथा बृहद् धमनी कपाट बृहत् धमनी की ओर ही खुलते हैं। इस तरह इनके अविकृत रहने पर रक्त अपनी प्राकृत दिशा की ओर ही गमन करता है, विपरीत दिशा में नहीं लौट पाता। हृदय का समस्त आन्तरिक भाग एक कला से आच्छादित रहता है इसे 'हृदन्तः कला' कहते हैं।

इस प्रकार हृदय के सम्पूर्ण अवयवों के प्राकृत रहने पर हृदय तथा शरीर का कार्य भी प्रकृत रहता है। इनमें से किसी भी अंग के विकृत हो जाने से हृदय का कार्य विकृत हो जाता है, और इसी को 'हृद्रोग' कहते हैं। हृदय रस का स्थान है। अतः वातादिक दोष के द्वारा दूषित रस के सम्बन्ध से हृदय में विकृति होने से हृदय के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। हृद्रोग का सामान्य लक्षण चरक ने निम्न प्रकार से किया है।

"वैवर्ण्यमूर्च्छाज्वरकासहिक्का-श्वासास्यवैरस्यतृषाप्रमोहाः।
छर्दिः कफोत्क्लेशरुजोऽरुचिश्च हृद्रोगजाः स्युर्विविधास्तथान्ये॥"

वातजादिभेदेन हृद्रोगलक्षणानि—

आयम्यते मारुतजे हृदयं तुद्यते तथा।
निमथ्यते दीर्यते च स्फोट्यते पाट्यतेऽपि च॥ ४॥

वातज आदि भेद से हृद्रोग के लक्षण—वातिक हृद्रोग में हृदय में आयमन (खिंचावट) तथा सूई के छेदने की तरह वेदना होती है। रोगी को कभी कभी अनुभव होता है कि उसके हृदय को कोई डण्डे से मथन कर रहा है, दो टुकड़े कर रहा है, कुल्हाड़ी से फाड़ रहा है या आरे से चीर रहा है॥४॥

तृष्णोष्णदाहचोषाः स्युः पैत्तिके हृदयक्लमः।
धूमायनं च मूर्च्छा च स्वेदः शोषो मुखस्य च॥ ५॥

पैत्तिक हृद्रोग में प्यास, गर्मी, दाह, चोष, हृदय की व्याकुलता, धूवां निकलने का अनुभव, मूर्च्छा, पसीना का आना तथा मुख का सूखना ये लक्षण होते हैं॥ ५॥

गौरवं मुखसंस्रावोऽरुचिः स्तम्भोऽग्निमार्दवम्।
माधुर्यमपि चास्यस्य बलासावतते हृदि॥ ६॥

प्रकुपित कफ से हृदय के व्याप्त होने पर शरीर में भारीपन, लाला प्रसेक, अरुचि, हृदय में जकड़ाहट तथा अग्निमान्द्य होते हैं और मुख का स्वाद मधुर रहता है॥ ६॥

विद्यात्त्रिदोषं त्वपि सर्वलिङ्गं तीव्रार्तितोदं क्रिमिजं सकण्डुम्॥
उत्क्लेदः ष्ठीवनं तोदः शूलं हृल्लासकस्तमः।
अरुचिः श्यावनेत्रत्वं शोफश्च कृमिजे भवेत्॥ ७॥

त्रिदोषज हृद्रोग में तीनों दोषों के लक्षण पाये जाते हैं।

क्रिमिजन्य हृद्रोग में खुजली, भयंकर पीड़ा, उत्क्लेश, बार-बार थूकने की प्रवृत्ति, तोदवत् पीड़ा, शूल, मिचली, आंखों के सामने अन्धेरा, अरुचि, आंखों में मलिनता तथा शोथ ये लक्षण होते हैं॥ ७॥

विमर्श—क्रिमिजन्य हृद्रोग में हल्लास, आंखों के सामने अन्धेरा होना, अरुचि, आँखों की सलिनता तथा शोथ ये प्रधान लक्षण हैं। चरक ने अपथ्य से त्रिदोषज हृद्रोग की प्रवर्द्धमानावस्था को ही क्रिमिज हृद्रोग माना है, जैसे—

"त्रिदोषजे तु हृद्रोगे यो दुरात्मा निषेवते।
तिलक्षीरगुडादीनि ग्रन्थिस्तस्योपजायते॥
मर्मैकदेशे संक्लेदं रसश्चाभ्योपगच्छति।
संक्लेदात् क्रिमयश्चास्य सवन्त्युपहतात्मनः॥"

चिरकालीन एवं उसमें अपथ्य सेवन से ग्रन्थि की उत्पत्ति तथा क्रिमि के उपसर्ग होने पर तीव्रातितोद आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं और इन लक्षणों से युक्त हृद्रोग असाध्य होता है।

हृद्रोगोपद्रवाः—

क्लमः सादो भ्रमः शोफो ज्ञेयास्तेषामुपद्रवाः।
कृमिजे क्रिमिजातीनां श्लैष्मिकाणां च ये मताः॥ ८॥

इति हृद्रोगनिदानम्।

हृद्रोग के उपद्रव—हृद्रोग में क्लम (वदन में बिना परिश्रम के ही थकावट का अनुभव), अवसाद, भ्रम तथा शोथ ये लक्षण होते हैं। कफज क्रिमियों के उपद्रव ही क्रिमिजन्य हृद्रोग में भी होते हैं॥ ८॥

हृद्रोग का निदान समाप्त

अथातो हृद्रोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

हृद्रोगे सामान्यचिकित्सा—

हृद्रोगिणं स्नेहयित्वा वामयेत् स्रंसयेत्तथा।
अचिरोत्थं लङ्घयेत्तु हृद्रोगं वातिकाद्विना॥ ९॥

हृद्रोग के निदान के बाद चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

हृद्रोग में सामान्य चिकित्सा—हृदय के रोगी को स्नेहन कराकर वमन तथा स्रंसन कराये। वातिक हृद्रोग को छोड़कर नवीन हृद्रोग में लङ्घन कराये॥ ९॥

वातहृद्रोगचिकित्सा—

वातोपसृष्टे हृदये वामयेत् स्निग्धमातुरम्।

द्विपञ्चमूलीक्काथेन सस्नेहलवणेन च ॥ १० ॥
पिप्पल्येलावचाहिङ्गुयवक्षाराह्वसैन्धवम् ।
सौवर्चलमथो शुण्ठी अजमोदा च चूर्णितम् ॥ ११ ॥
फलधान्याम्लकौलत्थदधिमद्यासवादिभिः ।
पाययेच्छुद्धदेहं च स्नेहेनान्यतमेन वा ॥ १२ ॥
नागरं वा पिबेदुष्णं कषायं चाग्निवर्धनम् ।
कासश्वासानिलहरं शूलहृद्रोगनाशनम् ॥ १३ ॥

वातिक हृद्रोग की चिकित्सा—वायु से उपसृष्ट हृदय रोग में रोगी को स्नेहन कराने के बाद द्विपञ्चमूली (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढ़ल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), के क्काथ से या घृत-मिश्रित सेन्धानमक से वमन कराये। पीपर, बड़ी इलायची, वच, हिंगु, यवक्षार, सेन्धानमक, सौवर्चलनमक, सोंठ तथा अजमोदा (समभाग) इन द्रव्यों के चूर्ण को फलासव, धान्यासव, अम्लद्रव, कौलत्थ (कुरथी का) क्काथ, दधि, मद्य तथा आसव से या किसी भी स्नेह के साथ वमन-आदि से शुद्ध शरीर वाले हृदय के रोगी को पान कराये। अथवा सोंठ के क्काथ को गरम कर जाठराग्नि को बढ़ाने के लिये पान करे। यह कास, श्वास तथा वायु को दूर करता है और शूल एवं हृद्रोग को नाश करने वाला है ॥ १०–१३ ॥

पित्तहृद्रोगचिकित्सा—

श्रीपर्णीमधुकक्षौद्रसितागुडजलैर्वमेत् ।
पित्तोपसृष्टे हृदये, सेवयेन्मधुरैः श्रृतम् ।
घृतं, कषायाँस्तूद्दिष्टान् पित्तज्वरविनाशनान् ॥ १४ ॥

पैत्तिक हृद्रोग की चिकित्सा—पित्त से उपसृष्ट हृदय रोग में गम्भारी, तथा मुलेठी के क्काथ, मधु, मिश्री तथा गुड़ के रस से वमन कराये और मधुर द्रव्यों से सिद्ध घृत तथा पित्तज्वर को नाश करने वाले कथित कषायों को सेवन कराये ॥ १४ ॥

शीताः प्रदेहाः परिषेचनानि तथा विरेको हृदि पित्तदुष्टे ।
द्राक्षासिताक्षौद्रपरूषकैः स्याच्छुद्धे च पित्तापहमन्नपानम् ।
पिष्ट्वा पिबेच्चापि सितां जलेन यष्ट्याह्वयं तिक्तकरोहिणीं च ॥ १५ ॥

पित्त प्रकोप से उत्पन्न हृद्रोग में शीतल प्रदेह (लेप), शीतल स्नान तथा विरेचन कराना चाहिए। वमन एवं विरेचन के द्वारा शरीर के शुद्ध हो जाने पर मुनक्का, मिश्री, मधु तथा फालसा के साथ पित्तनाशक अन्न-पान को सेवन करे और मिश्री का रस, मुलेठी तथा कुटकी को जल के साथ पीसकर पान करे ॥ १५ ॥

हृद्रोगेऽर्जुनत्वग्योगाः—

अर्जुनस्य त्वचा सिद्धं क्षीरं योज्यं हृदामये ।
सितया पञ्चमूल्या वा बलया मधुकेन च ॥ १६ ॥

हृद्रोग में अर्जुन की छाल का योग—हृद्रोग में अर्जुन की छाल से सिद्ध दूध को सेवन करना चाहिए । मिश्री मिलाकर या पञ्चमूली (सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), बला (नागबला-गंगेरन) या मुलेठी से सिद्ध, दूध को सेवन करे ॥ १६ ॥

घृतेन दुग्धेन गुडाम्भसा वा पिबन्ति चूर्णं ककुभत्वचो ये ।
हृद्रोगजीर्णज्वररक्तपित्तं हत्वा भवेयुश्चिरजीविनस्ते ॥ १७ ॥

जो व्यक्ति अर्जुन की छाल के चूर्ण को घृत, दुग्ध या गुड़ के रस के साथ पान करते हैं वे हृदयरोग, पुराना ज्वर तथा रक्तपित्त को नाशकर चिरजीवी (आरोग्यपूर्वक बहुत काल तक जीने वाले) होते हैं ॥ १७ ॥

कफजहृद्रोगचिकित्सा—

वचानिम्बकषायाभ्यां वान्तं हृदि कफोत्थिते ।
वातहृद्रोगहृच्चूर्णं पिप्पल्यादींश्च योजयेत् ॥ १८ ॥

कफजन्य हृद्रोग की चिकित्सा—कफजन्य हृद्रोग में वच तथा निम्ब के क्वाथ से वमन कराने के बाद पिप्पल्यादि वातिक हृद्रोगनाशक चूर्ण को सेवन कराये ॥ १८ ॥

त्रिदोषजहृद्रोगचिकित्सा—

त्रिदोषजे लङ्घनमादितः स्यादन्नं तु सर्वेषु हितं विधेयम् ।
हीनादिमध्यत्वमवेक्ष्य चैवं कार्यं त्रयाणामपि कर्म शस्तम् ॥ १९ ॥

त्रिदोषज हृद्रोग की चिकित्सा—त्रिदोषज हृद्रोग में पहले वमन कराये, उसके बाद वातिक, पैत्तिक तथा श्लैष्मिक हृद्रोग में हितकर अन्न का प्रयोग करे । तीनों दोषों के अंशांश-कल्पना द्वारा हीन, मध्य तथा अतियोग को अच्छी तरह देखकर वात, पित्त तथा कफजन्य हृद्रोग में प्रशस्त कर्म (चिकित्सा) को करे । अर्थात् त्रिदोषज हृद्रोग में तीनों दोषों में जिसकी प्रधानता हो या हीनता हो उसके अनुसार प्रधान-दोषनाशक चिकित्सा करे तदनन्तर हीन दोषों को शान्त करने का प्रयत्न करे ॥ १९ ॥

हृद्रोगे पुष्करमूलयोगः—

चूर्णं पुष्करजं लिह्यान्माक्षिकेण समायुतम् ।
हृच्छूलश्वासकासघ्नं क्षयहिक्कानिवारणम् ॥ २० ॥

हृद्रोग में पुष्करमूलयोग—सभी प्रकार के हृद्रोग में पुष्करमूल का चूर्ण मधु के साथ चाटे । यह चूर्ण हृदयशूल, श्वास तथा कास को नाश करने

वाला और क्षयरोग (टी. बी.) एवं हिचकी को दूर करने वाला है ॥ २० ॥

हृद्रोगेऽर्जुनयोगः—

तैलाज्यगुडविपक्वं चूर्णं गोधूमपार्थजं वापि ।
पिबति पयोऽनु स भवति जितसकलहृदामयः पुरुषः ॥ २१ ॥

हृद्रोग में अर्जुन का प्रयोग—जो हृद्रोग-पीडित व्यक्ति गेहूं तथा अर्जुन की छाल का चूर्ण तैल, घृत तथा गुड़ में पकाकर दूध के साथ पान करता है वह सभी प्रकार के हृदय रोगों को जीत लेता है ॥ २१ ॥

गोधूमककुभचूर्णं छागपयोगव्यसर्पिषा पक्वम् ।
मधुशर्करासमेतं हन्ति हृद्रोगमुद्धतं पुंसाम् ॥ २२ ॥

गोधूम तथा अर्जुन की छाल का चूर्ण, बकरी का दूध तथा गाय के घृत में पकाकर मधु तथा शक्कर मिलाकर सेवन करने से पुरुषों के तीव्र हृद्रोग को नाश करता है ॥ २२ ॥

मूलं नागबलायास्तु गवां दुग्धेन पाययेत् ।
हृद्रोगश्वासकासघ्नं ककुभस्य च वल्कलम् ॥ २३ ॥
रसायनं परं बल्यं वातजिन्मासयोजितम् ।
संवत्सरप्रयोगेण जीवेद्वपशतं ध्रुवम् ॥ २४ ॥

नागबला की जड़ तथा अर्जुन की छाल के चूर्ण को गाय के दूध के साथ (या गाय के दूध में पकाकर) पान कराये । यह हृद्रोग, श्वास तथा कास को नाश करता है । यह बल को देनेवाला, वातनाशक उत्तम रसायन एक मास तक प्रयोग करने से वात को जीत लेता है तथा एक वर्ष तक प्रयोग करने से सौ वर्ष तक जीवित रखता है, यह निश्चित है ॥ २३–२४ ॥

हृद्रोगे हिङ्ग्वादियोगः—

हिङ्गूग्रगन्धाविडविश्वकृष्णा-कुष्ठाभयाचित्रकयावशूकम् ।
पिबेत् सुसौवर्चलपुष्कराढ्यं यवाम्भसा शूलहृदामयघ्नम् ॥ २५ ॥

हृद्रोग में हिंग्वादि योग—शु० हिंगु, वचा, बिडनमक, सोंठ, पीपर, कूठ, हर्रे, चित्रक, यवक्षार, सौवर्चलनमक तथा पुष्करमूल, इन द्रव्यों के चूर्ण को यव के क्वाथ से पान करे । यह शूल तथा हृदयरोग को नाश करनेवाला है ॥ २५ ॥

हृद्रोगे दशमूलयोगः—

दशमूलीकषायस्तु लवणक्षारयोजितः ।
श्वासं कासं सहृद्रोगं गुल्मं शूलं च नाशयेत् ॥ २६ ॥

हृद्रोग में दशमूल योग—दशमूली (बेल, गम्भारी, अरलु, पाढल, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) का कषाय, सेन्धानमक

तथा यवक्षार मिलाकर सेवन करने से श्वासरोग, कासरोग, हृद्रोग, गुल्मरोग तथा शूल को नाश करता है ॥ २६ ॥

कृमिहृद्रोगचिकित्सा—

कृमिहृद्रोगिणं स्निग्धं भोजयेत् पिशितौदनम् ।
दध्ना च पललोपेतं त्र्यहं पश्चाद्विरेचयेत् ॥ २७ ॥
सुगन्धिभिः सलवणैः साजाजीकणशर्करैः ।
विडङ्गगाढैर्धान्याम्लं पाययेत विकारभित् ॥ २८ ॥

कृमिजन्य हृद्रोग की चिकित्सा—कृमिजन्य हृद्रोग से पीड़ित रोगी को घृत से युक्त मांस तथा भात या दही के साथ या मांस-भात तीन दिन तक भक्षण कराये तदनन्तर विरेचन कराये । सेन्धानमक, स्याहजीरा, पीपर, शक्कर तथा सुगन्धित द्रव्यों से युक्त विडंग के कल्क के साथ विकार (दोषों) को भेदन करने के लिये धान्याम्ल को पान कराये ॥ २७–२८ ॥

कृमिजेऽपि पिबेन्मूत्रं विडङ्गामयसंयुतम् ।
हृदि स्थिताः पतन्त्येवमधस्तात्कृमयो नृणाम् ॥ २९ ॥
यवान्नं वितरेच्चास्मै सविडङ्गमतः परम् ।

कृमिजन्य हृद्रोग में भी विडंग तथा आमय (कूठ) से युक्त गोमूत्र को पान करे । इस प्रकार हृदय में स्थित क्रिमि रोगी के अधोमार्ग से गिर जाते हैं । इसके बाद विडंग चूर्ण के साथ यवान्न (यव की रोटी या दलिया) रोगी के लिये खाने को दे ।

हृद्रोगे वल्लभकं घृतम्—

मुख्यं शतार्धेन हरीतकीनां सौवर्चलस्यापि पलद्वयेन ।
सिद्धं घृतं वल्लभकं तु नाम्ना हृच्छ्वासगुल्मोदरमारुतघ्नम् ॥ ३० ॥

हृद्रोग में वल्लभक घृत—मुख्य (बड़ी) हर्रे पचास, सौवर्चलनमक, दो पल—इन द्रव्यों के कल्क एवं क्वाथ से सिद्ध वल्लभक नामक घृत हृदयरोग, श्वासवृद्धि, गुल्मरोग, उदररोग तथा वातिक रोगों को नाश करता है । (इस घृत को घृतनिर्माण-विधि के अनुसार विहित मात्रा में लेकर सिद्ध करना चाहिए । देखें ग० नि० प्र० खण्ड पृ० ४१४ में) ॥ ३० ॥

हृद्रोगे हरीतक्यादिचूर्णम्—

हरीतकी वचा रास्ना पिप्पली विश्वभेषजम् ।
शटी पुष्करमूलं च चूर्णं हृद्रोगनाशनम् ॥ ३१ ॥

हृद्रोग में हरीतक्यादि चूर्ण—हर्रे, वच, रासन, पीपर, सोंठ, शटी (कपूरकचरी) तथा पुष्करमूल—इन द्रव्यों का चूर्ण हृदयरोग को नाश करनेवाला है ॥ ३१ ॥

हृद्रोगे पाठादिचूर्णम्—

पाठां वचां यवक्षारमभयामम्लवेतसम् ।
दुरालभा चित्रकं च त्र्यूषणं लवणत्रयम् ॥ ३२ ॥
शटीं पुष्करमूलं च तिन्तिडीकं सदाडिमम् ।
मातुलुङ्गत्वाश्च मूलानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ ३३ ॥
सुखोदकेन मद्यैर्वा चूर्णान्येतानि पाययेत् ।
अर्शः शूलं च हृद्रोगं गुल्मं चापि व्यपोहति ॥ ३४ ॥

हृद्रोग में पाठादिचूर्ण—पाठा (पाढ़ी), वच, यवक्षार, हर्रे, अम्लवेंत, यवासा, चित्रक, त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), लवणत्रय (सेन्धानमक, सौवर्चलनमक, विडनमक), कपूरकचरी, पुष्करमूल, तिन्तिडीक, अनार का दाना तथा मातुलुङ्गी (बिजौरा) नीबू की जड़—इन द्रव्यों को (समभाग) लेकर सूक्ष्म चूर्ण बनावे और इस चूर्ण को थोड़े गरम जल या मद्य के साथ पान कराये । यह चूर्ण अर्शरोग, शूल, हृद्रोग तथा गुल्मरोग को दूर करता है ॥ ३२–३४ ॥

हृद्रोगे सौवर्चलादिचूर्णम्—

सौवर्चलं शृङ्गवेरं दाडिमं साम्लवेतसम् ।
श्वासहृद्रोगशमनमिदं स्याद्धिङ्गुपञ्चमम् ॥ ३५ ॥

हृद्रोग में सौवर्चलादि चूर्ण—सौवर्चलनमक, सोंठ, अनार का दाना तथा शु० हिंगु—इन द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण श्वासरोग तथा हृद्रोग को शान्त करने-वाला है ॥ ३५ ॥

हृद्रोगे कतिपययोगाः—

हृद्रोगिणं स्नेहयित्वा वामयेत्स्रंसयेत्तथा ।
भल्लातपिप्पलीमूलक्वाथोऽयं हन्ति पानतः ॥ ३६ ॥
हृद्रोगं गुडसंयुक्तो बीजपूररसोऽथवा ।
लवणाम्बुयुतं तैलं हृद्रोगे वातिके पिबेत् ।
सिद्धं मूत्रेण वा गुल्मशूलानाहनिवारणम् ॥ ३७ ॥

हृद्रोग में कुछ योग—हृदय के रोगी को स्नेहन कराकर वमन तथा स्रंसन करावे । इसके बाद शु० भल्लातक तथा पिपरामूल का क्वाथ पान करने से हृद्रोग को नाश करता है । अथवा बिजौरा नीबू के रस के साथ गुड़ मिलाकर पान करने से हृद्रोग को नाश करता है । वातिक हृद्रोग में सेन्धानमक के जल के साथ तैल पान करे या गोमूत्र से सिद्ध तैल पान करे । यह गुल्मरोग शूल तथा आनाह को दूर करता है ॥ ३६–३७ ॥

हृद्रोगेऽभयादिघृतम्—

पञ्चाशदभयाकल्कं सौवर्चलपलद्वयम् ।
घृतप्रस्थं जले सिद्धं हृद्रोगश्वासगुल्मनुत् ॥ ३८ ॥

हृद्रोग में अभयादि घृत—हर्रे पचास नग का कल्क तथा सौवर्चलनमक दो पल—इन द्रव्यों के साथ घृत से चौगुने जल में घृत एक प्रस्थ सिद्ध करे। यह घृत हृद्रोग, श्वासवृद्धि तथा गुल्मरोग को दूर करता है ॥ ३८ ॥

हृद्रोगे शुण्ठ्याद्यं चूर्णम्—

शुण्ठीसुवर्चलाहिङ्गुदाडिमं साम्लवेतसम् ।
चूर्णमुष्णाम्बुना पेयं श्वासहृद्रोगमुक्तये ॥ ३९ ॥

हृद्रोग में शुण्ठ्यादि चूर्ण—सोंठ, सुवर्चला (हुरहुर), शु० हिंगु, अनारदाना तथा अम्लवेंत—इन द्रव्यों का चूर्ण गरम जल के साथ श्वासवृद्धि तथा हृदरोग से मुक्त होने के लिये पान करे ॥ ३९ ॥

हृद्रोगे पिप्पल्याद्यो योगः—

पिप्पली बीजपूरं च नवनीतयुत द्वयम् ।
हृच्छूलं भक्षितं हन्ति हृद्रोगं चातिदारुणम् ॥ ४० ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे हृद्रोगाधिकारः षड्विंशतितमः ॥ २६ ॥

हृदरोग में पिप्पल्याद्य योग—पीपर, बिजौरा नीबू का रस ये दोनों नवनीत (मक्खन) के साथ भक्षण करने से हृदय का शूल तथा तीव्र हृद्रोग को नाश करते हैं ॥ ४० ॥

श्रीवैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा खण्ड में छब्बिसवां हृद्रोगाधिकार समाप्त ।

अथ मूत्रकृच्छ्राधिकारः सप्तविंशतितमः।

अथातो मूत्रकृच्छ्रनिदानं व्याख्यास्यामः।

हृद्रोग-निरूपण के बाद मूत्र-कृच्छ्र का निदान कहते हैं।

मूत्रकृच्छ्रस्य निदानपूर्विका संप्राप्तिः—

व्यायामतीक्ष्णौषधसूक्ष्मसद्यप्रसङ्गनित्यद्रुतपृष्ठ्यानात्।
आनूपमत्स्याध्यशनादजीर्णात् स्युर्मूत्रकृच्छ्राणि नृणां तथाऽष्टौ॥ १॥
पृथङ्मलाः स्वैः कुपिता निदानैः सर्वेऽथवा कोपमुपेत्य वस्तौ।
मूत्रस्य मार्गं परिपीडयन्ति यदा तदा मूत्रयतीह कृच्छ्रात्॥ २॥

मूत्रकृच्छ्र का निदानपूर्वक सम्प्राप्ति—अधिक व्यायाम, तीक्ष्ण औषध-प्रसंग, रूक्ष पदार्थ, अत्यधिक मद्यपान के अभ्यास से तथा तेज चलनेवाले घोड़े आदि पर नित्य सवारी करने से, आनूपदेश के पशुओं के मांस सेवन करने से, अध्यशन करने से तथा अजीर्ण से मनुष्यों को आठ प्रकार (वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सन्निपातज, शल्याभिघातज, पुरीषज, शुक्रज तथा अश्मरीभेदजन्य) के मूत्रकृच्छ्र उत्पन्न हो जाते हैं। अपने-अपने कारणों से प्रकुपित वातादि दोष अलग-अलग या एक साथ जब वस्ति में पहुँचकर मूत्र-प्रणाली में संकोच, दबाव या क्षोभ आदि उत्पन्न करते हैं तब रोगी कष्ट से मूत्र त्याग करता है इसी को 'मूत्रकृच्छ्र' कहते हैं॥ १–२॥

विमर्श—मूत्रस्य कृच्छ्रेण महता दुःखेन प्रवृत्तिः—मूत्र का अत्यधिक कष्ट-पूर्वक निकलने को मूत्रकृच्छ्र कहते हैं। यह वस्ति से सम्बन्ध रखनेवाला रोग है। मूत्रकृच्छ्र की अवस्था में वस्ति मूत्र से भरी रहती है और रोगी को मूत्र-त्याग करने की इच्छा भी होती है, किन्तु मूत्र-प्रणाली (मूत्रमार्ग) में किसी प्रकार का अवरोध या विकृति हो जाने से मूत्र-त्याग बड़े कष्ट से होता है। मूत्रकृच्छ्र के सामान्यतः तीन कारण हो सकते हैं—

१. मूत्राशयान्तर्गत कारण—मूत्राशयगत अश्मरी ('पथरी'), अर्बुद, तीव्र अथवा जीर्ण मूत्राशयगत कलाशोथ, फिरंगजन्य खञ्जता, योषापस्मार तथा मूत्रकृमियों का उपसर्ग ये मूत्राशयगत कारण में आ जाते हैं।

२. मूत्रप्रणालीगत कारण—मूत्रप्रसेक-शोथ, औपसर्गिकमेह तथा मूत्रेन्द्रियगत मूत्रमार्ग में उपसंकोच, इन कारणों से भी मूत्रमार्ग में अवरोध होकर मूत्रकृच्छ्रता होती है।

३. अन्य कारण—पौरुष-ग्रन्थि की वृद्धि तथा अर्श से भी मूत्रकृच्छ्रता होती है।

मूत्राशय पर बुरी तरह दबाव डालनेवाले व्यायाम से मूत्रकृच्छ्र उत्पन्न होता है। तीक्ष्ण औषधियों या खाद्य पदार्थों का निर्हरण मूत्रमार्ग के द्वारा होता है, अतः ये सब मूत्रकृच्छ्र के कारण हैं। मूत्रमार्ग में जलन होने के कारण रोगी मूत्रत्याग नहीं करना चाहता। मद्य के तीक्ष्ण गुण होने के कारण वृक्क के द्वारा निर्हरण होने से मूत्र के निर्हरण-काल में जलन और मूत्रकृच्छ्र होता है।

मूत्रकृच्छ्रस्य वातजादिभेदेन लक्षणानि—

तीव्रा रुजो वङ्क्षणबस्तिमेढ्रे स्वल्पं मुहुर्मूत्रयतीह वातात्।

मूत्रकृच्छ्र का वात-आदिक भेद से लक्षण—वातिक मूत्रकृच्छ्र में वंक्षण, बस्ति तथा मूत्रेन्द्रिय में तीव्र पीड़ा होती है। और बार-बार थोड़ा-थोड़ा मूत्रोत्सर्ग होता है।

पीतं सरक्तं सरुजं सदाहं मूत्रं मुहुर्मूत्रयतीह पित्तात्॥ ३॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में मूत्र का रंग पीला तथा कभी-कभी रक्तयुक्त होता है। मूत्र त्यागते समय पीड़ा तथा जलन की प्रतीति होती है और बार-बार मूत्र होता है॥ ३॥

तैस्तैः सलिङ्गस्य गुरुत्वशोथौ मूत्रं सपिच्छं कफमूत्रकृच्छ्रे।

कफज मूत्रकृच्छ्र में बस्ति तथा मूत्रेन्द्रिय में भारीपन तथा शोथ हो जाता है व मूत्र पिच्छिलता-युक्त होता है।

सर्वाणि रूपाणि च सन्निपाताद्भवन्ति तत्कृच्छ्रतमं हि कृच्छ्रम्॥४॥

सन्निपातज मूत्रकृच्छ्र में सभी वात, पित्त तथा कफजन्य मूत्रकृच्छ्र के लक्षण रहते हैं। यह अत्यन्त कष्टसाध्य होता है॥ ४॥

मूत्रवाहिषु शल्येन क्षतेष्वभिहतेषु च।
मूत्रकृच्छ्रं तदाघातात्जायते भृशदारुणम्॥ ५॥
वातकृच्छ्रेण तुल्यानि तस्य लिङ्गानि निर्दिशेत्।

मूत्र को वहन करनेवाली स्रोतों में आभ्यन्तरशल्य या बाह्य चोट लगने से क्षत होने पर तीव्र मूत्रकृच्छ्र रोग उत्पन्न होता है। इस शल्याभिघातज मूत्रकृच्छ्र में वातिक मूत्रकृच्छ्र के समान लक्षण होते हैं।

शकृतस्तु प्रतीघाताद्वायुर्विगुणतां गतः॥ ६॥
आध्मानं वातशूलं च मूत्रसङ्गं करोति च।

मल के वेग को रोकने से वायु विलोम होकर पेट में आध्मान, वातिकशूल

तथा मूत्रावरोध उत्पन्न कर देता है। इसको शकृद्विघातज मूत्रकृच्छ्र कहते हैं।

अश्मरीहेतु तत्पूर्वं मूत्रकृच्छ्रमुदाहरेत् ॥ ७ ॥

जिस मूत्रकृच्छ्र का कारण अश्मरी (पथरी) होती है उसे अश्मरीज मूत्रकृच्छ्र कहते हैं ॥ ७ ॥

शुक्रे दोषैरुपहते मूत्रमार्गे विधारिते।
सशुक्रं मूत्रयेत् कृच्छ्राद् बस्तिमेहनशूलवान् ॥ ८ ॥

अपने स्थान (शुक्राशय) से निकला हुआ शुक्र जब वातादि दोषों के प्रकोप से रुक कर मूत्रमार्ग में अवरुद्ध हो जाता है, उस अवस्था में रोगी को शुक्रसहित मूत्रत्याग होता है, वस्ति और मूत्रेन्द्रिय में शूल होता है। इसे शुक्रज मूत्रकृच्छ्र कहते हैं ॥ ८ ॥

अश्मरी शर्करा चैव तुल्यसंभवलक्षणे।
विशेषं शर्करायास्तु शृणु कीर्तयतो मम ॥ ९ ॥
पच्यमानाऽश्मरी पित्ताच्छोष्यमाणा च वायुना।
विमुक्तकफसंघाना क्षरन्ती शर्करा मता ॥ १० ॥

अश्मरी तथा शर्करा के लक्षण समान होते हैं, किन्तु इन दोनों में शर्करा की जो विशेषता होती है उसे मैं कह रहा हूँ सुनो—अश्मरी ही पित्त से परिपाचित होकर तथा वायु से शुष्क हो जाने पर (छोटे २ टुकड़ों में) बाहर निकलती है। इसको शर्करा कहते हैं ॥ ९–१० ॥

हृत्पीडा वेपथुः शूलं कुक्षावग्निश्च दुर्बलः।
ततो भवति कृच्छ्रं च मूत्रकृच्छ्रं सुदारुणम् ॥ ११ ॥
इति मूत्रकृच्छ्रनिदानम्।

इस शर्करा के कारण हृदयप्रदेश में पीड़ा, कम्पन, पेट में शूल, जाठराग्नि-दुर्बलता तथा कष्टदायक भयंकर मूत्रकृच्छ्र होता है ॥ ११ ॥

इति मूत्रकृच्छ्र-निदान।

अथातो मूत्रकृच्छ्रचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

मूत्रकृच्छ्र के निदान के बाद उसकी चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

अश्मरीचिकित्साया मूत्रकृच्छ्रेऽप्यतिदेशः—

अश्मरी-शान्तिविधयो य उक्ताः प्रसमीक्ष्य तान्।
यथादोषं प्रयुञ्जीत स्नेहादिमपि च क्रमम् ॥ १२ ॥

अश्मरी चिकित्सा का मूत्रकृच्छ्र में अतिदेश—अश्मरी को शान्त करने के लिये जो विधियां (चिकित्सा आदि उपचार) कही गई हैं उन विधियों को अच्छी तरह विचार कर वातादि दोषों के अनुसार यथाक्रम स्नेहन आदि कर्म एवं उपचार मूत्रकृच्छ्र रोग में करे ॥ १२ ॥

वातिकमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

अभ्यञ्जनस्नेहनिरूहबस्तिस्वेदोपनाहोत्तरबस्तिसेकान् ।
स्थिरादिभिर्वातहरैश्च सिद्धान् दद्याद्रसांश्चानिलमूत्रकृच्छ्रे ॥ १३ ॥

वातिक मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—वातिक मूत्रकृच्छ्र में अभ्यञ्जन, स्नेहन, निरूहणवस्ति, उत्तरवस्ति तथा सेक एवं शालपर्णी आदि वातनाशक औषधियों से सिद्ध रसों का प्रयोग करे ॥ १३ ॥

अमृतां नागरं धात्रीं वाजिगन्धां त्रिकण्टकान् ।
प्रपिबेद्वातरोगार्तः शूलवान्मूत्रकृच्छ्रवान् ॥ १४ ॥

गुडूची, सोंठ, आंवला, अश्वगन्धा तथा गोखरू—इन द्रव्यों के क्वाथ को वात रोग से पीड़ित शूल का रोगी तथा मूत्रकृच्छ्र का रोगी पान करे ॥ १४ ॥

पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

सेकावगाहौ शिशिराः प्रदेहा ग्रैष्मो विधिर्बस्तिपयोनिरूहाः ।
द्राक्षाविदारीक्षुरसैर्घृतैश्च कृच्छ्रेषु पित्तप्रभवेषु कार्याः ॥ १५ ॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में सेक, अवगाहन, शीतल लेप, ग्रीष्म ऋतु के दाहशामक विधि (उपचार), मुनक्का, विदारीगन्धा तथा गन्ने के रस एवं इन द्रव्यों से सिद्ध घृत से वस्ति कर्म तथा पूर्वोक्त रस या घृत के साथ पयःपान और निरूहण वस्ति करनी चाहिए ॥ १५ ॥

पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे तृणपञ्चमूलम्—

कुशः काशः सरो दर्भ इक्षुश्चेति तृणोद्भवम् ।
पित्तकृच्छ्रहरं पञ्चमूलं बस्तिविशोधनम् ।
एतत्सिद्धं पयः पीतं मेढ्रगं हन्ति शोणितम् ॥ १६ ॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में तृणपञ्चमूल—कुश, कास, शर, दर्भ तथा गन्ना ये तृणपञ्चमूल हैं । इन तृणपञ्चमूलों का क्वाथ, पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र को दूर करनेवाला तथा वस्ति को शोधन करनेवाला है । इस पञ्चमूल से सिद्ध दुग्ध-पान करने से, मूत्रेन्द्रिय से निकलनेवाले रक्त को रोक देता है ॥ १६ ॥

पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे शतावर्यादिक्वाथः—

शतावरीकाशकुशश्वदंष्ट्राविदारिशालीक्षुकसेरुकाणाम् ।
क्वाथं सुशीतं मधुशर्कराक्तं पिबञ्जयेत्पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रम् ॥ १७ ॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में शतावर्यादि क्वाथ—शतावरी, कास, कुश, श्वदंष्ट्रा

(गोखरू), विदारीकन्द, शालि (जड़हन धान की जड़), गन्ना तथा कशेरुक—इन द्रव्यों का क्वाथ शीतल कर मधु तथा शक्कर मिलाकर पान करने से पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र को जीत लेता है ॥ १७ ॥

पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे हरीतक्यादिक्वाथः—

हरीतकीगोक्षुरराजवृक्षपाषाणभिद्धन्वयवासकानाम् ।
क्वाथं पिबेन्माक्षिकसंप्रयुक्तं कृच्छ्रे सदाहे सरुजे विबन्धे ॥ १८ ॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में हरीतक्यादि क्वाथ—हर्रे, गोखरू, राजवृक्ष (अमलतास), पाषाणभेद तथा धमासा या यवासा—इन द्रव्यों का क्वाथ, मधु मिलाकर दाह, पीड़ा तथा विबन्ध युक्त मूत्रकृच्छ्र रोग में पान करे ॥ १८ ॥

मूत्रकृच्छ्रे गुडामलकयोगः—

गुडेनामलकं वृष्यं श्रमघ्नं तर्पणं प्रियम् ।
पित्तासृग्दाहशूलघ्नं मूत्रकृच्छ्रनिवारणम् ॥ १९ ॥

मूत्रकृच्छ्र में गुडामलक योग—गुड़ के साथ आंवले के रस का प्रयोग बल को बढ़ाने वाला थकावट दूर करने वाला, तृप्ति एवं रुचि को बढ़ाने वाला, पित्तजन्यरक्त, दाह तथा शूल को नाश करने वाला और मूत्रकृच्छ्र को दूर करने वाला है ॥ १९ ॥

कफजमूत्रकृच्छ्रे एलायोगः—

मूत्रेण सुरया वाऽपि कदलीस्वरसेन वा ।
कफकृच्छ्रविनाशाय श्लक्ष्णां पिष्ट्वा त्रुटिं पिबेत् ॥ २० ॥

कफजन्य मूत्रकृच्छ्र में एलायोग—कफजन्य मूत्रकृच्छ्र रोग को नाश करने के लिये बड़ी इलायची को महीन पीसकर गोमूत्र या सुरा अथवा केला के स्वरस के साथ पान करे। या गोमूत्र या सुरा या केला के स्वरस के साथ पीसकर पान करे ॥ २० ॥

कफजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

तक्रेण पिष्टं शितिवारकस्य बीजं पिबेत् कृच्छ्रविघातहेतोः ।
पिबेत्तथा तण्डुलधावनेन प्रवालचूर्णं कफमूत्रकृच्छ्रे ॥ २१ ॥

कफज मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—शितिवार (चौपतिया-शिरुआरी) के बीज को तक्र (मठा) के साथ पीसकर मूत्रकृच्छ्र को नाश करने के लिये पान करे। और प्रवाल की भस्म को चावल के धोवन (एक तो० चावल को चार तो० जल में दो घंटा भिगोकर रक्खे और मसल कर छान ले) के साथ कफजन्य मूत्रकृच्छ्र में पान करे या चौपतिया के पत्ती के चूर्ण को चावल धोवन के साथ कफज मूत्रकृच्छ्र में पान करे ॥ २१ ॥

त्रिदोषजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

सर्वं त्रिदोषप्रभवे तु वायोः स्थानानुपूर्व्या प्रसमीक्ष्य कार्यम् ।
त्रिभ्योऽधिके प्राग्वमनं कफे स्यात्पित्ते विरेकः पवने च बस्तिः ॥२२॥

त्रिदोषज मूत्रकृच्छ्र चिकित्सा—त्रिदोषजन्य मूत्रकृच्छ्र में वायु के स्थान के अनुसार देखकर वातज, पित्तज तथा कफज उपचार करना चाहिए। किन्तु तीनों दोषों में कफ की प्रबलता होने पर वमन, पित्त की प्रबलता होने पर विरेचन तथा वात की अधिकता होने पर वस्ति का प्रयोग सर्वप्रथम करना चाहिए ॥ २२ ॥

मूत्रकृच्छ्रे बृहत्यादिगणः—

बृहतीधावनीपाठायष्टीमधुकलिङ्गकाः ।
पाचनीयो बृहत्यादिः कृच्छ्रदोषत्रयापहः ॥ २३ ॥

मूत्रकृच्छ्र रोग में बृहत्यादिगण—वनभंटा, धावनी (भटकटैया), पाढ़ी, मुलेठी तथा कलिङ्गक (इन्द्रयव) यह पाचनीय बृहत्यादि गण है। यह बृहत्यादिगण त्रिदोषज मूत्रकृच्छ्र रोग को नाश करने वाला है ॥ २३ ॥

मूत्रकृच्छ्रे गुडक्षारयोगः—

गुडेन मिश्रितं क्षारं कटूष्णं कामतः पिबेत् ।
मूत्रकृच्छ्रेषु सर्वेषु शर्करावातरोगजित् ॥ २४ ॥

मूत्रकृच्छ्र में गुडक्षारयोग—सभी प्रकार के मूत्रकृच्छ्र रोग में गुड़ के साथ कटु तथा उष्ण क्षार को मिलाकर अपनी इच्छा के अनुसार पान करे। यह गुड-क्षारयोग शर्करा तथा वातरोग को जीत लेता है ॥ २४ ॥

अभिघातजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

तथाऽभिघातजे कुर्यात् सद्योव्रणचिकित्सितम् ।
मूत्रकृच्छ्रे सदा चास्य कार्या वातहरी क्रिया ॥ २५ ॥

अभिघातज मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—अभिघातज (चोट लगने से उत्पन्न) मूत्रकृच्छ्र में सद्यः व्रण को दूर करने वाली चिकित्सा करनी चाहिए। तथा हमेशा मूत्रकृच्छ्र में वातनाशक क्रिया करे ॥ २५ ॥

पुरीषजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

स्वेदश्चूर्णक्रियाऽभ्यङ्गो बस्तयः स्युः पुरीषजे ।
काथं गोक्षुरबीजस्य यवक्षारयुतं पिबेत् ॥ २६ ॥
मूत्रकृच्छ्रं शकृज्जं तु कृच्छ्रं शीघ्रं निवारयेत् ।

पुरीषज मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—पुरीषज (मल से उत्पन्न) मूत्रकृच्छ्र में स्वेदन कर्म, चूर्ण प्रयोग तथा अभ्यङ्ग आदि क्रियायें करे और गोखरू के बीज

का क्वाथ यवक्षार मिलाकर पान करे। यह मलजन्य मूत्रकृच्छ्र को शीघ्र ही दूर करता है।

अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

शर्कराश्मरिकृच्छ्रे तु शर्कराश्मरिनाशनः ॥ २७ ॥

अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—शर्करा तथा अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र में शर्करा एवं अश्मरी (पथरी) नाशक क्रियाओं (उपचारों तथा औषधों का सेवन) को करे ॥ २७ ॥

शुक्रविबन्धोत्थमूत्रकृच्छ्रचिकित्सा—

लेह्यं शुक्रविबन्धोत्थे शिलाजतु समाक्षिकम्।
वृष्यैर्बृंहितधातोश्च विधेयाः प्रमदोत्तमाः ॥ २८ ॥

शुक्रावरोध से उत्पन्न मूत्रकृच्छ्र की चिकित्सा—शुक्रविबन्धजन्य मूत्रकृच्छ्र में शु० शिलाजीत मधु के साथ चाटे, और वीर्यवर्द्धक औषधों से बृंहण करने के बाद उत्तम स्त्री (नवयौवना स्त्री) के साथ संभोग करे ॥ २८ ॥

एलाहिङ्गुयुतं क्षीरं सर्पिर्मिश्रं पिबेन्नरः।
मूत्रदोषविशुद्ध्यर्थं शुक्रदोषहरं च तत् ॥ २९ ॥

शुक्रदोष की शुद्धि के लिये दूध में इलायची, शु० हिंगु तथा घृत मिलाकर पान करे। यह वीर्यसम्बन्धी दोषों को दूर करने वाला है ॥ २९ ॥

अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रे त्रिकण्टकादियोगः—

त्रिकण्टकारग्वधदर्भकासदुरालभापर्वतभेदपथ्याः।
निघ्नन्ति पीता मधुनाऽश्मरीजं संप्राप्तमृत्योरपि मूत्रकृच्छ्रम् ॥ ३० ॥

अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र में त्रिकण्टकादि योग—त्रिकण्टक (गोखरू), अमलतास, दर्भ, कास, यवासा, पाषाणभेद तथा हर्रे इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ चाटने से मूत्रकृच्छ्र से आसन्न-मृत्यु रोगी के अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है ॥ ३० ॥

सर्वमूत्रकृच्छ्रे एलादिचूर्णम्—

एलाश्मभेदकशिलाजतुपिप्पलीनां
चूर्णानि तण्डुलजलैर्लुलितानि पीत्वा।
यद्वा गुडेन सहितान्यवलिह्य चैता-
नासन्नमृत्युरपि जीवति मूत्रकृच्छ्री ॥ ३१ ॥

सभी प्रकार के मूत्रकृच्छ्र में एलादि चूर्ण—बड़ी इलायची, पाषाणभेद, शु० शिलाजीत तथा पीपर, इन द्रव्यों के चूर्ण तण्डुल के जल से पानकर या गुड़ के साथ इन द्रव्यों के चूर्ण को अवलेह बनाकर चाटने से मरणासन्न भी मूत्रकृच्छ्र का रोगी जीवित रहता है ॥ ३१ ॥

मूत्रकृच्छ्रे लोहयोगः—

श्लक्ष्णपिष्टमयश्चूर्णं मधुना सह योजितम् ।
मूत्रकृच्छ्रं हरत्याशु त्रिभिर्लेहैर्न संशयः ॥ ३२ ॥

मूत्रकृच्छ्र में लौह योग—सूक्ष्म लौहभस्म मधु के साथ प्रयोग करने से मूत्रकृच्छ्र को शीघ्र ही नाश करता है । उपरोक्त तीनों अवलेहों से मूत्रकृच्छ्र की शान्ति होती है इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३२ ॥

सर्वमूत्रकृच्छ्रे यवक्षारयोगः—

सितातुल्यो यवक्षारः सर्वकृच्छ्रविनाशनः ।
निदिग्धिकारसो वाऽथ सक्षौद्रः कृच्छ्रनाशनः ॥ ३३ ॥

सभी प्रकार के मूत्रकृच्छ्र में यवक्षार योग—मिश्री के बराबर यवक्षार मिलाकर खाने से सभी प्रकार के मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है । अथवा निदिग्धिका (भटकटैया) का स्वरस मधु के साथ मिलाकर पान करने से मूत्रकृच्छ्र को नाश करने वाला है ॥ ३३ ॥

पैत्तिकमूत्रकृच्छ्रे शतावरीघृतं क्षीरं वा—

शतावरीकाशकुशश्वदंष्ट्राविदारिकेक्ष्वामलकेषु सिद्धम् ।
सर्पिः पयो वा सितया विमिश्रं कृच्छ्रेषु पित्तप्रभवेषु योज्यम् ॥ ३४ ॥

पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में शतावरी घृत अथवा क्षीर—पैत्तिक मूत्रकृच्छ्र में शतावरी, कास, कुश, गोखरू, विदारीकन्द तथा आंवला इन द्रव्यों से सिद्ध घृत, अथवा दुग्ध को मिश्री मिलाकर प्रयोग करे ॥ ३४ ॥

मूत्रकृच्छ्रे त्रिकण्टकाद्यं घृतम्—

त्रिकण्टकैरण्डकुशाद्यभीरुकर्कारुकेक्षुस्वरसेन सिद्धम् ।
सर्पिर्गुडार्धांशयुतं प्रपेयं कृच्छ्राश्मरीमूत्रविघातदोषे ॥ ३५ ॥

मूत्रकृच्छ्र में त्रिकण्टकाद्य घृत—त्रिकण्टक (गोखरू), एरण्ड, कुश, कास, अभीरु (शतावरी), कर्कारुक (सफेद कोहड़ा), इक्षु (गन्ना), इन द्रव्यों के स्वरस के साथ सिद्ध किया हुआ घृत आधा भाग गुड़ मिलाकर मूत्रकृच्छ्र, अश्मरी तथा मूत्राघात में पान करे ॥ ३५ ॥

मूत्रकृच्छ्रे एरण्डमूलादिकषायः—

एरण्डमूलं मधुकाश्मभेदवृषाश्वदंष्ट्राकृतमालकृष्णाः ।
एलाशिलादित्ययुतः कषायः स मूत्रकृच्छ्रं हरति प्रसह्य ॥ ३६ ॥

मूत्रकृच्छ्र रोग में एरण्डमूलादि कषाय—एरण्डमूल, मुलेठी, पाषाणभेद, वृषा (अडूसा), श्वदंष्ट्रा (गोखरू), कृतमाल (अमलतास) तथा पीपर एवं इलायची, शु० शिलाजीत-आदि मिलाकर कषाय तैयार करे । यह मूत्रकृच्छ्र को अवश्य ही नाश करता है ॥ ३६ ॥

अश्मरीजमूत्रकृच्छ्रे एलादिकषायः—

त्रुटिहरेणुकणावृषयष्टिकात्रिकटुकोरुबुकोपलभेदकैः ।
श्रृतमिद जलमश्मजमुत्कटं जयति साश्मरिमूत्रविनिग्रहम् ॥ ३७ ॥

अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र में एलादि कषाय—त्रुटि (इलायची), हरेणु (सम्भालू के बीज), पीपर, अडूसा, मुलेठी, त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच), उरुबूक (एरण्ड) तथा उपलभेदक (पाषाणभेद)—इन द्रव्यों को मिलाकर पकाया हुआ जल शिलाजीत मिलाकर पान करने से तीव्र अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र को जीत लेता है ॥ ३७ ॥

एलोपकुल्यामधुकाश्मभेदकौन्तीश्वदंष्ट्रावृषकोरुबूकैः ।
श्रृतं पिबेदश्मजतुप्रगाढं सशर्करं साश्मरिमूत्रकृच्छ्रे ॥ ३८ ॥

बड़ी इलायची, उपकुल्या (पीपर), मुलेठी, पाषाणभेद, कौन्ती (रेड़ का बीज), गोखरू, अडूसा तथा एरण्ड—इन द्रव्यों के कषाय में शिलाजीत तथा शक्कर मिलाकर अश्मरीजन्य मूत्रकृच्छ्र में पान करे ॥ ३८ ॥

त्रिदोषजमूत्रकृच्छ्रे कूष्माण्डरसयोगः—

कूष्माण्डरसमादाय शर्करासहितं पिबेत् ।
एतत्त्रिदोषसंभूतमूत्रकृच्छ्रनिवारणम् ॥ ३९ ॥

त्रिदोषज मूत्रकृच्छ्र में कूष्माण्ड रस का योग—श्वेतकूष्माण्ड (सफेद कोहड़ा "भथुआ") के रस को निकाल ले और उसमें शक्कर मिलाकर पान करे। यह त्रिदोषजन्य मूत्रकृच्छ्र को दूर करता है ॥ ३९ ॥

मूत्रकृच्छ्रे दुरालभादिकषायः—

दुरालभाश्मभित्पथ्याव्याघ्रीमधुकधान्यकैः ।
कृतः क्वाथः सितापीतो मूत्रकृच्छ्रविबन्धनुत् ।
दाहं शूलं निहन्त्याशु तमः सूर्योदये यथा ॥ ४० ॥

मूत्रकृच्छ्र में दुरालभादि कषाय—यवासा, पाषाणभेद, हर्रे, भटकटैया, मुलेठी तथा धनिया—इन द्रव्यों का क्वाथ मिश्री के साथ पान करने से मूत्रकृच्छ्र तथा विबन्ध को दूर करता है, और दाह एवं शूल को शीघ्र ही नाश करता है। जैसे सूर्योदय होने पर अन्धकार का नाश होता है ॥ ४० ॥

मूत्रकृच्छ्रे पाषाणभेदादिकषायः—

पाषाणभेदो मधुयष्टिरेलाकृष्णाशिफैरण्डसिताटरूषाः ।
स्पृक्का श्वदंष्ट्रा च शिवासमेताः क्वाथो हरेद् दुःसहमूत्रकृच्छ्रम् ॥ ४१ ॥

मूत्रकृच्छ्र में पाषाणभेदादि कषाय—पाषाणभेद, मुलेठी, बड़ी इलायची, पिपरामूल एरण्ड, सिता (मिश्री), अडूसा, स्पृक्का, गोखरू तथा हर्रे इन द्रव्यों का क्वाथ पान करने से भयंकर मूत्रकृच्छ्र को दूर करता है ॥ ४१ ॥

मूत्रकृच्छ्रे शिवाद्यं चूर्णम्—

शिवा पिप्पलिका द्राक्षा बीजं धवकुरण्टयोः।
कर्कट्याश्च कुबेराक्ष्या बीजं पाषाणभेदतः॥ ४२॥
एषां चूर्णं समांशानां भक्षितं मधुना समम्।
अश्मरीं शर्करां हन्ति मूत्रकृच्छ्रं च दारुणम्॥ ४३॥

मूत्रकृच्छ्र में शिवाद्य चूर्ण—हर्रे, पीपर, मुनक्का, धव का बीज, कुरण्ट (पीलीझिण्टी का) का बीज, (इन्द्रयव), कर्कटी बीज (ककड़ी का बीज), कुबेराक्षी (केवाछ का बीज) तथा पाषाणभेद का बीज, समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ भक्षण करने से भयंकर अश्मरी, शर्करा तथा मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है॥ ४२-४३॥

मूत्रकृच्छ्रे गुडक्षीरयोगः—

गोक्षीरेण गुडः पीतो मूत्रकृच्छ्रविनाशकृत्।

मूत्रकृच्छ्र में गुडक्षीर योग—गुड गाय के दूध के साथ खाने से मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है।

मूत्रकृच्छ्रे एलायोगः—

एला दध्यम्भसा पीता मूत्रकृच्छ्रहरी मता॥ ४४॥

मूत्रकृच्छ्र में एलायोग—दही का जल (दही का तोड़) के साथ बड़ी इलायची का चूर्ण पान करने से मूत्रकृच्छ्र को दूर करता है॥ ४४॥

शर्करायां बीजपूरमूलयोगः—

शीतेन वारिणा घृष्ट्वा बीजपूरस्य मूलिका।
पीता पातयते वेगान्मेहनान्मूत्रशर्कराम्॥ ४५॥

शर्करा में बीजपूरमूलयोग—बिजौरा नींबू की जड़ शीतल जल से घिसकर पान करने से मूत्रगत शर्करा को मूत्रमार्ग से वेगपूर्वक गिरा देता है॥ ४५॥

शर्करायां कर्कोटीमूलयोगः—

कर्कोटीमूलिका पीता दशाहं पयसा सह।
भित्वाऽश्मशर्कराः शीघ्रं पातयत्येव खण्डशः॥ ४६॥

इति श्रीवैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे मूत्रकृच्छ्राधिकारः सप्तविंशतितमः॥ २७॥

शर्करा में कर्कोटीमूलयोग—कर्कोटकी (ककड़ी) की जड़ दूध के साथ दश दिन तक पान करने से अश्म-शर्करा (पथरी) को टुकड़ा टुकड़ा कर गिरा देता है॥ ४६॥

श्री वैद्यसोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा खण्ड में
सत्ताईसवां मूत्रकृच्छ्राधिकार समाप्त

अथ मूत्राघाताधिकारोऽष्टाविंशतितमः ।

अथातो मूत्राघातनिदानं व्याख्यास्यामः ।

अट्ठाईसवां मूत्राघाताधिकार—मूत्रकृच्छ्र के निरूपण के बाद मूत्राघात के निदान को कहते हैं ।

मूत्राघातभेदाः—

जायन्ते कुपितैर्दोषैर्मूत्राघातास्त्रयोदश ।
प्रायो मूत्रविघाताद्यैर्वातकुण्डलिकादयः ॥ १ ॥

मूत्राघात के भेद—मल, मूत्र आदि के वेगों को रोकने आदि से प्रकुपित वात-आदि दोष (विशेष कर वायु का प्रकोप) वातकुण्डलिका आदि तेरह प्रकार के मूत्राघातों को उत्पन्न करते हैं ॥ १ ॥

विमर्श—मूत्राघात में मूत्र का अवरोध विशेष कर होता है किन्तु साथ में मूत्रकृच्छ्रता न्यून मात्रा में होती है । आधुनिक दृष्टि से इस रोग को मूत्र-प्रवृत्ति का अवरोध कहते हैं । इसके वातकुण्डलिका आदि तेरह भेद होते हैं ।

१. वातकुण्डलिका
२. अष्ठीला
३. वातबस्ति
४. मूत्रातीत
५. मूत्रजठर
६. मूत्रोत्सर्ग
७. मूत्रक्षय
८. मूत्रग्रन्थि
९. मूत्रशुक्र
१०. उष्णवात
११. मूत्रसाद
१२. विड्विघात
१३. बस्तिकुण्डल

वातकुण्डलिकालक्षणम्—

रौक्ष्याद्वेगविघाताद्वा वायुर्बस्तौ सवेदनः ।
मूत्रमाविश्य चरति विगुणं कुण्डलाकृतिः ॥ २ ॥
मूत्रमल्पाल्पमथवा सरुजं संप्रवर्तते ।
वातकुण्डलिकां तां तु विद्याद् व्याधि सुदारुणम् ॥ ३ ॥

वातकुण्डलिका का लक्षण—रूक्ष पदार्थों का अति सेवन तथा वेग को रोकने से विगुण हुआ बस्तिगत वात मूत्र को रोकते हुए कुण्डलाकार संचार करता है । इससे बस्ति में वेदना होती है । मूत्र का त्याग थोड़ी मात्रा में पीड़ा के साथ होता है । इस कष्टदायक रोग को वातकुण्डलिका कहते हैं ॥२-३॥

विमर्श—इसमें शुद्ध वात-विकृति होती है, वात-वैगुण्य के कारण बस्ति-

मुखसंकोचनी पेशी के अचानक संकुचित हो जाने से मूत्रत्याग नहीं होने पाता। इससे वस्ति में पीड़ा होती है। संकोच कुछ कम होने पर थोड़ी २ मात्रा में पीड़ा के साथ मूत्रत्याग होने लगता है। इस व्याधि को वातकुण्डलिका कहते हैं।

वाताष्ठीलालक्षणम्—

आध्मापयन् बस्तिगुदं रुद्ध्वा वायुः स्थिरोन्नताम्।
कुर्यात्तीव्रार्तिमष्ठीलां मूत्रविण्मार्गरोधिनीम् ॥ ४ ॥

वाताष्ठीला का लक्षण—बस्ति प्रदेश में प्रकुपित वात बस्ति तथा गुदा में आध्मापन उत्पन्न करते हुए अष्ठीला के समान चलायमान तथा उभरी हुई ग्रन्थि को उत्पन्न कर देता है। इसे वाताष्ठीला कहते हैं। इसमें मल और मूत्र के मार्ग में अवरोध उत्पन्न होता है तथा तीव्र पीड़ा होती है ॥ ४ ॥

वातवस्तिलक्षणम्—

वेगं विधारयेद्यस्तु मूत्रस्याकुशलो नरः।
निरुणद्धि मुखं तस्य बस्तेर्बस्तिगतोऽनिलः ॥ ५ ॥
मूत्रसङ्गो भवेत्तेन वस्तिकुक्षौ निपीडयन्।
वातबस्तिः स विज्ञेयो व्याधिः कृच्छ्रप्रसाधनः ॥ ६ ॥

वातवस्ति का लक्षण—जो अज्ञानी पुरुष मूत्र के वेग को रोकता है उस पुरुष के बस्ति के मुख को बस्ति में स्थित वायु प्रकुपित होकर अवरोध उत्पन्न कर देता है। इससे मूत्रत्याग पूर्णतया बन्द हो जाता है तथा बस्ति और कुक्षि-प्रदेश में पीड़ा होती है। इस रोग को वातबस्ति कहते हैं तथा यह कृच्छ्रसाध्य होता है ॥ ५-६ ॥

मूत्रातीतलक्षणम्—

चिरं धारयतो मूत्रं त्वरया न प्रवर्तते।
मेहमानस्य मन्दं वा मूत्रातीतः स उच्यते ॥ ७ ॥

मूत्रातीत का लक्षण—अधिक काल तक मूत्र को रोकने से मूत्रत्याग करने पर मूत्र शीघ्रतापूर्वक नहीं उतरता यदि उतरता भी है तो बहुत धीरे धीरे, इस अवस्था को मूत्रातीत कहते हैं। (इसको अपूर्ण मूत्रावरोध भी कहते हैं) ॥ ७ ॥

मूत्रजठरलक्षणम्—

मूत्रस्य वेगेऽभिहते तदुदावर्तहेतुकः।
अपानः कुपितो वायुरुदरं पूरयेद् भृशम् ॥ ८ ॥
नाभेरधस्तादाध्मानं जनयेत्तीव्रवेदनम्।
तन्मूत्रजठरं विद्यादधोबस्तिनिरोधनम् ॥ ९ ॥

मूत्रजठर का लक्षण—मूत्र का वेग रोकने से मूत्र वेग-निरोधजन्य उदावर्त के कारण मूत्रप्रवृत्तिकारक वस्ति में स्थित अपान वायु प्रकुपित होकर पेट को फुला देता है, और नाभि के नीचे तीव्र पीड़ायुक्त आध्मान को उत्पन्न कर देता है। वस्ति के अधोभाग (वस्ति मुख) में अवरोध उत्पन्न करनेवाले इस रोग को मूत्रजठर कहते हैं ॥ ८-९ ॥

मूत्रोत्सङ्गलक्षणम्—

बस्तौ वा यदि वा नाले मणौ वा यस्य देहिनः ।
मूत्रं प्रवृत्तं सज्जेत सरक्तं वा प्रवाहतः ॥ १० ॥
स्रवेच्छनैरल्पमल्पं सरुजं वाथ नीरुजम् ।
विगुणानिलजो व्याधिः स मूत्रोत्सङ्गसंज्ञितः ॥ ११ ॥

मूत्रोत्सङ्ग का लक्षण—मूत्रत्याग करते समय जिस मनुष्य का मूत्र प्रवृत्त होकर भी वस्ति, शिश्ननाल या शिश्नमणि में रुक जाता है अथवा जोर लगाने पर रक्तयुक्त आता है या धीरे धीरे थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पीड़ा या विना पीडा के ही निकलता है, विगुण वायुजनित इस अवस्था को मूत्रोत्सङ्ग कहते हैं ॥ १०-११ ॥

मूत्रक्षयलक्षणम्—

रूक्षस्य क्षान्तदेहस्य बस्तिस्थौ पित्तमारुतौ ।
मूत्रक्षयं सरुग्दाहं जनयेतां तदाह्वयम् ॥ १२ ॥

मूत्रक्षय का लक्षण—रूक्ष प्रकृति वाले तथा थके हुए व्यक्ति के वस्तिस्थित पित्त तथा वायु प्रकुपित होकर पीड़ा एवं दाहयुक्त मूत्रक्षय को उत्पन्न कर देते हैं, इस रोग को मूत्रक्षय कहते हैं ॥ १२ ॥

मूत्रग्रन्थिलक्षणम्—

अन्तर्बस्तिमुखे वृत्तः स्थिरोऽल्पः सहसा भवेत् ।
अश्मरीतुल्यरुग्ग्रन्थिर्मूत्रग्रन्थिः स उच्यते ॥ १३ ॥

मूत्रग्रन्थि का लक्षण—वस्ति मुख के अन्दर एकाएक पथरी के समान पीड़ा देने वाली, गोल, स्थिर तथा छोटी ग्रन्थि हो जाती है (जिससे मूत्रत्याग में अवरोध उत्पन्न हो जाता है) उसे मूत्रग्रन्थि कहते हैं ॥ १३ ॥

मूत्रशुक्रलक्षणम्—

मूत्रितस्य स्त्रियं यातो वायुना शुक्रमुद्धतम् ।
स्थानाच्च्युतं मूत्रयतः प्राक् पश्चाद्वा प्रवर्तते ॥ १४ ॥
भस्मोदकप्रतीकाशं मूत्रशुक्रं तदुच्यते ।

मूत्रशुक्र का लक्षण—मूत्रवेग के रहते हुए स्त्री के साथ संभोग करने-

वाले पुरुष का वायु प्रकुपित हो जाता है। इससे रुका हुआ किन्तु अपने स्थान से निःसरित शुक्र मूत्रत्याग के पूर्व या बाद में निकलता है जिससे मूत्र चूने के पानी के समान आता है, इसे मूत्रशुक्र कहते हैं।

उष्णवातलक्षणम्—

व्यायामाध्वातपैः पित्तं बस्तिं प्राप्यानिलान्वितम् ॥ १५ ॥
बस्तिं मेढ्रं गुदं चैव प्रदहेत् स्रावयेदधः।
मूत्रं हारिद्रमथवा सरक्तं रक्तमेव वा ॥ १६ ॥
उष्णं पुनः पुनः कृच्छ्रादुष्णवातं वदन्ति तम्।

उष्णवात का लक्षण—अत्यधिक व्यायाम, पैदल यात्रा तथा धूप सेवन से प्रकुपित पित्त वायु के सहित बस्तिप्रदेश में स्थित होकर बस्ति, मेढ्र (मूत्रेन्द्रिय) तथा गुदा में दाह उत्पन्न करता है और हल्दी का रंग या रक्त-मिश्रित मूत्र अथवा केवल रक्त का ही स्राव कराता है। इस प्रकार कठिनता से पुनः-पुनः मूत्र त्याग होता है। इस अवस्था विशेष को उष्णवात कहते हैं। (आधुनिक वैद्य उष्णवात को औपसर्गिक मेह मानते हैं)।

मूत्रसादलक्षणम्—

पित्तं कफो द्वावपि वा संहन्येतेऽनिलेन चेत् ॥ १७ ॥
कृच्छ्रान्मूत्रं तदा पीतं रक्तं श्वेतं घनं सृजेत्।
सदाहं रोचनाशङ्खचूर्णवर्णं भवेच्च तत् ॥ १८ ॥
शुष्कं समस्तवर्णं वा मूत्रसादं वदन्ति तम्।

मूत्रसाद का लक्षण—यदि पित्त और कफ अलग-अलग या दोनों ही सम्मिलित रूप में प्रकुपित वात के द्वारा गाढ़ा हो जाते हैं तो रोगी कठिनता से पीत-रक्त या श्वेत और घन, दाहयुक्त गोरोचन तथा शंख के चूर्ण के वर्ण के समान शुष्क (स्वस्थ जल से युक्त) तथा समस्त दोषों के वर्ण के समान मूत्र त्याग करता है, उसे मूत्रसाद कहते हैं।

विड्विघातलक्षणम्—

रूक्षदुर्बलयोर्वातेनोदावृत्तं शकृद्यदा ॥ १९ ॥
मूत्रस्रोतेऽनुपद्येत संसृष्टं शकृता तदा।
विड्गन्धं मूत्रयेत्कृच्छ्राद्विड्विघातं विनिर्दिशेत् ॥ २० ॥

विड्विघात का लक्षण—जब रूक्ष या दुर्बल मनुष्य का मल, वायु से उदावृत्त (विलोम) होकर मूत्रप्रणाली में पहुँच जाता है तब रोगी मल से युक्त या मल की गन्धवाले मूत्र का वेदना के साथ त्याग करता है, इस अवस्था को विड्विघात कहते हैं ॥ १९–२० ॥

बस्तिकुण्डललक्षणम्—

द्रुताध्वलङ्घनायासैरभिघातात्प्रपीडनात् ।
स्वस्थानाद् बस्तिरुद्वृत्तः स्थूलस्तिष्ठति गर्भवत् ।
शूलस्पन्दनदाहार्तो बिन्दुं बिन्दुं स्रवत्यपि ॥ २१ ॥
पीडितस्तु स्रजेद्धारां संस्तम्भोद्वेष्टनार्तिमान् ।
बस्तिकुण्डलमाहुस्तं घोरं शस्त्रविषोपमम् ॥ २२ ॥
पवनप्रबलं प्रायो दुर्निवारमबुद्धिभिः ।

बस्तिकुण्डल का लक्षण—जल्दी-जल्दी मार्ग में चलने से, कूदने से, अधिक परिश्रम करने से तथा चोट लगने से या दबाव के कारण बस्ति अपने स्थान से उलट कर या ऊपर उठकर गर्भ के समान स्थूल प्रतीत होता है। इस अवस्था में बस्तिप्रदेश में शूल, स्पन्दन तथा दाह होता है, मूत्र बूंद-बूंद करके निकलता है किन्तु बस्तिप्रदेश को दबाने से मूत्र की धारा निकल पड़ती है। शरीर जकड़ जाता है तथा ऐंठन के समान पीड़ा होती है। इस रोग को बस्तिकुण्डल कहते हैं। यह रोग शस्त्र के समान बहुत भयंकर है। इसमें वात की प्रबलता रहती है तथा साधारण बुद्धिवाला व्यक्ति इसकी चिकित्सा नहीं कर सकता।

तस्मिन् पित्तान्विते दाहः शूलं मूत्रविवर्णता ॥ २३ ॥
श्लेष्मणा गौरवं शोफः स्निग्धं मूत्रं घनं सितम् ।

यदि वातकुण्डल में पित्त का अनुबन्ध हो जाता है तो दाह, शूल तथा मूत्र में विवर्णता आ जाती है। कफ का अनुबन्ध होने पर शरीर में भारीपन तथा शोथ उत्पन्न हो जाता है और मूत्र चिकना, गाढ़ा तथा सफेद होता है।

श्लेष्मरुद्धबिलो बस्तिः पित्तोदीर्णो न सिध्यति ॥ २४ ॥
अविभ्रान्तबिलः साध्यो न तु यः कुण्डलीकृतः ।

पित्त की प्रबलता तथा कफ के द्वारा मूत्र-प्रणाली में अवरोध होने पर यह रोग असाध्य हो जाता है किन्तु मूत्र-मात्रा बन्द न होने या कुण्डली कृत (ऐंठन अथवा संकोच के कारण बन्द होना) होने पर साध्य होता है।

स्याद् बस्तौ कुण्डलीभूते हृन्मोहः श्वास एव च ॥ २५ ॥

इति मूत्राघातनिदानम् ॥

बस्ति के कुण्डलीभूत होने पर प्यास, मूर्च्छा तथा श्वास ये लक्षण होते हैं ॥ २५ ॥

मूत्राघात-निदान समाप्त ।

अथातो मूत्राघातचिकित्सितं व्याख्यास्यामः।

मूत्राघात-निदान के बाद चिकित्सा कहते हैं।

मूत्राघाते सामान्यचिकित्सा—

स्नेहस्वेदोपपन्नस्य हितं स्नेहविरेचनम्।
ततः संशुद्धदेहस्य हिताश्चोत्तरबस्तयः॥ २६॥

मूत्राघात में सामान्य चिकित्सा—मूत्राघात के रोगी को स्नेहन तथा स्वेदन कराने के बाद स्नेह-विरेचन देना हितकर होता है। इसके बाद विरेचन से शुद्ध शरीरवाले रोगी के लिये उत्तरवस्ति हितकर है॥ २६॥

मूत्राघाते कतिपययोगाः—

पाटल्या यावशूकाच्च पारिभद्रात्तिलादपि।
क्षारोदकेन मदिरां त्वगेलोषणसंयुतम्॥ २७॥
पिबेद् गुडोपदंशं वा लिह्यादेतान् पृथक्पृथक्।
त्रिफलाकल्कसंयुक्तं लवणं वापि पाययेत्॥ २८॥
निदिग्धकायाः स्वरसं पिबेद्वा तान्तवस्रुतम्।
जले कुङ्कुमकल्कं वा सक्षौद्रमुषितं निशाम्॥ २९॥

मूत्राघात में कुछ योग—पाढल, यवक्षार, पारिभद्र (फरहद) तथा तिल—इन द्रव्यों के क्षारोदक के साथ, दालचीनी, इलायची तथा मरिच—इन द्रव्यों के चूर्ण से युक्त मदिरा को पान करे। या इन द्रव्यों को अलग-अलग गुड़ के साथ अवलेह बनाकर चाटे। अथवा उपरोक्त द्रव्यों के क्षारोदक के साथ त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा आंवला) के कल्क तथा सेन्धानमक मिलाकर पान करे। या भटकटैया के स्वरस को कपड़े से छानकर पान कराये अथवा कुंकुम (नागकेशर) के कल्क को रातभर जल में रखकर मधु मिलाकर पान करे।

सतैलं पाटलाभस्मक्षारं बद्ध्वा परिस्रुतम्।
कल्कमेर्वारुबीजानामक्षमात्रं ससैन्धवम्॥ ३०॥
धान्याम्लयुक्तं पीत्वैव मूत्राघाताद्विमुच्यते।

पाढल की भस्म के क्षार को तैल में मिलाकर तथा छानकर पान करे और एर्वारु (ककड़ी) के बीज के कल्क को एक अक्ष (तोला) की मात्रा में सेन्धानमक मिलाकर धान्याम्ल के साथ पान कर रोगी मूत्राघात से मुक्त हो जाता है।

दाडिमाम्बुयुतं मुख्यमेलाबीजं सनागरम्॥ ३१॥
पीत्वा सुरां सलवणां मूत्राघाताद् विमुच्यते।

अनार का रस, बड़ी इलायची का बीज तथा सोंठ—इन द्रव्यों को

सेन्धानमक तथा सुरा के साथ पान करने से रोगी मूत्राघात से मुक्त हो जाता है।

पिबेच्छिलाजतुक्काथं गणे वीरतरादिके।
रसं दुरालभाया वा कषायं वासकस्य वा ॥ ३२ ॥

वीरतरादिगण[1] में शिलाजीत को पकाकर पान करे। या शिलाजीत के साथ यवासा का रस अथवा अडूसा का कषाय पान करे ॥ ३२ ॥

त्रिकण्टकैरण्डशतावरीभिः सिद्धं पयो वा तृणपञ्चमूले।
गुडप्रगाढं सघृतं पयो वा रोगेषु कृच्छ्रादिषु शस्तमेतत् ॥ ३३ ॥

त्रिकण्टक (गोखरू), एरण्ड तथा शतावरी—इन द्रव्यों से सिद्ध दूध या तृणपञ्चमूल (कुश, कास, दर्भ, इक्षु, शर), इनके क्वाथ में सिद्ध दूध अथवा पूर्वोक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत तथा दूध में गुड़ मिलाकर सेवन करना मूत्रकृच्छ्रादि रोग में प्रशस्त है ॥ ३३ ॥

उष्णवाते चन्दनयोगः—

शृतशीतपयोन्नाशी चन्दनं तण्डुलाम्बुना।
पिबेत्सशर्करं श्रेष्ठमुष्णवाते सशोणिते ॥ ३४ ॥

उष्णवात में चन्दन योग—पकाकर शीतल किया हुआ दूध तथा भात भक्षण करे और शक्कर से युक्त चन्दन को चावल के धोवन के साथ पान करे। यह रक्तस्राव युक्त उष्णवात में श्रेष्ठ है। अर्थात् उष्णवात को दूर करता है ॥ ३४ ॥

मूत्रशोणितचिकित्सा—

स्त्रीणामतिप्रसङ्गेन शोणितं यस्य सिच्यते।
मैथुनोपरमश्चास्य बृंहणीयो हितो विधिः ॥ ३५ ॥
ताम्रचूडवसातैलं हितं चोत्तरबस्तिषु।

मूत्रशोणित की चिकित्सा—जिस मनुष्य के स्त्रियों के साथ अधिक सहवास करने के कारण मूत्रमार्ग से रक्त निकलने लगे उस व्यक्ति को मैथुन का त्याग तथा वीर्यवर्द्धक औषधों एवं विधियों का सेवन करना हितकर है। मुर्गा की वसा तथा तैल उत्तरबस्ति में हितकर है।

मूत्रशुक्रे स्वगुप्तादियोगः—

स्वगुप्राफलमृद्वीकाकृष्णेक्षुरसितारजः ॥ ३६ ॥
समांशान्यर्धभागानि क्षीरक्षौद्रघृतानि च।
सर्वं सम्यग्विमथ्याक्षमात्रं लीढ्वा पयः पिबेत् ॥ ३७ ॥

---

१. देखें अश्मरी चि० श्लोक सं० १९-२०।

हन्ति शुक्रोत्थयोन्युत्थान् दोषान् वन्ध्यासुतप्रदम् ।

मूत्रशुक्र-मूत्राघात में स्वगुप्तादि योग—स्वगुप्ता (केवाछ) का बीज, मुनक्का, पीपर, इक्षुर (तालमखाना) तथा मिश्री, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण को तथा चूर्ण के आधा दूध, मधु तथा घृत लेकर—इन सभी द्रव्यों को एक साथ अच्छी तरह मथन कर एक तोला की मात्रा में चाटकर ऊपर से दूध पीवे। यह शुक्रगत तथा योनिगत दोषों का नाश करता है और वांझ स्त्री के भी वन्ध्यापन को दूर कर पुत्र को देनेवाला है ॥

चित्रकाद्यं चूर्णम्—

चित्रकं सारिवा चैव बला कालानुसारिवा ॥ ३८ ॥
द्राक्षा विशाला पिप्पल्यस्तथा च त्रिफला भवेत् ।
तथैव मधुकं दद्याद्दद्यादामलकानि च ॥ ३९ ॥
घृताढकं पचेदेतैः कल्कैरिक्षुसमन्वितैः ।
क्षीरद्रोणे जलद्रोणे तत्सिद्धमवतारयेत् ॥ ४० ॥
शीतं परिस्रुतं चैव शर्कराप्रस्थसंयुतम् ।
तुगाक्षीर्या च तत्सर्वं मतिमान् प्रविमिश्रयेत् ॥ ४१ ॥
ततो मात्रां पिबेत्काले यथादोषं यथाबलम् ।
वातरेताः पित्तरेताः श्लेष्मरेताश्च यो भवेत् ॥ ४२ ॥
रक्तरेता ग्रन्थिरेताः पिबेदिच्छन्नरोगताम् ।
जीवनीयं च वृष्यं च सर्पिरेतन्महागुणम् ॥ ४३ ॥
प्रजाहितं च धन्यं च सर्वरोगापहं शिवम् ।
सर्पिरेतत्प्रयुञ्जाना स्त्री गर्भमचिराल्लभेत् ॥ ४४ ॥
असृग्दोषाञ्जयेच्चापि योनिदोषानसंशयम् ।
मूत्रदोषेषु सर्वेषु कुर्यादेतच्चिकित्सितम् ॥ ४५ ॥

चित्रकाद्य घृत—चित्रक, सारिवा (अनन्तमूल), बरियार, कालानुसारिवा (तगर या छड़ीला), मुनक्का, इन्द्रायण, पीपर, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), सुनेठी, आंवला तथा इक्षु (गन्ना) इन द्रव्यों के कल्क के साथ घृत एक आढ़क (चार सेर), दूध एक द्रोण (सोलह सेर) तथा जल एक द्रोण (सोलह सेर) में पकाकर सिद्ध हो जाने पर उतार ले। शीतल हो जाने पर छानकर शक्कर एक प्रस्थ (६४ तोला) और वंशलोचन एक प्रस्थ इन सभी द्रव्यों को मिला दे, और दोष तथा बल के अनुसार उचित समय में मात्रापूर्वक पान करे। वातरेता (वायु से दूषित वीर्यवाले), पित्त से दूषित वीर्य, कफ से दूषित वीर्य, रक्तयुक्त वीर्य एवं ग्रन्थि से युक्त वीर्यवाले रोगी रोग को दूर करने के लिये इस घृत को पान करे। यह जीवन-प्रदान करनेवाला वीर्य

चढ़ानेवाला घृत महान् गुणवाला है। सन्तान देनेवाला कल्याणकारक तथा सभी रोगों को दूर करने में उत्तम है। इस घृत को सेवन करने से स्त्री शीघ्र ही गर्भ को धारण कर लेती है। यह घृत रक्त-सम्बन्धी दोषों को तथा योनि सम्बन्धी दोषों को निस्सन्देह जीत लेता है। सभी प्रकार के मूत्र-सम्बन्धी विकार में इस चिकित्सा को करना चाहिए अर्थात् इस घृत का प्रयोग करे ॥ ३८–४५ ॥

मूत्राघाते गोधापदीमूलादियोगः—

गोधापदीमूलमनल्पसर्पिस्तैलान्वितं गोक्षुरसंयुतं च ।
निहन्ति सम्यक् क्वथितं निपीतमत्युत्कटां मूत्रनिरोधपीडाम् ॥ ४६ ॥

मूत्राघात में गोधापदीमूलादि योग—गोधापदी (मुसली) की जड़, अल्प मात्रा में घृत, तैल तथा गोखरू—इन सभी द्रव्यों को अच्छी तरह क्वाथ कर पान करने से तीव्र मूत्रनिरोधजन्य वेदना को नाश करता है ॥४६॥

मूत्रकृच्छ्रे बिल्वमूलादिकषायः—

बिल्वारग्वधमूलानां मूत्रकृच्छ्री दिनत्रयम् ।
शृतं शीतं पिबेत्सम्यक्कषायं संप्रसाधितम् ॥ ४७ ॥

मूत्रकृच्छ्र में बिल्वमूलादि क्वाथ—बेल की जड़ तथा अमलतास की जड़ को भिगोकर अच्छी तरह कषाय सिद्धकर मूत्रकृच्छ्र से पीड़ित रोगी तीन दिन तक पान करे। (या तीन दिन तक ठंढा जल में भिगोकर अच्छी तरह कषाय सिद्धकर मूत्रकृच्छ्र का रोगी पान करे) ॥ ४७ ॥

मूत्राघाते पुनर्नवादियोगाः—

पुनर्नवायोरजनीश्वदंष्ट्रं फल्गुप्रवालं च सदर्भपुष्पम् ।
क्षाराम्बुमद्येक्षुरसैः सुपिष्टं पेयं भवेदश्मरिशर्करासु ॥ ४८ ॥

मूत्राघात में पुनर्नवादि योग—अश्मरी तथा शर्कराजन्य मूत्राघात में पुनर्नवा, लौह, हल्दी, गोखरू, फल्गुप्रवाल (कठूमर का पल्लव) तथा दर्भ का पुष्प—इन सभी द्रव्यों को क्षार का जल, मद्य एवं गन्ना के रस के साथ पीस कर पान करे ॥ ४८ ॥

मूत्ररोधे एलादिकषायः—

एलादुरालभैरण्डपथ्यापाषाणभित्समम् ।
गोक्षुरः कर्कटीबीजं तथा बीजं कुरण्टकात् ॥ ४९ ॥
संमिश्र्य क्वाथपानेन मूत्ररोधो निवर्तते ।

मूत्रावरोध में एलादि कषाय—बड़ी इलायची, यवासा, एरण्ड, हर्रे, पाषाणभेद, गोखरू, ककड़ी का बीज तथा कुरण्टक (सैरेयक "पीलीझिण्टी") का बीज समभाग—इन द्रव्यों को (चौगुने जल में) कषाय बनाये और

चतुर्थांश शेष क्वाथ को छानकर पान करे । इस क्वाथ को पान करने से मूत्रावरोध दूर हो जाता है ।

मूत्राघाते त्रिफलाद्यं चूर्णम्—

त्रिफला कर्कटीबीजं सैन्धवं समभागतः ॥ ५० ॥
चूर्णमुष्णाम्भसा पीतं रुद्धं मूत्रं प्रवर्तयेत् ।

मूत्राघात में त्रिफलाद्य चूर्ण—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), ककड़ी का बीज तथा सेन्धानमक समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण, गरम जल के साथ पान करने से रुके हुए मूत्र को निकाल देता है । अर्थात् मूत्राघात को दूर करता है ।

मूत्ररोधे कर्कटीबीजयोगः—

वारिणाऽऽपिष्य बीजानि कर्कट्याः सितया सह ॥ ५१ ॥
पीतानि नाशयन्त्युग्रं मूत्ररोधं सवेदनम् ।

मूत्रावरोध में कर्कटी-बीज योग—ककड़ी के बीजों को जल के साथ पीसकर मिश्री के साथ पान करने से वेदनायुक्त तीव्र मूत्रावरोध को नाश करते हैं ।

साम्बुरञ्जनमध्यस्थ(?)मृत्तिकालेपमात्रतः ॥ ५२ ॥
उष्णवातः शमं याति यथाऽघं शिवचिन्तनात् ।

शैवाल को मृतिका में मिलाकर लेप करने से उष्णवात मूत्राघात शान्त हो जाता है । जैसे शिव को स्मरण करने से पाप नष्ट हो जाते हैं ।

मूत्राघाते स्वेदयोगः—

तापयित्वेष्टिकामस्या ऊर्ध्वं मूत्रे कृते भवेत् ॥ ५३ ॥
बाष्पस्तेनेन्द्रियस्वेदादुष्णवातो विनश्यति ।

मूत्राघात में स्वेद योग—इष्टिका (ईंटा) को अच्छी तरह गरम कर उसके ऊपर मूत्रत्याग करने से उसके बाष्प से इन्द्रिय स्वेद हो जाता है । इस प्रकार बाष्प के द्वारा इन्द्रिय स्वेद करने से उष्णवात नष्ट होता है ।

मूत्राघाते शाकवृक्षमूलयोगः—

शर्कराजपयःपीता शाकवृक्षस्य मूलिका ॥ ५४ ॥
मूत्ररोधं तथा दाहं नाशयत्यतिवेगतः ।

मूत्राघात में शाकवृक्ष योग—शाकवृक्ष (करमी या "पोई") की जड़ का चूर्ण शक्कर तथा बकरी के दूध के साथ पान करने से मूत्रावरोध तथा दाह को शीघ्र ही नाश करता है ।

शर्करायां शस्त्रोपचारः—

एभिर्यदि प्रयोगैस्तु शर्करा नोपशाम्यति ॥ ५५

समुद्धरेच्छल्यहर्ता दृष्टकर्मा बहुश्रुतः ।

शर्करा रोग में शस्त्रोपचार—यदि उपरोक्त उपचारों से शर्करा शान्त न हो तो शर्करा को शस्त्रकर्म के द्वारा, शल्य को निकालनेवाला प्रत्यक्षदर्शी चिकित्सक निकाल ले ।

मूत्रकृच्छ्रादौ त्रपुषबीजादियोगः—

त्रपुसैर्वारुबीजानि कुमुदं वृषकं बला ॥ ५६ ॥
पुष्करस्य तु बीजानि पिबेद् द्राक्षारसेन तु ।
एतेन मूत्रकृच्छ्राणि पैत्तिकानीतराणि च ।
अश्मरी शर्करा चैव बस्तिशूलं च शाम्यति ॥ ५७ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे मूत्राघाताधिकारोऽष्टाविंशतितमः ॥ २८ ॥

मूत्रकृच्छ्र आदि में त्रपुषबीजादि योग—त्रपुष (खीरा) का बीज, पर्वारु (ककड़ी) का बीज, कुमुद, अडूसा, बरियार तथा पुष्करमूल का बीज—इन द्रव्यों के चूर्ण को मुनक्का के रस के साथ पान करे । इस चूर्ण को पान करने से मूत्रकृच्छ्र, अन्य पैत्तिकरोग, अश्मरी, शर्करा तथा बस्तिशूल शान्त होता है ॥ ५६–५७ ॥

वैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा खण्ड में
अट्ठाइसवां मूत्राघाताधिकार समाप्त ।

अथाश्मर्यधिकार एकोनत्रिंशत्तमः ।

अथातोऽश्मरीनिदानं व्याख्यास्यामः ।

मूत्राघात-निरूपण के बाद अश्मरी का निदान कहते हैं ।

अश्मरीसंप्राप्तिः—

मूत्रकृच्छ्रं प्रकथ्याथ मूत्राघातं तथैव च ।
तत्संसर्गप्रमाणेन अश्मरीत्यभिधीयते ॥ १ ॥

अश्मरी की सम्प्राप्ति—मूत्रकृच्छ्र का निदान एवं चिकित्सा तथा मूत्राघात का निदान एवं चिकित्सा निरूपण करने के बाद, इन दोनों रोगों के संसर्ग से उत्पन्न होनेवाले अश्मरी रोग का निदान तथा चिकित्सा का निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

वातपित्तकफैस्तिस्रश्चतुर्थी शुक्रजाऽपरा ।
प्रायः श्लेष्माश्रयाः सर्वा अश्मर्यः स्युर्यमोपमाः ॥ २ ॥

वातज, पित्तज, कफज तथा शुक्रज भेद से अश्मरी चार प्रकार की होती है । प्रायः सभी अश्मरियों में श्लेष्मा समवायि कारण रूप से रहती है । यदि इनकी चिकित्सा न की जाय तो यम के समान मारक होती है ॥ २ ॥

विशोषयेद्वस्तिगतं सशुक्रं मूत्रं सपित्तं पवनः कफं वा ।
यदा तदाऽश्मर्युपजायते तु क्रमेण पित्तेष्विव रोचना गोः ॥ ३ ॥
नैकदोषाश्रयाः सर्वाः

जब प्रकुपित वायु वस्तिगत होकर शुक्र, मूत्र, पित्त या कफ को दूषित कर सुखा देता है तो गौ के पित्ताशय में पित्त के सूखने से उत्पन्न गोरोचना के समान क्रमशः अश्मरी (पथरी) की उत्पत्ति होती है । सभी अश्मरी त्रिदोषज होती हैं । (दोषों की उल्वणता के अनुसार वातिक, पैत्तिक, आदि का व्यवहार होता है ॥ ३ ॥

विमर्शः—यहां वस्ति शब्द से पित्ताशय, वृक्क, तथा गर्विनी का भी ग्रहण किया जाता है क्योंकि वस्ति शब्द उपलक्षण है । इस प्रकरण में प्रधानतया वस्तिगत अश्मरी का ही वर्णन किया जायगा । अतः वस्ति शब्द का उपादान किया गया है । वस्ति से सम्पूर्ण मूत्रप्रणाली का भी ग्रहण करना चाहिए क्योंकि शरीर-रचना-विज्ञान के अनुसार शुक्रमार्ग का वस्ति से कोई साक्षात् सम्बन्ध नहीं है वह सीधा प्रोस्टेस्ट में जाकर खुलता है । इस प्रकार शुक्राश्मरी की सत्ता वस्ति में स्वीकार नहीं की जा सकती । अतः वस्तिगत शब्द से मूत्र-प्रणालीगत का भी ग्रहण किया जाता है । शुक्राशय से निकले हुए शुक्र को

रोकने से नवयुवकों को यह अश्मरी होती है। अश्मरी तथा गोरोचना का उपमानोपमेयभाव पूर्णतया साम्य है। मूत्र में द्रवांश का अभाव एवं घनता की वृद्धि ही अश्मरी है। समवर्त की विकृति से मूत्र में मिहिक अम्ल (यूरिक-एसिड) तथा फास्फेट जैसे पदार्थों की अधिकता होने से उनके कण धीरे-धीरे एकत्रित होने लगते हैं जो अन्त में अश्मरी का रूप धारण कर लेते हैं। मूत्र के वेग को धारण करने से मूत्र की तरलता कम होती है अतः इसको भी अश्मरी रोग का कारण माना जाता है। पित्त लवणों के कण ही एकत्रित होकर पित्ताश्मरी को उत्पन्न करते हैं।

अश्मरीपूर्वरूपम्—

—अथासां पूर्वलक्षणम्।
बस्त्याध्मानं तदासन्नदेशेषु परितोऽतिरुक्॥ ४॥
मूत्रे बस्तसगन्धत्वं मूत्रकृच्छ्रं ज्वरोऽरुचिः।

अश्मरी का पूर्वरूप—मूत्राशय का फूला रहना, मूत्राशय तथा उसके समीपस्थ प्रदेश में भयंकर पीड़ा, मूत्र में बकरे के सदृश गन्ध का आना, मूत्र-कृच्छ्र, ज्वर तथा भोजन में अरुचि ये अश्मरी के पूर्वरूप हैं।

अश्मर्याः सामान्यलक्षणम्—

सामान्यलिङ्गं रुङ्नाभिसेवनीबस्तिमूर्धसु॥ ५॥
विशीर्णधारं मूत्रं स्यात्तया मार्गे निरोधिते।
तद्व्यपायात्सुखं मेहेदच्छं गोमेदकोपमम्॥ ६॥
तत्संक्षोभात् क्षते सास्रमाघातरुग्भवेत्।

अश्मरी रोग के सामान्य लक्षण—नाभि, सेवनी या अण्डकोष एवं गुदा के मध्य तथा बस्तिशिर (बस्ति के ऊपर का भाग या पेडू) में पीड़ा होती है। अश्मरी के द्वारा मूत्रमार्ग अवरुद्ध हो जाने पर मूत्र कई धाराओं में निकलता है, मूत्रमार्ग से अश्मरी के निकल जाने पर रोगी सुखपूर्वक स्वच्छ या गोमेद के समान कुछ रक्त वर्ण के मूत्र का त्याग करता है। यदि अश्मरी की रगड़ से वस्ति में क्षत हो जाय तो मूत्र में रक्त भी आने लगता है। मूत्रमार्ग में अश्मरी रहने पर यदि प्रयत्न(बलपूर्वक)पूर्वक मूत्रत्याग किया जाय तो तीव्र पीड़ा होती है।

वातजादिभेदेनाश्मरीलक्षणानि—

तत्र वाताद् भृशं ह्यार्तो दन्तान् खादति वेपते॥ ७॥
मृद्नाति मेहनं नाभि पीडयत्यनिशं क्वणन्।
सानिलं मुञ्चति शकृन्मुहुर्मेहति बिन्दुशः॥ ८॥
श्यावा रूक्षाऽश्मरी चास्य स्याच्चिता कण्टकैरिव।

वातज आदि भेद से अश्मरी का लक्षण—वातिक अश्मरी में इतनी अधिक पीड़ा होती है कि रोगी दांतों से ओष्ठों को काटने लगता है और कांपता है। रोगी मूत्रेन्द्रिय को हाथ से बार-बार पकड़ता है और कराहता हुआ नाभि को दबाता है, अपान वायु के साथ मल त्याग हो जाता है, और बार-बार कठिनाई से बूंद-बूंद मूत्र त्याग करता है। इसमें अश्मरी का रंग धूसर वर्ण का होता है और यह कांटों के समान उभारों से युक्त रहती है।

पित्तेन दह्यते बस्तिः पक्व्यमान इवोष्मवान् ॥ ९ ॥
भल्लातकास्थिसंस्थाना रक्ता पीताऽसिताऽश्मरी।

पैत्तिक अश्मरी में बस्ति में जलन तथा पच्यमान व्रण के समान उष्णता रहती है। अश्मरी की आकृति भिलावे की गुठली के समान होती है और इसका वर्ण लाल-पीला या काला होता है।

बस्तिर्निस्तुद्यत इव श्लेष्मणा शीतलो गुरुः ॥ १० ॥
अश्मरी महती श्लक्ष्णा मधुवर्णोऽथवा सिता।

कफजन्य अश्मरी में बस्ति में तोद (सूई के समान चुभन), शीतलता तथा भारीपन रहता है, यह अश्मरी अन्य वातिक एवं पैत्तिक अश्मरी की अपेक्षा अधिक बड़ी तथा चिकनी होती है। इसका वर्ण मधु के समान या सफेद होता है।

एता भवन्ति बलानां तेषामेव हि भूयसा ॥ ११ ॥
आश्रयोपजनत्वाद् ग्रहणाहरणे सुखाः।

ये त्रिदोषज अश्मरियां [illegible] लोगों को ही होती हैं। आश्रय (बस्ति-प्रदेश) तथा स्थूलता के बस्तिगत होकर व्रण बनों में यह शल्यक्रिया द्वारा सरलता से निकाली जा सके पित्ताशय में।

शुक्राश्मरी तु [illegible] (पथरी) की उत्पत्ति शुक्रधारणात् ॥ १२ ॥
स्थानाच्च्युतं [illegible] शुक्रणता के अनुसार वेरन्तरेऽनिलः।
शोषयत्युपसंगृह्य शु[illegible] जाऽश्मरी ॥ १३ ॥
बस्तिरुक्कृच्छ्रमूत्रत्वमुष्कश्वयथुकारिणी।
तस्यामुत्पन्नपात्रायां शुक्रमेति विलीयते ॥ १४ ॥
पीडिते त्ववकाशेऽस्मिन्नश्मर्येव च शकरा।
अणुशो वायुना भिन्ना सा तस्मिन्ननुलोमगे ॥
निरेति सह मूत्रेण प्रतिलोमे विबध्यते

शुक्र का वेग धारण करने से नवयुवकों को ही [illegible] नामि, सेवनी [illegible] कामवासना की प्रवृत्ति या मैथुन से शुक्र (वीर्य) अपने [illegible] पर का भाग या जाता है, इस अवस्था में शुक्र के वेग को धारण करने [illegible] मूत्र के [illegible] दोनों सुखा [illegible] करता [illegible] कष्ट

के बीच (मूत्रप्रणाली) में ठहर जाता है। इस शुक्र को वायु सुखा देता है जिससे वह शुक्र अश्मरी के तुल्य हो जाता है। इसके कारण वस्तिप्रदेश में पीड़ा, मूत्रकृच्छ्र तथा अण्डकोषों में शोथ हो जाता है। शुक्राश्मरी के उत्पन्न होते ही अश्मरी के स्थान पर दबाने से अश्मरी नष्ट हो जाती है और मूत्रमार्ग से शुक्र निकल जाता है। अश्मरी को ही शर्करा कहते हैं। च शब्द से सिकता का भी ग्रहण करना चाहिए। वायु के द्वारा अश्मरी ही टुकड़े-टुकड़े होकर वायु के अनुलोमगामी रहने पर मूत्र द्वारा बाहर निकलती है और वायु के प्रतिलोमगामी होने पर रुक जाती है (उसे शर्करा कहते हैं)।

अश्मर्युपद्रवाः—

मूत्रस्रोतःप्रवृत्ता सा सक्ता कुर्यादुपद्रवान् ॥ १६ ॥
दौर्बल्यं सदनं कार्श्यं कुक्षिशूलमथारुचिम् ।
पाण्डुत्वमुष्णवातं च तृष्णां हृत्पीडनं वमिम् ॥ १७ ॥

अश्मरी के उपद्रव—वायु के प्रतिलोम होने पर शर्करा यदि मूत्रस्रोत में आकर अवरुद्ध हो जाती है तो दुर्बलता, पीड़ा, कृशता, कुक्षिशूल, अरुचि, पाण्डु, उष्णवात, प्यास, हृदयप्रदेश में पीड़ा तथा वमन आदि उपद्रवों को उत्पन्न करती है ॥ १६-१७ ॥

अश्मर्या असाध्यलक्षणम्—

प्रसूननाभिवृषणं बद्धमूत्रं रुजातुरम् ।
अश्मरी क्षपयत्याशु सिकताशर्करान्विता ॥ १८ ॥

इत्यश्मरीनिदानम् ।

अश्मरी के असाध्य लक्षण—जिस अश्मरी के रोगी के अण्डकोष तथा नाभिप्रदेश में सूजन हो गई हो, मूत्र रुक गया हो, जिसको अत्यधिक पीड़ा होती हो और जिसको अश्मरी के साथ-साथ शर्करा एवं सिकता का भी अनुबन्ध हो उसे असाध्य समझना चाहिए ॥ १८ ॥

अश्मरी का निदान समाप्त ।

अथातोऽश्मरीचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

अश्मरीनिदान-निरूपण के बाद चिकित्सा का निरूपण करते हैं।

अश्मर्यां वेल्लन्तरादिगणः—

वेल्लन्तरारणिकवूकवृषाश्मभेद-
गोकण्टकेत्कटसहाचरबाणशाकाः ।

वृक्षादनीनलकुशद्व्यगुप्तगुन्द्रा-
भल्लूकमोरटकुरण्टकरम्भपार्थाः ॥ १९ ॥
वर्गो वीरतरादयोऽयं हन्ति वातकृतान् गदान्।
अश्मरीशर्करामूत्रकृच्छ्राघातरुजापहः ॥ २० ॥

अश्मरी में वेल्लन्तरादि गण—वेल्लन्तर (वीरतरु "उशीर"), अरणि, वृक्ष (ईश्वरमल्ली या वकपुष्प), अडूसा, पाषाणभेद, गोकण्टक (गोखरू), इक्कट ( ), सहाचर (सरैया "पिलीक्षिण्टी"), बाण (शर "तृण-विशेष") शाक (पिप्पली "लोध्र"), वृक्षादनी (बन्दका "बांझी"), नल (नरकुल), कास, गुप्त (वृत्ततृण कासविशेष), गुन्द्रा (मृदुदर्भ "गोंदपटेल") भल्लूक कुश, (स्योनाक "अरलु"), मोरट (इक्षुमूल या "मूर्वाविशेष"), कुरण्ट (कटसरैया या "सितिवारक") करम्भ (कुमुद या प्रियंगु या उत्तमारणि) तथा अर्जुन ये वीरतरादि वर्ग हैं। यह वर्ग वातजन्य रोगों को नाश करता है तथा अश्मरी, शर्करा, मूत्रकृच्छ्र एवं मूत्राघात आदि रोगों को नाश करने-वाला है ॥ १९–२० ॥

वातजाश्मर्यां वरुणत्वचादियोगः—

वरुणस्य त्वचं श्रेष्ठां शुण्ठीगोक्षुरसंयुताम्।
यवक्षारगुडं दत्त्वा क्वाथं कृत्वा पिबेद्धितम् ॥ २१ ॥
अश्मरीं वातजां हन्ति चिरकालानुबन्धिनीम्।

वातज-अश्मरी में वरुणत्वचादि योग—वरुणवृक्ष की उत्तम छाल, सोंठ तथा गोखरू—इन द्रव्यों को क्वाथ बनाकर उसमें यवक्षार तथा गुड़ मिलाकर इस हितकर क्वाथ को पान करे। यह क्वाथ अधिक दिनों की पुरानी वातजन्य-अश्मरी को नाश करता है।

अश्मर्यां शुण्ठ्यादिचूर्णम्—

शुण्ठ्यग्निमन्थपाषाणभेदैर्वरुणगोक्षुरैः ॥ २२ ॥
अभयारग्वधफलैः क्वाथं कुर्याद्विचक्षणः।
रामठक्षारलवणचूर्णं दत्त्वा पिबेन्नरः ॥ २३ ॥
अश्मरीमूत्रकृच्छ्रघ्नं दीपनं पाचनं परम्।
हन्यात्कोष्ठाश्रितं वातं कट्यूरुगुदमेढ्रजम् ॥ २४ ॥

अश्मरी में शुण्ठ्यादि चूर्ण—सोंठ, अग्निमन्थ (अरणी), पाषाणभेद, वरुणवृक्ष की छाल, गोखरू, हर्रे तथा अमलतास—इन द्रव्यों का क्वाथ बनावे। इस क्वाथ में शु० हिंगु, यवक्षार एवं सेन्धानमक—इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर पान करे। यह चूर्ण शुण्ठ्यादि क्वाथ के साथ पान करने से अश्मरी रोग तथा मूत्रकृच्छ्र को नाश करनेवाला, जाठराग्नि को दीप्त करनेवाला, अन्न

को पचानेवाला है। यह कोष्ठ में स्थित तथा कटि, ऊरु (जंघा), गुदा एवं मूत्रमार्ग में स्थित वात को नाश करता है ॥ २२-२४ ॥

वातजाश्मर्यां पाषाणभेदादिघृतम—

पाषाणभेदो वसुको वशिरोऽश्मन्तकस्तथा ।
शतावरी स्वदंष्ट्रा च वृहती कण्टकारिका ॥ २५ ॥
कपोतवङ्काऽऽर्तगलः काञ्चनोशीरगुन्द्रकाः ।
वृक्षादन्यरलूकश्च वारुणं शाकजं फलम् ॥ २६ ॥
यवाः कुलत्थाः कोलानि कुटजस्य फलानि च ।
ऊषकादिप्रतीवापमेषां क्वाथे श्रृतं घृतम् ॥ २७ ॥
भिनत्ति वातसंभूतामश्मरीं क्षिप्रमेव च ।
क्षारान् यवागूं पेयां च कषायाणि पयांसि च ॥ २८ ॥
भोजनानि च कुर्वीत वर्गेऽस्मिन्वातनाशने ।
ऊषकस्तुत्थकं हिङ्गु कासीसद्वयसैन्धवम् ॥ २९ ॥
सशिलाजतु कृच्छ्राश्मगुल्ममेहकफापहम् ।

वातजन्य-अश्मरी में पाषाणभेदादि घृत—पाषाणभेद, वसुक (शिवमल्लिका), वशिर (चव्य), अश्मन्तक (अम्लोट), शतावरी, गोखरू, वनभंटा, भटकटैया, कपोत (कबूतर), वङ्क (पक्षिविशेष), आर्तगल (नीलकटसरैया), काञ्चन (चम्पा), खस, गुन्द्रक (गोंदपटेल), वृक्षादनी (वन्दा "बांझी"), अरलूक (सोनापाठा), वरुण, शाकजफल (चुल्ली का फल), यव, कुलत्थ, कोल (बैर) तथा इन्द्रयव—इन द्रव्यों के क्वाथ में ऊषकादिगण (ऊसर की क्षारमिट्टी, नीलाथोथा, हींग, हीराकासीस, पुष्पकासीस, सेन्धानमक तथा शिलाजतु), का कल्क मिलाकर घृत सिद्ध करे (घृत के चौगुना क्वाथ द्रव्य तथा चौथाई कल्क द्रव्य लेकर घृत सिद्ध करना चाहिए। देखें घृत-निर्माण विधि ग० नि० प्र० ख० पृ० ४१४ में) यह घृत वातजन्य अश्मरी को शीघ्र ही भेदन करता है। वातनाशक वर्ग में बताये गये द्रव्यों से सिद्ध क्षार, यवागू, पेया, कषाय, दूध तथा भोजन को करे। ऊषक (ऊसरप्रदेश की मृत्तिका), तुत्थक (शु० तूतिया), शु० हिंगु, कासीस, द्वय (कासीस, पुष्पकासीस), सेन्धानमक तथा शिलाजतु ये द्रव्य कष्टसाध्य, अश्मरीरोग, गुल्मरोग, प्रमेहरोग तथा कफजन्य रोगों को नाश करनेवाले हैं। यही ऊषकादि गण हैं।

पित्ताश्मर्यां कुशादिघृतम्—

कुशः काशः शरो मुञ्ज इक्कटो मोरटोऽश्मभित् ॥ ३० ॥
दर्भो विदारी वाराही शालिमूलं त्रिकण्टकम् ।

भल्लूकः पाटली पाठा पत्तूरोऽथ कुरण्टिका ॥ ३१ ॥
पुनर्नवे शिरीषश्च कथितास्तेषु साधितम् ।
घृतं शिलाह्वमधुकबीजैरिन्दीवरस्य च ॥ ३२ ॥
त्रपुषैर्वारुकाणां च बीजैश्चावापितं शुभम् ।
भिनत्ति पित्तसंभूतामश्मरीं क्षिप्रमेव च ॥ ३३ ॥
क्षारान् यवागूं पेयां च कषायाणि पयांसि च ।
भोजनानि च कुर्वीत वर्गेऽस्मिन् पित्तनाशने ॥ ३४ ॥

पित्ताश्मरी में कुशादि घृत—कुश, कास, शर, मुञ्ज, इक्कट ( ), मोरट (इक्षुमूल या "मूर्वाविशेष"), पाषाणभेद, दर्भ, विदारीकन्द, वाराही-कन्द, जड़हन धान की जड़, गोखरू, भल्लूक (भरलु), पाढ़ल, पाठा (पाढी), पत्तूर ( ), कुरण्टिका (सैरेयक "कटसरैया"), रक्तपुनर्नवा, श्वेत पुनर्नवा, शिरीष—इन द्रव्यों को क्वाथ बनाकर उसमें शिलाजीत, मुलेठी, विजयसार, इन्दीवर (कुमुद), त्रपुष (खीरा) का बीज, एर्वारु (ककड़ी) तथा वरुण का बीज—इन द्रव्यों के कल्क एवं घृत[1] मिलाकर पकावे । घृत सिद्ध हो जाने पर उतार कर रख ले । यह घृत पित्तजन्य अश्मरी को शीघ्र ही भेदन करता है । पित्तजन्य अश्मरी में पित्तनाशक वर्ग में कहे गये द्रव्यों से सिद्ध क्षार, यवागू, पेया, कषाय, दूध तथा भोजन को सेवन करे ॥ ३०-३४ ॥

शिलाजतु शिलाह्वं स्यात् पुण्ड्रको गुन्द्रगुच्छकौ ।
मधुकः कृतह्रस्वत्वाद् बीजैर्बीजक उच्यते ॥ ३५ ॥
कुर्यात्क्षारादिकं काथ्यैः तस्मिन् प्रक्षेपपादिकैः ।
वर्गत्वेन यथालाभं परिभाषा प्रवर्तते ॥ ३६ ॥

शिलाह्व शिलाजीत को कहते हैं पुण्ड्रक गुन्द्र तथा गुच्छ को कहते हैं । मधुक में ह्रस्व होने के कारण बीज शब्द से बीजक (विजयसार) को ग्रहण करते हैं । इस घृत में क्वाथ्य द्रव्यों के चौथाई प्रक्षेप द्रव्य एवं क्षार आदि को मिलाकर तथा वर्ग के अनुसार जो-जो द्रव्य मिल जाय उसको मिलाकर घृत सिद्ध करे और क्षार, यवागू आदि को बनाकर सेवन करे ॥ ३५-३६ ॥

कफजाश्मर्यां वरुणादिघृतम्—

गणे वरुणकादौ तु गुग्गुल्वेलाहरेणुभिः ।
कुष्ठमुस्ताह्वमरिचचित्रकैः ससुराह्वयैः ॥ ३७ ॥
एतैः सिद्धमजासर्पिरूपकादिगणेन च ।

---

१. स्नेह निर्माण विधि के अनुसार घृत, क्वाथ एवं कल्क की मात्रा ग्रहण करनी चाहिए ग० नि० परिशिष्ट पृ० सं० ४१४ में ।

भिनत्ति कफसंभूतामश्मरीं क्षिप्रमेव च ॥ ३८ ॥
भक्ष्यान् यवागूं पेयां च कषायाणि पयांसि च ।
भोजनादीनि कुर्वीत वर्गेऽस्मिन् कफनाशने ॥ ३६ ॥

कफज अश्मरी में वरुणादि घृत—वरुणकादि गण[1] में गुग्गुलु, बड़ी-इलायची, हरेणु (सम्भालू), कूठ, मोथा, मरिच, चित्रक तथा देवदारु—इन द्रव्यों के साथ और उपकादि गण के साथ सिद्ध बकरी का घृत, कफजन्य अश्मरी को शीघ्र ही भेदन कर देता है। इस कफनाशक वर्ग में सिद्ध भक्ष्य-पदार्थ, यवागू, पेया, कषाय, दूध तथा भोजन आदि का प्रयोग करे ॥३७-३९॥

वरुणादिगणः—

वरुणसैर्यकयुग्मशतावरीदहनमोरटबिल्वविषाणिकाः ।
द्विबृहतीद्विकरञ्जजयाद्वयं बहलपल्लवदर्भरुजाकराः ॥ ४० ॥
वरुणादिः कफं मेदो मन्दाग्नित्वं नियच्छति ।
आढ्यवातं शिरःशूलं गुल्मवातं सविद्रधिम् ॥ ४१ ॥

वरुणादि गण—वरुण, सैर्यक (कटसरैया), शतावरी, महाशतावरी, चित्रक, मोरट (मूर्वाविशेष), बेल, विषाणिका (काकड़ासिंघी), द्विबृहती (वनभंटा, भटकटैया), द्विकरञ्ज (करञ्ज, पूतिकरञ्ज), जयाद्वय (क्षुद्राग्नि-मन्थ, तेजोऽग्निमन्थ), बहलपल्लव (सुपारी का पल्लव), दर्भ तथा कुष्ठ ये वरुणादिगण हैं। वरुणादिगण कफ, मेदा की विकृति, मन्दाग्नि, आढ्यवात (अधःशाखाघात), शिरःशूल, गुल्मवात तथा विद्रधि को दूर करता है ॥ ४०-४१ ॥

शुक्राश्मरीप्रतीकारः—

शुक्राश्मर्यां तु सामान्यो विधिरश्मरिनाशनः ।
यवक्षारगुडोन्मिश्रं पिबेत्पुष्पफलोद्भवम् ।
रसं मूत्रविबन्धघ्नं शुक्राश्मरिविनाशनम् ॥ ४२ ॥

शुक्राश्मरी का प्रतिकार—शुक्राश्मरी में अश्मरीनाशक सामान्य विधि (उपचार) करे। यवक्षार तथा गुड़ मिलाकर पुष्प एवं फल का रस पान करे। यह मूत्रविबन्ध एवं शुक्राश्मरी को नाश करनेवाला है ॥ ४२ ॥

अश्मर्यां नागरादिक्वाथः—

नागरवरुणकगोक्षुरपाषाणभेदकपोतवङ्कजः क्वाथः ।
गुडयावशूकमिश्रः पीतो हन्त्यश्मरीमुग्राम् ॥ ४३ ॥

अश्मरी में नागरादि क्वाथ—सोंठ, वरुण, गोखरू, पाषाणभेद तथा कपोत

---

१. देखें अश्मरी चिकित्सा श्लो० सं० ४०-४१ ॥

वङ्ग (पक्षिविशेष)—इन द्रव्यों का क्वाथ गुड़ तथा यवक्षार मिलाकर पान करने से भयंकर अश्मरी को नाश करता है ॥ ४३ ॥

शर्करायां वरुणत्वगादिकषायः—

वरुणत्वक्शिलाभेदशुण्ठीगोक्षुरकैः कृतः ।
कषायः क्षारसंयुक्तः शर्करां च भिनत्त्यपि ॥ ४४ ॥

शर्करारोग में वरुणत्वगादि कषाय—वरुण की छाल, पाषाणभेद, सोंठ, तथा गोखरू, इन द्रव्यों का बनाया हुआ कषाय यवक्षार मिलाकर सेवन करने से शर्करा को भेदन करता है ॥ ४४ ॥

पिबेद्वरुणकल्कत्वक्क्वाथं तत्कल्कसंयुतम् ।
वरुणत्वक्कषायस्तु पीतश्च गुडसंयुतः ॥ ४५ ॥
अश्मरीं पातयत्याशु शर्करां च निपातयेत् ।

वरुण की छाल का कल्क तथा क्वाथ पान करे, वरुण की छाल का कषाय, वरुण की छाल का कल्क तथा गुड़ मिलाकर पान करने से अश्मरी को गिरा देता है और शर्करा को भी निकाल देता है ।

क्वाथश्च शिग्रुमूलोत्थः कटूष्णोऽश्मरिनाशनः ॥ ४६ ॥

सहिजन की जड़ का क्वाथ कटु तथा उष्ण होता है और अश्मरी को नाश करने वाला है ॥ ४६ ॥

अश्मर्यां त्रिकण्टकयोगः—

त्रिकण्टकस्य बीजानां चूर्णं माक्षिकसंयुतम् ।
अविक्षीरेण सप्ताहं पिबेदश्मरिभेदनम् ॥ ४७ ॥

अश्मरी में त्रिकण्टक योग—गोखरू के बीज का चूर्ण मधु मिलाकर बकरी के दूध के साथ एक सप्ताह तक पान करे। यह अश्मरी को नाश करने वाला है ॥ ४७ ॥

कुलत्थाद्यं घृतम्—

कुलत्थसिन्धूत्थविडङ्गसारं सशर्करं शीतलियावशूकम् ।
बीजानि कूष्माण्डकगोक्षुराभ्यां घृतं पचेत्तैर्वरुणस्य तोये ॥ ४८ ॥
दुःसाध्यसर्वाश्मरिमूत्रकृच्छ्रं मूत्राभिघातं च समूत्रबन्धम् ।
एतानि सर्वाणि निहन्ति शीघ्रं प्ररूढवृक्षानिव वज्रपातः ॥ ४९ ॥

कुलत्थाद्य घृत—कुलत्थ (कुरथी), सेन्धानमक, वायविडङ्ग, विजयसार, शक्कर, शीतलि (मलयगिरचन्दन), यवक्षार, कूष्माण्ड (कोहड़ा) तथा गोखरू का बीज इन द्रव्यों के कल्क के साथ वरुण के क्वाथ में घृत को पकावे (घृत के चौगुना क्वाथ तथा चौथाई कल्क द्रव्य ग्रहण करे) यह घृत कष्टसाध्य सभी प्रकार के अश्मरी रोग, मूत्रकृच्छ्र, मूत्राभिघात तथा मूत्रबन्ध इन सभी रोगों को

शीघ्र ही नाश करता है। जैसे वज्रपात मजबूत वृक्षों को भी नाश कर देता है ॥ ४८-४९ ॥

शरादिघृतम्—

शरादिपञ्चमूल्या वा कषायेण पचेद् घृतम्।
प्रस्थं गोक्षुरकल्केन सिद्धमद्यात्सशर्करम् ॥ ५० ॥
अश्मरीमूत्रकृच्छ्रघ्नं रेतोमार्गरुजापहम्।

शरादिघृत—शरादिपञ्चमूली (शर, कुश, काश, दर्भ, मुञ्ज) के कषाय तथा गोखरू के कल्क के साथ एक प्रस्थ घृत (घृत एक प्रस्थ (चौसठ तोला) कषाय चार प्रस्थ, (चार सेर) तथा कल्क सोलह तोला) पकावे और शक्कर मिलाकर पान करे। यह घृत अश्मरी रोग तथा मूत्रकृच्छ्र को नाश करने वाला है और रेतोमार्ग (मूत्रेन्द्रिय) में उत्पन्न पीड़ा को नष्ट करता है।

वरुणाद्यं घृतम्—

वरुणस्य तुलां क्षुण्णां जलद्रोणे विपाचयेत् ॥ ५१ ॥
पादशेषं परिस्राव्य घृतप्रस्थं विपाचयेत्।
वरुणः कदली बिल्वं तृणजं पञ्चमूलकम् ॥ ५२ ॥
अमृता चाश्मजं देयं बीजं च त्रपुषस्य वै।
शतपर्वा तिलक्षारः पलाशक्षार एव च ॥ ५३ ॥
यूथिकायाश्च मूलानि कार्षिकाणि समावपेत्।
अस्य मात्रां पिबेज्जन्तुर्देशकालाद्यपेक्षया ॥ ५४ ॥
जीर्णे चास्मिन् पिबेत्पूर्वं गुडं जीर्णं तु मस्तुना।
अश्मरीं शर्करां चैव मूत्रकृच्छ्रं च नाशयेत् ॥ ५५ ॥

वरुणाद्य घृत—वरुण की छाल एक तुला (पांच सेर) जल एक द्रोण में पकावे। चौथाई शेष क्वाथ को छानकर एक प्रस्थ (चौसठ तोला) घृत पकावे। कल्कार्थ—वरुण, केला का रस, बेल, तृणपञ्चमूल (शर, कुश, काश, दर्भ तथा मुञ्ज), गुडूची, पाषाणभेद, खीरा का बीज, शतपर्वा (दूर्वा), तिल का क्षार, पलास का क्षार तथा यूथिका (पीली जूही) की जड़ एक-एक कर्ष (तोला) लेकर कल्क बनावे और उसमें छोड़ दे। घृत तैयार हो जाने पर उतार कर छान ले और घृतस्निग्ध पात्र में रख दे। मनुष्य इस घृत को देश तथा काल के अनुसार मात्रापूर्वक पान करे। इसके परिपाक हो जाने पर पहले पुराना गुड़ दही के तोड़ के साथ पान करे। यह घृत अश्मरी, शर्करा तथा मूत्रकृच्छ्र को नाश करता है ॥ ५१-५५ ॥

वीरतराद्यं तैलम्—

सैन्धवाद्यं तु यत्तैलमृषिभिः परिभाषितम्।

तत्तैलं द्विगुणक्षीरं पचेद्वीरतरादिना ॥ ५६ ॥
क्काथेन पूर्वकल्केन साधितं सुभिषग्वरैः ।
एतत्तैलं परं श्रेष्ठमश्मरीणां विनाशने ॥ ५७ ॥
मूत्राघाते मूत्रकृच्छ्रे पिच्छिते मथितेऽपि वा ।
भग्ने श्रमाभिपन्ने वा सर्वथैव प्रशस्यते ।
वध्मार्धिकारे निर्दिष्टं सैन्धवाद्यमिहेष्यते ॥ ५८ ॥

वीरतराद्य तैल—जिस सैन्धवाद्य तैल को ऋषियों ने बताया है उस तैल को दुगुना दूध मिलाकर वीरतरादि गण (देखें अश्मरी अधिकार श्लोक १९ में) के क्काथ के साथ तैल निर्माण विधि के द्वारा पकावे । श्रेष्ठ वैद्यों के द्वारा सिद्ध किया हुआ यह तैल अश्मरी रोग को नाश करने में श्रेष्ठ है, तथा मूत्राघात, मूत्रकृच्छ्र, पिच्छिल (दवा हुआ), मथित, भग्न या परिश्रमजन्य रोग में सर्वथा लाभदायक है । इस अश्मरी रोगाधिकार में वध्मार्धिकार में बताया हुआ [1]सैन्धवाद्य तैल को ग्रहण करना चाहिए ॥ ५६–५८ ॥

अश्मर्यां यूथीमूलयोगः—

यूथीमूलं ग्रीष्मकालोद्गृहीतं छागीक्षीरे सम्यगुत्काथ्य पीतम् ।
मूत्राघातं मूत्रकृच्छ्रं सशूलं हन्यात्क्षिप्रं शर्करामश्मरीं च ॥ ५९ ॥

अश्मरी रोग में यूथीमूलयोग—यूथी (जूही) की जड़ ग्रीष्म काल निकालकर बकरी के दूध में अच्छी तरह पकाकर पान करने से शूलयुक्त मूत्राघात, मूत्रकृच्छ्र, शर्करा तथा अश्मरी रोग को शीघ्र ही नाश करती है ॥५९॥

अश्मर्यां तिलपुष्पक्षारयोगः—

क्षारो निपीतस्तिलपुष्पजातः समाक्षिकः क्षीरयुतस्त्रिरात्रम् ।
हन्त्यश्मरीं सीधुविमिश्रितं वा निपीयमानं रुचकं प्रयत्नात् ॥ ६० ॥

अश्मरी रोग में तिलपुष्पक्षारयोग—तिल के पुष्प का क्षार (पुष्प को अन्तर्धूम जलाकर अठगुने जल में घोलकर छान ले और आग पर पकाकर सुखा ले) मधु मिलाकर दूध के साथ तीन रात्रि तक पान करने से अश्मरी को नाश करता है । और तिलपुष्पक्षार सीधु में मिलाकर या सौवर्चलनमक मिलाकर प्रयत्नपूर्वक पान करने से अश्मरी रोग को नाश करता है ॥ ६० ॥

अश्मर्यां गोपालकर्कटीमूलयोगः—

गोपालककेटीमूलं पिष्टं पर्युषिताम्भसा ।
पीयमानं त्रिरात्रेण पातयत्यश्मरीं हठात् ॥ ६१ ॥

अश्मरी रोग में गोपालकर्कटीमूलयोग—गोपालकर्कटी (वालम-खीरा)

---

१. वृद्ध्यधिकार चिकित्सा श्लोक सं० ३१ से ३४ में देखें ।

का मूल बासी जल में पीसकर तीन रात्रि तक पान करने से अश्मरी को बल-पूर्वक गिरा देता है ॥ ६१ ॥

अश्मर्यामर्कपुष्पीयोगः—

गव्येन पिष्ट्वा पयसाऽर्कपुष्पी निपीयमानाऽनुदिनं प्रभाते ।
विदार्य वीर्येण निजेन तीव्रामप्यश्मरीं पातयते दशाहात् ॥ ६२ ॥

अश्मरी रोग में अर्कपुष्पी योग—अर्कपुष्पी (अन्धाहुली) गाय के दूध के साथ पीसकर प्रतिदिन प्रातःकाल पान करने से अपने वीर्य से भयंकर अश्मरी को भी विदीर्ण कर दश दिन में गिरा देती है ॥ ६२ ॥

अश्मर्यां मालतीमूलयोगः—

ग्रीष्मोत्खातं मालतीमूलमाजे क्षीरे सिद्धं शर्कराचूर्णमिश्रम् ।
पीतं सद्यो मूत्रसंरोधजातां हन्यात्पीडां पातयेदश्मरीं च ॥ ६३ ॥

इति श्रीवैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
ऽश्मरीचिकित्साधिकार एकोनत्रिंशत्तमः ॥ २६ ॥

अश्मरी में मालतीमूलयोग—मालती के मूल को ग्रीष्म ऋतु में निकाल ले और उसको अच्छी तरह धोकर बकरी के दूध में अच्छी तरह पकावे । सिद्ध हो जाने पर शक्कर मिलाकर पान करे । यह योग मूत्रावरोध से उत्पन्न पीड़ा को नाश करता है तथा अश्मरी को गिरा देता है ॥ ६३ ॥

श्री वैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड
में उन्तीसवां अश्मरी-अधिकार समाप्त ।

अथ प्रमेहाधिकारस्त्रिंशत्तमः ।

अथातः प्रमेहपिटकानिदानं व्याख्यास्यामः ।

अश्मरी रोग-निरूपण के बाद प्रमेह तथा प्रमेह-पिटका का निदान कहते हैं ।

प्रमेहसंप्राप्तिः—

आस्यासुखं स्वप्नसुखं दधीनि ग्राम्यौदकानूपरसाः पयांसि ।
नवान्नपानं गुडवैकृतं च प्रमेहहेतुः कफकृच्च सर्वम् ॥ १ ॥

प्रमेह की सम्प्राप्ति—निश्चेष्ट होकर आराम से गुदगुदे बिस्तर पर बैठे रहना, सुखपूर्वक नियम बिरुद्ध अधिक सोना, अधिक मात्रा में दही खाना, ग्राम्य (बकरा-आदि) जल जन्तु (मछली-आदि) तथा आनूप (अनूप देश में रहने वाले भैंसा-आदि) प्राणियों के मांस-रस का सेवन, दुग्धपान, नवीन अन्न तथा नवीन वर्षा-आदि का जल, गुड-वैकृत (गुड़ या शर्करा के बने पदार्थ) तथा अन्य सभी कफवर्द्धक पदार्थों का सेवन करना ये प्रमेह रोग को उत्पन्न करने वाले कारण हैं ॥ १ ॥

मेदश्च मांसं च शरीरजं च क्लेदं कफो बस्तिगतं प्रदूष्य ।

कफजन्य मेह—कफ बस्ति प्रदेश में स्थित होकर शरीर में स्थित मेद, मांस तथा जलीय भाग को दूषित कर कफज प्रमेह को उत्पन्न करता है ।

करोति मेहान् समुदीर्णमुष्णैस्तान्येव पित्तं परिदूष्य चापि ॥ २ ॥

पैत्तिक मेह—गरम पदार्थों से प्रवृद्ध बस्ति प्रदेश में स्थित पित्त भी उन्हीं पूर्वोक्त मेद, मांस तथा जलीयांश को दूषित कर पैत्तिक प्रमेहों को उत्पन्न करता है ॥ २ ॥

क्षीणेषु मांसेष्ववकृष्य धातून्
संदूष्य मेहान् कुरुतेऽनिलश्च ।

वातिक प्रमेह—श्लेष्मा तथा पित्त के क्षीण होने पर वात धातुओं (वसा, मज्जा, ओज तथा लसीका) को बस्ति में लाकर तथा दूषित कर वातिक प्रमेहों को उत्पन्न करता है ।

साध्याः कफोत्था दश, पित्तजाः षड्
याप्यास्त्वसाध्याः पवनाच्चतुष्कः ॥ ३ ॥
समक्रियत्वाद्विषमक्रियत्वान्महात्ययत्वाच्च यथाक्रमं ते ।

कफजन्य दश प्रकार के प्रमेह दोष और दूष्यों की समान चिकित्सा होने के कारण साध्य होते हैं ।

पित्तजन्य छः प्रकार के प्रमेह दोष और दूष्यों की चिकित्सा में विषमता होने के कारण याप्य होते हैं। चार प्रकार के वातिक प्रमेह अत्यधिक शीघ्रता से एवं घातक रूप से धातुओं को विनाश करने वाले होने के कारण तथा दोष एवं दूष्यों की चिकित्सा में वैषम्य होने से असाध्य होते हैं ॥ ३ ॥

कफः सपित्तः पवनश्च दोषा, मेदोऽम्बुशुक्राम्बुवसालसीकाः।
मज्जारसौजः पिशितं च दूष्यं, प्रमेहिणां विंशतिरेव मेहाः ॥ ४ ॥

वातपित्त तथा कफ ये तीनों दोष प्रमेह की उत्पत्ति में कारण होते हैं। मेद, रक्त, शुक्र, जल, वसा, लसीका, मज्जा, रस, ओज तथा मांस ये दश दूष्य होते हैं। इनसे (इन दोष दूष्यों के संयोग विशेष से) बीस प्रकार के प्रमेह उत्पन्न होते हैं ॥ ४ ॥

विमर्शः—अश्मरीरोग के निदान के बाद बस्ति-सम्बन्धी विकृति के साम्य होने के कारण प्रमेह का निदान कहा गया है। सभी प्रमेहों में मूत्रवह-संस्थान की विकृति होती है। विकारों की भिन्नता के अनुसार प्रमेहों के लक्षणों में भी भेद होते हैं। यह रोग अत्यधिक पौष्टिक एवं कफ और मेदोवर्द्धक पदार्थों का सेवन तथा सुखपूर्वक बैठे रहने की प्रवृत्ति प्रमेहरोग को उत्पन्न करने में प्रधान कारण है। दधि शब्द से बहुवचन होने के कारण दूध से बने हुए सभी पदार्थों (मलाई, खोवा आदि) का सेवन प्रमेह का कारण होता है। दुग्ध-विकारों का सेवन करने पर यदि उसका पाचन ठीक २ होगा तो कफ की विकृति कम होगी, इसके अतिरिक्त कफ के दोष रूप में हो जाने से बस्तिगत क्लेदांश को दूषित कर प्रमेह को उत्पन्न करता है। कफवर्द्धक पदार्थ प्रमेह-कारक तथा प्रमेहकारक पदार्थ कफवर्द्धक होते हैं क्योंकि कफ और प्रमेह का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। कफनाशक पदार्थ-सेवन से प्रमेहनाश तथा प्रमेह-नाशक पदार्थ-सेवन से कफ का नाश होता है।

सुश्रुत ने निम्नलिखित कफवर्द्धक पदार्थों को प्रमेहोत्पादक माना है। "दिवास्वप्नाव्यायामालस्यप्रसक्तं शीतस्निग्धमधुरमेद्य-द्रवान्न-पानसेविनं पुरुषं जानीयात् प्रमेही भविष्यतीति" सु० नि० ६। इसके साथ वातवर्द्धक तथा पित्त-वर्द्धक पदार्थों का सेवन करने से प्रमेह वातिक तथा पैत्तिक स्वरूप को ग्रहण कर लेता है।

श्लैष्मिक प्रमेह में दोष तथा दूष्य समान होते हैं अतः इसकी चिकित्सा सुखसाध्य होती है और यह दश प्रकार का होता है। उदकमेह, इक्षुमेह, सान्द्रमेह, सुरामेह, पिष्टमेह, शुक्रमेह, शीतमेह, सिकतामेह, शनैर्मेह तथा लालामेह।

पैत्तिकप्रमेह में दोष पित्त है और दूष्य कफ है अतः इन दोनों में विषमता

के कारण यह याप्य होता है। कफशामक उष्ण आदि पदार्थों को सेवन करने से पित्त की वृद्धि तथा पित्तशामक शीत-आदि पदार्थों के सेवन से कफ की वृद्धि होती है। इस प्रकार इसकी चिकित्सा में वैषम्य है और इसीलिये यह याप्य होता है। यह छः प्रकार का होता है। क्षारमेह, कालमेह, नीलमेह, रक्तमेह, माञ्जिष्ठमेह तथा हारिद्रमेह।

वातिकप्रमेह में धातुओं का इतनी तीव्रता के साथ विनाश होता है कि उसकी पूर्ति करने के लिये उतनी प्रभावशाली औषध का अभाव सा है। इसमें तीव्रता से धातुक्षय के कारण घातक उपद्रव हो सकते हैं और वातशामक चिकित्सा मेद आदि का वर्द्धक होती है तथा मेदनाशक चिकित्सा वातवर्द्धक होती है इस प्रकार दोष दूष्य का नितान्त वैषम्य होने से असाध्य होता है। इसकी चिकित्सा प्रत्याख्यान करके करनी चाहिए। यह चार प्रकार का होता है। वसामेह, मज्जामेह, हस्तिमेह तथा मधुमेह। इस प्रकार प्रमेह बीस प्रकार के होते हैं।

वस्तुतः सभी प्रमेह त्रिदोषज होते हैं और सभी दूष्य (मेद-रक्त आदि) दूषित हो सकते हैं किन्तु मेद-मांस आदि अधिक दूषित होते हैं। विशेष मेहों में विशेष दूष्य ही अधिक दूषित होते हैं। यही सिद्धान्त चरक-सुश्रुत आदि आर्ष ग्रन्थों का भी है।

माधवे-निदान के मधुकोष में भी इसका उल्लेख किया गया है।

कफजातीय ओज दो प्रकार का होता है। (१) अर्द्धाञ्जलि परिमाण (२) अष्टविन्दु-परिमाण। अर्द्धाञ्जलिपरिमाण ओज सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है-किन्तु अष्टविन्दु-परिमाण ओज का अधिष्ठान हृदय है। "हृदि तिष्ठति-यच्छुद्धं रक्तमीषत्सपीतकम्। ओजः शरीरे संख्यातं तन्नाशान्ना विनश्यति। च० सू० १८। प्राणाश्रयस्यौजसोऽष्टौ विन्दवो हृदयाश्रिताः" अर्थात् मधुमेह त्रिदोषज होता है और उसमें प्रधान दूष्य ओज ही होता है। प्रमेह में मेद आदि अनेक दूष्य होते हैं फिर भी मेद, मांस, शरीरज क्लेद विशेष रूप से सभी प्रमेहों में दूषित होते हैं। सुश्रुत ने भी कहा है—वातपित्तमेदोभिरन्वितः श्लेष्मा मेहान् जनयति (सु० नि० अ० ६) मधुमेह में ओज ही दूष्य माना गया है, यथा—ओजः पुनर्मधुरस्वभावम् तद्यथा-रौक्ष्याद् वायुः कषायत्वेनाभि-संसृज्य मूत्राशयेऽभिवहति तदा मधुमेहं करोति (च० नि० ४)।

प्रमेहपूर्वरूपम्—

दन्तादीनां मलाढ्यत्व प्राग्रूपं पाणिपादयोः।
दाहश्चिक्कणता देहे मूत्रसंगश्च जायते ॥ ५ ॥

प्रमेह का पूर्वरूप—दांत, तालु, गला और जिह्वा आदि का मलयुक्त होना,

हाथ और पैरों में जलन, शरीर में चिकनापन तथा मूत्र का अधिक निकलना या अधिक प्यास लगना तथा मुख का मीठा प्रतीत होना ये प्रमेह के पूर्व-रूप[1] हैं ॥ ५ ॥

प्रमेहाणां सामान्यलक्षणम्—

सामान्यलक्षणं तेषां प्रभूताविलमूत्रता ।
दोषदूष्याविशेषेऽपि तत्संयोगविशेषतः ॥ ६ ॥
मूत्रवर्णादिभेदेन भेदो मेहेषु कल्प्यते ।

प्रमेहों के सामान्य लक्षण—मूत्र का अधिक त्याग होना तथा मूत्र में गंदलापन ये सभी प्रमेहों के सामान्य लक्षण हैं। सभी प्रमेहों में दोष और दूष्य के समान रहने पर भी उनके संयोग-विशेष से मूत्र के वर्ण (रंग) गन्ध, स्पर्श आदि भेद से प्रमेहों के अनेक भेद होते हैं।

विमर्श—प्रभूतमूत्रता (बार-बार मूत्रोत्सर्ग अथवा मूत्र का अधिक मात्रा में होना) तथा आविलमूत्रता (मूत्र में गन्दलापन) ये दो लक्षण प्रमेह के प्रधान लक्षण हैं। किसी प्रमेह में एक लक्षण तथा किसी प्रमेह में दोनों लक्षण उपस्थित रहते हैं। निदान की भिन्नता तथा दोष एवं दूष्यों के उत्कर्ष या अपकर्ष के वैचित्र्य के कारण मूत्र के वर्ण आदि लक्षणों में भिन्नता आ जाती है। जैसे श्वेत, कृष्ण, पीत, लोहित तथा श्याव वर्ण के संयोग-भेद से अनेक पिङ्गल, पाटल आदि रंगों की उत्पत्ति होती है वैसे ही दोष, धातु, मल एवं आहार-विशेष के उत्कर्ष, अपकर्ष या संयोग-विशेष से अनेक प्रकार के प्रमेहों की उत्पत्ति होती है।

श्लैष्मिकाणां दशमेहानां लक्षणम्—

अच्छं बहु सितं शीतं निर्गन्धमुदकोपमम् ॥ ७ ॥
मेहत्युदकमेहेन किंचिच्चाविलपिच्छिलम् ।

श्लैष्मिक दश प्रमेहों के लक्षण—उदकमेह—उदकमेह में स्वच्छ, मात्रा में अधिक, सफेद, शीतल, गन्धरहित, जल के समान तथा कुछ मैलापन एवं पिच्छिलतायुक्त मूत्रोत्सर्ग होता है।

इक्षो रसमिवात्यर्थं मधुरं चेक्षुमेहतः ॥ ८ ॥

इक्षुमेह—इक्षुमेह से पीड़ित रोगी गन्ना के रस के समान अधिक मधुर मूत्र का त्याग करता है ॥ ८ ॥

---

१. तेषां तु पूर्वरूपाणि हस्तपादतलदाहः स्निग्ध-पिच्छिल-गुरुता, गात्राणां-मधुरशुक्लमूत्रता तन्द्रासान्द्रः पिपासा दुर्गन्धश्च श्वासतालु-गलजिह्वा-दन्तेषु मलोत्पत्तिर्जटिलीभावः केशानां, वृद्धिश्च नखानाम् । सु० नि० ६ ॥

सान्द्रीभवेत्पर्युषितं सान्द्रमेहेन मेहति ।

सान्द्रमेह—सान्द्रमेह से पीड़ित व्यक्ति के मूत्र में रखने से तल के नीचे बैठ जाती है ।

सुरामेही सुरातुल्यमुपर्यच्छमधो घनम् ॥ ६ ॥

सुरामेह—सुरामेह से पीड़ित व्यक्ति को मूत्र ऊपर स्वच्छ एवं तल में घना होता है ॥ ९ ॥

संहृष्टरोमा पिष्टेन पिष्टवद् बहलं सितम् ।

पिष्टमेह—पिष्टमेह से पीड़ित रोगी का शरीर रोमाञ्चित होता है और वह श्वेत मात्रा में अधिक तथा पीठी के समान पदार्थ से मिला हुआ मूत्रोत्सर्ग करता है ।

शुक्राभं शुक्रमिश्रं वा शुक्रमेही प्रमेहति ॥ १० ॥

शुक्रमेह—शुक्रमेह से पीड़ित रोगी शुक्र के सदृश या शुक्र से मिश्रित मूत्र का त्याग करता है ॥ १० ॥

मूर्तीणून् सिकतामेही सिकतारूपिणो मलान् ।

सिकतामेह—सिकतामेही का मूत्र सिकता (रेत) के समान छोटे-छोटे कणों से युक्त रहता है ।

शीतमेही सुबहुशो मधुरं भृशशीतलम् ॥ ११ ॥

शीतमेही—शीतमेह से पीड़ित रोगी का मूत्र मधुर तथा अत्यधिक शीतल होता है और रोगी बार-बार मूत्रत्याग करता है ॥ ११ ॥

शनैः शनैः शनैर्मेही मन्दं मन्दं प्रमेहति ।

शनैर्मेही—शनैर्मेह से पीड़ितरोगी बहुत धीरे-धीरे मूत्रत्याग करता है ।

लालातन्तुयुतं मूत्रं लालामेहेन पिच्छिलम् ॥ १२ ॥

लालामेह—लालामेह से पीड़ित रोगी का मूत्र पिच्छिल (चिकना) तथा लाला रस के सदृश होता है ॥ १२ ॥

पैत्तिकानां षण्मेहानां लक्षणम्—

गन्धवर्णरसस्पर्शैः क्षारेण क्षारतोयवत् ।

पैत्तिक प्रमेहों के लक्षण—क्षारमेह—क्षारमेह में मूत्र की गन्ध, वर्ण, रस तथा स्पर्श क्षार-मिश्रित जल के सदृश होते हैं ।

नीलमेहेन नीलाभं—

नीलमेह—नीलमेह से पीड़ित रोगी का मूत्र नीले रंग का होता है ।

—कालमेही मषीनिभम् ॥ १३ ॥

कालमेह—कालमेह में मूत्र काली स्याही के समान काला होता है ॥ १३ ॥

हारिद्रमेही कटुकं हरिद्रासन्निभं दहत् ।

हारिद्र मेह—हारिद्र मेह से पीड़ित रोगी का मूत्र हल्दी के रंग के सदृश होता है, और रस में कटु एवं मूत्रत्याग करते समय दाह का अनुभव होता है।

विस्रं माञ्जिष्ठमेहेन मञ्जिष्ठासलिलोपमम् ॥ १४ ॥

माञ्जिष्ठमेह—माञ्जिष्ठमेह से पीड़ित रोगी आम गन्ध से युक्त मजीठ के क्वाथ के वर्ण का मूत्रत्याग करता है ॥ १४ ॥

विस्रमुष्णं सलवणं रक्ताभं रक्तमेहतः।

रक्तमेह—रक्तमेह से पीड़ित रोगी का मूत्र दुर्गन्धित, उष्ण, लवणयुक्त तथा लाल रंग का होता है।

चतुर्णां वातिकमेहानां लक्षणम्—

वसामेही वसामिश्रं वसाभं मूत्रयेन्मुहुः ॥ १५ ॥

चार वातिक मेहों का लक्षण—वसामेह—वसामेह से पीड़ित रोगी वसा से मिश्रित तथा वसा के वर्ण एवं गन्ध के समान, बार बार मूत्र का त्याग करता है ॥ १५ ॥

मज्जाभं मज्जमिश्रं वा मज्जमेही मुहुर्मुहुः।

मज्जमेह—मज्जमेह से पीड़ित रोगी बार बार मज्जा के समान तथा मज्जामिश्रित मूत्र का त्याग करता है।

कषायं मधुरं रूक्षं क्षौद्रमेहं वदेद् बुधः ॥ १६ ॥

क्षौद्रमेह—क्षौद्रमेह में कषाय एवं मधुर रस से युक्त बार बार रोगी मूत्र-त्याग करता है ॥ १६ ॥

हस्ती मत्त इवाजस्रं मूत्रं वेगविवर्जितम्।
सलसीकं विबद्धं च हस्तिमेही प्रमेहति ॥ १७ ॥

हस्तिमेही—हस्तिमेह से पीड़ित रोगी मदमस्त हाथी के समान बिना किसी अवरोध के हमेशा लसीका से मिश्रित तथा विबद्ध (ग्रथित) मूत्र का त्याग करता है ॥ १७ ॥

विमर्श—वसामेही—वसा-मिश्रित बार बार, मज्जामेही—मज्जामिश्रित बार बार तथा हस्तिमेही—लसीका-मिश्रित निरन्तर मूत्र त्याग करता है। क्षौद्र-मेही—कषाय एवं मधुर रस से युक्त बार बार मूत्रत्याग करता है। चरक ने इसको मधुमेह कहा है। क्षौद्रमेह तथा मधुमेह के लक्षणों में अधिक समता है। अन्य मेहों की उपेक्षा करने पर यह उपद्रव-स्वरूप प्रायः होता है। सुश्रुत ने कहा भी है "सर्व एव प्रमेहास्तु कालेनाप्रतिकारिणः। मधुमेहत्वमायान्ति तदाऽसाध्या भवन्ति हि"।

चरक इस मेह को ओजोमेह भी मानते हैं। इस रोग में मधुर स्वभाव का

ओज निकलता है। इसी कारण मूत्र में चीटियां लगती हैं। इसका क्रम निम्न प्रकार है—

प्राङ्गोदीय (कार्बोहाइड्रेट्स) आन्त्रिक पाचनक द्वारा मधुशर्करा (ग्लूकोज) के रूप में परिवर्तित तथा शोषित हो जाता है, और रसवाहिनियों के द्वारा यकृत में पहुंचकर ग्लायकोजन के रूप में एकत्रित हो जाता है। इसका कुछ हिस्सा मांसपेशियों में भी संचित रहता है। आवश्यकता होने पर पुनः यह ग्लायकोजिनेट नामक किण्व के द्वारा ग्लूकोज के रूप में परिवर्तित होकर शरीर के काम में आता है। मांसपेशियों को शक्ति देने के लिये रक्त में भी एक निश्चित परिमाण में बना रहता है। अन्त में जल तथा कार्बनडाई आक्साइड के रूप में परिणत हो जाता है। रक्त में इसकी मात्रा सामान्यतः ०·०८ से ०·१८ तक रहती है। मीठे पदार्थ एवं शर्करा-प्रधान पदार्थों के अधिक सेवन से इसकी मात्रा बढ़ती है। तथा शर्कराप्रधान पदार्थ बन्द कर देने से घटती है। रक्त में आवश्यकता से अधिक शर्करा होने पर उसका संचय यकृत में ग्लायकोजन के रूप में हो जाता है। यकृत के परिपूर्ण हो जाने पर ग्लूकोज मेद के रूप में परिवर्तित होकर शरीर के विभिन्न धातुओं में एकत्रित हो जाती है। शर्करा रक्त से वृक्कों द्वारा छनकर मूत्र में आती है। जब तक रक्त में १·८ प्रतिशत से कम शर्करा रहती है तब तक वृक्कों को छानने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। कुछ रोगियों में शर्करा कम प्रतिशत प्रमाण में रहने पर क्षरण हुआ करता है। इसको वृक्कज मधुमेह कहते हैं। यह स्थिति भयानक नहीं होती है।

विशेषकर अग्न्याशय का विकृत होना मधुमेह का कारण होता है। सामान्यतः मधुमेह में भोजन के कुछ समय बाद तक रक्तस्थित शर्करा की मात्रा प्राकृत से अधिक रहती है और उसका मूत्र के द्वारा निस्सरण होता रहता है। किन्तु मधुमेह की भयंकर अवस्था में मूत्र में रक्तस्थित शर्करा कई गुना अधिक रहती है और उसका त्याग भी मूत्र द्वारा हमेशा होता रहता है। इससे अम्लोत्कर्षता बढ़ जाती है और रोगी में संन्यास के समान लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं।

भिन्न-भिन्न संहिताओं के अनुसार २० प्रकार के प्रमेहों का नाम अलग अलग दिया गया है—जैसे—

चरक—

कफजमेह—१. उदकमेह, (२) इक्षुबालिका-रसमेह (३) सान्द्रमेह, (४) सान्द्र प्रसादमेह, (५) शुक्लमेह (६) शुक्रमेह, (७) शीतमेह, (८) सिकतामेह, (९) शनैर्मेह, (१०) आलालमेह।

पित्तजमेह—(११) क्षारमेह (१२) कालमेह, (१३) नीलमेह, (१४) लोहितमेह, (१५) मञ्जिष्ठामेह, (१६) हारिद्रमेह । वातजप्रमेह—(१७) वसामेह (१८) मज्जमेह, (१९) हस्तिमेह, (२०) मधुप्रमेह ।

सुश्रुत—

कफजमेह—(१) उदकमेह, (२) इक्षुवालिकामेह (३) सान्द्रमेह, (४) सुरामेह, (५) पिष्टमेह, (६) शुक्रमेह, (७) सिकतामेह (८) शनैर्मेह (९) लवणमेह, (१०) फेनमेह । पित्तजमेह—(११) क्षारमेह, (१२) नीलमेह, (१३) शोणितमेह, (१४) मञ्जिष्ठामेह (१५) हारिद्रमेह, (१६) अम्लमेह । वातजमेह—(१७) वसामेह (१८) सर्पिर्मेह, (१९) हस्तिमेह, (२०) क्षौद्रमेह ।

वाग्भट—

कफजमेह—(१) उदकमेह (२) इक्षुमेह, (३) सान्द्रमेह, (४) सुरामेह, (५) पिष्टमेह (६) शुक्रमेह (७) शीतमेह, (८) सिकतामेह, (९) शनैर्मेह, (१०) लालामेह । पित्तजमेह—(११) क्षारमेह, (१२) कालमेह, (१३) नीलमेह (१४) रक्तमेह (१५) माञ्जिष्ठमेह (१६) हारिद्रमेह । वातजमेह—(१७) वसामेह, (१८) मज्जमेह, (१९) हस्तिमेह (२०) मधुमेह ।

माधवनिदान तथा गदनिग्रह—कफजमेह—(१) उदकमेह, (२) इक्षुमेह, (३) सान्द्रमेह (४) सुरामेह, (५) पिष्टमेह, (६) शुक्रमेह, (७) शीतमेह, (८) सिकतामेह, (९) शनैर्मेह (१०) लालामेह ।

पित्तजमेह—(११) क्षारमेह (१२) कालमेह (१३) नीलमेह, (१४) रक्तमेह, (१५) माञ्जिष्टमेह । (१६) हारिद्रमेह । वातजमेह—(१७) वसामेह, (१८) मज्जमेह, (१९) हस्तिमेह (२०) मधुमेह ।

प्रमेहोपद्रवाः—

अविपाकोऽरुचिश्छर्दिर्निद्रा कासः सपीनसः ।
उपद्रवाः प्रजायन्ते मेहानां कफजन्मनाम् ॥ १८ ॥

प्रमेहरोग के उपद्रव—भोजन के परिपाक का अभाव, अरुचि, वमन, अधिक नींद आना, खांसी तथा प्रतिश्याय ये कफजन्य प्रमेह के उपद्रव हैं ॥१८॥

बस्तिमेहनयोस्तोदो मुष्कावदरण ज्वरः ।
दाहस्तृष्णाऽम्लिका मूर्च्छा विड्भेदः पित्तजन्मनाम् ॥ १९ ॥

वस्ति प्रदेश तथा शिश्नेन्द्रिय में सूई चुभाने जैसी वेदना, अण्डकोष में फटने के समान पीड़ा, ज्वर, जलन, प्यास, खट्टी डकार, मूर्च्छा तथा अतिसार ये पैत्तिक मेहों के उपद्रव हैं ॥ १९ ॥

वातजानामुदावर्तः कम्पहृद्ग्रहलोलताः।
शूलमुन्निद्रता शोषः कासः श्वासश्च जायते ॥ २० ॥

वातज प्रमेह में—उदावर्त, शरीर में कम्पन, हृदय प्रदेश में जकड़न, सभी रसों को खाने की इच्छा, शूल, नींद न आना, खांसी तथा श्वास ये उपद्रव होते हैं ॥ २० ॥

प्रमेहिणामसाध्यलक्षणानि—

यथोक्तोपद्रवाविष्टमतिप्रस्रुतमेव च।
पिडकापीडितं गाढं प्रमेहो हन्ति मानवम् ॥ २१ ॥

प्रमेहों के असाध्य लक्षण—ऊपर कहे हुए उपद्रवों तथा धातु और मूत्र के अधिक स्राव से युक्त एवं पिड़का से पीडित रोगी को पुराना प्रमेह रोग नष्ट कर देता है ॥ २१ ॥

जातः प्रमेही मधुमेहिनो वा
न साध्य उक्तः स हि बीजदोषात्।
ये चापि केचित्कुलजा विकारा
भवन्ति तांश्चापि वदन्त्यसाध्यान् ॥ २२ ॥

प्रमेह के कारणभूत दोषों से उत्पादक बीज (शुक्र या शुक्रकीट के क्लोमोजोन नामक अंग) के दूषित हो जाने से मधुमेह रोग से पीड़ित पिता का वंशज यदि प्रमेही या मधुमेही हो जाय तो वह साध्य नहीं होता है। इसके अतिरिक्त अन्य कुलज उत्पन्न होने वाले रोग भी गर्भोत्पादक बीजदोष के कारण असाध्य होते हैं। अर्थात् इन रोगों की चिकित्सा प्रत्याख्यान कर करनी चाहिए ॥ २२ ॥

सर्व एव प्रमेहास्तु कालेनाप्रतिकारिणः।
मधुमेहत्वमायान्ति तदाऽसाध्या भवन्ति हि ॥ २३ ॥

सभी प्रकार के प्रमेह समय पर उचित उपचार (चिकित्सा-पथ्य आदि) न करने से मधुमेह के रूप में परिणत होकर असाध्य हो जाते हैं ॥ २३ ॥

मधुमेहे मधुसमं जायते स किल द्विधा।
क्रुद्धे धातुक्षयाद्वायौ दोषावृतपथेऽथवा ॥ २४ ॥
आवृतो दोषलिङ्गानि सोऽनिमित्तं प्रदर्शयन्।
क्षणात् क्षीणः क्षणात्पूर्णो भजते कृच्छ्रसाध्यताम् ॥ २५ ॥
कालेनोपेक्षिताः सर्वे प्रयान्ति मधुमेहताम्।

मधुमेह से पीड़ित रोगी मधुमेह के समान (शर्करा-मिश्रित) मूत्र त्याग करता है। वह दो प्रकार का होता है। पहला धातुक्षयजन्य प्रकुपित वायु से तथा दूसरा पित्त या कफ से आवृत वायु के द्वारा उत्पन्न होता है। कफ या

पित्त के द्वारा आवृत वायु से उत्पन्न मधुमेह में आवरक दोष एवं वायु के लक्षण भी प्रकट होते हैं। ये लक्षण अनिमित्त (अकस्मात्) कभी कम तथा कभी अधिक होते हैं और क्रमशः रोग कृच्छ्रसाध्य हो जाता है। सभी प्रकार के प्रमेह चिकित्सा या उपचार करने के समय उपेक्षा करने से मधुमेह के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं।

मधुरं यच्च मेहेषु प्रायो मध्विव मेहति ॥ २६ ॥
सर्वेऽपि मधुमेहाख्या माधुर्याच्च तनोरतः।

मधुमेह में रोगी, प्रायः मधु के समान मधुर मूत्रोत्सर्ग करता है और शरीर में भी मधुरता रहती है अतः इसे इन विकारों से युक्त होने पर सभी प्रमेहों को मधुमेह कहते हैं।

प्रमेहनिवृत्तिलक्षणम्—

प्रमेहिणो यदा मूत्रमनाविलमपिच्छिलम् ॥ २७ ॥
विशदं तिक्तकटुकं तदाऽऽरोग्यं प्रचक्षते।

प्रमेह-निवृति का लक्षण—जब प्रमेह के रोगी का मूत्र साफ, पिच्छिलता-रहित, स्वच्छ तथा स्वाद में तिक्त एवं कटुरस का अनुभव हो तब रोगी को प्रमेह रोग से निवृत्त समझना चाहिए।

दशविधप्रमेहपिटिकानां लक्षणानि—

शराविका कच्छपिका जालिनी विनताऽलजी ॥ २८ ॥
मसूरिका सर्षपिका पुत्रिणी सविदारिका।
विद्रधिश्चेति पिटिकाः प्रमेहोपेक्षया दश ॥ २९ ॥
सन्धिमर्मसु जायन्ते मांसलेषु च धामसु।

दश प्रकार के प्रमेह-पिडका का लक्षण—प्रमेह रोग की उपेक्षा करने से (समय से चिकित्सा आदि न करने से) सन्धि, मर्म तथा मांसल प्रदेश में शराविका, कच्छपिका, जालिनी, विनता, अलजी, मसूरिका, सर्षपिका, पुत्रिणी, विदारिका तथा विद्रधिका ये दश पिडकायें उत्पन्न होती हैं।

अन्तोन्नता मध्यनिम्नाः श्यावाः क्लेदरुजान्विताः ॥ ३० ॥
शरावमानसंस्थानाः पिटिकाः स्युः शराविका।

किनारों पर उठी हुई तथा बीच में दबी हुई श्याव (फीके रंग) वर्ण की और क्लेद एवं वेदना से युक्त शराव-परिमाण के समान (शराव एक माप होता है जो काठ का बना होता है) पिड़िका को 'शराविका' कहते हैं।

सदाहा कूर्मसंस्थाना ज्ञेया कच्छपिका बुधैः ॥ ३१ ॥

कछुवे के पृष्ठ के समान कठोर उभड़ी हुई और चिकनी, दाहयुक्त पिड़का को 'कच्छपिका' कहते हैं ॥ ३१ ॥

जालिनी तीव्रदाहा तु मांसजालसमन्विता ।

तीव्र दाहवाली एवं मांस-जाल से युक्त पिड़का को 'जालिनी' पिड़का कहते हैं ।

अवगाढरुजाक्लेदा पृष्ठे वा जठरेऽपि वा ॥ ३२ ॥
महती पिटिका नीला विनता नाम सा स्मृता ।

अत्यधिक वेदना और क्लेद से युक्त पृष्ठ या उदर पर होनेवाली बड़ी और नील वर्ण की पिड़का को 'विनता' कहते हैं ।

रक्ता सिता स्फोटचिता दारुणा त्वलजी भवेत् ॥ ३३ ॥

लाल और श्वेत रंग की फुन्सियों से युक्त भयंकर पिडका को 'अलजी' पिडका कहते हैं ॥ ३३ ॥

मसूराकृतिसंस्थाना विज्ञेया च .मसूरिका ।

मसूर के आकार की पिडका को 'मसूरिका' नामक पिडका कहते हैं ।

गौरसर्षपसंस्थाना तत्प्रमाणा च सर्षपी ॥ ३४ ॥

सफेद सरसो के समान आकार और प्रमाणवाली पिडका को 'सर्षपी' (सर्षपिका) कहते हैं ॥ ३४ ॥

महत्यल्पाचिता ज्ञेया पिटिका चापि पुत्रिणी ।

बड़ी और समीप में छोटी-छोटी अनेक फुन्सियों से युक्त भयंकर पिडका को 'पुत्रिणी' कहते हैं ।

विदारीकन्दवद् वृत्ता कठिना च विदारिका ॥ ३५ ॥

विदारीकन्द के समान गोल और कठिन पिडका को 'विदारिका' कहते हैं ।

विद्रधेर्लक्षणैर्युक्ता ज्ञेया 'विद्रधिका तु सा ।

विद्रधि के लक्षणों से युक्त पिडका को 'विद्रधिका' कहते हैं ।

ये यन्मयाः स्मृता मेहास्तेषामेतास्तु तन्मयाः ॥ ३६ ॥

जो प्रमेह जिस दोष से उत्पन्न होता है उससे होनेवाली पिडका में भी उस दोषों की प्रधानता रहती है ॥ ३६ ॥

प्रमेहेण विनाऽप्येता जायन्ते दुष्टमेदसः ।
तावच्चैता न लक्ष्यन्ते यावद्वास्तुपरिग्रहः ॥ ३७ ॥

प्रमेह के विना भी मेद के दूषित होने पर पिडकायें उत्पन्न हो जाती हैं । जब तक ये पिडकायें अपना विस्तार नहीं कर लेतीं तब तक विशेष लक्षण स्पष्ट नहीं होते ॥ ३७ ॥

रक्तपित्तप्रमेहयोर्भेदज्ञानम्—

हारिद्रवर्णं रक्तं वा मेहप्राग्रूपवर्जितम् ।
यो मूत्रयेन्न तं मेहं रक्तपित्तं च तद्विदुः ॥ ३८ ॥

रक्तपित्त और प्रमेह में भेद ज्ञान—जो प्रमेह के पूर्वरूप के विना ही हल्दी के वर्ण का या रक्त का मूत्रत्याग करता है वह प्रमेह नहीं कहलाता उसको विद्वान् लोग रक्तपित्त कहते हैं ॥ ३८ ॥

प्रमेहपिटिकानामसाध्यलक्षणम्—

गुदे हृदि शिरस्यंसे पृष्ठे मर्मसु चोत्थिताः ।
सोपद्रवा दुर्बलाग्नेः पिटिकाः परिवर्जयेत् ॥ ३९ ॥

प्रमेहपिडका का असाध्य लक्षण—दुर्बल जाठराग्निवाले रोगी के गुदा या गुदप्रदेश, हृदयप्रदेश, शिर, मुख या पृष्ठप्रदेश तथा मर्मस्थान में उत्पन्न होनेवाली उपद्रव से युक्त पिडकायें असाध्य होती हैं ॥ ३९ ॥

प्रमेहपिडकोपद्रवाः—

तृट्कासमांससंकोचमोहहिक्कामदज्वराः ।
विसर्पमर्मसंरोधाः पिडकानामुपद्रवाः ॥ ४० ॥

इति प्रमेहपिडकानिदानम् ।

प्रमेह-पिडका के उपद्रव—प्यास, खांसी, मांस का संकोच, मोह, हिचकी, मत्तता, ज्वर, विसर्प (शरीर में फैलनेवाली फुन्सियां) तथा मर्मस्थल में अवरोध ये प्रमेह-पिडका के उपद्रव होते हैं ॥ ४० ॥

प्रमेह तथा प्रमेहपिडका का निदान समाप्त ।

अथातो प्रमेहादिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

प्रमेह तथा प्रमेहपिडका की चिकित्सा कहते हैं ।

प्रमेहे आहारयोजना—

श्यामाककोद्रवोदालगोधूमचणकाढकी- ।
कुलत्थाश्च हिता भोज्ये पुराणा मेहिनां सदा ॥ ४१ ॥

प्रमेह में आहार-विधि—पुराने श्यामाक (साँवा), कोदो, वनकोदो, गेहूँ, चना, अरहर तथा कुलत्थ ये सब पदार्थ प्रमेह के रोगियों के भोजन में हितकर हैं ॥ ४१ ॥

मेहिनां तिक्तशाकानि जाङ्गला हरिणादयः ।
यवान्नविकृतिर्मुद्गाः शस्यन्ते शालिषष्टिकाः ॥ ४२ ॥

प्रमेह के रोगियों के लिये तिक्त रसवाले शाक, जंगली हरिण-आदि पशुओं का मांस, यव के बने हुए परोठीं आदि पदार्थ, मूंग तथा जड़हन धान एवं साठी धान के चावल आदि पदार्थ उत्तम भोजन हैं ॥ ४२ ॥

उदकमेहाद्यष्टप्रमेहेष्वष्टौ कषायाः—

पारिजातजयानिम्बवह्निगायत्रिणां पृथक् ।
पाठायाः सागुरोः पीताद्वयस्य शारदस्य च ॥ ४३ ॥
जलेक्षुमद्यसिकताशनैलवणपिष्टकान् ।
सान्द्रमेहान् क्रमाद्धन्युः क्वाथा अष्टौ समाक्षिकाः ॥ ४४ ॥

उदकमेह आदि-आठ प्रमेहों में आठ कषाय—१. पारिजात (बकायन), २. जया, ३. निम्ब, ४. चित्रक, ५. गायत्री (खैर), ६. पाठा (पाढ़ी), ७. अगरु, और ८. पीताद्वय (निशाहल्दी, दारुहल्दी) तथा शारद (छितवन), अलग-अलग—इन द्रव्यों का क्वाथ मधु मिलाकर सेवन करने से क्रमशः आठ प्रकार के १. उदकमेह, २. इक्षुमेह, ३. मद्यमेह, ४. सिकतामेह, ५. शनैर्मेह, ६. लवणमेह, ७. पिष्टमेह तथा ८. सान्द्रमेह इन प्रमेहों को नाश करते हैं।

शुक्रमेहे दूर्वादिकषायः—

दूर्वाकसेरुपूतीककुम्भीकप्लवशैवलम् ।
जलेन क्वथितं पीतं शुक्रमेहहरं परम् ॥ ४५ ॥

शुक्रमेह में दूर्वादिकषाय—दूर्वा, कसेरू (नागरमोथे की जड़), पूतीक (करञ्ज), कुम्भीक (कायफर), केवटीमोथा तथा शैवल (सेवार) (समभाग) इन द्रव्यों को जल में क्वाथकर पान करने से शुक्रमेह अच्छी तरह दूर हो जाता है ॥ ४५ ॥

फेनमेहे त्रिफलादिकषायः—

त्रिफलारग्वधद्राक्षाकषायो मधुसंयुतः ।
पीतो निहन्ति फेनाख्यं प्रमेहं नियतं नृणाम् ॥ ४६ ॥

फेनमेह में त्रिफलादि कषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), अमलतास तथा मुनक्का (समभाग)—इन द्रव्यों का क्वाथ मधु मिलाकर पान करने से मनुष्यों के फेनप्रमेह को अवश्य ही नाश करता है ॥ ४६ ॥

कफप्रमेहे चत्वारः कषाययोगाः—

रोध्राभयाकट्फलमुस्तकानां विडङ्गपाठार्जुनधन्वनानाम् ।
कदम्बशालार्जुनदीप्यकानां विडङ्गदार्वीधवशल्यकानाम् ॥ ४७ ॥
चत्वार एते मधुना कषायाः कफप्रमेहेषु निषेवणीयाः ।

कफ प्रमेह में चार कषाय योग—प्रथम—लोध, हर्रे, कायफर तथा मोथा, द्वितीय—वायविडंग, पाढ़ी, अर्जुन की छाल तथा धन्वन (धनुवृक्ष "धामन"), तृतीय—कदम्ब, शाल (साखू), अर्जुन तथा दीप्यक (अजमोदा), चतुर्थ—वायविडंग, दार्वी (दारुहल्दी), धाय तथा शल्यक (मदनफल)—इन चारों कषाय द्रव्यों के क्वाथ को मधु के साथ कफज प्रमेहों में सेवन करे।

पित्तप्रमेहे चत्वारः कषाययोगाः—

रोध्रार्जुनोशीरकुचन्दनानामरिष्टसेव्यामलकाभयानाम् ॥ ४८ ॥
धात्र्यर्जुनारिष्टकवत्सकानां नीलोत्पलैलाद्विनिशार्जुनानाम् ।
चत्वार एते विहिताः कषायाः पित्तप्रमेहे मधुसंप्रयुक्ताः ॥ ४९ ॥

पित्तप्रमेह में चार कषाय—प्रथम—लोध, हर्रे, कायफर तथा नागरमोथा, द्वितीय—नीम, खस, आंवला तथा हर्रे, तृतीय—आंवला, अर्जुन की छाल, नीम तथा इन्द्रयव, चतुर्थ—नीलकमल, बड़ी इलायची, द्विनिशा (आमाहल्दी, दारुहल्दी) तथा अर्जुन की छाल—इन द्रव्यों के चारो कषाय मधु मिलाकर पित्तजप्रमेह में प्रयोग करने के लिये विधान किया गया है ॥ ४८–४९ ॥

नीलादिपञ्चमेहेषु पञ्चकषाययोगाः—

अश्वत्थचतुरङ्गुलन्यग्रोधादिफलत्रयैः ।
सरक्तसारमञ्जिष्ठाः काथाः पञ्च समाक्षिकाः ॥ ५० ॥
नीलहारिद्रसिकताक्षारमाञ्जिष्ठकाह्वयान् ।
मेहान् हन्युः क्रमादेते–

नीलमेह आदि पञ्चमेहों में पांच कषाय योग— १. अश्वत्थ (पीपर), २. अमलतास, ३. वट, ४. त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), और ५. रक्तसार (खैर) तथा मंजीठ—इन द्रव्यों के पांचों क्वाथ मधु के साथ सेवन करने से क्रमशः पांचों प्रमेह-नीलमेह, हारिद्रमेह, सिकतामेह, क्षारमेह तथा मञ्जिष्ठामेह को नाश करते हैं।

रक्तमेहे खर्जूरादिकषायः—

—सक्षौद्रो रक्तमेहजित् ॥ ५१ ॥
काथः खर्जूरकाश्मर्यतिन्दुकास्थ्यमृताकृतः ।

रक्तमेह में खर्जूरादि कषाय—खजूर, गम्भारी, तिन्दुकास्थि (तेंदू की गुठली) तथा गुडूची—इन द्रव्यों का क्वाथ मधु के साथ सेवन करने से रक्तमेह को जीत लेता है ।

सर्पिर्मेहे छिन्नादिकषायः—

छिन्नावह्निकषायेण पाठाकुटजरामठम् ।
तिक्तां कुष्ठं च संचूर्ण्य सर्पिर्मेहे पिबेन्नरः ॥ ५२ ॥

सर्पिमेह में छिन्नादि कषाय—सर्पिर्मेह से पीड़ित रोगी, गुडूची तथा चित्रक के क्वाथ के साथ पाढी, कोरैया, शु० हिंगु, कुटकी एवं कूठ—इन द्रव्यों के चूर्ण को सर्पिमेह में पान करे ॥ ५२ ॥

क्षौद्रमेहे खदिरादिकषायः—

खदिरकदरपूगकाथं क्षौद्राह्वये पिबेत् ॥ ५३ ॥

क्षौद्रमेह में खदिरादि क्वाथ—खदिर (खैर), कदर (सफेद खैर) तथा सुपारी (समभाग)—इन द्रव्यों के क्वाथ को क्षौद्रमेह में पान करे ॥ ५३ ॥

वसामेहेऽग्निमन्थकषायः—

अग्निमन्थकषायं तु वसामेहे प्रयोजयेत् ।

वसामेह में अग्निमन्थ कषाय—अग्निमन्थ (अरणी) के कषाय को वसामेह में पान करे ।

हस्तिमेहे पाठादिकषायः—

पाठाशिरीषदुस्पर्शामूर्वाकिंशुकतिन्दुक- ।
कपित्थानां भिषक् क्वाथं हस्तिमेहे प्रयोजयेत् ॥ ५४ ॥

हस्तिमेह में पाठादि कषाय—वैद्य पाढ़ी, शिरीष, यवासा, मूर्वा (मड़ोर-फली या "मोरवेल"), किंशुक (पलास), तेंदू तथा कपित्थ (कैंथ) के क्वाथ को हस्तिमेह में प्रयोग करे ॥ ५४ ॥

कफपित्तमेहे कम्पिल्लकादिचूर्णम्—

कम्पिल्लसप्तच्छदशालजानि बिभीतरोहीतककौटजानि ।
कपित्थपुष्पाणि च चूर्णितानि क्षौद्रेण लिह्यात्कफपित्तमेही ॥ ५५ ॥

कफ-पित्तमेह में कम्पिल्लकादि चूर्ण—कफ-पित्तमेह से पीड़ित रोगी कम्पिल्ल (कबीला), सप्तच्छद (छितवन), शाल (साखू), बहेड़ा, रोहितक (रोहेड़ा), कुटज (कोरैया) तथा कैंथ के पुष्पों को लेकर चूर्ण बनावे और मधु में मिलाकर चाटे ॥ ५५ ॥

सर्वप्रमेहेषु कतिपययोगाः—

स्निग्धं वान्तं विरिक्तं च निरूढं पाययेद्रसम् ।
धात्र्याः सर्वप्रमेहेषु निशाक्षौद्रसमन्वितम् ॥ ५६ ॥

सभी प्रकार के प्रमेहों में कुछ योग—सभी प्रकार के प्रमेह रोग में स्नेहन, वमन, विरेचन तथा निरूहण वस्ति देने के बाद आंवला के रस में हल्दी का चूर्ण तथा मधु मिलाकर पान करे ॥ ५६ ॥

कषायमथवा दारुत्रिफलामुस्तकैः शृतम् ।
त्रिफलादारुदार्व्यब्दक्वाथः क्षौद्रेण मेहहा ॥ ५७ ॥

देवदारु, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा मोथा—इन द्रव्यों का क्वाथ अथवा त्रिफला, देवदारु, दारुहल्दी तथा अब्द (नागरमोथा)—इन द्रव्यों का क्वाथ मधु के साथ पान करने से प्रमेह को नाश करता है ॥ ५७ ॥

कुटजासनदार्व्यब्दफलत्रयभवोऽथवा ।
गुडूच्याः स्वरसः पेयो मधुना सर्वमेहनुत् ॥ ५८ ॥

कोरया, असन (विजयसार), दारुहल्दी, नागरमोथा तथा त्रिफला—इन

द्रव्यों का क्वाथ अथवा गुडूची का स्वरस मधु के साथ पान करे। यह सभी प्रकार के प्रमेहों को दूर करता है।

फलत्रिकं दारुनिशां विशालां मुस्तां च निःक्वाथ्य सरात्रिकल्कम्।
पिबेत्कषायं मधुसंप्रयुक्तं सर्वप्रमेहेषु समुत्थितेषु ॥ ५९ ॥

त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), दारुहल्दी, आमाहल्दी, इन्द्रायण, नागरमोथा, समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ बनाकर इसमें हल्दी का कल्क तथा मधु मिलाकर सभी दोषों से उत्पन्न सभी प्रकार के प्रमेहों में पान करे ॥ ५९ ॥

कटङ्कटेरीमधुकत्रिफलाचित्रकैः समैः।
सिद्धः कषायः पातव्यः प्रमेहाणां विनाशनः ॥ ६० ॥

कटङ्कटेरी (दारुहल्दी), मुलेठी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आवला), तथा चित्रक समभाग—इन द्रव्यों के कषाय को प्रमेह रोगों को नाश करने के लिये पान करे ॥ ६० ॥

प्रमेहे गोक्षुरगुग्गुलुवटिका—

त्रिकटुत्रिफलाचूर्णं तुल्यं शुद्धं च गुग्गुलुम्।
गोक्षुरक्वाथसंयुक्तं गुटिकां कारयेद् बुधः ॥ ६१ ॥
दोषकालबलापेक्षी भक्षयेत्त्वानुलोमिकाम्।
न चात्र परिहारोऽस्ति कर्म कुर्याद्यथेप्सितम् ॥ ६२ ॥
प्रमेहान् वातरोगांश्च मूत्राघातोदरं जयेत्।

प्रमेहरोग में गोक्षुर-गुग्गुलु वटिका—त्रिकटु (सोंठ, पीपर, मरिच) तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के चूर्ण के बराबर शु० गुग्गुलु को लेकर गोखरू के क्वाथ की भावना देकर वैद्य गुटिका बनावें। प्रमेह का रोगी वातादिदोष, काल तथा बल के अनुसार अनुलोमन करनेवाली इस गुटिका को भक्षण करे। इस गुटिका के सेवन-काल में कोई पदार्थ निषिद्ध नहीं है। अपनी इच्छा के अनुसार कर्म करे। यह गुटिका सभी प्रकार के प्रमेह, वातरोग, मूत्राघात तथा उदर रोग को जीत लेती है।

प्रमेहे यवयोगः—

यवान् सुकुट्टितान् कृत्वा गोमूत्रे परिभावयेत् ॥ ६३ ॥
त्रिफलारससंशुष्कान् सप्ताहं भावयेत्पुनः।
तेभ्यो यवेभ्यः सक्तूंश्च कुल्माषान् भोज्यमेव च ॥ ६४ ॥
अपूपांश्चापि कुर्वीत प्रमेहाणां निवृत्तये।

प्रमेह में यवयोग—पुष्टयवों को अच्छी तरह कूट कर भूसी निकाल कर गाय के मूत्र में भावित करे। इसके बाद त्रिफला (हर्रे बहेड़ा, आंवला) के रस से वा क्वाथ से भावित करे और सुखा ले इसी क्रम के अनुसार एक सप्ताह

तक भावित करे और सुखा ले। इस प्रकार भावित कर सुखाये गये यवों का सत्तू तथा कुल्माष (घुघुनी), भोज्य पदार्थ (रोटी आदि) तथा अपूप (पूआ) बनावे और प्रमेहरोग की निवृत्ति (दूर होने) के लिये भक्षण करे। अर्थात पूर्वोक्त प्रकार से बनाये हुए यव के भोज्य पदार्थ प्रमेह के रोगी के लिये पथ्य हैं।

प्रमेहे शिलाजतुयोगः—

शालसारादियोगेन भावितं यच्छिलाजतु।
पिबेत्तेनैव संशुद्धकायः पिष्टं यथाबलम् ॥ ६५ ॥
कुर्यादेवं तुलां यावदुपयुञ्जीत मानवः।
मधुमेहं विहायासौ शर्करामश्मरीं तथा ॥ ६६ ॥
वपुर्वर्णबलोपेतं शतं जीवत्यनामयः।
माक्षीकधातुमप्येवं युक्त्याकल्प्यास्यपथ्यं गुणः ॥ ६७ ॥

प्रमेहरोग में शिलाजतुयोग—संशुद्धकाय (वमन-विरेचन आदि से शुद्ध शरीरवाला) प्रमेह का रोगी [1]शालसारादि (साल), खैर आदि के क्वाथ से भावित शिलाजीत के पीठी को बल के अनुसार मात्रापूर्वक शालसारादि के क्वाथ के ही साथ पान करे। मनुष्य इस प्रकार शुद्ध शिलाजीत को पूर्वोक्त प्रकार से भावित कर एक तुला (एक सौ पल) तक उपयोग (सेवन) करे। इस प्रकार सेवन करने से मनुष्य मधुमेह, शर्करा रोग तथा अश्मरी (पथरी) रोग को नाशकर वर्ण (स्वरूप) तथा बल से युक्त शरीरवाला तथा रोग-रहित होकर एक सौ वर्ष तक जीवित रहता है। स्वर्णमाक्षिक धातु को भी पूर्वोक्त प्रकार से भावित कर सेवन करे। उसका भी शिलाजीत के समान ही गुण होता है। ६५-६७ ॥

सर्वप्रमेहे न्यग्रोधादि चूर्णम्—

न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थप्लक्षाकारम्बधाः समम्।
आम्रं कपित्थं जम्बूश्च पियालः कक्कुभो धवः ॥ ६८ ॥
मधूकं मधुकं रोध्रं वरुणः पारिभद्रकः।
पलाशो मेषशृङ्गी च दन्ती चित्रकसाढकौ ॥ ६९ ॥
करञ्जस्त्रिफला शुक्लं भल्लातकफलानि च।
एतानि समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ॥ ७० ॥
न्यग्रोधादिमिदं चूर्णं मधुना सह लेहयेत्।

---

१. शालसार, सर्ज, खदिर, सोमवल्क, अरिमेद, कक्कुभ, भूर्जपत्र, मेषशृङ्गी, तिनिश, चन्दन, कुचन्दन, शिंशपा, शिरीष, असन, धव, अर्जुन, साल, ताल, नक्तमाल, चिरबिल्व, अश्वकर्ण, अगुरु, पीतचन्दन, (सु० सू० ३८)

फलत्रयरसं चानु पिबेन्मूत्रं विशुद्ध्यति ॥ ७१ ॥
अनेन विंशतिर्मेहा मूत्रकृच्छ्राणि यानि च ।
प्रशमं यान्ति योगेन पिटका न च जायते ॥ ७२ ॥

सभी प्रकार के प्रमेहरोग में न्यग्रोधाद्य चूर्ण—न्यग्रोध (वट), गूलर अश्वत्थ (पीतल), अरलू तथा अमलतास समभाग एवं आम, कैंथ, जामुन, प्रियाल (पेयाशालवृक्ष भेद), अर्जुन, धव (धाय), महुआ, मुलेठी, लोध, वरुण, पारिभद्र (फरहद), परास—इन द्रव्यों की छाल, मेषशृङ्गी (मेढ़ासिंघी), दन्ती, चित्रक, आढकी (अरहर), करञ्ज, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), शक्र (इन्द्रयव) तथा शु० भल्लातक का फल समभाग—इन द्रव्यों को महीन चूर्ण बनावे । यह न्यग्रोधाद्य चूर्ण है । इस चूर्ण को मधु के साथ चाटे और ऊपर से त्रिफला का रस पान करे । यह चूर्ण मूत्र को शुद्ध करता है । इस चूर्ण को सेवन करने से बीस प्रकार के प्रमेह तथा मूत्रकृच्छ्र शान्त हो जाते हैं और इस योग से प्रमेह-पिडकायें नहीं उत्पन्न होती हैं ॥ ६८–७२ ॥

प्रमेहे लोहादिचूर्णम्—

चूर्णानि लोहत्रिफलाशिलानां क्षौद्रेण लीढानि पृथक्समं वा ।
मेहान् समस्तानपि नाशयन्ति पीतः कदाचित्स्वरसो गुडूच्याः ॥

प्रमेहरोग में लोहादि चूर्ण—लौहभस्म, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा शिला (मैनसिल) का चूर्ण एक साथ या अलग-अलग मधु के साथ चाटने से सभी प्रकार के प्रमेहों को नाश करते हैं । यदि ऊपर से गुडूची का स्वरस पान किया जाय तो विशेष लाभ होता है ॥ ७३ ॥

प्रमेहे हरिद्राधात्र्योर्योगः—

चूर्णं निशाया मधुना समेतं धात्रीफलानां स्वरसेन मिश्रम् ।
विलीढमल्पैर्दिवसैर्निहन्ति प्रमेहसंज्ञानखिलान्विकारान् ॥ ७४ ॥

प्रमेह में हरिद्रा तथा आंवला का योग—हल्दी का चूर्ण मधु तथा आंवला के स्वरस के साथ चाटने से थोड़े ही दिनों में सभी प्रमेह के विकारों को नाश करता है ॥ ७४ ॥

प्रमेहे आमलहरीतक्योर्योगौ—

आमलरसं तु मधुना मिश्रितमथवा हरीतकीचूर्णम् ।
सेवेत्प्रमेहरोगं हरति च नियमेन दुःखसंघातम् ॥ ७५ ॥

प्रमेहरोग में आंवला तथा हरीतकी का योग—आंवले का रस मधु के साथ अथवा हर्रे का चूर्ण मधु के साथ सेवन करे । यह योग भयंकर प्रमेहरोग को निश्चय दूर करता है ॥ ७५ ॥

प्रमेहे खदिरादियोगः—

खदिरं शर्करा दारु हरिद्रा मुस्तमेव च ।
पाठा च गुडमिश्रोऽयं हरेद्रोगं प्रमेहजम् ॥ ७६ ॥

प्रमेहरोग में खदिरादि योग—खैर, शक्कर, देवदारु, हल्दी, नागरमोथा तथा पाढ़ी—इन द्रव्यों का चूर्ण गुड़ मिलाकर सेवन करने से प्रमेहजन्य रोगों को दूर करता है ॥ ७६ ॥

प्रमेहे कुष्ठाद्यं चूर्णम्—

कुष्ठं हरिद्राद्वयदेवदारु पाठा गुडूची त्रिफला च मुस्तम् ।
एषां हि चूर्णं मधुना विमिश्रं मूत्रप्रमेहं हरति व्यथां च ॥ ७७ ॥

प्रमेह में कुष्ठाद्य चूर्ण—कूठ, आमाहल्दी, दारुहल्दी, देवदारु, पाढ़ी, गुडूची, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा नागरमोथा—इन द्रव्यों का चूर्ण मधु मिलाकर सेवन करने से मूत्रप्रमेह तथा प्रमेहजन्य वेदना को दूर करता है ॥ ७७ ॥

प्रमेहे श्वदंष्ट्राद्यं चूर्णम्—

श्वदंष्ट्रा त्रिफला मुस्ता गुडूची फल्गुपल्लवाः ।
दर्भाः कुशाश्च गण्डीरं रोहिषस्य च पल्लवाः ॥ ७८ ॥
काला पुनर्नवा श्यामा सारिवा देवदारु च ।
पिप्पली शृङ्गवेरं च विडङ्गं मरिचानि च ॥ ७९ ॥
पाठा कम्पिल्लकं भार्गी द्वे हरिद्रे निदिग्धिका ।
एरण्डमूलं दन्ती च चित्रकं कटुरोहिणी ॥ ८० ॥
एतानि समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत् ।
यावन्त्येतानि चूर्णानि द्विस्तावत्स्यादयोरजः ॥ ८१ ॥
ततो बिडालपदकं पिबेदुष्णेन वारिणा ।
लाभेन वापि मद्यानां प्रमेहादाशु मुच्यते ॥ ८२ ॥
एतच्छ्वयथुमर्शांसि पाण्डुरोगं सकामलम् ।
उदराण्यथ शूलानि प्लोहानं चापकर्षति ॥ ८३ ॥
एभिर्गोमूत्रपिष्टैस्तु वटकान् कारयेद्भिषक् ।
रोगेष्वेतेषु मुख्याः स्युर्बलमांसविवर्धनाः ॥ ८४ ॥

प्रमेहरोग में श्वदंष्ट्राद्य चूर्ण—गोखरू, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नागरमोथा, गुडूची, फल्गुपल्लव (कठूमर "काकोदुम्बरिका" का पल्लव), दर्भ, कुशा, गण्डीर (गण्डीरी दूर्वा), रोहिष (रोहिषनामक सुगन्धित घास) का पल्लव, काला (नीलीवृक्ष), पुनर्नवा, श्यामा (निशोथ), सारिवा, देवदारु, पीपर, सोंठ, वायविडङ्ग, मरिच, पाढ़ी, कवीला, भारंगी, आमाहल्दी,

दारुहल्दी, भटकटैया, रेड़ की जड़, दन्तीमूल, चित्रक की जड़ तथा कुटकी, समभाग—इन द्रव्यों को लेकर महीन चूर्ण बनावे। जितना इन द्रव्यों का चूर्ण हो उससे दुगुना लौहभस्म मिला दे और कांच के वर्तन में रख दे। इस चूर्ण में से विडालपदक (एक कर्ष "एक तोला") की मात्रा में गरम जल से या उपलब्ध हो जाय तो मद्य के साथ पान करे। इस चूर्ण को सेवन करने से प्रमेह से शीघ्र ही मुक्त हो जाता है। यह चूर्ण शोथ, अर्शरोग, पाण्डुरोग, कामला, उदररोग, शूलरोग तथा प्लीहावृद्धि को दूर करता है। इन द्रव्यों के चूर्ण को गाय के मूत्र से भावित कर वैद्य वटक बनावे। ये वटक इन उपरोक्त रोगों में अधिक लाभ करनेवाले तथा बल एवं मांस को बढ़ानेवाले हैं ॥ ७८–८४ ॥

पित्तप्रमेहे गोक्षुरादिक्काथः—

गोक्षुरो वंशसारश्च कासमर्दनलाङ्घ्रजः।
क्काथः पित्तप्रमेहं च निहन्ति सितया सह ॥ ८५ ॥

पित्त प्रमेह में गोक्षुरादि क्काथ—गोखरू, वंशसार (वंशलोचन), कासमर्द (कसौंदी) तथा नल (नरकुल) की जड़—इन द्रव्यों का क्काथ शक्कर के साथ पान करने से पैत्तिकप्रमेह को नाश करता है ॥ ८५ ॥

पित्तप्रमेहे पथ्यादिकषायः—

पथ्योशीरशिवामुस्तानिशोत्पलसमुद्भवः ।
क्काथो मधुयुतः पीतः प्रमेहं हन्ति पित्तजम् ॥ ८६ ॥

पित्तप्रमेह में पथ्यादि कषाय—हर्रे, खस, शिवा (गुड़ूची), नागरमोथा, हल्दी तथा नीलकमल का फूल—इन द्रव्यों का क्काथ मधु मिलाकर पान करने से पित्तजन्य प्रमेह को नाश करता है ॥ ८६ ॥

श्लेष्मप्रमेहे हरिद्रादिकषायः—

निशाद्वयविङ्गानि पथ्या शुण्ठी समांशतः।
श्लेष्मप्रमेहनाशः स्यादस्य क्काथस्य पानतः ॥ ८७ ॥

श्लैष्मिकप्रमेह में हरिद्रादि कषाय—आमाहल्दी, दारुहल्दी, वायविडङ्ग, हर्रे तथा सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों का क्वाथ पान करने से श्लैष्मिक प्रमेह को नाश करता है ॥ ८७ ॥

प्रमेहे मुस्तादियोगः—

मुस्ता निशाद्वयं पाठा गुडूची देवदारुकी।
खदिरः कुष्ठमेतानि संपिष्य त्रिफलाम्भसा ॥ ८८ ॥
हरन्ति मधुपीतानि प्रमेहं पीडया सह।

प्रमेह में मुस्तादि योग—नागरमोथा, आमाहल्दी, पाढ़ी, गुडूची, देवदारुकी ( ), खैर तथा कूठ इन द्रव्यों को त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा,

आंवला) के क्वाथ से पीसकर मधु के साथ पान करने से पीड़ा से युक्त प्रमेह को नाश करते हैं।

मधुपीतोऽश्मभेदो वा प्रमेहं हन्ति दारुणम् ॥ ८९ ॥

मधु के साथ अश्मभेद (पाषाणभेद) का कल्क पान करने से भयंकर प्रमेह को नाश करता है ॥ ८९ ॥

मुस्तेन्द्रदारुत्रिफलाकषायः प्रमेहहृन्मेहवतां नराणाम् ।
धात्रीफलक्वाथयुतः क्षपायाः कल्कोऽथवा माक्षिकसंप्रयुक्तः ॥ ९० ॥

नागरमोथा, इन्द्रयव, देवदारु तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला)—इन द्रव्यों का कषाय प्रमेहके रोगियों के प्रमेह को दूर करता है। आंवला के फल के क्वाथ के साथ हल्दी का चूर्ण या कल्क मधु मिलाकर पान करने से प्रमेह को नाश करता है ॥ ९० ॥

प्रमेहपिटिकाचिकित्सा—

प्रमेहपिटिकानां च कार्यं रक्तावसेचनम् ।
पाटनं चैव पक्वानां व्रणवत् स्यात्क्रियाविधिः ॥ ९१ ॥

प्रमेह-पिडका की चिकित्सा—प्रमेह के पिड़काओं का रक्तावसेचन (रक्त निकालना) कर्म करना चाहिए और पके हुए पिडकाओं को पाटन यानी फाड़कर (अपरेशन कर), व्रण के समान क्रिया-विधि (उपचार) करना चाहिए ॥ ९१ ॥

शराविकाद्याः पिटकाः स्रावयेच्छोथवद्भिषक् ।
जलौकाक्षारशस्त्राग्नियोगेनोपशमं नयेत् ॥ ९२ ॥
ततोऽप्रमत्तैर्वैद्यैश्च विधेया व्रणवत् क्रिया ।
पक्वां चिकित्सेद् व्रणवत्तासां [illegible] शस्यते ॥ ९३ ॥
क्वाथो वनस्पतेर्बस्तिमूत्रं तीक्ष्णं च शोधनम् ।
एलादिकेन कुर्वीत तैलं च व्रणरोपणम् ॥ ९४ ॥
आरग्वधा[illegible] कुर्यात्क्वाथमुद्वर्तनानि च ।
शालसार[illegible]भोज्यानि चणकादिना ॥ ९५ ॥
दण्डोत्पल[illegible]दिना [illegible]टिका संप्रलेपिता ।
तण्डुलो[illegible]कमूलेन [illegible]नाशमायात्यसंशयम् ॥ ९६ ॥
क्षीरि[illegible]दुम्बरं यद्वा [illegible] कुचं वा प्रयोजयेत् ।
पित्तवद्वा [illegible] लेपनं संप्रशान्तये ॥ ९७ ॥

बुद्धिमान [illegible] आदि पिटका को शोथ की तरह स्राव कराये और जलौका (जोंक लगा[illegible] दूषणकर्म, शस्त्र कर्म एवं अग्नि कर्म के द्वारा शान्त करे। इसके बाद सावधान [illegible]कर वैद्य व्रण के समान शामक विधियों (उपचारों) को करे। पके हुए [illegible]डिकाओं को व्रण के समान चिकित्सा करे

और उसमें पान करने के लिये वनस्पति का क्वाथ, बकरी का मूत्र तथा तीक्ष्ण शोधन उत्तम है। [1]इलायची-आदि से तैल तैयार कर व्रण-रोपण (घाव को भरना) के लिये प्रयोग करे। [2]आरग्वध-आदि का क्वाथ बनाकर उद्वर्तन (उबटन:, प्रक्षालन या लेप) करे। [3]शालसारादि के क्वाथ या कल्क से सेक करे और भोजन में चना, यव, गेहूँ, कोदों आदि का प्रयोग करे। दण्डोत्पल (दण्डकमल) की जड़ को तण्डुलोदक मे पीसकर लेप करने से पिटका (पिडका) नष्ट हो जाती है, इसमें सन्देह नहीं है। सभी शराविका आदि पिटकाओं के ऊपर गूलर या वाकुची को दूध में पकाकर पिटकाओं की शान्ति के लिये लेप करे॥ ९२–९७॥

प्रमेहिणो वर्ज्यानि—

सौवीरकं सुरां सुक्तं तैलं क्षीरं घृतं गुडम्।
अम्लेक्षुरसपिष्टान्नानूपमांसानि वर्जयेत्। ९८॥

इति श्रीवैद्यवरशोढलग्रथिते गदनिग्रहे[2]कायचिकित्सास्खण्डे प्रमेहाधिकारस्त्रिंशत्तमः।

प्रमेह के रोगियों के लिये निषिद्ध पदार्थ—प्रमेह के रोगियों को सौवीर (काञ्जी), सुरा (मद्य विशेष), सुक्त, तैल, दूध, घृत, गुड़, अम्ल पदार्थ, गन्ने का रस, पीठी-अन्न (उड़द आदि अन्न) तथा आनूप मांस (भैंस आदि पशुओं का मांस) सेवन नहीं करना चाहिए॥ ९८॥

श्री सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा खण्ड में तीसवां प्रमेहाधिकार समाप्त।

---

१. एलादिवर्ग—एला (इलायची), तगर, कुष्ठ, मांसी, रोहिष, त्वक्, पत्र, नागपुष्प, प्रियंगु, हरेणुक, नखी (छोटी तथा बड़ी), चोरपुष्पी, श्रीवेष्टक, तज, ग्रन्थिपर्ण, एलवालुक, गुग्गुलु, सर्जरस, तुरुष्क, कुन्दुरु, अगुरु, स्पृक्का, उशीर, देवदारु, केशर, नागचम्पक, कमलकेशर (सु. सू. ३८)।

२. आरग्वधादि—आरग्वध, मदनफल, कर्कोटकी, कुटज, पाठा, कुटकी, पाटला, मूर्वा, इन्द्रयव, सप्तपर्ण, निम्ब, पीत सैरेयक, नीलसैरेयक, गुडूची, चित्रक, काकजंघा, करञ्ज, लताकरञ्ज, पटोल, चिरायता, करैला।

३. सालसारादि—सालसार, सर्ज, खदिर, सोमवल्क, अरिमेद, क्रमुक, भूर्जपत्र, मेषशृङ्गी, तिनिश, चन्दन, कुचन्दन, शिंशपा, शिरीष, असन, धव, अर्जुन, ताल, शाक, नक्तमाल, चिरबिल्व, अश्वकर्ण (साखू), अगरु, पीत चन्दन (सु. सू. ३८)।

अथ मेदोरोगाधिकार एकत्रिंशत्तमः ।

मेदोरोगलक्षणम्—

अव्यायामदिवास्वप्नश्लेष्मलाहारसेविनः ।
मधुरोऽन्नरसः प्रायः स्नेहान्मेदो विवर्धयेत् ॥ १ ॥
मेदसाऽऽवृतमार्गत्वात् पुष्यन्त्यन्ये न धातवः ।
मेदस्तु चीयते तस्मादशक्तः सर्वकर्मसु ॥ २ ॥
क्षुद्श्वासतृषामोहस्वप्नक्रथनसादनैः ।
युक्तः क्षुत्स्वेददौर्गन्ध्यैरल्पाणोऽल्पमैथुनः ॥ ३ ॥
मेदस्तु सर्वभूतानामुदरेष्वस्थिषु स्थितम् ।
अत एवोदरे वृद्धिः प्रायो मेदस्विनो भवेत् ॥ ४ ॥

मेदोरोग का लक्षण—व्यायाम न करना, दिन में सोना, तथा कफवर्द्धक पदार्थों को सेवन करनेवाले व्यक्ति को अन्न, रस, मधुर एवं स्निग्ध होने से मेद रोग उत्पन्न होता है। मेद के द्वारा स्रोतों में रुकावट हो जाने से अन्य धातुओं का पोषण नहीं होता, केवल मेद की ही वृद्धि निरन्तर होती है। अतः रोगी सभी पारिश्रमिक कार्यों को करने में अशक्त हो जाता है। वह क्षुद्र-श्वास (अल्पकाल में ही श्वास का बढ़ना), तृषा, मोह, निद्रा, श्वासावरोध, शरीर में शिथिलता, अत्यधिक भूख, अत्यधिक पसीना आना तथा शरीर के दुर्गन्ध से पीड़ित रहता है। उसकी जीवनीय शक्ति तथा मैथुन करने की शक्ति क्षीण हो जाती है। मेद सभी प्राणियों के उदर एवं अस्थियों में संचित होता है अतः मेदस्वी प्राणी का उदर ही अधिक बढ़ता है ॥ १–४ ॥

मेदसाऽऽवृतमार्गत्वाद्वायुः कोष्ठे विशेषतः ।
चरन् संधुक्षयत्यग्निमाहारं शोषयत्यपि ॥ ५ ॥
तस्मात्स शीघ्रं जरयत्याहारं काङ्क्षयत्यपि ।
विकारांश्चाश्नुते घोरान् कांश्चित्कालव्यतिक्रमात् ॥ ६ ॥
एतावुपद्रवकरौ विशेषादग्निमारुतौ ।
एतौ हि दहतः स्थूलं वनं दावानलौ यथा ॥ ७ ॥

मेद के द्वारा वायु का मार्ग अवरोध हो जाने से वायु आन्त्र में घूमता हुआ अग्नि को प्रदीप्त कर भोजन का शोषण करता है। इस कारण से वह भोजन का शीघ्र ही परिपाक कर भूख को बढ़ा देता है। ऐसी स्थिति में समय से आहार न दिया जाय तो भयंकर उपद्रवों को उत्पन्न करता है। इसमें वायु और अग्नि ही विशेष रूप से उपद्रवों को उत्पन्न करते हैं। ये आहार न मिलने से स्थूल

व्यक्ति के रस-रक्तादि धातुओं को जला डालता है जैसे दावाग्नि (वनाग्नि) वन को जला डालती है ॥ ५–७ ॥

मेदस्यतीव संवृद्धे सहसैवानिलादयः ।
विकारान् दारुणान् कृत्वा नाशयन्त्याशु जीवितम् ॥ ८ ॥

मेद के अत्यधिक बढ़ जाने से वात आदि दोष एकाएक अनेक भयंकर विकारों को उत्पन्न कर रोगी के जीवन को नाश कर देते हैं ॥ ८ ॥

मेदोमांसातिवृद्धत्वाच्चलस्फिग्गुदरस्तनः ।
अयथोपचयोत्साहो नरोऽतिस्थूल उच्यते ॥ ९ ॥

इति मेदोरोगनिदानम् ॥

मेद और मांस के अत्यधिक बढ़ जाने के कारण जिस व्यक्ति के नितम्ब, उदर और स्तन हिलने लगते हैं तथा जिसके शरीर की बनावट (शरीर की स्थूलता या वृद्धि) यथायोग्य नहीं होती है और उत्साह उचित मात्रा में नहीं रहता है उसे 'स्थूल' कहा जाता है ॥ १–९ ॥

मेदोरोगनिदान समाप्त ।

अथातो मेदोरोगचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

मेदोरोगे सामान्यचिकित्सा—

पुराणाः शालयो मुद्गाः कुलत्थोदालकोद्रवाः ।
लेखना बस्तयश्चैव सेव्या मेदस्विना सदा ॥ १० ॥

मेदोरोग की चिकित्सा—मेदोरोग में सामान्य चिकित्सा—मेद रोग से पीड़ित व्यक्ति को पुराने जड़हन धान के चावल, मूंग, कुरथी, बनकोदो तथा कोदो का आहार और लेखन करनेवाली औषधों एवं बस्तियों का निरन्तर सेवन करना चाहिए ॥ १० ॥

चिन्ता क्रोधस्तथा धूमो व्यायामो रक्तमोक्षणम् ।
उपवासोऽसुखा शय्या सत्त्वौदार्यं तमोजयः ॥ ११ ॥
श्रमचिन्ताव्यवायाध्वक्षौद्रजागरणप्रियाः ।
हन्त्यवश्यमतिस्थौल्यं यवश्यामाकभोजनः ॥ १२ ॥

चिन्ता, क्रोध, धूम्रपान, व्यायाम, रक्तमोक्षण, उपवास, असुखकर शय्या (आराम न देने वाल शयन कक्ष), सत्त्व, उदारता एवं तम को जीतना, परिश्रम करना, अधिक चिन्ता करना, मैथुन करना, मार्ग चलना, मधु-सेवन, अधिक

जागना, यव और सोवा का भोजन करना ये सब कर्म अतिस्थौल्य (अत्यन्त स्थूलता) को अवश्य नष्ट कर देते हैं ॥ ११-१२ ॥

प्रातर्मधुयुतं वारि सेवितं स्थौल्यनाशनम् ।

प्रातःकाल मधु मिलाकर जल पीना स्थूलता को नाश करता है ।

विडङ्गनागरक्षारकाकलोहरजो मधु ॥ १३ ॥
यवामलकचूर्णं तु योगोऽयं स्थौल्यनाशनः ।
उष्णमन्नस्य मण्डं वा पिबन् कृशतनुर्भवेत् ॥ १४ ॥

वायविडंग तथा सोंठ का चूर्ण, यवक्षार, कान्तलौहभस्म और यव एवं आंवला का चूर्ण मधु मिलाकर सेवन करने से यह योग स्थूलता को नाश करता है । भात का गरम-गरम मांड सेवन करने से शरीर कृश होता है । अर्थात् मेद नष्ट होता है ॥ १३-१४ ॥

सचव्यजीरकव्योपहिङ्गुसौवर्चलाभयाः ।
मधुना सक्तवः पीता मेदोघ्ना वह्निदीपनाः ॥ १५ ॥

चव्य, जीरा, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), शु० हिंगु, सौवर्चलनमक, हर्रे (समभाग)—इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर सत्तू में मिलाकर (सोरह, गुना सत्तू) मधु के साथ पान करने से मेद को नष्ट करता है और अग्नि को दीप्त करता है ॥ १५ ॥

मेदोरोगे व्योषाद्यं संतर्पणम्—

व्योषं विडङ्गं शिग्रुं च त्रिफलां कटुरोहिणीम् ।
वृहत्यौ द्वे हरिद्रे द्वे पाठामतिविषां स्थिराम् ॥ १६ ॥
हिङ्गु केवुकमूलानि यवानीधान्यचित्रकम् ।
सौवर्चलमजाजीं च हपुषां चेति चूर्णयेत् ॥ १७ ॥
चूर्णतैलघृतक्षौद्रभागाः स्युर्मानतः समाः ।
सक्तूनां षोडशगुणो भागः संतर्पणं पिबेत् ॥ १८ ॥
प्रयोगादस्य शाम्यन्ति रोगाः संतर्पणोत्थिताः ।
प्रमेहा मूढवाताश्च कुष्ठान्यर्शांसि कामलाः ॥ १९ ॥
प्लीहाः पाण्ड्वामयः शोथो मूत्रकृच्छ्रमरोचकम् ।
हृद्रोगो राजयक्ष्मा च कासश्वासौ गलग्रहः ॥ २० ॥
कृमयो ग्रहणीदोषाः शैत्यं स्थौल्यमतीव च ।
नराणां दीप्यते वह्निः स्मृतिर्बुद्धिश्च वर्धते ॥ २१ ॥

मेदोरोग में व्योषाद्य संतर्पण—व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), वायविडंग, सहिजन का फल, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), कुटकी, वनभंटा, भटकटैया, आमाहल्दी, पाढी, अतीस, शालपर्णी, शु० हिंगु, केवकमूल (केमुआं

का कन्द), अजवायन, धनिया, चित्रक, सौवर्चलनमक, स्याहजीरा तथा हाऊबेर (सगभाग)—इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनावे और चूर्ण के बराबर तैल, घृत तथा मधु एवं सोलहगुना सत्तू मिलाकर [1]संतर्पण बनावे और पान करे। इस संतर्पण के प्रयोग से संतर्पण से उत्पन्न प्रमेह, मूढवात, कुष्ठरोग, अर्शरोग, कामलारोग, प्लीहावृद्धि, पाण्डुरोग, शोथ, मूत्रकृच्छ्र अरोचक, हृदय-रोग, राजयक्ष्मा, कास, श्वास, गलग्रह (गले का अवरोध), कृमिरोग, ग्रहणी-दोष, शीतला एवं अत्यन्त स्थूलता आदि शान्त हो जाते हैं और मनुष्यों की जाठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा स्मरण-शक्ति एवं बुद्धि बढ़ती है ॥ १६–२१ ॥

मेदोरोगे त्रिफलाद्यं तैलम्—

त्रिफलातिविषामूर्वात्रिवृच्चित्रकवासकैः ।
निम्बारग्वधषड्ग्रन्थासप्तपर्णनिशाद्वयैः ॥ २२ ॥
गुडूचीन्द्रसुराकृष्णाकुष्ठसर्षपनागरैः ।
तैलमेभिः समैः पक्वं सुरसादिरसाप्लुतम् ॥ २३ ॥
पानाभ्यञ्जनगण्डूषनस्यबस्तिषु योजितम् ।
प्रमेहस्थौल्यकण्ड्वादीञ्जयेत्कफकृतान् गदान् ॥ २४ ॥

मेदोरोग में त्रिफलाद्य तैल—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), अतीस, मूर्वामूल, निशोथ, चित्रकमूल, अडूसा, नीम की छाल, अमलतास, षड्ग्रन्था (वच), छितवन की छाल, हल्दी, दारुहल्दी, गुडूची, इन्द्रयव, पीपर, कूठ, सरसों, सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों का कल्क बनावे और तैल के चौगुना सुरसादिगण[2] के औषधों के रस में या क्वाथ में मिलाकर मूर्च्छित तिल का तैल पकावे। सुरसादिगण (श्वेततुलसी, कालीतुलसी, गन्धपलास, वनतुलसी, कासमर्द (कसौंदी), नकछिकनी, वागविडंग, कायफर, सम्भालू, चन्द्रसूर, मूषाकानी, बभनेटी, काकनाशा, मकोय, (वकायन), तैल के चौथाई कल्क द्रव्य तथा चौगुना सुरसादिगण के औषधों का स्वरस या क्वाथ लेना अभीष्ट है। यह तैल पान, अभ्यञ्जन, गण्डूष (कुल्ला), नस्य तथा वस्तिकर्म में प्रयोग करने से स्थूलता, आलस्य, कण्डू (खुजली) आदि कफजन्य रोगों को नष्ट करता है ॥ २३–२४ ॥

---

१. संतर्पणपदार्थ—मुनक्का, अनार, खजूर, केला, लावा का चूर्ण इन द्रव्यों को शक्कर तथा मधु मिलाकर सेवन करना 'संतर्पण' कहलाता है।

२. सुरसादिगण—सुरसा (कृष्णतुलसी), श्वेततुलसी, मरुवक, क्षुद्रतुलसी, रोहिष, गन्धतृण, राजिका, बर्बरी, कासमर्द, छिछिका, खरपुष्प (छिछिकाभेद), विडङ्ग, कट्फल, श्वेतनिर्गुण्डी, सुमुण्डी, मूषकपर्णी, फञ्जी, काकजङ्घा, काक-माची, विषमुष्टि।

मेदोरोगे नवकगुग्गुलुः—

त्र्योपाग्निमुस्तत्रिफलाविडङ्गैर्गुग्गुलुं समम् ।
खादन् सर्वाञ्जयेद् व्याधीन् मेदःश्लेष्मामवातजान् ॥ २५ ॥

मेदोरोग में नवक गुग्गुलु—त्र्योप (सोंठ, पीपर, मरिच), चित्रकमूल, नागरमोथा, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), वायविडङ्ग, समभाग—इन द्रव्यों के चूर्ण के बराबर शु० गुग्गुलु मिलाकर विधिपूर्वक वटी बनावे। यह वटी सेवन करने से मेद, कफ तथा आमदोष एवं वातजन्य सभी रोगों को जीत लेती है ॥ २५ ॥

शरीरदौर्गन्ध्यहरा योगाः—

शिरीषलामज्जकहेमरोध्रैस्त्वग्दोषसंस्वेदहरः प्रघर्षः ।
पत्राम्बुलोहामयचन्दनानि शरीरदौर्गन्ध्यहरः प्रदेहः ॥ २६ ॥

शरीर-दौर्गन्ध्यहर योग—शिरीष की छाल या पत्ता-फूल, लामज्जक (खस "रोहिष तृण"), हेम (नागकेशर), लोध समभाग इन द्रव्यों का उबटन, लेप करने से त्वचा के दोष तथा स्वेद को दूर करता है। पत्र (प्रियंगु), लोह (अगरु), कूठ तथा चन्दन, समभाग इन द्रव्यों को लेकर लेप तैयार करे। यह लेप लगाने से शरीर के दुर्गन्ध को दूर करता है ॥ २६ ॥

वासादलरसो लेपाच्छङ्खचूर्णावचूर्णितः ।
बिल्वपत्ररसो वापि गात्रदौर्गन्ध्यनाशनः ॥ २७ ॥

अडूसा के पत्तों के रस में शंख भस्म मिलाकर अथवा बेल के पत्तों का रस शरीर पर लेप करने से शरीर के दुर्गन्ध को नाश करता है ॥ २७ ॥

हरीतकी रोध्रमरिष्टपत्रं चूतत्वचो दाडिमवल्कलं च ।
एषोऽङ्गरागः कथितोऽङ्गनानां जङ्घाप्रघर्षश्च नराधिपानाम् ॥ २८ ॥

हर्रे, लोध, नीम की पत्ती, आम की छाल तथा अनार का छिलका इन द्रव्यों को पीस कर लेप तैयार करे। यह लेप स्त्रियों का अङ्गराग (सौन्दर्य वर्द्धक) कहा गया है, और राजाओं के लिये जङ्घापर घर्षण करने के लिये कहा गया है ॥ २८ ॥

गोमूत्रपिष्टं विनिहन्ति कुष्ठं वर्णोज्ज्वलं गोपयसा च युक्तम् ।
कट्यादिदौर्गन्ध्यहरं पयोभिः शस्तं वशीकृद्रजनीद्वयं हि ॥ २९ ॥

पूर्वोक्त द्रव्यों को गाय के मूत्र में पीसकर लेप करने से कुष्ठ रोग को नाश करता है, गाय के दूध के साथ पीसकर लेप करने से वर्णोज्ज्वल (श्वेतकुष्ठ) को नष्ट करता है या वर्ण को सुन्दर बनाता है। जल के साथ पूर्वोक्त द्रव्यों में हल्दी तथा दारुहल्दी को मिलाकर जल से पीसकर लेप करने से कण्ठ आदि के दुर्गन्ध को दूर करता है ॥ २९ ॥

पिष्ट्वा जलेन रजनीं महिषीपुरीष-
मध्ये निधाय मृदुना दहनेन पक्त्वा ।
उद्वर्तनेन विदधाति शरीरमुद्य-
च्छीतांशुबिम्बरुचिसोदरचारुकान्तिम् ॥ ३० ॥

हल्दी को जल के साथ पीसकर भैंस के गोबर के मध्य में रखकर मन्द आंच से पकावे । पकजाने पर निकाल पीस ले और इसका उवटन लगावे । इस उवटन को लगाने से उदीयमान चन्द्रमा के तेज के समान कान्ति (मुख की छवि) हो जाती है ॥ ३० ॥

यः कुष्ठसर्षपतिलैर्निशया च दार्व्या
गात्रं प्रलिप्य सलिलैः कुरुतेऽभिषेकम् ।
तस्य प्रतप्तवरकाञ्चन-कान्तिगौर-
मुद्दामसौरभमतीव विराजते तत् ॥ ३१ ॥

जो व्यक्ति कूठ, सरसों, तिल, हल्दी तथा दारुहल्दी इन द्रव्यों के उवटन से लेप लगाकर जल से स्नान करता है, उस व्यक्ति का तपाये हुए उत्तम सोने की कान्ति के समान गौरवर्ण अधिक सुगन्धित होकर अत्यन्त सुशोभित होता है ॥ ३१ ॥

जम्बूदलार्जुनतरुप्रसवैः सकुष्ठै-
रुद्वर्तनं प्रकुरुते प्रतिवासरं यः ।
प्रस्वेदबिन्दुकणिकानिकरानुषङ्गा
दुर्गन्धता वपुषि तस्य पदं न धत्ते ॥ ३२ ॥

जो व्यक्ति जामुन के पत्ते, अर्जुन वृक्ष के फूल एवं फल तथा कूट इन द्रव्यों के उवटन से प्रतिदिन उवटन लगता है उसके शरीर में पसीना के बिन्दु कण के समूह से आने वाली दुर्गन्धता पैर नहीं रखती है । अर्थात् इससे (उवटन को लगाने से) शरीर के पसीना की दुर्गन्धि नष्ट हो जाती है ॥ ३२ ॥

शिरीषपद्मकोशीररोध्रोद्वर्तितविग्रहः ।
ग्रीष्मोष्मणाऽपि नाप्नोति दौर्गन्ध्यं जातु मानवः ॥ ३३ ॥

शिरीष, पद्मकाठ, खस तथा लोध का उवटन जो मनुष्य शरीर में लगाता है वह ग्रीष्मकालीन गर्मी से उत्पन्न दुर्गन्धता को कभी भी नहीं प्राप्त करता अर्थात् उसके शरीर में पसीना की दुर्गन्धि नहीं रह जाती है ॥ ३३ ॥

ह्रीवेरोशीरमलयजकाश्मीरकाञ्जिकैर्लेपात् ।
अपगच्छति दौर्गन्ध्यं मुण्डीचूर्णस्य पानाद्वा ॥ ३४ ॥

हाऊबेर, खस, मलय गिरिचन्दन, गम्भारी तथा काञ्जी इन द्रव्यों का उवटन बनाकर लेप लगाने से शरीर की दुर्गन्धि नष्ट हो जाती है । तथा मुण्डी

(गोरख मुण्डी) का चूर्ण जल के साथ पान करने से दुर्गन्धि दूर हो जाती है ॥ ३४ ॥

श्यामारम्बधनिम्बरोध्ररजनीमुस्तैः शिरीषत्वचा
युक्तैर्दाडिमवल्कलेन च पुनः स्यादङ्गरागः शुभः ।
यद्वा दाडिमचूतवल्कलरसैर्निम्बस्य पत्रैश्च य.
स स्त्रीणां द्युतिकृन्नृणां तु कथितो जङ्घाप्रघर्षः परः ॥ ३५ ॥

श्यामा (निशोथ), अमलतास, नीम, लोध, हल्दी, मोथा, शिरीष की छाल तथा अनार की छाल, इन द्रव्यों का उबटन शरीर में लगाने से शरीर सुन्दर होता है । अथवा अनार तथा आम की छाल का रस और नीम के पत्तों के रस का लेप स्त्रियों की सुन्दरता को बढ़ाने वाला है तथा मनुष्यों के लिये उत्तम जङ्घाप्रघर्ष कहा गया है ॥ ३५ ॥

रोध्रोशीरशिरीषकपद्मकचूर्णेन लेपिते देहे ।
ग्रीष्मेऽपि गन्धदोषाः स्वेदप्रभवा न जायन्ते ॥ ३६ ॥
बिल्वशिवासमभागं लेपाद् भुजगगन्धमूलमपनयति ।
परिणततिन्तिडिकान्वितपूतिकरञ्जोत्थबीजं वा ॥ ३७ ॥

इति श्रीवैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कार्यचिकित्साखण्डे
मेदोरोगाधिकार एकत्रिंशत्तमः ।

लोध, खस, शिरीष तथा पद्मकाठ, इन द्रव्यों के चूर्ण से देह में लेप करने से गर्मी के दिन में भी पसीना से उत्पन्न होनेवाली दुर्गन्धि नहीं होती है । बेल तथा हर्रे को समभाग लेकर लेप बनावे । यह लेप लगाने से बाहु के मूल भाग (कोख) का दुर्गन्ध दूर करता है । अथवा तिन्तिडीक (इमली) तथा करञ्ज के बीज का लेप लगाने से बाहुमूल की दुर्गन्धि को दूर करता है ॥ ३६-३७ ॥

श्री सोढलविरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड में
एकतीसवां मेदोरोगाधिकार समाप्त ।

अथोदररोगाधिकारो द्वात्रिंशत्तमः ।

अथात उदरनिदानं व्याख्यास्यामः ।

मेदोरोग के बाद उदररोग का निदान कहते हैं ।

उदरसंप्राप्तिः—

रोगाः सर्वेऽपि मन्दाग्नौ सुतरामुदराणि च ।
अजीर्णान्मलिनैश्चान्नैर्जायन्ते मलसंचयात् ॥ १ ॥

उदररोग की सम्प्राप्ति—प्रायः सभी रोग मदाग्नि से उत्पन्न होते हैं किन्तु उदररोग तो अवश्य ही मन्दाग्नि से उत्पन्न होता है । उदररोग अजीर्ण से मलिन (दूषित) अन्नों के खाने से, तथा मल के सञ्चय से भी उत्पन्न होता है ॥ १ ॥

रुद्ध्वा स्वेदाम्बुवाहीनि दोषाः स्रोतांसि संचिताः ।
प्राणाग्न्यपानान् संदूष्य जनयन्त्युदरं नृणाम् ॥ २ ॥

दूषित वात-आदि दोष संञ्चित होकर स्वेद तथा अम्बुवाही स्रोतों को अवरुद्ध कर प्राण वायु, अग्नि तथा अपान वायु को दूषित कर मनुष्यों को उदररोग उत्पन्न कर देते हैं ॥ २ ॥

विमर्शः—यहां पर 'उदर' शब्द से पूरे उदर को ग्रहण करते हैं । इससे उत्सेधयुक्त सभी उदर रोगों का ग्रहण होता है ।

मन्दाग्नि सभी रोगों का कारण है । मन्दाग्निता अन्य रोगों में तो परम्परया कारण है किन्तु उदर रोग में साक्षात् कारण है । सर्वप्रथम मन्दाग्निता का प्रभाव उदर पर पड़ता है । उदरस्थ अन्न का पाचन नहीं होता है, इससे पेट फूल जाता है तथा अनेक उपद्रव होते हैं । मन्दाग्निता दोषों के सञ्चय से होती है और दोषों का संञ्चय मन्दाग्निता से होता है । इन दोनों में अन्योन्याश्रय है । इस प्रकार उदररोग में अजीर्ण, दूषित अन्न तथा मल का सञ्चय कारण है । दूसरे तन्त्रों में उदररोग के तीन कारण—१. मन्दाग्नि, २. दोषों का अधिक संञ्चय तथा ३. पाप कर्म बतलाये गये हैं । मन्दाग्निता, अजीर्ण तथा मलिन अन्न का सेवन प्रकुपित करनेवाले तथा मल को सञ्चित करनेवाले होते हैं, और एक दूसरे का उत्पादक भी होते हैं । अतः इनमें से कोई भी कारण उदररोग को उत्पन्न कर सकते हैं । इसी प्रकार वेग-विधारण आदि से उत्पन्न मल-सञ्चय भी मन्दाग्निता आदि एवं उदर रोगों को उत्पन्न कर सकता है ।

इसके अतिरिक्त औदरिक उत्सेध में निम्नलिखित कारण हो सकते हैं—

१. औदरिक कला में अधिक मेद का सञ्चय ।

२. आध्मान की अवस्था में आन्त्र में वायु का संचय होकर पेट का फूलना।

३. उदरावरण कला में जल का संचय हो जाना। इससे उदर उत्सेध-युक्त हो जाता है।

४. अजीर्ण या विबन्ध के कारण आन्त्र में मल-संचय होकर उदर का फूल जाना।

५. उदरस्थ अङ्ग—बस्ति, गर्भाशय, बीजकोष, यकृत तथा प्लीहा की वृद्धि से समस्त उदर फूल जाता है।

उदररोग की सम्प्राप्ति—उदररोग, स्वेदवह स्रोतों का मूल मेद, रोमकूप तथा स्वेदवह ग्रन्थियां हैं। इनमें अवरोध हो जाने से स्वेद निकलना बन्द हो जाता है। उदकवाही स्रोतों का मूल, तालु तथा क्लोम हैं। इन दोनों उदकवाही स्रोतों में विकार हो जाने से जलीयांश का नियन्त्रण समाप्त हो जाता है जिससे अपने मार्ग से न निकल कर औदरिक कला में एकत्र होकर उदररोग को उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार जलोदर रोग में भी जलीयधातु दुष्ट होकर जलोदर को उत्पन्न करती है। सुश्रुत के अनुसार जलोदर की सम्प्राप्ति निम्न प्रकार है—

कोष्ठादुपस्नेहवदग्निसारो निःसृत्य दुष्टोऽनिलवेगनुन्नः।
त्वचः समुत्तस्य शनैः समन्ताद् विवर्धमानो जठरं करोति॥

सु० नि० ७।

उदरपूर्वरूपम्—

तत्पूर्वरूपं बलवर्णकाङ्क्षावलीविनाशो जठरे च राज्यः।
जीर्णापरिज्ञानविदाहवत्त्वं बस्तौ रुजः पादगतश्च शोफः॥ ३॥

उदररोग का पूर्वरूप—उदररोग होने के पहले बल तथा वर्ण अन्नादि की आकांक्षा, होती है, वली (त्रिवली) का नाश हो जाता है अर्थात् त्रिवली दिखाई नहीं देती है, उदर पर रेखायें हो जाती हैं, अन्न के पचने का ज्ञान नहीं होता है, दाह, बस्ति स्थान में पीड़ा तथा पैरों में शोथ होता है॥ ३॥

उदरसामान्यलक्षणम्—

आध्मानं गमनेऽशक्तिर्दौर्बल्यं दुर्बलाग्निता।
शोथः सदनमङ्गानां संगो वातपुरीषयोः॥ ४॥
दाहस्तन्द्रा च सर्वेषु जठरेषु भवन्ति हि।

उदररोग के सामान्य लक्षण—आध्मान (आन्त्र में वात के संचय होने, से मसक के समान फूलना), चलने में असमर्थता, दुर्बलता, मन्दाग्नि, शोथ अङ्गों में शिथिलता, अपानवायु तथा मल का अवरोध, दाह, तन्द्रा ये सब लक्षण सभी प्रकार के उदर रोगों में होते हैं।

पृथग्दोषैः समस्तैश्च प्लीहबद्धक्षतोदकैः ॥ ५ ॥
संभवन्त्युदराण्यष्टौ तेषां लिङ्गं पृथक् शृणु ।

पृथक्-पृथक् दोषों (वात-आदि) से, समस्तदोषों (तीनों-वातादि दोषों) से, प्लीहा से, बद्ध से तथा क्षत से एवं जल से उत्पन्न आठ प्रकार के उदररोग (वातोदर, पित्तोदर, कफोदर, सन्निपातोदर, प्लीहोदर, बद्धगुदोदर, क्षतोदर तथा जलोदर) होते हैं। आगे इन उदररोगों के लक्षणों को अलग २ कहेंगे ॥४-५॥

वातोदरलक्षणम्—

तत्र वातोदरे शोफः पाणिपन्नाभिकुक्षिषु ॥ ६ ॥
कुक्षिपार्श्वोदरकटीपृष्ठरुक्पर्वभेदनम् ।
शुष्ककासोऽङ्गमर्दोऽधोगुरुता मलसंग्रहः ॥ ७ ॥
श्यावारुणत्वगादित्वमकस्माद् वृद्धिह्रासवत् ।
सतोदभेदमुदरं तनुकृष्णशिराततम् ॥ ८ ॥
आध्मातद्रतिवच्छब्दमाहतं प्रकरोति च ।
वायुश्चात्र सरुक्छब्दो विचरेत्सर्वतोगतिः ॥ ९ ॥

वातोदर के लक्षण—जिस वातोदर रोग में हाथ, पैर, नाभि तथा कुक्षि स्थान में शोथ, कुक्षि, पार्श्वप्रदेश, उदर, कमर तथा पृष्ठप्रदेश में पीड़ा, पर्वों (गांठों) में छेदने के समान पीड़ा और सूखा कास होता है, शरीर में ऐंठन होती है, शरीर के अधोभाग (नाभि से नीचे) में गुरुता और मल का अवरोध हो जाता है, त्वचा आदि श्याम या अरुण वर्ण के हो जाते हैं, सहसा उदर में वृद्धि तथा ह्रास होता है (अर्थात् कभी पेट फूलता है और कभी कम हो जाता है), उदर में तोद (सूई चुभोने जैसी पीड़ा) तथा भेद (फटने के समान पीड़ा) होता है, उदर पतली-काली सिरावों से घिरा रहता है, फूले हुए चमड़े की थैली के समान उदर पर ठोकने से शब्द होता है (अर्थात् पेट मसक के समान फूल जाता है और उसको अंगुली से ठोकने पर ढव-ढव की आवाज़ निकलती है) और पेट में वायु पीड़ा तथा शब्द करता हुआ चारो तरफ घूमता रहता है उसे 'वातोदर' कहते हैं ॥ ६-९ ॥

पित्तोदरलक्षणम्—

पित्तोदरे ज्वरो मूर्च्छा दाहस्तृट् कटुकास्यता ।
भ्रमोऽतिसारः पीतत्वं त्वगादावुदरं हरित् ॥ १० ॥
पीतताम्रशिरानद्धं सस्वेदं सोष्म दह्यते ।
धूमायति मृदुस्पर्शं क्षिप्रपाकं प्रदूयते ॥ ११ ॥

पित्तोदर के लक्षण—जिस उदररोग में ज्वर, मूर्च्छा, दाह, प्यास, मुख में कटुआहट, भ्रम, अतिसार, त्वचा एवं नेत्र आदि में पीलापन और उदर हरित-

देवदारुसमायुक्तं रास्नाहिंस्रासमन्वितम् ।
विश्वाग्निमन्थसहितं मातुलुङ्गरसाप्लुतम् ॥ २७ ॥
घृतमात्रायुतं चोष्णं दद्यादालेपनं बुधः ।
विलीयते क्षणादेवमपक्वो वातविद्रधिः ॥ २८ ॥

बुद्धिमान वैद्य देवदारु, रासन, हिंस्रा (हैंस या जटामांसी), सोंठ तथा अरणी इन द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण बनाकर बिजौरा निंबू के रस में भावित कर घृत मात्रापूर्वक मिला ले और थोड़ा गरम कर वातिक विद्रधि के ऊपर लेप करे। इस प्रकार लेप करने से आम वातिक विद्रधि शीघ्र ही नष्ट हो जाती है ॥ २७-२८ ॥

पुनर्नवादारुविश्वादशमूलाभयाम्भसा ।
गुग्गुलुं रुबुतैलं वा पिबेन्मारुतविद्रधौ ॥ २९ ॥

पुनर्नवा, देवदारु सोंठ, दशमूल (बेल की छाल, गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू) तथा हर्रे इन द्रव्यों के क्वाथ के साथ शु० गुग्गुलु या एरण्ड के तैल को वात विद्रधि में पान करे ॥२९॥

पित्तविद्रधिचिकित्सा—

पित्तजं शर्कराला जामधुकैः सारिवायुतैः ।
प्रदिह्यात्क्षीरपिष्टैर्वा पयस्योशीरचन्दनैः ॥ ३० ॥

पित्तज विद्रधि की चिकित्सा—पैत्तिक विद्रधि में शक्कर, धान का लावा, मुलेठी तथा सारिवा समभाग लेकर गाय के दूध में पीसकर या क्षीरकाकोली अथवा क्षीरविदारी, खस तथा लाल चन्दन समभाग इन द्रव्यों को लेकर गोदुग्ध में पीसकर लेप तैयार करे तथा लेप लगाये। यह लेप पैत्तिक विद्रधि को नाश करता है ॥ ३० ॥

यष्ट्याह्वसारिवामूर्वातालमूलैः सचन्दनैः ।
क्षीरपिष्टैः प्रलेपश्च पित्तविद्रधिशान्तये ॥ ३१ ॥

यष्ट्याह्व (मुलेठी), सारिवा, मूर्वा (मड़ोरफली या मोरवेल), ताड़ की जड़ तथा चन्दन (समभाग) इन द्रव्यों को गाय के दूध में पीसकर लेप बनावे और पैत्तिक विद्रधि की शान्ति के लिये लेप करे ॥ ३१ ॥

हरीतकीत्रिवृद्भ्यां तु चूर्णं मधुसमन्वितम् ।
लीढ्वा सुखमवाप्नोति पित्तविद्रधिपीडितः ॥ ३२ ॥

पैत्तिक विद्रधि से पीडित व्यक्ति हर्रे तथा निशोथ के चूर्ण को मधु के साथ चाटकर सुख को प्राप्त करता है अर्थात् पैत्तिक विद्रधि को नाश करता है ॥ ३२ ॥

पञ्चवल्कलकल्केन घृतमिश्रेण लेपनम् ।
पिबेद्वा त्रिफलाक्काथं त्रिवृत्कल्काक्षसंमितम् ॥ ३३ ॥

पैत्तिक विद्रधि में पञ्चवल्कल (वट, पीपर, पाकड़, गूलर, बेंत की छाल) का कल्क घृत में मिलाकर लेप करे, या त्रिफला का क्काथ निशोथ का कल्क एक अक्ष (एक तोला) मिलाकर पान करे ॥ ३३ ॥

कफविद्रधिचिकित्सा—

इष्टिकासिकतालोहगोशकृत्तुषपांशुभिः ।
मूत्रपिष्टैश्च सततं स्वेदयेच्छ्लेष्मविद्रधिम् ॥ ३४ ॥

कफज विद्रधि की चिकित्सा—ईंटा, बालू, लोहा, गाय का गोबर, धान का छिलका तथा धूल इन द्रव्यों को गाय के मूत्र में पीसकर पिष्ट (टिकिया) बनावे और उसको गरम कर उससे श्लैष्मिक विद्रधि को निरन्तर स्वेदन करे ॥ ३४ ॥

शिरीषकर्कटश्रृङ्गीशिग्रुत्वग्देवदारुभिः ।
पिष्टैः सनागरैर्लेपो नाशनः श्लेष्मविद्रधेः ॥ ३५ ॥

शिरीष, काकड़ासिंघी, सहिजन की छाल, देवदारु तथा सोंठ इन द्रव्यों को पीसकर लेप बनावे और श्लैष्मिक विद्रधि में लेप करे। यह लेप कफज विद्रधि को नाश करता है ॥ ३५ ॥

रक्तजागन्तुविद्रध्योश्चिकित्सा—

पित्तविद्रधिवत्सर्वा क्रियां निरवशेषतः ।
विद्रध्यां कुशलः कुर्याद्रक्तागन्तुनिमित्तयोः ॥ ३६ ॥
दशमूलीकषायेण सस्नेहेन रसेन वा ।

रक्तज तथा आगन्तुक विद्रधि की चिकित्सा—कुशल वैद्य रक्त तथा आगन्तुक (क्षत) के कारण उत्पन्न विद्रधि में पित्त विद्रधि में बताई गई सभी क्रियाओं को निरवशेष करे।

शोफं व्रणं वा कोष्णेन सशूलं परिषेचयेत् ॥ ३७ ॥

दशमूली (बेल की छाल, गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, बनभंटा, भटकटैया तथा गोखरू) के स्नेह (घृत) युक्त कषाय या रस से शोथ तथा व्रण को परिसेचन करे या शूलयुक्त शोथ या व्रण को गरम क्काथ या रस से रक्तज या क्षतज विद्रधि में सेचन करे ॥ ३७ ॥

शोभाञ्जनकनिर्यूहो हिङ्गुसैन्धवसंयुतः ।
अचिराद्विद्रधीन् हन्ति प्रातः प्रातर्निषेवितः ॥ ३८ ॥

सहिजन की छाल या मूल का क्काथ बनाकर उसमें शु० हिंगु और सेन्धा-

नमक मिलाकर प्रतिदिन प्रातःकाल सेवन करने से शीघ्र ही विद्रधियों को नाश करता है ॥ ३८ ॥

आभ्यन्तरविद्रधिचिकित्सा—

शिग्रुमूलं जले धौतं जलपिष्टं प्रगालयेत् ।
तद्रसं मधुना पीत्वा हन्त्यन्तर्विद्रधिं नरः ॥ ३९ ॥

आभ्यन्तरिक विद्रधि की चिकित्सा—सहिजन की जड़ को जल से प्रक्षालन कर जल में पीसकर कपड़ा से छान ले और उसके रस को मधु में मिलाकर अन्तर्विद्रधि से पीड़ित रोगी पान करे। मनुष्य इस रस को पानकर अन्तर्विद्रधि को नाश करता है ॥ ३९ ॥

श्वेतवर्षाभुवो मूलं मूलं वरुणकस्य च ।
जलेन क्वथितं पीतमपक्वं विद्रधिं जयेत् ॥ ४० ॥

श्वेत पुनर्नवा की जड़ तथा वरुणा की जड़ समभाग लेकर क्वाथ बनावे और पान करे। यह क्वाथ पान करने से अपक्व (आम) विद्रधि को जीत लेता है ॥ ४० ॥

वरुणादिगणक्वाथमपक्वेऽभ्यन्तरोत्थिते ।
ऊषकादिप्रतीवापं पिबेत्संशमनाय वै ॥ ४१ ॥
मूलं सुदर्शनायास्तु पिष्ट्वा तण्डुलवारिणा ।

वरुणादिगण की औषधियों (वरुणा, श्वेतपुष्पी कटसरैया, नीलपुष्पी कटसरैया, शतावरि, चित्रक की जड़, बेल की छाल, मेढ़ासिंगी, भटकटैया, वनभंटा, करञ्ज, लताकरञ्ज, दोनों गनियारी, दोनों सहिजन, पीतपुष्पी कटसरैया, अगस्त, अपामार्ग, मूर्वा, चिरायता, अजसिंगी, तथा बिम्बी) को समभाग लेकर क्वाथ बनावे और उसमें ऊषकादिगण की औषधों (शु० तूतिया, शु० शिलाजीत, लोनीमिट्टी, श्वेत तथा पीत कासीस, शु० हिंगु तथा शु० गुग्गुलु) को समभाग लेकर चूर्ण बनावे और मिलाकर पान करे। यह क्वाथ पान करने से अपक्व तथा मध्य विद्रधि को शान्त करता है।

जीर्णे विलेपिकामद्यात्क्षिप्रं नाशाय विद्रधेः ॥ ४२ ॥

सुदर्शन की जड़ को चावल के जल से पीसकर पान करे यदि पच जाय तो शीघ्र ही विद्रधि को नाश करने के लिये विलेपिका (यवागू) को भक्षण करे ॥ ४२ ॥

पानभोजनलेपेषु मधुशिग्रुद्रुमोऽपि वा ।
दत्तावापो यथादोषमपक्वं विद्रधिं जयेत् ॥ ४३ ॥

मुलेठी तथा सहिजन की छाल का चूर्ण दोष के अनुसार पान, भोजन

तथा लेप में मिलाकर प्रयोग करने से अपक्व (आम) विद्रधि को जीत लेता है ॥ ४३ ॥

विद्रधिव्रणे रोपणार्थं प्रियङ्ग्वादितैलम्—

प्रियङ्गुधातकी रोध्रं कट्फलं मिशिसैन्धवम् ।
एतैस्तैलं विपक्तव्यं विद्रधिव्रणरोपणम् ॥ ४४ ॥

विद्रधि व्रण में रोपण के लिये प्रियङ्ग्वादि तैल—प्रियंगु (मालकांगनी), धाय का फूल, लोध, कायफर, सौंफ तथा सेन्धानमक समभाग इन द्रव्यों के कल्क (तैल के चौथाई) के साथ तैल के चौगुने जल में तैल सिद्ध करे। यह तैल विद्रधि व्रण को रोपण करता है ॥ ४४ ॥

आभ्यन्तरविद्रधौ वरुणादिकषायः—

कासीससैन्धवशिलाजतुहिङ्गुचूर्ण-
मिश्रीकृतो वरुणवल्कलजः कषायः ।
अभ्यन्तरोत्थितमपक्वमतिप्रमाणं
नृणामयं जयति विद्रधिमुग्रशोथम् ॥ ४५ ॥

आभ्यन्तरिक विद्रधि में वरुणादि कषाय—शु० कासीस, सेन्धानमक, शु० शिलाजीत तथा शु० हिंगु समभाग इन द्रव्यों के चूर्ण को वरुण की छाल के कषाय में मिलाकर पान करने से अभ्यन्तर में उत्पन्न (आभ्यन्तरिक), अपक्व (आम), परिमाण में बड़ी तथा तीव्र शोथ से युक्त मनुष्यों के विद्रधि को जीत लेता है ॥ ४५ ॥

विद्रधौ भूनिम्बादिचूर्णम्—

भूनिम्बार्धपलं निशापलयुतं दार्वी पले द्वे तथा
दार्व्यर्धेन पुनर्नवां कुरु समां दार्वीसमः प्रग्रहः ।
दुःस्पर्शार्धपलं पलं तु कटुका योज्या तदर्धेन वै
अश्वाह्वं निशया समानममृता कर्षास्तु पञ्चैव तु ॥ ४६ ॥
सर्वं वत्सकसप्तकर्षसहितं शुष्कं तु चूर्णीकृतं
वासायाः स्वरसेन भावितमिदं त्रीन् पञ्च वा वासरान् ।
भूयस्तद्गुडवारिणा प्रतिदिनं पीतं पुरस्थे रवौ
पुंसां विद्रधिनाशनं तु कथितं प्रोक्तं स्वयं ब्रह्मणा ॥ ४७ ॥

भूनिम्ब (चिरायता) आधा पल (दो तोला), हल्दी एक पल (एक छटांक), दारुहल्दी दो पल, पुनर्नवा एक पल, प्रग्रह (अमलतास) दो पल, यवासा आधा पल, कुटकी एकतोला, अश्वगन्धा एक पल, गुडूची पांच कर्ष (पांच तोला), वत्सक (कोरैया) सात कर्ष (सात तोला)—इन सभी द्रव्यों को चूर्ण बनावे और अडूसा के पत्ता के स्वरस से तीन दिन या पांच दिन

भावित करे और सुखाकर पुनः चूर्ण बना ले। इसके बाद यह चूर्ण गुड़ के जल (गुड़ के रस) के साथ प्रतिदिन सूर्योदय के पहले पान करने से मनुष्यों के विद्रधि को नाश करता है। इस योग को स्वयं ब्रह्मा ने कहा है ॥४६-४७॥

विद्रधौ त्रिफलागुग्गुलुत्रिफलाघृतयोर्योगः—

पक्वेषु विद्रधिषु पूयमतिस्रवत्सु
नाडीषु च व्रणिषु चापि भगन्दरेषु।
स्याद् गण्डमालिषु फलत्रिकगुग्गुलुः स्यात्
पथ्यं फलत्रिकघृतं लघुभोजनं च ॥ ४८ ॥

विद्रधि में त्रिफला गुग्गुलु तथा त्रिफला घृत दो योग—अत्यधिक पूय निकलते हुए परिपक्व विद्रधि, नाड़ी व्रण, भगन्दर तथा कण्ठमाला में फलत्रिक [1]गुग्गुलु, फलत्रिक[2] घृत तथा लघु भोजन पथ्य है। अर्थात् पूर्वोक्त रोगों को नाश करने के लिये इन दोनों योगों का प्रयोग करना चाहिए ॥ ४८ ॥

अपाकत्वे तदुद्दिष्टं पक्वे तु व्रणवत्क्रिया।

विद्रधि के पाक होने के पहले ये उपचार बताये गये हैं। पक जाने पर व्रण की तरह चिकित्सा करे।

विद्रधौ कतिपययोगाः—

मूलं समं तण्डुलधावनेन प्रपेषितं श्वेतपुनर्नवायाः।
पीतं भवेद्विद्रधिनाशहेतुः पाठाजयाच्छिन्नरुहाकषायः ॥ ४९ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलविरचिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
विद्रध्यधिकारश्चतुस्त्रिंशत्तमः।

विद्रधि में कुछ योग—श्वेत पुनर्नवा की जड़ को चावल के धोवन के साथ पीसकर विद्रधि को नाश करने के लिये पान करे। इसी प्रकार विद्रधि के नाश के लिये पाठा (पाढ़ी), जया तथा गुडूची के कषाय को पान करे ॥ ४९ ॥

वैद्यशोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा-खण्ड में
चौंतीसवां विद्रधि-अधिकार समाप्त।

---

१. फलत्रिक गुग्गुलु देखें ग० नि० प्र० खण्ड पृ० सं० २६८ में।

२. फलत्रिक घृत देखें प्र० ख० पृ० सं० ३५ में।

अथ वृद्ध्यधिकारः पञ्चत्रिंशत्तमः ।

अथातो वृद्धिनिदानं व्याख्यास्यामः ।

विद्रधि के बाद वृद्धि का निदान कहते हैं ।

वृद्धिसंप्राप्तिः—

क्रुद्धोऽनूर्ध्वगतिर्वायुः शोफशूलकरश्चरन् ।
मुष्कौ वंक्षणतः प्राप्य फलकोशाभिवाहिनीः ॥ १ ॥
प्रपीड्य धमनीर्वृद्धि करोति फलकोशयोः ।

वृद्धि रोग की सम्प्राप्ति—नीचे के तरफ चलनेवाला वायु प्रकुपित होकर शोथ और शूल को उत्पन्न करता हुआ वंक्षण प्रदेश से होकर अण्डकोषों में पहुँचकर अण्डकोषों के अन्दर जानेवाली धमनी को दूषित कर अण्डकोषों को बड़ा कर देता है उसे 'वृद्धि' कहते हैं ।

दोषास्रमेदोमूत्रान्त्रः स वृद्धिः सप्तधा गदः ॥ २ ॥
मूत्रान्त्रजावप्यनिलाद्धेतुभेदस्तु केवलम् ।

दोष (वात, पित्त, कफ,) रक्त, मेद, मूत्र तथा आन्त्र भेद से यह वृद्धि सात प्रकार की होती है । मूत्र-वृद्धि तथा आन्त्र-वृद्धि का प्रधान कारण भी वायु ही है । अन्य विशेष कारण मात्र का भेद है । इस प्रकार वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, रक्तज, मेदोज, मूत्रज तथा आन्त्रज ये सात प्रकार के वृद्धि रोग होते हैं ।

विमर्शः—वृद्धि शब्द से सामान्यतः सभी गलगण्ड, अर्बुद आदि बढ़नेवाले रोगों का ग्रहण किया जा सकता है किन्तु यहाँ पर अनेक कारणों से उत्पन्न होनेवाली अण्डकोष-वृद्धि का ही ग्रहण होता है । वायु अपने प्रकोपक कारणों से प्रकुपित होकर वंक्षण-सन्धि के द्वारा अण्डकोषों में प्रवेश कर वृषण-कोषाभिगामिनी धमनी को दूषित कर अण्डकोषों में वृद्धि उत्पन्न करता है ।

आन्त्रवृद्धि तथा मूत्रवृद्धि ही प्रधान रोग है और वायु के ही प्रकोप से उत्पन्न होता है अन्य कारण केवल चिकित्सा-सौकर्य के लिये भेद किया गया है । सप्तधा कहने से द्वन्द्वज-आदि भेदों का निरास हो जाता है क्योंकि मूत्र-वृद्धि तथा आन्त्रवृद्धि का अन्तर्भाव वातवृद्धि के अन्तर्गत ही हो जाते हैं । इन दोनों के वातजन्य होने पर भी न्यून संख्या को दूर करने के लिये कारण एवं चिकित्सा भेद से अलग किया गया है । निमित्त-भेद-निबन्धन ही व्याधि-भेद है । सुश्रुत ने कहा भी है "दोषदूष्यसंसर्गादायतनविशेषान्निमित्ततश्चैषां-

व्याधीनां भेदः" सु० सू० स्था० २४ इसीलिये कहा है—मूत्रान्त्रजावप्य-निलाद्धेतुभेदस्तु केवलमिति। सभी विशिष्ट कारणों के अलावा मूल कारण वात ही है। चरक ने भी कहा है—"व्रध्नोऽनिलाद्यैर्वृषणे स्वलिङ्गैरन्त्रं निरेति प्रविशेन्मुहुश्च। मूत्रेण पूर्णं मृदु मेदसा चेत् स्निग्धं च विद्यात् कठिनं च शोथम्"। इस प्रकार चरक ने भी व्रध्न शब्द का प्रयोग किया है।

वातजादिभेदेन वृद्धीनां लक्षणानि—

वातपूर्णदृतिस्पर्शो रूक्षो वातादहेतुरुक् ॥ ३ ॥

वात आदि भेद से वृद्धि के लक्षण—वातज वृद्धि—जिस वृद्धि में वायु से पूर्ण चमड़े की थैली (मसक) के समान अण्डकोष स्पर्श करने पर रूक्ष प्रतीत हो और अकारण पीड़ा हो उसे 'वातिक कोषवृद्धि' कहते हैं ॥ ३ ॥

पक्वोदुम्बरसंकाशः पित्तादाहोष्मपाकवान्।

पित्तज वृद्धि—जिस वृद्धि में अण्डकोष पके गूलर के समान हो जाय तथा उसमें उष्णता तथा पाक हो उसे पैत्तिक कोषवृद्धि कहते हैं ॥ ४ ॥

कफाच्छीतो गुरुः स्निग्धः कण्डूमान्कठिनोऽल्परुक् ॥ ४ ॥

कफज वृद्धि—जिस वृद्धि में अण्डकोष शीतल, गुरु, स्निग्ध (चिकना) कण्डू युक्त, कड़ा तथा थोड़ी वेदना हो उसे 'कफजवृद्धि' कहते हैं।

कृष्णस्फोटावृतः पित्तवृद्धिलिङ्गश्च रक्तजः।

रक्तजवृद्धि—रक्तजवृद्धि कृष्ण वर्ण के स्फोटों (फुन्सियों) से घिरी हुई तथा पित्तजवृद्धियों के लक्षणों से युक्त होती है।

कफवन्मेदसा वृद्धिर्मृदुस्तालफलोपमः ॥ ५ ॥

मेदोजवृद्धि—जिस वृद्धि में कफजवृद्धि के समान लक्षण हों और अण्ड-कोष मुलायम तथा ताल के फल के समान हो उसे 'मेदोजवृद्धि' समझे ॥ ५ ॥

मूत्रधारणशीलस्य मूत्रजः स तु गच्छतः।
अम्भोभिः पूर्णदृतिवत्क्षोभं याति सरुङ्मृदुः ॥ ६ ॥
मूत्रकृच्छ्रमधः स्याच्च वलयं फलकोशयोः।

मूत्रज वृद्धि—जो मनुष्य मूत्र के वेग को रोकता है उसे 'मूत्रज वृद्धि' होती है। इसमें चलने पर जल-पूर्ण चमड़े के थैले (मसक) के समान क्षोभ होता है, थोड़ी थोड़ी पीड़ा होती है, स्पर्श में वह मृदु होती है, और अण्डकोषों के चलने से नीचे के तरफ मूत्रकृच्छ्र के समान वेदना होती है।

वातकोपिभिराहारैः शीततोयावगाहनैः ॥ ७ ॥
वेगधारणभाराध्वविषमाङ्गप्रवर्तनैः।
क्षोभणैः क्षुभितोऽन्यैश्च क्षुद्रान्त्रावयवं यदा ॥ ८ ॥
पवनो विगुणीकृत्य स्वनिवेशादधो नयेत्।

कुर्याद्वंक्षणसंधिस्थो ग्रन्थ्याभं श्वयथुं तदा ॥ ९ ॥
उपेक्ष्यमाणस्य च मुष्कवृद्धिमाध्मानरुक्स्तम्भवतीं स वायुः ।
प्रपीडितोऽन्तःस्वनवान् प्रयाति प्रध्मापयन्नेति पुनश्च मुक्तः ॥ १० ॥

आन्त्र वृद्धि—वायु को प्रकुपित करनेवाले आहार (रूक्ष-तिक्त-कषायादि) के सेवन करने से अत्यधिक शीतल जल में स्नान करने से, वात, मूत्र, पुरुषादि के वेग को रोकने से, अत्यधिक भार ढोने से, अधिक पैदल चलने से, शरीर के अङ्गों को अप्राकृत इधर-उधर चलाने से तथा वात को प्रकुपित करनेवाले अन्य कर्म (अत्यधिक बलवान के साथ युद्ध, उच्च भाषण, दौड़कर चलना आदि) को भी करने से प्रकुपित वायु क्षुद्रान्त्र से अवयव को विगुण कर अपने स्थान से नीचे की तरफ ले जाती है और वंक्षण सन्धि में गोठ के सदृश शोथ उत्पन्न कर देती है (क्षुद्रान्त्र के अन्तिम भाग को वंक्षण सन्धि के द्वारा अण्डकोष में ले जाकर शोथ उत्पन्न कर देती है)। उपेक्षा करने (शीघ्र चिकित्सा न करने) से वह वायु (अधिक नीचे पहुँच कर) आध्मान, पीड़ा तथा स्तम्भन के साथ अण्डकोष की वृद्धि करा देती है। उसे 'आन्त्रवृद्धि' (आंत का उतरना) कहते हैं। यह आन्त्रवृद्धि रोग दबाने से शब्द करता हुआ अन्दर चला जाता है और छोड़ देने पर पुनः उभार पैदाकर अण्डकोष में पहुंच जाता है ॥७–१०॥

अन्त्रवृद्धिरसाध्योऽयं वातवृद्धिसमाकृतिः ।

आन्त्रवृद्धि के लक्षण वातिक वृद्धि के सदृश होते हैं और वह असाध्य होती है।

अत्यभिष्यन्दिगुर्वामसेवनान्निचयं गतः ॥ ११ ॥
करोति ग्रन्थिवच्छोथं दोषो वङ्क्षणसन्धिषु ।
ज्वरशूलाङ्गसादाढ्यं तं वर्ध्मेति निर्दिशेत् ॥ १२ ॥

इति वृद्धिनिदानम् ।

अधिक अभिष्यन्दी, गुरु तथा आम पदार्थों के अत्यधिक सेवन करने से एकत्रित होकर प्रकुपित दोष वंक्षण संन्धि में शोथ के समान ज्वर, शूल तथा दुर्बलता से युक्त शोथ उत्पन्न करता है उसे 'वर्ध्म रोग' कहते हैं ॥ ११–१२ ॥

वृद्धि-निदान समाप्त ।

अथातः वृद्धिचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

वृद्धि निदान के बाद चिकित्सा कहते हैं।

वातवृद्धिचिकित्सा—

गुग्गुलुं रुबुतैलं वा गोमूत्रेण पिबेन्नरः ।

वातवृद्धि निहन्त्याशु चिरकालानुबन्धिनीम् ॥ १३ ॥

वातवृद्धि की चिकित्सा—वातिकवृद्धि से पीडित व्यक्ति शु० गुग्गुलु या एरण्ड का तैल गोमूत्र के साथ पान करे। यह चिरकालानुबन्धी वातिक वृद्धि को शीघ्र नाश करता है ॥ १३ ॥

सक्षीरं वा पिबेत्तैलं माससमेरण्डसंभवम् ।
तैलं नारायणं योज्यं पानाभ्यञ्जनबस्तिषु ॥ १४ ॥

अथवा वातिक वृद्धि में एरण्ड का तैल दूध (या क्षार) में मिलाकर एक मास तक पान करे और नारायण[1] तैल को पान, अभ्यंग तथा वस्तिकर्म में प्रयोग करे ॥ १४ ॥

पित्तजरक्तवृद्ध्योश्चिकित्सा—

चन्दनं मधुकं पद्ममुशीरं नीलमुत्पलम् ।
क्षीरपिष्टैः प्रलेपः स्याद्दाहशोथरुजापहः ॥ १५ ॥
पञ्चवल्कलकल्केन सघृतेन प्रलेपनम् ।
सर्वं पित्तहरं कार्यं रक्तजे रक्तमोक्षणम् ॥ १६ ॥

पित्तज एवं रक्तज-वृद्धि की चिकित्सा—पित्तज एवं रक्तजवृद्धि में चन्दन, मुलेठी, पद्मकाठ, खस तथा नीलकमल का फूल (समभाग)—इन द्रव्यों को दूध के साथ पीसकर लेप लगाये। यह लेप-दाह, शोथ एवं वेदना को नाश करता है। पञ्चवल्कल (वट, पीपर, पाकड़, गूलर तथा वेंत की छाल) का कल्क घृत में मिलाकर लेप करे। सभी पित्तनाशक चिकित्सा एवं उपचार को करे और रक्तज वृद्धि में रक्तमोक्षण (जलौका आदि से) कराये ॥ १५–१६ ॥

कफजवृद्धिचिकित्सा—

श्लेष्मवृद्धौ तूष्णवीर्यैर्मूत्रपिष्टैः प्रलेपयेत् ।
पीतदारुकषायं च पिबेन्मूत्रेण संयुतम् ॥ १७ ॥

कफजवृद्धि की चिकित्सा—श्लेष्मजवृद्धि में [2]उष्ण वीर्यवाले औषधियों को गोमूत्र के साथ पीसकर लेप करे और पीतदारु (दारुहल्दी) के कषाय को मूत्र मिलाकर पान करे यह कफजवृद्धि को नाश करता है ॥ १७ ॥

मेदोजवृद्धिचिकित्सा—

स्विन्नं मेदःसमुत्थं च लेपयेत्सुरसादिना ।

---

१. गदनिग्रह वातरोगाधिकार में देखें ।

२. उष्णवीर्य औषधें—अगर, कुष्ठ, तगर, पत्र, नलद, शैलेय, ध्यामक, हरेणुका आदि (च० चि० ३)।

शिरोविरेकद्रव्यैर्वा सुखोष्णैरम्लपेषितैः ॥ १८ ॥

मेदोजवृद्धि की चिकित्सा—मेदजन्यवृद्धि को स्वेदन करने के बाद [1]सुरसादिगण के औषधियों के लेप को लगावे। अथवा [2]शिरोविरेचक द्रव्यों को अम्लरस के साथ पीसकर थोड़ा गरम कर लेप करे ॥ १८ ॥

मूत्रजवृद्धिचिकित्सा—

संस्वेद्य मूत्रप्रभवं वस्त्रपादेन वेष्टयेत्।
सेवन्या पार्श्वतोऽधस्ताद्विध्येद् व्रीहिमुखेन वै ॥ १९ ॥

मूत्रजवृद्धि की चिकित्सा—मूत्रजन्य वृद्धि को वातनाशक[3] औषधों से स्वेदन कर वस्त्र से लपेट दे और सेवनी के पार्श्व में नीचे "व्रीहिमुख" नामक शस्त्र से सिरा का भेदन कराना चाहिए ॥ १९ ॥

अन्त्रवृद्धिचिकित्सा—

शङ्खोपरि च कर्णान्ते त्यक्त्वा सेवनिमादरात्।
व्यत्यासाद्वा शिरां विध्येदन्त्रवृद्धिनिवृत्तये ॥ २० ॥
त्वचं भित्त्वाऽङ्गुष्ठमध्ये दहेदङ्गविपर्यये।

अन्त्रवृद्धि की चिकित्सा—शङ्खस्थान के ऊपर कान के अन्तिम भाग में सीवनी को छोड़कर व्यत्यासभाव से अर्थात् यदि दाहिने अण्डकोष में वृद्धि हो तो बायें कान की तथा बायें अण्डकोष में वृद्धि हो तो दाहिने कान की सिरा को भेदन करे। इस प्रकार भेदन करने से आन्त्रवृद्धि नष्ट हो जाती है। इसके अतिरिक्त अङ्ग-विपर्यय से अर्थात् दाहिने अण्डकोष की वृद्धि होने पर बायें अंगुष्ठ तथा बायें अण्डकोष की वृद्धि में दाहिने अंगुष्ठ में मध्य के चर्म को छेदन कर दग्ध कर दे।

रास्नायष्ट्यमृतैरण्डबलागोक्षुरसाधितः ॥ २१ ॥
क्वाथोऽन्त्रवृद्धिं हन्त्याशु रुबुतैलेन मिश्रितः।

रासन, जेठीमधु, गुडूची, एरण्ड की जड़, बरियार तथा गोखरू समभाग—

---

१. सुरसादिगण—सफेदतुलसी, कालीतुलसी, मरुआ, कालमाला, विडंग, खरकुस (मारवाभेद), मूषिककर्णी, कायफल, कासमर्द, नकछिकनी, सरसी (कपित्थपत्री), भार्गी, कार्मुका (अतिमुक्ता), मकोय, कुलहल (मुण्डी), विषमुष्टि (कुचिला) भूस्तृण, (भूतीक, तृण, अजवायन), भूतिकेशी (निगुण्डी)।

२. शिरोविरेचन—ज्योतिष्मती, छिक्किका, मरिच, पीपर, विडंग, सहिजन, सरसों, अपामार्गबीज, श्वेत अपराजिता, नीलअपराजिता।

३. देवदारु, तगर, कूठ, दशमूल, बरियार, कंघी, वीरतरादिगण, विदार्यादिगण (वातनाशक औषध है)।

इन द्रव्यों का क्वाथ एरण्ड तैल मिलाकर पान करने से शीघ्र आन्त्रवृद्धि को नाश करता है।

तैलमेरण्डजं पीत्वा बलासिद्धं पयोन्वितम्।
आध्मानशूलोपचितामन्त्रवृद्धिं जयेन्नरः॥ २२॥

मनुष्य बरियार से सिद्ध एरण्ड तैल को दुग्ध के साथ पान कर आध्मान तथा शूल से युक्त आन्त्रवृद्धि को जीत लेता है॥ २२॥

वृद्धौ हरीतकीयोगः—

हरीतकीं मूत्रसिद्धां सतैललवणान्विताम्।
प्रातः प्रातश्च सेवेत कफवातामयापहाम्॥ २३॥

वृद्धिरोग में हरीतकी योग—हर्रे को गोमूत्र में सिद्धकर तथा सेन्धानमक मिलाकर प्रतिदिन प्रातःकाल सेवन करे। यह योग कफजवृद्धि तथा वातजवृद्धि को नाश करता है॥ २३॥

गोमूत्रसिद्धां रुचुतैलभृष्टां हरीतकीं सैन्धवचूर्णयुक्ताम्।
खादेन्नरः कोष्णजलानुपानां निहन्ति वृद्धिं चिरतः प्रवृद्धाम्॥ २४॥

हरीतकी को गाय के मूत्र में पकावे। पक जाने पर निकाल कर सुखा ले और रेंड़ी के तैल में भून ले। इसके बाद चूर्णकर और सेन्धानमक मिलाकर गरम जल के अनुपान से भक्षण करे। यह योग चिरकाल से उत्पन्न बढ़े हुए वृद्धिरोग को नाश करता है॥ २४॥

भृष्टो रुचुकतैलेन कल्कः पथ्यासमुद्भवः।
कृष्णासैन्धवसंयुक्तो मेढ्रवृद्धिहरः परः॥ २५॥

हर्रे का कल्क एरण्ड के तैल में भूनकर पीपर तथा सेन्धानमक मिलाकर भक्षण करे। यह योग मेढ्रवृद्धि (अण्डकोपवृद्धि) को अच्छी तरह नाश करता है॥ २५॥

वृषणश्वयथौ त्रिफलायोगः—

त्रिफलाक्वाथगोमूत्रं पिबेत्प्रातरतन्द्रितः।
कफवातोत्थितं हन्ति श्वयथुं वृषणोद्भवम्॥ २६॥

अण्डकोप के शोथ में त्रिफला योग—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), का क्वाथ गोमूत्र मिलाकर आलस्य से रहित नियमतः प्रातःकाल पान करे। यह योग कफ, वातजन्य अण्डकोप के शोथ को नाश करता है॥ २६॥

वृद्धौ सरलादिलेपः—

सरलागुरुकुष्ठानि देवदारुमहौषधम्।
मूत्रारनालसंपिष्टं शोफघ्नं कफवातजित्॥ २७॥

वृद्धिरोग में सरलादि लेप—सरल (साखू) की छाल, अगरु, कूठ, देवदारु तथा सोंठ, समभाग—इन द्रव्यों को गोमूत्र या आरनाल (मद्य विशेष) में पीसकर लेप करे। यह लेप शोथ को नाश करता है और कफज तथा वातजवृद्धि को जीत लेता है ॥ २७ ॥

कोरण्डे सैन्धवघृतम्—

गव्यं घृतं सैन्धवचूर्णयुक्तं शम्बूकभाण्डे विनिवेश्य यत्नात् ।
सप्ताहमादित्यकरैर्विपक्वं निहन्ति कोरण्डमतिप्रवृद्धम् ॥ २८ ॥

कोरण्डरोग में सैन्धवघृत—गाय का घृत सेन्धानमक का चूर्ण मिलाकर शम्बूक (घोंघा) में रक्खे और सात दिन तक सूर्य के धूप में पकावे। यह घृत लेप करने से अत्यधिक बढ़े हुए कोरण्ड (अण्डवृद्धि) को नाश करता है ॥ २८ ॥

वृद्धौ लेपाः—

वचासर्षपकल्केन प्रलेपः शोफनाशनः ।
अविक्षीरेण गोधूमकल्कः कुन्दुरकस्य च ।
प्रलेपनं सुखोष्णं स्याद्वर्ध्मशूलहरं परम् ॥ २९ ॥

वृद्धिरोग में लेप—वच तथा सरसों के कल्क का लेप शोथ को नाश करता है। भेड़ के मूत्र के साथ पीसकर बनाया हुआ गेहूं का कल्क तथा कुन्दरक (कुन्दरु) का कल्क थोड़ा गरम कर लेप करने से वर्ध्मशूल को अच्छी तरह दूर करता है ॥ २९ ॥

वर्ध्मरोगे उपनाहयोगः—

मृतमात्रे तु वै काके विशस्ते तु प्रवेशयेत् ।
मुहूर्तं वर्ध्म मेधावी तत्क्षणादरुजं जयेत् ॥ ३० ॥

वर्ध्मरोग में उपनाहयोग—शीघ्र ही मरे हुए काक के पेट को फाड़कर उसमें थोड़े देर के लिये वर्ध्म को प्रवेश कर दे। इस प्रकार उपनाहन करने से मेधावी पुरुष उसी समय वर्ध्म की वेदना को जीत लेता है।

(अथवा शीघ्र ही मरे हुए काक की विष्ठा को वर्ध्म पर लेप करने से वर्ध्मरोग शीघ्र नष्ट हो जाता है। जैसे सूर्य के किरण से अन्धकार नष्ट हो जाता है—योगरत्नाकर वर्ध्मचिकित्सा) ॥ ३० ॥

वृद्धौ बृहत्सैन्धवाद्यं तैलम्—

सैन्धवं मदनं कुष्ठं शताह्वां निचुलं बलाम् ।
ह्रीबेरं मधुकं भार्गीं देवदारु सनागरम् ॥ ३१ ॥
कट्फलं पौष्करं भद्रां चविकां चित्रकं शटीम् ।
विडङ्गातिविषे श्यामां रेणुकां नीलिनीं स्थिराम् ॥ ३२ ॥

बिल्वाजमोदे कृष्णां तु दन्तीं रास्नां प्रपेष्य च ।
साध्यमेरण्डजं तैलमभ्यङ्गात्कफवातजित् ॥ ३३ ॥
वर्ध्मोदावर्तशूलार्शःप्लीहमेहाढ्यमारुतान् ।
आनाहमश्मरीं चैव निहन्याद्वै निषेवणात् ॥ ३४ ॥

वृद्धिरोग में बृहत्सैन्धवाद्य तैल—सेन्धानमक, मदनफल, कूठ, सौंफ, निचुल (समुद्रफल), वरियार (या वच), हाऊबेर, मुलेठी, भारंगी, देवदारु, सोंठ, कायफर, पुष्करमूल, भद्रा (नागरमोथा), चव्य, चित्रक की जड़, कपूर-कचरी, वायविडंग, अतीस, कालानिशोथ, सम्भालू के बीज, नीली, शालपर्णी, बेल की छाल, अजमोदा, पीपर, दन्तीमूल तथा रासन समभाग—इन द्रव्यों को लेकर अच्छी तरह कल्क तैयार कर (तैल के चतुर्थांश) मूर्च्छित एरण्ड का तैल तथा तैल के चौगुना जल लेकर इन सबों को एकत्र कर मन्द आंच से तैल सिद्ध करे । यह तैल सेवन करने से वात और कफ को नष्ट करता है और वर्ध्मरोग, उदावर्त, शूल, अर्श, प्लीहावृद्धि, प्रमेह, आढ्यवात, आनाह तथा अश्मरी को निश्चित ही नाश करता है ॥ ३१–३४ ॥

वातवृद्धिप्रतीकारः—

तत्रादितो वातवृद्धौ त्रैवृतस्निग्धमातुरम् ।
स्विन्नं चैव यथान्यायं पाययेत विरेचनम् ॥ ३५ ॥

वातवृद्धि का प्रतिकार—वात-वृद्धिरोग में सर्वप्रथम त्रैवृत (निशोथ से सिद्ध) घृत के द्वारा रोगी को स्नेहन तथा स्वेदन करने के बाद विधिपूर्वक विरेचन द्रव्य को पान कराये ॥ ३५ ॥

पित्तजवृद्धिप्रतीकारः—

पित्तजायामपक्वायां पित्तग्रन्थिक्रमो हितः ।
पक्वां वा भेदयेद्भिन्नां शोधयेत्क्षौद्रसर्पिषा ॥ ३६ ॥

पित्तज वृद्धि का प्रतिकार—अपक्व पित्तज वृद्धि में पैत्तिक विद्रधि के तरह उपचार करना हितकर होता है । पक्व वृद्धि को भेदन करे और भिन्न वृद्धि को मधु तथा घृत से शोधन करे ॥ ३६ ॥

रक्तजवृद्धिप्रतीकारः—

शर्कराक्षौद्रसंयुक्तं रक्तजायां विरेचनम् ।

रक्तज वृद्धि का प्रतिकार—रक्तजन्य वृद्धि में शक्कर तथा मधु मिलाकर विरेचन का प्रयोग करे ।

कफजवृद्धिप्रतीकारः—

कफजायां विभिन्नायां तैलं शोधनमिष्यते ॥ ३७ ॥

कफज वृद्धि का प्रतिकार—भिन्न (पककर फूटे हुए) वृद्धि में शोधन करनेवाला तैल कहा गया है ॥ ३७ ॥

मेदोजवृद्धिप्रतीकारः—

रक्षन् फले सेवनीं च वृद्धिपत्रेण दारयेत् ।
मेदः समुद्धृत्य ततो दद्यात्कासीससैन्धवम् ॥ ३८ ॥
बध्नीयाच्च यथोद्दिष्टं शुद्धे तैलं च दापयेत् ।

मेदोज वृद्धि-प्रतिकार—मेदोज अण्डवृद्धि में अण्डकोषों को तथा जीवनी को बचाकर वृद्धिपत्र नामक (शस्त्र विशेष) से चीरकर मेद को निकाल दे और इसके बाद कासीस तथा सैन्धानमक देकर अच्छी तरह बांध दे। शुद्ध हो जाने पर तैल का लेप करे।

अन्त्रवृद्धौ दाहविधानम्—

तप्तया वंक्षणस्थानं दहेदर्धेन्दुवक्त्रया ॥ ॥ ३९ ॥
सम्यङ्मार्गावरोधार्थं कोशप्राप्तां विवर्जयेत् ।

आन्त्र वृद्धि में दाह का विधान—आन्त्र वृद्धि में आन्त्र के निकलने के स्थान को अच्छी तरह अवरोध करने के लिये आधे चन्द्रमा के समान टेढ़े गरम शलाका (यन्त्र) से वंक्षण प्रदेश को दग्ध करे। यदि आन्त्र अण्ड-कोष में पहुँच गया हो तो वंक्षण प्रदेश को दग्ध न करे।

वृद्धौ गन्धर्वतैलम्—

शतमेरण्डमूलस्य शुण्ठ्याः पञ्च यवाढकम् ।
जलद्रोणे चतुर्थांशे पयसाऽष्टगुणेन च ॥ ४० ॥
प्रस्थमेरण्डतैरस्य तन्मूलाच्च चतुःपलम् ।
द्विपलं शृङ्गबेरस्य गर्भं दत्त्वा शनैः पचेत् ॥ ४१ ॥
तत्पिबेन्नियतः शुद्धो नरः क्षीरान्नभुक् सदा ।
अन्त्रवृद्धिं निहन्त्याशु तैलं गन्धर्वसंज्ञितम् ॥ ४२ ॥

वृद्धिरोग में गन्धर्व तैल—एरण्ड (रेड़) की जड़ एक सौ पल, सोंठ पांच पल (छटांक) तथा यव एक आढ़क इन द्रव्यों को लेकर जल एक द्रोण में पकावे। चतुर्थांश शेष क्वाथ को छानकर उसमें तैल के अष्टगुना दूध, एरण्ड तैल एक प्रस्थ तथा एरण्ड की जड़ चार पल एवं सोंठ दो पल—इन द्रव्यों का कल्क मिलाकर धीरे-धीरे मन्द आंच से पकावे। वमन-विरेचनादि से शुद्ध मनुष्य नियमतः इस तैल को पान करे और दूध-भात (या दूध एवं भोज्य पदार्थ) भक्षण करे। यह गन्धर्वसंज्ञक तैल आन्त्रवृद्धि को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४०–४२ ॥

वृद्धौ द्विजीरकाद्यं तैलम्—

अजाजीद्वयसिन्धूत्थहिङ्गुतोऽर्धपलानि च ।
तैलं च षोडशपलं पक्वं वृद्धिं व्यपोहति ॥ ४३ ॥

वृद्धिरोग में द्विजीरकाद्य तैल—सफेदजीरा, स्याहजीरा, सेन्धानमक तथा हिंगु आधा २ पल—इन द्रव्यों का कल्क और तैल सोलह पल (सोलह छटांक) लेकर तैल सिद्ध करे। यह तैल वृद्धिरोग को दूर करता है ॥ ४३ ॥

वृद्धौ पुनर्नवादिलेपः—

मूलं पुनर्नवायाश्च मुष्कैरण्डफलं तिलाः ।
सर्वमेकत्र संचूर्ण्य यवचूर्णेन योजयेत् ॥ ४४ ॥
काञ्जिकेन च पिष्टं तु सुखोष्णेनैव कारयेत् ।
लेपो वृद्धिहरः प्रोक्तः सद्यः शूलनिवारणः ॥ ४५ ॥

वृद्धिरोग में पुनर्नवादि लेप—पुनर्नवा की जड, सूखे एरण्ड का फल (एरण्डबीज) तथा तिल समभाग—इन द्रव्यों का चूर्ण बनावे और यव के चूर्ण में मिला दे। इसके बाद इस चूर्ण को काञ्जी से पीसकर पिष्ट बनावे और थोड़ा सा गरम कर लेप करे। यह लेप शीघ्र ही वृद्धि को दूर करनेवाला तथा शूल को नष्ट करनेवाला कहा गया है ॥ ४४-४५ ॥

वृद्धौ पिप्पल्यादिलेपः—

पिप्पली जीरकं कुष्ठं बदरं शुष्कगोमयम् ।
काञ्जिकेन प्रलेपोऽयमन्त्रवृद्धिविनाशनः ॥ ४६ ॥

वृद्धि में पिप्पल्यादि लेप—पीपर, जीरा, कूठ, बैर तथा सूखा गोबर समभाग—इन द्रव्यों का काञ्जी के साथ बनाया हुआ लेप लगाने से अन्त्रवृद्धि को नाश करता है ॥ ४६ ॥

वृद्धौ त्रिफलादिलेपः—

त्रिफलाशतपुष्करजं काञ्जिकयवतिलपुनर्नवामूलम् ।
सपेषितं सुखोष्णं प्रलेपनं वृषणवृद्धौ स्यात् ॥ ४७ ॥

वृद्धिरोग में त्रिफलादि लेप—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), सौंफ, पुष्करमूल, काञ्जी, यव, तिल तथा पुनर्नवा की जड़ इन द्रव्यों को पीसकर तथा थोड़ा गरम कर अण्डकोष की वृद्धि में लेप करे। यह वृषण-वृद्धि को नष्ट करता है ॥ ४७ ॥

वृद्धौ तर्कारिकादिलेपः—

तर्कारिकासैन्धवदेवदारुकुष्ठानि शुण्ठी सह चित्रकेण ।
रास्नाऽटरूषोऽथ तथा शताह्वा प्रलेपनं स्याद् वृषणप्रवृद्धौ ॥ ४८ ॥

वृद्धिरोग में तर्कारिकादि लेप—तर्कारिका (जयन्ती), सेन्धानमक,

देवदारु, कूठ, सोंठ, चित्रक, रासन, अडूसा तथा सौंफ समभाग—इन द्रव्यों को पीसकर वृषणवृद्धि में लेप करे ॥ ४८ ॥

कुरण्डे इन्द्रवारुणीमूलयोगः—

इन्द्रवारुणिकामूलं तैलं पुष्करजं तथा ।
संमर्द्य च सगोदुग्धं पिबेज्जन्तुः कुरण्डके ॥ ४९ ॥

कुरण्डरोग में इन्द्रवारुणी मूलयोग—कुरण्डक (अण्डकोप-वृद्धि) से पीड़ित व्यक्ति, इन्द्रायण की जड़ तथा पुष्करमूल को समभाग लेकर चूर्ण बनाकर तैल तथा गाय का दूध मिलाकर पान करे। अर्थात् यह योग कुरण्ड (अण्डकोपवृद्धि) को नाश करता है ॥ ४९ ॥

कुरण्डे सैन्धवघृतयोगः—

गवां घृतेन संयुक्तं पचेत् सैन्धवचूर्णकम् ।
पिबेत्सप्तदिनं यावत्ततो लेप्यः कुरण्डकः ॥ ५० ॥

कुरण्डरोग में सैन्धव घृत योग—गाय के घृत में सेन्धानमक का चूर्ण पकाये। और सात दिन तक पान करे और उसीका कुरण्ड (अण्डवृद्धि) के ऊपर लेप लगाये ॥ ५० ॥

संचूर्णितं सैन्धवमाज्ययुक्तं संमर्द्य तोयस्थितमेव सोष्णम् ।
मुहुर्मुहुर्यः कुरुते प्रलेपं विलीयते तस्य कुरण्डरोगः ॥ ५१ ॥

सेन्धानमक का चूर्ण घृत में मिलाकर जल में ही गरम कर या जो व्यक्ति बार-बार लेप करता है उसको कुरण्ड (अण्डकोप) रोग नष्ट हो जाता है ॥ ५१ ॥

कुरण्डे कासीसादियोगः—

एरण्डतैलसंमिश्रं कासीससैन्धवं पिबेत् ।
वस्त्रेण वृषणं बद्धं कुरण्डज्वरनाशनम् ॥ ५२ ॥

कुरण्डरोग में कासीसादि योग—एरण्ड के तैल में शु० कासीस तथा सेन्धानमक मिलाकर पान करे और वस्त्र से अण्डकोषों को बांध दे (अर्थात् लंगोट बांधे) यह कुरण्ड (अण्डकोप) रोग में उत्पन्न ज्वर को नाश करता है।

तण्डुलवारिविमिश्रं घृतपुरसञ्ज्ञकं यदुच्यते लोके ।
तन्मूलपिष्टलेपं(?) कुरण्डगलगण्डयोः कुर्यात् ॥ ५३ ॥

जो संसार में घृतपुर (घीकुवार "घृतकुमारी") नाम से कहा जाता है उसकी जड़ चावल के धोवन से पीस कर कुरण्ड (अण्डप्रकोप) तथा गलगण्डरोग में लेप करे ॥ ५३ ॥

कुरण्डे ईश्वरीमूलादिलेपः—

ईश्वरीमूलमेरण्डमूलं मूषिकचर्म च ।

प्रलेपः स्यात्कुरण्डानां रोगविच्छेदकारकः ॥ ५४ ॥

कुरण्ड में ईश्वरीमूलादि लेप—ईश्वरीमूल (बांझ ककोड़े की जड़), एरण्ड की जड़ तथा मूसका चमड़ा समभाग—इन सबों को पीसकर लेप करने से कुरण्डरोग नष्ट होता है ॥ ५४ ॥

कुरण्डे भार्गीमूललेपः—

संपेषितं ब्राह्मणयष्टिकाया मूलं समं तण्डुलधावनेन ।
निहन्ति लेपाद्गलगण्डमालां कुरण्डमुख्यानखिलान्विकारान् ॥ ५५ ॥

कुरण्डरोग में भार्गीमूल लेप—ब्राह्मणयष्टिका (वभनेटी "ब्रह्मदण्डी") की जड़ चावल के धोवन के साथ पीस लेप करने से गण्डमाला तथा कुरण्ड (अण्डवृद्धि) जन्य सभी विकारों को नाश करती है ॥ ५५ ॥

कुरण्डे इन्द्रवारुणीमूलयोगः—

वातारितैलमृदितं 'सुरवारुणीजं
मूलं नरः पिबति यो मसृणं विचूर्ण्य ।
गव्ये निधाय पयसि त्रिदिनावसाने
तस्य प्रणश्यति कुरण्डकृतो विकारः ॥ ५६ ॥

कुरण्ड में इन्द्रवारुणीमूल योग—जो मनुष्य इन्द्रायण की जड़ को अच्छी तरह महीन चूर्ण बनाकर एरण्ड के तैल में मिलाकर गाय के दूध में तीन दिन तक रखकर पान करता है उसका कुरण्ड से उत्पन्न विकार नष्ट हो जाता है ।

तरुमूषिकचर्मनिबद्धः प्रविलिप्तो जटयेश्वरीभुवा च ।
उपशान्तिमुपैति मानवानामचिरेणैव कुरण्डसंज्ञरोगः ॥ ५७ ॥

कुरण्डरोग को ईश्वरी की जटा (बांझककोड़े की जड़) को पीसकर लेप लगाकर तरुमूषिक (रुखी) के चमड़े में बांध दिया जाय तो मनुष्यों का कुरण्ड (अण्डवृद्धि) रोग शीघ्र ही शान्त हो जाता है ॥ ५७ ॥

यः पित्तदोषेण कुरण्डरोगो भवेच्छिशोर्दक्षिणमुष्कभागे ।
तस्योर्ध्वभागं श्रवणस्य विध्येद्वामस्य, वामप्रभवेऽपरस्य ॥ ५८ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
वृद्ध्यधिकारः पञ्चत्रिंशत्तमः ।

पैत्तिक दोष से बालकों के दक्षिण अण्डकोष में जो कुरण्डरोग (अण्डवृद्धि) हो जाता है उस बालक के बायें कान के ऊपरी भाग में छेदन करे और बायें अण्डकोष में वृद्धि होने पर दाहिने कान के ऊपरी भाग में छेदन करे ॥ ५८ ॥

वैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा खण्ड
में पैंतीसवां वृद्धि-अधिकार समाप्त ।

अथ कुष्ठाधिकारः षट्त्रिंशत्तमः ।

अथातः कुष्ठनिदानं व्याख्यास्यामः ।

वृद्धिरोग-निरूपण के बाद कुष्ठरोग का निदान कहते हैं ।

कुष्ठसंप्राप्तिः—

विरोधीन्यन्नपानानि द्रवस्निग्धगुरूणि च ।
भजतामागतां छर्दिं वेगांश्चान्यान् प्रतिघ्नताम् ॥ १ ॥
व्यायाममतिसंतापमतिभुक्त्वा निषेविणाम् ।
शीतोष्णलङ्घनाहारान् क्रमं त्यक्त्वा निषेविणाम् ॥ २ ॥
घर्मश्रमभयार्तानां द्रुतं शीताम्बुसेविनाम् ।
अजीर्णाध्यशिनां चैव पञ्चकर्मापचारिणाम् ॥ ३ ॥
नवान्नदधिमत्स्यातिलवणाम्लनिषेविणाम् ।
माषमूलकपिष्टान्नतिलक्षारगुडाशिनाम् ॥ ४ ॥
व्यायामं चाप्यजीर्णेऽन्ने निद्रां च भजतां दिवा ।
विप्रान् गुरून् धर्षयतां पापं कर्म च कुर्वताम् ॥ ५ ॥
वातादयस्त्रयो दोषास्त्वग्रक्तं मांसमम्बु च ।
दूषयन्ति स कुष्ठानां सप्तको द्रव्यसंग्रहः ॥ ६ ॥
अथ कुष्ठानि जायन्ते सप्त चैकादशैव च ।
कुष्ठानि सप्तधा दोषैः पृथग्द्वन्द्वैः समागतैः ॥ ७ ॥
सर्वेष्वपि त्रिदोषेषु व्यपदेशोऽधिककृतः ।

कुष्ठरोग की सम्प्राप्ति—विरोधी-अन्नपान (संयोग-विरुद्ध, काल आदि-विरुद्ध, दुग्ध-मत्स्य आदि एक साथ) सेवन करनेवाले, द्रव, स्निग्ध तथा गुरु पदार्थों को अत्यधिक सेवन करनेवाले, वमन एवं अन्य भी मल-मूत्रादि के वेगों को रोकनेवाले, अत्यधिक भोजन करने के बाद व्यायाम तथा अधिक धूप या आग को सेवन करनेवाले, क्रम (ऋतु के प्रतिकूल) को छोड़कर शीतल पदार्थ, उष्ण पदार्थ तथा उपवास को सेवन करनेवाले, अत्यधिक धूप, अत्यधिक परिश्रम तथा भय से पीड़ित होने पर उसी समय शीतल जल सेवन (पीने तथा स्नान) करनेवाले, अजीर्णावस्था में भोजन या अध्यशन करनेवाले पञ्चकर्म (वमन-विरेचन आदि के अतियोग, हीन योग एवं मिथ्या योग) के विधि के अनुसार न रहनेवाले, नया अन्न, दही, मत्स्य, अधिक लवण तथा अम्ल पदार्थों को अत्यधिक सेवन करनेवाले, उड़द, मूली, पीठी, तिल, क्षार द्रव्य तथा गुड़ आदि को अत्यधिक सेवन करनेवाले, भोजन के अपरिपक्व-

अवस्था में ही मैथुन (या व्यायाम) करनेवाले तथा भोजन के तुरन्त बाद दिन में सोनेवाले, ब्राह्मण, गुरु, माता-पिता एवं श्रेष्ठ जनों की अवहेलना करनेवाले तथा अन्य (गोहत्या-ब्रह्महत्या आदि) पाप कर्मों को करनेवाले और अन्यान्य पूर्व जन्मान्तरीय संचित पापवाले व्यक्तियों के वातादि तीनों दोष प्रकुपित होकर त्वचा, रक्त, मांस तथा शरीर के जलीयधातु (लसीका) को दूषित कर देते हैं। ये ही सात वात आदि सभी प्रकार के कुष्ठों के उत्पादक कारण हैं। इस प्रकार सात कुष्ठ एवं ग्यारह क्षुद्र कुष्ठ (अट्ठारह प्रकार के कुष्ठ) उत्पन्न होते है। कुष्ठरोग अलग-अलग दोषों से तीन, द्वन्द्वज दोषों से तीन, त्रिदोषज एक—इस प्रकार वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, वात-पैत्तिक, वात-श्लैष्मिक, पित्त-कफज, एवं सन्निपातज—ये सात प्रकार के होते हैं। वस्तुतः कुष्ठरोग में तीनों दोष प्रधान रहते हैं कि किन्तु दोषों की प्रधानता को लेकर विभाग किया गया है।

कुष्ठपूर्वरूपम्—

अतिश्लक्ष्णखरस्पर्शस्वेदास्नेहविवर्णताः ॥ ८ ॥
दाहः कण्डूस्त्वचि स्वापस्तोदः कोठोन्नतिः श्रमः।
व्रणानामधिकं शूलं शीघ्रोत्पत्तिश्चिरस्थितिः ॥ ९ ॥
रूढानामतिरूक्षत्वं निमित्तेऽल्पेऽपि कोपनम्।
रोमहर्षोऽसृजः कार्ष्ण्यं कुष्ठलक्षणमग्रजम् ॥ १० ॥

कुष्ठ का पूर्वरूप—चमड़े का स्पर्श अत्यधिक चिकना या अत्यधिक रूक्ष होना, अत्यधिक पसीना आना या पसीना का बिलकुल रुक जाना, त्वचा में विवर्णता, जलन, खुजली, सुषुप्ति या सज्ञाहीनता, कभी सूई के चुभने के सदृश वेदना, चमड़े के ऊपर कोठ (चकत्तों) की उत्पत्ति, श्रम (या भ्रम), व्रणों का शीघ्र उत्पन्न होना तथा चिरकाल तक रहना और उसमें अत्यधिक वेदना का होना, व्रणों के रोपण होने पर भी रूक्ष रहना, अल्प प्रकोपक कारण से भी उत्पन्न होना, रोमाञ्च, रक्त का काला होना ये कुष्ठरोग के पूर्व-रूप हैं ॥ ८–१० ॥

विमर्श—कुष्ठरोग में उपर्युक्त पूर्वरूप के अतिरिक्त अन्य लक्षण भी दिखाई देते हैं। बार बार ज्वर का आना, दुर्बलता की वृद्धि, भूख का न लगना, पसीना का आना (अधिकतर धड़ पर पसीना होता है), मांसपेशियों में वेदना एवं तोद ये लक्षण प्रतीत होते हैं। कभी कभी नाक से खून गिरता है। कुछ समय के बाद शरीर में चमडे के ऊपर चकत्ते दिखाई देते हैं। रोगी को सरस-राहट (झिनझिनाहट) तथा दाह का अनुभव होता है। चकत्ते दाह आदि विशेषतः नाक में, भ्रुकुटी, कान, कपोल, शाखा एवं हाथों की प्रसारक पेशियों की

तरफ नितम्ब तक धड़ में होते हैं। त्वचा—शुष्क तथा विस्फोट युक्त प्रतीत होती है। अधिकतर भ्रुकुटी के बाल गिर जाते हैं। सुश्रुत के निम्न वाक्यों से भी ये लक्षण स्पष्ट हो जाते हैं "तस्य पूर्वरूपाणि त्वक्पारुष्यमकस्माद्रोमहर्षः कण्डूः स्वेदबाहुल्यमस्वेदनं वाङ्गप्रदेशानां स्वापः क्षतविसर्पणमसृजः कृष्णता चेति" सु० नि० ७। इन लक्षणों से भावी कुष्ठरोग का अनुभव होने लगता है।

सप्तमहाकुष्ठलक्षणानि—

कृष्णारुणकपालाभं यद्रूक्षं परुषं च यत्।
कपालं तोदबहुलं तत्कुष्ठं विषमं स्मृतम् ॥ ११ ॥

सात महाकुष्ठों के लक्षण—कपालकुष्ठ—कृष्ण वर्ण तथा लाल वर्ण के कपाल के समान रूक्ष, कड़ा तथा तोद (सूई के छेदने के समान पीड़ा) से युक्त कुष्ठ को 'कपालकुष्ठ' कहते हैं। यह कृच्छ्रसाध्य या विषम-आकृतिवाला होता है ॥ ११ ॥

रुग्दाहरागकण्डूभिः परीतं रोमपिञ्जरम्।
उदुम्बरफलाभासं कुष्ठमौदुम्बरं भवेत् ॥ १२ ॥

औदुम्बर कुष्ठ—पीड़ा, दाह, राग (रक्तता) तथा खुजली से युक्त, कपिल वर्ण के रोमवाले एवं गूलर के फल के समान कुष्ठ को औदुम्बर कुष्ठ कहते हैं ॥ १२ ॥

श्वेतं रक्तं सितं पीतं स्निग्धमुत्सन्नमण्डलम्।
कृच्छ्रमन्योन्यसंसक्तं कुष्ठं मण्डलमुच्यते ॥ १३ ॥

मण्डलकुष्ठ—जिस कुष्ठ का वर्ण श्वेतरक्त, सित (स्वच्छ), पीला, चिकना उभरे हुए तथा आपस में मिले हुए मण्डलवाला अर्थात् जिसके चकत्ते उठे हुए और आपस में मिले हुए हों उसको 'मण्डलकुष्ठ' कहते हैं। यह कष्टसाध्य होता है ॥ १३ ॥

कर्कशं रक्तपर्यन्तमन्तःश्यावं सवेदनम्।
यदृक्षजिह्वासंस्थानमृक्षजिह्वं तदुच्यते ॥ १४ ॥

ऋक्षजिह्व कुष्ठ—जिस कुष्ठ का स्थान कर्कश (स्पर्श में खुरदरा) तथा किनारे में रक्त वर्ण का और मध्य में श्याम वर्ण हो, पीड़ा हो और ऋक्षजिह्वा के समान (या नीले अण्डकोषवाले हरिण के जिह्वा के समान) हो उसे 'ऋक्षजिह्व' कहते हैं। जहाँ पर 'ऋष्यजिह्व' पाठ है वहां पर नीले अण्डकोषवाले हरिण के जिह्वा के समान समझना चाहिए ॥ १४ ॥

सश्वेतं रक्तपर्यन्तं पुण्डरीकदलोपमम्।
सोत्सेधं च सरागं च पुण्डरीकं प्रचक्षते ॥ १५ ॥

पुण्डरीककुष्ठ—सफेद तथा लाल किनारेवाले रक्त कमल-सदृश, उठा हुआ

और मध्य में श्वेतरक्त वर्ण के कुष्ठ को 'पुण्डरीक कुष्ठ' कहते हैं।

श्वेतं ताम्र तनु च यद्रजो घृष्टं विमुञ्चति ।
प्रायेणोरसि तत्सिध्ममलावुकुसुमोपमम् ॥ १६ ॥

सिध्मकुष्ठ—जिस कुष्ठ का वर्ण सफेद तथा ताम्र के वर्ण के ऐसा हो, पतला चर्मवाला हो और उसके स्थान पर घिसने से धूल की तरह छूटता हो तथा प्रायः वक्षःस्थल पर तुम्बी (लौकी) के पुष्प के समान ही इसे 'सिध्म' कहते हैं ॥ १६ ॥

यत्काकणन्तिकावर्णं सपाकं तीव्रवेदनम् ।
त्रिदोषलिङ्गं तत्कुष्ठं काकण नैव सिध्यति ॥ १७ ॥

जो कुष्ठ घुघची के वर्ण का (मध्य में लाल और चारों ओर काला या मध्य में काला और इधर-उधर लाल), पाक से युक्त भयंकर वेदनावाला और त्रिदोष के लक्षणों से युक्त होता है उसे 'काकणन्तिका' या 'काकण कुष्ठ' कहते हैं। यह असाध्य होता है ॥ १७ ॥

एकादशक्षुद्रकुष्ठानां लक्षणानि—

अस्वेदनं महावस्तु यन्मत्स्यशकलोपमम् ।
तदेककुष्ठं, चर्माख्यं बहलं हस्तिचर्मवत् ॥ १८ ॥

एकादश क्षुद्र कुष्ठ के लक्षण—(१) चर्मकुष्ठ—जिसमें पसीना न हो, अधिक स्थान में फैला हो, जो मछली के टुकड़ों के समान छिलकेदार तथा हाथी के चमड़े के सदृश मोटा हो उसे 'चर्मकुष्ठ' कहते हैं ॥ १८ ॥

श्यावं किणखरस्पर्शं परूषं किटिभं स्मृतम् ।

(२) किटिभकुष्ठ—जिसका वर्ण श्याम हो तथा जो स्पर्श में खर (रूक्ष) हो और कठोर हो उसे 'किटिभ' कहते हैं।

वैपादिक पाणिपादस्फोटनं तीव्रवेदनम् ॥ १९ ॥

(३) वैपादिककुष्ठ—जिस कुष्ठ में हाथ-पैर फट जांय और तीव्र पीड़ा हो उसे 'वैपादिककुष्ठ' कहते हैं ॥ १९ ॥

कण्डूमद्भिः सरागैश्च गण्डरलसकं चितम् ।

(४) अलसककुष्ठ—अलसककुष्ठ में खुजली और रागयुक्त (लाल वर्ण के) गण्ड या फोड़े होते हैं।

सकण्डूरागपिडकं दद्रुमण्डलमुन्नतम् ॥ २० ॥

(५) दद्रुमण्डलकुष्ठ—दद्रुमण्डलकुष्ठ में खुजली तथा रक्तिमा (लालिमा) युक्त पिड़िका मण्डलाकर एवं त्वचा के ऊपर होती है ॥ २० ॥

रक्तं सशूलं कण्डूमत्सस्फोटं यद्दलत्यपि ।
तच्चर्मदलमाख्यातं संस्पर्शासहमुच्यते ॥ २१ ॥

(६) चर्मदलकुष्ठ—जिसका वर्ण लाल हो, उसमें शूल हो, कण्डू युक्त फोड़े हों तथा फूट भी जाते हों और किसी भी प्रकार का स्पर्श सह्य न हो उसे 'चर्मदल कुष्ठ' कहते हैं ॥ २१ ॥

सूक्ष्मा बह्व्यः पिटिकाः स्रावयुक्ताः
पामेत्युक्ताः कण्डुमत्यः सदाहाः ।

(७) पामाकुष्ठ—जिसमें छोटी छोटी बहुत सी कण्डूयुक्त पिड़िकायें हों तथा स्राव एवं दाह होता रहे उसे 'पामाकुष्ठ' कहते हैं ।

सैव स्फोटैस्तीव्रदाहैरुपेता
ज्ञेया पाण्योः कच्छुरुग्रा स्फिजोश्च ॥ २२ ॥

(८) कच्छूकुष्ठ—पूर्वोक्त पामा (छोटी २ बहुत सी कण्डूयुक्त पिड़िका) जब तीव्र दाह एवं पिड़िका से युक्त होकर हाथों और स्फिक् प्रदेश (कुल्हे) में उग्र रूप से हो जाते हैं तब उन्हें 'कच्छूकुष्ठ' कहते हैं ॥ २२ ॥

स्फोटाः श्यावारुणाभासा विस्फोटाः स्युस्तनुत्वचः ।

(९) विस्फोटककुष्ठ—जिसमें पिड़िकायें श्याम और लाल वर्ण की हों और उनके ऊपर की त्वचा पतली हो उसे 'विस्फोटककुष्ठ' कहते हैं ।

रक्तं श्यावं सदाहार्तिं शतारुः स्याद्बहुव्रणम् ॥ २३ ॥

(१०) जिस कुष्ठ में रक्त या श्याम वर्ण तथा दाह से युक्त बहुत से व्रण हों उसे 'शतारुकुष्ठ' कहते है ॥ २३ ॥

सकण्डूः पिटिका श्यावा बहुस्रावा विचर्चिका ।

(११) विचर्चिका कुष्ठ—जिस कुष्ठ में कण्डूयुक्त श्याम वर्ण की अनेक स्रववाली पिड़िकायें हों उसे 'विचर्चिका कुष्ठ' कहते हैं ।

दोषभेदेन कुष्ठलक्षणानि—

खरं श्यावारुणं रूक्षं वातकुष्ठं सवेदनम् ॥ २४ ॥
पित्तात्प्रकुपितं दाहरागस्रावान्वितं मतम् ।
कफात्क्लेदि घनं स्निग्धं सकण्डूशैत्यगौरवम् ॥ २५ ॥

दोषभेद से कुष्ठ के लक्षण—वातिक कुष्ठ खुरदरा, श्याव तथा अरुण वर्ण का, रूक्ष एवं पीड़ा युक्त होता है । पैत्तिक कुष्ठ में जलन, रक्तिमा तथा स्राव होता है । कफज कुष्ठ क्लेदयुक्त, घन, चिकना, खुजली, शीतलता तथा गौरव से युक्त होता है ॥ २४–२५ ॥

द्विलिङ्गं द्वन्द्वज कुष्ठं त्रिलिङ्गं सान्निपातिकम् ।

द्वन्द्वज कुष्ठ दो दोषों के लक्षणों से युक्त तथा सान्निपातिक तीनों दोषों के लक्षणों से युक्त होता है ।

सप्तधातुगतकुष्ठानां लक्षणानि—

(स्पर्शहानिः स्वेदनत्वमीषत्कण्डूश्च जायते ॥ २६ ॥)

सप्तधातुगत कुष्ठ के लक्षण—(कुष्ठ रोग में त्वचा में स्पर्श का अनुभव न होना, स्वेद की अत्यधिक प्रवृत्ति तथा अल्प कण्डू ये लक्षण होते हैं ।) ॥२६॥

त्वक्स्थे वैवर्ण्यमङ्गेषु कुष्ठे रौक्ष्यं च जायते ।
त्वक्स्वापो रोमहर्षश्च स्वेदस्यातिप्रवर्तनम् ॥ २७ ॥

त्वग्गत कुष्ठ रोग में त्वचा के वर्ण में परिवर्तन, रूक्षता, सुन्नता, रोमाञ्च तथा स्वेद की अत्यधिक प्रवृत्ति होती है ॥ २७ ॥

कण्डूविपूयकश्चैव कुष्ठे शोणितसंश्रिते ।

रक्तगत कुष्ठ होने पर कण्डू और उसके स्थान पर दुर्गन्ध पूय की अधिकता होती है ।

बाहुल्यं वक्त्रशोषश्च कार्कश्यं पिडिकोद्गमः ॥ २८ ॥
तोदः स्फोटः स्थिरत्वं च कुष्ठे मासससमाश्रिते ।

मांस में कुष्ठ के उत्पन्न होने पर स्थूलता, मुख का सूखना, कर्कशता (कठोरता), पिड़कावों का उत्पन्न होना, सूई के चुभने के सदृश पीड़ा, व्रणों की उत्पत्ति तथा स्थिरता ये लक्षण होते हैं ।

कौण्यं गतिक्षयोऽङ्गानां संभेदः क्षतसर्पणम् ॥ २९ ॥
मेदःस्थानगते लिङ्गं पूर्वोक्तानि तथैव च ।

कुष्ठ के मेदोगत होने पर हाथ-पैरकी अङ्गुलियों का गलकर गिरना, चलने में असमर्थता, शरीर के अवयवों में पीडा, घाव का फैलना, तथा त्वचा, रक्त एवं मांसगत कुष्ठों के लक्षण होते हैं ।

नासाभङ्गोऽक्षिरागश्च क्षतेषु कृमिसंभवः ॥ ३० ॥
स्वरोपघातश्च भवेदस्थिमज्जसमाश्रिते ।

कुष्ठ के अस्थि एवं मज्जाश्रित होने पर नाक का गलकर बैठ जाना, नेत्रों में लालिमा, घावों में कृमि की उत्पत्ति तथा स्वर का नाश होना ये लक्षण होते हैं ।

दम्पत्योः कुष्ठबाहुल्याद् दुष्टशोणितशुक्रयोः ॥ ३१ ॥
यदपत्यं तयोर्जातं ज्ञेयं तदपि कुष्ठितम् ।

कुष्ठ रोग से पीड़ित स्त्री एवं पुरुष के कुष्ठ से दूषित रज और वीर्य के संयोग से उत्पन्न संतान में कुष्ठ रोग उत्पन्न होता है । इसको 'कुष्ठित' संज्ञा देते हैं ।

विमर्श—कुष्ठ को उत्पन्न करनेवाले दोषों से स्वेदवाही स्रोतों के दुष्ट हो जाने पर पसीना अधिक आना, चर्म में रूक्षता तथा रोमाञ्च होना ये लक्ष

उत्पन्न होते हैं। त्वचा से त्वग्गत रस दूषित होता है तथा त्वचा की सुन्नता रक्तगत कुष्ठ का लक्षण है।

कुष्ठ को उत्पन्न करनेवाले जीवाणु से पुरुष और स्त्री-बीज के उपसृष्ट होने से सन्तान भी कुष्ठी होता है। यह चरक एवं प्राचीन आचार्यों का सिद्धान्त है। क्योंकि वीर्य के दोष से माता-पिता के रोग संतान में आक्रान्त होते हैं। आधुनिक विद्वानों के मत में कुष्ठरोग माता-पिता के अधिक सम्पर्क में रहने से संतान में होता है। यदि सद्योजात शिशु को जन्म से ही कुष्ट-पीड़ित माता-पिता से अलग कर दिया जाय तो संतान में कुष्ठ होने की बहुत कम संभावना रहती है। कुष्ठी माता-पिता की संतान जन्म से ही कुष्ठी नहीं होती है बल्कि अत्यधिक सम्बन्ध रहने के कारण कालान्तर में कुष्ठरोग की उत्पत्ति होती है। इतना अवश्य है कि अन्य पुरुषों की अपेक्षा कुष्ट-पीड़ित माता-पिता की सन्तान में इस रोग के होने की अधिक सम्भावना होती है। प्रमेहरोग में भी प्रमेही माता-पिता की सन्तान जन्म से ही प्रमेहरोग से पीड़ित नहीं होती है किन्तु जब सन्तान अधिक सम्पर्क में रहने का अभ्यस्त हो जाती है तब अनुकूल परिस्थिति आने पर प्रमेह होता है। इसी प्रकार कुष्ठरोग में भी होता है ऐसा विजयरक्षित का मन्तव्य है। यहां कुष्ठित शब्द से संजातकुष्ठित न समझ कर कुष्ठ-प्रकृतिवाला होता है ऐसा समझना चाहिए।

कुष्ठानां साध्यासाध्यविचारः—

साध्यं त्वग्रक्तमांसस्थ वातश्लेष्माधिकं च यत्॥ ३२॥

कुष्ट के रोगी का साध्य-असाध्य विचार—त्वचा, रक्त तथा मांस में स्थित वायु एवं कफ की अधिकता से होनेवाला कुष्ठ साध्य होता है॥ ३२॥

मेदोगतं भवेद्याप्यमसाध्यमत उत्तरम्।

मेदोगत कुष्ठ याप्य होता है। (कहीं पर मेदोगत द्वन्द्वज कुष्ठ याप्य होता है ऐसा पाठ है)। इससे ऊपर अर्थात् अस्थि एवं मज्जागत कुष्ठ असाध्य होता है।

कृमितृड्दाहमन्दाग्निसंयुक्तं यत्त्रिदोषजम्॥ ३३॥

जिसमें कृमि उत्पन्न हो गये हों और रोगी प्यास, दाह तथा मन्दाग्नि से पीड़ित हो तथा त्रिदोषज हो ऐसे कुष्ठ के रोगी असाध्य होते हैं॥ ३३॥

प्रभिन्नं प्रस्रुताङ्गं च रक्तनेत्रं हतस्वरम्।
पञ्चकर्मगुणातीतं कुष्ठं हन्तीह मानवम्॥ ३४॥

जिसका शरीर प्रभिन्न (फट गया) हो, जिसके शरीरावयव हाथ-पैर आदि सड़ने लगते हों, जिसकी आंखें लाल हों, जिसकी आवाज स्पष्ट न निकले

तथा जो पंचकर्म-गुणातीत हो वह भी मनुष्य को मार डालता है। अर्थात् असाध्य होते हैं ॥ ३४ ॥

विमर्श—पञ्चकर्म-गुणातीत के कई अर्थ होते हैं।

(१) विजयरक्षित के कथनानुसार-पूर्वरूप की चिकित्सा तथा रस, रक्त, मांस तथा मेद इन चार की चिकित्सा मिलाकर 'पञ्चकर्म' कहते हैं। इन पांचों से जो परे हो उसे 'पञ्चकर्म-गुणातीत' कहते हैं। अर्थात् कुष्ठ के पूर्वरूप में शोधन, त्वचागतकुष्ठ में शोधन-आलेपन आदि, रक्तगत कुष्ठ में शोधन, आलेपन, कषायपान, रक्तमोक्षण, अवसेक आदि इसी प्रकार मांस एवं मेदागत कुष्ठ में शोधन आदि चिकित्सा के द्वारा इन पांचों पूर्वरूप, रस, रक्त, मांस तथा मेद-गत कुष्ठ की चिकित्सा होती है। अतः इसको 'पञ्चकर्म गुणवाला' कहा जाता है किन्तु जो शोधन आदि चिकित्सा से साध्य नहीं होता है जैसे अस्थिगत एवं मज्जागत कुष्ठ इनको 'पञ्चकर्म-गुणातीत' कहते हैं और ये असाध्य होते हैं।

(२) वमन,[1] विरेचन, आस्थापन, अनुवासन और शिरोविरेचन इन पञ्चकर्मों से जो साध्य नहीं होते हैं उसे भी 'पञ्चकर्म-गुणातीत' कहते हैं।

दोषविशेषेण कुष्ठविशेषोत्पत्तिः—

वातेन कुष्ठं कापालं पित्तादौदुम्बरं कफात्।
मण्डलाख्यं विचर्ची च ऋष्याख्य वातपित्तजम् ॥ ३५ ॥
चर्मैककुष्ठं किटिभं सिध्मालसविपादिकाः।
वातश्लेष्मोद्भवाः श्लेष्मपित्ताद्दद्रुशतारुषी ॥ ३६ ॥
पुण्डरीकं सविस्फोटं पामा चर्मदलं तथा।
सर्वैः स्यात्काकणं पूर्वत्रिकं दद्रुः सकाकणम् ॥ ३७ ॥
पुण्डरीकर्ष्यजिह्वे च महाकुष्ठानि सप्त तु।

दोष-विशेष से कुष्ठ विशेष की उत्पत्ति—वातदोष से कपालनामक कुष्ठ, पित्तदोष से औदुम्बरनामक कुष्ठ तथा कफ दोष से मण्डलनामक कुष्ठ उत्पन्न होते हैं। विचर्चिका तथा ऋष्यजिह्व (या ऋष्यजिह्व नामक दोनों कुष्ठ) वात-पित्तजन्य होते हैं। चर्मकुष्ठ, एककुष्ठ, किटिभ, सिध्म, अलस तथा विपादिका ये कुष्ठ वातश्लैष्मिक होते हैं। दद्रु, शतारु, पुण्डरीक, विस्फोट, पामा तथा चर्मदलनामक कुष्ठ कफ-पित्तजन्य होते हैं। काकणकुष्ठ त्रिदोष के प्रकोप से

---

१. कुष्ठेषु चैव सर्वेषु पञ्च कर्माणि कारयेत्।
पक्षे पक्षे च वमनं मासि मासि विरेचनम् ॥
षण्मासेन शिरामोक्षो नस्यं सप्तदिनान्तरम्। इति

उत्पन्न होते हैं। पहले तीन (कपाल, औदुम्बर तथा मण्डल), दद्रु, काकण, पुण्डरीक और ऋष्यजिह्व ये सात महाकुष्ठ हैं।

दोषभेदेन श्वित्रलक्षणानि—

कुष्ठैकसंभवं श्वित्रं किलासं दारुणं भवेत् ॥ ३८ ॥
निर्दिष्टमपरिस्रावि त्रिधातूद्भवसंश्रयम्।

दोषभेद से श्वित्र के लक्षण—श्वित्र, किलास तथा दारुणक के उत्पादक कारण कुष्ठ के सदृश ही हैं। ये स्रावरहित होते हैं तथा वातादि तीनों दोषों से उद्भव-संश्रय अर्थात रक्त, मांस एवं मेद धातु में आश्रित होकर उत्पन्न होते हैं।

वाताद्रूक्षारुणं पित्तात्ताम्रं कमलपत्रवत् ॥ ३९ ॥
सदाहं रोमविध्वंसी कफाच्छ्वेतं घनं गुरु।
सकण्डुरं क्रमाद्रक्तमांसमेदःसु चादिशेत् ॥ ४० ॥
वर्णैनैवेदृगुभयं कृच्छ्रं स्याच्चोत्तरोत्तरम्।

वातज किलास रूक्ष तथा लालवर्ण का, पित्तज कमल के पत्र के समान ताम्र वर्ण का, दाहयुक्त तथा बालों को नष्ट करनेवाला होता है। कफज किलास सफेद, घन, गुरु तथा खुजलीयुक्त होता है। इसी प्रकार अरुण-ताम्र तथा सफेद वर्ण का किलास क्रमशः रक्त, मास, मेद धातु में होता है। इस प्रकार इसके दो भेद और भी हैं एक व्रण (अनग्निदग्धव्रण) होनेवाला तथा दूसरा वातादि दोषों से होनेवाला। ये दोनों प्रकार के कारणों से उत्पन्न होनेवाला किलास[1] उत्तरोत्तर गम्भीर धातु में कृच्छ्रसाध्य होता है ॥३८–४०॥

---

१. वचांस्यतथ्यानि कृतघ्नभावो निन्दा गुरूणां गुरुधर्षणञ्च।
पापक्रिया पूर्वकृतं च कर्म हेतुः किलासस्य विरोधि चान्नम् ॥ चरक

कुष्ठ और किलास में भेद

कुष्ठ	किलास
१. यह कृमिजन्य होता है।	१. इसमें कृमि का सम्बन्ध नहीं है।
२. यह औपसर्गिक होता है।	२. यह औपसर्गिक नहीं होता है।
३. इसमें शरीर की धातुओं का नाश होता है।	३. इसमें शरीर के धातुओं का नाश नहीं होता है।
४. यह त्रिदोषज होता है।	४. यह एकदोषज भी होता है।
५. यह सातों धातुओं में होता है।	५. यह केवल त्वचा, रक्त, मांस और मेद में ही होता है।

श्वित्रस्य साध्यासाध्यविचारः—

अशुक्लरोमाऽबहुलमसंसृष्टं मिथो नवम् ॥ ४१ ॥
अनग्निदग्धजं साध्यं श्वित्र वर्ज्यमतोऽन्यथा ।

श्वित्र का साध्यासाध्य विचार—जिस श्वित्रकुष्ठ में बाल सफेद न हुए हों (कृष्णवर्ण के हों), जो अल्प, एक दूसरे से न मिला हुआ, नूतन तथा आग के द्वारा जलने से उत्पन्न न हुआ हो, इस प्रकार का 'किलास' साध्य होता है । इसके विरुद्ध लक्षणोंवाला किलास वर्ज्य है अर्थात् असाध्य होता है ।

गुह्यपाणितलौष्ठेषु जातमप्यचिरन्तनम् ।
वर्जनीयं विशेषेण किलासं सिद्धिमिच्छता ॥ ४२ ॥

गुह्यस्थान (अण्डकोष, गुद आदि), हाथ-पैर के तलवे तथा ओष्ठ में होनेवाले नवीन किलास को अच्छे होने की इच्छा रखनेवाले चिकित्सक चिकित्सा न करे अर्थात् असाध्य होता है ॥ ४२ ॥

कुष्ठस्यातिकष्टत्वनिरूपणम्—

म्रियते यदि कुष्ठेन पुनर्जातेऽपि गच्छति ।
नातः कष्टतरो रोगो यथा कुष्ठं प्रकीर्तितम् ॥ ४३ ॥

कुष्ठरोग के अतिशय कष्ट का निरूपण—कुष्ठ का रोगी यदि कुष्ठ से मर जाता है तो पुनः दूसरे जन्म में कुष्ठरोग से पीड़ित होता है । जैसा कष्टकारक कुष्ठरोग है वैसा और कोई रोग कष्टकारक नहीं है ॥ ४३ ॥

कुष्ठादीनां संक्रामकत्वनिरूपणम्—

स्पर्शैकाहारशय्यादिसेवनात्प्रायशो गदाः ।
कुष्ठं ज्वरश्च शोषश्च नेत्राभिष्यन्द एव च ।
औपसर्गिकरोगाश्च सञ्चरन्ति नरान्नरम् ॥ ४४ ॥

इति कुष्ठनिदानम् ।

कुष्ठरोग के संक्रमण का निरूपण—कुष्ठ-आदि रोगों से पीड़ित रोगी के साथ शरीर के स्पर्श से, श्वास से, एक साथ भोजन करने से, एक शय्या पर सोने से, रोगी के उच्छिष्ट वस्त्र एवं माला-आदि के धारण करने से, कुष्ठ, ज्वर, राजयक्ष्मा, नेत्राभिष्यन्द तथा अन्य संक्रामक (औपसर्गिक) रोग एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य पर संक्रान्त हो जाते हैं ॥ ४४ ॥

कुष्ठ-निदान समाप्त ।

अथातः कुष्ठचिकित्सां व्याख्यास्यामः ।

कुष्ठ-निदान के बाद चिकित्सा कहते हैं ।

कुष्ठे आहारोपयोगीनि द्रव्याणि—

शालयो यवगोधूमाः कोरदूषाः प्रियङ्गवः ।
मुद्गा मसूरास्तुवरी तिक्तशाकानि जाङ्गलम् ॥ ४५ ॥
वराषटोलखदिरनिम्बाकूष्करयोजितम् ।
मद्यान्यौषधगर्भाणि मथितं चेन्दुराजिमत् ॥ ४६ ॥
अन्नपानं हित कुष्ठे न त्वम्ललवणौषधम् ।
दधिदुग्धगुडानूपतिलमाषांस्त्यजेत्तराम् ॥ ४७ ॥

कुष्ठरोग में आहार में लिये उपयोगी द्रव्य—शालि (जड़हन धान का चावल), यव, गेहूं, कोदो, प्रियंगु (मालकांगुनी), मूंग, मसूर, अरहर, तिक्त रसवाले शाक, जंगली पशुओं का मांस, औषधियों से बनाया हुआ मद्य, वाकुची चूर्ण मिला हुआ बिना पानी का दही ये पदार्थ अन्न-पान के लिये कुष्ठरोग में हितकर हैं । अम्लपदार्थ नमकीन-औषध, दही, दुग्ध, गुड़, अनूपदेश का मांस, तिल तथा माष कुष्ठरोग में हितकर नहीं है । इन द्रव्यों को कुष्ठरोग में सेवन नहीं करना चाहिए ॥ ४५–४७ ॥

प्रसुप्तकुष्ठे कञ्चुकीयोगः—

शुष्कचूर्णं तु कञ्चुक्या मध्वाज्यसहितं लिहेत् ।
प्रसुप्तानां च गात्राणामेष एव प्रबोधकः ॥ ४८ ॥

प्रसुप्तकुष्ठ में कञ्चुकी योग—कञ्चुकी (चना) का शुष्क चूर्ण विषममात्रा में मधु तथा घृत के साथ चाटे । यह सुप्त शरीर के अंगों को संज्ञायुक्त बना देता है । यह अन्न प्रसुप्त कुष्ठ में सुप्त स्थान को प्रबुद्ध कर देता है ॥ ४८ ॥

कुष्ठे कोशातकीयोगः—

कोशातकीफले न्यस्तं जलं पर्युषितं निशि ।
कर्षमात्रं तु तत्पीतं सर्वकुष्ठहरं परम् ॥ ४९ ॥

कुष्ठरोग में कोशातकी योग—कोशातकी (नेनुआ) के फल में (फल के अन्दर के गूदा एवं बीज को निकाल कर) जल भरकर रातभर रक्खे और एक कर्ष (एक तोला) की मात्रा में पान करे । यह योग सभी प्रकार के कुष्ठ को दूर करता है ॥ ४९ ॥

कुष्ठे सामान्यचिकित्सा—

ललाटहस्तपादेषु शिराश्चास्य विमोक्षयेत् ।
प्रच्छन्नमल्पके कुष्ठे शृङ्गाद्याश्च यथायथम् ॥ ५० ॥

अस्मादूर्ध्वं निःस्रुते दुष्टरक्ते जातप्राणं सर्पिषा स्नेहयित्वा ।
तीक्ष्णैर्योगैश्छर्दयित्वा प्रगाढं पश्चाद्दोषान्निर्हरेच्चाप्रमत्तः ॥ ५१ ॥

कुष्ठरोग में सामान्य चिकित्सा—कुष्ठी के ललाट (मस्तक), हाथ तथा पैर में शिरा का छेदन कर रक्तमोक्षण कराये । छिपे हुए तथा अल्प दोषवाले कुष्ठरोग में आवश्यकता के अनुसार सिंघी, जलौका (जोंक लगाना) के द्वारा रक्तमोक्षण कराये । इसके बाद दुष्टरक्त के निकल जाने पर स्वस्थ कुष्ठ के रोगी को घृत के द्वारा स्नेहन कराकर तीक्ष्ण औषधवाले वामक पदार्थों से अच्छी तरह वमन कराकर बाद में सावधान होकर विरेचन के द्वारा दोषों (मलादि दोषों) का निर्हरण करे या वातादि दोषों को तत्तत् शामक औषधों से निर्हरण करे ॥ ५०–५१ ॥

पक्षात्पक्षाच्छर्दनान्यभ्युपेया-
न्मासान्मासाच्छोधनं चाप्यधस्तात् ।
शुद्धिर्मूर्ध्नि स्यात्त्रिरात्रात्त्रिरात्रात्
षष्ठे षष्ठे मास्यसृङ्मोक्षणं च ॥ ५२ ॥

कुष्ठ के रोगी को प्रत्येक पन्द्रह दिन पर वमन कराये और एक-एक मास पर अधोमार्ग से विरेचन द्वारा शोधन कराये । नस्य कर्म शिरोविरेचन आदि से तीन-तीन रात्रि पर मूर्द्धाङ्ग शोधन करे और छठे महीने में रक्त-मोक्षण कराये ॥ ५२ ॥

यो दुर्वान्तो दुर्विरिक्तोऽथवा स्यात्कुष्ठी दोषैरुद्धतैर्व्याप्यतेऽसौ ।
निःसंदेहं यात्यसाध्यत्वमेव तस्मात्कृच्छ्रान्निर्हरेत्तस्य दोषान् ॥ ५३ ॥

जिस कुष्ठ के रोगी का वमन तथा विरेचन कर्म अच्छी तरह नहीं हुआ रहता है उसके ऊपर अत्यन्त प्रकुपित वातादि दोष आक्रमण करते हैं और वह निःसन्देह असाध्य हो जाता है । अतः कुष्ठी रोगी के दोषों को प्रयत्न-पूर्वक निर्हरण करे ॥ ५३ ॥

ये लेपाः कुष्ठानां युज्यन्ते निर्हृतास्रदोषाणाम् ।
संशोधिताशयानां सद्यः सिद्धिर्भवेत्तेषाम् ॥ ५४ ॥

रक्तमोक्षण के द्वारा रक्तदोषों को दूर करने के बाद कुष्ठ के लिये जो लेप प्रयोग किये जाते हैं वे लेप वमन-विरेचन आदि के द्वारा आशयों (कोष्ठों) को संशोधन करने के बाद कुष्ठ को शीघ्र ही अच्छा कर देते हैं ॥ ५४ ॥

दोषे हृतेऽपनीते रक्ते बाह्यान्तरे कृते शमने ।
स्नेहे च कालयुक्ते न कुष्ठमतिवर्तते साध्यम् ॥ ५५ ॥

वमन-विरेचन के द्वारा दोषों के अपहरण कर देने, रक्तमोक्षण करा देने,

बाह्य एवं आभ्यन्तर दोषों को शमन कर देने तथा उचित समय से स्नेहन आदि कर्म करा देने के बाद कुष्ठरोग असाध्य नहीं होता है ॥ ५५ ॥

वातोत्तरेषु सर्पिर्वमनं श्लेष्मोत्तरेषु कुष्ठेषु ।
पित्तोत्तरेषु मोक्षो रक्तस्य विरेचनं चाग्र्यम् ॥ ५६ ॥

वातोल्वण वातिक कुष्ठ रोगों में घृतपान (स्नेहनकर्म) कफोल्वण श्लैष्मिक कुष्ठरोगों में वमन तथा पित्तोल्वण पैत्तिक कुष्ठों में विरेचन कराने के बाद रक्तमोक्षण कराना प्रशस्त होता है। अल्प (क्षुद्र) कुष्ठरोग में प्रच्छन्न (पाछ लगवाना) तथा बड़े कुष्ठरोग में शिराव्यध कराना प्रशस्त होता है ॥ ५६ ॥

प्रच्छन्नमल्पकुष्ठे महति च शस्तं शिराव्यधनम् ।
बहुदोषः संशोध्यः कुष्ठी बहुशोऽनुरक्षता प्राणान् ।
दोषे ह्यतिमात्रहृते वायुर्हन्यादबलमाशु ॥ ५७ ॥

बहुत दोषवाले कुष्ठ के रोगी के प्राणों की रक्षा करते हुए अच्छी तरह संशोधन करे। अन्यथा दोषों के अत्यधिक अपहरण हो जाने पर वायु दुर्बल रोगी को शीघ्र ही नष्ट कर देता है ॥ ५७ ॥

कुष्ठे त्रिफलादिपाचनकषायः—

त्रिफला खादिरं काष्ठं निम्बत्वक्च जले श्रृतम् ।
कुष्ठेषु पाचनं दद्यात्सर्वदोषोद्भवेष्वपि ॥ ५८ ॥

कुष्ठरोग में त्रिफलादि पाचन कषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), खैर, पद्मकाष्ठ तथा नीम की छाल, समभाग—इन द्रव्यों को जल में क्वाथ करे, और दोषों को पाचन करनेवाले इस क्वाथ को सभी दोषों से उत्पन्न कुष्ठों में प्रयोग करे ॥ ५८ ॥

कुष्ठे वमनयोगः—

दोषोत्क्लिष्टे च हृदये वमनं चोर्ध्वभागिषु ।
वचावासापटोलानां निम्बस्य फलिनीत्वचः ॥ ५९ ॥
कषायो मधुना पीतो वान्तिकृन्मदनान्वितः ।

कुष्ठ में वमन योग—ऊर्ध्व भाग के कुष्ठों में दोषों के हृदय में अवस्थित हो जाने पर वमन कराना चाहिए। वच, अडूसा, परवल, नीम, प्रियङ्गु की छाल तथा मदन फल समभाग—इन द्रव्यों का कषाय मधु के साथ मिलाकर पान करने से वमनकारक होता है।

कुष्ठे विरेचनयोगः—

विरेचनं प्रयोक्तव्यं त्रिवृद्दन्तीफलत्रिकैः ॥ ६० ॥

कुष्ठ में विरेचन योग—त्रिवृत् (काला निशोथ), दन्तीमूल तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला)—इन द्रव्यों से विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए ॥ ६० ॥

कुष्ठे राजवृक्षादिपाचनक्काथः—

राजवृक्षोऽश्वत्थसारोऽमृताऽरिष्टो हरीतकी।
वासाखदिरमञ्जिष्ठाव्याघ्र्यः कुष्ठेषु पाचनम् ॥ ६१ ॥

कुष्ठरोग में राजवृक्षादि पाचन कषाय—राजवृक्ष (अमलतास), अश्वत्थ-सार (पीपर की मज्जा), गुडूची, नीम, हर्रे, अडूसा, खैर, मंजीठ तथा समभाग—इन द्रव्यों का क्काथ कुष्ठरोग में दोषों को पाचन करनेवाला है ॥६१॥

कुष्ठे मञ्जिष्ठाद्यो महाकषायः—

मञ्जिष्ठापिचुमन्दचन्दनघनच्छिन्नागवाक्षीविषा-
त्रायन्तीत्रिवृतासनद्विरजनीभूनिम्बपाठावृषैः।
गायत्रीत्रिफलापटोलकटुकाकीटद्विषत्पर्पटै-
रुग्रावल्गुजयासवत्सकयुतैः क्काथं विदध्याद्भिषक् ॥ ६२ ॥
कण्डूमण्डलपुण्डरीककिटिभैः पामाविचर्चिव्रणैः
सिध्मश्वित्रविसर्पदद्रुरकसैर्व्याप्ताः प्रसुप्तत्वचः।
ये चान्ये गलरोगचक्षुर्वदनघ्राणच्युताः कुष्ठिनः
प्राप्यैनं तु महाकषायमचिरात्स्युः कामरूपान्विताः ॥ ६३ ॥

कुष्ठरोग में मञ्जिष्ठाद्यमहाकषाय—मंजीठ, नीम, रक्त चन्दन, मोथा, गुडूची, गवाक्षी (जेठुई काकर का बीज), अतीस, त्रायमाणा, निशोथ, असन (बीजक "विजयसार") की छाल, हल्दी, दारुहल्दी, चिरायता, पाढ़ी, अडूसा, गायत्री (खैर), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल का पत्ता, कुटकी, कीटद्विषत् (वायविडङ्ग), पित्तपापड़ा, उग्रा (वच), अवल्गुज, (वाकुची), यवासा तथा कोरैया की छाल समभाग—इन द्रव्यों का क्काथ बनावे। इस महाकषाय को कण्डू, मण्डल, पुण्डरीक, किटिभ, पामा, विचर्चिका, व्रण, सिध्म, श्वित्र, विसर्प, दद्रु तथा रकसा—इन क्षुद्र कुष्ठ एवं महाकुष्ठों से व्याप्त सुन्न चर्मवाले तथा अन्य गले का रोग, नेत्र, मुख तथा नासिका जिनका सड़कर गिर गया है ऐसे कुष्ठ के रोगी सेवन कर शीघ्र ही सुन्दर शरीरवाले हो जाते हैं। अर्थात् पूर्वोक्त सभी प्रकार के कुष्ठरोग इस कषाय के नियमतः सेवन करने से नष्ट हो जाते हैं और शरीर सुन्दर स्वरूप का हो जाता है ॥ ६२-६३ ॥

कुष्ठे लेपयोगौ—

मनःशिलैलामरिचानि तैलमार्कं पयः कुष्ठहरः प्रदेहः।

कुष्ठ में दो लेप योग—१—मैनसिल, इलायची तथा मरिच—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर तिल का तैल तथा मदार का दूध मिलाकर लेप लगाये। यह लेप कुष्ठ को दूर करता है।

करञ्जबीजैडगजं सकुष्ठं गोमूत्रपिष्टं च परः प्रदेहः॥ ६४॥

२—करंज का बीज, एडगज (चकवड़) का बीज तथा कूठ समभाग—इन द्रव्यों को गोमूत्र के साथ पीसकर लेप लगाये। यह लेप कुष्ठ रोगों को नाश करने के लिये उत्तम प्रलेप है॥ ६४॥

कफपित्तकुष्ठे हरिद्रादिकषायः—

निशोत्तमानिम्बपटोलमूलतिक्तावचालोहितयष्टिकाभिः।
कृतः कषायः कफपित्तकुष्ठं सुसेवितो धर्म इवोच्छिनत्ति॥ ६५॥

कफपित्त-कुष्ठ में हरिद्रादि कषाय—हल्दी, उत्तमा (त्रिफला), नीम, परवल की जड़, कुटकी, वच, रक्त चन्दन तथा मुलेठी (समभाग)—इन द्रव्यों का बनाया हुआ कषाय सेवन करने से कफ-पित्त-जन्य कुष्ठ को नष्ट करता है। जैसे धर्म सेवन करने से पाप को नष्ट करता है॥ ६५॥

कुष्ठे पटोलादिकषायः—

मूलं पटोलस्य तथा गवाक्ष्याः पृथक्पलांशं त्रिफलात्वचश्च।
स्यात्त्रायमाणा कटुरोहिणी च भागार्धिके नागरपादयुक्ते॥ ६६॥
पलं तथैषां सह चूर्णितानां जले श्रृतं दोषहरं पिबेत्तु।
जीर्णे रसैर्धन्वमृगद्विजानां पुराणशाल्योदनमाददीत॥ ६७॥
कुष्ठानि शोफं ग्रहणीप्रदोषमर्शांसि कृच्छ्राणि हलीमकं च।
योगः प्रयोगेन निहन्ति चैव हृद्बस्तिमूलं विषमज्वरं च॥ ६८॥

कुष्ठरोग में पटोलादि कषाय—परवल की जड़, गवाक्षी (जेठुई कांकर) की जड़ एक-एक पल, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) की छाल, अलग २ एक २ पल (एक २ तोला), त्रायमाणा तथा कुटकी आधा आधा पल (आधा २ छटांक), सोंठ एक तोला—इन सभी द्रव्यों को कूट कर बनावे और उसमें से एक पल (एक छटांक) क्वाथ्य चूर्ण को लेकर अठगुने जल में क्वाथ करे और चतुर्थांश शेष क्वाथ को छान कर कुष्ठ के दोषों को दूर करने के लिये पान करें। परिपाक हो जाने पर मरुस्थल में उत्पन्न पशु एवं पक्षियों के मांसरस के साथ भात भक्षण करे। यह योग सेवन करने से कुष्ठरोग, शोथ, ग्रहणी दोष, कष्टसाध्य अर्श रोग, हलीमक, हृदयशूल, वस्तिशूल तथा विषम ज्वर को नाश करता है॥ ६६-६८॥

कुष्ठे त्रिफलादिकषायः—

त्रिफलापटोलपिचुमन्दवचारुणयष्टिकाः सकटुका रजनी।

नवभिः श्रृतं प्रपिबतः सलिलं न भवन्ति पित्तकफकुष्ठरुजः ॥ ६९ ॥

कुष्ठ रोग में त्रिफलादिकषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल का पत्ता, नीम की छाल, वच, अरुण (चित्रक), मुलेठी, कुटकी तथा हल्दी (समभाग)—इन नव द्रव्यों का क्वाथ पान करने से पित्त-कफ-जन्य कुष्ठ की पीड़ा नहीं होती है ॥ ६९ ॥

कुष्ठे पटोलाद्यं चूर्णम्—

मूलं पटोलस्य तथा रजन्यौ फलत्रिकं चेति समानि षट् च ।
स्यान्नीलिनी द्विस्त्रिगुणं विडङ्गं कम्पिल्लकश्चापि चतुर्भिरंशैः ॥ ७० ॥
त्रिवृत्तथा पञ्चगुणेति योगं चूर्णीकृतं मुष्टिमितं पिबेद्धि ।
कुष्ठेषु मूत्रेण तु रोहिणीनां श्वित्रे गरे वाऽथ हलीमके च ॥ ७१ ॥
जातोदकान्यप्युदराणि हन्यात्पाण्ड्वामयार्शः श्वयथुप्रमेहान् ।
एनं प्रयोगं प्रपिबंश्च कुष्ठी भुञ्ज्याद्रसैर्धन्वमृगद्विजानाम् ॥ ७२ ॥

कुष्ठरोग में पटोलाद्य चूर्ण—परवल की जड़, हल्दी, दारुहल्दी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) ये छः द्रव्य समभाग, नीलिनी दो भाग, वायविडङ्ग तीन भाग, कबीला चार भाग, निशोथ पाँच भाग, इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण बनावे और एक मुष्टि (एक पल) की मात्रा में पान करें। इस योग को सभी प्रकार के कुष्ठ रोगों में श्वित्र, संयोगज विष तथा हलीमक रोग में गाय के मूत्र के साथ पान करे। अर्थात् यह योग उपरोक्त रोगों को नाश करता है तथा उदकोदर (जलोदर), पाण्डु रोग, अर्श, शोथ तथा प्रमेह को गोमूत्र के साथ पान करने से नाश करता है। कुष्ठ का रोगी इस योग को पान करता हुआ मरुस्थल में उत्पन्न पशु एवं पक्षियों के मांसरस के साथ भोजन करे ॥ ७०–७२ ॥

कुष्ठे वातशान्त्यर्थं स्नेहोपयोगः—

स्नेहैराप्याययेच्चैनं कुष्ठघ्नैरन्तरान्तरा ।
मुक्तरक्तविरिक्तस्य रिक्तकोष्ठस्य कुष्ठिनः ॥ ७३ ॥
प्रभञ्जनस्तथा ह्यस्य स्यान्न देहप्रभञ्जनः ।

कुष्ठ रोग में वायु को शान्त करने के लिये स्नेहोपयोग—कुष्ठ के रोगी को थोड़े थोड़े दिन के अन्तर से कुष्ठनाशक औषधों से सिद्ध घृत से आस्थापन करे। रक्तमोक्षण तथा विरेचन के बाद रिक्त कोष्ठवाले कुष्ठ के रोगी का वायु रोगी के शरीर को नाश नहीं करता है। अर्थात् यह स्नेह-प्रयोग कुष्ठ के रोगी के वायु को शान्त करता है।

आवर्तकीघृतम्—

आवर्तकीतुलां द्रोणे पचेदष्टाङ्गशेषितम् ॥ ७४ ॥

तन्मूलैस्तत्र निर्यूहे घृतप्रस्थं विपाचयेत् ।
पीत्वा तदेकदिवसान्तरितं सुजीर्णे
भुञ्जीत कोद्रवमसंस्कृतकाञ्जिकेन ।
कुष्ठं किलासमपचीं च विजेतुमिच्छ-
न्निच्छन् प्रजां च विपुलां ग्रहणं स्मृतिं च ॥ ७५ ॥

आवर्तकी घृत—आवर्तकी एक तुला (पांचसेर) लेकर जल एक द्रोण (सोलह सेर) में पकावे, और उसके क्वाथ में आवर्तकी की जड़ के कल्क के साथ घृत एक प्रस्थ (एकसेर) पकावे । इस घृत को एक दिन का अन्तर देकर पान करे और पचता जाय तब बिना संस्कार किये हुए काञ्जी के साथ कोदो के भात को भक्षण करे, यदि मनुष्य कुष्ठ, किलास तथा अपची को जीतने की तथा अधिक पुत्र एवं स्मृति (स्मरण) शक्ति को ग्रहण करने की इच्छा करता हो । अर्थात् यह घृत पूर्वोक्त रोगों को नष्ट करता है, बहुसन्तानोत्पादक तथा स्मरण-शक्ति को बढ़ानेवाला है ॥ ७४-७५ ॥

कुष्ठे भूनिम्बाद्योऽवलेहः—

भूनिम्बनिम्बत्रिफलापद्मकातिविषाकणाः
मूर्वा पटोली द्विनिशा पाठा तिक्तेन्द्रवारुणी ॥ ७६ ॥
सकलिङ्गवचा तुल्या द्विगुणा च यथोत्तरम् ।
लिह्याद्दन्तीत्रिवृद्ब्राह्म्यश्चूर्णिता मधुसर्पिषा ॥ ७७ ॥
मेहकुष्ठप्रसुप्तीनां परमं स्यात्तदौषधम् ।

कुष्ठरोग में भूनिम्बाद्य अवलेह—भूनिम्ब (चिरायता), नीम, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), पद्मकाठ, अतीस, पीपर, मूर्वा (मड़ोर फली या मोरवेल), पटोली (स्वादुपत्रफला), हल्दी, दारुहल्दी, पाढ़ी, कुटकी, इन्द्रायण, कलिंग (इन्द्रयव) तथा वच ये द्रव्य समभाग, दन्ती दो भाग, निशोथ चार भाग, ब्राह्मी आठ भाग इन द्रव्यों को एकत्र कर चूर्ण करे और इसको मधु तथा घृत (विषम मात्रा में) में मिलाकर चाटे । यह प्रमेह, कुष्ठ तथा प्रसुप्ति (स्पर्शज्ञान न होना) को दूर करने के लिये उत्तम औषध है । अर्थात् इन रोगों को नाश करता है ।

कुष्ठे खदिरयोगः—

सुदेशजातं खदिरं निरीक्ष्य तस्याप्यधस्तादवटं खनेत ।
जटां निकृन्त्याशु च तस्य मूलं ताम्रे निहन्यात्कलशे सुगुप्तम् ॥७८॥
तं वेष्टितं मृत्तिकया विलिप्तं प्रदीपयेच्चारुचितं समग्रम् ।
उद्धृत्य तं लोहरजोविमिश्रं पिबेद्रसं क्षौद्रघृतोपपन्नम् ॥ ७९ ॥
प्रलेपनाभ्यञ्जनपानयोगैर्मांसेन हन्यात्प्रबलं हि कुष्ठम् ।

पाण्डवामयार्शःश्वयथुप्रमेहानुद्धृत्य दोषान् प्रणुदेच्च सद्यः ॥ ८० ॥
य एष दृष्टः खदिरस्य कल्पः सर्वामयानां शमने समर्थः ।
स एव निम्बासनदेवदारुरोहीतकारग्वधशिशपानाम् ॥ ८१ ॥

कुष्ठरोग में खदिरयोग—अच्छे देश एवं शुद्ध स्थान में उत्पन्न खैर के वृक्ष को देखकर उसके नीचे गढ़ा खोदे और जड़ निकाल कर उसके मूल को तामे के घड़े में रखकर बन्द कर दे। इसके बाद उस घड़े में कपड़ा लपेट कर मिट्टी से लिप्त कर दे तथा उसके चारो तरफ उपले के आग को रखकर जला दे और भूधर यन्त्र के द्वारा रस निकाल ले। तदनन्तर उस रस में लौह भस्म मिलाकर मधु एवं घृत (विषम मात्रा में) के साथ पान करे (मात्रा खैर का रस आधा तो०, लौह भस्म २ रत्ती, मधु एक तो०, घृत आधा तोला) यह योग लेप, अभ्यञ्जन तथा पान करने से एक मास में भयंकर कुष्ठ को नाश करता है और पाण्डुरोग, अर्श, शोथ तथा प्रमेहरोग को एवं दोषों को निकालकर शीघ्र ही दूर करता है। यह जो खदिर का कल्क बताया गया है वह सभी रोगों को शान्त करने में समर्थ है। इसी प्रकार नीम, बीजक वृक्ष, देवदारु, रोहेड़ा, अमलतास तथा शीशम का यह योग कल्प (खदिर-कल्प के तरह) पूर्वोक्त रोगों को शान्त करने में समर्थ है ॥ ७८–८१ ॥

कफपित्तजकुष्ठे त्रिफलादिकषायः—

त्रिफलापटोलरजनीमञ्जिष्ठाकटुरोहिणीवचानिम्बैः ।
एष कषायोऽभ्यस्तो निहन्ति कफपित्तजं कुष्ठम् ॥ ८२ ॥

कफपित्तज कुष्ठ में त्रिफलादि कषाय—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल, हल्दी, मंजीठ, कुटकी, वच तथा नीम (समभाग) इन द्रव्यों का कषाय सेवन करने से कफपित्तजन्य कुष्ठ को नाश करता है ॥ ८२ ॥

कुष्ठे गुडूचीस्वरसोपयोगः—

छिन्नायाः स्वरसं वापि सेवमानो यथाबलम् ।
जीर्णे घृतेन भुञ्जीत स्वल्पयूषोदकेन तु ॥ ८३ ॥
अपि पूतिशरीरोऽपि दिव्यरूपो भवेन्नरः ।

कुष्ठरोग में गुडूची-स्वरस का उपयोग—गुडूची के स्वरस को बल के अनुसार सेवन करे यदि पच जाय तो घृत तथा यूष के साथ भात खाय। इस प्रकार सेवन करने से कुष्ठरोग से दुर्गन्धित शरीरवाला भी मनुष्य सुन्दर रूप को धारण करता है।

कुष्ठे पटोलादिक्काथः—

पटोलखदिरारिष्टत्रिफलाकृष्णचित्रकैः ॥ ८४ ॥

तिक्तासनैः पिबेत्क्वाथं कुष्ठी कुष्ठं व्यपोहति ।

कुष्ठरोग में पटोलादि क्वाथ—परवल की जड़, खैर की छाल, नीम, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), कालाचित्रक, कुटकी तथा असन (बीजक) समभाग इन द्रव्यों का क्वाथ कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति पान करे। यह कुष्ठ को दूर करता है ।

कुष्ठे सप्तसमोऽवलेहः—

त्रिफलाव्योषभल्लाततिलाञ्यक्षौद्रशर्कराः ।
वृष्यः सप्तसमो मेध्यः कुष्ठहा कामचारिणः ॥ ८५ ॥

कुष्ठरोग में सप्तसम-अवलेह—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), व्योष (सोठ, पीपर, मरिच), शु० भल्लातक तथा तिल समभाग इन द्रव्यों का चूर्ण बनाकर समभाग घृत, मधु तथा शक्कर मिलाकर चाटे। यह सप्तसम अवलेह अपनी इच्छा के अनुसार काम करनेवालों के लिये बल-वर्द्धक, धारणा शक्ति को बढ़ानेवाला तथा कुष्ठ को नाश करनेवाला है ॥ ८५ ॥

कुष्ठे विडङ्गादिचूर्णम्—

विडङ्गत्रिफलाकृष्णाचूर्णं लीढं ससाक्षिकम् ।
हन्ति कुष्ठं कृमीन् मेहान्नाडीव्रणभगन्दरान् ॥ ८६ ॥

कुष्ठरोग में विडंगादि चूर्ण—वायविडंग, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), तथा पीपर (समभाग) इन द्रव्यों का चूर्ण मधु के साथ मिलाकर चाटने से कुष्ठरोग, कृमिरोग, प्रमेह, नाडीव्रण तथा भगन्दर रोगों को नाश करता है ॥ ८६ ॥

कुष्ठे कतिपययोगाः—

यः खादेदभयारिष्टमरिष्टामलकं तथा ।
स जयेत्सर्वकुष्ठानि मासादूर्ध्वं न संशयः ॥ ८७ ॥

कुष्ठरोग में कुछ योग—जो कुष्ठरोग से पीड़ित व्यक्ति हर्रे तथा नीम की छाल का चूर्ण और नीम की छाल एवं आंवला का चूर्ण खाता है वह एक मास के बाद सभी प्रकार के कुष्ठों को नाश करता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ ८७ ॥

कुष्ठे खदिररसप्रयोगः—

दह्यमानाच्च्युतस्ताम्रे मूलगे खदिराद्रसः ।
साज्यधात्रीरसक्षौद्रो हन्यात्कुष्ठं रसायनम् ॥ ८८ ॥

कुष्ठरोग में खैर के रस का प्रयोग—ताम्र के घड़े में खैर की जड़ को रखकर जलाने से निकले हुए रस को (भूधर यन्त्र के द्वारा निकाला हुआ

रस) घृत, आंवला का रस तथा मधु मिलाकर सेवन करने से कुष्ठरोग को नाश करता है और यह रसायन है ॥ ८८ ॥

पृथुपञ्चनिम्बचूर्णम्—

पुष्पकाले च पुष्पाणि फलकाले फलानि च ।
संगृह्य पिचुमन्दस्य त्वङ्मूलानि दलानि च ॥ ८९ ॥
द्विरंशानि समाहृत्य भागिकानि प्रकल्पयेत् ।
त्र्यूषणं त्रिफला ब्राह्मी श्वदंष्ट्रारुष्करान्विकाः ॥ ९० ॥
विडङ्गसारवाराहीलौहचूर्णामृतासनाः ।
निशाद्वयाबल्गुजकव्याघिघाताः सशर्कराः ॥ ९१ ॥
कुष्ठेन्द्रयवपाठाश्च चूर्णं कृत्वा समाहितः ।
खदिरासननिम्बानां घनक्वाथेन भावितम् ॥ ९२ ॥
सप्तधा पञ्चनिम्बं तु मार्कवस्वरसेन च ।
स्निग्धशुद्धतनुर्धीमान्योजयेत्तु शुभे दिने ॥ ९३ ॥
मधुना तिक्तहविषा खदिरासनवारिणा ।
लेह्यमुष्णाम्भसा वापि कोलवृद्ध्या पलं पिबेत् ॥ ९४ ॥
जीर्णे तु भोजनं कार्यं स्निग्धं लघु हितं च यत् ।
विचर्चिकोदुम्बरपुण्डरीककपालदद्रूकिटिभालसानि ।
शतारुविस्फोटविसर्पपामाः कफप्रकोपं विविधं किलासम् ॥ ९५ ॥
भगन्दरश्लीपदवातरक्तं जहाति नाडीव्रणशीर्णमांसान् ।
सर्वप्रमेहान् प्रदरांश्च सर्वान्दंष्ट्राविषं मूलविषं निहन्ति ॥ ९६ ॥
स्थूलोदरं सिंहकृशोदरं च सुश्लिष्टसन्धित्वमथोपयोगात् ।
समोपयोगादपि ये दशन्ति सर्पादयो यान्ति विनाशमाशु ॥ ९७ ॥
जीवेच्चिरं व्याधिजराविमुक्तः शुभः शरच्चन्द्रसमानकान्तिः ।

पृथुपञ्च-निम्बचूर्ण—नीम के पुष्प के समय पुष्प तथा फल के समय फल को लेकर तथा उसकी छाल, जड़ तथा पत्तों को दो-दो भाग एकत्र करे और सुखा ले । इसके बाद त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), ब्राह्मी, गोखरू, अरुष्क (शु० भल्लातक), चित्रक, वायविडङ्ग, सारिवा, वाराहीकन्द, लौहभस्म, गुडूची, बीजक की छाल, हल्दी, दारुहल्दी, वाकुची, अमलतास, शक्कर, कूठ, इन्द्रयव तथा पाढी—इन द्रव्यों को एक-एक भाग लेकर तथा पूर्वोक्त नीम के पञ्चांग को एकत्र कर चूर्ण करने योग्य द्रव्यों को चूर्णकर खैर, असन (बीजक) तथा नीम के गाढ़े क्वाथ से सात बार भावित करे और पुनः मार्कव (भृङ्गराज) के रस से भावित कर सुखा ले

और चूर्ण बना ले। इसके बाद शुभ दिन एवं शुभ मुहूर्त्त में स्नेहन-स्वेदन आदि पंचकर्म के द्वारा शुद्ध शरीरवाला बुद्धिमान व्यक्ति प्रयोग करे। इस पंच निम्ब-चूर्ण को मधु, [1]तिक्तकघृत, खैर तथा असन (बीजक) का क्वाथ या गरम जल से एक कोल (आधा तो०) की मात्रा से बढ़ाकर एक पल (एक छटांक) तक की मात्रा में चाटकर द्रव पदार्थ गरम जल आदि पान करे और पच जाने पर स्निग्ध, लघु (हल्का) तथा हितकर भोजन करे। यह पञ्चनिम्बकचूर्ण विचर्चिका, उदुम्बरकुष्ठ, पुण्डरीक, कपाल, दद्रु, किटिभ, अलस, शतारु, विस्फोटक, विसर्प, पामा, कफ का प्रकोप, अनेक प्रकार का किलास, भगन्दर, श्लीपद (पीलपांव), वातरक्त, नाडीव्रण तथा शीर्णमांस आदि को दूर करता है और सभी प्रकार के प्रमेहरोग, प्रदररोग, सभी प्रकार के दंष्ट्राविष (दांतवाले जानवरों के दांत से काटने से उत्पन्न विष) तथा मूलविष (विषैले वनस्पति का विष) को नाश करता है। इस पंचनिम्बक चूर्ण के उपयोग से स्थूलोदर (स्थूल उदरवाला), सिंह के सदृश कृशोदर तथा सुदृढ़ सन्धिवाला हो जाता है। अच्छी तरह उपयोग करने वाले को जो सांप आदि विषैले जानवर काटते हैं वे भी मर जाते हैं और इसको सेवन करनेवाला रोग तथा वृद्धावस्था से रहित होकर बहुत दिन तक जीवित रहता है एवं शरत्काल के चन्द्रमा के तरह शुभ कान्ति को प्राप्त करता है।

कुष्ठे खदिरसारादिचूर्णम्—

सपञ्चनिम्बत्रिफलाशताह्वः सलोहचूर्णः सविडङ्गसारः।
सबीजसारः खदिरस्य सारः कुष्ठापहः श्वित्रगदापहश्च ॥ ९८ ॥

कुष्ठरोग में खदिरसारादिचूर्ण—नीम का फूल, फल, मूल, छाल तथा पत्ता, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), सौंफ, लोहभस्म, विडंग का सत्व, बीजक का सार तथा खैर का सार (समभाग) इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण करने योग्य द्रव्यों को चूर्णकर मिला ले और सेवन करे। यह चूर्ण कुष्ठरोग तथा श्वित्ररोग को नाश करता है ॥ ९८ ॥

कुष्ठे निम्बपत्रप्रयोगः—

यो निम्बपत्रशतमत्ति जलेन पिष्टं
पिष्टान्नभुक्समयमेकमृतुत्रयं ना।
कुष्ठानि तस्य विषमाणि चिरोत्थितानि
सिंहोद्धते मृगगणा इव यान्ति नाशम् ॥ ९९ ॥

कुष्ठरोग में निम्बपत्र का प्रयोग—जो पुरुष नीम के एक सौ पत्ते को जल के साथ पीसकर खाता है और तीन ऋतु (छः मास तक) तक एक समय

---

१. गदनिग्रह प्रयोगखण्ड पृ० २७ में देखें।

पिष्टान्न (जव तथा गेहूँ की रोटी) को भक्षण करता है उसके भयंकर चिरकालीन कुष्ठरोग नष्ट हो जाते हैं जैसे सिंह के क्रुद्ध हो जाने से मृगगण (जंगली जानवर) नष्ट हो जाते हैं ॥ ९९ ॥

कुष्ठे तिलवाकुच्योर्योगः—

तिलैः समां वाकुचिकां हिताशी संवत्सरं यो नियमेन खादेत् ।
तस्य प्रणश्येत्प्रबलं हि कुष्ठं मेधादयश्चापि भवन्ति भावाः ॥ १०० ॥

कुष्ठरोग में तिलवाकुचीयोग—जो हितकर भोजन को करनेवाला तिल-चूर्ण के साथ वाकुची के चूर्ण को एक वर्षतक नियमपूर्वक खाता है उसका प्रवल कुष्ठ नष्ट हो जाता है और उसकी मेधा एवं बुद्धि आदि की वृद्धि होती है ॥ १०० ॥

कुष्ठे पथ्यादियोगः—

पथ्यागुडतिलैः पिण्डी कुष्ठं सारुष्करैर्जयेत् ।
गुडारुष्करजन्तुघ्नसोमराजीकृताऽथवा ॥ १०१ ॥

कुष्ठरोग में पथ्यादियोग—हर्रे, गुड़, तिल तथा शु० भल्लातक का चूर्ण, इन द्रव्यों का बनाई गई पीड़ी कुष्ठरोग को जीत लेती है । अथवा गुड़, शु० भल्लातक, वायविडङ्ग तथा सोमराजी (वाकुची) (समभाग) इन द्रव्यों की पीड़ी कुष्ठरोग को जीत लेती है । चूर्ण करने योग्य द्रव्यों को चूर्णकर गुड की चासनी बनाकर पीड़ी बनावे और सेवन करे ॥ १०१ ॥

कुष्ठे हरिद्रादिवटिका—

निशाकणानागरवेल्लतौवरं सवह्नितार्प्यं क्रमशो विवर्धितम् ।
गवाम्बुपीतं वटकीकृतं तथा निहन्ति कुष्ठानि सुदारुणानि ॥ १०२ ॥

कुष्ठरोग में हरिद्रादिवटिका—हल्दी एक भाग, पीपर दो भाग; सोंठ तीन भाग, वेल्ल (वायविडंग) चार भाग, तौवर (चावलमोगरा) पांच भाग, वह्नितार्प्य (शिलाजीत) छः भाग—इन द्रव्यों को पीसकर वटिका बनावे और गोमूत्र के साथ भक्षण करे । यह भयंकर कुष्ठ रोगों को नाश करता है ॥ १०२ ।

कुष्ठे औष्ट्रक्षीरयोगः—

जातक्रिमीणि कुष्ठानि च्युतरोमनखान्यपि ।
अपि वा शीर्णमांसानि क्षीरमौष्ट्रं पिबञ्जयेत् ॥ १०३ ॥

कुष्ठरोग में ऊंटिनी के क्षीर का योग—जिन कुष्ठों में कीड़े पड़ गये हों, बाल तथा नख गिर गये हों या मांस सड़ गये हों ऐसे कुष्ठ रोगों को ऊंटिनी का दूध पान करने से जीत लेता है ॥ १०३ ॥

कुष्ठे खदिरयोगः—

थियासुरन्तं कुष्ठस्य खदिरं कुष्ठपीडितः।
सर्वथैवोपयुञ्जीत स्नानपानाशनादिषु ॥ १०४ ॥

कुष्ठरोग में खदिरयोग—कुष्ठरोग से पीड़ित व्यक्ति कुष्ठरोग को नाश करने के लिए स्नान, पान तथा भोजन आदि में सर्वथा खैर का उपयोग करे अर्थात् खैर के क्वाथ से स्नान, क्वाथ का पान तथा क्वाथ में पकाया हुआ भोजन करे ॥ १०४ ॥

कुष्ठे धात्र्यादिस्वरसः—

रसं हि धात्र्यक्षहरीतकीनां पृथक्पृथग्यन्त्रनिपीडितानाम्।
क्षौद्रान्वितं चैव पिबेत्तु पक्षं पथ्यान्नभुक्कुष्ठनिबर्हणाय ॥ १०५ ॥

कुष्ठरोग में धात्र्यादि स्वरस—आंवला, बहेड़ा तथा हर्रे को अलग २ यन्त्र में कूट कर रस निकाल ले और मधु मिलाकर पन्द्रह दिन तक पान करे और कुष्ठरोग को दूर करने के लिये हितकर अन्न भोजन करे। अर्थात् आंवला आदि के रसों को अलग २ पन्द्रह दिन तक पान करने से कुष्ठरोग दूर हो जाता है ॥ १०५ ॥

कुष्ठे विडङ्गादिवटिका—

विडङ्गभल्लातकवाकुचीनां स्याद् द्वीपिवाराहिहरीतकीनाम्।
सलाङ्गलीकृष्णतिलोपकुल्या गुडेन पिण्डी विनिहन्ति कुष्ठम् ॥

कुष्ठरोग में विडङ्गादि वटिका—वायविडङ्ग, शु० भल्लातक, वाकुची, द्वीपि (चित्रक), वाराहीकन्द, हर्रे, कलिहारी, काला तिल तथा उपकुल्या (पीपर), समभाग—इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर तथा गुड़ सभी चूर्ण के बराबर लेकर चासनी बनावे और चूर्ण मिलाकर पीड़ी बना ले। यह पीड़ी सेवन करने से कुष्ठरोगों को नाश करती है ॥ १०६ ॥

कुष्ठे धात्र्याद्योऽवलेहः—

धात्र्यक्षपथ्याकृमिशत्रुवह्निभल्लातकावल्गुजलोहभृङ्गैः।
भागाभिवृद्धैस्तिलतैलमिश्रैः सर्वाणि कुष्ठानि निहन्ति लेहः ॥१०७॥

कुष्ठरोग में धात्र्याद्यवलेह—आंवला एक भाग, बहेड़ा दो भाग, हर्रे तीन भाग, वायविडङ्ग तीन भाग, चित्रक चार भाग, शु० भल्लातक पांच भाग, अवल्गुज (वाकुची) छः भाग, लौह भस्म सात भाग—इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण करने योग्य द्रव्यों को चूर्ण करले और तिल के तैल में मिलाकर चाटे। यह अवलेह सभी प्रकार के कुष्ठरोगों को नाश करता है ॥ १०७ ॥

कुष्ठे गन्धकयोगः—

पिबति सकटुतैलं गन्धपाषाणचूर्णं
रविकिरणसुतप्तं यामतो यः पलार्धम् ।
त्रिदिनमनु च सक्तुक्षीरभोजी स शीघ्रं
भवति कनकदीप्तः कामरूपो मनुष्यः ॥ १०८ ॥

कुष्ठरोग में गन्धक योग—जो कुष्ठरोग से पीड़ित व्यक्ति शु० गन्धपाषाण (शु० गन्धक) के चूर्ण को कटु तैल में मिलाकर तथा सूर्य के धूप में एक प्रहर तक पकाकर आधा पल (आधा छंटाक) की मात्रा में तीन दिन तक पान करता है तथा सत्तू तथा दूध खाता है वह मनुष्य सोना के समान तेज वाला कमनीय रूप प्राप्त करता है ॥ १०८ ॥

कुष्ठे वाकुच्यादिलेहः—

शशाङ्कलेखा सविडङ्गसारा सपिप्पलीका सहुताशमूला ।
सायोमला सामलका सतैला कुष्ठानि सर्वाणि निहन्ति लीढा ॥

कुष्ठरोग में वाकुच्यादि अवलेह—शशाङ्कलेखा (वाकुची), वायविडङ्ग का चूर्ण, पीपर का चूर्ण, चित्रक-मूल का चूर्ण, मण्डूर भस्म तथा आंवला का चूर्ण समभाग लेकर तैल में मिलाकर चाटने से सभी प्रकार के कुष्ठ रोगों को नाश करता है ॥ १०९ ॥

कुष्ठे षड्लेपयोगाः—

आरग्वधः सैडगजः करञ्जो वासा गुडूची मदनं हरिद्रे ।
श्रयाह्वः सुराह्वः खदिरो धवश्च निम्बो विडङ्गं करवीरकत्वक् ॥११०॥
ग्रन्थिश्च भौर्जो लशुनं शिरीषः सलोमशो गुग्गुलुकृष्णगन्धे ।
फणिज्जको वत्सकसप्तपर्णौ पीलूनि कुष्ठं सुमनःप्रवालाः ॥ १११ ॥
वचा हरेणुस्त्रिवृता निकुम्भा भल्लातकं गैरिकमञ्जनं च ।
मनःशिलाले गृहधूमकुष्ठकासीसरोध्रार्जुनमुस्तसर्जाः ॥ ११२ ॥
इत्यर्धरूपैर्विहिताः षडेते गोपित्तपीताः पुनरेव पिष्टाः ।
सिद्धाः परं सर्षपतैलयुक्ताश्चूर्णप्रदेहा भिषजा प्रयोज्याः ॥ ११३ ॥
कुष्ठानि कृच्छ्राणि नवं किलासं सुरेशलुप्तं किटिभं सदद्रु ।
भगन्दरार्शस्यपचीं सपामां हन्युः प्रयुक्तास्त्वचिरान्नराणाम् ॥

कुष्ठरोग में ६ लेप योग—(१) अमलतास, चकवड़, करञ्ज की छाल, अडूसा, गुडूची, मदनफल, हल्दी तथा दारुहल्दी (२) श्रयाह्व (श्रीवेष्टक), देवदारु, खैर, धाय का फूल, वायविडङ्ग तथा कनेर की छाल, (३) ग्रन्थि, पिपरामूल, भौर्ज (भोजपत्र), लशुन, शिरीष, लोमश (जटामांसी), गुग्गुलु, तथा कृष्णगन्धा (सहिजन)। (५) फणिज्जक (मरुआ), कोरैया की

छाल, छितवन की छाल, पीलु, कूट, चमेली की पत्ती (५) वच, हरेणु, (रेणुका बीज), निशोथ, निकुम्भा (दन्तीमूल), भल्लातक, गेरू तथा रसाञ्जन (६) मनःशिला, हरताल, भोजनालय का धूम, कूट, कासीस, लोध, अर्जुन की छाल, मोथा तथा सर्ज (साखू) की गोंद, इन आधे श्लोकोंमें बताये हुये छः योगों को अलग २ समभाग लेकर सूक्ष्म चूर्ण बना ले। और गाय के पित्त से भावित कर पीस ले। इसके बाद इस चूर्ण को सरसों के तैल में मिलाकर लेप के लिये वैद्य प्रयोग करे। ये छः लेप योग प्रयोग करने से मनुष्यों के कष्टसाध्य कुष्ठरोग, नवीन किलास रोग, सुरेशलुप्त (इन्द्रलुप्त), किटिभ, दद्रु (दाद), भगन्दर, अर्श रोग, अपची तथा पामा (क्षुद्रकुष्ठ, जिसमें स्राव कण्डू तथा दाह युक्त छोटी छोटी फुन्सियां होती हैं) को नाश करते हैं ॥ ११०–११४ ॥

कुष्ठे मनःशिलामयूरपित्तलेपः—

अथवा कुनटीयुक्तं शिखिपित्तप्रलेपनम् ।
शोषं यावद् व्रणं याति, दातव्यं षष्टिकौदनम् ॥ ११५ ॥
तक्रेण भोजनं चास्मै लवणेन विवर्जितम् ।
ततस्तु त्रिफलासिद्धं भोजनार्थे हितं घृतम् ॥ ११६ ॥
शाकार्थं च प्रदातव्यं पटोलं कारवेल्लकम् ।
वार्ताकनिम्बपत्राणि सर्पिःसिद्धानि दापयेत् ॥ ११७ ॥
ससैन्धवानि चान्नानि यानि कुष्ठहराणि च ।

कुष्ठरोग में मनःशिला-मयूरपित्त लेप—पूर्वोक्त ६ लेप के अतिरिक्त कुनटी (मनःशिला) तथा मयूर का पित्त मिलाकर लेप करे। इसके प्रयोग-काल में जब तक व्रण सूखे तब तक साठी के चावल का भात खाय। कुष्ठ का रोगी लवण छोड़कर मट्ठा के साथ भोजन करे। इसके बाद त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) से सिद्ध घृत भोजन में हितकर होता है। शाक के लिये परवल का पत्ती, करैली का पत्ता, वनभंटा तथा नीम की पत्ती को घृत में भूनकर दे। सेन्धा नमक मिलाकर बनाये हुए अन्न कुष्ठरोग को दूर करनेवाले होते हैं।

कुष्ठे आमलकादियोगः—

यः प्रातरामलकनिम्बदलानि लेढि
चूर्णीकृतान्यनुदिनं प्रविमुक्ततन्द्रः ।
शीर्णाङ्घ्रिपाणिरवटीटसमो हि कुष्ठ-
रोगेण कैरपि दिनैः प्रविमुच्यतेऽसौ ॥ ११८ ॥

कुष्ठरोग में आमलकादि योग—जो व्यक्ति आलस्यरहित होकर आंवला का रस तथा नीम की पत्ती का चूर्ण प्रतिदिन प्रातः काल चाटता है, सड़े हुए हाथ-पैरवाला तथा अवटीटसम (नकचिपटा) कुष्ठ का रोगी कुछ दिनों में कुष्ठरोग से मुक्त हो जाता है ॥ ११८ ॥

कुष्ठे लेपयोग्याऽवस्था—

स्थिरकठिनमण्डलानां कुष्ठानां पोटलैर्हितः स्वेदः ।
स्विन्नोत्सन्नं कुष्ठं शस्त्रैर्लिखितं प्रलेपनैर्लिम्पेत् ॥ ११९ ॥

कुष्ठरोग में लेप-योग्य अवस्था—स्थिर तथा कठिन मण्डल कुष्ठों को पोटली से स्वेदन करना हितकर है। स्वेदन करने से उठे हुए कुष्ठव्रण को शस्त्र से छेदन कर लेप लगाये ॥ ११९ ॥

कुष्ठे क्षारयोगः—

येषु न शस्त्रं क्रमते स्पर्शेन्द्रियविनाशनेषु कुष्ठेषु ।
तेषु निपात्यः क्षारो रक्तं दोषं च विस्राव्य ॥ १२० ॥

कुष्ठरोग में क्षार योग—जिन २ स्पर्श-नाश करनेवाले कुष्ठ रोग में शस्त्रोपचार नहीं किया जा सकता हो उस कुष्ठ व्रण में रक्त एवं दोषों को निकालकर क्षार-पातन करे। अर्थात् क्षार कर्म करे ॥ १२० ॥

कुष्ठे क्षारयोगः—

लेपोऽतिकठिनपरुषे सुप्ते कुष्ठे स्थिरे पुराणे च ।
पीतागदस्य कार्यो विषैः समन्त्रोऽगदैश्चानु ॥ १२१ ॥
स्तब्धानि सुप्तिसुप्तान्यस्वेदनकण्डुलानि कुष्ठानि ।
घृष्टानि शुष्कगोमयफेनकशस्त्रैः प्रदेह्यानि ॥ १२२ ॥

कुष्ठरोग में क्षार का योग विष का लेप—अत्यन्त कठिन, रूक्ष, सुप्त, स्थिर एवं पुराने कुष्ठरोग में अगद औषध पान करने के बाद विषवाले औषध से मन्त्र के साथ लेप करे और स्तब्ध (कड़े), सुप्तिसुप्त (स्पर्श-सुन्न), स्वेद-रहित तथा कण्डू युक्त कुष्ठरोगों को सूखे गोबर (कण्डा), समुद्रफेन या शस्त्र से घिसकर लेप लगाये ॥ १२१-१२२ ॥

कुष्ठे विषादिलेपः—

विषधूमव्योषवह्निरजनीसर्षपैः ससिन्धूत्थैः ।
क्षारद्वयगोमूत्रैः प्रसुप्तिकुष्ठापहो लेपः ॥ १२३ ॥

कुष्ठरोग में विषादि लेप—विष वत्सनाभ, भोजनालय का धूम, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चित्रक, हल्दी, सरसो, सेन्धानमक, सज्जीखार तथा यवक्षार, इन द्रव्यों को सूक्ष्म पीसकर गोमूत्र में मिलाकर लेप लगाये। यह लेप प्रसुप्ति कुष्ठ को नाश करता है ॥ १२३ ॥

दद्रुकण्डूवोर्दूर्वादिलेपः—

दूर्वाभयासैन्धवचक्रमर्दकुठेरकाः काञ्जिकतक्रपिष्टाः ।
त्रिभिः प्रलेपैरपि बद्धमूलां दद्रुं च कण्डुं च विनाशयन्ति ॥१२४॥

दद्रु तथा कण्डू में दूर्वादिलेप—दूर्वा, हर्रे, सेन्धानमक, चकवड़ तथा कुठेरक (तुलसी) इन द्रव्यों को काञ्जिक तथा तक्र के साथ पीस कर तीन बार लेप करने से पुराने दाद तथा कण्डू को नाश करते हैं ॥ १२४ ॥

सिध्मकुष्ठे कतिपयलेपयोगाः—

शिखरिरसेन तु पिष्टं मूलकबीजं प्रलेपतः सिध्म ।
क्षारेण कदल्या वा रजनीमिश्रेण नाशयति ॥ १२५ ॥
गन्धपाषाणमिश्रेण यवक्षारेण लेपतः ।
सिध्म नाशमुपैत्याशु कटुतैलयुतेन च ॥ १२६ ॥

सिध्मकुष्ठ में कुछ योग—मूली के बीज को अपामार्ग के रस से पीसकर लेप करने से अथवा हल्दी मिलाकर केला के क्षार का लेप करने से सिध्म रोग नष्ट होता है। गन्धपाषाण (गन्धक) का चूर्ण यवक्षार तथा कटु तैल मिलाकर लेप करने से सिध्मकुष्ठ शीघ्र ही नष्ट होता है ॥। १२५–१२६ ॥

कासमर्दकबीजानि मूलकानां तथैव च ।
गन्धपाषाणमिश्राणि सिध्मानां परमौषधम् ॥ १२७ ॥

कासमर्द (कसौदी) के बीज तथा मूली के बीज का चूर्ण तथा गन्धक का चूर्ण, इन द्रव्यों को मिलाकर लेप करना सिध्म कुष्ठ की उत्तम औषध है ॥ १२७ ॥

कण्डौ आटरूपादिलेपः—

सिंहास्यकोमलदलं सनिशं सुरभीजलेन संपिष्टम् ।
दिवसत्रयेण नियतं क्षपयति कण्डूं प्रलेपनतः ॥ १२८ ॥

कण्डू में आटरूपादि लेप—अडूसा के मुलायम पत्ते तथा हल्दी को गाय के मूत्र के साथ पीसकर तीन दिन तक लेप लगाने से यह निश्चित ही कण्डू को दूर करता है ॥ १२८ ॥

पामादिषु हरिद्राद्युद्वर्तनम्—

निशासुधारग्वधकाकमाचीपत्रैश्च दार्वीप्रपुन्नाटबीजैः ।
तक्रेण पिष्टैः कटुतैलमिश्रैः पामादिपूद्वर्तनमेतदिष्टम् ॥ १२९ ॥

पामा आदि कुष्ठरोग में हरिद्रादि-उद्वर्तन—हल्दी, सेंहुड़, अमलतास, तथा काकमाची (मकोय) के पत्ते, दारुहल्दी तथा प्रपुन्नाट (चकवड़) के बीज इन द्रव्यों को लेकर मट्ठा के साथ पीसकर और सरसों के तैल में मिलाकर

पामा आदि कुष्ठ रोगों में उद्वर्तन (उबटन) करना हितकर है। अर्थात् इसके उद्वर्तन से पामा आदि कुष्ठ नष्ट होते हैं ॥ १२९ ॥

कण्डूवादिषु एडगजाद्युद्वर्तनम्—

एडगजातिलसर्षपकुष्ठं वाकुचिकारजनीद्वयतक्रम् ।
वर्षशतोपचितामपि कण्डूं हन्ति विचर्चिकमण्डलदद्रुम् ॥ १३० ॥

कण्डू-आदि में एडगजादि उद्वर्तन—चकवड़, तिल, सरसो, कूठ, वाकुची, हल्दी तथा दारुहल्दी इन सभी द्रव्यों को मट्ठा के साथ पीसकर उद्वर्तन (उबटन) करने से यह सैकड़ों वर्ष से बढ़े हुए कण्डू, विचर्चिका, मण्डल तथा दद्रु (दाद) को नाश करता है ॥ १३० ॥

कुष्ठे विषादिलेपः—

विषवरुणहरिद्राचित्रकागारधूमं
दहनमरिचदूर्वाः क्षीरमर्कस्नुहीभ्याम् ।
दहति पतति मात्रं कुष्ठजातीरशेषाः
कुलिशमिव सरोषाच्छक्रहस्ताद्विमुक्तम् ॥ १३१ ॥

कुष्ठरोग में विषादिलेप—विष, वरुण, हल्दी, चित्रक, भोजनालय का धूम, दहन (भल्लातक), मरिच तथा दूर्वा, इन द्रव्यों को मदार तथा सेंहुड़ के दूध के साथ पीसकर लेप करने मात्र से यह लेप सभी प्रकार के कुष्ठ के रोगों को जला देता है। जैसे क्रोधपूर्वक इन्द्र के हाथ से छुटा हुआ वज्र बड़े पौधों को जला देता है ॥ १३१ ॥

दद्रौ कतिपयलेपयोगाः—

भागैक एडगजतः पादौ धात्रीफलस्य च ।
शालितन्दुलतः पादो लेपो दद्रुहरः स्मृतः ॥ १३२ ॥

दद्रु में कुछ लेप योग—१—चकवड़ एकभाग, आंवला का फल आधा भाग तथा जड़हन धान का चावल चौथाई भाग लेकर इन द्रव्यों को पीसकर लेप तैयार करे। यह लेप दाद को दूर करनेवाला है ॥ १३२ ॥

शेफालिकादलैर्घृष्टा तद्रसेन प्रलेपिता ।
दद्रुः क्षिप्रमजीर्णोत्था नाशमायात्यसंशयम् ॥ १३३ ॥

२—निर्गुण्डी के पत्तों से घिसकर उसके रस से लेप करने से अजीर्ण (नवीन) दाद शीघ्र ही नष्ट हो जाती है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ १३३ ॥

शुष्कगोमयसंघृष्टामजीर्णप्रभवां बुधः ।
दुग्धिकायास्तु दुग्धेन दद्रुनाशाय लेपयेत् ॥ १३४ ॥

३—बुद्धिमान् वैद्य नवीन दाद को सूखे गोबर (उपला) से घिसकर दुग्धिका (दुधिया) के दूध से दाद को नष्ट करने के लिये लेप करे ॥ १३४ ॥

किटिभादौ मनःशिलादिलेपः—

गोमूत्रवारिसंपिष्टैः शिलाकासीसतुत्थकैः ।
लेपः किटिभवीसर्पकुष्ठनाशाय पूजितः ॥ १३५ ॥

किटिभ-आदि कुष्ठ में मनःशिलादि लेप—मैनशिल, कासीस तथा तुत्थ (तूतिया) इन द्रव्यों को गाय के मूत्र के साथ पीसकर लेप तैयार करे और किटिभ-आदि कुष्ठरोग में लेप करे। यह लेप किटिभ, वीसर्प तथा कुष्ठ को नाश करने के लिये पूजित है, अर्थात् यह लेप पूर्वोक्त रोगों को नाश करता है ॥ १३५ ॥

विचर्चिकायां सर्षपकल्कयोगः—

खण्डे महावृक्षभवे निलीनः स्विन्नः कुकूले पुटपाकयुक्त्या ।
विचर्चिकां सर्षपकल्कपिण्डो निहन्ति लज्जामिव रागवेगः ॥ १३६ ॥

विचर्चिका नामक कुष्ठरोग में सर्षप-कल्कयोग—सरसो के कल्क-पिण्ड को महावृक्ष (सेंहुड़) के टुकड़े के बीच में रखकर कुकूल (भूसे की आग 'भउर') में स्विन्न (पका) कर उसे विचर्चिका कुष्ठ के ऊपर लेप करे। यह लेप विचर्चिका को नाश करता है। जिस तरह प्रेम का वेग (प्रवाह) लज्जा को दूर कर देता है ॥ १३६ ॥

दद्रुकुष्ठे लाक्षादिलेपः—

लाक्षा कुष्ठं सर्षपाः श्रीनिकेतं रात्रिव्योषं चक्रमर्दस्य बीजम् ।
कृत्वैकस्थं तक्रपिष्टः प्रलेपो दद्रूपक्तो मूलकाद्बीजयुक्तः ॥ १३७ ॥

दद्रु कुष्ठ में लाक्षादिलेप—लाख, कूठ, सरसो, श्रीनिकेत (श्रीवेष्टक=गन्धाविरोजा), हल्दी, व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), चकवड़ का बीज तथा मूली का बीज (समभाग) इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर मट्ठा के साथ पीसकर लेप तैयार करे। यह लेप दद्रु कुष्ठ में प्रयोग करे। अर्थात् यह लेप दद्रु को नष्ट करता है ॥ १३७ ॥

कुष्ठे गृहधूमादिलेपः—

गृहधूमपञ्चलवणक्षारद्वयचक्रमर्दशशिरेखा-
व्योषविषवह्निबृहतीरात्रिद्वयकुष्ठकम्पिल्लैः ॥ १३८ ॥
उग्राशिलालसर्षपसूतकसिन्दूरतुत्थकासीसैः ।
गोमूत्रसंप्रपिष्टैः स्नुगर्कपयसाऽन्वितैर्लेपः ॥ १३९ ॥
कुष्ठमपहन्त्यशेषं समुत्थितं मण्डलं समुल्लिखति ।
नाशयति स्तब्धसुप्तिं चिरजमपि सवर्णयेच्छ्वित्रम् ॥ १४० ॥

कुष्ठरोग में गृहधूमादिलेप—भोजनालय का धूम, पञ्चलवण (सेन्धा, सौवर्चल, विड, साँभर तथा सामुद्र नमक), यवक्षार, सज्जीखार, चकवड़ के बीज,

शशिरेखा (बाकुची), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), विष (वत्सनाभ), चित्रक, वृहती (वनभंटा), हल्दी, दारुहल्दी, कूठ, कवीला, वच, मनःशिला, हरताल, सरसो, सूतक (पारा), सिन्दूर (रस सिन्दूर), तूतिया तथा कासीस, इन द्रव्यों को समभाग लेकर, चूर्ण करने योग्य द्रव्यों का चूर्ण कर ले और सबको मिलाकर गाय के मूत्र में पीसकर सेंहुड़ तथा मदार के दूध में मिलाकर लेप तैयार करे। यह लेप लगाने से सभी कुष्ठों को नाश करता है। उत्पन्न मण्डल कुष्ठ को उल्लेखन करता है। स्तब्ध सुप्ति (सुन्नता) को नाश करता है तथा पुराने श्वित्र कुष्ठ को नष्ट कर समान वर्ण बना देता है ॥ १३८–१४० ॥

कुष्ठे निम्बादिप्रलेपः—

निम्बं हरिद्रां सुरसं पटोलं कुष्ठाश्वगन्धे सुरदारु शिग्रुम् ।
ससर्षपं तुम्बरुधान्यवन्यं चण्डां च चूर्णानि समानि कुर्यात् ॥१४१॥
तैस्तक्रपिष्टैः प्रथमं शरीरं तैलाक्तमुद्वर्तयितुं यतेत ।
तेनास्य कण्डूः किटिभाः सपामाः कुष्ठानि शोफाश्च शमं व्रजन्ति ॥

कुष्ठरोग में निम्बादि प्रलेप—नीम, हल्दी, सुरस (वन तुलसी), परवल, कूठ, अश्वगन्धा, देवदारु, सहिजन, सरसो, तुम्बरु, वन धनिया तथा चण्डा (चोरा नामक गन्ध द्रव्य विशेष), (समभाग) इन द्रव्यों को चूर्ण बनावें। और इन पूर्वोक्त द्रव्यों के चूर्ण को तक्र के साथ पीसकर तथा तैल मिलाकर पहले शरीर में उद्वर्तन (उबटन) लगाने के लिये प्रयत्न करे। इस लेप के लगाने से कण्डू, किटिभ, पामा, कुष्ठ तथा शोथ शान्त हो जाते हैं ॥ १४१–१४२ ॥

कुष्ठे मुस्ताद्युद्वर्तनम्—

मुस्ताऽमृतासङ्गकटंकटेरीकासीसकम्पिल्लककुष्ठरोध्राः ।
गन्धोपलः सर्जरसो विडङ्गं मनःशिलाले करवीरकत्वक् ॥ १४३ ॥
तैलाक्तगात्रस्य कृतानि चूर्णान्येतानि दद्यादवचूर्णनार्थम् ।
दद्रूः सकण्डूः किटिभानि पामा विचर्चिका चैव तथैति शान्तिम् ॥

कुष्ठरोग में मुस्ताद्युद्वर्तन—मोथा, अमृतासङ्ग (तूतिया), कटंकटेरी (दारुहल्दी), कासीस, कवीला, कूठ, लोध, गन्धोपल (गन्धपाषाण = गन्धक), सर्जरस (राल), वायविडंग, मनःशिला, आल (हरताल) तथा कनेर की छाल, समभाग इन सभी द्रव्यों को चूर्ण बनाकर शरीर में तैल को लगाकर अवचूर्णन (शरीर के ऊपर चूर्ण को छिड़काव) के लिये प्रयोग करे। अर्थात् शरीर के उपर तैल लगाकर उपर चूर्ण छिड़ककर उबटन लगाये। इस

प्रकार उबटन लगाने से दाद, कण्डू, किटिभ, पामा तथा विचर्चिका आदि कुष्ठ रोग शान्त हो जाते हैं ॥ १४३–१४४ ॥

कुष्ठे तुम्बर्वाद्यमुद्वर्तनम्—

तुम्बरुः सर्षपाः कुष्ठमश्वगन्धाऽथ चित्रकः ।
पटोलपिचुमन्दौ च देवदारुः कुठेरकः ॥ १४५ ॥
सुरसा सैन्धवं रास्ना चोरकः सारिवा वचा ।
हरितालं शिला चैव हरिद्रे द्वे निदिग्धिका ॥ १४६ ॥
एतानि तक्रपिष्टानि कुष्ठेषूद्वर्तनं परम् ।
पामाकिटिभसिध्मानि स्थूलारुष्कं विचर्चिका ॥ १४७ ॥
कपालकुष्ठं दद्रुं च तथा स्याद्विषमं च यत् ।
योगेनानेन शाम्यन्ति कुष्ठानि विविधान्यपि ॥ १४८ ॥

कुष्ठरोग में तुम्बर्वाद्य-उद्वर्तन—तुम्बरु, सरसों, कूठ, अश्वगन्धा, चित्रक, परवल, पिचुमन्द (नीम), देवदारु, कुठेरक (पर्णास या बबई), सुरसा (तुलसी), सेन्धानमक, रासन, चोरक (चारो सुगन्धि द्रव्य विशेष), सारिवा, वचा, हरिताल, मैनशिल, हल्दी, दारुहल्दी तथा भटकटैया इन द्रव्यों को एकत्रकर तक्र (मट्ठा) में पीसकर कुष्ठरोगों में उद्वर्तन करे। इस योग को प्रयोग करने से पामा, किटिभ, सिध्म, स्थूल अरुष्क, विचर्चिका, कपाल-कुष्ठ, दाद तथा अन्य भयंकर तीव्र प्रकार के तथा अनेक प्रकार के कुष्ठरोगों को भी शान्त करता है ॥ १४५–१४८ ॥

कण्डूवादौ हरिद्रादियोगः—

हरिद्राकल्कसंयुक्तं गोमूत्रस्य पलद्वयम् ।
पिबेन्नरः कामचारी कण्डूपामाविनाशनम् ॥ १४९ ॥

कण्डू आदि में हरिद्रादि योग—गाय का मूत्र दो पल (दो छटांक) में हल्दी का कल्क मिलाकर अपनी इच्छा के अनुसार आचरण करता हुआ मनुष्य पान करे। यह हरिद्रादि योग कण्डू तथा पामा को नाश करनेवाला है ॥ १४९ ॥

दद्रौ हरीतकीयोगः—

शोफपाण्ड्वामयहरा गुल्ममेहकफापहा ।
दद्रुपामाहरा चैव पथ्या गोमूत्रसाधिता ॥ १५० ॥

दद्रु में हरीतकी योग—गाय के मूत्र में सिद्ध (पकायी हुई) की हुई हरीतकी, शोथ, पाण्डुरोग, गुल्मरोग, प्रमेहरोग, कफजन्यरोग, दद्रु (दाद) तथा पामा को नाश करनेवाली है ॥ १५० ॥

कण्डौ मांस्यादिगणः—

मांसीचन्दनशम्याककरञ्जारिष्टसर्षपम् ।
यष्टीदार्व्यब्दकुटजं हन्ति कण्डूमयं गणः ॥ १५१ ॥

कण्डूरोग में मांस्यादिगण—जटामांसी, चन्दन, शम्याक (अमलतास), करञ्ज, नीम, सरसो, मुलेठी, दारुहल्दी, अब्द (मोथा) तथा कोरैया, यह मांस्यादि गण है और लेप, उद्वर्तन आदि प्रयोग करने से कण्डु को नाश करता है ॥ १५१ ॥

कुष्ठे वाकुचीयोगः—

घर्मसेवी कटूष्णेन वारिणा वाकुचीं पिबेत् ।
क्षीरभोजी स सप्ताहात्कुष्ठरोगाद्विमुच्यते ॥ १५२ ॥

कुष्ठरोग में वाकुची योग—कुष्ठरोग से पीड़ित व्यक्ति धूप का सेवन करता हुआ [1]कटुकादि गण के द्रव्यों से सिद्ध गरम जल के साथ वाकुची के चूर्ण को पान करे और एक सप्ताह तक केवल गोदुग्ध पान करे। इस प्रकार वाकुची को सेवन करते हुए एक सप्ताह तक दुग्ध-पान करने से कुष्ठरोग से मुक्त हो जाता है ॥ १५२ ॥

कुष्ठे भल्लातकादिप्रलेपः—

भल्लातकट्वीपिसुधार्कमूलं गुञ्जाफलं त्र्यूषणशङ्खचूर्णम् ।
कुष्ठं सतुत्थं लवणानि पञ्च क्षीरद्वयं लाङ्गलिकां च पक्त्वा ॥१५३॥
स्नुगर्कदुग्धे घनमायसस्थं शलाकया तद्विदधीत लेपम् ।
कुष्ठे किलासे तिलकालकेषु मषेषु दुर्नामसु चर्मकीले ॥ १५४ ॥

कुष्ठरोग में भल्लातकादि योग—भल्लातक, ट्वीपि (चित्रक), सेंहुड़, मदार की जड़, गुञ्जाफल (रत्ती-घुंघुची), त्र्यूषण (सोंठ, पीपर, मरिच), शङ्खभस्म, कूठ, तूतिया, पञ्चलवण, (सेन्धा, सौवर्चल, बिड, सौंभर, सामुद्र नमक), क्षीरद्वय (बकरी तथा ऊंटनी का दूध) और कलिहारी—इन सभी द्रव्यों को (समभाग) लेकर सेहुंड तथा मदार के दूध में पकाकर गाढ़ा हो जाने पर लोहे के पात्र में रख दें और उसको कुष्ठरोग, किलासरोग, तिलकालक (तिल = वातपित्त-कफ के उद्रेक से त्वचा पर काले तिल के प्रमाण सम या अनुन्नत चिह्नवाला एक क्षुद्ररोग), अर्मरोग के मस्से तथा चर्मकील के ऊपर में लोहे की शलाका (पतली एवं चिकनी लकड़ी के आकार का छड़) से लेप करे। अर्थात् यह लेप उपरोक्त रोगों को नष्ट करता है ॥ १५३–१५४ ॥

---

१. च० चि० ८ में देखें।

कुष्ठे हरीतक्यादिलेपः—

हरीतकीसैन्धवसोमराजीविडङ्गसिद्धार्थकरञ्जबीजैः ।
करोति गोमूत्रयुतैः प्रपिष्टैः कुष्ठप्रणाशं विहितः प्रलेपः ॥ १५५ ॥

कुष्ठरोग में हरीतक्यादि लेप—हरीतकी, सेन्धानमक, बाकुची, वायविडंग, सफेद सरसो तथा करञ्ज का बीज (समभाग)—इन द्रव्यों को गाय के मूत्र के साथ पीसकर लेप करे। यह कुष्ठरोगों को नाश करनेवाला लेप कहा गया गया है ॥ १५५ ॥

रकसे गोमूत्रादिलेपः—

आरण्यगोमयनिघृष्टमतिप्रलिप्तं
गोमूत्रतक्रलवणैः कथितैः प्रयत्नात् ।
नाशं प्रयाति रकसं चिरसंप्ररूढ-
मप्याशु पापमिव संस्मरणेन शम्भोः ॥ १५६ ॥

रकस कुष्ठ में गोमूत्रादि लेप—गाय का मूत्र, तक्र तथा सेन्धानमक—इन द्रव्यों के साथ जंगली गोबर को पकाकर अच्छी तरह शरीर के ऊपर घर्षण-लेप करने से पुराना रकसनामक कुष्ठ शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। जैसे शंकरजी को स्मरण करने से पाप नष्ट हो जाता है ॥ १५६ ॥

कुष्ठे गुञ्जादियोगः—

अपगततुषगुञ्जाचूर्णहैयङ्गवीन-
प्रमृदितमुपशान्ति कुष्ठिनो याति कुष्ठम् ।
यदि तु भवति लिप्तं सर्वतस्ताम्रपात्रे
गृहितमथितकिट्टैस्तन्न भूयो भवेत्तु ॥ १५७ ॥

कुष्ठरोग में गुञ्जादियोग—गुञ्जा (घुंघुची) का (छिलका) निकालकर चूर्ण बनावे और हैयङ्गवीन (मक्खन) में मिलाकर लेप तैयार कर ले। यह लेप लगाने से कुष्ठ के रोगी का कुष्ठ शान्त हो जाता है। यदि इस लेप को तथा मण्डूर मिलाकर ताम्र के पात्र में चारो तरफ लेप कर दें और इसमें से निकालकर कुष्ठरोग पर लगायें तो इस लेप के लगाने से कुष्ठरोग पुनः नहीं होता है ॥ १५७ ॥

रकसादौ हरितालादिलेपः—

गोमूत्रपिष्टैर्हरितालदूर्वासिन्धूद्भवैर्लेपितमादरेण ।
प्रयाति नाशं रकसं नराणां दद्रुश्च याश्चिरसंप्ररूढा ॥ १५८ ॥

रकस आदि कुष्ठरोग में हरितालादियोग—हरिताल, दूर्वा तथा सेन्धानमक—इन द्रव्यों को गोमूत्र के साथ पीसकर अच्छी तरह लेप करने से

मनुष्यों का रकस कुष्ठ नष्ट हो जाता है और बहुत दिनों से उत्पन्न दृढ़ जड़-वाला दादरोग भी दूर हो जाता है ॥ १५८ ॥

दद्रौ शृङ्गवेरादिलेपः—

शृङ्गवेरं विडङ्गानि कुष्ठं तगरमेव च ।
परिपिष्टानि मूत्रेण दद्रुघ्नानि प्रलेपनात् ॥ १५९ ॥

दद्रुयोग में शृङ्गवेरादि लेप—सोंठ, वायविडङ्ग, कूठ तथा तगर (समभाग)—इन द्रव्यों को गोमूत्र के साथ पीसकर लेप करने से दद्रु (दाद) रोग नष्ट हो जाता है ॥ १५९ ॥

श्वित्रे सुदर्शनामूलयोगः—

सौदर्शनीं शिफां पिष्ट्वा लेपं कुर्यात्सजीरकाम् ।
काञ्जिकेन जयेद्दद्रुं श्वित्रघ्नी कांस्यसंस्थिता ॥ १६० ॥

श्वित्र रोग में सुदर्शना मूल योग—सुदर्शन की जड़ तथा स्याहजीरा को काञ्जी के साथ पीसकर और कांसा के पात्र में रखकर लेप करने से दाद तथा श्वित्ररोग नष्ट होता है ॥ १६० ॥

किटिभे चक्रमर्दादिलेपः—

चक्राह्वबीजं स्नुक्क्षीरभावितं मूत्रसंयुतम् ।
रवितप्तं सकिण्वं च लेपनं किटिभापहम् ॥ १६१ ॥

किटिभ कुष्ठ में चर्महर योग—चकवड़ की बीज को सेहुड़ के दूध से भावित कर और गाय का मूत्र तथा किण्व (मदिरा का बीज 'चावल आदि को औंटाकर बनाया हुआ') मिलाकर तथा सूर्य के धूप में पकाकर लेप करने से यह योग किटिभ नामक कुष्ठ को नष्ट करता है ॥ १६१ ॥

कच्छ्वादौ अवल्गुजादियोगः—

अवल्गुजं कासमर्दं चक्रमर्दं निशायुगम् ।
माणिमन्थेन तुल्यांशं मस्तुकाञ्जिकपेषितम् ॥ १६२ ॥
कच्छूं कण्डूं जयत्युग्रां सिद्ध एव प्रयोगराट् ।

कच्छु आदि कुष्ठरोग में अवल्गुजादि योग—वाकुची, कासमर्द (कसौंदी), चक्रवड़, हल्दी, दारुहल्दी तथा माणिमन्थ (सेन्धानमक) समभाग—इन द्रव्यों को मस्तु (दही का तोड़) तथा काञ्जिक में पीसकर लेप करें। यह योगों का राजा सिद्ध योग तीव्र कच्छू तथा कण्डू रोग को जीत लेता है। अर्थात् इन रोगों को नाश करता है ।

पादस्फुटनचर्मदलयोः कतिपययोगाः—

शुक्तिकाभस्म सिन्धूत्थं सर्पिः सर्जरसं पयः ॥ १६३ ॥
पादस्फुटनहा लेपस्तिक्तालाबुव्यवस्थितः ।

पादस्फुटन तथा चर्मदल कुष्ठरोग में कुछ योग—१—शुक्तिभस्म, सेन्धानमक, घृत, राल तथा सेंहुड़ का दूध इन सबको एक कर लेप बनावे और कड़वी लौकी के तुम्बी (खपड़ोहया) में रखकर लेप लगावे। यह पादस्फुटन कुष्ठ को नाश करता है।

सक्षीरं तु स्नुहीकाण्डं बिडसौवर्चलान्वितम्॥ १६४॥
त्रिदिनं कटुतुम्बीस्थं पादलेपं प्रकल्पयेत्।
अनेन स्फुटितौ पादौ भवेज्जिह्वोपमौ नृणाम्॥ १६५॥

२—सेंहुड़ का दूध एवं सेंहुड़ का टुकड़ा, बिडनमक तथा सौवर्चल नमक, इन सभी द्रव्यों को एकत्र कर एवं पीसकर लेप तैयार करे और कड़वी तुम्बी में तीन दिन तक रखकर पादस्फुटन में लेप का प्रयोग करे। इन दोनों लेपों को लगाने से फटे हुए दोनों पैर मनुष्यों के जिह्वा के समान हो जाते हैं॥ १६४-१६५॥

सर्जसिक्थकसिन्धूत्थघृतगुग्गुलुगैरिकैः।
गुडक्षौद्रयुतैर्लेपः पादस्फुटननाशनः॥ १६६॥

३—सर्ज (राल), सिक्थक (मोम), सेन्धानमक, घृत, गुग्गुलु, गेरू, गुड़ तथा मधु (समभाग) इन द्रव्यों का लेप पादस्फुटन को नाश करता है॥१६६॥

वचया श्वेतया याति नाशं चर्मदलं नृणाम्।
लेपेनेन्द्रयवैर्धात्रीफलैर्गोमूत्रपेषितः॥ १६७॥

४—श्वेतवच, इन्द्रयव, आंवला—इन द्रव्यों को गोमूत्र में पीसकर लेप करने से चर्मदल कुष्ठ नष्ट होता है॥ १६७॥

सलिलेन तु शुष्काणि घृष्ट्वा धात्रीफलानि च।
कराभ्यां सुखमाप्नोति नरश्चर्मदलार्दितः॥ १६८॥

५—सूखे आंवला के फलों को जल के साथ दोनों हाथों से घिस कर चर्मदल कुष्ठ से पीड़ित व्यक्ति सुख को प्राप्त करता है अर्थात् हाथों से घिसकर लगाने से चर्मदल नष्ट होता है॥ १६८॥

पलं पलं समादाय सर्जनिर्याससर्पिषोः।
तयोस्तुल्यं गुडं दत्त्वा सम्यग्दृषदि पेषयेत्॥ १६९॥
अर्कदुग्धपलार्धं तु क्षिप्त्वा लेपं प्रकल्पयेत्।
तेनैवालेपितौ पादौ स्यातामब्जदलोपमौ॥ १७०॥

६—सर्जनिर्यास (राल) एक पल तथा सरसो एक पल, (एक छटांक) लेकर दोनों द्रव्यों के बराबर गुड मिलाकर पत्थर पर पीसे और मदार का दूध आधा पल (आधा छटांक) मिलाकर लेप लगाने से दोनों पैर खिले हुए कमल-पुष्प-दल के समान चिकने हो जाते हैं। अर्थात् पादस्फुटन कुष्ठ नष्ट हो जाता है॥ १६९-१७०॥

आविकक्षीरसंसिद्धैः फलैर्गोमूत्रपेषितैः।
तिक्तदुम्बीभवैः सम्यग्लेपः पादरुजापहः ॥ १७१ ॥

७—मदनफल भेड़ के दूध में पकाकर, गाय के मूत्र में पीसकर और कड़वी तुम्बी में रखकर लेप लगाने से पैर के रोग (पीडा) को नाश करता है ॥१७१॥

एरण्डतैलसिन्धूत्थशतपुष्पान्वितेन तु।
मदनस्य फलैः शुद्धैर्मिश्रितेन प्रयत्नतः ॥ १७२ ॥
नवनीतेन चरणौ माहिषेण पुनः पुनः।
लेपितौ च ध्रुवं स्यातां विकचाब्जदलोपमौ ॥ १७३ ॥

८—सेन्धानमक, सौंफ तथा शुद्ध मदनफल, एरण्ड तल के साथ पत्थर पर पीसकर और भैंस के मक्खन में मिलाकर वार-वार पैरों में लेप करने से दोनों पैर निश्चय ही खिले हुए कमल-पुष्प के समान सुन्दर एवं चिकने हो जाते हैं ॥ १७२–१७३ ॥

कुष्ठे चतुरङ्गुलपर्णादिलेपः—

पर्णानि पिष्ट्वा चतुरङ्गुलस्य तक्रेण पर्णान्यथ काकमाच्याः।
तैलाक्तगात्रस्य नरस्य कुष्ठान्युद्वर्तयेदश्वरिपुच्छदैश्च ॥ १७४ ॥

कुष्ठरोग में चतुरङ्गुलपर्णादि लेप—अमलतास के पत्तों को, मकोय के पत्तों को या अश्वमार (कनेर) के पत्तों को तक्र (मट्ठा) के साथ पीसकर तैल-लिप्त शरीरवाले व्यक्ति के कुष्ठों को उद्वर्तन (लेप) करे। अर्थात् इन द्रव्यों के पत्तों का लेप करने से कुष्ठ रोग नष्ट होता है ॥ १७४ ॥

कुष्ठे एडगजादिलेपः—

एडगजकुष्ठसैन्धवतक्रेण सौवीरकसर्षपैः कृमिघ्नैश्च।
कृमिसिध्मदद्रुमण्डलकुष्ठानां नाशनो लेपः ॥ १७५ ॥

कुष्ठरोग में एडगजादि लेप—एडगज (चकवड़), कूठ, सेन्धानमक, सौवीरक (वैर) तथा वायविडङ्ग (समभाग) इन द्रव्यों को मट्ठा के साथ पीसकर बनाया हुआ लेप लगाने से कृमि, सिध्म, दद्रु (दाद) तथा मण्डल कुष्ठों को नाश करता है ॥ १७५ ॥

कुष्ठे आरग्वधपत्रलेपः—

आरग्वधस्य पत्राणि चारनालेन लेपयेत्।
दद्रुकिटिभकुष्ठानि हन्ति सिध्मानमेव च ॥ १७६ ॥

कुष्ठरोग में आरग्वधपत्र लेप—अमलतास के पत्तों को आरनाल (काञ्जी) के साथ पीसकर लेप लगाये। यह लेप दाद, किटिभ कुष्ठ तथा सिध्म कुष्ठ को नाश करता है ॥ १७६ ॥

कण्डुकुष्ठे स्थौणेयकादिलेपः—

स्थौणेयकनिशादूर्वाः स्वल्पतालाः प्रलेपतः।
धत्तूररसपिष्टाश्च कण्डूकुष्ठविनाशनाः॥ १७७॥

कण्डू कुष्ठ में स्थौणेयकादि लेप—स्थौणेयक (कुकुरौंधा या गठिवन), हल्दी, दूर्वा तथा थोड़ा हरताल ये द्रव्य धतूरा के रस में पीसकर लेप लगाने से कण्डू तथा कुष्ठ को नाश करते हैं॥ १७७॥

कुष्ठे कासमर्दमूललेपः—

कासमर्दकजं मूलं सौवीरेण तु पेषितम्।
दद्रुकिटिभकुष्ठानि जयेदेतत्प्रलेपनात्॥ १७८॥

कुष्ठरोग में कासमर्दमूल लेप—कासमर्द (कसौंदी) की जड़ को काञ्जी में पीसकर लेप करने से यह लेप दद्रु तथा किटिभ कुष्ठ को जीत लेता है॥ १७८॥

कुष्ठे मूलकबीजादिलेपः—

बीजानि वा मूलकसर्षपाणां लाक्षारजन्यौ प्रपुन्नाटबीजम्।
श्रीवेष्टकं व्योषविडङ्गकुष्ठं पिष्ट्वा च मूत्रेण तु लेपनं स्यात्॥ १७९॥
दद्रूणि सिध्माः किटिभानि पामां
कपालकुष्ठं विषमं च हन्यात्।

कुष्ठरोग में मूलकबीजादि लेप—मूली तथा सरसो का बीज, लाख, हल्दी, दारुहल्दी, प्रपुन्नाट (चकवड़) का बीज, श्रीवेष्टक (गन्धाविरोजा), व्योष (सोंठ, पीपर, मरिच), वायविडङ्ग, तथा कूठ—इन द्रव्यों को समभाग लेकर गोमूत्र के साथ पीसकर लेप लगाये। यह लेप दद्रु, सिध्म कुष्ठ, किटिभ कुष्ठ, पामा तथा तीव्र कपाल कुष्ठ को नाश करता है।

दद्रुकुष्ठे विडङ्गादिलेपः—

विडङ्गैडगजाकुष्ठनिशासिन्धूत्थसर्षपैः।
धान्याम्लपिष्टैर्लेपोऽयं दद्रुकुष्ठविनाशनः॥ १८०॥

दद्रु कुष्ठ में विडङ्गादि लेप—विडङ्ग, एडगज (चकवड़), कूठ, हल्दी, सेन्धानमक, सरसो, धनिया तथा अम्लवेत—इन द्रव्यों का लेप दद्रु कुष्ठ को नाश करनेवाला है॥ १८०॥

सिध्मकुष्ठे धात्रीरसाद्युद्वर्तनम्—

धात्रीरसः सर्जरसः सपाक्यः सौवीरपिष्टश्च तदासुतश्च।
भवन्ति सिध्मानि यथा न भूयस्तथैनमुद्वर्तनकं प्रकुर्यात्॥ १८१॥

सिध्म कुष्ठ में धात्रीरसाद्युद्वर्तन—आंवला का रस, सर्जरस (राल), बिड (खारा), नमक—इन द्रव्यों को काञ्जी के साथ पीसकर तथा आसुत

क्रिया करने के बाद अर्थात् एक सप्ताह खाने के बाद इस प्रकार (उबटन लगावे) उद्वर्तन करे कि जिससे पुनः सिध्म कुष्ठ उत्पन्न न हो ॥ १८१ ॥

सिध्मकुष्ठे कार्पासपत्रादिलेपः—

कार्पासिकापत्रविमिश्रकाकजङ्घाकृतो मूलकबीजयुक्तः ।
तक्रेण लेपः क्षितिपुत्रवारे सिध्मानि सद्यो नयति प्रणाशम् ॥ १८२ ॥

सिध्म कुष्ठ में कार्पासपत्रादि लेप—कपास का पत्ता, काकजङ्घा (कौआ-ढेंगा) तथा मूली का बीज समभाग—इन द्रव्यों को मट्ठा के साथ पीसकर मङ्गल के दिन लेप करे। यह लेप शीघ्र ही सिध्म कुष्ठ को नाश करता है ॥ १८२ ॥

सिध्मकुष्ठे मूलकबीजादिलेपः—

पिष्टैर्मूलकबीजैः प्रत्यक्पुष्पीरसान्वितैर्लेपः ।
सिध्मानि हरति यदि वा रम्भाक्षारेण निशया च ॥ १८३ ॥

सिध्म कुष्ठ में मूलकबीजादि लेप—मूली के बीज को अपामार्ग के रस के साथ पीसकर लेप लगाने से सिध्म कुष्ठ को दूर करता है अथवा केला का क्षार तथा हल्दी अपामार्ग के रस के साथ पीसकर लेप करने से सिध्म को दूर करता है ॥ १८३ ॥

कुष्ठे लघुविषगर्भतैलम्—

मरिचालशिलाब्दार्कपयोश्वारिजटात्रिवृ- ।
च्छकृद्रसविशालारुङ्निशायुग्दारुचन्दनैः ॥ १८४ ॥
कटुतैलात्पचेत् प्रस्थं द्व्यक्षैर्विषपलान्वितैः ।
सगोमूत्रं तदभ्यङ्गाद्दद्रुश्वित्रविनाशनम् ॥ १८५ ॥
सर्वेष्वपि च कुष्ठेषु तैलमेतत्प्रशस्यते ।

कुष्ठरोग में लघु विषगर्भ तैल—मरिच, हरताल, मैनशिल, अब्द (मोथा), मदार का दूध, अश्वादि (कनेर) की जड़, निशोथ, गाय के गोबर का रस, इन्द्रवारुणी, रुक् (कूठ), हल्दी, दारुहल्दी तथा सफेद चन्दन, दो दो अक्ष (दो दो तोला) और विष (वत्सनाभ) एक पल (एक छटांक) इन द्रव्यों के कल्क के साथ सरसों का तैल एक प्रस्थ (एक सेर) तैल के चौगुना गोमूत्र में मिलाकर पकावे। सिद्ध हो जाने पर उतार एवं छानकर शीशी में रख ले। यह तैल अभ्यङ्ग (मर्दन) करने से दाद तथा श्वित्र को नाश करता है। यह तैल सभी प्रकार के कुष्ठरोगों में प्रशस्त (हितकर) है।

कुष्ठे बृहन्मरिचाद्यं विषगर्भतैलम्—

मरिचं त्रिवृता दन्ती क्षीरमार्क शकृद्रसः ॥ १८६ ॥
देवदारु हरिद्रे द्वे मांसी कुष्ठं सचन्दनम् ।

कुष्ट-आदि रोग में विष तैल—नक्तमाल (करञ्ज), हल्दी, दारुहल्दी, मदार तथा सेंहुड़ का दूध, कनेर, वच, कूठ, आरफोटा (सारिवा), रक्त-चन्दन, मालती, छितवन, मञ्जीठ तथा सिन्दुवार (निर्गुण्डी) आधा-आधा पल और विष एक पल (एक छटांक) इन द्रव्यों के कल्क को तैल एक प्रस्थ (एक सेर) एवं तैल के चौगुना गोमूत्र चार सेर में मिलाकर तैल पकावे। यह विष नामक तैल विस्फोट, किटिभ, कीट, लूता, विचर्चिका, कण्डू, कच्छू विकार तथा विष-दूषित व्रणों को नाश करता है और सभी प्रकार के व्रणों को शोधन करनेवाला है ॥ १९८–२०१ ॥

कुष्ठे श्वेतकरवीराद्यं तैलम्—

श्वेतकरवीरकरसो गोमूत्रं चित्रको विडङ्गं च ।
कुष्ठे तु तैलयोगः सिद्धोऽयं संमतो भिषजाम् ॥ २०२ ॥

कुष्ठरोग में श्वेतकरवीराद्य तैल—सफेद कनेर का रस, गाय का मूत्र, चित्रक, वायविडङ्ग तथा तैल—इन सबको मिलाकर तैल सिद्ध करे। यह सिद्ध तैल कुष्ठरोग में वैद्यों का सम्मत है। (तैल एक सेर, कनेर का रस एक सेर, गोमूत्र चार सेर वायविडङ्ग तथा चित्रक का कल्क एक पाव लेकर तैल सिद्ध करना चाहिये) ॥ २०२ ॥

सर्वकुष्ठे सिन्दूराद्यं तैलम्—

सिन्दूरं चन्दनं मांसी विडङ्गं रजनीद्वयम् ।
प्रियङ्गुं पद्मकं कुष्ठं मञ्जिष्ठां खदिरं वचाम् ॥ २०३ ॥
जात्यर्कत्रिवृतानिम्बकरञ्जं विषमेव च ।
कृष्णचित्रकरोध्रं च प्रपुन्नाटं च संहरेत् ॥ २०४ ॥
जलपिष्टानि सर्वाणि योजयेत्तैलमात्रया ।
अभ्यङ्गं च प्रयुञ्जीत सर्वकुष्ठविनाशनम् ॥ २०५ ॥
पामाविचर्चिकाकण्डूविसर्पादिहितं मतम् ।
रक्तपित्ताश्रितान् हन्ति रोगानेवंविधान् बहून् ॥ २०६ ॥

सभी प्रकार के कुष्ठरोग में सिन्दूराद्य तैल—सिन्दूर, सफेद चन्दन, जटामांसी, वायविडङ्ग, हल्दी, दारुहल्दी, प्रियङ्गु (मालकांगनी), पद्मकाठ, कूठ, मञ्जीठ, खैर, वच, जाती (चमेली) का पुष्प, मदार की जड़, निशोथ, नीम, करञ्ज, विष (वत्सनाभ), कालाचित्रक, लोध तथा प्रपुन्नाट (चकवड़) समभाग—इन द्रव्यों को जल में पीसकर कल्क बनावे और इस कल्क को तैल के चौथाई लेकर तैल के चौगुना जल में मिलाकर तैल पकावे। इस तैल से अभ्यङ्ग (मर्दन) करे। यह तैल सभी प्रकार के कुष्ठरोगों को नाश करने-

वाला है तथा पामा, विचर्चिका, कण्डू तथा विसर्प आदि में हितकर माना गया है। इसी प्रकार अनेक प्रकार के बहुत से रक्त-पित्तजन्य रोगों को नाश करता है। (तैल एक सेर, कल्क द्रव्य एक पाव तथा जल चार सेर लेकर तैल पकाना चाहिए) ॥ २०३-२०६ ॥

सर्वकुष्ठे द्वितीयं सिन्दूराद्यं तैलम्—

सिन्दूरगुग्गुलुरसाञ्जनसिक्थतुत्थैः
कल्कीकृतैश्च कटुतैलमिदं विपक्वम्।
कच्छूस्रवत्पिटकिकामथवापि शुष्का-
मभ्यञ्जनेन सकृदुद्धरति प्रसह्य ॥ २०७ ॥

सभी प्रकार के कुष्ठरोग में दूसरा सिन्दूराद्य तैल—सिन्दूर, गुग्गुलु, रसाञ्जन, मोम तथा तूतिया, समभाग इन द्रव्यों को कल्क बनाकर सरसो का तैल पकावे। यह तैल कच्छू तथा स्रावयुक्त पिड़िका या सूखी पिड़िका को एक ही बार अभ्यंग करने से हठपूर्वक नाश करता है। (सरसो का तैल एक-सेर, कल्क एकपाव, जल चार सेर) ॥ २०७ ॥

पामायां तृतीयं सिन्दूराद्यं तैलम्—

सिन्दूरतुत्थमदनाञ्जनगुग्गुलूनां
चूर्णेन मध्यनिहितेन समं विपक्वम्।
सिद्धार्थकप्रभवमाशु निहन्ति तैल-
मभ्यञ्जनेन बहुशो विहितेन पामाम् ॥ २०८ ॥

पामा कुष्ठ में तृतीय सिन्दूराद्य तैल—सिन्दूर, तूतिया, मदनफल, रसाञ्जन तथा गुग्गुलु इन द्रव्यों के चूर्ण को मिलाकर सरसो का तैल पकावे। यह तैल अनेक वार अभ्यंग करने से शीघ्र ही पामा को नष्ट करता है। (तैल सिद्ध करने के लिये तैल-निर्माण विधि के अनुसार सरसो का तैल एकसेर, कल्क द्रव्य एक पाव तथा जल चार सेर ग्रहण करे ॥) २०८ ॥

पामायां सिन्दूराद्यो लेपः—

सिन्दूरमरिचक्षोदयुक्तेनाभ्यङ्गयोगतः ।
माहिषेणाचिरात्पामा नवीनीतेन नश्यति ॥ २०९ ॥

पामाकुष्ठ में सिन्दूराद्यलेप—सिन्दूर तथा मरिच का चूर्ण भैंस के मक्खन में मिलाकर लेप करने से पामाकुष्ठ शीघ्र ही नष्ट हो जाता है ॥ २०९ ॥

पामायां चतुर्थं सिन्दूराद्यं तैलम्—

सिन्दूरार्धपलं पिष्ट्वा जीरकस्य पलं तथा।
कटुतैलं पचेदाभ्यां सद्यः पामाहरं परम् ॥ २१० ॥

पामाकुष्ठ में चतुर्थ सिन्दूराद्य तैल—सिन्दूर आधा पल तथा जीरा एक

पल इन दोनों द्रव्यों के कल्क से सरसों का तैल (डेढ़ पाव) पकावे। यह तैल पामाकुष्ठ को अच्छी तरह दूर करता है ॥ २१० ॥

कुष्ठे तृणकटुतैलम्—

मञ्जिष्ठारुङ्निशाचक्रमर्दारग्वधपल्लवैः ।
तृणकस्वरसे सिद्धं तैलं कुष्ठहरं कटु ॥ २११ ॥

कुष्ठरोग में तृणकटु तैल—मंजीठ, रुक् (कूठ), हल्दी, चकवड़ तथा आरग्वध का पल्लव (समभाग) इन द्रव्यों के कल्क के साथ तृणक (कत्तृण सुगन्धित तृण विशेष) के रस में सरसो का तैल सिद्ध करे। यह तैल कुष्ठरोग को दूर करता है। (तैल एक सेर, कल्क द्रव्य एक पाव तथा तृणक का स्वरस चार सेर ग्रहण करे) ॥ २११ ॥

सिध्मकुष्ठे ज्योतिष्मतीतैलम्—

मयूरकक्षारजले सप्तकृत्वः परिस्रुते ।
सिद्धं ज्योतिष्मतीतैलमभ्यङ्गात्सिध्मनाशनम् ॥ २१२ ॥

सिध्मकुष्ठ में ज्योतिष्मती तैल—अपामार्ग के क्षार को जल में घोलकर सात बार छानले और उस जल में ज्योतिष्मती (मालकांगनी) का तैल सिद्ध करे। यह सिद्ध तैल सिध्मकुष्ठ का नाश करता है ॥ २१२ ॥

सिध्मकुष्ठे कुष्ठाद्यं तैलम्—

कुष्ठं मूलकबीजं प्रियङ्गवः सर्षपास्तथा रजनी ।
एतैः केसरषष्ठैर्निहन्ति बहुवार्षिकं सिध्म ॥ २१३ ॥

सिध्मकुष्ठ में कुष्ठाद्य तैल—कूठ, मूली का बीज, प्रियङ्गु, सरसों तथा हल्दी एवं नागकेशर (समभाग) इन छ द्रव्यों से सिद्ध सरसो का तैल बहुवार्षिक (बहुत दिनों का पुराना) सिध्म कुष्ठ को नाश करता है ॥२१३॥

कुष्ठे पञ्चनिम्बकं चूर्णम्—

खदिरोदकसंमिश्रं पञ्चाङ्गं निम्बचूर्णकम् ।
सेवेत्कुष्ठविनाशाय ब्रह्मचर्येण संयुतः ॥ २१४ ॥

कुष्ठरोग में पञ्चांग (पुष्प, फल, छाल, मूल तथा पत्ता) को लेकर चूर्ण बनावे और खैर के क्वाथ से भावित कर सुखा ले तथा पुनः पीस ले। इस पञ्चनिम्बक चूर्ण को खैर के क्वाथ के साथ ब्रह्मचर्यपूर्वक कुष्ठरोग को नाश करने के लिये पान करे ॥ २१४ ॥

कुष्ठे भल्लातकाद्यं चूर्णम्—

भल्लातको मार्कवशङ्खपुष्पीब्राह्मीवचावाकुचिकाविडङ्गम् ।
फलत्रयं पिप्पलिका च चव्यं कुष्ठानि चूर्णं सघृतं निहन्ति ॥ २१५ ॥

कुष्ठरोग में भल्लातकाद्यचूर्ण—शु० भल्लातक, मार्कव (भांगरा), शङ्खपुष्पी, ब्राह्मी, वच, वाकुची, वायविडङ्ग, फलत्रय (हर्रे, बहेड़ा, आँवला), पीपर तथा चव्य (समभाग) इन द्रव्यों का चूर्ण घृत के साथ सेवन करने से कुष्ठरोगों को नाश करता है ॥ २१५ ॥

कुष्ठे पशुपतिचूर्णम्—

सुरतरुकृतमालव्यालदार्वीकराल-
स्तपनफलमृणालोद्ध्वाङ्गगौरीविशालः ।
समधृतशशिरेखः सेव्यमानः सुभक्तैः
पशुपतिरिव योगः सर्वकुष्ठानि हन्ति ॥ २१६ ॥

कुष्ठरोग में पशुपति चूर्ण—देवदारु, अमलतास, व्याल (चित्रक), दार्वी (दारुहल्दी), कराल (शालूक), कुठेरक (वन तुलसी), तपनफल (मदार), मृणाल (कमल का डण्ठल), ऊर्ध्वाङ्ग (गुडूची), गौरी (हल्दी), विशाला (इन्द्रायण) तथा शशिरेखा (वाकुची) समभाग—इन द्रव्यों को लेकर चूर्ण बनाये और इसको (छः मासा की मात्रा में) अच्छे भात के साथ तथा नियमपूर्वक भक्षण करे। यह योग पशुपति-नामक चूर्ण सभी प्रकार के कुष्ठ रोगों को नाश करता है। जैसे कल्पवृक्ष के पुष्प की माला को पहने हुए, गले में साँप को लपेटने से भयंकर, सूर्य ताप को शमन करनेवाली गंगा को शिर पर धारण हुए, तथा पार्श्व में स्थित पार्वती से सुशोभित, चन्द्रमा को ललाट प्रदेश में धारण किये हुए एवं अच्छे भक्तजनों से सेवित पशुपति (शंकर) कष्ट के समूहों को नाश करते हैं वैसे ही यह पूर्वोक्त योग पशुपति-नामक चूर्ण नियमपूर्वक सेवन करने से सभी प्रकार के कुष्ठरोगों को नाश करता है ॥ २१६ ॥

कुष्ठे तुवरास्थिवटकाः—

पथ्या सेन्द्रयवा सकिंशुकफला साकं तथाऽऽवर्तकी
व्याधिघ्नेन तु योजिता हुतभुजा सारुष्करा बाकुची ।
तद्वच्च कृमिशत्रुणाऽभ्युपगता ह्येकैकवृद्धानिमान्
गोमूत्रेण विमर्द्य तुल्यतुवरान् कुष्ठी वटान् भक्षयेत् ॥ २१७ ॥
निहन्ति हतनासिकाकरजकर्णपादाङ्गुलि-
क्षरद्रुधिरपूयकं परिविजग्धजन्तुव्रणम् ।
प्रभिन्नचिरलक्षितस्वरमशेषकुष्ठं भृशं
निहन्ति कुरुतेऽरुणार्कवपुषं नरं योगतः ॥ २१८ ॥

कुष्ठरोग में तुवरास्थि वटक—हर्रे एक भाग, इन्द्रयव दो भाग, किंशुकफल (परास) तीन भाग, आवर्तिकी (लताविशेष) चार भाग,

अमलतास पांच भाग, चित्रक छः भाग, शु० भल्लातक सात भाग, वाकुची आठ भाग, तथा वायविडङ्ग नव भाग—इन द्रव्यों के चूर्ण के बराबर तुवरक के चूर्ण को गाय के मूत्र से भावित कर घोट लें और वटक बनायें। इसके बाद इन वटकों को कुष्ठरोग से पीड़ित व्यक्ति भक्षण करे। यह वटक प्रयोग करने से जिस कुष्ठ में रोगी का नासिका, हाथ, कान, पैर की अंगुली नष्ट हो गये और रक्त एवं पूय निकल रहा हो और व्रण में कृमि पड़ गये हों ऐसे कुष्ठ को नाश करता है तथा स्वरयन्त्र खराब हो गया हो। बहुत देर में स्वर निकले ऐसे सभी प्रकार के कुष्ठरोग को नाश करता है और कुष्ठी मनुष्य के शरीर को लाल सूर्य के समान कान्तिमान बना देता है॥ २१७–२१८॥

पाददद्रौ वाकुचिकायोगः—

भागं तिलानां सह सोमराज्या भागद्वयेन प्रतिवासरं यः।
अश्नाति तस्य द्रुतमङ्घ्रिदद्रुश्चिरप्ररूढोऽपि विनाशमेति॥ २१९॥

पैर के दाद में वाकुची का योग—तिल एक भाग, शु० वाकुची का चूर्ण दो भाग मिलाकर जो व्यक्ति प्रतिदिन भक्षण करता है उसका पैर का पुराना भी दाद नष्ट हो जाता है॥ २१९॥

पित्तकफकुष्ठे त्रिफलादिक्काथः—

त्रिफलापटोलपिचुमन्दवचारुणयष्टिकाः सकटुका रजनी।
नवभिः श्रृतं प्रपिबतः सलिलं न भवन्ति पित्तकफकुष्ठरुजः॥२२०॥

पित्त-कफ कुष्ठ में त्रिफलादि क्काथ—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल, नीम, वच, अरुण (चित्रक), यष्टिका (मुलेठी), कुटकी तथा हल्दी समभाग इन नव द्रव्यों का पकाया हुआ क्काथ पान करने से पित्त-कफ-जन्य कुष्ठरोग नहीं होता है अर्थात् नष्ट हो जाता है। (इन नव द्रव्यों को चौगुने जल में क्काथ कर चतुर्थांश शेष क्काथ को छानकर पान करना चाहिए क्काथ-द्रव्य एक छटांक, जल चार छटांक में पकावें, अवशिष्ट एक छटांक क्काथ छान कर पान करे)॥ २२०॥

कुष्ठे चिन्तामणियोगः—

शिवापथ्यावृषानिम्बवल्कं सव्याधिघातकम्।
पटोलीपाटलाराजीशाल्मलीचित्रकामृताः॥ २२१॥
तुम्बरुः कटुका दन्ती करञ्जोऽथ बिभीतकः।
भार्गी वरुणमेतेषां क्काथः पेयस्त्रिसप्तकम्॥ २२२॥
प्रथमे प्रथमे यामे घर्मः सेव्योऽथ भोजनम्।

शालिभक्तेन कर्तव्यं नाहि निद्रा विधीयते ॥ २२३ ॥
एवं कृते विनश्यन्ति सर्वकुष्ठानि देहिनाम् ।
चिन्तामणिरिति ख्यातो योगोऽयं तत्त्ववेदिभिः ॥ २२४ ॥

कुष्ठरोग में चिन्तामणि योग—शिवा (गुडूची), हर्रे, अडूसा, नीम की छाल, अमलतास, परवल, पाढल, राजी (सोमराजीवाकुची), सेमर की छाल, चित्रक, गुडूची, तम्बुरु, कुटकी, दन्तीमूल, करञ्ज, बहेड़ा, भारंगी तथा तथा वरुण समभाग इन द्रव्यों का क्वाथ त्रिसप्तक (एक्कीस) दिन तक पान करे। पहले प्रथम प्रहर में धूप का सेवन करे तथा उसके बाद जड़हन धान के चावल का भात भक्षण करे किन्तु दिन में शयन न करे। इस प्रकार नियमतः इस योग को सेवन करने से प्राणियों के सभी प्रकार के कुष्ठरोग नष्ट हो जाते हैं। विद्वान् तत्त्वज्ञाताओं ने इसको चिन्तामणि नामक योग बताया है ॥ २२१–२२४ ॥

कुष्ठे दैवव्यपाश्रयचिकित्सा—

नीचलोमनखो नित्यं नित्यमौषधतत्परः ।
योपिन्मांससुरावर्जी कुष्ठी कुष्ठं व्यपोहति ॥ २२५ ॥

कुष्ठरोग में दैव-व्यपाश्रय चिकित्सा—कुष्ठरोग से पीड़ित रोगी नख एवं बालों को छोटा रखनेवाला, प्रतिदिन नियमतः औषध सेवन करनेवाला तथा स्त्री-प्रसङ्ग, मांस एवं मदिरा का न सेवन करनेवाला कुष्ठ रोग को दूर करता है ॥ २२५ ॥

व्रतदमयमसेवात्यागशीलाभियोगः
सुरगुरुद्विजपूजा सर्वसत्त्वेषु मैत्री ।
जिनजिनसुततारासूर्यकाराधनानि
प्रकटितमलपापं कुष्ठमुन्मूलयन्ति ॥ २२६ ॥

इति कुष्ठचिकित्सितम् ।

व्रत, दम (इन्द्रियों को दमन करना), यम, सेवा, त्याग तथा शील-विनम्र स्वभाव से युक्त, देवता, गुरु एवं ब्राह्मणों में पूज्य भाव रखने वाले, जिन, जिनसुत, तारा तथा सूर्य की आराधना को करनेवाले और अपने दोषों को प्रकट करनेवाले कुष्ठ के रोगी कुष्ठरोग को नष्ट कर देते हैं ॥ २२६ ॥

कुष्ठ-चिकित्सा समाप्त ।

अथातः श्वित्रचिकित्सितं व्याख्यास्यामः

कुष्ठ-चिकित्सा निरूपण के बाद श्वित्र की चिकित्सा कहते हैं।

श्वित्रस्य शीघ्रावश्यप्रतीकार्यत्वम्—

कुष्ठादपि बीभत्सं यच्छीघ्रतरं यात्यसाध्यत्वम्।
श्वित्रमतस्तच्छान्त्यै यतेत दीप्ते यथा भवने ॥ २२७ ॥

श्वित्ररोग में शीघ्र करने योग्य प्रतिकार की आवश्यकता—कुष्ठ से भी भयंकर शीघ्र ही असाध्य होनेवाला श्वित्रकुष्ठ है। अतः उसकी शान्ति के लिये जल्द से जल्द प्रयत्न करे। जैसे घर में आग लगजाने पर उसकी शान्ति के लिये प्रयत्न किया जाता है ॥ २२७ ॥

श्वित्रशान्त्यर्थं स्फोटजननाः कतिपययोगाः—

संशोधनं विशेषात् प्रयोजयेत्पूर्वमेव देहस्य।
श्वित्रे स्रंसनमग्र्यं मलयूरस इष्यते सगुडः ॥ २२८ ॥

श्वित्र की शान्ति के लिये फोड़िया उत्पन्न करनेवाले कुछ योग—श्वित्र रोग में सर्वप्रथम प्रधानतया शरीर का संशोधन करे। संशोधन कार्य में पहले स्रंसन के लिये मलयू (कठूमर) का रस तथा गुड़ अभीष्ट है ॥ २२८ ॥

तं पीत्वाऽभ्यक्ततनुर्यथाबलं सूर्यपादसंतापम्।
सेवेत विरिक्तश्च त्र्यहं पिपासुः पिबेत्पेयाम् ॥ २२९ ॥

इस कठूमर के रस को पान कर शरीर में तैल लगाकर अपने बल के अनुसार सूर्य की किरण का ताप सेवन करे। विरेचन करने के बाद प्यास लगने पर तीन दिन तक पेया पान करे ॥ २२९ ॥

श्वित्रेऽङ्गे ये स्फोटा जायन्ते कण्टकेन तान् भिन्द्यात्।
स्फोटेषु निःस्रुतेषु प्रातः प्रातः पिबेत्पक्षम् ॥ २३० ॥
मलयूमसनं प्रियङ्गुशतपुष्पे चाम्भसा समुत्काथ्य।
पालाशं वा क्षारं यथाबलं फाणितोपेतम् ॥ २३१ ॥

श्वित्र के स्थान पर जो फोड़िया उत्पन्न हो उसको कण्ठक (कांटे) से भेदन करे। फोड़िया से स्राव निकल जाने पर पन्द्रह दिन तक सवेरे २ मलयू (कठडूमर), असन (वीजक), प्रियङ्गु, तथा सौफ को जल में क्वाथ कर पलास का क्षार या यवक्षार तथा फाणित (राव) मिलाकर बल के अनुसार पान करे ॥ २३०–२३१ ॥

फल्गवक्षवृक्षवल्कलनिर्यूहेणेन्दुराजिकाकल्कम्।
पीत्वा जाते स्फोटे तक्रेण भोजनं निर्लवणम् ॥ २३२ ॥

फल्गु (कठूमर 'कालागूलर') तथा अक्ष (बहेड़ा) की छाल के क्वाथ से

इन्दुराजि (वाकुची) के कल्क को पान कर फोड़िया उत्पन्न हो जाने पर नमक-रहित तक्र (मट्ठा) के साथ भोजन करे ॥ २३२ ॥

वितुषावल्गुजबीजाच्चूर्णं गोवारिभावितं बहुशः ।
मूलक्काथेन पिबेत् कलिंतरुमदनकृतमालफल्गूनाम् ॥ २३३ ॥
पीते किलासी तिलतैलदिग्धो प्रातर्दिनेशस्य च पादसेवी ।
जीर्णे च तक्रान्वितकोद्रवाशी स्फोटोद्भवायैष विधिस्त्रिरात्रम् ॥

छिलका निकाला हुआ वाकुची के चूर्ण को गाय के मूत्र में अनेक बार भावित कर बहेड़ा, मदनफल, कृतमाल (करंज) तथा कठूमर की जड़ के क्वाथ के साथ पान करे। इस प्रकार पान करने के बाद किलास (श्वित्र) कुष्ठ से पीड़ित व्यक्ति पूरे शरीर में तिल का तैल लगाकर प्रातःकाल के सूर्य की किरण का सेवन करे और पूर्वोक्त औषध पच जाय तो मट्ठा के साथ-कोदो का भात खाय। यह विधि फोड़िया उत्पन्न करने के लिये तीन रात्रि तक करे।

विदूध्वाऽन्येद्युः स्फोटकान् कण्टकैस्तान्
बस्ताम्भोभिर्घृष्टया शुक्लवर्त्या ।
लिम्पेत्कामं लेपनाद्वेदनायां
लेपे योज्या शङ्खनाभिर्जलेन ॥ २३५ ॥

इस प्रकार उत्पन्न फोड़ियों का दूसरे दिन काँटे से भेदन कर बकरी के मूत्र में भिगोये हुए एक रुई के फाहा को अच्छी तरह लगा दे। यदि लेप-करने से वेदना उत्पन्न हो तो जल के साथ शंख-नाभि पीसकर लेप करे ॥ २३५ ॥

त्वचं बिभीतकतरोः काष्ठोदुम्बरिकात्वचम् ।
समांशं योजयित्वा च क्वाथयेत्पादशेषितम् ॥ २३६ ॥
बाकुच्यास्तेन बीजानि बहुशः परिभावयेत् ।
अतस्तेन कषायेण पाययेत यथाबलम् ॥ २३७ ॥
आतपे पीतमात्रं तु स्थापयेच्छ्वित्रिणं नरम् ।
स्फोटास्तस्य प्रजायन्ते द्वित्र्यहेण सुदारुणाः ॥ २३८ ॥
श्वित्रमावृत्य तेषां तु पूये संप्रस्रुते ततः ।
आवर्तकीविपक्वेन तैलेनाभ्यञ्जनं हितम् ॥ २३९ ॥

बहेड़ा की छाल तथा काकोदुम्बरिका (कठूमर) की छाल समभाग लेकर चौगुने जल में क्वाथ करे और चौथाई शेष क्वाथ से वाकुची के चूर्ण को अनेक बार भावित करे तथा इस चूर्ण को पूर्वोक्त क्वाथ के साथ बल के अनुसार मात्रापूर्वक पान करे। इस क्वाथ को पान करने के तुरन्त बाद श्वित्र के रोगी को धूप में बैठाये। इस प्रकार बैठाने से श्वित्र के रोगी को दो या तीन

दिन में भयंकर पिड़िकायें श्वित्र के चारो तरफ निकलती हैं। इसके बाद उन पिड़िकाओं के पूय निकल जाने के बाद आवर्तिकी लता से सिद्ध तैल का अभ्यंजन (लेप) करना हितकर होता है ॥ २३६-२३९ ॥

द्वीपिचर्ममषीं कृत्वा मषीं वा गजचर्मणः।
शोषं यावद् व्रणं याति तावत्तमवचूर्णयेत् ॥ २४० ॥

चीता के चमड़े की भस्म या हाथी के चमड़े की भस्म बनाकर जब तक व्रण सूख न जाय तब तक व्रण के ऊपर अवचूर्णन करे यानी भुरकावे ॥२४०॥

श्वित्रे धात्र्यादियोगः—

धात्रीखदिरयोः क्वाथं पीत्वाऽवल्गुजसंयुतम्।
कुन्देन्दुधवलं श्वित्रं हन्ति तूर्णं न संशयः ॥ २४१ ॥

श्वित्र में धात्र्यादियोग—आंवला तथा खैर के क्वाथ को अवल्गुज (वाकुची) का चूर्ण मिलाकर पान करे। इस योग को पान कर श्वित्र का रोगी कुन्द (कुंइयां) तथा चन्द्रमा के समान स्वच्छ श्वित्र को शीघ्र ही नाश करता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ २४१ ॥

श्वित्रे वाकुचिकादिलेपः—

कुडवोऽवल्गुजबीजाद्धरितालचतुर्भागसंमिश्रः।
मूत्रेण गवां पिष्टः सवर्णकरणं परं श्वित्रे ॥ २४२ ॥

श्वित्ररोग में वाकुचिकादिलेप—वाकुची का बीज एक कुडव (एकपाव) तथा हरिताल चार भाग (एकसेर) लेकर गाय के मूत्र के साथ पीसकर श्वित्र में लेप करे। यह श्वित्र के वर्ण को दूर कर अच्छी तरह समान वर्ण बना देता है ॥ २४२ ॥

श्वित्रे वायस्यादिलेपः—

वायस्यैडगजाकुष्ठकृष्णाभिर्गुटिका कृता।
बस्तमूत्रेण संपिष्टा प्रलेपाच्छ्वित्रनाशिनी ॥ २४३ ॥

श्वित्र में वायस्यादिलेप—वायसी (मकोय), एडगज (चकवड़), कूठ तथा पीपर (समभाग) इन द्रव्यों को चूर्ण बनाकर बकरी के मूत्र से पीसकर गुटिका बनावे और बकरी के मूत्र के ही साथ घिसकर लेप लगाये। यह गुटिका लेप करने से श्वित्र को नाश करती है ॥ २४३ ॥

सिध्मकिलासयोर्मरिचादिलेपः —

मरिचं तमालपत्रं कुष्ठं समनःशिलं सकासीसम्।
तैलेन युक्तमुषितं सप्ताहं भाजने ताम्रे ॥ २४४ ॥
तेनालिप्तं सिध्मं सप्ताहाद्धर्मसेविनोऽपैति।
मासान्नवं किलासं स्नानेन विना विशुद्धस्य ॥ २४५ ॥

सिध्म तथा किलास में मरिचादि लेप—मरिच, तमाल पत्र (तम्बाकू), कूठ, मैनशिल तथा कासीस, इन सभी द्रव्यों को तैल में मिलाकर तामा के पात्र में एक सप्ताह तक रक्खे। इसके बाद धूप सेवन करनेवाले सिध्म के रोगी को एक सप्ताह तक लेप करने से सिध्म रोग दूर हो जाता है। इसी प्रकार स्नान के विना विशुद्ध शरीर वाले रोगी का एक माह से कम दिन का उत्पन्न नवीन किलास (श्वित्र) पूर्वोक्त लेप को लगाने से दूर हो जाता है ॥ २४४–२४५ ॥

रात्रौ गोमूत्रे वासिताञ्जर्जराङ्गा-
नह्निच्छायायां 'शोषयेत् स्फोटयेत्तान्।
एवं वारांस्त्रींस्तैस्ततः श्लक्ष्णपिष्टैः
स्नुह्याः क्षीरेण श्वित्रनाशाय लेपः ॥ २४६ ॥

पूर्वोक्त मरिच आदि द्रव्यों को मोटा कूटकर रात्रि में गोमूत्र में भिगोये और दिन में छाया में सुखाये तथा उन द्रव्यों को कूट पीसकर रख लें। इस प्रकार तीन वार करें। इसके बाद महीन पीसकर सेंहुड़ के दूध में मिलाकर श्वित्र को नाश करने के लिये लेप करे। अर्थात् इस लेप को लगाने से श्वित्र नष्ट हो जाता है ॥ २४६ ॥

सिध्मश्वित्रयोः पत्रकादिलेपः—

पत्रकोषणकासीसतैलताप्यमनःशिलाः ।
सप्ताहमुषिताः कांस्ये सिध्मश्वित्रविनाशनाः ॥ २४७ ॥

सिध्म तथा श्वित्र में पत्रकादिलेप—पत्रक (तमालपत्र, तम्बाकू), मरिच, कासीस, कटुतैल, ताप्य (स्वर्णमाक्षिक) तथा मैनशिल इन द्रव्यों को कूट पीस तैल में मिलाकर तामा के पात्र में एक सप्ताह रक्खे। इसके बाद सिध्म तथा श्वित्र को नाश करने के लिये लेप करे ॥ २४७ ॥

श्वित्रादौ पूतीकादिलेपः—

पूतीकार्कस्नुक्नरेन्द्रद्रुमाणां मूत्रैः पिष्टाः पल्लवा जातिजाश्च ।
लेपाच्छ्वित्रं घ्नन्ति दद्रुव्रणांश्च कुष्ठान्यर्शांस्युग्रनाडीव्रणांश्च ॥ २४८ ॥

श्वित्र में पूतीकादिलेप—पूतीक (पूतिकरञ्ज), मदार, सेंहुड़, अमलतास तथा चमेली के पत्तों को बकरे के मूत्र में पीसकर लेप तैयार करे। ये लेप लगाने से श्वित्र, दाद, व्रण, कुष्ठरोग, अर्शरोग तथा भयंकर नाडीव्रणों (नासूर) को नाश करते हैं ॥ २४८ ॥

श्वित्रकुष्ठे भद्रोदुम्बरिकादियोगः—

भद्रासंज्ञोदुम्बरीमूलतुल्यं दत्त्वा मूलं क्षोदयित्वा मलय्वाः ।
सिद्धं तोये पीतमुष्णे सुखोष्णं स्फोटांश्छ्वित्रे पुण्डरीके च कुर्यात् ॥२४९॥

द्वैपं दग्धं चर्म मातङ्गजं वा भिन्ने स्फोटे तैलयुक्तः प्रलेपः।
पूतिः कीटो राजवृक्षोद्भवेन क्षारेणाक्तः श्वित्रमेको निहन्ति ॥ २५० ॥

श्वित्रकुष्ठ में भद्रोदुम्बरिकादि लेप—भद्रसंज्ञा (सेंहुड़) की जड़, गूलर की जड़ तथा मलयू (काकोदुम्बरिका कालागूलर) की जड़ समभाग इन द्रव्यों को कूटकर गरम जल में पकाकर तैयार थोड़े गरम क्वाथ को पान करने से श्वित्र तथा पुण्डरीक कुष्ठ में पिडिकाओं को उत्पन्न करता है इन पिडिकाओं के फूट जाने पर चित्रक की छाल की भस्म या व्याघ्र के चर्म की भस्म या चकवड़ की छाल की भस्म या हाथी के चर्म की भस्म तैल मिलाकर लेप करना हितकर है। यह पूय एवं कृमिवाला एक स्फोट अमलतास के क्षार से लिप्त होने पर श्वित्र रोग को नाश करता है ॥ २४९-२५० ॥

श्वित्रे काकोदुम्बरिकादियोगः—

मथितेन पिबेच्चूर्णं काकोदुम्बर्यवल्गुजम्।
तैलाक्तो धूमसेवी स्यात्तक्राशी श्वित्रमुद्धरेत् ॥ २५१ ॥

श्वित्र में काकोदुम्बरिकादियोग—श्वित्रकुष्ठ में काकोदुम्बरी (कठूमर) और अवल्गुज (बाकुची) के चूर्ण को दही के साथ पान करे। शरीर में तैल लगाकर धूप को सेवन करनेवाला तथा मट्ठा के साथ भोजन करनेवाला श्वित्र कुष्ठ को नाश करता है ॥ २५१ ॥

श्वित्रे काष्ठोदुम्बरपर्ण्यादिः कृष्णीकरणो योगः—

कष्ठोदुम्बरपर्णी च स्वर्जिका तुत्थचित्रकौ।
हयमारो भृङ्गराजः कासीसं मदयन्तिका ॥ २५२ ॥
एतान्यक्षप्रमाणानि नीरे भृङ्गरजस्य तु।
त्रिप्रस्थे वै समालोड्य तैलं चाक्षजसार्षपम् ॥ २५३ ॥
कुडवं खुरचूर्णस्य पित्तं कूर्मशिखण्डिनोः।
अन्तर्भूमौ निधातव्यं दिवसानेकविंशतिम् ॥ २५४ ॥
एषोऽस्थिकभिदो योगः श्वित्राणां परिकीर्तितः।
अकालपलितानां च कृष्णीकरणमुत्तमम् ॥ २५५ ॥

श्वित्रकुष्ठ में काष्ठोदुम्बरपर्ण्यादि कृष्णीकरणयोग—काष्ठ (पद्मकाठ), उदुम्बरपर्णी (दन्ती), सज्जीखार, तूतिया, चित्रक, हयमार (कनेर), भृङ्गराज, कासीस तथा मदयन्तिका (मेंहदी) एक-एक अक्ष (एक तोला)—इन द्रव्यों का चूर्ण तथा बहेड़ा एवं सरसों का तैल (एक सेर), खुरचूर्ण (व्याघ्रनख का चूर्ण) एक कुडव (एक पाव) और कछुआ एवं मुर्गा का पित्त, इन सभी द्रव्यों को भृङ्गराज का स्वरस तीन प्रस्थ (तीन सेर) में मिलाकर घड़े में रख मुख बन्द कर जमीन के अन्दर एकवीस दिन तक रक्खे।

इसके बाद निकालकर छान ले और श्वित्रकुष्ठ में प्रयोग करे। यह श्वित्रकुष्ठ के लिये अस्थिभेदक योग कहा गया है। अर्थात् यह योग लेप करने से श्वित्र को नाश करता है। यह असमय में पके हुए बालों को काला करने के लिये उत्तम योग है ॥ २५२–२५५ ॥

श्वित्रे वाकुचीबीजाद्यो योगः—

बिभीतकत्वङ्मलयूजटानां काथेन पीतं गुडसयुतेन।
आवल्गुजं बीजमपाकरोति श्वित्राणि कृच्छ्राण्यपि पुण्डरीकम् ॥ २५६ ॥

श्वित्रकुष्ठ में वाकुचीबीजाद्य योग—बहेड़ा की छाल तथा कटूमर की जड़ का क्वाथ बनावे और उसमें गुड़ मिलाकर उसके साथ वाकुची के बीज का चूर्ण पान करे। यह योग कष्टसाध्य श्वित्रकुष्ठ तथा पुण्डरीक कुष्ठ को दूर करता है ॥ २५६ ॥

कुष्ठे रोमजननार्थं कपोतवङ्कादियोगः—

कपोतवङ्का लशुनस्य शीर्षं ससैन्धवं चित्रकमूलमिश्रम्।
तदश्वलिण्डस्य रसेन पिष्टं व्रणे प्रलेपो जननो हि रोम्णाम् ॥२५७॥

कुष्ठरोग में बालों को उत्पन्न करने के लिये कपोतवङ्कादियोग—कपोतवङ्का (ब्राह्मी या लताफटकी से प्रसिद्ध लता), लहसुन की गांठ, सेन्धानमक तथा चित्रकमूल इन द्रव्यों को अश्वलिण्ड (घोड़ा की लीद) के रस के साथ पीसकर व्रण के ऊपर लेप करने से बालों को उत्पन्न करता है ॥ २५७ ॥

श्वित्रे रोम्णां कृष्णीकरणार्थं कुरण्टकादियोगः—

दासीकुरण्टस्य तु पत्रपुष्पमादित्यपुष्पाञ्जनवह्निपुष्पयः।
गृह्णीत तेषां स्वरसं प्रपीड्य तल्लोहचूर्णाञ्जनसंप्रयुक्तम् ॥ २५८ ॥
निघृष्य पूर्वं व्रणवास्तुभूमिं तेन प्रयोगेण पुनः प्रलिम्पेत्।
श्वेतानि रोमाणि निहन्ति शीघ्रं कृष्णानि कुर्यादपि योगराजः ॥ २५९ ॥

श्वित्रकुष्ठ में बालों को काला करने के लिये कुरण्टकादियोग—दासीकुरण्ट (काली कटसरैया) का पत्र तथा पुष्प, आदित्यपुष्पा (क्षीरकाकोली), अञ्जन (नीलाञ्जन) तथा वह्निपुष्पी, धातकी (धाय का फूल)—इन द्रव्यों को अच्छी तरह कूटकर इसे निकाल लें और उसमें लौहभस्म तथा रसाञ्जन मिला दे। इसके बाद व्रण के स्थान को घर्षण कर इस लेप को लगावे। यह योगराज श्वित्र से उत्पन्न बालों की सफेदी को नष्ट करता है और बालों को काला बनाता है ॥ २५८–२५९ ॥

श्वित्रस्य कृच्छ्रसाध्यत्वम्—

शुष्या शोणितमोक्षैर्विरूक्षणैर्भक्षणैश्च सक्तूनाम्।
श्वित्रं कस्यचिदेव प्रशाम्यति क्षीणपापस्य ॥ २६० ॥

श्वित्रकुष्ठ का कष्टसाध्यत्व—रक्तमोक्षण, रूक्ष पदार्थों का सेवन तथा सत्तू भक्षण के द्वारा शुद्ध होने के बाद क्षीण पापवाले किसी-किसी रोगी का श्वित्र कुष्ठ शान्त होता है ॥ २६० ॥

श्वित्रेऽङ्कोल्लकादियोगः—

अङ्कोल्लः करवीरमूलमुशलीधत्तूरपत्रं जटा
शिग्रुर्लाङ्गलिका च कुष्ठतुलसीमूलं च बीजानि च ।
भृङ्गैरण्डगजार्कपत्रसहितं युक्तं तथा सर्षपै-
र्देहश्वित्रहरं सकाञ्जिकमिदं तक्रेण संचूर्णितम् ॥ २६१ ॥

इति श्रीवैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
कुष्ठाधिकारःषट्त्रिंशत्तमः समाप्तः ॥ ३६ ॥

श्वित्रकुष्ठ में अङ्कोल्लकादियोग—अङ्कोल (ढेरा), कनेर की जड़, मुशली-कन्द, धतूर का पत्ता, जटा (जटामांसी), सहिजन, कलिहारी, कूठ, तुलसी की जड़ तथा बीज, भृङ्गराज, एरण्ड, (गज) चकवड़, मदार का पत्ता तथा सरसों समभाग—इन द्रव्यों को कांजी तथा मट्ठा के साथ पीसकर लेप करने से श्वित्रकुष्ठ दूर होता है ॥ २६१ ॥

वैद्यशोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड में
छत्तीसवाँ कुष्ठाधिकार समाप्त ।

अथ शीतपित्ताधिकारः सप्तत्रिंशत्तमः ।

अथातः शीतपित्तोदर्दकोठनिदानं व्याख्यास्यामः ।

कुष्ठरोग के निरूपण के बाद शीतपित्त-उदर्द-कोठ के निदान को कहते हैं ।

शीतपित्तसंप्राप्तिः—

शीतमारुतसंस्पर्शात्प्रदुष्टौ कफमारुतौ ।
पित्तेन सह संभूय बहिरन्तर्विसर्पतः ॥ १ ॥

शीतपित्त की सम्प्राप्ति—शीतल वायु के स्पर्श से कफ तथा वायु (अपने कारणों से) प्रकुपित पित्त के साथ मिलकर बाहर त्वचा तथा आभ्यन्तर रक्त आदि धातुओं में फल जाते हैं । अर्थात् पित्त के साथ कफवात के धातुओं में फैल जाने से शीतपित्त, उदर्द तथा कोठ रोगों की उत्पत्ति होती है ॥ १ ॥

विमर्श—यह रोग एक ही साथ शरीर में सर्दी तथा गर्मी के प्रभाव से सम्पूर्ण शरीर में चकत्ता के समान लाल वर्ण के उत्पन्न होते हैं । यह त्रिदोषज होता है । दोषों की उल्वणता के भेद से उदर्द तथा कोठ इसके भेद माने गये हैं इसको ग्रामीण भाषा में 'जुड़पित्ती' कहते हैं । आजकल शीतपित्त को ही 'अर्टिकेरिया' कहते हैं ।

आधुनिक विद्वानों के मतानुसार, विकृत मांस, मछली, अण्डा, कृमिदंश, संखिया तथा कुनीन का योग और अंकुशमुख कृमि या गण्डूपद कृमि का उपसर्ग इस रोग के प्रधान कारण हैं ।

शीतपित्तपूर्वरूपम्—

पिपासारुचिहृल्लासदेहसादाङ्गगौरवम् ।
रक्तलोचनता तेषां पूर्वरूपस्य लक्षणम् ॥ २ ॥

शीतपित्त का पूर्वरूप—प्यास, भोजन में अरुचि, मिचली आना, शरीर का गिरा रहना, अङ्गों में गुरुता तथा आँखों में लालिमा—ये शीतपित्त, उदर्द तथा कोठ के पूर्वरूप हैं । (पित्त के कारण पिपासा तथा आँखों की लाली और कफ के कारण अरुचि तथा मिचली होती है) ॥ २ ॥

शीतपित्तोदर्दलक्षणम्—

वरटीदंशसंस्थानः शोफः संजायते बहिः ।
सकण्डूस्तोदबहुलश्छर्दिज्वरविदाहवान् ॥ ३ ॥
उदर्दमिति तं विद्याच्छीतपित्तमथापरे ।
वाताधिकं शीतपित्तमुदर्दस्तु कफाधिकः ॥ ४ ॥

शीतपित्त तथा उदर्द के लक्षण—जिसमें चर्रे के काटने से होनेवाले कोट-मण्डल के समान ददोरे-चर्म के ऊपर हो जाँय तथा जिसमें खुजली, सूई के चुभोने जैसी वेदना की अधिकता, वमन, ज्वर तथा जलन होवे उसे 'उदर्द' कहते हैं। कुछ विद्वान् इसे ही 'शीतपित्त' कहते हैं। वस्तुतः जिसमें वायु की प्रधानता हो उसे 'शीतपित्त' और जिसमें कफ की अधिकता हो उसे 'उदर्द' कहते हैं ॥ ३–४ ॥

सोत्सेधैश्च सरागैश्च कण्डूमद्भिश्च मण्डलैः ।
शैशिरः कफजो व्याधिरुदर्दः परिकीर्तितः ॥ ५ ॥
शीतपानीयसंस्पर्शाच्छीतकाले विशेषतः ।
सरागकण्डूः शोफः स्यादुदर्दः कफसंभवः ॥ ६ ॥

जो चकत्ते उत्सङ्गयुक्त (चारो ओर उठे हुए तथा मध्य में निम्न) हों, जिसमें लालिमा हो तथा कण्डूयुक्त हों उसे 'उदर्द' कहते हैं। यह शिशिरऋतु में कफ के प्रकोप से होनेवाला रोग कहा गया है। विशेषकर शीतकाल में शीतल जल के स्पर्श से उत्पन्न होनेवाले लालिमा तथा कण्डू से युक्त कफजन्य शोथ को 'उदर्द' कहते हैं ॥ ५–६ ॥

कोठलक्षणम्—

असम्यग्वमनोदीर्णपित्तश्लेष्मान्ननिग्रहैः ।
मण्डलानि सकण्डूनि रागवन्ति बहूनि च ।
उत्कोठः सानुबन्धस्तु कोठ इत्यभिधीयते ॥ ७ ॥

इति शीतपित्तोदर्दकोठनिदानं समाप्तम् ।

कोठ के लक्षण—असम्यक् वमन अर्थात् वमन के अयोग वा मिथ्यायोग तथा निकलते हुए पित्त, कफ एवं अन्न के वेग को रोकने से रक्तवर्ण के अनेक मण्डलाकार खुजलीयुक्त चकत्ते पड़ जाते हैं उसे 'कोठ' कहते हैं और उसी के बार-बार होने पर 'उत्कोठ' कहते हैं। अर्थात् अस्थायी कारणों से थोड़े दिन तक रहनेवाले को कोठ तथा चिरकालीन दोषों से उत्पन्न पुनः पुनः होनेवाले को 'उत्कोठ' कहते हैं ॥ ७ ॥

शीतपित्त-उदर्द तथा कोठ का निदान समाप्त ।

अथातः शीतपित्तोदर्दकोठचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

निदान के बाद शीतपित्त-उदर्द तथा कोठ की चिकित्सा कहते हैं ।

शीतपित्तोदर्दकोठानां सामान्यचिकित्सा—

अभ्यङ्गः कटुतैलेन सेकः कोष्णाम्बुभिस्तथा ।

तथाऽऽशु वमनं कार्यं पटोलारिष्टवारिणा ॥ ८ ॥

शीतपित्त-उदर्द तथा कोठ की सामान्य चिकित्सा—शीतपित्त आदि रोग से पीड़ित रोगी को सरसो के तैल से अभ्यंग करे, उष्ण जल से स्वेदन करे और परवल के पत्र तथा नीम की छाल के क्वाथ से शीघ्र ही वमन करावे ॥८॥

त्रिफलासुरकृष्णाभिर्विरेकश्चात्र शिष्यते ।
त्रिफलाक्षौद्रसहितं पिबेद्वा नवकार्षिकम् ॥ ९ ॥

अथवा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), सुर (देवदारु) तथा पीपर समभाग इन द्रव्यों के क्वाथ से वमन करावे। या त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के नवकर्ष (नवतोला) क्वाथ में मधु मिलाकर पान करे ॥ ९ ॥

विसर्पोक्तामृतादि तु भिषगत्रापि योजयेत् ।

वैद्य शीतपित्त में विसर्प-चिकित्सा में कहे गये [1]अमृतादि क्वाथ का प्रयोग करे।

पिप्पलीवर्धमानं वा लशुनं वा प्रयोजयेत् ॥ १० ॥
कुष्ठोक्तं च क्रमं कुर्यादम्लपित्तोक्तमेव च ।
उदर्दोक्तां क्रियां चात्र कोठरोगे समासतः ॥ ११ ॥

अथवा पिप्पली-[2]वर्द्धमान योग या लशुन का प्रयोग करे। इसके अतिरिक्त कुष्ठ प्रकरण में कहे हुए उपचार तथा अम्लपित्ताधिकार में बताये हुए चिकित्सा-क्रम को करे, कोठ रोग में उदर्द-शमनार्थ बताये हुए सभी क्रियाओं को करे।

सर्पिः पीत्वा महातिक्तं कार्यं शोणितमोक्षणम् ।

और [3]महातिक्तक घृत को पान कर रक्तमोक्षण करे।

सितां मधुकसंयुक्तां सगुडामलकैः सह ॥ १२ ॥
सगुडं दीप्यकं यस्तु खादेत्पथ्यान्नभुङ्नरः ।
तस्य नश्यति सप्ताहादुदर्दः सर्वदेहजः ॥ १३ ॥

जो व्यक्ति हितकर अन्न को भक्षण करनेवाला मुलेठी के चूर्ण से युक्त मिश्री को गुड़ एवं आंवला के साथ या अजवायन को गुड़ के साथ खाता है उसका सम्पूर्ण शरीर में उत्पन्न उदर्द रोग एक सप्ताह में नष्ट हो जाता है ॥ १२–१३ ॥

शीतपित्ते सिद्धार्थाद्युद्वर्तनम्—

सिद्धार्थरजनीकल्कैः प्रपुन्नाटतिलैः सह ।

---

१. देखें विसर्प चि० श्लो० सं० ७१ में।
२. देखें ग० नि० प्र० ख०।
३. देखें ग० नि० प्र० ख० पृ० २७ में देखें।

कटुतैलेन संमिश्रमेतदुद्वर्तनं हितम् ॥ १४ ॥

शीतपित्त में सिद्धार्थाद्युद्वर्तन—सरसो, हल्दी, बाकुची तथा तिल समभाग इन द्रव्यों के कल्क के साथ सरसो के तैल में मिलाकर उद्वर्तन (उबटन) करना शीतपित्त में हितकर होता है ॥ १४ ॥

शीतपित्ते दूर्वादिलेपः—

दूर्वानिशायुतो लेपः कच्छ्रपामाविनाशनः ।
कृमिदद्रुहरश्चैव शीतपित्तापहः स्मृतः ॥ १५ ॥

शीतपित्त में दूर्वादि लेप—दूर्वा तथा हल्दी का लेप कच्छू तथा पामाकुष्ठ को नष्ट करनेवाला कृमिरोग एवं दद्रु कुष्ठ को दूर करनेवाला तथा शीतपित्त को नाश करनेवाला कहा गया है ॥ १५ ॥

शीतपित्ते निम्वपत्रयोगः—

निम्बस्य पत्राणि सदा घृतेन धात्रीविमिश्राण्यथवोपयुञ्ज्यात् ।
विस्फोटकोठक्षतशीतपित्तकण्ड्वम्लपित्तं रकसं च हन्यात् ॥ १६ ॥

शीतपित्त में निम्वपत्रयोग—नीम के पत्तों को घृत के साथ अथवा आंवला के साथ सदा प्रयोग करे । यह योग विस्फोटक, कोठ, क्षत, शीतपित्त, कण्डू, अम्लपित्त तथा रकस कुष्ठ को नाश करता है ॥ १६ ॥

शीतपित्ते सामान्यचिकित्सा—

क्षीरसिन्धूत्थतैलं च गात्राभ्यङ्गे प्रयोजयेत् ।
तैलोद्वर्तनयोगे तु योज्य एलादिको गणः ॥ १७ ॥

शीतपित्त में सामान्य चिकित्सा—दुग्ध तथा सेन्धानमक मिलाकर सिद्ध किया हुआ तैल शरीर को अभ्यंग करने में प्रयोग करे । तैल तथा उद्वर्तन (उबटन) के योग में एलादिगणोक्त द्रव्यों का प्रयोग करे ॥ १७ ॥

शुष्कमूलकयूषेण कौलत्थेन रसेन वा ।
भोजनं सर्वदा कार्यं लावतित्तिरजेन वा ॥ १८ ॥

सूखे मूली के यूष से, या कुलथी के रस से अथवा लावा तथा तित्तिर के मांसरस के साथ सदा भोजन करें ॥ १८ ॥

शीतलान्यन्नपानानि बुद्ध्वा दोषगतिं भिषक् ।
उष्णानि वा यथादोषं शीतपित्ते प्रयोजयेत् ॥ १९ ॥

वैद्य दोषों (वातादि) के गति-विधियों को जानकर दोषों के अनुसार शीतल अन्नपान अथवा उष्ण अन्न-पान शीतपित्त में सेवन करे । अर्थात् पित्तोल्वण शीतपित्त में शीतल अन्न-पान तथा कफोल्वण में उष्ण अन्नपान का प्रयोग करे ॥ १९ ॥

शीतपित्ते काश्मरीफलयोगः—

कालेन पक्वं प्रतिपाट्य शुष्कं गव्येन सिद्धं पयसोपयुक्तम् ।
काश्मर्यमाशु प्रतिहन्ति शीतपित्तं हिताहाररतेन लीढम् ॥ २० ॥

इति श्रीसोढलवैद्यग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
शीतपित्ताधिकारः सप्तत्रिंशत्तमः ॥ ३७ ॥

शीतपित्त में गम्भारी फल का उपयोग—अपने समय से परिपक्व, फोड़कर सुखाया हुआ, तथा गाय के दूध के साथ सिद्ध किया हुआ गम्भारी का फल हितकर आहार-विहार को सेवन करनेवाला व्यक्ति के द्वारा चाटने पर शीतपित्त को शीघ्र ही नष्ट करता है ॥ २० ॥

श्रीवैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा
खण्ड में सैंतीसवां शीतपित्ताधिकार समाप्त ।

अथाम्लपित्ताधिकारोऽष्टत्रिंशत्तमः ।

अथातोऽम्लपित्तनिदानं व्याख्यास्यामः ।

शीतपित्त के निरूपण के बाद अम्लपित्त का निदान कहते हैं ।

अम्लपित्तस्य संप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

विरुद्धदुष्टाम्लविदाहपित्तप्रकोपिपानान्नभुजो विदग्धम् ।
पित्तं स्वहेतूपचितं पुरा यत्तदम्लपित्तं प्रवदन्ति तज्ज्ञाः ॥ १ ॥

अम्लपित्त का सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—अपने प्रकोपक कारणों से (वर्षा ऋतु में पित्तकारक जल, औषध, तथा अन्न आदि के अधिक सेवन से) पहले से ही संचित पित्त, विरुद्ध भोजन (परस्पर विरोधी दुग्ध-मत्स्य आदि) पदार्थों के; दूषित पदार्थों के, अम्लरसवाले पदार्थों के, विदाही (दाहकारक) पदार्थों के तथा पित्तप्रकोपक (मट्ठा, मद्य आदि) पदार्थों के अत्यधिक सेवन करने से अत्यन्त प्रकुपित होकर विदग्ध (अत्यधिक अम्ल) हो जाता है तो उसे 'अम्लपित्त' कहते हैं ॥ १ ॥

अविपाकश्रमोत्क्लेशतिक्ताम्लोद्गारगौरवैः ।
हृत्कण्ठदाहारुचिभिरम्लपित्तं वदेद्भिषक् ॥ २ ॥

भोजन का न पचना, परिश्रम के विना थकावट का अनुभव करना, मिचली, कड़वी तथा अम्लडकार, शरीरावयव में भारीपन, हृदय प्रदेश तथा गले में जलन-और भोजन करने में अरुचि, इन लक्षणों के होने पर अम्लपित्त रोग समझे ॥ २ ॥

अधोगताम्लपित्तलक्षणम्—

तृड्दाहमूर्च्छाभ्रममोहकारि प्रयात्यधो वा विविधप्रकारम् ।
हृल्लासकोठानलसादहर्षस्वेदाङ्गपीतत्वकरं कदाचित् ॥ ३ ॥

अधोगत अम्लपित्त के लक्षण—जिस अम्लपित्त में प्यास, जलन, मूर्च्छा, भ्रम तथा मोह (विपरीत ज्ञान) हो, जो नीचे की तरफ गमन करनेवाला हो तथा अनेक वर्ण का हरा, पीला, काला, लाल आदि गन्धयुक्त गुदा के द्वारा मल निकालता हो, कभी-कभी मिचली, कोठ (ददोरे), अनलसाद (मन्दाग्नि), रोमाञ्च, स्वेद की प्रवृत्ति और शरीर के अङ्गों को पीला कर देता हो उसे 'अधोगामी अम्लपित्त' कहते हैं ॥ ३ ॥

ऊर्ध्वगाम्लपित्तलक्षणम्—

वान्तं हरित्पीतकनीलकृष्णमारक्तरक्ताभमतीव चाम्लम् ।
मत्स्योदकाभं त्वतिपिच्छिलाच्छं श्लेष्मानुजातं विविधं रसेन ॥ ४ ॥

भुक्ते विदग्धेऽत्वथवाऽप्यभुक्ते करोति तिक्ताम्लवमिं कदाचित् ।
उद्गारमेवंविधमेव कण्ठे हृत्कुक्षिदाहं शिरसो रुजं च ॥ ५ ॥
करचरणदाहमौष्ण्यं महतीमरुचिं ज्वरं च कफपित्तम् ।
जनयति कण्डूमण्डलपिटिकाशतनिचितगात्ररोगचयम् ॥ ६ ॥

ऊर्ध्वगामी अम्लपित्त का लक्षण—जिस अम्लपित्त में हरा, पीला, नीला, काला या अत्यन्त रक्तवर्ण का, खट्टा, मांस के धोवन के समान, अत्यधिक पिच्छिल, स्वच्छ, कफयुक्त तथा अनेक रस (लवण, तिक्त-आदि) से युक्त वमन हो, भोजन करने पर, भोजन की परिपाकावस्था में तथा भोजन के न करने पर भी तिक्त या अम्लरस युक्त कभी-कभी वमन होता हो और डकार भी इसी प्रकार तिक्त एवं अम्लरस—आदि से युक्त आता हो तथा हृदय, कण्ठ और उदर में दाह हो एवं शिर में पीड़ा हो उसे 'ऊर्ध्वगामी अम्लपित्त' कहते हैं। यह कफानुबन्धी अम्लपित्त हाथ और पैरों में जलन, उष्णता, तीव्र अरुचि तथा ज्वर को उत्पन्न करता है। रोगी का शरीर, कण्डू, मण्डल (ददोरे), सैकड़ों पिड़िकायें तथा अनेक प्रकार के शरीर में सञ्चित रोगसमूह, अविपाक एवं उत्क्लेश आदि लक्षणों से व्याप्त रहता है ॥ ४-६ ॥

अम्लपित्तस्य साध्यासाध्यविचारः—

रोगोऽयमम्लपित्ताख्यो यत्नात्संसाध्यते नवः ।
चिरोत्थितो भवेद्याप्यः कृच्छ्रसाध्यस्तु कस्यचित् ॥ ७ ॥

अम्लपित्त का साध्यासाध्य विचार—नवीन यह अम्लपित्त नामक रोग यत्न करने से साध्य होता है। पुराना होने पर याप्य तथा किसी-किसी में (नियमित एवं हितकर आहार-विहार करने पर) कृच्छ्रसाध्य होता है ॥ ७ ॥

अम्लपित्ते वातादिसंसर्गलक्षणम्—

सानिलं सानिलकफं सकफं तच्च लक्षयेत् ।
दोषलिङ्गेन मतिमान् भिषङ्मोहकरं च तम् ॥ ८ ॥

अम्लपित्त में वातादि संसर्ग का लक्षण—वातकफयुक्त अम्लपित्त—यह अम्लपित्त वातयुक्त, वात-कफयुक्त तथा केवल कफयुक्त भी होता है। इसको बुद्धिमान वैद्य दोषों के लक्षणों के अनुसार निर्णय करे। यह रोग वैद्यों को मोह में डालनेवाला है क्योंकि इसमें वमन एवं अतिसार होने से रोगान्तर का भान होने लगता है ॥ ८ ॥

कम्पप्रलापमूर्च्छाचिमचिमगात्रावसादशूलानि ।
तमसो दर्शनविभ्रमप्रमोहहर्षाण्यनिलयुक्ते ॥ ९ ॥

वातयुक्त-अम्लपित्त—वातयुक्त-अम्लपित्त में कम्पन, प्रलाप, मूर्च्छा, चिम-

चिमाहट (चींटी काटने की तरह वेदना), शरीर में शिथिलता, शूल, आँखों में अन्धकार, भ्रम, मोह (विपरीत ज्ञान) तथा रोमाञ्च होता है ॥ ९ ॥

कफनिष्ठीवनगौरवजडतारुचिशीतसादवमिलेपाः ।
दहनबलसादकण्डूनिद्राश्चिह्नं कफानुगते ॥ १० ॥
उभयमिदमेव चिह्नं मारुतकफसंभवे भवत्यम्ले ॥ ११ ॥
(तिक्ताम्लकटुकोद्गारवमिहृत्कण्ठदाहकृत् ।)

कफयुक्त-अम्लपित्त—कफयुक्त-अम्लपित्त में कफयुक्त थूक निकलता है, शरीर में भारीपन, स्तब्धता (शरीर में जकड़न), अरुचि, शीतल स्पर्श, ग्लानि, वमन, मुख में कफाधिक्य, जाठराग्नि एवं बल की क्षीणता, खुजलाहट तथा अधिक नींद आना ये सब लक्षण होते हैं। (वातकफ-युक्त-अम्लपित्त—वातकफयुक्त-अम्लपित्त में वात तथा कफ के मिले-जुले दोनों के लक्षण दिखाई देते हैं। (उसमें कटु-अम्ल तथा तिक्त रस युक्त डकार एवं वमन होता है और हृदय एवं कण्ठ में जलन होती है) ॥ १०–११ ॥

श्लेष्मपित्तलक्षणम्—

भ्रमो मूर्च्छाऽरुचिश्छर्दिरालस्यं च शिरोरुजा ।
प्रसेको मुखमाधुर्यं श्लेष्मपित्तस्य लक्षणम् ॥ १२ ॥

इत्यम्लपित्तनिदानम् ॥

श्लेष्म-पित्त का लक्षण—कफपित्त-युक्त अम्लपित्त भ्रम, मूर्च्छा, अरुचि, वमन, आलस्य, शिर में वेदना, लालास्राव (मुख से लार का अधिक निकलना) तथा मुखमाधुर्य (मुख का मीठा रहना) ये लक्षण होते हैं ॥ १२ ॥

अम्लपित्त का निदान समाप्त ।

अथातोऽम्लपित्तचिकित्सां व्याख्यास्यामः ।

निदान के बाद अम्लपित्त की चिकित्सा कहते हैं ।

अम्लपित्ते सामान्यचिकित्सा—

वमनानन्तरं तत्र विरेकं मृदु कारयेत् ।
सम्यग्वान्तविरिक्तस्य सुस्निग्धस्यानुवासनम् ॥ १३ ॥
आस्थापनं चिरोद्भूते देयं दोषाद्यपेक्षया ।
क्रिया शुद्धस्य शमनी त्वनुबन्धाद्यपेक्षया ॥ १४ ॥
दोषसंसर्गजा कार्या भिषजाऽऽहारकल्पना ।

अम्लपित्त में सामान्य चिकित्सा—अम्लपित्त रोग में वमन कराने के बाद मृदु (हल्का) विरेचन कराये । इसके बाद अच्छी तरह वमन, विरेचन तथा

स्नेहन किये गये व्यक्ति को अनुवासन कराये। पुराने अम्लपित्त में दोष एवं बल के अनुसार आस्थापन करे। वमन-विरेचन-आदि के द्वारा शुद्ध शरीरवाले व्यक्ति को वात-पित्तादि अनुबन्ध के अनुसार शामक क्रिया करे। वैद्य दोषों के संसर्ग (वातादि दोष-प्रकोप के अनुसार) के अनुसार भोजन की कल्पना (व्यवस्था) करे।

ऊर्ध्वगं वमनैर्धीमानधोऽगं रेचनैर्हरेत् ॥ १५ ॥
तिक्तभूयिष्ठमाहारं पानं चैव प्रकल्पयेत्।

बुद्धिमान् वैद्य ऊर्ध्वग-अम्ल पित्त को वमन के द्वारा तथा अधोगामी-अम्ल पित्त को विरेचन द्वारा निकाले। और तिक्तरस-प्रधान भोजन तथा पेयपदार्थ का सेवन करे।

यवगोधूमविकृतीस्तीक्ष्णसंस्कारवर्जिताः ॥ १६ ॥
यथास्वं लाजसक्तून् वा सितामधुयुतान् पिबेत्।

तीक्ष्ण पदार्थ अम्लचार-आदि से रहित यव तथा गेहूँ का भोज्य पदार्थ रोटी आदि का प्रयोग करे या दोष-प्रकोप के अनुसार मिश्री तथा मधु मिलाकर धान के लावा के सत्तू को पान करे।

अम्लपित्ते यवादिक्वाथः—

निस्तुषयववृषधात्रीक्वाथं त्रिसुगन्धिसंयुतं पीत्वा।
अपहरति चाम्लपित्तं यदि भुङ्क्ते मुद्गयूषेण ॥ १७ ॥

अम्लपित्त में यवादि क्वाथ—भूसीरहित यव, अडूसा तथा आंवला, समभाग—इन द्रव्यों के क्वाथ को त्रिसुगन्धि (दालचीनी, इलायची तथा तेजपात) के चूर्ण मिलाकर पान करे और मूंग के यूष के साथ यदि भोजन करे तो अम्लपित्त से पीड़ित रोगी अम्लपित्त रोग को दूर करता है ॥ १७ ॥

अम्लपित्ते शृङ्गवेरादिक्वाथः—

कफपित्तवमीकण्डूज्वरविस्फोटदाहहा ।
पाचनो दीपनः क्वाथः शृङ्गवेरपटोलयोः ॥ १८ ॥

अम्लपित्त रोग में शृङ्गवेरादि क्वाथ—अदरक तथा परवल की पत्ती का क्वाथ कफपित्तजन्य वमन, कण्डू (खुजली), ज्वर, विस्फोट (फोड़िया) तथा दाह को नाश करता है और भोजन को पचानेवाला एवं जाठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला है ॥ १८ ॥

अम्लपित्ते पटोलादिक्वाथः—

पटोलं नागरं धान्यं क्वाथयित्वा जलं पिबेत्।
कण्डूपामार्तिशूलघ्नं कफपित्ताग्निमान्द्यजित् ॥ १९ ॥

अम्लपित्त में पटोलादि क्वाथ—परवल की पत्ती, सोंठ तथा धनिया को पकाकर उसके जल को पान करे। यह खुजली, पामा, कुष्ठ-पीड़ा तथा शूल को नाश करनेवाला एवं कफपित्तजन्य मन्दाग्नि को जीत लेता है ॥ १९ ॥

पटोलनिम्बामृतरोहिणीकृतं जलं पिबेत्पित्तकफोच्छ्रये नरः।
शूलभ्रमारोचकवह्निमान्द्यदाहज्वरच्छर्दिनिवारणं च ॥ २० ॥

मनुष्य पित्तकफोल्वण अम्लपित्त में परवल, नीम, गुडूची तथा कुटकी के क्वाथ को पान करे। यह क्वाथ शूल, भ्रम (बेहोशी), अरुचि, मन्दाग्नि, दाह, ज्वर तथा वमन को दूर करता है ॥ २० ॥

अम्लपित्ते यवादिक्वाथः—

यवकृष्णापटोलानां क्वाथं क्षौद्रयुतं पिबेत्।
नाशयेदम्लपित्तं च अरुचिं च वमिं तथा ॥ २१ ॥

अम्लपित्त में यवादि क्वाथ—भूसीरहित यव, पीपर तथा परवल के क्वाथ को मधु मिलाकर पान करे। यह क्वाथ अम्लपित्त, अरुचि तथा वमन को नाश करता है ॥ २१ ॥

अम्लपित्ते दशाङ्गक्वाथः—

वासामृतापर्पटकैर्निम्बभूनिम्बमार्कवैः ।
कुलत्थत्रिफलैः क्वाथः सक्षौद्रश्चाम्लपित्तहा ॥ २२ ॥

अम्लपित्त में दशाङ्ग क्वाथ—अडूसा, गुडूची, पित्तपापड़ा, नीम, भूनिम्ब (चिरायता), मार्कव (भृङ्गराज), कुरथी तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ मधु मिलाकर पान करने से अम्लपित्त को नाश करता है ॥ २२ ॥

अम्लपित्ते त्रिफलादिक्वाथः—

फलत्रिकं पटोलं च तिक्ता क्वाथः सितायुतः।
पीतः क्लीतकमध्वाक्तो ज्वरच्छर्म्यम्लपित्तहा ॥ २३ ॥

अम्लपित्त में त्रिफलादि क्वाथ—फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल की पत्ती, तिक्ता (कुटकी) (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ मिश्री क्लीतक (मुलेठी) का चूर्ण तथा मधु मिलाकर पान करने से ज्वर, वमन तथा अम्लपित्त को नाश करता है ॥ २३ ॥

अम्लपित्ते वासादिक्वाथः—

वासानिम्बपटोलत्रिफलाच्छिन्नाभियोजितो जयति।
अधिककफमम्लपित्तं प्रयोजितो गुग्गुलुः क्रमशः ॥ २४ ॥

अम्लपित्त में वासादि क्वाथ—अडूसा, नीम, परवल की पत्ती, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा गुडूची (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ पान

करने से कफोल्वण अम्लपित्त को नाश करता है। और क्रमशः पूर्वोक्त द्रव्यों के क्वाथ के साथ गुग्गुलु का प्रयोग करने से कफोल्वण अम्लपित्त नष्ट होता है या पूर्वोक्त औषधों से सिद्ध गुग्गुलु अम्लपित्त को नाश करता है ॥ २४ ॥

अम्लपित्ते कतिपययोगाः—

छिन्नाखदिरयष्ट्याह्वदार्व्यम्भो वा मधूद्भवम् ।
सद्राक्षामभयां खादेत्सक्षौद्रां सगुडां वचाम् ॥ २५ ॥
कटुका सितावलेह्या पटोलविश्वं तथा क्षौद्रयुतम् ।
रक्तस्रुतौ च युक्त्या खण्डकूष्माण्डकं श्रेष्ठम् ॥ २६ ॥

अम्लपित्त में कुछ योग—अम्लपित्त में गुडूची, खैर, मुलेठी तथा देवदारु का क्वाथ या मधु मिश्रित जल पान करे और मुनक्का एवं हर्रे को मधु में मिलाकर तथा गुड़ एवं वच के चूर्ण को मधु के साथ भक्षण करे। अम्लपित्त में कुटकी के चूर्ण को मिश्री मिलाकर चाटे और परवल एवं सोंठ के चूर्ण को मधु मिलाकर चाटे। रक्त निकलने पर युक्तिपूर्वक [1]खण्ड कूष्माण्ड का सेवन करना श्रेष्ठ है ॥ २५–२६ ॥

पटोलत्रिफलारिष्टघृतं मधुयुतं पिबेत् ।
पित्तश्लेष्मज्वरच्छर्दिदाहमोहोपशान्तये ॥ २७ ॥

परवल, त्रिफल (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा नीम—समभाग इन द्रव्यों के क्वाथ एवं कल्क से घृत-निर्माण-विधि के अनुसार सिद्ध घृत मधु मिलाकर पित्तकफजन्य ज्वर, वमन, दाह तथा मोह (विपरीत ज्ञान) को शान्त करने के लिये पान करे ॥ २७ ॥

सिंहास्यामृतकण्टारीकाथं पीत्वा समाक्षिकम् ।
अम्लपित्तं जयेज्जन्तुः श्वासं कासं ज्वरं वमिम् ॥ २८ ॥

मनुष्य सिंहास्य (अडूसा), गुडूची तथा भटकटैया (समभाग) इन द्रव्यों के मधु सहित क्वाथ को पानकर अम्लपित्त, श्वास, कास, ज्वर तथा वमन को जीत लेता है ॥ २८ ॥

वासाघृतं तिक्तघृतं च युक्त्या मधूक्षितां मागधिकां लिहेद्वा ।
अन्यत्तथैवं गुणवच्च सर्पिस्तदम्लपित्तं शमयत्युदीर्णम् ॥ २९ ॥

[2]वासाघृत, [3]तिक्तकघृत या मधु मिलाकर पीपर के चूर्ण को चाटे। इसके

---

१. देखें ग० नि० प्र० खण्ड पृ० ३०० में।
२. ,, ,, ,, १० ५।
३. ,, ,, ,, २७ में।

अतिरिक्त इसी प्रकार के गुणवाले अन्य घृत को सेवन करे, वह भी तीव्र अम्लपित्त को शान्त करता है ॥ २९ ॥

अम्लपित्ते गुडाद्यो मोदकः—

गुडपिप्पलिपथ्याभिस्तुल्याभिर्मोदकः कृतः ।
पित्तश्लेष्मापहः प्रोक्तो मन्दमग्निं च दीपयेत् ॥ ३० ॥

अम्लपित्त में गुडाद्य मोदक—पीपर तथा हर्रे के समभाग चूर्ण को समान भाग गुड़ की चासनी में मिलाकर मोदक बनावे, और सेवन करे। यह पित्त-श्लेष्म-अम्ल पित्त को नाश करनेवाला कहा गया है तथा जाठराग्नि को प्रदीप्त करता है ॥ ३० ॥

अम्लपित्ते पञ्चनिम्बचूर्णम्—

एकोंऽशः पञ्चनिम्बानां द्विगुणो वृद्धदारुकः ।
सक्तुर्दशगुणो देयः शर्करामधुरीकृतः ॥ ३१ ॥
शीतेन वारिणा पीतं शूलं पित्तकफोत्थितम् ।
निहन्ति चूर्णं सक्षौद्रमम्लपित्तं सुदुस्तरम् ॥ ३२ ॥
सवाते सविबन्धेऽस्मिन् हिता कंसहरीतकी ।

अम्लपित्त में पञ्चनिम्ब चूर्ण—पञ्चनिम्ब (नीम का पुष्प, फल, मूल, पत्र तथा छाल) का चूर्ण एक भाग, वृद्धदारुक (विधारा) का चूर्ण दो भाग तथा लावा का सत्तू दशभाग इन सबों को एकत्र कर सभी के बराबर शक्कर मिलाकर बल के अनुसार मात्रापूर्वक शीतल जल के साथ पान करने से पित्त-कफजन्य शूल को नाश करता है तथा इसी चूर्ण को मधु मिलाकर खाने से भयंकर अम्लपित्त को नाश करता है। विबन्धयुक्त वातजन्य अम्ल-पित्त में कंस[1] हरीतकी योग हितकर है।

अम्लपित्ते जीरकाद्यं घृतम्—

पिष्ट्वाऽजाजीं समधुकां घृतप्रस्थं विपाचयेत् ॥ ३३ ॥
कफपित्ताम्लकहरं वमिं मन्दानलं जयेत् ।

अम्लपित्त में जीरकाद्य घृत—जीरा तथा मुलेठी समभाग लेकर कल्क बनावे और चौगुना जल में घृत सिद्ध करे। (कल्क द्रव्य एक पाव, घृत एक सेर तथा जल चार सेर ग्रहण करे) यह घृत कफ-पित्त जन्य-अम्लपित्त को दूर करता है और वमन तथा मन्दाग्नि को जीत लेता है।

पटोलशुण्ठीकल्काभ्यां केवलं कुलकेन वा ॥ ३४ ॥
घृतप्रस्थं विपक्तव्यं कफपित्तहरं परम् ।

---

१. ग० प्र० पृ० ३१४ में देखें।

परवल की पत्ती तथा सोंठ के कल्क या केवल कुलक (परवल) के कल्क के साथ घृत एक प्रस्थ (एक सेर) पकावे। यह कफ-पित्तजन्य-अम्ल पित्त को अच्छी तरह दूर करता है।

पिप्पलीक्वाथकल्केन घृतं सिद्धं मधुप्लुतम् ॥ ३५ ॥
पिबेन्नरः प्रातरुत्थाय अम्लपित्तनिवृत्तये।

पिप्पली के क्वाथ तथा कल्क के साथ घृत सिद्ध करे और मनुष्य प्रातःकाल उठकर उस घृत में मधु मिलाकर अम्लपित्त को दूर करने के लिये पान करे।

विमर्श—सर्वत्र घृत-निर्माण-विधि के अनुसार घृत के चौथाई कल्क तथा चौगुना द्रव पदार्थ ग्रहण कर घृत पकाना चाहिए। यदि क्वाथ में घृत पकाना हो तो क्वाथ्य द्रव्यों को चौगुने जल में क्वाथ बनाकर चौथाई शेष क्वाथ घृत के चौगुना ग्रहण करे)।

अम्लपित्ते कतिपयघृतयोगाः—

शतावरीमूलकल्कं घृतप्रस्थं पयःसमम् ॥ ३६ ॥
पचेन्मृद्वग्निना सम्यक्क्षीरं दत्त्वा चतुर्गुणम्।
नाशयेदम्लपित्तं च वातपित्तोद्भवान् गदान् ॥ ३७ ॥
रक्तपित्तं तृषां मूर्च्छां श्वासं संतापमेव च।

अम्लपित्त में कुछ घृत योग—शतावरी की जड़ का कल्क एक पाव, घृत एक प्रस्थ (एक सेर), दूध एक सेर, जल तीन सेर या केवल दूध चार सेर (चौगुना) मिलाकर मन्द आंच से पकावे। यह घृत अम्लपित्त, वातपित्त-जन्य रोग, रक्तपित्त, प्यास, मूर्च्छा, श्वास रोग तथा दाह को नाश करता है।

अम्लपित्ते कतिपययोगाः—

अम्लपित्ते प्रयोक्तव्यः कफपित्तहरो विधिः ॥ ३८ ॥
गुडकूष्माण्डकं चैव तथा खण्डामलक्यपि।
गुडक्षीरकणासिद्धं सर्पिश्चात्रापि योजयेत् ॥ ३९ ॥

अम्लपित्तरोग में कुछ योग—अम्लपित्त रोग में कफ-पित्तनाशक विधि का प्रयोग करे। इस अम्लपित्त रोग में गुड[1] कूष्माण्डक तथा [2]खण्डामलकी या गुड़, दूध एवं पीपर से सिद्ध घृत का प्रयोग करे ॥ ३८-३९ ॥

अम्लपित्ते द्राक्षाद्यं घृतम्—

द्राक्षामृताशक्रपटोलपत्रैः सोशीरधात्रीघनचन्दनैश्च।
त्रायन्तिकापद्मकिरातधान्यैः कल्कैः पचेत्सर्पिरुपेतमेभिः ॥ ४० ॥

---

१. देखें ग० नि० प्र० ख० पृ० ३०१ में।
२. देखें ग० नि० प्र० ख० पृ० ३०१ में।

युञ्जीत मात्रां सह भोजनेन सर्वं तु पानेन भिषग्विदध्यात् ।
बलासपित्तां ग्रहणीं प्रवृद्धां कासाग्निसादज्वरमम्लपित्तम् ।
सर्वं निहन्याद् घृतमेतदाशु सम्यक्प्रयुक्तं ह्यमृतोपमं च ॥ ४१ ॥

अम्लपित्त रोग में द्राक्षाद्यघृत—मुनक्का, गुडूची, शक्र (इन्द्रयव), परवल की पत्ती, खस, आंवला, मोथा, चन्दन, त्रायमाणा, पद्मकाठ, किरात (चिरायता) तथा धनिया—इन द्रव्यों के कल्क के साथ चौगुना जल मिलाकर घृत सिद्ध करे और वैद्य इस घृत को मात्रापूर्वक प्रयोग करे। इसके अतिरिक्त इन सभी द्रव्यों को भोजन तथा पान के साथ प्रयोग करे। यह घृत कफपित्त-जन्य रोग, ग्रहणी रोग, तीव्र कास, मन्दाग्नि, ज्वर तथा सभी प्रकार के अम्ल-पित्त को शीघ्र नाश करता है। यह घृत अच्छी तरह प्रयोग किया हुआ अमृत के समान है ॥ ४०–४१ ॥

अम्लपित्तेऽवस्थाविशेषे शोधनविधानम्—

ज्वलन्तमिव चात्मानं मन्यते योऽम्लपित्तवान् ।
तस्य संशोधनं पथ्यं न शान्तिः शोधनं विना ॥ ४२ ॥

अम्लपित्त के अवस्था विशेष में शोधन का विधान—जो अम्लपित्त से पीड़ित रोगी अपने को जलते हुए के तरह अनुभव करता है। उसके लिये संशोधन हितकर है। उस रोगी को संशोधन के विना शान्ति नहीं मिल सकती है ॥ ४२ ॥

अचिरोत्थे चिरोत्थे वा वमनं तत्र कारयेत् ।
अम्लपित्ते च वमनं पटोलारिष्टवारिभिः ।
विरेचनं त्रिवृच्चूर्णं मधुधात्रीफलैर्भवेत् ॥ ४३ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्सास्खण्डेऽम्लपित्ता-
धिकारोऽष्टत्रिंशत्तमः ॥ ३८ ॥

नवीन या पुराने अम्लपित्त में—वमन कराये। अम्लपित्त में परवल तथा नीम के क्वाथ से वमन और निशोथ का चूर्ण एवं आंवला के चूर्ण में मधु मिलाकर इस योग के द्वारा विरेचन कराये ॥ ४३ ॥

श्रीवैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा खण्ड में
अड़तीसवां अम्लपित्ताधिकार समाप्त ।

अथ विसर्पाधिकार एकोनचत्वारिंशत्तमः ।

अथातो विसर्पनिदानं व्याख्यास्यामः ।

अम्लपित्त-निरूपण के बाद विसर्प का निदान कहते हैं ।

विसर्पसंप्राप्तिः—

लवणाम्लकटूष्णादिसंसेवादोषकोपतः ।
विसर्पः सप्तधा ज्ञेयः सर्वतः परिसर्पणात् ॥ १ ॥
पृथक् त्रयस्त्रिभिश्चैको विसर्पो द्वन्द्वजास्त्रयः ।
वातिकः पैत्तिकश्चैव श्लैष्मिकः सान्निपातिकः ॥ २ ॥
चत्वार एते वीसर्पा वक्ष्यन्ते द्वन्द्वजास्त्रयः ।

विसर्प की सम्प्राप्ति—लवण, अम्ल तथा कटुरस-प्रधान एवं उष्ण, तीक्ष्ण पदार्थों के निरन्तर सेवन से प्रकुपित हुए वातादि दोष सप्त प्रकार के विसर्प रोग को उत्पन्न करते हैं । सम्पूर्ण शरीर में फैलने की प्रवृत्ति होने के कारण इसे 'विसर्प' कहते हैं । एक-एक दोष से तीन, तीनों दोषों से एक तथा द्वन्द्वज दोषों से तीन इस तरह सात प्रकार के विसर्प रोग होते हैं । अर्थात् वातिक, पैत्तिक, कफज, सान्निपातिक, वातपित्तज, वातकफज तथा पित्तकफज भेद से सात प्रकार के विसर्प होते हैं ।

आग्नेयो वातपित्ताभ्यां, ग्रन्थ्याख्यः कफवातजः ॥ ३ ॥
यस्तु कर्दमको घोरः स पित्तकफसंभवः ।

वातपित्तज विसर्प को आग्नेय, वातकफज को ग्रन्थि तथा पित्तकफ-से उत्पन्न भयंकर विसर्प को कर्दमक कहते हैं ।

रक्तं लसीका त्वङ्मांसं दूष्यं दोषास्त्रयो मलाः॥ ४ ॥
विसर्पाणां समुत्पत्तौ विज्ञेयाः सप्त धातवः ।

विसर्प में रक्त, लसीका, त्वचा तथा मांस ये चार दूष्य हैं तथा वात, पित्त और कफ ये तीन दोष हैं । विसर्प रोगों की उत्पत्ति में सातो धातु कारण हैं ।

विमर्श—सम्पूर्ण शरीर में फैलने की प्रवृत्तिवाले रोग विशेष को विसर्प कहते हैं । सर्वतो विसर्पणात् विसर्पः—यह विसर्प की निरुक्ति है ।

विविधं सर्पति यतो विसर्पस्तेन स स्मृतः ।
परिसर्पोऽथवा नाम्ना सर्वतः परिसर्पणात् ॥ चरक ।

यह विसर्प रोग चर्म के अतिरिक्त श्लेष्मलकला, हृदयावरण, फुप्फुसा-

वरण, मस्तिष्कावरण, मस्तिष्क सदृश शरीर के आभ्यन्तरिक अङ्गों एवं रक्त में भी प्रविष्ट हो जाता है। आभ्यन्तरिक अङ्गों में प्रवेश करने के बाद यह रोग असाध्य हो जाता है। चरक के अनुसार विसर्प तथा परिसर्प पर्यायवाची शब्द है। सुश्रुत के अनुसार इसके पांच ही भेद होते हैं—वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक तथा क्षतज। यथार्थ में यह सर्वथा त्रिदोषज होता है केवल दोषों की उल्वणता के अनुसार वातिक आदि भेदों का वर्णन किया गया है।

विसर्प के सात कारण होते हैं रक्त, लसीका, त्वचा तथा मांस ये दूष्य और वात, पित्त एवं कफ ये दोष सात कारण होते हैं। सुश्रुत ने विसर्प की निरुक्ति निम्न प्रकार से की है—

"त्वङ्मांसशोणितगताः कुपितास्तु दोषाः सर्वाङ्गसारिणमिहास्थितमात्मलिङ्गम्।
कुर्वन्ति विस्तृतमनुन्नतमाशु शोफं तं सर्वतो विसरणाच्च विसर्पमाहुः"॥

विसर्प की चार विशेषतायें होती हैं जिनके द्वारा विसर्प का निर्णय सहज ही हो जाता है—

१—शोथ का प्रारम्भ चर्म या श्लेष्मलकला से होता है।

२—सम्पूर्ण शरीर में फैलने की प्रवृत्ति होती है।

३—उत्पत्ति-स्थान में अस्थिर रहता है।

४—अनुन्नतशोथ—विद्रधि, ग्रन्थि तथा अर्बुद के समान उभार विसर्प में नहीं होता है।

विसर्प के दो कारण हैं—

१. प्रधान कारण—विसर्पजनक मालागोलाणु इसके अन्तः प्रविष्ट होने पर त्वचा या श्लेष्मलकला में क्षत होता है।

२. सहायक कारण—पुराना प्रमेह, विषमाग्नि, सीलनयुक्त स्थानों में रहना तथा दुष्ट वायु का सेवन करना। इन कारणों से शरीर में रोग-प्रतिरोध की क्षमता कम हो जाती है।

दोषभेदेन विसर्पलक्षणानि—

तत्र वातात्स वीसर्पो वातज्वरसमव्यथः॥ ५॥
शोफस्फुरणनिस्तोदभेदायामार्तिहर्षवान्।

दोषभेद से विसर्प के लक्षण—वातिक विसर्प—वातज विसर्प में वात ज्वर के समान पीड़ा, शोथ, अङ्ग का फड़कना, सूई चुभाने के समान वेदना, भेदन (फटने के समान व्यथा) तथा यह फैलनेवाला होता है (या आयास थकावट) एवं रोमाञ्च ये लक्षण होते हैं।

पित्ताद् द्रुतगतिः पित्तज्वरलिङ्गोऽतिलोहितः॥ ६॥

पैत्तिक विसर्प—जो विसर्प अति शीघ्र बढ़नेवाला हो, जिसमें पित्तज्वर के लक्षण हों और अत्यधिक रक्तवर्ण का हो उसे 'पैत्तिक विसर्प' कहते हैं ॥ ६ ॥

कफात्कण्डूयुतः स्निग्धः कफज्वरसमानरुक् ।

श्लैष्मिक विसर्प—श्लैष्मिक विसर्प में कण्डू (खुजली), चिकनाहट, और कफज्वर के समान पीड़ा ये 'कफज विसर्प' के लक्षण हैं ।

सन्निपातसमुत्थश्च सर्वरूपसमन्वितः ॥ ७ ॥

सान्निपातिक विसर्प—सान्निपातिक विसर्प में सभी दोषों के लक्षण होते हैं ॥ ७ ॥

विमर्श—बाह्य तथा आभ्यन्तर भेद से विसर्प दो प्रकार का माना गया है—

'मर्मोपघातात् संमोहादयनानां विघट्टनात् ।
तृष्णातियोगाद्वेगानां विषमं च प्रवर्तनात् ॥
विद्याद् विसर्पमन्तर्जमाशु चाग्निबलक्षयात् ।
अतो विपर्ययाद् बाह्यमन्यं विद्यात् स्वलक्षणैः' ॥ चरक.

सम्पूर्ण शरीर में सुस्ती का अनुभव होना, शिरःशूल, भोजन में अरुचि, और ज्वर ये विसर्प के पूर्वरूप हैं । तदनन्तर क्षत के स्थान पर अनुन्नत शोथ, रक्तिमा, जलन, वेदना तथा फैलने की प्रवृत्ति ये लक्षण होते हैं । इसमें पूय की उत्पत्ति नहीं होती है केवल फफोले पड़ते हैं और उसमें से जलीय स्राव निकलता है । प्रकृत सम-समवाय से उत्पन्न होने वाला विसर्प साध्य होता है किन्तु विकृत विषम समवाय से उत्पन्न होने वाला सान्निपातिक तथा क्षतज विसर्प असाध्य होता है ।

"सर्वात्मकः क्षयकृतश्च न सिद्धिमेति" । (सु० नि० १०)

अग्निविसर्पलक्षणम्—

वातपित्तात्ज्वरच्छर्दिमूर्च्छातीसारतृड्भ्रमैः ।
अस्थिभेदाग्निसदनतमकारोचकैर्युतः ॥ ८ ॥
करोति सर्वमङ्गं च दीप्ताङ्गारावकीर्णवत् ।
यं यं देशं विसर्पश्च विसर्पति भवेत्स सः ॥ ९ ॥
शान्तागारासितो नीलो रक्तो वाऽऽशु च चीयते ।
अग्निदग्ध इव स्फोटैः शीघ्रगत्वाद् द्रुतं च सः ॥ १० ॥
मर्मानुसारी वीसर्पः स्याद्वातोऽतिबलस्ततः ।
व्यथेताङ्गं हरेत्संज्ञां निद्रां च श्वासमीरयेत् ॥ ११ ॥
हिक्कां स गतोऽवस्थामीदृशीं लभते न ना ।

क्वचिच्छर्मारतिग्रस्तो भूमिशय्यासनादिषु ॥ १२ ॥
चेष्टमानस्ततः क्लिष्टो मनोदेहश्रमोहवान् ।
दुष्प्रबोधोऽश्नुते निद्रां सोऽग्निवीसर्प उच्यते ॥ १३ ॥

अग्नि-विसर्प के लक्षण—वातपित्तज-आग्नेय विसर्प में ज्वर, वमन, मूर्च्छा, अतिसार, प्यास, भ्रम (चक्कर), अस्थिभेद (या ग्रन्थियों में फटने जैसी पीड़ा), मन्दाग्नि, तमकश्वास तथा अरुचि ये लक्षण होते हैं। इस विसर्प में सम्पूर्ण शरीर के अंग जलते हुए अंगारे से झुलसे हुए के सदृश हो जाता है। जिन जिन स्थानों पर विसर्प रोग फैलता है उन उन स्थानों में बुझे हुए अंगारों के समान काला, नीला या रक्तवर्ण का होकर शीघ्र ही अग्नि से जलने के समान फफोलों से युक्त हो जाता है। शीघ्रगामी होने के कारण वह शीघ्र ही मर्म स्थान में पहुँच जाता है जिससे वात अत्यधिक प्रकुपित होकर शरीर के अंगों को व्यथित करता है और संज्ञा (चेतना) तथा निद्रा को नाश कर देता है एवं श्वास और हिचकी को उत्पन्न करता है। इस प्रकार की अवस्था को प्राप्त कर वह रोगी बेचैन होकर पृथ्वी पर बार बार बैठने की चेष्टा, शय्या पर सोने की एवं आसन पर बैठने की इच्छा करता हुआ भी कहीं पर सुख-शान्ति नहीं प्राप्त करता है। इसके बाद अत्यधिक दुःखी होकर मन तथा शरीर के अधिक व्यथित होने के कारण बेहोश होकर दुष्प्रबोध निद्रा अर्थात् मरणतुल्य निश्चेष्ट अवस्था को प्राप्त हो जाता है ऐसे विसर्प को 'वातपित्तजन्य आग्नेय विसर्प' कहते हैं ॥ ८–१३ ॥

ग्रन्थिविसर्पलक्षणम्—

कफेन रुद्धः पवनो भित्त्वा तं बहुधा कफम् ।
रक्तं वा वृद्धरक्तस्य त्वक्शिरास्नायुमांसगम् ॥ १४ ॥
दूषयित्वा च दीर्घाणुवृत्तस्थूलखरात्मनाम् ।
ग्रन्थीनां कुरुते मालां सरक्तां तीव्ररुग्ज्वराम् ॥ १५ ॥
कासश्वासातिसारास्यशोषहिध्मावमिभ्रमैः ।
मोहवैवर्ण्यमूर्च्छाङ्गभङ्गाग्निसदनैर्युताम् ॥ १६ ॥
इत्ययं ग्रन्थिवीसर्पः कफमारुतकोपजः ।

ग्रन्थि विसर्प के लक्षण—अपने कारणों से प्रकुपित कफ से अवरोधित वात उस कफ को अनेक प्रकार से भेदन कर अथवा बढ़े हुए रक्तवाले मनुष्य के रक्त को भी भेदित कर उसकी त्वचा, शिरा, स्नायु तथा मांस में स्थित रक्त को दूषित कर बड़ी, छोटी, गोलाकार तथा कठिन ग्रन्थियों की माला के तरह उत्पन्न कर देता है, वे ग्रन्थियां रक्तवर्ण की होती हैं और उनमें

तीव्र वेदना, ज्वर, कास, श्वास, अतिसार, मुख का सूखना, हिक्का, वमन, भ्रम (चक्कर), मोह, विवर्णता, मूर्च्छा, अङ्गों का टूटना तथा मन्दाग्नि आदि होते हैं। कफवात के प्रकोप से उत्पन्न इस विसर्प को 'ग्रन्थिविसर्प' कहते हैं।

कर्दमविसर्पलक्षणम्—

कफपित्ताज्ज्वरः स्तम्भो निद्रा तन्द्रा शिरोरुजा ॥ १७ ॥
अङ्गावसादविक्षेपौ प्रलापारोचकभ्रमाः।
मूर्च्छाग्निहानिर्भेदोऽस्थ्नां पिपासेन्द्रियगौरवम् ॥ १८ ॥
आमोपवेशनं लेपः स्रोतसां स च सर्पति।
प्रायेणामाशये गृह्णन्नेकदेशं न चातिरुक् ॥ १९ ॥
पिडकैरवकीर्णोऽतिपीतलोहितपाण्डुरैः ।
मेचकाभोऽसितः स्निग्धो मलिनः शोफवान् गुरुः ॥ २० ॥
गम्भीरपाकः प्राज्योष्मा पक्वः क्लिन्नोऽवदीर्यते।
पङ्कवच्छीर्णमांसश्च स्पष्टस्नायुशिराजालः ॥ २१ ॥
शवगन्धिश्च वीसर्पः कर्दमाख्यमुशन्ति तम्।

कर्दम विसर्प का लक्षण—कफ-पित्तजन्य विसर्प में ज्वर, अङ्गों की स्तब्धता, निद्रा, तन्द्रा, शिरोवेदना, शरीरावयवों में शैथिल्य तथा अङ्गों का इधर-उधर फेंकना, प्रलाप, (असम्बद्ध भाषण), अरुचि, भ्रम (चक्कर), मूर्च्छा, मन्दाग्नि, हड्डियों में टूटने जैसी वेदना, प्यास, इन्द्रियों में भारीपन, आमयुक्त मल का परित्याग तथा स्रोतों में लेप (अवरोध) उत्पन्न होता है। यह विसर्प प्रायः आमाशय तथा एक देश में व्याप्त होता है और वेदना अधिक नहीं होती है। अत्यधिक पीले, लाल एवं धूसर वर्ण की पिडिकाओं से युक्त रहता है। यह विसर्प चिकना, काला, अञ्जन के समान कृष्णवर्ण का, मलिन (मलयुक्त), शोथयुक्त, भारी, आभ्यन्तर पकनेवाला तथा अत्यधिक गरम होता है। क्लेदयुक्त होता है और स्पर्श करने से शीघ्र ही फट जाता है। कीचड़ के समान सड़ेगले मांसवाला होता है और स्नायु तथा शिरा की जाल साफ दिखाई देती है। इसमें मुर्दा के समान दुर्गन्ध आती है। इस प्रकार के विसर्प को 'कर्दमविसर्प' कहते हैं।

क्षतविसर्पलक्षणम्—

बाह्यहेतोः क्षतात्क्रुद्धः सरक्तं पित्तमीरयन् ॥ २२ ॥
विसर्प मारुतः कुर्यात्कुलत्थसदृशैश्चितम्।
स्फोटैः शोफज्वररुजादाहाढ्यं श्यावलोहितम् ॥ २३ ॥

क्षतविसर्प के लक्षण—बाहरी कारणों से उत्पन्न क्षत से दूषित वायु रक्त-

सहित पित्त को प्रेरित करके कुलथी के सदृश छालों से युक्त, शोथ, ज्वर, वेदना एवं दाह के सहित श्याव तथा लालवर्ण के विसर्प को उत्पन्न करता है ॥ २२-२३ ॥

विसर्पोपद्रवाः—

ज्वरातिसारवमथुत्वृण्मांसदरणक्लमाः ।
अरोचकाविपाकौ च विसर्पाणामुपद्रवाः ॥ २४ ॥

विसर्प के उपद्रव—विसर्प में ज्वर, अतिसार, वमन, त्वचा तथा मांस का फटना, क्लम (चिपचिपाहट), अरुचि तथा भोजन का अच्छी तरह पाक न होना ये विसर्प के उपद्रव होते हैं ॥ २४ ॥

विसर्पाणां साध्यासाध्यलक्षणम्—

सिध्यन्ति वातकफपित्तकृता विसर्पाः
सर्वात्मकः क्षवकृतश्च न सिद्धिमेति ।
पित्तात्मकोऽञ्जनवपुश्च भवेदसाध्यः
कृच्छ्राश्च मर्मसु भवन्ति हि सर्व एव ॥ २५ ॥

इति विसर्पनिदानम् ।

विसर्प के साध्यासाध्यत्व—वातिक, पैत्तिक तथा श्लैष्मिक विसर्प साध्य होते हैं। सर्वात्मक (सन्निपातज) एवं क्षतज विसर्प असाध्य होते हैं। जिस पित्तजन्य विसर्प में रोगी का शरीर अञ्जन के सदृश कृष्णवर्ण का हो जाता है वह असाध्य होता है। मर्मस्थल में उत्पन्न होनेवाले सभी प्रकार के विसर्प कष्टसाध्य या असाध्य होते हैं ॥ २५ ॥

विसर्प का निदान समाप्त ।

अथातो विसर्पचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

विसर्प-निदान-निरूपण के बाद विसर्प की चिकित्सा कहते हैं।

विसर्पे सामान्यचिकित्सा—

विरेकवमनालेपशोधनास्रविमोक्षणैः ।
उपाचरेद्यथादोषं विसर्पनिवहार्दितम् ॥ २६ ॥

विसर्प रोग में सामान्य चिकित्सा—विसर्प रोग से पीड़ित व्यक्ति को दोषों के अनुसार विरेचन, वमन, आलेप (अभ्यञ्जन), शोधन (स्नेहन-स्वेदन आदि के द्वारा) तथा रक्तविमोक्षण के द्वारा उपचार करे ॥ २६ ॥

विसर्पे पटोलादिवमनयोगः—

पटोलपिचुमन्दाभ्यां पिप्पल्या मदनेन च ।

विसर्पे वमनं शस्तं तथा चेन्द्रयवैः सह ॥ २७ ॥

विसर्प रोग में पटोलादि वमन योग—परवल की जड़, नीम, पीपर, मदन-फल तथा इन्द्रयव इन द्रव्यों के क्वाथ से विसर्प रोग में वमन कराना हितकर होता है ॥ २७ ॥

विसर्पे त्रिफलादिविरेचनम्—

त्रिफलारससंयुक्तं सर्पिस्त्रिवृतया सह ।
प्रयोक्तव्यं विरेकार्थं विसर्पज्वरशान्तये ॥ २८ ॥

विसर्प रोग में त्रिफलादि विरेचन—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) के क्वाथ को घृत में मिलाकर निशोथ के चूर्ण के साथ, विसर्प ज्वर की शान्ति के लिये विरेचन कराने के हेतु प्रयोग करे ॥ २८ ॥

वातविसर्पे कतिपययोगाः—

रसमामलकानां वा घृतमिश्रं प्रदापयेत् ।

वातविसर्प में कुछ योग—वातविसर्प में घृत-मिश्रित आंवले के रस को विसर्प के रोगी के लिये प्रयोग करे ।

तृणवर्जं प्रयोक्तव्यं पञ्चमूलचतुष्टयम् ।
प्रदेहसेकसर्पिष्षु विसर्पे वातसंभवे ॥ २९ ॥

इसके अतिरिक्त वातजन्य विसर्प में तृणपञ्च[1] मूल को छोड़कर पञ्चमूल[2]-चतुष्टय (लघुपञ्चमूल, बृहत्पञ्चमूल, वल्लीपञ्चमूल तथा मध्यम पञ्चमूल) को प्रदेह (लेप), सेक (स्वेदन) तथा घृत-निर्माण में प्रयोग करे ॥ २९ ॥

वासाफलत्रयपटोलगुडूच्यरिष्टै-
रम्भः श्रृतं सखदिरैः सुखकृद्विसर्पी ।
लेपं शिरीषरजनीद्वयकुष्ठयष्टि-
मांसीनतैः सत्रुटिबालकचन्दनैश्च ॥ ३० ॥

अडूसा, फलत्रय (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), परवल, गुडूची, अरिष्ट (नीम)

---

१. तृणपञ्चमूल—कुश, कास, नल, शर, दर्भ, ।

२. पञ्चमूल-चतुष्टय—लघुपञ्चमूल ।

(१) गोखरू, वनभंटा, भटकटैया, सरिवन, पिठवन ।

(२) बृहत् पञ्चमूल—बेल, अरणी, अरलु, पाटला, गम्भारी ।

(३) वल्लीपञ्चमूल—विदारीकन्द, सारिवा, श्यामा सारिवा, गुडूची, मेढ़ा-सिंघी (मेषशृङ्गी) ।

(४) कण्टकपञ्चमूल—करमर्द, गोक्षुर, सैरेयक (कटसरैया), शतावरी, हिंस्रा (हैंस) ।

तथा खैर (समभाग) इन द्रव्यों का क्वथित जल तथा शिरीष, हल्दी, दारुहल्दी, कूठ, जेठी मधु, जटामांसी, नत्त (तगर), इलायची, सुगन्धवाला तथा सफेद चन्दन, (समभाग) इन द्रव्यों का लेप, विसर्प के रोगी के लिये सुखकारक होता है ॥ ३० ॥

वातविसर्पे कुष्ठादियोगः—

कुष्ठं शताह्वा सुरदारु मुस्ता वाराहिकुस्तुम्बरुकृष्णगन्धाः ।
वातेऽर्कवंशार्तगलाश्च योज्याः सेकेषु लेपेषु तथा घृतेषु ॥ ३१ ॥

वातविसर्प रोग में कुष्ठादि लेप—कूठ, सौंफ, देवदारु, मोथा, वाराहीकन्द, कुस्तुम्बरु (धनिया), कृष्णगन्धा (सहिजन की छाल), अर्क (मदार), वंश (बाँस की छाल) तथा आर्तगल (कालीकटसरैया) इन द्रव्यों को सेक, लेप तथा घृतनिर्माण में प्रयोग करे ॥ ३१ ॥

पित्तविसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः—

प्रपौण्डरीकमञ्जिष्ठापद्मकोशीरचन्दनैः ।
सुयष्टीन्दीवरैः पिष्टैः क्षीरयुक्तैः प्रलेपनम् ॥ ३२ ॥

पित्तविसर्प में प्रपौण्डरीकादिलेप—प्रपौण्डरीक (पुण्डरीय वृक्ष), मंजीठ, पद्मकाठ, खस, चन्दन, जेठीमधु, इन्दीवर (कमल) का फूल समभाग इन द्रव्यों को महीन पीसकर तथा दूध मिलाकर पैत्तिक विसर्प में लेप करे ॥३२॥

पित्तविसर्पे कसेरुकादिलेपः—

कसेरुशृङ्गाटकपद्मगुन्द्राः सशैवलाः सोत्पलकर्दमाश्च ।
वस्त्रान्तराः पित्तकृते विसर्पे लेपा विधेयाः सघृताः सुशीताः ॥ ३३ ॥

पित्तविसर्प में कसेरुकादि लेप—कसेरु (मोथा), शृङ्गाटक (सिंघाड़ा), पद्मकाठ, गुन्द्रा (मृदुदर्भ 'गोंद' तृणविशेष), शैवाल, नीलकमल, कर्दम (पङ्क), समभाग इन द्रव्यों को एक साथ महीन पीस घृत मिलाकर एवं दो कपड़ों (पट्टियों) के बीच में रखकर पैत्तिकविसर्प में लेप का प्रयोग करे ॥ ३३ ॥

विसर्पे कतिपयलेपयोगाः—

प्रदेहः परिषेकश्च शस्यते पञ्चवल्कलैः ।
पद्मकोशीरमधुकचन्दनैर्वा प्रशस्यते ॥ ३४ ॥

विसर्प में कुछ लेप योग—पञ्चवल्कल (वट, पीपर, पाकड़, गूलर तथा बेंत की छाल) के क्वाथ या लेप से अथवा पद्मकाठ, खस, मुलेठी और सफेद चन्दन के कल्क एवं लेप से प्रदेह (पुल्टिस) तथा परिषेक (लेप) करना विसर्प रोग में प्रशस्त होता है ॥ ३४ ॥

पित्ते तु पद्मिनीपङ्कः पिष्टं वा शङ्खशैवलम् ।
गुञ्जामूलं तु शुक्तिं वा गैरिकं वा घृतान्वितम् ॥ ३५ ॥

पैत्तिक विसर्प में पद्मिनी (कमलिनी) का कल्क या शंख तथा शेवाल का पिसा हुआ कल्क घुघुची की जड़, शुक्ति या गेरू घृत में मिलाकर लेप करे ॥ ३५ ॥

न्यग्रोधपादास्तरुणाः कदलीगर्भ एव च ।
बिसग्रन्थिश्च लेपः स्याच्छतधौतघृतान्वितः ॥ ३६ ॥

वट के परिपुष्ट अंकुर (बरोही), केला का गोफा (मध्य भाग) तथा कमल का तन्तु एवं गाथ—इन सबों को पीसकर शतधौत घृत (सौवार जल में धोया हुआ घृत) मिलाकर लेप करे ॥ ३६ ॥

हरेणवो मसूराश्च मुद्गाश्चैव सशालयः ।
पृथक् पृथक् प्रदेहाः स्युः सर्वे वा सर्पिषा सह ॥ ३७ ॥

हरेणु (सम्भालू के बीज), मसूर, मूंग, जड़हन धान का चावल—इन सबों का अलग-अलग प्रदेह (शीत लेप) करे या सब में घृत मिलाकर शीत लेप करे ॥ ३७ ॥

विसर्पे द्राक्षादिशोधनयोगः—

द्राक्षारग्वधकाश्मर्यत्रिफलाविडपीलुभिः ।
त्रिवृद्धरीतकीभिश्च विसर्पे शोधनं हितम् ॥ ३८ ॥

विसर्प रोग में द्राक्षादि-शोधन योग—मुनक्का, अमलतास, गम्भारी, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), विडनमक, पीलु की छाल, निशोथ तथा हर्रे—इन द्रव्यों के क्वाथ या चूर्ण के द्वारा विसर्प रोग में शोधन करना हितकर होता है ॥ ३८ ॥

कफविसर्पे खदिरादिलेपः—

गायत्रीसप्तपर्णाह्ववासारग्वधदारुभिः ।
कुटन्नटैर्भवेल्लेपो विसर्पे श्लेष्मसंभवे ॥ ३९ ॥

कफविसर्प में खदिरादि लेप—गायत्री (खैर), छितवन, अडूसा, अमलतास, देवदारु तथा कुटन्नट (सोनापाठा) (समभाग) इन द्रव्यों को पीसकर कफजन्य विसर्प में लेप करे ॥ ३९ ॥

कफविसर्पेऽजगन्धादिलेपः—

अजाऽश्वगन्धा सरलाऽथ काला सैकेशिका चाऽप्यथवाऽजशृङ्गी ।
गोमूत्रपिष्टो विहितः प्रदेहो हन्याद्विसर्पं कफजं सुशीघ्रम् ॥ ४० ॥

कफजविसर्प में अजगन्धादि लेप—अजगन्धा (अजमोदा), असगन्ध, सरला (सफेद निशोथ), काला निशोथ, सैकेशिका (अदरक) या अजशृंगी (मेढासिंघी), (समभाग) इन द्रव्यों को गोमूत्र के साथ पीसकर बनाया हुआ लेप कफजन्य विसर्प को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४० ॥

कफविसर्पे मदनादिवमनम्—

मदनं मधुकं निम्बं वत्सकस्य फलानि च ।
वमनं च विधातव्यं विसर्पे कफसंभवे ॥ ४१ ॥

कफज विसर्प में मदनादि वमन—मदनफल, मुलेठी, नीम तथा इन्द्रयव (समभाग) इन द्रव्यों के क्वाथ या चूर्ण से कफजन्य विसर्प में वमन कराये ॥ ४१ ॥

कफविसर्पे त्रिफलादिलेपः—

त्रिफलापद्मकोशीरसमङ्गाकरवीरकम् ।
नलमूलमनन्ता च लेपः श्लेष्मविसर्पहा ॥ ४२ ॥

कफज विसर्प में त्रिफलादि लेप—त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), पद्मकाठ, खस, मजीठ, कनेर, नलमूल (नरकुल की जड़) तथा अनन्ता (दूर्वा) (समभाग) इन द्रव्यों का लेप कफज विसर्प को नाश करनेवाला है ॥ ४२ ॥

वातविसर्पे क्षीरादिपरिषेकयोगः—

क्षीरतैलविमिश्रेण घृतमण्डेन कल्पितः ।
परिषेकः क्षिणोत्याशु विसर्पमनिलोद्भवम् ॥ ४३ ॥

वातज विसर्प में क्षीरादि परिषेक योग—दूध तथा तैल मिलाकर घृतमण्ड का बनाया हुआ परिषेक (लेप) वातजन्य विसर्प को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ४३ ॥

वातविसर्पे रास्नादिलेपः—

रास्ना च मधुकं चैव पेषयेद्दधिमस्तुना ।
प्रदेहो वातवीसर्पे घृताक्तस्तु प्रशस्यते ॥ ४४ ॥

वातज विसर्प में रास्नादि लेप—रासन तथा मुलेठी को दधिमस्तु (दही का तोड़) के साथ पीस ले और घृत मिलाकर वातजन्य विसर्प में प्रदेह (लेप) करे। यह वातज विसर्प को दूर करता है ॥ ४४ ॥

वातविसर्पे क्षीरवृक्षशुङ्गादिलेपः—

शुङ्गाश्च क्षीरवृक्षाणां मधुकं नीलमुत्पलम् ।
क्षीरसिद्धमिदं कोष्णं वातवीसर्पनाशनम् ॥ ४५ ॥

वातजन्य विसर्प में क्षीर वृक्ष-शुङ्गादि लेप—क्षीरवृक्षों (वट, पीपर, गूलर आदि) के शुङ्ग (टूसा), मुलेठी तथा नीलकमल का फूल (समभाग) इन द्रव्यों का गाय के दूध में पकाकर तथा थोड़ा गरम कर लेप करे। यह वातजन्य विसर्प को नाश करनेवाला है ॥ ४५ ॥

वातविसर्पे रास्नादिलेपः—

रास्ना नीलोत्पलद रु चन्दनं मधुकं शटी ।
घृतक्षीरयुतो लेपो वातवीसर्पनाशनः ॥ ४६ ॥

वातविसर्प में द्वितीय रास्नादि लेप—रासन, नीलकमल का फूल, देवदारु, सफेद चन्दन, मुलेठी, शटी (कपूरकचरी) समभाग इन द्रव्यों का घृत तथा गाय के दूध के साथ बनाया हुआ लेप वातज विसर्प को नाश करता है ॥४६॥

पैत्तिके विसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः—

प्रपौण्डरीकं मधुकं पयस्या मञ्जिष्ठिका पद्मकचन्दने च ।
सुगन्धिका चेति सुखोपलेपः पैत्ते विसर्पे भिषजा प्रयोज्यः ॥ ४७ ॥

पैत्तिक विसर्प में प्रपौण्डरीकादि लेप—प्रपौण्डरीक (पुण्डरीयवृक्ष), मुलेठी, पयस्या (क्षीरकाकोली या 'अर्कपुष्पी'), मजीठ, पद्मकाठ, सफेद चन्दन तथा सुगन्धिका ([1]एलुआ) (समभाग) इन द्रव्यों का लेप पैत्तिक विसर्प में वैद्य प्रयोग करे ॥ ४७ ॥

पैत्तिकविसर्पे कपीतनादित्वग्लेपः—

कपीत वटाश्वत्थप्लक्षोदुम्बरजास्त्वचः ।
लेपनाच्छोफवीसर्परक्तपित्तप्रसाधनाः ॥ ४८ ॥

पैत्तिक विसर्प में कपीतनादित्वग्लेप—कपीतन (आमदा), वट, पीपर, पाकड़ तथा गूलर—इन द्रव्यों की छाल को पीसकर लेप लगाये । यह शोथ, विसर्प तथा रक्तपित्त को नाश करनेवाला है ॥ ४८ ॥

पित्तविसर्पे पद्मकादिलेपः—

पद्मकोशीरमधुकचन्दनैश्च प्रशस्यते ।
लेपो विसर्पपित्तास्रदाहरागनिवारणः ॥ ४९ ॥

पित्तविसर्प में पद्मकादि लेप—पद्मक (पद्मकाठ), खस, मुलेठी, सफेद चन्दन (समभाग) इन द्रव्यों का लेप विसर्प, रक्तपित्त, दाह तथा राग (लालिमा) को दूर करने के लिये उत्तम है ॥ ४९ ॥

पित्तविसर्पे कालीयकादिलेपः—

कालीयकविभिश्रैस्तु सघृतैः शालितण्डुलैः ।
प्रलिप्तः पित्तवीसर्पो न पुनर्याति विक्रियाम् ॥ ५० ॥

पित्तविसर्प में कालीयकादि लेप—कालीयक (दारुहल्दी) तथा जड़हन धान के चावल को पीसकर घृत में मिलाकर लेप करने से पैत्तिक विसर्प नष्ट हो जाता है और पुनः उत्पन्न नहीं होता है ॥ ५० ॥

---

१. यह शीतलचीनी के तरह होता है और इसमें कूट के तरह गन्ध होता है—अमरकोश ।

पित्तविसर्पे बिसग्रन्थ्यादिलेपः—

बिसग्रन्थिमृणालाभ्यां निशाकाष्ठवटच्छदैः ।
पित्तवीसर्पनाशाय वारिपिष्टैः प्रलेपनम् ॥ ५१ ॥

पित्तविसर्प में बिसग्रन्थ्यादि लेप—बिसग्रन्थि (कमल की गांठ) तथा मृणाल, हलदी निशाकाष्ठ (दारुहल्दी) तथा वट की छाल, (समभाग) इन द्रव्यों को जल के साथ पीसकर पैत्तिक विसर्प को नाश करने के लिये लेप लगाये ॥ ५१ ॥

कफविसर्पे काकजङ्घादिलेपः—

काकजङ्घा शिरीषस्य पुष्पं श्लेष्मातकत्वचः ।
कृतमालस्य पत्राणि वाजिगन्धा प्रियङ्गवः ।
प्रदेहं कफवीसर्पे कटुष्णं च प्रयोजयेत् ॥ ५२ ॥

कफजन्य विसर्प में काकजङ्घादि लेप—काकजंघा (कोवाठोठी), शिरीष का फूल, श्लेष्मातक (लसोढा) की छाल, कृतमाल (अमलतास) की पत्तियां, वाजिगन्धा (अश्वगन्धा), मालकांगनी, (समभाग) इन द्रव्यों को पीसकर लेप तैयार करे और थोड़ा-सा गरम कर कफज विसर्प में लेप करे ॥५२॥

कफविसर्पे खदिरादिलेपः—

गायत्रीसप्तपर्णाब्दधवारग्वधदारुभिः ।
सकुरण्टैर्भवेल्लेपो विसर्पे श्लेष्मसंभवे ॥ ५३ ॥

कफविसर्प में खदिरादि लेप—गायत्री (खैर), छितवन, अब्द (मोथा), धव (धाय का फूल), अमलतास, देवदारु तथा कुरण्ट (पीले फूलवाली कट-सरैया) समभाग इन द्रव्यों का लेप कफजन्य विसर्प में लगावे ॥ ५३ ॥

विसर्पे दशाङ्गलेपः—

शिरीषयष्टीनतचन्दनैलामांसीहरिद्राद्वयकुष्ठतोयैः ।
लेपो दशाङ्ग सघृतः प्रदेयो विसर्पकुष्ठव्रणशोफहारी ॥ ५४ ॥

विसर्प में दशाङ्गलेप—शिरीष की छाल, मुलेठी, नत (तगर), सफेद चन्दन, बड़ी इलायची, जटामांसी, हलदी, दारुहल्दी, कूठ तथा सुगन्धवाला (समभाग), इन दश द्रव्यों से बनाया हुआ दशांग लेप घृत मिलाकर लगाये। यह लेप विसर्प, कुष्ठरोग, व्रण तथा शोथ को दूर करनेवाला है ॥५४॥

विसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः—

प्रपौण्डरीकयष्ट्याह्वदार्वीरोध्राब्दचन्दनैः ।
सितोपलैरकासक्तुमसूरोशीरपद्मकैः ।
लेपो रुग्दाहवीसर्पस्फोटशोफनिवारणः ॥ ५५ ॥

विसर्परोग में "द्वितीय" प्रपौण्डरीकादि लेप—प्रपौण्डरीक (पुण्डरीय वृक्ष), मुलेठी, देवदारु, लोध, मोथा, सफेद चन्दन, सितोपल (मिश्री), एरका, (तृणविशेष), लावा का सत्तू, मसूर, खस तथा पद्मकाठ (समभाग) इन द्रव्यों का लेप पीड़ा, दाह, विसर्प, फोड़िया तथा शोथ को दूर करने-वाला है ॥ ५५ ॥

विसर्पे नलादिलेपः—

नलवेतसमूलानि गुन्द्रा शैवलशाड्वलम् ।
विसर्पे सघृतं पिष्टमेकैकं लेपनं हितम् ॥ ५६ ॥

विसर्प में नलादि लेप—नल (नरकुल) का मूल, वेंत का मूल, गुन्द्रा (गोंद तृणविशेष), शेवाल, शाड्वल (दूर्वा), इन द्रव्यों को अलग-अलग पीसकर घृत मिलाकर लेप लगाना विसर्प रोग में हितकर है ॥ ५६ ॥

विसर्पे मसूरादिलेपः—

मसूरैः खण्डितैर्मुद्गैश्चणकैः समकुष्ठकैः ।
यवैश्च निस्तुषैस्तद्वल्लेपो वीसर्पनाशनः ॥ ५७ ॥

विसर्परोग में मसूरादि लेप—मसूर की दाल, मूंग की दाल, चना की दाल, कूठ, छिलका उतारा हुआ जव अलग-अलग इन द्रव्यों का लेप घृत मिलाकर लगाने से विसर्प को नाश करने वाला है ॥ ५७ ॥

विसर्पे बलादिलेपः—

बलानागबलापथ्याभूर्जग्रन्थिविभीतकम् ।
वंशपत्राण्यग्निमन्थं दद्याद् ग्रन्थिप्रलेपनम् ॥ ५८ ॥

विसर्प में बलादि लेप—बला (बरियार), नागबला (गंगेरन-गुल-शकरी), हर्रे, भोजपत्र, ग्रन्थि (पिपरामूल), बहेड़ा, वंशपत्री तथा अरणी इन द्रव्यों को पीसकर विसर्प की गाँठों के ऊपर लेप करे। यह लेप विसर्प की गाँठों को नाश करता है ॥ ५८ ॥

विसर्पे कम्पिल्लकादिलेपः—

कम्पिल्लकं विडङ्गानि त्वचं दार्व्यास्तथैवच ।
पिष्ट्वा तैलं विपक्तव्यं ग्रन्थिव्रणचिकित्सितम् ॥ ५९ ॥

विसर्प रोग में कम्पिल्लकादि लेप (तैल)—कम्पिल्लक (कबीला), वाय-विडंग, दालचीनी तथा दारुहल्दी—समभाग इन द्रव्यों को पीसकर कल्क बनावे और उसके साथ तैल पकावे। इस तैल को विसर्प की गाँठ एवं व्रण की चिकित्सा के लिये प्रयोग करे। (कल्क एक पाव, तैल एक सेर तथा जल चार सेर लेकर तैल पकाना चाहिए) ॥ ५९ ॥

विसर्पव्रणे दूर्वादिघृतम्—

दूर्वास्वरससिद्धं च घृतं स्याद् व्रणरोपणम् ।

विसर्प के व्रण में दूर्वादि घृत—दूर्वा के स्वरस से सिद्ध घृत विसर्प के व्रणों को रोपण करता है।

विसर्पे दार्व्यादिघृतम्—

दार्वीत्वङ्मधुकं रोध्रं केसरं चावचूर्णितम् ॥ ६० ॥
पटोलपत्रं त्रिफलां कुर्यादर्धपलोन्मितान्।
पक्वं यष्ट्याह्वकल्केन घृतं स्याद् व्रणरोपणम् ॥ ६१ ॥

विसर्प रोग में दारुहल्दी आदि का लेप—दारुहल्दी की छाल, मुलेठी, लोध, नागकेशर, परवल की पत्ती तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) आधा २ पल इन द्रव्यों को लेकर यवकुटकर क्वाथ बनावे और चतुर्थांश क्वाथ में मुलेठी का कल्क मिलाकर गाय का घृत पकावे। यह घृत लेप करने से विसर्प के व्रणों को रोपण करता है। (घृत के चतुर्थांश कल्क तथा चौगुना क्वाथ लेकर घृत पकावे) ॥ ६०-६१ ॥

विसर्पे प्रपौण्डरीकादिलेपः—

प्रपौण्डरीकोत्पलगैरिकं च मञ्जिष्ठयष्टीमधुकं विदारी।
द्वे चन्दने पद्मकपद्मपत्रं सौगन्धिकं स्यात्कुमुदं च तुल्यम्।
लेपः प्रशस्तः पयसा सुपिष्टः कुमारकाणां सविसर्पकाणाम् ॥ ६२ ॥

विसर्प रोग में तृतीय प्रपौण्डरीकादि लेप—प्रपौण्डरीक (पुण्डरीय वृक्ष), नीलकमल, गेरू, मजीठ, यष्टीमधुक (मुलेठी), विदारीकन्द, सफेद चन्दन, रक्तचन्दन, पद्मकाठ, कमल का पत्ता, सौगन्धिक (सुगन्धवाला), कुमुद का फूल—समभाग इन द्रव्यों को लेकर गोदुग्ध में पीसकर नवीन विसर्प रोग में लेप करना प्रशस्त है ॥ ६२ ॥

विसर्पे दुरालभादिशीतकषायः—

दुरालभापर्पटकगुडूचीविश्वभेषजम् ।
निशापर्युषितं दद्यात्तृष्णावीसर्पनाशनम् ॥ ६३ ॥

विसर्प रोग में दुरालभादि शीत कषाय—यवासा, पित्तपापड़ा, गुडूची तथा सोंठ (समभाग)। इन द्रव्यों को रात में भिगोकर सुबह छान शीत-कषाय बनावे और पान करे। यह प्यास तथा विसर्प रोग को नाश करता है ॥ ६३ ॥

विसर्पे पटोलपत्रादियूषः—

पटोलपत्रमुद्गानां रसमामलकस्य च।
पाययेत घृतोन्मिश्रं नरं वीसर्पपीडितम् ॥ ६४ ॥

विसर्प रोग में पटोलपत्रादि यूष—परवल का पत्ता तथा मूंग का यूष और आंवला का रस घृत मिलाकर विसर्प रोग से पीड़ित रोगी को पान करावे। यह विसर्प रोग को नाश करता है ॥ ६४ ॥

विसर्पे पटोलादिक्काथः—

पटोलारिष्टादार्वीत्वक्तिक्तात्रायन्तिकामृताः ।
सयष्टीमधुकाः सर्वे विसर्पान् घ्नन्ति पानतः ।

विसर्प रोग में पटोलादि क्काथ—परवल की पत्ती, नीम की छाल, दारु-हल्दी की छाल, कुटकी, त्रायमाणा, गुडूची, तथा यष्टीमधुक (मुलेठी) (समभाग)। इन सभी द्रव्यों का क्काथ पान करने से विसर्प रोगों को नाश करता है।

विसर्पे मुस्तादिकषायः—

मुस्तारिष्टपटोलानां क्काथः सर्वविसर्पजित् ॥ ६५ ॥

विसर्प रोग में मुस्तादि कषाय—नागरमोथा, नीम की छाल तथा परवल का पत्ता (समभाग) इन द्रव्यों का क्काथ सभी प्रकार के विसर्प रोगों को जीत लेता है ॥ ६५ ॥

विसर्पे खदिराष्टकम्—

खदिरपटोलवृषनिम्बफलत्रितयै-
रमृतान्वितैरपि पयः पिबतः क्वथितम् ।
प्रशममुपैति कुष्ठमथ सर्पिरनेन
पचेदपि खदिराष्टकेन विसर्पहरम् ॥ ६६ ॥

विसर्प रोग में खदिराष्टक—खैर, परवल की पत्ती, अडूसा, नीम, फल-त्रितय (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा गुडूची (समभाग) इन द्रव्यों को मिलाकर पकाया हुआ दूध पीनेवाले व्यक्ति का कुष्ठरोग शान्त हो जाता है और इसी खदिराष्टक से घृत पकाये तथा पान करे। यह घृत पान करने से विसर्प रोग को दूर करता है ॥ ६६ ॥

विसर्पे पटोलादिकषायः—

पीत्वा पटोलनिम्बैस्तु चन्दनोत्पलमुस्तकैः ।
क्वाथं विसर्परोगार्तः क्षिप्रं सुखमवाप्नुयात् ॥ ६७ ॥

विसर्प रोग में पटोलादि कषाय—विसर्प रोग से पीड़ित व्यक्ति परवल की पत्ती, नीम की छाल, चन्दन, नीलकमल तथा मोथा (समभाग) इन द्रव्यों के क्काथ को पान कर शीघ्र ही सुख को प्राप्त करता है। अर्थात् यह क्वाथ विसर्प रोग को नष्ट करता है ॥ ६७ ॥

विसर्पे सारिवादिकषायः—

सारिवामस्तकोशीरधात्रीभिः परिसाधितम् ।
कषायं च पिबेदाशु सर्ववीसर्पनाशनम् ॥ ६८ ॥

विसर्प रोग में सारिवादि कषाय—सारिवा, मोथा, खस तथा आंवला

(समभाग) इन द्रव्यों से सिद्ध किया हुआ शीघ्र सभी प्रकार के विसर्प को नाश करनेवाले कषाय को पान करे ॥ ६८ ॥

विसर्पे आरग्वधादिकषायः—

आरग्वधस्य पत्राणि त्वचः श्लेष्मातकोद्भवाः ।
शिरीषपुष्पं कामाता हिता लेपावचूर्णनैः ॥ ६९ ॥

विसर्प रोग में आरग्वधादि कषाय—अमलतास की पत्ती, लसोड़ा की छाल, शिरीष का फूल तथा कामाता (काकमाची) ये द्रव्य लेप तथा चूर्ण बनाकर प्रयोग करने से विसर्प रोग में हितकर है ॥ ६९ ॥

विसर्पे अमृतादिक्काथः—

अमृतबिसपटोलं निम्बकल्कैरुपेतं
त्रिफलखदिरसारं व्याधिघातं च तुल्यम् ।
कथितमिदमशेषं गुग्गुलोर्भागयुक्तं
जयति विषविसर्पं कुष्ठमष्टादशाख्यम् ॥ ७० ॥

विसर्प रोग में अमृतादि क्वाथ—गुडूची, बिस (कमल का डंठल), परवल की पत्ती, नीम की छाल का कल्क, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), खदिरसार (खैर की लकड़ी या कत्था) तथा अमलतास—समभाग इन द्रव्यों के क्वाथ में गुग्गुलु एक भाग मिलाकर सेवन करने से विषजन्य विसर्प तथा अट्ठारह प्रकार के कुष्ठरोगों को जीत लेता है ॥ ७० ॥

विसर्पे द्वितीयोऽमृतादिकषायः—

अमृतबिसपटोलं मुस्तकं सप्तपर्ण
खदिरमसितपत्रं निम्बपत्रं हरिद्रे ।
विविधविषविसर्पान् कुष्ठविस्फोटकण्डू-
रपनयति मसूरांश्छीतपित्तज्वरांश्च ॥ ७१ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे विसर्पाधिकार एकोनचत्वारिंशत्तमः समाप्तः ॥ ३९ ॥

विसर्प में द्वितीय-अमृतादि कषाय—गुडूची, बिस (कमल का डंठल) परवल, सोथा, छितवन, खैर, असितपत्र (नील की पत्ती), नीम की पत्ती, हल्दी तथा दारुहल्दी—समभाग इन द्रव्यों का क्वाथ अनेक प्रकार के विषजन्य विसर्प, कुष्ठ, विस्फोटक, कण्डू, मसूरिका तथा शीतपित्तज्वर को दूर करता है ॥ ७१ ॥

वैद्यशोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्साखण्ड में
उन्तालिसवाँ विसर्पाधिकार समाप्त ।

अथ विस्फोटकाधिकारश्चत्वारिंशत्तमः ।

अथातो विस्फोटकनिदानं व्याख्यास्यामः ।

विसर्प रोग निरूपण के बाद विस्फोटक का निदान कहते हैं ।

विस्फोटकानां निदानसंप्राप्तिपूर्वकं सामान्यलक्षणम्—

कट्वम्लरूक्षोष्णविदाहितीक्ष्णक्षारैरजीर्णाध्यशनातपैश्च ।
तथर्तुदोषेण विपर्ययेण कुप्यन्ति दोषाः पवनादयश्च ॥ १ ॥

विस्फोटकों के निदान-सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—कटु (चरपरे), खट्टे, रूखे, गरम, विदाही (जलन पैदा करनेवाले), तीक्ष्ण तथा खारे पदार्थों के सेवन करने से, अजीर्ण, अध्यशन (भोजन करने के तुरन्त बाद में भोजन करना) तथा अत्यधिक धूप सेवन करने से, ऋतु के दोष (शीत-उष्ण आदि के अति योग) से या ऋतु के विपरीत स्वभाव से, वात आदि दोष प्रकुपित हो जाते हैं ॥ १ ॥

त्वचमाश्रित्य ते रक्तमांसास्थीनि प्रदूष्य च ।
घोरान् कुर्वन्ति विस्फोटान् सर्वान् ज्वरपुरःसरान् ॥ २ ॥

वे प्रकुपित वातादि दोष त्वचा में आश्रित होकर तथा रक्त, मांस एवं अस्थियों को दूषित करके पहले ज्वर उत्पन्न कर भयंकर विस्फोटकों को उत्पन्न करते हैं ॥ २ ॥

अग्निदग्धनिभाः स्फोटाः सज्वरा रक्तपित्तजाः ।
कचित् सर्वत्र वा देहे स्मृता विस्फोटका इति ॥ ३ ॥

ज्वर के साथ रक्तपित्त के प्रकोप से अग्नि से जले हुए के समान फफोले शरीर के किसी-किसी स्थान में या सम्पूर्ण शरीर में उत्पन्न होते हैं उन्हें 'विस्फोटक' कहते हैं ॥ ३ ॥

विमर्शः—कुछ विद्वान् विस्फोटक से चेचक को ग्रहण करते हैं क्योंकि चेचक में भी विस्फोटक होते हैं किन्तु यह उपयुक्त नहीं है । चेचक के अतिरिक्त अन्यत्र भी विस्फोटक होते हैं । यह कभी किसी विशिष्ट अङ्ग में होते हैं और कभी सम्पूर्ण अङ्ग में होते हैं । चेचक सम्पूर्ण शरीर में ही होता है । विस्फोटक में कहीं भी पूर्वरूप का वर्णन नहीं मिलता है किन्तु चेचक में पूर्वरूप अवश्य मिलते हैं जो मसूरिका के पूर्वरूप से अधिक मिलते हैं ।

विस्फोटक में विभिन्न ऋतुओं में शीत एवं उष्ण आदि के सम्पर्क से कमजोर चमड़े में पूयोत्पादक जीवाणुओं के उपसर्ग से शरीर के एक अङ्ग में या

सम्पूर्ण शरीर में पूय पड़ जाते हैं। प्रायः इसमें गाढ़ी पूय पड़ जाती है तथा यह एक के बाद दूसरे उत्पन्न होते रहते हैं। कभी-कभी इसमें से पतला स्राव मात्र निकलता है। आजकल इसको 'बुरुलस इरप्सन' कहते हैं।

विस्फोटकानां वातजादिभेदेन लक्षणानि—

शिरोरुक्शूलमूयिष्ठज्वरतृट्पर्वभेदनम् ।
सकृष्णवर्णता चेति वातविस्फोटलक्षणम् ॥ ४ ॥

विस्फोटकों के वातज आदिक भेद से लक्षण—वातजविस्फोट—शिर में वेदना, शरीर में शूल की बहुलता, ज्वर, प्यास, सन्धियों में भेदन के समान पीड़ा तथा विस्फोटों का कृष्णवर्ण का होना ये वातिक विस्फोटक के लक्षण हैं ॥४॥

ज्वरदाहरुजास्रावपाकतृष्णाभिरन्वितम् ।
पीतलोहितवर्णं च पित्तविस्फोटलक्षणम् ॥ ५ ॥

पैत्तिक विस्फोट—ज्वर, जलन, वेदना, स्राव (द्रव पदार्थ निकलना), परिपाक होने की प्रवृत्ति तथा अधिक प्यास लगना—इन लक्षणों से युक्त पीले तथा लाल वर्ण के जो विस्फोटक उत्पन्न होते हैं उसे 'पैत्तिक विस्फोट' कहते हैं।

छर्द्यरोचकजाड्यानि कण्डूकाठिन्यपाण्डुताः ।
अवेदनश्चिरात्पाकी स विस्फोटः कफात्मकः ॥ ६ ॥

श्लैष्मिक विस्फोट—कफजन्य विस्फोटक में वमन, अरोचक (अरुचि), जड़ता (शरीर में जड़ता), खुजली, कड़ापन तथा पीलापन ये लक्षण होते हैं। रोगी को पीड़ा नहीं होती है और विस्फोटक अधिक देर में पकते हैं ॥६॥

कण्डूर्दाहो ज्वरश्छर्दिरैतैश्च कफपैत्तिकः ।

कफपैत्तिक विस्फोट—खुजली, जलन, वमन तथा ज्वर इन लक्षणों से कफपैत्तिक विस्फोटक समझना चाहिए।

वातपित्तकृतो यश्च कुरुते तीव्रवेदनाम् ॥ ७ ॥

वातपैत्तिक विस्फोट—वातपैत्तिक विस्फोटक में भयङ्कर वेदना होती है।

कण्डूस्तैमित्यगुरुभिर्जानीयात्कफवातिकम् ।

वातकफज विस्फोट—खुजली, स्तिमितता (गीले चमड़े से ढके हुए के समान अनुभव होना) तथा भारीपन इन लक्षणों से वातकफज विस्फोट समझना चाहिए।

मध्ये निम्नोन्नतोऽन्ते च कठिनोऽल्पप्रपाकवान् ॥ ८ ॥
दाहो रागस्तृषा मोहश्छर्दिर्मूर्च्छा ज्वरो रुजा ।
प्रलापो वमथुस्तन्द्रा सोऽसाध्यः स्यात्त्रिदोषजः ॥ ९ ॥

सान्निपातिक विस्फोटक—सान्निपातिक विस्फोटक में मध्य में दबा हुआ तथा चारों तरफ किनारे पर उठा हुआ एवं कम पकनेवाला होता है। त्रिदोषज

विस्फोटक में दाह, खुजली, लालिमा, तृषा, मोह (विपरीत ज्ञान), वमन, मूर्च्छा, ज्वर, वेदना, प्रलाप (असम्बद्ध भाषण), वमथु (वमन) तथा तन्द्रा ये लक्षण होते हैं और यह सान्निपातिक विस्फोटक असाध्य होता है ॥ ८-९ ॥

रक्ता रक्तसमुत्थाना गुञ्जाफलनिभास्तथा ।
वेदितव्यास्तु रक्तेन पैत्तिकेन तु हेतुना ।
न ते सिद्धिं समायान्ति सिद्धैर्योगवरैरपि ॥ १० ॥

रक्तपित्तज विस्फोटक—रक्तज विस्फोटक गुञ्जा (घुंघुची) या प्रवाल के समान लालवर्ण के होते हैं । ये पित्त को प्रकुपित करनेवाले कारणों से दूषित रक्त से उत्पन्न होते हैं । ये अनेकों सिद्ध योगों से भी साध्य नहीं होते हैं अर्थात् असाध्य होते हैं । इनकी चिकित्सा प्रत्याख्यान कर करनी चाहिए ॥ १० ॥

विस्फोटकानां साध्यासाध्यविचारः—

एकदोषोत्थितः साध्यः कृच्छ्रसाध्यो द्विदोषजः ।
सर्वरूपान्वितो घोरस्त्वसाध्यो भूर्युपद्रवः ॥ ११ ॥

विस्फोटक के साध्यासाध्य विचार—एक दोष से उत्पन्न विस्फोटक साध्य, दो दोषों से उत्पन्न विस्फोटक कष्टसाध्य तथा अनेक उपद्रवों से युक्त भयङ्कर, अत्यन्त कष्टदायक त्रिदोषज विस्फोटक असाध्य होता है ॥ ११ ॥

विस्फोटकोपद्रवाः—

तृट्श्वासमांससंकोचदाहहिक्कामदज्वराः ।
विसर्पमार्गसंरोधास्तेषां प्रोक्ता उपद्रवाः ॥ १२ ॥

इति विस्फोटकनिदानम् ।

विस्फोटक के उपद्रव—प्यास लगना, श्वासवृद्धि, मांसपेशियों का सिकुड़ना, दाह, हिचकी, मत्तता, ज्वर, फैलने की प्रवृत्ति तथा स्रोतों में रुकावट ये विस्फोटकों के उपद्रव होते हैं ॥ १२ ॥

विस्फोटक-निदान समाप्त ।

अथातो विस्फोटकचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

विस्फोटक-निदान के बाद चिकित्सा का निरूपण करते हैं ।

विस्फोटके लङ्घनविधानम्—

विस्फोटकेषु सर्वेषु लङ्घनं पूर्वमाचरेत् ।
न रसेन विना केचिद्विस्फोटाः संभवन्ति हि ॥ १३ ॥

विस्फोटक में लंघन का विधान—सभी प्रकार के विस्फोटक रोग में पहले

लंघन कराना चाहिए। क्योंकि रस के विना कोई भी विस्फोट उत्पन्न नहीं होते हैं। अर्थात् सभी प्रकार के विस्फोट रस के दूषित होने पर उत्पन्न होते हैं ॥ १३ ॥

विस्फोटके पटोलादिक्काथः—

पटोलामृतभूनिम्बवासकारिष्टपर्पटैः ।
खदिराब्दयुतैः काथो विस्फोटार्तिज्वरापहः ॥ १४ ॥

विस्फोटक में पटोलादि क्काथ—परवल की पत्ती, गुडूची, भूनिम्ब (चिरायता), अडूसा, नीम की छाल, पित्तपापड़ा, खैर तथा मोथा (समभाग) इन द्रव्यों का क्काथ विस्फोटक, पीड़ा तथा ज्वर को नाश करता है ॥ १४ ॥

विस्फोटके निम्बादिक्काथः—

निम्बामृताब्दकटुकावृषधन्वयास-
भूनिम्बपर्पटपटोलफलत्रयाणाम् ।
काथो नृणामिह भवेदगतेषु पाकं
विस्फोटकेष्वतिहितः कथितो भिषग्भिः ॥ १५ ॥

विस्फोटक में निम्बादि क्काथ—नीम की छाल, गुडूची, मोथा, कुटकी, अडूसा, धन्वयास (धमासा), चिरायता, पित्तपापड़ा, परवल की पत्ती तथा त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) (समभाग) इन द्रव्यों के क्काथ को मनुष्यों के अपक्व (विना पके हुए) विस्फोटकों में वैद्यों ने अत्यन्त हितकर कहा है। अर्थात् यह क्वाथ अपक्व विस्फोटकों को नाश करता है ॥ १५ ॥

विस्फोटके भूनिम्बादिकषायः—

कर्षद्वयं च भूनिम्बं तदर्धं निम्बमेव च ।
क्काथस्तयोस्त्र्यहं पीतः सर्वविस्फोटनाशनः ॥ १६ ॥

विस्फोटक रोग में भूनिम्बादि कषाय—चिरायता दो कर्ष (दो तोला), नीम की छाल एक कर्ष (एक तोला) इन दोनों द्रव्यों का क्वाथ तीन दिन तक पान करने से सभी प्रकार के विस्फोटकों को नाश करता है ॥ १६ ॥

विस्फोटके सहदेवीयोगः—

सहदेवीकृता पिण्डी सर्वविस्फोटनाशिनी ।

विस्फोटक में सहदेवी योग—सहदेवी (सहदेइया) की पिण्डी (टिकिया)—सहदेइया को महीन पीसकर टिकिया बनाकर घृत में तलकर थोड़ा गरम-बाँधने का विधान है। सभी प्रकार के विस्फोटकों को नाश करनेवाली है।

विस्फोटके पटोलादिक्काथः—

पटोलत्रिफलारिष्टगुडूचीमुस्तचन्दनैः ॥ १७ ॥
समूर्वारोहिणीपाठारजनीभिः सवासकैः ।

कषायं पाययेदेतत्कफपित्तज्वरापहम् ।
कण्डूत्वग्दोषविस्फोटविषवीसर्पनाशनम् ॥ १८ ॥

विस्फोटक रोग में पटोलादि क्वाथ—परवल की पत्ती, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नीम की छाल, गुडूची, मोथा, चन्दन, मूर्वा (मड़ोरफली या 'मोरवेल'), रोहिणी (कुटकी), पाढ़ी, हल्दी, दारुहल्दी तथा यवासा (समभाग) इन द्रव्यों का कषाय पान कराये। यह कषाय कफ-पित्तजन्य ज्वर को नाश करता है और खुजली, चर्मरोग, विस्फोटक, विषजन्य रोग तथा विसर्प को नाश करनेवाला है ॥ १७-१८ ॥

विस्फोटके हलिन्यादियोगः—

मूलबीजान्विता पिष्टा काञ्जिकेन प्रलेपतः ।
हलिनी देवदाली वा दुग्धिका स्फोटनाशिनी ॥ १९ ॥

विस्फोटक में हलिन्यादि योग—हलिनी (कलिहारी) या देवदाली (चन्दाल 'घाघरवेल') अथवा दुग्धिका (दुधिया) मूल तथा बीज सहित काञ्जी के साथ पीसकर लेप करने से विस्फोटक रोग को नाश करती है ॥१९॥

विस्फोटके करञ्जबीजादिलेपः—

करञ्जतरुबीजानि युक्तानि तिलसर्षपैः ।
एरण्डफलयुक्ता वा दुग्धिका स्फोटनाशिनी ॥ २० ॥

विस्फोटक रोग में करञ्जबीजादि लेप—करञ्ज वृक्ष के बीज, तिल तथा सरसों को पीसकर रेड़ के फल (रेड़ी) या दूधिया का कल्क मिलाकर लेप करने से विस्फोटक रोग नष्ट होते हैं ॥ २० ॥

विस्फोटके भूनिम्बादिक्वाथः—

भूनिम्बवासाकटुकापटोलफलत्रिकाचन्दननिम्बसिद्धः ।
विसर्पदाहज्वरवक्त्रशोषविस्फोटतृष्णावमिनुत्कषायः ॥ २१ ॥

विस्फोटक रोग में भूनिम्बादि क्वाथ—भूनिम्ब (चिरायता), अडूसा, कुटकी, परवल की पत्ती, फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), रक्तचन्दन, नीम की छाल (समभाग) इन द्रव्यों का सिद्ध किया हुआ कषाय विसर्प, दाह, ज्वर, वक्त्रशोष (मुख का सूखना), विस्फोटक, प्यास तथा वमन को दूर करता है ॥ २१ ॥

विस्फोटके कुण्डल्यादि (गुडूच्यादि)योगः—

कुण्डलीपिचुमन्दाम्बुखदिरेन्द्रयवाम्बुदाः ।
विस्फोटान्नाशयन्त्याशु वायुर्जलधरानिव ॥ २२ ॥

विस्फोटक रोग में कुण्डल्यादि (गुडूच्यादि) योग—कुण्डली (गुडूची),

पिचुमन्द (नीम), अम्बु (सुगन्धवाला), खैर, इन्द्रयव तथा मोथा ये द्रव्य चूर्ण या क्वाथ आदि के रूप में प्रयोग करने से विस्फोटकों को शीघ्र नाश करते हैं। जैसे वायु मेघों को नाश करता है ॥ २२ ॥

विस्फोटके त्रिफलादियोगः—

सकफे पित्तयुक्ते तु त्रिफलां योजयेत्पुरा।
दुरालभां पर्पटकं पटोलं कटुकां तथा।
सोष्णं गुग्गुलुसंमिश्रं पिबेद्वा खदिराष्टकम् ॥ २३ ॥

विस्फोटक में त्रिफलादि योग—कफज विस्फोटक तथा कफपित्तज विस्फोटक में पहले त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) से विरेचन कराये अथवा यवासा, पित्तपापड़ा, परवल तथा कुटकी (समभाग) इन द्रव्यों के क्वाथ में शु० गुग्गुलु मिलाकर थोड़ा गरम कर पान कराये या [1]'खदिराष्टक' का क्वाथ पान कराये ॥ २३ ॥

विस्फोटके चन्दनादिलेपः—

चन्दनं नागपुष्पं च तन्दुलीयकसारिवे।
शिरीषवल्कलं जाती लेपः स्याद्दाहनाशनः ॥ २४ ॥

विस्फोटक में चन्दनादि लेप—सफेद चन्दन, नागपुष्प (नागकेशर), तण्डुलीयक (चौलाई), अनन्तमूल, शिरीष की छाल, जाती (चमेली) (समभाग) इन द्रव्यों का लेप दाह को नाश करता है ॥ २४ ॥

शुकतरुचन्दनमांसीरजनीपद्मकानि तुल्यानि।
पिष्टानि शीततोयैर्लेपः स्यात्सर्वविस्फोटे ॥ २५ ॥

शुकतरु (शिरीष), सफेद चन्दन, जटामांसी, हल्दी, पद्मकाठ, (समभाग) इन द्रव्यों को पीसकर ठण्ढा जल में मिलाकर सभी प्रकार के विस्फोटक में लेप करे। अर्थात् यह लेप सभी प्रकार के विस्फोटक को नाश करता है ॥ २५ ॥

विस्फोटे शिरीषादिकवलग्रहः—

शिरीषपूगमञ्जिष्ठादार्व्यामलकयष्टिकैः ।
सजातीपल्लवक्षौद्रैर्विस्फोटे कवलग्रहः ॥ २६ ॥

विस्फोटक में शिरीषादि कवलग्रह—शिरीष की छाल, पूग (सुपारी), मंजीठ, दारुहल्दी, आंवला, मुलेठी, चमेली का पत्ता (समभाग) इन द्रव्यों के क्वाथ में मधु मिलाकर विस्फोटक में कवलग्रह (कुल्ला) करना हितकर होता है ॥ २६ ॥

---

१. विसर्पाधिकार श्लोक सं० ६६ में।

शिरीषोदुम्बरौ जम्बूः सेकालेपनयोर्हिताः।
श्लेष्मातकत्वचो वाऽपि प्रलेपे सेचने हिताः॥ २७॥

शिरीष, गूलर तथा जामुन, इन द्रव्यों की छाल सेक तथा लेप करने में हितकर है। अथवा श्लेष्मातक (लसोड़ा) की छाल भी लेप तथा सेचन करने में हितकर है॥ २७॥

विस्फोटे शिरीषादिलेपः—

शिरीषोशीरनागाह्वहिंस्राभिर्लेपनाद् द्रुतम्।
विसर्पविषविस्फोटाः प्रशाम्यन्ति न संशयः॥ २८॥

विस्फोटक में शिरीषादि लेप—शिरीष (सीरिस), खस, नागकेशर तथा हिंस्रा (हैंस या दारुहल्दी)—इन द्रव्यों के लेप लगाने से शीघ्र ही विसर्प, विषजन्य व्रण तथा विस्फोटक शान्त होते हैं। इसमें सन्देह नहीं है॥ २८॥

विस्फोटे वृषाद्यं घृतम्—

वृषखदिरपटोलनिम्बपत्रत्वगमृततलतामलकीकषायकल्कैः।
घृतमभिनवमेतदाशु पक्वं जयति विसर्पगदास्रकुष्ठगुल्मान्॥ २९॥

विस्फोट में वृषाद्य घृत—अड़ूसा, खैर, परवल की पत्ती, नीम की छाल, तेजपत्र, दालचीनी, गुडूची, लता (प्रियङ्गु) तथा आंवला (समभाग)—इन द्रव्यों के कषाय तथा कल्क के साथ पकाया हुआ नवीन घृत शीघ्र ही विसर्प-रोग, अस्र (रक्तपित्त), कुष्ठरोग तथा गुल्म रोगों को नाश करता है। (गोघृत एक सेर, कल्क एक पाव तथा क्वाथ चार सेर लेकर घृत पकाना चाहिए)॥२९॥

त्रिदोषजविस्फोटे पञ्चतिक्तं घृतम्—

पटोलसप्तच्छदनिम्बवासाफलत्रिकच्छिन्नरुहाविपक्वम्।
तत्पञ्चतिक्तं घृतमाशु हन्ति त्रिदोषविस्फोटविसर्पकण्डूः॥ ३०॥

त्रिदोषज विस्फोट में पञ्चतिक्त घृत—परवर की पत्ती, छितवन की छाल, नीम की छाल, अड़ूसा, फलत्रिक (हर्रे, बहेड़ा, आंवला) तथा गुडूची (समभाग)—इन द्रव्यों के कल्क तथा कषाय के साथ घृत - निर्माण विधि के अनुसार (घृत एक सेर, कल्क एक पाव, क्वाथ चार सेर लेकर) घृत सिद्ध करे। यह पञ्चतिक्तघृत शीघ्र ही विस्फोट, विसर्प तथा खुजली को नाश करता है॥ ३०॥

विस्फोटके दशमूलादिकषायः—

द्विपञ्चमूली त्रिफला गुडूची किरातकं धन्वयवासकं च।
जले स्मृतं मागधिकाविमिश्रं त्रिदोषविस्फोटहरं प्रदिष्टम्॥ ३१॥

विस्फोट में दशमूलादि कषाय—द्विपञ्चमूली (बेल, गम्भारी, पाढ़ल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), त्रिफला (हर्रे,

बहेड़ा, आंवला), गुडूची, किरातक (चिरायता) तथा यवासक (धमासा) (समभाग)—इन द्रव्यों को चौगुने जल में पकाकर चतुर्थांश मरिचिका (पीपर) का चूर्ण मिलाकर पान करने से त्रिदोषज विस्फोट को दूर करनेवाला कहा गया है ॥ ३१ ॥

विस्फोटे इन्द्रयवलेपः—

विस्फोटव्याधिनाशाय तण्डुलाम्बुप्रपेषितैः ।
बीजैः कुटजवृक्षस्य लेपः कार्यो विजानता ॥ ३२ ॥

विस्फोटरोग में इन्द्रयव लेप—बुद्धिमान वैद्य विस्फोटक रोग को नाश करने के लिये इन्द्रयव के बीजों को चावल के जल के साथ पीस कर लेप करे ।

सुधां पुराननीं दद्याद्वारिणा परिपेषिताम् ।
लेपनं तैलदिग्धस्य विस्फोटव्याधिनाशनम् ॥ ३३ ॥

पुरानी सेंहुड़ (थूहर) की जड़ को जल के साथ पीसकर तिल के तैल में पकाकर लेप करना विस्फोटक रोग को नाश करता है ॥ ३३ ॥

पक्वविस्फोटचिकित्सा—

परिपक्वान् विदित्वा तु भस्मना परिचूर्णयेत् ।
शय्यायां तु प्रकुर्वीत दग्ध्वा वाऽरण्यगोमयम् ॥ ३४ ॥
तद्भस्म वाऽसकृद्दद्यात्तत्पक्वक्लेदनाशनम् ।
रोपणं विहितं तच्च कण्डूघ्नं च प्रकीर्तितम् ॥ ३५ ॥
कल्केन पिचुमन्दस्य मूलकेन तु रोपणम् ।
खदिरेण तु कुर्वीत प्रलेपं दाहशान्तये ॥ ३६ ॥

पके हुए विस्फोटक की चिकित्सा—पके हुए विस्फोटकों के ऊपर सेंहुड़ के भस्म को छिड़के (अच्छी तरह बुरक दे) । शय्या व्रण होने पर जंगली गोबर (जंगली उपले) को जलाकर उसकी भस्म को छिड़के । इस भस्म को कई बार लगावे । यह भस्म पके हुए व्रण के चिपचिपाहट को नाश करता है और व्रण को रोपण करनेवाला तथा खुजली को नाश करनेवाला कहा गया है । नीम के जड़ की छाल के कल्क से रोपण होता है । विपक्व विस्फोटक के दाह की शान्ति के लिये खैर का लेप करे ॥ ३४-३६ ॥

अक्षिजविस्फोटचिकित्सा—

अक्षिगेषु प्रकुर्वीत आश्च्योतनमिदं भिषक् ।
शेलुत्वक्त्रिफलादार्वीक्वाथो रोचनया युतः ॥ ३७ ॥

आंख में उत्पन्न विस्फोटक की चिकित्सा—वैद्य नेत्रगत विस्फोटकों में शेलु (लसोड़ा) की छाल, त्रिफला (हरें, बहेड़ा, आंवला) तथा दारुहल्दी (सम-

भाग)—इन द्रव्यों के क्वाथ से गोरोचन मिलाकर आश्च्योतन (बूँद २ करके आँख में टपकाना) करे ॥ ३७ ॥

दार्वीचन्दनरोध्रैः सुमनोह्वैः सेचनं हितं चाक्ष्णोः ।
चन्दनकर्पूराञ्जनरसाञ्जनाख्यैस्तथा चान्यैः ।
हितमक्ष्णोरिदमञ्जनमुक्तं पुष्पादिरोगहरम् ॥ ३८ ॥

दारुहल्दी, सफेद चन्दन तथा लोध एवं पुष्पों के क्वाथ से आँखों का सेचन (धोना) करना हितकर होता है और चन्दन, कपूर, अञ्जन, रसाञ्जन[1] तथा अन्य अक्षिरोगनाशक औषधों से आँखों में अञ्जन करना हितकर है और यह अञ्जन पुष्पादि रोग को नाश करनेवाला कहा गया है ॥ ३८ ॥

मुखजविस्फोटकप्रतीकारः—

मुखजेषु निम्बखदिरकाथो मुखपाकभेषजं पश्चात् ।
सवर्णकरं कुरण्टकतैलं तथा कुङ्कुमाद्यं च ॥ ३९ ॥

मुखज विस्फोटक का प्रतीकार—मुख में उत्पन्न विस्फोटकों में मुखपाक का औषध नीम तथा खैर का क्वाथ है । इसके बाद कुरण्टक[1] तैल तथा कुङ्कुमाद्य[2] तैल समान वर्ण बनाने वाला है ॥ ३९ ॥

वमनं प्रधानकर्म स्फोटेषु विरेचनं तथा च परम् ।
न भवति लूनमूला विस्फोटाभ्यन्तरेऽल्पमलाः ॥ ४० ॥

विस्फोटक रोग में वमन कराना प्रधान कर्म है और उसके बाद विरेचन कर्म प्रशस्य है । वमनादि के द्वारा जड़ के नष्ट हो जाने पर विस्फोटक के अन्दर थोड़ा भी मल नहीं होता है ॥ ३९–४० ॥

स्नायुकस्य निदानसंप्राप्तिपूर्वकं लक्षणम्—

शाखासु कुपितो दोषः शोफं कृत्वा विसर्पवत् ।
भिनत्ति तत्क्षते तत्र सोष्मा मांसं विशोष्य च ॥ ४१ ॥
कुर्यात्तन्तुनिभं सूत्रं तत्पिण्डैस्तत्क्रसक्तुजैः ।
शनैः शनैः क्षताद्याति छेदात्कोपं समावहेत् ॥ ४२ ॥
तत्पाताच्छोफशान्तिः स्यात्पुनः स्थानान्तरे भवेत् ।
स स्नायुक इति ख्यातः क्रियोक्ताऽत्र विसर्पवत् ॥ ४३ ॥

स्नायुक का निदान-सम्प्राप्तिपूर्वक लक्षण—अपने अपने प्रकोपक कारणों से प्रकुपित दोष (वात, पित्त, कफ आदि) शाखाओं में (हाथ-पैर में) विसर्प के तरह शोथ उत्पन्न कर भेदन करता है । उसके क्षत हो जाने पर वहाँ की

---

१. देखें ग० नि० पृ० ख० पृ० १२८ में (सहचर तैल)

२. ,, ,, ,,

उष्णता मांस को सुखा कर श्वेत तन्तु के समान गोल सूत्र उत्पन्न करता है। वह सूत्र तक्र तथा सत्तू के पीढ़ी के सदृश धीरे २ त्वचा से बाहर निकलता है और कभी २ टूट भी जाता है। उसके टूट जाने पर रोग का प्रकोप बढ़ जाता है। यदि वह सम्पूर्ण निकल जाता है तब सूजन, पीड़ा आदि उपद्रव शान्त हो जाते हैं। किन्तु पुनः दूसरे स्थान में उत्पन्न हो जाते हैं। इसको स्नायुक रोग कहते हैं इसकी चिकित्सा विसर्प के तरह होती है ॥ ४१-४३ ॥

स्नायुकचिकित्सा—

गव्यं सर्पिस्त्र्यहं पीत्वा निर्गुण्डीस्वरसं त्र्यहम् ।
पिबन् स्नायुकमत्युग्रं हन्त्यवश्यं न संशयः ॥ ४४ ॥

स्नायुक की चिकित्सा—तीन दिन गाय का घी पान करने के बाद तीन दिन निर्गुण्डी के स्वरस को पान करता हुआ स्नायुक का रोगी स्नायुक रोग को अवश्य ही नाश करता है। इसमें सन्देह नहीं है ॥ ४४ ॥

शोभाञ्जनमूलदलैः काञ्जिकलवणसंयुतैर्लेपः ।
स्नायुकरोगं हन्याज्जयेद्वा मोचकत्वचा लेपः ॥ ४५ ॥

सहिजन की जड़ तथा पत्तों को पीसकर उसमें काञ्जिक एवं सेन्धानमक मिलाकर लेप करना स्नायुक रोग को नाश करता है अथवा मोचक (सहिजन) की छाल का लेप स्नायुक रोग को जीत लेता है ॥ ४५ ॥

रक्तचन्दनपर्पटत्रिफलामूलकामृताः ।
खदिरो वारिपिष्टानि विस्फोटान् घ्नन्ति लेपतः ॥ ४६ ॥

रक्तचन्दन, पर्पट (पित्तपापड़ा), त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), मूलक, गुडूची तथा खैर (समभाग) ये द्रव्य जल से पीसकर लेप करने से स्नायुक विस्फोटकों को नाश करते हैं ॥ ४६ ॥

कटुतैलान्वितैर्लेपात् सर्पकञ्चुकभस्मकैः ।
सद्यः शाम्यति गण्डस्थः प्रकोपात्स्फुटति ध्रुवम् ॥ ४७ ॥

इति वैद्यशोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे
विस्फोटकाधिकारश्चत्वारिंशत्तमः समाप्तः ॥ ४० ॥

सांप के केंचुल को भस्म कर सरसों का तैल मिलाकर लेप करने से कपोल पर उत्पन्न स्नायुक रोग शीघ्र ही शान्त हो जाता है, और पुनः प्रकोपक कारणों से निश्चित ही फूट जाते हैं ॥ ४७ ॥

विमर्शः—स्नायुक एक क्रिमिजन्य रोग है। आधुनिक विद्वान् इसे "डेक्न्टियेसिस" या "गिनी वर्म" कहते हैं। दूषित जल के द्वारा मनुष्यों में इसका संक्रमण होता है। जल के द्वारा इसका क्रिमि आमाशय में पहुंचता है। इसके

क्रिमि-संक्रमण सगर्भा होने पर स्त्री क्रिमि आँत को भेदनकर चर्म के नीचे पहुंचती है। यहीं पर इसकी वृद्धि होती है और क्रमशः यह नीचे की ओर जाती है तथा गुल्फ-सन्धि या पैर में पहुंचती है वहाँ एक विस्फोटक उत्पन्न होता है जो पानी के संसर्ग से फूट जाता है। फूट जाने पर स्त्री क्रिमि अपने मुख द्वारा गर्भाशय को उलटकर उसमें से अपने अण्डों को जल में फेंक देती है। इस व्रण द्वारा सूत्र रूप से निकलता हुआ क्रिमि का मुख पकड़कर आसानी से खींचा जा सकता है। इस स्त्री क्रिमि की लम्बाई १५ से ५० इञ्च तक तथा चौड़ाई $\frac{१}{१००}$ इञ्च तक होती है। इस विस्फोटक की उत्पत्ति के साथ ही उदर्द, ज्वर, वमन आदि अनेक उपद्रव होते हैं। यह विस्फोटक कभी २ हाथ, पीठ तथा नितम्ब पर भी होते हैं। इसे लोकभाषा में 'नहरुआ' कहते हैं।

इसका विशेष वर्णन श्री ब्रह्मशंकर मिश्र-कृत माधव-निदान परिशिष्ट में देखें।

वैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के काय-चिकित्सा खण्ड में
चालिसवां विस्फोटकाधिकार समाप्त।

अथ मसूरिकाधिकार एकचत्वारिंशत्तमः ।

अथातो मसूरिकानिदानं व्याख्यास्यामः ।

विस्फोटक के बाद मसूरिका का निदान कहते हैं ।

मसूरिकासंप्राप्तिः—

कट्वम्ललवणक्षारविरुद्धाध्यशनाशनैः ।
दुष्टनिष्पावशाकाद्यैः प्रदुष्टपवनोदकैः ॥ १ ॥
क्रुद्धग्रहेक्षणाच्चापि देहे दोषाः समुद्धताः ।
जनयन्ति शरीरेऽस्मिन् दुष्टरक्तेन संहताः ॥ २ ॥
मसूराकृतिसंस्थानाः पिडिकाः स्युर्मसूरिकाः ।

मसूरिका की सम्प्राप्ति—अत्यधिक कटु (चरपरे), खट्टे, नमकीन और क्षार के सेवन से, विरुद्ध भोजन (मछली, दूध आदि) और अध्यशन से दूषित सेम, मटर आदि तथा पत्रशाक आदि के अधिक भक्षण करने से, दूषित जल और वायु के सेवन से, प्रकुपित ग्रह शनैश्चर आदि की दृष्टि पड़ने से वातादि दोष कुपित होकर दूषित रक्त से मिलकर शरीर पर मसूर के आकार की पिड़िकायें उत्पन्न कर देते हैं उन्हें 'मसूरिका' कहते हैं ।

मसूरिकापूर्वरूपम्—

तासां पूर्वं ज्वरः कण्डूर्गात्रभङ्गोऽरतिर्भ्रमः ॥ ३ ॥
त्वचि शोफः सवैवर्ण्यो नेत्ररागस्तथैव च ।

मसूरिका का पूर्वरूप—मसूरिका रोगों के पूर्व में ज्वर, खुजली, अङ्गों का टूटना, अरति (किसी काम में मन न लगना), भ्रम (चक्कर आना), त्वचा में शोथ, विवर्णता तथा नेत्र में लालिमा होती है ।

विमर्श—क्रूरग्रह से शनैश्चर, मंगल आदि ग्रहों को तथा स्कन्द आदि ग्रहों को ग्रहण करते हैं । अब शनैश्चर देश या रोगी के चौथे, आठवें या बारहवें घर में जाता है तब यह रोग जानपदिक रूप में फैलता है ।

कटु, अम्ल, लवणादि से प्रकुपित रक्त से सम्बन्धित हुआ पित्त जब त्वचा को दूषित कर देता है तो सम्पूर्ण शरीर पर पिडिकायें निकल आती हैं । इन पिड़िकाओं की आकृति मसूर, मूंग, उड़द या बैर के फल के सदृश होती है । इन्हीं को 'मसूरिका' कहते हैं । इसमें पित्त तथा रक्त की अधिकता रहती है ।

पित्तशोणितसंसृष्टं यदा दूषयति त्वचम् ।
तदा करोति पिडकाः सर्वगात्रेषु देहिनाम् ॥

मसूरमुद्गमाषाणां तुल्याः कोलोपमा अपि ।
मसूरिकास्तु ता ज्ञेया पित्तरक्ताधिका बुधैः ॥

मसूरिका को आजकल चेचक (स्मालपौक्स) कहते हैं। प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रन्थों में इसका संक्षिप्त वर्णन मिलता है। सम्भव है उस समय इस रोग का प्रकोप सौम्य प्रकार का होता है। सुश्रुत ने इसको क्षुद्र रोगों में मानकर वर्णन किया है—

दाहज्वररुजावन्तस्तीव्राः स्फोटाः सपीतकाः ।
गात्रेषु वदने चान्तर्विज्ञेयास्ता मसूरिकाः ॥

मसूरिका एक भयंकर संक्रामक जानपदिक रोग है अभी तक इसके उत्पादक कारण का ज्ञान ठीक-ठीक नहीं पता चला है किन्तु निश्चित है कि इसके मुख्य उत्पादक अति सूक्ष्म जीवाणु या विषाणु के द्वारा इसकी उत्पत्ति होती है। ये जीवाणु मसूरिका के खुरण्ट और पूय में रहते हैं। जब खुरण्ट तथा पूय शुष्क होकर धूल के रूप में हो जाता है तब श्वास के द्वारा इसका संक्रमण होता है और रोगी के साक्षात् सम्पर्क तथा उसके कपड़े और बिस्तर के प्रयोग से होता है। रोगी के उपयोग में लाये गये वस्तुओं को स्पर्श करनेवाली मक्खियों से इसका प्रसार होता है। प्राचीन क्रूरग्रहेक्षण आदि सहायक कारण हैं। यह सामान्यतः सभी अवस्था के व्यक्तियों में होता है किन्तु बाल्यावस्था विशेषकर अनुकूल होता है। इस रोग का प्रारम्भ वसन्तऋतु में होता है और ग्रीष्मऋतु में इसका भयंकर प्रकोप देखने में आता है। वर्षाऋतु के प्रारम्भ होते ही इसका प्रकोप मन्द पड़ जाता है।

रक्त में संचरण करनेवाला जीवाणु विष उपत्वचा के अंकुर स्तर में स्थित होकर पिडिका के समान शोथ उत्पन्न कर देता है। ये पिडिकायें प्रायः रोमकूपों में होती है। इसका मध्य भाग दबा रहता है। कुछ दिनों बाद उसमें स्राव भर जाता है और पूयोत्पाद जीवाणु के संसर्ग से पूयोत्पत्ति हो जाती है। पुनः पिडिकायें फूट जाती हैं और खुरण्ट बन जाता है जो स्वयं कुछ दिन बाद उतर जाता है।

आधुनिक विद्वानों ने इसका भेद निम्न प्रकार से किया है—

१. भयंकर मसूरिका—यह विकीर्ण तथा संसक्त दो प्रकार की होती है। २. रक्तस्रावी मसूरिका, ३. सौम्य, ४. गर्भावस्था की मसूरिका।

१. भयंकर मसूरिका—

(क) संचयकाल—शरीर में उपसर्ग होने से पन्द्रह दिन के अन्दर इसके लक्षण उत्पन्न होते हैं।

(ख) पूर्वरूप—इसमें रोग के कुछ लक्षण स्पष्ट होने लगते हैं।

१. ठण्ढक लगना, २. ज्वर तापक्रम १०३ से १०४ अंश तक, ३. तीव्र शिरोवेदना, ४. पृष्ठशूल, ५. मिचली, ६. वमन, ७. आक्षेपक (यह बच्चों में अधिक होता है), ८. कभी-कभी दूसरे दिन छोटी-छोटी लालवर्ण की पिडिकायें हो जाती हैं जो शीघ्र ही नष्ट हो जाती हैं। अधिकतर ये धड़, कटि तथा हड्डियों के उभाड़ों पर होती हैं।

विस्फोटक—तीसरे दिन वास्तविक विस्फोटक निकलने प्रारम्भ हो जाते हैं। ये विस्फोटक सबसे पहले ललाट, शंखप्रदेश और कलाई में उत्पन्न होते हैं। इसके बाद शीघ्र ही चौबीस घण्टे में मुख, पीठ, वक्ष और निम्न शाखाओं में फैलकर सम्पूर्ण शरीर में हो जाते हैं। सबसे अधिक ललाट तथा शंख प्रदेश में होते हैं, तथा सब से कम उदर, कक्षा (कांख) और कटिप्रदेश (कमर) में होते हैं। त्वचा के तरह मुख की श्लेष्मलकला, नासिका तथा गले में भी विस्फोटक निकलते हैं। अत्यधिक भयंकरस्वरूप का अन्ननलिका, स्वरयन्त्र तथा श्वासनलिका में भी विस्फोट निकलते हैं ये ही बाद में फूटकर व्रण बन जाते हैं। दाने निकल आने के बाद ज्वर आदि लक्षण सौम्य हो जाते हैं और रोगी को कुछ आराम प्रतीत होता है।

सर्वप्रथम ये लाल रंग के धब्बे के सदृश होते हैं और चौबीस घण्टे में सरसों के आकार के हो जाते हैं। तीसरे दिन ये मटर के दाने के आकार के हो जाते हैं। ये नाभि के सदृश बीच में दबे हुए और चारो ओर के किनारे उभरे हुए लाल होते हैं। पांचवें दिन इसमें पूय पड़ जाती है। उसका रङ्ग पीला पड़ जाता है। इसके चारों तरफ के किनारे अधिक शोथयुक्त रहते हैं। इस तरह सम्पूर्ण शरीर विशेषकर मुख अधिक शोथयुक्त दिखाई देता है। विस्फोटकों के संख्या में अधिक होने पर ज्वर बढ़ जाता है और ये दाने आपस में मिल जाते हैं। इसको 'मिलित' कहते हैं। नवें या दशवें दिन ये विस्फोटक सिकुड़ने लगते हैं। मिलित प्रकार की एक विद्रधि सी बन जाती है।

(घ) सतरहवें या अट्ठारहवें दिन (तीसरे सप्ताह में) इन विस्फोटकों के फूट जाने पर खुरण्ट बनने लगता है जो पुनः स्वयं उतर जाता है। इसके बाद चमड़े के ऊपर मसूरिका के चिह्न दिखाई देते हैं जो बीच में दबे हुए होते हैं।

(२) रक्तस्रावी मसूरिका के प्रारम्भिक लक्षण अति तीव्र होते हैं। कभी-पूर्वरूप की पिडिकाओं में अन्दर की ओर फूटने पर त्वचा के अन्दर ही रक्तस्राव होता है। कभी-कभी मसूरिका के विस्फोटकों के उत्पत्ति के दूसरे तीसरे दिन ही त्वगन्तरीय रक्तस्राव के रूप में प्रारम्भ होता है। इसके अतिरिक्त बाद की अवस्थाओं में भी रक्तस्राव होता रहता है। रोगी का स्वरूप भयंकर हो जाता

है। विस्फोटक, श्लेष्मल कला तथा अन्य स्थानों से रक्तस्राव होने लगता है। रोगी को तीव्र ज्वर तथा भयंकर विषमयता होती है और तीसरे या छठे दिन रोगी की मृत्यु हो जाती है।

(३) सौम्यमसूरिका—अधिकतर यह मसूरिका प्रौढ़ व्यक्तियों तथा टीका लगे हुए व्यक्तियों में सौम्यरूप का दिखाई देती है। विस्फोटक चौथे या पांचवें दिन दिखाई देते हैं। विस्फोटक संख्या में कम तथा उत्तान होते हैं। निकलने का क्रम पूर्ववत् होता है। प्रायः पाकावस्था में ज्वर नहीं होता है। उपद्रव कम होते हैं रोग निवृत्त होने पर रोगी शीघ्र ही स्वस्थ हो जाता है।

(४) गर्भावस्था की मसूरिका—इसमें मिलित तथा रक्तस्रावी प्रकार अधिक होते हैं। अतः यह भयंकर होता है। इसमें गर्भस्राव अवश्य हो जाता है।

मसूरिका के समान सौम्यरूप का एक रोग होता है उसे 'लघु मसूरिका' (चिकेन पाक्स) कहते हैं। यह भी एक बच्चों का संक्रामक रोग है।

मसूरिका तथा लघु मसूरिका में भेद

मसूरिका (स्माल पौक्स)	लघुमसूरिका (चिकेन पौक्स)
१—ज्वर, शिरःशूल आदि लक्षण तीव्र होते हैं।	१—ये लक्षण सौम्य प्रकार के होते हैं।
२—विस्फोटक रोग प्रारम्भ होने के तीसरे दिन निकल आते हैं।	२—रोग प्रारम्भ होने से चौबीस घण्टे में विस्फोटक निकल आते हैं।
३—चौबीस घण्टे में सम्पूर्ण शरीर पर उत्पन्न हो जाते हैं।	३—सभी दाने एक साथ नहीं निकलते कई दिन तक निकलते रहते हैं।
४—सर्वप्रथम ये दाने मस्तक, शंखप्रदेश तथा मुख पर होते हैं। इसके बाद अन्य अङ्गों पर निकलते हैं।	४—सबसे पहले ये पीठ या छाती पर निकलते हैं उसके बाद मुख और शाखाओं पर निकलते हैं।
५—मुख और शंखप्रदेश पर इसकी संख्या सबसे अधिक होती है और उदर, कक्षा तथा कटि में सबसे कम।	५—इनकी सबसे अधिक संख्या धड़ पर होती है।

६—पांचवें दिन जब दाने पूरे निकल आते हैं तो ज्वर कम हो जाता है और उनमें पूय आ जाने पर पुनः बढ़ जाता है।	६—इनके उत्पन्न हो जाने पर ज्वर आदि लक्षण न कम होते हैं और पकने पर न पुनः बढ़ते हैं।
७—विस्फोटक त्वचा में गहराई पर होते हैं और मध्य में दबे होते हैं।	७—ये न गहराई पर होते हैं और न निम्न मध्य होते हैं।
८—ये फूट कर आपस में मिल जाते हैं।	८—ये आपस में मिलते नहीं हैं।
९—सूख जाने पर दाग रह जाता है।	९—सूखने पर दाग नहीं पड़ता।
१०—ये सब एक साथ ही पकते हैं।	१०—एक ही काल में द्रवयुक्त या पूययुक्त सब प्रकार के विस्फोटक पाये जाते हैं। क्योंकि ये कई दिन तक निकलते रहते हैं। अतः पहले के निकले हुए विस्फोटों में द्रव या पूय आ जाता है और उसके बाद के विस्फोट द्रव एवं पूय से रहित होते हैं।

वातिकादिभेदेन मसूरिकालक्षणम्—

रुजावन्तश्च रूक्षाश्च मन्दपाकाल्पपूयकाः ॥ ४ ॥
वातज्वराकृतिप्राया वातिकाः स्युर्मसूरिकाः।
सन्ध्यस्थिपर्वणां भेदः कासकम्पारतिक्लमाः ॥ ५ ॥
शोषस्तालोष्ठजिह्वानां तृष्णा चारुचिसंयुता।

वातिक-आदि भेद से मसूरिका के लक्षण—वातिक मसूरिका—वातिक मसूरिका के स्फोट (दाने) तीव्र पीड़ा से युक्त, रूक्ष, देर से पकनेवाले, अल्प मवादवाले तथा प्रायः वातिक ज्वर की आकृतिवाले होते हैं। इसके अतिरिक्त सन्धि, अस्थि तथा पर्वों में पीड़ा, कास, कम्पन, किसी कार्य में मन न लगना, विना परिश्रम की थकावट, तालु, ओष्ठ तथा जिह्वा का सूखना, प्यास और भोजन में अरुचि ये सार्वदेहिक लक्षण होते हैं।

रक्ताः पीताः सिताः स्फोटाः सदाहास्तीव्रवेदनाः ॥ ६ ॥
भवन्त्यचिरपाकाश्च पित्तकोपसमुद्भवाः।

पैत्तिक मसूरिका—जिस मसूरिका के फोड़े रक्त, पीत या सफेद वर्ण के

हों, उनमें दाह एवं तीव्र वेदना हो और शीघ्र पकनेवाले हों उनको 'पैत्तिक मसूरिका' कहते हैं। इसके अतिरिक्त रोगी अतिसार, शारीरिक पीड़ा से युक्त, सम्पूर्ण शरीर में जलन, प्यास, अरुचि, मुखपाक, आंखों में लालिमा तथा भयंकर प्रकार का तीव्र ज्वर से पीड़ित होता है।

विड्भेदश्चाङ्गमर्दश्च दाहस्तृष्णाऽरुचिस्तथा ॥ ७ ॥
मुखपाकोऽक्षिपाकश्च ज्वरस्तीव्रः सुदारुणः।
रक्तजायां भवन्त्येते विकाराः पित्तलक्षणाः ॥ ८ ॥

रक्तज मसूरिका—जिस मसूरिका में पैत्तिक मसूरिका के (अतिसार आदि) सभी लक्षण विद्यमान हों उसे 'रक्तज मसूरिका' कहते हैं। अर्थात् पैत्तिक मसूरिका के सदृश ही रक्तज मसूरिका के लक्षण होते हैं ॥ ७-८ ॥

कफप्रसेकः स्तैमित्यं शिरोरुग्गात्रगौरवम्।
हृल्लासः सारुचिर्निद्रा तन्द्रालस्यसमन्विता ॥ ९ ॥
श्वेताः स्निग्धाः भृशं स्थूलाः कण्डूरा मन्दवेदनाः।
मसूरिकाः कफोत्थाश्च चिरपाकाः प्रकीर्तिताः ॥ १० ॥

श्लैष्मिक मसूरिका—कफज मसूरिका में कफप्रसेक (लालास्राव), स्तैमित्य (गीले चमड़े से ढके हुए के तरह प्रतीति), शिरोवेदना, शरीर में भारीपन, वमन की इच्छा, अरुचि, अत्यधिक निद्रा, तन्द्रा तथा आलस्य ये लक्षण होते हैं। स्फोटक रूप में सफेद, चिकने, अत्यधिक मोटे, कण्डू से युक्त, अल्प पीड़ा-तथा अधिक देर में पकनेवाले होते हैं ॥ ९-१० ॥

नीलाश्चिपिटविस्तीर्णा मध्ये निम्ना महारुजः।
चिरपाकाः पूययुताः प्रभूताः सर्वदोषजाः ॥ ११ ॥
कण्ठरोधारुचिस्तम्भप्रलापारतिसंयुताः।
दुश्चिकित्स्याः समुद्दिष्टाः पिडकाश्चर्मसंस्थिताः ॥ १२ ॥

सान्निपातिक मसूरिका—सान्निपातिक मसूरिका के फोड़े (विस्फोटक) वर्ण में नीले, चपटे, फैले हुए, मध्य में दबे हुए, भयंकर वेदना से युक्त, देर से पकनेवाले, दुर्गन्धित स्राव से युक्त तथा संख्या में अधिक होते हैं। इस मसूरिका में शारीरिक लक्षण कण्ठ में अवरोध, अरुचि, शरीर में जकड़ाहट, असम्बद्ध प्रलाप तथा किसी काम में मन न लगना ये लक्षण होते हैं। वे चर्मदल में स्थित रहते हैं या इन्हें 'चर्मदल' कहते हैं और ये कष्टसाध्य होते हैं ॥१२॥

रोमान्तिकालक्षणम्—

रोमकूपोन्नतिसमा रागिण्यः कफपित्तजाः।
कासारोचकसंयुक्ता रोमान्त्यो ज्वरपूर्विकाः ॥ १३ ॥

रोमान्तिका के लक्षण—जिस मसूरिका रोग में विस्फोटकों का आकार रोम

के समान उठा हुआ हो कुछ रक्तवर्ण के हों, कफ एवं पित्त दोष से उत्पन्न हों, सार्वदेहिक लक्षण कास तथा अरुचि हो और विस्फोटकों के उत्पन्न होने के पहले ज्वर हो तो उसे 'रोमान्तिका' कहते हैं ॥ १३ ॥

विमर्शः—रोमान्तिका को आजकल 'खसरा (मिनिल्स)' कहते हैं। यह भी एक स्वतन्त्र विस्फोटक ज्वर है। यह पांच वर्ष के बच्चों में अधिक पाया जाता हैं। इसका कारण भी अज्ञात है किन्तु निष्यन्दनातीत जीवाणु से सम्भवतः इसकी उत्पत्ति होती हो। इसका संक्रमण छींकने या थूकने से बिन्दूक्षेपों के द्वारा होता है। प्रत्येक तीसरे या चौथे वर्ष जानपदिक के रूप में फैलता है। एक बार हो जाने पर रोग-प्रतिरोध-क्षमता उत्पन्न हो जाती है, फिर भी कभी २ पुनराक्रमण हो जाते हैं। इसका संचय काल नव से सत्रह दिन तक है। सर्वप्रथम ठण्डक लगती है और ज्वर, शिरःशूल, अरुचि, प्रतिश्याय, नासिका के अग्र भाग में तथा नेत्रों में लालिमा, छींकों की अधिकता, नासास्राव, सूखी खांसी, स्वर का भारीपन, गले की ग्रन्थियों का फूलना और प्रकाशसंत्रास ये लक्षण होते हैं। कभी २ नासिका से स्राव, वमन तथा अतिसार भी होते हैं। १०० से १०२ अंश तक ज्वर होता है। मुख के बीच दोनों कपोलों पर दांत के समीप नीलाभ श्वेत धब्बे बन जाते हैं। इसके चारो तरफ लाल वर्ण की धारी होती हैं। इन्हें 'कोपलिक' धब्बे कहते हैं। ये धब्बे असली पिड़िकाओं के दो या तीन दिन पहले बनते हैं। यह खसरा का प्रधान लक्षण है। चौथे दिन असली पिड़िकायें निकलने लगती हैं। पांचवें दिन ज्वर पुनः बढ़ जाता है। ज्वर लगभग १०३ से १०४ अंश तक रहता है। इसके साथ २ अन्य लक्षण भी बढ़ जाते हैं। पिड़िकाओं में खुजली तथा जलन होती है। सबसे पहले इसके दाने मस्तक, कान के पीछे (शंख प्रदेश) तथा मुख द्वार के चारो तरफ उत्पन्न होते हैं। इसके बाद धीरे २ मुख-मण्डल, दाढ़ तथा शाखाओं में फैल जाते हैं। दो-तीन दिन में ही उत्पत्ति-क्रम के अनुसार ये धब्बे मुर्झाने लगते हैं। पहले मस्तक के धब्बे मुर्झाते हैं बाद अन्य शाखाओं के दाने मुर्झाते हैं। ये धब्बे आपस में मिलकर एक गुच्छे के आकार के बन जाते हैं। जिससे मुख-मण्डल फूला सा दिखाई पड़ता है। इसके मुर्झाने के बाद श्याव-रक्ताभ चिह्न रह जाते हैं। ये चिह्न लगभग १५ दिन में नष्ट हो जाते हैं। इसकी उपेक्षा करने पर निम्न उपद्रव हो सकते हैं—

१. श्वसन-स्थानीय रोग—निमोनिया, ब्रांकोन्यूमोनिया, खांसी, कुक्कुर-खांसी, राजयक्ष्मा (टी. बी.) ये उपद्रव शीत काल में अधिक होते हैं और इससे मृत्यु की संख्या भी अधिक होती है।

२. पचन-संस्थान के रोग—मुखपाक तथा अतिसार।

३. त्वचागत रोग—विचर्चिका (एग्जिमा)।

४. नेत्रगत रोग—नेत्राभिष्यन्द।

रसादिधातुगतमसूरिकालक्षणम्—

तोयबुद्बुदसंकाशास्त्वग्गतास्तु मसूरिकाः।
स्वल्पदोषाः प्रजायन्ते भिन्नास्तोयं स्रवन्ति च ॥ १४ ॥

रसादि धातुगत मसूरिका के लक्षण—त्वचागत मसूरिका—त्वचा गत (रसगत) मसूरिका के विस्फोटक पानी के बुलबुले के समान होते हैं। इसमें दोषों का प्रकोप कम होता है और फटने पर इसका स्राव पानी के तरह पतला होता है ॥ १४ ॥

मांसस्थाः कठिनाः स्निग्धाश्चिरपाका घनत्वचः।
गात्रशूलतृषाकण्डूज्वरारुचिसमन्विताः ॥ १५ ॥

मांसगत मसूरिका—मांसगत मसूरिका कठिन, चिकनी, देर से पकने वाली होती है। इस पर त्वचा का मोटा आवरण होता है। शरीर में पीड़ा, प्यास, खुजली, ज्वर तथा अरुचि, ये सार्वदैहिक लक्षण होते हैं ॥ १५ ॥

मेदोजा वर्तुलाकारा मृदवः किंचिदुन्नताः।
घोरज्वरपरीताश्च स्थूलाः स्निग्धाः सवेदनाः ॥ १६ ॥
संमोहारतिसंतापाः कश्चित्ताभ्यो विनिस्तरेत्।

मेदोगत मसूरिका—मेदोगत मसूरिका में पिड़िकायें गोल आकारवाली, मृदु (स्पर्श में मृदु), कुछ उठी हुई, भयंकर ज्वर से पीडित, स्थूलता-युक्त (मोटी), चिकनी तथा वेदना से युक्त होती हैं। रोगी को मोह, अरति (किसी काम में मन न लगना) तथा संताप का अनुभव होता है। ये लक्षण 'मेदागत मसूरिका' के होते हैं। इस प्रकार की मसूरिका से कोई ही रोगी सौभाग्यवश बचता है।

क्षुद्रा गात्रसमा रूक्षाश्चिपिटाः किंचिदुन्नताः ॥ १७ ॥
भ्रमरेणेव विद्धानि कुर्वन्त्यस्थीनि तद्गताः।
पङ्क्तिभाः पिटिकाः स्निग्धाः सूक्ष्माश्चात्यर्थवेदनाः ॥ १८ ॥

अस्थिगत मसूरिका—जो मसूरिका छोटी आकारवाली हो शरीर के स्वरूप के समान स्वरूप हो, रूक्ष हो, चिपटी हो, कुछ उठी हुई हो और भ्रमर (भौंरा) के तरह पीड़ा होती हो उसे 'अस्थिगत मसूरिका' कहते हैं ॥ १८ ॥

मज्जोत्था भृशसंमोहा वेदनारतिसंयुताः।
छिन्दन्ति मर्मधामानि प्राणानाशु हरन्ति च ॥ १९ ॥

मज्जागत मसूरिका—मज्जागत मसूरिका—मज्जागत मसूरिका की पिड़कायें पङ्क्ति के सदृश गोली, चिकनी, छोटी तथा अत्यधिक वेदनावाली होती

हैं। इससे पीड़ित रोगी को अत्यधिक मोह, पीड़ा तथा अरति (किसी काम को करने की इच्छा न होना) होती है तथा मर्मस्थल में छेदने की तरह पीड़ा होती है। इस प्रकार की मसूरिका प्राणों को शीघ्र ही नष्ट कर देती है ॥ १९ ॥

स्तैमित्यारतिसंमोहदाहोन्मादतृषान्विताः ।
शुक्रजायां मसूर्यां च लक्षणानि भवन्ति हि ॥ २० ॥

शुक्रगत मसूरिका—जिस मसूरिका की पिड़कायें आर्द्र हों, मन को व्याकुल करने वाली हों और रोगी को मोह, दाह, उन्माद तथा प्यास अधिक लगें तो ये लक्षण 'शुक्रज मसूरिका' के होते हैं ॥ २० ॥

विमर्शः—रक्तगत मसूरिका का लक्षण ग्रन्थकार ने नहीं लिखा है केवल रक्तज लक्षण के प्रकरण में रक्तज मसूरिका के लक्षणों के पैत्तिक मसूरिका के सदृश बताकर मौन धारण कर लिये किन्तु रक्तज मसूरिका में पिड़िकायें लालवर्ण की, शीघ्र पकनेवाली, त्वचा पतली तथा दोष अत्यधिक दूषित नहीं होते हों जिसके कारण साध्य हो और फूटने पर रक्त निकले ये लक्षण रक्तगत मसूरिका में होते हैं। मर्म स्थान में छेदनरूप पीड़ा केवल मज्जागत मसूरिका में होती है लेकिन अन्य ग्रन्थों में अस्थिगत तथा मज्जागत दोनों प्रकार की मसूरिका में यह लक्षण सामान्यतः मिलता है।

मसूरिकाणां साध्यासाध्यलक्षणम्—

त्वग्गता रक्तजाश्चैव पित्तजाः कफजास्तथा ।
कफपित्तकृताश्चैव सुखसाध्या मसूरिकाः ॥ २१ ॥

मसूरिका के साध्यासाध्य लक्षण—त्वग्गत (रसगत) मसूरिका, रक्तज मसूरिका, पित्तज मसूरिका, कफजन्य मसूरिका तथा कफपित्तज मसूरिका सुखसाध्य होती है ॥ २१ ॥

वातजा वातपित्तोत्थाः कफवातकृताश्च याः ।
असाध्याः सन्निपातोत्थास्तासां वक्ष्यामि लक्षणम् ॥ २२ ॥
प्रवालसदृशाः काश्चित्काश्चिज्जम्बूफलोपमाः ।
लोहजालवृताः काश्चिदतसीफलसन्निभाः ॥ २३ ॥
आसां बहुविधा वर्णा जायन्ते दोषभेदतः ।

वातजन्य, वातपित्तजन्य तथा कफवातजन्य, कृच्छ्रसाध्य एवं सन्निपातजन्य मसूरिका असाध्य होती है। उन सबों के लक्षणों को कहते हैं। कोई पल्लव के समान लाल, कोई जामुन के फल के समान स्निग्धकृष्ण, कोई लोहे की जाली के सदृश काले और कुछ अतसी (तीसी) के फल के समान होती हैं। इन मसूरिका के पिड़कावों का वर्ण वातादिदोष भेद से अनेक प्रकार के होते हैं।

कासहिक्काप्रमोहाश्च ज्वरस्तीव्रः सुदारुणः ॥ २४ ॥

शीतलिकायां कतिपययोगाः—

चिञ्चादलेन सहितां रजनीं प्रपेष्य
ये शीतलेन सलिलेन समं पिबन्ति ।
तेषां भवन्ति नहि शीतलिकाः शरीरे
कार्यं त्विदं प्रथममेव तदुद्भवस्य ॥ ७१ ॥

शीतला-रोग में कुछ योग—जो चिञ्चा (इमली) का पत्ता तथा हल्दी इन दोनों को बराबर-बराबर पीसकर शीतल जल के साथ पान करता है उसके शरीर में शीतला का प्रकोप नहीं होता है । यह कार्य शीतला उत्पन्न होने के पहले ही करना चाहिए ॥ ७१ ॥

यावन्त्यः शीतलिका गात्रे यस्योत्थिताः प्रथममेव ।
श्लेष्मातकपत्राणि छिन्द्यात्तावन्ति तन्नाम्ना ॥ ७२ ॥

जिसके शरीर में सर्वप्रथम शीतला के जितने दाने उत्पन्न हों उतने (श्लेष्मातक) लसोड़ा के पत्तों को (शीतला के प्रथम दिखाई देने पर) रोगी का नाम लेकर फाड़े । रोगी के नामोच्चारण के साथ फाड़कर फेंकता जाय ॥ ७२ ॥

विज्ञाय यः शीतलिकोपसर्गं प्रवृत्तमादौ मधुना विमिश्रम् ।
पिबेज्जलं पर्युषितं न तस्य ताः संभवन्ति ज्वरदर्शनेऽपि ॥ ७३ ॥

जो व्यक्ति शीतला के उपसर्ग (संक्रमण) को देखकर सर्वप्रथम मधु मिलाकर वासी रक्खे हुए जल को पान करता है उसको वे शीतला के विस्फोटक ज्वर होने पर भी नहीं होते हैं ॥ ७३ ॥

आरण्यकच्छगणभस्म पुनः पुनः प्रयोज्यम् ।

आरण्यकच्छगण (जंगली) उपलों की भस्म (राख) को बार बार प्रयोग करे ।

उदुम्बरफलाकारा कृष्णमुखा कृष्णा वा मृत्युदा ॥ ७४ ॥

इति श्रीवैद्यसोढलग्रथिते गदनिग्रहे कायचिकित्साखण्डे मसूरिकाधिकार एकचत्वारिंशत्तमः समाप्तः ॥ ४१ ॥

मसूरिका में कुछ योग—नीम, अतिमुक्तक (तिनिश-वल्जुल), आस्फोट (मदार), बिम्बी (कुन्दरु) तथा वेंत की छाल इन द्रव्यों का शीतल कषाय मसूरिका के विस्फोटकों को प्रक्षालन करने के लिये प्रयोग करे ॥ ६६ ॥

कुष्ठोशीरं समं वारिपिष्टं तेनाङ्गलेपतः ।
निपीते खदिरक्काथे न दाहो याति गोचरः ॥ ६७ ॥

कूठ, तथा खस बराबर लेकर जल से पीसकर उससे लेप करने से और खैर के क्काथ को पान करने से मसूरिका का दाह नष्ट हो जाता है ॥ ६७ ॥

शीतलीं वारयत्येव गोजिह्वामूलिकामृता ।
उटिण्टो वाऽथ पुष्यार्के पीतस्तन्दुलवारिणा ॥ ६८ ॥

गोजिह्वा (गरहेरुआ धान्य विशेष), मूलिका (मूली) तथा गुडूची इन द्रव्यों को अथवा उटिण्ट (नीवार धान्य विशेष) को पुष्य नक्षत्र में सूर्य के आने पर चावल के पानी से पीसकर पान करने से यह योग शीतली (शीतला मसूरिका) को दूर करता है । अर्थात् पुष्य के सूर्य होने पर इस योग को पान करनेवाला शीतला रोग से पीड़ित नहीं होता है ॥ ६८ ॥

भूनिम्बेन कृतो निम्बक्काथः शीतलिकापहः ।

भूनिम्ब (चिरायता) तथा नीम का क्काथ शीतलिका (शीतला रोग) को नाश करता है ।

वृषामृताबालकैश्च क्काथः शीतलिकापहः ॥ ६९ ॥

अडूसा, गुडूची तथा सुगन्धवाला का क्काथ शीतला रोग को नाश करता है ॥ ६९ ॥

भूनिम्बादिसप्तकः—

भूनिम्बनिम्बविश्वापर्पटह्रीबेरधान्यवृषैः ।
क्काथः प्रातः पीतो विनिहन्ति सकष्टां शीतलीम् ॥ ७० ॥

भूनिम्बादि सप्तक—भूनिम्ब, (चिरायता), नीम, सोंठ, पित्तपापड़ा, हाऊबेर, धनिया तथा अडूसा (समभाग)—इन द्रव्यों का क्काथ प्रातः काल पान करने से कष्टयुक्त शीतला रोग को नष्ट करता है ॥ ७० ॥

प्रलापश्चारतिस्तृष्णा मूर्च्छा दाहोऽतिघूर्णता ।
मुखेन प्रस्रवेद्रक्तं तथा घ्राणेन चक्षुषा ॥ २५ ॥
मसूरिकाभिभूताय यस्यैतानि भिषग्वर !
लक्षणानि प्रदृश्यन्ते न दद्यात्तत्र भेषजम् ॥ २६ ॥

जिस मसूरिका से पीड़ित व्यक्ति में खांसी, हिचकी, मोह, भयंकर तीव्र प्रकार का ज्वर, प्रलाप, अरति, प्यास, मूर्च्छा, जलन, अत्यधिक ऐंठन या जम्भाई, मुख, नासिका तथा आंखों से रक्तस्राव होना ये लक्षण दिखाई दे उसको श्रेष्ठ वैद्य औषध न दे । अर्थात् इन लक्षणों से युक्त ससूरिका का रोगी असाध्य होता है ॥ २४–२६ ॥

मसूरिकान्ते शोफः स्यात्कूर्परे मणिबन्धके ।
तथांसफलके चापि दुश्चिकित्स्यः सुदारुणः ॥ २७ ॥

इति गदनिग्रहे मसूरिकानिदानम् ।

मसूरिका के अन्त में कभी-कभी जिस रोगी के कुहनी, कलाई तथा अंस-फलक में भयंकर शोथ उत्पन्न हो जाता है वह रोगी दुश्चिकित्स्य अर्थात् असाध्य होता है ॥ २७ ॥

मसूरिका-निदान समाप्त ।

अथातो मसूरिकाचिकित्सितं व्याख्यास्यामः ।

निदान के बाद मसूरिका की चिकित्सा कहते हैं ।

मसूरिकाणां सामान्यचिकित्सा—

सर्वासां वमनं पूर्वं पटोलारिष्टवासकैः ।
कषायैश्च वचावत्सयष्ट्याह्वफलकल्कितैः ॥ २८ ॥
सक्षौद्रं पाययेद् ब्राह्मीरसं वा हैलमोचिकम् ।
वान्तस्य रेचनं देयं शमनं चाबले नरे ॥ २९ ॥

मसूरिका रोगों की सामान्य चिकित्सा—सभी प्रकार के मसूरिकाओं में पहले परवल, नीम तथा अड़ूसा के कषाय में वच, इन्द्रयव, जेठी मधु तथा मदनफल का कल्क मिलाकर पान कराये । अथवा ब्राह्मी के रस को मधु मिलाकर पान कराये । अथवा ब्राह्मी के रस को मधु मिलाकर या हैलमोचिक (जल पीपल या हिलसाल) के रस को पिलाये । वमन कराये हुए रोगी को विरेचन तथा निर्बल रोगी को शामक औषध देना चाहिए ॥ २८–२९ ॥

सुषवीपत्रनिर्यासं हरिद्राचूर्णसंयुतम् ।
रोगार्तो ज्वरविस्फोटमसूरीशान्तये पिबेत् ॥ ३० ॥
उभाभ्यां हृतदोषस्य विशुद्ध्यन्ति मसूरिकाः ।

सुषवी (मंगरैल), तेजपत्र तथा गोंद के चूर्ण में हल्दी का चूर्ण मिलाकर ज्वर, विस्फोटक तथा संशमन के अर्थात् नष्ट होनेपर द्वारा दोषों के हरण हो जाने पर मसूरिका शुद्ध हो जाती है हो जाती है ।

कूठ, त निर्विकाराल्पपूयाश्च पच्यन्ते चाल्पवेदनाः ॥ ३१ ॥
खैर के प तर्पणं वातजायां प्राग्लाजाचूर्णैः सशर्करैः ।
भोजनं तिक्तयूषैश्च प्रतुदानां रसेन वा ॥ ३२ ॥

विकाररहित थोड़े पूयवाली तथा कम वेदनावाली मसूरिका पक जाती है । वातिक मसूरिका में पहले लावा के सत्तू में शक्कर मिलाकर तर्पण कराये । [1]तिक्तरसवाले द्रव्यों के यूष से या [2]प्रतुद पक्षियों के मांसरस से भोजन कराये ॥ ३१-३२ ॥

वातमसूरिकायां द्विपञ्चमूलादियोगः—

द्विपञ्चमूलं रास्ना च दार्व्युशीरं दुरालभा ।
सामृतं धान्यकं मुस्तं जयेद्वातसमुत्थिताम् ॥ ३३ ॥

वातजमसूरिका में द्विपञ्चमूली योग—द्विपञ्चमूल (बेल की छाल, गम्भारी की छाल, पाढल, अरलू, अरणी, सरिवन, पिठवन, वनभंटा, भटकटैया, गोखरू), रासन, दारुहल्दी, खस, यवासा, गुडूची, धनिया तथा मोथा समभाग इन द्रव्यों का क्वाथ वातज मसूरिका को जीत लेता है ॥ ३३ ॥

पित्तमसूरिकायां द्राक्षादियोगः—

द्राक्षाकाश्मर्यखर्जूरपटोलारिष्टवासकैः ।
लाजामलकदुःस्पर्शैः सितायुक्तं तु पैत्तिके ॥ ३४ ॥

पित्तज मसूरिका में द्राक्षादि योग—मुनक्का, गम्भारी फल, खजूर, परवल की पत्ती, नीम की छाल, अडूसा, लावा, आंवला तथा यवासा (समभाग) इन द्रव्यों के क्वाथ में या चूर्ण में मिश्री मिलाकर पैत्तिक मसूरिका में पान कराये ॥ ३४ ॥

---

१. गुडूची, कुटकी, पीपल आदि तिक्त द्रव्य ।

२. हारीतो धवलः पाण्डुश्चित्रपक्षो बृहच्छुकः ।
पारावतः खञ्जरीटः पिकाद्याः प्रतुदाः स्मृताः
प्रतुद्य भक्षयन्त्येते तुण्डेन प्रतुदास्तदा ॥ (राजनिघण्टु)

मसूरिकायां शिरीषादिप्र... काले मसूरिका (शीतला) के

शिरीषोदुम्बराश्वत्थशेलुन्यग्रोधवल्कल...

प्रलेपः सघृतः शीघ्रं ज्वरवीसर्पदाह...

मसूरिका में शिरीषादि लेप—शिरीष, गूलर, पीपर, [illegible]त्सा-खण्ड में तथा वट इन द्रव्यों की छाल को पीसकर घृत मिलाकर ले ज्वर, विसर्प तथा दाह को शीघ्र ही नाश करता है ॥ ३५ ॥

कफजायां पित्तजायां च मसूर्यां दुरालभादिकषायः—

दुरालभां पर्पटकं भूनिम्बं कटुरोहिणीम् ।
श्लेष्मजायां पित्तजायां पाने निःक्वाथ्य दापयेत् ॥ ३६ ॥

कफज तथा पित्तज मसूरिका में दुरालभादिकषाय—यवासा, पित्तपाप... भूनिम्ब (चिरायता), कुटकी (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ बनाकर कफज तथा पित्तज मसूरिका में पान करने के लिये दे ॥ ३६ ॥

त्रिदोषजमसूरिकायां निम्बद्वादशकक्वाथः—

निम्बः पर्पटकः पाठा पटोलं कटुरोहिणी ।
वासा दुरालभा धात्री ह्युशीरं चन्दनद्वयम् ॥ ३७ ॥
निम्बद्वादशकः ख्यातः पीतः शर्करयाऽन्वितः ।
त्रिदोषां मसुरीं हन्ति ज्वरं वीसर्पसंभवम् ।
उत्थिताः प्रविशेयुर्याः पुनस्ता बाह्यतो नयेत् ॥ ३८ ॥

त्रिदोषज मसूरिका में निम्बद्वादशक क्वाथ—नीम, पित्तपापड़ा, पाढी, परवल की पत्ती, कुटकी, अडूसा, यवासा, आंवला, खस, सफेद चन्दन, रक्त चन्दन, ये निम्बद्वादशक कहलाते हैं । (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ शक्कर मिलाकर पान करने से त्रिदोषज (सान्निपातिक) मसूरिका को तथा विसर्प-जन्य ज्वर को नाश करता है । इस क्वाथ के सेवन करने से उठकर अन्दर चले गये मसूरिका के दोनों को पुनः बाहर निकाल देता है ॥ ३७-३८ ॥

मसूरिकायां पटोलादिकषायाः—

पटोलकुण्डलीमुस्तवृषधन्वयवासकैः ।
भूनिम्बनिम्बकटुकापर्पटैश्च श्रृतं जलम् ॥ ३९ ॥
मसूरीं शमयेदामां पक्वां चैव विशोधयेत् ।
नातः परतरं किंचिद्विस्फोटज्वरशान्तये ॥ ४० ॥

मसूरिका में पटोलादि कषाय—परवल की पत्ती, कुण्डली (गुडूची), मोथा, अडूसा, धमासा, चिरायता, नीम, कुटकी तथा पित्तपापड़ा (समभाग) इन द्रव्यों का क्वथित जल आम मसूरिका को शान्त करता है तथा पक्वमसूरिका

ज्वर की शान्ति के लिये इसके अतिरिक्त

सुपर्वीपत्रनिर्यासं ॥ ४० ॥

रोगार्तो ज्वरविस्फुलीयकं पिबेत्सरिद्रामलकल्कसंयुतम् ।
उभाभ्यां हृल्लासदाहशान्तये तदेव रोमान्तिवमिज्वरापहम् ॥ ४१ ॥

सुपर्वी (मंगरैल) तथा लाल चौराई के क्वाथ को हल्दी तथा आंवला के ज्वर, विस्फोटक तथा मसूरिका-विस्फोटकों के दाह को शान्त करने के लिये पान या संशमन के उपाय रोमान्तिका, वमि तथा ज्वर को नाश करता है ॥ ४१ ॥

[illegible] नष्टमूलारुणतण्डुलीयकं तथैव धात्रीखदिरेण संयुतम् ।
[illegible]पचेज्जलं सुकथितं सुशीतं मसूरिकारोगविनाशनं परम् ॥ ४२ ॥

[illegible] परवल की जड़ तथा लाल चौराई के क्वाथ में आंवला तथा खैर मिलाकर अच्छी तरह क्वाथ शीतल होने पर पान करे । यह अच्छी तरह मसूरिका रोग को नाश करता है ॥ ४२ ॥

मसूरिकायां खदिराष्टकक्वाथः—

खदिरत्रिफलारिष्टपटोलामृतवासकैः ।
क्वाथोऽष्टभागो जयति रोमान्तिकमसूरिकाः ॥ ४३ ॥
कुष्ठवीसर्पविस्फोटकण्डूवादीनपि पानतः ।
अमृतादिकषायस्तु जयेत्पित्तकफात्मिकाम् ॥ ४४ ॥

मसूरिका में खदिराष्टक क्वाथ—खैर, त्रिफला (हर्रे, बहेड़ा, आंवला), नीम, परवल की पत्ती, गुडूची, अडूसा (समभाग) इन द्रव्यों का क्वाथ रोमान्तिका तथा मसूरिका को जीत लेता है । यह क्वाथ पान करने से कुष्ठरोग विसर्परोग, विस्फोटक तथा खुजली आदि को नाश करता है । [1]अमृतादिकषाय पित्तकफजन्य मसूरिका को जीत लेता है ॥ ४३-४४ ॥

मसूरिकायां मातुलुङ्गकेसरलेपः—

सौवीरेण तु संपिष्टं मातुलुङ्गस्य केसरम् ।
प्रलेपात्पाचयेदाशु दाहं चापि नियच्छति ॥ ४५ ॥

मसूरिका में मातुलुंगकेशर लेप—मातुलुंग (बिजौरा नीबू) के केशर), सौवीर (कांजी) के साथ पीसकर लेप करने से मसूरिका के दानों को शीघ्र ही पका देता है तथा मसूरिका के दाह को भी दूर करता है ॥ ४५ ॥

मसूरिकायां पाददाहे तण्डुलाम्बुसेकः—

पाददाहं प्रकुरुते पिटिका पादसंभवा ।
तत्र सेकं प्रशंसन्ति बहुशस्तन्दुलाम्बुना ॥ ४६ ॥

---

१. अमृतादिकषाय देखें विसर्पाधिकार श्लो० ७० तथा ७१ में ।

मसूरिका रोग में पैर में दाह होने पर

उत्पन्न मसूरिका के विस्फोटक पैर में जलन पैदा काले मसूरिका (शीतला) के
चावल के जल ([1]तण्डुलोदक) से अनेक वार स
हैं। अर्थात् इसका सेक पाददाह को शान्त करता है ॥ चिकित्सा-खण्ड में

मसूरिकायाः पाककाले बृंहणविधिः—

पाककाले तु सर्वास्ता विशोषयति मारुतः।
तस्मात्संबृंहणं कार्यं न तु पथ्यं विशोषणम् ॥ ४७

मसूरिका के पाक-काल में बृंहण-विधि—वायु सभी प्रकार की
को सुखाता है अतः बृंहण उपचार को करना चाहिए। सुखानेवाला
हितकर नहीं होता है ॥ ४७ ॥

मसूरिकायां पाचनयोगाः—

गुडूची मधुकं द्राक्षा मोरटं दाडिमैः सह।
पाककाले प्रदातव्यं भैषज्यं गुडसंयुतम् ॥ ४८ ॥
तेन पाकं व्रजन्त्याशु न च वायुः प्रकुप्यति।
लिह्याद्वा बादरं चूर्णं पाचनार्थं गुडेन वा ॥ ४९ ॥
अनेनाशु विपच्यन्ते वातपित्तकफात्मिकाः।

मसूरिका में पाचन योग—गुडूची, मुलेठी, मुनक्का, मोरट (मूर्वा विशेष या गन्ने की जड़), तथा अनार (समभाग) इन द्रव्यों के क्वाथ में गुड़ मिलाकर मसूरिका के पाक-काल में औषध का प्रयोग करना चाहिए। इसके प्रयोग से मसूरिका के विस्फोटक पक जाते हैं और वायु का प्रकोप नहीं होता है। अथवा मसूरिका के विस्फोटकों को पकाने के लिये वैर के चूर्ण को गुड़ मिलाकर चाटे। इसके चाटने से वात, पित्त तथा कफजन्य मसूरिका के विस्फोटक शीघ्र ही पक जाते हैं।

मसूरिकोपद्रवचिकित्सा—

शूलाध्माने रुजस्तस्य कम्पमानस्य वायुना ॥ ५० ॥

---

१. एक तोला चावल आधा सेर जल में भिगो दें और चार घण्टे बाद छान ले यह 'तण्डुलोदक' कहलाता है।

सुपक्वीपक्वनिर्यासं [illegible]ां क्लिन्नां स्रावयुतां तथा।
रोगार्तो ज्वरविस्फोट[illegible] गुण्डयेदगदैर्दिहेत् ॥ ६१ ॥
उभाभ्यां हृद्गदे [illegible] मन्त्रैश्च संप्रमृज्यात्पुनः पुनः।
सुपक्वी (संगरैल) [illegible]तसंसृष्टाः काश्चिच्छोणितमोक्षणैः ॥ ६२ ॥
ज्वर, विस्फोटक तथा [illegible]द्वनाऽपि क्रियया सिध्यन्त्याशु मसूरिकाः।
या संशमन के [illegible]श्चिक्रियाकलापैर्हि न सिध्यन्ति मसूरिकाः ॥ ६३ ॥
अर्थात् नष्ट [illegible]
[illegible]सौक्ष्म्यात्कष्टतराः काश्चिद्वनाः सिध्यन्ति मानवाः।
काश्चिच्च नैव सिध्यन्ति साध्यमानाः सुयत्नतः ॥ ६४ ॥

फैलनेवाली, सड़ी हुई, स्रावयुक्त पिडकाओं को दशाङ्ग लेप चूर्ण से अवचूर्णन करे तथा स्रावनाशक आदि विपघ्न द्रव्यों के क्वाथ से बार बार प्रक्षालन करे और सिद्ध मन्त्रों से बार बार परिमार्जन करे। इसके अतिरिक्त कुछ मसूरिका की रक्तज पिडकायें रक्तमोक्षण (रक्त निकालने) से तथा कुछ बिना किसी उपचार के ही सिद्ध हो जाती हैं और कुछ मसूरिका अनेक उपचारों को करने पर भी अच्छी नहीं होती हैं। अच्छी तरह प्रयत्न करने से मनुष्यों की कुछ कष्टकारक, घनी पिडकायें भी सूक्ष्म होने के कारण ठीक हो जाती हैं और कुछ पिडकायें ठीक नहीं होती हैं। अर्थात् इन पिडकाओं के अच्छे होने में देश, काल, दोषों की उल्वणता, उपचार आदि की तत्परता एवं संक्रमण की अल्पता आदि कारण होते हैं ॥ ६१–६४ ॥

शिरीषाष्टकः—

निशाद्वयोशीरशिरीषमुस्तकैः सरोध्रभद्रश्रियनागकेसरैः।
संस्वेदविस्फोटविसर्पकुष्ठदौर्गन्ध्यरोमान्तिहरः प्रदेहः ॥ ६५ ॥

शिरीषाष्टक—हल्दी, दारुहल्दी, खस, शिरीष, मोथा, लोध, भद्रश्री (नागर मोथा), नागकेसर (समभाग) इन शिरीषाष्टक द्रव्यों का लेप पसीना, विस्फोटक, विसर्प, कुष्ठ, दुर्गन्धि तथा रोमान्तिका को दूर करनेवाला है ॥६५॥

मसूरिकायां कतिपययोगाः—

निम्बातिमुक्तकास्फोटबिम्बीवेतसवल्कलम् ।
घृतशीतं प्रयोक्तव्यं तासां प्रक्षालने सदा ॥ ६६ ॥

गूलर के फल के समान काले मुखवाले या काले मसूरिका (शीतला) के विस्फोटक मृत्यु देनेवाले होते हैं ॥ ७४ ॥

श्री वैद्य सोढल-विरचित गदनिग्रह के कायचिकित्सा-खण्ड में
एकतालिसवां मसूरिकाधिकार समाप्त
कायचिकित्साखण्ड समाप्त

समाप्तोऽयं द्वितीयः कायचिकित्साखण्डः ।

